युग परिवर्तन भी इन उत्सवों के लिए कोई मायने नहीं रखते तभी तो आज भी सभी उत्सव उसी पुरानी परंपरा एवं आनंद तथा एकता के साथ मनाए जाते हैं, जैसे हमारे दादा-दादी, नाना नानी मानते थे। परिवर्तन आया है तो महज उत्सव मनाने के तरीकों में। प्राचीन समय में संयुक्त परिवार और बड़े-बड़े घर हुआ करते थे। मुख्य घर के आगे पीछे बरामदा एवं आंगन हर घर की शान हुआ करते थे। अक्सर उत्सवो का आयोजन यहीं हुआ करता था जिसमें 25-30 लोगो के समाया जाना आम बात थी। सारे तीज त्यौहार उत्सव घरों में ही आयोजित हो जाते थे केवल विवाह आदि जैसे बड़े उत्सवों के लिए ही अलग स्थान की व्यवस्था करनी होती थी। परंतु शहरीकरण एवं औद्योगिक विकास तथा बदलते सामाजिक परिवेश में परिवार छोटे होते गए। पहले घरों का आकार छोटा होता गया, फिर घरों से आंगन नदारद हुए, फिर गाज गिरी बरामदों पर। घर से बरामदे भी गायब हो गए। शहरों में बढ़ते औद्योगिकीकरण एवं शहरीकरण ने स्थिति को और बिगाड़ दिया। शहरों में बढ़ती जनसंख्या की आवासीय आवश्यकता को पूर्ण करने हेतु घरों के आकार में कटौती की गई एवं निरंतर कटौती के फल स्वरुप जन्म दिया बहुमंजिला इमारत का। जिसमें ना बरामदा था ना ही आंगन, यहां तक की प्रसाधान सुविधाएं भी घर के अंदर होने लगी। मनुष्य ने अपनी निवासीय आवश्यकता में तो परिवर्तन एवं समायोजन कर लिया परंतु उसका जो उत्सव प्रेम था वह कम नहीं हुआ।

**इवेंट मैनेजमेंट की आवश्यकता:**

1. घरों में स्थान का अभाव - समस्या उत्पन्न हुई उत्सवों के आयोजन हेतु स्थान उपलब्ध होने की एवं इसलिए इवेंट मैनेजमेंट अवधारणा का जन्म हुआ।
2. गृहणी के कामकाजी होने से एक और समस्या उत्पन्न हुई की इस प्रकार के आयोजन के लिए गृहणी के पास समय उपलब्ध नहीं था क्योंकि उसका अधिकांश में अपने कार्य स्थल पर व्यतीत हो जाता था।
3. शेष समय में दिनभर के कार्यों से वह शारीरिक एवं मानसिक रूप से इतनी थक जाती है कि इन सभी उत्सवों के आयोजन के लिए उसके पास ताकत नहीं बचती।
4. प्राचीन समय में लोगों की आर्थिक स्थिति कुछ अच्छी नहीं थी इसलिए भी उत्सवों का आयोजन घरों में ही हो जाता था।
5. प्राचीन समय में दिखावे के लिए उत्सव नहीं मनाए जाते थे परंतु वर्तमान में अपने दिखावे की प्रकृति के चलते भी उत्सव बड़े पैमाने पर आयोजित होते हैं।
6. जनता की क्रय शक्ति बढ़ गई है।
7. सामाजिकता में कमी के कारण केवल उत्सव का आयोजन ही एकमात्र ऐसा साधान बचता है जब थोड़ी सामाजिकता निभाई जा सकती है।

ऐसे ही अनेक कारणों से उत्सवों के आयोजन के विकल्प के रूप में हमारे सामने आया **(इवेंट मैनेजमेंट)** अर्थात उत्सवों का आयोजन संस्था के माध्यम से करवाना जिसमें पारिवारिक सदस्यों को कार्य में लगना नहीं पड़ता तथा वह भी अन्य मेहमानों या आगंतुकों की तरह ही उत्सव का पूर्ण आनंद ले सकते हैं।

**इवेंट मैनेजमेंट–** अर्थात अपने स्वयं के उत्सवों का आयोजन किसी संस्था या अन्य व्यक्ति के माध्यम से करवाना, जिसके लिए आपको एक निश्चित धनराशि का भुगतान करना होता है।

**इवेंट मैनेजमेंट के प्रकार –** इवेंट प्रबंध के अनेक प्रकार हैं। बाजार में वर्तमान में हर समारोह के जश्न के लिए सेवाएँ उपलब्धा हैं। जिनमें समारोह विशेष में विशेषज्ञ अपनी सेवाएँ देते हैं। उनके कौशल से वे उस समारोह को व्यक्ति विशेष अथवा परिवार के लिए यादगार बना देते हैं। कुछ समय पश्चात् इन्हें याद कर परिवार के सदस्य पुन: ऊर्जावान हो जाते हैं एवं अपनों को याद करते हैं। इवेंट प्रबंध के कुछ प्रमुख प्रकार निम्नानुसार हैं:-

1. व्यक्तिगत समारोह
2. अवकाश के समारोह
3. संस्थानिक समारोह
4. सांस्कृतिक समारोह
5. प्रदर्शन
6. उत्पाद
7. संगोष्ठी
8. सेमिनार अथवा अर्द्धदिवस आयोजन
9. कार्यशालाएँ
10. नेटवर्किंग सत्र
11. व्यापारिक मेले
12. गणमान्य आदर समारोह
13. क्रीडा गतिविधियाँ
14. सामुदायिक समारोह
15. मेले एवं त्यौहार
16. ऑफिस मीटिंग
17. कंपनी पार्टीज़

इन सभी को यदि संक्षेप में वर्गीकृत करना हो तो मोटे तौर पर निम्न भागों में विभाजित कर सकते हैं :-

1. **व्यक्तिगत समारोह** - इनमें शादी, विवाह, वर्षगाँठ, शादी की सालगिरह, किसी पार्टी अथवा परिवार में किसी व्यक्ति विषेष ने कोई उपलब्धि हासिल की हो तो उसके स्वागत एवं उसे शुभकामनाएँ देने हेतु जो समारोह आयोजित किए जाते हैं वे व्यक्तिगत समारोह (Personal Events) कहलाते हैं।

2. **अवकाश हेतु समारोह** - जैसा कि नाम से स्पष्ट होता है। इसके अन्तर्गत अवकाश के समय को आनंदपूर्वक उपयोग करने हेतु समारोह आयोजित किए जाते हैं। जैसे - पिकनिक, क्रिसमस, शीतकालीन अवकाश, ग्रीष्मकालीन अवकाश आदि हेतु पार्टी का आयोजन किया जाना है।

3. **संगठनात्मक समारोह** - इसके अन्तर्गत सभी ऑफिशियल समारोह का समावेश हो जाता है। जैसे सेमिनार, कार्यशालाएँ, ऑफिस मीटिंग्स, नेटवर्किंग सत्र, संगोष्ठी, प्रदर्शनी, उत्पादन का परिचय (Product Launch) आदि समारोह शामिल होते हैं।

4. **सांस्कृतिक समारोह** - इसके अन्तर्गत सभी सांस्कृतिक समारोह यथा, वार्षिकोत्सव, युवा उत्सव, 15 अगस्त, 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह, स्नेह सम्मेलन, पूर्वछात्र सम्मेलन आदि का समावेश किया जा सकता है।

5. **विशेष समारोह** -जैसे क्रीड़ा गतिविधियों का आयोजन, सामुदायिक समारोह, मेले, व्यापारिक मेले, सामुदायिक समारोह आदि समावेश किया जाता है।

**इवेंट प्रबंध के चरण-** वैसे तो इवेंट प्रबंध की सफलता व्यक्ति विशेष के कौशल एवं प्रबंधक की क्षमता पर निर्भर करता है, जैसे बिना किसी प्रशिक्षण के हमारे परिवार की बुजुर्ग महिलाएँ परिवार में होने वाले किसी भी छोटे अथवा बड़े समारोह, उत्सवों का बहुत ही अच्छा प्रबंधन कर लेती थीं, परंतु जिसमें इस प्रकार का कौशल न हो वे भी इवेंट प्रबंध के चरणों को अपनाकर एवं सीखकर आवश्यक कौशल विकसित कर सकती हैं जो निम्न प्रकार है:-

1. **समारोह के उद्देश्य को समझना** - समारोह किस उद्देश्य से किया जा रहा है, सर्वप्रथम यह समझना आवश्यक है जैसे विवाह समारोह हो तो वहाँ रोमांटिक थीम ली जा सकती है। छोटे बच्चो की बर्थडे पार्टी का आयोजन हो तो वहाँ कार्टून केरेक्टर्स एवं डार्क कलर में सजावट की जा सकती है। धार्मिक आयोजन हो तो आध्यात्मिक गुरु आदि की तस्वीर एवं प्रेरणास्पद वचनों की तख्तियाँ लगाकर सजावट की जा सकती है। इस प्रकार के अनेक उदाहरण लिए जा सकते हैं। अत: सर्वप्रथम यह जानना आवश्यक है कि किस उद्देश्य से समारोह आयोजित किया जा रहा है।

2. **दर्शक/श्रोता को जानें** - किस वर्ग विशेष के श्रोता/दर्शकों के लिए समारोह का आयोजन किया जा रहा है, यह जानना सफल इवेंट प्रबंधन का दूसरा महत्वपूर्ण चरण है। आयु विशेष के दर्शकों के अनुसार उनकी रुचि को ध्यान में रखकर आयोजन किया जाना आवश्यक है। बच्चे, वयस्क अथवा वृद्ध, टारगेट ऑडियंस कौन हैं इसको सोचकर उस अनुसार शोरगुल का वातावरण अथवा प्राकृतिक शांत वातावरण क्रिएट किया जा सकता है। इसी प्रकार दर्शक वर्ग ग्रामीण है या शहरी, मध्यम वर्ग है, उच्च मध्यम वर्ग है अथवा उच्च वर्ग है इसका भी ध्यान रखना भी आवश्यक है। दर्शक अथवा श्रोता परम्परा से स्नेह रखने वाले हैं अथवा आधुनिकता को महत्व देते हैं यह जानना भी उपयोगी होता है।

3. **उचित स्थान का चयन** - उचित स्थान का चयन उचित इवेंट मैनेजमेंट के लिए अत्यन्त महत्वपूर्ण है। उदाहरणार्थ बच्चों के लिए यदि किसी समारोह का आयोजन किया जाना हो तो वह सदैव भूतल पर करना चाहिए। बच्चे स्वभाव से ही चंचल होते हैं एवं जन्मदिवस आदि पर उनमें अतिरिक्त उत्साह का संचार हो जाता है। ऐसी स्थिति में प्रथम तल अथवा अन्य उच्च स्थानों पर किसी आयोजन को करना हादसे को निमंत्रण देना हो सकता है। बुजुर्गों के लिए किसी समारोह व आयोजन करना हो तो भीड़-भाड़ में दूर शांत एवं प्राकृतिक स्थल का चुनाव किया जा सकता है। जैसे किसी फॉर्म हाउस पर आयोजन। नवविवाहित जोड़े के लिए किसी रोमांटिक अथवा ऐतिहासिक स्थल का चयन किया जा सकता है। कारपोरेट मीटिंग के लिए, किसी ऐसे होटल का चुनाव किया जा सकता है, जहाँ उच्च तकनीकी सुविधाएँ भी हों एवं प्रायवेसी भी हो ।

4. **सही एवं सटीक समय** - समय के दृष्टिकोण से इवेंट प्रबंधन करते समय इन सबकी दिनचर्या का ध्यान रखना अनवार्य है, कामकाजी महिलाएँ हैं, गृहिणी है, बच्चे हैं या वयस्क अथवा बुजुर्ग पुरुष निर्धारण करना अत्यावश्यक है। सभी की दिनचर्या अलग-अलग होती है। जैसे गृहिणी का सुबह एवं शाम का समय अत्यधिक व्यस्त समय होता है। दोपहर में उसे कुछ खाली वक्त मिल जाता है। ऐसी स्थिति में यदि गृहिणियों के लिए किसी पार्टी का आयोजन करना हो तो दोपहर का समय उपयुक्त रहेगा। इसी प्रकार बच्चों हेतु रात्रि के पूर्व आयोजन कर लेना चाहिए। सुविधानुसार अवकाश के दिन का भी उपयोग किया जा सकता है। जैसे इतवार को अधिकांश व्यक्तियों को अवकाश रहता है।

5. **योजना की रूपरेखा एवं समय सीमा का अनुपालन** - पूर्ण इवेंट किस प्रकार से सम्पन्न होगा, इसकी रूपरेखा बनानी आवश्यक है। प्रबंध के चरणों के अन्तर्गत हमने पढ़ा है कि प्रबंध की सफलता का प्रथम चरण नियोजन या योजना बनाना होता है। क्यों, कैसे, कब, कौन इन सभी प्रश्नों का उत्तर योजना में होना चाहिए। जिसमें कैसे यह पूर्ण कार्यक्रम क्रियान्वित होगा। इस पर बल देने की आवश्यकता है। कार्यक्रम कब क्रियान्वित करना

है तथा कौन-कौन इसमें शामिल होगा। कार्यक्रम की सफलता के लिए कार्य विभाजन उत्तम तकनीक है। कार्य विभाजन के अनेक लाभ हैं। एक अकेले व्यक्ति पर काम का बोझ नहीं पड़ता। अधिक लोगों की सहभागिता से वर्कलोड कम हो जाता है। सभी के सुझाव प्राप्त होते हैं। सदस्यों में काम के प्रति अपनत्व की भावना आती है। सदस्यों में जिम्मेदारियों का विकास होता है। अत: इवेंट मैनेजमेंट के अगले चरण के रूप में योजना की पूर्ण रूपरेखा तैयार कर लेनी चाहिए एवं यह रूपरेखा केवल मस्तिष्क में न तैयार कर लिखित रूप में कागज पर उतार लेनी चाहिए, जिससे उसके नियंत्रण में आसानी होती है।

योजना की रूपरेखा निर्धारित कर लेने के पश्चात् समय सीमा भी निश्चित की जानी चाहिए। समय पश्चात् होने वाला कोई भी काम चाहे कितना ही अच्छा क्यों न हो जाए कोई महत्व नहीं रखता। अत: योजना कब तक क्रियान्वित हो जाएगी इसकी समय-सीमा निर्धारित कर ली जानी चाहिए एवं समय-सीमा निर्धारण पश्चात् उसका अनुपालन भी उतना ही आवश्यक है। इच्छित परिणाम तभी प्राप्त हो सकते हैं जब दोनों ही स्तरों पर नियंत्रण किया जाए। नियंत्रण के अभाव में योजना निष्प्रभावी हो जाती है एवं वांछित लक्ष्य की प्राप्ति नहीं हो पाती। इसी प्रकार समय-सीमा से अधिक समय लगने पर भी योजना निष्प्रभावी हो जाती है एवं लक्ष्य प्राप्ति में बाधा उपस्थित होती है।

**6. दर्शकों/श्रोता को आकर्षिक करने वाली विषय-सामग्री विकसित करना –** किसी भी कार्यक्रम की सफलता बहुत कुछ उसके सूत्रधाार (Anchor) पर निर्भर करती है। सूत्रधार की वाणी Body Language संवाद अदायगी आदि से श्रोता/दर्शक प्रभावित होने चाहिए। इसके साथ ही दर्शक श्रोता को आकर्षिक करने हेतु आवश्यक विषय-सामग्री को इवेंट मैनेजर को विकसित कर लेना चाहिए। इस हेतु आवश्यक पारिवारिक जानकारी अथवा कार्यस्थल से संबंधित जानकारी अथवा व्यक्ति विशेष की रुचि कार्यदक्षता, योग्यता, क्षमता आदि की जानकारी एकत्र कर उससे संबंधित विषय सामग्री विकसित की जा सकती है। श्रोता /दर्शक को प्रत्यक्ष रूप से सम्मिलित (Involve) करके भी इस आकर्षण को बरकरार रखा जा सकता है।

**7. संदेश पहुँचाना –** हर इवेंट/समारोह, अंत में कुछ संदेश पहुँचाना चाहता है, जो समारोह आयोजित कर रहा है वह भी एवं जो समारोह आयोजित करवा रहा है वह भी अपने-अपने स्तर पर इस समारोह के माध्यम से कुछ संदेश पहुँचाना चाहते हैं। वैसे तो समारोह करवाने वाला भी अपने संदेश पहुँचाने की जिम्मेदारी इवेंट मैनेजर पर ही डाल देता है। उसके माध्यम से ही वह अपने अतिथियों तक और अधिक अच्छे तरीके से अपनी बात (अपना संदेश पहुँचा सकता है क्योंकि वह इस काम में आयोजक से ज्यादा निपुण होता है।) इवेंट मैनेजर को चाहिए कि वह ऐसे मैसेज अथवा संदेश का डिजाइन अच्छी से तैयार कर ले जिसे वह अपने समारोह के माध्यम से लोगों के बीच पहुँचाना चाहता है एवं प्रभावी तरीके से अपनी बात रखे जिससे लोगों में उसकी बात का असर पहुँचे एवं वह अपने संदेश पहुँचाने में सफल हो सके।

इस प्रकार हम कह सकते हैं कि इन चरणों को अपनाकर एक सफल इवेंट प्रबंधक बना जा सकता है। उपरोक्त चरण अत्यन्त प्रभावी है, इन्हें अपनाकर किसी भी समारोह को सफल बनाया जा सकता है।

एक सफल इवेंट प्रबंधक को आकर्षक एवं सुरूचिपूर्ण दिखाना चाहिए। किसी थीम अथवा अवधारणा से प्रारंभ करना चाहिए। उस अनुसार सजावट करनी चाहिए। एक स्पष्ट ले-आउट बनाना चाहिए एवं अतिथियों की आवश्यकतानुसार, माँग अनुसार उसे प्रस्तुत करना चाहिए।

**परिभाषा –** इवेंट प्रबंधन किसी विशेष लक्षित श्रोता के लिए किसी व्यवसाय या केंद्रीभूत समारोह के संयोजन की प्रक्रिया है। इसमें संगीत समारोह, फैशन प्रदर्शनी, विवाह समारोह, थीम पार्टी, कारपोरेट, सेमिनार, उत्पाद प्रक्षेपण जैसे कार्यक्रमों की दृश्यांकन, संकल्पना, नियोजन, बजटीकरण, संयोजन तथा निष्पादन शामिल है। अन्य शब्दों में छोटे या बड़े पैमाने पर व्यक्तिगत या कारपोरेट घटनाओं जैसे त्यौहारों, सम्मेलनों, समारोहों, विवाहों, संगीत समारोह, जन्मदिन, विवाह वर्षगाँठ, रिटायरमेंट पार्टी, औपचारिक पार्टियों या सम्मेलनों के निर्माण और विकास के लिए परियोजना प्रबंधन का अनुप्रयोग है। इसमें ब्रांड का अध्ययन करना, उसके लक्षित दर्शकों की पहचान करना, घटना की अवधारणा एवं रूपरेखा तैयार करना एवं वास्तव में कार्यक्रम प्रारंभ करने से पहले तकनीकी पहलुओं का समन्वय करना सम्मिलित है। आयोजन की योजना बनाने और समन्वय करने की प्रक्रिया को आमतौर पर घटना नियोजन के रूप में जाना जाता है एवं इसमें बजट, शेड्यूलिंग, साइट चयन, आवश्यक परमिट प्राप्त करना, परिवहन एवं पार्किंग की योजना बनाना, वक्ताओं एवं मनोरंजनकर्ताओं की व्यवस्था करना, सजावट करना, दुर्घटना सुरक्षा, खान-पान, भोजन व्यवस्था आदि का समन्वय करना शामिल होता है। इवेंट इंडस्ट्री में अब ओलम्पिक से लेकर बिजनेस ब्रेकफास्ट मीटिंग्स तक सभी साइज़ के इवेंट सम्मिलित हैं।

कई उद्योगपति एवं मशहूर हस्तियाँ, धर्मार्थ संगठन एवं रुचि समूह अपने लेबल का विपणन करने, व्यवसायिक संबंध बनाने, धन जुटाने या उपलब्धि का जश्न मनाने के लिए भी कार्यक्रम आयोजित कराते हैं।

**उपसंहार–** आधुनिक युग में इवेंट मैनेजमेंट तेजी से उभरता करियर ऑपशन भी है। मैनेजमेंट के विद्यार्थियों में यह एक नई लाइन है जिससे युवाओं का आकर्षण देखा जा सकता है। हम आए दिन बड़े-बड़े आयोजनों की खबरे पढ़ते रहते है इस तरह के भव्य आयोजनों की सफलता के पीछे जिन लोगों की बड़ी मेहनत हाती है वे इवेंट मेनेजर कहलाते है। इस क्षेत्र में वर्तमान में रोजगार की अनेक संभावनाएं हे।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. अहा जिंदगी – फरवरी 2017
2. इंडिया टूडे – मई – 2015
3. स्वयं का शोध

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# मीडिया एवं महिला सशक्तिकरण

डॉ. नसीम अख्तर*

* असिस्टेन्ट प्रोफेसर (समाजशास्त्र) श्रीमती बी0डी0 जैन कन्या महाविद्यालय, आगरा (उ.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** आजकल महिलाओं के लिए 'कल्याण', 'उत्थान', 'विकास' और 'जागृति' जैसे शब्दों की अपेक्षा 'सशक्ता' शब्द का प्रयोग बडे पैमाने पर किया जा रहा है। 'सशक्तता' शब्द में 'शक्ति' शब्द समाहित है जिसका आशय ताकत से है तथा साथ ही शक्ति संतुलन को बदलने से हैं।

इस प्रकार सशक्तता का तात्पर्य उस शक्ति से है जिसके द्वारा समाज में व्याप्त शक्ति संतुलन को बदला जा सके। इस शक्ति संतुलन को बदलने से हमारा तात्पर्य है कि जो शक्ति, चाहे वो सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक तथा धार्मिक क्षेत्र में व्याप्त हो, पहले पुरूषों के हाथों में भी अब उस पर महिलाओं का भी अधिकार हो। इस सशक्तता का उद्देश्य मर्दों को कमजोर करना नहीं बल्कि महिलाओं को इस प्रकार सशक्त करना है ताकि वे प्रत्येक क्षेत्र में समानता का अधिकार प्राप्त कर सकें।

संक्षेप में महिला सशक्तिकरण का अभिप्राय है महिला अपने आप को शक्तिशाली बनाए। बाह्य घटक जैसे सरकारी, गैर सरकारी संस्थायें तथा सवेंदनशील पुरूष भी इस प्रयत्न में उसका साथ दे सकते हैं महिला सशक्तिकरण के लिए यह भी आवश्यक है कि उन्हें कानूनी सहायता तथा सूचना और प्रचार माध्यम की सुविधाओं की भी उचित मात्रा में उपलब्धि हो। मीडिया का अर्थ है संचार का माध्यम, जिसे हम देश की आँखे एवं देश का पथ प्रदर्शक कहते हैं।

**मीडिया के प्रकार**

(i) प्रिन्ट मीडिया

(ii) इलेक्ट्रॉनिक मीडिया

संचार का प्रथम माध्यम समाचार पत्र, मैगज़ीन, साप्ताहिक पोस्टर, किताबें आदि हैं। तथा दूसरा माध्यम टी0वी0, सिनेमा, रेडियो, वी0सी0आर0, कम्प्यूटर, फोन आदि इनेक्ट्रॉनिक मीडियेटर हैं।

लोकतंत्रीय शासन प्रणाली में सरकार के तीन प्रमुख अंगों व्यवस्थापिका, कार्यपालिका एवं न्यायपालिका के अतिरिक्त चौथा प्रमुख आधार स्तंभ है मीडिया। जिसमें प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया दोनों सम्मिलित हैं। जनसाधारण में विभिन्न सूचनाओं का सम्प्रेषण करना, जनमत का निर्माण करना, जनता में चेतना एवं जागरुकता का विकास करना प्रेस/मीडिया का प्राथमिक लक्ष्य है। [1]

**मीडिया का महत्व –** मीडिया अर्थात् मीडियम या माध्यम। मीडिया के महत्व का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तम्भ कहते हैं। समाज में मीडिया की भूमिका सूचना वहन की होती है। वह समाज के विभिन्न वर्गो, सत्ता केन्द्रों, व्यक्तियों और संस्थाओं के बीच पुल का कार्य करता है। आधुनिक युग में मीडिया का सामान्य अर्थ समाचार पत्र, पत्रिकाओं, टेलीविज़न, रेडियो, इंटरनेट आदि से लिया जाता है। किसी भी देश की उन्नति व प्रगति में मीडिया का बहुत बड़ा योगदान होता हैं यदि यह कहा जाये कि मीडिया समाज का निर्माण एवं पुनर्निर्माण करता है तो यह गलत नहीं होगा। इतिहास में ऐसे अनेक उदारहण मिलेंगे जिनसे सिद्ध होता है कि लोगों ने मीडिया की शक्ति एवं महत्व को पहचानकर उसे एक शक्तिशाली हथियार के रुप में प्रयोग किया है जिससे समाज में अनेक परिवर्तन हुए हैं। अंग्रेजों से देश को मुक्ति दिलाने एवं उनमें देश–भक्ति व उत्साह भरने में भी मीडिया की अहम भूमिका रही है। आज भी मीडिया की ताकत के सामने बड़े से बड़ा राजनेता, उद्योगपति सभी सिर झुकाते हैं। मीडिया का जन–जागरण में भी बहुत योगदान है। बच्चों को पोलियो की दवा पिलाने का अभियान हो या एड्स के प्रति जागरुकता का कार्य, मीडिया ने अपनी ज़िम्मेदारी पूरी तरह से निभाई है। लोगों को वोट डालने के लिए प्रेरित करना, बाल मजदूरी पर रोक लगाने के लिये प्रयास करना, धूम्रपान के ख़तरों से अवगत कराना जैसे अनेक कार्यो को करने में मीडिया का महत्व रहा है। मीडिया समय–समय पर नागरिकों को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक करता रहता है। देश में भ्रष्टाचारियों पर कड़ी नजर रखता है। समय–समय पर स्टिंग ऑपरेशन कर इन सफेदपोशों का काला चेहरा दुनिया के सामने लाता है। इस प्रकार मीडिया का हमारे जीवन में बहुत महत्व है।[2]

इस प्रकार हम देखते हैं कि किस प्रकार मीडिया हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग बन गया है। मीडिया ने महिलाओं के जीवन में भी महत्वपूर्ण बदलाव किये हैं। आज मीडिया के माध्यम से महिलाएं अपने अधिकारों को जानकर सशक्त हो रही हैं।

**महिला सशक्तिकरण के लिए मीडिया की आवश्यकता –** संविधान ने महिलाओं को पुरुषों के बराबर अधिकार दिये हैं अर्थात् महिलाएं संवैधानिक दृष्टि से अधिकार संपन्न हैं। परन्तु हम देखते हैं कि यथार्थ में वे भेदभाव, शोषण और उत्पीड़न का शिकार बनी हुई हैं। आज आवश्यकता है कि इन्हें उनके अधिकार दिलाये जायें, उन्हें शिक्षित किया जाये, स्वावलम्बी, मजबूत और जागरुक बनाया जाये। इस दिशा में सरकार ने कई योजनाएं एवं कार्यक्रम बनाये ताकि इनका कल्याण किया जाये। परन्तु ये सभी प्रयास कागजों में ही सिमट कर रह गए। जबकि इन प्रयासों को महिलाओं के बीच पहुँचाने की आवश्यकता है। इस आवश्यकता की पूर्ति मीडिया के माध्यम से हो सकती है। मीडिया जैसे दूरदर्शन, निजी चैनल व रेडियो के माध्यम से महिलाएं विवाह, दहेज, बलात्कार, संपत्ति अधिकार, समान वेतन, प्रसूति–सुविधा आदि के संबंध में जागरुक हो सकती हैं और हो भी रही हैं। मीडिया के माध्यम से महिलाओं को बाल विवाह अधिनियम, पत्नी के भरण पोषण या विधवा गुजारा भत्ते संबंधी कानून, महिला हिंसा कानून, गोद लेने संबंधी कानून, संपत्ति संबंधी अधिकार आदि की जानकारी प्राप्त होगी, जो उनके

जीवन को सही दिशा दे सकते हैं। मीडिया की ईमानदार प्रतिबद्धता निश्चित ही महिला सशक्तिकरण के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय जोड़ सकती है।

**महिला सशक्तिकरण में मीडिया की भूमिका –** वर्तमान में प्रिंट, दृश्य और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में एक प्रभावी संदेशवाहक और परिवर्तनकारी एजेंट के तौर पर, अलग-थलग पड़ी वंचित महिलाओं के एक बड़े हिस्से को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने की व्यापक क्षमता है। मीडिया ने समय, स्थान और सूचना के आदान-प्रदान की मात्रा की सीमा से बाधित हुए बगैर, परस्पर सम्प्रेषण और जुड़ाव का एक नया मार्ग खोल दिया है। मीडिया के अत्यधिक विस्तार ने अनेक लैंगिक मुद्दों को उजागर करने में मदद की है, जो कि अभी तक दुनिया के सामने नहीं आये थे। महिलाएं धीरे-धीरे ही सही पर आगे बढ़ रही हैं और अपनी आवाज उठा रही हैं। वे लैंगिक मुद्दो को नया दृष्टिकोण प्रदान कर रही हैं।

मीडिया ने महिला सशक्तिकरण के लिए बनाये जा रहे कार्यक्रमों को लोकप्रिय बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ऑल इंडिया रेडियो (ए0 आई0 आर0) और दूरदर्शन में महिला सशक्तिकरण शीर्ष एजेंडा रहा है। डी0डी0 नेशनल पर स्त्री शक्ति, सफल महिलाओं की सफलता की कहानियों पर प्रकाश डालती है। डी0डी0 न्यूज 'तेजस्विनी' का प्रसारण करता है, जो उदाहरणीय महिलाओं की कहानियों को प्रस्तुत करता है, जिन्होंने कभी हार नहीं मानी और अपने लक्ष्य पर पहुंची।[3]

भारत जैसे विकासशील देश में समय की सबसे महत्वपूर्ण मांग है महिलाओं के विकास और उनके सशक्तिकरण की। देश में अनेक समस्याएं हैं, इन समस्याओं का समाधान तब तक नहीं हो सकता जब तक महिलाएं सशक्त नहीं हो जातीं। संविधान ने महिलाओं को सभी तरह के अधिकार दिये हैं, इन अधिकारों को लागू करने के लिए कानून भी बना दिये लेकिन इनका लाभ वे तभी ले सकती हैं जब वे इनके संबंध में जागरुक होंगी और यह कार्य मीडिया द्वारा किया जाता है। मीडिया की भूमिका के बिना ये काम मुश्किल ही नहीं बल्कि असंभव भी है। मीडिया के माध्यम से महिलाएं जागरुक हो रही हैं। मीडिया उन्हें अपने अधिकारों एवं भूमिकाओं के बारे में सजग बनाकर उनका सशक्तिकरण करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। जनसंचार के विभिन्न माध्यमों में लगातार महिलाओं से संबंधित कार्यक्रमों के प्रसारण हो रहे हैं। प्रिंट मीडिया से लेकर रेडियो और दूरदर्शन इस विषय पर काम करता रहा है, प्राइवेट चैनलों ने भी महिलाओं से संबंधित कार्यक्रमों का प्रसारण आंरभ किया और इस दिशा में काफी बदलाव हुए भी हैं। [4]

वर्तमान में संचार माध्यम महिलाओं के सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। बाल विवाह अधिनियम की बात करें या पत्नी के भरण पोषण या विधवा गुजारा भत्ते की, स्त्रियाँ जागरुक हो रही हैं। उन्हें महिला हिंसा कानून, समान वेतन कानून, गोद लेने संबंधी कानून और संपत्ति में स्त्री के अधिकार की जानकारी सहित ऐसे अनेक चीजों का ज्ञान है जो उनके जीवन का सही दिशा दे सकते हैं। अपने जीवन में विभिन्न समस्याओं को बेहतर ढंग से सुलझाने की क्षमता उनमें लगातार विकसित हो रही है। जागरुकता का अभाव उनकी उन्नति के मार्ग का रोड़ा बन रही है। वैसे देखा जाये तो मीडिया समाज के विकास में बहुत सहायक है। परंतु महिला सशक्तिकरण के संदर्भ में इसकी भूमिका सर्वोपरि है। आज समूचे विश्व में स्त्रियों का वर्चस्व बढ़ा है। प्रत्येक क्षेत्र में महिलाएं अपनी प्रतिभा दिखा रही हैं, उनकी पारिवारिक, सामाजिक और आर्थिक स्थिति में परिवर्तन स्पष्ट दिखाई दे रहा है। परन्तु दूसरी ओर महिलाओं के प्रति हिंसा, यौन उत्पीड़न, दहेज प्रताड़ना जैसी अनेक घटनाएं आये दिन घट रही हैं, जो पहले भी घटती आई हैं। परन्तु आज मीडिया के कारण आप और हम इन घटनाओं से रुबरु हो रहे हैं तथा मीडिया ने महिलाओं में यह चेतना जाग्रत की है कि वे इन अत्याचारों के विरुद्ध अपनी आवाज उठा रही हैं। जिसके परिणामस्वरुप सरकार को भी उनके हित के लिए कानून बनाने के लिए तत्पर होना पड़ रहा है।

महिलाएं अपने अस्तित्व के लिए सदैव से एक लंबी लड़ाई लड़ती आ रही हैं। परन्तु इस लड़ाई ने कभी आंदोलन का रुप नहीं लिया था। महिलाओं के पक्ष में आधार तैयार करने में रेडियो, दूरदर्शन, पत्र-पत्रिकाओं और सबसे अधिक समाचार पत्रों की भूमिका रही है क्योंकि यह आम आदमी तक पहुँचने का सबसे सस्ता साधन है। भारत का महिला एवं बाल विकास विभाग स्त्रियों के सामाजिक एवं आर्थिक स्तर में सुधार लाने हेतु सतत् प्रयत्नशील है और योजनाएं बनाता आ रहा है। अन्य शासकीय एवं अशासकीय तथा स्वयंसेवी संस्थाएं भी इस दिशा में कार्य कर रही हैं। किन्तु जब से मीडिया इस दिशा में सक्रिय हुआ है, तभी से उल्लेखनीय परिणाम मिल रहे हैं आज सभी शासकीय योजनाओं की जानकारी दृष्य-श्रृव्य माध्यमों द्वारा प्रसारित की जाती है और उनका व्यापक प्रभाव भी स्त्री वर्ग पर पड़ रहा है। अन्त्योदय योजनाएं राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना और जननी सुरक्षा योजना सहित जाने कितनी हीं योजनओं की जानकारी आज महिलाओं को है।

सरकार महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए उनमें शिक्षा को बढ़ावा दे रही है। सरकार बालिका शिक्षा, प्रौढ़ शिक्षा और छात्रवृत्ति योजना के माध्यम से महिला साक्षरता बढ़ाने हेतु प्रयासरत् है। जिसमें मीडिया की अहम भूमिका है। बालिका शिक्षा संबंधी कई विज्ञापन एवं कार्यक्रम दिखाकर दूरदर्शन साक्षरता के प्रसार में सहयोग कर रहा है। कन्या भ्रूण हत्या को रोकने तथा कन्या जन्म को बढ़ावा देने में इसने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है।

**निष्कर्ष –** पिछले कुछ वर्षो से मीडिया द्वारा महिलाओं को सशक्त बनाने एवं उनके मुद्दे उठाने में मीडिया ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मीडिया ने एक ओर जहाँ महिलाओं को कई महत्वपूर्ण पद देकर उन्हें सशक्त किया है, वहीं दूसरी ओर महिलाओं से संबंधित प्रेरक कहानियों से उनमें आत्मविश्वास जाग्रत करने का कार्य भी किया है। महिलाओं पर होने वाले जुर्मो एवं अत्याचारों को मीडिया द्वारा प्रमुखता से दिखाया जाता है जिससे उन्हें देर सबेर ही सही, पर इंसाफ मिलता है। महिलाओं से संबंधित मुद्दे पहले इतने चर्चा में नहीं रहते थे जितने की आज हैं। मीडिया ने विश्व को जोड़कर किसी भी घटना को एक कोने से दूसरे कोने में पहुंचाया है। यही कारण है कि मलाला युसुफ को पहले कोई नहीं जानता था लेकिन ये मीडिया ही है, जिसने आज मलाला को विश्व प्रसिद्ध बना दिया है। मीडिया को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है। जिसकी महिला सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका है। देश एवं राष्ट्र की तरक्की में मीडिया ने अहम भूमिका अदा की है क्योंकि देश की आधी आबादी को सशक्त किये बिना समाज, देश व राष्ट्र की तरक्की संभव नहीं है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. श्रीवास्तव, शमीनी, 2011, आधुनिक समाज एवं महिलाएँ, ब्लू स्टार, इंदौर, पृ0 सं0 160 – 61
2. श्रीवास्तव, मानव, 2019, योजना एवं कुरुक्षेत्र का GIST सरकारी योजनाएं, नीतियाँ एवं कार्यक्रम, दिल्ली, प्रभात प्रकाशन।
3. www.dpssharjan.com
4. सिन्हा, निभा, महिला विकास और सशक्तिकरण एवं जनमाध्यम, www.newswriters.in

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# भारतीय अर्थव्यवस्था 2024 की चुनौतियाँ

**डॉ. प्रवीण ओझा** *

* प्राचार्य, डॉ. बी.एल.पी. शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, महू (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** सामाजिक विज्ञान की वह शाखा जिसमें धन सम्बन्धी क्रियाओं का अध्ययन किया जाता है, उसे अर्थशास्त्र कहा जाता है। वस्तुओं अथवा सेवाओं का उत्पादन, वितरण, विनिमय, उपभोग आदि इसकी प्रमुखत: विषयवस्तु होती है। अर्थशास्त्र का व्यवहारिक पक्ष अर्थव्यवस्था कहलाता है। किसी विशेष क्षेत्र से संबंधित आर्थिक गतिविधियां यथा उत्पादन, उपभोग, विनिमय, वितरण, राजस्व आय, बजट, अर्थ नियोजन जैसे समस्त संबंधित आर्थिक तत्व इसमें सम्मिलित होते है। भारतीय अर्थव्यवस्था के जनक चाणक्य या कौटिल्य को माना जाता है जिनका मूल नाम विष्णुगुप्त था। चाणक्य रचित ग्रंथ 'अर्थशास्त्र' में राज्य की अर्थव्यवस्था के विविध पक्षों की व्यापक मीमांसा द्वारा एक आदर्श एवं व्यवहारिक अर्थव्यवस्था का चित्र प्रस्तुत किया गया है। 2023 में जनसंख्या की दृष्टि से विश्व में प्रथम स्थान पाने वाली भारत की अर्थव्यवस्था विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। आर्थिक उदारीकरण एवं आर्थिक सुधार के खुले वातावरण में तथा गत वर्षो के ग्राम नियोजन एवं सटीक आर्थिक नीतियों के परिणामस्वरूप भारत विश्व की महान आर्थिक शक्ति के रूप में उभरकर आया है एवं विश्व अर्थव्यवस्था में भारतीय अर्थव्यवस्था के प्रभाव का भी विस्तार हुआ है।

भारतीय अर्थव्यवस्था 2024 की कार्यविधि एवं व्यवहारिक स्वरूप पर देश के आर्थिक विकास एवं देशवासियों की समस्त आशाऐं टिकी हुयी हैं इसमें उन सभी का समावेश अपेक्षित है, जिन पर गत वर्ष की भारतीय अर्थव्यवस्था 2023 आधारित थी तथा जिसमें गत वर्ष विशिष्ट उपलब्धियां भी दर्ज की गयी हैं। देशवासियों की वर्तमान आर्थिक, सामाजिक, राजनीतिक एवं अन्य समस्त अपेक्षाओं पर खरे उतरते हुये विकास के चक्र को सतत रूप से आबाध गति से आगे बढ़ाते रहना भी प्रासंगिक है। इस दिशा में सरकार को दृढ़ निश्चय पर आधारित प्रतिबद्धता समस्त अर्थवेत्ताओं से विमर्श, भारत एवं विश्व को गत वर्ष की अर्थव्यवस्थाओं का सूक्ष्म विश्लेषण, गहन शोध एवं लक्ष्यों की स्पष्टता जैसे सुदृढ़ आधार स्तंभों पर आधारित भारतीय अर्थव्यवस्था 2024 से राष्ट्र को अपार अपेक्षाऐं होने के कारण इसके समक्ष अनेक चुनौतियां भी हैं। वर्तमान में उपलब्ध परिस्थितियों एवं आर्थिक आवश्यकताओं के अनुरूप ऐसा सुदृढ़ नीतिगत बुनियादी ढांचा लागू किया है जो विकासशील देशों के लिए अनुकरणीय है। टिकाऊ विकास के लक्ष्य (SDG) को प्राप्त कर उसे सुरक्षित बनाये रखने की डगर भी अत्यंत कठिन है। इस क्षेत्र में विश्व के 166 देशों के मध्यम 112वे स्थान पर अवस्थित भारत ने गत वर्ष बड़ी सकारात्मक सक्रियता का प्रदर्शन भी किया है, तथापि मैन्यूफैक्चरिंग आधारित विकास की तीव्रता पर्यावरण पर विपरीत प्रभाव डाल सकती है, गहन शोध एवं विभागीय सामंजस्य यहाँ उपयोगी हथियार बन सकते हैं। G-20 की अध्यक्षता में 2030 के ऐजेण्डे के विस्तार हेतु भारत के द्वारा उसके समझौतों में इन तत्वों को सम्मिलित कर पहल की है, तथापि 2024 की अर्थव्यवस्था में सहज, टिकाऊ एवं उत्तरदायी विकास हेतु ठोस नीतिगत ढांचा तैयार कर लागू किया जा रहा है।

भारतीय अर्थव्यवस्था 2023 उत्साहपूर्ण एवं उपलब्धिकारक रही है। इसमें भारत की जीडीपी का 3.73 ट्रिलियन डॉलर तक पहुँचना प्रति व्यक्ति जीडीपी 2610 डॉलर होना विश्व की औसत विकास दर मात्र 2.9 प्रतिशत रहने के बाद भी भारत की अनुमानित विकास दर 6.3 प्रतिशत रहने का अनुमान आदि तथ्य वर्ष 2024 में पूर्ण सावधानीपूर्वक संतुलित रूप से कदम आगे बढ़ाने की प्रेरणा दे रहे हैं। गत वर्ष के उपलब्धिदायक कारकों की खोज कर उनमें मजबूत प्रयास कर भारत 2027 तक पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की तैयारी के चहुँमुखी प्रयत्न कर रहा है। अपनी कमियों एवं ताकतों का सही आकलन कर ही यह वर्ष नवीन आर्थिक उपलब्धियों की संभावना से पूर्ण प्रतीत हो रहा है। गत वर्ष के समान इस वर्ष भी महंगाई के प्रश्न पर अनिश्चय एवं अस्थिरता की संभावना बनी हुयी है। यद्यपि 2023 में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक की महंगाई दर में दो प्रतिशत की गिरावट एवं कोर इंफ्लेशन या मुख्य महंगाई में स्थिरता दर्ज की गयी फिर भी खाद्य पदार्थो यथा अनाजों, दलहन, मसालों की महंगाई के कारण शासन ने निर्यात-प्रतिबंधित कर स्थिति पर नियंत्रण बनाने के प्रयास किये थे, ऐसी परिस्थितियों की उम्मीद की वर्ष 2024 में भी संभावना दृष्टिगोचर हो रही है, आगामी नीति निर्धारण में इस ओर विशेष ध्यान दिया जायेगा। खाद्यानों के निर्यात पर प्रतिबंध के 2023 में निर्यात में 5.43 प्रतिशत की गिरावट आयी किन्तु साथ ही आयात में भी 7.31 की कमी में व्यापार संतुलन को सुधारा एवं 2023 में भारत का व्यापार घाटा लगभग आधा रह गया। गत वर्ष इलैक्ट्रिक उपकरणों, दवाओं, दूरसंचार के उपकरणों के बढ़ते निर्यात ने नीति निर्माताओं का ध्यान इन सैक्टर पर केन्द्रित कर इस वर्ष को लाभान्वित किया है। इस वर्ष खाद्य पदार्थो के मूल्य को स्थिर करने, आपूर्ति श्रृंखला को व्यवस्थित बनाये रखने, सुरक्षात्मक मौद्रिक नीति बनाये रखने जैसे कार्यो पर अधिक ध्यान दिया जाना है। वर्ष 2023 में अनाजों एवं दालों में 13 प्रतिशत, मसालों में 21.6 प्रतिशत, दूध में 8.3 प्रतिशत एवं सब्जियों में 37.3 प्रतिशत की वृद्धि देखी गयी जिसे सरकारी हस्तक्षेप से नियन्त्रित भी किया गया। इस हेतु सतर्क बना रहना जरूरी है।

मुद्रा स्फीति संबंधी आकलन भी अर्थव्यवस्था का अहम पक्ष होता है। भारतीय रिजर्व बैंक का अनुमान है कि वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही

तक मुद्रास्फीति 5 प्रतिशत से अधिक रहेगी जो रिजर्व बैंक के कम्फर्ट लेवल से 4 प्रतिशत है, से अधिक रहेगी। ऐसी स्थिति में स्टॉक के मूल्य कम एवं स्वर्ण का मूल्य बढ़ जाता है, क्रय शक्ति कम हो जाने के कारण वास्तविक आय कम हो जाती है, ब्याज दरें उच्च हो जाती है, इस दशा में इक्विटी की लागत प्रभावित होने, निर्यात प्रभावित होने, उच्च मजदूरी की मांग एवं उससे उत्पादन लागत में वृद्धि आदि संभावनाओं पर विचार कर ही आगामी रूपरेखा तैयार करनी होगी।

अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा निरपेक्ष मौद्रिक नीति अपनाने की तारीफ की है, इस प्रशंसनीय स्थिति को वर्ष 2024 की अर्थव्यवस्था में भी बनाये रखने का दबाव भी सकारात्मक परिणाम दे सकता है क्योंकि इससे धीरे-धीरे कीमतें स्थिर हो सकती है एवं मुद्रा स्फीति एवं महंगाई के दुष्प्रभावों को कम किया जा सकता है। अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष का तो यह भी अनुमान है कि 2024 में भारत में विदेशी पोर्ट फोलियों निवेश या एफ.पी.आई. के 33.9 अरब डॉलर पहुँचने की संभावना है, जिससे देश ऐसी उभरती हुयी आर्थिक शक्ति का रूप लेता जा रहा है जहाँ निवेश की अच्छी संभावनाऐं है, इस क्षेत्र को गहन शोध से और समृद्ध बनाया जा सकता है। गत वर्ष मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर की 13.9 प्रतिशत तक बढ़ती विकास दर, मेक इन इण्डिया की सफलता ने इस सैक्टर को 2025-26 तक एक ट्रिलियन डॉलर तक पहुँचने की संभावना का अनुमान लगाया गया है। इस अनुमान को वास्तविक उपलब्धि में इस वर्ष में बदलना भी चुनौतीपूर्ण एवं प्रेरक तत्व है जो अर्थव्यवस्था के उन्नयन का कारक बन सकता है। इस दिशा में रोजगार के अवसर बढ़ाने, प्रशिक्षित कामगारों की उपलब्धता, प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विस्तार एवं प्रचार-प्रसार, सेवा क्षेत्र की महत्ता को बनाये रखना, महिलाओं की श्रम भागीदारी का प्रतिशत बढ़ाना, विकास की संभावनाओं की खोज एवं उपलब्ध अवसरों का समुचित दोहन जैसी रणनीति निंसदेह 2024 में भारतीय अर्थव्यवस्था को उस मुकाम तक पहुँचायेगी जो एक आर्थिक शक्ति का दर्जा पाने के लिये अपेक्षित है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. सिंह, विवेक - इण्डियन इकोनॉमी
2. शर्मा, चंदन - इन्टरनेशनल इकोनोमिक्स
3. सिंह, रमेश - भारतीय अर्थव्यवस्था
4. वर्मा, संजीव - भारतीय अर्थव्यवस्था
5. बैनर्जी, अभिजीत, वी, टुफ्लो एस्थर-गुड इकनोमिक्स फॉर हार्ड टाइम्स
6. लाल एल.एन., लाल एस.के.- भारतीय अर्थव्यवस्था

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# दक्षिण अरावली क्षेत्र में निवासरत कथौडी जनजाति का ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक जीवन

**डॉ. सुदर्शन सिंह राठौड***

* सह आचार्य, राजकीय मीरा कन्या महाविद्यालय,उदयपुर (राज.) भारत

**शोध सारांश –** मानव आरम्भ से प्रकृति पर निर्भर रहा हैं। वन्य अत्पादों से अपना एवं अपने परिवार का पेट भरने का कार्य सरलता से करता आया हैं। प्रकृति ने उसे बहुत कुछ दिया हैं। वर्तमान में भी कुछ जातियाँ पूरी तरह प्रकृति पर निर्भर हैं जिनमें कथौडी जनजाति अग्रणी हैं। कथौडी लोग जंगली उत्पादों यथा गोद, महुए के फुल, डोलमा, मूसली लकडी एवं शहद एकत्रित करके बेचते हैं। उससे अपने परिवार का पालन करते हैं। महुआ के फूलों से शराब बनाकर बेचना एवं पीना इनकी दिनचर्या का मुख्य भाग हैं। इस जनजाति में शराब एवं मांस का मुख्य स्थान हैं। सुबह की शुरूआत ही शराब सेवन से होती हैं। स्त्री और पुरूष दोनो ही नशे के आदी हैं। शिक्षा का इस जाति में नितान्त अभाव हैं। बच्चे भी माता पिता की आदतों के शीघ्र ही शिकार हो जाते हैं। बाल विवाह के कारण शारीरिक एवं मानसिक विकास भी अवरूद्ध हो जाता हैं। फलस्वरूप युवा भी अपने पूर्वजों की राह पर चल पडते हैं। सरकारी सहायता के रूप में घर एवं अनाज मिल जाता हैं अत: नशे का ही जुगाड़ शेष रहता है। सात्विक जीवन या धार्मिक प्रवृत्ति का नितान्त अभाव देखने को मिलता है।

**शब्द कुंजी –** जनजाति,अंधविश्वास,रूढिवादिता,नशाखोरी,शराब।

**प्रस्तावना –** राजस्थान के उदयपुर जिले की झाडोल (फ.) एवं कोटडा तहसील क्षेत्र में निवास करने वाली कथौडी जनजाति मूलत: महाराष्ट्र की निवासी है। वहा बांधो के निर्माण के कारण बेघर हुए इन लोगों को वर्षो पूर्व यहा बसाया गया था। फुलवारी की नाल क्षेत्र में ये लोग खैर के वृक्ष से कत्था निकालने का कार्य करते थे। वन्य उत्पादों के सहारे जीवन यापन करना इनकी दिनचर्या बन गई थी परन्तु अब परिस्थितियाँ विपरित हैं। घटते वन्य उत्पाद एवं अशिक्षा के कारण ये लोग अत्यन्त पिछडे एवं बेरोजगार बने हुए हैं। अत्यधिक शराब सेवन के कारण इनके शारीरिक स्वास्थ्य पर विपरित प्रभाव पड रहे है।

**शोध पत्र का उद्देश्य:**

1. कथौडी जनजाति के सामाजिक विकास एवं अशिक्षा की समस्याओं को उजागर करना।
2. कथौडी समुदाय की संस्कृति, रहन-सहन, खान-पान, व्यवसाय एवं धार्मिक जीवन से शेष समुदाय को परिचित कराना।
3. कथौडी जनजाति के विकास में बाधक समस्याओं के समाधान हेतु भावी सुझाव प्रस्तुत करना।

**शोध परिकल्पनाएँ:**

1. कथौडी जनजाति को शिक्षा एवं रोजगार से जोड़ कर मुख्य धारा में लाया जा सकता हैं।
2. परम्परागत के स्थान पर नवीन व्यवसाय अपनाने हेतु प्रेरित किया जा सकता हैं।
3. शराब सेवन, मासांहार जीवन एवं रूढिवादी सोच को बदला जा सकता हैं।

**शोध प्रविधि:**

1. **समंक संकलन-** दक्षिणी - पश्चिमी राजस्थान के उदयपुर जिले की झाडोल एवं कोटडा तहसील के गावों अम्बासा, डैया, अम्बावी, पानरवा, झाडा पीपला, झेर एवं बेडाधर में निवास करने वाले कथौडी परिवारों का चयन उद्देश्यानुसार प्रतिदर्श विधि के आधार पर किया गया।
2. **अध्याय विधि एवं आंकड़ों का संकलन-** सम्बंधित शोधकार्य में प्राथमिक एवं द्वितीयक दोनों प्रकार के आंकड़ों का समावेश किया गया हैं परन्तु यह शोध मुख्यत प्राथमिक आंकडो पर आधारित हैं। द्वितीयक आंकडे सरकारी एवं गैर सरकारी दस्तावजों, लेखों, शोध पत्रों एवं अनुसंधानों पर आधारित हैं।

**साहित्यावलोकन-** अमिताभ सरकार व समीरा दासगुप्ता ने अपनी पुस्तक Ethno Ecology of Indian Triber: Diversity in Cultural Adaptation ( Rawat Publication, 2000) में इस जनजाति के बारे में विस्तृत विवरण दिया हैं। साथ ही जगन आकडों की पुस्तक Development of Schedule Castes And Scheduled tribes in India (Cambridge Scholars Publication, 2008) भी कथौडी जनजाति से जुडी विभिन्ना धारणाओं - अवधारणाओं को प्रस्तुत करती हैं। भारत की अन्य जातियों - जनजातियों के साथ कथौडियों का भी विवरणात्मक अध्ययन प्राप्त होता हैं। के.एस. सिंह (2004) अपनी पुस्तक People of India: Maharastra में कथौडियों की गौत्र विभाजन, खान-पान, कार्य-व्यवहार एवं व्यावसायिक पहलुओं का वर्णन करते हैं।

अमिता बाविस्कर ने अपनी पुस्तक In The Belly of The River: Tribal Couflicts Over Development In The Narmada Velley (Oxford University Press, 2013) में भी महाराष्ट्र की अनेक जनजातियों के साथ कथौडियों की भी जनजाति सांझा की हैं। उन्हे नाशिक,

पूणे एवं धूले जिले में निवासरत बताया हैं। विशाल कुमार हरिप्रसाद जोशी ने अपने शोध उपाधि An Economic Study of Tribe Kathodi In Sabarkantha District Of Gujrat (Pacific Unversity, Udaipur 2017) में कथौडियों के महत्वपूर्ण एवं अनछुएँ पहलुओं को उजागर किया हैं। खेडब्रहमा एवं विजयनगर के क्षेत्र निकालकर बेचने वाले कथौडी लोग मेरे अध्ययन क्षेत्र हेतु निर्धारित गाँवों के सम्बन्धी, रिश्तेदार एवं प्रवासजन्य हैं।

**दक्षिण अरावली क्षेत्र में कथौडी जनजाति का ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक जीवन–** दक्षिणी राजस्थान के उदयपुर जिले के दक्षिण – पश्चिम भाग में फुलवारी की नाल में स्थित है। यह वन्य क्षेत्र हरा – भरा एवं प्राकृतिक सम्पदा से परिपूर्ण हैं। इसमें वृक्षों की विविधता के साथ–साथ अनेक प्रकार के जंगली जीवन–जन्तु भी जाये जाते हैं। आस–पास के गावों के पशु एवं मानव इस वन क्षेत्र पर निर्भर हैं। खासकर कथौडी जनजाति के लोग यहा के जंगलों से महुआ के फूल, डोलमा, शहद, गोंद, सफेद मूसली, लकडी एवं कोयला एकत्रित कर बेचते हैं। इनका आर्थिक जीवन वन क्षेत्र पर निर्भर हैं। कथौडी लोग कुछ वर्षो पूर्व खैर नामक वृक्ष से कत्था निकालने का कार्य करते थे। वर्तमान में खैर के वृक्ष लुप्तप्राय हो गए हैं।

महाराष्ट्र में बडे–बडे बांधो का निर्माण होने के कारण वर्तमान में 40–50 वर्ष पूर्व ये लोग बेघर हो गये थे। फुलवारी की नाल के निकटवर्ती गाँवों में उस समय परती भूमि देख उन्हे यहा बसाया गया। इन्होने वन्य क्षेत्रों को अपने आर्थिक क्रियाकलापों हेतु अनुकुल समझा। महुआ एवं तेंदू के वृक्ष ने इन्हे सम्बल प्रदान किया, परन्तु शीघ्र ही ये लोग इनके नशे की गिरफ्त मे आ गये। महुए के फूल कि शराब एवं तेन्दू व सेतरी वृक्ष की पत्तियों बीडियाँ आज भी इनका पिछा नही छोड रही हैं। शराब से कही घर बर्बाद हो गये हैं। इस जनजाति पर शराब का जबरदस्त प्रभाव हैं। सुबह उठते ही चाय के स्थान पर शराब का सेवन करते हैं। स्त्री एवं पुरूष दोनो ही समान रूप से एक साथ बैठकर सेवन करते हैं। परिवार के छोटे बच्चो पर इसका विपरित प्रभाव पडता हैं वे भी शीघ्र ही इसके शिकार हो जाते हैं। झाडोल (फ.) तहसील के अम्बासा, डैया, अम्बाली एवं पानरवा तथा कोटडा के झेर व बेडाधर गावों में महुआ के वृक्षों की अधिकता हैं। अप्रैल – मई मे आने वाले महुए के फूलों को एकत्रित करके वर्षभर तक अपने शराब पीने का इंतजाम कर लेते हैं। शराब की लत इस कदर है कि इस हेतु ये लोग किसी किसान या शराब व्यवसायी के यहा बेगार को तैयार हो जाते हैं। इन गाँवों में महूए की शराब बनाने वाले के घर पर कथौडियों का समुह देखने को आसानी से मिल जाता हैं। बड़े – बुजुर्ग लोग तो हर वक्त नशे में डूबते रहते हैं मानो यही अमृत पेय हैं। शराब के अलावा बिडी पीना एवं तम्बाकू खाना भी इनमें प्रचलित हैं। टिम्बरू (तेन्दू वृक्ष) या सेतरी (कचनार वृक्ष) की पत्तियों से स्वयं बीड़ी बना लेते हैं। जर्दा अपने पास रखते हैं। नशे की प्रवत्ति इस जनजाति में स्त्री एवं पुरूष में समान हैं।

कथौडी एक अनपढ जनजाति हैं। शिक्षा के प्रति जागरूकता शुन्य स्तर पर हैं। बच्चे अपने माता–पिता के साथ मजदूरी करने, महुए के फूल बिनने या गोंद – शहद एकत्रित करने चले जाते हैं अभिभावक अपने बच्चों को शिक्षा दिलाना अपनी जिम्मेदारी नही मानते हैं ना ही उसकी उचित देखभाल कर पाते हैं नशे की प्रवृत्ति के कारण माता–पिता बच्चों की शिक्षा एवं शादी को बोझ समझते हैं। बहुत ही कम बच्चे प्राथमिक या उच्च प्राथमिक की शिक्षा सरकारी छात्रावास में रहकर पूरी कर पाते हैं। घर पर रहने वाले बालकों के लिए तो यह भी मुश्किल हैं। कम आयु में ही बाल विवाह के शिकार हो जाते हैं फलस्वरूप शारीरिक एवं मानसिक विकास अवरूद्ध हो जाता हैं। अपने बच्चे होने के बाद कथौडी दमपति खोलरा बना अलग रहने लग जाते हैं। शादी के बाद भी लडकी लम्बे समय तक अपने पिहर में ही रहती हैं उसका पति यहा आकर रहने लगता हैं। पति पत्नी का यह जोडा हर समय साथ रहता हैं। जंगल में गोंद बिनने, लकडी लाने या मजदूरी करने जाना हो अथवा शराब पीकर नृत्य करना हो। अधिकतर कार्यो में पत्नी सहभागिनी बनती हैं। समाज में नशे की अधिक प्रवृति के कारण अधिकतर पुरूष अकाल मृत्यु के शिकार हो जाते हैं विधवा विवाह का प्रचलन हैं। तलाक आसान हैं परन्तु दापा की राशि पुरूष को चुकानी होती हैं। सामान्यत: एकल विवाह प्रचलित हैं। भोजन में मांसाहार का महत्वपूर्ण स्थान हैं। पहले कथौडी लोग जंगली जानवरों का शिकार करना, मरे हुए पशुओं का मांस, कछुआ या मछलियों को पकडकर लाना इत्यादि शामिल था। वर्तमान में कुछ परिवर्तन आया हैं परन्तु इस दिशा में और अधिक सुधार की जरूरत हैं। कथौडी पुरूष गुलेल चलाने में पारंगत होते हैं। जिसके सहारे वह छोटे पक्षियों एवं खरगोश का शिकार आसानी से कर लेते हैं। दैनिक खान पान में गैहूँ एवं मक्का की रोटी का महत्वपूर्ण स्थान हैं परन्तु सब्जी नित्य मिले यह कोई जरूरी नही हैं। सीलबट्टे पर मिर्ची एवं मसाले घिसकर उपयोग कर लेते हैं। प्याज एवं चटनी के साथ खाना खा लेते हैं। चावल को अकेले मसाले के साथ उबालकर खाते हैं। मांसाहार की लगातार पूर्ति होती रहे इस हेतु मुर्गी पालन भी करते हैं। इस जनजाति में दूध का उपयोग नही के बराबर हैं। चाय का प्रचलन भी नही हैं। कुछ लोग बिना दूध की चाय पीते हैं।

कथौडी लोग होली, दीपावली एवं नवरात्र को प्रमुख त्योहार के रूप में मनाते हैं। होली पर नृत्य गायन एवं दीपावली पर पटाखे छोडने का इन्हे बहुत शोक होता हैं। कई परिवारों में औसतन 4000 से 5000 रूपये का इन पर खर्च आ जाता हैं। पिछले कुछ वर्षो से इन गावों के कुछ युवा कथौडी गुजरात में काम धंधे पर जाने लगे हैं ये लोग तीन–चार माह तक मजदूरी करके होली–दिपावली पर अपने घर आते हैं। मजदूरी के सारे पैसे त्योहारों पर खरीददारी करके खत्म कर पुन: मजदूरी करने चले जाते हैं। 10–15 दिन घर पर शराब पीकर पागल सी अवस्था में रहते हैं। होली के अवसर पर पुरूष ढोलक बजाते हैं तो स्त्रियां एक दुसरे की कमर में हाथ से पकडकर पिरामिड बनाते हुए मनमोहक नृत्य करती हैं। ऊंचे स्वर में लयबद्ध गाना गाती हैं। नवरात्र में कुछ कथौडी पुरूष नौ दिन तक सात्विक जीवन जीते हैं। यह वह अवसर है जिस दौरान कथौडी पुरूष मांस – मदिरा से दूर रहता हैं। नवरात्र में ढोलक, थालीसर, बांसली एवं टापरा नामक वाद्ययंत्र बजाते हुए 15–20 कथौडी पुरूष एक साथ सामुहिक नृत्य करते हैं। ढोलक, धोरिया, खोखरा, तारणी, पावरी, थालीसर, टापरा, बांसली एवं गोरोडिया कथौडियों के प्रमुख वाद्ययंत्र हैं। घोरिया व खोखरा बांस का बना हुआ होता हैं। तारणी महाराष्ट्र के तारपा वाद्ययंत्र के समान होता हैं। जिसे लोकी के एक सिरे पर छेद करके बजाते हैं। पावरी दिखने में बांसुरी जैसा होता हैं। पावरी का वादन मृत्यु के समय किया जाता हैं। थालीसर को दाह संस्कार के बाद बजाते है। थालीसर का उपयोग देव स्तुतियों के समय भी किया जाता हैं।

वाद्यदेव, गामदेव, डूँगरदेव, कन्सारी देवी तथा भारी माता कथौडियों के प्रमुख देवी–देवता हैं। देवी में अधिक आस्था रखते हैं। इनका जीवन प्रकृति पर निर्भर हैं। आत्मा एवं पुनर्जन्म में विश्वास रखते हैं। मृतक को दफनाते हैं। मृत्युभोज के नाम पर दाल चावल एवं नुक्ति बनाई जाती हैं। मृतक से जुडी

उसकी उपयोग सामग्री को उसकी समाधि पर रख दी जाती हैं। इस समुदाय के कुछ लोग तांत्रिक विधि के जानकार हैं परन्तु संत प्रवृत्ति नही पाई जाती हैं। शोध के दौरान पाया गया कि ईश्वराधना में बहुत कम विश्वास रखते हैं। इस समाज में कोई महान भक्त या ईश्वर परायण व्यक्ति का उदाहरण नही मिला।

कथौडी लोगो का आर्थिक जीवन अत्यंत कष्टपूर्ण हैं। घुमन्तु एवं अस्थाई प्रवृत्ति के कारण बहुत कम लोगो के पास कृषि योग्य भूमि उपलब्ध हैं। कुछ लोगो ने तो नशे की प्रवृत्ति के कारण अपनी भूमि भी बेच दी हैं। सरकार की विभिन्ना योजनाओं के सहारे जी रहे हैं। दाल, चावल, नमक, तेल एवं गेहूँ हर माह प्रत्येक कथौडी परिवार प्राप्त कर रहा हैं। परन्तु नशे की प्रवृत्ति के कारण घर में बरकत नही टीक पाती हैं। शोध क्षेत्र के गाँवों के कुछ परिवार तो अत्यंत दयनीय जीवनयापन कर रहे हैं। मुलभूत आवश्यकता पूर्ति को छोड़कर उनके पास कुछ भी नही हैं। परन्तु इस जाति की खास विशेषता हैं कि वे कभी चोरी नही करते हैं। कथौडियों के उत्थान हेतु सरकारी प्रयास अनवरत जारी हैं परन्तु कौशल विकास या रोजगार परक प्रशिक्षण की जरूरत हैं। आर्थिक सहायता से इनमें बदलाव संभव नही हैं। आर्थिक सहायता से कुछ लोगों में आलस्यता का संचार हुआ हैं। कथौडी लोग भागयवादिता, रूढिवाद, अंधविश्वास, नशाखोरी, अशिक्षा एवं नकारापन के अधिक शिकार हैं। इन बुराईयों ने इन्हे जकडे रखा हैं।

शिक्षा एवं कौशल विकास के सहारे ही कथौडियों का सामाजिक जीवन उन्नात हो सकता हैं। इस दिशा में सतत सरकारी एवं गैर सरकारी प्रयास किये जाये तो इन्हे मुख्य धारा में लाया जा सकता हैं। वर्ष 2011 के आंकडों के अनुसार राजस्थान में कुल कथौडी जनसंख्या 4833 हैं जिनमें भी 50 फिसदी तो उदयपरु जिले में ही हैं। शेष डूँगरपुर, झालावाड एवं बारा जिले में रहते हैं।

**कथौडियों के उत्थान सुझाव:**

1. नशे की प्रवृति पर रोक लगाई जाये। नशा उन्मूलन कार्यक्रम चलाया जाये। महुआ निर्मित देशी हथकड शराब को पूर्णत प्रतिबंधित किया जाये।
2. शिक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाए। कथौडी बच्चों को सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों द्वारा गोद लेकर स्कूली शिक्षा पूर्ण करवाई जाये। स्कूली शिक्षा पूर्ण नही करने वाले बच्चों के परिवारों को विभिन्ना वरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित किया जाये।
3. इन्हे कौशल विकास से जोडा जाये। रोजगार से साधन उपलब्ध हो। हर हाथ को काम मिले।
4. बाल विवाह पर पूर्णत: प्रतिबंध लगे। प्रत्येक बालक – बालिका का ऑनलाईन डाटा तैयार किया जाएं विवाह के अवसर पर सहयोग राशि तय की जानी चाहिये।
5. वर्तमान में चल रही सरकारी योजनाए अनवरत रूप से चलती रहे।
6. मृत्युभोज को प्रतिबंधित किया जाये। सामाजिक जागरूकता पैदा की जायें।
7. बचत की प्रवृत्ति विकसित की जाये।
8. वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं मानववाद की भावना का विकास किया जाये।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. Suman Rana, A Review on Educational Status of Scheduled Tribes of Rajasthan, 2017
2. S.S. Katewa, Perspectives of an ethnobotanical Study From Rajasthan (India), 2009
3. B.L. Nagda, Tribal Population And Health In Rajasthan, 2004
4. Vandana Singh Kushvaha, Rashmi Sisodiya And Chhaya Bhatnagar Magico-religious and Social belief of tribals of District Udaipur, Rajasthan, 2017
5. Folk herbal medicines from tribal area of Rajasthan, India, 2004
6. M. Unnithan, Caste, tribe and Gender in South Rajastha, 1991
7. V. Sharma, Family planning practices among tribals of south rajasthan, India, 1991
8. J. Joshi, Food Intake of tribes in Rajasthan: A Review, 2019
9. Vimla Dunkwal And Dhanvanti Bishnoi, major tribes of Rajasthan and their Costumes, 2014
10. S. Bairathi, tribal Caulture, economy and health Rawat publication, Jaipiur, 1991
11. Rajani Meena And Jyoti Yadav, A Study of educational Status of tribal in India
12. Nitya Sharma And V.V. Kulkarni, Situation Analysis of living condition of tribes in Rajasthan, 2013
13. Chauduri Sarit Kumar, Constraints of Tribal Deverlopment, 2000, A Mittal Publications
14. L.P. Vidyarthi, Tribal culture in india, 1985, Concept Publishing company

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# वित्तीय समावेशन – लक्ष्य एवं चुनौतियाँ

**डॉ. शैलप्रभा कोष्टा***

* प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) शासकीय महाकोशल कला एवं वाणिज्य स्वशासी महाविद्यालय, जबलपुर (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** वित्तीय समावेशन वित्तीय सेवाओं तक पहुँचने के अवसरों की उपलब्धता और समानता है यह ऐसी प्रक्रिया को संदर्भित करता है जिसके द्वारा व्यक्ति और व्यवसाय उचित, किफायती और समय पर वित्तीय उत्पादों और सेवाओं तक पहुंच सकते है जिनमें बैंकिंग, ऋण, इक्विटी और बीमा उत्पाद शामिल है, कहने का तात्पर्य है कि यह घरेलू आय में सुधार और आय असमानता को कम करने की दिशा में बैंक रहित आबादी की बचत, निवेश और बीमा के साधनों तक पहुंचने में सक्षम बनाकर आर्थिक विकास में समावेशिता को बढ़ाने का एक मार्ग है।

वित्तीय समावेशन शब्द को 2000 के दशक की शुरूआत में ही महत्व मिल गया है यह वित्तीय बहिष्करण की पहचान का परिणाम है और विश्व बैंक के अनुसार इसका गरीबी से सीधा संबंध है।

**वित्तीय समावेशन के लक्ष्य :**

1. बचत या जमा सेवाओं भुगतान और हस्तान्तरण सेवाओं, क्रेडिट और बीमा सहित वित्तीय सेवाओं की पूरी श्रृंखला तक सभी परिवारों के लिए उचित लागत पर पहुंच है।
2. निवेश की निरंतरता और निश्चितता सुनिश्चित करने के लिए वित्तीय और संस्थागत स्थिरता बनाये रखना।
3. स्पष्ट विनियमन और उद्योग प्रदर्शन मानकों द्वारा शामिल मजबूत और सुरक्षित संस्थान बनाना।

**वित्तीय समावेशन का उद्देश्य :**

1. लोगों को संस्थागत ऋण की प्राप्ति सुनिश्चित कराना जिसमें साहूकारों पर निर्भरता को कम कर ऋणी को शोषण से बचाया जा सके।
2. वित्तीय समावेशन समाज और अर्थव्यवस्था को आगे ले जाने में मदद करता है। इससे बचत, निवेश में वृद्धि होती है जिससे हमारे देश के आर्थिक विकास को गति मिलती है।
3. इससे लोगों को पैसा बचत करने की आदत लगती है मुख्य रूप से कमजोर वर्ग वालों के लिए, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति धीरे-धीरे ठीक होती है।
4. बैंकिंग सेवाओं और उत्पादों की उपस्थिति का उद्देश्य बचत की आदत को विकसित करके बैंकों को लाभ प्रदान करना है। ऐसे स्थान जहाँ बैंक नहीं पहुँच पाते उनके लिए यह औपचारिक ऋण के रास्ते भी बनाता है जो परिवार, दोस्तों और साहूकारों पर निर्भर हैं।
5. इसकी सहायता से ग्रामीण इलाकों में रह रहे लोगों को एक जगह से दूसरी जगह तक पैसा भेजने में काफी लाभ मिलेगा।
6. इसके माध्यम से सरकार द्वारा उत्पादों पर डींलीळवू देने और नगद भुगतान करने के बजाय खाता धारकों (Account Holder) के बैंक खातों में सीधे प्रत्यक्ष लाभ (Direct Benefit Transfer (DBT)) के माध्यम से सरकारी लाभ हो और अनुदान (Subsidy) का पैसा उनके खातों में पहुँचाना।

**वित्तीय समावेशित विकास हेतु राष्ट्रीय कार्यनीति 2019-24 –** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने 2019-2024 की अवधि के लिए वित्तीय समावेशन, लक्ष्य राष्ट्रीय कार्यनीति तैयार करने की प्रक्रिया शुरू की जिसका गठन वित्तीय स्थिरता और विकास परिषद द्वारा किया गया। जिसके बिन्दु इस प्रकार है :

1. वर्तमान में पूरी दुनिया में वित्तीय विकास की ताकत और गरीबी के रूप में तेजी से वित्तीय समावेशन को बढ़ावा दिया जा रहा है।
2. वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए सतत् विकास लक्ष्यों में इसकी चर्चा की गई है।
3. भारत में समन्वयपूर्ण और समयवृद्ध तरीके से कार्य करने की प्रक्रिया आर.बी.आई ने शुरू की।

**राष्ट्रीय कार्यनीति के उद्देश्य :**

1. इस कार्यनीति के उद्देश्यों में से एक प्रमुख उद्देश्य मार्च 2020 तक हर गांव के 5 कि.मी. के दायरे में तथा पहाड़ी क्षेत्रों के 500 परिवारों के समूह तक बैंकिंग पहुंच को बढ़ाना रहा है।
2. आर.बी.आई के अनुसार राष्ट्रीय कार्यनीति में प्रत्येक वयस्क की मार्च 2024 तक मोबाइल के माध्यम से वित्तीय सेवाओं तक पहुंच हो।
3. हर वयस्क व्यक्ति तक वित्तीय सेवाओं की पहुंच प्रदान करने के उद्देश्य से एक लक्ष्य निर्धारित किया गया है कि प्रत्येक इच्छुक और पात्र वयस्क जिसे प्रधानमंत्री जन-धन योजना के तहत नामांकित किया गया है, मार्च 2020 तक बीमा योजना और पेंशन योजना के तहत नामांकित किया जाना चाहिए।

मार्च 2020 तक पब्लिक क्रेडिट रजिस्ट्री (PCR) को पूरी तरह से प्रारम्भ करने की योजना बनाई गई ताकि नागरिकों के साख प्रस्तावों का मूल्यांकन करने के मामले में भी अधिकृत वित्तीय संस्थाएँ लाभ प्राप्त कर सकें।

**वित्तीय समावेशन से समावेशी विकास का रास्ता –** वित्तीय समावेशन की अपनी पहलों के जरिए वित्त मंत्रालय सामाजिक, आर्थिक रूप से उपेक्षित वर्गो का वित्तीय समावेशन करने के लिए उन्हें सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। वित्तीय समावेशन के माध्यम से हम देश में एक समान और समावेशी विकास को हासिल कर सकते है।

वित्तीय समावेश का मतलब है कमजोर समूहों जैसे निम्न आय वर्ग, गरीब वर्ग जिनकी सबसे बुनियादी बैंकिंग सेवाओं तक पहुंच नहीं है उन्हें समय पर किफायती दर पर उचित वित्तीय सेवाएँ उपलब्ध कराना क्योंकि यह एक गरीबी की बचत को औपचारिक वित्तीय प्रणाली में लाने का अवसर प्रदान करता है गांवों में अपने परिवारों को पैसा भेजने के अलावा उन्हें सूदखोर, साहूकारों के चंगुल से बाहर निकलने का मौका देता हूँ, प्रधानमंत्री जन-धन योजना इस प्रतिबद्धता की दिशा में एक अहम पहलू है जो वित्तीय समावेशन से जुड़ी दुनिया की सबसे बड़ी पहलों में से एक है।

प्रधानमंत्री जन धन योजना वित्तीय सेवाओं यानी बैंकिंग, बचत और जमा खाते, भेजी गई रकम, बीमा पेंशन तक किफायती तरीके से पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में वित्तीय समावेशन का एक राष्ट्रीय मिशन है। वित्तीय समावेशन में जन धन योजना - इस योजना का उद्देश्य इस प्रकार है

1. सस्ती कीमत पर वित्तीय उत्पादों और सेवाओं तक पहुंच सुनिश्चित करना।
2. लागत कम करने और पहुंच बढ़ाने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग करना।

**योजना के सिद्धांत -** गैर वित्त पोषित लागों को वित्त पोषण, सूक्ष्म बीमा, ओवरड्राफ्ट की सुविधा, माइक्रो पेंशन, माइक्रो क्रेडिट की सुविधा से जोड़ना।

1. स्वदेशी डेबिट कार्ड जारी करना ताकि दो लाख रूपये के मुफ्त दुर्घटना बीमा कवरेज के साथ नकद निकासी और मर्चेंट लोकेशन पर भुगतान।
2. बैंकिंग सेवा से वंचित लागों को बुनियादी बैंकिंग सेवा से जोड़ना।

**वित्तीय समावेशन के लाभ :**

1. सामाजिक वित्तीय खाते-बैंकिंग सेवाएं, बीमा और पेंशन खाते आदि में भाग लेकर देश के आर्थिक क्रियाकलापों से लाभ कमाने के लिए प्रोत्साहन शिलालेख होता है।
2. पूंजी निर्माण की दर में वृद्धि करने में सहायता मिलती है।
3. धन प्रवाह से देश के आर्थिक सिद्धान्त और विचारधारा को गति मिलने के साथ-साथ आर्थिक क्रियाकलापों को सराहना मिलती है।
4. निजी वित्तीय निवेशकों (पेटीएम) जैसो की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित होना।

**वित्तीय समावेशन से संबंधित चुनौतियाँ -** भारत जैसे विशाल देशों में वित्तीय समावेशन के समक्ष निम्न चुनौतियाँ देखने को मिलती है।

1. भारतीय अर्थव्यवस्था में डिजिटल भुगतान प्रणाली एक चुनौती है क्योंकि अर्थव्यवस्था का बहुत बड़ा क्षेत्र अव्यवस्थित एवं कैशलेश है।
2. कम आय वाले उपभोक्ता जो डिजिटल सेवाओं के लिए तकनीक चयन का खर्च उठाने में सक्षम नहीं है अर्थात तकनीकी कौशल की कमी भी बड़ी बाधा है।
3. विश्व बैंक की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में लगभग 190 मिलियन विकेंड के पास बैंक खाते नहीं है जिससे वित्तीय सेवाओं में परेशानियाँ बढ़ रही है।
4. जन-धन योजना के परिणाम स्वरूप कई हजार खाते खोले गये परन्तु निष्क्रिय रूप से पड़े है कहने का तात्पर्य है कि केवल किसी योजना को सफलता हेतु लागू किया जाये न कि दिखावे के लिये।

**वित्तीय समायोजन पर समितियों के सुझाव -** वित्तीय समावेशन के इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आजादी के समय से ही भारत सरकार और रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया प्रयत्नशील रहे है अब तक इस लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्य से निम्न कदम उठाये जा चुके है।

1. 1955 से लेकर 1980 तक लगातार बैंको के राष्ट्रीयकरण की प्रक्रिया जारी है, बैंकिंग प्रणाली को सुरक्षित बनाने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में शाखा विस्तार का कार्य हमेशा जारी रहा।
2. 1969 में अग्रणी बैंक की अवधारणा रखी गई जिसमें जिस किसी बैंक की जिले में सर्वाधिक शाखाएँ होगी उसे यह कार्य का दायित्व सौपा गया।
3. 1975 में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंको की स्थापना ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि एवं कुटीर उद्योंगो के प्रोत्साहन हेतु ऋण प्रदान करने का कार्य दिया गया।
4. 1982 में नाबार्ड की स्थापना ऐसे वित्तीय संस्था के रूप में हुई जो बैंक एवं वित्तीय संस्थाओं को ऋण प्रदान करने का काम करेगा।
5. 1998 में किसान क्रेडिट कार्ड की अवधारणा लागू की गई जिसके माध्यम से किसानों को कम ब्याज दर पर कृषि के उद्देश्य से ऋण प्रदान किया जाता है।
6. बैंक मित्र/साथी योजना के अन्तर्गत घर-घर बैंकिंग सेवाएं पहुँचाई गई।

**निष्कर्ष -** वित्तीय समावेशन व्यक्तियों और संगठनों के लिए समान रूप से अवसर प्रदान करता है उदाहरण के लिए बचत खाते या सूक्ष्म ऋण जैसी आवश्यक बैंकिंग सेवाएँ प्रदान करके व्यक्ति समय के साथ अपना क्रेडिट स्कोर बना सकते है और बेहतर दरों पर बड़े ऋण के लिए पात्र बन सकते है। जब सैकड़ों और लाखों लोगों के लिए बचत खाते, क्रेडिट कार्ड, माइक्रो क्रेडिट और ऋण जैसी आवश्यक वित्तीय सेवाओं तक पहुंच आसान हो जाती है तो कही भी किसी को भी पैसे प्राप्त करने की क्षमता उन्हे अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद् कर सकती है।

वित्तीय समावेशन से उपभोक्ता खर्च, निवेश के अवसर, रोजगार सृजन, सरकारों के लिए कर राजस्व में वृद्धि, द्वारा अर्थव्यवस्था के आर्थिक विकास का मार्ग प्रशस्त हो सकता है इसके अतिरिक्त वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने वाले संगठन सामाजिक जिम्मेदारी पर ध्यान केन्द्रित कर ग्राहको के बीच विश्वास का लाभ मिल सकता है यह देश में गरीबी और असमानता को कम कर व्यावसायिक अवसरों के माध्यम से स्वयं का जीवन सुरक्षित रख सकते है कहने का तात्पर्य यह है कि वित्तीय समावेशन में जोखिम और अवसर दोनों परन्तु सही ढ़ग से किया गया कार्य लोगों को वैश्विक अर्थव्यवस्था में भाग लेने की अनुमति देकर अत्याधिक आर्थिक और सामाजिक लाभ प्रदान कर सकता है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. शिशिर सिन्हा, 'जन धन से जन सुरक्षा, बीमा पेंशन' कुरूक्षेत्र जून 2015
2. भारत में वित्तीय प्रशासन - डॉ. मंजूषा शर्मा, ओ.पी.बोहरा, किताब महल पब्लिकेशन।
3. वित्तीय प्रबन्ध - डॉ. एम. पी. गुप्ता एवं डॉ. के एल गुप्ता, साहित्य भवन पब्लिकेशन, आगरा।
4. https://pwonlyias.com.upsc.notes
5. उच्च वित्तीय प्रबन्ध - डॉ. एस. पी. गुप्ता, साहित्य भवन पब्लिकेशन, आगरा।
6. वित्त प्रशासन - डॉ. पी. एन. गौतम, हरियाणा साहित्य अकादमी, पंचकुला।

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# मूल्य आधारित शिक्षा का उद्देश्य और मानव विकास के बहुआयाम में समालोचना

**डॉ. नरेन्द्र कुमार हनोते* डॉ. रीमा नागवंशी ****

* सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र)शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मुलताई, जिला बैतूल (म.प्र.) भारत
** सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) शासकीय कन्या महाविद्यालय, सिवनी मालवा, जिला नर्मदापुरम (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** शिक्षा विकास की प्रथम सीढ़ी है। विकास एक निरंन्तर प्रक्रिया है, जो प्रत्येक चरण पर समाज के विभिन्न पहलूओं में अपना योगदान देती है। यही योगदान आने वाले भविष्य को अभिव्यक्त करता है कि मौजूदा समाज, राज्य, देश, के उन्नती का मार्ग किस ओर प्रशस्त हैं। भारत 21वी शताब्दी में मूल्य परख शिक्षा, नैतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, राष्ट्र भक्ति एवं विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का विकास करने के लिए मूल्य आधारित शिक्षा को अपनाना आवश्यक है। पिढ़ीदर पिढ़ी शिक्षा प्रदान करना और जीवन मूल्यों को सिखाना एक बहूत ही कठिन कार्य है। आज समाज में जो परिदृष्य देखने को मिलते है जिनके लिए मानव की आत्मा पीढ़ित होती है जिन्हे हम विभिन्न प्रकार के गैर–संवैधानिक रूप से किये गये कृत्यों को एकीकृत करके देखते है इनका एक ही सफल कारण है, कि समाज, और सभ्यता में विभिन्न दशकों से वर्तमान तक विकास में तो परिलच्छित होता है। किन्तु समाजिक मूल्यों का ह्रास उससे ज्यादा दिखाई पढ़ रहा है। जिसका कारण अन्ततोगत्वा यह कहना कि समाज में मूल्य आधारित शिक्षा का अंगीकरण कम हो रहा है कहना उचित होगा। उपरोक्त शोध पत्र में अध्ययनकर्ता के द्वारा मूल्य आधारित शिक्षा का उद्देश्य एवं उनका विभिन्न आयामों में कौनसे समालोचनात्मक कार्यो का उक्त शोध पत्र में विवेचन किया गया है।

**शब्द कुंजी**–मूल्य आधारित शिक्षा, नैतिक शिक्षा, सांस्कृतिक शिक्षा, सभ्यता, संस्कृति, व्यक्तित्व विकास।

**प्रस्तावना –** शिक्षा मानवीय व्यवहारों को सिखाने में अहम भूमिका अदा करती है। किन्तु मूल्य अधारित शिक्षा एक नई अवधारणा के रूप में विकसीत हो रहा है। किन्तु आज समाज में मूल्यों का पतन होने पर हम इस विषय को यदि गंभिरता से अध्ययनकरने हेतू विवश हो रहे। इसका अर्थ यह नही है कि मूल्य अधारित शिक्षा केवल शिक्षित व्यक्ति को ही प्राप्त हो सकती है। क्योकि प्रत्येक समाज आज जो कम पढ़ लिखे व्यक्ति है उनमें मानवता अधिक झलकता है अपेक्षाकृत पढ़लिखों के। आदिकाल से हि समाज मे व्यक्ति मूल्य परक शिक्षा को ग्रहण करता रहा है। जहॉ व्यक्ति शास्त्रीय मूल्य में निष्पक्षता निष्ठा अनुसंधान वही, नैतिक मूल्यों में सच्चाई उत्तारदायित्व की भावना, सामाजिक व राजनीतिक मूल्यों में राष्ट्रीय एकता विवेकशीलता सामाजिक उत्तारदायित्व लोकतांत्रिक व्यवस्था, वैज्ञानिक मूल्य में नई खोज नए का उपागम सृजनात्मक चिंतन, पर्यावरणीय मूल्य में पेड़ पौधों के प्रति जागरूकता सजकता उनकी सुरक्षा पेड़ पौधों की पूजा, सांस्कृतिक मूल्यों में सभ्यता संस्कृति का विकास न्याय प्रियता शिष्टाचार अनुशासन सत्य अहिंसा मित्र इत्यादि अनेक गुणों का विकास अनादि काल से ही मानव में सभ्यता समाज के साथ–साथ विकसितहोताचलाआ रहा। सी.वी वुड के अनुसार–'मूल्य वह चारित्रिक विशेषता है जो मनोवैज्ञानिक, सामाजिक और सौन्दर्यबोध की दृष्टि से महत्तवपूर्ण मानी जाती है। लगभग सभी विचार मूल्यों के अभीष्ट चरित्र को स्वीकार करते हो।'

जब से हमारे विश्व धरोहर के स्तंभ रूपी संस्थानों का पतन हुआ है तब से मूल्य आधारित शिक्षा का महत्व और अधिक आवश्यक हो गया है। क्योकि लार्ड मैकाले की शिक्षण पद्धति ने तो देश में व्यक्तियों के मन मे यह धारणा विकसीत कर दी है कि व्यक्ति चाहे भारतीय हो किन्तु सोच उसकी ब्रिटिश की होनी चाहिए। परिणामस्वरूप यह देखते है कि आज जो पश्चिमी सभ्यता का अनुशरण करे वह विकसीत श्रेणी की ओर बढ़ रहा। यह धारणा हमारी विगत एक शताब्दी से ओर अधिक प्रबल हो रही है। अर्थात हम आज भी अंग्रेजी मानसीकताओं में फसे है। इन्ही बाघाम्बडरों में आज की हमारी पिढ़ी फसती चली जा रही है। जहॉ से आज हमारा समाज दिखावटी परंपरा में उलझा चला गया है। भारतीय सभ्यता विश्व प्रसिद्ध सभ्यता में सर्वोत्तम एक है किन्तु आज यह पश्चिमी अनुकरणीता का परिणाम है कि समाज में अनेक प्रकार की बुराई ओर प्रबल होती जा रही है।

कला, संस्कृति एवं सभ्यता व दर्शन आदि की गौरवशाली परम्पराओं पर गर्व करने वाला हमारा भारत देश आज अनास्था एवं पारम्परिक अविश्वास के वातावरण में हमारी प्राचीन परम्परा तथा मूल्य धूमिल से हो गये हैं। विकासशीलता की यह भ्रामक अवधारणा, ने मानव मस्तिक में अस्तित्वादी जीवन, अनात्मपरक नास्तिकता, पाश्चात्य सभ्यता का अनुकरण एवं कुतर्क प्रधान चिन्तन आदि के कारण अतीत में अविश्वास तथा में अनास्था आदि कारणों से हमारे पुराने मूल्य अब बहूत कम हि रह गये हैं। स्वयं पर अनास्था का परिणाम है, आत्मनाश अर्थात् अपने आदर्शों तथा मूल्यों, अपनी सांस्कृतिक विरासत, अपनी चिन्तन प्रणाली का परित्याग कर उसके स्थान पर बाहरी अथवा विदेशी चिन्तन प्रणाली को शामिल करना। रामायण एक महान ग्रन्थ है जिसमें सीता हरण के पश्चात जब लक्ष्मण से यह पूछा गया कि यह परिधान किसका हो सकता है ता लक्ष्मण ने कहा मेने तो भाभी मॉ को केवल चरणों तक ही देखा है मे यह कैसे बता सकता हूँ कि यह परिधान किसका है। यह पर यह कथन कहने का अर्थ है कि आज समाज में न हि आधार भाव शेष रह रहा ओर न हि शिष्टाचार जो आरूणी के नाम।

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

इसके कारण हमारे मूल्य दब से गये हैं। हैं।

मानव नारी का सम्मान करना चाहता है लेकिन कर नही पाता है। आज समाज में वह झूठ, चोरी, डकैती आदि को गलत मानता है पर छोड़ नही है। वह परपीड़न को पाप तथा परोपकर को पुण्य स्वीकारता तो है लेकिन मन में उतार नही पाता। वह समाज के विभिन्न क्षेत्रों में व्याप्त भ्रष्टाचार के प्रति आक्रोश प्रकट करता है लेकिन भ्रष्टाचार का उन्मूलन नही कर पाता। इस तरह आज का प्रत्येक भारतीय सभ्यता संस्कृति की स्थिति इसी काल से होकर गुजर रहा है। भारत वसुदेव कुटुम्भकं ओर वहुजन हिताय, बहुजन सुखाय तथा सर्वे भवन्तु सुखिन के विभिन्न लोकोत्तियों के मूल्यों से पहचाना जाता रहा है। आज देश में शिक्षा के विकास को हम साक्षरता के प्रतिशत के अंको में माप रहें। विगत कुछ दशकों में यह लगातार बढ़ रहा है। किन्तु देश में नैतिक मूल्यों का बड़ा ह्रास हो रहा है।

**साहित्य समीक्षा**

**बोबिन्द्र** आपके द्वारा मानव जीवन में मल्यों का महत्व के परिप्रेक्ष में मल्य की उत्पत्ति तथा मल्य का वर्गीकरण को मानव विकास में परिवार की भूमिका के साथ समाज की भूमिका, मीडिया की भूमिका तथा मल्य विकास में स्कूल की भूमिका क्या होती है इस पर आपने प्रकाश डालें।

**अरोरा नीलम** विद्यार्थियों में शिक्षा और मूल्यों के बीच संबन्धों को जाग्रत करने के लिए आपने विशिष्ट कविता, पाठ, कहानी के माध्यम से स्पष्ट किया है। मानव मूल्यों को विकसीत करने के लिए महान विचारक, वैज्ञानिक, समाज सुधारक, के चरितार्थ को शिक्षा के माध्यम से विभिन्न स्त्रोतों से जिनमें सभ्यता, संस्कृति, बौद्धिक, व्यवहारिक, नैतिक, सामाजिक मूल्यों को अपना सके उन पर विभिन्न लेख दिये है।

**सिंह शिवराज** आपके लेख में मानव मूल्यों के विकास में विद्यालय, यूनेस्कों की परियोजना, नैतिक मूल्यों एवं व्यवसायिक मूल्यों को विकसीत कैसे किया जाए इन विषयों पर अपना आलेख प्रस्तुत किया है। जोकि सत्य, न्याय, ईमानदारी, लोगो की सेवा, आत्मभाव, टीम भावना, समय का मूल्य, देश प्रेम, एकीकृत विकास, गर्व, सादगी, तपस्या जैसे अनेक आयामो का उल्लेख किया है।

**पवार किरण** 2016 आपके द्वारा पर्यावरण मूल्य के सरोकारों को प्रकृति के प्रति जागरूकता पर्यावरण संरक्षण, पर्यावरण चेतना, वृक्षारोपण, प्रदूषण निवारण वैश्विक मूल्य, सामाजिक एवं राजनीतिक मूल्य, नैतिक मूल्य जो पर्यावरण के प्रति जागरूकता को अभिव्यक्त करते हैं पर विशिष्ट चर्चा की गई उपरोक्त शोध में अपने राष्ट्रीय चरित्र के विकास में पर्यावरण को पर्याय बताते है।

**मिश्रा श्रृद्धा** 2022 ने प्रतिभाशाली छात्र एवं छात्रों के मूल्यों का समायोजन का अध्ययनकिया। जिसमें उनकी पॉच विशेषताएं एवं पॉच समस्याओं का अवलोकन किया गया उक्त अध्ययन में व्यक्तिगत समायोजन शारीरिक एवं स्वास्थ्य संबंधी समायोजन मानसिक विकास और समायोजन संवेगात्मक समायोजन पर जानकारी अभिव्यक्त की गई और बताया गया कि प्रतिभाशाली छात्र ऐसे बालक जो जन्म से ही अपनी प्रखर बुद्धि कारण से अलग पहचाने रखते हैं।

**अमिला ढाका** 2019 के लेख द्वारा मूल्य परख शिक्षा में योग का विस्तार पूर्वक अभिव्यक्त किया गया जिसमें योग से यह नियम आसन प्राणायाम प्रत्याहार धारणा ध्यान समाधि इत्यादि सभी युवकों के आधार पर उनके मूल्य पर शिक्षा को प्रभावित करने वाले कारकों पर गंभीरता पूर्वक चर्चा की गई हैं।

**असवाल भरत सिंह** 2017 के सैद्धांतिक मूल्य आर्थिक मूल्य सौंदर्यात्मक मूल्य सामाजिक मूल्य राजनीतिक मूल्य धार्मिक मूल्य इत्यादि पर मानव जीवन में क्या प्रभाव पड़ता है। आज विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान करने के लिए भाषण नोटिस उत्तरों को दोहराने की कौशल ही विद्यार्थी को परीक्षा का मापदंड तय कर रही है शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जिससे बालक सत्य के आधार पर अहिंसा प्रेम जीवन यापन करने में सभ्यता संस्कृति पुरातन मूल्यों को पालन करने में राष्ट्र समाज के विकास के निर्माण में अपनी सर्वांगीण भूमिका दे सके क्योकि समाज विहिन व्यक्ति एक कोरी कल्पना है।

**पाटिल पंकज एवं सक्सेना सुबोध** 2018 अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के छात्रों के नैतिक मूल्यों का तुलनात्मक अध्ययन में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के छात्रों के नैतिक मूल्यों में ईमानदारी लगनशीलता मानवता विनम्रता तथा छात्रों के समग्र नैतिक मूल्यों का तुलनात्मक अध्ययन किया गया। जिसमें 150 छात्रों का एससी एवं एसटी के छात्रों का नया आदर्श के रूप में चयन किया गया और निष्कर्ष का या बताया गया कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के छात्रों के समग्र नैतिक मूल्यों में सार्थक अंतर नहीं पाया गया।

**रमेश पोखरियाल निशंक 2021** ने अपनी प्रसिद्ध पुस्तक मूल्य आधारित शिक्षा में उन्होंने मूल्यों को विभिन्न प्रकारों में तथा विद्यालय शिक्षक की भूमिका, राष्ट्रीय मूल्यों, भारतीय ज्ञान परंपरा में मूल्य तथा वैश्विक चुनौतियों में मूल्य परक शिक्षा पर अपनी पुस्तक मेंविवेचनकियाहै।

**श्राफ राजेश** भारत में उच्च शिक्षा का वर्तमान परिदृश्य एवं जीवन मूल्य, शोध पत्र में आपके द्वारा उच्च शिक्षा के परिदृश्य में जीवन मूल्यों के महत्व तथा उनका सुदन करने के लिए आवश्यक प्रयासों के बारे में व्यक्तकियागया।

**उद्देश्य:**

1. मूल्य आधारित शिक्षा और मानवीय मूल्यों के बीच समालोचना।
2. मूल्य आधारित शिक्षा और नैतिक मूल्यों के परिमाणों में विवेचन।

**सैद्धांतिक अध्ययन**

**शिक्षा और मानवीय मूल्य –** आज के वैश्विक एवं आधुनिक तकनीकी युग में शिक्षा मानव के विकास के लिए ही नहीं अभी तो प्रत्येक समस्या के समाधान केलिएआवश्यक, प्रारंभिक शिक्षा चाहे वह माता–पिता से प्राप्त हो, समाज से प्राप्त हो, स्कूल से, सभ्यता संस्कृति से विकसित हुई हो। यह शिक्षा मनुष्य में विभिन्न प्रकार के जीवन कौशल को उसकी आत्मविश्वास की स्थिति को जागृत करने के लिए कार्य करती है। शिक्षा मनुष्य को शोषण के विरुद्ध खड़ा कर सकती है। शिक्षा मानवीय मूल्यों में नैतिक परंपराओं आदर्श, मानवीय, हिंसक, क्रूरर, जैसे विभिन्न प्रकार की स्थितियां से निकलने में हमारी मदद करती है। शिक्षणार्थी के विकास में मानवीय मूल्य को विकसित करने के लिए या सीखाने की परंपरा में शिक्षक माता–पिता गुरु समाज या सभ्यता या एक परिवेश जो बालक के मानवीय गुना का विकास करना चाहते हैं वह बालक को प्रेरक कहानियां महापुरुषों की जीवनी विभिन्न प्रकार के बड़े–बड़े धरोहर इत्यादि के माध्यम से बालक में मानवीय गुणों का विकास करते हैं।



जैसा कि आरेख में प्रस्तुत है जीवन मूल्य या मानवीय मूल्य के अंदर मनुष्य की भावनाएं उसकी समझ एवं प्रत्येक मनुष्य की एक आत्मनिष्ठा धरणा विद्यमान होती है। मानवीय मूल्य में भावना एवं समझ विभिन्न प्रकार से दृष्टिगत होते हैं। जैसे किसी दूसरे के प्रति मानव के साचने का तरीका उसकी भावना एवं उसकी स्वयं की विचारधारा जो की आत्मनिष्ठा विचारधारा होती है वह उससे अलग नहीं होती है जो जीवन मूल्यों से निर्मित होती है।

यह उसके विकसित परिपक्वता शिक्षा सभ्यता संस्कृति नैतिक अनैतिक पर्यावरण के प्रति जागरूकता राष्ट्र के प्रति प्रेम सद्भावना सहिष्णुता सत्याग्रह सत्य निष्ठा अनेक प्रकार के गुण सुशोभित होते है इसी कारण मानवीय मूल्यों की आवश्यकता अति आवश्यक होती है बगैर मूल्य की शिक्षा या बगैर मुल्य का धन किसी कार्य का नहीं होता और ऐसे धन का कोई अर्थ नहीं होता है जो बगैर समझ से प्राप्त किया गया हो व्यर्थ होताहै। यही कारण है कि आाज मानवीय मूल्यों की आवष्कयता और महती होती जा रही है।

**शिक्षा और नैतिक मूल्य –** शिक्षा का नैतिक मूल्यों में एक सम्बन्ध होता है। वर्तमान जीवन मेंभविष्य के लिए एवं वर्तमान नीति आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए विभिन्न प्रकार के निर्णय कोनैतिक मूल्यों के आधार परही तय करते हैं यह प्रत्येक मनुष्य कि उसके मानवीय गुना की विकास की अभिव्यक्ति के आधार पर ही विकसित होते हैं समाज केवह जिस परिवेश में होता है उसकी परिपक्वता के आधार परही वह अपने नैतिक मूल्यों को विकसित कर पता है तत्पश्चात उन नैतिक मूल्यों के आधार पर योग्यता सामाजिक मानसिकता दृष्टि को विचारधारा एवं परस्पर अभिलक्षित होने वाले विभिन्न प्रकार के गुण अभिव्यक्ति जैसे प्रदर्शित होते हैं यदि हम सत्य बोलना, ईमानदारी का पालन करना, प्रेम करना, दया दिखाना (करुणा), मित्रता निभाना, आत्मरक्षा आदि तथ्यों को नैतिक मूल्यों की कसौटी में देखे तो यह गुण प्रत्येक मनुष्य के अलग–अलग हो सकतें है। जैसे मानव में यदि कोई व्यक्ति ईमानदार है तो वह व्यक्ति अपनी ईमानदारी के लिए सत्यता के मार्ग पर चलता है और यह सत्यता से उसके नैतिक मूल्य को अभिव्यक्त करता है सत्य बोलता है सत्य बोलने के लिए उसे विभिन्न प्रकार के उसके द्वारा ग्रहण किए गए मानवीय गुना के आधार तय करता है जैसे पुराने ग्रन्थ के आधार पर उसके नैतिक मूल्यों को प्रदर्शित करता है।




जैसा कि हम जानतें है यह सभी भाव व्यक्ति अपने परिवेश से ग्रहण करता है। समाज में वह जैसे इन गुणों को विकसित होते देखता है। वैसे हि वह अपने नैतिक मूल्यों को भी अपनाता है। क्योकि नैकित मूल्यों का प्रादुर्भाव हमारे समाजिक व्यवस्था से ही होता हैं। यहि कारण है कि स्वामी विवेकानन्द ने कहा है कि 'नैतिक मूल्यों और एक संस्कृति और एक धर्म इन मूल्यों को बनाए रखना कानूनों और नियमों बनाए रखने से बेहतर है।'

वही मानव में उसके नैतिक मूल्य में प्रेम, दया या करुणा की भावनाओं उपस्थित है तो अवश्य ही वहां अपने द्वारा वीकसीत उसमें यह प्रेम या दया की भावना विकसित होगी वह अपने परिवार समुदाय के समावेश के आधार पर विकसित करता है और वह अपने नैतिक मूल्यों को प्रेरित करता है नैतिक मूल्यों के आधार पर हम किसी के द्वारा अभिव्यक्त की गई धरणा किसी जीव के प्रति सोच किसी को बचाने के प्रति विचारधारा को भी समझ सकते हैं।

मानव में मित्रता, आत्मरक्षा के गुणों की परिपक्वता उसके नैतिक मूल्यों से परिलक्षित होती है कि वह अपने मित्रता से संबंधित मित्र के मित्रत्व को कितना प्राथमिकता देता है।

**निर्ष्कष व सुझाव –** मानवीय मूल्यों को प्रभावित करने वाले कारकों में सभ्यता, संस्कृति, भाषा, धर्म, पर्यावरण एवं भूमि से संबंध, लिंग, मीडिया, सामाजिक परिवेश, नैतिक निर्णय, नैतिक भावनाएं, सहानुभूति, आत्मविश्वास, ज्ञान, इत्यादि। नैतिक एवं मानवीय मूल्य दोनों व्यक्ति को अपने सामाज समुदाय एवं अपने–अपने क्षेत्र विशेष के आधार पर उसके पौराणिक ग्रंथ एवं विभिन्न पहलुओं से प्राप्त होते हैं और यह दोनों ही मानवीय एवं नैतिक मूल्य प्रारंभिक अवस्था से ग्रहण किए जाते हैं।

सामाजिक मूल्य, नैतिक मूल्य, आध्यात्मिक, सकारात्मक, दृष्टिकोण या नकारात्मक दृष्टिकोण प्रत्येक स्तर पर मानव के उद्देश्य के आधार पर कार्य करते हैं यह दृष्टिकोण अपने कार्यक्षेत्र के आधार पर मूल्य प्रदर्शित होते हैं और यह मूल्य की विशेषता होती है कि इसमें आंतरिक भाग को व्यक्ति के व्यक्तित्व से प्रदर्शित किया जाता है और उसके मूल्य में विकसित होते हैं।

अर्थात यदि हमें एक अच्छे राष्ट्र का निर्माण करना हो तो उसके लिए मानवीय एवं सामाजिक नैतिक सांस्कृतिक सभ्यता संस्कृति एवं मूल्यों को उत्ताम श्रेणी के विकसित करना होगा आने वाली पीढ़ी एक अच्छे राष्ट्र के निर्माता के तौर पर विकसित हो सके एवं समाज के सर्वागिण विकास में अपना योगदान दे सके।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. सिंह बोबिन्द्र, 'मानव जीवन में मूल्यों का महत्व' International Educational Scientific Research Journal, Volume -3 Issue 11 Nov. 2017 peg No. 72-74.
2. अरोरा नीलम, 'मूल्य शिक्षा एवं जीवन कला' कक्षा 6 से 8 राज्य शैक्षणिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद छत्तीसगढ़, रायपुर।
3. कुमार शिवराज, 'शिक्षा में मानव मूल्य और व्यवसायिक, नैतिकता आवश्यकता और महत्व'Online Research Journal JSRSET-1849119 Themed section 28 august 2018 Peg No. 643-648.
4. पवार किरण 2016, 'नैतिक मूल्यों का पर्याय है पर्यावरण शिक्षा यरिसर्च स्कॉलर मेवाड़ विश्वविद्यालय चित्तौड़ राजस्थान' Journal of Advances and Scholarly Researches in Allied Education, Vol. XII, Issue No.23.
5. मिश्रा श्रृद्धा, 'प्रतिभाशाली छात्र एवं छात्राओं के मूल्यों तथा समायोजन का अध्ययन' Scholarly Research Journal for Humanity Science & English Language, Online ISSN 2348-3083 August 2022 Peg No.934-940.

6. अमिता ढाका, 2019 'मूल्यपरक शिक्षा एवं योग' शोध मंथन http:/ shodhmanthan.anubooks.com/, https://doi.org/ 10. 31995/shodhmanthan. [{O. 438-441
7. असवाल भरत सिंह, 'मूल्य शिक्षा का जीवन में महत्व एवं आवश्यकता' श्रृंखला ऐक शोधपरक वैचारिक पत्रिका vol-4 Issue-10* June-2017, E: ISSN no.: 2349-980X peg. No. 117-121
8. पाटिल पंकज डॉक्टर सक्सेना सुबोध 2018, 'अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के छात्रों के नैतिक मूल्यों का तुलनात्मक अध्ययन' International Journal of Research in Social Sciences Vol- 8 Issue ISSN: 2249&2496 Peg no.- 1178 -1185.
9. रमेश पोखरियाल निशंक 2021, 'मूल्य आधारित शिक्षा' प्रभात प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड आशफ अ ली रोड नई दिल्ली प्रथम संस्करण।
10. https://www.jvbi.ac.in/dde/pdf/menu/distance/SLM/BA-II-SOL-I.pdf
11. श्राफ राजेश 'भारत में उच्च शिक्षा का वर्तमान परिदृश्य एवं जीवन मूल्यए राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी शिक्षा व्यवसाय प्रबंधन एवं भारतीय जीवन मूल्य एक चिंतनण' DGAM VIGYATI volume 2 2015 pege No 1 to 4ISSN 2455-2488


*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# निमाड की भावपूर्ण विरासत : भित्तिचित्र

**डॉ. रश्मि दीक्षित***

* सहायक प्राध्यापक, पुनमचंद गुप्ता वोकेशनल महाविद्यालय, खंडवा (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** लोक कला जनसाधारण की सहज अभिव्यक्ति है। यह मानव सभ्यता के साथ प्रारंभ हुई और उसके साथ ही निरंतर बढ़ती जा रही है। मानव सभ्यता के धार्मिक विश्वासों और आस्थाओं के साथ बलवती होती जा रही है। लोक कला का विकास आदिम कला से ही माना जाता है। आदिम काल मनुष्य की वह अवस्था है जब वह घने जंगलों में रहता था और संघर्ष में जीवन जीता था। विपरीत परिस्थितियों में स्वयं को सुरक्षित रखने का प्रयत्न करता था। इन विपरीत परिस्थितियों से जूझते हुए भी उसने सौंदर्य भावनाओं को व्यक्त करने का प्रयत्न किया। उसने जीवन संघर्ष को विभिन्न अवसरों पर महसूस किया और इसी सौंदर्य बोध का विकास अपने परिश्रम से निरंतर करता गया। कला के रूपों की यह विकास यात्रा किसी एक स्थान से संबंधित नहीं है वरन् यह समस्त मानव जाति से संबंधित है। यह कला मानस की प्रेरणा से ही बढती है और मानस को ही दिखाती है। लोक कला आत्मिक शांति, मर्यादा एवं मंगल की भावना से ओतप्रोत रहती है ।लोक कला अपने परंपरागत विश्वास, धारणाओं, आस्थाओं और रचनात्मक संकेतों से प्रेरणा लेकर बढ़ती जाती है। इसका उदय समाज के रीति-रिवाजों पर आधारित हैं जो परंपरागत रीति रिवाजों में परिवर्तन के साथ बदलता जाता है।

लोक को जानने से पहले लोक का अर्थ समझना होगा।'लोक' शब्द का प्राचीन भारतीय शास्त्रों में बहुतायत से प्रयोग मिलता है। लोक का अर्थ है देखना या अवलोकन करना। हम पहली बार जब इस लोक में आंखें खोलते हैं या आंखें बंद करते हैं तो मानव इस दौर में कई अनुभवों से गुजरता है और उन्ही अनुभव का ताना-बाना बुनता है, यही लोक हैं। लोक सामान्य जीवन है लोक का अर्थ गूढ भी है, तथा व्यवहारिक ज्ञान भी है। लोक में भूत, भविष्य और वर्तमान तीनों मिले हुए हैं। सभी व्यक्ति किसी ना किसी परंपरा से पूर्ण या आंशिक रूप से जुड़े हुए हैं। लोक में जन्म से लेकर मृत्यु तक सभी गतिविधियां आ जाती है। लोक के लिए अंग्रेजी में 'फोक' शब्द का प्रयोग किया गया है जो मनुष्य हजारों विश्वास और रीति-रिवाजों, व्यवहारों, परंपरा और संकल्प से बनाता है। जहां तक मनुष्य की कल्पना पहुंचती है वहां तक लोक की सीमा मानी गई है।

**लोक कला–** मनुष्य के पुस्तकीय ज्ञान से भिन्न व्यवहारिक ज्ञान पर आधारित विचारों की अनुभूति की अभिव्यक्ति लोक कला है। जिसकी उत्पत्ति धार्मिक भावनाओं, अंधविश्वासों के निराकरण और अलंकरण प्रवृत्ति के जातिगत भावनाओं की रक्षा से हुई है। जैसे-जैसे मानव सभ्यता का विकास होता गया लोक कलाएं विकसित होते गई है। इसे कुछ विद्वानों ने कृषकों की कला कहा है। लोक कला मंगल का भाव अपने में समाहित किए हुए सौंदर्य भाव उत्पन्न करती है जिसमें मंगल की भावना निहींत होती है। भारत की सांस्कृतिक का लोक कलाओं से गहरा रिश्ता है। इसी रिश्ते के कारण लोक कलाएं आज इस परंपरागत रूप में विकसित होती आई है, जो लोक कथाओं, लोक गाथाओं, लोकनाट्य, लोक गीत और लोक नृत्य, लोक वाद्य संगीत, लोक चित्र और मिथकों के रूप में युगों से चली आ रही है। इसका मूल कभी बदलता नहीं लेकिन समय एवं परिस्थितियों के अनुसार इसमें आंशिक परिवर्तन होते रहते हैं। लोग चित्रों की परंपरा प्रचलित बहुत प्रचलित है तथा एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी को धरोहर के रूप में उपहार में दी जाती है ताकि इन चित्रों के माध्यम से नई पीढ़ी कलात्मकता को समझ सके। लोक चित्रों के माध्यम से कितनी लोक कथाओं का प्रस्तुतीकरण किया जाता है जिसमें लोक नायकों की शक्ति सदैव विद्यमान रहती है।

लोक कला परंपरागत होती है, जनसाधारण के लिए शुभ और मंगल दायक होती है। लोक कला समग्र रूप से ज्यामिति एवं अलंकारिक होती है। लोक कला में जो अभिप्राय एक बार में प्रचलित हो जाता है वह शताब्दी तक चलता रहता है। यह किसी आकृति के लिए निश्चित नहीं है।यह सर्वभोमिक होती है सबके लिए होती है। इसके स्वरूप संपूर्ण प्राप्त होते हैं। यह रीति-रिवाजों परंपराओं एवं विभिन्न सामाजिक संस्कारों के लिए प्रचलित होती है। यह नैसर्गिक एवं प्राकृतिक होती है जो सरल हृदय से प्रस्फुटित होती है । मनुष्य के प्रति भावना एवं रंगों की अभिव्यक्ति होती है जो प्रत्येक व्यक्ति में समाई होती है यह संसार के सभी प्राणी एवं आत्मा से संबंधित है एवं जनता के बीच की एक कड़ी है।

मध्यप्रदेश के निमाड में भी ऐसी बहुरंगी कलाओं के दर्शन होते हैं। खासकर यहां की लोक चित्रकला, जो अपनी अलंकारिता एवं पारंपरिक वैभव से संपूर्ण निमाड़ का जनजीवन सराबोर करती है। शायद ऐसा कोई पल नहीं जिस में चित्रकला से मनुष्य का विकास नहीं हुआ हो। सदियों से लोक कला चित्रांकन की विधियों में पौराणिक धार्मिक मान्यताओं, लोक कथाओं, आचार विचारों एवं आस्था का झलक विद्यमान रहती है।

निमाड़ भौगोलिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत संपन्न अंचल रहा है। भारत के नक्शे में विंध्य एवं सतपुड़ा के बीच जो भाग है वह निमाड़ के नाम से प्रसिद्ध है। शासन व्यवस्था की दृष्टि से निर्माण को दो भागों में बांटा है पश्चिमी निमाड़ एवं पूर्व निमाड। नर्मदा घाटी के इतिहास से पता चलता है कि मानुष यहां ढाई लाख वर्ष से भी पहले आबाद हो चुका था। ऐतिहासिक दृष्टि से भी निमाड अपने आप में बहुत समृद्ध है। यहां राजा मांधाता वंश से लगाकर होल्कर वंश अहिल्या तक का इतिहास जुड़ा हुआ हैं। संपूर्ण निर्माण

महिष्मति इतिहास के इर्द-गिर्द घूमता है। निमाड़ का इतिहास रामायण काल से महाभारत काल तक जुड़ा हुआ है। यह मुगल शासन काल में भी प्रसिद्ध हुआ। जिस क्षेत्र का इतिहास कितना प्राचीन है वहां की लोक कलाएं भी अवश्य पुरातन होगी जो परंपरा के अनुसार आत्मसात हो गई है। निमाड़ के लोक चित्र रीति-रिवाजों, मंगल भावना, पूजा, श्रद्धा एवं आस्था के परिचायक हैं। यहां कोई भी मांगलिक कार्य बिना लोक चित्रों की पूर्ण नहीं होता। वर्षभर कोई ना कोई अंकन चलते रहता है। भिन्न-भिन्न विसंगतियों के बावजूद निमाड़ की चित्र परंपरा अपने आंतरिक सौंदर्य के बल पर समूचे विश्व की संवेदनाओं को स्पर्श करने की ताकत रखती है।

**निमाड़ की लोक चित्र परंपरा-** निमाड़ की धरती पुरातन समय से अपनी संस्कृति की कथा कहती आई है। यहां की धरती का इतिहास प्राचीन अनूप जनपद और पौराणिक नगरी महिष्मति के इर्द-गिर्द घूमता है। अंचल की कला, एवं परंपरा का मुलाधार यहां के जीवन में रस की प्रकृति और धरती की संस्कृति है। निमाड़ी लोक चित्र निमाड की जातिय समृद्धि और संस्कृति के अनुभव का संसार है। निमाड में लोक चित्रों की लंबी परंपरा है, हर बार कोई ना कोई त्यौहार आता है और उससे संबंधी चित्र बनाए जाते हैं। हरियाली अमावस्या पर जिरोती, नाग पंचमी पर नाग भित्ति चित्र, क्वार मास में संझा, नवरात्रि में नवरात्रि, दशहरे के दिन भूमि चित्रण, दिवाली पर हाथे या मांडने, दिवाली की पड़वा पर गोबर से गोवर्धन, भाई दूज बनाए जाते हैं।

विवाह में कुल देवी का भित्ति चित्र दरवाजों पर बनाना दूल्हा दुल्हन के मस्तक पर कवेली भरना, पुत्र जन्म पर पगल्या का शुभ संदेश अंकन, गणगौर की मूर्ति, साथिया, चौक, कलश, मांडना आदि, शरीर पर गुदना लोक चित्र परंपरा है। निमाड़ के चित्रों में कहीं ना कहीं ऐतिहासिक चित्रकला की रेखाएं भी आकृतियों के रूप में उपस्थित होती है जो सहज अभिव्यक्ति है जिसमें मंगल भावना समाहित है।

निमाड़ की लोक संस्कृति नगर एवं गांव में फैली हुई जनता के संस्कार हैं इसमें मंगल की भावना निहींत है। मंगल शाश्वत सत्य है, आध्यात्मिक विकास है, संसार के समस्त प्राणियों को आत्मसात कर प्रेम, करुणा उपहार, क्षमा, अहिंसा का भाव है। अंत:करण की पवित्रता की ओर बढ़ने का माध्यम है मनुष्य की पशुता को समाप्त कर उसे ईश्वर बनाने की राह है। संस्कार परंपरागत होते हैं, उसमें आनंद की प्राप्ति होती है, और आनंद मंगल भावना है।

मांगलिक कार्य, पूजा-पाठ, पर्व त्यौहार लोक चित्र में विशिष्ट स्थान रखते हैं। संझा निमाड़ी कन्याओं का अनोखा त्यौहार है। अंतिम दिन संझा की लोक कला का भव्य रुप भित्ति पर उतर आता है। इसी प्रकार की महिलाओं में मांढने की प्रथा है। निमाड जिरोती, नाग, दशहरा, गोवर्धन पूजा, भाई दूज, मांडने आदि को सहेज के रखे है। लोक कथाओं के माध्यम से देवी-देवताओं को निमाड़ी लोक कलाओं में रेखांकन के द्वारा स्थापित किया है चित्रों में पार्वती का प्रभाव स्पष्ट परिलक्षित होता है लोक कथाओं पर भी उनका प्रभाव है।

चित्रों को प्रभावशाली बनाने के लिए धरा पर शाश्वत आराध्य सूर्य एवं चंद्रमा, निमाड में पाए जाने वाले सांप बिच्छू आदि स्वास्थ्य एवं जन जीवन में प्रेम के प्रतीक से जुड़कर फुगरी खेलती बालाएं चित्रित की जाती है। सर्व सिद्धि के दाता गणेश की मूर्ति आटे द्वारा बनाई जाती है। जिरोती निमाड़ के सर्वाधिक व्यापक शैली है।जिसका मूल्यांकन करते हुए श्री रामनारायण उपाध्याय लिखते हैं 'यदि निमाड में जिरोती नही होती तो दीवारें त्यौहारों में चित्रों से सुनी ही रहती।' नाग पंचमी और जिरोती भित्ति चित्र गेरू एवं लाल चटक रंग से दीवार पर उकेरी जाती है तथा गोबर से नाग देवता को अलंकारिक रूप में सूचित किया जाता है। चित्र पूजा के माध्यम से जन मन में लोक कला के सांस्कृतिक स्वरूप को जीवित रखता है। गोबर मिट्टी में कला के रूप में दीपावली के भाईदूज एवं गोवर्धन पड़वा के दिन दृष्टिगोचर होता है। लोकजीवन जितना प्रगतिशील होता है कला के रूप को उपयोग करने में हिचकिचाता नही। निमाड की लोक कला लोगो की सहभागिता को अभिव्यक्त करती है। इस प्रकार समारोह पूर्वक सहभागिता से कला के प्रति प्रेम बना रहता है।

**निष्कर्ष-**मध्यप्रदेश के निमाड़ अंचल लोक कलाओं से समृद्ध है। लोक कला लोक जीवन की अमूल्य निधि है। रंग एवं रेखाओं के द्वारा विभिन्न आकृतियों की अभिव्यक्ति की लोक कला है और लोक कला से ही लोग चित्र का सृजन होता है। निमाड़ लोक कलाओं का घर है लोक कला आज के लोग की धरोहर है निमाड़ अंचल का वास्तविक स्वरूप निमाड की परंपराएं, निमाड की संस्कृति एवं सभ्यता निमाड के लोकगीत, लोक संगीत ,लोक कथा, लोक नाट्य एवं चित्रों में देखा जा सकता है।लोक चित्र में बनाने की आस्था और विश्वास तो है ही, प्रतीकों का समावेश उनकी सामाजिक उपस्थिति को दर्शाता है। लोक चित्रों के विषय प्राय: पारंपरिक, पौराणिक एवं सामाजिक होते हैं। देवी देवता लोक चित्रों के मुख्य विषय होते हैं। प्रत्येक अंचल के स्थानीय देवी-देवताओं के चित्र अंकन में लोक चित्रों में होता है। पृथ्वी, आकाश, जल, अग्नि, वायु पांच तत्वों से मिलकर चित्र बनता है। चित्र में सारी प्रकृति मौजूद रहती है। गीत,सत्य कथा, वार्ता, मिथक सब चित्र में दर्शाए जाते हैं। जीवन की सारी गतिविधियां लोग चित्रों में दृष्टिगोचर होती है। लौकिक एवं अलौकिक दोनों ही संसार को हम लोक चित्रों में देख सकते हैं। प्रकृति चित्र की प्रेरणा मात्र नहीं होती है बल्कि चित्र में प्रकृति अपना विस्तार करती है। मनुष्य एवं प्रकृति में द्वैत की प्रेरणा पाई जाती है। जब मनुष्य प्रकृति एवं दिव्यता को अपना अभिन्न अंग बना लेता है तब वह दिव्यता से विहीन जड़ प्राकृतिक नियम से संचालित होने लगता है तथा मनुष्य अपने को भी प्रकृति समझने लगता है और फिर लोक कला का सृजन होता है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. रेखा श्रीवास्तव का आलेख : लोक कला।
2. अंजली पांडेय: निमाड की सांस्कृतिक लोक कलाएं।
3. वसंत निरगुणे -निमाडी संस्कृति और साहित्य।
4. रामनारायण उपाध्याय - लोक साहित्य समग्र।

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# नागार्जुन के उपन्यासों में स्त्री पात्रों की भूमिका

**श्रीमती गंगा** *

* शोधार्थी (हिन्दी) बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** नागार्जुन को हम आज बाबा, वैद्यनाथ मिश्र या आधुनिक युग का कवि कहते है, उनके साहित्य में अंगारों सा ताप, जाति, ऊँच–नीच तथा आत्मीयता से भरा व्यक्तित्व उभर कर आता है। नागार्जुन का जन्म, उनके ननिहाल सतलखा ग्राम पोस्ट मधुबनी जिला दरभंगा में 30 जून 1911 को हुआ था। उनके पिता का नाम श्री गोकुल मिश्र तथा माता का नाम उमादेवी था। सामाजिक चेतना, वैचारिक प्रतिबद्धता और अभिव्यक्ति कौशल की दृष्टि से इनकी रचनाएं अद्‌भुत है। हिन्दी कविता को छायावादी संस्कारों से मुक्त कर उसके सहज विकास की एक दिशषा निश्चित करने में इनका बहुत बड़ा योगदान रहा है, अपनी अभावग्रस्त पारिवारिक स्थिति होने के बावजूद वे सदैव संघर्ष करते हुए भी मस्त यायावर, जिजीविषा से भरपूर जीवन जीने वाले बाबा नागार्जुन को सभी हिन्दी के प्रगतिशील कवि के रूप में ज्यादा जानते पहचानते है, बाबा नागार्जुन ने कई उपन्यास, कहानियाँ, अनेक निबंध, संस्मरण, डायरी, नाटकों की रचना की है। बाबा नागार्जुन का अनुभव – संसार इतना गहरा कहने की अभिलाषा इतनी सघन और संवेदशीलता इतनी तीव्र थी कि उन्हें अपने कथन पर अधिक जोर देकर कह देने की जितनी तीव्र धुन थी, उतनी कैसे और कितना कह दें इसकी नहीं। फलस्वरूप कुछ आलोचक उनकी रचनाओं में शैलीगत कसावट की कमी को रेखांकित करते हैं। संस्कृत, हिन्दी, मैथिली, बंगला, पालि, प्रजाबी, गुजराती आदि भाषाओं के जानकार बाबा को भाषा के प्रति गहरा लगाव था। बाबा नागार्जुन की रचना में भी भाषा की सहजता, सरलता, सजगता व पात्रतानुकूलता दिखाई देती है। उच्च वर्ग से लेकर निम्न वर्ग, ग्रामीण नागरिक, स्त्री–पुरूष के भावगत मानसिक पार्थक्य को वे बखूगी व्यक्त करते हैं, उनकी भाषा यथार्थ जीवन संदर्भों की भाषा है, उनके उपन्यासों की भाषा संरचना में तत्सम, तद्‌भव, अरबी, फारसी, अंग्रेजी, लाक्षणिक शब्दों का प्रयोग भी बखूबी हुआ है। घुट–घुट कर मरना नहीं, मर–मर कर भी जीने का संकल्प, अदम्य जिजीविषा, संगठित होकर लड़ने, रूढ़ियों को तोड़कर आगे बढ़ने, चेतन होने का भाव उनकी रचनाओं के कथ्य में **गुम्फित** है, उनका कथन यथार्थ का वर्णन करके मात्र रूक नहीं जाता अपितु विकल्प खोजता दिखाई देता है। ऐसे बाबा शारीरिक रूप से आज इस संसार में चाहे न हों, पर उनके विचार, उनकी संघर्ष–भावना व आस्था उनकी रचनाओं के माध्यम से आगामी पीढ़ियों तक कायम रहेगी।

**शोध पत्र का उद्देश्य :**

1. नागार्जुन जी का जीवन परिचय।
2. व्यक्तित्व एवं कृतित्वों को जानना।
3. बाबा नागार्जुन ने अपने उपन्यासों में स्त्री के कौन–कौन से आयामों को अंकित किया है? यह जानना।
4. बाबा नागार्जुन के उपन्यासों में महिलाओं के विकास हेतु सामाजिक चेतना को समझना।
5. नागार्जुन के उपन्यासों में स्त्री चेतना एवं उसके विकास के बारे में जानना।
6. सामाजिक क्रांति में स्त्री का योगदान।
7. संगठित समाज की परिकल्पना में स्त्री का योगदान।

**नागार्जुन के उपन्यासों की समीक्षा**

उनका पहला उपन्यास सन् 1948 में प्रकाशित हुआ जिसका नाम **'रतिनाथ की चाची'** था। रतिनाथ की चाची उपन्यास मिथिलांचल की विधवा नारियों की दयनीय दषा को अभिचित्रित करता है, साथ ही यह उपन्यास प्रेम, वात्सल्य और राग–द्वेष की अनुभूतियों से सम्मुक्त मानव की कमजोरियों और उन कमजोरियों के बीच से उपजी ताकत को रेखांकित करता है, इस उपन्यास में बाबा नागार्जुन ने विधवा जीवन की त्रासदी को अभिव्यक्त किया है। इस उपन्यास में मुख्य पात्र के रूप में रतिनाथ की विधवा चाची गौरी की शारीरिक, मानसिक यंत्रणा को चित्रित किया गया है उपन्यास में विधवाओं की दयनीय अवस्था एवं उनके शारीरिक, मानसिक तथा आर्थिक शोषण को रूपांतरित किया गया है। गौरी के संघर्षों की समाप्ति उसकी मृत्यु के साथ ही होती है। इसमें बाबा नागार्जुन ने मिथिला के रहन सहन, सामाजिक जीवन व वहाँ की संस्कृति को उकेरते हुए अनमेल विवाह, विधवा–समस्या, जाति प्रथा, पिछड़ापन आदि समस्याओं को अपने व्यक्तिगत जीवन अनुभवों के आधार पर अत्यंत संवेदनशील वर्णन किया है। गौरी का कहना था– 'हे भगवान, अगले जन्म में मैं भले चुहिया होऊँ, भले ही नेवला, मगर चेतनामय इस मानव समाज में फिर कभी न पैदा होऊँ।' गौरी का यह कथन समाज पर करारा व्यंग्य है। रतिनाथ की चाची उपन्यास की अनेक घटनाएँ नागार्जुन के अपने जीवन से सम्बद्ध घटनाएँ है। यह भी माना जाता है कि यह एक तरह से बाबा की अपनी चाची को श्रद्धांजलि है।

**रतिनाथ की चाची** नामक उनके उपन्यास से भी ऐसा ही आभास होता है, इसमें आठ–दस साल की मासूम रतिनाथ की चाची की करूण कथा कही गई है, पर सिर्फ चाची का जीवन ही इस उपन्यास में अभिव्यक्त नहीं हुआ है, इसमें पूरे मिथिलांचल का ग्रामीण जीवन भी प्रतिबिंबित हुआ है, एक और बात जो उपन्यास को कई दृष्टियों से महत्वपूर्ण बनाती है, इस उपन्यास की कथा रतिनाथ के माध्यम से व्यक्त हुई है। रतिनाथ ने अपने ग्रामीण परिवेशष को जैसा अनुभूत किया, वहीं यथार्थ बनकर पाठक के सामने आया है। वह व्यक्ति के नजरिये से ही सोचता है, पर अपने परिवेश से

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

उसे गहरा मोह है, उसकी समझ, नासमझी, अपरिपक्वता और संस्कार पाठकों के समक्ष हैं, उनका व्यर्थ उदात्तीकरण नहीं किया गया है।

बाबा का दूसरा उपन्यास **'बलचनमा'** सन् 1952 में प्रकाशित हुआ, इस उपन्यास में स्वातंत्र्योत्तर भारत के शासक-शोषक वर्ग की काली करतूतों से उत्पन्न विडम्बनाजनक कटु यथार्थ को उसके शोषण का शिकार होते ईमानदार, साधनहीन आम जनता, मजदूर, किसान की पीड़ा को चित्रित किया गया है। हम आये दिन होटलों में काम करते, बोझा उठाते, रिक्षा खींचते, पटाखे बनाते, घरेलू नौकर एवं बाल मजदूरों के बारे में पढ़ते या सुनते है। इस उपन्यास का नायक **बलचनमा** भी बचपन से ही बाल मजदूर बन गया है। बाल मजदूरों की इन दिनों बड़ी चर्चा है लेकिन अभाव, गरीबी किस तरह बच्चों को मजदूरी करने को विवशष कर रही है इसका चित्रण इस उपन्यास में किया गया है। **बलचनमा किसान जीवन के अभावों, दर्द व विषमताओं का भी मूर्तिमान रूप है।** यह आम होते हुए भी तब खास बन जाता है जब वह संघर्ष की राह पर चलने का निर्णय करता है। प्रेमचंद का होरी ग्राम संस्कृति के मात्र ध्वंसावशेष को बताता है, वहां बलचनमा भावी निर्माण का स्वप्न जगाता है गांव से नगर की ओर बड़ी आशा, आकांक्षा, उम्मीद से देख रहे व्यक्ति का अंत में नवीन अनुभूति लेकर नगर से गांव लौटना प्रभावकारी है। इसके द्वारा लेखक ने पाठक और समाज में बड़ा ही सुन्दर स्वप्न संजोया है, अपनी जड़ और जमीन की ओर पुन: वापस लौटने का।

सन् 1953 में **'नई पौध'** के नाम से प्रकाशित नागार्जुन का उपन्यास पहले मैथिली में **'नवतुरिया'** नाम से लिखा गया था। इसमें मिथिला के पांचवे-छठवें दशक का परिवेश लिखा हुआ है। गरीबी से परेशान होकर कन्याओं को किसी को बेच देने की या उम्र दराज व्यक्तियों के हाथ बांध देने की सामाजिक आर्थिक समस्या ने लेखक को विचलित किया है, यह स्थिति इस उपन्यास की पृष्ठभूमि बन गयी। इसमें दहेज-प्रथा, अनमेल-विवाह और नारी विक्रय का यथार्थ अंकन हुआ है। जब 60 वर्षीय चतुरानन चौधरी 14 वर्षीय बिससेरी से विवाह करना चाहता है, तो गांव के नवयुवक एकजुट होकर उसका विरोध ही नहीं करते बल्कि चौधरी को बारात सहित भगा भी देते हैं और बिसेसरी का विवाह युवा वाचस्पति से करवाते हैं, यह नयी पौध रुढ़ियों के विरूद्ध विद्रोह को दिखाता है।

**'दुखमोचन'** उपन्यास का प्रकाशन 1956 के जुलाई अगस्त और सितम्बर माह में आकाशवाणी के लखनऊ प्रयाग केन्द्र ने तेरह किश्तों में समग्र रूप से प्रसारित किया था। उपन्यास का नायक दुखमोचन एक आदर्श पात्र है। इस उपन्यास को कथावस्तु अनेको घटनाओं, प्रसंगों के माध्यम से आगे बढ़ती है। दुखमोचन व्यवसाय के लिए कलकत्ता जाते हैं और पांच वर्ष के बाद वापस अपने गांव लौट आने पर अपने गांव टमका कोईली का नवनिर्माण करना चाहते हैं। दुखमोचन के दो भाई थे सुखदेव और नारायण। तीनों का विवाह हो चुका था। दुखमोचन की दो बेटियां थी। पांच वर्ष पूर्व ही उनकी पत्नी का अवसान हो चुका था। सुखदेव की पत्नी सम्पन्न परिवार की होने से अपने मायके में ही रहा करती थी। नारायण की पत्नी और बच्चे गांव में रहते थे, वह स्वयं घर से दूर सरकारी विभाग में था, परिवार के लिए तन, मन, धन समर्पित कर देने वाले दुखमोचन की विधवा मामी गांव में रहती थी, टमका कोईली में मलेरिया और कालाजार ने तबाही मचायी तब चर्मरोग फैलने पर दुखमोचन ने नेताओं अफसरों, मेडिकल कॉलेज के अध्यापकों व छात्रों की सहायता से गंधक, नारियल के तेल और नीम के साबुन की व्यवस्था करवाई। गांव में आग लगने पर बेघर लोगों के पुर्नवसन पर भी बहुत परिश्रम करते हैं, इस प्रकार उपन्यास में दुखमोचन के प्रयासों से गांव के नवनिर्माण की कथा वर्णित की गई है।

1957 में प्रकाशित हुआ उपन्यास **'वरूण के बेटे'** आजादी के बाद भी गांवों की गांव के निम्न वर्ग एवं निम्न जाति के लोगों की बदहाली में कुछ खास परिवर्तन नहीं हुआ। इस बात को बिहार के **'मलाही गोढियारी'** गांव के **मछुआरों की इस संघर्ष कथा को नागार्जुन ने चित्रित किया है**, जिन्हें आजादी नहीं मिली, ऐसे संकटों और अभावों से ग्रस्त मछुआरों की इस स्थिति के कारण है वे जमींदार जो जलाशयों पर कब्जा कर बैठे थे। बाबा बटेसरनाथ के टुनाई पाठक की तरह यहां भी पोखर व चरागाह हड़पते है - बेचते जमींदार है, मछुआरों की व्यथा कथा कहते कहते लेखक जमींदारों के विरूद्ध भोला, मंगल, माधुरी, मांझी जैसे चरित्र जमींदारों से मुकाबला करने के लिए खड़ा करता जाता है। ये चरित्र बाबा बटेसरनाथ और बलचनमा के चरित्रों के परम्परा में एक और कड़ी बन जाते हैं, जो व्यवस्था के विरूद्ध संघर्ष और क्रांति के लिए प्रयत्नरत हैं।

लेखक मानते है कि इस संसार में कई नरक हैं, उनमें से एक **'कुम्भीपाक'** है, पर 1960 में प्रकाशित बाबा के उपन्यास 'कुम्भीपाक' में वर्णित वह कुम्भीपाक नहीं है, अपितु इसमें नगरों- महानगरों एवं निम्न मध्यवर्गीय समाज में अनेक प्रकार के शोषण के शिकार होती स्त्रियों की नारकीय त्रासदी आदि 'कुम्भीपाक' उपन्यास में चम्पा के इस कथन से स्त्री के दु:ख का अनुमान लगाया जा सकता है, **'नहीं, मैं खुश नहीं हूँ। कोई भी और खुश नहीं है किन्तु।** अच्छे घर की अच्छी बहुओं से जाकर पूछो, वे भी खुश नहीं हैं, जब स्त्री के लिए यूँ भी समाज की विचारधारा संकीर्ण हो, तब हमारे समाज में घर की दहलीज लांघनेवाली नारी के लिए, कुम्भीपाक रुपी नरक में पहुँची नारी के लिए, न कोई सम्मान है, न ही कोई समाधान। बाबा की प्रगतिशील दृष्टि इसी नारी समस्या की ओर हमारा ध्यान आकर्षित करती है, और ऐसी नारियों को कुम्भीपाक के उस दलदल से निकाल कर नए जीवन की ओर प्रयत्नशील दिखाती है।

इस तरह प्रगतिशील नारी चरित्रों के माध्यम से लेखक ने यह सन्देष दिया है कि नारी को अपनी अस्मिता स्थापित करने के लिए अपनी शक्तियों को पहचानकर उनका विकास करना पड़ेगा।

नागार्जुन द्वारा रचित उपन्यास '**हीरक जयंती**' सन् 1961 में प्रकाशित हुआ, इसमें सामाजिक विडम्बनाओं के साथ-साथ राजनीतिक भ्रष्टाचार को बेनकाब करने के लिए लिखा गया है, स्थान-स्थान पर चलने वाले हीरक जयंतियों के समारोह, मात्र स्वहित के लिए कैसे मनाया जाता है, इसका यथार्थाकन इस कृति का वैशिष्ट्य है। इस उपन्यास का मुख्य पात्र **नरपत बाबू एक ऐसा नेता है, जो अपने आप को आम जनता का सेवक बताता है, पर उन्ही का शोषण करता रहता है,** उसी के काले कारनामों का परिचय लेखक ने आत्मकथा के रूप में करवाया है।

1963 में प्रकाशित **'उग्रतारा'** में विधवा उगनी की कथा के माध्यम से लेखक ने एक विवश स्त्री की करूण कथा को नये सिरे से अंकन किया है। वह उस रूढ़िवादी समाज को कटघरे में ला खड़ा करता है, जो स्त्रियों के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में अपनी योग्यता व कार्यक्षमता को प्रमाणित करने के बावजूद कॉलेजों से पढ़-लिखकर निकली लड़कियों को उनकी प्रतिभा और आजादी को अपनी पुरानी रूढ़िगत मान्यताओं के कारण लील लेता है। लेखक ने यहाँ भी दहेज, अनमेल विवाह के साथ-साथ प्रेम संबंधों की वैधता- अवैधता

जैसी समस्याओं के साथ स्त्री- शिक्षा को महत्व दिया है। इस उपन्यास में नागार्जुन की प्रेम दृष्टि भी अद्भुत समय से बहुत आगे की और क्रांतिकारी थी, उगनी और कामेश्वर के माध्यम से एक क्रांतिकारी विचार उपस्थित करते हुए लेखक ने अपनी प्रगतिशील दृष्टि का परिचय दिया है।

सन् 1968 में राज्यपाल एंड संस, दिल्ली से **'इमरतिया'** और किताब महल इलाहाबाद से 'जमनिया का बाबा' नाम से प्रकाशित उपन्यास नागार्जुन का एक और महत्वपूर्ण उपन्यास है। मैथिली भाषा में 1946 में प्रकाशित यह उनका प्रथम उपन्यास है, इस उपन्यास में **साधु-संतो के कुचक्रों के बीच फंसी भावुक स्त्री इमरतिया की कथा के माध्यम से मठों की दुराचारपूर्ण जिंदगी, धार्मिक अंधविश्वास, साधु-संतो के पाखण्ड का बाबा ने बड़े साहसपूर्ण तरीके से पर्दाफाश किया है।** भारत के लोगों की धर्माधता और अंधविश्वास का लाभ उठाकर, रामनामी ओढ़े न जाने कितने प्रडितों, सिद्ध-संत, मठाधीशों की काली करतूतें आये दिन चौंकाती रहती हैं, इस उपन्यास में जमींदारी उन्मूलन के साथ जमनिया और लखनौती के दो तीन जमींदारों द्वारा जमीन हथियाने के उद्देश्य से बहुत बड़े भू-भाग पर जमनिया मठ की स्थापना की जाती है। पापी दुराचारी, हत्या के अभियोग से भागते-फिरते मुसलमान जुलाहे की महंत के रूप में नियुक्ति के बावजूद इसका वास्तविक संचालन जमींदारों, तस्करों, व्यापारियों के हाथ में है। मठ के तस्करी- व्यापार का केन्द्र हो जाने की इस कथा में बाबा ने कुकृत्यों में लिप्त ऐसे मठों व पाखंडी संतों पर व्यंग्य किया है। धार्मिक भ्रमजाल का ऐसा विष्लेषण हिन्दी के बहुत कम उपन्यासों में हुआ है।

पहले मैथिली में 1946 में रचित पारो का हिन्दी अनुवाद 1975 मुं. कुलानन्द मिश्र ने किया। **'नई पौध'** की तरह इस उपन्यास के मूल में पुन: बेमेल विवाह, दहेज, बाल-विवाह की समस्याओं को दर्शाया गया है। साथ ही इस उपन्यास में मिथिला के रीति-रिवाजों व घटनाओं का सुन्दर अंकन भी किया है। नारी हृदय की सम्पूर्ण वेदना को इस उपन्यास में बड़ी ही मनोवैज्ञानिकता से चित्रित किया गया है। नायिका पारो परम्परावादी पत्नी की तरह समझौता करने को तैयार नहीं है, उसकी ईश्वर से यह प्रार्थना उसका वेदना की मार्मिकता की द्योतक है, 'हे भगवान! लाख दण्ड दे, मगर फिर औरत बनाकर इस देश में जन्म नहीं दे।' **पारो, वरूण के बेटे, उग्रतारा** आदि उपन्यासों के आधार पर यह कहा जा सकता है कि **वे हमारे समाज के उन कोढ़ों, कलंकों को पकड़ते हैं, जो बरसों से हमारी चिंता का कारण बने हुए हैं।**

सन् 1979 में प्रकाशित बाबा नागार्जुन के अंतिम उपन्यास **'गरीबदास'** में बाबा नागार्जुन ने वर्ग-संघर्ष के स्थान पर शोषित जनता की मुक्ति हेतु समन्वयवाद का मार्ग दिखाया है, नायक गरीबदास अपने आदर्श बाबासाहेब अम्बेडकर के मार्ग का अनुसरण कर दलित उत्थान के अनेक प्रयास करता है। लेखक ने इसमें भी सामाजिक समरसता व विकास के अपने स्वर को वाणी दी है। स्वाधीनता के पश्चात् देशवासियों को जिस मुक्ति, समता और शांति की कामना थी, वह खण्डित हुई तथा राजनीतिक पतन, चरित्र-विघटन, आर्थिक विषमता, महंगाई, **मानव संबंधों एवं मूल्यों में हुए ह्रास और नैतिक पतन ने मोहभंग की स्थितियाँ उत्पन्न कर दी थीं।** हत्या-लूटपाट, विद्वेष, घृणा, अविश्वास, शोषण भ्रष्टाचार जैसे विभिन्न विकराल समस्या हमारे विकास, हमारी उन्नति को ग्रस रहे थे। इस यथार्थ का स्वाभाविक अंकन स्वातन्त्रयोत्तर उपन्यासों में हुआ। नागार्जुन जैसे प्रगतिशील रचनाकारों ने इसके साथ-साथ तानाशाही, शोषण कारी शक्तियों के खिलाफ जनमत तैयार करने का कार्य, विरोध-विद्रोह और संघर्ष की प्रेरणा देने का कार्य भी अपने उपन्यासों के माध्यम से किया। नागार्जुन के लगभग सभी उपन्यासों में इन मुद्दों को देखा जा सकता है, जहाँ तक विचार का सम्बन्ध है, उन्होंने वर्ग-संघर्ष के **प्रेरक मार्क्सवाद को महत्वपूर्ण माना, परन्तु देशहित व जनहित से बढ़कर उससे सर्वोपरि उनके लिए कुछ नहीं था।** एक लेखक होने के नाते उनकी रचनाओं में सामान्यजन के **प्रति, शोषितों के प्रति पक्षधरता साफ़-साफ़ दिखाई देती है।**

**शोध प्रविधि -** कोई भी शोध कार्य बिना क्रिया विधि एवं शोध प्रविधि के बिना सम्भव नहीं हो सकता इसलिए शोधकर्ता को कोई एक विधि के द्वारा शोध कार्य करना आवश्यक है। अनुसंधान की शोध प्रविधि में क्रियात्मक शोध के साथ विश्लेषणात्मक शोध प्रविधि का प्रयोग करके शोध समीक्षा प्रस्तुत करना होता है। शोध प्रविधि में हमें शोध कार्य को प्रस्तुत करने में नागार्जुन के उपन्यासों का गहन अध्ययन करना है, साथ ही उनके उपन्यासों में स्त्री पात्रों का विश्लेषण करना है। नागार्जुन के उपन्यासों में स्त्रियां हर परिस्थिति का सामना करके समाज के सामने उठ खड़ी हुई है तथा नागार्जुन ने स्त्रियों को कभी बेबस कमजोर नही होने दिया है। इन सभी समस्याओं का विस्तृत विश्लेषण करना शोध कार्य की मुख्य प्रविधि है।

बाबा नागार्जुन को ग्रामीण - जीवन, वहाँ के वातावरण, वहाँ की समस्याओं की गहरी जानकारी थी। स्वयं उस परिवेश में रहने के कारण वह सब उनका देखा-भोगा हुआ था। इसी का असर उनकी रचनाओं में ग्रामीण-जीवन के चित्रण के रूप में दिखाई पड़ता है। इसके कारण आँचलिकता भी उनके उपन्यासों में दिखाई देती है, **परन्तु यह आँचलिकता 'मैला आँचल' की तरह परम्परागत रूप में नहीं है क्योंकि उनका लक्ष्य अंचल का चित्रण नहीं अपितु उस शोषित- पीड़ित समाज व उनके संघर्षों का अंकन है,** जिसे उन्होंने अपने अंचल से उठाकर अपने उपन्यासों में प्रतिष्ठित कर दिया। बलचनमा हो, इमरतिया हो या दु:खमोचन हो सभी पात्र अपने - अपने परिवेश में संघर्षरत हैं । नागार्जुन की इन रचनाओं में विशेषकर मिथिलांचल, वहाँ की प्रकृति, लोकजीवन, वहाँ के लोकविश्वास और परम्पराएँ मूर्तिमान हो उठे है। शोभाकांत जी के शब्दों में **'नागार्जुन के उपन्यास अंचल विशेष पर केन्द्रित होते हुए भी किसी संकीर्ण अर्थ में आंचलिक नहीं हैं, वे सम्पूर्ण देश या जमाने की सच्चाई को ठोस रूप में सामने लाते हैं।'**

**निष्कर्ष-** संसार को इतना गहरा कहने की उनकी अभिलाषा इतनी सघन और संवेदनशीलता इतनी तीव्र थी कि उन्हें अपने कथन पर अधिक जोर देकर कह देने की जितनी तीव्र धुन थी, उतनी कैसे और कितना कह दें इसकी नहीं। फलस्वरूप कुछ आलोचक उनकी रचनाओं में शैलीगत कसावट की कमी को रेखांकित करते हैं। संस्कृत, हिन्दी, मैथिली, बंगला, पालि, प्रजाबी, गुजराती आदि भाषाओं के जानकार बाबा को भाषा के प्रति गहरा लगाव था, यूँ भी आधुनिक कथा साहित्य में भाषागत उदारता देखी जाती है और आलोचक कृत्रिम भाषा की अपेक्षा सहज भाषा के प्राकृत रूप का प्रयोग ही श्रेयस्कर मानते हैं। बाबा नागार्जुन की रचना में भी भाषा की सहजता, सरलता, सजगता व पात्रतानुकूलता दिखाई देती है। उच्च वर्ग से लेकर निम्न वर्ग, ग्रामीण, नगरीय, स्त्री-पुरूष के भावगत मानसिक पार्थक्य को वे बखूगी व्यक्त करते हैं, उनकी भाषा यथार्थ जीवन संदर्भो की भाषा है। उनके उपन्यासों की भाषा संरचना में तत्सम, तद्भव, अरबी, फारसी, अंग्रेजी एवं लाक्षणिक शब्दों का प्रयोग भी बखूबी हुआ है। घुट-घुट कर मरना नहीं,

मर-मर कर भी जीने का संकल्प, अदम्य **जिजीविषा, संगठित होकर लड़ने, रूढ़ियों को तोड़कर आगे बढ़ने, चेतन होने का भाव उनकी रचनाओं के कथ्य में शामिल है,** उनका कथन **यथार्थ का वर्णन करके मात्र रूक नहीं जाता** बल्कि विकल्प खोजता प्रतीत होता है। ऐसे बाबा इस संसार में चाहे शारीरिक रूप से न हों, पर उनके विचार, उनकी संघर्ष-भावना व आस्था उनकी रचनाओं के माध्यम से आगामी पीढ़ियों तक कायम रहेगी।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**


1. रतिनाथ की चाची, नागार्जुन, राजकमल प्रकाशन सन् 1998 ।
2. बाबा बटेसरनाथ, नागार्जुन, राजकमल प्रकाशन सन् 1954, ।
3. कथाकार नागार्जुन, डॉ. जगन्नाथ प्रडित राधा पब्लिकेशन, 2005।
4. कुम्भीपाक, नागार्जुन, राजकमल प्रकाशन सन् 1987।
5. नागार्जुन, सुरेशचन्द्र त्यागी, आशिर प्रकाशन।
6. उग्रतारा, नागार्जुन, राजकमल प्रकाशन , सन् 1987।
7. पारो, नागार्जुन।
8. नागार्जुन: सम्पूर्ण उपन्यास- भाग-2, प्र.सं. 1994 यात्री प्रकाशन, दिल्ली।
9. नागार्जुन के उपन्यास, डॉ. संतोष कौल काक, शोधगंगा।
10. हिन्दी का गद्य साहित्य, नवम् संस्करण, जनवरी 2014, डॉ. रामचन्द्र तिवारी, विश्वविद्यालय प्रकाशन विशालाक्षी भवन, वाराणसी।
11. नागार्जुन रचनावली, शोभाकांत, राजकमल प्रकाशन, नयी दिल्ली।


*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# भारतीय समाज में साधु-सन्यासियों की परम्पराओं के प्रकार व प्रकृति

**डॉ. प्रमिला वाधवा***

* प्रभारी प्राचार्य व सहायक प्राध्यापक (समाजशास्त्र) शासकीय महाविद्यालय, सारनी, जिला बैतूल (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना -** भारत में साधुओं का इतिहास हजारो साल पुराना है। वेद पुराणों में भी साधु परम्पराओं के होने के प्रमाण मिलते है। इन्होंने हिन्दु धर्म को काफी हद तक प्रभावित किया है। साधु और सन्यासी भी कई प्रकार के होते है। सभी के अपने अपने मत विचारधाराऐं व नियम है, वैसे तो **साधु शब्द का अर्थ होता है 'सज्जन व्यक्ति'** इसका मतलब है प्रत्येक व्यक्ति जो दयालु है, परोपकारी और सबकी सहायता करने वाला है वह साधु है। साधु का कोई भेष व नियम नहीं होता है, लेकिन वर्तमान समय में साधु उन्हें कहा जाता है जो सन्यास धारण करते हैं यज्ञ और तपस्या करते है, **गेरूऐं, सफेद एवं भगवाधारी वस्त्र धारण** करते है ऐसे सन्यासी साधु परम्पराओं के किसी एक सम्प्रदायों को मानते है और उसका ही अनुसरण करते है।

भारतीय साधुओं का इतिहास कुछ सालों का नहीं अपितु हजारों वर्ष पुराना है। भारतीय इतिहास में हिन्दु धर्म को साधु परम्परा ने सबसे ज्यादा प्रभावित किया है। भारतीय संस्कृति के अनुसार जो भी व्यक्ति साधुत्व अपनाता है उसे अपने सांसारिक जीवन व भौतिकता से मुक्त होना होता है तभी वह साधु परम्पराओं को निभा सकते है, एक साधु को समाज से पूर्ण रूप से मुक्त होना होता है।

भारतीय समाज में साधुओं का एक सम्प्रदाय जिसे शैव सम्प्रदाय कहते है, उसमें सन्यास ग्रहण करने से पूर्व ही व्यक्ति का प्रतीकात्मक रूप से अंतिम संस्कार कर दिया जाता है, जिसका अर्थ है कि वह व्यक्ति समाज के लिए मृत हो जाता है और सन्यासी के रूप में उनका नया जन्म होता है, जबकि वैष्णव सम्प्रदाय के नियम शैव सम्प्रदाय से थोड़ा कम कठोर होता है।

**शोध का उद्देश्य:**

1 साधु सन्यासियों की परम्पराओं का भारतीय समाज एवं सांस्कृतिक जीवन में महत्व का विश्लेषण सकारात्मक पक्ष को प्रस्तुत करना।
2 संन्यासी परम्परा का प्राचीन काल से आधुनिक काल में सांस्कृतिक व सामाजिक जीवन में हुए परिवर्तन का तुलना करना।
3 धर्म ग्रंथों का अध्ययन तथा अपने सम्प्रदाय के साहित्य का ज्ञान प्राप्त करना।
4 विशेष पर्व के समय उपवास द्वारा स्वयं को पवित्र करना तथा भोजन आदि के विषय में नियम आदि का पालन करना।

**सन्यासी सगठन व उनके प्रकार-** सन्यासियों ने हमारी संस्कृति को बनाये रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, साधु परम्पराओं में साधु अकेले ही मोक्ष के पथ पर चलता था लेकिन सन्यासियों ने मठों और आश्रमों के द्वारा अपने आप को संगठित करने का प्रयास किया, सबसे पहले बौद्ध, फिर ईसाई धर्म, में उनकें धर्मगुरूओं की परम्परा को अपनाया। इसके द्वारा अपने आप को संगठित करने का प्रयास किया गया। हिन्दू धर्म में सबसे पहले 9वीं शताब्दी के अंत में शंकराचार्य ने सन्यासियों के मठों की स्थापना की शुरुआत की। हिन्दू धर्म में धार्मिक संप्रदायों को मुख्यत: दो भागों में विभाजित किया गया है।

1 शैव सम्प्रदाय
2 वैष्णव सम्प्रदाय

शैव सम्प्रदाय के सन्यासी शंकराचार्य को अपना गुरू मानते है, जबकि वैष्णव सम्प्रदाय के लोग रामानुज को अपना गुरू मानते है।

| 1989-90 | 81.40 | 100.99 | 1241 | 45.37 | 70.05 | 1544 | 126.77 | 171.04 | 1349 |
| 1990-91 | 80.87 | 99.44 | 1231 | 47.06 | 76.95 | 1635 | 127.84 | 176.39 | 1380 |
| 1991-92 | 78.02 | 91.59 | 1174 | 43.85 | 76.79 | 1751 | 121.87 | 168.38 | 1382 |
| 1992-93 | 77.92 | 101.47 | 1302 | 45.23 | 78.01 | 1725 | 123.15 | 179.48 | 1457 |
| 1993-94 | 75.81 | 100.40 | 1324 | 46.94 | 83.86 | 1787 | 122.75 | 184.26 | 1501 |
| 1994-95 | 75.19 | 101.09 | 1344 | 48.67 | 90.41 | 1858 | 123.86 | 191.50 | 1546 |
| 1995-96 | 73.60 | 95.12 | 1292 | 47.42 | 85.30 | 1799 | 121.02 | 180.42 | 1491 |
| 1996-97 | 75.34 | 103.82 | 1379 | 48.24 | 95.52 | 1980 | 123.58 | 199.34 | 1613 |
| 1997-98 | 74.37 | 101.58 | 1370 | 49.70 | 90.68 | 1825 | 124.07 | 192.26 | 1550 |
| 1998-99 | 73.99 | 102.91 | 1391 | 51.18 | 100.69 | 1967 | 125.17 | 203.60 | 1627 |
| 1999-00 | 73.24 | 105.51 | 1441 | 49.87 | 104.29 | 2091 | 123.11 | 209.80 | 1704 |
| 2000-01 | 75.22 | 102.09 | 1357 | 45.83 | 94.73 | 2067 | 121.05 | 196.81 | 1626 |
| 2001-02 | 74.23 | 112.07 | 1510 | 48.55 | 100.78 | 2076 | 122.78 | 212.85 | 1734 |
| 2002-03 | 68.56 | 87.22 | 1272 | 45.30 | 87.55 | 1933 | 113.86 | 174.77 | 1535 |
| 2003-04 | 75.44 | 117.00 | 1551 | 48.01 | 96.19 | 2004 | 123.45 | 213.19 | 1727 |
| 2004-05 | 72.26 | 103.31 | 1430 | 47.82 | 95.05 | 2004 | 120.08 | 198.36 | 1652 |
| 2005-06 | 72.72 | 109.87 | 1511 | 48.88 | 98.73 | 2020 | 121.60 | 208.60 | 1715 |
| 2006-07 | 72.67 | 110.58 | 1522 | 51.04 | 106.71 | 2091 | 123.71 | 217.28 | 1756 |
| 2007-08 | 73.58 | 121.00 | 1644 | 50.49 | 109.77 | 2174 | 124.07 | 230.78 | 1860 |
| 2008-09 | 71.45 | 118.18 | 1654 | 51.39 | 116.28 | 2263 | 122.85 | 234.47 | 1909 |
| 2009-10 | 69.51 | 104.00 | 1496 | 51.83 | 114.11 | 2202 | 121.34 | 218.11 | 1798 |
| 2010-11 | 72.42 | 120.90 | 1669 | 54.25 | 123.60 | 2278 | 126.67 | 244.50 | 1930 |
| 2011-12 | 72.08 | 131.27 | 1821 | 52.67 | 128.01 | 2430 | 124.75 | 259.29 | 2078 |
| 2012-13 | 67.69 | 128.07 | 1892 | 53.09 | 129.06 | 2431 | 120.78 | 257.13 | 2129 |
| 2013-14 | 69.05 | 128.69 | 1864 | 55.99 | 136.35 | 2435 | 125.04 | 265.04 | 2120 |
| 2014-15 | 68.77 | 128.06 | 1862 | 55.53 | 123.96 | 2232 | 124.30 | 252.02 | 2028 |
| 2015-16 | 69.20 | 125.09 | 1808 | 54.01 | 126.45 | 2341 | 123.22 | 251.54 | 2041 |
| 2016-17 | 73.20 | 138.33 | 1890 | 56.03 | 136.78 | 2441 | 129.23 | 275.11 | 2129 |
| 2017-18 | 72.00 | 140.47 | 1951 | 55.53 | 144.55 | 2603 | 127.52 | 285.01 | 2235 |
| 2018-19 | 72.33 | 141.52 | 1957 | 52.45 | 143.69 | 2740 | 124.78 | 285.21 | 2286 |
| 2019-20 | 70.86 | 143.81 | 2029 | 56.13 | 153.69 | 2738 | 126.99 | 297.50 | 2343 |
| 2020-21 | 72.44 | 150.58 | 2079 | 57.35 | 160.17 | 2793 | 129.80 | 310.74 | 2394 |
| 2021-22* | 72.99 | 156.04 | 2138 | 57.54 | 159.68 | 2775 | 130.53 | 315.72 | 2419 |

**Source :** E&S Division, DA&FW, * Fourth Advance Estimates.

**Area under Kharif Crops**




**Production of Kharif Crops**




**Yield of Kharif Crops**




**Area under Rabi Crops**




**Production of Rabi Crops**




**Yield of Rabi Crops**




**Area Under of Total Crops**




**Production of Total Crops**



Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

**Yield of Total Crops**




*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# भारतीय संस्कृति, साहित्य एवं पर्यावरण

**डॉ. जी. एल. मालवीय* डॉ. खुमेश सिंह ठाकुर****

* सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) सुभद्रा शर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय, गंजबासौदा, जिला विदिशा (म.प्र.) भारत
** सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) सुभद्रा शर्मा शासकीय कन्या महाविद्यालय, गंजबासौदा, जिला विदिशा (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** संस्कृति शब्द सम् उपसर्ग पूर्वक 'कृ' धातु से कृत प्रत्यय लगाकर निष्पन्न होता है। इसका शाब्दिक अर्थ है– उत्तम बनाना, संशोधन करना अथवा परिष्कार करना। इसमें पैतृक निपुणता, श्रेष्ठाताये, कला–प्रियता, विचार, आदते और विशेषतायें सम्मिलित रहती है। इस प्रकार संस्कृति का संबंध धर्म एवं दर्शन से लेकर सामाजिक परम्पराओं रीति–रिवाजों तथा मानव जीवन की सभी महत्वपूर्ण वैचारिक क्रियाओं से रहता है। डॉ. वासुदेव शरण अग्रवाल ने यजीवन के नानाविधा रूपों के समुदाय को तथा डॉ. हजारी प्रसाद त्रिवेदी ने सभ्यता के आंतरिक प्रभाव को संस्कृति माना है। इस प्रकार संस्कृति का न केवल मानवीय संस्कारों से अपितु मानव जीवन के भौतिक, सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, आध्यात्मिक, धार्मिक, दार्शनिक एवं साहित्यिक सभी प्रकार के विकास क्रमों से सतत संबंध रहा है।

निष्कर्षत: संस्कृति के माध्यम से ही मनुष्य अपने श्रेष्ठ मानवीय मूल्यों की प्राप्ति में अग्रसर एवं प्रयासरत होता है। इसी सतत् प्रवहणशील सांस्कृतिक प्रक्रिया के माध्यम से व्यक्ति समाज अथवा राष्ट्र अपनी सर्वविध कलात्मक अभिवृत्तियों को क्रियान्वित करता है। भारतीय संस्कृति की कतिपय ऐसी मौलिक विशिष्टतायें है जिनके कारण यह आज भी संसार की अन्य संस्कृतियों के लिये अनुकरणीय एवं प्रेरणास्पद बनी हुई है।

प्रकृति का आवरण ही पर्यावरण कहलाता है। सामान्य रूप से हरी–भरी प्रकृति ही पर्यावरण की समृद्धि है। यहाँ हरी से तात्पर्य सुजला सुफला, मलयज शीतला, शस्य श्यामला धरती से है तथा **'भरी'** से तात्पर्य पशु–पक्षी, जीव–जन्तुओं की समानुपातिक अभिवृद्धि से है। यह पर्यावरण की अदभुत महिमा है जिसने पृथ्वी को जीवित जगत् का महनीय स्वरूप प्रदान किया। सौर मंडल में केवल पृथ्वी पर ही प्राणियों के लिये अनुकूल पर्यावरण उपलब्ध है। मानव सहित सभी पशु–पक्षी, जीव–जन्तु, वृक्ष, वनस्पतियां पर्यावरण की दुर्लभ देन है। यह पृथ्वीतल पर परिव्याप्त प्रकृति का सर्वश्रेष्ठ वरदान है। प्रकृति का सृष्टिकाल से चला आ रहा अनुशासन है। पर्यावरण का संतुलन न केवल हमारी संस्कृति एवं सभ्यता के लिये अपितु शारीरिक एवं मानसिक विकास तथा सुख–शांति के लिये भी आवश्यक है। यदि भौतिक उपभोग वाद की प्रवृत्ति इसी तरह अनियंत्रित रूप से बढ़ती रही तो वह दिन दूर नहीं होगा जब हम खुली हवा में श्वांस नही ले सकेंगे, वृक्ष–वनस्पतियों से प्राप्त होने वाले कन्दमूल फल–फूल खा नहीं सकेगे, तथा प्रकृति प्रदत्त नदी, कूप, तालाबादि का जल पी नहीं सकेंगे। ऐसी स्थिति में आधुनिक विकासशील संस्कृति की सारी अवधारणायें व्यर्थ हो जायेगी। इसी प्रकार चाहे साहित्य सर्जना की बात हो अथवा सांस्कृतिक पुनरुत्थान की बात हो या मानवीय मूल्यों या संस्कारों के निर्माण की बात हो क्षेत्रीय परिवेश (पर्यावरण) की इसमें महत्वपूर्ण भूमिका रहती हैं एक ओर जहां साहित्य समाज का प्रतिबिम्ब होता है वहीं समाज अपनी परिस्थितियों की उपज होता है तथा ये दोनों मिलकर संस्कृति के निर्माण में सहायक होते है। किसी भी व्यक्ति अथवा समाज की चेतना उसकी क्षेत्रीय संस्कृति की जातीय सम्पत्ति होती है। इसलिये पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के मूल में संस्कृति का अवदान स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है। प्राचीनकाल में जब संसार के अन्य देशों में संस्कृति का सूर्योदय नहीं हुआ था उस समय भारतीय अरण्य संस्कृति की सुषमा अपने ज्ञान–विज्ञान के आलोक से सम्पूर्ण भूमंडल को आलोकित कर रही थी। इस संदर्भ में निम्न पौराणिक कथन द्रष्टव्य है–

**एतद्देशप्रसूतस्य सकाशादग्र जन्मन:।**
**स्वं स्वं चरित्र शिक्षेरन् पृथिव्यां सर्वमानवा:।।**

संस्कृति एवं पर्यावरण का मानव जीवन से अटूट संबंध होता है। इनमें से एक के भी अभाव में जीवन के सद्भाव की कल्पना नहीं की जा सकती। भारत के भौगोलिक पर्यावरण में जहां देश की एकता एवं संस्कृति को अक्षुण्ण बनाये रखा वहीं भारतीय संस्कृति अपनी सूक्ष्म एवं व्यापक विचारधारणाओं से पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाया। भारतीय सांस्कृतिक अवधारणा सदैव पर्यावरण पोषण की पक्षधर रही है। इस अवधारणा के अनुसार मनुष्य प्रकृति की सर्वश्रेष्ठ कृति है, उसका एक महत्वपूर्ण संवेदनशील अंग है अतएव यदि प्रकृति का भली–भांति पोषण होता रहा तो उसके माध्यम से अपने व्यक्तित्व का विकास करता हुआ मनुष्य धर्म पूर्वक अर्थ एवं काम का संचय करके जीवन के परम पुरुषार्थ मोक्ष को प्राप्त कर सकता है।

**'भारतस्य प्रतिष्ठे द्वे संस्कृतं संस्कृतिस्तथा।।'**

विश्व की समस्त संस्कृतियों में भारतीय संस्कृति ही मूल एवं सर्वोत्कृष्ट है। भारतीय संस्कृति का उद्गम है वैदिक वाङ्मय के आदि साहित्य ऋग्वेद से हुआ है। यहीं से भारतीय संस्कृति की अजब धारा आज तक इस देश में प्रवाहित होती चली आ रही है। इस पवित्र धारा में समुचित विधि से अवगाहन करने की सुविधा के लिये हमारे ऋषियों, मनीषियों तथा आचार्यों ने वेद, वेदांग, स्मृति, दर्शन, पुराण, इतिहास और काव्य–ग्रंथ आदि रूपों में अनेक पवित्र घाट बनाये हैं। इन पवित्र घाटों पर उतरकर इन्द्रिय निग्रह पूर्वक, बाह्य आवरणों को हटाकर हम गहराई में प्रवेश कर अवगाहन पूर्वक स्वयं को पुनीत करते हैं या कर सकते हैं। तत्पश्चात अपना सन्मार्ग तय करते हैं।

भूलोक अन्य लोकों में अत्यंत महनीय लोक है। यही चराचर जगत

नाम से विख्यात है। इसे ही कर्मभूमि कहा गया है। **'मन: शिवसंकल्पमस्तु' शुक्लयजुर्वेद (Practical part of the ved)** की इस ऋचा पर प्रथमत: विचार करें– जैसे ही मनुष्य अपने पैरों पर खड़ा होना सीख लेता है तो कुछ करने के लिये आतुर हो जाता है। ठीक उसी क्षण यह वैदिक ऋचा पहले मन को शिवसंकल्प (परम लक्ष्य) से युक्त करने की प्रेरणा देती है। जिससे मन संचालित सिद्ध हो सकें। वस्तुत: इस संसार में मनुष्य किसान है, धर्म उसका खेत है। कर्म उसका बीज है, संस्कृति ही सिंचाई है और 18 भोग उसका फल है। मनुष्य को इस ओर सचेत करता हुआ कवि कहता है– **'धर्मेण हीन: पशुभि: समान:**।' गीता कहती है–**'कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन'**। हिन्दी साहित्यकार कहता है– बोये पेड़ बबूल का आम कहां से खाय। इसे और स्पष्ट करता हुआ संस्कृत कवि कहता है– **'अवश्य मेव भोक्तव्यं कृतं कर्म, शुभाशुभम'**। महाभारत में धर्म को क्षेत्र (खेत) कहा गया है।**'माता भूमि:'** वाक्य के अनुसार भूमि को माता कहा गया है। वैदिक साहित्य में **'यज्ञाद् भवति पर्जन्य: पर्जन्याद, अन्न सम्भव**:अ **अन्नाद् भवन्ति भूतानि......**'कहा गया है। मूर्धान्य ग्रन्थ बृहत्संहिता में तो– **'अन्नं वे जगत: प्राणा:'** कहा गया है।

उपर्युक्त वाक्यों पर विचार करें तो हम पायेंगे कि जिस प्रकार 'आदिमध्यान्त हीनाय निर्गुणाय गुणात्मने' के अनुसार परमात्मा के दो रूप है– अमूर्तरूप और मूर्तरूप, उसी प्रकार 'धर्मस्य तत्त्वं निहितं गुहायाम' के अनुसार धर्म स्वयं में अमूर्तरूप है और धरती उसका मूर्त रूप। वस्तुत: धर्म ही मूर्तरूप में होकर धरती नाम से सर्वत्र विख्यात है। जैसे धर्म में धारण करने का अमूर्त गुण विद्यमान होता है, वैसे ही धरती में भी धारण करने का मूर्त गुण प्रत्यक्ष है। परिणामत: वह धारयित्री पालयित्री रूप में सहजरूपेण परिचिता है। यही कारण है कि हमारे धर्म–ग्रंथ भगवद गीता का प्रारंभ **'धर्मक्षेत्र'** शब्द से होता है। यहां धर्मक्षेत्र शब्द धरती का ही बोधक है।

**'धमो रक्षति'** महाभारत का यह वाक्य बड़ा प्रसिद्ध है। यहां धर्म में रक्षा करने का अमूर्त गुण स्पष्ट है। अत: धर्म, में रक्षा करने का अमूर्त गुण स्पष्ट है। अत: धर्म के मूर्तरूप धरती (मातृस्वरूपा) में भी यह गुण होना स्वाभाविक ही है। **'मातैव रक्षति'** वाक्य साहित्य में उपलब्ध है। इसी गुण के कारण **'माता भूमि: पुत्रोऽहं पृथिव्या:' और 'बन्दे भारतमातरम्'** जैसे असंख्य वाक्य हमारे विशाल साहित्य में भरे पड़े है।

वस्तुत: निष्कर्ष रूपेण देखा जाये तो इस धरती माता के कोरव से उत्पन्न होने वाले समस्त चराचर तत्तव परस्पर जीवन में आत्मीयता एवं सहभागिता का ही निर्वाह करते है। यहां भी उनका परस्पर अटूट संबंध प्रकट होना– एक ही आंगन में माता की ममता की छांव में आँचल तले स्वयं को अनुभव करना है। इसी भाव का बोध कराता हुआ हमारा साहित्य बोल पड़ता है– **'वसुधैव कुटुम्बकम'**

एक और रहस्य की बात जो समझने लायक है– एक शिशु जब अपनी जननी की गोद में होता है, तो भूख लगने पर वह माता का दूध पीने के लिए अपने हाथों से यत्र–तत्र स्पर्श करने और जो हाथ लग उसे मुख में डालने की क्रियाकृतरणायें व्यर्थ हो जायेंगी। आरंभ कर देता है। ठीक उसी प्रकार जब वह शिश धरती पर होता है तो वहां भी माता की गोद में रहने की क्रिया करने लगता है और माटी खाकर अपना पेट भरने लगता है। पूर्व में वह शिशु जब माता के गर्भ में होता है, तो माता माटी खाकर अपनी ममता को द्विगुणित करती देखी जाती है। इस भाव का भी संकेत हमारे साहित्य में उपलब्ध होता है। बालरूप कृष्ण का माटी खाना तो विदित ही है। हिन्दी साहित्य में उपलब्ध कविता मेरा नया बचपन की पंक्ति–

**'कुछ खायी कुछ लिये हाथ में,**
**मुझे खिलाने आयी थी।'**

हमें आज भी याद है। ऐसी ही तो कुछ है हमारी लौकिक संस्कृति। हमारे साहित्य में दिव्यादि तीनों लोकों की परिकल्पना स्पष्ट दृष्टिगोचर होती हैं। यथा– **'अदिते: अपत्यं पुमान् आदित्य:'** रूप में आदित् आदि देवों का दिव्य लोक। **'दिते: अपत्यं पुमान् दैत्य:'** रूप में मनुष्यों का मानवलोक। इनमें सर्वोपरि दिव्य लोक है, सबसे नीचे दैत्यों का पाताल लोक है और दोनों के मध्य में मनुष्यों का मानव लोक या मृत्यु लोक है।

**'तमसो मा ज्योतिर्गमय'** उपनिषद् का यह महावाक्य हमें दैत्यलोक के तम से बचने और दिव्य लोक के प्रकाश में जाने की प्रेरणा देता है। वस्तुत: हमारा लोक एक दीपक के समान अव्यवस्थित है, जिसका ऊर्ध्वभाग तो प्रकाशित रहता है किन्तु अध: भाग तमो मय। इसी अभिप्राय से सर्वत्र प्रचलित लोकोक्ति है– **'दीया तले अंधेरा'**। इन्हीं प्रकाश और अंधकार रूप दोनों पाटों के बीच हम ऐसे फंसे है कि ऊर्ध्वगति अत्यंत दुष्कर है तो अधोगति में कल्याण नहीं है। इस ओर दोनों हाथ उठाकर कवि कहता है– **'दोउ पाटन के बीच में साबुत बचा न कोया**' इन्हीं दोनों पाटों को ऋषियों ने विद्या और अविद्या कहकर हमारा मार्गदर्शन किया है। यहां विद्या के माध्यम से प्रकाश की ओर जाने के लिए ऋषियों मनीषियों तथा संतों ने हमें साहित्य प्रदान किया है। जब विद्यार्थी प्राथमिक कक्षा उत्तीर्ण कर लेता है तो उसे पाठयक्रम के माध्यम से (अगली कक्षा में प्रवेश लेते ही) यह बोध करा दिया जाता है कि–

**विद्या ददाति विनयं, विनयाद्याति पात्रताम्।**
**पात्रत्वाद् धनमाप्नोति, धनाद् धर्मं तत: सुखम्श**

यहाँ विद्या को मूल आधार बताकर विनय शीलता, पात्रता, धन प्राप्ति धर्माचरण और सुख आदि की बात कहीं गयी है। विद्या अध्ययन पर जोर देते हुए कवि कहता है–

**प्रथमे नार्जिता विद्या, द्वितीये नार्जितं धनम्।**
**इसेतृतीये नार्जितं पुण्यं, चतुर्थे किं करिष्यतिश**

यहाँ वर्तमान सम्पूर्ण जीवन काल को बराबर चार भागों में बांट कर विद्या आदि अर्जित करने के लिए कहा गया है। इसी प्रकार **'विद्या धनं सर्वधान प्रधनम'** वाक्य भी हमें विद्या अध्ययन की ओर उन्मुख करता है। विद्या की महिमा निरूपित करते हुए **'सा विद्या या विमुक्तये'** महावाक्य वैदिक साहित्य में कहा गया है। इस लोक से परलोक तक जाने का संवैधानिक मार्ग वस्तुत: विद्या के माध्यम से ही सुनिश्चित हो पाता है। इस दिशा में मुण्डकोपनिषद में विधान बताया गया है–

**यदे विद्ये वेदितव्ये परा चैवापरा चश**

यहाँ विद्या के दो रूप बताये गये है– परा विद्या और अपरा विधा। वस्तुत: परा विद्या परलोक में प्रचलित है और अपरा विद्या का प्रचार प्रसार इस लोक में किया गया है। यहां अपरा विद्या के भी मुख्यत: वश विंग निरूपित करते हुए मुंडकोपनिषद में कहा गया है–

**ऋग्वेदो यजुर्वेद: सामवेदोऽथर्वण:।**
**शिक्षा कल्पो व्याकरणं निरुक्तं छन्दों ज्योतिषम्श**

विद्या विषयक उपर्युक्त तथ्यों पर विचार करने पर स्पष्ट हो जाता है कि विद्या अध्ययन के प्रति अतिशय निष्ठा की पराकाष्ठा होने से ही विद्या की अधिाष्ठात वाग्देवी या सरस्वती देवी का सगुण रूप हमारे साहित्य में प्रकट

हुआ। इसी प्रकार अपरा विद्या के दस विभागों के प्रति अध्ययन निष्ठावश ही दस महाविद्याओं के नाम साहित्य में विख्यात हुए।

साहित्य समाज का दर्पण या आदर्श होता है। विश्व के प्राचीनतम साहित्यों में सम्वेद सर्वोपरि है। अन्वेद साहित्य से लेकर आज तक के साहित्यों में जो प्राणदायिनी संस्कृति उपलब्ध है वह हमारे जीवन-दर्शन के लिए पर्याप्त है। **'धारणाद धर्म इत्याहु:'** के अनुसार धर्म के समस्त भाव हमारी संस्कृति में व्याप्त हैं। **ते. आरण्यक में 'धर्मो विश्वस्य जगत:'** प्रतिष्ठा अर्थात धर्म को सम्पूर्ण जगत का आधार कहा गया है। **'धर्मों धरयते प्रजा:'** के अनुसार स्पष्ट है कि धर्म समस्त प्रजा को मातृवत धारण करता है। वस्तुत: इन तथ्यात्मक रहस्यों को समझना आज नितांत आवश्यक है।

गीता जो महाभारत का हिस्सा और महामुनि वेदव्यास की अमर विश्ववाणी है, न्याय और अन्याय के प्रश्न को उठाती हुई अपरा विद्याओं को स्वीकारती हुई मनुष्य को पराविद्याओं के मोक्ष मार्ग की ओर ले जाती है। यही अज्ञान से ज्ञान और अंधकार से प्रकाश की यात्रा है। पर इसे समझ लेना होगा कि अज्ञान की सत्ता माया की सत्ता की तरह एक सनातन सत्ता है। इसलिए सनातन केवल ज्ञान नहीं है, अज्ञान भी है। महात्मा तुलसीदास का विशिष्टा द्वैत इस मायने में विचारणीय है कि राम (परम तत्व) लक्ष्मण (अंश या जीव तत्व) किन्तु इन दोनों के बीच माया का तत्व सीता हमेशा यात्रारत है। हमारे चारों पुरुषार्थों में धर्म, अर्थ और काम के पुरुषार्थ तो इसी माया तत्व के विकास संवर्धन और परिष्कार के तत्व है। मोक्ष का चौथा शिखर वह शीर्ष कलश है, जो बगैर नीव दीवार और कंगूरे के संभव ही नहीं है। भारत के स्थानीय चिंतन से जो भी दर्शन पैदा हुआ है, उसमें यह चौथा हर जगह विद्यमान है। कभी मोक्ष तो कभी निर्वाण के रूप में उपनिषद तक ठीक ही कहता है कि मनुष्य को जल में कमल की तरह रहना चाहिए। लगभग पूरी की पूरी कमल नाल जल में निमग्न किन्तु कमल का पुष्प हमेशा भवसागर की मायावी सतह से ऊपर कीचड़ और गंदगी से अपराभूत। अविजेय। गीता में इसी को तो निष्काम कर्मयोग कहा गया।

मिथिला नरेश जनक को तभी तो विदेह कहा गया। माया के बीच रहकर भी माया से अपराजेय बने रहना। पर यह विज्ञान के कहने में जितना आसान है अनुभव और कर्म के धरातल पर उतना ही कठिन और लगभग असंभव है। इसे कबीर आदि भी मानते है और हमारे जमाने के महान द्दष्टा रवीन्द्रनाथ और कामायनी के अनोखे रचनाकार महाकवि जयशंकर प्रसाद भी।

गीतांजलि के कई गीत ऐसे हैं जहां इन दुविधापूर्ण जटिलताओं का बयान है। एक गीत में गुरुदेव रवीन्द्रनाथ कहते है कि 'अरे मैं तो बहुत गहरी नींद में चली गई थी। वो आया बगल में बैठ अपनी सुमधुर वीणा बजा कर चल गया। मैं ऐसी अभागी कि मेरी नींद ही नहीं खुली। हम सब अपने बारे में सोचे तो ऐसे ही अभागे है। हम नींद को ही जागरण माने बैठे है। जबकि महाभारत बार-बार कहती है कि सच्चा योगी उस रात को दिन समझकर जागता रहता है जिसे यह संसार रात माने सोया पड़ा रहता है। कबीर ने इसे बहुत आसान ढंग से हिन्दुस्तानी जुबान में कह डाला-

**सुखिया सब संसार है, खावै अरु सोवै।**
**दुखिया दास कबीर है जागै अरु रोवैश**

फिर भी हम कबीर को याद कर रहे है, पूज रहे है, उनकी जयंतियां मना रहे है पर उस बोध तत्व से काफी दूर है जो इस साखी में है।

कामायनी हमारे युग की एक अनुपम दार्शनिक काव्य कृति है। बुद्धि के चरम विकास, भोगवाद और चौथे इंसानी दम्भ के अनेक प्रसंग इसमें चर्चित और चित्रित हैं। इच्छा क्रिया और ज्ञान की असंगतिपूर्ण संगति पर काफी गंभीर विचार यहाँ है। यह भी कहा गया कि समरसता में ही आनंद है। पर इस समरसता को समझे और समझाए कौन? क्या है यह समरसताफ कहीं यह धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष की समरसता तो नहीं है? या फिर माया जीव और ब्रह्म की समरसता है। या फिर भाग इच्छा क्रिया और ज्ञान कीफया इनसे की कुछ और जड़ और चेतन, अज्ञान और ज्ञान, पर और अपर, परा और अपरा की समरसता। जयशंकर प्रसाद लिखते हैं-

**'समरस थे जड़ या चेतन,**
**सुंदर साकार बना था।**
**चेतनता एक बिलसती,**
**आनंद अखंड घना थाश'**

जीवन में जो सुख है, वह इन्हीं जड़ वस्तुओं की सामूहिक गंगोत्री से पैदा होते है पर आनंद तो हमेशा आदमी के भीतर से अज्ञान के ज्ञान में बदल जाने पर फूटता है।

भारतीय सांस्कृतिक संरचना का प्रमुख आधार है- **'अनेकता में एकता की अनुभूति'**। यह अनुभूति केवल चेतन के प्रति ही नहीं अपितु अचेतन जगत् के प्रति भी दिखती है। वेदों में बहुदेववाद के मूल में एकदेववाद की ही प्राण प्रतिष्ठा की गई है। **'एकं सद्विप्रा बहुधवदन्ति'**। ऋग्वेद में एक ही विराट् पुरुष के मुख, बाहु, उरू तथा पैर से चारों वर्णों की उत्पत्ति तथा उसके मन, नेत्र, श्रोत्र तथा मुख से क्रमश: चन्द्र, सूर्य, वायु तथा अग्नि की उत्पत्ति बतलाते हुये सृष्टि की पर्यावरण मूलकता का स्पष्ट संकेत कर दिया गया है। वैदिक सृष्टि प्रक्रिया से यह तथ्य स्पष्ट होता है कि न केवल देव, मनुष्य, पशु-पक्षी, जीव-जन्तु, वृक्ष-वनस्पतियां अपितु पर्यावरण के सभी घटक एक ही स्रोत विराट पुरुष से जायमान है। पर्यावरण की इस देवी सृष्टि ने पर्यावरण तत्वों के प्रति देवात्मकता (ईशावास्य मिदं सर्व) तथा पारिवारिक संबंधों (वसुधैव कुटुम्बकम) की भावना का सूत्रपात किया। इसी प्रकार भारतीय संस्कृति में सत्य, अहिंसा, त्याग, तपस्या अपरिग्रह, उदारता, सहिष्णुता, समन्वय, आस्तिकता, धार्मिकता, दया, दान एवं पुनर्जन्म में विश्वास जैसी अनेक सद्भावनायें विद्यमान हैं जिनके मूल में न केवल पर्यावरण अपितु चराम्चर जगत् के कल्याण की भावना सन्निहित है।

पर्यावरण एवं मनुष्य के बीच भावनात्मक संबंधों की अभिव्यक्ति ही पर्यावरण के प्रति मानवीय चेतना का अभिव्यक्त रूप है। भूमंडल के जिस पर्यावरण में हम जन्म लेते है, जिसके अन्न, जल, वायु, भूमि से हमारा भरण-पोषण होता है उसके कण-कण से चाहे वह वहां की मिट्टी हो, पर्वत हो, नदियां हो, जीव-जन्तु, वृक्ष-वनस्पतियां हो उन सबको अपना समझना, उनसे प्रेम करना तथा उनके विकास में सतत प्रयत्नशील रहना पर्यावरण के प्रति सांस्कृतिक चेतना की पहचान रही है। प्राकृतिक तत्वों के प्रति प्यार एवं अनुराग की प्रवृत्ति, श्रद्धा एवं कृतज्ञता की अभिव्यक्ति तथा विशेष परिस्थिति में उनके संरक्षण एवं सवर्द्धन हेतु अपना सर्वस्व समर्पित करने की भावना ही भारतीय संस्कृति का आदर्श रही है। भारत की संस्कृति में **'असतो मा सदगमय, तमसो मा ज्योतिर्गमय'** के सूत्र वाक्य यही तो है। खेद है कि इस देश ने शब्दों को तो पकड़ रखा है पर अर्थो से बेखबर है। वह जड़ की पूजा और साधना को ही सब कुछ माने बैठा है। उपभोक्तावाद यही तो है जहां शरीर की नाप-जोख से सुंदरताएं तय की जा रही है। जड़ की सत्ता को चेतना की छाती पर बिठाया जा रहा है। संस्कृति और साहित्य, काव्य और दर्शन यहीं आकर एक हो जाते है। एक ही सच को जब हजार हजार मुंह कहना शुरू

करते है तब ही कहा जाता है–

**एक सद् विप्रा बहुधा वदन्ति**

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. डॉ. राकेश पाण्डेय : भारत का सांस्कृतिक इतिहास।
2. आचार्य बलदेव उपाध्याय : वैदिक साहित्य एवं संस्कृति।
3. जनार्दन भट्ट : भारतीय संस्कृति।
4. डॉ. एस. एल. नागौरी : भारतीय संस्कृति।
5. प्रो. सुरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव : भारतीय समाज एवं संस्कृति।
6. अरविन्द : भारतीय संस्कृति के आधारभूत तत्व।
7. जी. सी. पाण्डेय : भारतीय परम्परा के मूल स्वर।
8. गोपीनाथ कविराज : भारतीय संस्कृति एवं साधना।

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# भारतीय परिदृष्य में हिन्दी भाषीय राष्ट्रीय विज्ञान पत्रिकाओं का अध्ययन

**डॉ. सावित्री परिहार* मनीष श्रीवास्तव****

* सह-आचार्य, रबीन्द्रनाथ टैगोर यूनिवर्सिटी, रायसेन (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी, रबीन्द्रनाथ टैगोर यूनिवर्सिटी, रायसेन (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** वैश्विक रूप से ज्ञान-विज्ञान परंपरा का इतिहास अति-प्राचीन है। लेखन परंपरा का इतिहास भी अतिप्राचीन है लेकिन आधुनिक युग में प्रकाशन क्षेत्र के अंतर्गत प्रिंटिंग प्रेस की आधुनिक प्रणाली का आविष्कार होने के बाद लेखन परंपरा का विकास भी तीव्रता से हुआ। इस कारण मुख्यत: पुस्तक, पत्र, पत्रिकाओं का प्रकाशन तेजी से हुआ। इस माध्यम से भारत में अन्य प्रकाशनों के साथ ही हिन्दी भाषीय विज्ञान पत्रिकाओं के प्रकाशनों की भी शुरुआत हुई। भारत में विज्ञान आधारित हिन्दी पत्रिकाओं के प्रकाशन के इतिहास की शुरुआत 20वीं सदी से ही हुई है। किन्तु एक सदी में ही हिन्दी पत्रिकाओं द्वारा भारत में विज्ञान जागरण का सर्वोत्तम कार्य किया गया। पत्रिकाओं का प्रकाशन निजी और सरकारी दोनों स्तर पर किया गया है। विद्यार्थियों तथा जन-सामान्य को इससे महत्वपूर्ण लाभ हुआ है।
**शब्द कुंजी –** भारत में ज्ञान-विज्ञान, विज्ञान पत्रिकाएं, सामाजिक प्रभाव।

**प्रस्तावना –** भारतीय इतिहास में ज्ञान-विज्ञान की श्रेष्ठ परंपरा रही है। पुरातत्वविदों, इतिहास के जानकारों तथा अन्य विशेषज्ञों द्वारा समय-समय पर की गई खोज तथा प्राप्त संदर्भों से यह ज्ञात किया जाता रहा है कि भारतीय ज्ञान-विज्ञान की परंपरा के साक्ष्य ईसा से लगभग 3000 साल या उससे भी पहले के प्राप्त होते हैं। ज्ञान के स्तर पर अध्यात्म, योग, दर्शन, विज्ञान तथा अन्य सभी क्षेत्रों में भारतीय ऋषियों ने अद्‌भुत ज्ञान का प्रवाह किया है। आज ईसा के 2000 साल बाद भी हम उसी पुरातन ज्ञान-विज्ञान पर गर्व महसूस करते हैं और आवश्यक होने पर मार्गदर्शन प्राप्त करते हैं। मूल रूप से विज्ञान के क्षेत्र में भारतीय ज्ञानियों द्वारा दिये गये अवदान को वैष्विक स्तर पर नकारा नहीं जा सकता है। हमारी प्राचीन परंपरा के अंतर्गत विज्ञान के विविध क्षेत्रों में जैसे भूगोल, स्वास्थ्य, गणित, रसायन तथा अन्य के अंतर्गत चरक, सुश्रुत, आर्यभट्ट, बौधायन, याज्ञवल्क्य, पाणिनी, पिंगल, कात्यायन सरीखे श्रेष्ठ ऋषियों का नाम अग्रज पंक्ति में आता है।

आधुनिक काल में प्रिंटिंग क्षेत्र में हुई अत्याधुनिक प्रगति के बाद जैसे ही लेखन परंपरा का क्षेत्र वैश्विक हो गया वैसे ही भारतीय ज्ञानियों द्वारा लिखे गये पुरातन ग्रंथों, संदर्भों का उल्लेख भी बड़े पैमाने पर होने लगा और भारतीय मनीषियों की महत्वपूर्ण विषयों जैसे – रसायन, भौतिकी, गणित, ज्योर्तिविज्ञान, वनस्पति विज्ञान, प्राणि विज्ञान, आयुर्विज्ञान, कृषि, वानिकी, कम्प्यूटर, अंतरिक्ष, पर्यावरण, प्रदूषण, पारिस्थितिकी आदि में की गई उपलब्धि महत्वपूर्ण किताबों तथा पत्र-पत्रिकाओं के माध्यम से वैश्विक स्तर पर उजागर होने लगी। विगत दो सदी में भारत में विज्ञान संबंधी विषयों पर लेखन का कार्य इतने वृहद स्तर पर किया गया है कि विज्ञान लेखन के अंतर्गत कई विशिष्ट शैलियों का विकास विज्ञान लेखकों द्वारा किया जा चुका है और पुस्तकों तथा पत्रिकाओं के जरिये पाठकों तक पहुंचाया जा चुका है। विज्ञान लेखन के विविध प्रकार निम्न हैं –

1. विज्ञान लेख
2. विज्ञान कथा
3. विज्ञान नाटक
4. विज्ञान कविता
5. वैज्ञानिक जीवनी
6. वैज्ञानिक साक्षात्कार
7. बाल विज्ञान लेखन
8. विज्ञान शोध पत्र
9. विज्ञान अनुवाद
10. विज्ञान कोष
11. वैज्ञानिक परिभाषिक शब्दावली कोष
12. विज्ञान पुस्तक लेखन
13. विज्ञान पुस्तक समीक्षा

**पत्रिकाओं में वैज्ञानिक जागृति का आरंभ –** भारतीय इतिहास में पत्रिकाओं के प्रकाशन के आरंभिक काल में 19वीं सदी का समय मूल रूप से साहित्य, सूचना और शिक्षा पर अत्यधिक आधारित रहा। विज्ञान को भी प्राथमिक स्तर पर साहित्यिक मनीषियों, पत्रिकाओं ने बल या आधार देने का कार्य किया। भारतीय संदर्भ में विज्ञान जागृति की अलख जगाने की शुरुआत सर्वप्रथम साहित्यिक पत्रिकाओं से हुई। साहित्यिक पत्रिकाओं ने जनमानस में विज्ञान जागरण के प्रति महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वाह किया। बांग्ला भाषा विज्ञान जागरण की पहली आधार स्तंभ बनी। सन् 1818, अप्रैल में श्रीरामपुर जिला हुगली (पश्चिम बंगाल) के बेपटिस्ट मिशनरियों ने बांग्ला और अंग्रेजी में मासिक दिग्दर्शन पत्रिका प्रकाशन का कार्य आरंभ किया। इस मासिक पत्रिका के संपादक थे क्लार्क मार्शमैन (1793-1877)। कालांतर में दिग्दर्शन पत्रिका ने ही अनूदित हिन्दी भाषा में विज्ञान लेखों का प्रकाशन कर नये भविष्य की नींव रखने का कार्य किया। तत्कालीन समय में दिग्दर्शन पत्रिका का हिन्दी भाषा में अनुवाद प्रकाशित किया गया। पत्रिका

के हिन्दी में अनूदित अंक में दो वैज्ञानिक लेख प्रकाशित किये गये। जिनके शीर्षक थे – 1. अमेरिका की खोज 2. बैलून द्वारा आकाश यात्रा के बारे में आदि। इस तरह भारतीय समाज में विज्ञान को स्थायित्व प्रदान करने की दृष्टि से पहला कदम उठाया गया।[1]

भारतीय परिदृष्य में पत्रिका प्रकाशन के अंतर्गत हिन्दी भाषा में विज्ञान संचार यात्रा की शुरुआत 15 जनवरी सन् 1878, बनारस से द्विभाषी पत्रिका काशी के नाम से हुई। हिन्दी और उर्दू में यह पत्रिका 32 पृष्ठों में प्रकाशित हुई। इसका वार्षिक मूल्य 6 रुपये 12 आने था। बालेश्वर प्रसाद के संपादन और रामानंद के प्रबंधन में पत्रिका ने अपने प्रकाशन की शुरुआत की।चन्द्रप्रभा प्रेस से हर शुक्रवार को यह पत्रिका प्रकाशित होती थी जिसके मुख्य पृष्ठ पर लिखा होता था – 'ए वीकली एजुकेषनल जर्नल आफ साइंस, लिटरेचर एण्ड न्यूज इन हिन्दुस्तानी'। [2]

**भारतीय पृष्ठभूमि में विज्ञान पत्रिकाओं का आरंभ एवं विकास –**विज्ञान विषयों पर पत्रिकाओं के प्रकाशन की शुरुआत संबंधी तथ्यों की खोज करने पर यह ज्ञात होता है कि विज्ञान पत्रिकाओं में सर्वप्रथम विज्ञान के किसी एक विषय को ही आधार बनाते हुए पत्रिका का प्रकाशन आरंभ हुआ। इसके बाद 20वीं सदी के दूसरे दशक से 'विज्ञान' पत्रिका के आरंभ से संपूर्ण विज्ञान विषयों को समाहित कर एक श्रेष्ठ पत्रिका का प्रकाशन हुआ। भारतीय विज्ञान इतिहास के ज्ञात संदर्भों का अध्ययन करने पर ज्ञात होता है कि चिकित्सा पहला मुख्य विषय रहा जिस पर किसी विज्ञान पत्रिका का प्रकाशन हुआ। डॉ. सूर्य प्रसाद दीक्षित के अनुसार चिकित्सा विषय की पहली पत्रिका 1842 में 'चिकित्सा सोपान' नाम से श्रीराम शास्त्री के संपादन में प्रकाशित हुई। इसके बाद सन् 1881 में प्रयाग से 'आरोग्य दर्पण' नाम से चिकित्सा संबंधी विषयों को लेकर एक और पत्रिका प्रकाशित हुई। चिकित्सा के बाद कृषि मुख्य विषय रहा जिस पर पत्रिका प्रकाशन हुआ। डॉ. सूर्य प्रसाद दीक्षित के अनुसार कृषि की पहली पत्रिका 1911 में 'किसान मित्र' नाम से पटना से रामवृक्ष बेनीपुरी द्वारा हिन्दी भाषा में प्रकाशित की गई। [3]

विज्ञान के विविध विषयों में से चिकित्सा और कृषि को लेकर विज्ञान पत्रिकाओं की शुरुआत पहले हुई। लेकिन विज्ञान के और भी विविध विषय थे जो अभी तक अछूते रह रहे थे। विज्ञान के सभी विषयों को समावेशित कर उन पर लेख, समाचार और जानकारी प्रकाशित करने का कार्य विशुद्ध रूप से विज्ञान पत्रिका होने का श्रेय 'विज्ञान' नामक पत्रिका को प्राप्त है। 1913 में भारत में प्रयागराज में विज्ञान परिषद की स्थापना की गई। विज्ञान परिषद द्वारा सबसे महत्वपूर्ण कार्य यह किया गया कि सन् 1915 से विज्ञान के सभी विषयों की जानकारी प्रकट करने के लिये 'विज्ञान' नामक पत्रिका का प्रकाशन आरंभ किया गया। यह देश की पहली पत्रिका बनी जिसने हिन्दी में विशुद्ध वैज्ञानिक विषयों को समाविष्ट किया। [4]

विज्ञान पत्रिका के बाद सबसे महत्वपूर्ण पत्रिका के रूप में 'प्राणिशास्त्र' नामक पत्रिका का नाम आता है, जिसका प्रकाशन प्रसिद्ध विद्वान देवी शंकर मिश्र द्वारा किया गया। 1948 में देवीशंकर द्वारा भारतीय प्राणिशास्त्र परिषद की स्थापना की गई और इसी परिषद के अंतर्गत 1948 में प्राणिशास्त्र नाम से पत्रिका प्रकाशन आरंभ किया। प्राणिविज्ञान पर प्रकाशित होने वाली देश की यह प्रथम पत्रिका है।[5]

भारत सरकार द्वारा भी आजादी के बाद विज्ञान प्रसार को बढ़ावा देने का कार्य आरंभ किया गया। इसके लिये सन् 1952 से विज्ञान प्रगति पत्रिका का प्रकाशन भारत सरकार की वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद द्वारा आरंभ किया गया।पत्रिका अपने उत्कृष्ट प्रकाशन तथा पाठयसामग्री के लिये सन् 2022 में राष्ट्रीय राजभाषा कीर्ति सम्मान से भी सम्मानित हो चुकी है। पत्रिका को इसकी वेबसाइट https://nopr.niscpr.res.in/handle/123456789/10290 पर पढ़ा जा सकता है। [6]

विज्ञान संसार की एक और महत्वपूर्ण पत्रिका का प्रकाशन 1961 में इंडियन प्रेस, प्रयाग द्वारा 'विज्ञान जगत' नामक से हुआ। यह एक सचित्र मासिक पत्रिका थी, जिसके संपादक आर. डी. विद्यार्थी थे।[7]

सन् 1969 से भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र मुंबई द्वारा वैज्ञानिक विषयों पर 'वैज्ञानिक' नामक त्रैमासिक पत्रिका का प्रकाशन किया जा रहा है।पत्रिका के शुरुआती अंकों का संपादन ब्रजमोहन पांडे, डॉ. प्रताप कुमार माथुर, उमेश चंद्र मिश्र तथा माधव सक्सेना द्वारा किया गया। इस पत्रिका के अंकों को इसकी वेबसाइट https://barc.gov.in/hindi/publication/index_sc.html पर पढ़ा जा सकता है। [8]

भारत सरकार के सरकारी उपक्रम द्वारा एक और राष्ट्रीय पत्रिका आविष्कार का प्रकाशन सन् 1971 से नेशनल रिसर्च डेवलेपमेंट कॉर्पोरेशन, नई दिल्ली द्वारा किया जा रहा है। इस पत्रिका को वेबसाइट http://nrdcindia.com/Pages/About%20Awishkarपर पढ़ा जा सकता है।[9]

हिन्दी भाषीय इन विज्ञान पत्रिकाओं के प्रकाशन इतिहास के क्रम में उपरोक्त पत्रिकाओं के अतिरिक्त सन् 2018 तक जो अतिमहत्वपूर्ण पत्रिकायें प्रकाशित की गईं। उनकी जानकारी इस प्रकार है –

**भारत में प्रकाशित हिन्दी भाषीय विज्ञान पत्रिकाओं की सूची** 10

| क्र. | पत्रिका | प्रकाशन | प्रकाशन वर्ष |
|---|---|---|---|
| 1 | विज्ञान | मासिक | 1915 |
| 2 | धनवन्तरी | मासिक | 1924 |
| 3 | बालक | मासिक | 1926 |
| 4 | मैसूर | मासिक | 1942 |
| 5 | कृषक जगत | मासिक | 1945 |
| 6 | सचित्रा आयुर्वेद | मासिक | 1948 |
| 7 | होम्योपैथी संदेश | मासिक | 1948 |
| 8 | किसानी समाचार | मासिक | 1948 |
| 9 | प्राकृतिक जीवन | मासिक | 1948 |
| 10 | बाल भारती | मासिक | 1948 |
| 11 | खेती | मासिक | 1949 |
| 12 | प्राणिशास्त्र | मासिक | 1950 |
| 13 | स्वास्थ्य और जीवन | मासिक | 1950 |
| 14 | कृषि और पशुपालन | मासिक | 1952 |
| 15 | उन्नत कृषि | मासिक | 1952 |
| 16 | गौ संवर्धन | मासिक | 1952 |
| 17 | विज्ञान प्रगति | मासिक | 1958 |
| 18 | विज्ञान परिषद् अनुसंधान पत्रिका | त्रैमासिक | 1960 |
| 19 | आयुर्वेद महासम्मेलन पत्रिका | मासिक | 1960 |
| 20 | साइंस टुडे | मासिक | 1960 |
| 21 | लोक विज्ञान | मासिक | 1960 |
| 22 | विज्ञान जगत | मासिक | 1961 |
| 23 | विज्ञान लोक | मासिक | 1961 |
| 24 | नंदन | मासिक | 1964 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 25 | वैज्ञानिक बालक | मासिक | 1964 |
| 26 | वैज्ञानिक | त्रैमासिक | 1968 |
| 27 | कृषि चयनिका | त्रैमासिक | 1969 |
| 28 | आविष्कार | मासिक | 1971 |
| 29 | भारतीय चिकित्सा संपदा | मासिक | 1975 |
| 30 | विज्ञान डाइजेस्ट | मासिक | 1975 |
| 31 | विज्ञान भारती | द्वैमासिक | 1978 |
| 32 | निरोगधाम | मासिक | 1979 |
| 33 | फल-फूल | द्वैमासिक | 1979 |
| 34 | विज्ञान परिचय | मासिक | 1979 |
| 35 | ज्ञान-विज्ञान | मासिक | 1979 |
| 36 | होशंगाबाद विज्ञान | मासिक | 1980 |
| 37 | आयुर्वेदिक विज्ञान औषधि अनुसंधान | मासिक | 1980 |
| 38 | ग्राम शिल्प | त्रैमासिक | 1981 |
| 39 | विज्ञानपुरी | त्रैमासिक | 1981 |
| 40 | विज्ञानदूत | मासिक | 1982 |
| 41 | पर्यावरण | अर्धवार्षिक | 1983 |
| 42 | विज्ञान प्रवाह | मासिक | 1983 |
| 43 | चकमक | मासिक | 1985 |
| 44 | ब्रिटिश वैज्ञानिक एवं आर्थिक समीक्षा | त्रैमासिक | 1985 |
| 45 | विज्ञान गरिमा सिंधु | त्रैमासिक | 1986 |
| 46 | आई.सी.एम.आर. | मासिक | 1986 |
| 47 | साइफन | मासिक | 1986 |
| 48 | विज्ञान विथिका | मासिक | 1986 |
| 49 | विज्ञान बन्धु | साप्ताहिक | 1987 |
| 50 | जिज्ञासा | अर्धवार्षिक | 1987 |
| 51 | पर्यावरण डाइजेस्ट | मासिक | 1987 |
| 52 | स्पेस इंडिया | त्रैमासिक | 1987 |
| 53 | इलेक्ट्रानिकी आपके लिए | मासिक | 1988 |
| 54 | विज्ञान गंगा | त्रैमासिक | 1988 |
| 55 | स्रोत | मासिक | 1989 |
| 56 | पर्यावरण | मासिक | 1990 |
| 57 | भारतीय वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान | अर्धवार्षिक | 1993 |
| 58 | बालवाटिका | मासिक | 1995 |
| 59 | प्रसार दूत | अर्धवार्षिक | 1996 |
| 60 | ड्रीम 2047 | मासिक | 1998 |
| 61 | पर्यावरण ऊर्जा टाइम्स | मासिक | 1998 |
| 62 | विज्ञान आपके लिए | मासिक | 1998 |
| 63 | विज्ञान आलोक | त्रैमासिक | 1998 |
| 64 | नवसंचेतना (राजभाषा पत्रिका) | अर्धवार्षिक | 1998 |
| 65 | ज्ञान गारिमा सिंधु | त्रैमासिक | 2000 |
| 66 | तरंग | वार्षिक | 2000 |
| 67 | विज्ञान कथा | त्रैमासिक | 2001 |
| 68 | ऊर्जायन | वार्षिक | 2001 |
| 69 | विपनेट | मासिक | 2002 |
| 70 | विज्ञान प्रकाश | त्रैमासिक | 2002 |
| 71 | स्पैन | मासिक | 2003 |
| 72 | बच्चों का इंद्रधनुष | मासिक | 2004 |
| 73 | ज्ञान विज्ञान बुलेटिन | मासिक | 2004 |
| 74 | बच्चों का इंद्रधनुष | मासिक | 2004 |
| 75 | बाल प्रहरी | मासिक | 2004 |
| 76 | साइंस टाइम्स न्यूज एवं व्यूज | मासिक | 2005 |
| 77 | मुक्त शिक्षा | अर्धवार्षिक | 2005 |
| 78 | साइंस इंडिया | मासिक | 2005 |
| 79 | गर्भनाल | वार्षिक | 2006 |
| 80 | कृषि प्रसंस्करण दर्पण | अर्धवार्षिक | 2006 |
| 81 | अक्षय ऊर्जा | द्वैमासिक | 2006 |
| 82 | पैदावार मासिक कृषि | मासिक | 2007 |
| 83 | विज्ञान गंगा | वार्षिक | 2007 |
| 84 | साइंटिफिक वर्ल्ड | मासिक | 2007 |
| 85 | हरबोला | मासिक | 2007 |
| 86 | विज्ञान परिचर्चा | त्रैमासिक | 2009 |
| 87 | दुधवा लाइव | मासिक | 2010 |
| 88 | सर्प संसार | मासिक | 2010 |
| 89 | हरियाणा साइंस बुलेटिन | मासिक | 2010 |
| 90 | हमारा भूमंडल | मासिक | 2010 |
| 91 | जल चेतना | त्रैमासिक | 2011 |
| 92 | भूगोल और आप | द्वैमासिक | 2011 |
| 93 | भारतीय मसाला फसल अनुसंधान संस्थान | वार्षिक | 2012 |
| 94 | कृषि का शोध | वार्षिक | 2012 |
| 95 | जिज्ञासा | वार्षिक | 2012 |
| 96 | अनुसंधान शोध | वार्षिक | 2013 |
| 97 | किसान खेती | त्रैमासिक | 2014 |
| 98 | विपनेट क्यूरीसिटी | मासिक | 2016 |
| 99 | डाउन टू अर्थ | मासिक | 2016 |
| 100 | टेक्निकल टुडे | त्रैमासिक | 2016 |
| 101 | बालवाणी | द्वैमासिक | 2016 |
| 102 | आई वंडर | अर्धवार्षिक | 2017 |
| 103 | प्रौद्योगिकी विशेष | द्वैमासिक | 2018 |
| 104 | कृषि मंजूषा | अर्धवार्षिक | 2018 |

**विज्ञान पत्रिकाओं का सामाजिक प्रभाव -** भारतीय समाज में साक्षरता के स्तर को बढ़ाने तथा जन-जागृति उत्पन्न करने में पत्र-पत्रिकाओं की विशेष भूमिका रही है। इस दृष्टिकोण से भारतीय परिदृष्य में प्रकाशित हुई हिन्दी की विज्ञान पत्रिकाओं ने भी महत्वपूर्ण कार्य किया है। सन् 1915 में वैज्ञानिक विषयों की प्रथम पत्रिका विज्ञान के प्रकाशन के साथ ही स्वास्थ्य, कृषि, पर्यावरण, अभियांत्रिकी, प्राणीशास्त्र सहित विज्ञान के विविध विषयों पर पत्रिकाओं के प्रकाशन की शुरुआत हुई साथ ही सन् 1915 से लेकर विगत 100 वर्षों के इतिहास में कई हिन्दी भाषीय विज्ञान लेखकों का सृजन

भी हुआ। पत्रिकाओं ने जनमानस और विद्यार्थियों में तार्किक वैज्ञानिक सोच विकसित करने का कार्य किया।

**निष्कर्ष –** इस शोधपत्र में दर्शाए गये तथ्यों से यह ज्ञात होता है भारत में हिन्दी भाषा में विज्ञान लेखन ने पत्रिकाओं के माध्यम से 100 से भी ज्यादा वर्षों की यात्रा तय कर ली है। प्राथमिक रूप से स्वास्थ्य विज्ञान का वह विषय था जिसके अंतर्गत हिन्दी भाषा में प्रथम विज्ञान पत्रिका का प्रकाशन आरंभ हुआ लेकिन विविध वैज्ञानिक विषयों को समाविष्ट कर प्रकाशित की गई प्रथम पत्रिका 'विज्ञान' नामक हुई जिसका प्रकाशन इलाहाबाद (वर्तमान नाम प्रयागराज) से हुआ। हिन्दी भाषीय विज्ञान पत्रिकाओं के प्रकाशन के साथ ही भारतीय सामाजिक परिदृष्य में जो परिवर्तन आया वह इस प्रकार है–

1. नवागत विज्ञान लेखकों का सृजन हुआ।
2. हिन्दी विज्ञान लेखन हिन्दी साहित्य की नई विधा के रूप में स्थापित हुआ।
3. महिलाओं को भी विज्ञान लेखन के प्रति आकृष्ट करने का कार्य विज्ञान पत्रिकाओं ने किया।
4. विज्ञान विषयों पर प्रकाशित महत्वपूर्ण विषेषांकों ने विषय विशेष पर सामाजिक जागरूकता उत्पन्न की।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. डॉ. मनोज पटैरिया, विज्ञान पत्रकारिता, वाणी प्रकाशन 2007, पृ. 29–34
2. डॉ. शिव गोपाल मिश्र, हिन्दी में विज्ञान लेखन (भूत वर्तमान एवं भविष्य), आईसेक्ट विश्व विद्यालय भोपाल, 2015, पृ. 90
3. डॉ. शिव गोपाल मिश्र, हिन्दी में विज्ञान लेखन (भूत वर्तमान एवं भविष्य), आईसेक्ट विश्वविद्यालय भोपाल, 2015, पृ. 90–100
4. डॉ. शिव गोपाल मिश्र, हिन्दी में विज्ञान लेखन (भूत वर्तमान एवं भविष्य), आईसेक्ट विश्वविद्यालय भोपाल, 2015, पृ. 90–100
5. डॉ. शिव गोपाल मिश्र, हिन्दी में विज्ञान लेखन (भूत वर्तमान एवं भविष्य), आईसेक्ट विश्वविद्यालय भोपाल, 2015, पृ. 90–100
6. https://nopr.niscpr.res.in/handle/123456789/10290
7. डॉ. शिव गोपाल मिश्र, हिन्दी में विज्ञान लेखन (भूत वर्तमान एवं भविष्य), आईसेक्ट विश्वविद्यालय भोपाल, 2015, पृ. 90–100
8. https://barc.gov.in/hindi/publication/index_sc.html
9. http://nrdcindia.com/Pages/About%20Awishkar
10. नवनीत कुमार गुप्ता/महेश (गाजियाबाद, उप्र), शोध पत्र : हिन्दी भाषा में लोकप्रिय विज्ञान पत्रिकाएं : एक मूल्यांकन

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# भारत में पर्यटन उद्योग से आर्थिक विकास : एक अध्ययन

**डॉ. राम सिंह धुर्वे***

* सहायक प्राध्यापक (भूगोल) शासकीय स्नातक महाविद्यालय, नैनपुर, जिला मण्डला (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** अनेक महत्वपूर्ण स्थल देखने तथा मन बहलाव के लिए अधिक विस्तृत भू–भाग में किया जाने वाला भ्रमण पर्यटन कहलाता है। पर्यटन ही एक ऐसा उद्योग है जिससे प्रत्येक राष्ट्र की धार्मिक, ऐतिहासिक, साँस्कृतिक और सामाजिक विकास की क्रियाएँ आबद्ध हैं। पर्यटन का निरंतर विकास करके आधारभूत संरचना का विकास संभव हो सकता है। पर्यटन के माध्यम से राष्ट्रीय कोष में दुर्लभ विदेशी मुद्रा की प्राप्ति होती है, साथ ही रोजगार के नये अवसर भी सृजित होते हैं। पर्यटन गरीबी दूर करने और मानव विकास के एक महत्वपूर्ण साधन के रूप में उभरा है। रोजगार के साधन जुटाने में इसका योगदान बहुत ज्यादा है। पर्यटन से राष्ट्रीय एकता और अंतर्राष्ट्रीय सद्‌भाव को बढ़ावा मिलता है तथा हस्तशिल्प और साँस्कृतिक गतिविधियों को भी प्रोत्साहन मिलता है।

देश के पर्यटन एवं सेवा क्षेत्र को बढ़ावा देकर अर्थव्यवस्था का समावेशी विकास किया जा सकता है। पर्यटन और सेवा क्षेत्र में रोजगार और अर्थव्यवस्था की प्रगति की प्रचुर संभावनाएँ हैं, इस समय पर्यटन क्षेत्र में विनिर्माण क्षेत्र की तुलना में तीन गुणा अधिक रोजगार उपलब्ध है। पर्यटन उद्योग में पिछले वर्षो में लगभग पाँच प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है जबकि विनिर्माण क्षेत्र में तीन फीसदी से भी कम की वृद्धि हुई है। प्रत्येक मनुष्य की प्राकृतिक इच्छा, एक दूसरे की संस्कृति और मूल्यों को समझने के लिए तथा अन्य सामाजिक, धार्मिक और व्यवसायिक हितों की पूर्ति के लिए पर्यटन के मूल संरचना विकास हुआ है। यह देश के विभिन्न प्रदेशों और देशों के बीच व्यापार और वाणिज्य को सुगम बनाया है इसी कारण यह सेवा उद्योग का उभरा है।

**अध्ययन के उद्देश्य –** भूगोलवेत्ताओं का कार्य प्रकृति एवं मानव के बीच सम्बन्धों का अध्ययन करना तथा मानवीय उन्नति हेतु स्थानिक संगठन को समझना है। समकालीन भूगोल का लक्ष्य और उद्देश्य नैसर्गिक संसाधनों एवं साँस्कृतिक स्त्रोतों को मानव के कल्याणार्थ इस्तेमाल करना एवं इसके माध्यम से मानव मात्र की प्रगति और सुख–समृद्धि व मनोरंजन सम्बन्धी योजनाओं में हरसंभव अंशदान करना है। इस अध्ययन के मुख्य उद्देश्य निम्नानुसार हैं–

1. पर्यटन से देश के आर्थिक विकास पर कितना वृद्धि हुई, इसका आकलन करना।
2. देश के आर्थिक विकास पर पर्यटन की भूमिका का अध्ययन करना।
3. पर्यटन के माध्यम से सामाजिक, साँस्कृतिक एवं आर्थिक परिवर्तनों का अध्ययन करना।

**संकल्पनाएँ:**

1. पर्यटन का आर्थिक विकास में बहुत बड़ा योगदान है।
2. पर्यटन उद्योग से वैचारिक, सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक एवं लैंगिक मतभेद दूर होते हैं, तथा राष्ट्रीय एकता और अखण्डता को बल मिलता है।
3. पर्यटन, रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने में सहायक है।
4. पर्यटन से किसी देश की संस्कृति को दूसरे देश के पर्यटकों द्वारा आत्मसात करने की भावना प्रबल होती है।

**शोध प्रविधि –** अध्ययन में प्राथमिक एवं द्वितीयक आँकड़ों का समावेश किया गया है। द्वितीयक आँकड़ों का संकलन मध्यप्रदेश एवं भारत सरकार की विभिन्न प्रतिवेदन में प्रकाशित आँकड़े एवं संबंधित वेबसाइट्स से किये गये हैं।

**भारत में पर्यटन विकास–** माना जाता है कि यूरोपीय पर्यटन ने मध्ययुगीन तीर्थयात्रा को आरम्भ किया है। तीर्थयात्री प्रारंभिक रूप से धार्मिक कारणों से यात्रा पर जाते थे। 17 वीं सदी के दौरान इंग्लैंड में एक बड़ी यात्रा पर जाना फैशन बन गया। 18 वीं शताब्दी, बड़ी यात्रा के लिए स्वर्ण युग माना जाता है। प्राचीन एवं मध्यकाल में कई प्रसिद्ध भूगोलवेत्ताओं जैसे–यूनानी विद्वान अनेग्जीमेण्डर ने अनेक यात्राएँ करके सर्वप्रथम संसार का मानचित्र बनाया। इरेटॉस्थनीज ने पृथ्वी की परिधि नापने के लिए मिस्त्र के आस्वान क्षेत्र में साइने नामक स्थान को अपना प्रयोग स्थल बनाया जो आज भी पर्यटकों के लिए आकर्षण का केन्द्र है। क्लॉडियस टॉलमी ने अनेक ग्रंथों एवं मानचित्रों की रचना की। अरबी विद्वान अल–इदरीसी ने केवल पर्यटन के उद्देश्य से ही एक ग्रंथ लिखा। अलबरूनी, अलमसूदी, इब्नबतूता आदि ने भी अनेक यात्राएँ करके क्षेत्रीय भूगोल के अंतर्गत पर्यटन को बढ़ावा दिया। भारत में ज्ञान के विस्तार के लिए अनेक यात्राएँ की जाती थीं। सन्यासी को किसी स्थान विशेष से मोह न हो इसलिए स्वामी विवेकानंद की प्रसिद्ध भारत यात्राएँ की थी। बौद्ध धर्म के आगमन पर गौतम बुद्ध के संदेश को अन्य देशों में पहुँचाने के लिए सम्राट अशोक ने अपने पुत्र महेन्द्र और पुत्री संघमित्रा को श्रीलंका भेजा था। ज्ञान के विस्तार और सामूहिक विकास के लिए तीर्थ यात्राओं की व्यवस्था भी प्राचीन भूपर्यटन का ही एक रूप था।

इस प्रकार मानव की नित नए और ज्ञात–अज्ञात स्थानों का भ्रमण करने, देखने और उसकी सराहना करने की तीव्र इच्छा ने ही आधुनिक पर्यटन उद्योग को जन्म दिया। भारत में विभिन्न प्रकार की स्थलाकृतियाँ, जलवायु और प्राकृतिक सौन्दर्य से सम्पन्न पर्यटन स्थल हैं। सांस्कृतिक

पर्यटन स्थलों में महल, मन्दिर, मस्जिद, गुफाएँ आदि प्रसिद्ध हैं। इसके अतिरिक्त समुद्री पुलिन, रेतीले टीले, दक्षिण भारत के सदाबहार वर्षा वन आदि अनेक आकर्षक पर्यटन स्थल हैं। हमारे देश में पर्यटन मंत्रालय के विकास और संवर्द्धन हेतु राष्ट्रीय नीतियों और कार्यक्रमों के प्रतिपादन के लिए नोडल ऐजेंसी का कार्य करता है। भारत पर्यटन विकास निगम, पर्यटन मंत्रालय के नियंत्रणाधीन एक मात्र सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है। इसकी स्थापना 1 अक्टूबर 1966 को हुई थी। इसने देश में पर्यटन की आधारिक संरचना के विकास में अह्म भूमिका निभाई है।

**पर्यटन का महत्व–** पर्यटन का महत्व उस समय सामने आया जब यूनाइटेड नेशन ने आम सभा में 1967 को अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन वर्ष घोषित किया। बहुउद्देशीय मनीला घोषणा से इस विचार को बढ़ावा मिला है कि पर्यटन एक ऐसी ऐच्छिक मानवीय गतिविधि है जो देश के विकास के लिए जरूरी है क्योंकि इसका प्रत्यक्ष प्रभाव समाज के भौतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, शैक्षणिक तथा आर्थिक व्यवस्था पर पड़ता है। यह एक महत्वपूर्ण सेवा उन्मुखी क्षेत्र है जो सकल राजस्व और विदेशी मुद्रा की अर्जन की दृष्टि से वैश्विक रूप से त्वरित विकास किया है। पर्यटन उद्योग अधिक रोजगार का सृजन करने के लिए प्रोत्साहन करने के साथ मूल संरचना सुविधाएँ जैसे सड़क, दूरसंचार और चिकित्सा सेवाओं का अर्थव्यवस्था में विकास करता है। पर्यटन का महत्व और पर्यटन की लोकप्रियता को देखते हुए ही संयुक्त राष्ट्र संघ ने 1980 से 27 सितम्बर को विश्व पर्यटन दिवस के तौर पर मनाने का निर्णय लिया। विश्व पर्यटन दिवस के लिए 27 सितम्बर का दिन चुना गया क्योंकि इसी दिन 1970 में विश्व पर्यटन संगठन का संविधान स्वीकार किया गया था।

भारतीय प्राच्य ग्रंथों में स्पस्ट रूप से मानव विकास, सुख और शांति की संतुष्टि व ज्ञान के लिए पर्यटन को अति आवश्यक माना गया है। हमारे देश में ऋषि मुनियों ने भी पर्यटन को प्रथम महत्व दिया है। प्राचीन गुरूओं ने भी यह कहा कि 'बिना पर्यटन मानव अन्धकार प्रेमी होकर रह जायेगा।' पाश्चात्य विद्धान संत आगस्टिन ने तो यहाँ तक कह दिया कि 'बिना विश्व दर्शन ज्ञान ही अधूरा है।' जब भारत के संदर्भ में पर्यटन की बात करते हैं तो जर्मन विद्धान मैक्समूलर की एक उक्ति है कि 'अगर मुझसे पूछा जाए कि इस आसमान के नीचे मानव ने कहाँ पर अपने खूबसूरत उपहार को सँवारा है तो मैं भारत की ओर इशारा करूँगा।' यही है भारत की वैभवपूर्ण विरासत। पुराणों में भी कहा गया है कि 'यदि हास्ति तदन्यत्र! यन्नेहास्ति न कुत्रहास्ति न कुत्रचित्।' अर्थात जो यहाँ भारत में नहीं है, वह कहीं भी नहीं है।

मनुष्य को सुखद जीवन व्यतीत करने के लिए संसार में जड़ व चेतन की संगति करना अपरिहार्य है। मनुष्य का जन्म ही संगति का परिणाम है। इन सबसे व्यक्तित्व के निर्माण में लाभ होता है। यात्रा या पर्यटन का आरम्भ सृष्टि के आरम्भ से ही हो गया था। देश की एकता व अखण्डता के लिये भी धार्मिक पर्यटन सहायक रहा है। देश के सभी स्थानों में लोग एक–दूसरे के संपर्क में आते हैं। जिससे प्रेम व सहयोग की भावना उत्पन्न होती है जिससे राष्ट्रीय एकता हो बल मिलता है। अत: यात्रा बहु–प्रयोजनीय सिद्ध होती है। आजकल इन यात्राओं का एक पहलू और सामने आया है और वह है पर्यटन स्थल का आर्थिक व सामाजिक विकास। देश में पर्यटन से होटल, वाहन व यात्रा के साधनों व इनसे जुड़ अनेक छोटे–बड़े उद्योगों को बढ़ावा मिलता है और वहाँ का आर्थिक विकास होता है। सरकारें भी तीर्थ स्थलों व पर्यटन स्थलों के विकास के लिए सावधान हैं जिससे देश व समाज को अनेक लाभ हो रहे हैं।

**पर्यटन के आयाम–** भारत में पर्यटन के विविध आयाम हैं जिसमें प्रमुख रूप से प्राकृतिक, साहसिक, रोमांचकारी, धार्मिक और चिकित्सीय पर्यटन। इनके अतिरिक्त साँस्कृतिक, ऐतिहासिक तथा धरोहर, ग्रामीण, शैक्षिक, मनोरंजन, स्वास्थ्य एवं उपचार, समुद्री, पर्वतीय, पारिस्थिकीय, निर्माणात्मक, अंतरिक्ष एवं काला पर्यटन हैं। देश में काश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक अनेक ऐसे पर्यटन स्थल हैं जिनकी सौन्दर्यता का वर्णन शब्दों में बयाँ नहीं किया जा सकता है, इसीलिए पर्यटक इन स्थलों की ओर बरबस आकर्षित होते रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ ने 1994 में पर्यटन के आँकड़ों के अनुसार इसे तीन रूपों में वर्गीकृत किया–घरेलू पर्यटन, जिसमें किसी देश के निवासियों की केवल उनके देश के अन्दर यात्रा शामिल है। इनबाउंड पर्यटन, जिसमें गैर निवासियों की किसी देश की यात्रा शामिल है और आउटबाऊंड पर्यटन जिसमें निवासियों की दूसरे देश की यात्रा शामिल है। वर्तमान में पर्यटन उद्योग इनबाउंड पर्यटन से इंट्राबाऊंड पर्यटन की ओर स्थानांतरित हो गया है क्योंकि कई देश इनबाऊंड पर्यटन के लिए कठिन प्रतियोगिता का अनुभव कर रहे हैं। कुछ राष्ट्रीय नीति निर्माताओं ने स्थानीय अर्थव्यवस्था में योगदान करने के लिए इंट्राबाऊंड पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए संयुक्त राज्य में ''See America'' ''मलेशिया में ''Malaysia Truly Asia'' कनाडा में ''Get Going Canada'' फिलीपींस में ''Wow Pholippines'' सिंगापुर में ''Unoquely Singapuore'' न्यूज़ीलैण्ड में ''100% Pure New Zeeland'' और भारत में ''Incredible India'' आदि को प्राथमिकता दिया जाता है।

**पर्यटन की एक नई दिशा–** जैसे–जैसे बदलाव की प्रकिया तेज हो रही है आबादी बढ़ रही है संसाधनो पर भी दबाव बढ़ रहा है। वर्ष 2025 तक 1.8 अरब लोग पानी की किल्लत वाले इलाकों में रह रहे होंगे। इसके अलावा भारत और चीन के मध्यम वर्ग के विकास से वैश्विक पर्यटन के प्रवाह में नाटकीय बदलाव आयेंगे। जलवायु परिवर्तन इनमें महती भूमिका निभायेगा और इससे कहाँ और कैसे देशाटन के लिये जायेंगे। जैसे अनेक सवाल भी उठेंगे लेकिन यही वह प्रकिया है जो पर्यटन उद्योग को नई दिशा देगी।

केपीएमजी ने पिछले दिनों प्रकाशित एक रिपोर्ट में कहा कि जलवायु परिवर्तन का सबसे अधिक असर पर्यटन और परिवहन क्षेत्र पर पडेगा लेकिन इन क्षेत्रों की इससे लड़ने की तैयारी आधी अधूरी ही है। टूरिज्म 2023 रिपोर्ट में ऐसे मूल मुद्दों को रेखांकित किया गया है जो निम्नांकित हैं–

1. **सस्टेनेबल डेस्टीनेशन–** पर्यटन उद्योग को पर्यटक स्थलों में निवास करने वाले लोगों को इसके लाभों के बारे में तो जानकारी देनी ही होगी। साथ ही इससे होने वाली आर्थिक विकास पर निगाह भी रखनी होगी। इससे पर्यटन स्थल लम्बे समय तक अपने स्वरूप को ना सिर्फ बरकरार रख पायेंगे बल्कि ग्राहकों में इनकी पहचान भी बनी रहेगी। इसके लिये पर्यटन कारोबारियों को सरकार और समुदाय के साथ इन क्षेत्रों में काम करना होगा।
2. **लो कार्बन इनोवेशन–** पर्यटन उद्योग को ईको–फ्रेंडली और समुदाय की सांस्कृतिक व पारिस्थिक विरासत पर कम असर डालने वाले व्यवसाय के रूप में स्थापित करने के लिये हल तलाशने होंगे। इसके लिये इस उद्योग को नई–नई तकनीकों का ना सिर्फ परीक्षण करना होगा बल्कि उन्हें बडे पैमाने पर लागू भी करना होगा। कचरे में कमी और कुदरती संसाधनों पर कम से कम दबाव पड़े, इसके लिये ऊर्जा कुशलता के साथ गैर परम्परागत ऊर्जा स्त्रोतों का भी दोहन करने की आवश्यकता है।

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

3. **ग्राहक माँग**– इस प्रकार के पर्यटन के बाजार का विस्तार करने के विशाल अवसर मौजूद हैं लेकिन इसके लिये पर्यटकों में टिकाऊ पर्यटन की महत्ता के बारे में जाग्रति पैदा करनी होगी।

4. **बूम एवं ब्रस्ट**– इंग्लैंड की अर्थव्यवस्था में तेजी और खर्च करने लायक आय में इजाफा होने से पूरी दुनिया के पर्यटन उद्योग को काफी लाभ हुआ। इससे भ्रमण पर जाने का अंतराल कम तो हुआ ही है। नये-नये इलाके भी पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हुये। राजनीतिक स्थिरता और विश्व अर्थव्यवस्था में सुधार होने से एक ओर जहां कारोबार को लाभ हुआ, वहीं पर्यटकों की संख्या भी बढी। शैवाल से बायोफ्यूल बनाने जैसी तकनीकों में तेजी से हो रहे विकास पर्यटन क्षेत्र के काफी अहम् हैं। इससे पर्यावरण पर होने वाला असर भी कम हो गया है।

5. **डिवाइडेड डिस्काइट**– जलवायु परिवर्तन, दुर्लभ संसाधनों के लिये संघर्ष और सामाजिक विवादों के कारण अस्थिरता और डर का माहौल पैदा हुआ है। दुनिया भर के देशों में चल रहे सीमा विवाद और विश्वस्तर पर सामंजस्य की कमी के चलते पर्यटकों की आवागमन पर असर पड़ा है। इसके अलावा सुरक्षा जाँच व वीजा सम्बंधी परेशानियों के कारण पर्यटन रोमांच के बजाय दुरूह अहसास बन चुका है। इसके अलावा तेजी से विलुप्त हो रहे कुदरती नजारों जैसे पैटागोनिया के ग्लेशियर पार्क और आस्ट्रेलिया की विशालकाय मूँगे की चट्टानों को देखने वालों के लिये नया वर्ग तैयार हो रहा है।

6. **प्राइस एंड प्रीविलेज**– तेल के दामों में हुये इजाफे ने पर्यटन को महँगा सौदा बना दिया है। इससे पर्यटन पर तो असर पड़ा ही है, उड्डयन क्षेत्र का दायरा भी सिमट गया है। ऐसे में यूरोप के चारों ओर फैला हुआ रेल, बस ओर समुद्री जहाज का नेटवर्क पर्यटकों के लिये सस्ते और सुरक्षित विकल्प के रूप में सामने आया है। यूक्रेन ने अपने- आप को गेटवे टू द ईस्ट के रूप में पेश किया है।

7. **कार्बन पर लगाम**– इंग्लैंड की सरकार ने सभी घरों के कार्बन की एक मात्रा तय की है। यदि कोई परिवार इसमें कटौती करने में सक्षम होता है तो उसे कार्बन क्रेडिट की तरह कुछ अंक मिलते हैं जिन्हें बेचा जा सकता है। सरकार का मत है कि इससे जलवायु परिवर्तन को लेकर व्यक्तिगत सोच में बदलाव आयेंगे। लोग पर्यावरण संरक्षण की मुहिम में अब आगे आने लगे हैं और इसका उन्हें अहसास भी हो रहा है। सांस्कृतिक मान्यताओं में कोई बड़ा परिवर्तन नहीं हुआ है लेकिन उन्हें सरकारी नियमों और पहलों से मदद मिल रही है।

**पर्यटन से विदेशी मुद्रा आय (एफईई)**– आर्थिक विकास के एक साधन के तौर पर पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने हेतु वर्ष 1982 में भारत सरकार द्वारा एक विस्तृत पर्यटन नीति घोषित की गयी। 1986 में पर्यटन को एक उद्योग की मान्यता दी गयी। वर्ष 1991 को पर्यटन वर्ष एवं 1999-2000 को 'भारत यात्रा वर्ष' घोषित किया गया। सन् 2002 में 'अतुल्य भारत (इंक्रेडेबल इंडिया) अभियान' की शुरूआत की थी। भारत सरकार ने 2002 में नई राष्ट्रीय पर्यटन नीति घोषित की है, जिसमें देश को इस क्षेत्र में एक यग्लोबल ब्राण्ड बनाने की बात कही गयी थी। वर्तमान में पर्यटन एक रोजगार का साधन बन चुका है। भारत की अर्थव्यवस्था में 17.3 फीसदी हिस्सेदारी पर्यटन उद्योग की है। भारत में यह सेवा उद्योग का रूप ले चुका है, इसका योगदान देश के सकल घरेलू उत्पाद में 6.23 प्रतिशत है एवं कुल रोजगार में 8.78 प्रतिशत है। भारत में हर वर्ष 50 लाख से अधिक विदेशी पर्यटक आते हैं तथा 50 लाख से अधिक घरेलू पर्यटक भी पर्यटन करते हैं। पर्यटन भारतीय अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है और यह देश की विदेशी आय में पर्याप्त योगदान देता हैं।

**भारत में पर्यटन से विदेशी मुद्रा आय: 2011 से 2022 तक**

| वर्ष | करोड़ रूपये में | अमेरिकी डॉलर में | पिछले वर्ष की तुलना में प्रतिशत बदलाव | |
|---|---|---|---|---|
| | | | करोड़ रूपये में | मिलियन अमेरिकी डॉलर में |
| 2011 | 83037 | 17707 | 25.49 | 22.2 |
| 2012 | 95606 | 17972 | 15.14 | 1.5 |
| 2013 | 107563 | 18396 | 12.51 | 2.36 |
| 2014 | 120366 | 19699 | 11.90 | 7.08 |
| 2015 | 134843 | 21012 | 12.03 | 6.67 |
| 2016 | 150750 | 22428 | 11.80 | 6.74 |
| 2017 | 178189 | 27365 | 18.20 | 22.01 |
| 2018 | 195312 | 28565 | 9.61 | 1.4 |
| 2019 | 216467 | 30721 | 10.83 | 7.54 |
| 2020 | 50136 | 6958 | -76.84 | -77.35 |
| 2021 | 65070 | 8797 | 29.79 | 26.43 |
| 2022 | 134543 | 16926 | 106.77 | 92.41 |




**स्रोत: भारत पर्यटन आँकड़े, भारत सरकार, पर्यटन मंत्रालय**

**चुनौतियाँ एवं सुझाव**– पर्यटन की बढ़ रही माँग हमारे प्राकृतिक एवं अन्य संसाधनों पर दबाव डाल रही है। देश में अवांछित घटनाओं के कारण पर्यटन विकास प्रभावित हो रहा है। सरकार द्वारा पर्यटन उद्योग के विकास के लिए मंत्रालयों तथा निगमों का गठन किया गया है। बजट राशि का बड़ा हिस्सा अधिकारियों के वेतन भत्तों और सुख सुविधाओं में खर्च हो जाता है। पर्यटन के नाम पर सेमीनारों में देश विदेश भ्रमण पर भारी भरकम खर्च हमेशा विवादों में रहता है। भारत में पर्यटकों पर होने वाले हमले तथा यौन उत्पीड़न की घटनाएँ प्रमुख चुनौतियाँ हैं। इसके अलावा आतंकी तथा नक्सली हमले के कारण देश में पर्यटकों की संख्या में कमी आई है। 2008 में मुंबई में हुए आतंकी हमले तथा धार्मिक एवं अन्य शहरों में हुए बम ब्लास्ट के कारण भारतीय पर्यटन उद्योग को लगभग दो अरब रूपयों का नुकसान उठाना पड़ा था। इसके अलावा कुछ भौगोलिक विनाशकारी घटनाओं जैसे ज्वालामुखी, भूकंप, सुनामी, भू-स्खलन एवं भूमण्डलीय तापन के कारण

पर्यटन उद्योग प्रभावित होता है।

देश में पर्यटन विकास के लिए बेहतर माहौल बनाने से यहाँ आने वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या में वृद्धि होगी। जितनी बड़ी संख्या में विदेशी पर्यटक भारत आयेंगे उतना अधिक खर्च करेंगे जिससे देश की अर्थव्यवस्था में विदेशी निवेश को बढ़ावा मिलेगा। इससे पर्यटन, यात्रा और सेवा क्षेत्र में रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे जिससे समाज के हर वर्ग को बेहतर अवसर मिलेंगे और अर्थव्यवस्था का समावेशी विकास होगा। यदि पर्यटन के पारिस्थितकीय स्वरूप से सतत् विकसित करने और समग्र पर्यावरण के अनुरक्षण पर ध्यान नहीं दिया जाता है तो अपूरणीय क्षति हो सकती है।

**निष्कर्ष**-पर्यटन को बढ़ाने की दिशा में किये जा रहे सुनियोजित प्रयासों के चलते देश के आर्थिक विकास में पर्यटन उद्योग का सकारात्मक एवं नकारात्मक दोनों ही प्रभाव पड़ रहे हैं। पर्यटन देश की अर्थव्यवस्था का महत्वूर्ण घटक के रूप में उभरा है जिससे विदेशी मुद्रा अर्जन और युवाओं को अनेक रूपों में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष नये रोजगार प्राप्त हो रहे हैं। पर्यटन उद्योग से जुड़े अन्य उद्योगों के विकास के साथ लोगों को रोजगार मिला और उनकी क्रय शक्ति में वृद्धि हुई है। यह देश के आर्थिक विकास में सक्रिय भूमिका निभा रहा है, जिससे देश को एक नई पहचान मिल रही है। समग्र रूप से एक तीव्रगामी, उन्नतिशील आर्थिक क्षेत्र के रूप में पर्यटन आज देश की वर्तमान तथा भावी समग्र उन्नति का एक सुदृढ़ आधार तथा अविभाज्य अंग बन चुका है। यह उद्योग मात्र व्यवसायिक उद्देश्य की पूर्ति नहीं किया है साथ ही परस्पर सद्भावना, शांति, एकता व अखण्डता को बनाये रखने में सहायता प्रदान कर रहा है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**


1. जगन्नाथ, एस., (फरवरी 1976) पर्यटन के सामाजिक एवं आर्थिक महत्व, जर्नल फॉर इण्डस्ट्रीज एण्ड ट्रेड 26(2)।
2. शर्मा, संजय कुमार (2005), पर्यटन में भूगोल, तक्षशिला प्रकाशन नई दिल्ली।
3. दीक्षित, के.के.(2002) पर्यटन के विविध आयाम, तक्षशिला प्रकाशन नई दिल्ली।
4. कपूर, बिमल कुमार (2008), पर्यटन भूगोल, विश्वभारती पब्लिकेशन्स, 4378/4, अंसारी रोड, दरियागंज, नई दिल्ली।
5. कुरूक्षेत्र, मासिक पत्रिका, जून 2002, पर्यटन उद्योग: विकास की आवश्यकता।
6. http://hindi.webdunia.com/tourism-news/पर्यटन-उद्योग-घ-मिलेगा-बढ़ावा-112092600041_1.htm
7. http://tourism.gov.in/CMSPagepicture/file/market researsh/statisticalsurveys/_AR2007.
8. http://jamosnews.com/politisc/increase-in-tourism/
9. http://business.gov.in/hindi/Industry_services/tourism.php
10. http://mpinfo.org/MPinfoStatic/hindi/factfile/tdevpg.asp
11. http://www.wttc.org//media/files/reports/economic% 20 impact%20research/country%20reports/india2014.pdf
12. http://www.cci.in/pdfs/surveys-reports/Tourism-in-India.pdf
13. http://tourism.gov.in/sites/default/files/वार्षिक%20रिपोर्ट.pdf


*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# भारत में तलाक की समस्या

**डॉ. पूजा तिवारी** *

* सहा. प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष (समाज शास्त्र) शासकीय महाविद्यालय, बिछुआ, जिला छिन्दवाडा (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** विवाह प्रत्येक समाज की अनिवार्य संस्था है ,भले ही इसका स्वरूप देशकाल तथा परिस्थितियों में अलग –अलग पाया जाता हो। 'यौन प्रवृत्तियों को व्यवस्थित स्वरूप प्रदान करने के लिए ही विवाह नामक संस्था का जन्म हुआ। अनेक स्त्री – पुरूषों को विवाह असीम सुख,शांति तथा संतोष प्रदान करता है एवं उनके जीवन को व्यवस्थित बनाता है किंतु कई बार दुर्भाग्यवश विवाह का बुरा प्रतिसाद 'तलाक' के रूप में भी मिलता है।

इलियट एवं मेरिज के अनुसार 'तलाक हमेशा दुखांत एवं रिश्तों का अंतिम विसर्जन के रूप में होता है।' तलाक पारिवारिक तनाव का प्रमुख लक्षण होता है ,जिससे पारिवारिक विघटन एवं सामाजिक विघटन होता है। हिन्दू या सिक्ख धर्म में 'तलाक' की कोई अवधारणा नहीं है ,ऐसा कहा जाता है कि मृत्यु के सिवा कोई ओर किसी भी दंपति को अलग नहीं कर सकता है। तलाक की अवधारणा भारत में मुस्लिम शासनकाल के बाद समाज में आयी। आज तलाक की दर तेजी से बढ़ रही है ,फिर भी भारत में लगभग 10 प्रतिशत जबकि विदेशों में 50 प्रतिशत की दर तलाक के संबंध में देखी गई है। मुस्लिम समाज में तलाक आसान प्रक्रिया है जबकि हिंदु समाज में जटिल प्रक्रिया है। तलाक किसी भी परिवार के लिए दुखद घटना है। जिससे मानसिक अशांति एवं खासतौर पर बच्चों पर इसका कुप्रभाव पड़ता है। ऐसा माना जाता है कि पश्चिमी संस्कृति के सम्पर्क में आने से भारत में तलाक की संख्या बढ़ रही है।

**तलाक या विवाह विच्छेदन –** 'तलाक' शब्द अरबी भाषा के मूल शब्द 'तल्लाका' से बना है ,जिसका अर्थ किसी जानवर को बांधने के रस्से से मुक्त करना होता है। 'तलाक' का अर्थ 'त्यागना' है , अरबी समाज में पति को निकाह संबंध समाप्त करने का पूर्ण अधिकार प्राप्त था, मुस्लिम समाज में तलाक पति की ओर से ही लिया जा सकता है ,यदि पत्नि तलाक लेती है तो उसे 'खुला य कहते है ,एवं इसमें 'मेहर' की राशि नहीं दी जाती है।

भारतीय समाज में सभी जाति, धर्म के लोग एक साथ निवास करते है किंतु तलाक की समस्या वर्तमान में सभी जाति एवं धर्मो में देखी जा रही है।

**तलाक की समस्या बढ़ने के कारण –** भारतीय समाज में यदि हम तलाक की बढ़ती संख्या पर नजर डाले तो सर्वप्रथम कारण हमारे समक्ष आता है 'महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता' पुराने जमाने में महिलाऐं शिक्षित एवं जागरूक नहीं थी, साथ ही वो प्रत्येक आवश्यकताओं हेतू पति पर निर्भर रहती थी एवं आर्थिक निर्बलता के कारण पति के अत्याचार सहन करने पर मजबूर रहती थी, वह तलाक का साहस जुटा नहीं पाती थी ,क्योंकि शादी के बाद वापिस अपने पिता के घर आकर रहना सामाजिक दृष्टिकोण से हेय था एवं बूढे़ पिता पर वह बोझ नहीं बनना चाहती थी,किन्तु वर्तमान में स्थितियाँ बदल गयी है ,अब स्त्रियॉ पढ़ी लिखी आर्थिक रूप से मजबूत होती जा रही है आज एक नारी के लिए 'पति' से पहले शिक्षा एवं रोजगार हैं ,आज वह पति पर आर्थिक रूप से निर्भर नहीं है।

तलाक से बढ़ती समस्या का दूसरा कारण युवक –युवतियों की मर्जी के बगैर विवाह कर देना है। कई प्रकरण में शादी घर वालों के दबाव में आकर कर ली जाती है ,जो बाद में तलाक के रूप में बदल जाती है।

बढ़ते तलाक हेतु लड़की के माता –पिता का अवांछनीय हस्तक्षेप भी है कई बार माँ–बाप अपनी बेटी को गलत सलाहे देकर उसका वैवाहिक जीवन बर्बाद कर देते है।

तलाक के अन्य कारणों में 'सास –बहु मनमुटाव',षडयंत्रपूर्वक विवाह, यौन संबंधों में नीरसता ,बहुविवाह में रूचि तथा तलाक को समाज एवं परिवार द्वारा उचित मानना, आधुनिक जीवन शैली से उत्पन्न तनाव, दोहरी आय एवं भूमिका बदलना तथा मुख्य रूप से कानून आई.पी.सी. –498 का दुरूपयोग करना आदि है। इसके अलावा विवाह पूर्व संबंध एवं विवाहेत्तर संबंध भी तलाक को बढ़ाते है।

**भारत में तलाक की वर्तमान स्थिति –** आज विवाह विच्छेद की प्रक्रिया आसान हो गई है, इसलिए तलाक की संख्या पुराने समय की तुलना में दुगुनी एवं तिगुनी हो गई है ,वर्तमान में महानगरों के साथ ही छोटे शहरों,कस्बों में भी तलाक के प्रकरण तेजी से बढ़ रहे है। अकेले दिल्ली में ही प्रतिवर्ष लगभग 9000 केस फाइल होते है जबकि मुंबई में 7000 केस फैमिली कोर्ट में प्रतिवर्ष दाखिल होते है, जिनमें लगभग 70 प्रतिशत दंपत्ति की आयु 25 से 30 वर्ष के बीच होती है, जबकि लगभग 85 प्रतिशत केस शादी के प्रथम तीन वर्षो में ही दर्ज करवाए जाते है। कलकत्ता एवं चेन्नई में तलाक का प्रतिशत सर्वाधिक है।

वर्तमान में प्रेम विवाह एवं अर्न्तजातीय विवाहों की संख्या तेजी से बढ़ रही है ,उसी के अनुरूप 'तलाक' की संख्या भी बढ़ रही है क्योंकि कम आयु में गलत निर्णय लेकर जल्दबाजी में युवा वर्ग शादी तो कर लेता है किंतु शादी के पश्चात् जीवन की वास्तविकता का पता चलता है एवं प्रेम कहीं दूर छूट जाता है तथा दूसरे के धर्म एवं संस्कृति को अपनाना एवं निभाना बेहद कठिन लगने लगता है इसलिए अधिकांशत: अर्न्तजातीय विवाह भी असफल होकर 'तलाक' में बदल जाते है।

**हिन्दु एवं मुस्लिमों में तलाक का प्रावधान –** हिन्दू विवाह तथा विवाह विच्छेद अधिनियम 1955 से पूरे भारत में लागू किया गया (केवल जम्मू कश्मीर को छोड़कर ) हिन्दुओं में बौद्ध ,जैन, मुस्लिमों में इस्लामी कानून के अनुसार (1) तलाके अहसन (2) तलाके हसन (3) तलाके –उल –विद्त

(4) इला (5) खुला (6) मुबारत (7) जिहर (8) लियान आदि द्वारा तलाक लिया जा सकता है ।

सन् 1939 में मुस्लिम विवाह विच्छेद अधिनियम लागू होने के बाद मुस्लिम स्त्री को भी तलाक का अधिकार प्राप्त हो गया है । सन् 1986 में मुस्लिम महिला (तलाक के अधिकारों का संरक्षण) अधिनियम लागू हुआ।

**तलाक के पक्ष में एवं विरोध में तर्क –** तलाक को कई दृष्टिकोण से अच्छा माना जा रहा है जिसमें प्रमुख रूप से स्त्रियों की दशा उन्नत करने में सहायक, समानता का सिद्धांत, कलह पूर्ण जीवन से छुटकारा एवं गतिशीलता हेतू आवश्यक आदि तर्क दिए जाते है । जबकि विवाह विच्छेद के विरोध में पारिवारिक –विघटन, बच्चों पर बुरा असर, आर्थिक निर्बलता, सामाजिक, विघटन आदि तर्क दिए जाते है।

**निष्कर्ष –** भारत में बढ़ती हुई तलाक की समस्या से स्पष्ट है कि वर्तमान भारतीय सामाजिक जीवन और परिस्थितियों में 'तलाक' की दर को कम करना जरूरी है अत: तलाक केवल गंभीर कारणों से ही देना चाहिए ,स्वस्थ जनमत, समर्पण आदि की भावना को प्रोत्साहित करना आवश्यक है । अभिभावकों को चाहिए कि वे पूर्णत: खोजबीन करके विवाह तय करें ,एवं बच्चों के हितों के लिए सामंजस्य करना, त्याग करना चाहिए एवं स्त्रियों को भी कानूनी अधिकारों का दुरूपयोग नहीं करना चाहिए। अंत में कहा जा सकता है कि आधुनिकता के इस युग में भी 'विवाह' एवं 'परिवार' नामक संस्था का अपना महत्व है ,बच्चों के व्यक्तित्व विकास के लिए मॉ –बाप का एक साथ रहना अति आवश्यक होता है अत: विवाह को पवित्र संस्कार मानकर तलाक का विवाह विच्छेद को कम किया जा सकता है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. मुखर्जी /अग्रवाल – समाजशास्त्र – अग्रवाल प्रकाशन, इंदौर।
2. बघेल डॉ.डी.एस./समाज शास्त्र – कैलाश पुस्तक सदन, भोपाल।
3. महाजन डॉ. धर्मवीर /कमलेश नातेदारी ,विवाह ,परिवार का समाज शास्त्र – विवेक प्रकाशन, दिल्ली ।
4. डॉ.कालरा /भारत में तलाक की समस्या (इंटरनेट)
5. आजाद इंडिया फाउडेंशन की रिपोर्ट (इंटरनेट)

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# पर्यटन - पर्यावरण और रोजगार

**डॉ. जयकुमार सोनी***

* प्रध्यापक(वाणिज्य) शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, सागर (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना -** आज विश्व अर्थव्यवस्था को नई मंजिलें प्रदान करने में पर्यटन उद्योग की महत्वपूर्ण महत्वपूर्ण भूमिका है । इसलिए दुनिया भर में पर्यटन को बड़े उद्योग के रूप में उभर जा सकता है। इससे न केवल अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में सहायता मिल रही है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की पहल भी जोरदार तरीके से हो रही है। पर्यटन से रोजगार स्वरोजगार को बढ़ावा मिल रहा है और एक दूसरे की भाषा, संस्कृति , सभ्यता और रीति रिवाजों को जानने समझाने का अवसर भी इसके माध्यम से मिल रहा है । यानी पर्यटन विश्व बंधुत्व अथवा वासुदेव कुटुंबकम की अवधारणा को भी सार्थक करता नजर आ रहा है ।

पर्यटन से इंसान को अतिरिक्त खुशी मिलती है, इसलिए शायद प्राकृतिक सुरम्यता तथा सौंदर्य को निहार कर स्वास्थ्य लाभ के लिए इंसान कभी पर्वतीय, दर्शनीय स्थलों पर जाने को उत्सुक नजर आता है तो कभी धार्मिक व ऐतिहासिक स्थलों पर जाकर राहत,संतोष व सुख की अनुभूति महसूस करता है । विभिन्न भाषा, साहित्य, लोक जीवन एवं सांस्कृतिक गतिविधियों की जानकारी प्राप्त करने के उद्देश्य से भी यात्राएं की जाती हैं। इस सब यात्राओं को पर्यटन में शामिल किया जाता है । यह अब उद्योग का रूप ले चुका है और विदेशी मुद्रा प्राप्ति का प्रमुख स्रोत बन गया है ।

पर्यटन के जरिए प्राकृतिक विरासत को बचाने का जो अभियान प्रारंभ किया गया है इससे सामाजिक सांस्कृतिक और आर्थिक विकास की तेजी को कायम रखा जा सकेगा। पर्यावरण पर्यटन को उद्योग के रूप में उभरने के लिए पर्यटन का प्रबंधन और प्रकृति का संरक्षण इस प्रकार से किया जाता है ताकि परिस्थितिकी आवश्यकताओं का संतुलन बना रहे और लोगों की रोजगार की जरूरतें पूरी होती रहे।किसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार ने वर्ष 1998 में परिस्थितिकी पर्यटन पर नीति और दिशा निर्देश तैयार कर दिए थे। इस नीति में प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण, सुरक्षा और समृद्ध बनाने के अलावा परिस्थितिकी पर्यटन की वृद्धि के प्रयासों में तेजी लाने की बात कही गई है। इसके अंतर्गत देशभर में देशभर में पर्यटन केंद्रों,होटलों, लॉज एवं रिसोर्ट स्थापित करने की योजना भी शामिल है ।

भारत में पिछले कुछ वर्षों में पर्यटन एक बड़े उद्योग के रूप में उभर कर सामने आया है। पर्यटन गतिविधियों का क्रम बढ़ाने के लिए साथ ही इससे उत्पन्न हुई चुनौतियों की ओर भी ध्यान जाना स्वाभाविक है। कोशिश की जा रही है कि पर्यटन का विकास तो निरंतर हो, लेकिन प्राकृतिक संतुलन न गड़वड़ाए, इसके लिए प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर पर्यटन स्थलों पर विशेष व्यवस्था किए जाने की समय रहते जरूरत है ताकि पर्यटकों का आकर्षक बड़े और सैलानियों के पसंदीदा स्थानों को किसी प्रकार की छाती ना पहुंचे।ऐसा होने पर ही स्वरोजगार को बल मिलेगा।

संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा वर्ष 2002 को अंतर्राष्ट्रीय पर्यावरण पर्व घोषित किया गया। अपने घोषणा पत्र में संघ ने कहा कि परिस्थितिकी पर्यटन ऐसा क्षेत्र है जिसमें आर्थिक विकास की प्रबल संभावनाएं तो हैं ही, यदि ऐसे उचित तरीके से नियोजित, विकसित एवं प्रबंधित किया जाए तो यह प्राकृतिक पर्यावरण की संरक्षण का शक्तिशाली उपकरण सिद्ध हो सकता है।

सांस्कृतिक विरासत से अत्यधिक समृद्ध देशों में भारत का स्थान सातवां है इसलिए यहां पर्यावरण पर्यटन की व्यापक संभावनाएं हैं। इसके समुचित उपयोग के लिए निम्नलिखित उपाय किया जाना चाहिए-

पर्यावरण पर्यटन की खामियों एवं नकारात्मक प्रभाव को दूर करते हुए स्थाई विकास को प्रोत्साहित करना होगा, ताकि उपयुक्त साधनों और संस्थागत ढांचे को मजबूत किया जा सके।

मेले, प्रदर्शनियों को आयोजन पर्यटन की दृष्टि से आवश्यकता है।पर्यटन उद्योग के विकास के लिए प्राकृतिक पर्यटन को सभी स्तरों पर अपनाना जरूरी है, ताकि समुचित विकास हो सके तथा प्राकृतिक सौंदर्य को बचा रखा जा सके। व्यवस्था ऐसी हो कि यात्रा और पर्यटन लोगों की आई का स्रोत बने, पर्यटकों को भी प्रेरणात्मक व भावनात्मक संतुष्टि मिले तथा वन्य जीवों व पर्यटन को भी लाभ पहुंचे ।पर्यटन न केवल विकास, रोजगार बल्कि अस्तित्व बचाव का साधन है इसलिए इसे गंभीरता से लेते हुए कारगर तरीके से अपनाने की आवश्यकता है।

प्रकृति के निरंतर होते दोहन को तो रोका ही जाना चाहिए। पर्यटन संरक्षण तथा स्थानीय लोगों के लिए रोजगार और आय के अवसर बढ़ाने के मध्य अच्छा संतुलन स्थापित किया जाए ।

लोगों को प्रशिक्षण के जरिए पर्यावरण पर्यटन के प्रति जागरूक करना, सुदूर क्षेत्र में सामाजिक, आर्थिक लाभ पहुंचाते हुए भारतीय संस्कृति व पुरातात्विक दर्शनीय स्थलों को संरक्षित, समृद्ध और प्रोत्साहित करना ।

परिस्थितिकी पर्यटन के विकास में जनभागीदारी को बढ़ावा दिया जाना जरूरी है ताकि समन्वित रूप विभिन्न परिस्थितिकी पर्यटन गतिविधियों को कारगर बनाया जा सके और योग यानी पर्यटक, ट्रैकिंग, हाइकिंग,वन उपवन वन, जीव अभ्यारणों, पर्वतारोहण, नदी नौकायन, झीलों, घाटियों की यात्रा का आनंद उठा सके। साथ ही पुरातन सुखद वातावरण में प्रवास की यादों को हमेशा ताज बनाए रख सके।

पर्यटन गतिविधियों को पर्यावरण के अनुकूल बनाने के साथ ही ऐसे

पैकेज टूर बनाए जाएं ताकि पर्यटकों को छोटे समूहों में शहर के लिए लाने ले जाने व्यवस्था हो और परिस्थितिकी पर्यटन का भरपूर आनंद प्राप्त कर सके। इसके लिए पहले से लक्ष्य तय किए जाएं ।जरूर इस बात की है कि जंगलों को पुनर्जीवित किया जाए और पेड़ों की कटाई को मजबूत इच्छा शक्ति से रोके जाने के नियम बनाए जाएं ।पर्यटन में विदेशी ही नहीं स्थानीय लोगों की भागीदारी को बढ़ाने के लिए लोक कला तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों को प्रोत्साहित किया जाना होगा।

यात्रा सुखद एवं पर्यटकों के स्थलों को मनोरम बनाने के अलावा इस प्रकार की प्रबंध किए जाएं ताकि पर्यटकों को खास विशेषताओं को उजागर करते हुए उसे और आकृष्ट किया जा सके।

पर्यटकों के उपयोग के जरूरी उत्पादों का सृजन कर उन्हें लोकप्रिय बनाना, पर्यटकों की रुचियों को समझना भी पर्यटन का ही हिस्सा है, क्योंकि इससे पर्यटन व्यापार बढ़ता है।

इसके लिए जरूरत है कि नए-नए पर्यटन स्थलों का विकास किया जाए। इसमें भौगोलिक परिदृश्य, खेलकूद, फिल्म, प्रसन्नता और मनोरंजन को भी पर्यटन से जोड़ा जा सकता है।

पर्यटन स्थलों के स्थानीय एवं जनजातीय लोगों को पर्यावरण पर्यटन गतिविधियों के लाभ में भागीदार बनना भी इसका महत्वपूर्ण हिस्सा है।

पृथ्वी के जल भंडारो केंद्रों, सांस्कृतिक, साहसिक गतिविधियों, समृद्ध जैव विविधता,खनिज, वन भंडार,मनोरंजन स्थलों, विरासत केंद्रों का प्रचार भी इसमें शामिल है।पर्यटन प्रोत्साहन और पर्यटन संबंधी फैसला करने से पहले वैज्ञानिक पद्धतियां अपनाते हुए व्यवस्थित मूल्यांकन किया जाना जरूरी है ताकि पर्यटन विकास का सामाजिक, आर्थिक और भौतिक वातावरण पर रचनात्मक प्रभावों को समझा जा सके और नकारात्मक प्रभावों को काम किया जा सके।

पर्यावरण पर्यटन उधम को विकसित करने के लिए व्यापक नीति बनाना और सभी की संयुक्त भागीदारी सुनिश्चित करना आदर्श पर्यावरण पर्यटन कार्यक्रम बनाना ।कुल मिलाकर पर्यावरण पर्यटन का अर्थ है कि पर्यटन और प्रकृति संरक्षण का प्रबंध इस प्रकार करना कि एक और पर्यटन व परिस्थितिकी जरूरत पूरी हो और दूसरी ओर स्थानीय लोगों के लिए रोजगार आए एवं नए कौशल के स्तर को ऊपर उठाए जा सके।

**संदर्भ ग्रंथ सूची:-**

1. एंडेरेक, केएल, वैलेंटाइन, केएम, वोग्ट, सीए, और नोपफ, आरसी (2007)। पर्यटन और जीवन की गुणवत्ता संबंधी धारणाओं का एक अंतर-सांस्कृतिक विश्लेषण। जर्नल ऑफ सस्टेनेबल टूरिज्म, 15 (5), 483-502।
2. अलोंसो-अल्मीडा, एमडीएम, बागुर-फेमेनियास, एल., लाच, जे., और पेर्रामोन, जे. (2018)। छोटे पर्यटक व्यवसायों में स्थिरता: पहल और प्रदर्शन के बीच की कड़ी। पर्यटन में वर्तमान मुद्दे, 21 ( 1 ), 1-20।
3. एंडेरेक, केएल, वैलेंटाइन, केएम, वोग्ट, सीए, और नोपफ, आरसी (2007)। पर्यटन और जीवन की गुणवत्ता संबंधी धारणाओं का एक अंतर-सांस्कृतिक विश्लेषण। जर्नल ऑफ सस्टेनेबल टूरिज्म, 15 (5), 483-502।
4. आयुसो, एस. (2006). स्थायी पर्यटन के लिए स्वैच्छिक पर्यावरण उपकरणों को अपनाना: स्पेनिश होटलों के अनुभव का विश्लेषण। कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व और पर्यावरण प्रबंधन, 13 ( 4 ), 207-220।

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# पिलखुवा में हथकरघा उद्योग के विकास पर समस्याओं और संभावनाओं के बारे में विशेष अध्ययन

**मानवी शर्मा * डॉ. ईशा भट्ट****

* शोधार्थी (डिजाइन) वनस्थली विद्यापीठ, वनस्थली (राज.) भारत
** असिस्टेंट प्रोफेसर (डिजाइन) वनस्थली विद्यापीठ, वनस्थली (राज.) भारत

**शोध सारांश –** हथकरघा एक विशेष तकनीकी है जो पूरे भारत में गाँव और अर्द्धशहरी क्षेत्रों में साधारण कपड़ों के साथ–साथ विशेष कपड़ों का भी उत्पादन करता है। वर्तमान में हथकरघा उद्योग के क्षेत्रों में पावर लूम के कारण भारी गिरावट आई है। जिसका एक कारण यह भी है कि वर्तमान में हथकरघा उद्योग विकेन्द्रीकृत हो गये हैं। पश्चिम बंगाल पारंपरिक रूप से कपास, हथकरघा और जूट यार्न के लिए समृद्ध है। हथकरघा में जूट और जूट मिश्रित यार्न की बुनाई के दौरान बुनकरों को जूट फाइबर के खुरदरेपन के कारण कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है।उत्तर प्रदेश में पूर्व समय से ही हथकरघा उद्योग को अर्थव्यवस्था में महत्त्वपूर्ण स्थान दिया गया है। ऐसा माना जाता है कि हथकरघा उद्योग मुगल और बादशाओं के समय से शुरू हो गया था। 18वीं शताब्दी से ही प्रारभ इस कार्य में भिन्न–भिन्न प्रकार के सुन्दर रूप से अभिकल्पन करके उनको विशेष तरीको से हाथों द्वारा बनाये जाने के लिए ये उद्योग विख्यात है। ये क्षेत्र वस्त्रों पर सौंदर्य से भरपूर डिजाइन बनाने के लिए प्रसिद्ध माना जाता है। इस उद्योग क्षेत्र में विदेशी मुद्रा हासिल करने का प्रमुख स्थान सूती वस्त्र उद्योग है। व्यवसाय रूप से अगर तुलनात्मक वर्णन किया जाये तो कपड़ा आय का प्रमुख स्त्रोत माना गया है। इसी के साथ–साथ रेशमी और ऊनी वस्त्र व्यवसाय की तुलना में सूती वस्त्र उद्योग को महत्त्वपूर्ण स्थान दिया गया है।

**शब्द कुंजी –** उत्तर प्रदेश, हथकरघा उद्योग, पिलखुवा में समस्याऐ, संभावनाऐ।

**प्रस्तावना –** भारतीय संस्कृति की अर्थव्यवस्था में हथकरघा उद्योग ने वैदिक काल से लेकर वर्तमान समय तक अपनी महत्तवपूर्ण भूमिका निभाई है। कृषि के बाद भारत में यह दूसरे स्थान पर आता है। कुशल और अकुशल दोनों प्रकार के कारीगरों के लिए यह उद्योग, पूर्ण रूप से रोजगार प्रदान करता है। इस उद्योग का इतिहास लम्बे समय से चलता आ रहा है। हाथों के बुने हुए कपड़ों को बहुत पसन्द किया जाता था इसलिए इन वस्त्रों को आम जनता से लेकर राजा महाराजा तक पहनना पसन्द करते थे। अगर देखा जाये तो मध्य कालीन युग में इस उद्योग में थोड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ गया था। लेकिन आधुनिककाल में अंग्रेजों ने इस उद्योग को नष्ट कर दिया था। सरकार द्वारा इस उद्योग को नई समृद्ध स्थिति पर पहुंचने के लिए स्वतंत्रता के बाद कई कार्य किये गये। आज के युग में इस व्यवसाय को नई उपलब्धि पर पहुँचने के लिए विशेष ध्यान देने के साथ–साथ लोगों को इसके प्रति जागरूक किया जा रहा है। ताकि लोग हाथों के बुने कपड़ों को महत्व दे जो कि शरीर के लिए लाभकारी है और इस वजह से हाथों से बने उत्पादों की ओर दिलचस्पी बढ रही हैं। भारत देश में वस्त्रों के प्रयोगों का प्रचार अतियात बुराना माना जाता है। प्राचीनकाल में वस्त्रों का ज्ञान, मूर्तियों और साहित्य द्वारा प्राप्त होता है। वस्त्रों को पहनने से बाह्य शिष्टाचार और सभ्यता का पता चलता था तथा सिन्धु घाटी सभ्यता में वस्त्रों का प्रयोग प्रचलित हुआ था। ऐसा कहा जाता है कि उस युग के मोहनजोदड़ो से प्राप्त स्त्रियों और पुरूषों की मूर्तियों को देखने से वस्त्रों की कताई और बुनाई का पता चलता है। जिसके द्वारा सूत कातने के तकुये मिले हैं। सूती कपड़े का टुकड़ा जो कि चांदी के पात्र में मिला था। इसके वैदिक युग में भी वस्त्रों का प्रचुर प्रयोग बताया है तथा उत्तम उस्त्र को धारण करने वाले को सुवासस् कहते थे।

**पिलखुवा –** कृषि के बाद भारत में एक मात्र ऐसा उद्योग है, वह है परम्परागत वस्त्र उद्योग। भारत में यह दूसरे स्थान पर आता है। कुशल और अकुशल दोनों प्रकार के कारीगरों के लिए यह उद्योग पूर्ण रूप से रोजगार उत्पन्न करता है। भारत देश में लाखो लोग इससे प्रत्यक्ष रूप से लाभान्वित हो रहे है। भारत के नक्षे में पिलखुवा का नाम वस्त्र उद्योग के लिए प्रसिद्ध हैं। पिलखुवा हापुड़ का एक कस्बा है। यह कस्बा सन् 2011 से पहले गाजियाबाद जिले का हिस्सा था। अब इसे हापुड़ में शामिल कर दिया गया है। यह जी0टी0 रोड पर दिल्ली से 45 किलोमीटर पूर्व में स्थित है। इसके पूर्व में हापुड़, पश्चिम में गाजियाबाद, उत्तर में मोदीनगर व दक्षिण में बुलन्दशहर है। यह नगर दिल्ली मुरादाबाद रेलवे लाइन पर स्थित है। जिला मुख्यालय से 10 किलोमीटर की दूरी पर है। पिलखुवा अपने कपड़ा उत्पादन, में विशेष रूप से बेडशीट के लिए प्रसिद्ध है। ऐसा माना जाता है कि ब्रिटिश युग में इस शहर को पिलखुवा नाम मिला था। इसके पीछे एक दिलचस्प कहानी भी प्रचलित है। उस समय वहाँ एक हाथी था, जिसका नाम 'पीआईएल' हुआ करता था। जब वह खो गया था तब रानी के सैनिक उस हाथी अर्थात् 'पीआईएल' नामक हाथी की तलाश में इधर से उधर भटक रहे थे। तब गाँव के लोग सैनिकों से पूछते कि 'क्या हुआ'? तो सैनिक जवाब देते थे कि 'पीआईएल' खो गया। इस वाक्य का अपभ्रंश होते होते वह 'पिलखुवा' हो गया और इस शहर का नाम हमेशा के लिए भारत के नक्षे में पिलखुवा हो गया। पिलखुवा का विस्तार और औद्योगीकरण सन् 1977 में लाला नामक व्यक्ति के द्वारा पेट्रोल पम्प की

स्थापना के साथ शुरु हुआ था। स्वर्गीय जनाब मोहम्मद इब्राहिम साहब, जिन्होंने कानपुर से प्रिंटिंग में डिप्लोमा किया था, उन्होंने ब्लॉक प्रिंटिंग और स्क्रीन प्रिंटिंग सहित नई प्रिंटिंग प्रौद्योगिकियों की शुरुआत की थी। उन्होंने शहर में रोजगार प्रदान किया और शहर को सुविधाजनक बनाने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। एक अन्य कहानी के अनुसार ऐसा माना जाता है कि पिलखुवा में वस्त्र उद्योग की शुरूआत सन् 1970 में कलानौर से आकर बसे नत्थू राणा के दो पुत्र कल्याण सिंह व निहाल सिंह ने की। यहाँ आने के बाद इन दोनों भाईयों ने इस्लाम-धर्म अपना लिया था। कन्खली झील के किनारे आबाद हुआ पिलखुवा करीमुल्ला व रहीमुल्ला राणा के नाम से मशहूर हुआ। इन दो भाईयों की संताने छपाई का कार्य करने की वजह से छीपी कहलाती हैं। पिलखुवा गांधी के सपने 'खादी' के लिए भी प्रसिद्ध है। पिलखुवा प्राय: छोटे उद्योगों के लिए जाना जाता है। कैनवास वस्त्र निर्माण उद्योग की शुरूआत पहली बार यहीं पर हैण्डलूम जैकार्ड से सन् 1969 में स्वर्गीय श्री नरेन्द्र प्रताप गुप्ता द्वारा शुरु की गई। स्थानीय लोगों से यह पता चला है कि अब इनके बेटे कार्यरत हैं। यहाँ छोटे उद्योगों के साथ कुछ बड़े निर्माता विदेशों में अपने उत्पाद बेचने हेतु भी विविध उत्पादों का निर्माण करते हैं। इस शहर को उसी कारण से कपड़ों के शहर के रूप में भी जाना जाता है। चूंकि यह शहर दिल्ली से लगभग 35 किमी0 दूर है, यह एन0सी0आर0 में स्थित हैं, इसलिए अब उच्च शिक्षा संस्थानों के लिए एक उभरती जगह है। सन् 2011 की जनगणना के अनुसार पिलखुवा की जनसंख्या 83,737 है।

**पिलखुवा के वस्त्र निर्माण उद्योग की विशेषताएँ**-पिलखुवा भारत की हथकरघा और छपे हुए कपड़े की सबसे बड़ी मंडियों में से एक है। पिलखुवा में खासतौर पर कपड़े की बुनाई, छपाई, रंगाई, धुलाई, सिलाई आदि का ही कारोबार होता है। पिलखुवा के बने हुए कपड़े भारत के कोने-कोने में भेजे जाते हैं। यहाँ की हैण्ड ब्लॉक प्रिंट की चादरें भारत के बाहर भी एक्सपोर्ट होती हैं। यहाँ चादरें, तकियों की खोलियाँ, रजाई, तौलिये और अस्तर के कपड़ों का व्यापार भी होता है। आमतौर पर शादियों के सीजन में अच्छा व्यापार होता है और नवम्बर इसका सर्वश्रेष्ठ समय है। यहाँ कुछ लोग दूसरे राज्यों से भी आर्डर लेकर कार्य करते हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार करीब 15 हज़ार लोग व्यापार के सिलसिले में पिलखुवा से दूसरे राज्यों में भी जाते हैं। पिलखुवा बहुत सारे हैंण्डलूम बुनकरों के लिए भी बड़ा बाजार है। आस-पास के कई कस्बों जैसे सरधना, मुरादनगर और मेरठ से यहाँ काफी माल आता है। कुछ बुनकर गंगा पार 100 किलोमीटर दूर बिजनौर के नेहरटौर गाँव से भी पिलखुवा में अपने उत्पाद बेचने आते हैं, हर बुधवार को यहाँ हाट में ये बुनकर कच्चा (ग्रे क्लॉथ) कपड़ा लेकर आते हैं। जो बाद में चादर और तकिये की खोलियाँ और अन्य कपड़े बनाने के काम आता है। कुछ व्यापारी पावरलूम पर कैनवास कपड़ा बनाते हैं। यह बैग तथा ट्रकों की अस्थाई लचीली छत बनाने के काम आता है। एक समाचार-पत्र के अनुसार श्री अग्रवाल के मुताबिक यहाँ 2500 पावरलूम इकाईयाँ हैं और 250 कारखाने हैं। जहाँ कच्चे (ग्रे क्लॉथ) कपड़े पर छपाई कर चादरें, तकिये के कवर आदि बनाए जाते हैं। यहाँ पावरलूम पर काम करने वाले परिवार के सभी सदस्य मिलकर हर महीने 9-10 हजार रुपये महीना कमाते हैं।

**पिलखुवा की विशेष बेडशीट**



**ब्लॉक प्रिंटिंग और स्क्रीन प्रिंटिंग**



**हैंण्डलूम बुनकर**



**कैनवास वस्त्र निर्माण**



**अभिकल्पन**



Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

**अभिकल्पन**



**शोध अभिकल्पन (वर्णनात्मक एवं विश्लेषणात्मक) अध्ययन क्षेत्र**




**समस्याऐ/संभावनाऐ–** मणिपुर हथकरघा बुनाई उद्योग सांस्कृतिक और पारंपरिक व्यवसाय के रुप में चल रहा है। हालांकि बुनाई, आय और रोजगार का एक पारंपरिक स्त्रोत है, लेकिन युवा पीढ़ी बुनाई करने में कम रुचि दिखा रही है। यह आधुनिकीकरण का प्रभाव है तथा स्थानीय लघु कपड़ा उद्योग के सामने आने वाली चुनौतियों का विश्लेषण किया है। यह उपयोग किए जाने वाले समाधान और समस्या समाधान विधियों की भी पड़ताल करता है। लेखक ने इस उद्योग के व्यवस्थित और श्रेणीबद्ध प्रणाली को दर्शाया है। सबसे बड़ी समस्या वित्त की बताई गयी है। इसके अलावा ज्ञान की कमी, व्यापार के लिए आवश्यक संचार, संभाषण कला, श्रमिकों की कमी, मार्केटिंग आदि की समस्याओं को उजागर किया है। बुनकरों द्वारा स्वतंत्र रुप से कार्य करने पर कच्चे माल, वित्त की कमी , उचित रंगाई सुविधाओं की कमी और बिजली की असमान आपूर्ति के अभाव के कारण कम उत्पादकता की समस्याओं का सामना करना पड़ा। विनिर्माण इकाईयों के लिए काम करने वाले बुनकरों को काम करने की जगह, आधुनिक उपकरणों की अनुपलब्धता और माँग की कमी, का सामना करना पड़ा और हथकरघा बुनाई इकाइयों की स्थिति का अध्ययन करके पता चला की अध्ययन का मुख्य उद्देश्य हथकरघा बुनाई इकाइयों की स्थिति उनके सेटअप, कामकाज और उनके सामने आने वाली समस्याओं की पहचान करना था। परिणाम द्वारा पता लगाया गया है कि बुनकरों की स्थिति दयनीय थी। वे अशिक्षा, अपर्याप्त वित्त, विपणन बाधाओं और अपर्याप्त सुविधाओं के कारण विकलांग थे भारतीय कपड़ा उद्योग अत्यधिक असंगठित और श्रम प्रधान है। कपड़ा उद्योग में असंगठित क्षेत्र, लघु और मध्यम उद्योगों का वर्चस्व है। विदेशी निवेशक कपड़ा उद्योग में कोई भी निवेश नहीं कर रहा है, जो कि एक चिन्ता का विषय है। सरकार की नीतियाँ इस उद्योग के पक्ष में नहीं है। वर्तमान स्थिति में कंपनियाँ अपने उत्पादों को सर्वश्रेष्ठ होने के साथ, बेंचमार्क करने, गुणवत्ता और उत्पादन प्रक्रियाओं को अपग्रेड करने की माँग कर रही है। भारतीय कपड़ा उद्योग को अंतर्दृष्टि प्रदान करने की कोशिश कराता है और उभरते रूझान के असवरों, चुनौतियों को समझाने का प्रयास कराता है। पता चला है कि केरल में पद्मा सलियास समुदाय ने कपड़ा उत्पादन करने के लिए कताई और बुनाई प्रक्रिया का इस्तेमाल किया। इस जाति के दो समुदाय, इदकई और वेलकई क्रमश: स्पिनरों और बुनकरों का प्रतिनिधित्व करते थे। केरल के बुनकरों द्वारा हथकरघा के माध्यम से मुंडू (साउथ केरल धोती) थीरथु, (सफेद सूती स्नान तौलिया) वेशी (सूती धोती) और पुडवा (साड़ी) जैसी वस्तुओं का उत्पादन किया जाता है। केरल में अब भी हाथ से बुने हुए कपड़े उनके स्थायित्व, आकर्षक, रंगों और परिशिष्ट के लिए जाने जाते हैं। पारम्परिक पिट करघे को तकनीकी परिवर्तन के कारण फ्रेम वाले करघे के आगे बदल दिया गया है। इससे कुटीर उद्योग और कारखानों के पैटर्न में भी बदलाव हुआ है।

**परिणाम एवं विश्लेषण–**प्रस्तुत शोध पत्र पिलखुवा के व्यापारी और कामकाजी स्त्री–पुरूषों के लिए है। यह प्रश्नपत्र लोगों द्वारा पिलखुवा व्यापार के संदर्भ में जानकारी प्राप्त करने के लिए तैयार किया गया है। प्रश्नपत्र को दो प्रकार से तैयार किया गया है जिसमें पहले प्रश्नपत्र की 20 प्रतिदा व्यापारी व दूसरे प्रश्नपत्र की 20 प्रतिदा कारीगरों द्वारा भराया गया है। प्रतिवादियों की आयु 25 वर्ष से 50 वर्ष से अधिक है। इस व्यवसाय से जुड़े लोग (अमूमन) अधिकतर हिन्दू धर्म से है तथा इसमें पुरूष व्यापारियों व कारीगरों की संख्या अधिक पायी गयी है, पुरूष कारीगर 100 प्रतिशत व पुरूष व्यापारी 95 प्रतिशत है तथा महिलायें व्यापारियों की भागीदारी 5 प्रतिशत है। व्यापारी वर्ग का शैक्षिक स्तर भिन्न–भिन्न है जिसमें 22 प्रतिशत अनपढ, 28 प्रतिशत प्राथमिक व 33 प्रतिशत स्नातक उत्तीर्ण है। कारीगर वर्ग में 38 प्रतिशत लोग अनपढ, 29 प्रतिशत प्राथमिक शैक्षिकता वाले व 33 प्रतिशत उच्च माध्यमिक उत्तीण है। पिलखुवा व्यवसाय में 40 प्रतिशत व्यापारी एकल परिवार के तथा 60 प्रतिशत संयुक्त है तथा कारीगर वर्ग 85 प्रतिशत कारीगर विवाहित व 15 प्रतिशत अविवाहित है। व्यापारी वर्ग की परिवार संरचना 49 प्रतिशत 5 सदस्यों तक है तथा 43 प्रतिशत 5 से 10 सदस्यों की है। 80 प्रतिशत कारीगर वर्ग के परिवार के सदस्यों की संख्या 5 से कम है तथा 20 प्रतिशत कारीगरों के परिवार के सदस्यों की 5–10 संख्या में है। 64 प्रतिशत कारीगरों की मासिक आय 10,000 रूपये, 21 प्रतिशत कारीगरों की मासिक आय 5000–10000 रूपये व केवल 15 प्रतिशत कारीगरों की आय 10000–20000 रूपये तक है। 70 प्रतिशत व्यापारी वर्ग बुनाई व छपाई दोनों प्रकार का व्यवसाय करते हैं वही 25 प्रतिशत बुनाई तथा 5 प्रतिशत छपाई के व्यवसाय में संलग्न है। कारीगर वर्ग के बच्चों का शैक्षिक स्तर कुछ विचित्र है जहाँ 40 प्रतिशत कारीगर वर्ग के बच्चे अपनढ, 40 प्रतिशत प्राथमिक शिक्षा प्राप्तकर्ता है तथा 20 प्रतिशत स्नातक शिक्षा को प्राप्त कर उत्तीर्ण है। कारीगर वर्ग के अन्य सदस्य भी कार्य में संलग्न है जिसमें से 42 प्रतिशत नौकरीपेश व 24 प्रतिशत अन्य काम में संलग्न है तथा 28 प्रतिशत पढ़ाई में संलिप्त है। कारीगर वर्ग में 37 प्रतिशत कारीगर बुनाई, 37 प्रतिशत छपाई, 16 प्रतिशत रंगाई व 10 प्रतिशत डिजाइन करने का कार्य करते हैं। व्यापारी वर्ग में 82 प्रतिशत केवल रंगाई से भी उत्पाद बनाये जाते हैं। पिलखुवा व्यवसाय के 81 प्रतिशत लोग पैतृक व्यवसाय कर रहे हैं। वहीं 19 प्रतिशत व्यापारी इस व्यवसाय में नये हैं। इनमें से 41 प्रतिशत व्यापारी 5–10 वर्षों से यह कार्य कर रहे हैं, 28 प्रतिशत व्यापारी 1–5 वर्ष से तथा 17 प्रतिशत 20 वर्षो से अधिक

समय से कार्यरत है वहीं 10-20 वर्षो से 14 प्रतिशत व्यापारी यह व्यवसाय आगे बढ़ा रहे हैं, 63 प्रतिशत व्यापारियों ने इस व्यवसाय का प्रशिक्षण नहीं लिया है वहीं 37 प्रतिशत व्यापारियों ने इस व्यवसाय के लिए प्रशिक्षण लिया है। 70 प्रतिशत व्यापारी वर्ग में व्यवसाय के लिए प्रेरणा स्त्रोत पूर्वज व पैतृक सदस्य रहे हैं वही 15 प्रतिशत स्वच्छा से यह व्यवसाय कर रहे हैं। 5 प्रतिशत व्यापारी घर चलाने के लिए इस व्यवसाय से लाभावित है वहीं 10 प्रतिशत व्यापारी इस कला को आगे बढ़ाने के लिए संलग्न है। 48 प्रतिशत व्यापारी वर्ग के परिवार में पिता, 26 प्रतिशत भाई, 21 प्रतिशत व 5 प्रतिशत रिश्तेदार सम्मिलित है। व्यापारी वर्ग के परिवार में 47 प्रतिशत परिवार के सदस्य यही कार्य व 47 प्रतिशत परिवार के सदस्य यही कार्य व 47 प्रतिशत परिवार के सदस्य अन्य कार्य करते हैं वही 6 प्रतिशत पढ़ाई करते हैं। 100 प्रतिशत कारीगर यह कार्य फैक्ट्री में ही करते हैं। सभी 100 प्रतिशत व्यवसाय इस कार्य को समाधानी से समझते हैं, 81 प्रतिशत व्यापारियों का मानना है कि इस कार्य को अन्य लोग भी पसन्द करते हैं, वहीं 19 प्रतिशत व्यवसायी इस व्यवसाय से अहसमत है। 65 प्रतिशत व्यापारी इस व्यवसाय को समाज के उच्च स्तर पद, 28 प्रतिशत मध्यम स्तर व 7 प्रतिशत व्यापारी इसे निम्न स्तर पर स्थान पर देखते हैं। 71 प्रतिशत कारीगरों ने व्यवसाय के लिए प्रशिक्षण लिया है तथा 29 प्रतिशत कारीगरों को पहले से यह कार्य आता था, 45 प्रतिशत कारीगर इस कार्य को घर चलाने के लिए 45 प्रतिशत आय बढ़ाने के लिए तथा 10 प्रतिशत इसे समय व्यतीत करने के लिए करते हैं। इस व्यवसाय के लिए 70 प्रतिशत व्यापारी धागा काशीपुर से व 30 प्रतिशत अन्य स्थान से खरीदते हैं। धागे की खरीद 82 प्रतिशत व्यापारियों द्वारा प्रत्यक्ष रूप ये की जाती है वहीं, 18 प्रतिशत व्यापारियों द्वारा अप्रत्यक्ष रूप से धागे पूर्ण रूप से सभी व्यापारियों द्वारा लच्छी रूप में खरीदा जाता है तथा सभी व्यापारी इसे ग्रे में ही खरीदते हैं। पिलखुवा प्रिंटिंग और बुनाई से 43 प्रतिशत बेडशीट, 31 प्रतिशत लोई, 19 प्रतिशत पिल्लोकवर व 7 प्रतिशत दरी के रूप में उत्पाद बनते हैं। 71 प्रतिशत कारीगर वर्ग को मजदूरी प्रतिमाह तथा 29 प्रतिशत कारीगरों को प्रतिघंटा प्राप्त होती है। इस कार्य से 42 प्रतिशत कारीगरों की कमाई 10-20 हजार रू. तक, 35 प्रतिशत कारीगरों की कमाई 5-10 हजार रूपये तक, 14 प्रतिशत कारीगरों की कमाई 1-5 हजार रूपये तक तथा 9 प्रतिशत कारीगरों की कमाई 20,000 रूपये से अधिक है। 100 प्रतिशत कारीगरों का मानना है कि उनकी इस व्यवसाय में कुशलता है। इस कार्य के संदर्भ में 50 प्रतिशत कारीगर अपना कार्य सुझाव देते हैं वहीं, 40 प्रतिशत सुझाव नहीं देते हैं, 10 प्रतिशत कारीगर कभी-कभी कार्य सुझाव दिये जाते हैं। पिलखुवा व्यवसाय से जुड़े 80 प्रतिशत कारीगर इस व्यवसाय के साथ अन्य कार्य नहीं करते हैं वहीं 20 इस व्यवसाय के साथ-साथ अन्य कार्य को करना पसन्द करते हैं। 86 प्रतिशत कारीगर इस कार्य से संतुष्ट है वहीं 14 प्रतिशत कारीगर असंतुष्ट है। पिलखुवा व्यापार के कारीगर आय से बचत करने में असमर्थ है तथा 25 प्रतिशत कारीगर करीब 10-20 प्रतिशत ही बचत कर पाते हैं। 75 प्रतिशत कारीगरों ने माना है कि इस काय से कमाई मे अंतर (बढ़ोत्तरी) हुई है, 25 प्रतिशत कारीगरों ने बताया है कि इससे आय में कोई अंतर नहीं हुआ है। 90 प्रतिशत करीगरों ने आय में कटौती का अनुभव किया वहीं 10 प्रतिशत कारीरागें ने कटौती का अनुभव नहीं किया। 93 प्रतिशत कारीगरों के कार्य व आमदनी का मूल्यांकन निश्चित है वहीं 7 प्रतिशत कारीगरों के कार्य व आमदनी का मूल्यांकन कार्य कुशलता पर आधारित है।

**विचार विमर्श -** पिलखुवा में काम करने वाले कारीगर इस व्यवसाय को कुशलता पूर्वक करते हैं तथा कारीगरों को सुझाव भी दिये जाते हैं।इस व्यवसाय से जुड़े लोग कोई भी अन्य कार्य नहीं करते हैं क्योंकि कारीगर अपने कार्य से पूरी तरह संतुष्ट है। इस कार्य में कारीगरों की आय में भी बढ़ोत्तारी हुई है तथा कारीगरों की आमदनी का मूल्यांकन निश्चित रूप से तय है।पिलखुवा में प्रिंटिंग और बुनाई से बेडशीट, लोई, पिल्लोकवर, दरी उत्पाद बनते हैं कारीगरों को मजदूरी प्रतिमाह मिलती है जिसमें कारीगरों की 20,000 रूपये से अधिक है। बुनाई करने के लिए व्यापारी धागा काशीपुर से खरीदते हैं धागों को प्रत्यक्ष रूप से खरीदा जाता है। धागों को लच्छी रूप में खरीदा जाता है तथा सभी व्यापरी इसे ग्रे अवस्था में खरीदते हैं कारीगर इस व्यवसाय को शुरू करने से पहले प्रशिक्षण लेते हैं सभी ही कारीगर इस कार्य को फैक्ट्री में ही करते हैं इस कार्य को समाधानी पूर्वक समझते हैं, समाज में इस कार्य को पसन्द किया जाता है और समाज में इस व्यवसाय को उच्च स्तर पद मिला हुआ है। व्यापारी वर्ग के रिश्तेदार भी इस व्यवसाय से जुड़े हुए हैं। व्यापारी वर्ग में अधिकतर का व्यवसाय पैतृक है। जो कि 20 वर्षो से अधिक पुराना है। जो इस व्यवसाय में पुराने है इन्होंने प्रशक्षिण नहीं लिया है। जिन्होंने ये व्यवसाय कुछ वर्षो पहले शुरू किया है उन लोगों को प्रशिक्षण लेने की आवश्यकता है, ज्यादातर लोगों का मानना है कि इस व्यवसाय के प्रेरणा स्त्रोत उनके पूर्वक है और यह लोग इस व्यवसाय से लाभान्वित होकर इस कला को आगे बढ़ा रहे हैं। इस व्यवसाय में व्यापारी और कारीगरों की आयु 25 वर्ष से 50 वर्ष से अधिक है, ज्यादरतर हिन्दू लोग ही इस व्यवसाय से जुड़े हैं महिलाओं की भागीदारी व्यवसाय के प्रति कम है कारीगर वर्ग में अधिकतर लोगों का शैक्षिक स्तर अनपढ़ है। जो विवाहित है और अपने परिवार के साथ एकल रहते हैं। कारीगर लोग इस व्यवसाय से प्रति माह 10,000 से 20,000 हजार रूपये तक कमा लेते हैं। इन लोगों के परिवार के अन्य सदस्य भी इस कार्य को करना पसन्द करते हैं। कारीगर बुनाई, छपाई, रंगाई व डिजाइन बनाने का कार्य करते हैं। व्यापारी वर्ग में ज्यादातर व्यापारियों के परिवार की रचना संयुक्त है। व्यापारी वर्ग में बुनाई छपाई दोनों प्रकार का व्यवसाय होता है। कुछ व्यापारी रंगाई द्वारा भी उत्पाद बनाते हैं।

**निष्कर्ष -** इस शोध पत्र द्वारा पिलखुवा क्षेत्र में फल-फूल रहे वस्त्र उद्योग की एक सम्पूर्ण विस्तृत जानकारी सामने आयेगी। इस से आने वाली पीढ़ी को नये अध्ययन के अवसर प्रदान होंगे। पिलखुवा के वस्त्र उद्योग पर निर्भर व्यापारी वर्ग तथा इस उद्योग से सम्बन्धित अन्य लोग भी लाभान्वित होंगे। पिलखुवा में वस्त्रों से सम्बन्धित कई विधियों से जैसे - बुनाई, रंगाई, छपाई एवं ब्लॉक प्रिंटिंग कार्य होते हैं। यहाँ की आर्थिक और सामाजिक स्थिति में वर्तमान में सुधार आ रहा है तथा आधुनिकीकरण की तरह पहल हो रही है। व्यवसाय में व्यापारी और कारीगरों के सम्बन्धों में उल्लेखित समस्याओं की भविष्य में विस्तृत जानकारी इस शोध पत्र द्वारा सामने आयेगी।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. Aboutalebian ,S., & Gauri, F.N.(2018).Emerging Trends, Opportunities And Challenges In Textile Industries In India. *International Journal Of Academic Research And Development*,3(3) ,292-295
2. Chavan,R.B.(2001).Indian Textile Industry-Environmental Issues. *Indian Journal Of Fiber & Textile Research*, 26, 11-12

3. Choudhury , A.(2006).Textile Preparation And Dyeing. New Delhi. Mohan Primlani.
4. Corbman, B.P.(1983). Textile Fiber To Fabric (6th ed.).
5. Dedhia, E.,& Hundekar, M.(2008). Ajrakh Impressions And Expressions : A Jaurney Of Antique Traditional Indian Textile " Printing With Natural Dyes º. (1ST ed.). Mumbai.
6. Deo,H.T.(2001).Ecofriendly Textile Production. *Indian Journal Of Fiber & Textile Research*, 26, 61-73
7. Foundation,A.(2009). Sanganer Traditional Textile – Contemporary Cloth : Anokhi Museum Of Hand Printing . Jaipur, India.
8. Ganguly ,D. & Amrita. (2013). A Brief Studies On Block Printing Process In India. *National Institute Of Fashion Technology*. Retrieved From https://www.research gate.net/publication/292876526
9. Gill, P. (2014) Revival Of Durries Through Product Development (unpublished).Department Of Clothing & Textile
10. Hada , J.S.(2015). Dyeing With Natural Dyes: A Case Study Of Pipad Village, District Jodhpur , Rajasthan , DOL:10.13140/RG.2.1.5049.3204
11. Kamble,P.A., & Suryavanshi,A.G. A Study On Growth Of Decentralizad Powerl Loom Sector In India. Accessed on September 17,2019, Retrieved From https://www.researchgate.net/publication/3102403 21_A_STUDY_ON_GRO WTH_OF_DECENTRALI ZED_POWERLOOM_SECTOR_IN_INDIA
12. Karolia, A. & Amrita. (2008). Ajarkh, The Resist Printed Fabric Of Gujarat. *Indian Journal Of Traditional Knowledge*, 7(1), 93-97
13. Kaur,R., & Brar,P.(2015). A Brief Review Of Block Printing In India, With A Comparative Analysis Of Ajrak And Sanganer Styles of Printing , *Asian Resonance*, 4(2), 96-100
14. Khatoon, R., Das,A.K., Dutta, B.K., & Singh, P.K.(2014). Study Of Traditional Handloom Weaving By The Kom Tribe Of Manipur. *Indian Journal Of Traditional Knowledge*, 13(3) , 596-599
15. Kurup, KKN.(2008). Traditional Handloom Industry Of Kerala. *Indian Journal Of Traditional Knowledge*, 7(1), 50-52
16. Maity, S., Singha, K., Singha, M. (2012). Recent Developments in Rapier Weaving Machines In Textile. *American Journal Of Systems Science*, 1(1), 7-16, DOI: 10.5923/j.ajss.20101.02
17. Mohanty,B.C., Mohanty,J.P.(1983).Block Printing And Dyeing Of Bagru, Rajasthan : Study Of Contemporary Textile Crafts Of India. Ahmedabad, India. H.N.Patel.
18. Naik, S.D.(2012). Folk Embroidery And Traditional Handloom Weaving .New Delhi .S.B Nangia.
19. Navi,S.(2018,Decembera 9).50 Day Of Note Ban Handloom City Pilkhuwa. Retrieved From http: // hindi.catchnews.com/India/50 day_of_note_ban_ handloom_city_pilkhuwa_lies_deserted_traders_ angry_1483042780.htmi
20. Needles, H.L.(2001). Textile Fibers Dyes, Finishes And Processes (1st ed.).Delhi, India. A.K. Jain.
21. Plikhuwa.(2018).Retrieved December 8, 2018, From Wikipedia : http://hi.wiki/plikhuwa
22. Sengupta, S., Debnath, S., $ Bhattacharyya, G. (2008).Development Of Handloom For Jute Based Diversified Fabrics Modifying Traditional Cotton Handloom. *Indian Journal of Traditional Knowledge*, 7(1), 204- 207
23. Slater, K.(2003).Environmental Impact f Textile : Production, Processes And Protection (1st ed.). Wood head Publishing, North America.
24. Tambi, S. (2013). The Challenges Faced By SMEs In The Textile Industry: Special Reference To Hand Printing Enterprises In Jaipur. *Global Journal Of Management And Business Studies*, 3(7), 741-750
25. Teri,(2016).Energy Profile : Panipat Textile Cluster (Rep.).Accessed on December 20,2018, Retrieved From http://sameeeksha.org/pdf/clusterprofile/ PanipatTextileCluster.pdf
26. Textile Industry In India.(2019). Retrieved March 14, 19,From Wikipedia: http://en .wikipedia.org/wiki/ Textile_Industry_In_India
27. Thames & Hudsan. (2008). Indian Textiles (1st ed.).High Holborn , London.
28, बेला,डॉ. भार्गव,(2012),वस्त्र विज्ञान एवं धुलाई कला (चतर्थ संस्करण),जयपुर।
29, माथुर, कमलेश,(1997),हस्त्रशिल्प कला के विविध आयाम (प्रथम संस्करण), जयपुर।
30, माथुर,कमलेश,(2010),पारम्परिक कला एवं लोक संस्कृति,जयपुर।
31, पोटर,डेविड,एम,(2004),वस्त्र उघेग: तन्तु से वस्त्र, दिल्ली।
32, वर्मा,डॉ. प्रमिला,(2006),वस्त्र–विज्ञान एवं परिधान (उन्नीसवाँ संस्करण,),भोपाल,मध्यप्रदेश।
33, भगत,आशा,(1995),राजस्थान: गुजरात एवं मध्यप्रदेश की छपाई कला का सर्वेक्षण, राधा पब्किेशंस, नईदिल्ली।
34, गुर्जर,शर्मिला,(2003),वस्त्र रंगाई तकनीक(प्रथम संस्करण), जयपुर।

*************

# Sustainable Developmental Goals and Women Empowerment

**Mrs. Seema Naik***

***Assistant professor (Botany) Govt. Girls college, Barwani (M.P.) INDIA**

**Abstract -** This article is related with the integration of sustainable developmental goals and women empowerment. Sustainable developmental goals provide the equal opportunity of education and other facility to women for economically and socially development. it is also helpful in the development of the leadership skill in women. in this way, with the empowering of women we can achieve the target of sustainable goals, because women is a centre of home and society so she can play significant role in management of nutrition, clean environment, economy, and peace through her eco friendly activity.
**Keywords:** Sustainable development, SDGs, Women Empowerment, Opportunity.

**Introduction -** Sustainable Development goals (SDGs) are adopted by United Nations members in 2015, with the purpose of save earth planet and create a peaceful environment for the overall development of human being. these are 17 Goals which are, SDG 1- No poverty, SDG 2- Zero hunger, SDG 3- Good health and well-being, SDG 4- Quality education, SDG 5- Gender equality, SDG 6- Clean water and sanitation, SDG 7- Affordable and clean energy, SDG 8- Decent work and economic growth, SDG 9- Industry, innovation and infrastructure, SDG 10- Reduced inequalities, SDG 11- Sustainable cities and communities, SDG 12- Responsible consumption and production, SDG 13- Climate action, SDG 14- Life below water, SDG 15- Life on land, SDG 16- Peace, justice, and strong institutions, and SDG 17- Partnerships for the goals. United nation member decide to achieve these goals up to 2030. That's why it is also known as agenda 2030, and the objective is to create the peace and prosperity on the earth with the gender equality.

Success of these agenda is depending on the development of women, because women represent the half population of the world and play the significant role as a workforce in the various field like education, agriculture, industry, cottage industry etc. but they are having less opportunity to make policy or manage the things according to their wisdom and skill. so through the empowering of women we can change the scenario and able to achieve the target of SDGs.

**Women empowerment through Sustainable Goals:** The core objective of the SDGs is the Social development of the human being along with their economic growth and quality environment. But the main challenge in achieving the target is the half workforce (women) of the population. Because Women are suffering from malnutrition, home violence, gender indiscrimination, and getting less opportunity of quality education. so they are unable to give their contribution in the sustainable development. Michelle Obama once said, "No country can ever truly flourish if it stifles the potential of its women and deprives itself of the contributions of half of its citizen". So it is necessary to emphasis on the development of the women because women are not only the centre of their family but Society also. That's why SDGs 5 is most important to get gender equality. if women get equal opportunities then she can play significant role to achieve other SDGs. because the gender inequality hinders and obstructs global sustainable development and achievement of SDGs.(Begum Sertyesikisk, 2023). An increasing number of studies indicate that gender inequalities are extracting high economic costs and leading to social inequities and environmental degradation around the world (Candice Stevens, 2010) that's why it is very important to uplift the women and give them quality education without any discrimination. according to SDGs 4. Women should have the equal opportunities to get technical and management and other education as per her choice. Some workshop and educational programme should be organized for the upliftment of women confidence and leadership skill. Investing in girls education give the fruitful social impact. SDGs 3 ensure the medical facility and nutrition availability for good health and well being. Healthy and strong women can contribute in the upliftment of society. having an equal representation of Women will not only be a catalyst for economic growth, but also increase the quality of

innovations in India with inclusion of a diverse perspective in STEM (science, technology, engineering, Math) (Anand. p., 2022).

**Role of Women in Achieving the sustainable Goals:** Educated girls will become a stronger part of the workforce and play significant role in economical growth; they are good financial manager so that they can help society from overcome the poverty. In this way they will help to achieve the first SDGs (No poverty). Women are mainly responsible for meal and nutrition in their family, if she is having the proper knowledge of nutrition then she can contribute to end hunger (nutrient deficiency). Rural women give her contribution in agriculture so that they can promote sustainable agriculture and ensure the food security and improved nutrition, and helps to attain the target of SDGs 2. Clean environment and sanitation, affordable and clean energy, and climate change is the most important SDGs 6,7,13. and these targets cannot be achieve without the help of women, because the women are directly involve in the consumption of the energy, sanitation and environment through their household work. training and education motivate them to use affordable, and sustainable modern energy resources as well as environmental awareness initiate them to sustainable use of natural resources, which may be helpful to achieve the said targets. Women are naturally cooperative, innovative, productive and stable work force that's why then can work for achieving the target of SDGs 8, 9, 11, 12 and 17. main cause of the changing environment and degradation are modern developmental processes, to overcome this problem Green economy is the new concept, in which all the developmental programme should be eco friendly, for an example use of renewable energy source etc. women can enhance these concept through their eco friendly nature and saving the biodiversity with her aesthetic value.

**Conclusion:**We concluded that the sustainable goals empowering the women and provide the equal opportunity to work for the society and wellness of environment. Through the Women empowerment we can use her confidence and leadership skill, and problem solving approach to achieve the various sustainable goals. That's why for the sustainable development we should emphasis on the Equity and Equality. And provide the equal opportunity to women for the maintenance of peace and prosperous on the earth.

**References:-**

1. Sertyesilisik B.,(2023), "Women Empowerment as a Key to Support Achievement of the Sustainable Development Goals and Global Sustainable Development", Chakraborty C. and Pal D.(Ed) Gender Inequality and its Implication on Education and Health, Emerald Publishing Limited, leeds, pp 153-163.
2. Stevens C.,(2010), "Are women the key to Sustainable development?", Sustainable Development insights, pp. 1-8.
3. Anand P., (2022), "Role of women in integral to a sustainable future", Blog at Voices, India, TOI.
4. Women and sustainable development goals, United Nations entity for gender equality and the empowerment of women.

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# A Study on Blue Bull (*Boselaphustragocamelus*) Conflict in Jhalawar (Rajasthan)

**Dr. Sapna Bhargava*  Somlata****

*Deptt. of Wildlife Science, University of Kota, Kota (Raj.) INDIA
** Deptt. of Wildlife Science, University of Kota, Kota (Raj.) INDIA

**Abstract -** This research paper explores the dynamics of human-blue bull conflict in the Jhalawar district of Rajasthan, India. The study aims to investigate the patterns of blue bull menace and the types of conflicts arising between humans and blue bulls in the region. Data was collected through surveys, interviews, and field observations. A sample size of 150 respondents was selected using systematic random sampling techniques. Findings reveal that habitat destruction, agricultural expansion, illegal grass collection, and overgrazing by livestock are significant contributors to the conflict. The paper suggests various mitigation strategies to reduce human-blue bull conflict, emphasizing the importance of stakeholder cooperation, government intervention, and community awareness programs.

**Introduction -** India boasts a diverse biological legacy, encompassing approximately 89,451 species, among which are 390 species of mammals (Kumar and Khanna, 2006). Among these, India shelters 31 species of ungulates, with 25 of them protected under the Wildlife Protection Act of 1972. Of these ungulates, six belong to the antelope family, including the Nilgai, Four Horned Antelope, Indian Gazelle, Blackbuck, Tibetan Antelope, and Tibetan Gazelle, with three species being exclusive to the Indian subcontinent (Prater, 1971).

**निष्कर्ष –** इस प्रकार निष्कर्ष रूप में कह सकते हैं कि शमशेर के काव्य में- भाव- शिल्प- कला की दृष्टि से नए-नए प्रयोगों की सुचिंतित श्रृंखला है। उसमें उनके शायर की गहरी अनुभूति है। वे कहीं-कहीं दुरूह -दुष्कर भाषा से अलग बोलचाल की भाषा और देशज शब्दों का प्रयोग कर अपने भावों की नई भंगिमा प्रदान करते हैं। शमशेर की भाषा साधना की भाषा है। उन्होंने भाषा को तराश- तराश कर उसकी खराश नष्ट कर दी है। शमशेर की भाषा प्रधानत: बिंबात्मक है। शमशेर की कविता में बिंबो, प्रतीकों, रूपकों, उपमानों के सूक्ष्म संवेदन और चिंतन- मनन की गहराई में डूब कर समझा जा सकता है। शमशेर के काव्य में नांद बिम्ब ,स्पर्श बिम्ब ,रुप बिम्ब ,अस्वाद्य बिम्ब, गंधा बिम्ब, प्रकृति बिम्ब आदि की अभिव्यक्ति हुई है। इस प्रकार उक्त शोधपत्र की शोधात्मक विवेचना से यह स्पष्ट हो जाता है कि शमशेर बहादुर सिंह के काव्य में में भाषा, बिम्ब और प्रतीक की चेतनाएं विद्यमान हैं।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. सर्वेश्वर का काव्य-संवेदना और संप्रेषण ,डॉ. हरिचरण शर्मा, पृष्ठ संख्या 156,पंचशील प्रकाशन, जयपुर।
2. कविता के सौ वरस, लीलाधर मंडलोई, पृष्ठ संख्या 358, प्रेरणा प्रकाशन, भोपाल।
3. नई कविताएं-एकसाक्ष्य, रामस्वरूप चतुर्वेदी, पृष्ठ संख्या 87 ,लोक भारती प्रकाशन, इलाहाबाद।
4. टूटी हुई बिखरी हुई ,शमशेर बहादुर सिंह, पृष्ठ संख्या 129, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली।
5. कुछ कविताएं व कुछ और कविताएं, शमशेर बहादुर सिंह, पृष्ठ संख्या 153, राधाकृष्णन प्रकाशन, नई दिल्ली।
6. कवियों के कवि शमशेर, रंजना अरगड़े, पृष्ठ संख्या 134, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली।
7. नई कविताएं- एक साक्ष्य , रामस्वरूप चतुर्वेदी, पृष्ठ संख्या 24, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद।
8. काव्य बिंब, डॉ. नगेंद्र, पृष्ठ संख्या 09, लोकभारती प्रकाशन, इलाहाबाद।
9. काल तुझसे होड़ है मेरी, शमशेर बहादुर सिंह, पृष्ठ संख्या 64, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली।
10. कुछ कविताएं व कुछ और कविताएं, शमशेर बहादुर सिंह, पृष्ठ संख्या 48, राधाकृष्णन प्रकाशन, नई दिल्ली।
11. कुछ कविताएं व कुछ और कविताएं, शमशेर बहादुर सिंह, पृष्ठ संख्या 65, राधाकृष्णन प्रकाशन, नई दिल्ली।
12. कुछ कविताएं व कुछ और कविताएं, शमशेर बहादुर सिंह, पृष्ठ संख्या 62, राधाकृष्णन प्रकाशन, नई दिल्ली।
13. कुछ कविताएं व कुछ और कविताएं, शमशेर बहादुर सिंह, पृष्ठ संख्या 36, राधाकृष्णन प्रकाशन, नई दिल्ली।
14. कुछ कविताएं व कुछ और कविताएं, शमशेर बहादुर सिंह, पृष्ठ संख्या 138, राधाकृष्णन प्रकाशन नई दिल्ली।
15. काव्य बिंब, डॉ नगेंद्र, पृष्ठ संख्या 09, राधाकृष्णन प्रकाशन, नई दिल्ली।
16. इतने पास अपने, शमशेर बहादुर सिंह, पृष्ठ संख्या 33 ,राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली।

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# लघु एवं संक्रमणशील नगरीय क्षेत्रों में स्थित कृषि उपज मण्डीयों की आय एवं व्यय का तुलनात्मक अध्ययन (राजगढ़ एवं विदिशा जिले के विशेष संदर्भ में)

**मुकेश शाक्यवार*  डॉ.सुनील आडवानी****

* सहायक प्राध्यापक, ने.सु.बोस शासकीय महाविद्यालय, ब्यावरा एवं शोधार्थी,विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत
** सहायक प्राध्यापक, बाल कृष्ण शर्मा नवीन शासकीय महाविद्यालय, शाजापुर (म.प्र.) भारत

**शब्द कुंजी –**लघु नगरीय क्षेत्र – नगर पालिका क्षेत्र, संक्रमण नगरीय क्षेत्र – नगर पंचायत क्षेत्र कृषि उपज मण्डी– वह संस्था जहॉ शासन की निगरानी में कृषि उपजों का क्रय विक्रय किया जाता है।

**प्रस्तावना–** वर्तमान में 60 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से कृषि पर निर्भरता रखती है। अल्पकालीन निवेश पर आधारित होने के कारण जोखिम अधिक होती है। कृषकों को कृषि उत्पादन बढ़ाने के लिए विविध प्रकार से मार्गदर्शन किया जाता है। कृषि के अंतर्गत खेती के अतिरिक्त पशुपालन, उद्यानिकी, वानिकी तथा कृषि प्रसंस्करण शामिल किया जाता है, यह निजी क्षेत्र का बड़ा भाग होता है। इसी परिपेक्ष में कृषि के विकास के लिए एक कुशल वितरण प्रणाली आवश्यक है इस कार्य में सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका संगठित कृषि उपज मण्डियां निभा सकती हैं। कृषि उपज मण्डी विभिन्न प्रकार की कृषि उपज के लिए व्यावसायिक एवं वाणिज्यिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए प्रमुख भूमिका तय करती है। जहां कृषक वर्गों द्वारा अपनी उपज को विपणन हेतु लाया जाता हैं, जिसके लिए व्यापारियों को उपज खरीदने का अवसर प्रदान किया जाता है। कृषि उपज मण्डी में कृषि उपज के विपणन के साथ–साथ अन्य विभिन्न प्रकार की गतिविधियां तथा सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। इस प्रकार कृषि उपज के लिए पर्याप्त बाजार संभावनाएं तय करने के साथ–साथ उपज के तौलने, नीलामी उपज का श्रेणीकरण तथा वर्गीकरण इत्यादि के साथ–साथ कृषक वर्गो को उपज का उचित मूल्य प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका रखती है। इस प्रकार कृषि उपज मण्डी परिसर में विभिन्न प्रकार के संसाधनों की एवं संसाधनों के साथ–साथ सुविधाओं के बढ़ाने के लिए विभिन्न प्रकार के व्ययों का प्रावधान किया जाता है।

**अध्ययन का उद्देश्य–**ब्यावरा एवं लटेरी मण्डी समितियों के पूंजीगत–आगत आय – व्यय योग एवं बचत का अध्ययन करना।

**अध्ययन की शोध प्रविधि–** इस अध्ययन के लिएक्षेत्र निधारण हेतु हमारे द्वारा सविचार, उद्देश्य पूर्ण निदर्शन विधि का प्रयोग किया गया है। विश्लेषण हेतु द्वितीयक समंको का संकलन साक्षात्कार अनुसूची के माध्यम से किया गया है। ऑकडों का सारणीयकरण करके औसत, प्रतिशत, प्रमाप विचलन आदि सांख्यिकीय विधियों का प्रयोग किया गया है।

**अध्ययन का क्षेत्र एवं सीमा–** इस अध्ययन हेतु हमारे द्वारा लघु नगरीय क्षेत्र मण्डी के रूप में राजगढ़ जिले के ब्यावरा नगर की कृषि उपज मण्डी को तथा सक्रमणशील नगरीय क्षेत्र की मण्डी के रूप में विदिशा जिले के लटेरी नगर स्थित कृषि उपज मण्डी का चयन उद्देश्य पूर्ण सविचार निदर्शन विधि द्धारा किया गया है। साथ ही समयसीमा के रूप मे विगत पॉंच वित्तीय वर्षो (2018–19 से 2022–23) को लिया गया है।

**अध्ययन के लिये चयनित कृषि उपज मण्डी समितियों के आय–व्यय का ब्यौरा,विश्लेषण एवं निष्कर्ष–**

**कृषि उपज मण्डी समिति आय–** कृषि उपज मण्डी समिति की प्रमुख आय मण्डी शुल्क के रूप में होती है। साथ ही व्यापारियों को लाइसेंस प्रदान करने के लिए निर्धारित शुल्क के साथ वसूली जाती है। जो आय का प्रमुख साधन माना जाता है। साथ ही कृषि उपज मण्डी परिसर में गोदाम के किराए से प्राप्त होने वाली आय विभिन्न प्रकार के निविदा एवं प्रपत्रों के विक्रय से आय इत्यादि के रूप में प्राप्त होती है। इस प्रकार कृषि उपज मण्डी समिति के द्वारा बैंक खाता उपलब्ध होता है। जिसमें निर्धारित राशि जमा रहती है जो ब्याज के रूप में प्राप्त होती है इसी परिपेक्ष में कृषि उपज मण्डी समिति की विभिन्न प्रकार की आय की विवेचना बिंदुवार की गई है। जिसके लिए कृषि उपज मण्डी समिति लटेरी तथा कृषि उपज मण्डी समिति ब्यावरा के मध्य आय संबंधी गतिविधियों का तुलनात्मक अध्ययन किया गया है।

मण्डी शुल्क–

**तालिका क्रमांक 01 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)**

तालिका 1 से स्पष्ट है कि यदि तुलनात्मक रूप से प्रमाप विचलन गुणांक में तुलना किया जाए तो परिवर्तन देखा गया है जिसमें कृषि उपज मंडी समिति लटेरी का विचरण गुणांक 33.35 प्रतिशत प्राप्त हुआ है तथा कृषि उपज मंडी समिति ब्यावरा का विचरण गुणांक 32.29 प्रतिशत पाया गया है।

**निष्कर्ष–** दोनों की स्थिरता में अंतर देखा जाए तो कृषि उपज मण्डी समिति लटेरी की अपेक्षा कृषि उपज मण्डी समिति ब्यावरा की प्रतिवर्ष आय में स्थिरता अधिक है। अर्थात कृषि उपज मण्डी समिति ब्यावरा की विचरण गुणांक कम होने के कारण मण्डी शुल्क की प्राप्ति में अनियमितता अधिक है।

अनुज्ञप्ति शुल्क–

**तालिका क्रमांक 02 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)**

तालिका 2 से स्पष्ट है कि कृषि उपज मण्डी समिति लटेरी एवं कृषि उपज मण्डी समिति ब्यावरा में अनुज्ञापन शुल्क की प्राप्ति में अंतर पाया

गया है। क्योंकि लटेरी कृषि उपज मण्डी समिति का कार्य क्षेत्र कृषि उपज मण्डी समिति ब्यावरा की अपेक्षा कम है। इस कारण अनुपातिक वसूली की दृष्टि से सर्वाधिक वसूली कृषि उपज मण्डी समिति ब्यावरा की होनी चाहिए थी परंतु अध्ययन में अनुज्ञापन राशि की वसूली कृषि उपज मण्डी समिति लटेरी की पाई गई है। यदि विचरण गुणांक की दृष्टि से अध्ययन किया जाए तो कृषि उपज मण्डी समिति लटेरी का विचरण गुणांक 65.70 प्रतिशत की दर से पाया गया है तथा कृषि उपज मण्डी समिति ब्यावरा का विचरण गुणांक 75.58 प्रतिशत की दर से पाया गया है।

**निष्कर्ष–** स्थिरता एवं नियमितता की दृष्टि से कृषि उपज मण्डी समिति ब्यावरा का विचरण गुणांक अधिक पाया गया है तथा कृषि उपज मंडी समिति लटेरी का विचरण गुणांक कम पाया गया है। इस दृष्टि से अनुज्ञापन शुल्क की प्राप्ति में स्थिरता कृषि उपज मण्डी समिति लटेरी में स्थिरता अधिक दर्शा रहा है जबकि कृषि उपज मण्डी समिति ब्यावरा में प्राप्ति में स्थिरता कम दर्शा रहा है।

**भूखंड एवं गोदाम किराया–**

**तालिका क्रमांक 03 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)**

तालिका 3 से स्पष्ट है कि कृषि उपज मण्डी परिसर में छोटे–छोटे व्यापारियों को दुकान एवं खरीदी बिक्री के लिए भूमि एवं भवन उपलब्ध कराया जाता है। जो कृषि उपज मण्डी में उपज को बेचने के लिए आने वाले कृषकों को चाय नाश्ते एवं खरीदी के लिए सुविधा उपलब्ध कराई जाती हैं इस प्रकार कृषि उपज मण्डी समिति के लिए आय का हिस्सा होता है। साथ ही व्यापारियों द्वारा विपणन के दौरान खरीदी गई उपज के भंडारण के लिए गोदाम किराए पर उपलब्ध कराया जाता है। जिससे नियत दर से कृषि उपज मण्डी समिति को आय प्राप्त होती है। यदि प्रमाप विचलन गुणांक में तुलनात्मक अध्ययन किया जाए तो कृषि उपज मण्डी समिति लटेरी का विचरण गुणांक 0.22 प्रतिशत की दर से दर्शा रहा है तथा कृषि उपज मण्डी समिति ब्यावरा का विचरण गुणांक 0.21 प्रतिशत की दर से दर्शा रहा है।

**निष्कर्ष–** कृषि उपज मण्डी समिति लटेरी एवं कृषि उपज मण्डी समिति ब्यावरा के विचरण गुणांक में सामान्यत: कोई अंतर नहीं दर्शा रहा है। इस प्रकार दोनों में भूखंड एवं गोदाम किराए की प्राप्ति दर की स्थिरता एवं नियमितता समान रूप से पाई गई है।

जुर्माना एवं प्रपत्र विक्रय से प्राप्ति –

**तालिका क्रमांक 04 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)**

तालिका 4 से स्पष्ट है कि जुर्माने की राशि की प्राप्ति सामान्यत: नियमों के उल्लंघन की दशा में, बिना अनुमति के नीलामी प्रक्रिया में भाग लेना तथा बगैर किसी अनुमति के उपज को कृषि उपज मण्डी परिषद से निकास किया जाना इत्यादि के आधार पर जुर्माने का प्रावधान किया गया है। इस प्रकार कृषि उपज मण्डी समिति लटेरी एवं कृषि उपज मण्डी समिति ब्यावरा के मध्य विचरण गुणांक के आधार पर तुलना की जाए तो दोनों की आए परिवर्तन में स्थिरता की दृष्टि से परिवर्तन देखा गया है। जिसमें कृषि उपज मण्डी समिति लटेरी का विचरण गुणांक 15 प्रतिशत की दर से पाया गया है तथा कृषि उपज मण्डी समिति ब्यावरा का विचरण गुणांक 19.66 प्रतिशत की दर से पाया गया है।

**निष्कर्ष–** कृषि उपज मण्डी समिति ब्यावरा की अपेक्षा कृषि उपज मण्डी समिति लटेरी की जुर्माना एवं प्रपत्र के विक्रय से होने वाली आय में स्थिरता एवं नियमितता अधिक पाई गई है।

कृषि उपज मंडी को ब्याज से प्राप्तियां

**तालिका क्रमांक 05 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)**

तालिका 5 से स्पष्ट है कि कृषि उपज मण्डी समितियों को विभिन्न प्रकार की जमाओ एवं कर्मचारियों को दिए गए ऋणों पर प्राप्त ब्याज से होती है। साथ ही विभिन्न प्रकार के वसूले जाने वाली शुल्क के भुगतान करने में कोई भी व्यापारी देरी करता है तो दंड स्वरूप ब्याज के साथ शुल्क जमा करवाया जाता है। जो आय का विशेष साधन माना जाता है। इस प्रकार कृषि उपज मण्डी समिति लटेरी एवं कृषि उपज मण्डी समिति ब्यावरा के विचरण गुणांक की दृष्टि से तुलना किया जाए, तो दोनों कृषि उपज मण्डी समिति की आय की स्थिरता में अंतर प्राप्त होता है। जिसमें कृषि उपज मण्डी समिति लटेरी का विचरण गुणांक 45.49 प्रतिशत रहा है तथा कृषि उपज मण्डी समिति ब्यावरा का विचरण गुणांक 52.02 प्रतिशत रहा है।

**निष्कर्ष–** दोनों उपज मण्डी की तुलना में कृषि उपज मण्डी समिति लटेरी का विचरण गुणांक कृषि उपज मण्डी समिति ब्यावरा के विचरण गुणांक की अपेक्षा कम है। ऐसी स्थिति में कृषि उपज मण्डी समिति लटेरी को प्राप्त होने वाले ब्याज में स्थिरता एवं नियमितता अधिक है।

**अनुदान एवं विविध आय–**

**तालिका क्रमांक 06 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)**

तालिका 6 से स्पष्ट है कि विविध आई की प्राप्ति की दृष्टि से कृषि उपज मण्डी समिति लटेरी की सर्वाधिक आय वर्ष 2019–20 में 4.82 लाख रुपए की प्राप्ति हुई है तथा सबसे कम आए वर्ष 2022–23 में 0.48 लाख रुपए की प्राप्ति हुई है। इस प्रकार औसतन आय कि प्रतिवर्ष प्राप्ति 2.55 लाख रुपए की रही है।

कृषि उपज मण्डी समिति ब्यावरा की सर्वाधिक प्राप्ति वर्ष 2018–19 में 8.94 लाख रुपए की प्राप्ति हुई है, जबकि सबसे कम प्रति वर्ष वर्ष 2022–23 में 0.87 लाख रुपए की विविध आय के रूप में प्राप्ति हुई है जो औसतन 4.55 लाख रुपए प्रति वर्ष मानी गई है।

**निष्कर्ष–** दोनों कृषि उपज मंडियों का तुलनात्मक अध्ययन किए जाने से स्थिरता में अंतर देखा गया है। अर्थात कृषि उपज मण्डी समिति ब्यावरा की अपेक्षा कृषि उपज मण्डी समिति लटेरी की विविध आय में स्थायित्व एवं नियमितता अधिक पाई गई है।

**कृषि उपज मण्डी के संचालन व्यय–** किसी भी संस्थाओं के संचालन के लिए आवश्यकता अनुरूप व्ययों की आवश्यकता होती है। जिसके लिए बजट का प्रावधान किया जाना होता है। सामान्यत: विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के संचालन के लिए विविध प्रकार के व्ययों की आवश्यकता होती है। इसके प्रबंधन के लिए स्वयं के स्रोतों का निर्धारण करना होता है। कृषि उपज मण्डी संचालन से विविध प्रकार की आय प्राप्ति की संभावना बनी रहती है। जिसके आधार पर आवश्यकता अनुसार व्यय करने का प्रावधान किया जाता है। सामान्य दृष्टि से संस्थानों नियमित कर्मचारी के वेतन व भत्तो के लिए शासन द्वारा बजट का प्रावधान किया जाता है। इसके अतिरिक्त संस्थान के आंतरिक गतिविधियों के संचालन हेतु कोष निर्धारित किया जाता है। जो विभिन्न प्रकार की गतिविधियां संचालित करने में सहायक होती है। जिसका विश्लेषण विभिन्न मदों को केंद्रित करते हुए किया गया है।

कार्यालयीन एवं गोदाम व्यय–

**तालिका क्रमांक 07 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)**

तालिका 7 से स्पष्ट है कि कार्यालयीन एवं गोदाम व्यय कृषि उपज

मण्डी समितियां के महत्वपूर्ण व्यय माने गए हैं। जो कार्यालय एवं गोदाम के संचालन पर नियमित रूप से किया जाता है। जिसके आधार पर विभिन्न प्रकार की गतिविधियां संचालित होते रहती है। जो परिस्थितियों के अनुसार परिवर्तनशील मानी गई है। यदि विचरण गुणांक की दृष्टि से कृषि उपज मण्डी समिति लटेरी एवं कृषि उपज मण्डी समिति ब्यावरा में तुलना किया जाए तो उनके व्ययों में स्थिरता एवं अनियमितता में अंतर देखा गया है। इस प्रकार विचरण गुणांक 19.2 प्रतिशत पाया गया तथा कृषि उपज मण्डी समिति ब्यावरा का विचरण गुणांक 21.55 प्रतिशत की दर से पाया गया है।

**निष्कर्ष–** दोनों का तुलनात्मक रूप से कृषि उपज मण्डी समिति ब्यावरा की अपेक्षा कृषि उपज मण्डी समिति लटेरी में कार्यालय में किए जाने वाले व्ययों की दृष्टि से अनियमितता एवं स्थिरता अधिक है।

**प्रत्यक्ष व्यय–**

**तालिका क्रमांक 08 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)**

तालिका 8 से स्पष्ट है कि प्रत्यक्ष व्यय के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के ऐसे व्ययों को शामिल किया जाता है, जिनकी अनिवार्यता निश्चित है। जिसमें विशेष रूप से मण्डी बोर्ड शुल्क शामिल है। साथ ही स्थाई निधि के रूप में अनिवार्य व्यय को शामिल किया गया है। इस प्रकार कृषि उपज मण्डी समिति लटेरी एवं कृषि उपज मण्डी समिति ब्यावरा के मध्य प्रत्यक्ष व्यय के संदर्भ में विचरण गुणांक के आधार पर तुलनात्मक अध्ययन किया जाए तो अंतर पाया गया है। कृषि उपज मण्डी समिति लटेरी का विचरण गुणांक 11.93 प्रतिशत पाया गया तथा कृषि उपज मण्डी समिति ब्यावरा का विचरण गुणांक 12.63 प्रतिशत पाया गया है।

**निष्कर्ष–** स्थिरता एवं नियमितता की दृष्टि से कृषि उपज मण्डी समिति ब्यावर की अपेक्षा कृषि उपज मण्डी समिति लटेरी के प्रत्यक्ष व्यय में नियमितता एवं स्थायित्व अधिक पाया गया है।

**स्थाई संपत्ति एवं निर्माण से संबंधित व्यय–**

**तालिका क्रमांक 09 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)**

तालिका 9 से स्पष्ट है कि प्रमाप विचलन गुणांक के आधार पर कृषि उपज मण्डी समिति लटेरी एवं कृषि उपज मण्डी समिति ब्यावरा के मध्य तुलनात्मक अध्ययन किया जाए तो कृषि उपज मण्डी समिति लटेरी का विचरण गुणांक 28.22 प्रतिशत प्राप्त हुआ है तथा कृषि उपज मण्डी समिति ब्यावरा का विचरण गुणांक 47.65 प्रतिशत पाया गया है। इस प्रकार कृषि उपज मण्डी समिति ब्यावरा की अपेक्षा कृषि उपज मण्डी समिति लटेरी का विचरण गुणांक तुलनात्मक दृष्टि से कम पाया गया है।

**निष्कर्ष–** व्ययों के नियमितता एवं स्थायित्व की दृष्टि से कृषि उपज मण्डी समिति लटेरी की स्थिति में नियमितता एवं स्थायित्व अधिक बेहतर है।

**कृषि उपज मण्डी समिति की बचत–** किसी भी संस्था की आय और व्यय की स्थिति समय अनुरूप निर्धारित होती है जो अंतर के आधार पर बचत तय करती है। यही बचत संस्था की आर्थिक स्थिति को दर्शाता है तथा निवेश क्षमता को बढ़ावा देता है कृषि उपज मण्डी समिति की विविध स्रोतों से आय का अनुमान लगाया जाता है तथा आवश्यकता अनुसार व्ययों का प्रावधान किया जाता है। इस प्रकार बचत विभिन्न प्रकार के व्ययों पर अतिरेक माना जाता हैं। यह अतिरेक संस्था का भविष्य तथा स्थायित्व को सही दिशा प्रदान करता है। जो उसकी संपन्नता एवं विकास का मार्गदर्शन के रूप में कार्य करता है। कृषि उपज मण्डी समितियां की बचत की विवेचना तालिका क्रमांक 10 में स्पष्ट किया गया है–

**तालिका क्रमांक 10 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)**

कृषि उपज मंडियों की प्रतिवर्ष होने वाली आय–व्यय के अंतर से होने वाली बचत की दृष्टि से कृषि उपज मण्डी समिति लटेरी की सर्वाधिक बचत वर्ष 2022–23 में 16.29 लाख रुपए की रही है तथा सबसे कम बचत वर्ष 2018–19 में 2.70 लाख रुपए की रही है। इस प्रकार प्रतिवर्ष औसतन बचत 7.83 लाख रुपए की होती है। इस प्रकार कृषि उपज मण्डी समिति ब्यावरा की सर्वाधिक बचत वर्ष 2020–21 में 76.78 लाख रुपए की रही है। जबकि सबसे कम बचत वर्ष 2018–19 में 11.22 लाख रुपए की रही है। औसतन 45.72 लाख रुपए प्रतिवर्ष बचत को दर्शाया गया है।

**निष्कर्ष–** अध्ययन से स्पष्ट है कि किसी भी संस्था की आय–व्यय में सदैव परिवर्तन होता रहता है जो लाभ हानि तथा बचत का निर्धारण भी करती है। यदि आय में वृद्धि होती है तथा व्यय में कमी होती है तो बचत की संभावना अधिक बढ़ जाती है। जब खर्चो में नियंत्रण एवं कटौती अधिक की जाती है तो बचत की स्थिति बेहतर होती हैं। यदि खर्चों में वृद्धि होती है तो बचत की संभावना कम होने लगती है इस प्रकार बचत में होने वाले परिवर्तन के स्थायित्व एवं नियमितता को जानने के लिए विचरण गुणांक को आधार मानकर कृषि उपज मंडी समिति लटेरी तथा कृषि उपज मण्डी समिति ब्यावरा में तुलनात्मक अध्ययन किया जाए तो कृषि उपज मण्डी समिति लटेरी का विचरण गुणांक 64.88 प्रतिशत रहा है तथा कृषि उपज मण्डी समिति ब्यावरा का विचरण गुणांक 56.52 प्रतिशत रहा है। तुलनात्मक दृष्टि से कृषि उपज मण्डी समिति लटेरी की अपेक्षा कृषि उपज मण्डी समिति ब्यावरा का विचरण गुणांक कम पाया गया है। कृषि उपज मण्डी समिति ब्यावरा की बचत में नियमितता एवं स्थायित्व अधिक है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची**:–

1. भारत सरकार 'कृषि सांख्यिकी' कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, नई दिल्ली, 2021
2. भारती एवं पांडे 'भारतीय अर्थव्यवस्था' मध्य प्रदेश हिंदी ग्रंथ अकादमी, भोपाल, 2019
3. एस.के. मिश्रा एवं वी.के. पुरी 'भारतीय अर्थव्यवस्था' हिमालय पब्लिशिंग हाउस, मुंबई, 2022
4. एन एल अग्रवाल 'भारतीय कृषि का अर्थ तंत्र' राजस्थान हिंदी ग्रंथ अकादमी, जयपुर, 2018
5. कृष्ण कुमार दमाहिया 'कृषि विकास की समस्या' मित्तल पब्लिकेशंस से नई दिल्ली, 2001
6. रुद्र दत्ता एवं सुंदरम 'भारतीय अर्थव्यवस्था' एस चंद्र एंड कंपनी लिमिटेड नई दिल्ली, 2019
7. संजीव कुमार 'समेकित कृषि प्रणाली' न्यू इंडिया पब्लिशिंग एजेंसी नई दिल्ली, 2008
8. विष्णु दत्ता नगर 'भारतीय अर्थव्यवस्था' मध्य राज्यपाल एंड सन्स, दिल्ली, 2002
9. सी. रंगराजन 'भारत के अर्थ नीति' राजपाल एंड सन्स, दिल्ली, 2002
10. जिला सांख्यिकी पुस्तिका राजगढ़ जिला, जिला योजना विभाग, राजगढ़, 2021
11. जिला सांख्यिकी पुस्तिका विदिशा जिला, जिला योजना विभाग, विदिशा 2020

12. हरीश कुमार खत्री 'शोध प्रविधि' कैलाश पुस्तक सदन भोपाल 2023 एमडी अग्रवाल शोध प्रणाली एवं सांख्यिकी प्रविधियां रमेश बुक डिपो 2018
13. आर.पी. गुप्ता रीवा जिले में कृषि उपज की विपणन व्यवस्था-एक अध्ययन स्वदेशी रिसर्च फाउंडेशन 2020
14. राजेश जैन मध्य प्रदेश की कृषि उपज मंडी का कृषकों की आर्थिक उन्नति में योगदान (इंदौर संभाग के विशेष संदर्भ में), देवी अहिल्या विश्वविद्यालय 2016
15. शिल्पा गुप्ता कृषि विपणन का समीक्षात्मक अध्ययन (रीवा जिले के विशेष संदर्भ में) इंटरनेशनल जनरल आफ एडवांस्ड रिसर्च एंड डेवलपमेंट 2018
16. निशी शुक्ला उत्तार प्रदेश में कृषि उपज की विपणन प्रणाली में मंडी परिषद के योगदान का विश्लेषणात्मक अध्ययन छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, 2011
17. केदार श्रीवास कृषि उपज मंडी समिति की कार्यप्रणाली का तुलनात्मक अध्ययन (ग्वालियर, धौलपुर एवं आगरा मंडी के विशेष संदर्भ में) 2020
18. वर्षा मोदी कृषि उपज मंडी नागदा : एक आर्थिक विश्लेषण विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन 2012
19. राजेंद्र कुमार सिंह ठाकुर कृषि उपज मंडी समिति की कार्यप्रणाली एवं उपलब्धियों का आलोचनात्मक मूल्यांकन पंडित रवि शंकर शुक्ल विश्वविद्यालय ग्वालियर 2004
20. एस.के. चौधरी मध्यप्रदेश में कृषि विकास के आयाम 2021
21. मध्य प्रदेश कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972, मध्य प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड भोपाल 2005
22. वेबसाइट- मध्य प्रदेश राज्य कृषि वितरण बोर्ड भोपाल 2023
23. वार्षिक रिपोर्ट कृषि उपज मंडी समिति लटेरी 2018-19, 2019-20, 2020-21, 2021-22, 2022-23
24. वार्षिक रिपोर्ट कृषि उपज मंडी समिति ब्यावरा 2018-19, 2019-20, 2020-21, 2021-22, 2022-23

**शोध पत्रिकाओं की सूची:-**
1. शोध समीक्षा एवं मूल्यांकन, जयपुर
2. रिसर्च लिंक, इंदौर मध्य प्रदेश
3. नवीन शोध संसार, नीमच
4. रिसर्च एनालिसिस एंड इवेलुएशन जयपुर
5. कुरुक्षेत्र मासिक सूचना प्रसारण मंत्रालय नई दिल्ली 6. योजना मासिक सूचना प्रसारण मंत्रालय नई दिल्ली

**दैनिक समाचार पत्र पत्रिकाओं की सूची:-**
1. दैनिक भास्कर, इंदौर
2. दैनिक भास्कर, भोपाल
3. दैनिक पत्रिका, इंदौर
4. दैनिक नई दुनिया, इंदौर
5. दैनिक जागरण चौथा संसार, इंदौर

**तालिका क्रमांक 01 मण्डी शुल्क की स्थिति (राशि लाख रुपए में)**

| वर्ष | कृषि उपज मण्डी लटेरी | | कृषि उपज मण्डी ब्यावरा | |
|---|---|---|---|---|
| | राशि | प्रतिशत परिवर्तन | राशि | प्रतिशत परिवर्तन |
| 2018-19 | 196.77 | - | 665.75 | - |
| 2019-20 | 245.41 | 24.72 | 698.39 | 4.90 |
| 2020-21 | 281.92 | 14.88 | 679.82 | (-) 2.66 |
| 2021-22 | 175.13 | (-) 37.88 | 625.87 | (-) 7.94 |
| 2022-23 | 250.28 | 42.91 | 1113.86 | 77.97 |
| औसत | 229.90 | 44.63 | 756.74 | 72.27 |
| प्रमाप विचलन | 38.62 | - | 180.15 | - |
| विचरण गुणांक | 16.80 | - | 23.81 | - |

**स्रोत- वार्षिक रिपोर्ट कृषि उपज मंडी समिति**

**तालिका क्रमांक 02 अनुज्ञप्ति शुल्क की प्राप्ति की स्थिति (हजार रुपए में)**

| वर्ष | कृषि उपज मण्डी लटेरी | | कृषि उपज मण्डी ब्यावरा | |
|---|---|---|---|---|
| | राशि | प्रतिशत परिवर्तन | राशि | प्रतिशत परिवर्तन |
| 2018-19 | 8.63 | 120.16 | 11.40 | - |
| 2019-20 | 19.00 | 276.84 | 5.20 | (-) 54.39 |
| 2020-21 | 71.60 | (-) 38.90 | 34.28 | 55.92 |
| 2021-22 | 43.57 | (-) 9.69 | 43.70 | 27.48 |
| 2022-23 | 39.51 | | 64.51 | 47.62 |
| औसत | 36.50 | 87.10 | 31.82 | 19.16 |
| प्रमाप विचलन | 23.98 | - | 24.05 | - |
| विचरण गुणांक | 65.70 | - | 75.58 | - |

**स्रोत- वार्षिक रिपोर्ट कृषि उपज मण्डी समिति**

| तालिका क्रमांक | 03 भूखंड एवं गोदाम किराए से प्राप्ति की स्थिति (लाख रुपए में) | | | |
|---|---|---|---|---|
| वर्ष | कृषि उपज मण्डी लटेरी | | कृषि उपज मण्डी ब्यावरा | |
| | राशि | प्रतिशत परिवर्तन | राशि | प्रतिशत परिवर्तन |
| 2018-19 | 1.95 | - | 6.83 | - |
| 2019-20 | 2.82 | 44.62 | 10.64 | 55.78 |
| 2020-21 | 1.54 | (-) 45.39 | 8.61 | (-) 19.08 |
| 2021-22 | 1.73 | 12.34 | 11.17 | 29.73 |
| 2022-23 | 2.29 | 32.37 | 5.87 | (-) 47.45 |
| औसत | 2.07 | 10.99 | 8.62 | 4.75 |
| प्रमाप विचलन | 0.45 | - | 1.80 | - |
| विचरण गुणांक | 0.22 | - | 0.21 | - |

**स्रोत- वार्षिक रिपोर्ट कृषि उपज मण्डी समिति**

**तालिका क्रमांक 04 जुर्माना एवं प्रपत्र विक्रय से प्राप्त आय की स्थिति**

| वर्ष | कृषि उपज मण्डी लटेरी | | कृषि उपज मण्डी ब्यावरा | |
|---|---|---|---|---|
| | राशि | प्रतिशत परिवर्तन | राशि | प्रतिशत परिवर्तन |
| 2018-19 | 0.51 | - | 1.46 | - |
| 2019-20 | 0.42 | (-) 17.65 | 1.36 | (-) 6.85 |
| 2020-21 | 0.39 | (-) 7.14 | 1.02 | (-) 25.00 |
| 2021-22 | 0.31 | (-) 20.51 | 0.93 | (-) 8.82 |
| 2022-23 | 0.48 | 54.84 | 1.07 | 15.05 |
| औसत | 0.42 | | 1.17 | (-) 25.62 |
| प्रमाप विचलन | 0.063 | - | 0.23 | - |
| विचरण गुणांक | 15.00 | - | 19.66 | - |

**स्रोत- वार्षिक रिपोर्ट कृषि उपज मण्डी समिति**

**तालिका क्रमांक 05 कृषि उपज मण्डी समिति को ब्याज से आय की स्थिति (लाख रुपए में)**

| वर्ष | कृषि उपज मण्डी लटेरी | | कृषि उपज मण्डी ब्यावरा | |
|---|---|---|---|---|
| | राशि | प्रतिशत परिवर्तन | राशि | प्रतिशत परिवर्तन |
| 2018-19 | 6.49 | - | 18.88 | - |
| 2019-20 | 6.89 | 6.16 | 19.33 | 2.38 |
| 2020-21 | 15.28 | 131.23 | 50.60 | 161.77 |
| 2021-22 | 7.31 | (-) 54.26 | 24.05 | (-) 52.47 |
| 2022-23 | 5.44 | (-) 25.58 | 13.32 | (-) 44.62 |
| औसत | 8.42 | 14.56 | 25.24 | 16.77 |
| प्रमाप विचलन | 3.83 | - | 13.13 | - |
| विचरण गुणांक | 45.49 | - | 52.02 | - |

**स्रोत- वार्षिक रिपोर्ट कृषि उपज मण्डी समिति**

**तालिका क्रमांक 06 अनुदान एवं विविध आय प्राप्ति की स्थिति (लाख रुपए में)**

| वर्ष | कृषि उपज मण्डी लटेरी | | कृषि उपज मण्डी ब्यावरा | |
|---|---|---|---|---|
| | राशि | प्रतिशत परिवर्तन | राशि | प्रतिशत परिवर्तन |
| 2018-19 | 4.21 | - | 7.19 | - |
| 2019-20 | 4.82 | 14.49 | 8.94 | 24.34 |
| 2020-21 | 1.96 | (-) 59.34 | 3.19 | (-) 64.32 |
| 2021-22 | 1.29 | (-) 34.18 | 2.57 | (-) 19.44 |
| 2022-23 | 0.48 | (-) 62.79 | 0.87 | (-) 64.15 |
| औसत | 2.55 | (-) 35.46 | 4.55 | (-) 30.89 |
| प्रमाप विचलन | 1.68 | - | 3.02 | - |
| विचरण गुणांक | 65.88 | - | 66.37 | - |

**स्रोत- वार्षिक रिपोर्ट कृषि उपज मण्डी समिति**

**तालिका क्रमांक 07 कार्यालय एवं गोदाम व्यय की स्थिति (लाख रुपए में)**

| वर्ष | कृषि उपज मण्डी लटेरी | | कृषि उपज मण्डी ब्यावरा | |
|---|---|---|---|---|
| | राशि | प्रतिशत परिवर्तन | राशि | प्रतिशत परिवर्तन |
| 2018-19 | 106.51 | - | 342.57 | - |
| 2019-20 | 142.61 | 33.89 | 328.70 | (-) 4.05 |
| 2020-21 | 123.46 | (-) 13.43 | 285.85 | (-) 13.04 |
| 2021-22 | 95.83 | (-) 22.38 | 253.58 | (-) 11.29 |
| 2022-23 | 79.58 | (-) 16.96 | 175.71 | (-) 30.71 |
| औसत | 109.60 | (-) 4.72 | 277.28 | (-) 14.77 |
| प्रमाप विचलन | 21.83 | - | 59.76 | - |
| विचरण गुणांक | 19.92 | - | 21.55 | - |

**स्रोत- वार्षिक रिपोर्ट कृषि उपज मण्डी समिति**

**तालिका क्रमांक 08 प्रत्यक्ष व्यय की स्थिति (लाख रुपए में)**

| वर्ष | कृषि उपज मण्डी लटेरी | | कृषि उपज मण्डी ब्यावरा | |
|---|---|---|---|---|
| | राशि | प्रतिशत परिवर्तन | राशि | प्रतिशत परिवर्तन |
| 2018-19 | 151.44 | - | 493.31 | - |
| 2019-20 | 134.81 | (-) 10.98 | 436.82 | (-) 11.45 |
| 2020-21 | 122.63 | (-) 9.03 | 395.31 | (-) 9.50 |
| 2021-22 | 109.88 | (-) 10.40 | 364.00 | (-) 7.92 |
| 2022-23 | 113.95 | 3.70 | 352.44 | (-) 3.18 |
| औसत | 126.54 | (-) 6.68 | 408.38 | (-) 8.01 |
| प्रमाप विचलन | 15.10 | - | 51.56 | - |
| विचरण गुणांक | 11.93 | - | 12.63 | - |

**स्रोत- वार्षिक रिपोर्ट कृषि उपज मण्डी समिति**

**तालिका क्रमांक 09 स्थाई संपत्ति एवं निर्माण व्यय की स्थिति(लाख रुपए में)**

| वर्ष | कृषि उपज मण्डी लटेरी | | कृषि उपज मण्डी ब्यावरा | |
|---|---|---|---|---|
| | राशि | प्रतिशत परिवर्तन | राशि | प्रतिशत परिवर्तन |
| 2018-19 | 5.67 | - | 43.34 | - |
| 2019-20 | 113.97 | (-) 10.85 | 35.56 | (-) 17.95 |
| 2020-21 | 18.83 | 34.79 | 64.08 | 44.51 |
| 2021-22 | 10.74 | (-) 42.96 | 20.12 | (-) 68.60 |
| 2022-23 | 10.31 | (-) 4.00 | 22.95 | 14.07 |
| औसत | 12.58 | (-) 23.02 | 37.21 | 27.97 |
| प्रमाप विचलन | 3.55 | - | 17.73 | - |
| विचरण गुणांक | 28.22 | - | 47.65 | - |

**स्रोत- वार्षिक रिपोर्ट कृषि उपज मण्डी समिति**

**तालिका क्रमांक 10 कृषि उपज मण्डी समिति की बचत की स्थिति (लाख रुपए में)**

| वर्ष | कृषि उपज मण्डी लटेरी | | कृषि उपज मण्डी ब्यावरा | |
|---|---|---|---|---|
| | राशि | प्रतिशत परिवर्तन | राशि | प्रतिशत परिवर्तन |
| 2018-19 | 2.70 | - | 11.22 | - |
| 2019-20 | 3.48 | 28.89 | 19.38 | 72.73 |
| 2020-21 | 5.97 | 71.55 | 76.78 | 296.18 |
| 2021-22 | 10.75 | 80.07 | 65.40 | (-) 14.82 |
| 2022-23 | 16.29 | 51.53 | 55.81 | (-) 14.66 |
| औसत | 7.83 | 58.01 | 45.72 | 84.86 |
| प्रमाप विचलन | 5.08 | - | 25.84 | - |
| विचरण गुणांक | 64.88 | - | 56.52 | - |

**स्रोत- वार्षिक रिपोर्ट कृषि उपज मण्डी समिति**

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# प्राकृतिक एवं मानव निर्मित आपदाओं के रोकथाम एवं प्रबंध

**डॉ. विनिता भालसे* प्रो. ममता कनेश****

* सहायक प्राध्यापक (राजनिति विज्ञान) शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अलीराजपुर (म.प्र.) भारत
** सहायक प्राध्यापक (समाजशास्त्र) शासकीय महाविद्यालय, अलीराजपुर (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** प्रकृति मनुष्य की पालनकर्ता है, प्राकृतिक संसाधनो का उपयोग करते हूए मानव ने अपने जीवन को अत्यधिक सुखमय बनाया है, और इस क्रम में प्रकृति की सोम्यता देखते हुए उस पर विजय प्राप्त करने की चेष्ठा की है, परन्तु यह स्पष्ट है कि जब प्रकृति कुपित होती है तो फिर उसके आगे मनुष्य की नही चलती है, और विनाशकारी परिस्थितियां उत्पन्न होती जिससे जनधन की हानि होती है,व जिस पर मानव का नियन्त्रण नही होता है। वह आपदा कहलाती है। आपदा ऐसी असामान्य घटना है जो सीमित अवधि के लिए आती है, किन्तु किसी भुभाग या देश का अर्थव्यवस्था को छिन्न – भिन्न कर देती, कोई भी आपदा मनुष्य को झकझोर देने वाली घटना होती है, प्राय: एसी भयंकर घटना जिससे मनुष्य किंकर्तव्यविमुढ हो जाता है, प्राय: जान गॅवा बैठता है।

चुॅकि कोई भी आपदा बताकर नही आती इसलिए पहले से सावधान या सतर्क रहने की अवश्यकता होती है, कहा जाता है कि जो राष्ट्र या देश जितना ही विकसित होगा। वह आपदाओ के प्रति उतना जागरूक होगा। प्राय: विकासशील देश जिसमें निर्धन देशो की संख्या अधिक है, बार –बार आपदाओं के शिकार बनते आए है। जो आपदा से ग्रस्त हो जाते है, पीडित होते है, उनको सहायता पहुॅचाना, उनकी रक्षा करना समाज या राष्ट्र का कर्त्तव्य है।

इस दिशा मे विभिन्न स्तरो पर कई प्रकार के कदम उठाये गए है।जिसमें भारतीय राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान की स्थापना 1993 मे रियो डि जनेरो ब्राजील में भु–शिखर सम्मेलन और मई 1994 में यॉकोहांग, जापान में आपदा प्रबंध पर विश्व संगोष्ठी तथा भारत मे 2005 अधिनियम बना कर आपदा से बचने के लिए ठोस कदम उठाये गये।

**1. प्राकृतिक आपदा –** प्राकृतिक आपदाऍं विनाशकारी आपदाऍं है ,जो ग्रह पर प्राकृतिक प्रक्रियाओं के परिणाम स्वरूप घटित होती है। बाढ, तुफान, सुनामी और भूकंप आना, भूस्खलन होना आंधी आना,ज्वालामुखी फटना,ग्लेशियर पिघलना, सुनामी आदि घटनाऍं ये सभी प्राकृतिक रूप से घटित होती है ।

**2. मानव–निर्मित आपदा –** मानव निर्मित आपदा वे अपदाऍं जिनका कारण मानवीय गतिविधियां होती है। तकनीकी और मानव जनित आपदाऍं मनुष्यों के द्वारा मानव के नजदीकी संस्थापनों के कारण उत्पन्न होती है। इसमें पर्यावरणीय अवनति प्रदुषण और दुर्घटनाऍं शामिल होती है। कुछ आपदाऍं विभिन्न प्रकार के अन्य खतरों के कारण उत्पन्न होती है, जो कि अधिकतर मानव जनित और प्राकृतिक आपदाओं का जटिल संयोग होता है। जैसे– औद्योगिक बहि:स्त्राव, घरेलू बहि:स्त्राव, वाहित मल, कृषि बहि:स्त्राव ,तेलीय स्त्रौत,अणुशस्त्र, तापीय स्त्रौत, रेडियो धर्मी अपशिष्ट, वहन क्रिया, नगरपालिका अपशिष्ट, परिवहन के साधन, मनोरंजन के साधन। जिसका परिणामस्वरूप ऐसी आपदाएं जन्म लेती है, जिस पर मानव का नियंत्रण नही रहता है।

**3. भारत में आपदा प्रबंधन एवं राष्ट्रीय नीति –** भारत एक विशाल देश है। 28 राज्य और 8 केन्द्र शासित प्रदेश है, जिसमे से 25 राज्य आपदा उन्मुख है । देश आधे से अधिक 65 प्रतिशत क्षैत्रफल भूकंपी क्षैत्र के अंतर्गत आता है। 70 प्रतिशत भुमि–सुखा उन्मुख है। 12 प्रतिशत बाढ उन्मुख है और 8 प्रतिशत चक्रवात उन्मुख है। स्पष्ट है, कि हमारे देश मे पुष्ट आपदा प्रबंधन की महती आवश्यकता है। सरकार बारंबार प्रबंध की कमियों को स्वीकार तो करती रहती है, पिछले चार दशकों से (1980–2020) मे प्राकृतिक आपदाओ(कोविड–19)के कारण लाखों व्यक्ति मारे गये ।भारत में आपदा जोखिम की बढती सुभेदता को देश मे तेजी से बढती जनसंख्या ,नगरीयकरण तथा औद्योगिकरण से जोडा जा सकता है । देश के उच्च आपदा जोखिम क्षेत्रों मे किया जाने वाला विकास तथा पर्यावरण अवनयन इन आपदाओ की सुभेद्यता ओर अधिक बढ रहा है।

**4. आपदा प्रबन्धन अधिनियम 2005 –** उक्त समस्याओं को दृष्टिगत रखते हुए भारत सरकार द्वारा 23 दिसम्बर 2005 को देश में आपदा प्रबन्धन अधिनियम 2005 लागु किया गया । आपदा को परिभाषित करते हुए लिख गया है, कि 'आपदा से आशय है, प्राकृतिक तथा मानव जनित कारणों से उत्पन्न ऐसी प्रलय, दुर्घटना, विपदा या घातक घटना जो प्रभावित समुदाय की निपटने की क्षमता से परें है।'

आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 में चेप्टर तथा 79 सेक्शन है। यह अधिनियम भारत मे आपदाओं के तथा इससे संबंधित मामलो का प्रभावी प्रबंधन है।

**5. आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के उद्देश्य –** आपदा प्रबंन्धन अधिनियम के सेक्शन 2(d)व (c) के अनुसार आपदा प्रबंन्धन का प्रमुख उद्देश्य निम्नलिखित क्रियाकलापों के नियोजन संगठन, समन्वय तथा क्रियान्वयन के सतत समन्वित प्रक्रिया से होता है।

1. किसी आपदा की सम्भावना या खतरे का विरोध।
2. किसी आपदा के जाखिम, प्रचण्डता तथा परिणामों का निवारण या निराकरण ।
3. शोध व ज्ञान प्रबंधन सहित क्षमता सृजन ।

4. किसी आपदा की खतरे की स्थिति उत्पन्न होने पर त्वरित प्रतिक्रिया।
5. किसी आपदा से निपटने की तैयारी।
6. किसी आपदा के प्रभावों की प्रचण्डता या तीव्रता का आकलन।
7. निर्वासन, बचाव तथा राहत कार्य।
8. पूनर्वास तथा पूनर्निर्माण।

**6. भारत में आपदा प्रबन्धन की संस्थागत एवं संगठनात्मक संरचना:**

1. राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण।
2. प्रान्तीय आपदा प्रबंधन प्रधिकरण।
3. जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण।
4. राष्ट्रीय कार्यकारी समिति।
5. राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल।
6. राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान।

**भारत मे आपदा नियोजन की उपलब्धियां –** कुछ समय पहले आया चक्रवात पिछले दो दशको से भारत भुमि से टकराने वाला सर्वाधिक तीव्र चक्रवात था। ओडिसा की तैयारी, प्रभावी पुर्ण चेतावनी प्रणाली, समयानुकुल कार्यवाही और सुनियोजित वृहद स्तर की अस्थाई विस्थापन प्रक्रिया नें 1.2 मिलियन लोगों की लगभग चार 4000 चक्रवात आश्रय स्थलों में सुरक्षित पहुँचाने मे सहायता की और इस तरह संवेदनशील समुद्री क्षैत्र में खतरे में पढे, लोगो की रक्षा की युनाइटेड नेशन ऑफिस फॉर डिजास्टर रिस्क डिडक्शन (UNISDR) और अन्य संगठनो उन सरकारी और स्वैच्छिक प्रयासो की सराहना की जिनसे विनाश के स्तर को न्युनतम रखा जा सकता है। इसी तरह 2014 में हुदहुद चक्रवात के दोरान आंध्रप्रदेश में भी लाखो लोगों के लिए समान रूप से इसी प्रकार की अस्थाई विस्थापन रणनीति पर अमल किया गया था। इसी प्रकार की रणनीतियां अपनाने से चक्रवात के दौरान होने वाली मोतो में भी कमी आयी। वर्ष 1999 में ओडिसा सुपर साइक्लोन के दौरान 10000 लोगों की मोत की तुलना में वर्ष 2019में फणी चक्रवात के दोरान मोतों का आकडा दहाई आकडे में सिमट गया।वैश्विक स्तर पर इसके अतिरिक्त कोविड–19 जैसे महामारी को नियंत्रित किया गाया।

**सुझाव :**

1. विभिन्न सरकारी और गेर सरकारी संस्थाओ में आपदा प्रबंध हेतु समन्वय बनाना।
2. विकास योजनाओ का पर्यावरण प्रभाव के दृष्टिकोण सें विश्लेषण करना।
3. आपदा संबधी राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय नीति निर्धारण मे सहयोग प्रदान करना।
4. पर्यावरण संरक्षण एवं प्रबंधन हेतु पर्याप्त मानवीय एवं संगठित साधनों को जुटाना।
5. पर्यावरण चेतना जाग्रत करना तथा पर्यावरण शिक्षा का प्रसार करना।
6. प्रबंधन हेतु किये गये उपायों के परिणामों को सतत जांच एवं सुधार।
7. पर्यावरण के विभिन्न पक्षों पर शोध कार्य को बढावा देना।

**निकर्ष –** आपदा प्राक्रतिक या मानवकृत दोनो प्रकार की हो सकती है,परन्तु हर संकट आपदा भी नही होती। आपदाओं और विशेषकर प्राकृतिक आपदाओं का नियंत्रण मुश्किल हैं।। इसका बेहतर उपाय इनके निवारण की तैयारीयां करना है आपदा निवारण और प्रबंधन की तीन अवस्थाए है –

1. आपदा से पहले –आपदा के बार में ऑकडें और सुचना एकत्र करना – आपदा संभावी क्षैत्रो का मानचित्र तैयार करना और लोगों को इसके बारें में जानकारी देना।
2. आपदा के समय युद्ध स्तर पर बचाव व राहत कार्य जैसे –आपदाग्रस्त क्षेत्रों से लोगों को निकालना, आश्रय स्थल निर्माण, राहत केंप, जल, भोजन व दवाई अपुर्ति।
3. आपदा के पश्चात प्रभावित लोगों का बचाव व पुनर्वास। भविष्य मे आपदाओं से निपटने के लिए क्षमता निर्माण पर ध्यान केन्द्रित करना।

भारत जैसे देश में जहॉ दो तिहाई क्षेत्र और जनसंख्या आपदा सुभेद्य है इन उपायों का विशेष महत्व है। आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान की स्थापना इस दिशा में भारत सरकार द्वारा उठाए गए सकारात्मक कदम का उदाहरण है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. श्रीवास्तव, ज्योति पर्यावरणीय अध्ययन (म.प्र.) हिन्दी ग्रन्थ अकादमी सन् 2019 प्रष्ठ–86
2. कश्यप चेतना, प्राकृतिक संकट तथा आपदाएॅं साहित्य भवन, आगरा सन् 2020 प्रष्ठ– 163,164
3. नारायण, राम, वैश्विक संकट की चुनौतियां तथा निदान अग्रवाल पब्लिकेशन, जयपुर सन् 2021प्रष्ठ–209

**************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# Study of Phytochemicals Profile of Using Different Solvent of Fruit Extract of Gardenia latifolia Ait.

**Nirvani Bharti* Renu Sharma** Manisha Singh*****

*Research Scholar, Om Sterling Global University, Hissar (Haryana) INDIA
** Dean, School of Spplied Science, Om Sterling Global University, Hissar (Haryana) INDIA
*** Assistant Professors, Govt. Motilal Vigyan Mahavidyalaya, Bhopal (M.P.) INDIA

**Abstract -** This research paper investigates the organic constituents of Gardenia latifolia, a plant known for its medicinal properties. The study focuses on the isolation, characterization, and activities of these constituents. Plant material was extracted with suitable solvents, and the organic compounds were isolated and purified. Characterization was conducted using spectroscopic methods, including FTIR. The results provide valuable insights into the potential in effects of Gardenia latifolia organic constituents.
**Keywords** : Gardenia latifolia, antioxidant, suitable solvents.

**Introduction -** Gardenia latifolia *(G. latifolia*) is a plant that belongs to the family Rubiaceae. It is commonly known as "Cape jasmine" or "Gardenia." The plant is native to Asia, Africa, and the Pacific Islands. Gardenia latifolia is known for its fragrant flowers and has been traditionally used in various medicinal preparations.Because of the presence of secondary metabolites, this species has been utilized for medical purposes in addition to being used to make toys. According to reports, G. latifolia fruits are employed in folk medicine to cure a variety of conditions, including snake bites, transitory fever in live animals, skin conditions, dental caries, stomach ache, and hemorrhage in humans [1-2]. Furthermore, because fruit extract has a high concentration of yellow pigments, it is also employed as food additives and dye [4].

The fruit of G. latifolia is nutrient-rich and has therapeutic qualities, although little is known about the precise phytochemical analysis that gives these benefits.Isolation and characterization of the organic constituents of Gardenia latifolia involve extracting the plant material with suitable solvents, followed by purification and analysis using techniques such as chromatography and spectroscopy [3].

The biological activities of these constituents can be studied using in vitro assays to assess their potential pharmacological effects, such as antioxidant, anti-inflammatory, or antimicrobial properties.Medicinal plants are useful for curing human diseases and play an important role in healing due to presence of phytochemical constituents. Based on potent biological actions, natural product chemists have been trying hard to isolate and identify bioactive leads from plant sources [4]. Gardenia latifolia Ait. is a small deciduous tree or large shrub growing up to 3 m tall. It is an excellent painkiller and acts as an antiseptic for healing wounds. It is also used in the treatment of diseases like skin problems, indigestion, worm infestation, and diarrhea. It is an excellent pain killer and acts as an antiseptic for healing wounds. It is also used in the treatment of diseases like skin problems, indigestion, worm infestation, and diarrhea. In addition to that, it is known to relieve cough, asthma, and hiccup, constipation, and flatulence [5].

After that, we have study in details of phytochemical profile of organic chemical compounds or molecules present in bark of Gardenia latifolia plant was available in literature.Due to its broad spectrum healing potential, this medicinal tree can serve as a promising research target for various scientific studies. Bark of this plant contains saponins which may find use in asthma due to their inhibitory effect on histamine production. Phytochemical analysis led to isolation of hederagenin, D-mannitol, sitosterol and siaresinolic, episiaresinolic, oleanolic and spinosic acid from the stem bark of G. latifolia [6].

The biological activities of the organic constituents of Gardenia latifolia can be of significant importance due to their potential pharmacological effects. Some of the key biological activities that these constituents may exhibit include:

**1. Antioxidant Activity:** Organic compounds such as flavonoids and phenolic compounds found in Gardenia latifolia may possess antioxidant properties, which can help protect cells from oxidative stress and damage.

**2. Anti-inflammatory Activity:** Compounds like iridoids and triterpenoids present in Gardenia latifolia may exhibit anti-inflammatory effects, which could be beneficial for reducing inflammation-related diseases.

**3. Antimicrobial Activity:** Certain organic constituents of Gardenia latifolia may have antimicrobial properties, which could help in combating various bacterial, fungal, and viral infections.

**4. Anticancer Activity:** Some studies suggest that organic compounds from Gardenia latifolia may have potential anticancer properties, although further research is needed to validate these claims.

**5. Hepatoprotective Activity:** Compounds in Gardenia latifolia may exhibit hepatoprotective effects, which could be beneficial for liver health and function.

**6. Neuroprotective Activity:** There is some evidence to suggest that organic constituents of Gardenia latifolia may have neuroprotective properties, which could be valuable for conditions affecting the nervous system.

**7. Anti-diabetic Activity:** Certain compounds in Gardenia latifolia may exhibit anti-diabetic effects, which could be useful in managing diabetes and related complications.

**8. Anti-obesity Activity:** Some studies suggest that organic constituents of Gardenia latifolia may have anti-obesity properties, although more research is needed to confirm these findings.

Overall, the organic constituents of Gardenia latifolia hold promise for various medicinal applications, but further research is needed to fully understand their biological activities and potential therapeutic benefits.

Gardenia latifolia contains a variety of phytochemicals, which are natural compounds produced by plants that often have biological activity. Some of the main phytochemicals found in Gardenia latifolia include:

**1. Iridoids:** These are a class of compounds known for their diverse pharmacological activities, including anti-inflammatory, antioxidant, and hepatoprotective effects. Examples of iridoids found in Gardenia latifolia include geniposide and gardenoside.

**2. Flavonoids:** Flavonoids are antioxidant compounds that are known for their potential health benefits, including anti-inflammatory, anti-cancer, and neuroprotective effects. Examples of flavonoids in Gardenia latifolia include quercetin and kaempferol derivatives.

**3. Triterpenoids:** Triterpenoids are another class of compounds found in Gardenia latifolia that have been studied for their potential pharmacological activities, including anti-inflammatory and anti-cancer effects. Examples include ursolic acid and oleanolic acid.

**4. Phenolic Compounds:** Phenolic compounds are antioxidants that can help protect cells from damage caused by free radicals. Gardenia latifolia contains various phenolic compounds, such as gallic acid and ellagic acid derivatives.

**5. Carotenoids:** Carotenoids are pigments responsible for the yellow, orange, and red colors in many fruits and vegetables. They also have antioxidant properties. Gardenia latifolia may contain carotenoids such as â-carotene.

**6. Essential Oils:** Gardenia latifolia may contain essential oils that contribute to its aroma and flavor. These oils may also have various biological activities, including antimicrobial and antioxidant effects.

**7. Alkaloids:** While less common in Gardenia latifolia, alkaloids are nitrogen-containing compounds with diverse pharmacological activities. Examples of alkaloids found in some Gardenia species include gardenine and genipin.

These phytochemicals contribute to the medicinal properties of Gardenia latifolia and make it a valuable plant in traditional medicine and potentially in modern pharmacology.

To better understand phytochemical substances and their potential as anti-inflammatory, antibacterial, anti-diabetic, and antioxidant chemicals, some research has been done [5, 6]. Certain phyto-constituents, including hederagenin, D-mannitol, sitosterol, and siaresinolic, episiaresinolic, oleanolic, and spinosic acids, were found in stem bark by Reddy et al. [7]. Nevertheless, there hasn't been any thorough investigation of the phytochemical components in G. latifolia extract. Therefore, it is crucial to identify the compounds in the extract of G. latifolia due to the enhanced efficiency and solubility of the different chemicals in methanol, ethyl acetate, chloroform and hexane [7-8].

In this paper, study extract the solvent systems for phytochemicals extraction from *G. latifolia* has been done using hexane, chloroform, ethyl acetate and methanoland also was confirmed the phytochemicals bymeasurement of FTIR spectra.

**Materials and methods**

**1. Collection of plant material:**

i. Bark of Gardenia latifolia Ait. was collected from plant. After collection of bark of G. latifolia were rinsed with running tap water followed by sterile distilled water to remove the dirt on the surface and cut into small pieces.

ii. After that dried at temperature not exceeding 35 to 50°C and followed by the grinding using Herbs Grinding Machine. It was stored in desiccator till the further study.

**2. Preparation of Extracts:** For the selection of solvent systems for phytochemicals extraction from *G. latifolia* has been done using hexane, chloroform, ethyl acetate and methanol. The process has been same except solvents has to be change for evaluation of more phytochemicals present in different solvent.

i. The powdered material was subjected to hot extraction with hexane/chloroform/ethyl acetate and methanol by the Soxhlet apparatus for 10h.

ii. The extraction was carried out for about 10 h and the extract was filtered through a cotton plug followed by what-man filter paper no. 1.

iii. The extract was then concentrated by evaporating the

solvent bellow 45°C temperature. The concentrated extract was stored at 4 °C until further analysis.

iv. After evaporation of the solvent, a gummy concentrate was obtained which was designated as methanol crude extract of G. latifolia (MGL).

**Results and Discussion**

**1. Phytochemical Screening of G. latifolia Extract:** Preliminary phytochemical screening tests are important for the identification of bioactive principles and may subsequently guide drug discovery and improvement. In the present study, several phytochemical constituents of *G. latifolia* were identified. Among various solvents evaluated in the study, methanolic extract showed presence of alkaloids, saponins, glycosides, flavonoids and particularly phenols and terpenoids. In hexane, no compounds were present, while chloroform manifested the presence of phenols and flavonoids. Ethyl acetate showed presence of phenols, flavonoids, glycosides and terpenoids. The results of the phytochemical analyses are presented in Table 1. Such phytochemicals may provide new avenues for the development of new classes of pharmaceutical, biopesticidal, insecticidal, and antimicrobial agents. Previously, various organic extracts of *G. latifolia* leaves were reported to contain flavonoids, tannins, and fixed oil.[10] These phytochemical compounds are the top candidates conferring medicinal value to this plant. Indeed, the most abundant compounds found in all solvent extracts in the present study, including several flavonoids, glycosides, terpenoids, and alkaloids isolated from this plant, have been reported to exert diverse biological activities

**Table 1 (see in next page)**

Presence of majority compounds in methanolic extract implies that the solvent is having potential owing to its higher efficiency and solubility of phytochemical compounds. Hence, characterization of phytochemical compounds from *G. latifolia* has been done using methanol. Phenolic compounds are important class of secondary metabolites in plants that predominantly help in defense against pathogens, parasites, and predators.Researchers reportedin several papers that the phenolic compounds possess antioxidants, anti-bacterial, anti-atherosclerotic, anti-cancer, anti-viral and anti-inflammatory activities [9]. Flavonoids showed anti-allergic, anti-inflammatory, anticancer, antithrombotic, antimicrobial, antiviral, and hepato-protective properties owing to their ability in scavenging the free radicals effectively. Terpenoids have been reported with antibiotic, antiseptic, anti-helminthic and insecticidal activities.

**2. FTIR analysis:** FTIR spectroscopy revealed the Numerous functional groups, including phenols, amines, alcohols, alkenes, carboxylic acids, aliphatic compounds, carbonyl compounds, and esters, were detected by FTIR spectroscopy. Figure 1 displays representative FT-IR spectra of the extracts of methanol, ethanol, and ethyl acetate. Bands relating to the stretching hydroxy (-OH) group vibration were seen at 3465, 3458, and 3460 $cm^1$. The stretching vibration of the C=C groups, which include cyclic structures with a ring resonance bond that affords enhanced stability, and the vibration of the C=O groups of the flavonoids and lipids may have resulted in the bands detected at 1629 $cm^1$ and 1630 $cm^1$. The $CH_3$ and $CH_2$ groups of flavonoids and aromatics may be connected to the band at 1345 $cm^1$.The stretching vibration of the aromatics and the bending vibration of C-H would be the vibrations in this case. The stretching vibration of the carboxyl group (O-H and C-O stretch), or the stretching of the COOH groups in flavonoids and lipids, was linked to the bands at 1250 cm1 and 1247 $cm^1$. C-O stretching in the ester groups was linked to bands at 1126 and 1130 $cm^1$. The C-C stretching vibration was the cause of the band at 778 $cm^1$. The band at 2295 $cm^1$ may have been associated with the stretching vibration of the O-H groups in carboxylic acid as well as the C-H stretching vibration of the methyl and methoxy groups.




**Figure 1. Fourier transform–infrared spectra of (a) methanol, (b) ethyl acetate, and (c) chloroform in *G. latifolia* leaf extracts.**

**Conclusions:** Phytochemical compounds of G. latifolia fruits showed several secondary metabolites such as saponins, alkaloids, glycosides, phenols, terpenoids and flavonoids having various putative functions. FTIR spectra reflects the antioxidant activity of methanolic fruit extract showed that it has huge potential to be used in medicinal purpose as well as food industry.

**References :-**

1. Reddy, K.; Subbaraju, G.; Reddy, C.; Raju, V. Ethnoveterinary medicine for treating livestock in eastern ghats of Andhra Pradesh. Indian J. Tradit. Knowl. 2006, 5, 368–372.
2. Rahman, M.A.; Uddin, S.B.; Wilcock, C.C. Medicinal plants used by chakma tribe in hill tracts districts of Bangladesh. Indian J. Tradit. Knowl. 2007, 6, 508–517.
3. Madhava Chetty, K.; Sivaji, K.; Tulasi Rao, K. Flowering plants of Chittoor District, Andhra Pradesh, India. Publ. Stud. Offset Print. Tirupati 2008, 34–35.

4. Liu, S.J.; Zhang, X.T.; Wang, W.M.; Qin, M.J.; Zhang, L.H. Studies on chemical constituents of Gardenia jasminoides var. radicans. Chin. Tradit. Herb. Drugs 2015, 43, 238–241.
5. Bhat, R.; Ameran, S.B.; Voon, H.C.; Karim, A.A.; Tze, L.M. Quality attributes of starfruit (Averrhoa carambola L.) juice treated with ultraviolet radiation. Food Chem. 2011, 127, 641–644.
6. Kumar, A.; Ramesh, K.V.; Chandusingh; Sripathy, K.V.; Agarwal, D.K.; Pal, G.; Kuchlan, M.K.; Singh, R.K.; Ratnaprabha; Kumar, S.P.J. Bio-prospecting nutraceuticals from selected soybean skins and cotyledons. Indian J. Agric. Sci. 2019, 89, 2064–2068.
7. Kumar, S.P.J.; Banerjee, R. Enhanced lipid extraction from oleaginous yeast biomass using ultrasound assisted extraction: A greener and scalable process. Ultrason. Sonochem. 2018, 52, 25–32.
8. Xiao, W.; Li, S.; Wang, S.; Ho, C.T. Chemistry and bioactivity of Gardenia jasminoides. J. Food Drug Anal. 2017, 25, 43–61.
9. Kumar, S.; Pandey, A.K. Chemistry and biological activities of flavonoids: An overview. Sci. World J. 2013, 162750.
10. Kumar, N.S.S.; Kumar, I.S.; Kumar, S.P.J.; Sarbon, N.M.H.D.; Chintagunta, A.D.; Anvesh, B.S.; Dirisala, V.R. Extraction of bioactive compounds from Psidium guajava leaves and its utilization in preparation of jellies. AMB Express. 2021, 11, 36.

**Table 1- Preliminary phytochemical analysis of G. latifolia fruit extracts.**

| Solvent Extract | Phytochemicals | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | **Alkonides** | **Phenols** | **Flavonoids** | **Saponins** | **Glycosides** | **Terpenoids** |
| Hexane | - | - | - | - | - | - |
| Chloroform | - | + | + | - | - | - |
| Ethyl acetate | - | + | + | - | + | + |
| Methanol | + | ++ | + | + | + | +++ |

"+++" high; "++" moderate; "+" weak; -absent

✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# पर्यावरण संकट और आपदा प्रबंधन

डॉ. रितु उमाहिया*

* सहायक प्राध्यापक, विधि महाविद्यालय, गुना (म.प्र.) भारत

**शब्द कुंजी –** पर्यावरण, आपदा, आपदा प्रबंधन, भूकंप, बाढ़, बादलों का फटना।

पर्यावरण की संकल्पना भारतीय संस्कृति में सदैव प्रकृति से की गई है, जहाँ समस्त जीवधारी, प्राणियों और निर्जीव पदार्थों में सदा एक दूसरे पर निर्भरता व समन्वय की स्थिति रही है। पर्यावरण में अनेक जैविक व अजैविक कारक पाये जाते हैं जिनका परस्पर गहरा संबंध होता है। प्रत्येक जीव को जीवन के लिए वायु, जल, ऊर्जा की एक उचित मात्रा की आवश्यकता होती है। जब तक जैविक एवं अजैविक घटकों की उचित मात्रा प्रकृति में विद्यमान रहती है, तब तक प्रकृति में संतुलन बना रहता है, किन्तु वर्तमान में मनुष्य ने विकास के लिये इन अजीब कारकों का अंधाधुंध प्रयोग कर पर्यावरण का संतुलन बिगाङ कर उसे प्रदूषित कर दिया है।

पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 की धारा-2(क) में पर्यावरण को परिभाषित किया गया है जिसके अनुसार 'पर्यावरण में जल, वायु तथा भूमि तथा जल और वायु तथा मानवीय प्राणी, अन्य जीवजंतु, पौधो, सूक्ष्म जीवाणु तथा संपत्ति में और उनके मध्य विद्यमान अर्न्तसम्बंध सम्मिलित हैं।' चैम्बर डिक्शनरी के अनुसार पर्यावरण से तात्पर्य विकास या वृद्धि को प्रभावित करने वाली परिस्थितियाँ हैं। ऑक्सफॉर्ड स्टैन्डर्ड डिक्शनरी के अनुसार, पर्यावरण का अर्थ आसपास की वस्तु स्थिति परिस्थितियाँ या प्रभाव है।

इस तरह हम देखते हैं, कि जहाँ एक तरफ वर्तमान समय में सामाजिक, आर्थिक, वैज्ञानिक एवं प्रौद्योगिकीय विकास हुए हैं, तो दूसरी तरफ विकट पर्यावरणीय एवं पारिस्थितिकीय समस्याऐं भी उत्पन्न हुई हैं और पर्यावरण संकट आज विश्वस्तरीय चिंता का विषय बन गया है। इसी प्रकार आपदायें दो प्रकार की होती हैं, जो हमारे पर्यावरण को प्रभावित करती हैं।

**प्रथम :- प्राकृतिक आपदा –** इसमें भूकम्प, ज्वालामुखी, भूस्खलन, बाढ़, सूखा, वनों में आग लगना, सुनामी, आकाशीय बिजली का गिरना, बादलों का फटना आदि शामिल हैं।

**द्वितीय :-**मानव जनित आपदाओं में बम का विस्फोट, नाभिकीय रिएक्टर, संयंत्रों से रेडियो एक्टिव रिसाव, जनसंख्या विस्फोट, भीषण रेल वायुयान दुर्घटनायें, महामारी आदि आते हैं। इनकी तीव्रता का आंकलन उनके द्वारा की गई जनधन की क्षति के आधार पर किया जाता है। पर्यावरण प्रदूषण में मात्र मानव के कार्यों द्वारा स्थानीय स्तर पर पर्यावरण की गुणवत्ता में ह्रास होता है जबकि पर्यावरण अवनयन, मानव कार्यों तथा प्राकृतिक प्रकर्मों द्वारा स्थानीय, प्रादेशिक एवं विश्व स्तर पर पर्यावरण की गुणवत्ता में ह्रास। इसके उदाहरण बाढ़, भूकम्प, सूखा, भूस्खलन, प्रकृतिक कारणों से वन में आग लगना आदि प्राकृतिक कारक हैं। जिनके द्वारा स्थानीय एवं प्रादेशिक स्तरों पर पारिस्थितिक तंत्रों में अव्यवस्था उत्पन्न हो जाने से पर्यावरण अवनयन उत्पन्न होता है। पर्यावरण में होने वाले वे सभी परिवर्तन जो अवांछनीय हैं और किसी क्षेत्र विशेष में या पूरी पृथ्वी पर जीवन को खतरा उत्पन्न करते हैं और जब पर्यावरण की गुणवत्ता में ह्रास होने लगता है, तो उसे हम पर्यावरण अवनयन कहते हैं।

प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के परिप्रेक्ष्य में आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005, 23 दिसंबर 2005 को अधिनियमित किया गया था। इस अधिनियम के अंतर्गत क्रमश:

1. राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण
2. राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण
3. जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का गठन किया गया है।

इस अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार मुआवजा और राहत प्रदान करने के लिए लिंग जाति समुदाय वंश या धर्म के आधार पर कोई भेदभाव नहीं होगा। यह अधिनियम बाधा, झूठे दावों और दुरुपयोग आदि के लिए दंड प्रदान करता है।

**आपदा प्रबंधन का उद्देश्य –** आपदा से तात्पर्य है किसी भी क्षेत्र में प्रकृतिक या मानव निर्मित कारणों से उत्पन्न होने वाली 'दुर्घटना' जिसके परिणामस्वरूप जीवन की पर्याप्त हानि, मानव पीङा, क्षति और संपत्ति का विनाश होता है। आपदा एक घटना के कारण होती है लेकिन जब तक घटना आबादी को प्रभावित नहीं करती तब तक यह आपदा नहीं है। उदाहरण के लिए 'भूकम्प'। 'भूकम्प' प्राकृतिक घटना है किन्तु यदि यह कमजोर इमारतों वाले, घनी आवादी वाले क्षेत्रों को प्रभावित नहीं करता है, तो यह आपदा का कारण नहीं बनेगा।

**आपदाओं के प्रकार**

1. जल और जलवायु संबंधी आपदायें :- बाढ़, बादल फटना, सूखा, सुनामी।
2. भू-वैज्ञानिक रूप से संबंधित आपदायें :- भूकम्प, भूस्खलन, बाँध फटना।
3. दुर्घटना से संबंधी आपदायें :- हवाई, सड़क और रेल दुर्घटनायें, विद्युत आपदायें, तेल रिसाव, बम विस्फोट।
4. रासायनिक, औद्योगिक और परमाणु संबंधी आपदायें।
5. जैविक रूप से संबंधित आपदायें।

**आपदा की तैयारी क्यों महत्वपूर्ण है?**

जब आपदायें एक तैयार समुदाय पर हमला करती है तो नुकसान अविश्वसनीय हो सकता है। विडम्बना यह है कि बड़े समुदाय अकसर तैयार नहीं होते हैं, क्योंकि आपदायें अकसर नहीं होती हैं इसीलिए वर्तमान में निजी क्षेत्र, स्कूलों, स्वयंसेवी समूहों और सामुदायिक संगठनों द्वारा व्यापक योजनाओं और समन्वय की आवश्यकता होती है। इस तरह प्रशिक्षण और जागरुकता आपदा से निपटने के लिए व्यक्ति और समूहों को सक्षम बनाते हैं।

इस शोधपत्र के माधयम से कुछ प्राकृतिक आपदाओं और उन आपदाओं के पूर्व, दौरान एवं पश्चात् बरती जाने वाली सावधानियों पर दृष्टि रखेंगे, जो निम्नानुसार हैं :-

भूकंप, मूसलाधार बारिश(बादलों का फटना), बाढ़ एवं जंगल की आग इत्यादि।

**भूकंप** – भूकंप सबसे घातक प्राकृतिक खतरों में से है। भूकंप, पृथ्वी की सतह का हिलना है जो भूकंपीय तरंगे पैदा करता है। सिस्मोग्राफ भूकंप से उत्पन्न भूकंपनीय तरंगों को रिकॉर्ड करता है जिससे यह निर्धारित किया जा सकता है कि कोई विशेष भूकंप कहां और कितना गहरा है।

**भूकंप आने की दशा में आपदा प्रबंधन :**

**अ) भूकंप आने के पूर्व में :**

1. यह तय करें कि अलग होने के बाद परिवार के सदस्य एक दूसरे से कैसे मिलेंगे।
2. प्रत्येक कमरे में सुरक्षित स्थान जानें, जैसे :- मजबूत टेबिल, डेस्क के नीचे।
3. खतरनाक स्थान को जानें, जैसे :- खिड़कियाँ, शीशे, लटकी हुई वस्तुएँ।
4. आपातकालीन फोन नं. की सूची रखें।
5. खतरनाक और ज्वलनशील तरल पदार्थो को निचली अलमारियों में रखें।
6. आपातकालीन भोजन पानी की आपूर्ति बनाएं रखें, प्राथमिक चिकित्सा किट, बैटरी चालित रेडियो आदि रखें।

**ब) भूकंप दौरान :**

1. जहाँ हैं वहीं रहें जब तक हिलना बंद न हो जाए।
2. स्वयं को खिड़कियों और काँच के दरवाजों से दूर रखें।
3. दीवार के कोनों के पास लेटे, घुटने टेके या बैठें।
4. अगर घर से बाहर हैं तो पेड़ों, इमारतों, दीवारों और बिजली की लाइनों से दूर खुले क्षेत्र में उतरे।
5. यदि गाड़ी चला रहे हैं तो जितनी जल्दी हो सके सुरक्षित रूप से रूके। अपने वाहन के अंदर तब तक रहे जब तक कंपन बंद न हो जाए। वाहन में खिड़की के स्तर से नीचे रहें। यदि वाहन के आसपास बिजली की तारें गिर गई हो तो वाहन में ही रहें।
6. धातु को न छुए।

**स) भूकंप के बाद :**

1. संबंधित पीडि़त व्यक्ति को प्राथमिक चिकित्सा प्रदान करें।
2. जब तक गंभीर चोट, आग या आपात स्थिति न हो टेलीफोन का उपयोग न करें।
3. छत, नींव, चिमनी और क्षति के लिए इमारतों की जाँच करें।
4. अंदर कभी भी माचिस लाइटर और मोमबत्ती का प्रयोग न करें।
5. बैटरी चलित रेडियो चालू रखें, आपातकालीन घोषणा, समाचार एवं निर्देश सुने।
6. जब तक आपात स्थिति न हो वाहनों का प्रयोग न करें।

**मूसलाधार बारिश (बादलों का फटना)** – बादल फटना हिमालय में एक प्राकृतिक और सामान्य घटना है। बादल फटना और इससे जुड़ी आपदायें हर साल हजारों लोगों को प्रभावित करती हैं और जीवन संपत्ति, आजीविका और पर्यावरण को नुकसान पहुँचाती हैं। हमारे देश में 16 जून 2013 अर्थात् लगभग 10-11 वर्ष पूर्व उत्तराखंड में बादल फटने से आई विनाशकारी बाढ़ ने कई शहरों और गांवों को तवाह कर दिया था। सामान्यत: इस आपदा को रोकने का कोई तरीका नहीं है, किंतु निम्न लिखित सावधानी बरती जा सकती है।

1. सभी निवासियों और पालतू जानवरों को सुरक्षित स्थान पर ले जाए।
2. समाचार अपडेट के लिए स्थानीय मीडिया और रेडियो का प्रयोग करें।
3. मजबूत रस्सियाँ और प्राथमिक उपचार किट बचाव प्रयासों को काफी बढ़ा सकती है।
4. उच्च क्षेत्रों में जाते समय हमेशा पर्याप्त खाद्य सामग्री साथ रखे।
5. घाटी की ओर से सीधे नीचे की ओर न बढ़ें।

**बाढ़** – बाढ़ को अकेले देखें तो यह बड़े क्षेत्र में पानी का अतिप्रवाह है, जो अस्थायी रूप से भू-भाग को जलमग्न कर देता है। भारत में साल भर आपदायें आती हैं लेकिन हर साल मानसून के दौरान बाढ़ से बड़ी क्षति होती है। बाढ़ के प्राथमिक प्रभावों में जीवन की हानि, इमारतों को नुकसान, बिजली उत्पादन में व्यवधान शामिल हैं। बाढ़ कृषि भूमि को जलमग्न कर देती है जिससे भूमि अनुपयोगी हो जाती है। सड़क और परिवहन को नुकसान पहुँचने पर आपातकालीन स्वास्थ्य उपचार, पानी, खाद्य आपूर्ति जुटाना मुश्किल हो जाता है।

**बाढ़ से पूर्व की तैयारी :**

1. पूर्व से भोजन एवं पानी की पर्याप्त आपूर्ति के साथ आपातकालीन किट तैयार रखें।
2. विकलांगों, बुजुर्गों और बच्चों की तुरंत सहायता करें।
3. सुरक्षात्मक उपाय जैसे गाँवों के चारों ओर आवश्यक उपायों को विकसित करें।
4. बाढ़ की चेतावनी मिलने पर तुरंत सामुदायिक आश्रयों जैसे ऊँचे और सुरक्षित क्षेत्रों में चले जाएं।
5. बिजली के खंबों एवं तारों से दूर रहें।
6. बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों को पैदल या वाहनों से पार न करें।
7. बाढ़ आने के बाद घायलों की मदद करें।
8. बाढ़ के पश्चात् पीने के पहले पानी शुद्ध करने वाली गोलियाँ डाल दें या पानी उबालकर इस्तेमाल करें।
9. जब पानी का स्तर फर्श से ऊपर हो तो रबर के जूते पहनें।
10. आवास, कपड़े और भोजन के लिए सहायता कहाँ से प्राप्त करें इसकी जानकारी के लिए समाचार रिपोर्ट सुनें।

**जंगल की आग** – प्राचीन काल से ही वनों ने सामाजिक आर्थिक और धार्मिक गतिविधियों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और विभिन्न तरीकों से मानव जीवन को समृद्ध किया है। जंगली आग जिसे जंगल या वनस्पति की आग भी कहा जाता है यह मानवीय कार्यों जैसे भूमि की सफाई, अत्यधिाक सूखा या दुर्लभ मामलों में बिजली गिरने से शुरू हो सकती है। प्रतिवर्ष जंगल

की आग लाखों हेक्टेयर वन और अन्य वनस्पतियों को नष्ट कर देती है जिससे मानव और पशु जीवन का नुकसान होता है और भारी आर्थिक क्षति होती है। 95 प्रतिशत से अधिक जंगल की आग या तो लापरवाही से या अनजाने में इंसान द्वारा होती है बाकी आग प्राकृतिक कारणों से होती है। जैसे :- बिजली, तापमान में अत्यधिक वृद्धि आदि।

**जंगल की आग को रोकने के संबंध में आपदा प्रबंधन :-**

1. असाध्य या नियंत्रण से बाहर की आग होने पर स्थानीय अग्निशमन विभाग से संपर्क करें।
2. चलते वाहनों से या पार्क मैदानों में सिगरेट, माचिस और धूम्रपान सामग्री को न फेंके।
3. जंगल की आग फैलने की स्थिति में आग पर काबू पाने की कोशिश न करें। नमी वाले स्थान, तालाब या नदी के निकटवर्ती क्षेत्र का पता लगायें एवं वहीं बैठे।
4. यदि आसपास पानी नहीं है तो शरीर को गीले कपड़े, कंबल या मिट्टी से ढक लें।
5. धुएँ से बचने के लिए यदि संभव हो तो एक गीले कपड़े के माध्यम से जमीन के सबसे करीब हवा में सांस लेकर अपने फेंफड़ों की रक्षा करें।

इस प्रकार हम देखते हैं कि मानव जीवन के लिए पर्यावरण का प्रदूषण से मुक्त रहना अत्यंत आवश्यक है इसके लिए संसद ने अनेक अधिनियम पारित किए हैं जिनमें से वायुप्रदूषण अधिनियम, जल प्रदूषण अधिनियम, ध्वनि प्रदूषण अधिनियम प्रमुख हैं। वर्तमान परिपेक्ष्य में पर्यावरण प्रदूषण समाज के लिए एक विकट समस्या बनता जा रहा है और विशेष कर देश के महानगरों में रहने वाले लोगों के जीवन के अस्तित्व के लिए संकट उत्पन्न हो गया है। इस कार्य को संपादित करने का उत्तरदायित्व हमारे उच्चतम तथा उच्च न्यायालयों ने अपने हाथ में लिया है और विभिन्न विनिश्चयों में उक्त अधिनियमों के प्रावधानों को लागू करने के लिए समुचित सरकारों एवं अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

रूरल लिटिगेशन एण्ड एंटाइटेलमेंट केंद्र देहरादून बनाम उत्तरप्रदेश राज्य (1985) 2 एस.सी.सी. 431 के मामले में एक लोकहितवाद फाइल करके न्यायालय को यह बताया गया कि देहरादून में कुल पत्थर की खुदाई के कारण आसपास का पर्यावरण दूषित हो रहा है और आसपास के निवासियों को हानि पहुँच रही है। न्यायालय ने इस बात की जाँच के लिए एक समिति नियुक्त की और समिति की रिपोर्ट मिलने पर इन पत्थर की खानों की खुदाई का काम रोकने का आदेश दिया।

एम.सी. मेहता बनाम भारत संघ (1986) 2 एस.सी.सी. 176 के मामले में उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली के आवासीय क्षेत्र में स्थित श्रीराम फूड एण्ड फर्टीलाइजर कंपनी की एक इकाई को ओलियम नामक खतरनाक गैस का उत्पादन करने से रोक दिया। जब तक कि कंपनी उन सभी सुरक्षा उपायों को नहीं अपनाती है जो गैस को निकलने से रोकने के लिए उपयुक्त एवं आवश्यक है। इस मामले में कंपनी के कारखाने से ओलियम गैस के रिसाव के कारण आसपास के निवासियों एवं कंपनी के कर्मकारों को काफी क्षति पहुँची थी।

**पर्यावरण का संरक्षण तथा वन्य जीवों की रक्षा -** संविधान के अनुच्छेद-48(क) यह अपेक्षा करता है कि राज्य देश के पर्यावरण की सुरक्षा तथा उनमें सुधार करने का और वन तथा वन्यक जीवों की रक्षा का प्रयास करेगा।

एम.सी. मेहता बनाम भारत संघ के मामले में यह अभिनिर्धारित किया गया है कि अनुच्छेद-48(क) के निदेशक तत्व के अधीन केन्द्र एवं राज्य सरकार का यह कर्त्तव्य है कि वे पर्यावरण के संरक्षण के लिए उचित कदम उठाये। ऐसे कर्त्तव्य के पालन के लिए न्यायालय को समुचित आदेश देने की शक्ति है।

**पर्यावरण संकट और आपदा प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण सुझाव :-**

1. पर्यावरण समस्याओं का मूल कारण जनसंख्या में तीव्र वृद्धि है अत: इसके लिए यह आवश्यक है कि जनसंख्या वृद्धि को नियंत्रित किया जाए।
2. आप जनता को पर्यावरण संकट और आपदा प्रबंधन के प्रति शिक्षित और जागरुक किया जाए जिससे वे इन विषम परिस्थितियों से निपटने में सक्षम हो।
3. नाभिकीय शस्त्रों के उत्पादन पर पूर्ण रोक लगवायी जानी चाहिए।
4. विद्यालय और महाविद्यालय, विश्वविद्यालय स्तर पर पर्यावरण संकट और आपदा प्रबंधन से संबंधित कार्यशाला, सेमीनार आदि का आयोजन समय-समय पर होना चाहिए।

**निष्कर्ष -** समाज की प्रारंभिक अवस्थाओं में मानव तथा प्रकृति के मध्य एकात्मकता थी। मानव पूर्ण रूप से प्रकृति पर निर्भर था। मानव अपनी सभी आवश्यकताओं की पूर्ति प्रकृति से कर लेता था। खानपान, परिधान तथा आवास से संबंधित समस्त आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए मानव प्रकृति पर निर्भर था। धीरे-धीरे मनुष्य की आवश्यकताएँ बढ़ी तथा आवश्यकताओं ने ही नवीन अन्वेषणों के मार्ग को प्रशस्त किया। क्रमश: जनसंख्या में वृद्धि हुई तथा प्राकृतिक संसाधनों को हथियाने की होड़ शुरू हुई। इस प्रकार से तय है कि यदि वातावरण के घटकों का संतुलन प्रकृति के पक्ष में है तो मानव जीवन स्वस्थ, सुविधाजनक तथा सुखकर होता है परंतु यदि वातावरण का संतुलन प्रकृति के पक्ष में नहीं है तो वह मानव जीवन में कई प्रकार की कठिनाईयों को जन्म देता है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. अरविंद कुमार दुबे, पर्यावरण विधि सेन्ट्रल लॉ पब्लिकेशन, इलाहाबाद।
2. डॉ. जय जय राम उपाध्याय, पर्यावरण विधि तृतीय संस्करण सेन्ट्रल लॉ एजेंसी इलाहाबाद।
3. डॉ. अनिरुद्ध प्रसाद, पर्यावरण एवं पर्यावरणीय संरक्षण विधि की रूपरेखा, पंचम संस्करण सेन्ट्रल लॉ पब्लिकेशन, इलाहाबाद।
4. मुरलीधर चतुर्वेदी, भारत का संविधान इलाहाबाद लॉ एजेंसी पब्लिकेशन।
5. डॉ. जयनारायण पाण्डेय, भारत का संविधान चौतीसवाँ संस्करण, सेन्ट्रल लॉ एजेंसी।
6. आपदा मित्र प्रशिक्षण पुस्तिका, राष्ट्रीय आपदा मोचन अकादमी, नागपुर।

**समाचार पत्र :**

7. दैनिक भास्कर
8. नवभारत
9. नईदुनिया

**************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# बनारस घराने में टप्पा गायन

**डॉ. निलांभ राव नलवडे ***

* संगीत शिक्षक, केन्द्रीय विद्यालय, दापोरिजो (अरूणाचल प्रदेश) भारत

**प्रस्तावना –** टप्पा मूलत: पंजाब में ऊँट चराने वालों के द्वारा गायी जाने वाली लोक शैली थी, जिसने बाद में आकर्षक शैली हो जाने के कारण संगीत में अपना स्थान बना लिया है। 'टप्पा से मतलब मैदानी जमीन से है, ऊँटहार जब अपने गाँवों से ऊँटों पर सामान लादकर शहर में आते व वापसी में एक बोल बनाकर वापस अपने घरों में जाते, उसी समय रास्ता यानि टप्पा, दो टप्पा, चार टप्पा, सुनसानी मैदानी रास्ते को काटने के लिए अपनी पंजाबी जुबान में गाते चले जाते थे। इसी गाने का नाम टप्पा पड़ गया।

पजांब में 'गुलाम नबी उर्फ शोरी मियाँ' को 'टप्पा' का आविष्कारक माना गया है। शोरी मिया में कविता की रचना करने की अद्‌भुत शक्ति थी, उन्होंने टप्पा की रचना ऊँटहारों की गायन शैली पर की। इस नवीन शैली ने लोगों को इतना प्रभावित किया कि गायक वर्ग इसकी अवहेलना न कर, इसको सीखने लगा। 'टप्पा प्राय: पंजाबी अथवा हिन्दी मिश्रित पंजाबी भाषा का गीत है।'

टप्पा गायन शैली की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें खटके, मुर्की, द्रुत लय में छोटी-छोटी वक्र तानों का प्रयोग तुरन्त व सहज रूप से होता है। इस शैली ने शास्त्रीय संगीत को काफी प्रभावित किया है, जिसके फलस्वरूप इसे उप-शास्त्रीय संगीत के अन्तर्गत रखा गया है। प्राय: सभी टप्पे अद्धाताल में गाये जाते हैं। कुछ लोग इसे पंजाबी ताल भी कहते हैं। प्राय: टप्पा मध्य लय में ही गाया जाता है, जिन गायकों का गला तैयार होता है, वे तेज मध्य लय में भी टप्पा गाते हैं। टप्पे की प्रकृति चंचल होती है।

'लखनऊ के आसफुद्दोला के बाद संगीत की कुछ समय तक विशेष पूछ-परख न रही। जिसके कारण टप्पे के द्वितीय आचार्य मियाँ गम्मू खां को महाराज उदित नारायण सिंह काशी ले आये। मियाँ गामू उस समय टप्पे के अद्वितीय आचार्य थे। उन्होनें टप्पे का विशेष प्रचार भी किया, अन्त तक वे काशी में ही रहे और यहीं उनका शरीरान्त हुआ। इनके पुत्र भी इनके अनुरूप ही कलाकार हुए। उनकी शिष्यायें चित्रा और इमामबांदी उस समय की अद्वितीय टप्पा गायिका समझी जाती थी। इस प्रकार भविष्य में काशी टप्पा गायन का एक बहुत बड़ा केन्द्र बना। काशी में लक्ष्मी सवेक मिश्र तथा रामसेवक मिश्र जी के पास टप्पे की बंदिशों का अपार भण्डार था। 'बड़े रामदास जी' भी टप्पा गाते थे। आप शिष्यों का गला तैयार करने के लिए टप्पा का अभ्यास कराते थे। प्रसिद्ध गायिकाओं में रसलून बाई तथा सिद्धेश्वरी देवी का नाम भी टप्पा गायन में दूर-दूर तक प्रसिद्ध था। वैसे तो ठाकुर दयाल मिश्र ने शोरी मियाँ से टप्पा गायन की शिक्षा प्राप्त की थी, उन्नीसवीं शताब्दी के अन्तिम दशकों में टप्पे का विशेष प्रचलन हुआ। इमामबांदी के पुत्र रमजान खाँ तथा शिष्य नागेन्द्र नाथ महाचार्य के कारण टप्पा गायकी बनारस से कलकत्ता जा पहुँची, जिसे अन्य गायिकाओं ने लोकप्रिय बनाया।

टप्पा गायन की परम्परा में बनारस के पंडित रामू मिश्र जी का नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय है। यद्यपि वे गया में रहते थे, फिर भी काशी में उनकी रिश्तेदारी होने के कारण रामूजी जब तक जीवित रहे, तब तक काशी से उनका घनिष्ठ सम्बन्ध रहा। उनके पास विभिन्न रागों में टप्पा गायन की बंदिशों का अपार भण्डार था। सन् 1974 ई0 में 'काशी हिन्दू विश्वविद्यालय' स्थित संगीत एवं मंच कला संकाय ने आपको टप्पा गायन सिखाने के लिए तीन महीने के लिए रखा गया था।

नवाब सआदत अली खाँ भी टप्पे की रचना करते थे। इस प्रकार टप्पे में मियाँ शोरी व नवाब साहब अपनी रचनाओं में केवल मियाँ की छाँप रखते थे। कहा जाता है कि -'गुलाम नवी के मकान के पास एक खूबसूरत लडक़ी थी, जिसका नाम शोरी था। उस लडक़ी पर मुग्ध होकर आपने तमाम टप्पा की चीजों में शोरी का ही नाम रख दिया व आप भी शोरी मियाँ के नाम से पुकारे जाने लगे। टप्पा की जिन रचनाओं में 'मिया' शब्द का प्रयोग हुआ है वह नवाब साहब की रचना है। कुछ रचनायें ऐसी हैं जिनमें न 'मियाँ' का नाम आता है, न शोरी का। इससे ऐसा ज्ञात होता है कि गुलाम कुछ चीजें वहीं से सीखकर आये व उन्ही के आधार पर अपनी रचनायें की।'

टप्पा गायन के अंतर्गत यदि हम बनारस घराने के प्रतिपादकों पर ध्यान केंद्रित करते हैं तो ज्ञात होता है कि बनारस गायकी या गायन शैली में टप्पा का विस्तार ग्वालियर शैली से काफी अलग है, हालाँकि पजं ाबी में शोरी मियाँ द्वारा बनाई गई रचनाएँ दोनों घरानों में समान हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि बनारस घराने के गायक 16-गिनती या मात्रा ताल को पसंद करते हैं जिसे सितारखानी या अद्धा कहा जाता है। इसके अलावा बनारस घराने के टप्पा गायक टप ख्याल का गायन करना भी पसंद करते थे। टपख्याल टप्पा और ख्याल का मिश्रित रूप है जिसमें दोनों गायन शैलियों का समावेश है। बनारस घराने की महान गायिका गिरिजादेवी सितारखानी ताल पर टपख्याल गायन में सिद्धहस्त थी। जैसा कि हम जानते है कि टप्पा काफी, खमाज और भैरवी रागों में गाये जाते है किंतु बनारस घराने की महान गायकी रसलू न बाई सितारखानी ताल पर काफी राग में स्वरबद्ध टप्पा प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्र-मुग्ध कर देती थी। टप्पा गायन के सबसे प्रमुख माना जाने वाला ग्वालियर घराना और बनारस घराने में टप्पा गायन

में एक विशेष अंतर यह भी है कि ग्वालियर घराने में बनारस की तरह महान टप्पा गायिकाओं का अभाव सा है, जबकि टप्पा गायन के लिए महिला संगीतकारों की आवाज उचित मानी जाती है।

इस समय बनारस में टप्पा गायकों की स्थिति अच्छी नहीं है। नवीन पीढ़ी में टप्पा गायन को सीखने की रूचि कम दिखाई पड़ती है। यही कारण है कि बनारस में टप्पा गायन शैली आज लुप्त सी है। ऐसा प्रतीत होता है कि यह गायकी बुजुर्ग कलाकारों तक ही सीमित रह गयी है। वर्तमान समय में बनारस घराने के टप्पा गायकों में बडे रामदास, रसूलन बाई, सिद्धेश्वरी देवी, बडी मोती बाई, गिरिजा देवी, राजन-साजन मिश्र, रामकृष्ण मिश्र तथा पशुपति मिश्र का नाम अग्रणी है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. शर्मा डॉ. मनोरमा, 'शास्त्रीय संगीत की परम्परा में बनारस घराना' वर्ष 2010 (प्रथम) मध्य प्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी, रवीन्द्रनाथ ठाकुर मार्ग, बाणगंगा, भोपाल 462003 (म.प्र.)
2. डॉ. चौबे, सुशील कुमार,'संगीत के घरानों की चर्चा', वर्ष 1977 (द्वितीय संस्करण) उ.प्र. हिन्दी ग्रंथ अकादमी, लखनऊ, उत्तर प्रदेश।
3. पाण्डे आशा, 'मध्यकालीन संगीत शैलियों का उद्भम और विकास' वर्ष 2002 निर्मल पब्लिकेशंस, दिल्ली 1100944.
4. तैंलग कृष्णनारायण 'टप्पा सग्रंह' (टप्पा गीत) वर्ष 1994, विश्व प्रकाशन, नई दिल्ली।

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# छात्रावासी और गैर छात्रावासी छात्राओं के समायोजन पर सांवेगिक बुद्धि के प्रभाव का अध्ययन-स्वयं सिद्धा छात्रावास जबलपुर की छात्राओं और होम साइंस कॉलेज जबलपुर की गैर छात्रावासी छात्राओं के संदर्भ में

**श्रीमती माधुरी खांडेलकर***

* सहायक प्राध्यापक, शासकीय एम.एच.कॉलेज ऑफ होम साइंस एंड साइंस फॉर वूमेन, जबलपुर (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** प्रस्तुत शोध पत्र में छात्रावासी और गैर छात्रावासी छात्राओं के समायोजन पर सांवेगिक बुद्धि के प्रभाव का अध्ययन किया गया है। प्रस्तुत अध्ययन के सन्दर्भ में वर्णनात्मक सर्वेक्षण विधि को प्रयुक्त किया गया है। स्वयं सिद्धा छात्रावास जबलपुर की छात्राओं और होम साइंस कॉलेज जबलपुर की गैर छात्रावासी छात्राओं के संदर्भ में परिसर से उद्देश्यपूर्ण प्रतिदर्शन विधि द्वारा किया गया। प्रदत्तों को एकत्रित करने के लिए स्वनिर्मित सामाजिक व्यवहार मापनी का प्रयोग किया गया है। सामाजिक व्यवहार का मापन पाँच आयामों यथा सामाजिक समायोजन, जीवन प्रबन्धन, सामूहिकता , नेतृत्वशीलता तथा प्रतिस्पर्धात्मकता पर किया गया है। संकलित प्रदत्तों के विश्लेषण हेतु मध्यमान , मानक विचलन एवं टी – परीक्षण का प्रयोग किया गया। प्रदत्तों के विश्लेषण के फलस्वरूप पाया गया कि छात्रावासीय तथा गैर छात्रावासीय विद्यार्थियों के सामाजिक व्यवहार में सार्थक अन्तर होता है। समग्र सामाजिक व्यवहार पर ग्रामीण व शहरी विद्यार्थियों तथा छात्र तथा छात्राओं के मध्य कोई सार्थक अन्तर दृष्टिगोचर नहीं हुआ।

**प्रस्तावना –** मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। मनुष्य समाज में रहता है तथा दूसरों के साथ अन्त:क्रिया करता है। समाज में रहकर व्यक्ति जो भी व्यवहार करता है वह सभी सामाजिक व्यवहार के क्षेत्र में शामिल है। परन्तु आधुनिक युग में जब से विशिष्टता का दौर शुरू हुआ है, व्यक्ति के व्यवहार को भी श्रेणीकृत किया जाने लगा है। धर्म से सम्बन्धित व्यवहार को धार्मिक व्यवहार,[1] शिक्षा से सम्बन्धित व्यवहार को शैक्षिक व्यवहार तथा संवेगों से सम्बन्धित व्यवहार को सांवेगिक व्यवहार का नाम दिया जाने लगा है। इसी प्रकार किसी समाज में रहते हुए समाज सम्मत व्यवहार को सामाजिक व्यवहार कहा गया है। व्यक्ति के सम्पूर्ण सामाजिक व्यवहार पर एक साथ शोध कर पाना असम्भव नहीं तो थोड़ा कठिन अवश्य है। सामाजिक व्यवहार से सम्बन्धित शोध की प्रक्रिया में स्वयं सिद्धा छात्रावास जबलपुर की सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका पायी। सोशल मीड़िया को सामाजिक विकास में अवरोधक पाया। स्वयं सिद्धा छात्रावास जबलपुर की छात्राओं का सामाजिक अन्त:क्रिया से सकारात्मक सम्बन्ध पाया।[2] स्वयं सिद्धा छात्रावास जबलपुर की छात्राओं में निवास करने से छात्रों में सामाजिकता, यर्थाथता तथा जबावदेही जैसे सामाजिक गुणों का विकास में सकारात्मक सम्बन्ध पाया। स्वयं सिद्धा छात्रावास जबलपुर की छात्राओं और होम साइंस कॉलेज जबलपुर की गैर छात्रावासी छात्राओं के सामाजिक समायोजन में सार्थक अन्तर पाया। विद्यार्थियों की सामाजिक बुद्धि तथा समायोजन पर लिंग भेद तथा स्थानीयता के प्रभाव [3] का अध्ययन किया। विद्यालयी वातावरण का सामाजिक समायोजन पर सार्थक प्रभाव पाया। विद्यालयी तथा छात्रावासीय छात्रों के सामाजिक समायोजन में अन्तर पाया। दिवा तथा छात्रावासीय छात्रों की सामाजिक क्षमता में कोई अन्तर नहीं पाया। छात्रावासीय वातावरण का प्रबंधन कौशल पर सकारात्मक प्रभाव पाया। अभिभावकों के सकारात्मक व्यवहार में छात्रों के सामाजिक परिवर्तन दृष्टिकोण में सार्थक सहसम्बन्ध पाया। छात्रों के गैर – सामाजिक व्यवहार व सामाजिक आर्थिक स्तर में सहसम्बन्ध पाया।[4] स्वयं सिद्धा छात्रावास जबलपुर की छात्राओं और होम साइंस कॉलेज जबलपुर की गैर छात्रावासी छात्राओं के संदर्भ में छात्रावासी और गैर छात्रावासी छात्राओं के समायोजन पर सांवेगिक बुद्धि के प्रभाव का अध्ययन किया गया।[5]

शोध प्रक्रिया

1. **अध्ययन विधि –** शोध अध्ययन में वर्णनात्मक शोध की सर्वेक्षण विधि का प्रयोग किया गया है।
2. स्वयं सिद्धा छात्रावास जबलपुर की छात्राओं और होम साइंस कॉलेज जबलपुर की गैर छात्रावासी छात्राओं के संदर्भ में छात्रावासी और गैर छात्रावासी छात्राओं के समायोजन पर सांवेगिक बुद्धि के प्रभाव का अध्ययन चयनित किया गया है।[6]
3. **अध्ययन उपकरण –** आँकड़ों को एकत्रित करने के लिए स्वनिर्मित सामाजिक व्यवहार मापनी का प्रयोग किया गया है। जिसमें कुल 50 प्रश्न है। सामाजिक व्यवहार का मापन पाँच स्तर पर किया गया है। इन स्तरों को अध्ययन में सामाजिक व्यवहार की आयाम के रूप में वर्णित किया गया है। ये आयाम क्रमश: सामाजिक समायोजन, जीवन प्रबंधन, नेतृत्वशीलता, सामूहिकता, प्रतिर्स्पद्धात्मकता है। प्रत्येक विद्यार्थी को प्रश्नावली में पाँच अनुक्रिया विकल्प यथा पूर्णत: सहमत, सहमत, अनिश्चित, असहमत तथा पूर्णत: असहमत के लिये क्रमश: 5, 4, 3, 2 तथा 1 अंक प्रदान किया गया है। नकारात्मक प्रश्नों का अंकन इसके विपरीत यथा 1, 2, 3, 4 तथा 5 अंक प्रदान करके किया गया है।
4. **अध्ययन के चर –** वर्तमान अध्ययन में सामाजिक व्यवहार आश्रित

चर तथा आवासीय वातावरण, लिंगभेद तथा स्थानीयता को स्वतन्त्र चर के रूप में प्रयुक्त किया गया है।

**5. प्रयुक्त सांख्यिकी –** आँकड़ों के विश्लेषण के शोध अध्ययन में मध्यमान, मानक विचलन तथा टी – मान की गणना की गयी है।[7]

**परिणाम एवं विवेचना**

1. छात्रावासीय तथा गैर – छात्रावासीय विद्यार्थियों के सामाजिक व्यवहार की तुलना।

छात्रावासीय तथा गैर छात्रावासीय विद्यार्थियों के सामाजिक व्यवहार की तुलना करने के लिए परीक्षण प्राप्तांकों का मध्यमान, मानक विचलन तथा दोनों समूह के मध्य अन्तर की सार्थकता के लिए टी – मान की गणना की गयी है जिसे तालिका संख्या – 1 में दर्शाया गया है।[8]

**सारिणी संख्या – 1 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)**

सारिणी संख्या – 1 से स्पष्ट है कि सामाजिक समायोजन आयाम पर छात्रावासीय विद्यार्थियों का मध्यमान (M1=31.33), गैर छात्रावासीय के मध्यमान (M2=28.36) से अधिक है। जीवन प्रबन्धन आयाम पर छात्रावासीय विद्यार्थियों का मध्यमान (M1=45.75), गैर छात्रावासीय के मध्यमान (M2=46.38) से कम है। सामूहिकता आयाम पर छात्रावासीय विद्यार्थियों का मध्यमान (M1=32.46) गैर छात्रावासीय के मध्यमान (M2=27.26) से अधिक है। नेतृत्वशीलता आयाम पर छात्रावासीय विद्यार्थियों का मध्यमान (M1=40.56), गैर छात्रावासीय के मध्यमान (M2=38.06) से अधिक है। प्रतिस्पर्धात्मक आयाम पर छात्रावासीय विद्यार्थियों का मध्यमान (M1=22.45), गैर छात्रावासीय के मध्यमान (M2=21.89) से अधिक है। समग्र सामाजिक व्यवहार पर छात्रावासीय विद्यार्थियों का मध्यमान (M1=172.56), गैर छात्रावासीय के मध्यमान (M2=161.97) से अधिक है। छात्रावासीय तथा गैर छात्रावासीय विद्यार्थियों के सामाजिक व्यवहार के आयामों सामाजिक समायोजन, जीवन प्रबन्धन, सामूहिकता, नेतृत्वशीलता तथा प्रतिस्पर्धात्मकता के मध्यमानों में अन्तर की सार्थकता की जाँच के लिए प्राप्त टी – मूल्य क्रमश: 7.10, 1.10, 12.76, 4.14 तथा 2.44 है।[9] जबकि समग्र सामाजिक व्यवहार के लिए टी – मूल्य 8.82 है। स्वतंत्राश (Degree of Freedom) 598 के लिए .01 सार्थकता स्तर पर सामाजिक समायोजन आयाम, सामूहिकता आयाम, नेतृत्वशीलता आयाम और समग्र सामाजिक व्यवहार के लिए टी – मूल्य सार्थक है। स्वतंत्राश (Degree of Freedom) 598 के लिए . 05 सार्थकता स्तर पर प्रतिस्पर्धात्मक आयाम पर टी – मूल्य सार्थक है। इससे स्पष्ट है कि सामाजिक समायोजन, सामूहिकता, नेतृत्वशीलता, प्रतिस्पर्धात्मकता आयाम और समग्र सामाजिक व्यवहार में छात्रावासीय विद्यार्थी, गैर छात्रावासीय विद्यार्थियों से श्रेष्ठ पाये गये है। अत: शून्य परिकल्पना 'छात्रावासीय तथा गैर छात्रावासीय विद्यार्थियों के सामाजिक व्यवहार में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है'अस्वीकृत होती है। कहा जा सकता है कि छात्रावासीय तथा गैर छात्रावासीय विद्यार्थियों के सामाजिक व्यवहार में सार्थक अन्तर होता है। जिसका कारण छात्रावासीय समूह का परिवेश, वृहद समूह के साथ सामाजिक अन्त:क्रिया के अवसरों की उपलब्धता तथा सामूहिक कार्यों में प्रतिनिधित्व के अवसर हो सकता है। [10]

छात्रावासीय तथा दिवा छात्रों के सामाजिक व्यवहार में सार्थक अन्तर पाया जो कि उपरोक्त परिणाम का समर्थन करता है। छात्रावासीय तथा गैर छात्रावासीय विद्यार्थियों के सामाजिक व्यवहार की तुलना को आरेख संख्या – 1 से भी दर्शाया गया है।

ग्रामीण व शहरी विद्यार्थियों के सामाजिक व्यवहार की तुलना करने के लिए परीक्षण प्राप्तांकों का मध्यमान, मानक विचलन तथा दोनों समूह के मध्य अन्तर की सार्थकता के लिए टी – मान की गणना की गयी है जिसे तालिका संख्या – 2 में दर्शाया गया है।

**सारिणी संख्या – 2 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)**

सारिणी संख्या – 2 से स्पष्ट है कि सामाजिक समायोजन आयाम पर ग्रामीण विद्यार्थियों का मध्यमान (M1=30.81), शहरी विद्यार्थियों के मध्यमान (M2=29.02) से अधिक है। जीवन प्रबंधन आयाम पर शहरी विद्यार्थियों का मध्यमान (M 1=46.98), ग्रामीण विद्यार्थियों के मध्यमान (M2=44.99) से अधिक है। सामूहिकता आयाम पर ग्रामीण विद्यार्थियों का मध्यमान (M 1=30.83), शहरी विद्यार्थियों के मध्यमान (M2=29.02) से अधिक है। नेतृत्वशीलता आयाम पर शहरी विद्यार्थियों का मध्यमान (M 1=39.40), ग्रामीण विद्यार्थियों के मध्यमान (M2=39.20) से अधिक है। प्रतिस्पर्धात्मक आयाम पर शहरी विद्यार्थियों का मध्यमान (M 1=22.41), ग्रामीण विद्यार्थियों के मध्यमान (M 2=21.88) से अधिक है। समग्र सामाजिक व्यवहार पर ग्रामीण विद्यार्थियों का मध्यमान (M 1=167.73) शहरी विद्यार्थियों के मध्यमान (M2=164.84) से अधिक है। ग्रामीण व शहरी विद्यार्थियों के मध्य सामाजिक व्यवहार के आयामों सामाजिक समायोजन, जीवन प्रबन्धन, सामूहिकता, नेतृत्वशीलता तथा प्रतिस्पर्धात्मकता के मध्यमानों में अन्तर की सार्थकता की जाँच के लिए प्राप्त टी – मूल्य क्रमश: 4.38, 3.48, 3.96, 0.31 तथा 2.34 है।[11] जबकि समग्र सामाजिक व्यवहार के लिए टी – मूल्य 0.69 है। स्वतंत्राश (Degree of Freedom) 598 के लिए . 01 सार्थकता स्तर पर सामाजिक समायोजन आयाम, जीवन प्रबन्धन आयाम तथा सामूहिकता आयाम के लिए टी – मूल्य सार्थक है। स्वतंत्राश (Degree of Freedom) 598 के लिए . 05 सार्थकता स्तर पर प्रतिस्पर्धात्मक आयाम पर टी – मूल्य सार्थक है। जबकि नेतृत्वशीलता आयाम तथा समग्र सामाजिक व्यवहार के लिए टी – मूल्य असार्थक है। इससे स्पष्ट है कि सामाजिक समायोजन आयाम, सामूहिकता आयाम तथा प्रतिस्पर्धात्मकता आयाम पर ग्रामीण विद्यार्थी शहरी विद्यार्थियों से श्रेष्ठ पाये गये है।[12] जीवन प्रबन्ध आयाम पर शहरी विद्यार्थी ग्रामीण विद्यार्थियों से श्रेष्ठ पाये गये है। अत: शून्य परिकल्पना 'ग्रामीण व शहरी विद्यार्थियों के सामाजिक व्यवहार में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है।' को स्वीकृत किया जाता है। कहा जा सकता है कि ग्रामीण तथा शहरी विद्यार्थियों के सामाजिक व्यवहार में कोई सार्थक अन्तर नहीं होता है। दोनों समूहों में सामाजिक व्यवहार में अन्तर नहीं होने का कारण समान आयु, समान सामाजिक स्तर तथा सामाजिक अन्त:क्रिया के अवसरों की समान उपलब्धता हो सकता है। [13]

ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के विद्यार्थियों के सामाजिक समायोजन व सामाजिक बुद्धि में कोई अन्तर नहीं पाया गया। ग्रामीण तथा शहरी विद्यार्थियों के सामाजिक व्यवहार की तुलना को आरेख संख्या – 2 से भी दर्शाया गया है।

**शैक्षिक निहितार्थ –** प्रस्तुत शोध द्वारा विद्यार्थियों के छात्रावासीय वातावरण को उनके अनुरूप बनाये जाने में सफलता प्राप्त हो सकेगी। शिक्षा स्तर की संस्थाओं में विभिन्न कार्यक्रमों यथा राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय कैडेट

कोर, रोवर्स रेजर्स आदि का संचालन कर विद्यार्थियों में दायित्वों का निर्धारण कर उनमें नेतृत्व गुणों का विकास किया जा सकेगा। विद्यार्थियों को भविष्य में रोजगार व शिक्षा के अवसरों से अवगत कराते हुये उनमें प्रतियोगिता की भावना को बढ़ाया जा सकेगा। विद्यार्थियों को समाज में समायोजित होने तथा अपने जीवन को कुश्लतापूर्वक प्रबंधित करने में समर्थ बनाया जा सकेगा। विद्यार्थियों के लिए सामूहिक कार्यक्रमों का संचालन करने से उनमें समूह के रूप में कार्य करने व सहकारिता की समझ विकसित की जा सकेगी।[13]

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**


1. **Abimbade, Oluwadara; Adedoja, Gloria; Fakayode, Bukala; Bello Lukuman (2019).** "Impact of Mobile Based Mentoring Socio-Economic Background and Religion on Girls Attitude and Belief towards Antisocial Behaviour", British Journal of Educational Technology, Vol.-50, Issue-02, March-2019, pp-638-654, ISSN-0007-1013.
2. इफ्तकार, अमीना ( 2015) 'ए क्वालीटेटिव स्टडी इनवेस्टिगेटिंग द इम्पैक्ट ऑफ हॉस्टल लाईफ य, इन्टरनेशनल जर्नल ऑफ इमरजेन्सी मेन्टेल हेल्थ एण्ड ह्यूमन रेजीलेन्स, टवसण् 17 छवण् 1, pp 511 – 515.
3. **Ireoma, Akubugwo and Burke; Maria (2013).** "Influence of Social Media on Social behavior of Postgraduate Students: A Case study of Sulfored University, United Kingdom", *IOSR Journal of Research Method in Education* , Vol. 03, Issue 06(Nov.-Dec. 2013) ISSN-2320-737X
4. **Mowat, Joan Gaynor (2019).** "Supporting the Socio-Emotional Aspects of the Primary-Secondary Transition for Pupils with Social, Emotional and Behavioural Needs Affordances and Constraints", Emproving Schools, Vol.-22, Issue-01, March 2019 pp.-4-28, ISSN-1635-4002 .
5. **Priya, J. Johnsi (2019).** "The impact of parenting behavior on developing positive attitude towards social transformation among adolescents." Journal on Educational Psychology, Vol-12, Issue-03, pp. 34-41.
6. राठौर, योगिता तथा संस्मृति मिश्रा ( 2015)' ग्रामीण विद्यार्थियों के मध्य सामाजिक बुद्धि एवं समायोजन के आधार पर तुलनात्मक अध्ययन'इन्टरनेशनल जर्नल आफ मल्टीडिस्प्लेनररी रिसर्च एण्ड डेवलमेंट, Vol.– 02, Issue– 02, 2015pp. 434 – 436 .
7. **Raziah, Jasmine Zea and Radha Rashid Radha (2015).** "The Influence of Hostel Services capes on Social Interaction and Service Experience", Unpublished Ph.D. Thesis, School of Hospitality and Tourism Management, University of Surrey.
8. सिंह, बलवान ( 2018)'माध्यमिक स्तर के विद्यार्थियों के विद्यालय वातावरण का समायोजन पर प्रभाव का अध्ययन' इन्टरनेशनल एजूकेशन एण्ड रिसर्च जर्नल, ISSN2424–9916, Vol.– 04 pp.– 09, Sept. 2018.
9. सिंह, नीलू ( 2016)'विद्यार्थियों के सामाजिक समायोजन पर विद्यालयी वातावरण द्वारा पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन' इन्टरनेशनल जर्नल ऑफ मल्टीडिसीप्लेनटरी एजुकेशन एण्ड रिसर्च, ISSN-2255-4588, Vol-01, Isse-02, April-2016, pp. 31-34..
10. स्वामी, शिल्पा ( 2015)' उच्च प्राथमिक स्तर पर डे – बोर्डिंग व सामान्य विद्यालयों के छात्रों के सामाजिक, सांवेगिक तथा सामाजिक समायोजन का अध्ययन', अप्रकाशित पी – एच 0 डी 0 थीसिस, शिक्षा संस्थान, वनस्थली विद्यापीठ, राजस्थान http://hdl.handle.net/10603/139849
11. **Shahahudin, Sharitah Hapsah Syed Hasan; Razak, Mohamad Abdul and Khoon Koh, Ailc (2011).** "Thriving in a faculty and college setting", College student Journal, Vol. 45, Issue 01, pp. 102-104. March 2011 ISSN- 0146-3934
12. **Singh, Mangal (2016).** 'A Comparative study of Hosteler and Non-Hosteler students on self concept' International Journal of Novel Research in Education and Learning, Vol.-3, Issue-2, March&2016 PP. 22-24
13. **Talaee, Ebrahim (2019).** "Longitudinal Impacts of Home Computer use in Early Years on Children's Social and Behavioral Development", International Electronic Journal of Elementary Education, Vol.-11, Issue-03, Jan. 2019, pp.-233-295ISSN-1367-9298.

**सारिणी संख्या – 1**

| सामाजिक व्यवहार एवं सम्बन्धित आयाम | समूह | संख्या | मध्यमान | मानक विचलन | टी–मान | स्वतंत्राश | सार्थकता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सामाजिक समायोजन | छात्रावासीय | 300 | 31.33 | 5.53 | 7.10 | 598 | .01 स्तर पर सार्थक |
| | गैर छात्रावासीय | 300 | 28.36 | 4.67 | | | |
| जीवन प्रबन्धन | छात्रावासीय | 300 | 45.75 | 8.32 | 1.10 | 598 | .05 स्तर पर असार्थक |
| | गैर छात्रावासीय | 300 | 46.38 | 5.45 | | | |
| सामूहिकता | छात्रावासीय | 300 | 32.46 | 5.69 | 12.76 | 598 | .01 स्तर पर सार्थक |
| | गैर छात्रावासीय | 300 | 27.26 | 4.16 | | | |
| नेतृत्वशीलता | छात्रावासीय | 300 | 40.56 | 8.29 | 4.14 | 598 | .01 स्तर पर सार्थक |
| | गैर छात्रावासीय | 300 | 38.06 | 6.41 | | | |
| प्रतिस्पर्द्धात्मकता | छात्रावासीय | 300 | 22.45 | 3.23 | 2.44 | 598 | .05 स्तर पर सार्थक |
| | गैर छात्रावासीय | 300 | 21.89 | 2.23 | | | |
| समग्र सामाजिक व्यवहार | छात्रावासीय | 300 | 172.56 | 16.63 | 8.82 | 598 | .01 स्तर पर सार्थक |
| | गैर छात्रावासीय | 300 | 161.97 | 12.50 | | | |




**सारिणी संख्या – 2 : ग्रामीण व शहरी विद्यार्थियों के सामाजिक व्यवहार की तुलना**

| सामाजिक व्यवहार एवं सम्बन्धित आयाम | समूह | संख्या | मध्यमान | मानक विचलन | टी–मान | स्वतंत्राश | सार्थकता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सामाजिक समायोजन | ग्रामीण | 275 | 30.81 | 5.51 | 4.38 | 598 | .01 स्तर पर सार्थक |
| | शहरी | 325 | 29.02 | 5.02 | | | |
| जीवन प्रबन्धन | ग्रामीण | 275 | 44.99 | 7.84 | 3.48 | 598 | .01 स्तर पर सार्थक |
| | शहरी | 325 | 46.98 | 6.13 | | | |
| सामूहिकता | ग्रामीण | 275 | 30.83 | 5.87 | 3.96 | 598 | .01 स्तर पर सार्थक |
| | शहरी | 325 | 29.02 | 5.25 | | | |
| नेतृत्वशीलता | ग्रामीण | 275 | 39.20 | 7.68 | 0.31 | 598 | .05 स्तर पर असार्थक |
| | शहरी | 325 | 39.40 | 7.37 | | | |
| प्रतिस्पर्द्धात्मकता | ग्रामीण | 275 | 21.88 | 2.77 | 2.34 | 598 | .05 स्तर पर सार्थक |
| | शहरी | 325 | 22.41 | 2.78 | | | |
| समग्र सामाजिक व्यवहार | ग्रामीण | 275 | 167.73 | 14.99 | 0.69 | 598 | .05 स्तर पर असार्थक |
| | शहरी | 325 | 166.84 | 16.14 | | | |

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV




**************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# आपदा प्रबंधन में संचार माध्यम की अहम् भूमिका

**लखनलाल कलेशरिया***

* सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) शासकीय कन्या महाविद्यालय, सीहोर (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** जैसा कि हम लोग जानते है की विश्व में आर्थिक, सामाजिक एवं अनेक परिवर्तन हुए है जिससे लोग पहले से सुखी महसूस कर रहे है। लेकिन पर्यावरण आपदा का डर हमेशा उसके दिमाग में बना रहता है। क्योंकि यह मानव जीवन को पल भर में अस्त व्यस्त कर देता है। यहां तक की जान और माल दोनों को खतरा रहता है। इस तरह कई प्रकारकी आपदाएं जेसे प्राकृतिक या मानव निर्मित होती है इन अपदाओ से निपटने के लिए आपदा प्रबंधन की रणनीति बहुत जरुरी होती है और इनके प्रबंधन में संचार माध्यम की बहुत बड़ी भूमिका होती है और एक अच्छे आपदा प्रबंधन के पास संचार के सभी आधुनिक माध्यम होना बहुत जरुरी है।

**आपदा की परिभाषा–**आपदाएं, प्राकृतिक या मानव निर्मित खतरों के परिणाम हैं.चूंकि हम आपदाओं को आने से नहीं रोक सकते हैं लेकिन हम हमेशा तैयार रह सकते हैं। जीवन और संपत्ति के नुकसान को कम करने के लिए उचित प्रबंधन द्वारा प्रभावों को कम कर सकते हैं।

आपदा यानी 'Disaster' शब्द मध्य फ्रांसीसी शब्द 'Desatre' से लिया गया है। इस फ्रांसीसी शब्द की उत्पत्ति प्राचीन ग्रीक शब्द 'DUS' से हुई है जिसका अर्थ है ह बुरा और 'Aster' जिसका अर्थ है – तारा, आपदा शब्द की जड़ ग्रहों की स्थिति पर दोष लगाने वाली आपदा के ज्योतिषीय अर्थ से आती है।

**आपदा के प्रकार –**आपदा जो सामान्यत: पृथ्वी पर समस्त जीवों को हानि पहुंचाती है। ये निम्नलिखित प्रकार की होती है 1) प्राकृतिक आपदाएँ 2) मानवजनित आपदाएँ 3)आकस्मिक आपदा 4) अनाकस्मिक आपदा

**प्राकृतिक आपदाएँ –** प्राकृतिक आपदा जो प्रकृति द्वारा, पृथ्वी पर रहने वाले समस्त जीवों को क्षति पहुंचती है। जैसे बाढ़ आने से लोगों की फसल का नुकसान, वहां के जीव जन्तुओं की जान का खतरा रहता है। जिस तरह विकास हो रहा है। हर जगह नया–नया कंस्ट्रक्शन हो रहा है, जिससे कई प्रकार की प्रदूषित गैस (कार्बन, हीलियम, मीथेन इत्यादि) निकलती है और यह हमारे वायुमंडल में जाकर एक दीवार सा बना देती है, जिससे पृथ्वी का तापमान दिनों दिन बढ़ता जा रहा है।

पृथ्वी के उत्तरी एवं दक्षिणी छोर पर बर्फ तेजी से पिघल रही है।इसी के कारण है पानी का स्तर ऊपर उठ रहा है, जिससे बाढ़ आ रही है और समस्त जीवों को हानि हो रही है। प्राकृतिक आपदा के कुछ और भी उदाहरण है भूसंख्लन होना, जंगलो में भयानक आग लगना, सड़कों का बुरी तरह से टूट जाना।

**मानवजनित आपदाएँ–** मानवजनित आपदा, ऐसी आपदा जिसका जिम्मेदार मानव खुद होता है। आज के समय में आदमी अपने लाभ के लिए यह नहीं देखता कि इससे प्रकृति को कितना नुकसान पहुंचा रहा है। वह स्वयं का लाभ देखता है, जिसके कारण सारी जीव जन्तुओं और वस्तुओं को नुकसान पहुँचता है।

आदमी अपने लाभ के लिए पेड़ काटना, अवैधानिक तरीके से खुदाई करना, नदियों और समुद्रों में प्रदूषण फैलाना (जिससे उसमें रहने वाले जंतु मछली, कछुआ आदि को नुकसान पहुंचाता है) इत्यादि कार्य करता है। देश की अलग–अलग सरकार को इसके बारे में सोचना होगा, जो कुछ मानव के हाथ में है, उसे तो वह रोक ही सकता है। बाकी प्रकृति के आगे तो कोई कुछ नहीं कर सकता।

**आकस्मिक आपदा –** यह ऐसी आपदा होती है, जिसमें मानव कुछ कर नहीं सकता, यह अकस्मात् हो जाती है। जिसके बारे में कोई नहीं जानता और न अभी तक इसे जानने के लिए किसी प्रकार का यंत्र है तथा वैज्ञानिकों के लिए इस प्रकार का बना पाना असंभव सा है। ऐसी कुछ घटनाएँ जैसे ज्वालामुखी बिस्फोट, बदल फटना, हिम आना, भूकंप आना है।

**अनाकस्मिक आपदा –** ऐसी घटनाएँ जिसके बारे में मानव कुछ अनुमान पहले से लगा ले और उससे होने वाले नुकसान से बच सके। परन्तु यह भी कुछ निम्न स्तर तक सीमित है। ऐसी कुछ घटनाएं जैसे मौसम एवं जलवायु के विषय में पहले से ज्ञात होना, अकाल, मरुस्थलीकरण और कृषि में कुछ कीड़ों से हानि जैसे समस्याओं का समाधान वैज्ञानिक कर सकते है। यह सब अनाकस्मिक आपदा से सम्बंधित है।

**आपदा से होने वाली हानि –** आपदा से होनी वाली हानि जैसे आर्थिक हानि, जन हानि होती है। आर्थिक हानि में लोगो घर, फसल तथा उनकी उपयोग की जाने वाली चीजे बर्बाद हो जाती है। लोगों को उन्हें फिर से इकट्ठा करने में उतना समय लगता है, जिससे उनके दैनिक जीवन में काफी बार उतर चढ़ाव आता है तथा दूसरी तरफ जन हानि में लोगों एवं उनके द्वारा पाले गए पालतू जानवरों के जान जाने का खतरा बना रहता है। इन आपदाओ से बचने के लिए कुशल आपदा प्रबंधन की बहुत जरूरत होती है

**आपदा प्रबंधन क्या है?**

पृथ्वी के किसी भी कोने में प्राय: सूनामी, चक्रवात की घटना, भूकंप आदि घटनाएँ घटित होती रहती है। इन्हीं से बचने के उपाय को ही आपदा प्रबंधन कहते है। इसके लिए भारत सरकार ने 2005 में एक अधिनियम लेकर आयी जो प्राकृतिक आपदा से हुए छति से बचाव करना।

भारत सरकार ने इसके लिए कुछ स्पेशल फोर्सेज का गठन भी किया

जैसे ICMR (नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ डिजास्टर मैनेजमेंट), NCC (नेशनल कैडेट कोर) एवं NDRF (नेशनल डिजास्टर मैनेजमेंट रिस्पांस फोर्स) है और ये फोर्सेज जब कभी प्राकृतिक आपदा आती है तो अपना पूरा सहयोग प्रदान करती है। आपदा प्रबंधन के निम्लिखित चरण हैलोगों को ज्यादा से ज्यादा इसके बारे में जागरूक व शिक्षित किया जाये।

दूर संचार के माध्यम से अवगत कराया जायें, जितना ज्यादा हो सके सरकार इसके बारे में लोगों को बताएं।राज्य स्तर पर, राज्य सरकार को इसके बारे में समझकर तत्पश्चात नियम बनाना चाहिए तथा केंद्र सरकार को इसके बारे में पुष्टि करनी चाहिए। आपदा प्रबंधन को मोटे तौर पर तीन भागों में विभाजित किया जा सकता है या यूं कहें इसके तीन प्रकार है जोकि है !1)आपदासेपहले, 2)आपदा के दौरान 3)आपदा के बाद

**आपदा पूर्व प्रबंधन** –यह आपदा आने से पहले ही बचाव से संबंधित हैइसका मुख्य उद्देश्य प्रभाव को कम करना और मानव जीवन और अन्य प्रजातियों के नुकसान को रोकना है।

आपदा पूर्व प्रबंधन में सूचना प्रौद्योगिकी का विकास, आपदा का आकलन और आपदा की स्थिति में लोगों को रेडियो और मीडिया आदि के माध्यम से चेतावनी जारी करना, लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाना, आवश्यक कार्रवाई के लिए संसाधन जुटाना शामिल है।

**आपदाओं के दौरान प्रबंधन** – इस चरण की उपलब्धि पूर्व आपदा प्रबंधन चरण की तैयारी के स्तर पर निर्भर है। यह त्वरित कार्रवाई और आपदा के समय पीड़ितों के समन्वय और उन्हें सुरक्षित आश्रय स्थलों तक पहुंचाने पर निर्भर करता हैइस चरण में पीड़ित लोगों को भोजन, वस्त्र, आश्रय और स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जाती हैं।

**आपदा के बाद प्रबंधन** – इस चरण में प्रभावित क्षेत्रों का पुनर्निर्माण, पुनर्विकास किया जाता है। प्रभावित लोगों को उनके पैरों पर वापस लाने में मदद करने के लिए पुनर्वास, रोजगार और मुआवजा दिया जाता है।

**भारत में आपदा प्रबंधन**–अब आपदा प्रबंधन के लिए विभिन्न स्तरों पर बनाई गई एजेंसियों के बारे में जानते हैं।

1. राष्ट्रीय स्तर पर नोडल एजेंसी गृह मंत्रालय है।
2. राज्य स्तर पर आपदा प्रबंधन विभाग काम करता है।
3. जिला स्तर पर जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय।
4. विकासखंड स्तर पर पंचायत समिति का कार्यालय।
5. एवं गांव स्तर पर ग्रामीण आपदा प्रबंधन समिति काम करती है।

भारत सरकार द्वारा आपदा के प्रबंधन के लिए अपनाई गई रणनीतिया कुछ इस तरह हैं। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 या आपदा प्रबंधन के लिए कानूनी आधार प्रदान करता है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण यह प्राधिकरण भारत में आपदा को नियंत्रित करने के लिए मुख्य एवं शीर्ष निकाय है। भारतीय प्रधानमंत्री इसके अध्यक्ष होते हैं।

राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के अंतर्गत इसका निर्माण किया गया है। आपदा प्रबंधन पर राष्ट्रीय नीति 2009 आपदा प्रबंधन पर राष्ट्रीय नीति का निर्माण राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के अंतर्गत किया गया है। राष्ट्रीय नीति सभी तरह की आपदाओं को संभालने के लिए रोडमैप तैयार करेगी।जिसका उद्देश्य समुदाय पंचायती राज संस्थानों को स्थानीय निकायों और नागरिक समाज की भागीदारी के माध्यम से आपदा का प्रबंधन करना है।

2016 में पहली बार केंद्र सरकार राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्लान लेकर आई है, जिसे 'सेंडाई फ्रेमवर्क' के साथ एकीकृत किया गया है। गौरतलब है कि भारत राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन योजना बनाने वाला पहला देश है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन योजना के प्रमुख पहलुओं पर चर्चा करें राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन योजना का उद्देश्य भारत को आपदा के लिए तैयार रहें और जीवन व संपत्ति के नुकसान को कम करना है। सेंडाई फ्रेमवर्क के अंतर्गत इस योजना में चार प्रमुख बिंदुओं को शामिल किया गया है। आपदा जोखिम को समझना, आपदा जोखिम प्रशासन में सुधार, आपदा जोखिम में कमी प्रारंभिक चेतावनी एवं आपदा के निर्माण योजना।

भारत सरकार ने आपदा प्रबंधन सिखाने के लिए कई इंस्टिट्यूट खोलें जहां आपदा से निपटने के लिए योजना बनाना सिखाया जाता है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को भारत सरकार के द्वारा 30 मई 2005 को स्थापित किया गया था, जो सरकार के लिए प्राकृतिक और मानव जनित आपदाओं के प्रबंधन के लिए विभिन्न योजनाएं तैयार करता है और उन योजनाओं पर कार्यवाही करता है।

आपदा प्रबंधन के चार बिंदुओं पर कार्य करती है यह चार बिंदु हैं।

1. रोकथाम
2. शमन
3. प्रतिक्रिया
4. पुनर्स्थापना

यह सरकार सभी स्तरों पंचायतों और शहरी निकयों की भूमिका को बताती है।यह समुदायों को आपदा का सामना करने के लिए सुचना एवम शिक्षा का प्रावधान करती हैं।

**रोकथाम के उपाय और नियंत्रण** –प्राकृतिक आपदाएँ अजेय हैं. हम उन्हें होने से नहीं रोक सकतेभले ही हमारे पास आपदाओं की भविष्यवाणी करने की सारी तकनीक हो। आने वाली आपदाओं से बचने के लिए हम जो सबसे अच्छी चीज कर सकते हैं वह उन प्रथाओं से बचना है जो पर्यावरणीय गिरावट की ओर ले जा सकती हैंआपदा प्रबंधन और संचार माध्यम से हम आने वाली प्राकर्तिक आपदा के नुकशान से बछा जा सकता है आधुनिक संचार माध्यम जेसे टीवी इन्टरनेट मोबाइल न्यूज पेपर से हम आने वाली अपदाओ के बारे में सुचना देकर लोगो को नुकशान से बछा सकते है आपदाओं से बड़े पैमाने पर विनाश होता है, जीवन की हानि होती है, लोगों का विस्थापन होता है। आपदाओं के दौरान प्रभावित लोगों को प्राथमिक उपचार की सुविधा प्रदान करके तैयार रखना एक अच्छी बात के रूप में सामने आता है। हम लोगों को बचाव और राहत प्रदान करके बढ़ती स्थिति को नियंत्रित कर सकते हैं

**संचार माध्यम**–व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह द्वारा दूसरे व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह को सूचना या संदेश भेजने के लिए माध्यम की आवश्यकता पड़ती है, जिसे संचार माध्यम कहते हैं। संचार माध्यमों के बिना संचार संभव नहीं है। संचार माध्यम शब्द अंग्रेजी भाषा के 'कम्युनिकेशन मीडिया' शब्द के समानान्तर प्रयोग में लाया जा रहा है। संचार माध्यम के द्वारा संप्रेषक और प्राप्तकर्ता या प्रापक के मध्य सूचनाओं का आदान–प्रदान होता है। दूसरे शब्दों में हम कह सकते हैं कि संदेश या सूचना को प्रभावशाली ढंग से प्रापक तक पहुँचाने के लिए संवाहक या स्रोत जिस माध्यम की सहायता लेता है, वही संचार माध्यम है। इस प्रकार संचार माध्यम सूचना के आदान–प्रदान एवं एक स्थान से दूसरे स्थान तक संदेशों के सुगम प्रवाह करने हेतु जिस माध्यम का उपयोग किया जाता है, वही संचार माध्यम है।

क्या कभी आपने इस बात पर विचार किया है कि संचार माध्यमों का हमारे जीवन में क्या महत्व है? आइये हम इस लेख के माध्यम से संचार माध्यमों के बारे में जानते है। ये कितने प्रकार के होते है और हमारे लिए इनकी क्या उपयोगिता है।

**संचार माध्यम के प्रकार–** संचार माध्यम कितने प्रकार के होते हैं, संचार माध्यमों को तीन भागों में बांटा जा सकता है–

**मुद्रित माध्यम:**

1. पत्रिकाएँ
2. विषय सामयिकी
3. पुस्तकें

**इलेक्ट्रोनिक माध्यम:**

1. टेलीफोन
2. रेडियो
3. टेलीविजन
4. टेलीटेक्सट
5. विडियोटेक्सट
6. टेलीकांफ्रेन्स
7. इंटरनेट

**1. मुद्रित माध्यम –**सर्वप्रथम मुद्रण का उद्भव चीन में हुआ और 868 ई. में पुस्तक मुद्रित होकर विश्व के सामने आयी। आगे चलकर यूरोप में गुटनबर्ग ने 1440 ई. में प्रिंटिंग प्रेस का आविष्कार किया। भारत में मुद्रण का प्रचलन सन् 1556 में ईसाई धर्म के प्रचार–प्रसार के लिए गोवा में स्थापित प्रिंटिंग प्रेस से माना जाता है। प्रिंटिग प्रेस के आविष्कार ने मुद्रित संचार के क्षेत्र में क्रांति पैदा कर दी। समाचार–पत्र, पत्रिकाएँ, विभिन्न विषयों से सम्बन्धित सामयिकी, पुस्तकें आदि मुद्रित माध्यम के अन्तर्गत आते हैं। इस माध्यम की प्रमुख उद्देश्य समाज को ज्ञान, सूचना और मनोरंजन उपलब्ध कराना है।

**1. समाचार पत्र –** समाचार जगत अथवा प्रेस संचार का प्रमुख माध्यम है। अखबारों में समाचार प्रकाशित होते हैं। शिक्षा से लेकर, खेती बाड़ी, खेलकूद, स्वास्थ्य, सिनेमा, टेलीविजन के कार्यक्रम, बाजार भाव, भविष्यफल, विश्व के विभिन्न समाचार प्रकाशित होते हैं। समाचार पत्रों के माध्यम से प्रतिदिन घटने वाली घटनाओं की जानकारी होती है। समाचार पत्रों में देश विदेश की महत्वपूर्ण खबरे प्रकाशित की जाती है।

**2. इलेक्ट्रोनिक माध्यम –** संचार माध्यमों के विकास में इलेक्ट्रोनिक माध्यमों का विकास संचार जगत में एक क्रान्तिकारी घटना के रूप में देखा जाता है। इनमें टेलीफोन, रेडियो, टीवी, टेलीग्राफ, टेलीप्रिन्टर, फैक्स, कम्प्यूटर, ई–मेल अनेक माध्यम आते हैं कुछ प्रमुख इलेक्ट्रोनिक संचार माध्यम हैंरू

**1. रेडियों –** संचार माध्यमों में सर्वाधिक प्रभावी माध्यम रेडियो और टेलीविजन है। रेडियों एक श्रव्य माध्यम है जिसमे समाचार, विज्ञापन, सूचनाओं का प्रसारण किया जाता है। मुद्रित माध्यमों का लाभ केवल साक्षर लोग ही उठा पाते हैं परन्तु श्रव्य माध्यमों का लाभ कम पढ़े लिखे या निरक्षर उठा सकते है। रेडियो माध्यम जनसंचार द्रुतगामी और सर्वसुलभ माध्यम है, ध्वनित तरंगों का माध्यम होने के कारण इसके लिए समय और दूरी की कोई सीमा नहीं है।

रेडियों मे प्रसारित होने वाले समाचारों को यदि ठीक से सुना न जाए तो वे छूट जाते है परन्तु अखबार में ऐसा नही है उन्हें दुबारा पढ़ा जा सकता है। रेडियो के अलावा श्रव्य माध्यम के रूप में इन दिनों टेपरिकार्ड का भी प्रचलन तेजी से बढ़ा है। इसमें सूचनाओं को रिकार्ड करके रखा जा सकता है, जिसे अपनी मर्जी से सुना जा सकता है।

लाउडस्पीकर भी संचार का एक श्रव्य माध्यम है इसके जरिए कस्बों में सिनेमा का प्रचार करने वाले वाहनों में इनका उपयोग होता है महानगरों में लाल बतियों पर ट्रेफिक पुलिस का प्रचार प्रसारित होता रहता है।

**3. टेलीविजन –** टेलीविजन दृश्य– श्रव्य माध्यम है। इसके कार्यक्रम रेडियो की अपेक्षा अधिक रोचक होते हैं क्योंकि इस पर चित्र भी प्रसारित होते है। भारत में टेलीविजन की शुरूआत 15 सिम्बर 1959 को आल इंडिया रेडियों के एक सहयोगी विभाग के रूप में यूनेस्को की एक परियोजना के अधीन हुई थी। धीरे–धीरे प्रसारण में इसके विस्तार होने लगा और वर्ष 1976 में टेलीविजन आकाशवाणी से अलग होकर दूरदर्शन बना तथा एक स्वतंत्र संगठन के रूप में कार्यरत हुआ। दूरदर्शन वर्ष 1982 से टेलीविजन पर रंगीन प्रसारण शुरू किया।

आजकल दूरदर्शन एक महत्पूर्ण संचार माध्यम के रूप में विकासित हो चुका है। आज कल टेलीविजन लगभग हर में है और पुरे चौबीसों घंटे इसका प्रसारण होने के कारण समाज हर वर्ग आने वाली प्राक्रतिक और मानवी अपदाओ के बारे में पहले से बात सकता है और विविध पक्षों को दिखाने, हर पल की घटनाओं को प्रसारित करने में आसानी होती है। यह एक अत्याधुनिक उपकरण होने के कारण इसके माध्यम से सूचनाएं एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंचाना आसान हो गया है तथा घटना स्थल से भी सीधे आंखों देखा हाल प्रसारित किया जा सकता है।

**4. कम्प्यूटर –** कम्प्यूटर से अब कोई व्यक्ति अपरिचित नहीं है। आज यह संचार का एक महत्वपूर्ण एवं सशक्त माध्यम है। यह ऐसा उपकरण है जिसके कारण संचार के क्षेत्र में क्रांति आ गई है। आज संसार भर में ऐसा कोई क्षेत्र नही है जहाँ कम्प्यूटर की पहुंच नहीं है। इस पर अखबारों, रेडियो, टेलीविजन के लिए समाचार लिखे जा सकते है, संपादित किए जाते है तथा प्रकाशित प्रसारित किये जाते है।

**5. टेली कॉन्फ्रेंस –** टेली कॉन्फ्रेंस का अर्थ है– दूरसंचार साधनों द्वारा दो या दो से अधिक स्थानों पर दो या अधिक व्यक्तियों का आपस में विचार–विमर्श करना। टेली कॉन्फ्रेंस भी तीन प्रकार की होती हैं–

1. आडियो कॉन्फ्रेंस,
2. वीडियो कॉन्फ्रेंस
3. कम्प्यूटर कॉन्फ्रेंस

1. आडियो कॉन्फ्रेंसमें भाग लेने वाले व्यक्ति एक–दूसरे से बात तो कर सकते हैं, परंतु एक–दूसरे को देख नहीं सकते। इस प्रकार के कॉन्फ्रेंस सामान्यत: टेलीफोन द्वारा सम्पन्न होते हैं। वीडियो कॉन्फ्रेंस में लोग एक–दूसरे को देख भी सकते हैं तथा आपस में बात भी कर सकते हैं। कम्प्यूटर कॉन्फ्रेंस में अलग–अलग स्थानों पर बैठे व्यक्ति कम्प्यूटर को प्रयोग में लाकर सूचनाओं का आदान–प्रदान करते हैं।

**6. मोबाइल फोन –** यह घर के साधारण फोन से अलग होता है। घर के फोन को एक तार के जरिए जोड़ा जाता है इसलिए इसके उठाकर कही नहीं ले जाया जा सकता जबकि मोबाइल फोन बिना तार के काम करता है जिसे लेकर आसानी से कहीं भी ले जाया जा सकता है। इसे जेब में रखकर ले चलने की सुविधा के कारण इनके सेट काफी छोटे–छोटे तैयार किए जाने लगे हैं।

यह एक दूसरे से बातचीत करने के अलावा इसका उपयोग संदेश भेजने पाने (एस.एम.एस.) फोटो खीचने और तुरंत उसे दूसरे व्यक्ति के पास भेजने, बातचीत रिकार्ड करने और उसे दूसरे व्यक्ति के पास भेजने, फिल्में देखने, गाने सुनने, समाचार सुनने के लिए भी किया जात है।

7. **इंटरनेट –** इंटरनेट का अर्थ होता है कम्प्यूटरों का जाल–इंटरनेट हजारों नेटवर्को का एक नेटवर्क है। सारी दुनिया के नेटवर्क इस व्यवस्था से आपस में जोडे जा सकते हैं या जुड़े हुए है। संसार के किसी भी कोने से कोई भी सूचना देनी या लेनी हो तो वह कुछ ही पलों में भेजी या प्राप्त की जा सकती है। इसके द्वारा व्यवसाय, स्टॉक मार्केट, शिक्षा, चिकित्सा, मौसम, खेलकूद आदि के अतिरिक्त अन्य किसी भी क्षेत्र में जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

यहां तक कि यदि मन में कोई विचार आता है और हम उससे संबंधित जानकारी प्राप्त करना चाहते है तो वह भी हमें इंटरनेट के माध्यम से प्राप्त हो सकती है। इंटरनेट एक तरह से मुद्रित दृश्य–श्रव्य माध्यमों का मिला जुला रूप है।

**आपदा प्रबन्धन में महत्त्वपूर्ण क्षेत्र:**

1. **संचार–** संचार आपदा प्रबन्धन में अत्यधिक उपयोगी हो सकता है। संचार साधनों के माध्यम से जागरुकता, प्रचार–प्रसार तथा आपदा प्रतिक्रिया के समय आवास सूचना व्यवस्था के माध्यम से काफी सहायक हो सकता है।

2. **सुदूर संवेदन–** अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी आपदा के प्रभाव को कारगर ढंग से करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। इसका उपयोग–

1. शीघ्र चेतावनी रणनीति को विकसित करना,
2. विकास योजनाएँ बनाने एवं लागू करने में,
3. संचार और सुदूर चिकित्सा सेवाओं सहित संसाधन जुटाने में,
4. पुनर्वास एवं आपदा पश्चात पुनर्निर्माण में सहायता हेतु किया जा सकता है।

3. **भौगोलिक सूचना प्रणाली –** भौगोलिक सूचना प्रणाली सॉफ्टवेयर भूगोल और कम्प्यूटर द्वारा बनाए गए मानचित्रों का उपयोग, स्थान आधारित सूचना के भण्डार के समन्वय एवं आकलन के लिये रहता है। भौगोलिक सूचना प्रणाली का उपयोग वैज्ञानिक जाँच, संसाधन प्रबन्धन तथा आपदा एवं विकास योजना में किया जा सकता है।

**आपदा नियन्त्रण में व्यक्ति की भूमिका –** भूकम्प, बाढ़, आंधी, तूफान में एक व्यक्ति क्या प्रबन्धन कर सकता है। इसका आपदा के सन्दर्भ में निम्नलिखित भूमिका सुझायी गई है–

**भूकम्प के समय व्यक्ति की भूमिका –** ऐसे समय में बाहर की ओर न भागें, अपने परिवार के सदस्यों को दरवाजे के पास टेबल के नीचे या यदि बिस्तर पर बीमार पड़े हों तो उन्हें पलंग के नीचे पहुँचा दें, खिड़कियों व चिमनियों से दूर रहें। घर से बाहर हों तो इमारतों, ऊँची दीवारों या बिजली के लटकते हुए तारों से दूर रहें, क्षतिग्रस्त इमारतों में दोबारा प्रवेश न करें।

**भूकम्प का भी पूर्वानुमान लग सकेगा –** टी.वी. रेडियो, इन्टरनेट से जहाँ तक सम्भव हो जुड़े रहें, अधिक वर्षा और अकाल जैसी प्राकृतिक आपदाओं के पूर्वानुमान के बाद अब भूकम्प की भी भविष्यवाणी की जा सकेगी लेकिन इसका पता कम्प्यूटर पर काम कर रहे व्यक्ति को सिर्फ कुछ सेकेण्ड पहले ही लग सकेगा। कैलीफोर्निया इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, यू.एस. ज्योलॉजीकल सर्वे तथा कैलीफोर्निया के खनिज और भू–भागीय विभाग के भूकम्पशास्त्री लगातार भूकम्प की ऑन लाइन पर भविष्यवाणी कर सकने की कोशिश कर रहे हैं। यह आपातकाल में ऐसे आंकड़े भेजेगा। जिससे कम्प्यूटर यूजर्स तक इमेल भेजा जा सकेगा। ट्राइनेट का लक्ष्य है कि 600 शक्तिशाली गति सेंसर और 150 बड़े इंटरनेशनल मिलकर आने वाली भूकम्पों के बारे में लोगों को सूचित करें। अगर ट्राइनेट अपने प्रस्तावित कार्य को करने में समर्थ हुआ तो कैलिफोर्निया भूकम्प क्षेत्र का निरीक्षण कर सकने वाला पहला राज्य होगा इस प्रकार भूकम्प का पूर्वानुमान लगाने की क्षमताएँ विकसित हो चुकी हैं। संक्षेप में कैलीफोर्निया के खनिज और भूगर्भीय विभाग के प्रमुख जिम डेविड कहते हैं कि सेंसर पृथ्वी थरथराने जैसे घटना के तुरन्त बाद कम्प्यूटर के जरिए सूचना देने में सक्षम होगा।

**निष्कर्ष –** आपदा पर किसी का नियंत्रण नहीं होता इसलिए इसे रोका नहीं जा सकता। अगर हमें आपदा प्रबंधन सही तरीके से करना हैं, तो हमें बहुत सुसज्जित तकनीक की आवश्यकता होती है सबसे बेहतर यही है कि आने वाली अपादाओ को कम करने के लिए हमें ऐसी गतिविधियों से बचना है जो पर्यावरण को नुकसान पहुंचाती है। मनुष्य का अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए प्रकृति को नुकसान पहुंचाना ही बहुत सी आपदाओं का कारण है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. चौहान, ज्ञानेन्द्र सिंह एवं पाहवा, एस.के. (2013) भारत में आपदा प्रबन्धन, रिसर्च जनरल ऑफ आर्टस, मैनेजमेंट एंड सोशल साइंसेजा।
2. रामजी एवं शर्मा, शिवानाथ, प्राकृतिक आपदा–सूखा एवं बाढ़ की समस्या।
3. मामोरिया, चतुर्भुज, भौगोलिक चिन्तन, साहित्य भवन, आगरा।
4. नेगी, पी.एस. (2006–07) पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण भूगोल।
5. पाल, अजय कुमार, आपदा एवं आपदा प्रबन्धन।
6. आपदा प्रबन्धन राष्ट्रीय नीति–2005, भारत सरकार।
7. बवेजा, दर्शन, आपदा प्रबन्धन।
8. अवस्थी, एन.एम., पर्यावरणीय अध्ययन।

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# Microplastics as Vectors for Pollutants

**Dr. Rashmi Ahuja***

***Professor (Chemistry) Govt. Motilal Vigyan Mahavidyalya, Bhopal (M.P.) INDIA**

**Abstract** - Microplastics, defined as plastic particles smaller than 5 mm, have emerged as a significant environmental concern due to their widespread distribution and persistence in the environment. Apart from their physical impact on ecosystems, recent research has highlighted their role as vectors for pollutants. This article explores the various ways in which microplastics act as vectors for pollutants, including their ability to adsorb and transport toxic chemicals, as well as their potential to bioaccumulate in organisms. The implications of these findings on environmental and human health are discussed, along with suggestions for future research and mitigation strategies.
**Keywords-** Microplastics, POPs, PAHs, etc.

**Introduction -** Microplastics, defined as plastic particles smaller than 5 mm, have emerged as a pervasive and challenging environmental issue in recent years. These minute particles are a result of the breakdown of larger plastic items or are intentionally manufactured for various purposes, such as in personal care products or industrial applications. Due to their small size, microplastics are capable of infiltrating a wide range of ecosystems, including oceans, rivers, lakes, soils, and even the atmosphere, leading to concerns about their potential impacts on environmental and human health.

One of the key concerns associated with microplastics is their role as vectors for pollutants. Microplastics have a high surface area to volume ratio, which allows them to adsorb and concentrate various pollutants from the surrounding environment. These pollutants can include persistent organic pollutants (POPs) such as polychlorinated biphenyls (PCBs) and polycyclic aromatic hydrocarbons (PAHs), as well as heavy metals. Once adsorbed onto microplastics, these pollutants can be transported over long distances, potentially impacting ecosystems far from their original source.

The problem of microplastics as vectors for pollutants is multifaceted. Not only do microplastics themselves pose a threat to marine life and terrestrial organisms, but the pollutants they carry can also have detrimental effects on ecosystems and human health. For example, POPs are known for their persistence in the environment and their ability to bioaccumulate in organisms, leading to long-term impacts on food chains and human populations. Similarly, heavy metals can cause a range of health problems, including neurological disorders and organ damage.

Addressing the issue of microplastics as vectors for pollutants requires a comprehensive understanding of their sources, distribution, and impacts. By elucidating the mechanisms through which microplastics interact with pollutants and assessing their environmental and health implications, we can develop strategies to mitigate their impact and protect ecosystems and human health.

**Understanding Microplastics:** Microplastics, defined as plastic particles smaller than 5 mm, have become a ubiquitous environmental pollutant due to their widespread distribution and persistence in the environment. They can be categorized into two main types: primary microplastics, which are manufactured at a small size for specific purposes such as exfoliants in personal care products, and secondary microplastics, which result from the breakdown of larger plastic items due to physical, chemical, or biological processes. Primary microplastics are intentionally manufactured at a small size, while secondary microplastics are the result of weathering and degradation of larger plastic items.

Microplastics originate from a variety of sources, including the fragmentation of plastic waste, the abrasion of synthetic fibers from textiles during washing, and the release of microbeads from personal care products. These sources result in the release of microplastics into the environment, where they can be transported by wind and water currents over long distances. Microplastics have been found in various environmental compartments, including oceans, rivers, lakes, soils, and even in the air, highlighting their pervasive nature.

Once released into the environment, microplastics can undergo various processes that affect their fate and transport. These processes include fragmentation, aggregation, and biofouling, which can alter the size, shape,

and surface properties of microplastics. These changes can affect the behavior of microplastics in the environment, influencing their interactions with organisms and their potential to act as vectors for pollutants.

**Sources and Distribution:** Microplastics originate from a variety of sources and are distributed widely throughout the environment. One of the primary sources of microplastics is the fragmentation of larger plastic items. Plastics in the environment can be broken down by physical processes such as wave action, UV radiation, and mechanical abrasion, leading to the formation of smaller particles. Additionally, the disposal of plastic waste, such as plastic bags and bottles, contributes to the release of microplastics into the environment.

Another significant source of microplastics is the shedding of synthetic fibers from textiles. When synthetic clothing is washed, microscopic fibers are released into the wastewater, eventually finding their way into rivers, lakes, and oceans. These fibers can persist in the environment for long periods and can be ingested by aquatic organisms, leading to potential harm.

Microplastics are also released into the environment through the use of personal care products that contain microbeads. These tiny plastic particles are used in products such as exfoliating scrubs and toothpaste and can enter waterways directly through wastewater discharge.

Once released into the environment, microplastics can be distributed widely through air and water currents. They can be transported over long distances, contaminating remote areas far from their original source. Microplastics have been found in high concentrations in marine environments, especially in areas with high levels of plastic pollution.

**Microplastics as Vectors for Pollutants:** Microplastics have the ability to act as vectors for pollutants in the environment, posing risks to ecosystems and human health. One of the key mechanisms through which microplastics act as vectors is adsorption. Due to their high surface area to volume ratio, microplastics can adsorb various pollutants from the surrounding environment. These pollutants can include persistent organic pollutants (POPs) such as polychlorinated biphenyls (PCBs), polycyclic aromatic hydrocarbons (PAHs), and heavy metals.

Once adsorbed onto microplastics, pollutants can be transported over long distances. Microplastics can be carried by wind and water currents, spreading pollutants to ecosystems far from their original source. This can lead to the contamination of remote and pristine environments, posing risks to wildlife and ecosystems.

Microplastics can also act as vectors for pollutants through bioaccumulation. When organisms ingest microplastics, either directly or indirectly through the food chain, the adsorbed pollutants can be released into their tissues. This can lead to the accumulation of pollutants in higher trophic levels, with potential implications for ecosystem health and human consumption.

The presence of microplastics as vectors for pollutants has significant implications for environmental and human health. Pollutants adsorbed onto microplastics can accumulate in sediments, soil, and water, posing a threat to aquatic and terrestrial ecosystems. Additionally, there is growing concern about the potential for humans to be exposed to these pollutants through the consumption of contaminated seafood.

In conclusion, microplastics act as vectors for pollutants through adsorption and bioaccumulation, with implications for environmental and human health. Mitigating the impact of microplastics as vectors for pollutants requires addressing the sources of microplastics and implementing measures to reduce their release into the environment.

**Impact of Microplastic-Borne Pollutants:** The presence of microplastics in the environment, acting as vectors for pollutants, has significant implications for ecosystems and human health. One of the key environmental impacts of microplastic-borne pollutants is their potential to accumulate in sediments, soils, and water bodies. This can lead to long-term contamination of ecosystems, with potential effects on wildlife and aquatic organisms.

Microplastic-borne pollutants can also have direct impacts on organisms. When ingested, microplastics and associated pollutants can cause physical harm, such as blockages in digestive tracts or internal injuries. Additionally, the pollutants adsorbed onto microplastics can be released into the tissues of organisms, leading to toxic effects.

The impact of microplastic-borne pollutants is not limited to the environment; it also extends to human health. There is growing concern about the potential for humans to be exposed to microplastic-borne pollutants through the consumption of contaminated seafood. Studies have shown that microplastics and associated pollutants can accumulate in the tissues of fish and other seafood, posing risks to human health.

The health impacts of microplastic-borne pollutants on humans are not yet fully understood. However, there is evidence to suggest that exposure to these pollutants could have negative effects, including inflammation, oxidative stress, and genotoxicity. Furthermore, the presence of microplastics in food and water sources raises concerns about their potential to act as carriers for pathogens, further increasing health risks.

**Health & Environmental Impact:** The presence of microplastics in the environment, acting as vectors for pollutants, poses significant health and environmental risks. One of the key environmental impacts of microplastic-borne pollutants is their ability to accumulate in ecosystems, leading to long-term contamination. This can have detrimental effects on wildlife and aquatic organisms, disrupting ecosystems and potentially causing population declines.

In terms of human health, there are concerns about

the potential for exposure to microplastic-borne pollutants through the consumption of contaminated food and water. Studies have shown that microplastics and associated pollutants can accumulate in the tissues of fish and other seafood, which are then consumed by humans. This raises concerns about the potential for these pollutants to enter the human body and cause harm.

The health impacts of microplastic-borne pollutants on humans are not yet fully understood. However, there is evidence to suggest that exposure to these pollutants could have negative effects. For example, some studies have suggested that microplastics and associated pollutants could lead to inflammation, oxidative stress, and genotoxicity in humans.

Furthermore, the presence of microplastics in the environment can have indirect health impacts through the ingestion of contaminated seafood. Ingestion of microplastics and associated pollutants can lead to physical harm, such as blockages in the digestive tract, as well as the release of toxic substances into the body.

**Conclusion and Suggestions:** Microplastics, as vectors for pollutants, pose significant risks to ecosystems and human health. They have the ability to adsorb and transport various pollutants, including persistent organic pollutants (POPs) and heavy metals, leading to contamination of the environment and potential harm to organisms. The impact of microplastic-borne pollutants is multifaceted, with implications for environmental health, ecosystem integrity, and human well-being.

The environmental impact of microplastic-borne pollutants is significant, particularly in aquatic ecosystems. These pollutants can accumulate in sediments and water bodies, posing risks to aquatic organisms. Microplastics can also alter habitats and disrupt ecosystems, leading to changes in biodiversity and ecosystem function. Additionally, the presence of microplastics in the environment can have broader ecological implications, including effects on food webs and nutrient cycling.

The health impact of microplastic-borne pollutants on humans is a growing concern. There is evidence to suggest that these pollutants can enter the human body through the consumption of contaminated food and water. Once ingested, microplastics and associated pollutants can accumulate in tissues and organs, potentially causing inflammation, oxidative stress, and genotoxicity. Furthermore, the presence of microplastics in food sources raises concerns about their potential to act as carriers for pathogens, further increasing health risks.

**Mitigation Strategies:** Addressing the issue of microplastics as vectors for pollutants requires a multi-faceted approach. One key strategy is to reduce the release of microplastics into the environment. This can be achieved through measures such as banning the use of microbeads in personal care products, reducing the use of single-use plastics, and implementing proper waste management practices.

Another important strategy is to remove existing microplastics from the environment. This can be done through the development of technologies to filter microplastics from water bodies and the implementation of cleanup efforts in areas heavily impacted by plastic pollution. Additionally, there is a need for more research to better understand the extent of the issue and to develop effective mitigation strategies. This could include research on the sources and distribution of microplastics, their interactions with pollutants, and their impacts on ecosystems and human health.

In conclusion, microplastics act as vectors for pollutants, posing significant risks to ecosystems and human health. Addressing this issue requires a concerted effort from governments, industries, and individuals to reduce the release of microplastics into the environment, remove existing microplastics, and conduct further research to better understand the extent of the issue and develop effective mitigation strategies. By taking action now, we can help protect the environment and safeguard the health of ecosystems and human populations for future generations.

**References:-**

1. Pelamatti, T., Cardelli, L. R., & Rios-Mendoza, L. M. (2022). The Role of Microplastics in Bioaccumulation of Pollutants. In Handbook of Microplastics in the Environment. Springer
2. Gonte, R., & Balasubramanian, R. (2021). Effect of microplastics in water and aquatic systems. Environmental Science and Pollution Research
3. Liu, X., Wang, J., & Xie, Y. (2021). The Dual Role of Microplastics in Marine Environment: Sink and Vectors for Organic Pollutants. Journal of Marine Science and Engineering
4. Arienzo, Michele, Luciano Ferrara, and Marco Trifuoggi. 2021. "The Dual Role of Microplastics in Marine Environment: Sink and Vectors of Pollutants" Journal of Marine Science and Engineering 9, no. 6: 642
5. Amelia, T. S. M., Khalik, W. M. A. W. M., Ong, M. C., Shao, Y. T., Pan, H. J., &Bhubalan, K. (2020). Marine microplastics as vectors of major ocean pollutants and its hazards to the marine ecosystem and humans. Progress in Earth and Planetary Science

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# स्त्री विमर्श की चुनौतियां और मैत्रेयी पुष्पा की रचनाएं

**डॉ. मुकेश कुमार* डॉ. नविता चौधरी ****

* सहायक आचार्य, विजय सिंह पथिक राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,कैराना, शामली (उ.प्र.) भारत
** देशबंधु महाविद्यालय ,कालकाजी (नई दिल्ली) भारत

**प्रस्तावना –** देश के अनेक भूभागों से नारी उत्पीड़न की खबरें आम बात हो गयी हैं।कभी तीन तलाक के नाम पर, कभी दहेज यह उत्पीडन के नाम पर तो कभी ऑनर किलिंग के नाम पर, अत्याचार जारी रहता है। यह अत्यंत हास्यास्पद लगता है जब कल तक स्त्री को जलानेवाले 'महिला दिवस' के अवसर पर अपनी शेखियां बघारते हैं और अपने दोयम अल्पफाज से स्त्री-हित के हिमायती बनने का नाटक करते हैं। उनके ये घड़ियाली अंसू बहाने वाले अंदाज की पोल तो आज की ताजातरीन शर्मनाक घटनाएं अपने आप ही खोल देती हैं। देश की राजधानी के लिए ऐसी शर्मसार करनेवाली घटनाएं उस बदनुमा दाग की तरह हैं, जो मिटाये नहीं मीट सकतीं। आठ महीने की एक बच्ची के साथ 27 साल के एक पापी द्वारा अमानवीय व्यवहार जैसी घटनाओं ने ही दिल्ली को 'रेप कैपिटल' बना दिया है। अब प्रश्न यह है कि ऐसी घटनाओं को सुनते, देखते हुए अपनी आंख बंद करनी है या चुप्पी को तोड़ते हुए विरोध का आगाज करना है? यह यक्ष प्रश्न सूरसा मुख की भांति भारत के हर जनमानस के आगे मुंहबाए खड़ा है? दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालिवाल ने तो इसके खिलाफ खुली लड़ाई छेड़ दी है। पर्चे बंटवाकर, एनजीओ के माध्यम से सार्वजनिक स्थानों पर मानव श्रृंखला बनाकर, नुक्कड़ नाटकों के द्वारा 'रेप रोको', 'बच्चों के बलात्कारियों को छह महीने के अंदर फांसी दो', जैसे मुद्दों को लेकर आम जनता को जागुत किया जारहा है। पर यह लडाई चंद स्थान विशेष की न होकर समस्त देशवासियों की है,बल्कि समाज के बुद्धिजीवी वर्ग की नैतिक जिम्मेदारी भी। ऐसे मे साहित्यकारों की भूमिका अति महत्वपूर्ण साबित होगी।जन जन तक पहुंचने में सबसे कारगर और लाभकारी भी। इनके बढ़ते हौसले के पीछे लाचार और धीमी कानूनी प्रक्रिया है।अकेले दिल्ली की बात की जाये तो दिल्ली पुलिस के मुताबिक दिल्ली में सन 2012 से सन 2014 के बीच महिलाओं के खिलाफ 31,446 अपराध दर्ज हुए जिनमें से 150 से कम अपराधियों को सजाएं हुई।इसके तह में जाएं तो जिम्मेवार सिर्फ कानून-व्यवस्था नहीं बल्कि जागरुकता का अभाव है। अत्यंत दुखद है किन्तु सर्वाधिक चिंतनीय भी। अगर अपने साहित्यिक जिम्मेवारी निभाते हुए रचनाकार जागृत हो जाएं तो बहुत सारी स्थितियों का समाधान करने में पाठक जनता निराकरण हेतु खद आगे आ जायें। गौरतलब है कि मैत्रेयी जैसी कई प्रबुद्धों ने स्त्री विमर्श के मुहदों को बड़े शिद्दत से अपनी रचनाओं के माध्यमसे आगे बढ़ाया है। मैत्रयी ने 'गुनाह-बेगुनाह' में पुलिसिया जुल्म का पर्दाफाश किया है, तो उसी उपन्यास के पात्र इला, समीना के माध्यम से कारगर स्त्री हित के मायनों को भी सुझाव स्वरूप दर्शाया है। मैत्रेयी ने अपने उपन्यास आत्मकथा के माध्यम से दोहरे मानसिकता वाले वह भी पुरुष प्रधान समाज के घिनौने सच का कच्चा चिट्ठा खोला है। उनकी रचनाओं में से इससे संबद्ध कुछ घटनाओं पर नजर डालना ज्यादा समीचीन होगा।यह कहना अतिशयोक्ति नहीं कि आज से वर्षों पूर्व मैत्रेयी इन मामलों के प्रति संजीदा थीं। यह बात दीगर है कि विरोधियों ने इन्हीं महत्वपूर्ण कड़्वी सच्चाई को लेकर मैत्रेयी को कटु आलोचना का निशाना बनाया। इससे बड़ी कड़वी सच्चाई और क्या हो सकती है कि एक थाने में शिकायत करने पहुंची महिला के साथ पुलिस वाली भी अपने आप को असूरक्षित महसूस करती है, क्योंकि वह विपरीत लिंगी है, एक महिला जीवन के अन्य क्षेत्रों की भांति महिला साहित्यकारों ने उपन्यास रचना के क्षेत्र में भी खूब धूममचाया है। लोकतंत्र की स्थापना और सर्वांगीण सामाजिक विकास के लिए पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलनेवाली महिला रचनाकारों ने साहित्य जगत में हस्तक्षेप किया है। दोयम दर्जे की जबर्दस्त नागरिकता, लिंग-आधारित समाज के रवैये ने उन्हें समाज के कृत्यों से रूबरू कराने की ठान ली है। स्त्री जनित शारीरिक रचना के आधार पर उनके वैचारिक संघर्षों की लड़ाई के रूप में देखकर वजूदअवहेलना नहीं की जा सकती है। उनके सामाजिक चिंतन की आधार भूमि परिवार,समाज और राष्ट्र के नवनिर्माण का संकेतहै। जहां समानता, स्वतंत्रता तथा कायदे लिंग आधारित न होकर योग्यता आधारित हों।

कृष्ण और राधा की प्रेम कहानी तो सबको पता है। पर 'जैमंती' और 'मनसुखा महाराज' की प्रेमकथा लिखने की हिम्मत मैत्रेयी ही जुटा पाती हैं और इसके माध्यम से खोखली विचारधाराओं के वज्राघात से किसी के आत्मसम्मान को कुचलने वाले सामाजिक ठेकेदारों को चुनौती देती हैं। दाई का घर सवर्ण गली में?जरूर कोई लोचा है। उस लोचे में खली मानसिकता वाली संतो को धंधेवाली करार देना सामाजिक राजनैतिक विद्रूपता का परिचायक है। जातिवाद के नंगा नाच की शिकार होती स्त्री के अस्मिता का प्रश्न है।

औरत 'स्त्री', 'नारी', 'जननी' के रूप में चित्रित होने से पहले अपने पिया की प्यारी होकर रहना चाहती है जिसके लिए अपने बाबुल का देश छोड़ आई, अगर उसी के साहचर्य सुख में बाधा उत्पन्न होतो इसे विडंबना से कुछ कम नहीं अंकना चाहिए। अपने पिया के लिए समर्पण का भाव लिए मन हर्षित रहता है कि उसके अपनेपन का साथी, जिस पर न्योछावर होने का इकलौता अधिकार सिर्फ और सिर्फउसी का है। 'मैं विवाह के समय भी अपनी किताबें ही मायके की निशानी तौर पर साथ लाई थीं। जो अब भी मेरे पासथी। न जाने किस झोंक में पति को आम्रपाली की कथा सुना डाली और उनको मेरे वेश्या के प्रति लगाव का पता चल गया। तभी स्पष्ट किया- ऐसी औरतों की मूर्ति नहीं मिल सकती तुम्हें। बनाता ही नहीं कोई।'

व्यक्तिगत आजादी को लेकर भी समाज निर्मित विविध प्रकार का

व्यवधान झेलना पड़ता है तथा आचरण पर भी प्रश्न-चिन्ह खड़ा हो जाता है। आखिर ऐसा क्यों? फिर मैत्रेयी अगर समाज को एकस्त्री के नितांत निजी पर अत्यंत महत्वपूर्ण पहलुओं से अवगत करती हैं, तो इस मेहरज ही क्या है! बल्कि भावी समाज को जागरुक होकर विरोधियों के पर कतरने की कोशिशों के लिए नयी राह का सबक भी मिलता है।

अपने धून की पक्की होने के कारण मैत्रयी जी ने अपनी परेशानी, कठिनाइयों की रती-भर भी परवाह नहीं की। उपन्यास 'अल्मा कबूतरी' की कि शुरुआत मंसाराममं जो कि श्कज्जाख समाजश के द्योतक हैं एवं 'कदमबाई' कबूतरी जाति के साथ होती हैं 'कुलशील संस्कारी मंसाराम की जिंदगी कबूतरी के हवाले हो गयी के वेघर-परिवार, पूरा मोहल्ला, गांव और नाते-रिश्तेदारियों में धिक्कार के पात्र होगए।'

यहां मंसाराम शोषक वर्ग से संबंधित है, जबकि 'कदमबाई' शोषितवर्ग की। कज्जा होने के बावजूद मंसाराम को अपने किए का पछतावा है। कदमबाई से आगाध प्रेम है। समाज ने इसके एवज में उनका बहिष्कार कर दिया है। उनका यह लगाव समाज में हो रहे समयानुकूल परिवर्तन का द्योतक है। मैत्रेयी की अधिकांश रचनायें नायिका प्रधान हो जाती हैं। पुरुष पात्र रचना में आते जरूर हैं, किन्तु लेखन के केंद्र में अंततः नायिका मुख्य भूमिका में आ जाती है।

रस्किन ने शेक्सपीयर के बारे में एक बार कहा था- शेक्स्पीयर की रचनाओं में नायक नहीं बल्कि नायिकाएं होती हैं। सिर्फ कॅमेडी में उनकी नायिकाएं खूबसूरत, जानदार तथा आकर्षक होती हैं। उदाहरण के तौर पर 'रोजालिन्ड', 'बियाट्रिस', 'पोर्सिया' तथा 'वायोला' आदि गजब की कामयाब पात्र है। लेकिन इसके विपरीत ट्रेजेडी में उसकी उपस्थिति असहाय, बेसहारा तथा चिंतनीय है। उदाहरण के तौर पर 'कैल्फुर्निया क्लियांपैट्रा डेस्डोमोना', ओफेलिया तथा तथा कांडेलिया आदि की स्थिति दयनीय और चिंताजनक है।

मैत्रेयी की नारी पात्रों को भी कमोबेश कालांतर में स्थिति यही होती है। पर अंतोगत्वा रचना में उनकी उपस्थिति गैरतलब होती है। मैत्रेयी के एक उपन्यास 'चाक' के अंश का उदाहरण के रूप में देखा जा सकता है ।'इस गांव के इतिहास में दर्ज दस्तानें बोलते हैं ।रस्सी के फंदे पर झूलती रुक्मणी, कुएं में कूदने वाली रामदेई, करबन नदी की समाधिस्थ नारायणी ....ये सब बेबस औरतें सीता मईया की तरह भूमि प्रवेश कर अपने शील सतीत्व की खातिर और कहता था बुलाओ उस हरामजा... मंदाकिनी को। मजदूर भड़काए, दंगा करवाया ।अब कत्ल करा दिया।'

लोग पुलिस की धमकी दे रहे हैं ।मंदा को ?दरोगा आ रहा है उसके नेतापन की हेकड़ी निकालने। लोकतंत्र की आवाज बहुआयामी है ।डरने वाले के साथ-साथ अच्छी राय देने वालों के भी कमी नहीं ।प्रधान काका उसे थाने न जाने की सलाह देते हैं ।

मंदा जानती है कि सुगना की आहुति कभी बेकार न जाएगी ।भ्इस आहुति से वह ऊर्जा ग्रहण कर नई राजनीति की संभावनाओं को तलाश करती है ।

मैत्रेयी की लेखनी की खासियत यह है कि वह अपनी रचनाओं में ऐसे सर्वव्यापी लोकाचार एवं लोकगीतों का संयोजन करती है कि वह सबको सभी क्षेत्र वासियों को बिल्कुल अपना लगने लगे ।गांव में शादी ब्याह के विविध रीति रिवाज ,स्त्री पुरुष के स्वाभाविक गुणों का समर्थन करती विविध विधियां, रचना को आकर्षक तथा प्रभावशाली बनती हैं। कथानक अपने आसपास के वातावरण का दर्शन करता है तथा कथ्य को मूल उद्देश्य से भटकाए बगैर निरंतरता एवं उपादेयता को रंच मात्र भी बिगड़ता नहीं देता ।असंभव सी दिखने वाला संभावना भी अंततोगत्वा अपने पूर्णता को प्राप्त कर ही लेती है ।

'लला तो रात ही कितने चक्कर दै गए ।पर बिना देवता पूजा मिलत ,का दुल्हन ? पहले इतर -पीतर, दई- देवता खुश करो तबहों तो....

और फिर अबै कगना बंधी है हाथ में।रिश्ते की भाभी कह रही थी।'

औरतें जुड़ आयीं। नाइन ने सूप धर लिया हाथ पर। उर्वशी की असल आंखें झुकी जा रही थीं कि पीछे से उठाए जाने वाले गीतों के बोलों ने उसे अपने अंकवार में भर लिया... छाती से चिपका लिया-

'कैसे कै दरसन पाऊरी /
माई तेरी संकरी दुअरिया /
माई के दुआरें एक कन्या पुकारै /
दैदेउ सजन-वर जाऊ री माई तेरी...
यही गीत तो हमारे गांव में भी... ।'

लोकतंत्र और लोक व्यवहार की परंपराओं का योग भावी संस्कृति का भविष्य निधारित करती है। साधारण रूप में मौजद परंपराएं लोकगीतों के माध्यम से मेत्रेयी की रचनाओं में स्वतः ही फूट पड़ती 'मैत्रेयी की अनेक रचनायें स्त्री- विमर्श के लिए खुली चुनौती, नयी सोच, वैचारिक दिशा-निर्देश के साथ विकास की संपूर्ण संभावनाएं प्रदान करती हैं। 'चर्चा हमारा', 'खुली खिड़कियां', 'तब्दील निगाहें' जैसी कृतियों में मैत्रेयी ने मौलिक समस्याओं के लिए उत्तरदाई परिस्थितियों को उलट-पलट कर पाठकों के सामने रख दिया है। खासकर भारतीय परिप्रेक्ष्य में भारतीय नारी की रूढ़िवादी किलाबंदी कर पितृसत्तात्मक समाज ने भरसक बेड़ियां डालने की पुरजोर कोशिश की है। आजकल की ताजातरीन घटनाएं इस बात का बेहतर तसदीक करती हैं।कहने को देश इक्कीसवीं सदी में प्रवेश कर चुका है, आजादी की स्वर्ण जयंती मनाई गयी, संयुक्त राष्ट्रसंघ में स्त्रियों को ऊच्च स्थान मिला, पर इन सब से इनकी वास्तविक स्थिति में क्या बदलाव आया,यह गौरतलब है। मैत्रेयी ने विमर्श के ऐसे दुखते रंग की पहचान कर अपनी रचना का सत्ताधारियों को जमकर कोसा है। भारतीय नारी का संदर्भ ऐसे गंभीर चिंतन को निश्चित तौर पर तरजीह देगा। इस बदलाव में नारी के बदलते नजरिए को समझने की जरूरत है। खासकर ग्रामीण नारी के बढते कदम इस बात के संकेत हैं कि अब वे अपनी मुश्किलें स्वयं हल करने मे सक्षम हैं। आवश्यकता इस बात की है कि ऐसी कौन सी मुहिम चलायी जाए की सबको समानता, समग्रता के साथ आगे बढ़ते हुए समाज की मुख्यधारा में अग्रणी होने का भरपूर अवसर प्राप्त हो। ऐसे गंभीर चिंतन से समाज को खासकर युवा पीढ़ी को रूबरू होने की सख्त आवश्यकता है। चिंता का विषय यह है कि कुछ तो परिवेश ने स्थिति बिगाड़ी है तो कुछ धर्मगुरु धार्मिक मान्यताएं भी ऐसी विचारधारा को पालती-पोसती हैं। स्त्रियों को दोयम दर्ज का समझने, उन्हें कम आंकने का मानो सारा ठेका इन ढोंगी धर्मगुरुओं के पास ही है? उन्हें यह कहते हुए लज्जा भी नहीं आती कि औरतों का तो काम ही है अच्छे नस्ल के बच्चे पैदा करना! कितने शरम की बात है कि वे ऐसी घटिया सोच रखते हैं।और उसे धर्म से जोड़कर अपने आप को धर्मगुरु कहते हैं। औरत के हक को लेकर समाज का प्रबुद्ध वर्ग हमेशा से चिंतनशील रहा है। इसका अंदाजा समाज में आए दिन हो रही चर्चा-परिचर्चा से बखूबी लगाया जा सकता है। इस प्रक्रम मे मीडिया भी अपनी प्रमुख भूमिका बखुबी निभाती है।

औरत के हक को लेकर एबीपी न्यूज ने 'धर्मसंकट' नाम से परिचर्चा का

आयोजन जुलाई 2016 किया था, जिसमें विमर्श के दो महत्वपूर्ण विचार बिंदु थे-'मर्द की सोच से चलेगी औरत?', 'फतवे तय करेंगे औरत की जिंदगी?'

गौरतलब यह है कि सबकुछ जानते हुए लोग अपनी आंखें मूंद लेते हैं।फिर हाशिए पर खड़ी स्त्री के लिए ऐसी परिस्थितियों से मुकाबला करना एक बड़ी चुनौती है। चुनौती से हार न मानकर इस फलसफे को आजमाने की पुरजोर कोशिश सराहनीय है। आधुनिक काल के प्रारंभ में युद्ध, भूकंप, महामारी से जूझते समाज ने करवट लेकर आधुनिक तकनीक के प्रयोग यथा आधुनिकत्म प्रिंटिंग प्रेस के बढ़ते उपयोग से अलग हटकर अन्य पहलुओं पर भी विचार करना शुरू कर दिया। अभी तक इन सबसे इतर समाज में मानवीय मूल्यों,आपसी संबंधों के मानसिक पहलुओं पर भी ध्यान दिया जाने लगा। इसके परोक्ष में खड़ी स्त्री अब मुख्य पक्ष के रूप में उभरकर सामने आने लगी। प्रभावशाली समाज ने इसे इतनी आसानी से नहीं देखा।उनकी जायज आवाज को भी दबाने की फलसफे को आजमाने की प्रजोर कोशिश सराहनीय है। आधुनिक काल के प्रारंभ में युद्ध, भूकंप, महामारी से जूझते समाज ने करवट लेकर आधुनिक तकनीक के प्रयोग यथा आधुनिकत्म प्रिंटिंग प्रेस के बढ़ते उपयोग से अलग हटकर अन्य पहलुओं पर भी विचार करना शुरू कर दिया। अभी तक इन सबसे इतर समाज में मानवीय मूल्यों,आपसी संबंधों के मानसिक पहलुओं पर भी ध्यान दिया जाने लगा। इसके परोक्ष में खड़ी स्त्री अब मुख्य पक्ष के रूप में उभरकर सामने आने लगी। प्रभावशाली समाज ने इसे इतनी आसानी से नहीं देखा।उनकी जायज आवाज को भी दबाने की कोशिश हुई। अब तक स्त्री विमर्श ने आपने नए स्वरूप को विस्तारित करना शुरू कर दिया था। इन बदलते हालातों का जायजा श्वर्जीनिया वुल्फश ने कुछ इन शब्दों में लिखा है-

'सन् 1910 के आसपास समाज ने न सिर्फ मानवीय मूल्यों में बदलाव देखा बल्कि बदलते हालातों ने मानवीय संबंधों यथा मालिक-नौकर, पति-पत्नी,अभिभावक-बच्चे के बीच के खाई को बढ़ा दिया है। '

वर्जीनिया की भांति मैत्रेयी ने भी इस बदलावों का सिर्फ अनुभव ही नहीं किया बल्कि अपनी रचनाओं में उकेरा भी है। ऐसा शायद इसलिए की नारी स्वभाव से ही संवेदनशील होती है।

लोग औरत से नाता तो जोड़ना चाहते हैं, पर उनकी भलाई के लिये नहीं बल्कि उनके दैहिक शोषण, अपने मनोरंजन अथवा निजी स्वार्थ के लिये। विडंबना यह है कि ऐसी मानसिकता को आज की नारी समझने लगी है और उनका विरोध भी करने लगी है।मैत्रेयी मानती हैं कि गांव हो या शहर, सारे मर्द एक ही जैसे हैं। स्त्रियों को लेकर उनकी सोच और रवैया एक ही जैसा है।उन्होंने उन्हें अपने सांचे में उतारने की जुगत ढूंढ़ ली है। कभी भावनाओं के जाल में फंसाकर तो कभी पैसे का लोभ लालच देकर, हर तरीके से उनका उपयोग करना सीख गए हैं। विज्ञापन में, सिनेमा में,थिएटर में, नाटक, संगीत हर जगह उनकी मदद ले लेते हैं। फिर उन्हें अपने समानांतर जगह देने में क्या दिक्कत है? बस वे इनसे अपनापन का तार नहीं जोड़ पाता सारे मर्द एक हैं, एकता के सूत्र में बंधे हैं, इन मसलों को लेकर।

'अपनापन नहीं जोड़ा तो एकता कैसे जुड़े? मन ही मन कुछ भी सोचते रहे,अपनी देह पर ही हमारा हक नहीं। हाय, हमें क्यों थोड़ा-थोड़ा भ्रम हो चला था कि अब पर्दा खुलेगा। घूंघट उघडेगा। अब स्त्री का चेहरा बाहर आयेगा। कुछ भी तो नहीं हुआ। चेहरा परदे से ढका रहा, देह उघाड़ दी गई! और देखो कि फिल्म की खिड़की पर अपार भीड़ थी। मर्द तो धक्का-मुक्की कर रहे थे कि किसी तरह टिकट हासिल हो जाए। उन्हें पता था कि परदे पर एक सुंदरता की मालकिन नंगी होने वाली है।'

स्त्री को किस रूप में पेश किया जाता है,यह अपने आप में बहुत बड़ा मुद्दा है। स्त्रियों के प्रति हो रहे रवैये को लेकर भी राजनीति होती रहती है। फिर ऐसे में एक बुद्धिजीवी साहित्यकार भला मूक दर्शक बना चुप कैसे रह सकता है? ऐसे में मैत्रेयी अपने उपन्यासों के माध्यम से राजनीतिक विद्रूपता को निडरता और पूरी निष्ठा से सबके सामने लाती हैं। स्त्री पात्रों के संघर्ष से विरोधी बना समाज उनकी उपस्थिति को सलाम करता है। बल्कि यूं कहें कि ऐसा करना उनकी मजबूरी और आवश्यकता दोनों बन जाती है। ऐसी राजनीतिक विद्रूपता और प्रतिमानों का परिवर्तन जहां एक ओर उच्च कोटि का साहित्यिक पैमाना बनता है,तो दूसरी ओर स्त्री विमर्श के पैमानों पर यथार्थोन्मुख आदर्श का कारक होता है। नई दृष्टि और नए नजरिए से हो रहे परिवर्तन के सही मापदंड का लेखा-जोखा मैत्रेयी के उपन्यासों का आधार है। महान रचनाकारों की रचनाओं में स्त्री-विमर्श की खोज और उनपर अपने हृयस्पर्शी अनुभवों का तीखा प्रहार 'खुली खिड़कियां' में मैत्रेयी ने किया है। ऐसे अनुभव जो मानो सबके जीवन मे बल्कि यूं कहें जन साधारण के जीवन की सच्ची दास्तां प्रतीत होती हैं। निश्चत तौर पर यथार्थ के बहुत करीब होती हैं सारी घटनाएं।

मैत्रेयी के पात्र यथा मंदा, सारंग,नैनी, इला, समीना, अल्मा, उर्वशी, शीलो सबके विद्रोही तेवर ने तो समाज को एक नयी राह दिखाई, सोचने का नया नजरिया दिया। क्या आज के समाज की प्रतिनिधि स्त्री-समाज और उनके प्रबल दावेदार विमर्श की चुनौतियों को स्वीकारते हुए विद्रोही तेवर से अपनी चुप्पी तोड़ेंगी क्या?फिर समाज का बुद्धिजीवी वर्ग इसे किस रूप में लेगा? ऐसे प्रश्नों के साकारात्मक जवाब अभी बाकी हैं।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**


1. मैत्रेयी पुष्पा, गुड़िया भीतर गुड़िया, पहला संस्करण-2012, पृ.सं. - 43, राजकमल प्रकाशन, 1-बी, नेताजी सुभाप मार्ग, नईदिल्ली - 02, भारत।
2. अल्मा कबूतरी : मैत्रेयी पुष्पा, पहला संस्करण -2004,तीसरी आवृति -2011, पृ.सं. -9, राजकमल प्रकाशन -बोनेताजी सुभाप मार्ग, दरियागंज, नई दिल्ली - 10002, भारत।
3. मैत्रेयी पुष्पा: चाकय तीसरी आवृतिः राजकमल प्र. 1-बी-नेताजी सुभाष मार्ग, दरियागंज, नई दिल्ली-02, भारत, 2010
4. मैत्रेयी पुप्पा, इदन्नमम, किताबघर प्रकाशन, 4855-56/24,अंसारी रोड, दरिया गंज, नई दिल्ली -02, प्र.सं - 1994, सातवांसं.-2010, पृ.सं.-365, भारत।
5. मैत्रेयी पुष्पः बेतवा बहती रहीय संस्करण -2010: किताबयरप्र.-4855-56/24, अंसारीरोड, दरियागंज, नई दिल्ली-02,भारत, 2010 पृ.सं. -48।
6. एबीपी न्यूज प्रायोजित परिचर्चा 'धर्म संकट' 16 जुलाई 2016,श्रोत , एबीपी न्यूज सायंकाल, नई दिल्ली, भारत।
7. aoifrn gen- Accoring to Virginia Woolf," around 1910, not only had Humn an character changed, but all 'Human relations-between master and servants, husbands and wives,parents and childrens' had also shifled".
8. मैत्रेयी पुष्पा: खुली खिड़कियां, सिनेमावाली औरत, पृ.सं. -255, ती.सें -2009, सामयिक प्रकाशन, 3320/21, जटवाड़ा, दरियागंज, नई दिल्ली-02, भारत।

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# साइबर अपराध और सोशल मीडिया की भूमिका

**डॉ. संगीता कुंभारे***

* सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) पंडित दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, सागर (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** साइबर अपराध एक ऐसा अपराध है जिसमें कंप्यूटर नेटवर्क और डिवाइस,नेटवर्किंग शामिल है कंप्यूटर का उपयोग अपराध करने के लिए किया जा सकता है और अक्सर लक्ष्य होते हैं साइबर अपराध किसी भी व्यक्ति या देश की सुरक्षा और वित्तीय स्वास्थ्य के लिए खतरा है।

डिजिटल वर्ल्ड में सुविधाओं के साथ-साथ साइबर क्राइम और जालसाजी के केस भी बढ़ रहे हैं एक रिपोर्ट के अनुसार साल 2021 में पिछले साल के मुकाबले साइबर क्राइम में 5 फीसदी की वृद्धि देखने को मिली है। साल 2021 में साइबर क्राइम 52,974 अपराध दर्ज किए गए हैं 2020 में अपराध के 50,035 मामले दर्ज किए गए थे। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो NCRB की रिपोर्ट के अनुसार- -साइबर क्राइम के अधिकतर मामले उत्तर प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, असम और महाराष्ट्र में देखने को मिले हैं जबकि दिल्ली में साइबर अपराध के केवल 1.7 फीसदी देखे गए हैं।

जिनमें 2020 के मुकाबले 2021 में साइबर क्राइम के 5% मामले बड़े हैं साइबर क्राइम की घटनाओं की औसत दर 3.5 फीसदी (एक लाख आबादी) पर देखी गई है जबकि केवल एक तिहाई मामले ही दर्ज किए गए हैं। धोखाधड़ी के ज्यादा मामले आंकड़ों के अनुसार साइबर क्राइम में ज्यादातर मामले धोखाधड़ी के करीब 32,230 मामले मिले हैं यानी कि साइबर अपराध के कुल मामलों में 60.8 फीसदी मामले धोखाधड़ी के सामने आ रहे हैं।

समाज में कंप्यूटर के बढ़ते प्रयोग के साथ साइबर अपराध एक प्रमुख मुद्दा बन गया है। प्रौद्योगिकी को प्रकृति ने मनुष्य को अपनी सभी जरूर के लिए इंटरनेट पर निर्भर बना दिया है। साइबर अपराध समाज में होने वाले किसी भी अन्य अपराध से अलग हैं। इस कारण यह है कि इसकी कोई भौगोलिक सीमा नहीं है और साइबर अपराधी अज्ञात हैं यह सरकार व्यवसाय से लेकर नागरिकों तक सभी हितधारकों को समान रूप से प्रभावित कर रहा है भारत में सूचना और संचार प्रौद्योगिकी खउढ बढ़ती उपयोग के साथ साइबर अपराध बढ़ रहा है।

इसलिए प्रस्तुत विषय अंतर्गत साइबर अपराध के संक्षिप्त परिचय विभिन्न प्रकारों संशोधनों का अध्ययन करने और भारत में हो रहे साइबर अपराध का विश्लेषण करने का प्रयास किया गया है इसके अलावा भारत में साइबर अपराध पर काबू पाने के लिए कुछ कदमों पर चर्चा की गई है हम जितनी तेजी से डिजिटल दुनिया की ओर बढ़ रहे हैं ठीक उतनी ही तेजी से साइबर अपराध की संख्या में वृद्धि हो रही है जिस गति से तकनीक ने उन्नति की है,डिजिटल दुनिया की ओर ठीक साइबर अपराध की संख्या में वृद्धि हो रही है तकनीक ने लास्ट लाइन उसी गति से मनुष्य की इंटरनेट पर निर्भरता भी बड़ी है एक ही जगह पर बैठकर इंटरनेट के जरिए मनुष्य की पहुंच विश्व के किसी भी व्यक्ति तक आसान हो गई है।

देश के हर कोने तक आसान हुई है आज के समय में हर वह चीज इसके विषय में इंसान सोच सकता है समझ सकता है उसे तक उसकी पहुंच इंटरनेट के माध्यम से हो सकती है जैसे कि सोशल नेटवर्किंग साइट ऑनलाइन स्टडी ऑनलाइन जॉब इत्यादि आज के समय में इंटरनेट का उपयोग हर क्षेत्र में किया जाता है इंटरनेट के विकास और इसके संबंध लाभों के साथ साइबर अपराधों की अवधारणा भी विकसित हुई है।

इंटरनेट के विकास और इसके संबंध लाभों के साथ साइबर अपराधों की अवधारणा भी विकसित हुई है।

**शब्द कुंजी –** सोशल नेटवर्किंग साइट, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस, इंटरनेट कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी, अपराध।

**प्रस्तावना**

**साइबर अपराध क्या है?**

साइबर अपराध विभिन्न रूपों में किए जाते हैं कुछ साल पहले इंटरनेट के माध्यम से होने वाले अपराधों के बारे में जागरूकता का अभाव था साइबर अपराधों के मामले में भारत भी उन देशों से पीछे नहीं है जहां साइबर अपराधों की घटनाओं की दर भी दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। साइबर अपराध के मामलों में एक साइबर अपराधी उपयोग उपयोगकर्ता को व्यक्तिगत जानकारी गोपनीय व्यावसायिक जानकारी सरकारी जानकारी या किसी डिवाइस को बंद करने के लिए कर सकता है। किसी उपकरण का उपयोगकर्ता को व्यक्तिगत जानकारी,उपरोक्त सूचनाओं को ऑनलाइन खरीदना या बेचना भी एक साइबर अपराध है इसमें कोई संशय नहीं है कि यह एक आपराधिक गतिविधि है। कंप्यूटर और इंटरनेट के उपयोग के द्वारा यह अंजाम दिया जाता है। साइबर अपराध के रूप में भी माना जाता है। यह एक ऐसा अपराध है जिसमें किसी भी अपराध को करने के लिए कंप्यूटर नेटवर्किंग साइट या नेटवर्क का उपयोग उपकरण के रूप में किया जाता है जहां इनके जरिए अपराधों को अंजाम दिया जाता है वही इन्हें लक्ष्य बनाते हुए इनके विरुद्ध अपराध भी किया जाता है।ऐसे अपराध में साइबर जबरन वसूली, पहचान की चोरी, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड, एटीएम कार्ड की धोखाधड़ी, कंप्यूटर से डाटा हैक करना, अवैध डाउनलोडिंग, वायरस प्रसार सहित गतिविधियां शामिल है।

सॉफ्टवेयर चोरी भी साइबर अपराध की श्रेणी में आता है यह जरूरी नहीं की साइबर अपराध ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से ही किया जाए।

1. कंप्यूटर को हैक कर जानकारी प्राप्त करना।
2. कंप्यूटर को एक हथियार के रूप में प्रयोग करना साइबर आतंक, धोखाधड़ी, पोर्नोग्राफी आदि।

**साइबर अपराध की श्रेणियां –** साइबर अपराध के अंतर्गत प्रमुख श्रेणियां आती हैं जिनमें व्यक्ति विशेष संपत्ति और सरकार के विरुद्ध अपराध शामिल हैं।

**व्यक्ति विशेष के विरूद्ध साइबर अपराध –** ऐसे अपराध यद्यपि ऑनलाइन होते हैं परंतु वे वास्तविक लोगों के जीवन को प्रभावित करते हैं इनमें से कुछ अपराधों में साइबर उत्पीड़न और साइबर स्टॉकिंग, चाइल्ड पॉर्नोग्राफी की विवरण की जानकारी और विभिन्न प्रकार के कार्ड जिनके द्वारा लेनदेन किया जाता है पहचान की चोरी और मानव तस्करी पहचान ऑनलाइन बदनाम किया जाना शामिल है साइबर अपराध की इस श्रेणी में किसी व्यक्ति या समूह के खिलाफ दुर्भावना पूर्ण या अवैध जानकारी को ऑनलाइन लॉक कर दिया जाता है।

**संपत्ति विशेष के विरूद्ध साइबर अपराध –** कुछ ऑनलाइन अपराध संपत्ति के विरुद्ध होते हैं जैसे कि कंप्यूटर या सरवर के खिलाफ या उसे जरिया बनाकर किए जाते हैं। इन अपराधों में हैकिंग, वायरस ट्रांसमिशन, साइबर कॉपीराइट उल्लंघन आदि शामिल है।

उदाहरण– कोई आपको एक वेबलिंक भेजें जिस पर क्लिक करने के पश्चात एक वेब पेज खुलेगा जहां आपसे बैंक खाता संबंधी एवं दस्तावेज संबंधी संपूर्ण जानकारी मांगी जा रही है और आप वह जानकारी देते हैं। आपके दस्तावेज एवं बैंक खाते के साथ छेड़छाड़ की जाएगी और यह संपत्ति के विरूद्ध साइबर हमला कहा जा सकता है।

**सरकार विशेष के विरूद्ध साइबर अपराध –** यह सबसे गंभीर साइबर अपराध माना जाता है सरकार के खिलाफ किए गए ऐसे अपराध को साइबर आतंक के रूप में भी जाना जाता है सरकारी साइबर अपराध में सरकारी वेबसाइट या सैन्य वेबसाइट को हैक किया जाना शामिल है एक साइबर अपराध किया जाता है तो इसे उसे राष्ट्र की संप्रभुता पर हमला माना जाता है।

यह अपराध आमतौर पर आतंकवादी या अन्य शत्रु देश की सरकारें करती हैं इस प्रकार के साइबर अपराध पर नियंत्रण के लिए प्रत्येक देश की सरकार द्वारा कठोर साइबर कानून बनाए गए हैं।

आपातकालीन स्थिति में या साइबर अपराधों के अलावा अन्य अपराधों की रिपोर्ट करने के लिए स्थानीय पुलिस से संपर्क करें एवं राष्ट्रीय पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 है। और साइबर अपराध हेल्पलाइन नंबर 130 है।

| Year | IT Act | | IPC | |
|---|---|---|---|---|
| | Cases Registered | Persons Arrested | Cases Registered | Persons Arrested |
| 2011 | 1791 | 1184 | 422 | 446 |
| 2012 | 2876 | 1522 | 601 | 549 |
| 2013 | 4356 | 2098 | 1337 | 1203 |
| 2014 | 7201 | 4246 | 2272 | 1224 |
| 2015 | 8045 | 5102 | 3422 | 2867 |
| Total | 24269 | 14152 | 8054 | 6289 |




**सोशल मीडिया की भूमिका –** बड़े पैमाने पर सोशल नेटवर्किंग साइट का उपयोग करने वाली जनसंख्या साइबर अपराध की खतरों से अनजान हैं जिनमें सोशल नेटवर्किंग साइट के सर्वर अन्य देशों के कंट्रोल में है एवं वहां पर केंद्रित हैं जिससे यह डर रहता है कि कहीं यह देश लोगों की व्यक्तिगत जानकारी का दुरुपयोग ना करें।

लोगों को विभिन्न सोशल नेटवर्किंग साइट पर हैकर्स ऑनलाइन ठगी का शिकार बनाते हैं।

सुरक्षा एजेंसी द्वारा यह पता लगाया जाता है ऑनलाइन मुद्रा स्थानांतरित करने वाले विभिन्न एप के माध्यम से आतंकवाद दोनों और देश विरोधी तत्वों को फंडिंग की जाती है साइबर अपराधी विभिन्न ऑनलाइन गेम्स के माध्यम से बच्चों को अपराध करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

सोशल मीडिया पर साइबर अपराध का तात्पर्य व्यक्तियों या समूह द्वारा दुर्भावना पूर्ण इरादे से की जाने वाली व्यापक अवैध गतिविधियों से है यह गतिविधियां व्यक्तियों के संगठनों या यहां तक की सरकारों को भी लक्षण कर सकती हैं, और इनमें ऑनलाइन धोखाधड़ी, उत्पीड़न और धोखे के विभिन्न रूप भी शामिल हैं।

अश्लील इलेक्ट्रॉनिक सामग्री प्रकाशित करने पर 5 साल की कैद और जुर्माना हो सकता है। 10 लाख जुर्माना भी राष्ट्रीय सुरक्षा को प्रभावित करने वाले साइबर अपराधों में आजीवन कारावास हो सकता है अन्य साइबर अपराधों के लिए 3 साल तक की कैद या जुर्माना या दोनों की कम सजा निर्धारित है।




**साइबर अपराधों से निपटने की दिशा में सरकार की प्रयास–**भारत सरकार द्वारा सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 पारित किया गया। जिनके प्रावधानों के साथ–साथ भारतीय दंड संहिता के प्रावधान सम्मिलित रूप से साइबर अपराधों से निपटने के लिए पर्याप्त हैं।

**अध्ययन एवं विश्लेषण–** सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 की धाराएं

43,43A,66,66B,66C, 66D,66E,66F,67,67A,67B आदि हैकिंग और साइबर अपराधों से संबंधित हैं।

सरकार द्वारा राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा नीति 2013 जारी की गई जिसके तहत सरकार ने अति संवेदनशील सूचनाओं के संरक्षण के लिए राष्ट्रीय अति संवेदनशील सूचना अवधारणा संरक्षण केंद्र का गठन किया गया NCIIPC: नेशनल क्रिटिकल इनफॉरमेशन इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोटेक्शन सेंटर। इसके अंतर्गत दो वर्ष से लेकर उम्र कैद तथा अर्थ दंड का भी प्रावधान है विभिन्न स्तरों पर सूचना सुरक्षा के क्षेत्र में मानव संसाधन विकसित से सरकार ने सूचना सुरक्षा शिक्षा और जागरूकता परियोजना आरंभ की है।

सरकार द्वारा कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम की स्थापना की गई जो सुरक्षा के लिए राष्ट्रीय स्तर की मॉडल एजेंसी है।

भारत सूचना साझा करने और साइबर सुरक्षा के संदर्भ में सर्वोत्तम कार्य प्रणाली अपनाने के लिए अमेरिका ब्रिटेन और चीन जैसे देशों के साथ समन्वय कर रहा है।

इस योजना को संपूर्ण भारत में लागू किया गया है बेहतर तरीके से निपटने के लिए तथा 14C समन्वित और प्रभावी तरीके से लागू करने हेतु इस योजना के निम्नलिखित सात प्रमुख घटक हैं।

1. नेशनल साइबर क्राइम थ्रेट एनालिटिक्स यूनिट
2. नेशनल साइबर क्राईम रिर्पोटिंग पोर्टल
3. प्लेटफॉर्म फॉर जॉइंट साइबर क्राईम इन्वेस्टिगेशन टीम
4. नेशनल साइबर क्राइम फॉरेंसिक लेबोरेटरी इकोसिस्टम
5. नेशनल साइबर क्राइम ट्रेनिंग सेंटर
6. नेशनल साइबर रिसर्च एंड इन्नोवेशन सेंटर

**बुडापोस्ट कन्वेंशन क्या है?**

साइबर अपराध के संबंध में बुडापोस्ट कन्वेंशन सेंटर पर हस्ताक्षर करने के लिए गृह मंत्रालय द्वारा साइबर अपराध और डेटा सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय सहयोग की आवश्यकता पर बोल दिया जा रहा है।

बुडापोस्ट कन्वेंशन साइबर क्राइम पर एक कन्वेंशन है जिसे साइबर अपराध पर बुडापोस्ट कन्वेंशन के नाम से जाना जाता है।

यह अपनी तरफ से पहले ऐसा अंतरराष्ट्रीय समझौता जिसके अंतर्गत राष्ट्रीय कानून को व्यवस्थित करके जांच पड़ताल की तकनीक में सुधार करने तथा इस संबंध में विश्व के अन्य देशों में सहयोग को बढ़ाने हेतु और कंप्यूटर अपराधों पर रोक लगाने संबंधी मांग की गई है।

**शोध की परिकल्पना–** वर्तमान में भारत की आबादी बहुत ज्यादा है नेटवर्किंग साइट का उपयोग करती है भारत में सोशल नेटवर्किंग साइट के उपयोग भी बड़े हैं इनमें जानकारी का अभाव है सोशल नेटवर्किंग साइट के सरवर विदेश में है जिससे भारत में साइबर अपराध घटित होने की स्थिति में इनकी जड़ तक पहुंच पाना कठिन होता है।

इस आलेख में साइबर अपराध प्रकार के और सरकार के द्वारा किए गए प्रावधानों पर विमर्श किया जाएगा इसके साथ ही साइबर अपराध में सोशल नेटवर्किंग साइट की भूमिका का भी मूल्यांकन किया जाएगा।

**निष्कर्ष–** भारत इंटरनेट का तीसरा सबसे बड़ा उपयोग करता है और हाल ही के वर्षों में साइबर अपराध कई गुना बढ़ गए हैं। साइबर सुरक्षा उपलब्ध कराने के लिए सरकार की ओर से कई कदम उठाए गए हैं कैशलेस अर्थव्यवस्था को अपनाने की दिशा में बढ़ाने के कारण भारत में साइबर सुरक्षा सुनिश्चित करना आवश्यक है। डिजिटल भारत कार्यक्रम सफलता काफी हद तक साइबर सुरक्षा पर निर्भर करेगी अत: भारत को इस क्षेत्र में तीव्र गति से कार्य करना होगा वहीं दूसरी ओर सोशल मीडिया ने अभीव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार को नया आयाम दिया है। आज प्रत्येक व्यक्ति बिना किसी डर के सोशल मीडिया के माध्यम से अपने विचार रख सकता है और उसे हजारों लोगों तक पहुंचा सकता है परंतु सोशल मीडिया का सावधानीपूर्वक उपयोग ही हमें ऑनलाइन ठगी साइबर अपराध के गंभीर खतरों से बचा जा सकता है।

हम एक डिजिटल युग में रह रहे हैं और साइबर स्पेस किसी भी सीमाओं तक सीमित नहीं है बल्कि यह पूरी दुनिया को कवर करता है परिणाम स्वरुप साइबर क्राइम दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। डिजिटल प्रौद्योगिकी के चल रहे विकास के कारण सबसे बड़ी चुनौती साइबर अपराध की गतिशील प्रकृति से संबंधित है।परिणाम स्वरुप साइबर अपराध के नए तरीके और तकनीक प्रचलन में आती है इसलिए साइबर क्राइम को भी उतना ही महत्व दिया जाना चाहिए। जितना कि हमारे समाज में हो रहे अन्य अपराध।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**


1. दैनिक भास्कर समाचार पत्र
2. पत्रिका समाचारपत्र
3. अनिमेश शर्मा साइबर सुरक्षा मुद्दे वर्तमान भारतीय साइबर कानून और उठाए जाने वाले कम
4. अन्य वेबसाइट
5. https://www.drishtiias.com/
6. https://cybercrime.gov.in/
7. National Cyber Crime Reporting Portal


*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# कृषि भूमि उपयोग में जल संरक्षण की परम्परागत एवं आधुनिक विधियां कि आवश्यकता बड़वानी जिले के संदर्भ में

**रमेश पवार* डॉ. मोहन निमोले****

* शोधार्थी (भूगोल) विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन (म.प्र.) भारत
** शासकीय माधव कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र) भारत

**शोध सारांश –** प्रस्तुत शोध पत्र में बड़वानी जिले में शस्य संयोजन एवं कृषि भूमि में जल संरक्षण की परम्परागत एवं आधुनिक विधियां से वर्षा जल को सग्रहित कर उसे विभिन्न आवश्यकताऔं में उसका उपयोग किया जाना एवं कृषि भूमि उपयोग मे किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार लाने एवं जनसंख्या विस्फोट से भूखमरी जैसी समस्याओं से निपटने के लिए फसलों का उत्पादन बढ़ाने के लिए किया जाता है। उसके लिए वर्षा जल को अधिक समय तक सग्रहण कर उसे भूमि के लिए सिंचाई के उपयोग में लाने के लिए वर्षा जल को विभिन्न विधिया जैसे– तालब, बावड़ी, कुओं, क्यारी, रिसाव तालाब, एनिकट, कुई या बेरी, जल संरक्षण तालाब आदि के द्वारा वर्षा जल का संरक्षण किया जाना अध्ययन क्षेत्र मे इसका महत्वपूर्ण भूमिका है। इसके साथ ही जल ही जीवन है। यह सभी जीवों के लिए आवश्यक है।

**शब्द कुंजी–**बड़वानी जिला, कृषि भूमि उपयोग, जल संरक्षण, जल संरक्षण की विधियां।

**प्रस्तावना –**जल अत्याधिक उपयोगी परन्तु सीमित संसाधन है। परन्तु यह सर्वत्र सहन सुलभ नही है। फलन: जल संरक्षण अनिवार्य आवश्यकता है। जिस प्रकार जल के विभिन्न उपयोग हैं। उसी प्रकार उसका संरक्षण भी विभिन्न रूपो मे किया जाना आवश्यक है। वैसे तो जल का प्रधान और प्रमुख स्त्रोत समुद्र है, परन्तु समुद्र का जल खारा होता है। मानव को अपनी आवश्यता हेतु मिठा, मृदा जल चाहिये। यह जल भी हमे समुद्र से परोक्ष रूप मे प्राप्त होता है। समृद्र का भी पृथ्वी पर वर्षा द्धरा प्राप्त होता है। इस प्रकार वर्षा जल को उचित रूप मे ग्रहण करना और इस जल का संतुलित उपयोग संरक्षण का मूल तत्व है। जल सदैव समुद्र और जाने को उन्मुल रहता है अतएवं जल के प्रवाह को नियमित करना उसको संचय करना सतह पर निश्चित भण्डार बनाना और नदियो पर बांध बानाकर प्रवाह को नियमित करना बाढ़ रोकना आदि कार्य उपयोगिता हेतू परम आवश्यक है। जल संयत्र के साथ ही जल का दउपयोग भी सरक्षण का प्रमुख तत्व है। घरेंलु और उद्यौगिक आवश्कताओं मे जल का उचित उपयोग करके दूरउपयोग को दूर करके भी यह कार्य किया जा सकता है। जल का अत्याधिक शोषण भूमिगत जल के स्तर को नीचा कर देता है। भूमिगत जल कि मात्रा सीमित होती है और अत्याधिक शोषण से ये स्त्रोत समाप्त हो जाते है।

जल को शुद्ध रखना भी जल संरक्षण कि प्राथमिक अवश्यकता है दीघ्रकाल से सीवर, उद्योग, गैस प्लाटो, खानो आदि के जहरीले और हानिकारक पदार्थ नदियों और झीलों मे गिराये जाने से स्वच्छ जल को प्राप्त हो पाना कठिन हो गया है। इन हानिकारक पदार्थ को दूर कर और जल को अधिकतम शुद्ध करके प्रयोग मे लाने पर ही अधिकतक लाभ लिया जा सकता है।

**अध्ययन क्षेत्र–** भौगोलिक दृष्टि से देश के सर्वाधिक विषमताओं वाला बड़वानी जिला मध्यप्रदेश के पश्चिम भाग में स्थित है। जिले की समुद्र तल से ऊँचाई लगभग 177 मी. है। बड़वानी जिला 21° 37' उत्तरी अक्षांश से 22° 22' उत्तरी अक्षांश तथा 74° 27' पूर्वी देशान्तर से 75° 30' पूर्वी देशांतर के मध्य स्थित है। जिले का कुल भौगोलिक क्षेत्रफल 5447 वर्ग कि. मी. है। बड़वानी जिले में 2011 की जनगणना के अनुसार 13,85,881 जनसंख्या निवास करती है। यहाँ का जनसंख्या घनत्व 255, लंगानुपात 982 तथा साक्षरता 49.08 प्रतिशत है।

**बड़वानी जिले में जल संरक्षण की परम्परागत विधियां :**

1. **बावड़ी–** बड़वानी जिलें में अधिक जनसंख्या वाले शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में जल संरक्षण के लिए बावड़ी महत्वपूर्ण साधन है। अध्ययन क्षेत्र में बावड़ी का निर्माण की परम्परा प्राचीन काल मे बावड़ीयो का उपयोग पेयजल के रूप में किया जाता था पर वर्तमान में जनयंख्या वृद्धि के कारण भूखमरी जैसी समस्यों के कारण भूमि उपयोग मे बावड़ीयो का जल का प्रयोग सिंचाई के लिए महत्वपूर्ण जल स्त्रोत का साधन है। अध्ययन क्षेत्र की बावड़ीयां वर्षा जल संचय के काम में आती है। ग्रामीण क्षेत्रों में बावडी की दशा ठीक नही रहती है इसलिए इनका जीर्णोद्धार किया जना आवश्यक है।

2. **तालाब–** अध्ययन क्षेत्र में तालाब में मुख्यत: वर्षा जल को एकत्रित किया जाता है। जिले में प्राचीन काल से ही तालाबों का अस्तिव रहा है वर्तमान मे जहां पर बिजली की व्यवस्था उपलब्ध नही है उस क्षेत्र में सिंचाई के लिए तालाबों से नहरो के द्वारा सिंचाई की जाती है। इसलिए हमे अधिक संख्या में जालाबों का निमार्ण कर वर्षा जल को संचय करना आवश्यक है। तालाबों से ही कुओं, बावडीयो, नलकुबों को पानी मिलता है।

3. **टांका –** अध्ययन क्षेत्र में वर्षा जल को एकत्रित करने का साधन है यह पड़ती भूमि पर इसका निमार्ण किया जाता है टांका एक प्रकार का कुड़ जैसा होता है जिसमें वर्षा का जल एकत्रित किया जाता है। और इसका जल विशेष तौर पर पशुओं के लिए पेयजल के रूप में प्रयुक्त होता है। यह अध्ययन क्षेत्र में सूक्ष्म भूमिगत सरोवर होता है। जिसका निमार्ण मिट्टी और सीमेट से किया जाता है। वर्षा जल को एकत्रित करने के लिए खेत या आगन मे सरकार

द्वारा तथा निजी निर्माण सार्वजनिक रूप से लोगों द्वारा निमार्ण करवाया जाता है। सामान्यत: टांका 30 से 40 फिट तक गहरा होता है।

**4. कुई या बेरी –** अध्ययन क्षेत्र में कुई या बेरी अधिकतर तालाबों के पास बनाई जाती है। जिससे तालाब का पानी रिसकर कुई या बेरी में जमा होता है। इनकी गहराई 10 से 12 मीटर होती है। परम्परागत जल संरक्षण के लिए खेत के चारों तरफ मंड़ ऊची कर दी जाती है जिससे वर्षा का पानी जमीन मे रिसकर जमा होता रहता है।

**बड़वानी जिले में जल संरक्षण की आधुनिक विधियां**

1 **एनिकट –** अध्ययन क्षेत्र में जल संरक्षण की इस आधुनिक विधि से बांस से छोटी संरचना बनाई जाती है जो कि नदी के समानान्तर होती है। इसके जल को रोकने के लिए एनिकट के द्वारा अध्ययन क्षेत्र में व्यर्थ बहते जल को रोकने के लिए बांधनुमा एनिकटों का निमार्ण किया जाता है जिसमे अल्प वर्षा के समय क्यारियों द्वारा सिंचाई की जाती है जिससे किसानों की फसलों को लाभ मिलता है।

**2. रिसाव तालाब –** अध्ययन क्षेत्र में रिसाव तालाबों का निर्माण वर्षा के जल को तीव्रगती से भूगर्भ में भेजने के लिए किया जाता है। जिले में रिसाव तालाब का निर्माण ऐसे जगहो पर किया जाता है जहां की मिट्टी रेतीली होती है जल का रिसाव तेजी से होता है। रिसाव तालाबों की गहराई कम तथा चौडाई अधिक होती है। चौड़ाई अधिक होने से वर्षा के जल का रिसाव अधिक होने से भूमि में अधिक क्षेत्र में पानी का रिसाव ज्यादा होने से वर्षा जल से भूमि का अपरदन कम होता है। और असामान्य वर्षा की स्थिति में अध्ययन क्षेत्र में भूमि अपरदन को रोका जा सकता है। एवं वर्षा की स्थिति में होने वाले नुकसान को रोका जा सकता है।

**3. क्यारी द्वारा –** अध्ययन क्षेत्र में सड़को के किनारे वर्षा जल व्यर्थ बहने वाले जल को सड़को के दोनो किनारो पर क्यारी द्वारा वर्षा जल को तालाबनुमा बनाकर उसमे संग्रहित किया जाता है यह विधि असमतल भूमि पर इसका अधिक लाभ होता है। अध्ययन क्षेत्र में पहड़ी भूमि पर यह एक कारगर विधि जल संरक्षण के लिए उपयोगी है। अध्ययन क्षेत्र मे यह बावनगजा की पहाड़ी रामगढ़ की पहाड़ी नागलवाड़ी की पाहड़ीयों वालें क्षेत्र मे इस विधि द्वारा जल संरक्षण को अपनाया जाता है। उपयुक्त बाधों द्वारा छोटे कृत्रिम तालाबों का निर्माण होता है छोटे बाध होने के कारण कृत्रिम बोधें पर दबाव कम पड़ता है। सिससे अध्ययन क्षेत्र में इसके अलावा जल कृषि भूमि में सिंचाई के लिए उपयेग मे लाया जाता है। इन बांधों का निर्माण व देखरेख से अध्ययन क्षेत्र में जल संभर प्रबंधन कार्यक्रम के अन्तर्गत किया जाता है।

**4. जल संरक्षण बांध–** अध्ययन क्षेत्र में जिन क्षेत्रों मे वर्षा के दौरान सतह वाली भमि का जल व्यर्थ में बहता है उस क्षेत्र में वर्षा जल को रोकने के लिए छोटे–छोटे बाधों का निर्माण कर यह जल को वहा पर जमा होने दिया जाता है।

**वर्षा जल संरक्षण के उद्देश्य –** यह भूमिगत जल के पुन: भरण को बढाने कि तकनीक है। इस तकनीक मे स्थानीय रूप से वर्षा जल को को एकत्र करके भूमि जल भण्डरों मे सग्रहित करना शामिल । जिसमें स्थानिय घरेलू मांग को पूरा किया जा सके।

**जल संरक्षण उद्देश्य:**

1. भविष्य मे उपयोग के लिए संचय कराना।
2. भूमिगत भण्डारो का पुन: भरण करना।
3. शहरो में जल के असमान वितरण को दूर करना।
4. नगरो से लेकर गांवो तक के लोगों को घरेलू उपयोग हेतु स्वच्छ जल कि पूर्ति करना।
5. तालाब, झील, कुएं, बावडियां जैसे सतह के अन्य जल स्त्रातो को पद्रूषण रहित करना एवं इनको सुरक्षित रखना है।
6. जल सम्भोरो का उचित प्रबंधन करना ।

**वर्षा जल संग्रहण –**वर्षा जल संग्रहण विभिन्न उपयोगो के लिये वर्षा जल को रोकने और एकत्र करने कि विधि हो। उनका उपयोग भूमिगत जलभूतो के पुर्नभरण के लिये भी किया जाता है। यह एक कम मुल्य और पारिस्थितिकीय विधि है जिसके द्धरा पानी कि प्रत्येक बूँद संरक्षित करने के लिये वर्षा जल को नलकूपों गड्ढों और कुओं मे एकत्र किया जाता है। वर्षा जल संग्रहण पानी कि गतिविधिया को बढाता है, भूमिगत जल स्तर को निचा होने से रोकना है फास्फोरोस एवं नाइट्रेट्स सद्रूषको को कम करके अवमिश्रण भूमिगत जल कि गुणवत्ता बढता है। मृदा अपरदन और बाढ को रोकता है और यदि हमे जलभूतो के पुनर्भरण के लिये उपयोग किया किया जाता है। तो तटीय क्षेत्रों मे लवणीय जल के पवेश को रोकता है।

देश मे विभिन्न समुदाय लम्बे समय से अनेक विधियो से वर्षा जल सग्रहण करते आ रहे है। ग्रामिणो क्षेत्रो मे परम्परागत वर्षा जल संग्रहण सतह संचयन जलाशयों, जैसे झीलो, तालाबों, सिचाई तालबो आदि मे किया जाता है। राजस्थान मे वर्षा जल संग्रहण ढॉचे जिन्हे कुण्ड अथवा टांका एव ढका हुआ भूमिगत टंकी के नाम से जानी जाती है। जिसका निर्माण घर अथवा गांव के पास संग्रहित वर्षा जल को एकत्र करने के लिये किया जाता है।

**वर्षा जल संग्रहण के उपाय –**पानी या तो छतो से जमीन से, या फिर दोनों जगहो से साथ–साथ इकह्ा किया जा सकता है। विभिन्न वर्षा जल संग्रहण प्राणी के विस्तार तथा जटिलता मे बडे अंतर हो सकते है। इसमे बांगवानी के काम के लिये किसी मकान कि छत से सीधा वर्षाजल का सीधा एकत्रीकरण हो सकता है या फिर किसी बडे स्कूल के पूरे परिसर से वहां के शोचालय मे उपयोग के लिये या भूमि में जल के पुनर्भरण के लिये एकत्रित किया जा सकता है।

1. किसी भी मकान कि छत से वर्षा जल का एत्रीकरण हेडपम्प के।
2. बिल्डिंगो कि छत से वर्षा जल एकत्रित कर उसे सुरक्षित गडडो या कुओं मे रखा जाना चाहिये।
3. वर्षा जल सडको एंव नालियो से बहकर तालाबो मे एकत्रित किया जाना चाहिये।
4. जल प्रबंध द्वारा वर्षा जल संरक्षण किया जा सकता है।
5. झीलो द्वारा वर्षा जल संरक्षण प्रकृति द्वारा संरक्षण होता है।

**निष्कर्ष –** उपर्युक्त वर्णित तकनीक कोई नई व्यवस्था नही है। प्राचीन काल से ही भारत मे वर्षा जल का संग्रहण होता आ रहा है। जल संग्रहण के उन्नत तरीको के प्रामाण भी मिलते है। नहरो, तालवो, तथा बांधों और कुओं के रूप मे जल संग्रहण होता था पर्वतीय एंव पहाडी क्षेत्र मे छतों के वर्षा जल और झरनों के जल को बांस कि नालियो द्वारा दुर–दुर तक ले जाया जाता था। शुष्क और अर्द्धशुष्क क्षेत्रो मे भू –जल के भण्डारों के उपयोग के लिये कुऐं और बावडिया बनाई जाती थी। राजस्थान मे छत के वर्षा जल को कृत्रिम रूप से विकसीत कुओं में जमा कर दिया जाता या संरचनाओं के नवीनीकरण और आधुनिकरण से न केवल जल भण्डरों कि सुविधा होती अपितु विभिन्न

उद्देश्यो के लिये जल कि उपयोग क्षमता मे वृद्धि होगी।

**वर्षा जल संधारण :**

1. बुद बुद से घडा भरता है, और बारिश के पानी से धरती माता का पेट।
2. जरूरत है आकाश पानी और पताल पानी को जोडने के लिये एक रास्ते की ताकि अतिवृष्टी मे भी पानी बह के बर्बाद न हो।
3. वर्षा- जल संधारण जरूरी भी है, और जिम्मेदारी भी है।
4. पानी रोकने का सही स्थान धरती मांकी गोद मे नही कल्की उसकी कोख है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. संसाधन भूगोल-डॉ. श्रीमती भावना माथुर, डॉ. महेश नारयण (साहित्य पब्लिकेशन)
2. सिचाई व जल संरक्षण- राजीव कुमार योजना जून 2011
3. जिला कृषि विकास कार्यालय बड़वानी

**************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# जनजातियों के शैक्षिक सुधार हेतु सरकार द्वारा उपलब्ध सुविधाओं का अध्ययन

**अमित कोटेड***

* शोधार्थी (इतिहास) मानविकी संकाय मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत

**प्रस्तावना –** शिक्षा जीवन पर्यन्त चलने वाली प्रक्रिया है जो व्यक्ति की प्रकृति प्रदत्त शक्तियों का विकास करती है। मनुष्य शैक्षिक प्रक्रिया में उद्‌भव से अवसान तक निरन्तर ज्ञान, अनुभवों, कौशलों एवं व्यवसायिक दक्षताओं को अपनी रूचि, योग्यता, वातावरण, सुविधा, आवश्यकता तथा परिस्थिति के अनुसार सीखता एवं अर्जित करते जाता है। शिक्षा मनुष्य की जन्मजात शक्तियों के सामंजस्य पूर्ण स्वाभाविक विकास में सहयोग देकर उसका सर्वांगीण विकास करती है तथा उन्हें अपने वातावरण में सामंजस्य स्थापित करने में सहायता प्रदान करती है। शिक्षा के माध्यम से ही देश व समाज अपनी संस्कृति की रक्षा करता है। जीवन में उदारता, उच्चता, चिन्तन, सृजन, सौन्दर्य एवं उत्कृष्टता शिक्षा द्वारा ही संभव है। समाज के बदलते स्वरूप के कारण जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में अनेक संभावनाएँ और समस्याएँ जन्म ले रही हैं। इन संभावनाओं और समस्याओं की खोज तथा समाधान शिक्षा द्वारा ही संभव है।

भारत अनेक सामाजिक-सांस्कृतिक विविधताओं के साथ आदिकाल से ही विभिन्न धर्मो, मतों, संप्रदायों, संस्कृतियों, प्रजातियों, जातियों और जन-जातियों की कर्मभूमि रहा है। भारत की संपूर्ण जनसंख्या का लगभग 8 प्रतिशत भाग आदिम जातियों का है। आदिम या अनुसूचित जनजाति भारत के प्राचीनतम निवासी माने जाते हैं। देश के दूर वनांच्छादित पठारों, पहाड़ियों तथा बीहड, अगम्य अंचलों में कई जनजातियां निवास करती हैं इन्हें वन्यजाति, आदिवासी, वनवासी, जनजाति और गिरिजन आदि नामों से संबोधित किया जाता है। शिक्षा का दायित्व समाज के विभिन्न वर्गो को साथ लाना और एकजुट समतावादी समाज का निर्माण करना है परंतु इन जनजातियों के विद्यार्थियों में सामाजिक एवं आर्थिक स्थितियों के कारण शाला में उपस्थिति संबंधी अनियमितता एवं शाला त्याग देखने को मिलता है।

देश की आजादी के इतने वर्षो पश्चात् भी ग्रामीण, पहाडी एवं वनीय क्षेत्रों में रहने वाले व्यक्तियों का शैक्षिक विकास नहीं हो पाया है। अनुसूचित जनजाति के व्यक्तियों में यह और भी कम देखा गया है। अनुसूचित जनजाति समूहों का सामाजिक एवं आर्थिक स्तर अत्यंत कम है। तात्पर्य यह है कि आज भी सामाजिक,आर्थिक एवं भौगोलिक परिस्थितियों के कारण अनुसूचित जनजातियाँ औपचारिक शिक्षा से दूर है, यही बात उनके विकास में बाधक है। अत: अनुसूचित जनजातियों के सामाजार्थिक स्तर के विकास पर ध्यान दिया जाना आवश्यक है। अनुसूचित जनजाति के बच्चों को उचित शिक्षा प्राप्त करने में मदद दी जाएगी तभी वे देश की मुख्य धारा में रहकर देश की भलाई के लिए कुछ करने में पूर्णत: सक्षम हो सकेंगे।

अनुसूचित जनजातियों के शैक्षिक विकास के लिए संवैधानिक, केंद्रीय एवं राज्य स्तर पर विशेष प्रयास किया जा रहे हैं। संवैधानिक स्तर पर संविधान निर्माण के साथ ही अनुसूचित जनजातियों के लिए संविधान की धाराओं 15(4), 45 और 46 में अ.जा./अ.ज.जा. के बच्चों के लिए शिक्षा मुहैया कराने हेतु राज्य की प्रतिबद्धता की बात कही गयी है। अनुसूचित जनजातियों के शैक्षिक विकास के लिए संवैधानिक प्रावधान निम्नवत है-

1. अनुच्छेद 15(4) जनजातियों का सामाजिक तथा शैक्षणिक रूप से विकास के लिये प्रावधान करता है।
2. संविधान का अनुच्छेद 16(4) राज्य को सरकारी नौकरी में जनजाति लोगों को प्रतिनिधित्व देने हेतु आरक्षण का अधिकार देता है।
3. अनुच्छेद 23 जनजातियों के दुर्व्यवहार, बेगार, बंधक मजदूरी आदि बलातश्रम का निषेध करता है।
4. अनुच्छेद 29 अनुसूचित जनजाति को अपनी भाषा, बोली तथा संस्कृति में सुरक्षित रखने का अधिकार प्रदान करता है।
5. अनुच्छेद 45 में कहा गया है कि राज्य 14 वर्ष तक के सभी बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा दे।
6. अनुच्छेद 46 अ.जा./अ.ज.जा. के आर्थिक और शैक्षिक हितों का विशेष प्रावधानों के जरिए ध्यान रखने के विशिष्ट उद्देश्य को दर्शाती है।
7. अनुच्छेद 335 संघ या राज्य सेवाओं के सरकारी नौकरियों में जनजातियों हेतु पदों के आरक्षण की व्यवस्था करता है।

केंद्र सरकार द्वारा जनजातियों के आर्थिक और शैक्षिक सुधार हेतु पहली दो पंचवर्षीय योजनाओं में विशेष प्रयास किये गये है। इनका उद्देश्य दूरदराज और जनजातीय क्षेत्रों में विद्यालय जैसी मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराना, किताबें और छात्रवृत्तियाँ प्रदान करना रहा है। चौथी पंचवर्षीय योजना के बाद सक्षम बनाने वाले हस्तक्षेपों का व्यापक फैलाव हो गया। 1986 की शिक्षा नीति ने जनजातियों की शिक्षा के लिए ज्यादा सहयोग देने का सुझाव दिया।

केंद्र सरकार द्वारा विद्यालयी स्तर पर विभिन्न योजनाएं जैसे- अ.जा./अ.ज.जा. के बीच कार्यरत स्वयंसेवी संस्थाओं को सहायता हेतु अनुदान देना, अस्वच्छ व्यवसायों जैसे कि चमड़ा बनाना, जानवरों की खाल छीलना और नाली, पाखाना सफाई करना इत्यादि को अपनाने वाली जातियों और परिवारों के बच्चों के लिए विशेष मैट्रिक पूर्व छात्रवृत्तियाँ देना, विद्यालय के

उच्च एवं माध्यमिक स्तर के लड़के और लड़कियों के छात्रावास, रूढ़िवादी वातावरण के कारण अ.जा. की लड़कियों की शिक्षा दर में कमी वाले जिलों के लिए केंद्र सरकार ने विभिन्न उपायों वाली योजना आदि संचालित की जा रही है।

राजस्थान राज्य में वर्ष 2011 जनगणना के अनुसार राज्य की कुल जनसंख्या में से अनुसूचित जाति की जनसंख्या 17.83 प्रतिशत तथा अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या 13.48 प्रतिशत है। 'शिक्षा के क्षेत्र में जनजाति लोगों का पिछडापन अत्याधिक था। जहां सन् 1981 में राज्य की साक्षरतादर 24.38 प्रतिशत थी वहां जनजाति के लोगों में यह 10.27 प्रतिशत थी। तथा जनजाति महिलाओं में मात्र 1.20 प्रतिशत थी। सन् 1991 की जनगणनानुसार जहां राज्य की साक्षरता दर 38.55 प्रतिशत रही वहां जनजाति के लोगों की साक्षरता दर 12 प्रतिशत के लगभग रही। स्त्रियों की साक्षरता दर 2 प्रतिशत पाई गई। सन् 2001 में पुरूष साक्षरता दर 62.10 प्रतिशत और स्त्रियों की साक्षरता दर 26.20 प्रतिशत रही है।

राजस्थान सरकार द्वारा जनजातियों के शैक्षिक स्तर सुधार हेतु जनजातियों के सामाजिक-आर्थिक असुविधा की क्षतिपूर्ति में सक्षम बनाने वाले प्रावधानों की एक ऐसी श्रृंखला तैयार की है, जो अ.जा./अ.ज.जा. के बालकों की विद्यालयी पहुँच और माध्यमिक एवं उच्च विद्यालय स्तर पर इनके ठहराव को बढ़ावा देगी। राज्य और केंद्र दोनों ही सरकारों ने विशेष शैक्षिक प्रावधानों को बनाने की जिम्मेदारी उठाई।

राजस्थान सरकार द्वारा विद्यालयी स्तर पर विभिन्न योजनाएं जैसे- (क) विद्यालयी शिक्षा की सभी अवस्थाओं के लिए मुफ्त किताबें एवं सामग्री, (ख) जनजातीय बालकों के लिए आश्रम (स्कूल), (ग) आश्रम विद्यालयों और सरकारी अनुमोदन प्राप्त छात्रावासों के बच्चों को मुफ्त पौशाकें, (घ) सभी स्तरों पर मुफ्त शिक्षा, (ड.) मैट्रिक पूर्व वजीफा, (च) पिछड़े वर्गों के छात्रावासों में ठहरने की सुविधा और सामान्य छात्रावास, (छ) जनजातीय क्षेत्रों में व्यवसायिक प्रशिक्षण (ज) पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृति (झ) प्री-मैट्रिक छात्रवृति आदि संचालित की जा रही है।

राजस्थान सरकार द्वारा जनजातियों को प्रदत्त विशेष सुविधाओं का संक्षिप्त विवेचन निम्नवत है-

1. **जनजातियों के लिये आश्रम छात्रावासों का संचालन-** राज्य सरकार जनजातीय छात्र-छात्राओं के लिए दूर दराज के विद्यालयों में अध्ययन हेतु छात्रावासों का निर्माण किया गया है। जिससे परिवार के कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण वे शिक्षा से वंचित न हो पाये। ऐसे छात्र-छात्राओं के लिए 372 आश्रम छात्रावास संचालित किया जा रहे हैं जिनमें 23759 छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिया जाकर लाभान्वित किया जा रहा है। इन छात्रावासों में छात्र-छात्राओं को नि:शुल्क आवास, भोजन, पोषाक एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती है। इसके लिए प्रतिमाह 2500 रूपये निर्धारित किये गये हैं।

2. **आवासीय विद्यालय संचालन योजना-** जनजातीय छात्र-छात्राओं के शिक्षा के स्तर में सुधार हेतु भारत सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा आवासीय विद्यालयों का निर्माण करवाया गया है। इनमें अनुसूचित, माडा तथा सहरिया क्षेत्र सम्मिलित है। 'आवासीय विद्यालय में स्वीकृत शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक पदों पर शिक्षा विभाग से कर्मचारियों, अधिकारियों को प्रतिनियुक्ति एवं पदस्थापन पर लिए जाकर अध्ययन व्यवस्था संचालित की जा रही है। वर्तमान में विभाग द्वारा 13 आवासीय विद्यालयों का संचालन किया जा रहा है जिसमें 2585 छात्र-छात्राएं लाभान्वित हो रहे हैं।

3. **मॉडल पब्लिक रेजिडेंशियल स्कूल-** राज्य में अनुसूचित क्षेत्र में दो मॉडल पब्लिक रेजीडेंसी स्कूल का संचालन किया जा रहा है जो की ढिकली, जिला उदयपुर एवं सुरपुर, जिला डूंगरपुर में अवस्थित है। दोनों स्कूलों के कुल क्षमता 700 छात्र-छात्राएं है। शिक्षा सत्र 2019-20 में 699 छात्र-छात्राओं को प्रवेश दिया गया है।

4. **एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल पब्लिक स्कूल-** राज्य सरकार द्वारा अनुसूचित क्षेत्र में 14, माडा क्षेत्र में 6 एवं सहरिया क्षेत्र में 1 एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल पब्लिक स्कूल का संचालन किया जा रहा है। उक्त स्कूलों की कुल प्रवेश क्षमता 5855 छात्र-छात्राएं हैं।

5. **बहुउद्देशीय छात्रावासों का संचालन-**राज्य के उदयपुर, कोटा, डूंगरपुर, बांसवाड़ा एवं प्रतापगढ़ जिला मुख्यालय पर राज्य की अनुसूचित जनजाति की छात्राओं के लिए बहुउद्देशीय छात्रावासों का संचालन किया जा रहा है जिसमें वे छात्राएं जो शहर में रहकर पी.एचडी, पी.टी.ई.टी, नीट, आई.आई.टी, प्रशासनिक सेवाओं एवं अन्य उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु कमरा किराया लेकर अध्ययन करने में असमर्थ है उन्हें नि:शुल्क आवासीय व भोजन की सुविधा उपलब्ध करवाई जाती है। इस योजना में उदयपुर व कोटा में 150 बालिकाओं की क्षमता, डूंगरपुर, बांसवाड़ा व प्रतापगढ़ जिला मुख्यालय पर 100-100 बालिकाओं की क्षमता वाले बहुउद्देशीय छात्रावासों का संचालन किया जा रहा है।

6. **बोर्ड एवं विश्वविद्यालय में प्रथम श्रेणी उत्तीर्ण जनजाति प्रतिभावान छात्रों को छात्रवृत्ति योजना -** वर्ष 1993-94 से यह योजना प्रारम्भ की गई है। जनजाति के ऐसे प्रतिभावान छात्र जिन्होंने राजस्थान से माध्यमिक शिक्षा बोर्ड एवं केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित कक्षा 10 एवं 12 की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की है तथा विश्वविद्यालय में स्नातक एवं स्नातकोत्तर की परीक्षा में भी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होते हैं उन्हें राशि रू 350/- प्रति छात्र प्रतिमाह की दर से 10 माह तक छात्रवृत्ति दी जाती है।

7. **जनजाति छात्राओं को उच्च शिक्षा हेतु आर्थिक सहायता (निजी एवं राजकीय महाविद्यालय स्तर की छात्राओं के लिए)-** जनजाति छात्राओं को उच्च शिक्षा हेतु प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से वर्ष 1994-95 में यह योजना प्रारम्भ की गई। योजना का लाभ उन छात्राओं को प्राप्त होगा जो राज्य की मूल निवासी हों और महाविद्यालय (सामान्य शिक्षा) में नियमित रूप से अध्ययनरत हों। योजनानुसार प्रत्येक अध्ययनरत छात्रा को राशि रु 500/- प्रतिमाह कीदर से 10 माह तक (5000/- रू एकमुश्त) आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। इस योजना में उन्हीं छात्राओं को आर्थिक सहायता दी जाती है जिन्होंने महाविद्यालय में पिछली परीक्षा उत्तीर्ण कर अगली कक्षा में प्रवेश लिया हो साथ ही आर्थिक सहायता केवल उन्हीं छात्राओं को देय होगी जिनके माता-पिता आयकरदाता नहीं हैं।

8. **जनजाति छात्राओं को उच्च माध्यमिक शिक्षा हेतु आर्थिक सहायता-** राज्य सरकार द्वारा कक्षा 11वीं एवं 12वीं में अध्ययन करने वाली जनजाति छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में उच्च माध्यमिक शिक्षा के लिये प्रेरित करने के उद्देश्य से वर्ष 2010-11 से यह योजना प्रारम्भ की गई। योजना का लाभ उन छात्राओं को प्राप्त होगा जो राज्य की मूल निवासी हों और राजकीय विद्यालयों में कक्षा 11वीं एवं 12वीं में नियमित रूप से अध्ययनरत हों। योजनानुसार प्रत्येक अध्ययनरत छात्रा को राशि रु 350/- प्रतिमाह की दर से 10 माह तक (3500/- रु एकमुश्त) आर्थिक सहायता

प्रदान की जाती है। इस योजना में उन्हीं छात्राओं को आर्थिक सहायता दी जाती है जिनके माता-पिता आयकरदाता नहीं हैं। छात्राओं के राज्य की मूल निवासी होने तथा राज्य में ही संचालित राजकीय विद्यालयों में अध्ययनरत रहने पर योजना का लाभ देय होगा।

**9. जनजाति के कक्षा 6 से 12 तक चयनित छात्र-छात्राओं को प्रतिष्ठित विद्यालयों/ संस्थाओं के माध्यम से अध्ययन योजना-** सामान्यतया जनजाति छात्र-छात्राएँ आर्थिक दृष्टि से कमजोर होने के कारण प्रतिष्ठित एवं अच्छी शिक्षा देने वाले निजी शैक्षिक विद्यालयों/ संस्थाओं में अध्ययन नहीं कर पाते हैं। इसलिए राज्य की कतिपय श्रेष्ठ शैक्षिक संस्थाओं में जनजाति छात्रों को सामान्य वर्ग के छात्रों के साथ अध्ययन कराने एवं इन्हें गुणवत्तायुक्त शिक्षा दिलवाये जाने हेतु योजना प्रारम्भ की गई। उक्त योजना के अन्तर्गत ट्यूशन फीस, आवास, भोजन, पुस्तकें, स्टेशनरी एवं पौशाक आदि हेतु राशि स्वीकृत की जाती है जो राज्य सरकार द्वारा वहन की जाती है

**10. नि:शुल्क स्कूटी वितरण योजना-** वित्तीय वर्ष 2019-20 से प्रभावी कालीबाई भील मेधावी स्कूटी योजना के अन्तर्गत राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड एवं केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षा में राजकीय विद्यालयों में व आरटीई के तहत निजी विद्यालयों में अध्ययनरत जनजाति की छात्राओं को योजना की गाईडलाईन अनुसार पात्र छात्राओं को 6000 स्कूटियां वितरण की गयी। कालीबाई भील मेधावी स्कूटी योजना में स्कूटी हेतु पात्रता माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान की सीनियर सैकण्डरी अथवा समकक्ष परीक्षा में 65 प्रतिशत एवं केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की सीनियर सैकण्डरी/समकक्ष परीक्षा में 75 प्रतिशत अंक निर्धारित किये गये है।

**11. जनजाति आश्रम/महाविद्यालय स्तरीय/बहुउद्देशीय छात्रावासों का निर्माण-** अनुसूचित जनजाति वर्ग की साक्षरता दर राज्य की कुल साक्षरता दर से लगभग 15 प्रतिशत कम है। जनजाति समुदाय के साक्षरता स्तर में सुधार हेतु विशेष प्रयास की आवश्यकता है। नवीन जनजाति आश्रम/ महाविद्यालय स्तरीय/बहुउद्देशीय छात्रावास का निर्माण ऐसे स्थान पर किया जाना है जहां उच्च माध्यमिक विद्यालय/ महाविद्यालय संचालित है।

**12. एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों का निर्माण-** जनजाति उपयोजना क्षेत्र में जनजाति छात्र/छात्राओं को एक ही स्थान पर नि:शुल्क आवासीय स्थल एवं शिक्षण सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, (भारत सरकार के दिशा निर्देशानुसार) कुल क्षमता 480 (240 छात्र एवं 240 छात्राएं) का निर्माण कराया जाना है।

**13. सहरिया विकास कार्यक्रम -** 'बारां जिले की किशनगंज एवं शाहाबाद पंचायत समितियों के सहरिया जनजाति के लोगों के कल्याण के लिये यह योजना चलाई गई है। इसके द्वारा इनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हेतु कृषि, पशुपालन, शिक्षा, चिकित्सा, सिंचाई आदि में सुधार करता है। सहरिया विद्यार्थी नि:शुल्क शिक्षा, भोजन, आवास, किताबें, वर्दी आदि प्राप्त करते हैं। सहरिया लोगों के लिये सरकारी नौकरियों में 25 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान रखा गया है। छात्रावासों में रहने वाले विद्यार्थियों का मेस भत्ता बढ़ाकर 675 रु. प्रतिमाह किया गया है जिससे अनुसूचित जनजाति में छात्रों की संख्या में वृद्धि हुई है।'

इनके अतिरिक्त जनजाति के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति, मैरिट छात्रवृत्ति, लड़कियों के लिए उपस्थिति छात्रवृत्ति, विशिष्ट स्कूल उपस्थिति इनाम, निदानात्मक कोचिंग और अध्ययन केंद्र, अध्ययन के खर्चों की अदायगी, विद्यार्थी ऋण, व्यवसायों, कला कक्षाएँ, स्वयं रोजगार के लिए प्रशिक्षण केंद्र, शिक्षकों के लिए आवास और इनाम कक्षाएँ, दोपहर का भोजन इत्यादि योजनाएं राजस्थान सरकार द्वारा संचालित की जा रही है।

सरकार द्वारा शिक्षा के विभिन्न स्तरों जैसे-मैट्रिक-पूर्व शिक्षा और मैट्रिक-पश्चात शिक्षा हेतु अनुसूचित जनजातियों के विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति और फेलोशिप योजनाओं की व्यवस्था की गयी है। इसी प्रकार उच्च शिक्षा के क्षेत्र में इन्हें बढ़ावा देने के लिए उच्च शिक्षा योजना चलाई जा रही है जो अनुसूचित जनजातियों के उन विद्यार्थियों के लिए है जिनके अभिभावकों की वार्षिक आय 6 लाख रुपए से कम है। सरकार ने हाल के वर्षों में महिला सशक्तिकरण और बालिका शिक्षा पर विशेष बल दिया गया है।

जनजातियों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से अनुसूचित जनजातियों की लड़कियों की शिक्षा से जुड़ी योजनाओं के लिए अधिाक क्षेत्र आबंटित किया गया है। सरकार द्वारा जनजातीय विकास के लिए जनजातीय अनुसंधान को भी महत्व दिया जा रहा है तथा इसके लिए जनजातियों की संस्कृति के संरक्षण और डॉक्यूमेंटेशन, जनजातियों के प्रति जागरूकता और जानकारी का प्रसार करने की योजना बनाने और कानून बनाने पर विशेष धयान दिया जा रहा है।

इस प्रकार सरकार द्वारा अनुसूचित जनजातियों के शैक्षिक विकास हेतु विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों का धरातलीय स्तर पर संचालन कर विभिन्न शैक्षिक सुविधाएं उपलब्ध करवायी जा रही है जिससे अनुसूचित जनजातियों को समाज की मुख्यधारा से सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षिक स्तर पर जोड़ा जा सकेगा।

**निष्कर्ष एवं सुझाव-** अनुसूचित जनजाति के बालकों की शैक्षिक भागीदारी के मूल बाधक तत्व गुणात्मक एवं संख्यात्मक दोनों रूप में अपर्याप्त प्रावधान हैं। इन वर्गो के समग्र एवं प्रभावी विकास हेतु राज्य बजट में से अनुसूचित जाति उपयोजना तथा जनजाति उपयोजना के तहत इनकी जनसंख्या के अनुपात में पृथक से बजट प्रावधान किये जा रहे हैं। भविष्य में अनुसूचित जाति एवं जनजाति के विकास के दृष्टिगत योजना निर्माण, आंवटन एवं व्यय को और सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने हेतु सरकार द्वारा व्यवस्था को वैधानिक रूप देते हुए अधिनियम बनाया जाना चाहिये। साथ ही शैक्षिक स्तर सुधार हेतु अनुसूचित जनजाति एवं विशेष पिछड़ी जनजाति के विद्यार्थियों के लिए विशेष कोचिंग की व्यवस्था की जाये। विद्यार्थियों को दृश्य, श्रव्य सामग्रियों के आधार पर रोचक विधियों से सिखाया जाये जिससे इन बच्चों की शैक्षिक उपलब्धि तथा वैज्ञानिक अभिवृत्ति की जानकारी प्राप्त कर आवासीय शालाओं के औचित्य तथा उनकी शैक्षिक गुणवत्ता सुधार की दिशा में प्रयास किए जा सकते हैं।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. कटारा अनिता, 'शिक्षा के द्वारा उन्नति का प्रयास (राजस्थान की जनजाति के विशेष संदर्भ में)' श्रृंखला एक शोध परक वैचारिक पत्रिका, मई 2018 कुमार नरेश, (2003) 'जनजातीय विकास मिथक एवं यथार्थ' रावत पब्लिकेशन प्रकाशन।
2. कंचन राकेश, 'सहरिया जनजाति के विभिन्न शैक्षिक स्तरों के प्रतिभाशाली बच्चों के सामाजिक आर्थिक स्तर तथा विद्यालय समायोजन का कम उपलब्धि के संदर्भ में अध्ययन' बुंदेलखंड

विश्वविद्यालय, झांसी, उत्तर प्रदेश।
3. गुप्ता मंजू, (2011) 'जनजातियों का सामाजिक आर्थिक उत्थान' अर्जुन पब्लिशिंग हाउस प्रह्लाद स्ट्रीट अंसारी रोड दरयागंज, नई दिल्ली।
4. चौधारी एस. एल., (2018) 'ट्राईबल कास्ट एंड डेवलपमेंट' रावत पब्लिकेशंस, नई दिल्ली।
5. बया विकास, (2015) 'जनजातीय विकास दक्षिण राजस्थान के संदर्भ में', इंडियन बुक्स एंड पेरियोडिकल्स।
6. दोषी एस. एल.; जैन पी. सी. (2020) 'जनजातीय समाजशास्त्र (ट्राईबल सोशियोलॉजी)' रावत पैब्लिकेशन, नई दिल्ली।
7. पालीवाल पुनीता, (2011) 'अनुसूचित जनजाति के शैक्षिक विकास में कार्यरत गैर सरकारी संगठनों के योगदान का आलोचनात्मक। अधययन', उत्तर प्रदेश राजर्षी टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, इलाहाबाद
8. सैनी एस. के. (2003) 'राजस्थान के आदिवासी' यूनिक ट्रेडर्स, जयपुर।

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# यात्रा साहित्य का सामाजिक-सांस्कृतिक अवलोकन : अजय सोडाणी के दर्रा-दर्रा हिमालय के विशेष संदर्भ में

**दिनेश कुमार***

* शोधार्थी (हिंदी) मानविकी संकाय मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत

**शोध सारांश –** मनुष्य का मानवीय जीवन ही सामाजिक जीवन के रूप में प्रस्तुत होता है। इसी प्रकार एक स्थान पर रहने वाले व्यक्तियों का समाज जब एक ही रीति, विश्वास एवं एक ही प्रकार के आदर्श सामने रखता है तब संस्कृति का जन्म होता है। संस्कृति का संबंध मनुष्य के सामाजिक जीवन से हैं। सामाजिक एवं सांस्कृतिक रूप से प्रारंभिक काल से ही विश्व की विभिन्न सभ्यताएं परिपूर्ण रही है। यात्रा वृतांतकारों ने विभिन्न स्थानों की यात्रा कर स्थान विशेष के सामाजिक एवं सांस्कृतिक स्वरूप को पाठकों के समक्ष दृश्यात्मक रूप में प्रस्तुत किया है। इन स्थानों के प्राकृतिक सौंदर्य, भौगोलिक विशेषता, सामाजिक ताना-बाना, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विरासत का अनुभव आदि सामाजिक-सांस्कृतिक परिदृश्य को प्रस्तुत करते है। प्रस्तुत शोधा में अजय सोडानी के यात्रा वृतांत दर्रा-दर्रा हिमालय का विभिन्न आधारों पर सामाजिक-सांस्कृतिक अवलोकन किया गया है।
**शब्द कुंजी –**यात्रा वृतांत, प्राकृतिक सौंदर्य, समाज, संस्कृति, सामाजिक-सांस्कृतिक परिवेश, विविधता इत्यादि।

**प्रस्तावना –** यात्राएं मनुष्य की मूल प्रवृत्ति है जो व्यक्ति की समरसता और जड़ता को तोड़ने का उपक्रम करती है। हिंदी साहित्य के विकास के प्रारंभिक दौर में कुछ यात्रा वृतांत लिखे गए पर साहित्यिक विधा के रूप में इसका उत्कर्ष बीसवीं सदी के उत्तारार्द्ध से ही माना जाता है। यात्रा साहित्य में साहित्यकार समग्र जीवन की अभिव्यक्ति को प्रस्तुत करते हैं। वे देश एवं स्थान विशेष की आत्मा का साक्षात्कार करते हैं साथ ही देश-विदेश में बिखरे इतिहास, संस्कृति समाज को अपनी अनुभूति का अंग बनाकर अभिव्यक्त करते हैं। यात्रा साहित्य मानवीय सभ्यता एवं संस्कृति की विकास यात्रा को भी आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

यात्रा वृतांत में यात्रा स्थल का वर्णन इस प्रकार किया जाता है कि वहां के सामाजिक-सांस्कृतिक परिवेश एवं परिदृश्य को पढ़ते समय दृश्य आंखों के सामने जीवंत जाते हैं। बिम्ब निर्माण करना किसी भी यात्रा लेखक की सबसे बड़ी सफलता है। यात्रा साहित्य मानव जीवन की आशा, आकांक्षा, सामाजिक रीति-रिवाज, परंपराएं, सामाजिक अपेक्षाएं आदि को रूपायित करता है साथ ही सांस्कृतिक परिवेश को भी प्रस्तुत करता है।

इक्कीसवीं सदी के यात्रा साहित्यकारों ने यात्रा वृतांतों को सामाजिक-सांस्कृतिक आधार पर विश्लेषित किया है। वर्तमान वैश्वीकरण एवं औद्योगीकरण के युग में यात्रा साहित्य में समाज के बदलते स्वरूपों, विषमताओं, देश-विदेश की समस्याओं आदि का चित्रण विशद स्तर पर किया जाता है। यात्रा साहित्यकारों ने क्षेत्रीय विविधता ओं को अपने यात्रा वृतांतों में अपने अनुभवों के आधार पर यथार्थ रूप से प्रस्तुत करने का प्रयास किया है। क्षेत्रीय विविधता ओं के साथ-साथ यात्रा साहित्यकारों ने वहां के मौजूद विषमताओं को भी विश्लेषित किया है। भौगोलिक परिवेश के रूप में प्रकृति के रूप को व्याख्यायित करना यात्रा वृतांत का प्रमुख उद्देश्य रहा है।

वर्तमान समय में यात्रा वृतांत के विषयों में वृद्धि एवं परिवर्तन देखने को मिल रहा है। विभिन्न विमर्श एवं चिंतन, धार्म के बदलते स्वरूप, बाजारीकरण, सांस्कृतिक संक्रमण, शहरीकरण, उपभोक्तावादी संस्कृति एवं उसके प्रभाव आदि को यात्रा वृतांतकारों ने भोगा एवं अनुभव किया है उसके पश्चात रचनात्मक रूप से अपने यात्रा वृतांतों में प्रस्तुत किया है। यात्रा साहित्यकार अपनी यात्रा किये हुये स्थान का सामाजिक एवं सांस्कृतिक स्तर पर सूक्ष्मता से अवलोकन करता है।

सामाजिक स्थिति का प्रस्तुतीकरण यात्रा साहित्य की प्रमुख प्रवृत्ति है जिसमें सामाजिक एवं सांस्कृतिक अवलोकन निहित है। 'एक सांस्कृतिक सेतु, यात्रा लेखन सांस्कृतिक पर्यटन का प्रसार करता है, हर देश, समाज व सस्कृति के श्रेष्ठ तत्वों को उजागर करते हुए, आपसी संवाद की पृष्ठभूमि तैयार कर रहा होता है। और अंर्तसांस्कृतिक संचार को संभव बनाता है, पुष्ट करता है। इस तरह यात्रा साहित्य सहज रुप में मानवीय सम्बन्धों को सशक्त करता है। लेकिन इसके लिए यात्रा लेखक में हर संस्कृति की श्रेष्ठ एवं आधयात्मिक परम्पराओं व जीवन दर्शन की कुछ समझ अपेक्षित रहती है।'

हिमालय के प्राकृतिक सौंदर्य ने यात्रा साहित्यकारों को सदैव ही आकर्षित किया है परंतु मानवीय संबंधों के रचनाकार अजय सोडानी को हिमालय के सामाजिक-सांस्कृतिक जीवन ने भी सदैव ही सम्मोहित किया है जिससे वे हिमालय की ओर बार-बार खींचे चले जाते हैं। अजय सोडाणी ने अपने यात्रा वृतांत दर्रा-दर्रा हिमालय में हिमालय के कालिंदी खाल एवं ओडीनकॉल के सफर को प्रस्तुत किया है जिसे उन्होंने अभियान के रूप में पूरा किया है। इस यात्रा के दौरान कहीं बार उन्हें मौत के मुकातिब भी होना पड़ा है लेकिन हिमालय की चोटियां, घाटियां, वहां की हवा, प्राकृतिक सौंदर्य, बर्फ, हिमालय की श्रृंखलाएं उन्हें हमेशा से ही आकर्षित करती रही है।

लेखक ने यात्रा वृतांत में कालिंदी खाल एवं ऑडनकॉल के सामाजिक एवं सांस्कृतिक अवलोकन को प्रस्तुत किया है। लेखक प्राकृतिक सौंदर्य के बीच अपना समध जीवन व्यतीत करने वाले सामान्यजन की देवता और

नियोक्ता के प्रति संवेदनशीलता प्रकट करते हैं साथ ही वहां के सामाजिक-सांस्कृतिक परिवेश को भी समझने का प्रयास करते हैं। लेखक ने भारतीय धार्मिक जीवन एवं संस्कृति को प्रस्तुत करते हुए सांस्कृतिक रूप से इसके देश-विदेश में विस्तार एवं विदेशी सैलानियों द्वारा अपनाने की प्रवृत्ति की ओर चर्चा करते हुए लिखा है-

'20-30 वर्ष के ये विदेशी धार्मिक सैलानी यहाँ एकाकी ही घूमते हैं और भारतीय परिपाटियों तथा रूढ़ियों को बिना समझे-बुझे निभाते हैं। कुछ एक तो थाली के चारों ओर अँजुरी से जल डालकर एवं गो-ग्रास निकालकर भोजन प्रारम्भ करते हैं। गौ-माता तो यहाँ होती नहीं, अत: कौओं जिनकी चोंच पीली होती है- की खूब दावत उड़ती है।' लेखक के अनुसार विदेशी सैलानी भारतीय परिपाटियों तथा रूढ़ियों से सदैव ही आकर्षित रहे हैं जो भारतीय सांस्कृतिक महत्व को प्रस्तुत करने का परिचायक है।

आगे लेखक ने हिमालय का धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्व तथा हिमालय के प्रति आस्था एवं विश्वास को प्रस्तुत किया है यथा- 'ऐसी हमारी मान्यता है कि पर्वतों के शिखरों पर तथा दर्रो के ऊपर ईश्वर का वास होता है। और इसका तीव्र एहसास भी हर पर्वतारोही निश्चित तौर पर करता है। अत: दर्रे पर एक हलकी-फुलकी पूजा करके ही आगे बढ़ा जाता है- चुनाँचे नवीन और रनी भी इसकी तैयारी में लगे थे। तैयारी तो क्या होती हैं बस दो अगरबत्तियाँ जलाना और कुछ प्रसादस्वरूप रख देना ही सम्भव होता है अक़्सर!'

हिमालय प्रकृति को बनाए रखने एवं सांस्कृतिक सम्मोहन को गति एवं जीवन देने का माध्यम है। प्रकृति एवं हिमालय के रहस्य को उद्धाटित करना मनुष्य के लिए संभव नहीं है। अजय सोडानी अपनी यात्रा के दौरान हिमालय के क्षेत्र के साथ एकाकार करने की कोशिश करते हुए सोचते हैं- 'लगा कोई फुसफुसा रहा हो- क्या प्रकृति को नए सिरे से रचना चाहते हो? इस आगार में तुम मेहमान हो। जिस घर में अतिथि बनकर आए हो उसकी साज-सज्जा बदलने का हक तुम्हें किसने दिया? वह मृग बिंध है- घर-धणी की इच्छा। इस घर में टँगे पहाड़, पुष्प, वृक्ष, नदी, नाले, सागर सब-घर-धणी की इच्छानुरूप हैं। उनमें नए रंग भरने का प्रयास मत करो..., हिमालय का गुरुतत्व मेरे भीतर ज्योत जगा रहा था- तुम्हारे यहाँ होने से पैदा हुए असन्तुलन तथा तुम्हारे क्रिया-कलापों से उत्पन्न अवशिष्ट हटाने के अतिरिक्त तुम्हारी कोई जिम्मेदारी नहीं है। तुम कर्ता नहीं- माध्यम हो, तुम रंगकार की कूँची हो- रंगकर्मी नहीं।'

लेखक ने आगे हिमालय के ऊंचे पहाड़ों पर बंजारा जनजाति के सामाजिक जीवन का चित्रण करते हुए लिखा है 'सोनी ने झोपड़ी वाले की ओर इशारा करके कहना जारी रखा, बंजारे हैं- जानवर पालते हैं- और गर्मी में यहाँ ताजी घास आने पर ये अपने जानवरों के साथ ऊपर आ जाते हैं। यह छानी (झोपड़ी) इनका अस्थायी घर है। इनके पास रहने से हमें सुरक्षा के साथ इस जंगल में भी ताज़ा दूध और दही मिलेगा।'

अजय सोडाणी ने अपनी हिमालय यात्राओं के दौरान इन क्षेत्रों के सामाजिक जीवन को करीब से देखा, परखा एवं अनुभव किया है। हिमालय के ऊपर निवास करने वाले आर्थिक रूप से विपन्न अवश्य होते हैं लेकिन इनमें 'अतिथि देवो भव:' की संस्कृति आज भी विद्यमान है। वहां के लोगों की मानवीयता, प्रेम, करुणा एवं यात्रियों के प्रति सम्मान की भावना को महसूस करते हुए लेखक ने लिखा है-

'नहीं साहेब मुझे सिर्फ़ ढाई ही चाहिए।' रुपये पुन: मेरी हथेली पर धरते हुए उसने पहली बार मेरी आँखों में देखा! उसकी आँखों में माँ की करुणा थी, सागर- सी गहराई थी, ताजी ओस-से भीगे फूलों-सी सरसता थी, मिट्टी की सौंधी खुशबू थी। मुझे यूँ प्रतीत हुआ मानो मेरे सामने पुरुष नहीं वरन् एक स्त्री हो, भूख से बिलखते अपने लाल को स्तनपान करा रही स्त्री! मेरा गला भर आया, गाल गर्म होने लगे, निगाहें झुक गईं। मेरे पैर का अँगूठा तेज़ी से जमीन कुरेद रहा था- पर धारती फटने का नाम न ले रही थी।'

हिमालय के क्षेत्र के निवासियों का सामाजिक जीवन बेहद आम एवं सादा है। गांवों में आज भी छाछ, दूध, दही के साथ अपनत्व भी मिलता है। यहां के लोग अपने जीवन एवं संस्कृति से संतुष्ट नजर आते हैं साथ ही आने वाले पर्वतारोहियों के लिए वे एक मार्गदर्शन के रूप में भी कार्य करते हुए सामाजिक-सांस्कृतिक जीवन में संतुलन बनाए रखने का प्रयास करते हैं- 'रास्ते में दो गाँव पड़े। सबसे पहले आया गंगी और उसके बाद रीह। न जाने कितने नाले और झरने पार करने के बाद हम पहुँचे गंगी। यहाँ तक पहुँचते-पहुँचते हमारी रसद भी समाप्त हो चुकी थी। गाँव में इस उम्मीद से प्रविष्ट हुए कि दूध, दही या जाएगी। पचास-साठ झोपड़ियों के इस गाँव में सिर्फ बुजुर्ग और बच्चे ही मिले, वह भी आधुनिक मापदंडों के अनुसार पूरी तरह फटेहाल। लेकिन उनके अनुसार वे प्रसन्न थे- सन्तुष्ट थे। गाँव में एक स्कूल था एवं प्राथमिक चिकित्सालय, जहाँ यदा-कदा शिक्षक या डॉक्टर भी आ जाते थे। इसी गाँव में हमें एक बुजुर्ग मिले, होंगे कोई सत्तार-अस्सी वर्ष के, लेकिन तन्दुरुस्त। युवा अवस्था में वे पर्वतारोहियों के साथ मार्गदर्शक के रूप में जातें थे।'

हिमालय क्षेत्र के निवासियों के सामाजिक-सांस्कृतिक जीवन का अवलोकन करते हुए लेखक ने यहां की विभिन्न परंपराओं एवं रीति-रिवाजों पर भी प्रकाश डाला है। 'गंगी में हमें एक आदिम परंपरा देखने को मिली - मिल बाँटकर खाने की। हम शहरी लोगों को मिल-जुलकर रहना एवं मिल-बाँटकर खाना आदिम नहीं तो और क्या लगता? यहाँ खेती थी पर उन्हें लकड़ी और गोश्त तो जंगल से ही मिलता। दो- चार दिन में जब भी कोई शिकार जाल में फँसता शिकारी उसे गाँव में ले आता है। जानवर को साफ़ करके उसकी बोटियाँ कर दी जाती हैं और उस गोश्त को छोटी- छोटी ढेरियों में विभाजित किया जाता है। जितने परिवार उतनी ढेरियाँ- इसे यहाँ 'बाँटा' कहते हैं। गाँव वाले आकर अपना हिस्सा ले जाते हैं- बदले में शिकारी को मिलता है आलू-आटा आदि। हाँ, दो-तीन हिस्से फ्री-फोकट में देने के लिए बनाए जाते हैं- जंगल वालों तथा कुछ अन्य सरकारी महकमे के लोगों के लिए। यह जंगल में किए जा रहे आखेट को अनदेखा करने का उनका 'पारिश्रमिक' था।' यह गांव-बांटा की प्रथा इन क्षेत्रों के निवासियों को जोड़े रखने एवं उनके सामाजिक जीवन को बनाए रखने में विशेष योगदान देती है साथ ही यहां के सामाजिक-सांस्कृतिक परंपराओं को बनाये रखने की आवश्यकता को प्रकट करती है।

**निष्कर्ष-** अजय सोडानी के यात्रा वृतांत के विश्लेषण से स्पष्ट है कि वर्तमान समय में वैश्वीकरण एवं औद्योगीकरण का प्रभाव हिमालय क्षेत्र पर व्यापक रूप से देखने को मिल रहा है। जंगलों की कटाई, शोषण, पर्वतारोहियों द्वारा पर्यावरण को पहुंचने वाला नुकसान आदि यहां की प्रमुख समस्या बनती जा रही है। आधुनिक समय में सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं द्वारा यहां का विकास करने का प्रयास अवश्य किया जा रहा है लेकिन भ्रष्टाचार यहां के भोले-भाले जीवन को भी निगलने की तैयारी कर रहा है। लेखक ने हिमालय यात्रा के दौरान पर्यावरणीय चिंतन के साथ ही सामाजिक-सांस्कृतिक जीवन

के चिंतन का विस्तृत अवलोकन प्रस्तुत किया है। लेखक ने अपने यात्रा के दौरान हिमालय क्षेत्र में आने वाले विभिन्न स्थानों के सामाजिक एवं सांस्कृतिक अवलोकन को दर्ज करते हुए उनका दृश्यात्मक एवं बिम्बात्मक चित्रण प्रस्तुत किया है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. (सं.) के.डी. शर्मा ; इसपाक अली, उत्तम राजाराम आलतेकर : हिंदी में यात्रा साहित्य का योगदान, शोध समालोचना त्रैमासिक पत्रिका (ISSN 2348-5639), 2016-2017, पृ. 52
2. (सं.) नवीन नंदवाना; नई सदी का साहित्य चिंतन और चुनौतियां, प्रीति भट्ट : नई सदी के यात्रा साहित्य का विश्लेषण बोधि प्रकाशन, जयपुर, 2015 पृ. 133
3. सुनील कुमार यादव : समकालीन यात्रा वृत्तांतों के विश्लेषण का सामाजिक-सांस्कृतिक आधार, अपनी माटी, 2021
4. सुरेंद्र माथुर : हिंदी यात्रा साहित्य का आलोचनात्मक अध्ययन, साहित्य प्रकाशन, दिल्ली 1962, पृ. 86
5. अजय सोडानी : दर्रा-दर्रा हिमालय, राजकमल प्रकाशन प्रा. लि., नई दिल्ली, 2019 वही, पृ. 22
6. वही, पृ. 60
7. पृ. 120
8. वही, पृ. 121
9. वही, पृ. 124
10. वही, पृ. 142
11. वही, पृ.152

*************

# राजस्थान के टोंक जिले के सन्दर्भ में जनसंख्या के आकार के आधार पर सेवा केन्द्रों के पदानुक्रम निर्धारण का विश्लेषणात्मक अध्ययन

**प्रवीण यादव*  डॉ. काश्मीर कुमार भट्ट****

* शोधकर्ता, महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर (राज.) भारत
** शोध पर्यवेक्षक, महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर (राज.) भारत

**शोध सारांश –** सेवा केन्द्रों का तात्पर्य उन गाँवों से है जो अपने चारों ओर स्थित क्षेत्र में कुछ निश्चित सेवाओं व आवश्कताओं की पूर्ति करते हैं तथा जो दूसरे केन्द्रों से अपनी क्रियाओं एवं विस्तार के आधार पर भिन्नता रखते हैं। भूगोलवेत्ताओं ने भिन्न–भिन्न स्तर पर सेवा केन्द्रों को अलग–अलग नामों से अभिव्यक्त किया है जैसे:– विकास केन्द्र, केन्द्र स्थल, विकास ध्रुव तथा सेवा केन्द्र आदि। किसी भी क्षेत्र में सेवा केन्द्र ग्रामीण विकास व ग्रामीण विकास की नीतियों एवं कार्यक्रमों को धरातल पर क्रियान्वित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अध्ययन क्षेत्र टोंक एक प्राचीन व ऐतिहासिक जिला रहा है।

प्रस्तुत शोध–पत्र में टोंक जिले के सेवा केन्द्रों की स्थिति व जनसंख्या के आकार के आधार पर सेवा केन्द्रों का कोटि–आकार सम्बन्ध ज्ञात किया गया है। इसके लिए द्वितीयक आँकड़ों का प्रयोग किया गया है तथा सेवा केन्द्रों की कोटि ज्ञात करने के लिए जिफ के कोटि–आकार नियम विधि का प्रयोग किया गया है। सेवा केन्द्रों की स्थिति दर्शाने के लिए जिले के प्रशासनिक मानचित्र का प्रयोग किया गया है तथा जिफ के कोटि–आकार नियम की गणनाओं के लिए तालिका बनाई गई है।

**शब्द कुंजी –** सेवा केन्द्र, केन्द्र स्थल, ग्रामीण विकास, नियोजन व विपणन।

**प्रस्तावना –** वर्तमान समय में ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों के मध्य सम्बन्ध दिन–प्रतिदिन घनिष्ठ होते जा रहे हैं तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा केन्द्रों का महत्व व उनकी भूमिका भी लगातार बढ़ती जा रही है क्योंकि यह सेवा केन्द्र उनकी आवश्यकताओं की पूर्ति का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम होते हैं। क्रिस्टालर ने 1933 में ऐसे गाँवों को जो अपने समीपवर्ती क्षेत्रों को सेवाएँ प्रदान करते हैं, केन्द्र स्थल कहा। ये केन्द्र स्थल एक प्राथमिक ग्रामीण अधिवास से लेकर महानगर तक हो सकते हैं। उच्च स्तर के सेवा केन्द्र अधिक जनसंख्या की आवश्यकताओं की पूर्ति करते हैं एवं निम्न स्तरीय सेवा केन्द्रों की तुलना में इनका सेवा क्षेत्र अधिक विस्तृत होता है। इनके अतिरिक्त निम्न स्तर के सेवा केन्द्र जिन्हें विपणन ग्राम कहते हैं, वे अपने समीपस्थ गाँवों की आवश्यकताओं की पूर्ति करते हैं। किसी भी गाँव में जहाँ निम्नलिखित कार्य व सुविधाएँ उपलब्ध हैं, उन्हें सेवा केन्द्र माना गया है :–

1. अधिवास स्थायी हो।
2. अधिवास की कुल जनसंख्या 1000 या 1000 से अधिक हो।
3. बाजार की सुविधा हो।
4. शैक्षिणक, चिकित्सकीय, प्रशासनिक सेवाएँ, संचार सुविधाएँ, परिवहन, कृषि व वित्तीय जैसी मूलभूत सेवाओं के 30 उप–समूह में से कम से कम 15 या 15 से अधिक सेवाएँ हो।

सेवा केन्द्रों की स्थापना में भौतिक व सांस्कृतिक तत्वों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। विभिन्न भौतिक तत्व सेवा केन्द्रों की बाह्य स्थिति को नियंत्रित करते हैं। एक अन्य महत्वपूर्ण तत्व क्षेत्र की प्राकृतिक विशेषताएँ हैं जिसके अन्तर्गत प्राकृतिक भूखण्ड, मिट्टी के प्रकार, अपवाह प्रतिरूप एवं जल की उपलब्धता आदि आते हैं।

किसी भी क्षेत्र में सेवा केन्द्रों का नियोजित रूप से विकास करके समन्वित ग्रामीण विकास के लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सकता है तथा स्थानीय लोगों की आवश्यकताओं की पूर्ति कर उनके जीवन स्तर को ऊँचा उठाया जा सकता है। जो इस शोध–पत्र का मुख्य उद्देश्य भी है।

**अध्ययन क्षेत्र–** भारत के उत्तारी–पश्चिमी क्षेत्र में स्थित राजस्थान क्षेत्रफल की दृष्टि से देश का सबसे बड़ा राज्य है। टोंक जिला राजस्थान के उत्तरी–पूर्वी भाग में स्थित है। जिले का धरातलीय भाग लगभग समतल है, कुछ क्षेत्र पहाड़ी वाला भी है। जिले की प्रमुख बनास नदी जिले को दो भागों में बाँटती है। जिले में अरावली पर्वतमाला की कुछ श्रृंखलाएँ भी स्थित हैं। टोंक जिला $25^{0}41'$ से $26^{0}34'$ उत्तरी अक्षांश तथा $75^{0}07'$ से $76^{0}19'$ पूर्वी देशान्तर के मध्य स्थित है।

राज्य की राजधानी जयपुर टोंक जिला मुख्यालय से उत्तर दिशा में 100 किलोमीटर दूर स्थित है। टोंक जिले का कुल भौगोलिक क्षेत्रफल 7,194 वर्ग किलोमीटर है जो राज्य के कुल भौगोलिक क्षेत्रफल 3,42,239 वर्ग किलोमीटर का 2.11% है। अध्ययन क्षेत्र टोंक जिले की जनसंख्या 2011 की जनगणना के अनुसार 14,21,326 है। जिले का जनसंख्या घनत्व 198 व्यक्ति प्रति वर्ग किलोमीटर तथा जिले की साक्षरता 61.58% है। जिले की दशकीय जनसंख्या वृद्धि दर 17.30% तथा लिंगानुपात 952 है। टोंक जिले की जलवायु शुष्क तथा स्वास्थ्यवर्धक है। सर्दी की ऋतु में न्यूनतम

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

तापमान 8°c व अधिकतम तापमान 22°c रहता है। गर्मी की ऋतु में न्यूनतम तापमान 30°c व अधिकतम तापमान 45°c रहता है। जिले में औसत वार्षिक वर्षा 61.36% व औसत आर्द्रता 59.30% पाई जाती है। उपरोक्त सभी आँकड़े जिला जनगणना पुस्तिका 2011 से लिए गए हैं।

**शोध उद्देश्य:**

1. सेवा केन्द्रों का अभिनिर्धारण करना।
2. अध्ययन क्षेत्र के प्रशासनिक मानचित्र में सेवा केन्द्रों को चिन्हित करना।
3. जनसंख्या के आकार के आधार पर सेवा केन्द्रों का पदानुक्रम निर्धारित करना।



**आँकड़ों के स्रोत तथा शोध विधि तंत्र:-** प्रस्तुत शोध-पत्र व्याख्यात्मक एवं विश्लेषणात्मक अनुसंधान पर आधारित है। इसमें पूर्व निर्धारित परिकल्पनाओं का तात्कालिक परिस्थितियों में परीक्षण किया गया है। शोध-पत्र में द्वितीय स्रोतों से प्राप्त आँकड़ों का उपयोग किया गया है। अध्ययन क्षेत्र में सेवा केन्द्रों के कोटि-आकार क्रम तथा सम्बन्धों को ज्ञात करने के लिए जिफ के कोटि-आकार नियम का उपयोग किया गया है साथ ही अन्य सामाजिक व आर्थिक तथ्यों को स्पष्ट करने के लिए राष्ट्रीय जनगणना 2011 से प्राप्त आँकड़ों का प्रयोग किया गया है।

**कोटि-आकार नियम-** आयरबैक पहले विद्वान थे जिन्होंने सन् 1913 में नगरों के आकार व उनकी कोटियों के मध्य सम्बन्धों का प्रतिपादन किया था, लेकिन इस नियम को मान्यता 1949 में जिफ के विश्लेषण के बाद ही मिली। ब्राउनिंग व गिब्स ने कोटि-आकार के मध्य सम्बन्धों का आकलन करने के लिए एक विधि का प्रतिपादन किया। प्रस्तुत शोध-पत्र में इस विधि का प्रयोग टोंक जिले के सेवा केन्द्रों के सन्दर्भ में किया गया है।

जब सेवा केन्द्रों को उनकी जनसंख्या के अनुसार कोटियों में इस प्रकार व्यवस्थित किया जाता है कि सबसे अधिक जनसंख्या वाले सेवा केन्द्र को तालिका में सबसे ऊपर रखा जाए उसके बाद कम होती हुई जनसंख्या के सेवा केन्द्रों को अवरोही क्रम में इस प्रकार रखा जाए कि सबसे अधिक जनसंख्या वाले सेवा केन्द्र का स्थान 1 हो, उससे कम जनसंख्या वाले सेवा केन्द्र का स्थान 2 हो। दूसरे सेवा केन्द्र की जनसंख्या पहले सेवा केन्द्र की जनसंख्या से आधी होगी। इस प्रकार से सेवा केन्द्रों का क्रम निश्चित करेंगे। जैसे:- यदि पहले स्थान के सेवा केन्द्र की जनसंख्या 1,00,000 है तो उसके बाद वाले दूसरे स्थान के सेवा केन्द्र की जनसंख्या 1,00,000/2 = 50,000 होगी।

प्रस्तुत शोध-पत्र में शोधार्थी ने कोटि-आकार सम्बन्ध और उसके विचलन को प्रकट करने का प्रयास किया है। इसके लिए जिफ, ब्राउनिंग व गिब्स की विधि के अनुसार सेवा केन्द्रों के जनसंख्या आधारित क्रम को एक सांख्यिकीय क्रम में अंकित किया गया है। जैसा कि सारणी:-1 को देखने से स्पष्ट है। सारणी:-1 में 2011 की जनगणना के अनुसार जिले के सेवा केन्द्रों की जनसंख्या का कोटि आकार नियम के अनुसार विस्तृत सांख्यिकीय विश्लेषण किया गया है।

**सारणी:-1 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)**

सेवा केन्द्रों की प्रत्याशित जनसंख्या ज्ञात करने के लिए सर्वप्रथम वास्तविक जनसंख्या को अवरोही क्रम में व्यवस्थित किया गया है। इसके बाद प्रत्येक सेवा केन्द्र को कोटि संख्या प्रदान की गई है यथा:- सर्वाधिक जनसंख्या वाले सेवा केन्द्र को कोटि 1, द्वितीय को 2, तृतीय को 3 इत्यादि। कोटि निर्धारण के बाद प्रत्येक सेवा केन्द्र का 'कोटि व्युत्क्रम' (प्रथम कोटि संख्या में क्रमशः अन्य कोटि संख्याओं का भाग देकर) ज्ञात किया गया है यथा:- प्रथम केन्द्र का कोटि व्युत्क्रम 1 है तो दूसरे केन्द्र का कोटि व्युत्क्रम 1/2 = 0.5000, तीसरे केन्द्र का कोटि व्युत्क्रम 1/3 = 0.3333... इत्यादि होगा।

तत्पश्चात् सम्पूर्ण केन्द्रों की वास्तविक जनसंख्या के योग को कोटि व्युत्क्रम के योग से विभाजित करके अध्ययन क्षेत्र में विद्यमान प्रथम नगर की प्रत्याशित जनसंख्या निकाली गई है। प्रथम नगर की प्रत्याशित जनसंख्या ज्ञात करने के लिए निम्नलिखित सूत्र का प्रयोग किया गया है:-

**प्र0ज0 = (Σ व0ज0)/(Σ प्र0क0)**

यहाँ :- प्र0ज0 = प्रत्याशित जनसंख्या

व0ज0 = वास्तविक जनसंख्या

प्र0क0 = कोटि व्युत्क्रम (प्रत्याशित कोटि/प्रत्यावर्ती कोटि)

Σ= योग को दिखाता है।

इस सूत्र की सहायता से प्राप्त प्रथम नगर की प्रत्याशित जनसंख्या में 2,3,4,5... इत्यादि कोटियों का भाग देकर अन्य सभी सेवा केन्द्रों की प्रत्याशित जनसंख्या ज्ञात की गई है। तत्पश्चात् प्रत्याशित जनसंख्या व पूर्व ज्ञात वास्तविक जनसंख्या में अंतर ज्ञात किया गया है। इसके बाद क्रमशः वास्तविक जनसंख्या का अन्तर प्रतिशत में तथा प्रत्याशित जनसंख्या का अन्तर प्रतिशत में में ज्ञात किया गया है।

**निष्कर्ष:-** सारणी:-1 के अध्ययन से यह ज्ञात होता है कि अध्ययन क्षेत्र की वास्तविक व प्रत्याशित जनसंख्या में पर्याप्त अन्तर है। 10 सेवा केन्द्रों क्रमशः दूनी, डिग्गी, बनेठा, देवली, नासिरदा, पचेवर, चाँदसेन, लावा, राजमहल, लांबाहरिसिंह की वास्तविक जनसंख्या प्रत्याशित जनसंख्या से कम है। शेष 78 सेवा केन्द्रों निवाई(ग्रामीण), पीपलू, थनवाला, झिलाई,

नगरफोर्ट, शोप, टोरड़ी, आँवा, नगर, राहोली, डांगरथल, झिराना, दतवास, मंडावर, रानोली, पनवाड़, घाड़, मेहंदवास, सिरोही, नटवारा, पचाला, सोडा, बगड़ी, ककोड़, बमोर, पारड़ी, पनवालिया, चोरु, जामडोली, ललवाड़ी, धुआँकला, सिदड़ा, डारड़ाहिन्द, डारड़ातुर्की, सोहेला, कठमाना, मूंड़िया, मोरला, छान, उनियारा खुर्द, मोर, कांटोली, सुरेली, बूढ़ादेवल, बनथली, डाबरकला, बहार, कल्मण्डा, सिरस, नानेर, चांदली, रजवास, सोनवा, पलाई, साँवरिया, हतौना, थारोली, अवर, मेहरू, चवांदिया, कड़ीला, करेड़ा बुजुर्ग, बीजवार, पराना, हमीरपुर, बावड़ी, निवारिया, झारली, भरनी, दात्तोंब, संथाली, खरेड़ा, सांखना, घाँस, गहलोद, गणेती, मालपुरा(ग्रामीण) की वास्तविक जनसंख्या प्रत्याशित जनसंख्या से अधिक है। इस प्रकार वास्तविक जनसंख्या व प्रत्याशित जनसंख्या का अन्तर समस्त 88 सेवा केन्द्रों में या तो धनात्मक है या ऋणात्मक है जो कि कोटि-आकार नियम के अनुरूप नहीं है। अत: जिले के सेवा केन्द्र कोटि-आकार नियम का पालन नहीं करते हैं।

अध्ययन क्षेत्र के सेवा केन्द्रों में इस प्रकार की अनियमितता के मुख्य कारण सामाजिक, आर्थिक, भौतिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, प्रशासनिक एवं राजनीतिक हो सकते हैं। यदि इन सभी कारणों को ध्यान में रखते हुए स्थानिक तंत्र को संगठित किया जाए तो अध्ययन क्षेत्र में कोटि-आकार नियम के अनुरूप सेवा केन्द्रों का विकास किया जा सकता है।

**सन्दर्भ सूची:-**

1. Berry, B.J.L. and W.L. Garrison (1958), "Alternative explanation of Urban Rank-Size Relationship'', Annals Association of the American Geography. 48, pp. 83-91, Reprinted in Reaching in `Urban Geography' edited by Myre and Kohn. Central Book Dept. Allahabad, 1967, pp. 230-39.
2. Barai, D.C. (1974), "Rank Size Relationship and Spatial Distribution of Centres in Tamilnadu'', National Geographical Journal of India, National Geographical Society of India, Varanasi, Vol. 20, No. 40, pp. 246-56.
3. Singh, Om Prakash (1971), `'Relationship of Rank-Size and Distribution of Central Places in Uttar Pradesh'', National Geographer, Vol. 6, pp. 19-30.
4. Patil, S.R. (1969), "A Comparative study of Rank-Size Relationship of Urban Settlement of Mysore State", The Indian Geographical Journal, Vol. 44, No. 1-2, pp. 35-43.
5. Mark Jefferson: "The Law of Primate City," The Geographical Review, XXIX No. 2, 1939, pp. 226-32.
6. Berry, B.J.L. : "City-size Distribution and Economic Development", Economic Development and Cultural Change, Vol. IX, No. 4, 1961, pp. 573-588.
7. Martin Beekmen: "City Hierarchies and the distribution of City-Size,Economic Development and Cultural Changes", VI, April 1958, pp. 243-48.
8. Berry, B.J.L. : "Cities as Systems within systems of Cities, Regional Science Association (1964)" 13, pp. 147-163.
9. Zipf, G.K. : Human Behaviour and Principle of Least Efforts Readings, Mass: Addison-Wesley, 1949.
10. Khan, W. and Wanmali, S. : "Impact of Linguistic Reorganisation of states on city-size Distribution, Economic and Socio-Cultural Dimens-ions of Regionalisation", Office of the Registrar General of India 1972, p. 452.
11. Zipf, G.K. : National Unity and Disunity, Bloomington, Ind. Principia Press, 1941.
**दी यूरोपियन कन्वेन्शन ऑफ ह्यूमन राईट्स** अनुच्छेद 6 (3) (स) के अनुसार प्रत्येक व्यक्तिय जो को आपराधिक मामले में अभियुक्त हैं वह स्वयं के बचाव हेतु विधिक सहायता प्राप्त कर सकता हैं। हुसैन आरा खातुन विरूद्ध बिहार राज्य AIR 1979 SC 1360 के मामले में उच्चतम न्यायालय ने कहा कि यह बन्दी के प्रति युक्तियुक्त, ऋजु और न्यायोचित प्रक्रिया का अंग हैं, जो कि न्यायालय की प्रक्रिया के माध्यम से परिमोचन का प्रयास कर रहा है कि उसे विधिक सेवायें उपलब्ध करायी जाये। इस हेतु न्यायालय ने 39 (क) का भी सहारा लिया जिसमें नि:षुल्क विधिक सहायता के लिये उपबन्ध किया गया है कि इस मामले में न्यायालय ने उन बन्दियों में छोड़ने का आदेश दिया जिनको उस अवधि से लम्बी अवधि तक जेल में रखा गया था, जिसके लिये उन्हें सिद्धदोष ठहराये जाने पर अधिकतम सजा दी जा सकती थी।

**सुनील बत्रा विरूद्ध दिल्ली प्रशासन**[1] के मामले में जस्टिस अय्यर ने कहा कि केदी के अधिकार न्यायालय द्वारा याचिका एवं न्यायालय की अवमानना द्वारा संरक्षित किये जायेगे इस क्षेत्र अधिकार को व्यावहारिक बनाने के लिये केदियों के लिये नि:शुल्क विधिक सेवायें प्रोग्रामो को न्यायालयो द्वारा मान्यताप्रद व्यवसायिक संगठनो जैसे नि:षुल्क विधिक सहायता समिति द्वारा प्रोत्साहित किया जायेगा।

**एम.एच. हासकाट विरूद्ध स्टेट ऑफ महाराष्ट्र**[2] के वाद में न्यायाधीष कृष्ण अय्यर ने यह उचित ही संप्रेषण किया था कि नि:शुल्क विधिक सहायता प्रदान किया जाना राज्य का कर्तव्य और सरकार का एक आवश्यक कार्य हैं।

इसके लिए निम्नलिखित विधियाँ एवं संविधान में व्यवस्था की गई हैं–

1. संविधान के अनुच्छेद 39 क में
2. संविधान के अनुच्छेद 32 एवं 226 में
3. दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 की धारा 303 एवं धारा 304 में
4. सिविल प्रक्रिया संहिता, 1908 के आदेश 2 नियम 10 क, आदेश 33 एवं आदेश 44 में।

**विधिक साक्षरता:** विधि का ज्ञान सभी के लिए आवश्यक है। यदि किसी व्यक्ति के विधिक अधिकारों का उल्लंघन होता है तो वह अपने अधिकारों के संरक्षण/प्रवर्तन हेतु न्यायालय में तभी दस्तक दे सकता है, जब उसे अपने अधिकारों की जानकारी होगी। विधि की यह धारणा हैं कि कोई भी व्यक्ति यह बहाना नही बना सकता या बचाव प्रस्तुत नही कर सकता है कि उसे विधि की जानकारी नही हैं अर्थात् विधि अनभिज्ञता क्षम्य नही है। भारत वर्ष

में कानूनो का जाल बिछा हुआ हैं और सामान्य व्यक्तियों के लिये यह संभव ही नही हैं कि वह सभी कानूनो की जानकारी रख सके। स्वच्छ सामाज के लिये नागरिको को सामाजिक व्यवस्था के प्रति उत्तरदायी होना आवश्यक हैं। राज्य के विधिक सेवा प्राधिकरण ने विधिक साक्षरता एवं विधिक चेतना का कार्यक्रम अपने हाथ में लिया हैं। आज प्राचीन भारतीय सामाजिक व्यवस्था में न केवल बिखराव आ रहा हैं, वरन जाति व्यवस्था के कारण समाज में तनाव व कटुता बढ़ रही हैं समाज में शोषण व अत्याचार बढ़ रहे हैं।

भारतीय संविधान ने पति व पत्नी को समान अधिकार दिये हैं। भारतीय दण्ड संहिता की धारा 304 (ए), 498 (ए) व दहेज विरोधी अधिनियम की धारा 4 ने नारी के सम्मान एवं स्वतंत्र अस्तित्व के लिए ढाल का काम किया है। महिला को दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 125 एवं हिन्दू विवाह अधिनियम की धारा 24 व 25 के अंतर्गत निर्वाह भत्ता प्राप्त करने का अधिकार हैं एवं साथ ही महिला को पिता/पति अथवा पुस्तैनी जायदाद में भाई व पुत्रो के समान ही सम्पत्ति में उत्तराधिकार का हक प्राप्त हैं। अब संविधान में उसे पूर्ण स्वामित्व का दर्जा उपलब्ध कराया है। जिसका परिणाम यह हैं, कि अब नारी की अबला वाली स्थिति नही रही हैं।

विधिक साक्षरता कार्यक्रम के क्रियान्वयन में न्यायिक अधिकारीगण के अलावा अधिवक्तागण, सामाजिक कार्यकर्ता, शिक्षाविद एवं विधि छात्रो का पूरा सहयोग मिलता हैं। विधिक साक्षरता एक राष्ट्रीय कार्यक्रम हैं इसने लोगो में एक नई चेतना का संचार किया हैं।

1. साक्षरता शिविर
2. साहित्य प्रकाशन
3. पैरा-लीगल क्लिनिक
4. पैरा-लीगल सर्विसेज

**लोकहित वाद** : निर्धन व्यक्तियों को न्याय सुलभ कराने की दिशा में एक महत्तवपूर्ण पहल लोकहित वाद की है। यह व्यवस्था ऐसे व्यक्तियों के लिए है जो गरीबी अथवा कानून की अज्ञानता के कारण न्यायालय जाने में असमर्थ होते है। ऐसे व्यक्तियों की और से किसी भी अन्य व्यक्ति द्वारा अथवा संगठन द्वारा वाद दायर किया जा सकता है। यही लोकहितवाद की अवधारणा है। लोकहितवाद का उद्देश्य व्यक्तियों, शोषित वर्गो व अलाभप्रद व्यक्तियों के सांविधानिक व विधिक अधिकारो व लोकहित का संरक्षण हैं, व उन्हें सामाजिक व आर्थिक न्याय प्रदान करना हैं। लोकहित वादों के लिए यह आवश्यक है कि -

1. वह जनसाधारण के व्यापक हितों से जुड़ा हो,
2. निजी हित न हो,
3. सद्भावनापूर्ण हो,
4. राजनीति से प्रेरित न हो।

**बधुआ मुक्ति मोर्चा विरूद्ध भारत संघ**[3] के मामले में माननीय न्यायाधीष पी.एन. भगवती ने कहा-लोकहित मुकदमा प्रतिकूल प्रकृति का मुकदमा नही हैं वरन यह सरकार व उसके अधिकारियों को चुनौती का अवसर देता है कि वे मानवीय अधिकारो को समुदाय के वंचित व वेदना सहन करने वाले व्यक्तियों के लिए सार्थक बनाये एवं उन्हें सामाजिक व आर्थिक न्याय सुनिष्चित करे, जो संविधान की निहित भावना हैं।

**एस.पी.गुप्ता व अन्य विरूद्ध भारतसंघ व अन्य**[4] के वाद में उच्चतम न्यायालय के माननीय न्यायाधिपति पी.एन.भगवती ने कहा कि जो व्यक्ति लोकहित मुकदमा लेकर न्यायालय में आते है, उन्हें सद्भावनापूवर्क न्याय की रक्षा करने हेतु कार्य करना चाहिए यदि वे व्यक्तिगत लाभ या निजी उपलब्धि या राजनैतिक आशय या अन्य कुटिल विचार से कार्य करते है तो न्यायालय को इस तरह के व्यक्तियों की पहल पर सक्रिय नही होना चाहिए एवं उनके आवेदन को प्रारम्भ में ही निरस्त कर देना चाहिए।

**विधिक सेवा प्राधिकरण** : संसद ने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 एवं इसका संशोधन अधिनियम 1994 इस उद्देश्य से पारित किया हैं, कि दूर दराज में रहने वाले गरीब एवं असहाय व्यक्तियों को न्याय प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध हो सकें। लोक अदालत एवं विधिक सहायता शिविरो के माध्यम से समाज के संभ्रान्त लोगों को जोड़कर न्याय उपलब्ध करवाने का प्रयत्न किया जाता हैं। यह अधिनियम प्राधिकरणो पर यह दायित्व डालता हैं कि वे विधिक सेवायें अनुसूचित जाति एवं जनजाति, मानव बेगार, अन्य रूप से असमर्थ व्यक्तियों या अन्य परिस्थितिजन्य व्यक्तियों जैसे जाति अस्पर्शयता, जाति संबंधी हिंसा, बाढ़, सुखा, तुफान अथवा औद्योगिक विपत्तियों से ग्रस्त, औद्योगिक कर्मचारियों का शोषण, पुलिस की सुरक्षा में अपराधी या ऐसे व्यक्ति जिनकी वार्षिक आय कम हैं अर्थात् जो अकिंचन हैं, जिनका मामला उच्चतम न्यायालय में या उच्चतम न्यायालय से भिन्न किसी अन्य न्यायालय में विचाराधीन हैं, ऐसे व्यक्ति उक्त योजना का लाभ प्राप्त करने के अधिकारी हैं।

इसी प्रकार राज्य स्तर पर राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला स्तर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण तथा तहसील स्तर पर तहसील विधिक सेवा प्राधिकरण अपने कार्य का संचालन सुचारू रूप से कर रहे हैं।

**लोक अदालत** : 'न्याय सस्ता, सुलभ एवं त्वरित हो' लोक अदालत की अवधारणा इसी आधार सूत्र की उपज है। आज जगह-जगह लोक अदालतें आयोजित होने लगी है। न्यायालयों के अलावा विभिन्न प्रकार के मामलों को निपटाने के लिए लोक अदालत आयोजित होने लगी है। इस प्रकार लोक अदालत सस्ते, सुलभ एवं त्वरित न्याय का एक सशक्त मंच/माध्यम है। हमारे देश में यह व्यवस्था कोई नयी नही है। प्राचीन पंच परमेश्वर रूपी न्याय व्यवस्था का ही यह एक रूप है। गाँवों में आज भी 'चौपाल पर न्याय' की व्यवस्था प्रचलित है। लोक अदालतों की मुख्य विशेषताएँ हैं-

1. इनमें मामलों का निपटारा पक्षकारों में आपसी समझौते अथवा राजीनामों द्वारा होता है।
2. इसमें पक्षकारों के बीच कटुता को दूर कर उनमें मधुर सम्बन्ध स्थापित किये जाने का भी प्रयास किया जाता है।
3. इसमें खर्च भी बहुत कम आता है।
4. मामलों का निपटारा जल्दी हो जाता है।
5. राजीनामों में न्यायिक अधिकारी, शिक्षक, समाजसेवी आदि मिलकर अपनी भूमिका निभाते है।

लोक अदालत के माध्यम से संविधान में निहित उद्देष्यो को गरीब एवं असहाय लोगों को उपलब्ध करवा कर प्रजातंत्र एवं विधि शासन को प्रभावी रूप से लागू किया जाता हैं। भारतीय संविधान एक ऐसे समाज की परिकल्पना करता हैं, जिसमें सामाजिक-आर्थिक एवं विधिक न्याय सभी व्यक्तियों को समानता के आधार पर उपलब्ध हो। विधि के समक्ष समानता के इस संवैधानिक आदेश को लागू करने के लिए राज्य को यह सुनिष्चित करना हैं कि किसी भी नागरिक को आर्थिक या अन्य अयोग्यताओं के कारण न्याय उपलब्ध करवाने के अवसरो को प्रदान करने से इन्कार नही किया जायें। वैसे न्याय प्रदान करने वाली संस्थाऐ हमेषा इस बात पर तत्पर रहती हैं कि

प्रार्थी को न्याय शीघ्र अतिशीघ्र मिल जायें, किन्तु अपने अधिकारों की अज्ञानता के कारण तथा अन्य कारणो से वे न्याय प्राप्ति के लिये यथा योग्य कदम बढ़ाने में असमर्थ होते हैं। क्योंकि गरीब, पिछड़े एवं समाज के कमजोर वर्गों में इस प्रकार की शंका और भय उत्पन्न हो गया हैं कि वे न्याय प्राप्त नही कर सकते हैं। इसलिए समस्त विधिक सेवा कार्यक्रमों एवं योजनाओं को उपर्युक्त प्रभाव को दूर करने हेतु कार्य करना चाहिए तथा समाज के विभिन्न प्रकार से कमजोर वर्गों के मस्तिष्क में यह विश्वास पैदा करना चाहिए कि हमारा न्याय प्रशासन समाज के अंतिम पंक्ति तक के व्यक्तियों को समान न्याय उपलब्ध करवाने के लिये कटिबद्ध हैं।

**पटना उच्च न्यायालय ने सुरेन्द्र सिंह एवं अन्य** विरूद्ध देवमुनि सिंह एवं अन्य के वाद में यह निर्धारित किया कि स्थायी लोक अदालत नियमित न्यायालय नही होता हैं। वे निर्णय कृत्य नही करते हैं तथा वे केवल कानूनी सुलहकर्ता होते हैं। वे न्यायिक नियत कृत्य नही कर सकते तथा कपट के विवाध्यक के विचारण की अन्तर्निहित अधिकारिता उन्हें प्राप्त नही होती हैं।

लोक अदालत को धारा 2 (सी–1) (घ) विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 में पारिभाषित किया गया हैं जिसके अनुसार लोक अदालत का अर्थ एक ऐसी अदालत से है जो कि विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम की धारा 19 से 22 में सम्मिलित हैं।

लोक अदालत द्वारा दिया गया अधिनिर्णय अंतिम होगा तथा विवाद के समस्त पक्षकारों पर बन्धनकारी होगा।

**पंजाब नेशनल बैंक विरूद्ध लक्ष्मीचंद्र** के वाद में न्यायालय ने विनिष्चित किया कि लोक अदालत का पंचाट अंतिम होता हैं तथा इसके विरूद्ध किसी न्यायालय में अपील नही की जा सकती परन्तु ज्योति शर्मा विरूद्ध राजेन्द्र कुमार 2010 के मामले में न्यायालय में निर्धारित किया है कि लोक अदालत द्वारा पारित अधिनिर्णय उच्च न्यायालय की रिट अधिकारिता के अधीन हैं तथा इस अधिकारिता के प्रयोग में इसके विरूद्ध सुनवाई की जा सकती हैं। लेकिन रिट अधिकारिता का प्रयोग न्यायालय को आपवादिक मामलों में ही करना चाहिए।

**पंजाब राज्य विरूद्ध फूलनरानी** एवं अन्य के वाद में सर्वोच्च न्यायालय ने निर्धारित किया कि लोक अदालत अपने अधिनिर्णय, समझौते या परिनिर्धारण के आधार पर देगी। यदि पक्षकारों के मध्य कोई समझौता न हो सके तो लोक अदालत कोई अभिनिर्धारण या आदेश पारित नही करेगी।

सकारात्मक रूप से कहा जाय तो विधिक शिक्षा के विकास में भारतीय विधिक परिषद् का योगदान सराहनीय हैं। अधिवक्ता अधिनियम की धारा 7 के अनुसार इसके कार्यों में विधिक शिक्षा का उन्नयन करना और ऐसी शिक्षा प्रदान करने वाले भारत के विश्वविद्यालयों और राज्य विधिक परिषदों से विचार विमर्श करके ऐसी शिक्षा के मानक निर्धारित करना सम्मिलित है। बार काउन्सिल ऑफ इण्डिया ने वास्तव में विधिक शिक्षा के विकास में एक बहुत ही महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। वर्तमान समय में स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात् तीन वर्षीय विधि पाठ्यक्रम एवं इन्टरमिडिएट के बाद पांच वर्षीय विधि पाठ्यक्रम दोनों ही अस्तित्व में है। परन्तु पंचवर्षीय पाठ्यक्रम बेहतर माना जाता है। बेहतर होगा यदि सम्पूर्ण भारत वर्ष में पंचवर्षीय पाठ्यक्रम को अनिवार्य कर दिया जाय। भारत के प्राय: सभी विश्वविद्यालयों में एक समान पाठ्यक्रम नही है, सभी विश्वविद्यालयों में एक समान पाठ्यक्रम लागू किया जाना चाहिए, जिससे विद्यार्थी को अपना पाठ्यक्रम पूरा करने का समान अवसर बगैर किसी परेशानी के प्राप्त हो सकें।

उक्त के ठीक विपरीत नकारात्मक रूप से यह कहा जा सकता हैं कि भारतीय विधिक परिषद् विधिक शिक्षा में आवश्यकतानुसार नये परिवर्तनों को लागू करने में विफल रहा है। भारतीय विधिक परिषद् का यह दृष्टिकोण है कि कानूनी शिक्षा का एकमात्र उद्देश्य वकीलों को उत्पन्न करना हैं। जिस प्रकार प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शिक्षा का आदर्श राष्ट्र को अच्छे नागरिक प्रदान करना होना चाहिये उसी प्रकार उच्चतर माध्यमिक के पश्चात् कि विधिक शिक्षा का आदर्श/लक्ष्य राष्ट्र के लिए लाभप्रद विधिक ज्ञान रखने वाले ऐसे विधिज्ञो को उत्पन्न करना होना चाहिये जो भारत को विश्व शिखर पर स्थापित करने के अपनी भूमिका का निर्वहन कर सकें। क्योंकि आज विधिक शिक्षा को न केवल बार की आवश्यकताओं और व्यापार, वाणिज्य और उद्योग की नई जरूरतों को पूरा करना है किन्तु वैश्वीकरण की आवश्यकताओं को भी पूरा करना है। अन्तर्राष्ट्रीय आयाम वाले नये विषय विधिक शिक्षा में आ गये हैं। बदलते परिदृष्य में अब व्यापार एवं वाणिज्य में गैर स्नातक विधि स्नातकों की भी एक बहुत बड़ी आवश्यकता है। अन्तर्राष्ट्रीय विधिक शिक्षा का उद्देश्य अब मात्र ऐसे व्यक्तियों का निर्माण करना मात्र ही नही होना चाहिए जो विभिन्न न्यायालयों में विधि का अभ्यास कर सकते है। यद्यपि ऐसे कार्यक्रम के इस तरह की क्षमता को अपने आप में एक उद्देश्य के रूप में नही देखा जाना चाहिए बल्कि केवल एक अच्छे परिणाम के रूप में देखा जाना चाहिए। हमारी विधिक शिक्षा से विद्यार्थियों को अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार, प्रथाओं, तुलनात्मक कानून, कानूनों के संघर्ष, अन्तर्राष्ट्रीय मानव अधिकार कानून, पर्यावरण कानून, लिंग न्याय, अंतरिक्ष कानून, जैव चिकित्सा कानून, जैव नीति, अन्तर्राष्ट्रीय समर्थन आदि विषयो में विशेषज्ञता प्राप्त होना चाहिए।

विधि–पत्रिकाओं का भी विधि शिक्षा के विकास में विशेष महत्व होता हैं। विधि–जर्नल और रिपोर्ट की संख्या पर्याप्त नही हैं इसमें वृद्धि करने की व्यावस्था करनी चाहिए। विधि जर्नल एवं रिपोर्ट में सरल विधिक भाषा का उपयोग होना चाहिए ताकि विद्यार्थीगण भी इसका आसानी से लाभ उठा सकें।

विधिक शिक्षा की सफलता मुख्य रूप से शिक्षक गण, पुस्तकालय, विधि रिपोर्ट विधि विद्यार्थियों के लिए विहित पाठ्यक्रम, शोध सुविधाओं इत्यादि पर आधारित होनी चाहिए। अच्छे शिक्षकों को आकर्षित करने के लिए उन्हें अच्छा वेतन तथा अन्य सुविधाएँ प्रदान करना आवश्यक है। अच्छी पुस्तकें क्रय करने के लिए पुस्तकालयों को पर्याप्त धन प्रदान करना आवश्यक है। विद्यार्थियों की संख्या के अनुसार शिक्षकों की संख्या भी अच्छे पठन–पाठन के लिए आवश्यक है। विधि शिक्षा इस प्रकार की होनी चाहिए कि विद्यार्थियों को सैद्धांतिक ज्ञान के साथ ही व्यावहारिक ज्ञान भी प्राप्त हो।

विधि शिक्षा के विकास में पुस्तकों का बड़ा महत्व है। अनेक शिक्षकों एवं अधिवक्ताओं द्वारा विधि पुस्तकें लिखी जाती है परन्तु वे पर्याप्त नही है। पुस्तक लेखन कार्य को प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए। अच्छी पुस्तकें लिखने वाले शिक्षकों को सम्मानित करने की योजना भी बनाना चाहिए। ऐसे बहुत से शिक्षक है जो अच्छी पुस्तकें लिखना चाहते है परन्तु उन्हें प्रकाशक नही मिलते है। सरकार और बार काउंसिल ऑफ इंडिया को आगे आना चाहिए और अच्छी पुस्तकों को प्रकाशित करने की व्यवस्था करना चाहिए।

वर्तमान में विधि के क्षेत्र में शोध कार्य भी पर्याप्त नही है, अत: शोधकार्य हेतु प्रोत्साहन भी दिया जाना चाहिए। एम.पी. दीक्षित का यह सुझाव बेहतर

प्रतीत होता हैं कि विधि-विद्यालयो को न्यायालय से उसी प्रकार सम्बद्ध करना चाहिए जैसे कि मेडिकल कॉलेजो को अस्पतालों से सम्बद्ध किया जाता हैं। विद्यार्थियों को व्यवहारिक प्रशिक्षण देने में भी यह उपयोगी होगा।

उचित होगा यदि प्रत्येक राज्य में एक विधि शिक्षा समिति की स्थापना की जाये और राष्ट्रीय स्तर पर एक अखिल भारतीय विधिक शिक्षा समिति की स्थापना की जाए। राज्य समिति को अखिल भारतीय समिति की देखरेख एवं नियंत्रण में कार्य करें चाहिए। राज्य समिति राज्य में विधि शिक्षा देने वाले संस्थानो का निरीक्षण करना चाहिए। इसे स्वच्छ परीक्षा के निमित्त उचित कार्यवाही करने की शक्ति प्राप्त होनी चाहिए। इसके सदस्यगण परीक्षा के दौरान उड़ाका दल के रूप में कार्य करें। परीक्षा में नकल होने पर इसे परीक्षा निरस्त करने की शक्ति प्राप्त होना चाहिए, साथ ही उसे किसी विधि-विद्यालय अथवा विश्वविद्यालय के विधि विभाग में छात्रो की संख्या के निर्धारण की भी शक्ति प्राप्त होना चाहिए।

विधिक शिक्षा के उत्थान के निमित्त विधिज्ञ परिषद्, विधि शिक्षक, न्यायाधीशगण एवं सरकार सभी का सहयोग आवश्यक है। विधि शिक्षा से संबंधित मामलो में इन सभी की सहमति से निर्णय लेना बेहतर होगा। यह भी ध्यान रखना चाहिए कि विधि-शिक्षको के पूर्ण सहयोग के बिना विधि शिक्षा सम्बन्धी योजनाओं का कार्यान्वयन उचित रूप से करना दुष्कर होगा। विधि शिक्षको के अनुभव को दृष्टीकृत रखते हुए विधि स्नातक पाठ्यक्रम बनाने एवं परीक्षा सम्बन्धी नियम बनाने का कार्य विधि शिक्षको को ही दिया जाना चाहिये।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. भारत का संविधान - डॉ. जयनारायण पाण्डेय
2. जनहित वकालत, विधिक सहायता एवं विधिक सेवायें - डॉ. कैलाश राय
3. लीगल एण्ड पब्लिक इन्ट्रेस्ट लायरिंग एण्ड पैरा लीगल सर्विसेज - डॉ. बसन्तीलाल पाण्डेय.
4. भारत का संविधान - डॉ. बसन्तीलाल बावेल
5. लोकहितवाद, विधिक सहायता एवं विधिक सेवायें, लोक अदालत तथा पैरा-लीगल सेवायें-प्रो. (डॉ.) हरिमोहन मितल

**फुटनोट:-**

1. AIR 1980 SC 1579
2. AIR 1978 SC 1548
3. AIR 1984 SC 1802
4. AIR 1992 SC 189

*************

# श्राद्ध माता-पिता के ऋण से उऋण होने के लिए सरल मार्ग

**डॉ. दादूभाई त्रिपाठी***

* व्याख्याता, कांगेर वैली अकादमी, निकट पं रविशंकर विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग.) भारत

**प्रस्तावना -** मनुष्य सभी ऋणों से मुक्त हो सकता है किन्तु माता-पिता के ऋण से मुक्त होना संभव नहीं है, क्योंकि माता-पिता जो कुछ अपनी संतान के लिए करते हैं, उसका मूल्यांकन संभव नहीं है। इसलिए उनका इसमें उनका समर्पण उनकी देन अतुलनीय है और पितृपक्ष में उन्हें स्मरण कर उनके लिए पूजा अर्चना करना हमारी सांस्कृतिक परंपरा है। जिससे हमें सुख एवं संतुष्टि प्राप्त होती है इसीलिए मानवीय मर्यादाओं में पितरों का श्राद्धादिक कर्म करना श्राद्ध कर्म करने की आवश्यक आवश्यक है। शास्त्रों में कहा गया है कि पुत्र अपने पिता के श्राद्ध के उद्देश्य से जितने कदम गया क्षेत्र की ओर चलता है, उतने ही कदम उनके पितरों के लिए स्वर्गारोहण सोपान बन जाते हैं। वायुपुराण में ऐसा कहा गया है।

गृहाच्चलितमात्रेण,गयायां गमनं प्रति।
स्वर्गारोहणसोपानं,पितृणां च पदे पदे।।
(वायुपुराणम् 105, 9, 39)

अत्यधिक शुद्धता के साथ देव ऋषि तथा पितरों का तर्पण करना चाहिए। इसीलिए पितृपक्ष के अवसर पर उन्हें श्राद्ध कर्म के द्वारा संतुष्ट करने से सुख समृद्धि प्राप्त होती है आश्विन मास के पितृपक्ष में पितरों को आशा लगी रहती है कि उनके पुत्र-पौत्र आदि तिलांजलि प्रदान कर उन्हें संतुष्ट करेंगे इसी आशा से पितर, पितृ लोक से पृथ्वी लोक पर आते हैं।

'पितरस्तस्य शापं दत्त्वा प्रयान्ति च' (नारद खंड)

अगर उन्हें यह सब नहीं मिलता तो वह न केवल निराश लौटते हैं बल्कि क्रोध आवेश में शाप तक दे देते हैं।

ब्रह्म पुराण पुराण में वर्णन आता है कि मृत प्राणी बाध्य होकर श्रद्धा न करने वाले अपने सगे संबंधियों का रक्त चूसने लगते हैं।

'श्राद्धं न कुरूते मोहात तस्य रक्तं पिबन्ति ते।' (ब्रह्म पुराण)

शास्त्र सम्मत जो बातें हैं उसके अनुसार जिस प्रकार काशी में व्यक्ति की मृत्यु होने पर उसे सायुज्य मोक्ष की प्राप्ति होती है। ठीक उसी प्रकार गया में मृत आत्मा को पिंडदान आदि कर देने से उन्हें ऊर्ध्व गति की प्राप्ति होती है।

काश्यां मरणान्मुक्तिः (काशी खंड)

श्राद्ध तर्पण एवं पिंडदान की परंपरा गया में कब से प्रारंभ हुई इसके पीछे अनेक मत मतान्तर हैं। आदि वैदिक युग में जब शवदाह की परंपरा प्रचलित नहीं थी तो लोग शव को देश की भूमि में समाधि दे दिया करते थे। किंतु उत्तर वैदिक काल में सिर्फ शवदाह की ही परंपरा थी। हालांकि उस युग में भी कहीं-कहीं दाह और समाधि इन दोनों ही परंपराओं का उल्लेख मिलता है। निष्कषर्तः भारत में दाह कर्म के प्रचलन के साथ ही वैदिक पितृ पिंडदान की परंपरा शुरू हुई।

जहाँ तक श्राद्ध, पिंडदान एवं तर्पण के पीछे छिपी वैज्ञानिकता का प्रश्न है उसके अनुसार इन दोनों पितृ पक्ष विशेष अवधि में चंद्रमा अन्य महीनों की अपेक्षा पृथ्वी के अधिक निकट हो जाता है। इस कारण उसकी आकर्षण शक्ति का प्रभाव पृथ्वी तथा उसमें अधिष्ठित प्राणियों पर विशेष रूप से पड़ता है। तभी जितने सूक्ष्म शरीर युक्त जीव चंद्रलोक के ऊपरी भाग में स्थित पितृ लोक में जाने के लिए बहुत समय से चल रहे होते हैं या चल पड़ते हैं। उनके उद्देश्य से उनके संबंधियों द्वारा प्राप्त पिंड अपने अंतर्गत सोम के अंश से उन जीवों को अध्यायित करके, उनमें विशिष्ट शक्ति उत्पन्न करके बिना अपनी सहायता के ही पितृलोक में उपलब्ध करा देता है। तब वह पितर भी उनकी ऐसी सहायता पाकर उन्हें हृदय से समृद्धि तथा वंश वृद्धि का आशीर्वाद देते हैं।

आश्विन मास के कृष्ण पक्ष की मृतक तिथि में यहां सभी मृतक पितरों के श्राद्ध किए जाते हैं। प्रतिवर्ष आश्विन मास एवं तिथि में जो श्राद्ध किए जाते हैं उसके पीछे भी कारण यह है कि वह तिथि ही कारण होती है। चंद्रमा की चंद्र गति के अनुसार उस समय चंद्रलोक में वे भीतर इस मार्ग में स्थित होते हैं जब वह इस तिथि में मरकर मार्ग को प्राप्त हुए थे। तब वह सूक्ष्म अग्नि से प्राप्त कराए हुए उसे श्राद्ध के सूक्ष्म अंश को अनायास प्राप्त कर लेते हैं।

अब श्राद्ध सामग्री पर ही विचार करें तो श्राद्ध के समय पृथ्वी पर कुश रखे जाते हैं और कुशों पर फूल फल एवं अक्षत आदि में पिंड प्रदान किए जाते हैं, उसके पीछे भी एक अलग विज्ञान छिपा है। चावल और जव में ठंडी बिजली होती है,तथा तिल और दूध में गर्म बिजली होती है, जबकि तुलसी में इन दोनों ही प्रकार की बिजली मौजूद होती है। जब कोई वेदविद् कर्मकांडी तथा ज्ञानी विद्वान अपने नियत पद प्रयोग परिपाटी वाले तथा नियम के अनुसार पितृ गानों से संबंध संबंध वेद मन्त्रों को पढ़ता है तब नाभि चक्र से समुचित वायु पुरुष के शरीर में एकाएक उष्ण विद्युत उत्पन्न करके उसे शरीर से अलौकिक वैदिक क्रिया सिद्ध विद्युत भी पिंडों में प्रवेश करता है।

यूँ तो श्राद्ध के संबंध में हमारे धर्मशास्त्रों में बहुत कुछ लिखा गया है। कहा गया है कि मृत्यु के बाद कर्ण को चित्रगुप्त ने मोक्ष देने में असमर्थता व्यक्त की। कर्ण ने कहा - मैंने तो सारी सम्पदा दान पूण्य में ही समर्पित की है। इसके उपरान्त भी मेरे ऊपर यह कैसा ऋण शेष रह गया है, जो मुझे मुक्ति नहीं मिल रही है। चित्रगुप्त का उत्तर था- राजन देवऋण और ऋषि-ऋण से मुक्त हो चुके हैं, पर आपके ऊपर पितृऋण शेष है। जब तक आप इस ऋण से

मुक्त नहीं होंगे, तब तक आपको मोक्ष मिलना कठिन होगा। इसके बाद धर्मराज ने कर्ण को यह व्यवस्था दी कि आप सोलह दिनों के लिए पुनः पृथ्वी पर जाइए तथा अपने ज्ञात और अज्ञात पितरों का श्राद्धतर्पण विधिवत् करके आइए, तभी आपको मोक्ष की प्राप्ति होगी और फिर कर्ण ने ऐसा ही किया।

श्राद्ध कर्म में जहां सुपात्र ब्राह्मण को भोजन कराने की व्यवस्था है, वहीं उसके भोजन सामग्री पर भी विशेष ध्यान दिया गया है। विष्णु पुराण के अनुसार श्राद्ध काल में भक्ति और विनम्रचित्ता से उत्तम ब्राह्मणों को यथाशक्ति भोजन करना अनिवार्य माना गया है। असमर्थ होने पर श्रेष्ठ ब्राह्मणों को कच्चा धान्य और थोड़ी दक्षिणा भी दे देने से यह क्रिया सार्थक हो जाती है। यदि उसमें भी असमर्थ हों तो केवल आठ तिलों से ही श्रद्धांजलि दी जा सकती है। यह भी ना हो सके तो कहीं से गाय का चारा लाकर श्रद्धा और भक्तिपूर्वक गाय को खिला देने से श्राद्ध का फल प्राप्त हो जाता है। उपर्युक्त सभी वस्तुओं के अभाव में सिर्फ एकांत में खड़े होकर श्रीसूर्य आदि दिक्पालों से हाथ उठाकर अपनी असमर्थता और अपने पितरों के प्रति अगाध श्रद्धा निवेदित कर देने से भी श्राद्ध का कर्म सफल मान लिया जाता है

नेमेऽस्ति वित्तं न धनं न चान्य,
च्छ्राद्धोपयोग्यं स्वपितृन्नतोस्मि।
तृप्यन्तु भक्त्या पितरौ मयैतौ,
कृतौ भुजौ वर्त्मनि मारूतस्य।।

श्राद्ध कर्म में चावल, दूध और तिल को मिलाकर जो पिंड बनाते हैं उसे 'सपिंडीकरण' कहते हैं। पिंड का अर्थ है 'शरीर'। यह एक पारंपरिक विश्वास है, जिसे विज्ञान भी मानता है कि प्रत्येक पीढ़ी के भीतर मातृकुल तथा पितृकुल दोनों में पहले के पीढ़ियों के समन्वित गुणसूत्र उपस्थित होते हैं। चावल के पिंड जो पिता, दादा, परदादा और पितामह के शरीरों का प्रतीक है। उन्हें आपस में मिलाकर फिर अलग बाँटते हैं। यह प्रतीकात्मक अनुष्ठान जिन-जिन लोगों के गुणसूत्र श्राद्ध करने वाले की अपनी देह में है, उनकी तृप्ति के लिए होता है। श्राद्ध उस संतुष्टि की प्राप्ति का माध्यम है और श्राद्ध पक्ष में अपने पूर्वजों के लिए अपनी सामर्थ्य के अनुसार जो भी कर पाते हैं, उसमें कहीं न कहीं हमारी आत्मा को भी संतुष्टि प्राप्त होती है। इस कारण सभी पुत्रों को गया श्राद्ध करना पुत्रधर्म है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. वायुपुराण गीताप्रेश, गोरखपुर-2010
2. अन्त्यकर्म श्राद्धप्रकाश, गोरखपुर-2015
3. ब्रह्मपुराण, गोरखपुर-2010
4. मरणोत्तर श्राद्धकर्मविधान - श्रीरामशर्मा, युगनिर्माण योजना गायत्री तपोभूमि, मथुरा 2005
5. सुगम श्राद्धविधि- पं दिगम्बर झा, प्रज्ञा प्रकाशन, बेगूसराय विहार।

**************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# दक्षिणी राजस्थान में जनंसंख्या की व्यावसायिक संरचना का एक तुलनात्मक भौगोलिक विश्लेषण (2001-2011)

**डॉ.राजेन्द्र कुमार मेघवाल***

* सहायक आचार्य भूगोल (वीएसवाय) राजकीय महाविद्यालय छोटी सरवन, बांसवाड़ा (राज.) भारत

**शोध सारांश -** राजस्थान के दक्षिणी भाग में स्थित भीलवाड़ा, राजसमन्द, उदयपुर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़ एवं प्रतापगढ वाला यह क्षेत्र दक्षिणी राजस्थान के नाम से जाना जाता हैं। प्रदेश का अक्षांशीय विस्तार $23^{0}$1‘10‘‘ से $26^{0}$1‘15‘‘ उत्तरी अक्षांश तथा $73^{0}$1‘10‘‘ पूर्वी देशान्तर से $75^{0}$43‘30‘‘पूर्वी देशान्तर तक अवस्थित हैं। इसका क्षेत्रफल 47397 वर्ग किमी है जो समस्त राजस्थान के क्षेत्रफल 342239 वर्ग किमी का 13.85 प्रतिशत हिस्सा हैं। इसका विस्तार पूर्व से पश्चिम 240 किमी तथा उत्तर से दक्षिण 210किमी हैं। यह क्षेत्र मध्यप्रदेश एवं गुजरात राज्यों की सीमा से जुड़ा हुआ हैं। उत्तर पूर्व से बूंदी एवं कोटा जिले पूर्व से रतलाम, मंदसौर एवं झाबुआ जिले (मध्यप्रदेश) तथा दक्षिण-पूर्व से गुजरात राज्य के बनासकांठा, सांबरकांठा तथा पंचमहल और पश्चिम में पाली तथा सिरोही जिलों से घिरा हुआ हैं। शोध क्षेत्र में 1981 में 47 तहसीले हैं, 1991 में 49 तथा वर्ष 2001 में तहसीलो की संख्या 51 हो गई। भारत की जनगणना 2011 के अनुसार तहसीलों की संख्या 54 हैं।सन् 2001 में क्षेत्र की कुल जनसंख्या 10046881 थी, जो राजस्थान की कुल जनसंख्या (56507188) का 17.78 प्रतिशत हिस्सा थी। सन् 2011 में क्षेत्र की कुल जनसंख्या 12231763 है, जो राज्य की कुल जनसंख्या (68548437) का 17.84 प्रतिशत हिस्सा हैं।जिसमें पुरुष जनसंख्या 50.64 प्रतिशत तथा महिला 49.36 प्रतिशत हैं। 2001 से 2011 के मध्य दशकीय वृद्धि दर 21.75 प्रतिशत रही हैं। दशकीय वृद्धि दर 2001 (25.64) की तुलना में -3.89 की गिरावट दर्ज की गई हैं जो क्षेत्र में शिक्षा, चिकित्सा, स्वास्थ्य सुविधाओं के बेहतर उपलब्धता का परिणाम हैं। 1901 से 2011 के मध्य 111 वर्षो की दशकीय वृद्धि दर का विश्लेषण करने से ज्ञात हुआ कि 1931, 1941, 1961, 1971, 1981 तथा 2001 में दशकीय वृद्धि दर धनात्मक रही तथा 1921, 1951, 1991, व 2011 के वर्षो में दशकीय वृद्धि दर ऋणात्मक रही । अध्ययन क्षेत्र में आज भी लोग मानसूनी कृषि पर रहकर अपना जीवनयापन करते है जिसके कारण क्षेत्र में अकार्यशील जनसंख्या का प्रतिशत ज्यादा हैं।



**प्रस्तावना -** वर्तमान युग में जनसंख्या वृद्धि के अनुरुप विकास के आयाम सुनिश्चित होते हैं। अत: शोध के अन्तर्गत जनसंख्या संरचना का विश्लेषण आवश्यक हैं। मानव आर्थिक एवं सांस्कृतिक संरचनाओं उत्पादन, उपभोग, विनिमय, वितरण तथा राजस्व द्वारा क्षेत्रीय व प्रादेशिक विकास को आधार प्रदान करता हैं। दक्षिणी राजस्थान के भौगोलिक स्वरुप में मृदा, खनिज,वनस्पति जल संसाधन में क्षेत्रीय एवं स्थानिक विभिन्नताएँ मौजुद है इन्ही विभिन्नताओं ने प्रदेश में जनांकिकीय विषमताओं को जन्म दिया हैं। अध्ययन क्षेत्र में मुख्य कार्यशील, सीमान्त कार्यशील तथा अकार्यशील जनांकिकीय पक्षों की प्रवृतियों को उजागर करने के साथ -साथ व्यावसायिक जनसंख्या की प्रवृति को समझने में सहायक होगा।

**अध्ययन के उद्देश्य-** शोध क्षेत्र में व्यावसायिक जनसंख्या की संरचना का अध्ययन करने हेतु निम्न उद्देश्य हैं:

1. दक्षिणी राजस्थान में कुल कार्यशील जनसंख्या का विश्लेषण करना (2001-2011)
2. कुल जनसंख्या में से मुख्य, सीमान्त, तथा अकार्यशील जनसंख्या का तुलनात्मक विश्लेषण करना।
3. दक्षिणी राजस्थान की व्यावसायिक जनसंख्या की संरचना का विश्लेषण, शोध क्षेत्र एवं राजस्थान राज्य के संदर्भ में करना।

**परिकल्पना:**

1. दक्षिणी राजस्थान के विभिन्न जनसांख्यिकीय वर्ग जो कृषि, विनिर्माण और परिवहन जैसे कई अन्य क्षेत्रों में कार्यरत हैं, एक प्रदेश की

व्यावसायिक संरचना का गठन करते हैं।

2. क्षेत्र में कार्यरत जनसंख्या का प्रतिशत भिन्न-भिन्न हैं, उनके घटकों का पता लगाकर भावी व्युह रचना प्रस्तुत करना हैं।
3. मनुष्य या मानव जाति आने वाले कल का अनुमान लगाकर पूर्व तैयारी की रुपरेखा प्रस्तुत करना चाहता हैं।

**विधि तंत्र-** प्रस्तुत शोध कार्य में विवरणात्मक, विश्लेषणात्मक, शोध विधियों का प्रयोग किया गया हैं।

1. भारत की जनगणना 2001-2011 से द्वितीयक आंकड़े प्राप्त किए गए हैं।
2. राजस्थान की जिला सांख्यकीय रुपरेखा द्वारा द्वितीयक आंकड़ों का संग्रहण किया गया।
3. राजस्थान की कूल जनसंख्या में दक्षिणी राजस्थान की जनसंख्या का तुलनात्मक विश्लेषण किया गया हैं।
4. शोध क्षेत्र की व्यावसायिक संरचना का तुलनात्मक विश्लेषण 2001-2011 के मध्य किया गया।

**दक्षिणी राजस्थान में व्यावसायिक जनसंख्या संरचना –** किसी राष्ट्र या क्षेत्र की कूल जनसंख्या में कार्यरत जनसंख्या के विभिन्न व्यवसायों में संलग्नता की स्थिति को जनसंख्या व्यावसायिक संरचना कहा जाता हैं। इसे सक्रिय जनसंख्या के रुप में भी अभिव्यक्त किया जाता हैं। इसमें मनुष्य प्राथमिक कार्य में आखेट, मत्स्य पालन, संग्रहण, कृषि,पशुपालन, वानिकी में मधुमक्खी पालन आदि क्रियाओं में सम्मिलित रहता हैं। द्वितीयक व्यवसाय में विनिर्माण उद्योग तथा शक्ति उत्पादन सम्मिलित हैं। प्रत्येक व्यवसाय में परिवहन, व्यापार, संचार, बैंकिंग प्रणाली एवं सेवाएँ सम्मिलित हैं। चतुर्थक व्यवसाय में उच्च सेवाएँ, भावी योजनाएँ, प्राविधिक ज्ञान, अनुसंधान तथा नवीन शोध क्रियाएँ सम्मिलित हैं।

व्यावसायिक संरचना प्रदेश में जनसंख्या की कार्यशीलता के स्वरुप को इंगित करती है जिससे अध्ययन क्षेत्र के आर्थिक तथा सामाजिक विकास का स्वरुप निर्धारित होता हैं। यह संरचना प्रदेश के भौगोलिक क्षेत्र में होने वाले कार्यो तथा उपयोग में लिए जाने वाले संसाधनों तथा कार्यशील तथा अकार्यशील जनसंख्या की वस्तुस्थिति को स्पष्ट करता हैं।

**व्यावसायिक जनसंख्या का अर्थ –** 'वह व्यक्ति जो लाभ, बिना लाभ के आर्थिक उत्पादक क्रियाओं में संलग्न है या एक वर्ष की अवधि में किया गया कार्य।'

**क्रियाशील सक्रिय जनसंख्या –** 'वह जनसंख्या जो पारिश्रमिक व्यावसायिक कार्यो में संलग्न हैं इन्ही कार्यो से अपनी आजिविका कमाने वाले जनसमूह को आर्थिक दृष्टि से क्रियाशील सक्रिय जनसंख्या कहते हैं, जिसमें से 15-59 वर्ष के स्त्री -पुरुष की जनसंख्या सम्मिलित हैं।'

**स्रोत: Census Of India 2011**

**निष्क्रिय जनसंख्या –** 'जनसंख्या का जो भाग लाभकारी, आर्थिक कार्यो में भाग नहीं लेता है, जिसमें घरेलु कार्यो में लगे व्यक्ति, सेवानिवृत व्यक्ति, छात्र, रॉयल्टी, किराया, पेन्शन आदि पर निर्भर व्यक्ति शामिल हैं।'

**स्रोत: Census Of India 2011**

- **कुल कार्यशील जनसंख्या (2001-2011)-** इसमें मुख्य कार्यशील तथा सीमान्त कार्यशील जनसंख्या सम्मिलित हैं। शोध क्षेत्र में 2011 में कुल कार्यशील जनसंख्या 5906917 हैं जो अध्ययन क्षेत्र की कूल जनसंख्या 12231763 का 48.29 प्रतिशत है जबकि राज्य की कूल जनसंख्या का 8.62 प्रतिशत हिस्सा हैं। 2001 में शोध क्षेत्र में कूल कार्यशील जनसंख्या 4613713 थी जो अध्ययन क्षेत्र की कूल जनसंख्या 10046881 का 45.92 प्रतिशत हिस्सा थी व राज्य की कूल जनसंख्या का 8.16 प्रतिशत हिस्सा थी। सन् 2001 से 2011 के मध्य कूल कार्यशील जनसंख्या का दशकीय तुलनात्मक अध्ययन किया तो 2001 की तुलना में 2011 में शोध क्षेत्र की कूल जनसंख्या में कार्यशील जनसंख्या का 2.37 प्रतिशत की वृद्धि हुई तथा 2001 की तुलना में 2011 में कुल कार्यशील दशकीय जनसंख्या में 28.03 प्रतिशत की वृद्धि दर देखी गई हैं, जो क्षेत्र में व्यवसाय के सकारात्मक पक्ष को दर्शाता हैं।
- **कुल कार्यशील पुरुष जनसंख्या-**क्षेत्र में 2011 में कुल पुरुष कार्यशील जनसंख्या 3367145 हैं जो कुल कार्यशील जनसंख्या का 57 प्रतिशत, अध्ययन क्षेत्र की कुल जनसंख्या का 27.53 प्रतिशत एवं राज्य की कुल जनसंख्या का 4.91 प्रतिशत हिस्सा हैं।
- **कुल कार्यशील महिला जनसंख्या-** क्षेत्र में 2011 में कूल महिला कार्यशील जनसंख्या 2539772 हैं जो कुल कार्यशील जनसंख्या का 42.99 प्रतिशत, शोध क्षेत्र की कुल जनसंख्या का 20.76 प्रतिशत हिस्सा हैं।

**1. मुख्य कार्यशील जनसंख्या (2001-2011) -**दीर्घकालीन कर्मी वह व्यक्ति है जो एक वर्ष में 6 महीने या इससे अधिक समय तक काय करता हो उसे दीर्घकालिक/मुख्य कार्यशील/मुख्यकर्मी जनसंख्या कहा जाता हैं। इसको चार भागों में बाँटा गया हैं:

1. काश्तकार
2. खेतिहर मजदूर
3. पारिवारिक उद्योगकर्मी
4. अन्य कर्मी

2011 में मुख्य कार्यशील जनसंख्या 3812011 हैं, जो शोध क्षेत्र की कुल कार्यशील जनसंख्या का 64.54 प्रतिशत, दक्षिणी राजस्थान की कुल जनसंख्या का 31.16 प्रतिशत तथा राजस्थान की कुल आबादी का 5.56 प्रतिशत भाग हैं। जबकि 2001 में मुख्य कार्यशील जनसंख्या 3316313 थी जो शोध क्षेत्र की कुल जनसंख्या का 71.89 प्रतिशत तथा राज्य की कुज जनसंख्या का 5.87 प्रतिशत भाग था। 2001 की तुलना में 2011 में मुख्य कार्यशील जनसंख्या में दशकीय वृद्धि दर 14.95 प्रतिशत रहीं हैं, जो क्षेत्र में लगातार रोजगार के साधनों की बढोतरी, सार्वजनिक एवं औपचारिक-अनौपचारिक संस्थाओं द्वारा रोजगार के नित नए अवसर सृजित किए जा रहे हैं।

**(1.1) मुख्य कार्यशील पुरुषकर्मी जनसंख्या-** शोध क्षेत्र में 2011 में मुख्य पुरुषकर्मी जनसंख्या 2607965 हैं जो क्षेत्र की कुल मुख्यकर्मी जनसंख्या का 68.41 प्रतिशत, क्षेत्र की कुल कार्यशील जनसंख्या का 44.15 प्रतिशत तथा राज्य की कुल जनसंख्या का 3.80 प्रतिशत हैं।

**(1.2) मुख्य कार्यशील महिलामकर्मी जनसंख्या –** 2011 में मुख्य महिला कर्मी जनसंख्या 1204096 हैं जो कुल मुख्य कार्यशील जनसंख्या का 31.59 प्रतिशत, कुल कार्यशील जनसंख्या का 20.38 प्रतिशत क्षेत्र की कुल जनसंख्या का 9.84 प्रतिशत तथा राजस्थान की कुल जनसंख्या का 1.76 प्रतिशत भाग हैं।

**2. कुल सीमान्त कार्यशील जनसंख्या (2001-2011) –** वह व्यक्ति जो वर्ष में 6 महीने से कम कार्य करता हो अल्पकालिक कर्मी की श्रेणी में

रखा गया हैं। 2011 में अल्पकालिक कर्मी को दो उपभागों में बाँटा गया हैं-

- वे कर्मी जो वर्ष में 3 से 6 महीने कार्य करते हैं।
- वे कर्मी जो वर्ष में 3 महीने से कम कार्य करते हैं।

1. काश्तकार
2. खेतिहर मजदूर
3. पारिवारिक उद्योगकर्मी
4. अन्य कर्मी

शोध क्षेत्र में 2011 में कुल सीमान्त कर्मी जनसंख्या 2094906 हैं, जो क्षेत्र की कुल कार्यशील जनसंख्या का 35.46 प्रतिशत क्षेत्र की कुल जनसंख्या का 17.13 प्रतिशत तथा राजस्थान की कुल जनसंख्या का 3.06 प्रतिशत हिस्सा हैं, जबकि 2001 में कुल सीमान्त कर्मी जनसंख्या 1297400 थी, जो क्षेत्र की कुल कार्यशील जनसंख्या का 28.12 प्रतिशत, शोध क्षेत्र की कुल जनसंख्या का 12.91 प्रतिशत तथा राज्य की कुल जनसंख्या का 2.30 प्रतिशत हिस्सा थी। 2001 की तुलना में 2011 में दशकीय सीमान्त कर्मी की जनसंख्या में 61.47 प्रतिशत की वृद्धि दर रही हैं, जो क्षेत्र में सीमान्त कर्मी जनसंख्या का आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, समावेशीय विकास के स्तर को दर्शाता हैं।

**2.1 सीमान्त पुरुषकर्मी जनसंख्या -** 2011 में सीमान्त पुरुषकर्मी जनसंख्या 759180 है, जो कुल कार्यशील जनसंख्या का 12.85 प्रतिशत, क्षेत्र की कुल जनसंख्या 6.21 प्रतिशत तथा राज्य की कुल जनसंख्या का 1.10 प्रतिशत हिस्सा हैं। सबसे ज्यादा सीमान्त पुरुषकर्मी जनसंख्या सराड़ा तहसील में 47.62 प्रतिशत हैं जबकि सबसे कम धरियावद में 22.40 प्रतिशत रहीं हैं।

**2.2 सीमान्त महिलाकर्मी जनसंख्या -** 2011 में 1335726 जनसंख्या है जो कुल कार्यशील जनसंख्या का 22.61 प्रतिशत, क्षेत्र की कुल जनसंख्या का 11 प्रतिशत तथा राज्य की कुल जनसंख्या का 1.95 प्रतिशत हैं।

**3. अकार्यशील जनसंख्या (2001-2011) -** इनके अन्तर्गत वे लोग सम्मिलित हैं जो वर्ष में कोई कार्य नहीं करते हैं इनमें विद्यार्थी, आश्रित, पेंशनर्स, भिखारी, आदि सम्मिलित हैं। 2011 में कुल अकार्यशील जनसंख्या 6324846 है, जो शोध क्षेत्र की कुल जनसंख्या का 51.71 प्रतिशत राज्य की कुल जनसंख्या का 9.23 प्रतिशत हैं, जबकि 2001 में कुल अकार्यशील जनसंख्या 5433168 थी जो क्षेत्र की कुल जनसंख्या का 9.62 प्रतिशत हिस्सा थी। 2001 से 2011 के मध्य 891678 अकार्यशील जनसंख्या की वृद्धि हुई जो 16.41 प्रतिशत दशकीय वृद्धि दर को दर्शाता हैं।

**3.1 अकार्यशील पुरुष जनसंख्या -** 2011 में गैरकर्मी जनसंख्या 2826932 है जो शोध क्षेत्र की कुल जनसंख्या का 23.11 प्रतिशत तथा राज्य का 4.12 प्रतिशत हिस्सा है। 54 तहसीलों में सबसे ज्यादा अकार्यशील पुरुष जनसंख्या पीपलखूँट तहसील में 50.70 प्रतिशत तथा सबसे कम गिर्वा उदयपुर में 38.12 प्रतिशत रहीं है।

**3.2 अकार्यशील महिला जनसंख्या -**2011 में अकार्यशील महिला जनसंख्या 3497914 है, जो शोध क्षेत्र के कुल जनसंख्या का 28.60 प्रतिशत तथा राज्य का 5.10 प्रतिशत है सबसे ज्यादा अकार्यशील महिला जनसंख्या गिर्वा 61.88 प्रतिशत तथा सबसे कम पीपलखूँट में 49.30 प्रतिशत रही हैं।

| क्र. | कार्यशील जनसंख्या | 2001 | | 2011 | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | जनसंख्या | प्रतिशत | जनसंख्या | प्रतिशत |
| 1 | मुख्य कार्यशील जनसंख्या | 3316313 | 71.88 | 3812011 | 64.53 |
| 2 | सीमान्त कार्यशील जनसंख्या | 1297400 | 28.12 | 2094906 | 35.47 |
| 3 | कुल कार्यशील जनसंख्या | 4613713 | 100 | 5906917 | 100 |

**स्रोत: भारतीय जनगणना सारणी (2001-2011)**

**सारणी 1 का आलेख कुल कार्यशील जनसंख्या का तुलनात्मक विश्लेषण 2001-2011**







मुख्य कार्यशील, सीमान्त कार्यशील तथा अकार्यशील/गैर कार्यशील जनसंख्या का तुलनात्मक विश्लेषण (2001-2011)

**सारणी -2**

| क्र. | व्यावसायिक संरचना | 2001 | | 2011 | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | जनसंख्या | प्रतिशत | जनसंख्या | प्रतिशत |
| 1 | मुख्य कार्यशील जनसंख्या | 3316313 | 33.02 | 3912011 | 31.16 |
| 2 | सीमान्त कार्यशील जनसंख्या | 1294400 | 12.89 | 2094906 | 17.13 |
| 3 | गैर कर्मी/अकार्यशील जनसंख्या | 5433168 | 54.09 | 6324846 | 51.71 |
| | कुल जनसंख्या | 10046881 | 100 | 12231763 | 100 |

**सारणी 2 का आलेख मुख्य कार्यशील, सीमान्त कार्यशील तथा अकार्यशील/गैर कार्यशील जनसंख्या का तुलनात्मक विश्लेषण (2001-2011)**







**सारांश –** दक्षिणी राजस्थान में जनसंख्या के व्यावसायिक संरचना का भौगोलिक सांख्यिकीय विधियों के के तुलनात्मक विश्लेषण से ज्ञात हुआ है कि अध्ययन क्षेत्र में 2001 की तुलना में 2011 में आंशिक परिवर्तन देखने को मिला है, इसका मुख्य कारण दक्षिणी राजस्थान का यह क्षेत्र जनजातिय उपयोजना क्षेत्र (टी.एस.पी.) के रुप में जाना जाता हैं। यहाँ पर भौगोलिक प्राकृतिक विषमताएँ, उबड़–खाबड़ धरातल, पठारी तथा पर्वतीय भू–भाग अधिक होने के कारण यहाँ पर औद्योगिक विनिर्माण की क्रियाओं का विकास मंद गति से हो रहा हैं उसके साथ ही जनजातीय जनसंख्या अधिक होने के कारण अधिकांश लोग रुढिवादी विचारधारा से ओत–प्रोत होने के कारण प्राथमिक आर्थिक क्रियाओं पर ज्यादा निर्भर रहते हैं। भविष्य में इस क्षेत्र में शिक्षा, चिकित्सा, तथा रेल मार्ग का नेटवर्क तेजी से बढ़ाना होगा तभी क्षेत्र में नए रोजगार के साधनों का सृजन होगा क्योंकि दक्षिणी राजस्थान की अधिकांश जनसंख्या आज भी रोजगार के लिए गुजरात, महाराष्ट्र, तथा मध्यप्रदेश राज्यों की ओर मौसमी व्यवसायों के लिए प्रवास करती हैं इस प्रवास को तभी कम किया जा सकता हैं जब राज्य तथा केन्द्र सरकार द्वारा इस क्षेत्र में लघु तथा वृहद औद्योगिक इकाईयों का निर्माण किया जाए जिससे यहाँ कि 51.71 अकार्यशील जनसंख्या को रोजगार प्राप्त हो सके।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. Census of India, Rajasthan 1991
2. Census Of India, Rajasthan 2001
3. Census Of India, Rajasthan 2011
4. Basic Statistics, Rajasthan 2005
5. Statistical Abstracts, 2003
6. Economics survey Rajasthan, Jaipur 2005-06
7. TRI Udaipur Rajasthan.
8. Population Research centre, MLSU Udaipur.
9. www.rajasthan.gov.in
10. www.censusindia.gov.in

**************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# Conflict between Hate Speech and Indian Laws

**Pawan Kumar Chaurasia***

***Asst. Prof., Pt. Motilal Nehru Law College and Research Center, Chhatarpur (M.P.) INDIA**

**Abstract -** Now –a –days hate speech between two rival persons having different religion, cast, creed etc, political parties, countries have become a fashion in the name of right to speech and expression. India is not untouched from this disease as India is a country where person of all religion is found. Therefore India is called the country of diversity. But in India this right is not absolute as it is given under Article 19 (1) (a) of Constitution and restriction can be imposed on the right on the ground mentioned in Article 19(2) of the Constitution. Apart from this some special Acts are also controlled the hate speech in the name of right to speech and fetters have been imposed on the right.

**Introduction -** Words war between opposing political, social, and economic ideologies are being witnessed by the international community. It's not hard to imagine that in the not too distant future, speeches made at social events and on social media will ignite a brand-new form of conflict. Defaming and dehumanizing are the new tools that society uses to humiliate individuals on a large scale. These days, hate speech is mistakenly associated with the concept of freedom of expression. Social media's accessibility has allowed people the freedom and chance to express their opinions about concepts or individuals.

We have all experienced hate at some time in our life. The rise in popularity of hate speech can be attributed to the recent development of the mass media as the primary news distribution channel. Hate speech is now the best technique to ruin someone's reputation and cause suffering for others. Mass hate speech has the power to destroy people's lives and goals, as demonstrated by the leader of the CAA's few remarks that sparked riots. The many aspects of hate speech and its legality in India will be covered in this essay.

**Hate Speech:** Hatred is a common feeling in our culture and one we experience on a daily basis. Many lawmakers, academics, jurists, and others have made statements that are indicative of hate speech. The year 2018 was dubbed "THE ERA OF ONLINE HATE," according to reports, as many people used internet platforms to disseminate hate speech on a large scale[1].

Hate speech is defined as any communication that disparages another person based on their race, ethnicity, gender, religion, age, handicap, or any other comparable reason. However, the greatest testament to our free speech legal system is that it safeguards the right to voice the opinions we find objectionable [2].

Hateful Conduct = Hate Speech + Directed Action

When a communication targets a specific individual and is accountable for the consequences, it is considered hate speech.

**Freedom of Speech and expression:**The Indian Constitution stipulates in Article 19(1) (a) that every person has the right to freedom of speech and expression [3].The sole purpose of this article is to allow Indian citizens to speak their opinions while imposing some fair limitations.

**The followings are the underlying premises of freedom of speech and expression:**

1. No foreign citizen is granted the freedom to exercise this right; only Indian citizens are.
2. This right allows for the freedom to communicate one's opinions in any format, including written or spoken words, images, and more.
3. The government is authorized to enact laws supporting and opposing the freedom of speech and expression since it is not an unalienable right.

**Article 19(2) addresses limitations placed on the right to free speech and expression as follows:-**

**Security of State:** When the security of the state is questioned, it is forbidden for someone to freely voice their opinions [4].

**Friendly relation between foreign countries:** Article 19(2) prohibits speech, expression, and phrases that cause a breach in the relationship between India and other foreign nations. Such acts will be prosecuted as crimes.

**Public order:**Why State security and public order are distinct. When the public order is called into question, it is crucial to protect it and uphold its legitimacy [5].

**Contempt of court:** Any remarks that violate the court's decorum[6] are not forbidden under the right to free speech and expression[7].

**Incitement of any offence:** Any remarks that encourage others to commit crimes are forbidden in any way.

**Sovereignty and integrity of India:** It is forbidden for anybody to say anything that compromises India's integrity or sovereignty [8].

**Defamation:** Any statement[9] made by a person at any level via any media that disparages another person or society in any way is forbidden unless it serves the general welfare and lawfulness.

**Penal provisions for hate speech:**

**Indian Penal Code, 1860:** Section 124A punishes sedition, Section 153 provides for "promoting enmity between different groups on grounds of creed, race, place of birth, residence, language, etc. and committing acts prejudicial to the maintenance of harmony".

Section 153B punishes accusations, assertions harmful to national integration.

Section 295A punishes "willful and malicious acts aimed at infuriating the religious feelings of any class by insulting its religion or religious beliefs. Section 298 punishes words etc. with intent to offend the religious feelings of any person. Decisions 505(1) and (2) punish the publication or distribution of statements, rumors or messages that cause public nuisance and enmity, hatred or malice between classes.

**The Representation of the People Act, 1951:** Section 8 prohibits a person from running for office if he has been convicted of an offense involving the unlawful exercise of freedom of expression.

Section 123(3A) and Section 125 prohibits the promotion of hatred on the basis of religion, race, caste, community or language relating to elections as a corrupt electoral practice and disables it.

**The Protection of Civil Rights Act, 1955:** Decision 7 punishes incitement and incitement of immunity by words, whether spoken or written or by signs or visible images or otherwise.

**The Religious Institutions (Prevention of Misuse) Act, 1988**:- Section 3(g) prohibits a religious institution or its head from allowing premises owned or controlled by the institution to be used to promote or promote strife, hatred, enmity, ill will between different religious, racial, linguistic or regional groups or castes or communities.

**The Code of Criminal Procedure, 1973**:- Section 95 empowers the state government to destroy publications punishable under Sections 124A, 153A, 153B, 292, 293 or 295A of the IPC. Section 107 empowers a public officer or breach of public peace or breach of public peace public peace any illegal act likely to cause a breach of the peace or disturb the public peace. Section 144 empowers a District Judge, a Sub-Divisional Judge or any other Executive Magistrate with special powers. the State Government issues an order in that name in case of urgent disturbances or detected dangerous situations. The crimes mentioned above are cognizable. Thus, it affects serious civil liberties and gives the police the right to arrest without a judge's order and without a warrant, as set out in Section 155 of the Penal Code. Anger is an emotion that can be hidden behind curtains of a person. a statement that people might consider logical and natural. Apart from concealment, there are some key points that help identify hate in a statement or speech. According to the report [11], punishment will be imposed on anyone involved in hate speech against their origin, region or place of birth. up to 2 years or a fine of 5000 or both.

Effect of Internet and Social media\Internet is good and bad for society. Nowadays it is very difficult to imagine our life without the internet, but even though it is so useful and important in our lives, it somehow violates our privacy and also gives rise to hate speech. With the internet, there is a lot of hate speech. And the number of hate crimes is on the rise. It is said that what is said online is the result of offline chaos and because geography and time have no effect on the internet; hate speech affects many people across borders.

**How does India regulate online hate speech?** Social media has created new rules for how hate spreads through it. Now the government can order the authorities to delete such a post along with all user data within 24 hours so that action can be taken against him. Although social media platforms like Facebook,b YouTube and Twitter have taken appropriate measures to stop hate peech by developing some guidelines, it is difficult to stop hate speech when it comes to leaders who intentionally or unintentionally spread hate through their speech, causing anxiety and harm. to humanity.[12]

**Effect of hate speech on Article 19 of Constitution.** The freedom of speech and expression is one of the basic freedoms given to the citizens of the country [13]. The main idea of Liberty was to have different opinions on all new things. Freedom of speech and freedom of expression mainly governs the diversity of popular opinions, so unpleasant[14] or harmful speech is also protected by the state. Nowhere is hate speech defined as property, although there is an application that describes the level of hate speech.

Freedom of speech has always been considered an important part of any democracy. Rather, the doctrine of free speech conflicts with the state's power to regulate speech. The overview of the international legal system regarding hate speech stated that the exercise of freedom of expression is often treated as the freedom to discriminate and insult people in society.

Hate is expected of great importance. In the era of the Internet, when it is available to the public for a very short period of time, the Human Rights Council in its report restricted freedom of expression in some cases for the following reasons: Child pornography Hate speech that affects the community.

**Conclusion:**Hate is a subject of debate because of its

intellectual nature. Since hate speech is considered part of Article 19 freedom of speech and expression, distinguishing it from healthy speech becomes very difficult. Hate speech can be manipulated in various ways, which makes it difficult to criminalize under the provisions of the IPC, which makes it difficult to prosecute hate speech in court.

After examining all aspects of hate speech and freedom of speech and expression, it can be said that the laws are in place and it is necessary to revise and strengthen the revision penalties. Hate speech has become a universal problem these days because the Internet is accessible to everyone. it is payable for all the contracts of the society.

So that it does not affect the society and does not damage or offend someone's reputation and faith, a hugely transparent system is needed. Speech promoting violence and discrimination in many aspects can be punished. To fight hate speech, we need a wider forum where everything can transparently discussed and results can be achieved, because this is a battle that cannot be fought alone.

**References:-**

1. 2018 was the year of online hate. Meet the people whose lives it changed on https://www.washington post.com/business/technology/2018-was-the-year-of-online-hate-meet-the-people-whose-lives-it-changed/2018/12/28/95ac0558-f7dd-11e8-8c9a-860ce2a8148f_story.html?noredirect=on
2. Matal v. Tam, 2017 on http://www.ala.org/advocacy/intfreedom/hate
3. http://www.legalserviceindia.com/legal/article-572-constitution-of-india-freedom-of-speech-and-expression.html
4. People's union of civil liberties(PUCL)v. union of India
5. Romesh Thapar's case [AIR1950SC124]
6. Section2 of the contemptact,1971
7. E.M.S. Namboodripad v. T.N. nambar(1970)2SCC235; AIR 1970SC2015
8. Was added by the constitution(sixteenth amendment) act,1963
9. Affecting the religious believes or background or place of birth or colour or caste
10. Report given by the commission, headed by justice B.S. Chauhan
11. Hate Speech on Social Media: Global Comparisons, https://www.cfr.org/backgrounder/hate-speech-social-media-global-comparisons
12. Handyside v. United Kingdom, Application no. 5493/72(1976)
13. New York Times v. Sullivan, 376 U.S. 254 (1964)
14. Ibid.

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# Acharya Vinoba Bhave A Social Reformer

**Dr. Arvind Sirohi***

***Assistant Professor (Cont.) (Sociology) C.C.S.University Campus, Meerut (U.P.) INDIA**

**Introduction -** Acharya Vinoba Bhave (Vinayak Narahari Bhave) well knewas a philosopher whose thought and words inspired many peoples in different ways. Millions of the followers from India and around the world know him as a scholar and a man of God. He was a great social reformer, educationist, freedom fighter and follower of Gandhian principles.Chiefly he advocates Human Rights in India and a national teacher. He was born atKolaba District, Maharashtra on 11th September 1895. His mother Rukmini Devi was a very religious lady so he believed in the supremacy of God. He totally controlled his mind as he was away from 'Desires' and 'Ego'. He always wants to serve the poor peoples of the country. Strongly he advocates for land less peoples. He always strongly believes in universal brotherhood. He said that, "Water, Air and Land are the free gifts of God; it should be distributed in accordance to the need of the peoples".

1. **Miniaturization and Portability**:Ongoing developments are focused on miniaturizing gamma ray Spectrometry equipment, making it more portable and accessible for field applications. This trend opens doors for real-time, on-site analysis in agriculture and food quality control.
2. **Automation and Integration**: Integrating gamma ray Spectrometry with automation and data analytics tools is becoming more prevalent. This allows for faster data processing, real-time decision-making, and seamless integration with other quality control technologies.
3. **Multimodal Sensing**: Combining gamma ray Spectrometry with other sensing techniques like hyperspectral imaging and acoustic sensors enables a more comprehensive assessment of food and crop quality. This multi-sensor approach provides a more holistic view of the sample.
4. **Machine Learning and AI**: Machine learning and artificial intelligence are increasingly applied to gamma ray Spectrometry data analysis. These technologies can improve the accuracy of quality assessments and allow for the detection of subtle patterns and anomalies.
5. **Spectroscopic Imaging:** Advancements in imaging systems are allowing for spatial mapping of elemental composition. This capability can be invaluable for pinpointing areas of concern in larger agricultural fields or during food processing.
6. **Non-Radioactive Sources**: Research into alternative sources of gamma radiation, such as Xray fluorescence, is gaining traction.

Nonradioactive sources reduce safety and regulatory

concerns associated with traditional gamma sources. [13][14]

**Conclusion:** In conclusion, gamma ray spectroscopy represents a valuable asset in the continuous pursuit of safer and more sustainable food production and agriculture practices. As technology continues to evolve and research progresses, its potential to revolutionize quality assurance in these sectors is substantial. Interdisciplinary collaboration and ongoing innovation will be essential in fully realizing the benefits of gamma ray spectroscopy in the

**References :-**


1. ojtyla P, Beer J, Stavina, P. Experimental and simulated cosmic muon background of a Ge spectrometer equipped with a top side anticoincidence proportional chamber. NuclInstr Methods Phys Res B. 1994; 86: 380–386.
2. 10.Seo B, Lee K, Yoon Y, Lee D. Direct and precise determination of environmental radionuclides in solid materials using a modified Marinelli beaker and a HPGe detector. Fresenius J Anal Chem. 2001; 370:264–269.
3. 11.Valkovic V. Determination of radionuclides in environmental samples. In: Barcelo D, editor. Environmental Analysis: Techniques, Applications and Quality. Amsterdam: Elsevier Science Publishers; 1993, p. 311–356.
4. 12.Wallbrink P, Walling D, He Q. Radionuclide measurement using HPGE gamma spectrometry. In: Zapata F, editor. Handbook for the Assessment of Soil Erosion and Sedimentation Using Environmental Radionuclides. Amsterdam: Springer; 2003. ISBN 978-0306-48054-6. p. 67–87.
5. 13.Lederer M, Shirley V. Table of Isotopes. 7th ed. New York: Wiley & Sons; 1978. ISBN: 0-471-04179-3.
6. 14.Erdtmann G and Soyka W. The Gamma Rays of the Radionuclides. Weinheim: Verlag Chemie; 1979. ISBN: 3-52725816-7.
7. 15.Wahl W. α–β–γ-Table of Commonly Used Radionuclides, Version 2.1; 1995. D83722 Schliersee.
8. 16.Firestone R, Shirley V. Table of Isotopes. 8th ed. New York: Wiley & Sons; 1999. ISBN: 978-0-471-35633-2
9. 17.Legrand J, Perolat J, Lagourtine F, Le Gallic Y. Table of Radionuclides. Atomic Energy Agency, Gif-sur-Yvettes, France 1957.
10. 18.Amiel S (Ed.). Nondestructive Activation Analysis, Amsterdam: Elsevier; 1981. ISBN: 0-444-41942-X.
11. 19.Parry S. Handbook of Neutron Activation Analysis. Woking: Viridian Publishing; 2003. ISBN: 0-9544891-1-X.
12. 20.Zehringer M, Stöckli M. Determination of total bromine residue in food and nonfood samples. Chimia2004;59:112.
13. 21.The Federal Department of Home Affairs. Ordinance on Contaminants and Constituents in Food; 1995.
14. 22.Zehringer M, Testa G, Jourdan J. Determination of total Iodine content of food with means of Neutron Activation Analysis (NAA). Proceedings of the Swiss Food Science Meeting (SFSM '13); 2013; Neuchatel.
15. 23.Bhagat P et al. Estimation of iodine in food, food products and salt using ENAA. Food Chem. 2009; 115: 706–710.

| Radionuclide | | Energy (keV) | Emission probability ε (%) | Interferences |
|---|---|---|---|---|
| 7Be | Direct | 477.61 | 10.3 | |
| 40K | Direct | 1460.8 | 10.67 | |
| 226Ra | Direct | 186.2 | 3.5 | 235U (185.72keV; 57.2%) |
| | 214Pb | 295.21 | 18.2 | 211Bi (351.06keV; 12.91%) |
| | 214Pb | 351.92 | 35.8 | |
| | 214Bi | 609.32 | 44.6 | |
| | 214Bi | 1120.3 | 14.8 | |
| | 214Bi | 1764.5 | 15.4 | |
| 228Ra | 228Ac | 338.32 | 11.3 | |
| | 228Ac | 911.21 | 26.6 | |
| | 228Ac | 968.97 | 15.8 | |
| 228Th | 224Ra | 240.99 | 4.0 | 214Pb (241.98; 7.12%) |
| | 212Pb | 238.63 | 43.3 | 228Ac (583.41 keV; 0.114%) |
| | 212Pb | 300.09 | 3.3 | |
| | 208Tl | 277.36 | 2.3 | |
| | 208Tl | 583.17 | 30.5 | |
| | 208Tl | 860.56 | 4.5 | |
| 227Ac | 227Th | 235.97 | 12.1, 11.2 | |
| | 227Th | 256.5 | 7.0 | |
| | 223Ra | 269.5 | 13.7 | |
| 235U | Direct | 143.76 | 10.96 | 226Ra (186.1; 3.51%) |
| | | 163.33 | 5.08 | 228Ac (204.10; 0.171%) |
| | | 185.72 | 57.2 | |
| | | 205.31 | 5.01 | |
| 238U | 234Th | 63.28 | 4.3 | 232Th (63.81; 0.267%) |
| | 234Th | 92.37 | 2.5 | Weak line |
| | 234Th | 92.79 | 2.4 | |
| | 234MPa | 766.37 | 0.21 | Weak line |
| | 234MPa | 1001.03 | 0.84 | |
| 210Pb | Direct | 46.54 | 4.2 | Weak line |

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# उद्योग के क्षेत्र में ई-कॉमर्स का बड़ता योगदान

**नवीन कुमार बिठौरे* डॉ. बी.आर. नलवाया****

* शोधार्थी, राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मंदसौर, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत
** शोध निर्देशक, राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मंदसौर (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** ई-कामर्स, साहित्य समीक्षा के संदर्भ में ई-कामर्स के वर्तमान और भविष्य के पहलुओं के बारे में चर्चा की इक्कीसवी सदी ने ऑनलाइन व्यापारो के लिए अनेक अवसर एवं प्रतिस्पर्धा का वातावरण प्रदान किया। ई कामर्स का प्रमुख लक्ष्य व्यावसायिक क्षेत्र को बढ़ाना और वैश्विक स्तर पर अपने उत्पादो और सेवाओं के लिए आज मार्केट को तलाशना है। ई-कामर्स बहुत तेजी से फैल रहा है और आज बहुत बड़ी कम्पनियां ई-कामर्स के लिए इन्फास्ट्रक्चर प्रदान कर रही है, जैसे कि Salefoce, ebay, amazon and Hp1 ई-कामर्स कई प्रकरा के होते है B2C, B2B, C2B, C2C, B2G, and G2B ई-कामर्स से पेपर वर्क बहुत ही कम होने लगा है। ई-कॉमर्स से मध्यस्थता समाप्त हो गई है जिससे उपभोक्ता को सस्ती वस्तुएँ उपलब्ध होती है। लेकिन ई-कामर्स के माध्यम से सारे प्रोडक्ट नही मिल पाते है। ई-कामर्स के माध्यम से प्रोडेक्ट खरीदने पर उपभोक्ता को सुविधाएँ भी मिलती है जैसे Cas back guarantee, cash on delivery, fast delivery, discounts, access to branded products इत्यादि।

**प्रस्तावना –** ई-कॉमर्स की शुरूआत 1960 के दशक में हुई, जब व्यवसायों ने अन्य कंपनियों के साथ व्यावसायिक दस्तावेज साझा करने के लिए ईडीआई का उपयोग करना शुरू किया। 1979 में, अमेरिकी राष्ट्रीय मानक संस्थान ने व्यवसायों के लिए इलेक्ट्रानिक नेटवर्क के माध्यम से दस्तावेज साझा करने के लिए एक सार्वभौमिक मानक के रूप में ASC X12 विकसित किया।

1980 के दशक में एक-दूसरे के साथ इलेक्ट्रानिक दस्तावेज साझा करने वाले व्यक्तिगत उपयोगकर्ताओं की संख्या बढने के बाद, 1990 के दशक में ईबे और अमेजन के उदय ने ई-कॉमर्स उद्योग में क्रांति ला दी। उपभोक्ता अब केवल ई-कॉमर्स विक्रेताओं जिन्हें ई-टेलर्स भी कहा जाता है, और ई-कॉमर्स क्षमता वाले ईट और मोर्टार स्टोर से कई वस्तुएं ऑनलाइन खरीद सकते हैं। अब लगभग सभी खुदरा कंपनियाँ ऑनलाइन व्यवसाय प्रथाओं को अपने व्यवसाय मॉडल में एकीकृत कर रही हैं।

इलेक्ट्रानिक कामर्स मुख्य रूप से इन्टरनेट तथा अन्य कम्प्यूटर नेटवर्क जैसे इलेक्ट्रानिक प्रणालियों पर सेवाओं तथा वस्तुओं के वितरण क्रय, विक्रय, विपणन तथा वस्तुओं की सेवाओं का नाम हैं। इक्कीसवी सदी ने ऑनलाइन व्यापारों के लिए अनके अवसर एवं प्रतिस्पर्धा का वातावरण प्रदान किया है। अनेक ऑनलाइन व्यापारिक कंपनियों की स्थापना हुई है। अनेक ऑनलाइन शाखाएँ खोल सखी है।

ई-कामर्स कंपनियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके प्लेटफार्म पर लिस्टेट प्रोडक्ट पर वह किस देश का बना हुआ है यह मौजूद रहे यानी कि कंट्री ओफ ओरिजन। यह एक बेहद मुश्किल टास्क है क्योंकि अमेजॉन और फ्लिपकार्ट पर लाखो प्रोडक्ट लिस्ट है इस नियम को लागू करने में जो सबसे बडी मुश्किल हो सकती है, वह यह है कि जब भी ग्राहक ओनलाइन खरीदारी करे तो उसे आंयातित प्रोडक्ट या सर्विस का लोकल ई-कॉमर्स कंपनियां और सेलर्स दोनों ही कोई उत्साह नहीं है।

ई-कॉमर्स प्लेटफार्म पर कुछ प्रोडक्ट ऐसे भी होते है जिन्हे खरीद लेने के बाद वापस नहीं किया जा सकता। आमतौर पर ओनलाइन शॉपिंग में फ्री एक्सचेंज या रिफंड की पेशकश रहती है। कंज्यूमर से स्पष्ट तौर पर उसकी मंजूरी जान लेना ग्राहक के लिए ऑनलाइन शोपिंग अनुभव को बेहतर ही बनाएगा।

**ई-कॉमर्स काम कैसे करता है –** ई-कॉमर्स इंटरनेट द्वारा संचालित होता है। यहा पर ग्राहक अपने डिवाइस के माध्यम से उत्पादों या सेवाओ को ब्राउज करने और ऑर्डर देने के लिए ऑनलाइन स्टोर तक पहुचते है।

जैसे ही ऑर्डर दिया जाएगा, ग्राहक का वेब ब्राउजर ई-कॉमर्स वेबसाइट को होस्ट करने वाले सर्वर के साथ आगे संचार करेगा। ऑर्डर से संबंधित डेटा एक केंद्रिय कंप्यूटर पर रिले किया जाएगा जिसे ऑर्डर मैनेजर के रूप में जाना जाता है। फिर इसे उन डेटाबेसों को अग्रेषित किया जाएगा जो इन्वेंट्री स्तरों का प्रबंध करते हैं, एक व्यापारी प्रणाली जो PayPal जैसे एप्लिकेशन का उपयोग करके भुगतान जानकारी का प्रबंध करती है, और एक बैंक अंत में यह वापस ऑर्डर मैनेजर के पास जाएगा। यह सुनिश्चित करना है कि ऑर्डर को संसाधित करने के लिए स्टोर इन्वेंट्री और ग्राहक फंड पर्याप्त हैं। ई-कॉमर्स लेनदेन की मेजबानी करने वाले प्लेटफार्मों में ऑनलाइन मार्केटप्लेस शामिल हैं जिनके लिए विक्रेता साइन अप करते हैं, जैसे अमेजन, एक सेवा के रूप में सॉफ्टवेयर उपकरण जों ग्रहकों को ऑनलाइन स्टोर के बुनियादी ढांचे को किराए पर लेने की अनुमति देता है, यह ओपन सोर्स टूल जिन्हें कंपनियां अपने इन-हाउस डेवलपर्स का उपयोग करके प्रबंधित करती हैं।

**ई-कॉमर्स के प्रकार :**

**व्यवसाय-से-उपभोक्त (बी2सी) –** बी2सी ई-कॉमर्स कंपनिया इसमें सिधे अपने सामान को उपभोक्ता तक पहुचाती है सेवाएं प्रतिष्ठान या कम्पनी से किसी उपभोक्ता को बेची जाती है।

**व्यापार-से-व्यापार (बी2बी) –** बी2सी के समान, एक ई-कॉमर्स व्यवसाय किसी उपयोगकर्ता को सीधे सामान बेच सकता है। हालाँकि, वह

उपयोगकर्ता उपभोक्ता होने के बजाय कोई अन्य कंपनी हो सकती है। बी2बी लेनदेन में अक्सर बडी मात्रा, अधिक विशिष्टताओं और लंबी लीड अवधी की आवश्यकता होती है।

**उपभोक्ता से उपभोक्ता (सी2सी) –** एक प्रकार का ई–कॉमर्स है जिसमें उपभोक्ता एक–दूसरे के साथ उत्पादों, सेवाओं और सूचनाओं का ऑनलाइन व्यापार करते हैं। ये लेन–देन आम तौर पर किसी तीसरे पक्ष के माध्यम से किए जाते हैं जो ऑनलाइन प्लेटफॉर्म प्रदान करता है जिस पर लेन–देन किया जाता है। उदाहरण के लिए किसी की ऑनलाइन नीलामी होना।

**बिजनेस–टू–गर्वमेंट (बी2जी) –** कुछ संस्थाएँ सरकारी ठेकेदारों के रूप में एजेंसियों या प्रशासनों को सामान या सेवाएँ प्रदान करने में विशेषज्ञ है। बी2बी संबंध के समान, व्यवसाय मूल्य की वस्तुओं का उत्पादन करता है और उन वस्तुओं को एक इकाई को भेजता है।

**उपभोक्ता–से–व्यवसाय (सी2बी) –** आधुनिक प्लेटफार्मो ने उपभोक्ताओं को कंपनियों के साथ अधिक आसानी से जुडने और उनकी सेवाए प्रदान करने की अनुमति दी है, विशेष रूप से अल्पकालिक अनुबंधों, गिग्स या अवसरों से संबंधित। उदाहरण के लिए, अपवर्क पर लिस्टिंग पर विचार करें।

**उपभोक्ता–से–गर्वमेंट (सी2जी) –** पारंपरिक ई–कामर्स संबंध से कम, उपभोक्ता सी2जी साझेदारी के माध्यम से प्रशासन, एजेंसियों या सरकारों के साथ बाताचीत कर सकते हैं। ये साझेदारिया अक्सर सेवा के आदान–प्रदान में नहीं बल्कि दायित्व के लेन–देन में होती हैं।

**आप ई–कॉमर्स व्यवसाय कैसे शुरू कर सकते हैं –** अपना व्यवसाय शुरू करने से पहले आपको यह सुनिश्चित करना होगा कि आप कौन से उत्पादो और सेवाओं को बेचने जा रहे है और बाजार में आपके कितने प्रतिस्पधी और अपेक्षित लागतों पर ध्यान देना होता है।

इसके बाद एक नाम के साथ आए, एक व्यवसाय संरचना चुने और दस्तावेज (करदाता संख्या, लाइसेंस और यदि वे आवेदन करते है तो परमिट) प्राप्त करें।

इससे पहले कि आप बिक्रि शुरू करें, एक प्लेटफॉर्म तय करें और अपनी वेबसाइट डिजाइन करें (या किसी से यह आपके लिए करवाए)।

शुरूआत में सब कुछ सरल रखना याद रखे और सुनिश्चित करें कि आप अपने व्यवसाय का विपणन करने के लिए जितना संभव हो उतने चैनलों का उपयोंग करें ताकि यह बढ सके।




**ई–कॉमर्स के उद्देश्य :**

1. ग्राहक की संतुष्टि का पता लगाना की उसको क्या चाहिए उसे वह उपलब्ध करवाना।
2. कागजी काम को कम करना तथा समय के पत्राचार में खर्च करें।
3. ग्राहाको की सेवाओं में आने वाली परेशानियों को सुधारना।
4. इसकी बिक्रि के दायरे को बढाना।
5. सप्लायरों और ग्राहकों के साथ संवाद को सरल बनाना।
6. आगे आने वाले ई–कामर्स मार्केट में पोजीशन को बनाये रखना।
7. बडती हुई लागत को कम करना।
8. प्रोडक्ट की क्वालिटी का ध्यान रखना ग्राहक को अच्छि वस्तु उपलब्ध करवाना

**ई–कामर्स के लाभ और हानि :**

**लाभ –** ई–कॉमर्स उपभोक्ताओं को निम्नलिखित लाभ प्रदान करता है:

1. सुविधा – ई–कामर्स दिन के 24 घंटे, सप्ताह के सातों दिन हो सकता है। हालाँकि ई–कॉमर्स में बहुत काम लग सकता है, फिर भी जब आप सोते हैं तो बिक्री उत्पन्न करना या अपने स्टोर से दूर रहने के दौरान राजस्व अर्जित करना अभी संभव है।

2. बढा हुआ चयन – कई स्टोर अपने ईंट और मोर्टार समकक्षों की तुलना में ऑनलाइन उत्पादों की एक विस्तृत श्रंखला पेश करते हैं। और कई स्टोर जो पूरी तरह से ऑलनाइन मौजूद हैं, उपभोक्ता को विशेष इन्वेन्ट्री की पेशकश कर सकते हैं जो अन्यत्र उपलब्ध नहीं है।

3. ई–कॉमर्स की मदद से बिजनस को पूरी दुनिया में फैला सकते है ये हमारे देश तक ही सीमित न रहकर इसको वर्ल्ड वाइड पब्लिश कर सकते है।

4. प्रोडक्ट के बारे में हम रिव्यू, कमेन्ट में बता सकते है ताकि दूसरे को वो चीज खरीदते समय समझ में आ सकता है की प्रोडक्ट के बारे में दूसरे लोगों की क्या राय है।

5. किसी भी चीज को ठीक तरह से जांच पडताल कर सकते है तथा दूसरे प्रोडक्ट के साथ तुलना भी कर सकते है।

6. ई–कॉमर्स से पेपर वर्क बहुत ही कम होने लगा है।

7. अंतर्राष्ट्रीय बिक्री – जब तक एक ई–कॉमर्स स्टोर ग्राहक को माल भेज सकता है, एक ई–कॉमर्स कंपनी दुनिया में किसी को भी बेच सकती है और यह भौतिक भूगोल द्वारा सीमित नहीं हैं।

**हानि –** ईकॉर्स के साथ कुछ कमियां भी आती है। नुकसान में शामिल है :

1. प्रौद्योगिकी पर निर्भतता – यदि आपकी वेबसाइट क्रैश हो जाती है, भारी मात्रा में ट्रेफिक एकत्र करती है, या किसी भी कारण से अस्थायी रूप से बंद कर दी जाती है, तो आपका व्यवसाय ई–कॉमर्स स्टोरफ्रंट वापस आने तक प्रभावी रूप से बंद हो जाता है।

2. उच्च प्रतिस्पर्धा – इसका मतलब है कि अन्य प्रतिस्पर्धी आसानी से बाजार में प्रवेश कर सकते हैं। ई–कॉमर्स संपनियों के पास सावधनिपूर्वक विपणन रणनीतियाँ होनी चाहिए और यह सुनिश्चित करने के लिए कि वे डिजिटल उपस्थिति बनाए रखें एसईओं अनुकूलन पर मेहनती रहें।

3. खर्चीली – ई–कॉमर्स वेबसाइट, एप्लीकेशन बनाने के लिए काफी खर्चीली होती है।

4. कई सारे प्रोडक्ट इन्टरनेट के माध्यम से नहीं मिल पाते है।

5. किसी भी नई वेबसाइट पर भरोसा करना थोडा मुश्किल है।

6. सिक्यूरिटी के बारे में हमेशा सतर्क रहना पड़ता है।

**निष्कर्ष –** छोटे तथा बड़े दोनों ही प्रकार की कम्पनियों को बाजार में उतरने तथा अन्तर्राष्ट्रीय बाजाज पर काबू करने के लिए ई–कॉमर्स अत्यन्त शक्तिशाली कारक है। इण्टरनेट इसीलिए ग्राहक सेवा तथा सपोर्ट के लिए

महत्वपूर्ण माध्यम है। ई–कॉमर्स ई–बिजनेस चलाने का सिर्फ एक हिस्सा है। जबकि उत्तरार्द्ध में ऑनलाइन व्यवसाय चलाने की पूरी प्रक्रिया शामिल है, ई–कॉमर्स का तात्पर्य केवल इंटरनेट के माध्य से वस्तुओं और सेवाओं की बिक्री से है। ई–कॉमर्स कंपनियों ने खुदरा उद्योग के काम करने के तरीके को बदल दिया है, जिससे प्रमुख, पारंपरिक खुदरा विक्रेताओं को अपने व्यापार करने के तरीके को बदलने के लिए मजबूर होना पड़ा है। इण्टरनेट के माध्यम से कम्यूनिकेशन अधिक प्रभावशाली हुआ है तथा इसमें गति सहतजा आई है और यह सस्ती हुयी है। इण्टरनेट की सहायता पूरी दुनिया क लोग एक दूसरे से बगैर बहुत अधिक खर्च के तथा विश्वसनीय रूप से जुड़ते है। टेक्नीकल इन्फ्रास्ट्रक्चर के रूप में यह वैश्विक नेटवर्क का एक संकलन है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**


1. सीता, अनुराग ई–कॉमर्स प्रयाग प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड, मथुरा, 2014
2. राघव, सतीष कुमार ई–कॉमर्स मारूति प्रकाशन दिल्ली रोड, मेरठ 2014
3. इंटरनेट
4 नईदुनिया, दैनिक भास्कर
5. www.esalestrack.com>blog>2008/09


*************

# वर्तमान में जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव, वित्तीय सहायता एवं निवारण हेतु उपाय

**अंचल रामटेके***

* सहायक प्राध्यापक (प्राणीशास्त्र) राजाभोज शासकीय महाविद्यालय, मण्डीदीप, जिला रायसेन (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** जलवायु का तात्पर्य किसी क्षेत्र विशेष में रहने वाले औसत मौसम से होता है। वर्तमान में जलवायु परिवर्तन का दुष्प्रभाव स्पष्ट रूप से मानव जीवन, कृषि, मौसम तथा पशुओं पर देखा जा सकता है। ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन तथा निर्वनीकरण के कारण जलवायु में परिवर्तन हो रहा है। जिससे तापमान में वृद्धि, तुफान, सूखा, परिस्थितिक तंत्र पर प्रभाव स्वास्थ्य पर प्रभाव, भोजन में कमी, मृदा की गुणवत्ता में कमी, आदि प्रभाव उत्ळणन हो रहे है। इन परिवर्तनों को रोकने हेतु विश्व बैंक द्वारा UNFCCC, LDCF, SCCF, एडेप्टेशन फंड, हरित जलवायु कोष की स्थापना तथा वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। अत: जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों के निराकरण हेतु प्रतिरोधक कृषि को बढावा देना, बडे बांधों को मजबूत बनाना, भू जल संरक्षण , तटों की सुरक्षा, सौर ऊर्जा को बढावा देना आदि उपाय किए जाने चाहिए।

**शब्द कुंजी–** जलवायु परिवर्तन, ग्रीन हाउस गैसें।

**प्रस्तावना –**जलवायु परिवर्तन का प्रभाव संपूर्ण विश्व में देखा जा सकता है। यह किसी स्थान विशेष में भी महसूस किया जा सकता है। जलवायु किसी क्षेत्र विशेष में लंबे समय तक का औसत मौसम होता है। अत: जब किसी क्षेत्र विशेष के औसत मौसम में परिवर्तन आ जाता है तो इसे जलवायु परिवर्तन कहते है।

पृथ्वी का अध्ययन करने वाले वैज्ञानिकों के अनुसार पृथ्वी के तापमान में निरन्तर वृद्धि हो रही है जिसका मानव जाति पर प्रभाव पड रहा है।

**उद्देश्य–** इस पेपर का उद्देश्य वैश्विक तथा भारतीय स्तर पर जलवायु परिवर्तन के कारणों तथा इस हेतु किए गए उपायों का अध्यन करना है।

**अध्ययन स्त्रोत –** इस पेपर हेतु इंटरनेट, समाचार पत्र – पत्रिकाँए आदि का प्रयोग द्वितीयक डाटा स्त्रोत के रूप में किया गया।

**जलवायु परिवर्तन के कारण:**

1. **ग्रीन हाउस गैसे–** इसके अंतर्गत मुख्य रूप से कार्बन डाई आक्साइड मीथेन, तथा क्लोरोफ्लोरो कार्बन शामिल है।

2. **निर्वनीकरण –** औद्योगीकरण तथा शहरीकरण के कारण वृक्षों की कटाई से जलवायु परिवर्तन हो रहा है। पेड़ एक प्राकृतिक यंत्र है जो कार्बन डाई ऑक्साइड को अवशोषित करते है।

**जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न प्रभाव :**

**1. तापमान में वृद्धि –** पावर प्लांट, ऑटोमोबाइल, वनों की कटाई तथा ग्रीन हाउस गैसों को उर्त् उत्सर्जन पृथ्वी के तापमान में वृद्धि कर रहा है यदि ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को रोकने की विशेष उपाय करने की आवश्यकता है अन्यथा पृथ्वी के तापमान में वृद्धि 10 डिग्री फेरनहाइट तक हो जाएगी।

**2. समुद्र के जल स्तर में वृद्धि –** ग्लोवल वार्मिग के कारण ग्लेशियर पिघल रहें है तथा समुद्र के जल स्तर में वृद्धि हो रही है।

**3. भयंकर तुफान –** तापमान में वृद्धि से नमी अधिक वाष्पित होती है, जिससे वर्षा एवं बाढ में अधिकता आती है। इस कारण भयंकर तूफान आते है गर्म होते महासागर उष्णकटि बंधीय तूफानों की आवृत्तिा में वृद्धि करते हैं जिससे आने वाले तूफान घर तथा जन समुदाय को नष्ट कर देते है यह आर्थिक नुकसान को बढावा देता है।

**4. सूखा–** जलवायु परिवर्तन के कारण सूखा बढ रहा है क्योंकि समय पर तथा पर्याप्त मात्रा में वर्षा नही हो रही है। इसका सबसे अधिक दुष्प्रभाव कृषि पर पड रहा है तथा पारिस्थितिक तंत्र कमजोर हो रहा है।

**5. जीवों के अस्तित्व पर संकट –** जीवों की अधिकांश प्रजातियाँ भूमी तथा जल पर वास करती है। जलवायु परिवर्तन से भूमी तथा समुद्र में जीवों के अस्तित्व पर संकट उत्पन्न हो गया है। इसके फलस्वरूप अगले कुछ वर्षो में कई लाख प्रजातियां नष्ट हो जाएगी क्योंकि सभी प्रजातियाँ बदलते जलवायु परिवर्तन के अनुरूप स्वंय को अनुकुलित करने में सक्षम नही है।

**6. समुद्र के तापमान में वृद्धि –** महासागर ग्लोबल वार्मिग से उत्पन्न ताप को सोख लेते है। चूंकि गर्म होने पर पानी में विस्तार होता है अत: समुद्र के आयतन में वृद्धि हो रही है। बर्फ की चादर पिघलने से समुद्र का जल स्तर बढ रहा है। महासागर कार्बनडाईऑक्साइड के अच्छे अवशोषक होते है परन्तु अधिक मात्रा में कार्बनडाईऑक्साइड इसकी अम्लीयता को बढा रहे है। जिससे मूंगा के अस्तित्व को खतरा है

**7. पारिस्थितिक तंत्र पर प्रभाव –** सबाना से लेकर कारण कटिबंधीय वर्षा वन प्रभावित हो रहे है। कीटों , रोगजनक संक्रमणों तथा आक्रामक प्रजातियों का प्रकोप बढने की संभावना है। इसके कारण वन्यजीव तथा वनस्पतियां दोनो प्रभावित हो रहे है तथा पारिस्थितिक तंत्र पर विपरीत प्रभाव पड रह है।

**8. स्वास्थ्य संबंधी समस्याँए –** चूंकि जलवायु परिवर्तन का असर ऋतु चक्र पर पडता है इससे स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न समस्यांए उत्पन्न हो रही है।

**9. भोजन की कमी –** वर्षा में कमी तथा तापमान में वृद्धि होने से फसल

चक्र पूरी तरह से प्रभावित हो रहा है। इससे भोजन में कमी आ रही है अप्रत्याशित बाढ तथा लम्बे समय तक रहने वाला सूखा गंभीर तुफान ये सभी फसलों को बर्बाद कर देते हैं।

**10. मृदा की गुणवत्ता में कमी –** स्वस्थ मृदा कीड़े, बैक्टीरिया, कवक तथा सूक्ष्म जीवों से युक्त होती है। जिससे फसल उत्पादन में वृद्धि होती है लेकिन जलवायु परिवर्तन से मिट्टी की गुणवत्ता को और अधिक प्रभावित किया है।

**11. पशुओं पर जलवायु परिवर्तन का प्रभाव –** जलवायु परिवर्तन से उन प्रजातियों को और अधिक खतरा है जो जैव विविधता के कारण संकट में है। मुख्य रूप से महासागर तथा भूमी की संरचना में परिवर्तन होना, मछली पालन तथा पशुओं का व्यापार। जलवायु परिवर्तन उन स्थानों की संरचना को बदल देता है जिसके प्रति जीव वर्षो से अनुकूलित है। बालरस तथा पेगुइन जैसे वर्फ पर निर्भर रहने वाले प्राणियों का अस्तित्व वर्फ पिघलने के कारण खतरे मे है।

**जलवायु परिवर्तन रोकने हेतु किए गए वित्तीय उपाय–**जलवायु परिवर्तन के संकट का वित्तीय के द्वारा प्रबंधन उतना ही आवश्यक है जितने की अन्य उपाय–

1. व्यापक स्तर पर निवेश के द्वारा उत्सर्जन में कटौती हेतु विभिन्न योजनाए तैयार की जा सकती है।
2. मानव अधिकार संरक्षण विश्व में जलवायु वित्तीय इन्ही संदर्भ में एक वैध मांग के रूप में उभर रहा है।
3. प्रदूषण कर्ता भुगतान करे धारणा :– आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन द्वारा (OECD) पारित है जिसमें जलवायु परिवर्तन की आवश्यकता को रेखांकित किया गया है।
4. भारत द्वारा 2005 के स्तर पर 2020 तक सकल घरेलू उत्पाद के उत्सर्जन की तीव्रता 20–25 प्रतिशत तक कम करने का लक्ष्य है।
5. सत्र 2016 की रिपोर्ट :–

| सत्र | उत्सर्जन की तीव्रता |
|---|---|
| 2005–2010 | 12 प्रतिशत कमी |

6. UNFCCC :– इसके अंतर्गत कार्यशील वित्तीय तंत्र निम्न है

GEF (ग्लोबल एन्वायरमेंट फैसिलिटी ):–

| गठन | उद्देश्य | सोर्स |
|---|---|---|
| 1991 | जैवविविधता , जलवायु परिवर्तन, जल भूमी अवमूल्यन, ओजोन क्षरण आदि हेतु परियोजना चलाने के लिए वित्तपोषित करना। | अनुदान व रियायती फंडिंग |

अल्पविकसित देश कोष (LDCF) :–

| गठन | कार्य |
|---|---|
| इसका गठन NAPAs के निर्माण एवं क्रियान्यन सहायता हेतु। | इस कोष द्वारा अल्प विकासित देशों को कृषि ,प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन जलवायु सूचना में सेवा, आपदा प्रबंधन आदि से मूल्यांकित करना। |

SCCF (विशेष जलवायु परिपर्तन कोष) :–

| गठन | कार्य |
|---|---|
| 2001 | जलवायु परिवर्तन राहत एवं जीवाश्म ईधन निर्भर देशों को आर्थिक विविधीकरण देना। |

एडेप्टेशन फंड :–

| गठन | उद्देश्य | सोर्स |
|---|---|---|
| 2001 | क्वोटो प्रोटोकाल के साझेदार देशों में कार्यक्रमों को वित्त | जलवायु परिवर्तन का सामना कर रहे राष्ट्रो पर ध्यान देना। पोषण करना। |

हरित जलवायु कोष (GCF)

| गठन | उद्देश्य | सोर्स |
|---|---|---|
| 2011 | जलवायु परिवर्तन से निपटने हेतु सहायता राशि उपलब्ध कराना। | 2020 तक विकासशील देशो को 100 विलियन डॉलर उपलब्ध कराना। |

**पेरिस समझौता :**

लक्ष्य :– इस शताब्दी के अंत तक तापमान $2^{0}$c के नीचे रखना।

कारण:– $2^{0}$c से अधिक वैश्विक तापमान होने पर समुद्र का स्तर बढने लगेगा। मौसम मे बदलाव होगा व जल व भोजन का अभाव होगा।

**जलवायु परिवर्तन रोकने हेतु किए जा रहे उपाय:**

**1. प्रतिरोधक कृषि को बढावा देना –**भारत को अपनी जलवायु प्रतिरोधकता को बढाने के लिए विश्व बैंक व्यापक क्षेत्रों में अनुकूलन के बढावा देने के लिए सरकार के साथ काम कर रहा है। किसानों को अपने फसल पैटर्न में विविधता लाने, नवीनतम कृषि जानकारी तक पहुँचने, डिजिटल प्रौद्योगिकी का उपयोग बढाने, मिट्टी और जल प्रबधन में सुधार करने में मदद की जाती है।

**2. बांधों को मजबूत करना –**समय के साथ भारत के 5700 बडे बाँध संरचनात्मक रूप से कमजोर हो गए है। विश्व बैंक के समर्थन से भारत बांध पुर्नवास कार्यक्रम लागू कर रहा है। जिसमें 300 बडे बांधों को मजबूत करने का प्रयास किसा जा रहा है। जिससे निचले प्रवाह में रहने वाले लोगों की सुरक्षा के मानक निर्धारित होंगें।

**3. भूजल का संरक्षण –** विश्व बैंक सात राज्यों में भारत की अटल भू जल योजना दुनिया का सबसे बडा समुदाय आधारित भूजल प्रबंधन कार्यक्रम का समर्थन कर रहा है। ग्रामीणों को उनके पानी के उपयोग अनुसार बजट बनाने, उचित जल धारण संरचनाओं का निर्माण करने और उचित सिचाई तकरनीकों को उपनाने की आवश्यकता है।

**4. बाढ संभावित क्षेत्रों की सुरक्षा –**बिहार की बाढ संवेदनशीलता का समाधान करने हेतु विश्व बैंक राज्य को उनके प्रभाव को कम करने में मदद कर रहा है।

**5. सौर ऊर्जा का उपयोग –**कार्बन उत्सर्जन में बिजली क्षेत्र का प्रमुख योगदान है। विश्व बैंक के सहयोग से रीवा सोलर पार्क में 750 मेगावाट का निजी निवेश किया गया है। 1500 की संयुक्त क्षमता वाले तीन अन्य पार्को को सर्मथन दिया जा रहा है। 2016 में विश्व बैंक से भारत में सोलर रुफ टॉप बाजार शुरू करने में मदद की है।

**6. तटों की सुरक्षा हेतु मैग्रोव लगाना –**मैंग्रोव (कच्छ बनस्पति) समुद्री जीव तथा लुप्तप्राय प्रजातियों का घर है। ये तटीय तूफानों व सुनामी के प्रभाव को कम करते है तथा चार गुना कार्बन अधिक सोखते है। 2010 से विश्व बैंक मैग्रोव लगाने और प्रजातियो की विविधता बहाल करने में मदद कर रहा है।

**7. बैटरियों में नवीकरणीय ऊर्जा का प्रबंधन –**विश्व बैंक बिजली क्षेत्र में बैटरी भंडारण के निवेश को प्रेरित करने तथा इससे जुडे पारिस्थितक

तंत्र के साथ मिलकर स्थाई बाजार लगाने में भारत के साथ काम कर रहा है।

**8. भविष्य के स्वास्थ्य की रक्षा –**जलवायु परिवर्तन से होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं को देखते हुए स्वास्थ्य की रक्षा विश्व बैंक कार्य कर रहा है।

**निष्कर्ष –**अत: जलवायु परिवर्तन को रोकने हेतु किए गए विभिन्न उपायों के द्वारा, विश्व बैंक, द्वारा पोषित वित्तीय सहयोग से जलवायु परिवर्तन से होने वाले हानिकारक प्रभावों को रोका जा सकता है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. रिर्पोट : द वर्ल्ड बैंक
2. www.worldbank.org
3. जैव विविधता और पर्यावरण
4. इंटरनेट

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# नागरिकता संशोधन अधिनियम 2019

**डॉ. आभा सैनी***

* प्रोफेसर एवं अध्यक्षा (राजनीति विज्ञान) जैन कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) भारत

**प्रस्तावना -** नागरिकता एक राजनीतिक स्थिति को दर्शाती है। यह व्यक्ति और राज्य के संबंध को प्रदर्शित करती है। किसी भी देश का नागरिक राजनीतिक समुदाय और राज्य का एक सहभागी सदस्य होता है। किसी भी राष्ट्र में कानूनी आवश्यकताओं को पूरा करके कोई व्यक्ति नागरिक बन सकता है। इसके बदले में राष्ट्रीय सरकार उसे अधिकार और विशेषाधिकार प्रदान करते हैं और नागरिक कानूनों का पालन करते हैं। किसी भी देश के मान्यता प्राप्त नागरिक होने के अनेक फायदे होते हैं, जैसे वहां पर वोट डालने का अधिकार व्यक्ति को प्राप्त हो जाता है, वह वहां जमीन खरीद सकता है, स्थाई रूप से निवास कर सकता है, रोजगार कर सकता है, उस राष्ट्र में सार्वजनिक पद धारण कर सकता है, स्वास्थ्य और शिक्षा से संबंधित सेवाओं और सामाजिक सुरक्षा प्राप्त करने का अधिकार प्राप्त हो जाता है।

**भारतीय संविधान में नागरिकता -** भारतीय संविधान के अनुच्छेद भाग-2 में नागरिकता का वर्णन किया गया है। नागरिकता संघीय सूची का विषय है और संसद के विशेष अधिकार क्षेत्र में आती है। भारतीय संविधान में 'नागरिक' शब्द को परिभाषित नहीं किया गया है, लेकिन अनुच्छेद 5 से लेकर 11 तक नागरिकता प्राप्त करने के तरीकों को बताया गया है। संविधान के यह अनुच्छेद 26 नवंबर 1949 से ही लागू कर दिए गए थे।

अनुच्छेद 5 में संविधान के प्रारंभ पर नागरिकता का वर्णन है, जिस में जन्म लेने वाले अथवा भारत में निवास करने वाले किसी भी व्यक्ति के माता या पिता में से कोई भी एक भारतीय नागरिक है तो उसे भारतीय नागरिक माना जाएगा। यदि किसी के सामान्य रूप से निवास की अवधि 5 साल रही हो तो भी वह भी भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन करने का पात्र होगा।

अनुच्छेद 6 में पाकिस्तान से भारत को पलायन करने वाले व्यक्तियों के नागरिकता के अधिकार बताए गए हैं। 19 जुलाई 1949 से पहले यदि कोई व्यक्ति भारत में प्रवास किया हो और उसकी माता-पिता या दादा-दादी में से कोई भी भारत में जन्म हुआ हो तो वह भारत का नागरिक बन जाएगा लेकिन इसके बाद भारत में आने वाले प्रवासियों को पंजीकरण अनिवार्य होगा।

अनुच्छेद साथ में 7 में पाकिस्तान को प्रवसन करने वाले व्यक्तियों की नागरिकता के अधिकारों का वर्णन है। यह अनुच्छेद पाकिस्तान जाने वाले प्रवासियों को नागरिकता के अधिकार प्रदान करता है। जिसके अनुसार 1 मार्च 1949 को पाकिस्तान जाने वाले ऐसे व्यक्तियों को भारतीय नागरिक माना जाएगा जो कुछ समय बाद ही पुनर्वास के लिए भारत में पुनर्वास परमिट पर आ गए हो। जो व्यक्ति पाकिस्तान से पलायन कर रहे थे और वहां से शरणार्थी घोषित किए गए और फिर भारत में आए तो उनके प्रति भी सहानुभूति रखी गई और उन्हें भारतीय नागरिकता प्रदान की गई।

अनुच्छेद 8 में भारत के बाहर रहने वाले भारतीय व्यक्तियों के नागरिकता के अधिकार बताए गए हैं। जिसके अनुसार भारतीय मूल का कोई भी व्यक्ति जिसके माता-पिता या दादा-दादी में से कोई भारत में पैदा हुआ हो तो वह भारतीय राजनयिक मिशन के अंतर्गत भारतीय नागरिक के रूप में पंजीकृत हो सकता है।

अनुच्छेद 9 में विदेशी राज्य की नागरिकता स्वेच्छा से अर्जित करने वाले व्यक्तियों का नागरिक ना होना वर्णित है। इस अनुच्छेद के अनुसार यदि कोई व्यक्ति स्वेच्छा से किसी भी दूसरे देश की नागरिकता ग्रहण कर लेता है तो वह भारत का नागरिक नहीं रहेगा।

अनुच्छेद 10 में नागरिकता के अधिकारों का बना रहना दिया गया है। इस अनुच्छेद के अनुसार प्रत्येक व्यक्ति जो इस भाग के पूर्व गामी प्रावधान के अनुसार भारत का नागरिक है, वह संसद की बनी हुई कानूनी प्रावधानों के अंतर्गत भारत का नागरिक बना रहेगा।

अनुच्छेद 11 में संसद द्वारा नागरिकता के अधिकार का विधि द्वारा विनियमन किया जाना उचित है। नागरिकता के अधिग्रहण और समाप्ति अथवा इससे संबंधित किसी भी प्रावधान या मसले पर संसद को प्रावधान का अधिकार प्रदान करता है।

**भारत में नागरिकता प्राप्ति के तरीके -** भारत में नागरिकता प्राप्त करने के 4 तरीके हैं। धारा 3 के अनुसार जन्म से किसी भी व्यक्ति को नागरिकता प्राप्त होगी यदि उनका जन्म भारतीय क्षेत्र में हुआ है चाहे उसके माता-पिता की राष्ट्रीयता कोई भी हो। 26 जनवरी 1950 और 1 जुलाई 1987 के बीच जन्म लिए हुए व्यक्तियों पर यह प्रावधान लागू होता है लेकिन यदि उसका जन्म 1 जुलाई 1987 के बाद और 2 दिसंबर 2004 के बीच होता है तो उसके माता-पिता में से यदि कोई भारतीय नागरिक है तभी उसे नागरिकता प्राप्त होगी। 3 दिसंबर 2004 के बाद कोई भी व्यक्ति तभी भारत का नागरिक हो सकता है यदि उसके माता-पिता में से कोई या दोनों भारत के नागरिक हों और उसका जन्म भारत में हुआ है, जन्म के समय अवैध प्रवासी ना हो।

यदि धारा 4 के अनुसार 26 जनवरी 1950 के बाद भारत के बाहर पैदा हुआ व्यक्ति वंश के आधार पर भारतीय नागरिक है। यदि उसके पिता भारत के नागरिक थे 10 दिसंबर 1992 के बाद और 2 दिसंबर 2004 के बीच वंश के आधार पर उसके माता या पिता में से कोई भी एक भारत का नागरिक है तो उसे भारतीय नागरिकता प्राप्त होगी। दिसंबर 2004 के बाद

यदि कोई व्यक्ति वंश के आधार पर भारतीय नागरिकता प्राप्त करना चाहता है तो उसके माता-पिता को यह बताना होगा कि उसके पास किसी अन्य देश का नागरिकता प्रमाण पत्र पासपोर्ट नहीं है और उसका जन्म भारतीय दूतावास में पंजीकृत हो।

धारा 5 के अनुसार पंजीकरण के द्वारा भी कोई व्यक्ति भारत का नागरिक हो सकता है बशर्ते कि वह आवेदन करने से पहले 7 साल भारत में रहा हो, ऐसे व्यक्ति जिनके अवयस्क बच्चे भारत के नागरिकों और भारतीय मूल का वह व्यक्ति जो भारत से बाहर रह रहा हो, भारतीय नागरिक से विवाह करने वाली स्त्री या पुरुष जो पंजीकरण के समय 7 साल से भारत में निवास कर रहे हो।

धारा 6 के अनुसार प्राकृतिक करण के आधार पर भी भारतीय नागरिकता प्राप्त की जा सकती है, बशर्ते कि वह व्यक्ति 12 साल से भारत का नगर निवासी रहा हो और नागरिकता अधिनियम की तीसरी अनुसूची में उल्लिखित योग्यताओं को पूरा करता हो।

भारतीय नागरिकता अधिनियम 1955 नागरिकता प्राप्त करने के तरीकों का प्रावधान करता है अधिनियम में चार बार संशोधन किया गया है। 1986, 2003, 2005 और 2015 (नागरिकता संशोधन अध्यादेश) 1986 का संशोधन जन्म के आधार पर भारतीय नागरिकता का वर्णन करता है। 2003 के संशोधन ने बांग्लादेशी घुसपैठ को रोकने के लिए इसके प्रावधान और अधिक कठोर बना दिए गए। इस संशोधन से भारतीय नागरिकता के प्रावधान रक्त संबंध के संकीर्ण सिद्धांतों की ओर बढ़ गए, जबकि इससे पहले यह जन्म के आधार पर थे। अब एक अवैध प्रवासी व्यक्ति प्राकृतिक करण या पंजीकरण के द्वारा भारतीय नागरिक नहीं बन सकता है जब तक भारत में 7 साल से भारत का निवासी ना रहा हो।

नागरिकता राष्ट्रीय रजिस्टर 1951 के बाद से तैयार किया गया है। इसमें प्रत्येक गांव के घरों को क्रम में दिखाया गया है और उसमें रहने वाले व्यक्तियों को संख्या और नाम का संकेत दिया गया है। यह केवल एक ही बार 1951 में प्रकाशित हुआ था। 1951 का नागरिकता राष्ट्रीय रजिस्टर और 1971 की मतदाता सूची को एक साथ डिलीवरी डाटा कहा जाता है या लीगेसी डेटा कहा जाता है। जिन व्यक्तियों और उनके वंशजों के नाम इसमें दिखाई देते हैं उन्हें भारतीय नागरिक के रूप में प्रमाणित किया गया है।

**भारतीय नागरिकता समाप्ति के तरीके** - किसी भी भारत के नागरिक की नागरिकता निम्न कारणों की वजह से समाप्त हो सकती है:-

1. यदि कोई नागरिक स्वेच्छा से अपनी नागरिकता का परित्याग करता है।
2. अन्य देश की नागरिकता ग्रहण करने पर नागरिकता की समाप्ति।
3. यदि भारत सरकार को यह अनुभव हो कि नागरिकता संविधान के प्रति अनादर किया है या फर्जी तरीके से नागरिकता प्राप्त की है या भारत से बाहर सात वर्षों से रह रहा हो या युद्ध के समय शत्रु देश के साथ गैरकानूनी रूप से संबंध स्थापित किये हो या शत्रु के साथ कोई राष्ट्रविरोधी सूचना साझा की हो। पंजीकरण या प्राकृतिक नागरिकता के पांच वर्ष के दौरान नागरिक को किसी भी देश में दो वर्ष की कैद की सजा हुई हो।

गृह मंत्रालय की एक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2019 में भारतीय नागरिकता छोड़ने वालों की संख्या 1.44 लाख थी जो कोविद काल में 85,256 थी वही 2021 में 1.6 लाख से अधिक भारतीयों ने अपनी भारतीय नागरिकता त्याग दी। बेहतर रोजगार आवास शिक्षा व सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण कारणों से यह प्रवास जारी है।

**नागरिकता संशोधन अधिनियम 2019** - यह अधिनियम अवैध प्रवासियों के कुछ समूहों को भारत की नागरिकता के लिए आवेदन हेतु पात्र बनाता है। 31 दिसंबर 2014 को या उससे पहले भारत में प्रवेश कर चुके अफगानिस्तान, पाकिस्तान और बांग्लादेश के हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई समुदाय के किसी भी व्यक्ति और जिसे केन्द्रीय सरकार ने पासपोर्ट भारत में प्रवेश अधिनियम 1920 के द्वारा या उसके अधीन अथवा विदेशी विषयक अधिनियम 1946 या उसके अधीन बनाए गए नियमों अथवा किए गए आदेशों के लागू होने से छूट दी है को इस अधिनियम के प्रायोजन के लिए अवैध प्रवासी नहीं माना जाएगा।

इस अधिनियम की यह भी विशेषता है कि इसमें देशीयकरण के लिए भारत में उनके निवास की अपेक्षित अवधि को 11 साल से कम करके 5 साल कर दिया गया है। इस अधिनियम में यह भी प्रावधान है इस की संविधान की छठी अनुसूची में सम्मिलित असम, मेघालय, मिजोरम, त्रिपुरा के जनजातीय क्षेत्र और बंगाल पूर्वी सीमांत विनियम 1873 के अधीन अधिसूचित आंतरिक रेखा के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों पर लागू नहीं होगा। इसके अंतर्गत यह भी प्रावधान है इसकी नागरिकता संशोधन अधिनियम 2019 के प्रारंभ की तारीख से इसके अंतर्गत आने वाले किसी भी व्यक्ति के विरुद्ध अवैध प्रवसन या नागरिकता के संबंध में लंबित कोई भी कार्रवाई उसे नागरिकता प्रदान करने पर समाप्त हो जाएगी।

यह अधिनियम 12 दिसंबर 2019 को पारित किया गया और 10 जनवरी 2020 को अधिसूचित किया गया था। 11 मार्च 2024 को अधिनियम को आधिकारिक रूप से घोषित कर लागू कर दिया गया। इसके अंतर्गत आवेदन करने वाले इच्छुक व्यक्ति ऑनलाइन नागरिकता संशोधन अधिनियम की वेबसाइट पर (citizenshiponline.nic.in) आवेदन कर सकते हैं इसके लिए टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1032 है। आवेदन जमा करने की इच्छुक व्यक्तियों को अपना ईमेल आईडी और मोबाइल नंबर भी प्रस्तुत करना होगा। इसके अंतर्गत आवेदन करने वालों को ऑनलाइन आवेदन करने के बाद अपने अफगानिस्तान, पाकिस्तान, बांग्लादेश में सरकार द्वारा जारी किए गए जन्म प्रमाणपत्र या पहचान पत्र या शैक्षिक प्रमाण पत्र या लाइसेंस जैसे प्रमाणपत्र स्थानीय स्तर पर जमा करने होंगे और इसमें जिला स्तर पर निर्मित एक कमेटी स्थानीय स्तर के स्वीकृत योग्यता और प्रमाण पत्रों की एवं ऑनलाइन प्रार्थना पत्र की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

आलोचकों के द्वारा इस नियम की अनेक आधारों पर आलोचना की गई है जिसमें धर्म के आधार पर भेदभाव करने का विशेषकर मुसलमानों को बाहर करने के लिए इस अधिनियम का निर्माण जैसा आरोप लगाया गया है। तिब्बत, श्रीलंका और म्यांमार जैसे अन्य क्षेत्रों से सताए गए धार्मिक अल्पसंख्यकों के बहिष्कार पर भी सवाल उठाए गए है उन्हें इसमें सम्मिलित क्यों नहीं किया गया है। असम और अन्य पूर्वोत्तार राज्यों में अधिनियम के खिलाफ हिंसक प्रदर्शन हुए जिसमें यह आरोप लगाया की शरणार्थियों और अप्रवासियों को भारतीय नागरिकता देने से उनके राजनैतिक अधिकार, संस्कृति और भूमि अधिकारों का नुकसान होगा एवं बांग्लादेश से आगे प्रवसन को बढ़ावा मिलेगा। कानून के पारित होने के बाद भारत में बड़े पैमाने पर विरोध और प्रदर्शन किए गए। राजनीतिक दलों कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, आम आदमी पार्टी, कम्युनिस्ट पार्टी, एडीएमके जैसे दलों ने इसका पूर्ण

विरोध किया। कुछ राज्यों ने घोषणा भी की कि वे इस अधिनियम को लागू नहीं करेंगे और यह अत्यधिक कानूनी दृष्टिकोण प्रस्तुत करता है तनाव, असुरक्षा, चिंता और सांप्रदायिक हिंसा को बढ़ावा देता है। आलोचकों का तर्क यह भी है कि यह अधिनियम आने के बाद राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर एनआरसी का प्रभाव खत्म हो जाएगा और ये संविधान के अनुच्छेद 14 का उल्लंघन करता है जो कि नागरिकों और विदेशियों को समानता एवं अधिकार की गारंटी देता है।

सरकार के द्वारा अलोचनाओं का जवाब देते हुए यह तर्क प्रस्तुत किया गया की नागरिकता केंद्र का विषय है और यह अधिनियम उन लोगों के लिए वरदान है जो विभाजन का शिकार हुए हैं। पाकिस्तान अफगानिस्तान और बांग्लादेश इस्लामिक गणराज्य है जहाँ मुसलमान बहुसंख्यक स्थिति में है इसलिए उन्हें उत्पीड़ित अल्पसंख्यक नहीं माना जा सकता है। सरकार ने यह भी आश्वासन दिया की नागरिको की भाषाएँ सांस्कृतिक और सामाजिक पहचान संरक्षित रखी जाएगी।इस अधिनियम से भारत के विदेश नागरिक कार्ड के रद्दकरण से पूर्व भारत के कार्डधारक विदेशी नागरिको को यह अधिनियम सुनवाई का अवसर प्रदान करता है इससे पूर्व इस तरीके का उपबंध उपलब्ध नहीं था। यह अधिनियम संविधान की छठी अनुसूची के अंतर्गत आने वाले पूर्वोत्तर राज्यों की देश जनसंख्या को प्रदान की गई संवैधानिक गारंटी की संरक्षा करने के लिए और बंगाल पूर्वी सीमांत विनियम 1873 की आंतरिक रेखा प्रणाली के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों को प्रदान किए गए कानूनी संरक्षण के लिए भी है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. डॉ. बसु दुर्गादास,'भारत का संविधान : एक परिचय', नेक्सस नई दिल्ली।
2. www.hindustantimes.com
3. www.jagranjosh.com
4. www.thehindu.com
5. www.drishtiias.com
6. http://citizenshiponline.nic.in
7. http://loksabhadocs.nic.in

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# सोशल मीडिया का युवाओं पर प्रभाव

**डॉ. सोनिका बघेल***

* सहायक प्राध्यापक (समाजशास्त्र) शासकीय आदर्श महाविद्यालय, हरदा (म.प्र.) भारत

**मुख्य शब्द –** सोशल मीडिया, नैतिक मूल्य, समाज, अपराध, इंटरनेट, नेट वर्किंग, सोशल साइट जीवन शैली, युवा।

**प्रस्तावना –** सोशल मीडिया का प्रयोग वर्तमान में तेजी से बढ़ रहा है और इसके साथ ही इसका प्रभाव बढ़ रहा है। सोशल मीडिया का उपयोग युवाओं में तेजी से हो रहा है संपर्क के साधन के साथ राजनीति अर्थव्यवस्था और अन्य क्षेत्रों में इसका उपयोग तेजी से हो रहा है, इसके कारण समाज में प्रत्येक पहलुओं पर विशेष कर युवाओं के नैतिक और सामाजिक मूल्यों के साथ-साथ युवाओं के जीवन शैली और विचारों को प्रभावित कर रहा है।

सोशल मीडिया युवाओं पर अपनी निजी जिंदगी खोलने लगा है साथ ही प्रमाणित खबरों को वह सच मानने लगा है जिसके कारण सोशल मीडिया का नकारात्मक पहलू बड़ रहा है, प्रस्तुत लेख में सोशल मीडिया के प्रभाव का विस्तार पूर्वक वर्णन निम्न प्रकार विश्लेषित किया गया है।

सोशल मीडिया की परिभाषा में कहा गया है कि, यह इंटरनेट आधारित अनुप्रयोग का ऐसा समूह है जो प्रयोग जनित सामग्री के सृजन और आदान-प्रदान की अनुमति देता है। इसके अतिरिक्त सोशल मीडिया मोबाइल और वेब आधारित प्रौद्योगिकी ओर प्रौद्योगिकी से ऐसे क्रियाशील मंचों का निर्माण करता है। जिनके माध्यम से व्यक्ति और समुदाय प्रयोग जनित सामग्री का संप्रेषण कर सकते हैं, उसी प्रकार विचार विमर्श कर सकते हैं और उसका परिष्कार कर सकते हैं संगठन समुदायों और व्यक्तियों के बीच महत्वपूर्ण और व्यापक परिवर्तन को अंजाम देते हैं।

सोशल मीडिया सामाजिक नेटवर्किंग वेबसाइट जैसे फेसबुक, ट्विटर, लिन्कदे, युटुब, टेस्ट माय स्पेस, साउंडक्लाउड और इसे अन्य साइट्स पर इस्तेमाल करता है, इनको विचार विमर्श सृजन सहयोग करने तथा टैक्स इमेज ऑडियो और वीडियो रूपों में जानकारी में हिस्सेदारी करने और उसे परेशान उसे परिष्कृत करने की योग्यता और सुविधाएं प्रदान करता है, यह सच है कि सोशल मीडिया ने इंटरनेट का लोकतंत्रिकीकरण किया है और सबसे महत्वपूर्ण भारतीय है कि उसने भाषण और अभी व्यक्ति के आदर्शो को आदर्श को संरक्षित किया है। किंतु इसके साथ ही यह भी उतना ही सही है कि दैत्यों को भी जन्म दिया है जो घातक है हाथ में रखे जाने वाले मोबाइल स्मार्टफोन टैबलेट की संख्या तेजी से बढ़ रही है और उपकरणों के जरिए इंटरनेट की उपलब्धता से वास्तविक समाजीकरण के तात्कालिक भावना कई गुना बढ़ गई है इसके जरिए न केवल अति संवेदनशील और युवा दिलों को प्रभावित करने वाली अनुचित अनुचित सामग्री आसानी से उपलब्ध हो जाती है। बल्कि निर्धन्य मानसिकता और व्यक्तियों को विभिन्न प्रकार के जैन-धनी प्रयाग जनों से माध्यम से छूट मिल जाती है। साइबर रनिंग साइबर स्टॉकिंग ऑफ फाइव फैलाने वाले दुष्कर्म इस भाई वह दैत्य के मामूली नमूने हैं सोशल मीडिया ने इस्तेमाल करता जनित सामग्री के जरिए सर्वाधिक सार्वजनिक जीवन के जाने-माने व्यक्तियों की प्रतिष्ठा को भी आघात पहुंचा है। इसने लोगों के व्यक्तिगत रूप से मिलने की प्रवृत्ति पर विपरीत असर डाला है। जहां पारंपरिक ढंग से एक दूसरे से मिलने और बातचीत करने में समय किसी के पास नहीं है, लेकिन इसके बावजूद डिजिटल स्पेस सामाजिक नेटवर्किंग के नित्य ने आयाम और आकर्षक उपलब्ध करा रहा है। इंटरनेट एंड मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार शहरी क्षेत्र में सोशल मीडिया के प्रयोक्ताओं की संख्या दिसंबर 2012 में 62 करोड़ पहुंच चुकी थी। शहरी भारत में प्रत्येक चार में से तीन व्यक्ति सोशल मीडिया का इस्तेमाल करते हैं। इस रिपोर्ट में कुछ महत्वपूर्ण पहलू इस प्रकार है, मोबाइल इंटरनेट का इस्तेमाल करते हुए सोशल नेटवर्किंग एक्सेस के औसत आवृत्ति 1 सप्ताह में 7 दिन फेसबुक को भारत में 97% सोशल मीडिया प्रयोक्ताओं द्वारा एक्सेस किया जाता है। भारतीय सोशल मीडिया पर हर रोज औसत लगभग 30 मिनट व्यतीत करते हैं सस्ते मोबाइल हैंडसेट आसानी से उपलब्ध होने के कारण यह सहज अनुमान लगाया जा सकता है कि इंटरनेट का इस्तेमाल और सोशल मीडिया नेटवर्किंग के इस्तेमाल से भारत में आने वाले कुछ वर्षों में जबरदस्त बढ़ोतरी होगी इस रिपोर्ट में कहा गया है कि आज यह देखा जा रहा है कि मोबाइल फोन के जरिए सोशल नेटवर्किंग के इस्तेमाल में निरंतर बढ़ोतरी हो रही है। मोबाइल फोन का प्रसार अत्यंत तीव्र गति से हो रहा है ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग फोन अपना रहे हैं जिनके विशिष्ट अनेक विशेषताएं होती हैं और स्मार्टफोन की संख्या लोगों के पास बढ़ती जा रही है। इंटरनेट सोशल नेटवर्किंग साइट भारत में सामाजिक सक्रिय इंटरनेट प्रयोक्ताओं के आधार पर तेजी से प्रसार कर रही है मोबाइल इंटरनेट सस्ता होने के कारण इसमें वृद्धि हो रही है।

युवाओं में बढ़ती अति सक्रियता वह उसके दुष्परिणाम वर्तमान समय में सोशल मीडिया के प्रयोग ने युवाओं को समय से पहले आक्रांत कर दिया है, युवक तुरंत पहचान बनाना चाहता है। बिना इंतजार किया प्रतिष्ठित होना चाहता है, और जब वह जहां पूरी नहीं होती तो वह आक्रामक व आपराधिक कार्यों को करने से नहीं डरते, नकारात्मक प्रवृत्ति पर रोग जरूरी सोशल मीडिया के फायदे तो बहुत है पर इसे युवाओं को भ्रमित खूब किया है इस पर धार्मिक उन्माद बने करने वाले बयान नहीं आना चाहिए। अश्लील वीडियो पर पाबंदी होनी चाहिए और इस पर प्रभावी अंकुश के लिए कठोर

कानून बनाकर कठोर कार्रवाई की जाना होगी । इस पर प्रभावी अंकुश के लिए कठोर कानून बनाकर कठोर कार्रवाई की जाना चाहिए ।

**साइबरबुलिइंग सोशल मीडिया का नकारात्मक प्रभाव :**

1. मानसिक स्वास्थ्य समस्याएँ
2. सामाजिक संबंध
3. 'टेक एडिक्शन'
4. पूर्वाग्रहों पुष्टि
5. अनलाइन सोशन

कई अध्ययनों में सोशल मीडिया के उपयोग और अवसाद के बीच घनिष्ठ संबंध पाया गया है। एक अध्ययन के अनुसार, मध्यम से गंभीर अवसाद लक्षण वाले युवाओं में सोशल मीडिया का उपयोग करने की संभावना लगभग दोगुनी थी। सोशल मीडिया पर किशोर अपना अधिकांश समय अपने साथियों के जीवन और तस्वीरों को देखने में बिताते हैं। यह एक निरंतर तुलनात्मकता की ओर ले जाता है, जो आत्म-सम्मान और 'बॉडी इमेज' को नुकसान पहुँचा सकता है और किशोरों में अवसाद एवं चिंता की वृद्धि कर सकता है।

1. सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग के परिणामस्वरूप स्वास्थ्यप्रद, वास्तविक दुनिया की गतिविधियों पर कम समय व्यय किया जाता है। सोशल मीडिया फीड्स को स्क्रॉल करते रहने की आदत जिसे 'वैम्पिंग' कहा जाता है, के कारण नींद की कमी की समस्या उत्पन्न होती है।
2. किशोरावस्था सामाजिक कौशल विकसित करने का एक महत्त्वपूर्ण समय होता है। लेकिन, चूँकि किशोर अपने दोस्तों के साथ आमने-सामने कम समय बिताते हैं, इसलिये उनके पास इस कौशल के अभ्यास के कम अवसर होते हैं।
3. वैज्ञानिकों ने पाया है कि किशोरों द्वारा सोशल मीडिया का अति प्रयोग उसी प्रकार के उत्तेजना पैटर्न का सृजन करता है जैसा अन्य एडिक्शन व्यवहारों से उत्पन्न होता है।
4. सोशल मीडिया दूसरों के बारे में उनके पूर्वाग्रहों और रूढ़ियों की पुन:पुष्टि का अवसर प्रदान करता है। समान विचारधारा वाले लोगों से ऑनलाइन मिलने से इन प्रवृत्तियों की वृद्धि होती है क्योंकि उनमें समुदाय की भावना का विकास होता है। उदाहरण: फ्लैट अर्थ सोसाइटी।
5. इसने गंभीर समस्याएँ पैदा की हैं और यहाँ तक कि किशोरों के बीच आत्महत्या के मामलों को भी जन्म दिया है। इसके अलावा, साइबर बुलिइंग जैसे कृत्य में संलग्न किशोर मादक पदार्थों के सेवन, आक्रामकता और आपराधिक कृत्य में संलग्न होने के प्रति भी संवेदनशील होते हैं।
6. संयुक्त राज्य अमेरिका में किये गए एक अध्ययन में पाया गया कि सर्वेक्षण में शामिल सभी अमेरिकी बच्चों में से लगभग आधे ने संकेत दिया कि उन्हें ऑनलाइन रहते हुए असहज महसूस कराया गया, उन्हें धमकाया गया या उनसे यौन प्रकृति का संवाद किया गया। एक अन्य अध्ययन में, यह पाया गया कि ऑनलाइन यौन शोषण के शिकार लोगों में से 50 प्रतिशत से अधिक 12 से 15 वर्ष की आयु के बीच के थे।
7. सोशल मीडिया के प्लेटफॉर्म पर हर मिनट, हर घंटे, हर दिन नई जानकारियां अपलोड की जा रही है, लेकिन इस वर्चुअल वर्ल्ड में अब यह पता लगाना मुश्किल है कि कौन की जानकारी सही है और कौन सी गलत। इसके कंटेंट पर किसी का कंट्रोल न होने से गलत जानकारियों के साथ फोटो व वीडियो शेयर किए जा रहे हैं। आधी अधूरी जानकारियां युवाओं पर सकारात्मक प्रभाव के साथ नकारात्मक प्रभाव भी डाल रही हैं।
8. अगर आप समाज से अलग-थलग महसूस करते हैं और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे फेसबुक, इंस्टाग्राम जैसे ऐप पर ज्यादा समय बिताते हैं, तो एक नये शोध के अनुसार, इससे स्थिति और बिगड़ सकती है. सोशल मीडिया से युवाओं में अवसाद बढ़ रहा है। फेसबुक से डिप्रेशन का खतरा 7% और चिड़चिड़ापन का खतरा 20% बढ़ा है। सोशल मीडिया ने मोटापा, अनिद्रा और आलस्य की समस्या बढ़ा दी है। 'फियर ऑफ मिसिंग आउट' को लेकर भी चिंताएं बढ़ गयी हैं। स्टडी के मुताबिक, सोशल मीडिया से सुसाइड के मामले बढ़े हैं। इंस्टाग्राम से लड़कियों में हीन भावना आ रही है। सोशल मीडिया चेक और स्क्रॉल करना, पिछले एक दशक में तेजी से लोकप्रिय गतिविधि बन गयी है। अधिकांश लोगों द्वारा सोशल मीडिया का उपयोग करने से ऐसा हो रहा है। वास्तव में, सोशल मीडिया एक व्यवहारिक लत है, जो इस प्लेटफॉर्म पर लॉग ऑन करने या उपयोग करने के लिए एक अनियंत्रित आग्रह से प्रेरित है ।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**


1. दयाल, डॉ.मनोज, मीडिया शोध, हिसार, हरियाणा ग्रन्थ अकादमी।
2. कुमार, विजय, 'कहां पहुंचा रहे हैं अतरंगता के नए पुल' : नवनीत हिंदी डायजेस्ट (मुम्बई), पृष्ठ-18
3. द्विवेदी, संजय, (2012 ) 'सोशल मीडिया के सामाजिक प्रभाव' : पंचनद रिसर्च जर्नल, अंक सं 19
4. भाटिया, चेतना,(2012) 'सामाजिकता के आईने में सोशल मीडिया' : पंचनद रिसर्च जर्नल, अंक सं 19
5. मानस,जयप्रकाश, (2012) 'नागरिक पत्रकारिता का प्रात: काल': मीडिया विमर्श, वर्ष 6, अंक सं 24


*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# The Future of Military Applications of Artificial Intelligence: An overview of the Role for Confidence-Building Measures

**Santosh Ambhore* Ashok Shrama****

*Department of Chemistry, Govt. Motilal Vigyan Mahavidyalaya, Bhopal (M.P.) INDIA
** Department of Military Science, Govt. Motilal Vigyan Mahavidyalaya, Bhopal (M.P.) INDIA

**Abstract -** Artificial intelligence (AI) has become a reality in today's world with the rise of the 4th industrial revolution, especially in the armed forces. Military AI systems can process more data more effectively than traditional systems. Due to its intrinsic computing and decision-making capabilities, AI also increases combat systems' self-control, self-regulation, and self-actuation. Artificial intelligence is used in almost every military application, and increased research and development support from military research agencies to develop new and advanced AI technologies is expected to drive the widespread demand for AI-driven systems in the military. This paper will discuss several AI applications in the military, as well as their capabilities, opportunities, and potential harm and devastation when there is instability. The paper looks at current and future potential for developing artificial intelligence algorithms, particularly in military applications. Most of the discussion focused on the seven patterns of AI, the usage and implementation of AI algorithms in the military, object detection, military logistics, and robots, the global instability induced by AI use, and nuclear risk. The paper also looks at the current and future potential for developing artificial intelligence algorithms, particularly in military applications.

**Introduction -** Artificial intelligence is a type of computer technology which is concerned with making machines work in an intelligent way, similar to the way that the human mind works.

The abbreviation AI is also used. Artificial Intelligence is the developing arena of computer sciences wherein technology is advanced to make computers behave like Human Nervous system majorly brain. Artificial Intelligence has advanced in fields such as Computer games, Neural networks, Natural language, Expert Systems and Robotics. Artificial Intelligence research covers a broad range of topics that include knowledge representation, machine learning, natural language processing, computer vision, reasoning and logic, robotics, information systems, motion planning, Speech Technology, Speech Recognition, and Image Processing.

In short, Artificial Intelligence (AI) is the science of mimicking human intelligence inside a computer. In addition to Microsoft Corporation (NASDAQ:MSFT), Alphabet Inc. (NASDAQ:GOOG), and Apple Inc. (NASDAQ:AAPL), Oracle Corporation (NYSE:ORCL) is one of the biggest AI companies in the world. John McCarthy is considered as the father of Artificial Intelligence. John McCarthy was an American computer scientist. The term "artificial intelligence" was coined by him.

The journey of AI in India can be traced back to the late 20th century when research and development in the field were in their nascent stages. Educational institutions such as the Indian Institutes of Technology (IITs) played a pivotal role in nurturing talent and fostering AI research. Birth of AI 1950-1956 Alan Turing published his work "Computer Machinery and Intelligence" which eventually became The Turing Test, which experts used to measure computer intelligence. The term "artificial intelligence" was coined and came into popular use. AI entered India through the works of professor H.N. Mahabala in the 1960s. Knowledge-Based Computing Systems (KBCS) created in 1986 by UNDP also paved way for India to focus on AI. The history of AI in India dates back to the 1980s when the Indian government and research institutions started investing in AI research and development. One of the pioneers in AI in India is Prof. Raj Reddy, who is known for his contributions to AI and robotics. The impact of AI in India started to become more significant in the early 2000s with the growth of the IT industry and the emergence of startups focusing on AI and machine learning. Today, AI is influencing various sectors in India, including healthcare, finance, agriculture, and education.

Artificial intelligence (AI) has been gradually improving and becoming a more efficient way worldwide with the help of data, computer processing power, and machine learning

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

developments, especially during the last two decades. As a result, AI is being used increasingly and more frequently in the daily life of various sectors. A few of the various uses of this technology include speech recognition, biometric authentication, mobile mapping, navigational systems, transportation and traffic control, management, manufacturing, supply chain management, data collection, and control targeted online marketing. Therefore, it should come as no surprise that AI has many applications in the military sector also, in a vast range. Military capability is the current measurement index when determining a country or nation's "Power force." The U.S. Department of Defense defines military competence or capability as "the ability to achieve a certain combat objective (win a war or battle, destroy a target set)." It is directly or indirectly influenced by modernization, structure, preparedness, and sustainability. The equipment, arsenal, and level of technical sophistication largely determine the degree of modernization.

The Internet is replacing the conventional way of initiating war instigated from the start of the Second World War. Studies show that hacking attacks on for-profit companies and governmental institutions around the AI sector are more common now. According to researchers, modern autonomous systems and artificial intelligence (AI) are expected to be crucial in future military confrontations. Recent scientific publications show how prevalent neural network technology is today in the cyber fight. The development of intelligent transport systems (ITS) is one of the major examples, along with forecasting and assessing environmental phenomena, separating informational tweets from non informational ones (containing information that are rumors or non detailed irrelevant data), and forecasting dynamic FX conventional markets. This type of enhancer helps in the military sector in various ways and turns out to be the greatest weapon in developing military capability.

Data on a wide range of resources and capabilities (human resources combat and support vehicles, helicopters, cutting-edge intelligence, and communication equipment, artillery, and missiles) that can carry out complex tasks of various types, such as intelligence gathering, movements, direct and indirect fires, infrastructure, and transports, should be considered in military decisions. For instance, the decisional component necessitates an integrated framework that can carry out the necessary processes, from capturing a high-level course of action (CoA) to implementing a thorough analysis/plan of activities. One possibility is to build the approach on several AI methods, such as qualitative spatial interpretation of CoA diagrams and interleaved adversarial scheduling, and many others likewise enhance the military world in different paths.

**Seven Patterns of AI:** There are many applications for AI, including chatbots, automated drones, facial recognition, virtual assistants, cognitive automation, fraud detection, autonomous vehicles, and applications for predictive analytics. However, regardless of how AI is applied, each of these applications has something in common. Despite the variety of applications, people who have created hundreds or even thousands of AI projects know that every AI use case falls into one or more of seven categories, as shown in figure below.



**Impact of AI in the Indian Army:** Indian Army Day is celebrated annually on January 15 to commemorate the 1949 commissioning of the Indian Army's first Indian contingent. The impact of AI is transforming industries worldwide. The worldwide expenditure on AI reached $118 billion in 2022 and is expected to exceed $300 billion by 2026. Like other sectors, the influence of AI has resulted in a growing trend of global militaries using AI in their combat systems. The defence sector uses AI-based technologies for training, surveillance, logistics, cyber security, UAV, advanced military weaponry like laws, autonomous combat vehicles, and robotics. Rajnath Singh, the Indian Defence Minister, unveiled 75 recently created AI technologies on July 11, 2022. This event occurred at the inaugural 'AI in Defence' (AIDef) symposium and exhibition organized by the Ministry of Defence in New Delhi.

Furthermore, the minister emphasized the significance of promptly incorporating advanced technologies such as AI and Big Data in the defense sector. It is crucial to ensure we remain up-to-date with technical advancements and fully leverage technology for our services.

**Applications of AI in Defence:**

1. Border monitoring can be enhanced by integrating cameras, radar feeds, sensors, and other technologies aided by AI-based solutions.
2. These advanced technologies aid in identifying border breaches, categorizing targets, and improving the precision of defense operations.
3. Unmanned Aerial Vehicles (UAVs) - Drones outfitted with AI-based aircraft technology are highly proficient in conducting day and night surveillance operations, encompassing border control and comprehensive surveillance.
4. Lethal Autonomous Weapon Systems (LAWS) are equipped with integrated sensors and pre-programmed algorithms that assist in identifying, selecting, and tracking hostile targets.

5. These weapons can engage targets independently and thus reduce the need for personnel.
6. Autonomous armoured vehicles and robots perform unattended, real-time surveillance, transport injured individuals, and carry supplies under challenging locations, including deserts and mountainous areas.
7. Robots demonstrate superior performance in hazardous and high-pressure environments, surpassing the skills of humans.
8. Data management - AI can analyze and utilize unutilized or underutilized data, generating more practical and valuable insights for the Indian armed forces. It will improve the capabilities of Intelligence, Surveillance, and Reconnaissance (ISR).
9. Pattern recognition - AI can analyze data from many sources and discern patterns.
10. The purpose of this technology is to forecast possible terrorist attacks and insurgency activity and propose proactive measures.
11. Training and simulation encompass a range of disciplines that utilize system and software engineering principles to develop models that aid soldiers in training for various combat systems employed in real-world military missions.

**AI Adoption in the Indian Military:**

1. The Ministry of Defence's Department of Defence Production established a task force in February 2018 to examine the prospective implementation of AI in defence contexts. Its report was submitted in June 2018 under the "Strategic Implementation of AI for National Security and Defense" task force. In 2019, a Defence AI Project Agency (DAIPA) and a Defence AI Council (DAIC) were established by the task force's recommendations.
2. The DAIC comprises the three service commanders, the defence secretary, the national cyber security coordinator, and representatives from the DRDO, industry, and academia. The defense minister chairs it. The DAIC is tasked with convening biannually to deliver essential guidance that facilitates and executes policy-level modifications, operational framework development or customization, and structural support.
3. The ex officio president of the DAIPA is the Secretary (Defense Production), while members are selected from academia, industry partners, the services, Defense Public Sector Undertakings, DRDO, and the DAIPA. The DAIPA shall establish and implement benchmarks for AI initiatives' technology development and delivery process and consult user groups regarding the adoption strategy for AI-led and AI-enabled systems and processes.
4. At the level of the Defense Ministry, these are plausible measures; however, they must be supplemented with modifications to organizational structure, planning, and processes at the level of the end users, namely the military. Adoption of artificial intelligence will be inconsistent and suboptimal unless the military is adequately prepared to assimilate this technology.

**Conclusion:** AI is not a military plug-and-play technology. Some basic applications may fit into this category. Still, the Indian military must improve its data management and network systems, build acceptable organizational structures, and comprehensively prepare its staff to utilize AI. Technology's availability is less important than how to use it to improve our military.

The contributions of this paper are for the advancement of AI in the military capabilities, and the significance of this narrative review is to identify several key applications of AI in the military, including target recognition, surveillance, homeland security, cyber security, transportation and logistics, autonomous vehicles, and combat training. We have also highlighted the potential benefits of using AI in these areas, including increased efficiency, accuracy, and decision-making capabilities. The paper also identifies several challenges and potential risks associated with using AI in the military, such as the potential for malfunction, hacking, and other forms of cyber attacks. The ethical and legal implications of using AI in the military are discussed in detail, particularly in relation to issues such as autonomous weapons and the potential for unintended harm.

The study has the potential to inform policy and decision-making in this area, particularly in relation to issues such as military modernization and preparedness. The research findings could potentially aid in developing guidelines and regulations for the responsible use of AI in military settings.

**References:–**

1. A. Anastassov, "Artificial intelligence and its possible use in international nuclear security law," *BAS Humanities and Social Sciences*, vol. 1, 2021.
2. A. Mishra and P. Yadav, "Anomaly-based ids to detect attack using various artificial intelligence & machine learning algorithms: a review," in *Proceedings of the 2nd International Conference On Data, Engineering And Applications (IDEA)*, pp. 1–7, Bhopal, India, February 2020.
3. H. M. Chuang and D. W. Cheng, "Conversational AI over military scenarios using intent detection and response generation," *Applied Sciences*, vol. 12, no. 5, p. 2494, 2022.
4. H.-M. Chuang and D.-W. Cheng, "Conversational AI over military scenarios using intent detection and response generation," *Applied Sciences*, vol. 12, no. 5, p. 2494, 2022.
5. J. Dalzochio, R. Kunst, J. L. V. Barbosa et al., "Predictive maintenance in the military domain: a systematic review of the literature," *ACM Computing Surveys*, vol. 55, 135 pages, 2023.

6. J. Johnson, "Artificial intelligence in nuclear warfare: a perfect storm of instability?" *The Washington Quarterly*, vol. 43, no. 2, pp. 197–211, 2020.
7. JM. Bistron and Z. Piotrowski, "Artificial intelligence applications in military systems and their influence on sense of security of citizens," *Electronics*, vol. 10, no. 7, p. 871, 2021.
8. M. Taddeo, D. McNeish, A. Blanchard, and E. Edgar, "Ethical principles for artificial intelligence in national defence," *Philosophy & Technology*, vol. 34, no. 4, pp. 1707–1729, 2021.
9. M. Voskuijl, "Performance analysis and design of loitering munitions: a comprehensive technical survey of recent developments," *Defence Technology*, vol. 18, no. 3, pp. 325–343, 2022.
10. O. Gillath, A. Ting, M. S. Branicky, S. Keshmiri, R. B. Davison, and S. Ryan, "Attachment and trust in artificial intelligence," *Computers in Human Behavior*, vol. 115, 2021.
11. P. Sharma, K. K. Sarma, and N. E. Mastorakis, "Artificial intelligence aided electronic warfare systems- recent trends and evolving applications," *IEEE Access*, vol. 8, pp. 224761–224780, 2020.
12. Rhodes, B.J.; Bomberger, N.A.; Seibert, M.; Waxman, A.M. Maritime situation monitoring and awareness using learning mechanisms. In Proceedings of the MILCOM 2005-2005 IEEE Military Communications Conference, Atlantic City, NJ, USA, 17–20 October 2005; pp. 646–652.
13. Svenmarck, P.; Luotsinen, L.; Nilsson, M.; Schubert, J. Possibilities and Challenges for Artificial Intelligence in Military Applications. In Proceedings of the NATO Big Data and Artificial Intelligence for Military Decision Making Specialists' Meeting, Bordeaux, France, 31 May 2018.
14. Varma, A.; Sarma, A.; Doshi, S.; Nair, R. House Price Prediction Using Machine Learning and Neural Networks. In Proceedings of the 2018 Second International Conference on Inventive Communication and Computational Technologies (ICICCT), Coimbatore, India, 20–21 April 2018; pp. 1936–1939.
15. Wong, Y.H.; Yurchak, J.; Button, R.W.; Frank, A.; Laird, B.; Osoba, O.A.; Steeb, R.; Harris, B.N.; Bae, S.J. *Deterrence in the Age of Thinking Machines*; RAND Corporation: Santa Monica, CA, USA, 2020. Johnson, J. Artificial Intelligence & Future Warfare: Implications for International Security. *Def. Secur. Anal.* 2019, *35*, 147–169.

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# राजगढ जिले का जनसंख्या स्वरूप सम्बन्धी- एक भौगोलिक अध्ययन

**डॉ. रानी वास्केल***

* सहायक प्राध्यापक (भूगोल) शहीद भीमा नायक शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बड़वानी (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** किसी देश के संसाधनों के बहुमुखी, मितव्ययतापूर्ण उपयोग एवं समुचित राष्ट्रीय विकास में जनसंख्या का महत्वपूर्ण योगदान होता है। प्राकृतिक संसाधनो का उपयोग तथा देश की प्रौद्योगिक एवं व्यापारिक उन्नति वहाँ निवास करने वाली जनसंख्या, जनघनत्व, कुशलता व क्षमता एवं व्यक्तियों के स्वभाव पर निर्भर करती है।

**शब्द कुंजी –** जनांकीकी, संसाधन, घनत्व, लिंगानुपात, अपवाह तंत्र।

**प्रस्तावना –** किसी देश में उपलब्ध विविध संसाधनों के विकास के माध्यम से राष्ट्र के क्षमतावान विकास एवं आगे बढ़ने की दृढ़ इच्छा शक्ति के आधार का माध्यम तो मानवीय गुणोत्तरता ही है। किसी भी क्षेत्र के लिए जनसंख्या उसके जीवन में सत प्रवाह की तरह होती है, इसलिए जनसंख्या अध्ययन के अभाव में क्षेत्र के किसी भी तत्व का अध्ययन पूर्ण नही होता है।

भूगोल वह अनुशासन है, जो पृथ्वी के विभिन्न स्थानों, क्षेत्रों के परिवर्तनशील स्वरूपों का वर्णन एवं उनकी व्याख्या मानव संसार के रूप में करता है। भूगोल के अध्ययन में भू-स्वरूप एवं मानव दो प्रधान व महत्वपूर्ण शीर्षक है। भूगोल इन्हीं दो घटकों का परस्पर सम्बन्धों से उत्पन्न विविध परिवर्ती वितरणों तथा सम्मिश्रण अर्न्तसम्बन्धों का विश्लेषण करता है।

मानव समस्त विज्ञानों का अध्ययन करता है लेकिन इसके साथ ही वह अनेक विज्ञानों का अध्ययन क्षेत्र भी है। लगभग सभी सामाजिक विज्ञान मनुष्य और इसके कार्यो का अध्ययन करते है लेकिन प्रत्येक विज्ञान उसे एक विषिष्ट दृष्टिकोण से अध्ययन करता है।

वर्तमान में मानव विभिन्न प्रकार के भौगोलिक अध्ययन का मुख्य केन्द्र बिन्दु है। मानव भौगोलिक ज्ञान की धुरी है इसलिए जनांकीकी का अध्ययन मानव रूप करना चाहिए जिससे मनुष्य को अनेक भागो में घटित घटनाओं का ज्ञान हो सकेगा।

'मानव संसाधन की उत्कृष्ट क्षमता ही विकास के द्वार की प्रथम कुंजी है।' अत: किसी देश या प्रदेश के समुचित विकास हेतु उसी जनसंख्या को मानव संसाधन के रूप में उसके विभिन्न पहलूओं का अध्ययन करना आवष्यक है।

**अध्ययन क्षेत्र का परिचय –** राजगढ़ जिला म.प्र. के पश्चिमी भाग में स्थित है। राजगढ़ जिले की सीमा उत्तर में राजस्थान, दक्षिण में शाजापुर जिले से, दक्षिण पूर्व में सीहोर जिले से, पश्चिम में आगर मालवा से स्पर्श करती है। राजगढ़ जिला भौगोलिक दृष्टि से 23$^{0}$ 28' से 24$^{0}$16' उत्तरी अक्षांश एवं 76$^{0}$ 12' से 77$^{0}$ 15' पूर्वी देशांतर के मध्य स्थित है। मध्य प्रदेश राज्य के पश्चिम भाग में स्थित राजगढ़ जिला मालवा पठार के उत्तरी भाग में स्थित है और पार्वती नदी जिले की पूर्वी सीमा बनाती है।

मध्यप्रदेश राज्य के पश्चिम भाग में स्थित राजगढ़ जिला मालवा पठार के उत्तरी भाग में स्थित है और पार्वती नदी जिले की पूर्वी सीमा बनाती है। जिले का क्षेत्रफल 6153 वर्ग किलोमीटर है। क्षेत्रफल की दृष्टि से म.प्र. का 25 वॉ जिला है। राजगढ़ जिले का गठन वर्ष 1956 में किया गया है। राजगढ़ जिला प्रदेश की राजधानी भोपाल से 145 कि.मी. दूरी पर स्थित है। जिले की कुल 1545814 है।

वन क्षेत्र की अधिकता होने के कारण अत्यंत स्वास्थ्यवर्धक मौसम होता है। जिले में औसत वर्षा 44 इंच तक होती है। अपवाह तंत्र के अंतर्गत राजगढ़ जिले में पार्वती नदी, कालीसिन्ध नदी एवं नेवज नदियाँ है। जिले में 57.197 वर्ग कि.मी. आरक्षित वन क्षेत्र है। जिले के वनो में चीतल सांभर, नीलगाय मुख्य रूप से पाए जाते है। नरसिंहगढ़ अभ्यारण्य प्रमुख है। जिले में काली मिट्टी और हल्के लाल रंग की मिट्टी पायी जाती है। अध्ययन क्षेत्र में सिंचाई परियोजना के अंतर्गत कुण्डलिया परियोजना, कालीसिन्ध नदी पर निर्माणाधीन है। जिले में सहरिया, सौर इत्यादि जनजाति निवास करती है। अध्ययन क्षेत्र की मुख्य बोली मालवी है। परिवहन की दृष्टि से राष्ट्रीय राजमार्ग NH-752B, NH-752C, NH-12 नेशनल हाइवे मार्ग गुजरते है। जिले में पर्यटन स्थल जैसे- नरसिंहपुर किला, कपिलेश्वर मंदिर, ब्यावरा मॉडू, नरसिंहपुर जालपामाता मंदिर इत्यादि स्थित है।

**अध्ययन का उद्देश्य –** प्रस्तुत शोध पत्र में म.प्र. राज्य के राजगढ़ जिले का जनांकिकी स्वरूप-एक भौगोलिक अध्ययन के संदर्भ में प्रस्तुत किया।

1. अध्ययन क्षेत्र में जनसंख्या वृद्धि की स्थिति ज्ञात करना।
2. अध्ययन क्षेत्र में जनांकीकी विशेषता-साक्षरता, जनघनत्व, लिंगानुपात का अध्ययन करना।

**शोध प्रविधि –** प्रस्तुत शोध पत्र के अध्ययन में द्वितीयक स्त्रोत के माध्यम से आकँड़े संकलित किये गये है। जैसे – Census Handbook (वर्ष 1981, 2001, 2011) Rajgath. (M.P.), राजगढ़ विकास योजना pdf 2011, इंटरनेट, पुस्तक इत्यादि।

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

**मानचित्रांकन विधि –** शोध पत्र में प्राप्त द्वितीयक आकँड़ो के आधार पर दण्ड आरेख, इत्यादि मानचित्रांकन विधि का प्रयोग किया है।

**आकँड़ो का सारणीयन एवं विश्लेषण –** प्रस्तुत शोध पत्र में अध्ययन क्षेत्र में जनांकीकी स्वरूप किस प्रकार है, इसे प्रदर्शित व जानने का प्रयास किया है। अत: आकँड़ो का सारणीयन कर उनका विश्लेषणात्मक अध्ययन प्रस्तुत किया गया है।

**अध्ययन क्षेत्र का जनांकिकी स्वरूप –** जनवृद्धि का अर्थ एक विशेष किसी समयावधि में निवास करने वाली जनसंख्या में मात्रात्मक परिवर्तन से है। राजगढ़ जिले में कुल 1728 गांव एवं 07 तहसील है। जनसंख्या वृद्धि की कुल जनसंख्या तथा प्रतिशत दोनो के द्वारा व्यक्त किया जाता है। जनसंख्या वृद्धि किसी भी प्रदेश की आर्थिक, सामाजिक उत्थान, ऐतेहासिक व सांस्कृतिक पृष्ठभूमि का एक महत्वपूर्ण सूचक होती है।

**तालिका क्रमांक – 01: जिला राजगढ़ : जनसंख्या वृद्धि (प्रतिशत मे)वर्ष 1951 से 2011**

| वर्ष | 1951 | 1961 | 1971 | 1981 | 1991 | 2001 | 2011 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| जनसंख्या वृद्धि | 6.37 | 20.90 | 24.66 | 24.37 | 23.83 | 26.24 | 23.30 |

स्त्रोत –Census Handbook Rajgath : 1981 एवं 2011

**तालिका क्रमांक – 02: जिला राजगढ़ : कुल जनसंख्या (वर्ष 1981 से 2011)**

| वर्ष | 1981 | 1991 | 2001 | 2011 |
|---|---|---|---|---|
| जनसंख्या | 801384 | 992764 | 1254085 | 1545814 |

स्त्रोत –Census Handbook Rajgath : 1981, 2011

**आरेख क्रमांक – 01**



उपरोक्त तालिका क्रमांक 02 व आरेख क्रमांक 01 से स्पष्ट होता है कि शोध अध्ययन क्षेत्र राजगढ़ जिले में वर्ष 1981 से निरन्तर प्रतिवर्ष जनसंख्या में वृद्धि हुई है।

**लिंगानुपात –** लिंगानुपात से तात्पर्य प्रति हजार पुरूषों पर स्त्रियों की संख्या से है। लिंगानुपात किसी क्षेत्र की वर्तमान सामाजिक एवं आर्थिक दशाओं का सूचकांक होता है एवं प्रादेषिक विश्लेषण के लिए उपयोगी है। किसी क्षेत्र में लिगांनुपात में परिवर्तन से विभिन्न आयु स्तरों पर पुरूषों व स्त्रियों की जन्म व मृत्यु दर में परिवर्तन तथा प्रवास के स्वरूप का ज्ञान होता है। इससे सामाजिक एवं आर्थिक जीवन की प्रवृत्ति विश्लेषण एवं जनांकीकी तत्वों के प्रभावों को समझने में सहायता मिलती है। फैंकलिन के अनुसार 'लिंगानुपात किसी क्षेत्र की अर्थव्यवस्था का एक सूचक है तथा प्रादेशिक विश्लेषण के लिए अत्यन्त लाभदायक यन्त्र है।'

**तालिका क्रमांक – 03**

**जिला राजगढ़ : लिंगानुपात (वर्ष 2001 एवं 2011)**

| क्र. | वर्ष | कुल |
|---|---|---|
| 1 | 2001 | 932 |
| 2 | 2011 | 956 |

स्त्रोत – Census Handbook Rajgath 2011

उपरोक्त तालिका क्रमांक 03 से स्पष्ट है कि वर्ष 2001 में 932 लिंगानुपात रहा जो कि वर्ष 2011 में 956 हो गया अर्थात लिंगानुपात में वृद्धि हुई है।

**जनसंख्या वितरण –** जनसंख्या वितरण और घनत्व परस्पर संबंधित है लेकिन भिन्न-भिन्न संकल्पनाए है। जनसंख्या वितरण प्रारूप न केवल मानव के किसी क्षेत्र विशेष में बसाव संबंधित अभिरूचि एवं विरूचि का द्योतक है, अपितु क्षेत्र में कार्यरत भौगोलिक कारको के संश्लेषण का स्पष्ट प्रदर्शक भी होता है। जनसंख्या वितरण क्षेत्रीय प्रतिरूप की ओर इंगित करता है। जनसंख्या वितरण से आशय विभिन्न क्षेत्रो में व्यक्ति कितनी संख्या में निवास करने से है।

**तालिका क्रमांक – 04 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)**

**आरेख क्रमांक – 02 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)**

तालिका क्रमांक 04 व आरेख क्रमांक 02 से स्पष्ट होता है कि शोध अध्ययन क्षेत्र राजगढ़ जिले में वर्ष 2001 में कुल जनसंख्या 1253246 थी जो कि वर्ष 2011 में बढ़ कर 1545814 हो गई है।

**जनसंख्या घनत्व –** जनघनत्व से तात्पर्य प्रति इकाई में निवास करने वाले व्यक्तियों से है। अर्थात प्रतिवर्ग किलोमीटर क्षेत्र पर निवास करने वाले व्यक्तियों की संख्या को जनघनत्व कहा जाता है। एक संतुलित जनघनत्व किसी क्षेत्र के भावी विकास का अनुमान का मुख्य आधार है। जनसंख्या घनत्व प्राकृतिक सामाजिक, कृषि जैसे विभिन्न कारको का परिणाम है। अध्ययन क्षेत्र में भौगोलिक विषमता के कारण जनसंख्या घनत्व में काफी विभिन्नता पायी गई है।

**तालिका क्रमांक 05: जिला राजगढ़ : जनघनत्व (प्रति वर्ग कि.मी. में)वर्ष 1991 से 2011**

| क्र. | वर्ष | जनघनत्व |
|---|---|---|
| 1 | 1991 | 161 |
| 2 | 2001 | 204 |
| 3 | 2011 | 251 |

**स्त्रोत – म.प्र. जनगणना वर्ष** 2011

**आरेख क्रमांक – 03**



उपरोक्त तालिका क्रमांक 05 व आरेख क्रमांक 03 से स्पष्ट होता है कि जिले में प्रतिवर्ष जनघनत्व में निरंतर वृद्धि हुई है।

**साक्षरता –** साक्षरता वह वैयक्तिक गुण है जो व्यक्ति के पढ़ने और लिखने की योग्यता को प्रकट करता है, जनसंख्या भूगोल में साक्षरता को सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक प्रगति का एक विश्वसनीय सूचक माना गया है। साक्षरता प्रतिरूप समाज के सामाजिक एवं आर्थिक विकास की गति का सूचक है।

**तालिका क्रमांक 06: जिला राजगढ़ : साक्षरता (प्रतिशत् में) वर्ष 1991 से 2011**

| वर्ष | 1991 | 2001 | 2011 |
|---|---|---|---|
| साक्षरता (% में) | 25.59 | 53.70 | 61.21 |

स्त्रोत – Census Handbook 2011

निस्कर्षत: कहा जा सकता है कि अध्ययन क्षेत्र में जनांकिकी स्वरूप काफी विभिन्नता दृष्टिगत हुई है। राजगढ़ जिले में जनसंख्या वृद्धि के साथ–साथ साक्षरता में वृद्धि हुई है जो एक सकारात्मक स्थिति का सूचक है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. Census Handbook Rajgath : 1981 – 2011
2. म.प्र. जनगणना वर्ष 2011,
3. डॉ. चतुर्भुज मामोरिया (2004) 'भारत का वृहत भूगोल', साहित्य भवन पब्लिकेशन, आगरा, पृ.सं. 554.
4. पंडा, डॉ. बी.पी. (2004)'जनसंख्या भूगोल', म.प्र. हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल, पृ.सं. 01.
5. https://rajgath.nic.in

**तालिका क्रमांक – 04: राजगढ़ जिले की जनंसख्या (वर्ष 2001 एवं 2011)**

| | जनगणना वर्ष 2001 | | | जनगणना वर्ष 2011 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| जिला राजगढ़ | कुल जनसंख्या | पुरूष | महिला | कुल जनसंख्या | पुरूष | महिला |
| कुल | 1253246 | 648850 | 804398 | 1545814 | 790212 | 755602 |
| ग्रामीण | 1036096 | 535380 | 500716 | 1269357 | 648407 | 620950 |
| नगरीय | 217150 | 113470 | 103680 | 276457 | 141805 | 134652 |

स्त्रोत – Census Handbook 2011 एवं म.प्र. जनगणना वर्ष 2001

**आरेख क्रमांक – 02**




*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# मध्यप्रदेश स्टार्टअप योजना एवं क्रियान्वयन का अध्ययन

**डॉ. रश्मि चौहान***

* सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) शासकीय महाविद्यालय, कसरावद, जिला खरगौन (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** मध्यप्रदेश क्षेत्रफल की दृष्टि से देश का दूसरा सबसे बड़ा राज्य है एवं आर्थिक विकास में अग्रणी राज्यों की श्रेणी में है। राज्य शासन की निवेश मित्र नीतियों, उद्योग एवं व्यापारिक क्षेत्र में सरलीकरण की प्रक्रिया, आर्थिक एवं सामाजिक अधोसंरचना में उल्लेखनीय प्रयासों के फलस्वरूप विगत वर्षो में प्रदेश में निवेश वातावरण में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। राज्य शासन का यह प्रयास रहा है कि नवाचार एवं उद्यमिता के माध्यम से प्रदेश के स्थानीय युवाओं को अधिकाधिक संख्या में रोजगार सृजन किया जा सके। इस श्रृखला में म.प्र. द्वारा वर्ष 2016 में प्रथम स्टार्ट–अप नीति लागू की गई थी। स्टार्ट–अप क्षेत्र की गतिशीलता को ध्यान में रखकर पुन: वर्ष 2019 में नवीन स्टार्ट–अप नीति को लागू किया गया। नवाचार एवं स्टार्ट–अप की गतिशीलता, वैश्विक आर्थिक वातावरण में परिवर्तन, विनियामक संशोधनों, भारत सरकार की नवीन शिक्षा नीति एवं राज्यों की स्टार्ट–अप रैंकिंग एवं इस सबसे ऊपर आत्म निर्भर भारत एवं आत्म निर्भर मध्यप्रदेश योजना, 2023 के उददेश्यों की पूर्ति हेतु नीत का एक और पुनरीक्षण आवश्यक हो गया है। अत: राज्य शासन द्वारा स्टार्ट–अप नीति को और समग्र, समेकित एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से **'एमपी स्टार्ट–अप नीति एवं कार्यान्वयन योजना 2022'** लागू करने का निर्णय लिया गया है।

राज्य शासन ने नवीन नीति अन्तर्गत स्कूल एवं महाविद्यालयीन स्तर से छात्रों में नवाचार एवं स्टार्ट–अप की भावना जागृत करने के लिए विशेष प्रयास किये हैं। नीति को व्यापक रूप से लागू करने के लिए शासन के विभिन्न अंगों को नीति के प्रावधानों को प्रभावी रूप से अंगीकृत करने के लिए समेकित व्यवस्था की गई हैं। नीति को मात्र वित्तीय सहायता तक सीमित न रखकर स्टार्ट–अप को संस्थागत, ईज आफ डूईंग बिजनेस, बुनियादी अधोसंरचना, राज्य की उपार्जन नीति, विपणन तथा अन्य प्रोत्साहनात्मक सहयोग प्रदान करना उद्देश्य है।

**स्टार्ट–अप नीति के उद्देश्य–** म.प्र.स्टार्ट–अप नीति एवं कार्यान्वयन योजना 2022 के मुख्य उद्देश्य निम्नांकित है:

1. सकारात्मक हस्तक्षेप और अन्य उत्प्रेरक कार्यक्रमों के माध्यम से स्टार्ट–अप पारिस्थितिकी तंत्र का विकास करना।
2. स्टार्ट–अप इण्डिया, भारत सरकार में पंजीकृत एवं मान्यता प्रापत स्टार्ट–अप में 100 प्रतिशत विकास दर प्राप्त करना।
3. कृषि और खाद्य क्षेत्र में स्टार्ट–अप इण्डिया, भारत सरकार में पंजीकृत एवं मान्यता प्राप्त स्टार्ट–अप में 200 प्रतिशत विकास दर प्राप्त करना।
4. उत्पाद आधारित स्टार्ट–अप की संख्या में वृद्धि करना।
5. नवीन इन्क्यूबेशन सेंटर की स्थापना एवं विद्यमान इन्क्यूबेशन सेंटर्स की क्षमता विस्तार।
6. स्कूल एवं महाविद्यालयीन स्तर से छात्रों में नवाचार एवं स्टार्ट–अप की भावना जागृत करने के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित करना।
7. नवाचार और स्टार्ट–अप के माध्यम से आर्थिक एवं सामाजिक समस्याओं को सुलझाने हेतु संस्कृति का विकास करना।
8. भारत सरकार की स्टार्ट–अप रैंकिंग में मध्यप्रदेश को उच्च स्थान दिलाना।

**स्टार्ट–अप नीति के उद्देश्य को प्राप्त करने हेतु प्रयास–** स्टार्ट–अप नीति के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए नीति निम्नांकित पांच स्तंभों के अनुसरण पर केन्द्रित है:

1. संस्थागत सहयोग ईज आफ डूईग बिजनेस सहित।
2. उत्पाद आधारित स्टर्ट–अप को प्रोत्साहन देना।
3. नवाचार और उद्यमशीलता को बढ़ावा देना।
4. विपणन सहयोग करना।
5. वित्तीय एवं गैर वित्तीय सहायता प्रदान करना।

**नीति की अवधि और प्रयोज्यता–** यह नीति मध्यप्रदेश में अपनी अधिसूचना की तारीख से 5 वर्ष की अवधि के लिए, या किसी अन्य नीति द्वारा प्रतिस्थापित किए जाने तक जो भी पहले हो, तक प्रभावी रहेगी।

**स्टार्ट–अप का अर्थ:**

1. स्टार्ट–अप का अर्थ ऐसी इकाई से है जो भारत सरकार, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग के अधीन स्टार्ट–अप इण्डिया से मान्यता प्राप्त हो एवं मध्यप्रदेश राज्य में स्थापित एवं पंजीकृत हों महिला द्वारा प्रवर्तित स्टार्ट–अप में उसकी भागीदारी 51 प्रतिशत से कम नहीं होनी चाहिए।
2. उत्पाद आधारित स्टार्ट–अप से अभिप्राय है ऐसा स्टार्ट–अप जो ऐसा उत्पाद निर्मित करता हो जिसका एक भौतिक आकार हो।
3. इंक्यूबेटर से अभिप्राय है स्टार्ट–अप इकाईयों को प्रारंभिक अवस्था के दौरान समर्थन करने के लिए परिकल्पित किया गया एक संगठन जो व्यावसायिक सहयोग, संसाधनों और सेवाओं के द्वारा एक स्केलेबल व्यापारिक मॉडल विकसित करने में सहायता करता है। साथ ही इसका स्टार्ट–अप इण्डिया से मान्यता प्राप्त होना तथा मध्यप्रदेश में स्थापित या कार्यरत होना अनिवार्य होगा।
4. प्रौद्योगिकी व्यवसाय इंक्यूबेटर से अभिप्राय है विश्वविद्यालयों,

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

सार्वजनिक अनुसंधान, संस्थानों स्थानीय शासन ओर निजी संस्थानों का एक उपक्रम है, जो एक नई प्रौद्योगिकी उद्यम को बढ़ावा और आधार देने के लिए कार्यरत है।

5. मेजबान संस्थाओं से अभिप्राय है मध्य प्रदेश स्थित कोई भी इंजीनियरिंग कालेज, उच्च शिक्षा संस्थान औद्योगिक प्रतिष्ठान या स्मार्ट सिटी कंपनियां और अन्य सोसायटी या विशेष प्रयोजन इकाईयां।
6. ट्रेड रिसीवेबल डिस्कॉउस्टिंग सिस्टम प्लेटफार्म से अभिप्राय है भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा परिभाषित ट्रेड रिसीवेबल डिस्कॉउस्टिंग सिस्टम एवं इस कार्य हेतु स्वीकृत संस्था।
7. राज्य स्तरीय स्टार्ट-अप साधिकार समिति से अभिपाय है राज्य नवाचार चुनौती अन्तर्गत स्टार्ट-अप स्क्रीनिंग एवं चयन तथा नीति के सुगम क्रियान्वयन एवं पर्यविक्षण हेतु मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित समिति।
8. राज्य स्तरीय आंकलन या मूल्याकन समिति से अभिप्राय है राज्य नवाचार चुनौती के अन्तर्गत चयन स्टार्ट-अप्स के मूल्यांकन हेतु विषय से संबंधित विभाग के प्रमुख सचिव की अध्यक्षता में गठित समिति।
9. राज्य स्तरीय सहायता समिति से अभिप्राय है प्रमुख सचिव, सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम विभाग की अध्यक्षता में नीति अन्तर्गत प्रावधानित सुविधाओं का लाभ स्वीकृत करने हेतु गठित समिति।

**स्टार्अ-अप एवं इन्क्यूबेटर्स को सहयोग एवं सहायता प्रदान करना-** स्टार्ट-अप एवं इन्क्यूबेटर्स पारिस्थितिकी तंत्र को विकसित करने तथा उन्हें आवश्यक सहयोग एवं सहायता प्रदान करने के लिए संस्थागत, विपणन वित्तीय तथा व्यापार सरलीकरण स्तम्भ प्रमुख होते हैं। राज्य शासन इन स्तम्भों के माध्यम से प्रदेश को स्टार्ट-अप विशेषकर उत्पाद आधारित स्टार्ट-अप का निवेश गंतव्य बनाने हेतु कृत संकल्पित है।

**मध्य प्रदेश में स्टार्अ-अप सेंटर की स्थापना-** मध्यप्रदेश में स्टार्अ-अप्स को फेसिलीटेशन एवं आवश्यक सहयोग एक संस्थागत मंच प्रदान करने तथा उन्हें वैश्विक तथा स्थानीय बाजार, आयोजनों, कार्यशालाओं आदि में पर्याप्त अवसर प्रदान करने हेतु मध्य प्रदेश लघु उद्योग निगम के संरक्षण तथा तत्वाधान में विषय विशेषज्ञों से युक्त स्टार्अ-अप सेंटर की स्थापना की जावेगी। यह सेंटर राज्य में स्टार्अ-अप पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने, मजबूत करने और सुविधा प्रदान करने वाली समर्पित एजेंसी का कार्य करेगी।

**स्टार्अ-अप सेंटर के उद्देश्य एवं कार्यक्षेत्र:**

1. राज्य में स्टार्ट-अप का मार्गदर्शन और सहायता करना।
2. स्वीकृत पारिस्थितिकी तंत्र के सुचारू संचालन के लिए आवश्यक स्वीकृति के लिए राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के साथ समन्वय एवं सतत सम्पर्क करना।
3. निर्धारित नीति से किसी भी अनुमोदन, प्रोत्साहन और किसी भी अन्य मुद्दों से संबंधित शिकायतों को हल करना।
4. राज्य के स्टार्ट-अप पारिस्थितिकी तंत्र की समीक्षा कर राज्य सरकार को आवश्यक अनुशंसा कर सकता है।
5. केन्द्र का उद्देश्य राज्य में उद्यमिता अभिनव और स्टार्ट-अप उद्यमिता को बनाने और समर्थन करने के उद्देश्य से नवाचार संचालित स्टार्ट-अप इकोसिस्टम को बढ़ावा देकर मध्यप्रदेश को एक आत्मनिर्भर स्टार्ट-अप और इनोवेशन हब बनाना है।
6. केन्द्र स्टार्ट-अप नवोन्मेषी उद्यमशीलता को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न निवेशों, बाजार तथा अन्य संबंधित प्लेटफार्म में अपनी सेवाओं, उत्पादों को पिच, शोकेस करने की सुविधा प्रदान करेगा। यह मेंटरशिप सहायता प्रदान करने में भी मदद करेगा और सेवी, आरबीआई, अन्य सक्षम प्राधिकारियों के साथ पंजीकृत एंजेल निवेश, कॉर्पोरेट निवेशकों, अन्य फंडिंग एजेंसियों से आवश्यक निवेशकों से पूंजी या वित्तीय व्यवस्था करने में मदद करेगा।
7. मास्टर डाटा बेस को तैयार करना।
8. स्टार्ट-अप को कम्पनी तथा कर संबंधी कानूनों के परिप्रेक्ष्य में आ रही समस्याओं के निराकरण में मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान करना है।
9. राज्य एवं राज्य के बाहर बूट केम्प्स चैलेंज प्रतियोगिताओं, रोड शोज तथा निवेशक सम्मेलन या कार्यशालाओं का आयोजन करना।
10. स्टार्ट अप एवं इन्क्यूबेटर के लिए सिंगल विण्डों एजेंसी के रूप में कार्य करेगा।
11. बाजार पूर्व अध्ययन एवं मूल्यांकन।

**प्रस्तावित सेंटर हेतु वित्तीय व्यवस्था-** एम.पी. स्टार्ट अप सेंटर के संचाचलन एवं निर्धारण हेतु वित्तीय व्यवस्था उद्यमिता विकास केन्द्र तथा लघु उद्योग निगम के आन्तरिक पुनर्गठन तथा स्टार्ट अप मद में उपलब्ध विभागीय बजट आवंटन से की जावेगी। वेंचर केपीटल फंड हेतु विभाग के बजट में आवंटित राशि का उपयोग एम.पी. स्टार्ट अप सेंटर की स्थापना एवं स्टार्ट अप या इन्नोवेशन संबंधी गतिविधियों मे किया जायेगा।

**ऑनलाईन पोर्टल का विकास-** प्रदेश में स्टार्ट अप हेतु एक सुदृढ ऑनलाईन पोर्टल विकसित किया जायेगा जो स्टार्ट अप, निवेशकों, इन्क्यूबेटर्स तथा अन्य संबंधित हित धारकों के लिए आपसी सम्पर्क हेतु सेतु का कार्य करेगा। इस पोर्टल को भारत सरकार के स्टार्ट अप पोर्टल से एकीकृत किया जावेगा। प्रदेश में स्टार्ट अप एवं इन्क्यूबेटर्स को इस ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से प्रधानत: सभी प्रावधानित सुविधाओं का लाभ प्रदान किया जावेगा।

**अकादमिक सहयोग एवं भागीदारी-** मध्यप्रदेश में स्टार्ट अप विशेषकर उत्पाद आधारित स्टार्ट अप तथा नवाचार को प्रोत्साहित करने तथा उन्हें आवश्यक तकनीकी एवं मार्गदर्शी सहयोग प्रदान करने के लिए उन्हें राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर के तकनीकी एवं प्रबंधन संस्थानों, विश्वविद्यालयों एवं अन्य अकादमिक संस्थाओं से आवश्यक सहायता एवं भागीदारी प्राप्त की जावेगी। मध्यप्रदेश स्टार्ट अप सेंटर नवाचार के द्वारा आकल्पित एवं विकासधीन उत्पादों की टेंस्टिंग, अनुसंधान एवं विकास इत्यादि के लिए आवश्यक उच्च तकनीक की मशीनरी निश्चित समय के लिए उपलब्ध कराने हेतु भारत सरकार के एमएसएमई टेक्नॉलाजी सेंटर इंदौर एवं भोपाल, नेशनल इंस्टीटयूट आफ डिजाइन, भोपाल आइआइएसईआर, आईआईआईटीडीएम जबलपुर इत्यादि के साथ हर संभव सहयोग प्राप्त करेगा।

माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक एवं उच्च शिक्षण संस्थानों में उद्यमिता विकास संबंधी कोर्स पाठ्यक्रम में शामिल किये जावेगें। इन संस्थानों में नियमित रूप से बुद्धिशीलता एवं विचार मंथन कार्यशालाओं का आयोजन किया जावेगा। छात्रों को उद्यमिता की ओर आकर्षित करने के लिए इंटर्नशिप को प्रोप्साहित किया जावेगा।

छात्रों को स्टार्ट अप प्रारंभ करने के लिए सरकार द्वारा उपलब्ध कराए जा रहे वित्तीय तथा गैर-वित्तीय सुविधाओं से अवगत कराने के लिए स्टार्ट

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

अप इंण्डिया के सहयोग से वर्ष में दो बार पारस्परिक चर्चा हेतु कार्यशालाओं का आयोजन किया जावेगा।

**विपणन एव नकद सहयोग एवं सहायता–** मध्यप्रदेश में स्टार्ट अप को संस्थागत विपणन सहायता हेतु मध्यप्रदेश भण्डार क्रय तथा सेवा उपार्जन नियम 2015 में निम्नानुसार प्रावधान किए जावेगें:

1. रूपये 1 करोड तक की शासकीय निविदा में भाग लेने वाले स्टार्ट अप उद्यम को अनुभव एवं टर्नआवेर संबंधी शर्तो एवं मापदण्डों से छूट प्रदान की जावेगी। रूपये 1 करोड से अधिक की शासकीय निविदा हेतु संबंधित विभाग यदि उचित समझे तो पृथक से स्टार्ट अप से सेवा एवं उत्पाद उपार्जन का प्रावधान कर सकता है।
2. रूपये 1 करोड से अधिक के सेवा उपार्जन संबंधी निविदाओं प्रस्ताव के अनुरोध के परिप्रेक्ष्य में स्टार्ट अप के लिए आकल्पन प्रमाण को मान्य या स्वीकार किया जावेगा। किन्तु उपरोक्त प्रावधान अन्तर्गत सेवा अथवा उत्पाद की गुणवत्ता तथा अन्य आवश्यक अहर्ताओं की शर्तो में कोई परिवर्तन नहीं होगा।
3. राज्य शासन के समस्त निविदाओं या प्रस्ताव के अनुरोध में सुरक्षा निधि बयाना राशि से छूट प्राप्त होगी।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. जिला उद्योग केन्द्र जिला शहडोल से प्राप्त जानकारी।
2. समाचार पत्र एवं पत्रिकाओं से संग्रह।
3. इंटरनेट से प्राप्त जानकारी।
4. स्टार्टअप के लिए अनुपालन की मूल बातें– डॉ. अनुराग एस.डी. राय एवं रीता पवार।
5. कैसे करें स्टार्टअप बिजनेस शुरू – पंकज गोयल
6. स्टार्टअप हो तो ऐसा हो – एन. रघुरामन
7. खुद का स्टार्टअप कैसे करे – पवन के.बी.

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# दल-बदल कानून की प्रासंगिकता

कमलेश पवार*

* शोधार्थी, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** भारत को विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में जाना जाता है। हमारे देश का लोकतंत्र संप्रभु, समाजवाद, धर्म निरपेक्षता, लांकतांत्रिक गणराज्य आदि सिद्धांतों पर निर्भर है।

भारत में लोकतंत्र का अर्थ केवल वोट देने का अधिकार ही नहीं बल्कि सामाजिक और आर्थिक समानता को सुनिश्चित करना है, किन्तु आज भी सही मायने में लोकतंत्र को परिभाषित किया जाना अनिवार्य है। आज़ादी के बाद देश में कई समस्याएँ देखने को मिली जिनमें निरक्षरता, गरीबी, साम्प्रदायिकता, जातिवाद, नक्सलवाद, राजनैतिक अपराधीकरण, जनसंख्या वृद्धि, बेरोजगारी, क्षेत्रवाद आदि। इनमें से एक प्रमुख समस्या बनकर दल-बदल हमारे सामने आया है। आये दिन संसद व विधानसभाओं में दल-बदल जैसे मुझे भारतीय लोकतंत्र को दूषित कर रहे हैं।

भारतीय दलीय व्यवस्था लंबे समय तक विकृत रही। केन्द्र में सरकारों के पतन के लिए मुख्यतः दल-बदल ही उत्तरदायी रहा। भारतीय संविधान का ५२वाँ संविधान संशोधन विधेयक १९७३ में प्रस्तुत किया गया था परन्तु वह पारित नहीं हो सका। राजनैतिक दलों के विकृत स्वरूप में निरन्तर वृद्धि होती गई।

भारतीय राजनीति में सर्वाधिक प्रचलित राजनीतिक खेल का नाम है दल-बदल। एक पार्टी छोड़कर दूसरी पार्टी में शामिल हो जाना, सदन में सत्ता दल छोड़कर विरोधी दल में शामिल हो जाना, अपना खेमा बदल लेना दल-बदल की मान्य परिभाषा रही है।

दल-बदल का सहज अर्थ अपने दायित्व को त्यागना या उससे मुकरना है, किन्तु राजनीति में विविध स्थितियों में इसके विविध स्वरूप होते हैं। जैसे जिस दल के अधीन चुनाव लड़े उस दल का त्याग, सदन के भीतर पाला बदलना, किसी दूसरे दल में शामिल होने के लिए अपने दल को छोड़ना फिर एक निर्दलीय की तरह रहना या एक नया दल या गुट बनाना। इस प्रकार की दल-बदल की परिभाषा सर्वविदित है।

विधायी संस्थाओं के प्रारंभ से ही दल-बदल की घटनाओं का प्रारंभ माना जा सकता है। भारत सरकार अधिनियम १९३५ के अधीन सन् १९३७ के चुनाव में कांग्रेस को संयुक्त प्रान्त में पूर्ण बहुमत प्राप्त हुआ, फिर भी मुख्यमंत्री श्री गोविन्द वल्लभ पंत ने मुस्लिम लीग के कुछ सदस्यों को दल-बदलने और काग्रेस संगठन को छोड़ने का फैसला किया, उस समय सदस्यों की संख्या बहुत अधिक थी, केवल उत्तरप्रदेश की संख्या ही ५० थी, इनमें आचार्य नरेन्द्र देव ने दल बदल करके जन कांग्रेस नामक एक नये दल की स्थापना की।

१९५६ में तीव्र उठापठक और पैतरेबाजी के पश्चात् ९८ विधायकों ने, दल-बदल किया। सन् १९६७ के पूर्व आचार्य नरेन्द्र देव, आचार्य कृपलानी, अशोक मेहता, रफी अहमद किदवई, टी. प्रकाशम् व डॉ. रघुवीर सिंह जैसे दिग्गज नेताओं ने अपनी राजनीतिक प्रतिबद्धतायें बदली।

सन् १९५७ से १९६७ के दशक में ५४२ दल-बदल की घटनाएँ हुई। अकेले १९६७ में ही ४३८ सदस्यों ने दल-बदल किया। १९६७ से १९७३ की अवधि में २७०० विधायकों ने विभिन्न स्वार्थों से दल-बदल किया। इनमें से १५ मुख्यमंत्री बने तथा २१२ को मंत्रीपद प्राप्त हुआ। इस प्रकार संपूर्ण देश में दल-बदलुओं की संख्या ४००० से भी अधिक हो गई। व्यापक दल-बदल के कारण ६ राज्यों में सरकारें बिगड़ी और बनी। ६ राज्यों में राष्ट्रपति शासन घोषित हुआ और ४ विधानसभाओं को भंग कर मध्यावधि चुनाव कराये गये।

चौथे आम चुनाव के बाद दल-बदल चरम-सीमा पर पहुँच गया। यू.एन.आई. सर्वेक्षण के अनुसार दिसम्बर १९६७ तक ९ प्रतिशत से भी अधिक राज्यों के विधायकों ने अपना दल बदला। दल-बदल की प्रवृत्ति १९६८ में बहुत जोरों पर थी, जिसके फलस्वरूप कई सरकारें टूटी, कई बनी और कई प्रान्तों में राष्ट्रपति शासन लागू कर दिया गया। मार्च १९६७ से १९७० तक ४००० विधायकों में से १,४०० विधायकों ने दल-बदलें। सबसे अधिक दल-बदल काँग्रेस में हुआ।

**दल-बदल के प्रेरक कारण**

राजनैतिक दलों की आंतरिक गुटबंदियों के कारण भी दल-बदल को भारी प्रोत्साहन मिला। पद, धन, स्तर आदि के कारण भी दल-बदल हुए। राजनीति में व्याप्त ढोंग, गरीबी, व अज्ञानता के कारण भी राजनैतिक वास्तविकताओं के बीच बड़ी खाई पैदा हुई जिसे पाटना कठिन हो गया।

दल-बदल के आधारभूत कारणों पर प्रकाश डालते हुए प्रो.रजनी कोठारी के अनुसार दल-बदल में दो बातों का मुख्य हाथ रहा-प्रथम चुनाव के पहले टिकिट का बँटवारा और दूसरा चुनाव के बाद मंत्रीमंडल का गठन। ये नई बात नहीं थी १९६७ में और बाद में जितनी आसानी से लोग कांग्रेस छोड़ देते थे, उतना पहले कभी नहीं देखा गया था।

दल-बदल की प्रक्रिया के अनेक राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक, मनोवैज्ञानिक और नैतिक पहलू हैं। राजनीतिज्ञों, विधायकों, सांसदों की कितनी ही मानसिक कुठाओं और अतृप्त इच्छाओं का इतिहास है जिसे भलीभाँति जाना जा सकता है।

अतः दल-बदल की एक समाज वैज्ञानिक दृष्टिकोण से विवेचना करना जरूरी है।

**१. सत्ता की स्वार्थ लिप्सा के लिए दल-बदल–** सत्ता के लिए संघर्ष राजनीतिक दलबंदी का एक प्रमुख लक्षण है। राजनैतिक दल सत्ता हथियाने के लिए अनेक अशोभनीय तरीके अपनाते हैं। इसी कारण आयाराम-गयाराम की राजनीति का विकास हुआ।

दल-बदल का सबसे बड़ा कारण सत्ता पाना और पद प्रलोभन है। १९८२

में हरियाणा में दल-बदल का भाव २०,००० रू. से ४०,००० रू. तक आँका जा रहा था। हरियाणा के राज्यपाल द्वारा राष्ट्रपति को भेजी गई रिपोर्ट में उक्त उदाहरण प्रस्तुत किये गये हैं।

सन् १९६९, १९७८, १९७९ में सत्ता परिवर्तन के उदाहरण दिये गये हैं। सन् १९७९ में चरणसिंह समर्थकों द्वारा जनता पार्टी को तोड़कर जनता(एस) का गठन और बाद में कांग्रेस (एस) और अन्य दलों की सहायता से सरकार बनाने के पीछे स्वार्थ-लिप्सा की भावना ही प्रमुख रही।

नवम्बर १९९० में चौधरी देवीलाल और चन्द्रशेखर द्वारा अपने समर्थकों सहित अलग होकर समाजवादी दल का गठन कर कांग्रेस (इ) की सहायता से सरकार बनाने का निर्णय इसी सत्ता की राजनीति का ही अंग था।

सन् १९९५ में आंध्रप्रदेश में चंद्राबाबू नायडू ने मुख्यमंत्री बनने की महत्वाकांक्षा को पूरा करने के लिए, रामाराव को अपदस्थ कर तेलगू देशम् का ही विभाजन कर दिया।

सन् १९९७ में भाजपा ने उत्तरप्रदेश में कल्याण सिंह की सरकार बनाने के लिए कांग्रेस तथा बहुजन समाजवादी पार्टी में विभाजन कराया।

२. **भीतर की गुटबंदी और भाई-भतीजावाद –** विभिन्न गुटों या धड़ों के बीच सत्ता संघर्ष के लिए गुटबंदी की जाती है।

रजनी कोठारी का अभिमत है कि सत्ताधारी और विपक्ष दो गुट होते हैं। उनके समर्थक सत्ता प्राप्ति के लिए क्षेत्रवाद, साम्प्रदायिकता, जातिवाद आदी का सहारा लेते है। गुटबंदी और प्रशासन में बढ़ते भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद इन संघर्षों के कारण होते हैं।

३. **दलीय दलबदल –** १९६९ में कांग्रेस का विभाजन हुआ। १९७२ में सोशलिस्ट पार्टी और प्रजा सोशलिस्ट पार्टी अस्तित्व में आई। इस कारण दलबंदी के कारण दलों में विभाजन होना स्वाभाविक है।

४. **व्यक्तित्व संघर्ष–** वरिष्ठ सदस्यों की उपेक्षा और व्यक्तित्व संघर्ष के कारण भी दल-बदल को प्रोत्साहन मिलता है। कई बार पार्टी टिकिटों के असमान बँटवारें के कारण भी दल-बदल को प्रोत्साहन मिलता है।

५. **राजनैतिक सत्ता की प्राप्ति –** दल-बदल की अभिप्रेरक शक्ति में राजनैतिक संभावनाएँ बढ़ती है। आर्थिक लाभ तथा अन्य आधारों पर दल-बदल करना सामान्य बात हो गई है। दल-बदल करके भी लाभ के पद को काबिज़ किया जाता है।

मंत्री पद पर आसीन होने पर कई विधायक अन्य अप्राप्य जीवन की सुख-सुविधाओं और विलास सामग्रियों का स्वयं उपभोग करने के साथ-साथ दूसरों को भी व्यापक संरक्षण प्रदान करने और उनके स्वार्थ साधने की स्थिति में सहज हो जाते हैं।

६. **पद एवं सम्मान की लालसा –** सत्ता का मोह और पद लोलुपता ने देश के राजनैतिक वातावरण को इतना खराब और दूषित बना दिया है कि विधायकों की दृष्टि में सिद्धान्त, आदर्श, नैतिकता आदि का महत्व कम हो गया है।

७. **सशक्त एवं महान नेतृत्व का अभाव –** दलीय राजनीति व्यक्तित्व नेतृत्व पर आधारित रही है।

आज नेतृत्व का आधार न तो लोकसेवा है न ही निर्वाचकों में लोकप्रियता। अतः लोकसभा और विधानसभाओं के निर्वाचित कई सदस्यों में मौलिक निष्ठा का अभाव है और वे विशुद्ध रूप से राजनीतिक अवसरवाद की भावना से कार्य कर रहे हैं। सत्ता के लोभ में उन्हें दल-बदलने में भी कोई संकोच नहीं होता। केवल निर्वाचनों के अवसर पर ही राजनीतिक दल धन खर्च करके जनता को हतप्रभ करने में प्रयासरत रहते हैं।

८. **प्रभावशाली नेतृत्व का अभाव –**पूर्व में प्रभावशाली व्यक्तित्वों का लोप हो चुका है। इसलिए अब जो भी नेतृत्व सामने आ रहे हैं उनके व्यक्त्वि में प्रभावशाली नेता दिखाई नहीं देते, जो दलों के भीतर दल पर नियंत्रण कर सके।

९. **जनता की उदासीनता –** आज जनता में भी नेतृत्व के प्रति अब कोई विशेष आकर्षण नहीं रहा है। आम जनता नेतृत्व के प्रति उदासीन होती जा रही हैं।

**१०. राजनैतिक दलों में ध्रुवीकरण का अभाव –**डॉ. सुभाष कश्यप लिखते हैं कि जिस आसानी से नेता एक दल का परित्याग कर दूसरे दल में शामिल होते हैं इससे स्पष्ट है कि राजनैतिक दलों में सिद्धान्त जैसी कोई बात नजर नहीं आती। विभिन्न दलों में कोई वास्तविक ध्रुवीकरण नहीं है। उनके मतभेदों का स्वरूप भी धुंधला है।

**दल-बदल के परिणाम:**

१. दल-बदल के कारण शासन में अस्थिरता पैदा होती है। जिससे आगामी विकासगामी प्रवृत्तियों में शिथिलता उत्पन्न होती है।

२. दुर्बल मिली-जुली सरकारों का निर्माण –संविद सरकारों के विभिन्न घटकों में कोई ताल-मेल नहीं रहता। मंत्रीमंडल में एकता का अभाव दिखाई देता है। जो भी गठबंधन बना लिये जाते हैं जो कालान्तर के बाद अस्थिर होने लगते हैं।

३. नौकरशाही के प्रभाव में वृद्धि- दल-बदल के कारण प्रशासनिक रिक्तता, राजनैतिक अनिश्चितता का प्रभाव बढ़ता रहा है।

४. मंत्रिमंडलों में अनावश्यक विस्तार- उदाहरण के लिए राव वीरेन्द्रसिंह मंत्री मंडल में २३ मंत्रियों का विस्तार किया गया।

५. अल्पमत सरकारों का निर्माण- दल-बदल के कारण पंजाब, पश्चिमी बंगाल आदि राज्यों में अल्पमत सरकारों का निर्माण किया गया।

६. राजनैतिक दलों का विघटन- दल-बदल के कारण राजनैतिक दलों में बिखराव और विघटन की प्रक्रिया जारी रही।

७. सिद्धांतहीन और नैतिकता शून्य राजनीति का सूत्रपात हुआ।

८. विकास कार्यों में बाधाएँ पैदा होती गई।

इस प्रकार शासन व्यवस्था सुचारू रूप से जारी नहीं रही। जब लोकप्रिय सदन के चुनाव में किसी एक राजनैतिक दल को स्पष्ट बहुमत नहीं होता, तब त्रिशंकु लोकसभा या विधानसभाओं में अनावश्यक गठबंधन की स्थितियाँ पैदा होने लगती हैं। इस प्रकार दल-बदल की बीमारी ने राष्ट्रीय दलों की जड़े कमजोर बना दी। क्षेत्रीय दलों की महत्वाकांक्षा में वृद्धि होती गई।

**दल-बदल कानून की आवश्यकता क्यूँ?**

भारत में लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था को अपनाया गया है जिसमें दलों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, किन्तु स्वतंत्रता के बाद देखा गया कि जनादेश की अनदेखी होने लगी। विधायकों या सांसदों की जोड़-तोड़ से सरकारें बनने व गिरने लगी। इस प्रकार की घटनाओं ने राजनैतिक अस्थिरता को जन्म दिया। ७० के दशक में यह देखने में आया कि लोगों ने एक दिन में तीन बार दल बदलें। हरियाणा के एक विधायक गयालाल ने ३० अक्टूबर १९६७ को एक दिन में ३ बार दल बदला। तब से आयाराम-गयाराम की कहावत प्रचलित हुई।

इसके बाद जनादेश का उल्लंघन करने वाले सदस्यों को चुनाव में भाग लेने से रोकने की आवश्यकता महसूस होने लगी। परिणामस्वरूप सन् १९८५ में प्रधान मंत्री राजीव गाँधी द्वारा ५२ वें संविधान संशोधन के रूप में दल-बदल कानून अस्तित्व में लाया गया। उक्त कानून में कुछ कमियों को देखते हुए कुछ वर्ष बाद सन् २००३ में ९१ वां संविधान संशोधन पारित किया गया जिसमें निम्न प्रावधान किये गयेः

१. दल-बदल करने वाले सदस्यों की सदस्यता स्वतः समाप्त हो जायेगी।

२. दल-बदल करने वाले सदस्य किसी भी प्रकार का सरकारी/लाभ का पद प्राप्त नहीं कर सकेंगे।

३. सदन की सदस्यता प्राप्त करने के लिए पुनः चुनाव जीतना होगा।

४. मंत्रिपरिषद का आकार केन्द्र एवं बड़े राज्यों लोकप्रिय सदन की सदस्य संख्या का १५ प्रतिशत से अधिक नहीं होगा।

**दल-बदल विरोधी कानून निम्न आधार पर लागू नहीं होगाः**

१. यदि सदन के सदस्यों की कुल संख्या के एक तिहाई सदस्य दल विभाजन के परिणाम स्वरूप उसकी सदस्यता का परित्याग करते हैं या दो तिहाई सदस्य किसी अन्य राजनीतिक दल में शामिल हो जाते हैं और अलग समूह के रूप में कार्य करने का निर्णय करते हैं।

२. लोकसभा एवं विधानसभा के अध्यक्ष और राज्यसभा का उपसभापति चाहे तो अपने निर्वाचन के बाद अपनी पार्टी से इस्तीफ़ा दे सकते है किन्तु एक बार इस्तीफ़ा देने के बाद पर पर रहते हुए वे पुनः पार्टी में शामिल होते है तो अयोग्य घोषित किये जाएंगे। इसका निर्णय पीठासीन अधिकारी करेगा।

३. यदि किसी विधायक अथवा सांसद को पार्टी द्वारा निष्कासित किया जाए।

४. यदि किसी राजनीतिक पार्टी का अन्य दल में विलय हो रहा हो और यदि उसका कोई सदस्य उससे बाहर रहना चाहता है तो उस पर दल-बदल कानून लागू नहीं होगा।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

१. सुभाष कश्यप- दल-बदल और राज्यों की राजनीति मीनाक्षी, मेरठ,१९७०

२. गोस्वामी भालचंद्र-दल-बदल-दशा और दिशा पंचशील, जयपुर १९९९

३. डॉ. जैन पुखराज-दल-बदल की राजनीति-२०००

४. विनोद श्रीवास्तव-दल-बदल अधिनियम, छिन्न-भिन्न होती राजनैतिक निष्ठा, सरिता, दिसम्बर १९९७

५. डॉ. चेतना नेहरा- लोकतंत्र और दल-बदल अर्जुन पब्लिशिंग हाउस, नईदिल्ली।

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# मध्यप्रदेश में महिला नीति एवं कल्याणकारी योजनाएं एक अध्ययन (रीवा जिले के सेमरिया तहसील के विशेष संदर्भ में)

**डॉ. अर्चना श्रीवास्तव* मंजुला द्विवेदी****

* सहायक प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या स्नात्कोत्तार स्वशासी महाविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी (राजनीति विज्ञान) बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** मध्य प्रदेश देश का ऐसा राज्य है जहां सबसे पहले राज्य स्तर पर महिला नीति तैयार कर क्रियान्वित की गई है, महिला नीति का अर्थ महिलाओं को आर्थिक रूप से स्वावलंबी, आत्मविश्ववासी और अपनी अस्मिता के प्रति सकारात्मक सोच वाला बनाना है ताकि वे कठोर परिस्थितयों का मुकाबला करने में सक्षम हो और विकास कार्यों में भी उनकी भागीदारी हो सके। भारतीय समाज में संविधान की स्थापना में लेख किया गया है कि समतावादी प्रजातांत्रिक मूल्यों को प्राप्त करने के उदेश्य से समाज में किसी भी आधार पर लिंग, जाति, नस्ल आदि भेदभाव नहीं किया जा सकता, इसलिए लम्बे समय से महिलाओं की कमजोर परिस्थिती को मजबूत बनाने के उदेश्य से प्रथम वो महिला कल्याण कार्यों को प्रथमिकता दी गई। मध्य प्रदेश शासन का लक्ष्य महिलाओं का पूर्ण रूप से विकास एवं सशक्त बनाना है, महिला नीति की मूल अवधारणा महिलाओं के प्रति समाज की मानसिकता में सकारात्मक परिवर्तन लाना है।

**शब्द कुंजी–** महिला नीति, कल्याणकारी योजनाएं, सशक्तिकरण।

**प्रस्तावना–** लगभग डेढ़ दशक पूर्व वर्ष 2001 में राष्ट्रीय महिला सशक्तिकरण नीति एनपीडब्ल्यू तैयार की गई थी इसके तहत आर्थिक एवं सामाजिक नीतियों के माध्यम से महिलाओं के संपूर्ण विकास एवं सशक्तिकरण का लक्ष्य रखा गया था वर्तमान वैश्वीकरण के युग में महिलाओं के कार्य क्षेत्र का दायरा बढ़ने के साथ-साथ समस्याएं नए-नए रूपों में प्रकट हो रही हैं इनके निराकरण हेतु केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा 17 मई 2016 को राष्ट्रीय महिला नीति 2016 का प्रारूप हित धारकों की टिप्पणियों एवं परामर्श हेतु जारी किया गया।

जनसामान्य के जीवन के सभी आयामों का सर्वांगीण विकास करना प्रत्येक कल्याणकारी राज्य का मुख्य उद्देश्य होता है। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए राज्य द्वारा विभिन्न नीतियों का निर्धारण किया जाता है, इन नीतियों में निर्धारित की गई कार्य योजना का क्रियान्वयन कर समय बद्ध तरीके से लक्ष्य प्राप्त करने का प्रयास कर विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों का निर्माण भी इन नीतियों पर ही आधारित होता है। योजनाओं तथा कार्यक्रमों की सफलता एवं असफलता का मूल्यांकन कर समय-समय पर नीतियों में संशोधन किए जाते हैं अर्थात यह नीतियां राज्य के कार्य क्षेत्र का आईना होती हैं।

**उद्देश्य–** मध्यप्रदेश की महिला नीति एवं कल्याणकारी योजनाओं का क्रियांवयन सेमरिया तहसील के विशेष सन्दर्भ में।

**महिला नीति–** महिलाओं का समर्थ होना निरंतर नीति की बुनियाद है। समर्थ होने पर ही महिलाएं अपने जीवन के सभी पहलुओं पर पूरा नियंत्रण पा सकती हैं, यदि अन्याय पूर्ण सामाजिक ढांचे को तोड़ना है और राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में महिलाओं को उनका उचित स्थान दिलाना है, तो महिलाओं का सर्वांगीण विकास करना अति आवश्यक है।

मध्यप्रदेश शासन महिलाओं की समानता, सुरक्षा, स्वतंत्रता उनके लिए न्याय विकास एवं सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है, महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक एवं शैक्षणिक सशक्तिकरण विकास के लिए संचालित लाइफ साइकिल अप्रोच आधारित प्रदेश के अनेक कार्यक्रम एवं योजनाओं की देश में अलग पहचान बनी है।

मध्यप्रदेश शासन का लक्ष्य महिलाओं का पूर्ण सशक्तिकरण है। राज्य की महिला नीति की मूल अवधारणा महिलाओं के प्रति समाज की मानसिकता में सकारात्मक परिवर्तन लाना है, जिससे उनके साथ विद्यमान विभेदकारी असमानता की स्थिति समाप्त हो, महिलाओं के प्रति समानता एवं सम्मान की भावना एवं उनकी सुरक्षा आर्थिक आत्मनिर्भरता एवं विकास में समान भागीदारी सुनिश्चित हो।

मध्य प्रदेश में विकास की प्रक्रिया में आरंभ से ही महिलाओं की ओर ध्यान देने का प्रयास किया जाता रहा है, राज्य में महिलाओं की संख्या लगभग आधी है, राज्य में महिलाएं सबसे गरीब सुविधा से वंचित वर्ग में आती हैं, जिन्हें विकास से अक्सर लाभ नहीं हो पाया है। महिलाएं मुख्यत: कृषि,वन, घरेलू उत्पादन और शहरी अनौपचारिक क्षेत्रों में काम करती हैं। महिलाओं की स्थिति में सुधार करने के लिए मध्यप्रदेश राज्य की प्रथम महिला नीति घोषित की गई है।इस नीति में निम्नलिखित लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं–

1. नारी जीवन का अस्तित्व और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करना है।
2. समाज में महिलाओं की भरपूर सहभागिता सुनिश्चित करना और निर्णय लेने में उनकी भूमिका को सशक्त करना।
3. सभी क्षेत्रों में विकास के प्रयासों का भरपूर लाभ उठाने के लिए महिलाओं को समर्थ बनाना।

4. महिलाओं में आत्मविश्वास जागृत करना और समाज में उनकी प्रतिष्ठा बढ़ाना।
5. आर्थिक गतिविधियों में महिलाओं की भरपूर भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सकारात्मक कदम उठाना।
6. जीवन के सभी क्षेत्रों में महिलाओं की उपस्थिति सुनिश्चित करना।
7. महिलाओं के प्रश्न पर व्यापक समाज के रवैया में परिवर्तन लाना और उसे संवेदनशील बनाना।
8. महिलाओं के साथ हो रहे नृशंसित अत्याचार और हिंसाचार की रोकथाम करना।

**मध्य प्रदेश में महिलाओं की स्थिति-** मध्य प्रदेश में महिलाओं के विकास विभिन्न संकेतको में सकारात्मक परिवर्तन परिलक्षित हुआ है। वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर राष्ट्रीय स्तर पर स्त्री-पुरुष अनुपात 1000 पर 940 है जो मध्यप्रदेश में 931 है। (ग्रामीण जनसंख्या में 936 तथा शहरी जनसंख्या में 918)। वर्ष 2001-2011 के दौरान मध्यप्रदेश में दशकीय किए वृद्धि दर राष्ट्रीय वृद्धि दर 17.7 प्रतिशत की तुलना में 20.35 प्रतिशत है। वर्ष 1991 से 2001 के दौरान मध्यप्रदेश में यह दर 24. 3 प्रतिशत थी। मध्यप्रदेश में दशकीय वृद्धि दर में पुरुष (19.6%) एवं महिला (21 प्रतिशत) है। मध्यप्रदेश में शिशु लिंगानुपात (0 से 6 वर्ष) जनगणना 2001 में मध्यप्रदेश में शिशु लिंगानुपात 932 था, जो जनगणना 2011 में 14 अंकों की गिरावट के साथ 918 हो गया।

मध्यप्रदेश में साक्षरता दर 69.3 प्रतिशत है, जो 2011 की जनगणना में 63.7 प्रतिशत थी। मध्य प्रदेश की साक्षरता दर में 5.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। मध्यप्रदेश में साक्षरता दर पुरुष 78.7 प्रतिशत, महिला 59.2 प्रतिशत, ग्रामीण 63.94 प्रतिशत नगरीय 82.85 प्रतिशत थी। भारत की साक्षरता दर 73 प्रतिशत है।

महिलाओं को राजनीतिक रूप से सशक्त करने के लिए पंचायत राज संस्थाओं एवं नगरीय निकायों में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। महिला जनप्रतिनिधियों की निर्णय क्षमता विकसित करने के लिए ओरियंटेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, वन समितियों में भी 50 प्रतिशत महिलाओं को स्थान दिया गया है।

**मध्यप्रदेश शासन द्वारा महिलाओं के लिए संचालित कल्याणकारी योजनाएं-** मध्यप्रदेश शासन द्वारा महिलाओं के विकास हेतु अनेक प्रकार की योजनाएं संचालित की गई है, इन योजनाओं का **संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार है-** 22 जनवरी 2015 को प्रधानमंत्री ने **'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ'** योजना प्रारंभ की। यह योजना लड़कियों को बचाने एवं जन्म का उत्सव मनाना और उसे शिक्षा प्रदान करना है। यह वर्ष 2014-15 के बजट में की गई घोषणा के अनुसार 100 करोड़ रुपए की आरंभिक राशि द्वारा शुरू की गई थी। वर्ष 2022-23 के बजट में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ सहित कुछ अन्य प्रमुख योजनाओं को मिशन शक्ति के अंतर्गत मिलाकर कुल 3184.11 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। इसके अलावा **'लाड़ली लक्ष्मी योजना'**, श्स्वागतम लक्ष्मी योजनाश् का संचालन लड़कियों एवं महिलाओं को समाज की मानसिकता में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास किया जा रहा है। ग्रामीण एवं शहरी महिलाओं को आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाने के लिए महिलाओं द्वारा संचालित स्व सहायता समूहों का गठन किया है **'तेजस्विनी ग्रामीण महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम'** मध्य प्रदेश में शासकीय सेवा को 50% आरक्षण दिए जाने का प्रावधान किया जा रहा है। बालिकाओं को शैक्षणिक रूप से सशक्त करने के लिए **'गांव की बेटी योजना'** 12वीं कक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण करने वाली ग्रामीण बालिका को नि: शुल्क उच्च शिक्षा तथा 500 रुपए प्रतिमाह की दर से छात्रवृत्ति दी जाती है। **'प्रतिभा किरण योजना'** इस योजना में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाली मेधावी छात्राओं का शिक्षा स्तर बढ़ाने का प्रयास किया गया है। 'एकल बालिका नि:शुल्क योजना' इकलौती बालिका को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के सभी विद्यालयों में निशुल्क शिक्षा उपलब्ध कराना।

**रीवा जिले की सेमरिया तहसील की महिलाओं की साक्षरता दर**

**तालिका-1: महिला साक्षरता दर**

| महिलाए | |
|---|---|
| साक्षर महिलाए | निरक्षर महिलाए |
| 49 % | 51% |
| कुल योग 100% | |

मध्य प्रदेश की महिला कल्याणकारी योजनाओं की प्रभावशीलता का आनुपातिक अध्ययन करने के लिए शोधार्थी ने 50 महिलाओं का आकलन करते हुए उनका एकीकृत चिंतन जानने की कोशिश की जिसका विवेचनात्मक विश्लेषण दिया गया है। अध्ययन क्षेत्र रीवा जिले के सेमरिया तहसील से चयनित 50 उत्तरदाताओं (महिलाओं) से जब यह प्रश्न किया गया कि क्या आपको शासकीय योजनाओं की जानकारी है तो इस पर उनके उत्तर निम्न रहे हैं।

**तालिका-2: शासकीय योजनाओं की जानकारी (उत्तरदाता 50 महिलाए)**

| क्र. | विवरण | महिलाओं की संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1. | हाँ | 35 | 70% |
| 2. | नहीं | 15 | 30% |
| | योग | 50 | 100% |

अपरोक्त तालिका में महिलाओं के कल्याण हेतु संचलित योजनाओं के संदर्भ में वर्गीकरण प्रस्तुत किया गया है। उत्तरदाताओं की अभिरुचि से स्पष्ट होता है कि क्षेत्र की 70% महिलाओं ने हाँ एवं 30% महिलाओं ने नहीं में जवाब दिया है, अर्थात क्षेत्र में अभी भी महिलाओं को जानकारी का अभाव है।

**तालिका-3: योजनओं से लाभ की जानकारी**

| क्र. | विवरण | महिलाओं की संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1. | हाँ | 40 | 80% |
| 2. | नहीं | 10 | 20% |
| | योग | 50 | 100% |

उक्त तालिका से स्पष्ट होता है कि क्षेत्र में 80 प्रतिशत महिलाओं को योजनाओं से लाभ मिल रहा है एवं 20 प्रतिशत महिलाएं अभी भी किसी करण से लाभ प्राप्त नहीं कर पा रही हैं।

**तालिका-4: स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं से लाभ की जानकारी**

| क्र. | विवरण | महिलाओं की संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1. | हाँ | 35 | 70% |
| 2. | नहीं | 15 | 30% |
| | योग | 50 | 100% |

क्षेत्र में 70 प्रतिशत महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं से लाभ मिल रहा है, एवं 30 प्रतिशत महिलाएं अभी भी लाभ लेने से वंचित हैं।

**निष्कर्ष–** लगभग 15 वर्षों बाद राष्ट्रीय महिला नीति में संशोधन का प्रस्ताव आया जिसमें जारी मसौदे का उद्देश्य महिलाओं को सामाजिक आर्थिक व शैक्षणिक रूप से सशक्त बनाना है। सरकार की इस नीति के माध्यम से महिला कल्याण, महिला विकास एवं महिलाओं के स्वास्थ्य सुरक्षा के साथ-साथ महिलाओं के संपूर्ण विकास कार्यों अथवा महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए लोक कल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर महिलाओं के संपूर्ण जीवन में सरकार का काफी योगदान रहा है। मध्य प्रदेश की महिलाओं की स्थिति में काफी परिवर्तन हुआ है जिससे उनके विकास कार्यों में काफी सुधार हुआ है। सामाजिक प्रतिबन्ध और राजनीतिक प्रतिरोध के चलते महिलाओं का अधिक विकास अभी भी जैसा होना चाहिए नहीं हो पाया है। इसके लिए स्वयं महिलाएं जिम्मेदार हैं साथ ही पुरुष प्रधान समाज ने महिलाओं को आगे बढ़ने से रोका है, महिला सशक्त तभी होगी जब पुरुष मानसिकता बदलेगी।

**संदर्भ ग्रंथ सूची:–**


1. घटना चक्र 188/128 एलनगंज, चर्चलेन प्रयागराज इलाहाबाद-211002 वर्ष 2022,
2. प्रतियोगिता संदर्भ 36- एच, विज्ञान नगर इंदौर-12(म.प्र.),
3. महिला नीति 2015 (महिला एवं बाल विकास विभाग मध्यप्रदेश),
4. तिवारी रविशंकर, मध्यप्रदेश कल्याणकारी योजनाएं फरवरी 2022,
5. सम-सामयिकी घटना चक्र


*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय राजनयिक संबंधों में कौटिल्य के षाड्गुण्य नीति की उपयोगिता- एक अध्ययन

**डॉ. शोभाराम सोलंकी***

* सहायक प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) शासकीय महाविद्यालय, कसरावद, जिला खरगोन (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** कौटिल्य की षाड्गुण्य नीति राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा में महत्त्वपूर्ण नियमों की स्थापना करती है। इसने समाज के सामूहिक उत्थान, राजनीतिक स्थिरता, और आर्थिक समृद्धि को महत्त्व दिया है। नीति में सुरक्षा को संरक्षित करने के लिए शक्तिशाली संरचनाएं और संघर्ष के नियमों का वर्णन किया गया है। यह राष्ट्रीय सुरक्षा को सुनिश्चित करने के साथ ही अंतरराष्ट्रीय समझौतों में भी सुरक्षा की महत्ता को बताती है। नीति ने सामरिक सुरक्षा को भी उच्च प्राथमिकता दी है। इन सिद्धांतों का पालन करके सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं को समझाने और समाधान करने में मदद की जा सकती है, जो राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुरक्षा की प्रतिबद्धता के रूप में काम करते हैं।आचार्य कौटिल्य केद्वारा प्रतिपादित संधि, विग्रह, यान, आसन, संश्रय, द्वैधीभाव आदि नीति वर्तमान में अंतर्राष्ट्रीय राजनीति के क्रियांवयन में प्रासंगिक है। प्रस्तुत शोध पत्र में आचार्य कौटिल्य के षाड्गुण्य नीति पर प्रकाश डालने का विनम्र प्रयास किया गया है।

**शब्द कुंजी–** अर्थशास्त्र, अंतर्राष्ट्रीय राजनीति, षाड्गुण्य नीति, संधि, विग्रह, यान, आसन, संश्रय, द्वैधीभाव।

**प्रस्तावना –** एतिहासिक स्रोतों से ज्ञात होता है कि आज से लगभग ढाई हजार वर्ष पूर्व तत्कालीन तक्षशिला विश्वविद्यालय के आचार्य कौटिल्य द्वारा क्रियांवित उत्ताम राजव्यस्था, प्रशासनिक कार्यकुशलता एवं सुदृढ़ सैन्य विधान परवर्ती युगों के लिए प्रेरणा स्रोत बनी। किसी भी राज्य की एकता, अखंडता, स्वतंत्रता एवं सम्प्रभुता के स्थायित्व के लिए दूरदर्शी व स्पष्ट नीतियों का निर्धारण अति आवश्यक है जिसके सफल क्रियान्वयन पर ही सम्बंधित राज्य का अस्तित्व टिका रहता है। कौटिल्य की षाड्गुण्य नीति एक प्राचीन नीतिशास्त्र है जो उसके अर्थशास्त्र में विस्तार से वर्णित है। यह नीति राजनीति, आर्थिक, सामाजिक और राष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में सुरक्षा और स्थिरता को प्राप्त करने के लिए अनुशासन और नीतियों की महत्ता पर जोर देती है।षाड्गुण्य नीति में छह गुणों का उल्लेख है, जो समृद्ध और सुरक्षित समाज की नींव रखते हैं। पहला गुण, 'रक्षा' है, जो राष्ट्रीय सुरक्षा और रक्षा के लिए महत्त्वपूर्ण है। दूसरा गुण, 'संरक्षण' नीतियों के माध्यम से समाज की सुरक्षा और स्थिरता को सुनिश्चित करने के लिए जरूरी है। तीसरा गुण, 'आर्थिक समृद्धि', विभिन्न आर्थिक उपायों के माध्यम से समृद्धि की दिशा में महत्तवपूर्ण है। चौथा गुण, 'सामरिक सुरक्षा', जनता की सुरक्षा और संरक्षण को सामाहित करता है। पांचवा गुण,'समरसता', समाज में सभी वर्गों के बीच समानता और न्याय की स्थापना के लिए है। और आखिरी गुण, 'नीति', सुचारु नीतियों और निर्णयों के माध्यम से राष्ट्रीय सुरक्षा और समृद्धि को सुनिश्चित करने के लिए जरूरी है।षाड्गुण्य नीति ने समृद्धि, समानता, और सुरक्षा के महत्वपूर्ण पहलुओं को प्रोत्साहित किया है और उन्हें समाहित करने के लिए नीतियों और अनुशासन की महत्ता को जागरूक किया है। यह नीति समाज और राजनीति को स्थापित करते समय उपयोगी हो सकती है, ताकि एक समृद्ध, सुरक्षित और समान समाज की दिशा में कदम बढ़ाया जा सके।

**शोध का उद्देश्य:**

1. आचार्य कौटिल्य कृत अर्थशास्त्र में वर्णित षाड्गुण्य नीति का अध्ययन करना।
2. षाड्गुण्य नीति में बताये गये निर्देश का मूल्यांकन करना।
3. आचार्य कौटिल्य द्वारा प्रतिपादित षाड्गुण्य नीति का वर्तमान में उपयोगिता का अध्ययन करना।

**शोध परिकल्पना–**राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय सम्बंधों के क्रियान्वयन में अर्थशास्त्र वर्णित षाड्गुण्य नीति वर्तमान समय में प्रासंगिक है।

**शोध प्रविधि–** प्रस्तुत शोध पत्र को तैयार करने में पुस्तकालय अनुसंधान विधि का प्रयोग करते हुए विभिन्न प्रबुद्ध लेखकों के ग्रंथ, पत्र-पत्रिकाओं, इंटरनेट स्रोतों आदि की सहायता ली गई है।

आचार्य कौटिल्य ने अन्तर्राष्ट्रीय एवं अन्तर्राज्य सम्बन्धों के संदर्भ में परराष्ट्र नीति अथवा सुरक्षा नीति के संचालन के लिए षाड्गुण्य नीति को आधार माना है।

**एवंषड्भिर्गुणैरेतैः स्थितः प्रकृतिमण्डले।**
**पर्येषेत क्षयात स्थान, स्थानात् वृद्धिं च कर्मसु।।**[1]

अर्थात राजा अपने प्रकृतिमण्डल में स्थित षाड्गुण-नीति द्वारा क्षीणता से स्थिरता तथा स्थिरता से वृद्धि की अवस्था में जाने की चेष्टा करे।[2] उन्होंने इस नीति के अन्तर्गत पुरातन छः सिद्धान्तों का प्रतिपादन किया, जो इस प्रकार हैं- सन्धि, विग्रह, यान, आसन, द्वैधीभाव और संश्रय। उनके अनुसार देश, काल एवं परिस्थिति के अनुरुप षाड्गुण्य नीति में परिवर्तन कर लेना चाहिए। सभी नीतियों का मुख्य उद्देश्य शत्रु की तुलना में अपने आप को शक्तिशाली बनाकर राज्य का विस्तार करना चाहिए। आचार्य कौटिल्य के षाड्गुण्य नीति का सविस्तार वर्णन इस प्रकार है-

1. **सन्धि–** यदि कोई निर्बल राजा किसी बलवान चक्रवर्ती राजा से घिर

जाए तो तुरन्त कोष, दण्ड (सेना), भूमि और अपने आपको यथावश्यक समर्पित करके सन्धि कर ले।[3] आचार्य कौटिल्य के अनुसार किसी भी राजा के द्वारा सन्धि करने का उद्देश्य शत्रु राज्य की शक्ति को नष्ट करके स्वयं को शक्तिशाली बनाना होता था। उनके अनुसार ऐसे शत्रु जिस पर विजय प्राप्त करना सम्भव न हो, सन्धि करके स्वयं को सबल बनाने के लिए कुछ समय प्राप्त कर लेना चाहिए।[4]

आचार्य कौटिल्य के अनुसार निम्नलिखित परिस्थितियों में सन्धि का आश्रय लेना चाहिए यदि विजिगीषु राजा सन्धि करने पर अपने बड़े-बड़े कार्य सम्पादित करने में तथा शत्रु के कार्यों में हानि पहुंचाने में समर्थ हो, अपने उत्तम कार्यों के साथ-साथ षत्रु के उत्तम कार्यों से भी लाभ उठा सकता हो। सन्धि के पष्चात शत्रु का विश्वासपात्र बनकर गुप्तचरों तथा विष-प्रयोगों से शत्रु का नाश कर सकता हो। शत्रु के मित्रों को अपना कृपापात्र बनाकर अपनी ओर आकृष्ट कर सकता हो। तो उसे सन्धि कर लेनी चाहिए।[5]

**सन्धि के प्रकार-** आचार्य कौटिल्य ने अनेक प्रकार के सन्धियों का विस्तृत वर्णन किया है। हीनबल राजा अपने सबल शत्रु से सन्धि करता है, तो उसे हीनबल सन्धि कहते हैं। यह सन्धि तीन प्रकार की होती है[6]-

(1) दण्डोपनत सन्धि (2) कोषोपनत सन्धि (3) देवोपनत सन्धि।

उपर्युक्त सन्धियों के अतिरिक्त भी कौटिल्य ने कुछ और सन्धियों का भी उल्लेख किया है।[7]

परिपणित देश सन्धि, परिपणित काल सन्धि,परिपणित कार्य सन्धि आदि।

2. **विग्रह या युद्ध का समय-** जब राजा देखे कि शत्रु विपत्ति में उलझ रहा है, उसकी प्रजाऐं सेना द्वारा पीड़ित हैं और राजा से विरक्त हो रही हैं, वे क्षीण हो चुकी हैं, निरुत्साहित हैं, आपस में लड़-झगड़ रही हैं और अब उन्हें लोभ द्वारा बस में किया जा सकता है, और जब वह देखे कि अग्नि, जल, व्याधि, महामारी आदि दैवी आपत्तियों द्वारा शत्रु के वीर पुरुष, वाहन आदि नष्ट हो चुके हैं और वह अपनी रक्षा करने में असमर्थ है- उसी समय राजा शत्रु से विग्रह करने के लिए निकल पड़े।[8]

विग्रह का अभिप्राय है- युद्ध। आचार्य कौटिल्य के मतानुसार विग्रह नीति का प्रयोग तभी करना चाहिए, जब शत्रु राजा निर्बल हो तथा विजिगीषु राजा की युद्ध व्यवस्थाऐं पूर्ण हों और वह अपनी शक्ति के विषय में पूर्णतया आश्वस्त हो। विग्रह करने से पूर्व ही राजा को राज्य मण्डल के मित्र राज्यों की सहायता प्राप्त कर लेनी चाहिए। आचार्य कौटिल्य के शब्दों में विजिगीषु राजा यह समझे कि मेरे देश में आयुध जीवी क्षत्रिय और कृषक अधिक हैं। मेरे देष में पहाड़, जंगल, नदी तथा किले बहुत हैं। मेरे राज्य में आने-जाने के लिए एक ही मार्ग है। शत्रु के किसी भी आक्रमण का प्रतिकार मेरा देश करने में समर्थ है या राज्य की सीमा पर अति दुर्भेध दुर्ग का आश्रय लेकर शत्रु के कार्यों का विनाशकाल अब समीप आ पहुंचा है अथवा विग्रह करते हुए शत्रु के जनपद को मैं किसी दूसरे रास्ते से पार कर लूंगा, तो विग्रह कर दे। ऐसी अवस्था में विग्रह करके ही वह अपनी उन्नति करे। दूसरी तरफ आचार्य कौटिल्य ने यह भी कहा है कि यदि विजिगीषु राजा सन्धि तथा विग्रह में समान लाभ देखे तो सन्धि का ही अवलम्बन लें, क्यों कि विग्रह करने में प्रजा, धन-धान्य आदि की बहुत क्षति होती है।[9]

आचार्य कौटिल्य ने विग्रह नीति का अनुसरण करने वाले राजा के लिए तीन शक्तियों से युक्त होना अनिवार्य माना है- उत्साहशक्ति, प्रभावशक्ति तथा मंत्र शक्ति। उत्साह शक्ति का अभिप्राय है- सफल युद्ध के लिए आवष्यक नैतिक बल, प्रभावशक्ति का अभिप्राय है- अस्त्र-शस्त्र आदि सामग्री तथा मंत्र शक्ति का अभिप्राय मंत्रणा तथा कूटनीति से है। उपर्युक्त तीनों शक्तियों में आचार्य कौटिल्य ने उत्साह शक्ति को प्रधानता दी है।[10]उन्होंने युद्ध के लिए संगठित और शक्तिशाली सैन्यबल का होना भी आवश्यक माना है।

**युद्ध की परिस्थितियां-** आचार्य कौटिल्य के अनुसार युद्ध से पूर्व विजिगीषु को निम्नलिखित परिस्थितियों पर अवश्य विचार कर लेना चाहिए-

राज्य की सभी प्रकृतियां स्वस्थ हों क्योंकि एक के भी व्यसन ग्रस्त होने से युद्ध में असफलता का सामना करना पड़ सकता है। युद्ध से पूर्व सैनिक शक्ति, भौतिक साधन, कूटनीति आदि सभी स्तरों पर शत्रु से श्रेष्ठ हों। युद्ध से पूर्व ही लाभ-हानि पर पूर्ण विचार-विमर्श कर लेना चाहिए तथा उसकी अनुपस्थिति में मंत्री, पुरोहित या युवराज द्वारा आन्तरिक विद्रोह करके राज्य को असुरक्षित न कर दिया जाये, इस विषय पर भी पूर्ण ध्यान देना चाहिए।[11]

आचार्य कौटिल्य ने युद्ध के प्रबन्ध का विस्तार से विवेचन किया है, उनके शब्दों में- सैनिकों के स्वास्थ्य संरक्षण और मनोविनोद के लिए चिकित्सक, काटने के औजार, चिमनी, दवाई, घी, तेल, मरहम-पट्टी, सह-चिकित्सक, खाने-पीने की साम्रग्री और सैनिकों को प्रसन्न करने वाली स्त्रियां, इन सब को युद्धभूमि के लिए प्रस्थान करते समय सेना के पिछले हिस्से में रखा जाये।[12] युद्ध के समय सेनापति सिपाही को उत्साहित करे। वह इस बात की घोषणा करे के जो सिपाही युद्ध में अपनी वीरता का परिचय देगा, उसे पुरस्कृत और सम्मानित किया जावेगा, उसको पदोन्नति दी जायेगी तथा उसका वेतन दोगुना कर दिया जायेगा।

युद्ध में प्राप्त भूमि पर विचार करते हुए आचार्य कौटिल्य ने लिखा है कि विजिगीषु जब शत्रु के राज्य को अपने अधीन कर ले तो उसे नये राज्य की प्रजा के लिए कल्याणकारी कार्य करने चाहिए। उसे प्रजा को ऋणदान और कर मुक्ति से प्रसन्न करना चाहिए। उसे अपने प्रजा जनों के समान ही शील, वेषभूषा और आचरण का व्यवहार करना चाहिए, प्रजा के विश्वासों की भांति, राष्ट्रदेवता, समाजोत्सव तथा विहारों में अपनी भक्ति भावना रखनी चाहिए।[13]

3. **यान अथवा युद्ध के लिए प्रस्थान-** किसी अन्याय-वृत्ति राजा की प्रजाओं में क्षय, लोभ तथा वैराग्य (असंतोष) फैलता है, जब वह राजा न करने योग्य कार्यों को करता हो और करने योग्य कार्यों का नाश कर देता हो, जब वह दण्डनीयों को दण्ड न देता हो और अदण्डनीयों को दण्ड देता हो, जब वह प्रधान पुरुष पर दोष लगाता हो, और मान्यों का अपमान करता हो। संक्षेप में जब वह राजा प्रमाद, आलस्य और योग-क्षेम (कल्याण) की हानि द्वारा प्रजाओं को उत्तेजित करता हो। वही समय उचित अवसर है, जबकि उस राजा के विरुद्ध यान अथवा युद्ध के लिए प्रस्थान कर देना चाहिए।[14]

यान का अभिप्राय है- वास्तविक आक्रमण। इस नीति को तभी अपनाना चाहिए जब विजिगीषु राजा अपनी स्थिति को सुदृढ़ देखे तथा उसे ऐसा प्रतीत हो कि आक्रमण के बिना शत्रु को वश में करना असम्भव हो। विग्रह तथा यान में केवल स्तर का ही भेद है। आचार्य कौटिल्य के अनुसार-यदि समझें कि शत्रु के कार्यों का नाश यान से सम्भव है तथा मैने अपने कर्मो की रक्षा का पूरा प्रबन्ध कर लिया है तो यान का आश्रय लेकर अपनी उन्नति करें।[15]

यान किस परिस्थिति में किया जाये इसका वर्णन करते हुए उन्होंने ने लिखा है कि- जब देखें कि शत्रु व्यसनों में फंसा हुआ है, उसका प्रकृति मण्डल के व्यसनों में उलझा है, अपनी सेनाओं से पीड़ित उसकी प्रजा उससे

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

विरक्त हो गई है, राजा स्वयं उत्साह हीन है, प्रकृति मण्डल में परस्पर कलह है, उसको लोभ देकर फोड़ा जा सकता है, शत्रु अग्नि, जल, व्याधि, संक्रामक रोग के कारण वह अपने वाहन, कर्मचारी, कोष आदि की रक्षा करनें में असमर्थ है तो ऐसी दशा में विग्रह करके चढ़ाई कर दें।[16]

**4. आसन–** जब राजा यह समझे कि मेरा शत्रु इतना समर्थ नहीं है कि मेरे कामों को हानि पहुंचा सके और न मैं उसके कामों को बिगाड़ सकता हूं, यद्यपि षत्रु राजा पर व्यसन है, परन्तु कलह में कुत्तो और शूकर की लड़ाई के तुल्य कोई फल न निकलेगा, अपना काम करते रहने पर मैं वृद्धि को प्राप्त करुंगा– तो इस परिस्थिति में राजा चुपचाप बैठा रहे और आसन नीति का अवलम्बन करे।[17]

आसन का अभिप्राय है– तटस्थता। आचार्य कौटिल्य के अनुसार अपनी वृद्धि के लिए समय की प्रतीक्षा करते हुए चुपचाप बैठे रहना ही आसन नीति है। राजा आसन नीति तभी अपनाता है जब वह स्वयं को शत्रु का नाश करने में असमर्थ समझता है तथा शत्रु भी इतना प्रबल नहीं होता कि उसका नाश कर सके।[18] आसन की नीति अपनाते हुए राजा के द्वारा शक्ति अर्जन की लगातार चेष्टा की जानी चाहिए। आचार्य कौटिल्य के अनुसार आसन के, स्थान तथा उपेक्षण दो नाम और भी हैं। चुपचाप बैठे रहना और किसी विषय में उपाय करते रहना स्थान है। अपनी वृद्धि के लिए चुपचाप बैठे रहना आसन कहलाता है। किसी उपाय का अवलम्बन न करना उपेक्षण कहलाता है।[19]आसन दो प्रकार के हैं– विग्रहय आसन तथा सन्धाय आसन।[20]

**5. संश्रय–** राजा का जो प्रिय हो अथवा दो में से जो अधिक प्रिय हो, राजा उसी का आश्रय ग्रहण करे।[21] संश्रय का अर्थ है– बलवान राजा की शरण लेना। यदि किसी राजा में शत्रु को क्षति पहुंचाने की क्षमता का तो अभाव हो ही, अपनी रक्षा करने में भी असमर्थ हो तो, उसे बलवान राजा की शरण लेना चाहिए। लेकिन इस बात पर अवश्य विचार कर लेना चाहिए कि जिसके षरण ली जा रही है, वह शत्रु से अधिक शक्तिशाली हो। आचार्य कौटिल्य के मतानुसार अगर दूसरा शक्तिशाली राजा न मिले तो, शत्रु का ही आश्रय ले लेना चाहिए।[22]

**6. द्वैधीभाव–** सन्धि के लिए किसी राजा द्वारा कहे जाने पर अथवा स्वयं किसी राजा के साथ सन्धि करने के लिए उद्यत होने पर, विजयेच्छुक राजा प्रथम सन्धि के तथा विग्रह के लाभ– हानि पर विचार करे और जैसा भी श्रेयस्कर प्रतीत होता हो, उसके अनुसार आचरण करे।[23]

द्वैधीभाव का अभिप्राय एक राजा से सन्धि तथा दूसरे से विग्रह करना है। जब कोई राजा किसी राजा से सन्धि करके उससे सेना तथा शस्त्रादि की सहायता लेकर शत्रु का नाश करता है, तो उसे द्वैधीभाव सन्धि कहते हैं। आचार्य कौटिल्य के मतानुसार द्वैधीभाव नीति के द्वारा शक्तिशाली राजा के साथ सन्धि व दुर्बल राजा के साथ विग्रह करना चाहिए। यदि संश्रय और द्वैधीभाव दोनों में समान लाभ हो तो द्वैधीभाव की नीति को ही अपनाना चाहिए, क्योंकि इससे राजा कार्यरत रहकर अपनी भलाई करता है।[24]

आचार्य कौटिल्य ने परराष्ट्र नीति के सफल क्रियान्वयन के लिए साम, दाम, भेद और दण्ड, इन चतुवर्ग उपायों के प्रयोग का विधान किया है।

कौटिल्य की षाड्गुण्य नीति का वर्तमान में उपयोगिता[25] –

कौटिल्य की षाड्गुण्य नीति राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा के क्षेत्र में बहुत महत्तवपूर्ण सिद्धांतों को संकेत करती है–

**1. राष्ट्रीय सुरक्षा में उपयोगिता–** षाड्गुण्य नीति राष्ट्रीय सुरक्षा में अपना महत्तवपूर्ण योगदान देती है। इस नीति के सिद्धांतों के अनुसार, राष्ट्रीय सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए सरकार को सशक्त और निर्णायक कदम उठाने चाहिए। यह सुरक्षा को बढ़ावा देता है जो आर्थिक, सामाजिक, और राजनीतिक सुरक्षा के रूप में व्यक्त हो सकता है।

**2. संघर्ष और संरक्षण–** यह नीति संघर्ष और संरक्षण के माध्यम से राष्ट्रीय सुरक्षा को समझाती है। सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए सरकार को आवश्यक रक्षा संरचना, सेना और प्रशासनिक उपायों का उपयोग करना चाहिए।

**3. अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा में महत्तव–** षाड्गुण्य नीति का अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी महत्त्व है। इसने विदेशी नीतियों, संबंधों और अंतरराष्ट्रीय समझौतों में सुरक्षा को बढ़ावा देने के तरीकों को समझाया है।

**4. संघर्ष के नियम–** षाड्गुण्य नीति ने संघर्ष के नियमों को समझाया है और इसे राष्ट्रीय सुरक्षा में उपयोगी माना है। इसने युद्ध, शांति संधि और रक्षा के लिए विभिन्न रणनीतियों को सुझाव दिया है।

**5. सामरिक सुरक्षा की बढ़ावा–** नीति ने सामरिक सुरक्षा को भी महत्तव दिया है, जो एक राष्ट्रीय सुरक्षा के माध्यम से संचालित होती है और जिसमें लोगों की सुरक्षा और संरक्षण शामिल होता है।

इन सिद्धांतों का अनुसरण करके, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा में सुरक्षा और स्थिरता को सुनिश्चित किया जा सकता है। यह नीति सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं को समझने और सुलझाने में मदद कर सकती है, जो राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुरक्षा की गारंटी के रूप में काम करते हैं।

**निष्कर्ष –** कौटिल्य की षाड्गुण्य नीति राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा में महत्तवपूर्ण नीतियों को प्रस्तुत करती है। इस नीति के अनुसार, समृद्धि, समानता, और सामाजिक सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए सामाजिक न्याय और संरक्षण को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। राष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में, नीति ने शक्तिशाली संरचनाओं, सेना, और रक्षा प्रणालियों को सुझाव दिया है जो राष्ट्रीय हितों की रक्षा में मदद कर सकते हैं। यह नीति अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा के मामले में भी महत्तवपूर्ण है। विदेशी नीतियों, संबंधों, और समझौतों में सुरक्षा को बढ़ावा देने के तरीकों को समझाने के साथ–साथ, इसने अंतरराष्ट्रीय समूहों और संबंधों को मजबूत करने का भी सुझाव दिया है। आचार्य कौटिल्य वर्णित अर्थशास्त्र एक व्यवहारिक ग्रंथ है जिसमें विविध समस्याओं के समाधान हेतु शत्रु राज्य के विरुद्ध विजिगीषु राज्य को कई उपाय बताये हैं। आज विश्व की बड़ी महाशक्तियां जैसे अमेरिका, रुस, ब्रिटेन, चीन, फ्रांस इत्यादि के राजनीतिक, आर्थिक एवं सामरिक व्यवहार का सिंहावलोकन करने पर पता चलता है कि षाड्गुण्य नीति एवं साम, दाम, भेद व दण्ड की नीति का ही पालन किया जा रहा है।

ऐसे में आचार्य कौटिल्य के सैन्य चिंतन की प्रासंगिकता को नकारना अथवा विस्मृत करना बड़ी भूल होगी।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. सिंह, लल्लन जी, राष्ट्रीय रक्षा एवं सुरक्षा, 12वां संस्करण, पृ. 01
2. प्रो. इन्द्र, कौटिल्य अर्थशास्त्र, पृ. 108
3. वही, पृ. 109
4. कौटिल्यम् अर्थशास्त्रम्, 2/3
5. गैरोला, वाचस्पति –कौटिल्यम् अर्थशास्त्रम्, 7/1
6. वही
7. वही, 7/3
8. प्रो. इन्द्र, कौटिल्य अर्थशास्त्र, पृ. 111

9. गैरोला, वाचस्पति –कौटिल्यम् अर्थशास्त्रम्, 7/6
10. कौटिल्यम् अर्थशास्त्रम्, 7/1/2
11. कौटिल्यम् अर्थशास्त्रम्, 7/16
12. अग्रवाल, कमलेश –कौटिल्य अर्थशास्त्र एवं शुक्रनीति की राज्य व्यवस्थाऐं, पृ0 247
13. कौटिल्यम् अर्थशास्त्रम्, 10/3
14. प्रो. इन्द्र, कौटिल्य अर्थशास्त्र, पृ. 114–115
15. कौटिल्यम् अर्थशास्त्रम्, 13/5
16. कौटिल्यम् अर्थशास्त्रम्, 12/1
17. प्रो. इन्द्र, कौटिल्य अर्थशास्त्र, पृ. 111
18. वही
19. कौटिल्यम् अर्थशास्त्रम्, 7/1
20. कौटिल्यम् अर्थशास्त्रम्, 7/3
21. प्रो. इन्द्र, कौटिल्य अर्थशास्त्र, पृ. 116
22. प्रसाद, चन्द्रदेव– कौटिल्य, पृ016
23. प्रो. इन्द्र, कौटिल्य अर्थशास्त्र, पृ. 117
24. कौटिल्यम् अर्थशास्त्रम्, 7/2
25. www.historysaransh.com

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# हिन्दी साहित्य में पर्यावरणीय संचेतना

**डॉ. सपना***

* दिल्ली विश्वविद्यालय, नई दिल्ली, भारत

**प्रस्तावना -** 'पर्यावरण' शब्द का निर्माण दो शब्दों से मिलकर हुआ है। 'परि' और 'आवरण' अर्थात हमें चारों ओर से घेरे हुए आवरण। पर्यावरण शब्द की उत्पत्ति संस्कृति के शब्द 'परि' उपसर्ग और 'आवरण' से प्रत्यय से मिलकर हुई है। जिसका अर्थ है ऐसी चीजों का समुच्चय जो किसी मनुष्य या जीवधारी को चारों ओर से आवृत्त किए हुए है। भूगोल एंव परिस्थितिकी में यह शब्द अंग्रेजी के environment के पर्याय के रूप में प्रयोग किया जाता है।[1] संचेतना शब्द चेतना शब्द से ही बना है परंतु यह विशेष चेतना अर्थात जागरूकता, सजगता के अर्थ में प्रयुक्त होता है।

हिन्दी साहित्य में सामान्यत: प्रकृति और पर्यावरण को एक ही समझ कर बात की जाती है। परंतु यहाँ समझने वाली बात यह है कि प्रकृति और पर्यावरण एक ही शब्द नहीं हैं। प्रकृति एक बहुत ही व्यापक अवधारणा है जबकि 'पर्यावरण' व्यक्ति विशेष के संदर्भ में उन सभी भौतिक, रासायनिक, एवं जैविक कारकों की समष्टिगत इकाई है, जो किसी जीवधारी अथवा पारितंत्रीय आबादी को प्रभावित करते हैं तथा उनके रूप, जीवन और जीविता को निर्धारित करते हैं।

पर्यावरण मूलत: प्रत्येक जीव के साथ जुड़ा हुआ है। हमारे चारों तरफ सदैव व्याप्त रहता है। पर्यावरण में जैविक और अजैविक दो प्रकार के संघटक माने जाते हैं। जैविक संघटको में सूक्ष्म जीवाणु से लेकर कीड़े- मकोड़े, सभी जीव-जंतु और पेड़- पौधे आ जाते हैं और साथ ही उनसे जुड़ी सारी जैविक क्रियाएं और प्रक्रियाएं भी। अजैविक संघटकों में चट्टानें, पर्वत, नदी, हवा और जलवायु के तत्वों के साथ और कई तत्व समाहित हैं।

मानव जीवन पर्यावरण की अनुकूलता पर निर्भर करता है। पर्यावरण की सम स्थितियाँ ही मनुष्य के जीवन की अनिवार्य शर्त है। परन्तु आज अन्ध आधुनिकीकरण की दौड़ में मनुष्य ने इस सार्वभौमिक सत्य को बिसार दिया है। जिसके परिणाम हमें प्राकृतिक आपदाओं के रूप में देखने को मिलते हैं। मानव द्वारा निरंतर किए जा रहे पर्यावरण विनाश से विश्वस्तर पर भविष्य में मानव अस्तित्व के संकट की चिंता सताने लगी है।

भारतीय समाज आदिकाल से ही प्रकृति पूजक संस्कृति के रूप में जाना जाता है। प्राचीन समय से ही हम अग्नि, सूर्य, नदियों, पेड़-पौधों, जीव- जंतु जैसे- गाय,सर्प, गरुड़, हाथी, मूशक आदि ना जाने कितने ही रूपों को देव स्वरूप मानकर पूजते आए हैं। भारतीय वाडमय में प्रारंभ से ही इसके साक्ष्य उपलब्ध हैं। हमारे प्राचीन वेद ऋग्वेद, सामवेद एवं अथर्ववेद पर्यावरण के महत्व से भरे पड़े हैं।

हिन्दी साहित्य भी इस परम्परा से अछूता नहीं है। साहित्य मूलत: समाज का ही लेखा-जोखा है। वह उसी प्रकृति पूजक, संरक्षक समाज का चित्रण आदिकाल से ही करता आया है। आदिकालीन हिन्दी साहित्य में आलंबन तथा उद्दीपन दोनों ही रूपों में प्रकृति का चित्रण हुआ है। विद्यापति अपनी 'पदावली' में पर्यावरण का अद्वितीय चित्र प्रस्तुत करते हैं।

**'मौली रसाल मुकुल भेल ताब**
**समुखहिं कोकिल पंचम गाय।'**[2]

भक्ति कालीन कवि भक्ति के रहस्यात्मक वर्णन में प्रकृति के बिम्बों का मुक्तकंठ से प्रयोग करते हैं। जिसे कबीर, तुलसी, जायसी की रचनाओं में सफलता पूर्वक देखा जा सकता है। तुलसीदास जी रामचरितमानस में सीता और लक्ष्मण को वृक्षारोपण करते हुए दिखाते हैं।

**'तुलसी तरुवर विविध सुहाए**
**कहुं कहुं सिया कहुं लखन लगाएं।'**[3]

रामचरितमानस में राम के वन निवास के समय के प्रसंगों में प्रकृति के अनेक रूप बिखरे पड़े हैं। सूरदास के भ्रमरगीत में पर्यावरण के सुन्दर प्रसंगानुकूल चित्र सर्वत्र व्याप्त है।

रीतिकालीन कवियों यथा बिहारी, पद्माकर, देव एवं सेनापति की रचनाओं में प्रकृति का उद्दीपन रूप में सुंदर चित्रण दर्शनीय है। बिहारी का दोहा यहाँ उल्लेखनीय है।

**'चुवत स्वेद मकरंद कन**
**तरु तरु तर विरमाइ**
**आवती दच्छिन देश तैं**
**थक्यौं बटोही बाइ।'**[4]

आधुनिक काल में छायावादी कवि आत्मोन्नमुख होने के साथ ही स्वयं को प्रकृति के रूपों में खोजना चाहते हैं। छायावादी कवि स्वयं को प्रकृति से इस प्रकार आबद्ध मानते हैं कि अपने नाम के साथ प्रकृति को जोड़ लेता है। सुमित्रानंदन पंत 'प्रकृति के सुकुमार' कवि कहलाये, तो सूर्यकांत त्रिपाठी निराला ने स्वयं को 'वसंत का अग्रदूत' कहा और बादल राग ही रच डाला। महादेवी वर्मा कविता में 'नीर भरी दुख की बदली' के रूप में स्वयं को अभिव्यक्त करती हैं। वहीं संस्करण में 'सोना हिरणी' तथा 'गुल्लू गिलहरी' का चित्रण करती हैं। प्रसाद की कविताओं में पर्यावरण की चिंता स्पष्ट रूप से दिखती है। 'कामायनी' में वे प्रकृति के मोहक और विकराल दोनों रूपों से परिचय कराते हैं। जहाँ प्रकृति देवताओं की असहिष्णु, अकर्मण्य और असंतुलित दोहन की लालची प्रवृति से क्षुब्ध होकर विकराल रूप धारण करती है जिसके परिणामस्वरूप जल प्लावन होता है एवं देव सभ्यता नष्ट

हो जाती है।

**'प्रकृति रही दुर्जेय,पराजित**
**हम सब थे भूले मद में**
**भोले थे, हाँ तिरते केवल**
**सब विलासिता के नद में।**
**वे सब डूबे, डूबा उनका**
**विभव, बन गया परावर**
**उमड़ रहा है देव सुखों पर**
**दुख जलधि का नाद अपार।'[5]**

प्रकृति के पास ध्वंस के उपरांत सुधार और नवीन सृजन के स्वयं का का तंत्र होता है। प्रकृति मानव हस्तक्षेप से प्रभावित होकर ध्वंस करती है। परंतु यदि मनुष्य हस्तक्षेप न करे तो स्वयं के पुर्नसृजन की क्षमता भी रखती है। प्रलय की भयानक रात्री बीत जाने के पश्चात्य सुन्दर सुनहरी सुबह भी होती है।

**'उषा सुनहले तीर बरसती, जल लक्ष्मी सी उदित हुई**
**उधर पराजित काल रात्री भी, जल में अन्तर्निहित हुई।'**

आधुनिक काल में भी पर्यावरण की चिंता अनेक रूपों में दिखती है। यहाँ अज्ञेय नगरीय जीवन की धूर्तताओं और स्वार्थपरक आत्मकेंद्रितता पर चोट करते हैं।

**'सांप**
**तुम सभ्य तो हुए नहीं**
**नगर में बसना**
**भी तुम्हें नहीं आया**
**एक बात पूछूं (उत्तर दोगे?)**
**तब कैसे, सीखा डसना**
**विष कहाँ से पाया।'[6]**

काशीनाथ सिंह का 'जंगल जातकम' पर्यावरण को बचाने की अच्छी कोशिश है। लेखक संवेदनात्मक धरातल पर जंगल का मानवीकरण करते हैं। नागार्जुन 'वरुण के बेटे', सर्वेश्वर की 'कुआनी नदी', सर्वेश्वर दायाल सक्सेना की 'भेड़िए', चंद्रकांत देवताले की रचनाएं, नासिरा शर्मा की 'कुइयांजान', रत्नेश्वर कुमार सिंह की 'एक लकड़ी पानी पानी' और 'देखना मेरी जान' पर्यावरण के सन्दर्भ में लिखी गयी है। निर्मला पुतुल की कविताओं में जल-जंगल को बचाने की पुरजोर कोशिश है। वहीं अनिल यादव की 'कीड़ाजड़ी' में पहाड़ी पर्यावरण और उसकी चिंताओं का संवेदनात्मक चित्रण करते हैं।

मनुष्य द्वारा प्रकृति के निरंतर तीव्र दोहन एवं असीम पूंजी उगाही की अंध लालसा ने पर्यावरण प्रदूषण से होते हुए आज पर्यावरण परिवर्तन की गंभीर समस्या खड़ी कर दी है। आज यह विश्व के सम्मुख गंभीर चुनौती है।जिसने मनुष्य के अस्तित्व को संकट में डाल दिया है। बड़े- बड़े द्वीप (देश) जलमग्न हो रहे हैं। इस समस्या पर प्रथम विचार स्टॉकहोम (1972) में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में किया गया। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (यू एन ई पी) बैनर तले बने समूह ने जल संकट पर गंभीर रिपोर्ट रखी है। मानव जीवन के अस्तित्व को बनाए रखने के लिए हमें पर्यावरण संरक्षण के लिए सचेत होकर तत्काल प्रयास प्रारंभ करने होंगे।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. विकिपीडिया।
2. पदावली, विद्यापति।
3. रामचरितमानस, अयोध्या कांड, गोस्वामी तुलसीदास, गीताप्रेस, गोरखपुर।
4. बिहारी सतसई, भाग-60, बिहार, प्रकाशन पुस्तक भंडार, पटना, 1947
5. कामायनी, चिंता सर्ग, जयशंकर प्रसाद, मधुर पेपर बैक्स, 1936
6. इन्द्र-धनु रौंदे हुए थे, अज्ञेय, सांप, सरस्वती प्रेस, इलाहाबाद, बनारस, 1957

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# Callus culture from apical bud of *Bombax ceiba* L. (semul)

Dr. Kanchan Vaidya*

*Asst. Professor (Botany) Govt. Sanjay Gandhi Smriti PG College, Ganjbasoda (M.P.) INDIA

**Abstract** - Callus of *Bombax ceiba* L. Regenerated from apical bud explant.WPM. supplemented with different concentration and combination of plant growth regulators with NAA, KN, BAP maximum callus induction occurred in high concentration of NAA with low to high concentration of BAP
**Keywords-** Callus , Plant growth hormones,.NAA, BAP, KN.

**Introduction -** The major micro propagation system can be recognised by axiliary shoot proliferation, adventitious shoot formation directly from organ and indirectly by callus and somatic embryogenesis directly from organ or from callus. (Jones 1983 ,Ammirato and styer 1985, Bonga and Aderkas 1992 ,Finer 1995) . In these system callus also play an important role in Plant Tissue Culture Technique .The main advantage of propagation from callus ,and especially from cell suspension, are that propagation can potential be achieved in large number per unit time, that handling procedure are simpler and that experimental genetic modification is easier to achieve( Krikorian 1982)

Semul *Bombax ceiba* L. is an important tree species used in match would and insulation industries (Venkatesh1988). The young fruits are reported to be employed as expectorant, stimulant and diuretic. The oil from the seeds is edible and can be used as a substitute for cotton seed oil. Tt can also be used for soap making and as an illuminant (Chatterjee and Prakashi 1994). Besides it possesses high medicinal value. It's propagation through conventional vegetative method is very poor and survival rate meagre. (Ghate at all 1988). Besides naturally propagated through seeds with long generation period, improvement possibilities of the tree are limited since callus induction in semul (*Bombax ceiba* L) proceeds for adventitious shoot formation and somatic embryogenesis. In present investigation has been taken up apical bud for callus culture

**Material and method:** Various vegetative mature and juvenile explant were used for callus culture. explants were collected from the nature grown selected plus tree 0.4 -0.7 cm long apical bud

Mature apical but were thoroughly washed in running tape water 2 - 3 hour immersed in depol 0.01%( v/v) for 10 minutes and then rinsed with tap water 2 -3 times and finally wash with distilled water 2-3 times they were then immersed in 70% (v/ v) ethanol 5-7 minutes this was followed by mercuric chloride 0.1%( w/v) treatment for 10 minutes. These explant work right between presterilized filter papers and inoculated on the sterile culture media

The medium was supplementary with different concentration of growth regulators viz..cytokininBAP(Benzyl Amino Purine) and KN(6 Furfuryl Amino Purine ). Or in combination with an auxin viz. NAA(Naphthalene Acetic Acid )the pH of the medium was adjusted 5.6—5.8 before autoclaving at 15 lbs pressure and 121°C for 20 minutes The medium was solidify using 8 g /l agar (Difco_ Bacto) at least 15 culture were raised in each experiment and all experiments were repeated at least twice. Culture maintained at 25 ±2°C and relative humidity (RH) of 70% with 16-hour photoperiod (approx. 1500 lux) and 8 hr dark and sub-cultured every 4-6 weeks

**Result and Discussion:** In present work initially all experiments were carried out on both WPM (woody plant medium) and MS medium. But in case of callus induction WPM was found to be better than MS media.WPM supplemented. With various auxin NAA, 2,4 -D, IAA and cytokinin with BAP, KN were observed In aseptic culture of apical bud in the present study the main hazards was exudation of phenolic substance in the medium due to which apical bud is necrosed and provide no in vitro response as reported in the past (Cresswell at all 1982). Phenolic exudation observed in mature plant was for higher than Juvenile once.

Apical bud of semul cultured in WPM (Woody plant medium). Containing high concentration of NAA and low to high concentration of BAP is best for callus proliferation. callus observed in 100% apical bud explant within 10 — 12 days, in NAA 2.68 µm + BAP 2.21µm, NAA 5.37 µm +BAP 2.21µm, NAA 5.37µm+ BAP 44.39µm,NAA 26.35+BAP 0.44µm. The callus obtained was white friable

in texture and fast growing and also used for further regeneration. Whereas 2,4-D is also produced 80% callus but this callus is dull brown, soft and slow growing. In IAA only lowest concentration supported callusing.Callus was soft slow growing. Regeneration of plants from callus or cell suspension has been achieved with several tree species viz. *Santalum* (LaxmiSita et. al.1980, Bapat and Rao 1984) *Hevea* (Carron and Enjalric1982 )*Mangifera indica* (Litz 1984) *Cocos nucifera* (Branton and Blake 1983).In this way callus induction by apical bud of *Bombax ceiba L*.may be used for further regeneration by in vitro method.

**Callus Culture From Apical Bud of *Bombax Ceiba* After 10-12 Days of Culture (Data Are Mean±Se)**

| S. | Concentrations (µm) | Nature Of Response | Frequency Of Callus |
|---|---|---|---|
| | NAA+ BAP | - | - |
| 1 | 0.53+0.44 | - | - |
| 2 | 0.53+2.21 | $C^{+}$ | 98.65+0.6 |
| 3 | 0.53+4.43 | $C^{+}$ | 87.96+1.2 |
| 4 | 0.53+22.19 | $C^{+}$ | 55.34+1.1 |
| 5 | 0.53+44.39 | $C^{+}$ | 73.48+1.4 |
| 6 | 2.68+0.44 | $C^{+}$ | 100.0+0.0 |
| 7 | 2.68.+2.21 | $C^{+}$ | 80.00+1.9 |
| 8 | 2.68+4.43 | $C^{+}$ | - |
| 9 | 2.68+22.19 | - | 42.06+0.0 |
| 10 | 2.68+44.39 | $C^{+++}$ | 100.0+0.0 |
| 11 | 5.37+0.44 | $C^{+++}$ | 100.0+0.0 |
| 12 | 5.37+2.21 | $C^{+++}$ | 73.6 7+8.16 |
| 13 | 5.37+4.43 | $C^{+++}$ | 58.55+1.8 |
| 14 | 5.37+22.19 | $C^{+++}$ | 100+0.00 |
| 15 | 5.37+44.39 | $C^{+++}$ | 100+0.00 |
| 16 | 26.35+0.44 | $C^{+++}$ | 97.22+2.8 |
| 17 | 26.35+2.21 | $C^{+++}$ | 73.61+1.4 |
| 18 | 26.35+4.43 | $C^{+++}$ | 61.11+1.1 |
| 19 | 26.35+22.19 | $C^{+}$ | - |
| 20 | 26.35+44.39 | - | 77.7+2.7 |
| 21 | 53.70+0.44 | $C^{++}$ | 72.5.1.4 |
| 22 | 53.70+.2.21 | $C^{++}$ | 53.7+1.9 |
| 23 | 53.70+4.43 | $C^{++}$ | - |
| 24 | 53.70+22.19 | - | - |
| 25 | 53.70+44.39 | - | - |

C Callus ++Localised callus - No response
+ scanty Callus +++ profuse callus



Callus induction form Apical bud of *Bombax ceiba* L.(Semul).

**Conclusion:** The above results emphasizes that callus culture of *Bombax ceiba* L is feasible from apical bud explant. It is suggested that further study of in vitro regeneration should be carried out from the apical but derived callus in order to enhance the propagation efficiency of *Bombax ceibaL* as a high multiplication rate could be achieved further experiment can be carried out to produce secondary metabolite from the apical bud derived of *Bombax ceiba* L

**References:-**

1. Ammirato,P.V.and Styer,D.J.(1985), Strategies for large scale multiplication of somatic embryo's in suspension culture in: Biotechnology in plant science.Zaittin,M.Day P. and Hollender ,A.(eds) Acad .press New York. PP-161- 178 .
2. Bapat ,V.A. and Rao, P.S. (1984 ).Regulatory factor for in vitro multiplication of sandalwood tree *Santalum album* l shoot but regeneration and somatic embryo-genesis in hypocotyle cultures Proc. Ind.Acad.Sci. (Plantsci) 93 ( I) :19-27
3. Bonga,J.M. and Aderkas,P.V.(1992),.Clonal propagation, In vitro culture of Trees Kluwer Acad. pub. Dordrecht. The Netherlands
4. Branton,R.L., and Blake,J.(1983). Development of organised structure in callus derived from explant of cocosnucifera L. Ann. Bot 52: 673—678
5. Carron,M.P.,and Enjalric,F.(1982). Studies on vegetative micropropagation of *Hevea brasiliensis* by somatic embryogenesis and in vitro microcutting. In : Plant Tissue Culture, fojiwara, A.(ed) Maruzen.Co. Tokoya, PP 111—112.
6. Chatterjee,A.and Pakrashi,S.C.(1994).The treatise on Indian Medicinal Plant Vol.3 publication and information Directorate, New Delhi,PP 36—71.
7. Finer,J.J.(1995). Direct somatic embryogenesis in plant cell tissue and organ culture-Fundal Methods Gamborg,O.I. and Philips,C.G.(eds) Springer —Verlag, BarlinHeidelber.PP 91—102.
8. Cresswell,D.,Boulay.M.and Franclet,A.(1982). Vegetative propagation of Eucalyptus.In Tissue Culture in Forestry.Bonga,J.M. and Durzan,D.J.(eds), Martinus Nijhoff/Dr.W.Junk Publisher, Dordrecht,PP 150—181
9. Ghate ,V.S.,Agte, v.and Vartak,V.D.(1988). Promising economic potential of Semul (*Bombax ceiba* L.)as a Tuber Crop.Ind.J.For11(2):158-159.
10. Jones,O.P.(1983). In vitro propagation of tree crop. In Plant Biotechnology,MantellS.H.and ,Smith.H.(eds), Cambridge Univ.Press PP:139-159.
11. Krikorian,A.D.(1982).Cloning higher Plants form aseptically Cultured tissue and cells.Biol.Rev,57:151-218.
12. Laxmi Sita,G.RaghvaRam,N.V.and Vaidyanathan,C.S. (1980). Triploid plants from endosperm culture of

Sandal Wood by experimental embryogenesis. Plant Sci.Lett. 20:63 -69.

13. Litz,R.E.(1984). In vitro somatic embryogenesis from nuclear cell of monoembryonic *Mangifera indica* L .Hort.Sci.19:1962-1964.

14. Venkatesh,C.S.(1988). Genetic importance of multipurpose tree species. The International Tree Crop.Jour, 5:109-124.

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# An Overview of AI Technology in Society

**Dalendra Kumar Bhatt***

*Govt. College, Sitamau, Distt. Mandsaur (M.P.) INDIA

**Introduction -** Today the whole world is running after it, we have highlighted some special aspects in this research article. Artificial intelligence aims to imitate human intelligence. At present, the whole world is going through the transition period of artificial intelligence. In this, we need to explain it in the sense of utility for the society. Whenever any new technology comes, it has to prove itself better in the context of the old one. Artificial intelligence is a Apart from being a new technology, it is also a subject of curiosity.

**Keywords:** Artificial intelligence (AI), human intelligence, future of Society, AI's era.

**The origin of artificial intelligence:** Although nothing can be said with certainty about the origin of artificial intelligence, its idea had come before the world since the beginning of the 19th century. The maximum interest of scientists about this was seen in the 1980s, when the computer era had started, from then till the present day, it has remained a part of the most golden discovery of scientists.




**Advantages of artificial intelligence:** Artificial Intelligence can bring revolutionary changes in the future of society in filds like medicine, education, energy, driverless cars, smart cities etc.

There are many other benefits of Artificial Intelligence such as it makes human work easier, takes decisions faster, work can be done faster in the industry. It can do everything that a human can do.

The use of artificial intelligence can bring revolutionary changes in many areas like space, healthcare, transportation and communication. This could lead to a world of increased efficiency, productivity and quality of life for many people. As artificial intelligence becomes more powerful, their decision-making abilities improve. Artificial intelligence gives an idea to make in modern society across various fields like healthcare analysis, fraud detection, manufacturing, risk assessment, language translation and vehicles, improve efficiency, accuracy, and traffic management etc. Overall, AI gives the potential to take exact decision and making efficiency and accuracy of modern society.

**Disvantages of artificial intelligence:** Humans can hold several different contradictory mindsets at one time, whereas the thought processes of machines can only follow a logical chain. They cannot identify emotionally about good and bad at that moment. Artificial Intelligence can do every work quickly which a human cannot do so quickly. For this reason, misuse of Artificial Intelligence can become a threat to the entire humanity. Artificial Intelligence is a technology in which a machine can cause irreparable harm to humans due to it being capable of taking decisions automatically.

With the advent of artificial intelligence, humans can become lazy. If every work is done by machines, then it is natural that human labor will decrease due to the impact of people's ability to work, which is the harbinger of decline for any nation. Apart from being very expensive to create artificial intelligence, it is also very important for the people using it to be proficient in it, otherwise its overall use will not be possible. If society does not have complete control over technology then there are always some concerns in the society. Although the misuse of artificial intelligence poses a threat to the physical security of the society, when it comes to the benefits of artificial intelligence, it can be beneficial whenever there is a large amount of data or information to be analyzed. This can be done easily using this type of technology.

Artificial intelligence can be used for malicious purposes by others, such as: - Making predictions using logical geometry. It can also be used to create fake or distorted news and to control people's thoughts. Additionally, artificial intelligence can take decisions that lead to destruction of the entire universe.

**Conclusion:** In today's era, where there is always a doubt about the trustworthiness of humans, there can be no doubt about the trustworthiness of artificial intelligence. It has brought revolutionary changes in many areas like space, healthcare, transportation and communication. This could lead to a world of increased efficiency, productivity and quality of life for many people.

Artificial Intelligence is finding many ways to advance

society in health and safety and continues to create new innovations to improve our daily lives. Every situation or option will have some disadvantages, but taken as a whole, there are clearly advantages to artificial intelligence in mitigating or tolerating the disadvantages along with the liabilities. The future of Society will depends on AI expect in the next century years. Society's life and its behaviors will be transformed as AI's bi-lows.

**References:-**

1. A.Vaio, R. Palladino, R. Hassan, O. Escobar:- Artificial intelligence and business models in the sustainable development goals perspective: A systematic literature review. J. Bus. Res., 121, 283–314(2020).
2. Das, B. & Majumder, M:- Factual open cloze question generation for assessment of learner's knowledge. International Journal of Educational Technology in Higher Education, 14(24) (2017).
3. Davadas, S.D.; Lay, Y.F. :-Factors affecting students' attitude toward mathematics: A structural equation modeling approach. Eurasia J. Math. Sci. Technol. Educ. (2017).
4. N. Soni, E.K. Sharma, N. Singh, A. Kapoor:-Impact of Artificial Intelligence on Businesses: From Research, Innovation, Market Deployment to Future Shifts in Business Models. arXiv, arXiv:1905.02092(2019).
5. Shukla, A.K.; Janmaijaya, M.; Abraham, A.; Muhuri, P.K. Engineering applications of artificial intelligence: A bibliometric analysis of 30 years (1988–2018). Eng. Appl. Artif. Intell., 85, 517–532(2019).
6. S. Chatterjee and K.K Bhattacharjee, "Adoption of artificial intelligence in higher education: A quantitative analysis using structural equation modelling", Education and Information Technologies, vol. 25, no. 5, pp. 3443-3463(2020).

✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# Offloading Methods in Mobile Cloud Computing

**Prof. Syed Asif Ali***

***Vice Principal & HOD (Computers) Prof. Brijmohan Mishra Institute of Medical and Technical Sciences, Burhanpur (M.P.) INDIA**

**Abstract -** Based on user behavior and demand, the computational tasks are first offloaded from mobile users to the mobile edge network and then executed at one or several specific base stations in the mobile edge network. The MEC architecture has the capability to handle a large number of devices that in turn generate high volumes of traffic. In this work, we first provide a holistic overview of MCC/MEC technology that includes the background and evolution of remote computation technologies. We further discuss the challenges and potential future directions for MEC research.Offloading works as the fundamental feature that enables MCC to relieve task load and extend data storage through an accessible cloud resource pool. Several initiatives have drawn attention to delivering MCC-supported energy-oriented offloading as a method to cope with a lately steep increase in the number of rich mobile applications and the enduring limitations of battery technologies. However, MCC offloading relieves only the burden of energy consumption of mobile devices; performance concerns about Cloud resources, in most cases, are not considered when dynamically allocating them for dealing with mobile tasks. The application context of MCC, encompassing urban computing, aggravates the situation with very large-scale scenarios, posing as a challenge for achieving greener solutions in the scope of Cloud resources. Thus, this article gathers and analyzes recent energy-aware offloading protocols and architectures.

10. In the details of expenditure on supplementary nutrition for adolescent girls, it was found that it was distributed for 48 weeks at the rate of Rs 55.8/- per beneficiary, on which the total expenditure was Rs 642816/-.

**Suggestion:**

1. All information related to Anganwadi should be released by the administration on its own initiative. A board with important information should be displayed at each centre.
2. All the expenses of Anganwadi Center can be adjusted by the personal income of Gram Panchayats. Due to which the responsibilities of the state and central government can be transferred to the Panchayats.

**References:-**

1. District-levelcoverage of interventions in the Integrated Child Development Services (ICDS) scheme during pregnancy, lactation and early childhood in India: Insights from the National Family Health Survey-4. (2018). (n.p.): Intl Food Policy Res Inst.
2. Annual Utilization Certificate, 2023-24, Department of Integrated Child Development, Project Salumber, Government of Rajasthan.

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# शोषण का शिकार नारी

**डॉ. वंदना अग्निहोत्री* हिना****

* प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष (हिन्दी)माता जीजाबाई शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना -** आधुनिक युग में समाज सुधारकों का ध्यान मुख्यत: नारी की दयनीय स्थिति पर केन्द्रित रहा तथा उसी को केन्द्र में रखकर समाज-सुधार का कार्य चलता रहा। यही स्थिति उपन्यासकारों को भी रही। युगों में पीड़ित नारी के विभिन्न पहलूओं को उन्होंने अपने उपन्यासों का विषय बनाया तथा युगानुसार उसकी नई प्रतिष्ठि की। नारी की समस्याओं का विवेचन करके उनका समाधान प्रस्तुत किया। यह सोचने वाला प्रष्न है कि इन समाज सुधारकों तथा विशेषत: सामाजिक उपन्यासकारों के सम्मुख केवल नारी ही ज्वलंत प्रश्‍न के रूप में क्यों आयी?

भारतीय समाज चाहे वह हिन्दू हो या मुस्लिम दोनों ही नारी की स्थिति अत्यंत दयनीय थी। सत्य तो यह है कि युगों से भारतीय समाज की गति अवरूद्ध हो गई थी और जड़ता की इस सीमा तक उसकी उद्योगति हो चुकी थी कि पीड़ित तथा दलित वर्गों के प्रति अमानुशिक, अमानवीय व्यवहार के विरूद्ध विद्रोहाग्नि उठने की बात दूर रही वरना इन सबको भी धर्म की स्वीकृति दे दी गई। अन्तत: इस विक्रति का परिणाम यहाँ तक तक हुआ जहाँ तक हिन्दू-समाज में पुरूष वर्ग को अनेक विवाह करने की छूट मिली। साथ-साथ नारी के पतिव्रत धर्म की परीक्षा के लिए सती प्रथा की शुरूआत हुई।

भारतीय समाज में आर्थिक शोषण, राजनैतिक शोषण की तरह नारी शोषण भी मोटे तौर पर समाज में होने लगा। नारी वर्ग तो निम्नवर्ग से भी ज्यादा पीड़ित रहा। सती प्रथा के रूप में समाज में नारी के लिए पतिवर्तय धर्म की स्थापना की। उसे रोकने के लिए कानूनी तौर पर व्यवस्था की। नारी की इस दयनीय स्थिति की ओर लेखकों का ध्यान जाना स्वाभाविक है। समाज-सुधार आन्दोलनों ने भी मुख्यत नारी जागरण का ही बीड़ा उठाया था। वैसे भी अंग्रेजी शिक्षा तथा आधुनिक सभ्यता से सम्पन्न पुरूष वर्ग के लिए परिवार में अशिक्षित तथा रूढ़िवादी में पली नारी के साथ सामंजस्य बिठाना कठिन प्रतीत होने लगा। यह आवष्यक हो गया था कि पुरूष वर्ग में नारी-स्थिति को प्रकट करना हिन्दी उपन्यासकारों का लक्ष्य बन गया। गिरिराज किषोर के उपन्यासों में भी जनता की दयनीयता नारी-शोषण चित्रित हुआ।

शोषण तो नारी जाति का भाग्य है। समाज की सारी समस्याएँ, गरीबी, अन्याय, भ्रष्टाचार, शिक्षा आदि हल होगी परन्तु नारी का गुलामीपन और उसके प्रति अन्याय कभी खत्म नहीं होगा। हम लाख कोशिश करते रहेंगे, फिर भी शोषण नामक दूषण दूर होना बहुत दूर की बात है। गिरिराज जी जुगलबन्दी, लोग और ढ़ाई घर में सामन्ती प्रथा का ही चित्रण है। तीनों ही उपन्यासों में इस बात पर जोर दिया गया है कि नारी के अस्तित्व का कोई मूल्य ही नहीं है। सामन्त वर्ग का ऐसा वर्ग भी है जो नारी को केवल अर्थोपार्जन का साधन मानते हैं। काफिरों की स्त्रियाँ दयनीय परिस्थिति से गुजर रही है। हिन्दी उपन्यास का इतिहास में गोपालनाथ ने बताया है कि विसंगतियाँ और अंतर्विरोध किसी काल विशेष के बाह्य जीवन में ही नहीं होते, बल्कि उसके आन्तरिक जीवन में भी होते हैं। ब्रिटिशकालीन जमींदारों का बाहरी जीवन जहाँ समृद्ध और तड़क-भड़क से भरा था। वहीं उनका पारिवारिक जीवन अनेक प्रकार की विसंगतियों से ग्रस्त था। परिवार में सबसे अधिक यातनापूर्ण स्थिति बहुओं की होती थी, अपनी सासें और ननदों-बुआओं के अमानवीय व्यवहारों की शिकार बनी। जुगलबन्दी में माँ और बुआ के चरित्रों के माध्यम से उपन्यासकार ने संवेदनात्मक गहराई और ईमानदारी के साथ पारिवारिक अंतर्विरोधों का उद्घाटन किया है। धर्म और पूजा के आडम्बर के पीछे कैसी निर्ममता और असहिष्णुता छिपी हो सकती है, इसका अकन गिरिराज जी ने बीस की पत्नी की मूक पीड़ा के अंकन के रूप में किया है।'[2]

स्वार्थपूर्ण मान्यताओं के कारण नारी का सदैव शोषण हुआ 'जुगलबन्दी' में स्त्री की उपेक्षा और शोषण का चित्रण किया गया है। किसी भी बड़े घर में बहू-बेटी के लिए डॉक्टर नहीं आता। उसे सिर्फ चार-दीवारी में रहना पड़ता है। समाज में स्त्रियों के कमरे में मर्दों का जाना अच्छा नहीं माना जाता था। 'ढाई घर' में भी स्त्री की दयनीय हालत निरूपित है। वह भोग की वस्तु बनकर रह गयी है। षिक्षा और ज्ञान से वंचित घर की चारदीवारी में बन्द वह पुरूष के शोषण और अत्याचार को अपानी नियति के रूप में स्वीकार करना उसके जीवन का अमिट सत्य है।

स्त्री की स्थिति के बारे में गिरिराज किशोर ने कहा है कि सभी औरतें करीब-करीब एक सा भाग्य लिखवाकर आती हैं। बच्चे हुए तो पति सुख नहीं देखा......... पति सुख हुआ तो कुछ और हो गया। बड़ी जिठानी के सब कुछ था - सन्तान भी.......... इतने बड़े पति थे पर पति से ऐसे डरती रही जैसे गाय, कसाई से डरती है। इतने नौकरों-चाकरों के होते हुए रात-बेरात चूल्हा फूंकते-फूंकते आँखें खो दी, फिर हाथ पसारे चली गयी।'[2]

इनके उपन्यास सिर्फ चार दीवारों में ही नारी को उद्घाटित करते हैं, ऐसा नहीं। तीसरी सत्ता और चिड़ियाघर नामक उपन्यासों में नारी को अलग रूप प्रस्तुत किया है। तीसरी सत्ता की मिसेज शर्मा आर्थिक दृष्टि से आत्मनिर्भर होने पर भी परम्परागत सामाजिक नियमों के कारण पति का अत्याचार सहती है। परिवार में नारी को अलग करना ही यातना देना है। समाज में ऐसा लेकिन आज की नारी आधुनिक बन गई है। भारतीय नारी विलासिता की वस्तु बनकर नहीं रह गई है। वह भारतीय सभ्यता और संस्कृति की वाहक बन गई है। समाज के विकास में नारी के योगदान को कोई भी झुठला नहीं

सकता। जिस प्रकार तार के बिना सितार होता है, उसी प्रकार नारी के बिना नर का जीवन। नारी को एक ओर जहाँ स्वतंत्रता और पहचान प्राप्त हुई है, वहीं उसकी समस्याएँ भी बढ़ गई है। कई बार वह अपनी समस्याओं और दायित्वों के बीच दबकर रह जाती है, किन्तु प्राय: देखा जाता है कि उनका हल भी वह स्वयं ही ढूंढ लेती है। आज की नारी पाश्चात्य सभ्यता का अंधानुकरण कर अपनी संस्कृति और आदर्शों को भूल रही है। गिरिराज किशोर के उपन्यास 'चिड़ियाघर' की पात्र मिसेज रिजवी एक उत्तम उदाहरण है। अपने पति के होते हुए भी वह अन्य पुरूषों के साथ रहती है। 'क्यों जौहरी अगर मैं एक एक्सपेरीमेंट करूँ चार शौहर रखूँ, जिनमें से एक होम देखे, दूसरा फाईन रिलेशन्स की देखरेख रखे, तीसर प्रोटोकॉल का ध्यान रखे, और चौथा एंटरेटन करे। तुम्हारा क्या ख्याल है।'[3]

वर्तमान युग में नारी परम्परागत आदर्शों से हटकर चल रही है। 'यात्राएँ' की नायिका वन्या बदलते नए मूल्यों के साथ चलती है। 'ढाईघर' के राय परिवार में अरूण की पत्नी पर्दा रखना नहीं मानती मझली चाची और छोटी चाची पुराने ढंग से जी रही है। नई पीढ़ी नया विचार लेकर आयी है। स्वाभिमानी एवं आत्मनिर्भर बनना चाहती है।

गिरिराज जी ने अपने उपन्यासों में स्त्री का यही स्वरूप चित्रित किया है। इनके नारी पात्र यौन शोषण के साथ-साथ अनेक अत्याचारों से पीड़ित पात्रों की श्रेणी में आते हैं।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. गिरिराज किशोर, ढाई घर, पृ.सं.60
2. हिन्दी उपन्यास का इतिहास, गोपाल राय, पृ.सं.-297
3. चिड़ियाघर, गिरिराज किशोर, पृ.सं.-91

**************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# साहित्य मे स्त्री विमर्श की आवश्यकता

**डॉ. सरला पण्ड्या** *

* कार्यवाहक प्राचार्य (हिन्दी) हरिदेव जोशी राजकीय कन्या महाविद्यालय, बाँसवाड़ा (राज.) भारत

**प्रस्तावना –** समकालीन महिला लेखिकाओं में उषा प्रियंवदा, मन्नू भंडारी, कृष्णा सोबती, मृदुला गर्ग, मंजुला भगत, नासिरा शर्मा, प्रभा खेतान, कृष्णा अग्निहोत्री एवं ममता कालिया का महत्वपूर्ण स्थान है। आठवें दशक की इन महिला उपन्यासकारों की लेखन शैली में भावुकता के स्थान पर तर्क, विचार, बुद्धि, सुक्ष्म अन्वेषण, विश्लेषण व रचनात्मक दृष्टिकोण दिखाई देता है। व्यक्ति और समाज के बदलते संबंधों, तनावपूर्ण जीवन शैली, व्यक्ति के अंत: संघर्ष से उत्पन्न द्वन्द्वात्मक स्थिति के साथ ही सामयिक जीवन संदर्भो के परिप्रेक्ष्य में स्त्री विकास की अनेक संभावनाओं को उजागर किया है। उन्होंने स्त्री की बदलती भूमिका व उसके सकारात्मक एवं नकारात्मक पहलुओं पर चिंतन भी किया है। इन लेखिकाओं ने समाज की परिस्थितियों को देखा व अनुभव किया है इसके पश्चात् ही उसे साहित्य रचना में उतारा है।

'मार्क्स की अवधारणा है कि 'मनुष्य की चेतना उसकी परिस्थितियों का निर्धारण नहीं करती अपितु परिस्थितियाँ ही चेतना का निर्धारण करती है।' साहित्य लेखन में सर्वाधिक महत्व चेतना का है जिसका निर्धारण उस समाज की विभिन्न परिस्थितियाँ करती है।'[1]

महिला उपन्यासकारों ने स्त्री विमर्श के सभी पहलुओं –स्त्री के प्रति शोषण, स्त्री आंदोलन, स्त्री और आधुनिकता, औरत की परिवर्तित आर्थिक, राजनीतिक, सामाजिक स्थितियाँ, मूल्य विसंगतियाँ व स्वायत्तता, स्त्री व भूमंडलीकरण, स्त्री अस्मिता, साँस्कृतिक परिवर्तन, स्त्री आरक्षण आदि बहुआयामी एवं वैविध्यपूर्ण विषयों के साथ साहित्य रचना की है। आपका बंटी, नरक दर नरक, उसके हिस्से की धूप, प्रतिध्वनियाँ, टेसू की टहनियाँ आदि रचनाएँ इसी यथार्थबोध को व्यक्त करती है। इसी प्रकार नारी अस्मिता को व्यक्त करने वाली रचनाएँ सुरजमुखी अंधेरे के, रेत की मछली, अचला एक मन: स्थिति, बात एक औरत की भी लिखी गई है। हजारी प्रसाद द्विवेदी– 'यह विचित्र बात है कि स्त्री जब साहित्य लिखती है तो स्त्रियों के बारे में ही लिखती है और पुरुष जब साहित्य लिखता है तब भी स्त्रियों के संबंध में ही लिखता है। दोनों में अंतर यह होता है कि स्त्री के लिखने का उद्देश्य है, अपने विषय में फैले हुए भ्रम का निराकरण करना और पुरुष का उद्देश्य है उसके विषय में ओर भी भ्रम पैदा करना।'[3] नारी को भारतीय संस्कृति के अनुरुप विचारवान एवं प्राणवान रुप में चित्रित किया गया। लेकिन समय परिवर्तन के साथ स्त्रियों को निम्न वर्ग के रूप में माना गया। उन्हें शोषित व पीड़ित बताया गया है। उसको विभिन्न मुखौटों से ढक दिया गया है।

महादेवी वर्मा ने लिखा है– 'आधुनिक नारी मनोवैज्ञानिक दृष्टि से कुण्ठित है। यदि वह शान्त भाव से अपनी समस्या पर विचार करे तो तनाव भी नहीं रहेगा। वह दो नावों पर पैर रखे है, न पुराना आडम्बर छोड़ना चाहती है, न नवीन की सहजता स्वीकार करती है।'[4] इन्होंने स्त्रियों को विद्रोह की प्रेरणा दी। वे अन्याय के प्रति सदैव असहिष्णु रही है। भारतीय नारी संस्कृति सापेक्ष रह कर समय के साथ गत्यात्मक (DYNAMIC) बने किन्तु विध्वंस करना वे नहीं सिखाती है। आशापूर्णा देवी– 'लम्बे समय तक साहित्य सृजन के दौरान ऐसा भी हुआ है कि हताशा और निराशा मिली है लेकिन मैंने इस ह्रास और पतन को जीवन का अंतिम वक्तव्य कभी नहीं माना। मैं जानती हूँ कि अतृप्ति के साथ–साथ पूर्णता प्रदान करती है।' लेखिकाओं ने नई चेतना दृष्टि से इतिहास, संस्कृति व मानवीय संबंधों को पुन: विश्लेषित किया है। इससे नारी की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक व सामाजिक छवि बदलती हुई प्रतीत होती हे। इसमें सभी वर्ग, वर्ण, धर्म, जाति व देश की स्त्रियाँ शामिल है। अंग्रेज़ी के फेनिनिज्म शब्द को हिंदी में नारी चेतना रुप दिया गया है।

लेखिका महुआ मात्री लिखती है कि 'साहित्य में इतना माद्दा है कि वह समाज को बदल सकता है। उसे समाज तक पहुँचाया जाए। जब तक वह लोगों तक नहीं पहुँचेगा, तो उसकी सोच का असर कैसे पड़ेगा। इसलिए साहित्य जन प्रिय होगा तो समाज को जरूर बदलेगा।' चंद्रकांता के अनुसार– स्त्री विमर्श को वृहत्तार अर्थो में परिभाषित करना चाहे तो वह घर, परिवार, समाज, नीति और राष्ट्रनीति में नारी की अस्मिता, अधिकार और उन अधिकारों के लिए संघर्ष चेतना से जुड़े संवाद की कल्पना है। वहाँ सामाजिक, धार्मिक अंध रूढ़ियों में दबी किसी स्त्री की आहे–कराहे ही नहीं बल्कि शोषण व्यवस्था के विरूद्ध उसका आक्रोश, विद्रोह भी है। साथ ही स्त्री की गरिमापूर्ण सशक्त छवि गढ़ने की महिमा भी।

मैत्रेयी पुष्पा की कहानियों की नायिकाएँ गहरे संघर्ष एवं अंर्तद्धन्द्ध में भी जीवन व परिवार में बराबर बनी रहती है। 'अपनी धरती पर खड़े होकर शिकंजों को काटने की कुव्वत मेरे उपन्यास की हर नायिका में है। संबंध कोई नहीं तोड़ती।'[5] महिला कथाकारों ने समकालीन स्थितियों में स्त्री समाज की त्रासदी और विडम्बनाओं, शोषण, सामाजिक, आर्थिक पराधीनता, परम्परागत स्त्री–पुरुष संबंध, सामंती मूल्यों के कई प्रश्नों को तीखे व साहसपूर्ण ढंग से अपनी कहानियों व उपन्यासों में व्यक्त किया है।

महिला लेखिकाओं ने दलित औरत, देहाती औरत, श्रमजीवी औरत, सांस्कृतिक उत्पीड़न, दैहिक शोषण की मार सहती औरत, आदिवासी औरत आदि का वर्णन भी किया है क्योंकि भारत में इस प्रकार की महिलाओं की स्थिति अधक दयनीय है। देश के कई राज्य स्त्रियों की खरीद–फरोख्त,

वैश्या समस्या से भी रूबरू हो रहे है।

'महिला मुद्दों पर कलम चलाने वाली डॉ. मृदुला सिन्हा का मानना है कि दुनिया छोटी हो गई है और महिला लेखन की संभावनाएँ बढ़ गई है।.............. स्वयं महिलाओं का कार्य क्षेत्र भी विस्तृत हुआ है। इसलिए अपने और दूसरों के अनुभव के आधार पर लेखन में प्रवीणता आई है। विश्व बंधुत्व की कामना करने वाले भारतीय समाज के लिए वैश्वीकरण हौव्वा नहीं बनना चाहिए।'[6] वर्तमान में लेखिकाओं ने स्त्री के जमीनी संघर्ष को महसूस किया है तो साथ में सैद्धान्तिक सुत्रों की पड़ताल करते हुए इतिहास के पुनर्लेखन व साहित्य रचना के माध्यम से अपने विरोध भाव को भी दर्ज किया है। 'भाषा विधान व ज्ञानात्मक अनुशासन के इस रास्ते पर वर्ग, जाति, धर्म, प्रांत पर आधारित पहचान के कई मोड़ आते है जहाँ महिला लेखकों की मुठभेड़ सामाजिक ढाँचे एवं उस पर निर्मित पितृसत्तात्मक सांस्कृतिक आदर्शों, प्रतीकों एवं सौन्दर्य दृष्टि से होता है।'[7] पूरे विश्व की स्त्री की समस्याओं को एक ही मानते हुए लिखती है- यही स्त्री सदियों से सभ्यता के आदिकाल से पुरुष वर्ग द्वारा दलित है, शोषित है। सिमोन द बोउआ, केट मिलेट, जर्मेन ग्रीयर, बेइट्टी फ्राइडेन इत्यादि पश्चिम की नारीवादी लेखिकाएँ इस बात को अपने शोध कार्यों से स्थापित कर चुकी है कि स्त्री होना एक ऐतिहासिक घटना है। वह जन्म से स्त्री नहीं बल्कि हजारों साल की सभ्यता ने उसे वस्तु रूप में परिणत कर दिया है।' [8]

सामाजिक सरोकारों से जुड़ी डॉ. कृष्णा अग्निहोत्री का भी मानना है कि 'जब समस्या ही बाजारवाद का है तो उसे स्वीकारते हुए ही उन्हीं के बीच से हल निकालने होंगे।'[9] नारी की जागृति के साथ ही उसकी भूमिकाओं और दायित्वों में भी वृद्धि हुई है। वह एक माता और पत्नी के रूप में जितनी सशक्त है, उतनी ही एक कार्यकारी और अधिकारी के रूप में भी। स्त्री परिवार, समाज एवं देश का एक महत्वपूर्ण हिस्सा होते हुए भी उसे समुचित समानता प्राय: प्रत्येक क्षेत्र में देने की आवश्यकता बनी हुई है। क्योंकि स्वतंत्रता का अर्थ नकारात्मक रूप में यानि स्वेच्छाचारिता के अर्थ में लिया जा रहा है जबकि विधायक स्वतंत्रता हमेशा होती है। कला, संगीत, सौंदर्य, साहित्य की अन्तर्वर्ती धारा की प्रेरणा और मूर्तिकरण के बावजूद नारी सदा जीवन के हाशिये पर जीती रही।

इस बारे में लिखा गया है कि 'वैसे भी अपने स्वानुभूत इतिहास के आधार पर महादेवी से लेकर कृष्णा सोबती तक हमारे वक्त के बेहतर महिला लेखन में लगातार कुछ नया स्फुटित होता रहा है। मनुष्य और पशुजगत, स्त्री और प्रकृति, माँ और बेटी के रिश्तों के संदर्भ में बहुत सारा अनुभव, भाषा के कई प्रयोग समय-समय पर इन लेखिकाओं ने प्रचलित संदर्भो से तोड़कर एकदम नए संदर्भो में रखे और परखे है, जाहिर है भाषा और भावों के ऐसे समायोजन में बहुत सारे पुराने अनुभव और भाषा रूप, या तो हटा दिए जाएँगें या नए अनुभवों से जुड़कर एकदम नई रंगत देने लगेंगे।'[10]

नोबल पुरस्कार विजेता मारिसन का मानना है कि 'नई शताब्दी की इस महिला एक बदलते हुए रूप में कुछ नए अर्थो में इस विश्व को नया रास्ता दिखाएगी और वह है जन संचार और प्रसारण-माध्यम, जैसे टी.वी., रेडियो, अखबार इत्यादि, परन्तु इनके दुष्प्रभाव भी होंगे। इस शताब्दी के शुरू में महिलाएँ अब एक बदली हुई भूमिका में विश्व को रास्ता दिखा रही है। मेरा मानना है कि यह शताब्दी महिलाओं की ही होगी।'[11]

सभी वर्ग, जाति, लिंग की स्त्रियों पर समान रूप से लागु होता यह स्त्री विमर्श उसे मानवी बनाने के लिए कृत संकल्पित है। प्राचीन पितृसत्तात्मक समाज ने स्त्री को आर्थिक, सामाजिक व वैचारिक रूप से अधीन कर रखा है। उसे मृदुभाषी, कर्मशील व सेवाभावी होना अनिवार्य बताया गया है। उसे घर-परिवार से सामाजिक समानता, पुरुषवादी अहं से मुक्ति, शिक्षा व क्षमताओं पर विश्वास, नेतृत्व क्षमता व मानवीय सरोकारों का वातावरण चाहिए। काम-काज की दुनिया में समान कार्य एवं समान वेतन में बराबरी की माँग करती दिखाई देती, वह समाज में परम्परागत नियमों को तोड़ना चाहती है। वह आत्मनिर्भरता, अधिकार व स्व निर्णय की स्थिति को प्राप्त करना चाहती है, मनचाही जिन्दगी जीना चाहती है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**


1. सं.प्रकाश आतुर : *साहित्य की प्रतिबद्धता और सरोकार*, पृ. 78
2. हजारी प्रसाद द्विवेदी : स्त्री प्रतिभा, *कमला पत्रिका*, अक्टू. 1939, पृ. 3
3. रेणुका नैयर : *महादेवी वर्मा(व्यक्ति भेंटवार्ता) : नारी स्वातंत्र्य के बदलते रुप*, पृ. 142
4. सृजन-विश्व, रविवारीय, *राजस्थान पत्रिका,* 28 अक्टू. 2007, पृ. 2
5. सृजन-विश्व, रविवारीय, *राजस्थान पत्रिका,* 19 अक्टू. 2008, पृ. 2
6. परिवार, *राजस्थान पत्रिका*, 31 जन. 2007
7. *राजस्थान लेखिका सम्मेलन-2012*, राजस्थान साहित्य अकादमी एवं मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित, 3-4 नव. 2012
8. प्रभा खेतान : *स्त्री विमर्श के अंतर्विरोध*, पृ. 358
9. सृजन-विश्व, रविवारीय, *राजस्थान पत्रिका*, जून 2008, पृ. 2
10. मृणाल पांडे : *जहाँ औरते गढ़ी जाती है*, पृ. 51
11. कमला रत्तू : भारतीय महिलाएँ एवं मीडिया क्रांति के संदर्भ में, *मधुमती(अंक-11)*, नव. 2006, पृ. 31


**************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# पद्मावत में लोक-संस्कृति की अभिव्यक्ति

**डॉ. संगीता मरावी***

* सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) पं.शम्भूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय, शहडोल (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** अपनी रचनाओं में लोक-जीवन का चित्रण करने में वहीं कवि या लेखक समर्थ और सफल होता है जिसने लोक-जीवन के साथ घुल-मिल कर उसका निकट से अध्ययन किया हो। वाल्मीकि, व्यास, होमर, शेक्सपीयर, जगनिक, जायसी, तुलसी, प्रेमचन्द, गोर्की आदि विश्व साहित्य के ऐसे ही मनीषी कलाकार हुए हैं। जायसी को लोक-जीवन का गहरा और विस्तृत अनुभव था। कबीर के समान वह भी बचपन से साधु-फकीरों की संगति में देशाटन करते और लोगों से मिलते-जुलते रहे थे। यही लोक-जीवन को समझने और अनुभव करने का प्रधान साधन होता है। जायसी भी यदि दरबारी-कवियों के समान किसी राजा या नवाब के दरबार में रहते तो 'पद्मावत' जैसे सशक्त काव्य की रचना करने में असमर्थ रहते । हिन्दी का कोई भी सुफी कवि दरबारी कवि नहीं था। ये लोग तो प्रेम के दीवाने उपासक थे, इसलिए राजसी दरबारी वातावरण इन्हें कभी रास ही नहीं आ सकता था। जायसी पर कुछ आलोचकों ने यह आरोप लगाया है कि उनके 'पद्मावत' में लोक-जीवन का वैसा विस्तृत और गहन चित्रण नहीं हुआ है जैसा कि तुलसी के 'रामचरित मानस' में मिलता है, यह आरोप गलत है। इसे सिद्ध करने के लिए हमें 'पद्मावत' में लोक संस्कृति की अभिव्यक्ति को विस्तार से चर्चा करनी होगी।

**'पद्मावत' एवं रामचरित मानस में भिन्नता–** सामाजिक चित्रण में अनुपात की दृष्टि से 'रामचरित मानस' और 'पद्मावत' में जो अन्तर मिलता है उसका मूल कारण तुलसी और जायसी के उद्देश्यों की भिन्नत्ता में छिपा हुआ है। तुलसी ने 'रामचरित मानस' के माध्यम से लोक-रक्षक और धर्म-संस्थापक राम का चरित्र अंकित किया था। तुलसी सतर्क सजग सामाजिक द्दष्टा थे। समाज के प्रत्येक अंग और गतिविधि पर उनकी गहरी नजर रहती थी। वह अपने आराध्य राम का ऐसा रूप प्रस्तुत करना चाहते थे जो विस्तृत समाज को अपनी परिधि में समेट समाज के लिए आदर्श और वरेण्य बन सके। इसी कारण उन्होंने 'रामचरित मानस' में सामाजिक चित्रण को इतना महत्व और विस्तार दिया था। उन्हें अपने इस प्रयत्न में पूर्ण सफलता भी मिली। आज लगभग चार सौ वर्ष बीत जाने पर भी तुलसी के राम और उपका चरित-काव्य मानस भारतीय हिन्दू-समाज की प्रेरणा बने हुए हैं।

इसके विपरीत जायसी तुलसी के समान समाज के सतर्क-सजग द्दष्टा न होकर प्रेम को पीर के उसी प्रकार अनन्य उपासक थे जैसे सूर आदि कृष्ण-भक्त कवि थे। इस कारण जायसी की अपनी सीमाएँ थी। उनकी द्दष्टि प्रेम के विभिन्न पक्षों का उद्घाटन करने पर ही निरन्तर लगी रही। प्रेम के उस सीमित क्षेत्र में युग-जीवन का जितना भी अंश समा सका उसका उन्होंने पूर्ण मनोयोग के साथ चित्रण कर दिया। उन्होंने सूर आदि के ही समान अपनी इस सीमा से बाहर कदम रखने का कहीं भी प्रयत्न नहीं किया। क्योंकि यदि वे ऐसा करते तो उनका उद्देश्य अपूर्ण और विकलांग रह जाता। यही कारण है कि हमें 'पद्मावत' में 'रामचरितमानस' के समकालीन आर्थिक, राजनीतिक, धार्मिक आदि स्थितियों के मार्मिक और विस्तृत चित्रण न मिल कर उनके केवल हल्के से संकेत भर मिलते हैं। फिर भी हमें 'पद्मावत' में समकालीन युग के अनेक ऐसे चित्र मिल जाते हैं जिसके आधार पर उस युग के जन-जीवन का एक स्थूल और यथार्थ चित्र अंकित किया जा सकता है।

**मूलत: हिन्दू-समाज का चित्रण–** जायसी ने पद्मावत में रत्नसेन और पद्मावती की कथा का वर्णन किया है। इसकी पूर्वार्द्ध की कथा पूर्ण रूप से हिन्दू-जीवन और समाज से सम्बन्धित रही है। इस कथा के मा'पद्मावत'यम से भले ही उन्होंने सूफी साधाना पद्धति के प्रति अप्रत्यक्ष संकेत किया हो परन्तु प्रकट रूप से उसमें इस्लामी-जीवन या इस्लामी धार्मिक मान्यताओं की रंचमात्र भी छाया नहीं मिलती। कथा के उत्तराद्ध में दिल्ली-सम्राट अलाउद्दीन कथा-मंच पर प्रवेश करता है, परन्तु उसका वर्णन करते समय भी जायसी ने इस्लामी- जीवन का कोई चित्रण नहीं किया है। उन्होंने केवल उसके वैभव, शक्ति, राजदरबार आदि का ही विस्तृत वर्णन किया है। इस प्रकार हमें 'पद्मावत' में हिन्दुओं के सामाजिक जीवन का तो विस्तृत रूप मिल जाता है, परन्तु उसे समस्त भारतीय समाज का रूप माना जा सकता है। क्योंकि उस समय तक मुसलमान भी भारतीय समाज के अनिवार्य अंग बन चुके थे। इसलिए जायसी अपने समकालीन युग का अधूरा चित्र ही अंकित करने में सफल हुए हैं, सम्पूर्ण युग-जीवन का नहीं। परन्तु उन्होंने हिन्दू-समाज के जिस पक्ष का अंकन किया है, वह अपने-आप में पूर्ण है। इसे जायसी की एक विशिष्ट उपलब्धि माना जा सकता है। हमारे समाजशास्त्री उसके आधार पर उस युग के सामाजिक जीवन का एक विस्तृत चित्र अंकित कर सकते हैं।

**सामाजिक जीवन–**'पद्मावत' की कथा यद्यपि राजन्य वर्ग से ही सम्बन्धित रही है, परन्तु जायती ने इस वर्ग के माध्यम से हिन्दू-जीवन का बड़ा सुन्दर और यथार्थ चित्रण किया है। इसमें उन्होने जन्म से लेकर मृत्यु तक के पूरे जीवन को समेटा है। इस चित्रण में यद्यपि उन्होंने जीवन के उन्हीं अंशों को विस्तार और प्रधानता दी है जो प्रेम से सम्बन्धित रहे है, फिर भी जीवन से सम्बन्धित सभी अंशों को उन्होंने समेट लिया है। रत्नसेन और पद्मावती का जन्म होता है। ज्योतिषी आकर उनकी जन्म कुंडलियाँ बनाते और भविष्यवाणियाँ करते हैं। बालिका पद्मावती बड़ी होती है, शास्त्रों का अध्ययन करती है। उधर रत्नमेन बड़ा होकर राजा बन जाता है। जायसी ने दोनों की इस स्थिति का वर्णन संक्षेप में ही किया है। पद्मावती के किशोरवस्था प्राप्त

करते ही जब उसके मन में काम का संचार होता है, जायसी के वर्णन विस्तृत और मार्मिक रूप धारण करने लगते हैं। क्योंकि यह प्रेम का क्षेत्र है। काम भावना प्रेम की जननी होतो है। प्रेम हृदय में उल्लास उत्पन्न करता है। इसलिए जायसी पद्मावती के इस उल्लास को व्यक्त करने के लिए नाना प्रकार के रीति–रिवाजों, ऋतुओं, त्यौहारों, वस्तुओं, विवाह, भोज आदि का विस्तृत वर्णन करते हैं। ये सब प्रेमसिक्त जीवन के उल्लास को बढ़ाने वाले हैं। इनके रूप में हमें तत्कालीन राजन्य–वर्ग के सामाजिक जीवन का सुन्दर और मार्मिक परिचय प्राप्त होता है। ये जीवन के एक विशिष्ट अंग होते हैं।

**विवाहोत्सव –** प्रेम की पूर्णता और सार्थकता प्रेमी–प्रेमिका के विवाह में प्रतिफलित होती है। सामान्य जीवन में भी विवाह जीवन का सर्वाधिक उल्लासमय क्षण होता है, फिर प्रेमी युगल के लिए तो वह जीवन की चरम उपलब्धि का क्षण बन जाता है। जायसी ने इसी कारण विवाहोत्सव का बड़ा विस्तृत वर्णन किया है। उन्होंने 'बरेक्षा' अर्थात् सगाई से लेकर सुहागरात तक का विस्तृत वर्णन किया है। इस वर्णन द्वारा एक तथ्य यह प्रकाश में आता है कि सामाजिक उत्सव और कृत्य शताब्दियों तक एक ही सा रूप धारण किए रहते हैं। उनमें कोई विशिष्ट अन्तर नहीं आ पाता। क्योंकि जायसी ने रत्नसेन–पद्मावती के विवाहोत्सव का जो वर्णन किया है वह आज भी चार–पाँच सदियाँ बीत जाने पर भी लगभग वैसा ही मिलता है। आज भी विवाह उसी प्रकार होते हैं, राजन्य वर्ग में तो विशेष रूप से उसी प्रकार होते हैं। इसलिए सामाजिक–विकास का अध्ययन करने वालों के लिए यह वर्णन अपना विशिष्ट महत्व रखता है। साथ ही यह भी बताता है कि लोकप्रिय सामाजिक रूढ़ियाँ सदियों तक अपरिवर्तित बनी रहती हैं।

अब इस वर्णन की भी थोड़ी–सी झांकी देख ली जाय। जायसी ने रत्नसेन पद्मावती के विवाह से सम्बन्धित प्रत्येक रस्म का विस्तृत वर्णन किया है। आरम्भ मे बरेक्षा (सगाई या टीका) की रस्म की जाती है–'भा बरोक अब तिलक संवारा।' इसके बाद पंडितगण पत्रा देखकर विवाह की लग्न (मुहूर्त) निकालते हैं और फिर उसी के अनुसार सारे सिंहल में निमन्त्रण–पत्र भिजवाये जाते है–

'लगन धारा औ रचा वियाहू। सिंहल नेवत फिरा सब काहू।'

इसके उपरान्त विवाह की तैयारियां आरम्भ हो जाती है। मंडप छाया जाता है, जमीन पर लाल बिसात बिछाई जाती है और अन्य साज–सज्जा के साथ सार नगर विवाह के मंगल–गीतों से गूंजने लगता है–

'रचि–रचि मानिक मांडव छावा। औ भुँइ रात बिछाय विछावा ।।
चन्दन खांभ रचे बहु भाँती। मानिक दिया बरहि दिन–राती ।।
घर घर बन्दन रचे दुबारा । जावत नगर गीत झनकारा ।।'

इस तैयारी के उपरान्त रत्नसेन राजसी वस्त्र धारण कर, दूल्हा बन घोड़े पर सवार हो, बारात के साथ राजा गन्धर्वसेन के द्वार की ओर चल देता है। बारात की अगवानी सुन पद्मावती अपने दूल्हे को देखने की उत्सुकता से भर सखियों सहित अटारी पर जा चढ़ती है और वहाँ से रत्नसेन के दर्शन कर आनन्द और उल्लास से भर उठती है। बारात के दरवाजे पर आ जाने पर उसका स्वागत सत्कार किया जाता है और फिर जनवासे में ठहरा दिया जाता है। इसके बाद बारात को भोजन कराया जाता है और फिर रत्नसेन और पद्मावती का विवाह उसी रीति से किया जाता है। जिस प्रकार कि आजकल भी हिन्दओं में होता है। विवाह के उपरांत गन्धर्वसेन अपने जामाता को अपार दहेज देता है। यहाँ इस सम्बन्ध में यह द्रष्टव्य है कि जायसी ने इस विवाहोत्सव से सम्बन्धित छोटी–सी–छोटी रस्म का भी वर्णन किया है। इस वर्णन की यह विशेषता है कि इसमें एक राजा और राजकुमारी के विवाह का वर्णन किया गया है। पुराने जमाने में राजा के विवाह के समय लाल रंग का विशेष महत्व माना जाता था। इसी कारण जायसी ने इस अवसर पर रत्नसेन के वस्त्र, रथ, सिहासन, छत्र आदि सभी को लाल रंग का दिखाया है। जैसे–

'औ भुँइ रात बिछाव बिछावा।'
'पहिरडू राता दगल सोहाबा।'
'भो राता सोने रथ साजा।'
'ऊपर रात छत्र तस छावा।'

**भोज–वर्णन –** जायसी ने 'पद्मावत' में दो प्रसंगों में दो प्रकार के भोजों (दावतों) का वर्णन किया है। पहला भोज राजा गन्धार्वसेन पद्मावती के विवाह के अवसर पर रत्नसेन और उसके साथियों को देता है। यह भोज पूर्ण रूपेण शाकाहारी भोज है जिसमें नाना प्रकार के पकवान पकाए जाते हैं, माँस नहीं पकाया जाता। इसका वर्णन करते समय जायसी ने पकवानों की एक लम्बी तालिका दी है। उन्होंने इस भोज को शाकाहारी सम्भवत: इसीलिए बताया है कि यह एक हिन्दू द्वारा दूसरे हिन्दुओं को दिया गया भोज था। और हिन्दू शाकाहारी होते हैं। इसीलिए उन्होने इसमें माँस–मछली द्वारा बनाए जाने वाले खाद्य–पदार्थों का वर्णन नहीं किया है।

जायसी दूसरे प्रकार के भोज का वर्णन रत्नसेन द्वारा अलाउद्दीन को दिए गए भोज के प्रसंग में करते हैं। इसमें रत्नसेन शाकाहारी और माँसाहारी दोनों प्रकार के खाद्य पदार्थ तैयार करवाता है। इसलिए कि अलाउद्दीन मुसलमान है और मुसलमान मांसाहारी होते है। इस भोज का वर्णन करते समय जायसी दोनों प्रकार के खाद्य–पदार्थों की विस्तृत सूची हमारे सामने रख देते हैं। हमारा ख्याल है कि संसार के सर्वाधिाक प्रसिद्ध भोजों के अवसरों पर भी इतने प्रकार के खाद्य–पदार्थ नहीं बने होंगे जितने कि इस भोज के अवसर पर बने बताए गए हैं।

**त्यौहारों का वर्णन–**त्यौहार सामाजिक जीवन के अभिन्न अंग होते हैं। जायसी के युग में भी समाज में इनका महत्त्वपूर्ण स्थान था। विशेष रूप से दो त्योहारों बसन्त और होली का ही वर्णन किया। इन दोनों में से भी उन्होंने बसन्त का ही अधिक वर्णन किया है। इसका कारण यह प्रतीत होता है कि श्रृंगार रस के चित्रण में बसन्त का विशेष महत्त्व माना जाता है। बसन्त पंचमी को बसन्तोत्सव मनाया जाता है। जायसी इसी बसन्त पंचमी के अवसर पर पद्मावती को पूजन के निमित्त महादेव के मंडप में भेजकर रत्नसेन के साथ उसकी पहली मुलाकात कराते हैं। इस ऋतु में विभिन्न प्रकार के उत्सव मनाए जाते हैं। सारी धारती फूलों से भर जाती है। नारियाँ श्रृंगार कर गाती नाचती हैं। जायसी इसी का वर्णन करते हुए कहते हैं–

'नवल बसन्त नवल सब बारी । सैंदुर वुक्कन होइ धमारी ।
खिनहिं खिनहिं खिन चाँचरि होई । नाच कूद भूला सब कोई ।।
सेदुर खेह उड़ा अस, गगन भएउ सब रात ।
राती सगरिउ धरतीं, राते विरिष्छन्ह पात ।।'

जायसी ने वसन्त का अनेक स्थानों पर विस्तृत वर्णन किया है। फाल्गुन का महीना बसन्त का महीना होता है। इसकी पूर्णिमा को होली जलाई और खेली जाती है। इसलिए जायसी होली का वर्णन बसन्त के साथ ही करते हैं। होली के साथ ही बसन्त ऋतु समाप्त हो जाती है–

'फागु बेनि पुनि दाहब होली। सँइतव बेह उड़ाव झोली ।।'

**सेना, युद्धादि का वर्णन –** 'पद्मावत' में कई युद्धों का वर्णन है। जायसी ने उनके प्रसंग में सेना, युद्ध आदि का विस्तृत वर्णन किया है। इस वर्णन को

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

पढ़ कर यह पता चलता है कि उस युग में सेनाएँ कैसी होती थीं और युद्ध कैसे लड़े जाते थे। अलाउद्दीन की सेना में भारत के विभिन्न प्रदेशों के सैनिकों के अतिरिक्त दूसरे देशों के भी असंख्य सैनिक थे। ये सैनिक युद्ध करते समय तोप, तीर, तलवार, भाला, साँग, बुर्ज आदि नाना प्रकार के अस्त्र-शस्त्रों का प्रयोग करते थे। जब किसी गढ़ पर कोई शक्तिशाली शत्रु आक्रमण करता था तो उस गढ़ का राजा युद्ध और जीवन के लिए आवश्यक सभी प्रकार की वस्तुओं का प्रचुर मात्रा में संचय कर गढ़ का फाटक बन्द कर भीतर बैठ जाता था और गढ़ की प्राचीरों पर से शत्रु-सेना पर वाण-वर्षा होती रहती थी। शत्रु- सेना आकर गढ़ को चारों ओर से घेर वहीं जम जाती थी। जब प्रयत्न करने पर भी गढ़ नहीं टूट पाता था तो शत्रू-सेना ऊँचे-ऊँचे बुर्ज बना उसके ऊपर से तोपों द्वारा गढ़ पर भयंकर गोलाबारी करने लगती थी। जायसी ने अलाउद्दीन द्वारा चित्तौड़ गढ़ का घेरा डाले जाने के अवसर पर तत्कालीन युद्ध-नीति का विस्तृत वर्णन किया है।

**विभिन्न प्रथाओं का वर्णन –** जायसी ने राजपूतों की दो इतिहास प्रसिद्ध प्रथाओं का भी वर्णन किया है। ये दो प्रथाएँ हैं-जौहर-प्रथा, और सती-प्रथा। जब अलाउद्दीन पहली बार चित्तौड़ पर आक्रमण करता है तो राजपूत अपनी पराजय को निश्चित समझ जौहर करने की तैयारियाँ करने लगते हैं। जायसी इसका वर्णन करते हुए कहते है-

'चन्दन अगर मलय गिरि काड़ा। पर घर कीन्ह सरा रचि ठाड़ा ।।
जौहर कहूँ साजा रनिवासू । जिन्ह सत हिय कहाँ तिन्ह आँसू ।।
पुरुषन्ह खड़ग सम्भारे, चन्दन सेवरे देह ।
मेहरिन्ह सेंदुर मेल, चहहि भई नरि बेह ।।'

परन्तु रत्नसेन और अलाउद्दीन में सन्धि हो जाने से जौहर नहीं हो पाता जौहर उस समय होता है जब अलाउद्दीन दूसरी बार चित्तौड़ पर आक्रमण करता है।

'जौहर भई सब इस्तिरी, पुरुष भुए संग्राम ।
बादशाह गढ़ चरा, चितउर भा इसलाम ।।'

सती-प्रथा का वर्णन 'पद्मावत' के अन्त में होता है। रत्नसेन की मृत्यु हो जाने पर नागमती और पद्मावती पति के साथ सती हो जाने के लिए सोलह श्रृंगार करने लगती हैं। सती होने वाली नारियाँ विलाप न कर सुहाग के सम्पूर्ण चिह्न धारण कर शान्त और गम्भीर भाव से पति की चिता पर चढ़कर भस्म हो जाती हैं। रत्नसेन की दोनों रानियाँ इसी प्रकार सती होती हैं। जायसी ने सती होने की प्रत्येक क्रिया का जो वर्णन किया है, उससे यह स्पष्ट हो जाता है कि उस समय सती प्रथा का कैसा रूप था। सती होने से पूर्व दोनों रानियाँ अन्तिम बार अपना पूरा श्रृंगार करती हैं। वह विलाप नहीं करतीं। परलोक में पुन: उसी पति के साथ मिलन होने की आशा से भर, गाजे-बाजे के साथ पति के शव के साथ श्मशान की ओर प्रस्थान करती हैं। श्मशान में जब चिता सजा दी जाती है तो वे पहले खूब दान-पुण्य करती है, फिर सात बार चिता की परिक्रमा कर पति के शव के साथ चिता पर बैठ जाती हैं। उसके बाद चिता में आग लगा दी जाती है और वे पति के शव के साथ भस्म हो जाती है। जायसी इसका वर्णन करते हुए कहते हैं-

'सर रचि दान पुत्र बहु कीन्हा। सात बार फिरि भाँवरि कीन्हा ।।
लेइ सर ऊपर खाट बिछाई। प्रौढ़ी दुवौ कन्त गर लाई ।।
लागी कंठ आगि देइ होरी। छार भई जरि, अंग न मोरी ।।
राती पिउ के नेह गई, सरग भएउ रतनार
जो रे उवा, सो अथवा, रहा न कोई संसारा'

**लोक-विश्वासों और लौक विवारों का वर्णन –** जायसी ने समाज में प्रचलित नाना प्रकार के लोक-विश्वासों और लोक विचारों का भी विस्तृत वर्णन किया है। शकुन विचार, मुहूर्त-विचार देवता, जोगिनी, जादू टोना, सिद्ध-गुटिका आदि सम्बन्धी वर्णन जन-सामान्य के इनमें गहरे विश्वास को ध्वनित करते हैं। उस युग में जनता इनमें गहरा विश्वास रखती थी। रत्नसेन के चित्तौड़ से सिंहल के लिए प्रस्थान करते समय जायसी शुभ शकुनों से सम्बन्धित महर्षि व्यास के विचारों को प्रस्तुत करते हुए कहते हैं-

'आगे सगुन सगुनिये ताका। दहिने माछ रूप के टाँका ।।
भरे कलस तरुनी जल आई। 'दहिउ लेउ' ग्वालिनि गोहराई ।।
मालिनि आब मौर लिए गाँथे । खंजन बैठ नाग के माथे ।।
दहिने मिरिग आइ बन धाएँ । प्रतीहार बोला खर बाएँ ।।
जा कह सगुन होहि अस, औ गवन जेहि आस ।।
अष्ट महासिधि तेहि कहें, जस कवि कहा बियास ।।'

किसी कार्य को करते समय या यात्रा के अवसर पर इन शकुनों के अतिरिक्त दिशाशूल, योगिनी, तिथि, राशि, चन्द्र, ग्रह, नक्षत्र आदि के सम्बन्ध में भी विचार किया जाता था। इनका सम्बन्ध, ज्योतिष शास्त्र से माना गया है। आज भी भारत के बहुत से व्यक्ति इनका विचार करते हैं और इन्हें अनुकूल या प्रतिकूल जान कर ही किसी भी कार्य को करने या न करने का निर्णय लेते हैं। जायसी ने रत्नसेन के सिंहल प्रस्थान करते समय इन सारी बातों का विस्तार के साथ वर्णन किया है। कुछ उदाहरण द्रष्टव्य है-

**दिशाशूल**

'उदित सूक पश्चिम दिसि राहु । बीफै दखिन लक दिसि दाहू ।।
सोम सनीचर पुरुषन चालू । मंगल बुध उतर दिसि कालू ।।'

**दिशाशूल के निवारण के उपाय –** यदि कहीं जाना अनिवार्य हो और जिस दिशा में जाना हो उधार जाने में ज्योतिष के अनुसार संकट अर्थात् दिशाशूल हो तो जायसी उस दिशाशूल के प्रभाव को दूर करने का उपाय भी बता देते हैं, जैसे-

'मंगल चलन मेल मुख धनियाँ । चलत सोम देखे दरपनियाँ ।।
सूकहि चलत मेल मुख राई । बीफ चलै दखिन गुड़ खाई ।।'

**तिथि-विचार –**यात्रा करने से पूर्व सप्ताह के दिनों के ही समान तिथि का भी विचार किया जाता है, जैसे-

'परिवा नौमी पुरुष न जाए। दूइज दसमी उत्तर बदाए ।'

**चन्द्र-विचार –** इसी प्रकार यात्रा करने से पूर्व चन्द्रमा की स्थिति पर भी विचार किया जाता है, जैसे-

'गवन कर कहाँ उगरै कोई। सनमुख सोम लाभ बहु होई ।।
दहिन चन्द्रमा सुख सरवदा। बाएँ चन्द्र त दुख आपदा ।।'

जायसी ने ये सारे वर्णन ज्योतिष शास्त्र के अनुसार ही किए है। आज भी हमारे रूढ़िवादी समाज में इनका बरावर विचार किया जाता है।

**निष्कर्ष –** 'पद्मावत' में पाए जाने वाले उपयुक्त नाना प्रकार के वर्णनों से उस युग के समाज, उनकी मान्यताओं और उसमें प्रचलित नाना प्रकार की रूढ़ियों और प्रथाओं का एक अच्छा-खासा चित्र प्रस्तुत हो जाता है। इस ग्रन्थ की रचना करने में जायसी का उद्देश्य समकालीन समाज का चित्रण करना न होकर प्रेम के निर्मल, उदात्त रूप की प्रतिष्ठापना करना ही रहा था। इसी कारण उनका सारा ध्यान प्रेम के इसी रूप का चित्रण करने में लगा रहा है। परन्तु उन्होंने यह चित्रण एक कथा के माध्यम से किया है, और कथा में सामाजिक जीवन अनिवार्य रूप से आ जाता है। अत: जायसी को इस कथा

को कहते समय जितना अवकाश और अवसर मिल सका है, उन्होंने उसके अनुसार ही सामाजिक जीवन को अपनी लेखनी की परिधि से समेट लिया है। इसके साथ ही उन्होंने जगह–जगह नाना विधायों से सम्बन्धित अपने ज्ञान का भी प्रदर्शन किया है। इस ज्ञान–प्रदर्शन से हमें इतना तो पता चल ही जाता है कि उस युग के समाज में किस–किस प्रकार की मान्यताएँ प्रचलित और लोकप्रिय थी। इन सबकी सहायता से उस युग के समाज का अध्ययन करने वाले समाजशास्त्री उस युग के समाज की एक स्थल रूपरेखा तो बना सकते हैं।

अत: यह कहना नितान्त भ्रमपूर्ण है कि जायसी 'पदमावत' की रचना करते समय समाज की सर्वथा भूल केवल प्रेम का ही चित्रण करने में डूबे रहे थे । यह सही है कि समाज का चित्रण करते समय उनकी दृष्टि तुलसी के समान व्यापक नहीं रही थी। इसी कारण 'पद्मावत' में 'रामचरितमानस' के समान समाज में व्यापक स्थान नहीं मिल सका। जायसी की सूर के ही समान अपनी सीमाएँ थीं । अपनी उन्हीं सीमाओं के भीतर रहते हुए उन्होंने समाज का जितना चित्रण किया है, उसे उपेक्षणीय नहीं माना जा सकता। समाजशास्त्र की दृष्टि से उसका अपना एक निश्चित और विशिष्ट महत्व है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. जायसी– पद्मावत।
2. तुलसी – रामचरित मानस।
3. कबीर– बीजक।
4. प्रेमचन्द्र का साहित्य।

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# वित्तीय समावेशन

**डॉ. रुकमणी यादव***

* सहायक प्राध्यापक, श्री नीलकंठेश्वर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, खंडवा (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** जब हर किसी की वित्तीय सेवाओं तक पहुंच होती है जैसे ऋण, ऋण, इक्विटी, बचत और बीमा – वे सभी धन विकसित कर सकते हैं। इसे वित्तीय समावेशन कहते हैं।

लेन-देन, भुगतान, बचत, ऋण और बीमा की उनकी मांगों को पूरा करने के लिए लोगों और व्यवसायों को व्यावहारिक और उचित मूल्य की वित्तीय वस्तुओं और सेवाओं तक पहुंच होनी चाहिए। इसे वित्तीय समावेशन कहते हैं।

वित्तीय समावेशन से लोगों के जीवन और उद्यमों को पूरी तरह से बदला जा सकता है। वित्तीय संस्थानों ने ऐतिहासिक रूप से कम आय वाले व्यक्तियों, महिलाओं और अन्य सामाजिक-आर्थिक रूप से वंचित समूहों को कम किया है। वे अक्सर अनौपचारिक, अनियमित वित्तीय उपकरणों पर निर्भर रहे हैं क्योंकि उनके पास औपचारिक सेवाओं तक पहुंच के साथ-साथ उन्हें नियोजित करने के लिए लचीलापन और ज्ञान की कमी है। आधिकारिक सेवाओं तक पहुंच रखने वाले लोगों और कंपनियों के विपरीत, यह आर्थिक संभावनाओं का लाभ उठाने की उनकी क्षमता को सीमित करता है और उनके लिए अप्रत्याशित चिकित्सा लागत या जलवायु परिवर्तन से जुड़ी मौसम संबंधी घटनाओं जैसे झटकों से उबरने में अधिक मुश्किल बनाता है।

क्या आप बिना लोन लिए घर या कार खरीद सकते हैं? हममें से बहुत लोग ऐसा नहीं करेंगे। बीमा न होने और आपातकालीन चिकित्सा देखभाल के लिए भुगतान करने के बारे में क्या? एक ही कथा। वित्तीय संस्थानों तक पहुँच के बिना लोगों के लिए खर्च के लिए पर्याप्त धन बचाने के लिए लगभग कठिन है, बहुत कम वह धन जमा करते हैं जो वे अपने बच्चों के लिए छोड़ सकते हैं।

वैश्विक स्तर पर वित्तीय समावेशन एक महत्वपूर्ण समस्या है। उभरती अर्थव्यवस्थाओं में, औपचारिक बचत और ऋण लगभग 1.5 बिलियन व्यक्तियों के लिए दुर्गम है। वे ऋण के लिए अनाधिकारिक ऋणदाताओं और व्यक्तिगत नेटवर्क पर निर्भर हैं, नकदी के साथ हर चीज के लिए भुगतान करते हैं, और अपने पैसे को स्टोर करने और निवेश करने के लिए एक सुरक्षित साधन की कमी है। ऐसा इसलिए है क्योंकि वित्तीय समावेशन केवल ऋण, खुले बैंक खाते और भुगतान करने के लिए आवेदन करने में सक्षम होने से अधिक है। यह एक उपकरण के रूप में भी कार्य करता है। आर्थिक अवसर और उपलब्धि के बीच मौजूद अंतर को वित्तीय समावेशन के माध्यम से बंद किया जा सकता है। हमारे पास सदियों के सीमांतकरण को पलटने और सामान्य आर्थिक विस्तार का मार्ग प्रशस्त करने का एक महत्वपूर्ण अवसर है।

**भारत में वित्तीय समावेशन –** 15 अगस्त 2014 को वित्तीय समावेशन के लिए राष्ट्रीय मिशन प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) को पहली बार चार साल की अवधि के लिए शुरू किया गया था। इसमें वित्तीय साक्षरता, ऋण उपलब्धता, बीमा और पेंशन के साथ-साथ प्रत्येक परिवार के लिए कम से कम एक बुनियादी बैंक खाते के साथ बैंकिंग सेवाओं तक सार्वभौमिक पहुंच की परिकल्पना की गई है।

तीन सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (पीएमजेजेबीवाई), प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई) और अटल पेंशन योजना (एपीवाई) के पास पीएमजेडीवाई के लिए एक मंच है। प्रशासन ने 28 अगस्त, 2018 को व्यापक पीएमजेडीवाई पहल जारी रखने का फैसला किया है, लेकिन हर घर से हर वयस्क पर जोर देने के साथ।

**वित्तीय समावेशन पहल**

**जन धन-आधार-मोबाइल (जेएएम) ट्रिनिटी –** पीएमजेडीवाई, आधार और अधिक मोबाइल कनेक्टिविटी के लागू होने से सरकारी सेवाएं प्राप्त करने के तरीके में बदलाव आया है।

मार्च 2020 के अनुमानों के अनुसार, कुल मिलाकर 380 मिलियन लोगों को जन धन प्रणाली से लाभ हुआ है।

आधार ने व्यक्तिगत पहचान के विचार में क्रांतिकारी परिवर्तन किया है, एक ऐसी प्रणाली स्थापित करके वित्तीय समावेशन की प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाया है जो न केवल सत्यापित करने के लिए सुरक्षित है बल्कि प्राप्त करने के लिए सरल भी है।

देश के गरीब और अशिक्षित नागरिकों को सशक्त बनाने के लिए सरकार ने वित्तीय समावेशन का समर्थन करने और वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने के लिए कई ऐतिहासिक कार्यक्रम भी शुरू किए हैं। इनमें अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री मुद्रा योजना शामिल हैं।

**ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में वित्तीय सेवाओं का विस्तार –** ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) ने पहल की है।

1. इनमें सुदूर क्षेत्रों में बैंक शाखाएं खोलना शामिल है।
2. किसान क्रेडिट कार्ड जारी करना (केसीसी)।
3. बैंकों के साथ स्व-सहायता समूहों (एसएचजी) को जोड़ना।
4. स्वचालित टेलर मशीनों (एटीएमएस) की संख्या में वृद्धि।
5. बिजनेस कॉरेस्पोंडेंट्स मॉडल ऑफ बैंकिंग आदि।

**डिजिटल भुगतान को बढ़ावा –** एनपीसीआई द्वारा एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) को मजबूत करने के साथ डिजिटल भुगतान को अतीत की तुलना में सुरक्षित बनाया गया है।

आधार आधारित भुगतान प्रणाली (एईपीएस) किसी भी स्थान पर और किसी भी समय माइक्रो एटीएम का उपयोग करके आधार सक्षम बैंक खाता (एईबीए) को सक्षम बनाती है।

ऑफलाइन लेन-देन-अनुकूलित अनुपूरक सेवा डेटा (यूएसएसडी) के कारण भुगतान प्रणाली को अधिक सुलभ बनाया गया है, जो इंटरनेट के बिना भी मोबाइल बैंकिंग सेवाओं का उपयोग करना संभव बनाता है।

**वित्तीय साक्षरता में वृद्धि –**परियोजना वित्तीय साक्षरता पहल भारतीय रिजर्व बैंक ने शुरू की है। इस परियोजना का उद्देश्य कई लक्षित दर्शकों को शिक्षित करना है, जिनमें महिलाएं, स्कूल में नामांकित बच्चे या कॉलेज में प्रवेश करने की योजना बनाना, ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में गरीब, सशस्त्र बलों के सदस्य और वरिष्ठ नागरिक, केंद्रीय बैंक और बुनियादी बैंकिंग अवधारणाओं के बारे में।

राष्ट्रीय प्रतिभूति बाजार संस्थान (एनआईएसएम) और भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) की मुख्य पहल को पॉकेट मनी कहा जाता है और इसका उद्देश्य छात्रों की वित्तीय साक्षरता बढ़ाना है। स्कूली बच्चों को पैसे का मूल्य और निवेश, बचत और वित्तीय योजना के महत्व का लक्ष्य है।

**संबंधित चुनौतियां –** सभी वित्तीय सेवाओं के लिए प्रवेश बिंदु एक बैंक खाता है। हालांकि, विश्व बैंक की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में 190 मिलियन वयस्कों का बैंक खाता नहीं है।

डिजिटल विभाजनरू वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने वाली डिजिटल प्रौद्योगिकी को अपनाने की सबसे आम बाधाएं:

1. उचित वित्तीय उत्पादों की अनुपलब्धता।
2. डिजिटल सेवाओं का उपयोग करने के लिए हितधारकों के बीच कौशल की कमी।
3. बुनियादी मुद्दे।
4. कम आय वाले उपभोक्ता जो डिजिटल सेवाओं तक पहुंच के लिए आवश्यक प्रौद्योगिकी का वहन करने में सक्षम नहीं हैं।

**घाटे को लागू करना:** उदाहरण के लिए, बहुत सारे निष्क्रिय खाते जो कभी भी वास्तविक वित्तीय गतिविधि को नहीं देखते थे, जन धन नीति के परिणामस्वरूप खोले गए थे। बड़े परिचालन व्यय ने केवल वास्तविक लक्ष्य को कमजोर करने के लिए काम किया क्योंकि ऐसे सभी कार्यों में शामिल संगठनों के लिए एक खर्च होता है। यह महत्वपूर्ण है कि सभी हितधारक सही इरादों के साथ इस तरह की गतिविधियों में संलग्न हों न कि केवल इन हानिकारक परिणामों को रोकने के लिए दिखाने के लिए।

**अनौपचारिक और नकदी-बहुल अर्थव्यवस्था:** भारत भारी प्रभुत्व वाली नकदी अर्थव्यवस्था है, यह डिजिटल भुगतान अपनाने के लिए एक चुनौती है। इसके अलावा, अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के अनुसार, भारत में कार्यरत लगभग 81 प्रतिशत लोग अनौपचारिक क्षेत्र में काम करते हैं। लेनदेन के नकद मोड पर उच्च निर्भरता के साथ एक विशाल अनौपचारिक क्षेत्र का संयोजन डिजिटल वित्तीय समावेशन के लिए एक बाधा है

**वित्तीय समावेशन में लिंग अंतर:** कई रिपोर्टों के अनुसार समाज में पुरुषों द्वारा धारित खातों की संख्या महिलाओं से अधिक है और महिलाओं को बैंकिंग प्रणाली से कम जोड़ा जाता है, यह मोबाइल हैंडसेट की उपलब्धता और महिलाओं की तुलना में पुरुषों में इंटरनेट डेटा सुविधा की उपलब्धता सहित सामाजिक-आर्थिक कारकों के लिए जिम्मेदार है।

**ऋण पहुंच की कमी:** कम आय वाले परिवारों और अनौपचारिक व्यवसायों को ऋण प्रदान करने में मुख्य बाधाओं में से एक औपचारिक ऋणदाताओं के पास उपलब्ध जानकारी की कमी है जो उनकी ऋण पात्रता निर्धारित करती है। इससे ऋण की भारी लागत आती है।

**उठाए जाने वाले कदम**

**संवाददाता मॉडल को पुनर्जीवित करना:** चूंकि देश के हर कोने में शाखाएं होना अव्यावहारिक है, इसलिए संभावित ग्राहकों से बैंक पत्राचार के माध्यम से संपर्क किया जाता है। हालांकि, एक अपर्याप्त क्षतिपूर्ति संरचना संवाददाता बैंकिंग की अपील से अलग हो जाती है। नतीजतन, बैंकिंग पत्राचारों के लिए अधिक वित्तीय प्रोत्साहन के साथ-साथ बेहतर प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है।

**JAM ट्रिनिटी का लाभ उठाना:** एक घर के मूल्यांकन और एक अनौपचारिक व्यापार की क्रेडिटवर्थ को प्रौद्योगिकी द्वारा बढ़ाया जाना चाहिए। डेटा गोपनीयता के लिए पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करते हुए सरल ऋण पहुंच प्रदान करने के लिए आवश्यक प्रौद्योगिकियों के साथ एक नया डेटा-शेयरिंग ढांचा (जन धन और आधार प्लेटफार्मों का उपयोग) लागू किया जाएगा।

**डेटा संरक्षण व्यवस्था के लिए आवश्यक:** अधिक डिजिटलीकरण के अलावा देश में साइबर सुरक्षा और डेटा सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की भी जरूरत है।

**अलग-अलग बैंकों का लाभ उठाना:** भुगतान बैंकों और छोटे वित्त बैंकों जैसे अलग-अलग बैंकों का उपयोग कम सेवा वाले क्षेत्रों में भुगतान प्रणाली को बढ़ाने के लिए किया जा सकता है।

**ग्रामीण क्षेत्रों के लिए यूएसएसडी को बढ़ावा देना:** चूंकि यूएसएसडी (अनस्ट्रक्चरल सप्लीमेंटरी सर्विस डेटा) चौनल के माध्यम से भुगतान का इंटरनेट पर एक लाभ है, क्योंकि वे गैर-स्मार्ट फोन उपयोगकर्ताओं के एक महत्वपूर्ण प्रतिशत को भी कवर कर सकते हैं, उन्हें आगे बढ़ाया जाना चाहिए (यूएसएसडी प्रक्रिया में किए गए खर्चों की क्षतिपूर्ति करके)। भारत में, ग्रामीण क्षेत्रों में जहां कुछ आबादी पर निर्भर रहने योग्य इंटरनेट कनेक्टिविटी जारी है, नेक से बहुत लाभ हो सकता है।

**उपसंहार –** भारत में वित्तीय समावेशन की सफलता के लिए, एक बहुआयामी दृष्टिकोण होना चाहिए जिसके माध्यम से मौजूदा डिजिटल प्लेटफार्मों, बुनियादी ढांचे, मानव संसाधनों और नीतिगत ढांचे को मजबूत किया जाता है और नए तकनीकी नवाचारों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। यदि मौजूदा समस्याओं से निपटने के लिए पर्याप्त उपाय किए जाते हैं तो वित्तीय समावेशन में गरीबों के आर्थिक विकास के लाभों को बढ़ाने की क्षमता है। कम आय वाले और कमजोर व्यक्तियों, परिवारों और एमएसई के लिए अधिक समावेशी, लचीला और पर्यावरण के अनुकूल भविष्य बनाने के लिए, वित्तीय समावेशन

2.0 को समावेशी वित्त के प्रभाव को अधिकतम करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. Toxic Disaster (Which was published in The Hindu on May 8th 2020)
2. Google Images
3. RBI website for (Defining Financial Inclusion)
4. https://pib.gov.in/ (For Details of JAM trinity.)

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# योग और ध्यान के वैज्ञानिक पहलू

**प्रियंका गुप्ता* हिमांशु मुछाल** सुजीत भट्ट*****

* विभागाध्यक्षा (योग विभाग) पंजाब सिन्ध क्षेत्र साधू महाविद्यालय, ऋषिकेश (उत्तराखंड) भारत
** एम0ए0 योगाचार्य (छात्र) (योग विभाग) पंजाब सिन्ध क्षेत्र साधू महाविद्यालय, ऋषिकेश (उत्तराखंड) भारत
*** सहायक प्राध्यापक (योग विभाग) पंजाब सिन्ध क्षेत्र साधू महाविद्यालय, ऋषिकेश (उत्तराखंड) भारत

**प्रस्तावना-** आज भूमन्डलीकरण के युग में अति मशीनीकरण एवं प्रतिस्पर्धात्मकता होने से जीवन में अत्यधिक तनाव भरा रहता है। इसके अतिरिक्त समाज में हो रहे नित्य बदलाव-आधुनिकीकरण, नगरीकरण, भौतिकवाद और प्रतिस्पर्धा इत्यादि से हर आयु वर्ग को तनाव ग्रस्त बना दिया है। आजकल समाज का हर वर्ग चिंता एवं तनाव का सामना कर रहा है। प्रत्येक व्यक्ति का अनुभव है कि व्यक्ति कि आवश्यकताएं पूरी नहीं होने की स्थिति उनकी पूर्ति में बाधाएं समय-समय पर उत्पन्न होती रहती है। इस कारण तनाव होता है। वर्तमान समय में व्यक्ति को कई परिस्थितियों एवं समस्याओं का सामना करना पड़ता है तब आवश्यकता की पूर्ति होती है। प्रतिकुल परिस्थितियां तनाव उत्पन्न करती है आज की व्यस्त जीवनचर्या एवं भागदौड़ की जीवन शैली में प्रत्येक व्यक्ति तनाव का शिकार है। इसे बीसवी शताब्दी में बीमारी के रूप में स्वीकार किया गया है। आज प्रत्येक वर्ग नौकरी-पेशा, अमीर गरीब, स्त्री-पुरुष बालक युवा एवं वृद्ध सभी तनावग्रस्त है। तनाव ग्रस्तता के कई कारण है। इनसे अनेक समस्याओं का जन्म होता है जैसे :- रोजगार की समस्या, भ्रष्टाचार की समस्या, प्रतिस्पर्धा, संघर्ष, युद्ध का भय एवं प्राकृतिक आपदा तथा तेज रफ्तार भरी जिन्दगी की ओर बढ़ते हुए कदम, भौतिक जीवन शैली में कई वैज्ञानिक एवं तकनीकी विकास ने व्यक्ति के जीवन स्तर को बढ़ाया है, परन्तु इन्हें प्राप्त करने में व्यक्ति को संघर्ष करना होता है। इसमे व्यक्ति कि शारीरिक व मानसिक ऊर्जा का व्यय अधिक होता है।

अब विद्यार्थियों में भी तनाव के स्तब्धकारी लक्षण तथा प्रभाव गोचर होने लगे है जिससे कि उनके शारीरिक, मानसिक, मनोभावों और सामाजिक दृष्टिकोण के प्रति दृढ़ता के विकास एवं वृद्धि का ह्रास हो रहा है। विद्यार्थियों के जीवन में भी तनाव के अस्तित्व का प्रभाव राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक एवं धार्मिक परिस्थितियों के कारण उजागर होने लगा है। इसके अतिरिक्त आधुनिक शिक्षा प्रणाली में परीक्षाएँ भी विद्यार्थियों को बहुत अधिक व्यस्त करती हैं और उन्हें इतना समय भी नहीं मिल पाता कि वह अपने आप को मुक्त रूप से विकसित करें तथा स्वयं एवं समाज के प्रति सजगता दिखा सकें। तनाव विद्यार्थी को अलगाव एवं वैराग्य की ओर धकेलता है या फिर उत्तोजित एवं असामान्य व्यवहार या असमायोजक गतिविधियों में पड़कर चारित्रिक हनन की ओर अग्रसर करता हैं। शैक्षिक तनाव विद्यार्थियों से विशेष रूप से सम्बन्धित है। हम सब इस परिणाम परक युग में जी रहें हैं जिसमें अत्याधिक लोग परखने के उपरान्त ही प्रभावित होते हैं।

विद्यार्थी की सफलता का स्तर शिक्षा प्रणाली में हुए परीक्षण एवं परीक्षाओं में प्राप्त अंको द्वारा मापा जाता है। शिक्षा प्रणाली पर हुए कई प्रकार के शोधकार्यो पर सर्वेक्षणों में यह पाया गया कि विद्यार्थियों पर भाँति-भाँति के तनाव व्याप्त है जैसे कि सामाजिक एवं शैक्षिक तनाव। कई प्रकार की नकारात्मक परिस्थितियों के विषय में सोचने पर भी तनाव का प्रभाव बढ़ता है जैसे कि परीक्षा में असफलता, जीवन में भविष्य का क्या होगा? और असफल रहने पर स्वयं का उत्तारदायित्व क्या होगा? इत्यादि। समाज में आनंद एवं समृद्ध जीवन जीने के असीम माधुर्य को प्राप्त करने में योग-विद्या विश्वभर में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। वास्तव में 'योग' की व्याख्या मानसिक नियंत्रण के विज्ञान के रूप में की गई है। यदि योग को बचपन से नियमित रूप से अपनाया जाएं तो यह केवल मानसिक स्थिति पर ही नियंत्रक की भूमिका ही नही निभाता है बल्कि व्यवहार कुशलता और व्यक्तित्व को भी निखारता है। यदि मध्यम एवं प्रौढ़ आयु वर्ग के लोग भी यौगिक अभ्यास नियमित रूप से करे तो उनके वृद्ध होने की प्रक्रिया भी निलम्बित होगी जिसके परिणामस्वरूप व्यक्ति क्रियाशील एवं शक्ति व उमंग से संपन्न होगा तथा विश्वसनीय रूप से उसकी आयु भी लम्बी होगी। नियमित दैनिक योगाभ्यास शरीर और मन की संपूर्ण समस्थिति को जीवन भर बनाये रखता है।यह ग्रन्थि मस्तिष्क के मध्य में स्थित होती है, मेडिकल शोधकर्ताओं के अनुसार इस अंग में रक्त आपूर्ति शरीर के अन्य अंगों की तुलना में अधिक होती है तो निश्चित हो यह कहा जा सकता है कि यह अंग अन्य अंगों की तुलना में महत्वपूर्ण है और यह रक्त आपूर्ति निश्चित ही महत्वपूर्ण कार्यों में ही खर्च होती होगी। अभी तक बहुत अधिक इस ग्रन्थि के विषय में ज्ञात नहीं हो पाया है। यह ग्रन्थि मेलेटोनिन नामक हॉर्मोन का नियमन करती है जो कि सैक्स हॉर्मोन है। अत: यौन विकास में यह महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। बच्चों में पीनियल ग्रन्थि के सक्रिय होने से ही यौन क्रियाएं नियन्त्रित रहती हैं। आध्यात्मिक रूप से यह ग्रन्थि आज्ञा चक्र से सम्बन्धित है। त्राटक के अभ्यास से पीनियल ग्रन्थि सक्रिय होती है, चित्त एकाग्र होता है और उच्च स्थिति प्राप्त होती है। महर्षि घेरण्ड ने त्राटक के अभ्यास से दिव्य दृष्टि की प्राप्ति की बात कही है दिव्य दृष्टि अर्थात् चित्त की शान्त और एकाग्र अवस्था। चित्त की एकाग्रता से पीनियल ग्रन्थि खुलती है।

तर्क संगत कार्यो को नियमित करने वाला हॉर्मोन सीरोटोनिन भी इसी ग्रन्थि के द्वारा नियंत्रित होता है। अत: पीनियल के व्यावस्थित होने से बुद्धि एकाग्र होनी है। स्मरण शक्ति बढ़ती है। यह दृष्टि से सम्बन्धित संवेदनाओं को भी नियन्त्रित करती है। शरीर नियन्त्रण, निद्रा एवं ऐसे बहुत से कार्यों में पीनियल का नियन्त्रण है जो कि शरीर और मन दोनों के द्वारा संचालित

होते हैं। योग की दृष्टि से यह महत्वपूर्ण ग्रन्थि है।

आज योग को मात्र आत्मा परमात्मा के मिलन के रूप में ना जान कर अलग अलग व्याधियों बीमारियों के निदान में योग एवं आसन प्राणायाम को अनुसंधान के द्वारा पुष्ट किया जा चुका हैं। योग द्वारा सभी प्रकार के रोगों का निदान संभव है। इसे अलग अलग संस्थानों ने चिकित्सकों ने पूर्व परीक्षण एवं पश्च परीक्षण के द्वारा योग के प्रभाव को देखा गया। जिसे मेडिकल साइंस की दृष्टि में योग शीर्षक में प्रस्तुत किया जा रहा है। 'ध्यानं निर्विषयं मनः सांख्य' दर्शन के अनसुार मन का विषय विकारों से रहित होना ध्यान है।

प्रवीणता एवं प्रतिभा को निखारने के लिए प्रगति का मार्ग प्रशस्त करने के लिए एकाग्रता का सम्पादन आवश्यक है। शरीर गत संयम से मनुष्य दीर्घ जीवी तथा स्वस्थ्य होता है। उसी प्रकार संयम एवं एकाग्रता के भाव से वह बुद्धिमान विचारकों की गणना में आ जाता है।

चित्त की चंचलता का समाधान एकाग्रता का अभिवर्धन जिस उपाय से बन पडे उसे ध्यान कहा जाता है। ध्यान में तन्मयता और तत्परता से कार्य किया जाता है। इसी तन्मयता तत्परता के बल से कालिदास जैसे मन्द बुद्धि भी महाकवि कालिदास के रूप में उच्च कोटि के विद्वान बन गए। असफलताओं के कारणों में साधनों की कभी या प्रतिकूल परिस्थितिया उतनी बाधक नहीं होतीं जितनी चित्त की चंचलता होती है। शारीरिक क्षमता के प्रति उदासीनता आलस्य है तथा मानसिक क्षमता का उपयोग न करना प्रमाद है। इन दोनों शत्रुओं की जननी चित्त की चंचलता है।

ध्यान का मुख्य उद्देश्य चंचल चित्त को नियत प्रयोजन की ओर लगा देने की दक्षता ही ध्यान है।ध्यान के लिए यह आवश्यक नहीं कि जन शून्य स्थान हो या जंगल हो। इसके लिए विक्षेप रहित वातावरण होना चाहिए। ध्यान के लिए कोलाहल रहित वातावरण हो साथ ही विक्षेपकारी आवागमन न हो ऐसे स्थान पर ध्यान किया जा सकता है। प्रत्येक क्षेत्र में उपासना उपयोगी मानी जाती है। उपासना सामूहिक होती है तो कोई हानि नहीं है। प्रायः मन्दिरों गिरजाघरों एवं मस्जिदों तथा गुरुद्वारों में सामूहिक रूप से प्रार्थना का रिवाज है। यहॉ न तो एकांत की कमी अखरती है और न ही किसी की एकाग्रता में बाधा होती है। एक दिशा में चिंतन होने से अनेक व्यक्तियों का समूह होने पर भी एक साथ बैठकर एकाग्रता का भली प्रकार से अभ्यास करते है। नितान्त एकान्त में बैठना वैज्ञानिक एवं तात्विक अन्वेषण के लिए आवश्यक होता हैं, जबकि एकाग्रता एवं उपासना के लिए एकान्त ढूढ़ने की आवश्यकता नही है। सेना में सामूहिक रूप से कदम से कदम मिलाकर चलने में सैनिकों का ध्यान नही बॅटता वरन् साथ-साथ चलने की पैरों की ध्वनि के प्रवाह से हरेक के पैर अच्छी तरह नियत क्रम से उठते हैं। इसी प्रकार सहगान, सह ध्यान एवं सहभजन भी अधिक सफल और अधिक प्रखर बनता है। जीवन में प्रत्येक लक्ष्य की प्राप्ति में एवं किसी कार्य को करने में एकाग्रता का बहुत महत्व होता है। इसलिए किसी भी कार्य को करने के पूर्व कहा जाता है कि ध्यान से करना अर्थात मस्तिष्कीय बिखराव को रोककर कर एक चिंतन बिन्दु पर ध्यान केन्द्रित कर जीवन में प्रत्येक लक्ष्य को प्राप्त कर सकते है।

जीवन के विकास हेतु जीविकोपार्जन के विभिन्न क्षेत्रों जैसे शिल्प, कला, साहित्य, शिक्षा, विज्ञान व्यवस्था आदि सभी प्रयोजनों की सफलता में एकाग्रता का महत्व होता है। प्रत्येक क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए एकाग्रता एक उपयोगी सत्प्रवृत्ति है। जबकि चित्त की चंचलता मनः संस्थान की दिव्य क्षमता को निरर्थक कम कर नष्ट-भ्रष्ट करती है। संसार में जितने भी महापुरुष हुए उन्होने किसी एक विषय में पारंगत होकर प्रवीणता हासिल की या सफलता प्राप्त की। इन सबके प्रति मानसिक एकाग्रता प्रमुख कारण रहा है। मानसिक एकाग्रता की साधना को ध्यान कह सकते है।सांसारिक सफलताएं भी ध्यान का ही परिणाम है। मन लगाकर पढने वाले विद्यार्थी अच्छे नम्बरों से उत्तीर्ण होते है। कवि, लेखक, चित्रकार , कलाकार, वैज्ञानिक, वकील, चिकित्सक आदि बुद्धिजीवी वर्ग के लोगो की प्रगति का आधार उनकी एकाग्र साधना ही है। शारीरिक रूप से किए गए कार्यो की सुन्दरता और सफलता मात्र श्रम पर आधारित नही होती उनमें भी मनोयोग की आवश्यकता होती है। यह मनोयोग ध्यान ही है। प्रत्येक व्यापारी, अध्यापक, शिल्पी अथवा श्रमिक इस प्रयास के बिना अपने कार्य में न तो कुशल हो सकता है। और नही सफल।

छान्दोग्य उपनिषद् के सप्तम अध्याय के सातवें खण्ड में ध्यान योग की महिमा का विस्तार पूर्वक वर्णन है। ध्यान योग साधना को उपासना की उच्च कक्षा माना गया है। नामोच्चारण से बढकर वाक् वाक् से बडा मन, मन से भी अधिक महत्वपूर्ण संकल्प और संकल्प से भी अधिक बलवान चित्ता को माना गया है तथा चित्ता से भी बढकर सामर्थ्यवान ध्यान को बताया है। नाम, जप, मौन, मनोनिग्रह, संकल्पोद्भव चित्त निरोध ये सभी उपासना के क्रमिक सोपान हैं। ध्यान इन सबसे ऊपर है।

**ध्यान के उद्देश्य:**

1. चेतना की रहस्यमयी परतो को अपने मनोबल द्वारा उभारना।
2. अनगढ मस्तिष्कीय उछल-कूद को नियंत्रित करना।
3. चेतना की रहस्यमयी परतो को अपने मनोबल द्वारा उभारना।
4. नियंत्रित विचार शक्ति को अभीष्ट लक्ष्य प्राप्ति में नियोजित करना।
5. चेतना की रहस्यमयी परतो को अपने मनोबल द्वारा उभारना।
6. एकाग्रता द्वारा बौद्धिक क्षमता एव बौद्धिक प्रखरता उत्पन्न करना।
7. संकल्प शक्ति को किसी स्थान पर केन्द्रित कर चमत्कारी हलचले उत्पन्न करना।
8. अवांछनीय संस्कारों को हटाना।
9. सत्प्रवृत्तियों का विकास करना।
10. प्रतिकूलताओं के बीच भी संतुलन बनाये रखना।
11. प्रत्येक स्थिति में आनन्द एवं उत्साह बनाये रखना।
12. ध्यान का आरम्भ विचारों पर नियंत्रण एवं उनके सुनियोजन से किया जाता है।

**मेडिकल साइंस के दृष्टिकोण में योग –** शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य और व्यक्तित्व के आध्यात्मिक विकास में योग भारत की विश्व को अमूल्य देन है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि मेडिकल साइंस भी योग के चमत्कारिक प्रभावों को मान चुका है। योग के शारीरिक व मानसिक प्रभावों के सन्दर्भ में कुछ प्रसिद्ध डाक्टरों के विचार इस प्रकार है-

केन्द्रीय योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान परिषद के निदेशक डॉ0 एन0के0शास्त्री के अनुसार आजकल खेत खलिहानों में तो काम किया नहीं जाता, मेहनत मजदूरी, का भागने-दौड़ने का, खेलकूद का काम भी बहुत कम लोग करते है। इस कारण कुछ आम बीमारियाँ बढ़ती जा रही है। जैसे थकावट, नींद न आना, बाल झड़ना, तनाव, दमा, गठिया, मधुमेह, पीठ दर्द, गैस आदि। इन सबके अलावा अन्य बहुत सी ऐसी बीमारियों का जवाब योग है। प्रतिदिन एक घण्टे तक किया गया योग बहुत फलदायक

रहता है।

डॉ0 प्रदीप चौबे, सीनियर बैरियाट्रिक व लैप्रोस्कोपिक सर्जन, मैक्स हॉस्पिटल, नईदिल्ली,'शरीर व मन का समन्वय करता है योग' मेरी राय मे योग का रोगो की रोकथाम में कहीं ज्यादा महत्व है। योग की प्रीवेंटिव वैल्यू ज्यादा है।

डॉ0 अम्बरीश मित्तल, सीनियर इंडोक्राइनोलॉजिस्ट, मेदान्त दि मेडिसिटी, गुड़गाँव,'मधुमेह के नियन्त्रण में प्रभावी' योग में युक्ति यानी तरीका और मुक्ति (थकान या तनाव से छुटकारा) इन दोनो ं का ही महत्व है। योग प्रभावी ढंग से ब्लड शुगर को नियन्त्रित करने का प्राचीन उपाय है। नियमित रूप से योग ब्लड प्रेशर को नियन्त्रित रखता है। यही नहीं योग से मधुमेह से सम्बन्धित जटिलताओं में कमी आती है।

डॉ0 उन्नति कुमार, मनोरोग विशेषज्ञ, कानपुर, 'डिप्रेशन और मनोरोगो ं में लाभप्रद' योग शरीर के आटोनॉमिक नर्वस सिस्टम को सशक्त करता है। इस कारण योग से डिप्रेशन तनाव एंडजाइटी और पैनिक अटैक जैसे मनोरोगो को दूर करने मे ं मदद मिलती है।योग का शरीर की अनैच्छिक क्रियाओ ं पर अच्छा असर पड़ता है।

डॉ0 पुरूषोत्तम लाल, निदेशक मेट्रो हॉस्पिटल व हार्ट इंस्टीट्यूट, नोएडा,'हृदय रोगोंके उपचार में सहायक' दरअसल योग केवल कुछ आसनों का नाम नहीं है बल्कि यह जीने का सम्पूर्ण विज्ञान है। योग साहित्य के अनुसार धूम्रपान, व्यसन और नशीले पदार्थों से परहेज, शाकाहार और शारीरिक व्यायाम और तनावमुक्ति इस जीवन पद्धतिके मुख्य अंग है। योग न केवल हृदय की बीमारी की रोकथाम के लिये बल्कि बाईपाससर्जरी और एंजियोप्लास्टी कराने के बाद लाभदायक साबित होता है। योग एवं ध्यान से मांसपेशियों को विश्राम देकर और रक्तचाप को नियंत्रित कर दिल का दौरा पड़ने की आशंका कम हो जाती है।

डॉ0 सूर्यकान्त, सीनियर पल्मोनोलाजिस्ट, के0जी0एम0 यूनिवर्सिटी, लखनऊ 'सशक्त होता है इम्यून सिस्टम', विश्व स्वास्थ्य संगठन (थक्ज) ने 1947 में स्वास्थ को इस प्रकार परिभाषित किया था, 'दैहिक, मानसिक, सामाजिक और आध्यात्मिक रूप से पूर्णत:स्वस्थ होना ही स्वास्थ्य है।' योग इन उद्देश्यों को प्राप्त करने का एक सशक्त माध्यम है। के0जी0एम0यू0 और लखनऊ विश्वविद्यालय के तत्वाधान में योग और अस्थमा पर हुये एक शोध कार्य द्वारा यह निष्कर्ष सामने आया है कि यदि प्रतिदिन 30 मिनट योगकिया जाये तो अस्थमा के मरीजों के जीवन स्तर में सुधार आता है। इस लिये योग को सह चिकित्सा के रूप में उपयोग में लाया जा सकता है।

**शिक्षा में ध्यान के प्रयोग सम्बन्धी शोध–**आन्द्रे एस जोआ ने हालैन्ड में हाईस्कूल विद्यार्थियों को 1 वर्ष ध्यान का अभ्यास कराने के पश्चात् पाया कि नियमित ध्यान करने वाले विद्यार्थियों की सामान्य विद्यार्थियों की अपेक्षा बुद्धि क्षमता में बहुत अधिक वृद्धि पायी गई। कठिन मामलों के हल प्रश्नों के उत्तर देने में ध्यान करने वाले छात्र अग्रणी रहे । स्मृति क्षमता में भी वृद्धि हुई तथा शैक्षिक प्रदर्शन में ये छात्र सर्वश्रेष्ठ थे।

केशव रेड्डी ने 6 सप्ताह तक खिलाडियों पर ध्यान के प्रभाव के अध्ययन में पाया कि ध्यान अभ्यास से खिलाडियों की हृदय गति की दर में महत्वपूर्ण कमी आती है। यह कार्डियोवेस्कुलर की सक्रियता व उसकी क्षमता वृद्धि की परिचायक है। इससे वाइटल केपेसिटी जीवनी शक्ति भी बढती है। तथा हृदय दर जितनी कम होगी उतनी ही रक्त विश्राम की बढी अवधि (क्यू0टी0 इन्टरवल) में हृदय को आराम मिलेगा तथा वाइटल केपेसिटी के बढने से फूजन वैन्टीलेशन अनुपात बढ़ने से स्फूर्ति सहज ही आती है।

मस्तिष्क वैज्ञानिकों के अनुसार ध्यान की प्रगाढ़ता आने पर व्यक्ति की अल्फा तरंगों में अकल्पित वृद्धि होती है जिससे अदम्य धैर्य, स्थिरता एवं गहन शान्ति उत्पन्न होती है। ध्यान का शरीर क्रिया विज्ञान पर पडने वाले प्रभाव को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान दिल्ली के डॉ0 छिन्ना एवं डॉ0 बलदेव सिंह ने आज से 19 वर्ष पहले इस निष्कर्ष रूप में पाया कि मननशील एकाग्र ध्यानस्थ मस्तिष्क में अनेक विशेषताएँ विकसित होती है। ई0ई0जी0 (इलेक्ट्रो इन सेफेलोग्राफ) द्वारा ध्यानस्थ अवस्था के परिवर्तनों को देखा जा सकता है। साथ ही रक्त के स्नायु रसायनों का उपकरणों के माध्यम से मापने किया जा सकता है कि शरीर में क्या प्रतिक्रिया हुई है।

**शारीरिक व मानसिक स्तर पर ध्यान के प्रभाव पर शोध अध्ययन –** नियमित ध्यान का अभ्यास करने से लैक्टिक एसिड की मात्रा में 50 प्रतिशत तक कमी आती है। रक्त में इस तत्व की उपस्थिति से मस्तिष्क भय, चिंता, उदासी, तनाव जैसे विकारों से भरा रहता है तथा शरीर के अन्य अवयव भी अव्यवस्थित एव थकान ग्रस्त बने रहते हैं। ध्यान के द्वारा इसके रक्त स्तर में कमी आने से व्यक्ति अन्दर से उत्साह उमंग स्फूर्ति एवं नवीन चेतना से भरा होता है शरीर की प्रतिरोधी क्षमता एम्यून सिस्टम में भी परिर्वतन होता है।

ध्यान की अवस्था में मस्तिष्क का शारीरिक क्रियाओं पर पूर्ण आधिपत्य होने से दिल की धडकन, रक्त वाहनियों में रक्त दबाव में कमी एवं श्वास की दर में कमी आने से शरीर की मेटोबोलिक क्रियाएँ घट जाती है। इसलिए तनाव से पूर्ण मुक्ति और शरीर व मस्तिष्क को पूर्ण विश्रान्ति प्राप्त होती है।

डॉ0 वेनसन ने ध्यान के पश्चात् रोगियों के परीक्षण में रक्तचाप को सामान्य पाया। ध्यान का अभ्यास 4 सप्ताह तक बन्द कर देने से रक्तचाप पूर्व स्थिति में आ जाता है। उनका कहना है कि ध्यान के पश्चात रक्तचाप में यह महत्वपूर्ण कमी इन्टिग्रेटेड हाइपोथेलेमिक रेस्पोन्स जिसे रिलैक्सेशन रेस्पोन्स भी कहते है की सक्रियता के कारण होता है।

डॉ0 वेनसन एवं बैलेस ने 1832 व्यक्तियों पर ध्यान के परीक्षण में पाया कि जो व्यक्ति नियमित ध्यान का अभ्यास करते हैं ध्यान लगाने से उनके शरीर की जैविक क्रियाएं कुछ मिनटों में मन्द पड जाती है जो कई घंटों की नींद के बाद प्राप्त होती है। ध्यान में तीन मिनट के भीतर ही आक्सीजन की खपत दर में 16 प्रतिशत की कमी आ जाती है जबकि 5 घंटे की नींद में केवल 8 प्रतिशत ही कमी आती है।

थियोफेन ने अपने अध्ययन में पाया कि अध्ययन करनेवाले व्यक्तियों की साइकोलॉजी में असाधारण रूप से परिवर्तन होता है। ऐसे व्यक्तियों में घबराहट उत्तेजना, मानसिक तनाव साइकोसोमैटिक बीमारियां स्वार्थपरता आदि विकारो में कमी पायी गई है तथा आत्म विश्वास और संतोष में वृद्धि, सहन शक्ति, साहसिकता, सामाजिकता, मैत्री भावना जीवन्तता, भावनात्मक स्थिरता, कार्यदक्षता, विनोदप्रियता एकाग्रता जैसे सद्गुणो की वृद्धि ध्यान के प्रत्यक्ष लक्ष्य हैं।

पैरासाइकालॉली पर शोध कर रहे मनोवैज्ञानिकों ने अपने शोध में पाया कि ध्यान प्रक्रिया द्वारा मस्तिष्क में अनेको रासायनिक परिवर्तन किए जा सकते है तथा मस्तिष्कीय क्रिया कलापों पर नियंत्रण करके रनकेफेलिन, एन्डॉर्फिन्स जैसे एन्डोजीनस दर्द निवारक तत्वों की मात्रा को घटाया बढाया जा सकता है। ये तत्तव मस्तिष्क के तंतुओं में पाए जाते है जिसके कई लाभ है। विशेषज्ञों ने निष्कर्ष दिया है कि दर्द को दबाने वाली तीव्र औषधियों के स्थान पर ध्यान के द्वारा संज्ञा शून्यता उत्पन्न की जा सकती है।

सतत एवं नियमित रूप से योग साधना करने वाले योग साधकों पर किए गए प्रयोगों एवं परीक्षणों के आधार पर विशेषज्ञो ने निष्कर्ष में पाया कि ध्यान, प्रक्रिया के अभ्यास से तनाव घटता है मन शांत तथा उद्विग्नता मिटती है। नाड़ी का तापमान भी नीचे उतर जाता है। इसके करने से शारीरिक मानसिक शक्ति की बचत होती है अतिरिक्त ऊर्जा संग्रहण होता है ध्यान की अवस्था में श्वास की गति 1 मिनट में 16 से 5 व 6 तक हो जाती है।

इस सम्बन्ध में लोकमान्य तिलक के जीवन का संस्मरण है। उनके अंगूठे का ऑपरेशन होना था। चिकित्सकों ने बेहोशी की दवा सुघाँने का प्रयास किया तब उन्होंने कहा कि मै गीता के प्रगाढ अध्ययन में लगता हूँ आप बेझिझक ऑपरेशन कर लीजिए डाक्टरों को तब आश्चर्य हुआ जब उन्होने बिना हिले डुले शांतिपूर्वक ऑपरेशन करा लिया। पूछने पर तिलक ने कहा ध्यान तन्मयता इतनी थी कि शल्य चिकित्सा की ओर ध्यान ले नही गया और दर्द अनुभव नही हुआ।

टाइम्स फाउन्डेशन की ओर से मूलचंद हास्पिटल नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में लेवी सेंटर फार द हिंलिंग सेन्टर के डायरेक्टर डा0 रिक वेवी ने ध्यान का महत्व बताते हुए कहा कि ध्यान करने से बीमारियों से लडने की क्षमता बढती है। ध्यान की अवस्था में इलेक्ट्रो मेग्नेटिक वेव निकलती है जो शरीर की प्राकृतिक क्षमता को बढाती है। ध्यान करने से शरीर को मजबूती एवं मस्तिष्क को भी शांति मिलती है। इसलिए अमेरिका के अस्पतालों में अध्यात्म सेंटर खुल रहे है। भारत अध्यात्म के क्षेत्र में प्राचीन समय से अग्रणी रहा है। डॉ0 वेवी ने यह भी कहा कि ध्यान के साथ योग एवं मौन का महत्व अपना कर भी यहाँ के लोग रोग मुक्त रह सकते है।

शरीर के रोग प्रतिरोधक क्षमता इम्यून सिस्टम में भी आमूल-चूल परिवर्तन होता है। त्वचा की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ जाने से उसके सम्पर्क में आने वाले जीवाणुओं का प्रभाव समाप्त हो जाता है। मानसिक क्षमता के केन्द्रीकरण प्रयोग से कोई भी मंद बुद्धि या दुर्बल काय मनुष्य स्वयं को बदल कर अपना कायाकल्प कर सकता है।

**ध्यान का लिम्बिक तंत्र पर प्रभाव**–जनरल पब्लिक लायब्रेरी ऑफ साइंस वन में प्रकाशित शोध पत्र में विस्काविसन विश्वविद्यालय के शोधकर्ता डेंवीड रिचर्डसन ने 10000 घंटे ध्यान कर चुके 16 बौद्ध भिक्षुक तथा 2 सप्ताह पहले ध्यान करने वाले 32 लोगों पर अध्ययन किया। रिचर्डसन ने निष्कर्ष रूप में बताया कि तिब्बती भिक्षुकों में लिम्बिक सिस्टम अधिक सक्रिय पाया गया जो भावनाओं याददास्त एवं संवेदनाओं के लिए जिम्मेदार होता है। उन्होने यह भी बताया कि ध्यान करने वालो में सहानुभूति एवं सकारात्मक भावना जाग्रत होती है। इसलिए बौद्ध धर्म गुरू बच्चों को प्यार करने एवं एक-दूसरे पर पूर्ण सहानुभूति रखने का संदेश देते है।

निष्कर्ष रूप में कह सकते है कि ध्यान के द्वारा अपनी ऊर्जा को संचित किया जा सकता है। इस संचित ऊर्जा को आत्मिक ज्ञान में लगा सकते है। ध्यान के नियमित अभ्यास से आत्मिक शांति बढ़ती है साथ ही मानसिक शांति की भी अनुभूति होती है। ध्यान का मस्तिष्क पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है इसलिए अवांछित विचारों को मन से निकाल कर वांछित विचारों को मस्तिष्क में स्थान मिलता है। इस प्रकार ध्यान का 5 से 20 मिनट अभ्यास कर हम अपनी शारीरिक, मानसिक एवं अध्यात्मिक ऊर्जा में सकारात्मक विकास कर सकते है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**


1. स्वामी सत्यानन्द सरस्वती, **'योग निद्रा'**, संस्करण परिवर्द्धित 2002, योग पब्लिकेशन्स ट्रस्ट, मुंगेर, बिहार।
2. स्वामी निरंजनानंद सरस्वती, **'प्राण-प्राणायाम-प्राण विद्या'**, वर्ष 2001, संस्करण प्रथम, योग पब्लिकेशन्स ट्रस्ट, मुंगेर, बिहार।
3. श्री स्वामी ओमानंद तीर्थ, **'पातन्जल योग प्रदीप'**, वर्ष 2001, संस्करण बीसवाँ, गीता प्रेस, गोरखपुर।
4. मुछाल एम0के0 **'मानसिक अवसाद एवं योग'**, 'योजना', दिसम्बर 2005
5. नागेन्द्र एच0आर0, **'प्राणायाम कला और विज्ञान'**, वर्ष 1999, संस्करण द्वितीय, विवेकानन्द केन्द्र योग प्रकाशन, बैंगलोर।
6. पण्डया, प्रणव **योग से समृद्ध होता जीवन**, सप्तरंग, दैनिक जागरण, 17जून 2015,
7. रविशंकर, **श्री श्री ऊर्जा एवं उत्साह का योग,** 21 जून 2015 दैनिक जागरण, पृष्ठ 16,17
8. **मोदी संग पूरी दुनिया योग पथ पर** (2015, जून 22) दैनिक जागरण, पृष्ठ1,12,15
9. मिश्र, गिरीश्वर **जीवन जीने की कला**, (2015, जून 19) दैनिक जागरण, पृष्ठ16
10. शंकर, गणेश (1988) होलिस्टिक एपरोच आफ योगा,नई दिल्ली : आदित्य प्रकाशन
11. शर्मा, श्रीराम (1988) व्यक्तित्व विकास हेतु उच्च स्तरीय साधनाएँ, मथुरा : अखंड ज्योति संस्थान
12. मुछाल, एम0 के0, (2004) योग के वैज्ञानिक पहलू, कुरूक्षेत्र, 51,(2)
13. आयंगर, बी0 के0ए एस0, (2005) सभी के लिए योग, नई दिल्ली : भारत प्रकाशन
14. आचार्य, बाल कृष्ण (2007) विज्ञान की कसौटी पर योग, हरिद्वार : पतंजलि, योगपीठ
15. मुछाल, एम0 के0 (2007) तनाव मुक्ति में योग, योजना, 51(1)
16. आचार्य श्री राम शर्मा, व्यक्तित्व विकास हेतु उच्च स्तरीय साधनाएं, अखंड ज्योति संस्थान, मथुरा, वर्ष 1998, संस्करण द्वितीय
17. आयंगर बी0के0एस0, सभी के लिए योग, प्रभात प्रकाशन, नई दिल्ली संस्करण, वर्ष 2005
18. ध्यान, योग और मौन बढाते है शारीरिक क्षमता, नवभारत टाइम्स 9, अप्रैल 2009
19. किसी को ठीक से सुनना ध्यान योग- नवभारत 2 मार्च 2008
20. स्वामी रामदेव, प्राणायाम रहस्य, कृपालु बाग आश्रम हरिद्वार
21. स्वामी रामदेव योग साधना एवं योग चिकित्सा रहस्य, कृपालु बाग आश्रम, हरिद्वार
22. स्वामी सत्यानन्द रोग और योग , योग पब्लिकेशन्स ट्रस्ट मुगेर, बिहार पुर्नमुद्रण 2003
23. शुक्ला अतुल, योग चिकित्सा, खेल साहित्य केन्द्र, नई दिल्ली, वर्ष 2007
24. स्वामी सत्यानन्द, समस्या पेट की समाधान योग का योग, वर्ष 2004
25. वेब दुनिया- बडे ध्यान का जादू

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# कर्मचारी प्रतिधारण एवं वित्तीय व गैर-वित्तीय अभिप्रेरक तत्व के मध्य संबंध

**साक्षी शर्मा* डॉ. अक्षिता तिवारी****

* शोधार्थी (वाणिज्य) विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन (म.प्र.) भारत
** सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) लोकमान्य तिलक विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** अभिप्रेरणा एक आंतरिक विचारधारा है। यह मानव को आंतरिक रूप से कार्य के प्रति प्रोत्साहित करती है। अभिप्रेरित कर्मचारी संगठन की उत्पादकता को बढ़ाने में सहायक होते है; जिससे संस्था के लक्ष्यों को आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। इसके द्वारा ही कर्मचारियों की आवश्यकताओं को पूरा किया जाता है। अभिप्रेरणा, कर्मचारियों की गतिशीलता को रोकने में सहायक है। इसके द्वारा संस्था के कर्मचारियों को प्रतिधारित किया जाता है। इस शोध-पत्र का उद्देश्य वित्तीय एवं गैर-वित्तीय अभिप्रेरक तत्वों की प्रभावशीलता का अध्ययन करना है। शोध कार्य हेतु द्वितीयक समंकों का प्रयोग किया गया है। अध्ययन के दौरान पाया गया कि, वित्तीय अभिप्रेरक तत्वों की तुलना में गैर-वित्तीय अभिप्रेरक तत्व कर्मचारी-प्रतिधारण को अपेक्षाकृत अधिक प्रभावित करते है।

**शब्द कुंजी –** कर्मचारी प्रतिधारण, वित्तीय अभिप्रेरणा, गैर-वित्तीय अभिप्रेरणा।

**प्रस्तावना –** अभिप्रेरणा एक सकारात्मक विचारधारा है, जिसका संबंध कुशल कर्मचारियों से है। संगठन की सफलता के अग्रदूत उसके निष्ठावान कर्मचारी होते है। कर्मचारी ही संगठन के सभी लक्ष्यों की प्राप्ति के प्रमुख साधक है। मानव-संसाधन प्रबंध का दायित्व है कि, वह कर्मचारियों की आवश्यकताओं को पूरा करें। अभिप्रेरणा, कर्मचारियों की आवश्यकताओं की पूर्ति का सशक्त माध्यम है। जिसके अंतर्गत वित्तीय एवं गैर वित्तीय अभिप्रेरक तत्वों को शामिल किया जाता है। यह दोनों ही तत्व कर्मचारियों को अभिप्रेरित करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। कर्मचारी संस्था में किसी एक उद्देश्य की पूर्ति के लिए कार्य नहीं करते अपितु, अपनी अनेक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए कार्य करते है। अभिप्रेरक तत्वों की अनुपस्थिति कर्मचारियों को कार्य के प्रति उदासीन बना देती है, जिससे उनके भीतर नकारात्मकता जन्म ले लेती है। परिणामस्वरुप वह अपनी आकांक्षाओं की पूर्ति हेतु विकल्पों की खोज करने लगते है। जिस संस्था में उन्हें अपनी प्रत्याशा पूर्ण होती दिखाई देती है, वह उस संस्था से जुड़ जाते है, और पूर्व संस्था से अपने संबंध विच्छेद कर लेते है। इसी से 'कर्मचारी-गतिशीलता' नामक विषय का प्रादुर्भाव होता है। अत: प्रबंधन का यह प्राथमिक दायित्व है कि वह अपने कुशल कर्मचारियों को प्रतिधारित करके रखें। इस शोध-पत्र का उद्देश्य कर्मचारी-प्रतिधारण एवं वित्तीय व गैर-वित्तीय अभिप्रेरक तत्वों के मध्य संबंध का अध्ययन करना है। अध्ययन हेतु द्वितीयक समंकों का प्रयोग किया गया है। अध्ययन के दौरान पाया गया की गैर-वित्तीय अभिप्रेरक तत्व एवं कर्मचारी-प्रतिधारण में सकारात्मक संबंध है। गैर-वित्तीय अभिप्रेरक तत्व के अभाव में कर्मचारी किसी भी संस्था में लंबें समय तक नहीं रहते। अत: कर्मचारी-प्रतिधारण हेतु गैर-वित्तीय अभिप्रेरक तत्व का होना अनिवार्य है।

**शोध – समीक्षा**

**Jamila Jaganjac et al. (2020). "Effect of Work Stress and Job Satisfaction on Employee Retention: A Model of Retention Strategies"** समीक्षा के दौरान पाया गया कि, यदि संस्था अपने कर्मचारियों के लिए अभिप्रेरक तत्वों का प्रयोग नहीं करती है, तो वे अपने कार्य के प्रति उदासीन हो जाते है। अर्थात् उनकी कार्य-क्षमता पर इसका नकारात्मक प्रभाव देखने को मिलता है। परिणामस्वरुप वे संस्था से पृथक हो जाते है। इस शोध-पत्र में लेखक द्वारा अभिप्रेरण तकनीक, कार्य संतुष्टि व कार्य तनाव आदि का विस्तृत वर्णन किया गया। इस शोध-पत्र में पाया गया कि, वित्तीय अभिप्रेरक तत्व की तुलना में, गैर-वित्तीय अभिप्रेरक तत्व एवं कार्य संतुष्टि में सकारात्मक सहसंबंध है।

**Kelson Dicko (2020). "The Role that Financial and Non-Financial Incentives play in Motivating Employees within a Financial Institution in Sandton"** इस शोध-पत्र का उद्देश्य संगठनात्मक प्रभावशीलता पर कर्मचारी-अभिप्रेरण के प्रभाव का अध्ययन करना था। इसके अंतर्गत शोधार्थी द्वारा अभिप्रेरणा से संबंधित सभी तथ्यों का विस्तृत वर्णन किया गया। इसके अंर्तगत लेखक द्वारा अभिप्रेरणा के दो सिद्धांतों को शामिल किया गया। जिसमें Herzberg's Two-Factor Theory एवं Self Determination Theory को सम्मिलित किया गया। लेखक के द्वारा निष्कर्ष के रूप में कहा गया कि, कर्मचारी को अभिप्रेरित करने में व्यक्तिगत विकास एवं चुनौतीपूर्ण कार्य दोनों ही अपनी मुख्य भूमिका निभाते है। साथ ही यह भी बताया गया कि कर्मचारियों को अभिप्रेरित करने वाले तत्व एवं कर्मचारियों को संस्था में स्थायी रखने वाले तत्व दोनों ही भिन्न-भिन्न है।

**Mahpara Shah et al. (2018). "Effect of Motivation on Employee Retention: Mediating Role of Perceived Organizational Support"** इस शोध-पत्र का उद्देश्य कर्मचारी-प्रतिधारण पर आंतरिक एवं बाह्य अभिप्रेरणा के प्रभाव का अध्ययन करना

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

था। अध्ययन के दौरान पाया गया कि संतुष्ट कर्मचारी संगठन के प्रति पूर्ण निष्ठा एवं प्रतिबद्धता रखते है। परिणामस्वरूप वे संस्था में लंबे समय तक बने रहते है।

**Maqsood Haider et al. (2015). "A Literature Analysis on the Importance of Non-Financial Rewards for Employee's Job Satisfaction"** शोध समीक्षा के दौरान पाया गया कि वित्तीय अभिप्रेरक तत्व जैसे- वेतन, बोनस, जीवन-बीमा, अतिरिक्त सुविधाएं आदि कर्मचारियों को प्रभावित करते है। परंतु गैर-वित्तीय अभिप्रेरक तत्व जैसे- कार्य-पहचान, निर्णय लेने की क्षमता एवं उत्साह आदि अपेक्षाकृत अधिक प्रभावी है। यह प्रत्यक्ष रूप से कर्मचारियों को कार्य संतुष्टि प्रदान करते है। लेखक के अनुसार, गैर-वित्तीय अभिप्रेरक तत्व संस्था में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है।

**Dhanonjoy Kumar et al. (2015). "Impact of Non-Financial Rewards on Employee Motivation"** इस शोध कार्य हेतु लेखक के द्वारा बांग्लादेश के विभिन्न संस्थाओं के कर्मचारियों का चयन किया गया। इस शोध-पत्र में लेखक ने दो प्रकार के कर्मचारियों का वर्णन किया। प्रथम श्रेणी - गैर-अभिप्रेरक कर्मचारी, ये वे कर्मचारी है जिन्हें किसी भी प्रकार का प्रोत्साहन नहीं मिलता। परिणामस्वरूप वह अपने कार्य को बिना रुचि एवं अपेक्षाकृत अल्प प्रयास एवं निम्न कार्य-कुशलता के साथ करते है। साथ ही एक समय के पश्चात् वे संस्था से असंतुष्ट होकर, अन्य संस्था की और गतिशील हो जाते है। द्वितीय श्रेणी - अभिप्रेरक-कर्मचारी, जो अपने कार्य को पूरी लगन, मेहनत व ईमानदारी के साथ करते है। तथा संस्था के प्रति पूर्ण निष्ठावान बने रहते है। लेखक के द्वारा निष्कर्ष के रूप में कहा गया कि गैर-वित्तीय प्रोत्साहन एवं कर्मचारी अभिप्रेरणा के मध्य सकारात्मक संबंध है।

**शोध पत्र का उद्देश्य -** कर्मचारी प्रतिधारण वर्तमान समय में एक गंभीर विषय के रूप में उभर रहा है। कर्मचारियों को संस्था में बनाए रखने के लिए अभिप्रेरक तत्व अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। कर्मचारी को प्रोत्साहित करने के लिए निम्न उद्देश्यों की पूर्ति करना अनिवार्य है-

1. वित्तीय अभिप्रेरक तत्वों का अध्ययन करना।
2. गैर-वित्तीय अभिप्रेरक तत्वों का अध्ययन करना।
3. अभिप्रेरणा के सिद्धांतों का अध्ययन करना।

**शोध - प्रविधि -** शोध प्रविधि, शोध कार्य का आधारभूत स्तंभ है। इस शोध कार्य हेतु द्वितीयक संमकों का प्रयोग किया गया। जिसके अंतर्गत शोध-पत्र, शोध-आलेख एवं विषय से संबंधित पुस्तकों के अध्ययन को शामिल किया गया। जिसमें मुख्य रूप से शोध संबंधी वेबसाइट का प्रयोग किया गया।

**अभिप्रेरणा -** कर्मचारियों को कार्य के प्रति प्रेरित करने हेतु किया गया प्रयास ही अभिप्रेरणा कहलाता है। इसके द्वारा कर्मचारियों की कार्य कुशलता में वृद्धि होती है। वैज्ञानिक प्रबंध के जन्मदाता एफ. डब्ल्यू. टेलर के अनुसार, 'व्यक्ति उस सीमा तक ही अपना कार्य कुशलता से करता है जिस सीमा तक उसे प्रतिफल प्राप्त होता है। व्यक्ति को जितना अधिक प्रतिफल प्राप्त होगा, वह उतना ही अधिक कार्य करेगा।'

व्यक्ति की कार्यकुशलता को बढ़ाने का मुख्य अस्त्र है -'अभिप्रेरणा'। यह मुख्य रूप से दो प्रकार की होती है- वित्तीय अभिप्रेरणा एवं गैर-वित्तीय अभिप्रेरणा।

**चित्र क्र.** 01




**(स्रोत्र-स्वनिर्मित)**

वित्तीय अभिप्रेरणा के अंतर्गत निम्न अभिप्रेरक तत्वों को शामिल किया जाता है-

**i. उचित वेतन-** कर्मचारी, वेतन की प्रत्याशा में ही कार्य करते हैं। यह उनके द्वारा किये गए कार्य के प्रतिफल के रूप में प्रदान किया जाता है। कर्मचारियों को अभिप्रेरित करने हेतु प्रबंधन को चाहिए, कि वह समय-समय पर वेतन के स्तर में वृद्धि करते रहे। परिणामस्वरूप कर्मचारी संतुष्ट होकर अपना कार्य करेंगे एवं संस्था में बने रहेंगे।

**ii. बोनस-** यह कर्मचारी के लिए अतिरिक्त आय के समान कार्य करता है। और इसकी अनुपस्थिति उन्हें हतोत्साहित कर देती है। अत: बोनस कर्मचारियों को अभिप्रेरित करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

**iii. लाभ का हिस्सा-** कई कंपनियाँ अपने कर्मचारियों को अतिरिक्त लाभ होने की दशा में उसका कुछ भाग प्रोत्साहन के रूप में प्रदान करती है। जिससे कर्मचारी सकारात्मक रूप से अभिप्रेरित होते है व अपनी संस्था के प्रति निष्ठावान हो जाते है।

गैर-वित्तीय अभिप्रेरणा के अंतर्गत निम्न अभिप्रेरक तत्वों को शामिल किया जाता है-

**i. कार्य-सुरक्षा-** अपने कार्य के प्रति सुरक्षा का भय सभी कर्मचारियों को सताता रहता है। यदि उन्हें कार्य से असमय बहिष्कृत कर दिया जाये, तो इसका दुष्प्रभाव उनकी आजीविका पर पड़ेगा। अत: कार्य-सुरक्षा उन्हें इस भय से मुक्ति दिलाता है, और कर्मचारी प्रसन्न मन से अपने कार्य पर बने रहते है।

**ii. कार्य की दशाएं-** कार्य करने का अनुकूल वातावरण कर्मचारियों को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करता है। इसके अंतर्गत दो प्रकार के वातावरण को शामिल किया जाता है- भौतिक वातावरण (इसमें मुख्य रूप से कार्य करने की दशाएं, कार्य-स्थल स्वच्छता आदि) व व्यवहारिक वातावरण (इसमें कर्मचारी व प्रबंधक के मध्य समन्वय, कार्य का सकारात्मक वातावरण आदि)। कर्मचारी भौतिक वातावरण की तुलना में व्यावहारिक वातावरण को अधिक महत्व देते है। क्योंकि इसका सीधा प्रभाव उनकी मानसिक स्थिति पर पड़ता है।

**iii. पदोन्नति -** (K.K. Sharma et al.,2020) प्रत्येक मानव में यह जन्मजात भावना होती है, कि वह उन्नति करे और इसके लिए वह विकास के अवसरों की आशा करता है। संस्था को कर्मचारियों की योग्यता व अनुभव के आधार पर उन्हें पदोन्नति का अवसर प्रदान करना चाहिए। इसके द्वारा

कर्मचारी गतिशीलता को कम किया जा सकता है व उन्हें प्रतिधारित करके रखा जा सकता है।

**अभिप्रेरणा के सिद्धांत –** अभिप्रेरणा का सैद्धांतिक पक्ष अत्यंत परिपक्व है। इसके सिद्धांतों को मुख्य रूप से दो भागों में बांटा गया है – परंपरागत सिद्धांत एवं आधुनिक सिद्धांत। **परंपरागत सिद्धांत,** व्यक्तियों को अभिप्रेरित करने में पूरी तरह असफल रहे, इसका मुख्य कारण इन सिद्धांतों में व्याप्त कठोरता व व्यक्ति के प्रति उदासीनता का होना है। इसकी तुलना में **आधुनिक सिद्धांत**, कर्मचारियों को अभिप्रेरित करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है। अत: इन सिद्धांतों का विवरण निम्नानुसार है –

1. **हर्जबर्ग की द्विघटक विचारधारा –** हर्जबर्ग की द्विघटक विचारधारा का सिद्धांत आधुनिक अभिप्रेरणा के सिद्धांत में अपना सर्वोच्च स्थान रखता है। इस सिद्धांत का प्रतिपादन हर्जबर्ग और उनके साथियों ने किया। इसके अंतर्गत मनुष्य की आवश्यकताओं को दो समूहों में विभक्त किया गया। जिसमें पहले समूह में **'स्वास्थ्य घटक या तत्व'** (Hygiene Factors) को शामिल किया गया। हर्जबर्ग के अनुसार, यह समूह व्यक्ति के अंदर नकारात्मक विचार को जन्म देता है इसलिए इसका समाधान करना अनिवार्य है। इसे बाह्य घटक माना गया। एवं दूसरे समूह में **'अभिप्रेरक घटक या तत्व'** (Motivators) को शामिल किया गया। यह तत्व कर्मचारियों को अधिक कुशलता के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित करता है। इसे आंतरिक घटक माना गया। स्वास्थ्य घटक व अभिप्रेरक घटक का वर्गीकरण निम्नानुसार है–

**चित्र क्र.** 02




**(स्रोत–स्वनिर्मित)**

**समीक्षा –** इस सिद्धांत के वर्गीकरण के अनुसार यह कहा जा सकता है, कि प्रबंधन को मुख्य रूप से स्वास्थ्य घटकों पर ध्यान देना चाहिए। क्योंकि यह कर्मचारियों पर अपना नकारात्मक प्रभाव डालते है। इनकी उपस्थिति कर्मचारी गतिशीलता में वृद्धि करती है। कर्मचारी प्रतिधारण हेतु हर्जबर्ग के इस घटक का निवारण करना अनिवार्य है।

2. **प्रत्याशा विचारधारा –** प्रत्याशा विचारधारा के सिद्धांत का प्रतिपादन सन् 1964 में **विक्टर एच. व्रूम** द्वारा किया गया। प्रबंध के क्षेत्र में यह सिद्धांत अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस सिद्धांत की कुछ महत्वपूर्ण मान्यताएं है। जैसे– कर्मचारियों की प्रत्याशायें एवं कर्षण शक्तियाँ भिन्न–भिन्न होती है। यह शक्तियाँ व्यक्ति एवं वातावरण से संबंधित होती है। कर्मचारी कोई भी कार्य उस समय करता है जब उसे यह ज्ञात होता है, कि इससे उसे भविष्य में लाभ प्राप्त होगा। व्रूम ने इसे निम्न सूत्र के द्वारा अभिव्यक्त किया है–

अभिप्रेरणा = कर्षण शक्ति या आकर्षण X प्रत्याशा

Motivation = Valence x Expectancy

**समीक्षा –** यह सिद्धांत स्पष्ट करता है कि, प्रबंधन को प्रत्येक कर्मचारी की प्रत्याशा व अभिप्रेरक कारकों का ध्यान रखना चाहिए। संतुष्ट कर्मचारी ही इच्छित परिणाम प्रदान कर सकते है। इसके द्वारा कर्मचारी प्रतिधारण को भी बढ़ाया जा सकता है।

3. **जॉन स्टेसी एडम की साम्य विचारधारा –** कर्मचारी प्रतिधारण के क्षेत्र में **जॉन स्टेसी एडम** द्वारा दी गई साम्य विचारधारा एक महत्वपूर्ण सिद्धांत है। इस सिद्धांत के अनुसार, केवल अच्छी कार्य दशाएँ, अच्छा वेतन आदि अभिप्रेरणा के मुख्य कारक नहीं हो सकते। इसके अतिरिक्त प्रबंध को अन्य कारकों पर भी अपना ध्यान केंद्रित करना होता है। क्योंकि व्यक्ति निरंतर अपनी तुलना संगठन अथवा संगठन के बाहर दूसरे व्यक्तियों से करता रहता है, और जब उसे इसमें भिन्नता दिखाई देती है तो वह नकारात्मक रूप से प्रभावित होता है। इसके अंतर्गत दो विषयों को शामिल किया जाता है। पहला – **निवेश** (Input), जो कर्मचारी अपनी संस्था को प्रदान करते है। जैसे– समय, प्रयास, निष्ठा, सहनशीलता आदि। दूसरा – **उत्पादन** (Output), जो उसे संगठन के द्वारा प्राप्त होता है। इसके अंतर्गत कार्य–सुरक्षा, वेतन, पहचान, सम्मान आदि। इनका अवलोकन वह निम्नानुसार करता है–

**चित्र क्र.** 03



**(स्रोत–स्वनिर्मित)**

**समीक्षा –** कर्मचारी प्रतिधारण हेतु साम्य विचारधारा एक महत्वपूर्ण सिद्धांत है। एक संतुष्ट कर्मचारी ही सफल व्यवसाय का द्योतक होता है। कर्मचारियों को अभिप्रेरित करने के लिए संस्था को आंतरिक एवं बाहरी दोनों ही घटकों को महत्व देना चाहिए। जिससे कर्मचारी दीर्घ समय तक संस्था में बने रहे।

**कर्मचारी प्रतिधारण एवं अभिप्रेरक तत्व के मध्य संबंध की विवेचना**

**तालिका क्र.** 01 **(अन्तिम पृष्ठ पर देखे)**

**उपसंहार –**अभिप्रेरणा पूर्णत: एक मनोवैज्ञानिक विचारधारा है। जिसमें वित्तीय एवं गैर–वित्तीय दोनों के ही अभिप्रेरक तत्वों को शामिल किया जाता है। अध्ययनानुसार, कर्मचारी प्रतिधारण हेतु संगठन को वित्तीय व गैर–वित्तीय दोनों ही अभिकारकों का प्रयोग करना चाहिए। अभिप्रेरणा के सिद्धांतों द्वारा यह ज्ञात होता है कि गैर–वित्तीय अभिप्रेरक तत्व कर्मचारी प्रतिधारण हेतु अति आवश्यक है। यह कर्मचारी के भीतर संस्था के प्रति विश्वास, ईमानदारी एवं निष्ठा को बढ़ाते हैं। कर्मचारी वेतन की तुलना में अपने मान–सम्मान को अधिक बढ़ावा देते है। **लिकर्ट** के अनुसार,'यदि पर्यवेक्षक

कर्मचारियों को अभिप्रेरित करना चाहते है, तो उन्हें 'कृत्य केन्द्रित' (Job Centred) नहीं होना चाहिए; उन्हें 'कर्मचारी केन्द्रित' (Employee Centred) होना चाहिए।' (K.K. Sharma et al.,2020) उन्हें अपना ध्यान 'कर्मचारियों से किस प्रकार कार्य लिया जाये पर केन्द्रित करने के स्थान पर, कर्मचारियों की समस्याओं के मानवीय पहलू पर केन्द्रित करना चाहिए।' अभिप्रेरणा कर्मचारियों को कार्य संतुष्टि प्रदान करती है। अत: निष्कर्ष के रूप में कहा जा सकता है, कि कर्मचारी जीवनपर्यत उसी संस्था में बने रहना चाहते है जहाँ उन्हें अपनी महत्वकांक्षा पूर्ण होती दिखाई देती है। अत: कर्मचारी प्रतिधारण हेतु गैर-वित्तीय अभिप्रेरक तत्व का होना अति आवश्यक है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**


1. Singh, Devendra., Jain, Dhruv., Suresh, Dhruv., Chawla, Harjas., & Sarda, Hemanshu. (2022). `Enhancing Employee Performance through Monetary Incentive- A Systematic Review'.International Research Journal of Modernization in Engineering Technology and Science.9(4),2582-5208. www.irjmets.com
2. Dr. Twinkle. (2022). `Enhancing Employee Performance through Monetary Incentives.' International Journal of Novel Research and Development (IJNRD).12(7),2456-4184. www.ijnrd.org
3. Mittal, Khushi. (2022). `Enhancing Employee Performance through Non-Monetary Incentive.' International Journal of Novel Research and Development (IJNRD). 7(8), 2456-4184. www.ijnrd.org
4. Sharma, K K., Khurana, G C., & Sharma, Arun. `Human Resource Management.' Jaipur, RBD Publishing House, 2020-2021, 81-8142-217-1.
5. Jaganjac, Jamila.,Gavric Tanja.&, Obhoďaš, Ibrahim. (2020). `Effect of Work Stress and Job Satisfaction on Employee Retention: A Model of Retention Strategies.' International Journal of Sales, Retailing & Marketing. 9(2).
6. Dicko, Kelson. (2020). `The Role that Financial and Non-Financial Incentives play in Motivating Employees within a Financial Institution in Sandton.' The IIE, www.iiespace.iie.ac.za
7. Adaeze, Ekwochi., & Ogechukwu, Okoene. (2019). `Effect of Monetary Incentives on Workers Performance in Organization Nigerian Situation.' Journal of Theoretical & Applied Statistics. 7(2), 2079-2174. www.researchgate.net
8. Mokhniuk, Anna & Yushchyshyna, Larysa. (2018). `The Impact of Monetary and Non-Monetary Factors of Motivation on Employee Productivity.' Economic Journal of Lesia Ukrainka Eastern European National University. 13(1), 94-101. www.researchgate.net
9. Arun Kapoor. (2018). `Effect of Non-Monetary Rewards on Employee's Motivation and Retention in Private Companies.' International Research Journal of Management Science & Technology (IRJMST). 9(3), 2250-1959. www.irjmst.com
10. Shah, Mahpara. & Asad, Muzaffar. (2018) `Effect of Motivation on Employee Retention: Mediating Role of Perceived Organizational Support.' European Online Journal of Natural and Social Sciences. 7(2), 511-520, 1805-3602, www.european-science.com
11. Haider, Maqsood., Aamir, Alamzeb., Hamid, AA., & Hashim, Muhammad. (2015). `A Literature Analysis on the Importance of Non-Financial Rewards for Employee's Job Satisfaction.' Abhasyn Journal of Social Sciences, 8(2), 341-354, www.scholar.google.com
12. Kumar, Dhanonjoy., Hossain, Md. Zakir., & Nasrin, Shahnaz. (2015). `Impact of Non- Financial Rewards on Employee Motivation.' Asian Accounting and Auditing Advancement, 5(1), 18-25.
13. Bakotiæ, Danica., & Babiæ, Tomislav. (2013). `Relationship Between Working Conditions and Job Satisfaction: The Case Croation Shipbuilding Company.' International Journal of Business and Social Science, 4(2). www.ijbssnet.com
14. Brun, Jean- Pierre & Dugas, Ninon. (2008). `An Analysis of Employee Recognition: Perspectives on Human Resource Practices.' The International Journal of Human Resource Management, 19(4), 716-730, 1466-4399. www.researchgate.net
15. www.scholar.google.com
16. www.lnct.ac.in

**तालिका क्र. 01**

| क्र. | वित्तीय अभिप्रेरक तत्व | लेखक (अनुशंसा) | मात्रा | प्रभाव |
|---|---|---|---|---|
| 1. | **वेतन** | 1.1 Devendra Singh et al. (2022)<br>1.2 Dr. Twinkle (2022)<br>1.3 Ekwochi, Adaeze & Okoene, Ogechukwu (2019)<br>1.4 Mokhniuk et al. (2018) | उचित मात्रा<br>अनुचित मात्रा | कर्मचारी-प्रतिधारण<br>कर्मचारी-गतिशीलता |
| 2. | **बोनस** | 2.1 Mokhniuk et al. (2018) | उचित मात्रा<br>अनुचित मात्रा | कर्मचारी-प्रतिधारण<br>कर्मचारी-गतिशीलता |
| 3. | **कार्य-सुरक्षा** | 3.1 Khushi Mittal (2022) | उचित मात्रा<br>अनुचित मात्रा | कर्मचारी-प्रतिधारण<br>कर्मचारी-गतिशीलता |
| 4. | **कार्य की दशाएं** | 4.1 Devendra Singh et al. (2022)<br>4.2 Khushi Mittal (2022)<br>4.3 Danica Bakotiæ & Tomislav Babiæ (2013) | उचित मात्रा<br>अनुचित मात्रा | कर्मचारी-प्रतिधारण<br>कर्मचारी-गतिशीलता |
| 5. | **कर्मचारी-पहचान** | 5.1 Khushi Mittal (2022)<br>5.2 Aruna Kapoor (2018)<br>5.3 Brun et al. (2008) | उचित मात्रा<br>अनुचित मात्रा | कर्मचारी-प्रतिधारण<br>कर्मचारी-गतिशीलता |
| 6. | **निष्पक्ष-नीतियाँ** | 6.1 Danica Bakotiæ & Tomislav Babiæ (2013) | उचित मात्रा<br>अनुचित मात्रा | कर्मचारी-प्रतिधारण<br>कर्मचारी-गतिशीलता |

*************

# Transforming Curriculum with Information Communication Technology (ICT): Toward Sustainable Education Goals

**Dr. Dharmendra Kumar Meena***

***Professor (Computer Science) Govt. Meera Girls' College, Udaipur (Raj.) INDIA**

**Abstract -** ICTs have the potential to overcome historical challenges such as isolation and lack of access to information, which can impede educational and socioeconomic development. However, many teachers still use traditional teaching methods and struggle to integrate ICT into their subjects effectively. This raises concerns about how to impart knowledge on contemporary issues related to sustainable development. The paper investigates the challenges faced in developing curricula that utilize ICT effectively and whether these challenges might hinder sustainable development. It also seeks to identify ways to address these obstacles to achieve educational goals aligned with sustainable development. The study aims to provide answers to these questions and suggests ideas that could contribute to achieving education for sustainable development, an objective the world is striving towards.
**Keywords:** ICT, curriculum development, education for sustainable development.

**Introduction -** The integration of ICTs into the curriculum is essential for developing countries to thrive in an online world. ICT is foundational to most activities and plays a key role in empowering future generations. ICT literacy is critical for achieving economic and social goals, improving productivity and efficiency, and fostering innovation and competitiveness. In education, the significance of ICT cannot be overstated, as it equips individuals with the skills to access, manage, evaluate information, and communicate effectively. A Performance Measurement and Reporting Taskforce (2005) defined ICT literacy as the ability to use ICT to navigate society and develop new understandings.

Integrating ICT in the curriculum allows students to become skilled, creative, and productive users of technology, helping them achieve curriculum outcomes and actively participate in society. By developing the ability to inquire, create, and communicate through ICT, students gain essential knowledge and skills for effective societal engagement. ICT also addresses historical challenges such as isolation and lack of access to information, facilitating educational and socioeconomic development. The educational landscape has been reshaped by ICT, affecting content delivery and institutional operations. Implementing ICT is key to curriculum reform, promoting learner-centered environments and achieving future educational goals.

Despite ICT's potential, it remains underutilized in daily teaching (Gajendran, 2007). Many teachers rely on a traditional, teacher-centered approach and lack the know-how to integrate IT into their subjects. This raises concerns about how they can teach contemporary issues crucial for sustainable development. Building and developing curricula with ICT presents challenges, including hindering sustainable development if not addressed. The study examines these challenges and how to overcome them to achieve education for sustainable development. By offering solutions, the paper contributes to the global effort toward sustainable education.

**Curriculum Development:** In any educational system, available resources limit the introduction of new subjects into the school curriculum, especially when only basic facilities exist. Given the critical role of ICT in a country's future industrial and commercial health, investing in equipment, teacher training, and support services for effective ICT curriculum delivery should be a top government priority. National curricula must consider these resource issues and establish minimum requirements for effective delivery in various circumstances.

Redefining education to address Education for Sustainable Development (ESD) involves integrating principles, skills, perspectives, and values related to sustainability that are often lacking in current education systems (Ehlers, 2007). This process emphasizes the quality and relevance of education over quantity, promoting a vision that combines environmental, economic, and social aspects. Reorienting education requires teaching knowledge, skills, and values to guide and motivate individuals toward sustainable living, democratic participation, and sustainable livelihoods. Program

developers must balance future-oriented sustainability with traditional ecological knowledge, which carries values and practices of sustainable resource use. While a return to indigenous lifestyles may not be feasible for many, their values can be adapted to modern life. Redefining the curriculum involves creating a framework that enhances both teachers' and students' knowledge and skills in ICT. This design includes four key areas that align with the four stages of teaching and learning: ICT literacy, application of ICT in subject areas, integration of ICT across the curriculum, and ICT specialization.

**Education For Sustainable Development:** Education is a crucial element in the pursuit of sustainable development, but formal education must adapt by reorienting and re-engineering traditional methods (Tilbury et al., 2002; Huckle & Sterling, 1996; UNESCO, 2003). Research shows that even in technologically advanced nations, education systems have not effectively influenced choices and behaviors supporting sustainable development (Aston, 2002; Roschelle et al., 2007; Paas & Creech, 2008). In 2005, UNESCO launched the "Decade for Education for Sustainable Development," aiming to speed up the adoption of a new educational vision. This initiative calls for collaborative efforts to reorient policies, programs, and practices in education to better equip society to work together for a sustainable future (UNESCO, 2003). Research by Paas (2004) suggests that integrating ICTs more fully into the learning environment can support the changes needed for ESD. The next section explores how technological advances and technology policies drive ICT use in education.

**ICT And Education For Sustainable Development:** ICTs are crucial for advancing Education for Sustainable Development (ESD) in two key ways (Paas & Creech 2008). First, ICTs expand access to sustainability education through distance learning, networks, and databases. Second, they facilitate innovative interactions that emphasize not only knowledge but also choices, values, and actions. At a basic level, ICTs enable multimedia course content and content archiving. They also offer new interactivity and simulation methods that can enhance learning and foster new understandings. Utilizing these technologies can open up exciting possibilities for transforming educational methods in line with ESD goals.

Paas & Creech (2008) outline three main applications of ICTs in Education for Sustainable Development (ESD): information resources, classroom supplements, and tools for distance learning. Information resources provide educators with access to extensive links, knowledge-sharing platforms, and support materials for ESD. Despite these resources, research on ICT use in ESD, including educational policies and pedagogical approaches, remains limited. ESD's roots in environmental education, focusing on outdoor experiences, may contribute to this gap. Early ICT use in education was often linked to civics and media awareness activities. Other fields, such as geography, increasingly integrate ICT tools like GIS and GPS into the curriculum.

ICTs are supplementing classroom activities by facilitating collaboration, connectivity, real-world, experience-based learning, and systems thinking—key pedagogical methods supporting education for sustainability. This approach is applied in both primary and university education, offering opportunities for real-time, real-world learning and collaborative experiences.

ICTs are primarily applied in distance learning, which has evolved from print-based materials to online learning environments that use audio/video teleconferencing, computer-aided instruction, and other digital tools (Tella, A., & Adu, E., 2009). Terms such as e-learning, online learning and mobile learning are often used interchangeably, though they can represent different approaches with varied target audiences, pedagogical methods, and learning tools. Wikipedia offers useful summaries of the tools and differences in online learning terminology. While ICT use in education offers many benefits, it also presents challenges that must be addressed.

**Obstacles And Strategies For Integrating Ict In Education In India**

The introduction of ICT into the curriculum faces numerous challenges, such as:

1. **Infrastructure Limitations:** Many schools, particularly in rural areas, lack the necessary infrastructure such as reliable electricity, high-speed internet, and updated hardware to support ICT integration.
2. **Cost Constraints:** The cost of ICT equipment, software, and maintenance can be prohibitive for many educational institutions, particularly those with limited budgets.
3. **Lack of Teacher Training:** Teachers often lack the training needed to effectively integrate ICT into their teaching methods. This includes not only technical skills but also pedagogical strategies for using ICT in the classroom.
4. **Language Barriers:** Many educational resources available in ICT are primarily in English, which can be a barrier for students and teachers who are more comfortable in regional languages.
5. **Uneven Access:** There is a significant digital divide between urban and rural areas, as well as between different socio-economic groups, which limits equal access to ICT resources.
6. **Cultural Resistance:** In some regions, there may be resistance to changing traditional teaching methods, and skepticism about the effectiveness of ICT in education.

**Strategies:**

1. **Government Initiatives:** The Indian government can play a crucial role in promoting ICT in education through policies and initiatives such as the Digital India campaign, which aims to enhance digital infrastructure and literacy across the country.
2. **Public-Private Partnerships:** Collaboration with the

private sector can help bring in investment, technology, and expertise to improve ICT infrastructure and resources in schools.

**3. Teacher Training Programs:** Comprehensive teacher training programs should be implemented to enhance teachers' ICT skills and pedagogical approaches for integrating technology into their teaching.

**4. Local Language Content:** Developing and promoting educational content in local languages can make ICT resources more accessible and relevant to a wider range of students and teachers.

**5. Subsidized Technology:** Providing subsidies or financial support for ICT equipment and internet access can help bridge the digital divide and increase access to technology for students and schools.

**6. Community Involvement:** Engaging local communities and stakeholders in the implementation of ICT programs can help ensure cultural relevance and support for the initiatives.

**7. Monitoring and Evaluation:** Continuous assessment of ICT integration programs can help identify areas for improvement and ensure that resources are being used effectively to enhance education.

By addressing these obstacles and implementing targeted strategies, India can make significant progress toward integrating ICT in education and improving learning outcomes for students across the country.

**Conclusion:** The study focuses on the critical issue of integrating ICT (Information and Communication Technology) into curriculum development for achieving education for sustainable development. It examines the challenges of incorporating ICT into the curriculum and emphasizes the goal of transforming learning effectively through ICT adoption. The study argues that the integration of ICT should be driven by curriculum needs rather than technology itself, aiming for future curriculum reform. Many educational programs are designed to contribute to sustainable development and should foster a culture of values, attitudes, knowledge, and skills among individuals. To address the challenges, developing ICT experts capable of managing projects in both public and private sectors is essential. Additionally, retraining teachers in ICT use is crucial for designing diverse activities for different learners. Proper information management requires the establishment of information policies, which many countries currently lack. The study also notes the importance of making ICT accessible in various languages beyond English and French to ensure inclusivity for non-English and non-French speakers. Accelerating initiatives to support multiple languages in ICT is necessary to broaden access.

**References:-**

1. Astonm (2002).The development and use of indicators to measure the impact of ICT use in education in the United Kingdom and other European countries. Developing Performance Indicators for ICT in Education. UNESCO Institute for Information Technology (IITE). Chapter 43, pp: 62–73.
2. Ehlers, Ulf. (2007). Quality Literacy - Competencies for Quality Development in Education and e-Learning. Educational Technology & Society. 10. 96-108.
3. Gajendran N (2007). The third eye of the teacher. Indian J.Sci.Technol. 1 (2), 1-2.
4. Huckle J and Sterling S (1996). Education for Sustainability. London: Earth scan.
5. PaasL and Creech H (2008). How ICTs can support Education for Sustainable Development: Current Uses and Trends. Paper Prepared with the support of the Province of Manitoba and Presented to Manitoba Education, Citizenship and Youth. Winnipeg, Manitoba, Canada.
6. Performance Measurement and Reporting Taskforce (2005). An Assessment Domain for ICT Literacy, Ministerial Council on Education, Employment, Training and Youth Affairs (MCEETYA), Carlton South.
7. Roschelle J, Patton C and Tatar D (2007). Designing networked handheld devices to enhance school learning, in M. Zelkowitz (ed.) Advances in Computers. 70, 1–60.
8. Schrum L and Solomon G (2007). Web 2.0 and you: Starting the conversation. International Society for Technology in Education (ISTE).
9. Tella, A., & Adu, E. (2009). Information Communication Technology (ICT) and Curriculum Development: the Challenges for Education for Sustainable Development. Indian Journal of Science and Technology, 2(3), 55-59.
10. Tilbury D, Stevenson R B, Fien J and Schreuder D (2002). Education for Sustainable Development: Dimensions of Work. IUCN Commission on Education and Communication–The World Conservation Union.
11. UNESCO (2003). Rewarding Literacy: A study of the history and impact of the International literacy Prices, Paris.

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# Impact of Internet Banking on Customer Satisfaction: An Empirical Study

**Rajesh Kumar Saini*** **Dr. Laxmi Narayan Sharma****

*Research Scholar (Commerce) Vikram University, Ujjain (M.P.) INDIA
** Principal & Prof. (Commerce) Rajiv Gandhi Govt. P.G. College, Mandsaur (M.P.) INDIA

# प्रभावी शिक्षण के लिए, शिक्षा शास्त्र के रूप में सूचना एवं संचार तकनीकी प्रौद्योगिकी

**डॉ. मिताली बजाज* बलजीत सिंह****

* सहायक प्राध्यापक, महाराजा कॉलेज, उज्जैन (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी, महाराजा कॉलेज, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** मुख्यत: सूचना, तकनीक तथा विज्ञान के बढ़ते अनुप्रयोग, पहले से अधिक कार्यकुशलता तथा अधिक तेजी से किसी भी कार्य को सम्पन्न करने में, महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने में सहायक सिद्ध हुआ है।

प्राचीन काल में, मानव संसाधन तथा तकनीकी खोजों के अभाव में, किसी भी कार्य में कार्यकुशलता का कोई मापन या पैमाना ना होने से इसमें क्या फैक्टर्स प्रभावी रहे। इसका काई सामान्य या विशिष्ट लक्ष्य नहीं था। कृषि, उद्योग उत्पादन में, जितना भी प्राकृतिक रूप से, प्राप्त होता था, उससे प्रयोग में लाया जाता था। उत्पादन तथा उपभोग के बीच के अन्तर को पूरा करने का कोई लक्ष्य नहीं था। समय के साथ–साथ जनसंख्या वृद्धि, उत्पादन तथा उपभोग के बीच अन्तर को पाटना तथा अधिक से अधिक लाभ, उत्पादन, गुणवता आदि पर अधिक ध्यान दिया जाने लगा।

उसी के साथ–साथ लोगों की असीमित मांग, वस्तुओं का आकर्षण, किसी भी वस्तुओं की गणना तथा मांग तथा पूर्ति के अन्तर की गणना करके उनकी पूर्ति हेतू उद्योगों का विकास हुआ। मशीनीकरण तथा तकनीकी विकास की इसी क्रमबद्धता में, संचार के साधनों का विकास हुआ।

संचार और तकनीकी आपस में गहरा सम्बन्ध है। विश्व के विकसित देशों में संगणक का विकास, उन्नयन्न तथा विकास के चलते इसमें कार्यक्षमता, कार्यकुशलता में प्रभावशाली विकास हुआ है। इसी सन्दर्भ में सेवा क्षेत्र, उद्योग क्षेत्र, शिक्षा क्षेत्र, कृषि क्षेत्र तथा परिवहन तथा उडडयन क्षेत्र में तकनीकी तथा संचार का प्रयोग जरूरी तथा समय की मांग के अनुसार अधिक हुआ है।

शिक्षा के क्षेत्र में, संचार तकनीकी (Information Communication & Technology) की प्रभावशीलता में अधिक प्रयोग हो रहे है।

भूमण्डलीकरण, वैश्वीकरण तथा ज्ञान के क्षेत्र में आपसी संवादों व विचारों, तकनीकी का आदान–प्रदान में, ICT की भूमिका महत्वपूर्ण हो गई है।

सूचना क्रान्ति के इस युग में, Online Education, Blended Education, Face to Face Education की बजाए ICT के जरिये ज्ञान व शिक्षा प्रचार–प्रसार तकनीकी संसाधनों से जिस गति से बढ़ रहा है तथा Cloud Computing (क्लाउड कम्प्यूटिंग) तथा सुदूर संचार तथा तकनीकी संसाधनों के बढ़ते अनुप्रयोग से यह सम्भव हो पाया है।

**प्रभावी शिक्षण के लिए, शिक्षा शास्त्र के रूप में सूचना एवं संचार तकनीकी प्रौद्योगिकी।**

**सूचना एवं संचार तकनीकी :– ICT**

सूचना एवं संचार तकनीकी प्रौद्योगिकी मुख्यत: Information Communication & Technology शब्द का हिन्दी रूपांतरण है। तकनीकी मुख्यत: संचार से जुड़ें एक विशेष कोड में मानवीय भाषा को कोड में, बदलने तथा एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति के सुदूर जुड़े होने तथा उनके बीच भाषायी संचार तथा Electronics विद्युतीय तकनीकी उपकरणों से सुसज्जित प्रणाली का एक हिस्सा होता है।

सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के तीन घटक है जिनके माध्यम से समस्त सूचना, संचार प्रौद्योगिकी का प्रयोग करके सेवाओं को उपलब्ध करवाया जाता है।

1. कम्प्यूटर हार्डवेयर प्रौद्योगिकी
2. कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर प्रौद्योगिकी
3. दूरसंचार एवं नेटवर्क प्रौद्योगिकी

सूचना व संचार प्रौद्योगिकी में, अध्यापक व छात्रों के बीच मध्य ज्ञान का संचार, तकनीकी प्रौद्योगिकी के माध्यम से, मोबाइल, लेपटॉप, कम्प्यूटर के माध्यम से, विभिन्न शैक्षणिक एप या द्विस्तरीय बहु स्तरीय सम्पकीय प्लेटफॉर्म के माध्यम से होता है। जिसमें यू–टयूब, गुगल मीट, माइक्रोसॉफ्ट वर्ड, स्काई एप के माध्यम से लगातार द्विस्तरीय या बहुस्तरीय संवाद होता रहता है।

आज की तेजी से बदल रहे वैश्विक परिदृश्य में सीखने और शिक्षा को एक समग्र अनुभव बनाना महत्वपूर्ण है। इस बात को ध्यान में रखते हुए अध्यापक शिक्षा में नवप्रवर्तन की शुरूआत हो गई है।

सूचना एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में क्रम विस्तर के फलस्वरूप विश्व को एक ग्लोबल विलेज के रूप में देखा जा रहा है। इसी संदर्भ में, सूचना एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र को बढ़ावा मिला है। प्रभावशाली शिक्षण में, तकनीकी **संचार तथा प्रौद्योगिकी की भूमिका :** वर्तमान युग, विज्ञान का युग है तथा तकनीकी, संचार तथा प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग, ज्ञान, सूचना तथा अनुभवों को सांझा करने में, तकनीकी, संचार तथा प्रौद्योगिकी की महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

इसी संदर्भ में, Online Education, Blended Education तथा दूरवर्ती शिक्षा तथा पत्राचार शिक्षा के क्षेत्र में बेतहाशा वृद्धि हुई है।

इसी संदर्भ में, यू–ट्यूब, ऑनलाइन एप प्लेटफार्म, गुगल मिट, माइक्रोसॉफ्ट वर्ड तथा अन्य विभिन्न प्रकार के तकनीकी, संचारीय संसाधनों के माध्यम से ज्ञान तथा अनुभवों का आदान–प्रदान हो रहा है।

**प्रभावी शिक्षण में तकनीकी संचार एवं प्रौद्योगिकी के लाभ :**

**क. समय की बचत –** विभिन्न प्रदाताओं तथा अनुभवी विशेषज्ञों में आपसी संचार के माध्यम से, एक स्थान से, प्रसारित कक्षाकक्ष की सभी बातें तथा विषय से सम्बन्धित अनुभवों को, सुदूर अलग–अलग स्थानों पर बैठे समूहों, व्यक्तिगत रूप से ज्ञान का प्रवाह बिना, किसी रूकावट के होता रहता है। जिससे समय व धन की बचत होती है।

किसी भी आभाषी कक्षाकक्ष के जागरूक व्यक्ति अपने विशेषज्ञय से चल रहे संवाद के बीच किसी भी प्रकार के प्रश्न, शंका, समस्या के समाधान पा सकता है तथा अपने **अनुभव प्लेटफार्म पर जुड़े व्यक्ति से सांझा कर सकते है।**

**ख. तकनीकी प्लेटफार्म पर सांझा की गई सूचनाओं का संग्रहण तथा बाद में सांझा करने में आसानी –**कई बार व्यक्तिगत समस्याओं के चलते आभाषी कक्षाओं में उपस्थित रहना सम्भव नहीं होता इसलिए भविष्य में उन सभी सांझा की गई जानकारी, ज्ञान, अनुभवों को भविष्य में की गई संग्रहित सूचनाओं को बार–बार सूनना सम्भव है।

**ग. दिव्यांगजनों के लाभकारी –** दूसरों पर निर्भरता के कारण तथा चालुष्णता, एक स्थान से दूसरे स्थान पर चलने फिरने में दिक्कतों की वजह से शिक्षा से वंचित रह जाते है। इसलिए प्रौद्योगिकी दिव्यांगजन शैक्षणिक गतिविधियों के कारण, उन्हें शैक्षणिक गतिविधियों में शामिल होने में आसानी रहती है। शिक्षक, पाठ्यक्रम के इर्द–गिर्द ही रहता है।

**घ. आवाज, विजुअल–** दर्शयात्मक प्रणाली के कारण, समझने में आसानी रहती है। परन्तु प्रभावी शिक्षण के लिए, सूचना व संचार प्रौद्योगिकी के लाभ के साथ–साथ बहुत सी हानियां भी है। आवश्यक उपकरणों का होना, सक्रीय संचार की उपलब्धता, संचार व प्रौद्योगिकी का उन्नत होना तथा उनका प्रयोगकर्ता को प्रयोग करने की जानकारी होना इत्यादि सभी विषय महत्वपूर्ण है।

**सूचना व संचार प्रौद्योगिकी की सीमितता :**

**क.** सूचना व संचार प्रौद्योगिकी की पहली सीमितता तो यह है कि एक प्रभावशाली शिक्षण हेतू, प्रभावी कक्षाक़क्ष का होना, प्रभावशाली शिक्षण की पहली शर्त है।

**ख. सामूहिक कक्षा–कक्ष में, विद्यार्थियों का मूल्यांकन –** सामूहिक कक्षा–कक्ष में विद्यार्थियों का मूल्यांकन, उनकी प्रश्नों का उतर, जिज्ञासाओं का निवारण, जीवंत कक्षाकक्ष के माध्यम से ही सम्भव है। पीयर–ट्यूटरिंग, जैसे प्रभावशाली शिक्षण व्यवस्था में विद्यार्थी एक–दूसरे से सीखते है तथा आपसी संवेग, जीवंत भावनाओं, सहयोग, सहकारिता आदि का विकास इस प्रकार के शिक्षण व्यवस्था में संभव नहीं है।

**ग. समूह की बजाय व्यक्तिवाद तथा भौतिकतावाद की अवधारणा –** शैक्षिक कार्यक्रमों, पाठ्यचर्या में खेलकूद, सांस्कृतिक, सामाजिक तथा सामूहिक क्रियाकलापों को इस प्रकार की शैक्षिक व्यवस्था में कोई ठोस निवारण नहीं है। देखकर या करके सीखने की जो विचारधारा शिक्षाविदों ने दी है उस पर सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के माध्यम से जो शिक्षण व्यवस्था प्राचीन समय से चली आ रही है, उसके अनुरूप यह पद्धति अधिक प्रभावी नहीं है।

कोविड महामारी के समय, जिन दृष्टिबाधित बच्चों को विकल्प के रूप में, सूचना व संचार प्रौद्योगिकी के माध्यम से शिक्षण कार्यक्रमों को प्रबन्धन किया गया, उसमें महामारी के पश्चात उन पर किये गये शोधों से पता चलता है कि उनका ब्रेल लेखन, पठन, लगभग 90 प्रतिशत विद्यार्थियों का जीरो हो गया है तथा वे तकनीकी उपकरणों पर ज्यादा निर्भर हो गये है। इसके अलावा उनके मानसिक स्वास्थय तथा शारीरिक स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक प्रभाव पाये गये है।

इसके अलावा उनके सोचने, समझने तथा व्यवहार में भी अंतर पाये गये है। इसके अलावा ऐसा पाया गया है सरकारी योजना के तहत बांटे गये टेब/मोबाइल का प्रयोग, विद्यार्थियों द्वारा उनके शैक्षिक कार्यक्रमों प्रयोग कम तथा फालतू के कार्यो में ज्यादा किया गया है। इससे पता चलता है कि प्रभावी शिक्षण के लिए सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के सकारात्मक व नकारात्मक दोनों पहलू पाये गये है।

**उपसंहार –** प्रभाव शिक्षण व्यवस्था में, परम्परागत तथा आधुनिक शैक्षणिक व्यवस्था जिसमें सूचना एवं संचार तकनीकी का प्रयोग समान रूप से किया जाने लगा है।

परम्परागत रूप शैक्षणिक व्यवस्था में, प्रभावी–कक्षाकक्ष, सामूहिक शिक्षण, संवार्गिक रूप से भी विद्यार्थियों पर, समान रूप से, सभी पर मूल्यांकन, गृहकार्य व लेखन–पठन तथा खेलकूद, सांस्कृतिक, सामाजिक तथा उनकी व्यक्तिगत रूचि को ध्यान में रखकर शैक्षणिक कार्यो को किया जाता रहा है तथा उनकी मूल्यांकन भी किया जाता है परन्तु आधुनिकता तथा तकनीकी युग में शैक्षणिक कार्यक्रमों को सूचना व संचार प्रौद्योगिकी के तहत, ज्ञान को परोसा जाने लगा है।

उच्च शैक्षिक कार्यक्रमों में यह एक निश्चित सीमा तक सम्भव है परन्तु प्राथमिक व उच्च माध्यमिक शिक्षण संस्थाओं में कोविड महामारी के दौरान दिये गये के शिक्षण पर किये गये शोधों से पता चलता है कि बच्चों में आदतों, तनाव, गुस्सा, लेखन तथा उनके अन्य कौशल में कमी पाई गई है।

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है तथा वह परिवार समाज तथा सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से एक अच्छा नागरिक बन सकता है। इसलिए किसी भी विद्यार्थी के जीवन में शिक्षण संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है तथा सहयोगी शिक्षण, सामूहिक शिक्षण की व्यवस्था की प्रभावी शिक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. शैक्षिक अनुसंधान प्रणाली एवं सांख्यिकी, दिनेश कुमार, लवली प्रोफेशनल विश्वविद्यालय पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, दरयागंज, नई दिल्ली।
2. शैक्षिक प्रबन्धन, संयोजक, डॉ. अनिल कुमार जैन, वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा, राजस्थान।
3. शिक्षा शास्त्र, आर गुप्ता कृत, 2022, रमेश पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली।
4. ग्यानस्थली एजूकेशन, डॉ. ग्यानप्रकाश पी.सी.एस. भूतपूर्व सहायक प्रोफेसर, गवर्नमेंट पी.जी. कॉलेज, रानीखेत, 2023 ग्यानस्थली पब्लिकेशन, लखनऊ, उतरप्रदेश 226024
5. www.google.com

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# प्रभावी शिक्षण के लिए शिक्षाशास्त्र के रूप में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी

**तृप्ति दवे***

* एम.एड. छात्र, महाराजा कॉलेज, उज्जैन (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** आज के आधुनिक समाज में ज्ञान व्यक्ति के लिए, राज्य के लिए और एक देश की उन्नति के लिए अत्यन्त आवश्यक है। ज्ञान ही एक ऐसा माध्यम है जिससे मनुष्य अपनी सभी आवश्यकताएँ पूरी कर सकता है, पर ज्ञान को प्राप्त करने के लिए ज्ञान प्राप्ति के तरीकों को सीखने के लिए आवश्यकता है नवीन प्रौद्योगिकी की और यह नवीन प्रौद्योगिकी है 'सूचना एवं सम्प्रेषण।'

वर्तमान युग क्रांति का युग है। हम ज्ञान आधारित समाज में रह रहे हैं और ज्ञान से ही हमें किसी राष्ट्र की शक्ति एवं विकास का पता चलता है। उस ज्ञान को सभी लोगों तक पहुँचाने के लिए हमें शिक्षण पद्धति के साथ-साथ नई प्रौद्योगिकियों की आवश्यकता पड़ती है। सूचना एवं सम्प्रेषण तकनीकी उन्हीं आधुनिक प्रोद्योगिकियों में से एक है।

प्रभावी शिक्षण के लिए शिक्षाशास्त्र के रूप में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी की आवश्यकता को हम निम्नानुसार बिन्दुओं के माध्यम से स्पष्ट कर सकते हैं :-

1. सूचना एवं सम्प्रेषण के माध्यम से हम ज्ञान ग्रहण करने एवं ज्ञान प्राप्ति के ढ़ंग को जानते तथा समझते हैं। वर्तमान समय में इसका उपयोग करके विद्यार्थी तथा शिक्षक शीघ्र ही सभी सूचनाएँ प्राप्त कर सकते हैं।
2. मनुष्य प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष दोनों तरीकों से ज्ञान प्राप्त कर सकता है। जब कभी किसी कारणवश कोई विद्यार्थी प्रत्यक्ष रूप से ज्ञान प्राप्त नहीं कर सकता तब ऐसी स्थिति में वह अप्रत्यक्ष रूप से ज्ञान प्राप्त करता है। अप्रत्यक्ष ढ़ंग से ज्ञान प्राप्त करने के कई माध्यम हो सकते हैं, जैसे किसी व्यक्ति से पूछकर, किताबों से, पत्र-पत्रिका के माध्यम से, टेप, कम्प्यूटर आदि से। उपर्युक्त माध्यमों से सूचना के आधार पर विद्यार्थी किसी व्यक्ति, स्थान या वस्तु विशेष के बारे में जानने का प्रयास करता है। यह सभी जितने भी सूचना के माध्यम हैं उन सभी से ठीक प्रकार से सूचनाएँ प्राप्त करने, संग्रह करने और आवश्यक होने पर इसके प्रयोग का ज्ञान आवश्यक है। इस प्रकार की गतिविधियाँ ही सूचना प्रौद्योगिकी कहलाती है।
3. वर्तमान आधुनिक जीवन का प्रत्येक क्षेत्र सूचना एवं सम्प्रेषण प्रौद्योगिकी से प्रभावित है। शिक्षा का क्षेत्र भी पूर्णतया इसके प्रभाव में है। आज कम्प्यूटर इंटरनेट का बढ़ता हुआ उपयोग शिक्षा को सूचना एवं सम्प्रेषण प्रौद्योगिकी के पास लाता है। शिक्षा का प्रत्येक अंग, विधियाँ, प्रविधियाँ, शिक्षण उद्देश्य, शोध इत्यादि सभी सूचना एवं सम्प्रेषण प्रौद्योगिकी के बिना अधूरा है। अत: सूचना एवं सम्प्रेषण का क्षेत्र अत्यन्त व्यापक है। इसके अन्तर्गत शिक्षण प्रक्रिया में सम्मिलित की जाने वाली सामग्री का निर्धारण और इसके कार्य क्षेत्र की सीमाओं का निर्धारण करना भी शामिल है।
4. सूचना एवं सम्प्रेषण प्रौद्योगिकी की सहायता से शैक्षिक उद्देश्यों की प्राप्ति की जा सकती है। इन उद्देश्यों को व्यावहारिक शब्दावली में लिखा जा सकता है। इन उद्देश्यों को निर्धारित कर विद्यार्थियों के अपेक्षित व्यवहार में परिवर्तन कर उनकी शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा किया जा सकता है।
5. सूचना एवं सम्प्रेषण प्रौद्योगिकी द्वारा शिक्षण अधिगम प्रक्रिया के लिए प्रयोग की जाने वाली व्यूह रचनाओं और युक्तियों का चुनाव एवं विकास बड़ी आसानी से किया जा सकता है। सूचना एवं सम्प्रेषण प्रौद्योगिकी शिक्षण प्रतिमानों का ज्ञान, विभिन्न विधियों एवं प्रविधियों का ज्ञान और उनके चुनाव करने में सहायता कर सकते हैं।
6. सम्पूर्ण शिक्षा प्रणाली तभी सफल मानी जाती है जब उसका सही मूल्यांकन होता है। सम्पूर्ण शिक्षा प्रणाली तभी सफल मानी जाती है जब उसका सही मूल्यांकन हो। प्रतिक्रिया द्वारा विद्यार्थियों और शिक्षकों को उनकी अधिगम और शिक्षण विधियों की सफलता के बारे में जाँच की जाती है और कुछ कमियाँ होने पर उसे दूर करने का प्रयास किया जाता है। सूचना एवं सम्प्रेषण प्रौद्योगिकी द्वारा मूल्यांकन या प्रतिक्रिया विधियों का चयन, विकास तथा उनकी उपयोगिता संभव हो सकती है।
7. सूचना एवं सम्प्रेषण प्रौद्योगिकी शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसके लिए शिक्षण अभ्यास प्रतिमानों की रचना, सूक्ष्म-शिक्षण, अनुकरणीय शिक्षण एवं प्रणाली उपागम का उपयोग किया जाता है।
8. शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न उप-प्रणालियों के मूल्यांकन के लिए प्रणाली उपागम के प्रयोग में सूचना एवं सम्प्रेषण प्रौद्योगिकी महत्तवपूर्ण है। शिक्षा के क्षेत्र में ये उप-प्रणालियाँ कक्षा में, कक्षा के बाहर, लेकिन विद्यालय के वातावरण में ही प्रयुक्त होती हैं। इन प्रणालियों के तत्त्वों तथा उनकी कार्य-पद्धति के अध्ययन में सूचना एवं सम्प्रेषण प्रौद्योगिकी की प्रमुख भूमिका होती है।
9. सूचना एवं सम्प्रेषण प्रौद्योगिकी का कार्यक्षेत्र मशीनों एवं अन्य जन सम्पर्क माध्यमों तक फैला है। सूचना एवं सम्प्रेषण प्रौद्योगिकी इन मशीनों Hardware उपकरणों के उपयोग के लिए कार्य करती है। इन

मशीनों में रेडियो, टेलीविजन, टेपरिकार्डर, फिल्म प्रोजेक्टर, ओवरहेड प्रोजेक्टर, सेटेलाइट आदि सम्मिलित हैं। सूचना एवं सम्प्रेषण प्रौद्योगिकी इन सभी के लिए आधार तैयार करती है।

10. सूचना एवं सम्प्रेषण प्रौद्योगिकी का प्रयोग हम सामान्य व्यवस्था परीक्षण और अनुदेशन के कार्यक्षेत्रों में भी करते हैं। इस प्रकार सूचना एवं सम्प्रेषण तकनीकी का क्षेत्र काफी विस्तृत है। शैक्षिक तकनीकी ने शिक्षा के क्षेत्र में पुरानी अवधारणाओं में आधुनिक संदर्भ के साथ अभूतपूर्व क्रांतिकारी परिवर्तन कर उन्हें एक नवीन स्वरूप प्रदान किया है।
11. सूचना एवं सम्प्रेषण प्रौद्योगिकी ने वर्तमान में सूचना के आदान-प्रदान करने में एक क्रांतिकारी भूमिका का निर्वहन किया है। इसके द्वारा सम्पूर्ण सूचनाएँ जो विभिन्न क्षेत्रों से सम्बन्धित होती हैं उन्हें एक स्थान पर बैठे-बैठे प्राप्त किया जा सकता है। यह श्रम, समय एवं कांगजी कार्य में बचत करता है। I.C.T. स्थानीय संस्कृति और विशेष रूप से इसके प्रबंधन एवं आकार के आधार पर कार्य करता है। I.C.T. की अवधारणा, समझ प्रबंधन और उपलब्ध विन्यास प्रौद्योगिकी के आधार पर भिन्न हो सकती है।
12. सूचना एवं सम्प्रेषण किसी कार्य को करने में प्रयुक्त उपकरणों एवं यंत्रों का एक संग्रह है। उपकरणों के एकीकृत प्रबंधन के तत्तवों, मंत्रों, सेवाओं एवं व्यवहारों का प्रयोग सूचनाओं के संग्रह उसकी प्रक्रिया तथा साझा करने के लिए किया जाता है। सूचना सम्प्रेषण प्रौद्योगिकी उपकरण का प्रयोग सीखने को सक्षम बनाने, समस्या समाधान करते सहयोगी चिंतन में विस्तृत रूप से किया जाता है। इस प्रकार सूचना सम्प्रेषण प्रौद्योगिकी का प्रयोग प्रौद्योगिकी के माध्यम से सूचनाओं का आदान-प्रदान करने तथा उसका उपयोग करने में प्रयुक्त होता है।

उपरोक्त तथ्यों के आधार पर हम कह सकते हैं कि प्रभावी शिक्षण के लिए शिक्षाशास्त्र के रूप में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी अत्यन्त उपयोगी सिद्ध हो सकती है- सिद्ध हो रही है। यह सही है कि ज्ञान स्वयं में सीमातीत होता है, किन्तु शिक्षण के क्षेत्र में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी अपने समस्त कार्य व्यवहारों से शिक्षा और शिक्षण को प्रभावी और सुगम बनाने में सहायक है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. व्यक्तिगत शोध के आधार पर।

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# सरकार की प्राथमिकता में शिक्षा का स्थान : शिक्षा नीति 2020 के संदर्भ में एक दृष्टिकोण

**सिम्पल रजक***

* शोधार्थी, विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** किसी भी राष्ट्र के विकास में शिक्षा एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। जिस देश में शिक्षा का स्तर जितना, व्यवस्थित, संगठित, मजबूत तथा वर्तमान आवश्यकता के अनुसार होना वह देश उतनी ही तेजी से तरक्की की दिशा मे आगें बढेगा। भारत में शिक्षा के स्तर के सुधार के लिए कई नीतियॉ समय – समय पर बनाई गई। परन्तु अब की वर्तमान शिक्षा की स्थिति हमें यह सोचने पर मजबुर कर देती है। की 'क्या हम शिक्षा के उस स्तर को प्राप्त कर चुके है जो हमें विकसित देशो की श्रेणी में ला कर खड़ा कर सके। या फिर अब भी हमें शिक्षा के स्तर को सुधारने की आवश्यकता किसी नई सुदृण एवं क्रियात्मक शिक्षा नीति की आवश्यकता है।'

**प्रस्तावना –** 'शिक्षा सामाजिक एवं राष्ट्रीय शक्तिकरण के लिए प्रथम एवं मुलभूत साधन है। यह माना जाता है कि शिक्षा ही वह उपकरण है। जिससे कोई भी राष्ट्र अपने आय को सशक्त, विकसित तथा मजबूत बना सकता है। एक उत्तम शिक्षा व्यवस्था के द्वारा ही व्यक्ति अपना सर्वांगीण विकास कर सकता है। तथा व्यक्ति के विकास से ही समाज एवं राष्ट्र का विकास सम्भव होता है। और यह तभी समभ्व है जब एक अच्छी शिक्षा नीति का निर्माण किया जाए।

भारत आज भी एक विकासशील देश की श्रेणी में खड़ा है। इसका सबसे बड़ा कारण है, हमारी शिक्षा नीतियों का सफल ना हो पाना, उनकी कमियों पर ध्यान ना देना।

देश में कई शिक्षा नीतियों का निर्माण किया गया जो कभी भी पूरी तरह से सफल नही हो पाई. हमारे देश में अंतिम बार शिक्षा नीति वर्ष 9186 में बनाई गई थी और वर्ष 1992 में इसमें संशोधन किया गया था। यह नीतियों भी कमियों से भरी पड़ी थी, इसके बावजूद इस पर सरकार का ध्यान ना देना देश के विकास में बाधक सिद्ध हुआ। वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक बार फिर शिक्षा नीति के निर्माण की पहल की गई है। जिसमें 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020'का नाम दिया गया है। इस नीति से यह उम्मीद की जा रही है कि यह पुरानी शिक्षा नीति यों की तुलना में एक बेहतर, असरदार एवं भावी पीढ़ी के लिए 'मील का पत्थर साबित होगी।'

**भारत के शिक्षा नीति –** भारतीय शिक्षा का इतिहास भारतीय सभ्यता का भी इतिहास है। भारतीय समाज के विकास और उसमें होने वाले परिवर्तनों की रूपरेखा में शिक्षा की जगह और उसकी भूमिका को भी निरंतर विकासशील पाते हैं। सूत्रकाल तथा लोकायत के बीच शिक्षा की सार्वजनिक प्रणाली के पश्चात हम बौद्धकालीन शिक्षा को निरंतर भौतिक तथा सामाजिक प्रतिबद्धता से परिपूर्ण होते देखते हैं। बौद्धकाल में स्त्रियों और शूद्रों को भी शिक्षा की मुख्य धारा में सम्मिलित किया गया।

**शिक्षा का केन्द्र रू तक्षशिला का बौद्ध मठ**

**नालन्दा बिहार के अवशेष**

प्राचीन भारत में जिस शिक्षा व्यवस्था का निर्माण किया गया था वह समकालीन विश्व की शिक्षा व्यवस्था से समुन्नत व उत्कृष्ट थी लेकिन कालान्तर में भारतीय शिक्षा का व्यवस्था ह्रास हुआ। विदेशियों ने यहाँ की शिक्षा व्यवस्था को उस अनुपात में विकसित नहीं किया, जिस अनुपात में होना चाहिये था। अपने संक्रमण काल में भारतीय शिक्षा को कई चुनौतियों व समस्याओं का सामना करना पड़ा। आज भी ये चुनौतियाँ व समस्याएँ हमारे सामने हैं जिनसे दो-दो हाथ करना है।

भारतीय शिक्षा नीति को हम दो भागों में वर्गीकृत कर सकते हैं।

1. आजादी के पूर्व भारतीय शिक्षा नीति।
2. आजादी के बाद भारतीय शिक्षा नीति।

**आजादी के पूर्व भारत में शिक्षा नीति –** भारत में बढ़ते साम्राज्य तथा राजनीतिक शक्ति के कारण ईस्ट इंडिया कम्पनी को एक ऐसे वर्ग की आवश्यकता हुई जो कि प्रशासन और व्यापार के कार्यों में उसकी सहायता कर सके। अत: कम्पनी ने अपने साम्राज्य का विस्तार करने तथा भारत की राजनीति एवं व्यापार में अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए समय समय पर अनेक शिक्षा से सम्बंधित नीतियों का निर्माण किया वर्ष 1813 में ब्रिटेन की संसद द्वारा पारित चार्टर अधिनियम में भारत में शिक्षा के विकास हेतु प्रतिवर्ष 1 लाख रुपए के अनुदान का प्रावधान किया गया।

वर्ष 1835 में लॉर्ड मैकाले ने अपना प्रसिद्ध स्मरण-पत्र (Minute) गवर्नर जनरल की परिषद के समक्ष प्रस्तुत किया।

मैकाले ने इसके तहत 'अधोगामी निस्पंदन का सिद्धांत' (Downward Filtration Theory) दिया जिसके तहत भारत के उच्च तथा मध्यम वर्ग के एक छोटे से हिस्से को शिक्षित करना था ताकि एक ऐसा वर्ग तैयार हो जो रंग और खून से भारतीय हो लेकिन विचारों, नैतिकता तथा बुद्धिमत्ता में ब्रिटिश हो।

इसके पश्चात वर्ष 1854 में वुड्स डिस्पैच, 1882-83 में हंटर आयोग, 1904 में भारतीय विश्वविद्यालय आयोग, 1917-19 में सैडलर आयोग , 1929 में हरटोंग समिति, तथा वर्ष 1944 में शिक्षा पर सार्जेंट योजना जैसी

समितियों का गठन आजादी के पूर्व किया गया इन समितियों ने भारत की प्राचीन शिक्षा व्यवस्था के रूप को पूरी तरह परिवर्तित कर दिया साथ ही आधुनिक शिक्षा की नींव रखने में प्रमुख भूमिका निभाई।

**आजादी के बाद भारत में शिक्षा नीति –** 1947 में भारत की स्वतंत्रता के बाद सरकार ने शैक्षिक चुनौतियों का समाधान करने के लिए विभिन्न शिक्षा आयोगों की स्थापना की गई और भारत में शिक्षा प्रणाली में सुधार के लिए व्यापक नीतियों की सिफारिश की।

डॉ. एस. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में गठित विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग (1948): इसके द्वारा क्षेत्र, जाति, लैंगिक विषमता पर ध्यान दिए बिना समाज के सभी वर्गों के लिए उच्च शिक्षा को सुलभ बनाने की अनुशंसा की गई।

डॉ. ए. लक्ष्मण स्वामी मुदलियार की अध्यक्षता में गठित माध्यमिक शिक्षा आयोग (1952): इस समिति ने आउटकम की दक्षता में वृद्धि, मैट्रिक पाठ्यक्रमों का विविधीकरण, बहुउद्देशीय मैट्रिक विद्यालयों की स्थापना, सम्पूर्ण भारत में एक समान प्रारूप लागू करने और तकनीकी विद्यालयों की स्थापना की सिफारिश की।

डी. एस. कोठारी की अध्यक्षता में गठित भारतीय शिक्षा आयोग (1964–66): इसके द्वारा तीन मुख्य पहलुओं, यथा– 1. आंतरिक परिवर्तन 2. गुणात्मक सुधार और 3. शैक्षिक सुविधाओं का विस्तार, के आधार पर एक व्यापक पुनर्निर्माण की सिफारिश की गयी।

1968 की राष्ट्रीय शिक्षा नीतिरू यह नीति कोठारी आयोग की सिफारिशों के अनुसार तैयार की गई थी। इसने भारतीय संविधान में प्रस्तावित 6–14 वर्ष की आयु वर्गों के बच्चों के लिए अनिवार्य शिक्षा का प्रावधान करनेय माध्यमिक विद्यालयों में क्षेत्रीय भाषाओं पर बल देनेय अंग्रेजी को विद्यालयों में शिक्षा का माध्यम बनाने हिंदी को राष्ट्रीय भाषा के रूप में स्वीकार करने एवं संस्कृत के विकास को बढ़ावा देने तथा राष्ट्रीय आय का 6 प्रतिशत शिक्षा पर व्यय करने की सिफारिश की।

Figure 1. The shortcomings of the National policy Education 1968




**राष्ट्रीय शिक्षा नीति (1986):** इसके प्रमुख प्रावधानों में शामिल हैं– समाज के सभी वर्गों विशेष रूप से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और महिलाओं को शिक्षा प्रदान करनाय निर्धनों के लिए छात्रवृत्ति का प्रावधान, प्रौढ़ शिक्षा प्रदान करना, वंचित/पिछड़े वर्गों से शिक्षकों की भर्ती करना और नए स्कूलों एवं कॉलेजों का विकास करनाय छात्रों को प्राथमिक शिक्षा प्रदान करनाय गांधीवादी दर्शन के साथ ग्रामीण लोगों को शिक्षा प्रदान करनाय मुक्त विश्वविद्यालयों की स्थापना करनाय शिक्षा में IT का प्रचार करनाय तकनीकी शिक्षा क्षेत्र को प्रारम्भ करने के अतिरिक्त वृहद स्तर पर निजी उद्यम को बढ़ावा देना।

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति (1992):** भारत सरकार द्वारा 1990 में आचार्य राममूर्ति की अध्यक्षता में 1986 की राष्ट्रीय नीति के परिणामों का पुन: आकलन करने के लिए एक आयोग का गठन किया गया। इसकी प्रमुख सिफारिशों में शामिल थीं– केंद्र और राज्य सरकारों को सलाह देने के लिए उच्चतम सलाहकार निकाय के रूप में केन्द्रीय शिक्षा सलाहकार बोर्ड (Central Advisory Board of Education: CABE) का गठनय शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि पर ध्यान केंद्रित करनाय छात्रों में नैतिक मूल्यों को विकसित करना तथा जीवन में शिक्षा को आत्मसात करने पर बल देना।

The eleven salient features of the national policy on education (1986) are as illustrated in the Figure.2




### शिक्षा नीति में परिवर्तन की आवश्यकता क्यों?

बदलते वैश्विक परिदृश्य में ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था की आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिये मौजूदा शिक्षा प्रणाली में परिवर्तन की आवश्यकता थी।

शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने, नवाचार और अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिये नई शिक्षा नीति की आवश्यकता थी।

भारतीय शिक्षण व्यवस्था की वैश्विक स्तर पर पहुँच सुनिश्चित करने के लिये शिक्षा के वैश्विक मानकों को अपनाने के लिये शिक्षा नीति में परिवर्तन की आवश्यकता थी।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020

नई शिक्षा नीति 2020 भारत की शिक्षा नीति है जिसे भारत सरकार द्वारा 29 जुलाई 2020 को घोषित किया गया। सन 1986 में जारी हुई नई शिक्षा नीति के बाद भारत की शिक्षा नीति में यह पहला नया परिवर्तन है।(1) (2) यह नीति अंतरिक्ष वैज्ञानिक के. कस्तूरीरंगन की अध्यक्षता वाली समिति की रिपोर्ट पर आधारित है।

**प्रमुख बातें** (3)

1. नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के तहत वर्ष 2030 तक सकल

नामांकन अनुपात (Gross Enrolment Ratio & GER) को 100% लाने का लक्ष्य रखा गया है।

2. नई शिक्षा नीति के अन्तर्गत शिक्षा क्षेत्र पर सकल घरेलू उत्पाद के 6% हिस्से के सार्वजनिक व्यय का लक्ष्य रखा गया है।
3. 'मानव संसाधन प्रबंधन मंत्रालय' का नाम परिवर्तित कर 'शिक्षा मंत्रालय' कर दिया गया है।
4. पाँचवीं कक्षा तक की शिक्षा में मातृभाषा/स्थानीय या क्षेत्रीय भाषा को शिक्षा के माध्यम के रूप में अपनाने पर बल दिया गया है। साथ ही मातृभाषा को कक्षा-8 और आगे की शिक्षा के लिये प्राथमिकता देने का सुझाव दिया गया है।
5. देश भर के उच्च शिक्षा संस्थानों के लिये 'भारतीय उच्च शिक्षा परिषद' नामक एक एकल नियामक की परिकल्पना की गई है।
6. शिक्षा नीति में यह पहला परिवर्तन बहुत पहले लिया गया था लेकिन अबकी बार 2020 में जारी किया गया।

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के मुख्य बिंदु**

इस शिक्षा नीति में 10+2 के फार्मेट को पूरी तरह खत्म कर दिया गया है। अब इसे 10+2 से बांटकर 5+3+3+4 फार्मेट में ढाला गया है।



इस नए फार्मूले के नए पैटर्न में 3 साल की फ्री स्कूली शिक्षा को तथा 12 साल की स्कूली शिक्षा सम्मिलित की गई है। इस फार्मूले को सरकारी तथा गैर सरकारी संस्थानों को फॉलो करना अनिवार्य किया गया है।

**फाउंडेशन स्टेज-** नई शिक्षा नीति के फाउंडेशन स्टेज में 3 से 8 साल तक के बच्चों को सम्मिलित किया गया है। जिसमें 3 साल की प्री स्कूली शिक्षा को सम्मिलित किया गया है जिसके अंतर्गत छात्रों का भाषा कौशल तथा शैक्षिक स्तर का मूल्यांकन किया जाएगा और उसके विकास में ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

**प्रीपेटरी स्टेज -** इस स्टेज में 8 से 11 साल के बच्चों को सम्मिलित किया गया है जिसमें 3 से कक्षा 5 तक के बच्चे होंगे। नई शिक्षा नीति के इस स्टेज में छात्रों का संख्यात्मक कौशल को मजबूत करने पर विशेष ध्यान केंद्रित किया जाएगा वहीं सभी बच्चों को क्षेत्रीय भाषा का भी ज्ञान दिया जाएगा।

**मिडिल स्टेज -** इस स्टेज के भीतर छठवीं से आठवीं कक्षा तक के बच्चों को सम्मिलित किया गया है जिसमें छठवीं कक्षा के बच्चों से से ही कोडिंग सिखाना शुरू की जाएगा। वही सभी बच्चों को व्यवसायिक परीक्षण के साथ-साथ व्यवसाय इंटर्नशिप के अवसर भी प्रदान किए जाएंगे।

**सेकेंडरी स्टेज -** इस स्टेज में आठवीं कक्षा से 12वीं कक्षा तक के छात्रों को सम्मिलित किया गया है। इस स्टेज के भीतर आठवीं से 12वीं कक्षा के शैक्षिक पाठ्यक्रम को भी खत्म करके बहु वैकल्पिक शैक्षिक पाठ्यक्रम को शुरू किया गया है। छात्र किसी निर्धारित स्ट्रीम के भीतर नहीं बल्कि अपनी मनपसंद के अनुसार अपने विषयों को चुन सकते हैं। नई शिक्षा नीति के अंतर्गत छात्रों को विषयों को चुनने को लेकर स्वतंत्रता दी गई है, छात्र साइंस के विषयों के साथ-साथ आर्ट्स या कॉमर्स के विषय को भी एक साथ पढ़ सकते हैं।

**उच्च शिक्षा से संबंधित प्रावधान**

NEP-2020 के तहत उच्च शिक्षण संस्थानों में 'सकल नामांकन अनुपात' (Gross Enrolment Ratio) को 26.3% (वर्ष 2कि018) से बढ़ाकर 50% तक करने का लक्ष्य रखा गया है, इसके साथ ही देश के उच्च शिक्षण संस्थानों में 3.5 करोड़ नई सीटों को जोड़ा जाएगा।

NEP-2020 के तहत स्नातक पाठ्यक्रम में मल्टीपल एंट्री एंड एक्जिट व्यवस्था को अपनाया गया है, इसके तहत 3 या 4 वर्ष के स्नातक कार्यक्रम में छात्र कई स्तरों पर पाठ्यक्रम को छोड़ सकेंगे और उन्हें उसी के अनुरूप डिग्री या प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा (1 वर्ष के बाद प्रमाण-पत्र, 2 वर्षों के बाद एडवांस डिप्लोमा, 3 वर्षों के बाद स्नातक की डिग्री तथा 4 वर्षों के बाद शोध के साथ स्नातक)।

विभिन्न उच्च शिक्षण संस्थानों से प्राप्त अंकों या क्रेडिट को डिजिटल रूप से सुरक्षित रखने के लिये एक 'एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट' (Academic Bank of Credit) दिया जाएगा, ताकि अलग-अलग संस्थानों में छात्रों के प्रदर्शन के आधार पर उन्हें डिग्री प्रदान की जा सके।

नई शिक्षा नीति के तहत एम.फिल. (M.Phil) कार्यक्रम को समाप्त कर दिया गया।

**नई शिक्षा नीति से संबंधित चुनौतियाँ**

**राज्यों का सहयोग:** शिक्षा एक समवर्ती विषय होने के कारण अधिकांश राज्यों के अपने स्कूल बोर्ड हैं इसलिये इस फैसले के वास्तविक कार्यान्वयन हेतु राज्य सरकारों को सामने आना होगा। साथ ही शीर्ष नियंत्रण संगठन के तौर पर एक राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा नियामक परिषद को लाने संबंधी विचार का राज्यों द्वारा विरोध हो सकता है।

**महँगी शिक्षा:** नई शिक्षा नीति में विदेशी विश्वविद्यालयों में प्रवेश का मार्ग प्रशस्त किया गया है। विभिन्न शिक्षाविदों का मानना है कि विदेशी विश्वविद्यालयों में प्रवेश से भारतीय शिक्षण व्यवस्था के महँगी होने की आशंका है। इसके फलस्वरूप निम्न वर्ग के छात्रों के लिये उच्च शिक्षा प्राप्त करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

**शिक्षा का संस्कृतिकरण:** दक्षिण भारतीय राज्यों का यह आरोप है कि 'त्रि-भाषा' सूत्र से सरकार शिक्षा का संस्कृतिकरण करने का प्रयास कर रही है।

**फंडिंग संबंधी जाँच का अपर्याप्त होना:** कुछ राज्यों में अभी भी शुल्क संबंधी विनियमन मौजूद है, लेकिन ये नियामक प्रक्रियाएँ असीमित दान के रूप में मुनाफाखोरी पर अंकुश लगाने में असमर्थ हैं।

**वित्तपोषण:** वित्तपोषण का सुनिश्चित होना इस बात पर निर्भर करेगा कि शिक्षा पर सार्वजनिक व्यय के रूप में जीडीपी के प्रस्तावित 6% खर्च करने की इच्छाशक्ति कितनी सशक्त है।

**मानव संसाधन का अभाव:** वर्तमान में प्रारंभिक शिक्षा के क्षेत्र में कुशल शिक्षकों का अभाव है, ऐसे में राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के तहत प्रारंभिक शिक्षा हेतु की गई व्यवस्था के क्रियान्वयन में व्यावहारिक समस्याएँ भी हैं।

**निष्कर्ष–**केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 21वीं सदी के भारत की जरूरतों को पूरा करने के लिये भारतीय शिक्षा प्रणाली में बदलाव हेतु जिस नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 को मंजूरी दी है अगर उसका क्रियान्वयन सफल तरीके से होता है तो यह नई प्रणाली भारत को विश्व के अग्रणी देशों के समकक्ष ले आएगी। नई शिक्षा नीति, 2020 के तहत 3 साल से 18 साल तक के बच्चों को शिक्षा का अधिकार कानून, 2009 के अंतर्गत रखा गया है। 34 वर्षो पश्चात् आई इस नई शिक्षा नीति का उद्देश्य सभी छात्रों को उच्च शिक्षा प्रदान करना है जिसका लक्ष्य 2025 तक पूर्व–प्राथमिक शिक्षा (3–6 वर्ष की आयु सीमा) को सार्वभौमिक बनाना है। स्नातक शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, थ्री–डी मशीन, डेटा–विश्लेषण, जैवप्रौद्योगिकी आदि क्षेत्रों के समावेशन से अत्याधुनिक क्षेत्रों में भी कुशल पेशेवर तैयार होंगे और युवाओं की रोजगार क्षमता में वृद्धि होगी।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1 hi.M.wikipedia.org. राष्ट्रीय शिक्षा नीति।
2. औपनिवेशिक भारत में शिक्षा का विकास drishtiias.com
3. https://bhashaprakashan.com
4. https://sarkariguide.com ब्रिटिश कालीन शिक्षा के उद्देश्य
5. https://www.jagaran.com
6. www.mhrd.gov.in Ministry of Education
7. hindi.hvshq.org
8. https://www.education.gov.in

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# Representation of Women in Jane Austen Pride & Prejudice

Prof. Swati Sharma*

*Department of English, Govt. Holkar (Model Autonomous) Science College, Indore (M.P.) INDIA

**Abstract** - "Pride and Prejudice epitomizes the intricacies of societal conduct, delineating the multifaceted circumstances endured by women amidst the backdrop of nineteenth-century England. Jane Austen astutely portrays a woman's felicity as contingent upon marriage, wherein her social standing is inexorably tethered to the selection of a husband. While happiness and affection ostensibly underpin marital unions, material affluence and the possessions of the suitor hold paramount significance. Thus, a woman endeavors to sculpt her identity to meet the exacting standards requisite for matrimonial acceptance, for the stigma of spinsterhood consigns unmarried daughters to the status of familial burdens. Regrettably, women's aspirations and preferences are frequently disregarded within the patriarchal paradigm, wherein authoritative male voices predominate. Subjugated to submissive roles, their voices muted, women are constrained to traverse the paths dictated by their male counterparts. Austen's narrative starkly illustrates the absence of self-made women, ensnared as they are within the constricting confines of societal norms."

**Objectives:** The current paper aims to achieve the following objectives:

1. Investigate the influence of material possessions on individuals' lives during the specified era.
2. Analyze the relinquishment of women's individuality.
3. Assess the objectification of women.
4. Examine the treatment of women within the societal framework.
5. Explore the marginalization of women's rights.

**Introduction:** In the annals of 19th-century British literature, Jane Austen's "Pride and Prejudice" endures as a timeless masterpiece, captivating the hearts and minds of contemporary readers with its enduring tale of romance and resolution. Originally christened "First Impression" upon its initial publication in 1796, the novel underwent a titular transformation to its current iconic moniker in 1813. Austen's literary oeuvre, often described as comprising mere "two inches of ivory," intricately weaves narratives centered around fully realized female protagonists, renowned for their complexity and depth. Much like the novels of American luminary Henry James, Austen's works deftly navigate the intricate social tapestry of a narrow segment of society, where characters serve as the primary agents propelling the narrative forward.

Austen's narrative technique draws inspiration from various literary traditions, seamlessly blending elements of Restoration-era comedy of manners with the epistolary form popularized by Samuel Richardson. Moreover, traces of Romanticism subtly permeate the text, adding layers of depth and complexity to the overarching themes. "Pride and Prejudice" serves as a poignant reflection of the socio-cultural milieu of the Victorian era, offering a window into the lived experiences of women within a patriarchal society. Central to Austen's exploration is her nuanced portrayal of female characters, notably exemplified through the indomitable spirit of Elizabeth Bennet and her sisters. Through their trials and tribulations, Austen deftly navigates the intricate web of societal expectations, class dynamics, and the institution of marriage, challenging conventional notions of femininity and advocating for individual agency and autonomy. By scrutinizing Austen's depiction of women, this essay seeks to unravel the layers of complexity inherent in her feminist discourse, shedding light on the enduring struggles and triumphs of women in a society that often seeks to constrain their aspirations and curtail their freedoms.

**Contextualizing Women in Jane Austen's Historical Era:** Within the historical milieu surrounding women in Jane Austen's era, it becomes imperative to delve into the intricate tapestry of societal conventions and gender dynamics that profoundly influenced their lived realities. Austen's early literary endeavors, meticulously examined in the dissertation authored by (Hunt et al.), not only unveil her nascent feminist convictions but also underscore her palpable discontentment with the entrenched status quo endured by women of her time. These literary juvenilia, serving as precursors to her more mature literary endeavors, not only enrich the feminist discourse of the

epoch but also align Austen with the radical ideologies espoused by pioneering thinkers such as Mary Wollstonecraft.

Moreover, as elucidated by the scholarly discourse led by (Valentinova Georgieva et al.), Austen's celebrated novels, including the perennial favorite "Pride and Prejudice," serve as veritable repositories of insight into the prevailing matrimonial customs and societal norms governing courtship rituals within her social milieu. Through meticulous analysis of Austen's oeuvre against the backdrop of societal expectations and the constricting constraints imposed upon women, we are afforded a profound opportunity to unravel the intricacies of female representation within her literary corpus, particularly within the seminal framework delineated in "Pride and Prejudice."

**Portrayal of Female Characters in "Pride and Prejudice":** In scrutinizing the portrayal of female characters within "Pride and Prejudice," the adaptations and reimagining's of the original text wield significant influence in shaping the narrative depiction of women. Through an intricate examination of costume adaptations and reinterpretations in media platforms, exemplified by the acclaimed 1995 BBC mini-series and the 2005 cinematic rendition of "Pride and Prejudice," it becomes apparent that adapters exercise deliberate discernment in modifying female characters to imbue the narrative with feminist motifs. Nevertheless, as underscored by analyses of adaptations of literary works such as "Lolita" and "Sense and Sensibility," there exists a palpable peril in such revisions potentially diluting the resilience and autonomy of the original female personas.

The juxtaposition between Austen's authentic portrayals and the adapted characters in renditions like "Pride and Prejudice and Zombies" serves to accentuate the variances in cultural values and perceptions of femininity and fortitude. This exploration into the depiction of female characters in "Pride and Prejudice" unveils the intricate interplay between adaptation, representation, and the preservation of the innate robustness of Austen's female protagonists within the evolving narrative milieu.

**Social Norms and Limitations Encountered by Women in the Narrative:** Within Jane Austen's literary tapestry "Pride and Prejudice," the motif of societal expectations and the constrictions imposed upon women are intricately interwoven, constituting a fundamental thematic underpinning of the narrative. Through a meticulous examination of critical discourses pertaining to the portrayal of women in literature, particularly within the context of domesticity and prevailing societal norms, Austen engenders a rich and multifaceted exploration of the trials encountered by female protagonists such as Elizabeth Bennet and her siblings. Austen's narrative canvas serves as a reflective mirror to the intricate complexities inherent in navigating a society wherein gender roles and societal expectations are rigidly demarcated, thereby echoing the broader discourse surrounding gender dynamics prevalent within the literary canon.

As evidenced by scholarly inquiries into women's experiences in leadership roles and the nuanced interplay between gender, entrepreneurship, and leadership dynamics (cite6), Austen's rendering of the social panorama in "Pride and Prejudice" unveils the myriad pressures weighing upon women as they endeavor to conform to societal dictates whilst simultaneously endeavoring to challenge them. This thematic exploration reverberates harmoniously with the broader discourse concerning the construction of femininity and the negotiation of societal expectations within literary narratives (cite5), thus underscoring the seminal significance of Austen's oeuvre in elucidating the myriad constraints encountered by women in traversing the labyrinthine corridors of social hierarchies and societal expectations within the novel's thematic framework.

**Conclusion:** In summation, Jane Austen's "Pride and Prejudice" presents a rich and intricate portrayal of women amidst the backdrop of the Regency era. Through the captivating personas of characters like Elizabeth Bennet, Jane Bennet, and Charlotte Lucas, Austen skillfully challenges conventional gender paradigms, offering discerning insights into the myriad challenges and opportunities confronting women within society's confines. The novel eloquently underscores the significance of intellect, astuteness, and tenacity in negotiating the intricate web of societal expectations while striving for personal fulfillment. Moreover, Austen's deft exploration of themes such as matrimonial unions, social class dynamics, and individual autonomy imbues the female characters with a profound sense of depth, revealing their innate strengths and vulnerabilities within the patriarchal milieu of their time. In essence, "Pride and Prejudice" emerges as a timeless testament to the intricacies of womanhood, weaving a captivating narrative tapestry that continues to captivate and resonate with contemporary audiences.

**References:-**

1. Turner, Helen, "Defining the Home from Chopin to McCarthy".
2. Ahl, Aidis, Al Dajani, Babalola, Bandura, Baron, Bass, Baum, Bendassolli, Bennett, Bernard, Bhuiyan, Bjerke, Boal, Bourne, Bruin, Brush, Campbell, Chandler, Charmaz, Choi, Cogliser, Corbett, Daily, Datta, Davis, Den Hartog, Drucker, Dzisi, Eagly, Eddleston, Ehrlich, Elliott, Ensley, Erikson, Fairhurst, Foss, Franco, Gaglio, Garcia, Gilligan, Grant, Guest, Gundry, Hargittai, Heckathorn, Helgesen, House, Hughes, Hutchinson, Idris, Ireland, Izyumov, Jamali, James, Jennings, Jensen, Kakabadse, Karataº-Özkan, Katz, Kennedy, Kirkwood, Kobia, Kolb, Kotter, Kreiser, Kroeck, Kuratko, Lee-Gosselin, Leitch, Lewis, Lipman-Blumen, Lord, Lowe, Luthans, Maak, Matzler, McKie, Miles,

Mirchandani, Moore, Mumford, Nicolopoulou, Osborn, Patton, Pech, Phillips, Pless, Renko, Rosener, Saldana, Schacter, Schein, Schumpeter, Scott, Sevä, Shabbir, Shane, Shinnar, Smirnova, Stewart, Strauss, Tatli, Teal, Thomas, Thornberry, Timmons, Tlaiss, Van Emmerik, Wee, Werner, Youssef-Morgan, Zhu, Özbilgin, "A gender perspective on entrepreneurial leadership:female leaders in Kazakhstan", 2017

3. Hunt, Sylvia, "Hoydens, Harridans, and Hyenas in Pet-ticoats : Jane Austen's Juvenilia and their contribution to eighteenth-century feminist debate", 2008
4. Valentinova Georgieva, Ilianka, "The Marriage Politics in Jane Austen's Novels: Emma, Pride and Prejudice and Sense and Sensibility", 2018
5. DuChene, Courtney A, Ms., "Rewriting Women: A Feminist Examination of Lolita\u27s and Pride and Prejudice\u27s Costume and Revisionist Adaptations", 2019
6. McCoy, Rachel, "Strong Female Characters: Jane Austen\u27s vs. The Mashups\u27", 1979
7. DuChene, Courtney A, Ms., "Rewriting Women: A Feminist Examination of Lolita\u27s and Pride and Prejudice\u27s Costume and Revisionist Adaptations", 2019
8. "Evolution of a heroine: from Pride and prejudice to Bridget Jones's diary.", 2004

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# भारत में महिलाओं के विरूद्ध अपराध : एक सॉख्यकीय अध्ययन

**विनोद कुमार तिवारी***

* सहायक प्राध्यापक, एम.बी.खालसा लॉ कालेज, इंदौर (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** प्रत्येक मनुष्य स्वतंत्रता की कामना करता है, किंतु जन्म से जीवन के प्रत्येक पग पर परिस्थितियॉं उसकी स्वतंत्रता में व्यवधान उत्पन्न करती है। अपनी परतंत्रता का ज्ञान होने पर वह स्वतंत्र रूप से जीवन यापन का अधिकार चाहता है। पुरूष की तुलना में महिलाओं परतंत्रता ज्यादा, स्वतंत्रता कम होती है। जबकि परिवार की खुशहाली एवं शांति हेतु महिला की स्वतंत्रता ज्यादा महत्व रखती है क्योंकि **'यदि महिला खुश तो घर खुशहाल'** होता है। अत: नारी के बहुमुखी विकास के लिए उसे पूर्ण स्वतंत्रता का अधिकार मिलना अत्यंत आवश्यक है।

भारतीय समाज में महिलाएं एक लम्बे समय से अवमानना, यातना और शोषण का शिकार रही है, समाज की प्रथाओं, रीति-रिवाजों ने महिलाओं के उत्पीडन को ओर बढाया है, जिसका मुख्य कारण भारतीय समाज में पुरूषों की प्रधानता है। समाज में महिलाओं के उत्पीडन महिलाओं के प्रति अपराधों को रोकने के लिए भारत में बनाये गये कानूनों, महिला शिक्षा व्यवस्था एवं महिलाओं की आर्थिक प्रगति के उन्नयन हेतु बनायी गई योजनाओं के बाबजुद भी, महिलाओं से छेडछाड, बलात्कार, यौनशोषण उत्पीडन, दहेज, घरेलु हिंसा आदि अपराध आज भी हो रहे है तथा आकडे बताते है इनका ग्राफ बढ रहा है। मानव संसाधन मंत्रालय के महिला एवं बालविकास विभाग के एक प्रतिवेदन के अनुसार भारत में प्रत्येक 54 मिनिट में एक महिला का बलात्कार, 51 मिनिट में छेडछाड, 16 मिनिट में बदसलूकी तथा 101 मिनिट में दहेज के कारण हत्या होती है। इस शोध पत्र के माध्यम से महिलाओं के प्रति घरेलु हिंसा एवं अपराधों का अध्ययन किया गया है।

**शब्द कुंजी –** अपराध, हिंसा, उत्पीडन, दहेज, कनूनी संरक्षण।

**प्रस्तावना –** भारत में आपराधिक विधि के अन्तर्गत स्त्री तथा पुरूष दोनों के शरीर स्वास्थय तथा सम्पत्ति की सुरक्षा संबंधी प्रावधान संहिताबद्ध किये गये हैं परंतु महिलाओं के संबंध में कुछ विशिष्ट प्रावधान भी दिये गये है, जो कि सिर्फ महिलाओं को ही प्राप्त है तथा ऐसा उनकी विशिष्ट स्थिति को ध्यान में रखते हुए किया गया है तथा कुछ प्रावधान बाद में शामिल किये गये जिसका उद्देश्य महिलाओं को घरेलु हिंसा से बचाना है। इस संबंध में कुछ विशिष्ट प्रावधानों जैसे भ्रुण हत्या, बलात्कार एवं किसी स्त्री के पति या नातेदार द्वारा उसके प्रति क्रुरता का उल्लेख किया जा सकता है।

भारतीय दण्ड संहिता के अंतर्गत महिलाओं के विरूद्ध विभिन्न प्रकार के अपराधों को परिभाषित करते हुए उन्हें रोकने हेतु दण्डात्मक प्रावधान किये गये है।

भारत में घरेलु हिंसा से महिलाओं को संरक्षण प्रदान करने हेतु 2005 में घरेलु हिंसा से संरक्षण अधिनियम पारित किया गया। इसका उद्देश्य महिलाओं के साथ किसी भी तरह के भेदभाव को समाप्त करना तथा उनके मानवाधिकारों की सुरक्षा करना है। जहाँ महिला घर से बाहर अपने आप को असुरक्षित पाती है। वहीं परिवर्तित परिवेश में वह अपने आपकों घर के अंदर भी असुरक्षित महसूस करती है। तथा कई अवसरों पर वह अपने घर के सदस्यों अपने पति द्वारा तथा पति के रिश्तेदारों द्वारा भी प्रताडना का शिकार होती रहती है।

भारतीय संविधान में नारी-पुरूष, अमीर-गरीब, शिक्षित-अशिक्षित सभी को समान सुरक्षा प्रदान की गई है, स्त्री पुरूष सभी को समाजिक, आर्थिक प्रथा राजनीतिक न्याय देने का आश्वासन दिया गया है। संविधान के अनुच्छेद 14 के द्वारा कानून के समक्ष समानता तथा कानून का समान संरक्षण सभी को प्राप्त हैं। अनुच्छेद 15 (3) में महिलाओं एवं बच्चों को कुछ विशेष सुविधा प्रदान की गईहै, क्योंकि महिलाओं एवं बच्चों की स्वाभाविक प्रवृत्ति के कारण विशेष संरक्षण की आवश्कता होती है।

अनुच्छेद 21 के अनुसार किसी व्यक्ति को उसकी प्राण एवं दैहिक स्वतंत्रता से (चाहे महिला हो या पुरूष) विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया के बिना वंचित नहीं किया जा सकता है तथा सभ्य समाज में महिलाओं को भी यह अधिकार है कि वे गरिमामय जीवन जी सके।

**महिलाओं के विरूद्ध होने वाले अपराध** :- महिलाओं के खिलाफ अपराध विभिन्न प्रकार के होते है जैसे- वैश्यावृत्ति, तरस्करी, दहेज हत्या, बलात्कार, हमला, सामूहिक बलात्कार, कार्य स्थल पर उत्पीडन, एसिड हमला, अपहरण, आर्थिक लाभ के लिए यौन संबंध से जुडे अपराध आदि।

**बलात्कार :-** भारत में महिलाओं के खिलाफ बलात्कार चौथा सबसे आम अपराध है। राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरों (NCRB) की 2021 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार देशभर में 31677 बलात्कार के मामले दर्ज किये गये अर्थात औसतन प्रतिदिन 86 महिलाओं के साथ बलात्कार हुआ।

एनसीआरबी 2021 के आकडों के अनुसार राजस्थान में सर्वाधिक बलात्कार की घटनाए दर्ज की गई उसके बाद मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश का स्थान है। मेट्रो पालिटन शहरों में कोलकत्ता में बलात्कार के सबसे कम मामले दर्ज किये गये यहां बलात्कार की दर दर सबसे कम है।

2021 में किये गये एक नमूना सर्वे के आधार पर ह्रूमन राइट्स वॉच का अनुमान है कि भारत में हर साल 7200 से अधिक नाबालिगों (Minors)

के साथ बलात्कार किया जाता है।

**वेश्यावृत्ति** :- भारत को दुनिया के सबसे बडे व्यवसायिक 'सेक्स उद्योग' में से एक माना जाता है। भारत में सेक्स उद्योग अरबों डालर का है और सबसे तेजी से बढने वाले उद्योगों में से एक है। दैनिक भास्कर 28/05/2022 की रिपोर्ट के अनुसार भारत में 28 लाख से अधिक लडकिया वेश्यावृत्ति के पेशे में है। हमारे देश में वैश्यावृत्ति और कनूनी नहीं है, लेकिन इसके लिए किसी को फोर्स करना और सार्वजनिक वेश्यावृत्ति करना गैर कानुनी है। वेश्यालय का मालकाना हक भी अवैध है।

**तस्करी :-** महिलाओ और बच्चियों की तस्करी भारत में दूसरा सबसे बड़ा मानवाधिकार संबंधीत अपराध है। भारत में खास तौर से उत्तरपूर्वी राउयों की छोटी लड़कियों एवं युवा महिलाओं को एजेंट द्वारा उनके माता-पिता, संबंधियों को उनकी बेहतर पढ़ाई, नौकरी और पैसों का लालच देकर लाया जाता है, इसके बाद उन्हें धोखें से बंधुआ मजदूरी एवं यौन शोषण के लिए बेच दिया जाता है।

गैर सककारी संगठनल गेम्स 24/7 और कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रॅन्स फाउडेशन (KSCF) द्वारा किये गये अध्ययन से भारत में बाल तस्करी के बारे में चौकाने वाले आकड़े सामने आये है प्री कोविड से वोस्ट कोविड लड़कियों की तस्करी के आकड़ो में इजाफा हुआ है।

(NCRB) के आकाड़ो के मुताबिक 2020 से 2022 तक में वेश्यावृत्ति के लिए की जा रही महिलाओं की तस्करी के आकड़ो में 24% का इजाफा हुआ है। 2020 में जहां 1714 मामले दर्ज हुए थे तो 2022 में बढ़कर 2,250 हो गये।

**छहेज हत्या :-** हमारे देश में दहेज की प्रथा का आज भी प्रचलन है। सरकार द्वारा तमाम नियम कानुन बनाये जाने के बाद भी दहेज प्रकरण कम नहीं हो रहे है और आये दिन देश में रोज दहेज हत्याए हो रही है (NCRB) के रिपोर्ट के अनुसार 2017 से 2021 के बीच प्रतिदिन करीब 20 दहेज हत्याए दर्ज की गई है। 2017 से 2021 के बीच देश में 35,493 दहेज हत्याए हुई।

**कन्या भ्रूण हत्या :-** केन्द्र सरकार के आकड़ो पर आधारित व्यू रिसर्च सेंटर के एक सोध वर्ष 2000 से 2019 में कम से कम 9 मिलियन महिलाओं की भ्रुण हत्या की गई। शोध में पाया गया की इनमें से 86.7% भ्रुण हत्याए हिन्दुओं द्वारा इसके बाद 4.9% भ्रुण हत्या सिखों द्वारा तथा 6.6% भ्रुण हत्या मुसलमानों द्वारा की गई है। 2023 में हुए एक अध्ययन के अनुसार 8000 गर्भपात में से 7997 गर्भपात कन्या भ्रुण पर किये गये है।

**बाल विवाह :-** 2023 में हुए एक अध्ययन के अनुसार भारत में दस वर्ष से कम उम्र की बच्चियों के 7.84 मिलियन बाल विवाह हुए।

**एसिड अटैक :-** NCRB के आकड़ो के अनुसार भारत में 2019 में 150 वर्ष 2020 में 105 और वर्ष 2021 में 102 मामले एसिड अटैक के दर्ज किये गये।

**महिलाओं का अपहरण :-** भारत में 2022 के दौरान 21,278 पुरूषों 88,861 महिलाओं और 01 ट्रास्जेन्डर सहित कुल 1,10,140 लोगों के अपहरण रिपोर्ट किये गये। जिनमें से 1 गृह मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार 2019 से 2021 तक 13 लाख से अधिक लड़किया गायब हुई। जिनमें से 18 साल से अधिक उम्र की 10,61,648 लड़कियां 18 साल तक उम्र वाली 2,51,430 लड़किया शामिल है।

भारत के राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरों के अनुसार 2022 के दौरान भारत में महिलाओं के खिलाफ अपराधों में 4% वृद्धि दर्ज की गई है। इसमें पतियों और रिश्तेदारों द्वारा क्रूरता, अपहरण हमलो और बलात्कार के मामले शामिल है, 2020 में जहां महिलाओं के खिलाफ 3,71,503 मामले दर्ज हुए थे जो 2022 में बढ़कर 4,45,256 हो गये।

2023 की रिपार्ट में बताया गया है कि भारतीय दण्ड संहिता (I.P.C.) के तहत महिलाओं, के खिलाफ अपराधों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा पति या रिश्तेदारों द्वारा क्रुरता 31.4% महिलाओं का व्यपहरण और अपहरण 19.2% महिलाओं पर हमला, शीलभंग करने का इराद‌ा 18.7% और बलात्कार 7.1% प्रतिलाख जन संख्या पर, अपराध दर 2021 में 64.5% थी जो 2022 में 66.4% हो गई है।

**निष्कर्ष –** महिलाओं के खिलाफ अपराध एक वैश्विक घटना है और अपराधों के लिखाफ कदम उठाना और महिलाओं की सुरक्षा करना समय की मॉग है। हमारे समाज में महिलाओं को सुरक्षित महसूस कराना प्रत्येंक नागरिक की जिम्मेदारी है। गरिमापूर्ण एवं सम्मानित जीवन जीना प्रत्येक महिला का अधिकार है। महिलाएं सिर्फ मॉ, बहिन, बेटी नहीं है वे अपनी महत्वपूर्ण भूमिकाओं और कर्तव्यों के कारण हमारे समाज का मूल्यवान हिस्सा है। भारत में महिलाओं की सुरक्षा हेतु तमाम कानूनी प्रयास किये जा रहे है फिर भी वर्तमान आकड़ो से दर्शित होता है कि महिलाओं के प्रति अपराधों का ग्राफ बढ़ रहा है।

***अत: कानूनी प्रावधानों का सम्यक रूप से ईमानदारी पूर्ण किया चयन होना चाहिए तभी हमारे देश में महिलाओं के विरूद्ध अपराध विशेष रूप से यौन अपराधों में कमी आयेगी। साथ ही महिला सशक्तीकरण को और बढ़ावा देने की आवश्यकता है।***

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. सूर्य नाराण मिश्रा – भारतीय दण्ड संहिता
2. जे. एन. पाण्डे – भारत का संविधान
3. डॉ. बसंती लाल बाबेल – भारतीय दण्ड संहिता
4. NCRC रिपोर्ट- 2023
5. en.m.wikipedia.law
6. www.leadindia.law
7. https://medicamondiale.org

**************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# भरतपुर परिक्षेत्र की संस्कृति एवं पर्यटन

**डॉ. निमेश कुमार चौबीसा* रोहित सिंह****

* सहायक आचार्य, एस.बी.पी. राजकीय महाविद्यालय, डूंगरपुर (राज.) भारत
** शोधार्थी (इतिहास) गोविन्द गुरू जनजातीय विश्वविद्यालय, बांसवाडा (राज.) भारत

**प्रस्तावना –** महामहिम पंडित राहुल सांस्कृत्यायन के अनुसार मानव एक जंगम प्राणी है। अपने अविर्भाव के प्रारम्भ से ही उसकी प्रकृति घुमक्कड़ी रहती है।[1] उसकी यही प्रवृत्ति वर्तमान परिदृश्य में पर्यटन शब्द से संबोधित की जाती है। आज पर्यटन का प्रयोग न केवल मनोरंजन के लिए अपितु विभिन्न देशों की अर्थव्यवस्था को आधार प्रदान करने वाले तत्व के रूप में किया जाता हैं। वर्तमान में पर्यटन का महत्व कई स्वरूपो में दृष्टिगत होता है। प्राकृतिक सौन्दर्य के दर्शन के साथ-साथ मानवीय कला कौशल के अद्वितीय स्वरूपों का परिचय प्रदान करने में पर्यटन सहायक है।

भारत के पर्यटन मानचित्र पर राजस्थान का अपना महत्व है। प्रतिवर्ष हजारों की संख्या में पर्यटक राजस्थान में पर्यटन के उद्देश्य से आवागमन करते हैं। अपनी प्रारम्भिक स्थिति से वर्तमान स्वरूप प्राप्त करने की यात्रा से राजस्थान को सात संभागों में विभाजित किय गया है।[2] राज्य का प्रत्येक संभाग पर्यटन की दृष्टि से अद्वितीय स्थान रखता है। उक्त संभागों में उदयपुर, अजमेर, जयपुर, कोटा, जोधपुर, बीकानेर और भरतपुर की मुख्य भूमिका है। राज्य का भरतपुर परिक्षेत्र पर्यटन की दृष्टि से अत्यन्त धनी प्रदेश है।

राजस्थान का भरतपुर जिला रियासत काल में भरतपुर राज्य की राजधानी रहा है। इस राज्य की स्थापना राजा दशरथ के दूसरे पुत्र भरत के नाम पर हुई थी। इस राज्य के शासक एवं वंशज भरत के छोटे भाई लक्ष्मण की पूजा करते थे और उनका नाम मुद्राओं, हथियारों एवं महत्वपूर्ण दस्तावेजों पर अंकित किया करते थे।[3] वर्तमान भरतपुर जिला जिसे राजस्थान का पूर्वी प्रदेश द्वार के उपनाम से संबोधित किया जाता है। स्वयं में कई महत्वपूर्ण भौगोलिक परिदृश्य संजोए हुए है। जिले में कुछ भाग को मेवात प्रदेश के नाम से भी संबोधित किया जाता है।

भरतपुर जिले को राजस्थान का पूर्वी द्वार के नाम से संबोधित किया जाता है। राज्य के ब्रज क्षेत्र के राजधानी दिल्ली से लगभग 180 कि.मी. की दुरी पर स्थित है। भौगोलिक दृष्टि से यह जिला $26^{0}22'$ से $27^{0}83'$ उत्तरी अंक्षाश एवं 7653 से 7817 पूर्वी देशान्तर के मध्य स्थित है।[4] जिले का गठन भूतपूर्व देशी रियासत भरतपुर से ही सम्पन्न हुआ है। भरतपुर जिला राजस्थान राज्य के कुल क्षेत्रफल के 1.48 प्रतिशत भू-भाग लगभग 5066 वर्ग कि.मी. क्षेत्र में विस्तृत है।[5] सामान्यत: भरतपुर जिला राजस्थान का लगभग मैदानी जिला माना जाता है। जिसके उत्तरी एवं दक्षिणी भागों में कहीं-कहीं अरावली पर्वतमाला की पहाड़ियाँ विस्तृत दिखाई देती हैं। जिले की सीमा उत्तर से गुड़गाँव (हरियाणा), पूर्व में मथुरा और आगरा (उत्तर प्रदेश) दक्षिण में मुरैना (मध्यप्रदेश) और राजस्थान के धौलपुर जिले से मिलती है। राज्य के करौली और अलवर जिले इसका सीमांकन करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते है।[6]

**भरतपुर की संस्कृति**–विभिन्न देशों, राष्ट्रों, जातियों, सभ्यताओं, महापुरुषों, संस्कृतियों, रहस्यों और उनकी उपयोगिता के सार्थक विवेचन के लिए इतिहास महत्वपूर्ण साधन है। प्राचीन सभ्यता और संस्कृति इस तथ्य की प्रधान परिचायक रही है कि मानवीय जीवन का प्रत्येक घटनाक्रम किसी न किसी स्थान पर घटित हुआ है। अत: प्रत्येक शोध कार्य की उपादेयता हेतु उसे क्षेत्र की भौगोलिक, राजनैतिक, सांस्कृतिक पृष्ठभूमि का अवलोकन अनिवार्य हो जाता है।

राजस्थान के भरतपुर जिले की सांस्कृतिक परम्पराऐं और विरासत अत्यन्त प्राचीन है। राजस्थान का पूर्वी प्रवेश द्वार कहे जाने वाले भरतपुर परिक्षेत्र पर जाट राजपूत, मराठा और मुस्लिम शासकों सहित कई राजा-महाराजाओं के शासन का प्रभाव रहा है। परिणामस्वरूप यहां के सांस्कृतिक रीति-रिवाजों, भाषा, कला, वास्तुकला में व्यापक विविधताऐं पाई जाती है। यहाँ की संस्कृति अत्यन्त व्यापक और समृद्ध है। जिसमें सम्पूर्ण भारतीय सांस्कृतिक परिदृश्य विशेषत: बृज संस्कृति में इतिहास को अद्वितीय स्थान प्राप्त है। ज्ञान भंडार के विभिन्न विषयों में इतिहास ऐसा प्रधान विषय है। जिसके बिना मानव जाति अपनी उन्नति में असमर्थ है।

**संस्कृति से अभिप्राय –** मनुष्य अपनी अनिवार्य आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए प्राय: विभिन्न विधियों, प्रविधियों, उपकरणों रीति-रिवाजों और प्रभावों को जन्म देता है, जो पीढ़ी-दर-पीढ़ी हस्तांतरित होते रहते हैं। इन्हीं सब तत्वों के योग को संस्कृति शब्द से संबोधित किया जाता है। अन्य अर्थों में 'संस्कृति मनुष्य द्वारा अर्जित किया गया वह व्यवहार है जो पीढ़ी-दर-पीढ़ी हस्तांतरित होता रहता है।'

व्यक्ति का संबंध समाज और संस्कृति के साथ समान रूप से है। मानव व्यवहार में समाज और संस्कृति दोनों का महत्वपूर्ण आधार है। इस प्रकार व्यक्ति समाज और संस्कृति तीनों एक दूसरे पर अन्योन्याश्रित हैं। एक व्यक्ति का समग्र विकास समाज और संस्कृति दोनों से प्रभावित होता है। अत: स्पष्ट है कि जहाँ समाज का सामुहिक जीवन मानव के व्यवहार को प्रभावित करता है वहीं संस्कृति के नियम विधान मानव व्यवहार को दिशा प्रदान करते है।[7]

**संस्कृति की परिभाषाएँ –**समय-समय पर संस्कृति को विभिन्न विद्वानों द्वारा अलग-अलग अर्थो में परिभाषित किया गया है।

**श्री.कून के अनुसार :** 'संस्कृतिक उन विधियों का समुच्चय है, जिसमे

मनुष्य एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक सीखने के कारण रहता है।'

**हाबल के अनुसार :** 'संस्कृति सीखे हुए व्यवहार और प्रतिमानों का कुल योग है।'

**बोगार्डस के अनुसार :** 'संस्कृति किसी समूह के कार्य करने और विचार करने की समस्त रीतियों को कहते है।'

**रेडफील्ड के अनुसार :** 'संस्कृति कला और उपकरणों में उपस्थित परम्परागत ज्ञान का वह संगठित रूप है जो परम्परा के द्वारा संरक्षित होकर मानव समूह की विशेषता बन जाता है।'[8]

प्राय: समाज एवं संस्कृति में परस्पर सौहार्दपूर्ण मधुर और आध्यात्मिक संबंध होता है। जिसमें सामाजिक रीति-रिवाज किसी भी क्षेत्र के समाज की सांस्कृतिक दशा के निर्धारण में महत्वपूर्ण योगदान देते है। भरतपुर का सामाजिक संगठन मुख्यत: जाट राजपूत समुदाय से संबंधित था। यह सर्वविदित है कि जाट एक जाति नहीं होकर एक जीवित संस्कृति रही है। जिसका पल्लवन पोषण अतीत से वर्तमान तक सिंध और गंगा, यमुना के दोआब में मुख्यत: विस्तृत रहा है।[9] जिससे जाट संस्कृति के सभी मानवीय तत्व और रीति-रिवाज समाहित होते हैं। भरतपुर परिक्षेत्र के सामाजिक परिदृश्य में गुर्जर, अहीर, डूंग-कबीला, डागुर, पूनिया, भैनवार, चौधरी, सिनसिनवार, सोगरवाल, खूटेल, इंदौलिया आदि गौत्रों के जनसमुदाय समाहित हैं। भरतपुर राज्य के विकास में ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य और शूद्र सभी वर्गो द्वारा अमित योगदान दिया गया। जिसके फलस्वरूप वर्तमान में भी कई वंशों के वंशजों के नाम पर यहां पुरोहित मोहल्ला, सुनार गली, लवानियाँ मोहल्ला, गुर्जर मोहल्ला, कसाई गली (कायस्थ मोहल्ला) बड़ा मोहल्ला आदि मौजूद है। इसी प्रकार कुछ महत्वपूर्ण व्यक्तियों के नाम पर भी स्थानों के नाम दृष्टिगत होत है। जैसे वीरनारायण के नाम पर बी-नारायण गेट (वीर नारायण नागा साधु के नाम पर)[10] गोपालसिंह के नाम पर गोपालगढ़ आदि।

भरतपुर परिक्षेत्र में सामाजिक-सांस्कृतिक उत्सव कार्यक्रम क्षेत्र विशेष के समाजों में पारिवारिक अवसरों पर सामूहिक रूप से मनाये जाने वाले सामुदायिक उत्सव होते हैं। जिनमें वहाँ की संस्कृति की झलक दिखाई देती है। मानव को इसके अतीत एवं पूर्वजों से आबद्ध रखने में रीति-रिवाज प्रत्यक्ष साधन होते हैं। इस दृष्टि से भरतपुर परिक्षेत्र की संस्कृति में ही नहीं वरन् भारतीय संस्कृति में भी इनकी अहम् प्रधान भूमिका है। भरतपुर परिक्षेत्र की संस्कृति यहाँ के रीति-रिवाजों, उत्सवों और विविध कार्यक्रमों यथा-जन्म, सोभड़[11], छठी पूजन, सतमासा पूजन[12], नामकरण, लटूरिया (मुण्डन) दस्टोन (कुआँ पूजन)[13], विवाह[14] गोदभराई रातिजगा, भात आदि आयोजित किए जाते है। जो क्षेत्र विशेष की सामाजिक संस्कृति के परिचायक है। भरतपुर परिक्षेत्र में सभी सामाजिक उत्सवों पर अनेक प्रकार के गीत गाने का प्रचलन रहा है। यहाँ लगभग प्रत्येक सामाजिक उत्सव पर पृथक-पृथक गीत गाये जाते है जो क्षेत्र विशेष के सांस्कृतिक ताने-बानें को प्रदर्शित करते हैं। कुछ प्रमुख उत्सवों पर गाये जाने वाले गीत इस प्रकार हैं -

1. **सोभड+ के गीत**

**'आज महलों के बीच जच्चा ने सोर कियौ।**
**आवौ आवौ, सासु मेरी आवौ।।**
**मेरी सवारि के बीच चरूआ धराऔ आवौ, आवौ।**
**दाई री मेरी आवौ, नेंक हँसिक नारू कटावौ।।'[15]**

2. **छठी पूजन**

**'तेरे हाथ झुंझुना लाल रे।**
**बाबा के प्यारे खेलिरे, ताऊ के प्यारे खेलिरे।।**
**तेरी दादी खिलावै तू खेलिरे, तेरी ताई खिलावै तू खेलिरे।**
**तेरे फूफा लाए झुंझना, तेरी भूआ खिलावै तू खेलि रे।।'[16]**

3. **भात के गीत**

**'एरी सासू चलौ नौंति आमें भातु।**
**भात के मूडे देखी आवे जूनागढ़ के रूख।।**
**मैरा भईया नाओ-नाओ भतीजौ बाकी गौद कौन के न्योति आमे भातु।**
**मेरो बाबुल जोगी, जोगी बजावै हटतार।।'[17]**

4. **रातजगा (रात्रिजागरण) के गीत**

**'आगरे की गैल में लम्बों पेड़ खजूर।**
**बापै चढ़िके देखती मेरो बालम कितनी दूर।।**
**गैल भरतपुर बीच में परयो भुजंगी नाग।**
**खा लई होती बच गई व छैला के भाग।'[18]**

उपरोक्त गीतों के अतिरिक्त भरतपुर परिक्षेत्र की सामाजिक संस्कृति के वाहक गीत में अन्य कई उत्सवों के गीत सम्मिलित है। जैसे - विदाई के गीत, हल्दी की रस्म के गीत, कंगन डोरे के गीत, लटूरिया के गीत, गोदभराई के गीत आदि।

संस्कृति का प्रतिबिम्ब धर्मोपासना में भी दृष्टिगत होता है। जो कला एवं साहित्य के माध्यम से अपनी अभिव्यक्ति करती है। भरतपुर परिक्षेत्र की धार्मिक संस्कृति राजस्थानी और ब्रज संस्कृति का सम्मिश्रण है। यहाँ की धार्मिक संस्कृति यहाँ के देवालयों, धार्मिक उत्सवों, ब्रज परिक्रमाओं, रासलीलाओं में दृष्टिगत होती है। भरतपुर परिक्षेत्र का समाज उत्सव प्रिय समाज है। अत: यहाँ की सांस्कृतिक चेतना अत्यन्त प्रबल है, यही कारण है कि भरतपुर की धार्मिक संस्कृति अधिक सजीव एवं सम्पन्न है।

भरतपुर परिक्षेत्र के धार्मिक स्वरूप का परिदर्शन वहाँ की धार्मिक मान्यताओं, उत्सवों, कार्यक्रमों, रीति-रिवाजों में स्वत: ही हो जाता है। इस क्षेत्र के धार्मिक स्वरूप का उल्लेख विविध माध्यमों जैसे - अभिवादन मांगलिक कृत्य, आदि में दृष्टिगत होता है। इस क्षेत्र में अभिवादन का नया वाक्य 'राम-राम साहब' महाराजा सूरजमज द्वारा प्रारंभ किया गया जो आज भी समाज के लगभग सभी वर्गो द्वारा अपनाया जाता है।[19]

भरतपुर ब्रज संस्कृति से ओत-प्रोत क्षेत्र है, साथ ही यहाँ की लोक संस्कृति यहाँ के धार्मिक उत्सवों त्यौहारों, मेलों में दृष्टिगोचर होती है। इससे संबंधित एक लोकोक्ति क्षेत्र में प्रसिद्ध है कि 'सात बार नौ त्यौहार'।[20] यहाँ प्रत्येक ऋतु में कई उत्सवो का आयोजन होता है। जिनमें बसंतोत्सव, शिव चौदस, होली, देवीपूजन, (करौली की कैला माता), टेसू और सांझी पुजन, गंगा दशहरा, विजयादशमी, रामलीला, दीपावली, गोवर्धन पूजा, देव उठनी ग्यारस, गणगौर आदि उल्लेखनीय है जो क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करते है।

भरतपुर परिक्षेत्र में मौजूद विभिन्न हिन्दू सम्प्रदायों के देवालय क्षेत्र की धार्मिक संस्कृति का एक महत्वपूर्ण पक्ष हैं यहाँ कई सम्प्रदायों का विस्तार और विकास हुआ। जिनमें रामानंदी समुदाय, वल्लभ सम्प्रदाय, निम्बार्क सम्प्रदाय उल्लेखनीय है। सभी सम्प्रदायों से संबंधित अनेक धार्मिक स्थल क्षेत्र में आज भी अस्तित्व में है। भरतपुर की धार्मिक संस्कृति में मुस्लिम प्रभाव भी देखने को मिलता है। यहाँ कई मुस्लिम पीर दरवेशों की दरगाहें

आज भी मौजूद है। जिनमें मीर मुहम्मद पनाह, दलखाँ उर्फ दल्ला मेव दरगाह, अली आजम की दरगार, मीर पतासा दरगाह सैय्यद पीर अली आदि। उक्त विवरण से भरतपुर परिक्षेत्र के समन्वयवादी दृष्टिकोण के प्रत्यक्ष दर्शन प्राप्त होते है।[21]

लोक संस्कृति के सुदृढ़ संवाहक क्षेत्र विशष के मेले होते हैं। जिनमें क्षेत्र की लोक संस्कृति के चहूंमुखी पक्षों के दर्शन होते है। मेले किसी भी क्षेत्र की आंचलिक लोक रंजन और सहिष्णुता के प्रत्यक्ष साक्ष्य होते है। भरतपुर परिक्षेत्र के इन मेलों में मुख्यत: जसवंत प्रदर्शनी, डीग की जवाहर प्रदर्शनी, कांमा का भोजनथाली मेला, झील के बाडे क़ा मेला, भरतपुर की मंगलहाट आदि उल्लेखनीय है।[22]

भरतपुर परिक्षेत्र बहुरंगी लोक संस्कृति का प्रत्यक्ष उदाहरण रहा है। जहाँ मानवीय जीवन के प्रत्येक अंग प्रत्यंग में राधा कृष्णन की रामलीला समाहित है। वहीं क्षेत्र में सामाजिक एवं समूहगत रूप से क्षेत्रीय लोक सांस्कृतिक आमोद-प्रमोद के बहुरंगी साधनों के रूप मे रसियाँ, स्वाँग, नौटंकी-भगत, ख्याल, बम वादन, ब्याहुलौ और जिकरी गायन आदि का प्रमुख स्थान है।[23]

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**


1. राहुल सांस्कृत्यायन : घुम्मकड़ स्वामी, किताब महल इलाहबाद, दिल्ली, 2004, पृ. 1
2. गुप्ता मोहनलाल : भरतपुर संभाग का जिलेवार सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक अध्ययन, राजस्थानी ग्रंथागार, जोधपुर, 2018, पृ. 10
3. सिंह जितेन्द्र : राजस्थान में पंचायती राज एवं भारतीय विकास भरतपुर जिले की सेवर पंचायत समिति की ग्राम पंचायतों के संदर्भ में अध्ययन कोटा विश्वविद्यालय 2019, पृ. 190, अप्रकाशित शोध प्रबन्ध
4. राव कुँवर कनक सिह : धरोहर राजस्थान सामान्य ज्ञान, प्रभात प्रकाशन, दिल्ली, 2022 पृ. अ.27
5. व्यास कुलराज : जाट एवं मुगल ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक संबंध (18वीं सदी) भरतपुर धौलपुर के विशेष संदर्भ में कोटा विश्वविद्यालय कोटा, 2017, पृ .1
6. जिला सांख्यिकी की रूपरेखा 1971, भरतपुर जिला राजस्थान राज्य सांख्यिकी निदेशालय, राजस्थान, 1991
7. मुखर्जी, रविन्द्रनाथ, अग्रवाल भारत : 'समाजशास्त्र' एस.बी.पी.डी. पब्लिकेशन्स, आगरा 2015, पृ. 109-119
8. मीणा पप्पूराम : लोक संस्कृति की अवधारणा और राजस्थान का लोकजीवन, ज्योति पर्व प्रकाशन, दिल्ली, 2017, पृ. 17-25
9. कानूनगो, के.आर : जाटों का इतिहास, मयूर पैलेस लैक्स नोयड़ा, दिल्ली, 1996, पृ. 1-3
10. दीक्षित गोकुल चन्द्र : बृजेन्द्र वंश भास्कर, पृ. 183
11. सोभड़ : प्रसूता स्त्री के प्रसव को भरतपुर परिक्षेत्र में सोभड़ फैलने के नाम से पुकारा जाता है।
12. डॉ. गौरीशंकर सत्येन्द्र : साहित्य वानस्पति सेठ कन्हैयालाल : पौद्दार अभिनन्दन ग्रंथ, अखिल भारतीय ब्रज साहित्य मंडल, मथुरा, उत्तर प्रदेश, 1953, पृ. 913
13. टस्टोन - वस्तुत: यह जाति एटोम यज्ञ कहलाता है, जिसका भरतपुर परिक्षेत्र में आमजन 'दस्टोन' अपभ्रंश प्रचलित है।
14. विवाह : वैदिक सामाजिक व्यवस्थानुसार विवाह अनुलोम, प्रतिलोम दो भागों में वर्गीकृत थे। संगम साहित्य में विवाह के आठ प्रकारों का उल्लेख तोल्लकापियम् ग्रंथ से प्राप्त होता है।
15. गौरी शंकर सत्येन्द्र : पौद्दार अभिनन्दन ग्रंथ, अखिल भारतीय ब्रज साहित्य मण्डल, मथुरा, उ.प्र 1953, पृ. 913
16. मधुकर मोहनलाल : बृज की कला अरू संस्कृति, शताब्दी ग्रंथ प्रकाशन हिंदी साहित्य समिति भरतपुर, 2011, पृ. 176
17. (i) बदनसिंह चौधरी : बृज के ब्याह गीत, कुन्ता प्रकाशन आगरा, उत्तर प्रदेश 2007, पृ 36

    (ii) विश्वास कुमार : ब्रज व कौरवी लोक गीतों में लोक चेतना वाणी प्रकाशन, दिल्ली, 2021 पृ. 73-123
18. कुम्हेरिया देवकीनन्दन : ब्रजलोक वैभर, राजस्थान ब्रज भाषा अकादमी, जयपुर, (राज.), 1997, पृ. 116
19. सिंह गंगी : हिंदी साहित्य अकादमी, भरतपुर, 2010, पृ. 106
20. शर्मा रामदास : ब्रज की कला अरू संस्कृति, राजस्थान ब्रज भाषा अकादमी जयपुर, 2011, पृ. 104
21. (i) दीक्षित सूर्य प्रसार एवं सतीश चन्द्र : ब्रज संस्कृति विश्वकोश खंड - 2, भाग -1, ब्रज के सम्प्रदाय, वृन्दावन शोध संस्थान, 2018 के विविध पृष्ठ

    (ii) मित्तल पीडी : ब्रज के धर्म सम्प्रदायों का इतिहास, राजकमल प्रकाशन, दिल्ली, पृ. 165-175
22. मित्तल पी.डी. : ब्रज की संस्कृति का इतिहास, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली, 1965, पृ 170-180
23. चतुर्वेदी गिरीश कुमार : ब्रज की लोक संस्कृति, कल्पत: प्रकाशन, नई दिल्ली, 2009, पृ. 112-122


*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# निजी संग्रह में संग्रहित मौलिक स्रोत (निजी संग्रह : धर्मलाल शर्मा)

**डॉ. भगवती नागदा***

* सहायक आचार्य (इतिहास) गुरूनानक कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत

**प्रस्तावना –** राजस्थान के इतिहास में मेवाड़ की वीर भूमि अपने अप्रतिम शौर्य और आत्माभिमान के कारण विश्व विख्यात रही है। मेवाड़ को शिविजनपद[1] प्राग्वाट, मेदपाट, उदयपुर आदि नामों से जाना जाता है। मेवाड़ 'राजवंश के राजाओं ने सदैव अपनी मान–मर्यादा की रक्षा की है। यहाँ के कर्मनिष्ठ महाराजाओं ने विषम' परिस्थितियों में भी अपनी प्रजा का ध्यान रखा। मेवाड़ की सुन्दरता में अभिवृद्धि के लिए महाराजाओं ने कई रचनात्मक कार्य किए जो वर्तमान में भी असंख्य पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र है। उदयपुर में जनकल्याणकारी कार्य यथा उद्यान, स्कूल, अनाथालय, चिकित्सालय आदि का निर्माण किया गया। उद्यानों में नालियों तथा फव्वारों की व्यवस्था की गई। उद्यान के चारों ओर दीवारों का निर्माण किया गया। यहाँ के महाराणा उद्यानों को फलों के वृक्षों तथा फुलों से सुसज्जित करने के लिए बाहर से जैसे सहारपुर, कश्मीर, मद्रास आदि से बीज मंगवाते थे।[2] पौधों के साथ बड़, नीम तथा पीपल के वृक्ष भी लगवाए जाते थे।[3] उद्यानों में औषधीय वृक्षों को भी लगवाया जाता था, उद्यानों के निर्माण के लिए महाराणाओं ने सामन्तों, ब्राह्मणों, वेश्यों तथा मालियों को उदयपुर के हवाले के अन्दर व बाहर कई बीघा भूमि आवंटित की।[4]

हवाले शहर के अन्दर व बाहर स्थित थे सूरजपोल के बाहर का हवाला, हाथीपोल के बाहर का हवाला, हाथीपोल के अन्दर का हवाला आदि कहलाते थे।[5] इसके अलावा वृक्षों के नाम पर या अन्य पहचान चिन्ह के नाम पर भी हवालों का नामाकरण किया जाता था यथा पेमा का हवाला, इमली का हवाला आदि।[6]

मेवाड़ में उद्यान लगवाने के लिए भूमि को आवंटित किया जाता था तथा भू–स्वामियों को उनकी बाड़ियों तथा बावड़ियों के बदले अन्यत्र जमीन या गांव थे। दिए जाते थे इस बात की पुष्टि धर्मलाल शर्मा के निजी संग्रह से प्राप्त 'परवाने' से होती है[7]–



परवाने का मूल पाठ निम्नलिखित है–



सही

[illegible]

छाप

छाप

छाप

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

जीवा पीछोल्या नामक ब्राह्मण से उद्यान लगवाने के लिए भूमि ली गई लेकिन कुछ समय सरकार तथा भू-स्वामी के मध्य वाद-विवाद चला। महाराणा स्वरूप सिंह की उदार प्रवृत्ति के कारण उसे उसकी भूमि की एवज में दूधपूरा (टेकरी) में जमीन दे दी गई। महाराणा सज्जन सिंह, संग्राम सिंह एवं फतहसिंह के समय भी कई बाड़ियों का निर्माण हुआ[8] यथा सहेलियों की बाड़ी, शिकार बाड़ी, रजगा बाड़ी, वेणीराम विसर की बाड़ी आदि। इनके समय कई बागों जैसे चम्पा बाग, राम बाग, गोकुल बाग, जवान बाग, रस बाग, समोर बाग, भुवाणा बाग, जगमन्दिर व जगनिवास बाग आदि का भी निर्माण हुआ।[9]

मेवाड़ में स्वास्थ्य रक्षा हेतु कई अस्पताल खोले गए। महाराणा सज्जन सिंह के समय मेवाड़ में अनाथ लोगों के लिए अनाथालय खोले गये। मानसिक रूप से विकलांग व्यक्तियों के लिए पागलखाने की व्यवस्था की गई।[10] महाराणा फतहसिंह के काल में खांजीपीर नामक स्थान पर अनाथालय एवं पागलखाना खोला गया।[11]

धर्मलाल शर्मा के निजी संग्रह से एक कागजात प्राप्त हुआ है जिसमें हाई स्कूल व अनाथालय बनवाने की बात कहीं गई है-[12]



कागजात का मूल पाठ निम्नलिखित है -

|| श्री एकलिग जी || ||श्री रामजी||

सब डिस्ट्रीक्ट बनाम हस्ब जेल काबिज़ान

गीरवा जमील

नम्बरदार स्कूल को हाईस्कूल बनाने व यतीमखाना बनाने के लिए जमीन एक्वायर कर दीय जाने के सिलसिले में देवराम- जीतू- धर्मलाल- पीथा- स्थल सरकार के शिकमी काश्तकार को हिदायत दी जाती है के जमीन जो एक्वायर की गई है उसमे फसल नहीं बोवे - एवजाने की जमीन देने की कार्रवाई जारी है- जल्द ही कार्रवाई होगी

देवराम, जीतू, धमरलाल, पीथा

सरकार के शिकमी

मुतजाहुएहमेउजरहै

24-12-42

1942 में नम्बरदार स्कूल को हाई स्कूल बनाने तथा अनाथालय (यतीमखाना) बनाने के लिए धर्मलाल शर्मा की भूमि का अधिग्रहण किया गया। देवराम, जीतू, धर्मलाल, पीथा तथा स्थल के काश्तकारों को इस भूमि की एवज में दूसरी जगह भूमि दी जाएगी। इस सम्बन्ध में कार्यवाही चल रही है। यह हिदायत दी गई कि वह अपनी भूमि पर फसल नहीं बोए।[13] मेवाड़ में देवस्थान विभाग भी अनाथ लोगों की मदद करते थे[14] यतीमखाना के निर्माण से दरिद्र एवं अनाथ लोगों को आश्रय मिलता था। अत: महाराणाओं की उदार एवं सहिष्णुता पूर्ण नीतियों के कारण मेवाड़ का सामाजिक एवं सांस्कृतिक विकास अनवरत चलता रहा।

**सन्दर्भ ग्रन्थ सूची:-**

1. ओझा, गौरीशंकर हीराचन्द्र : 'उदयपुर राज्य का इतिहास' भाग-1, पृ. 1-2।
2. पडाखा बही, वि.सं. 1947, पृ. 191।
3. शोध पत्रिका, वर्ष 35, अंक 2, (प्रताप शोध प्रतिष्ठान, उदयपुर)
4. वही
5. बख्शीखाना बही, क्र.सं. 666 वि.सं. 1902 (राज. राज्य अभिलेखागार, उदयपुर)
6. वही
7. महाराणा स्वरूप सिंह कालीन परवाना (श्री धर्मलाल शर्मा के निजी संग्रह से)
8. उदयपुर गाइड एवं सिटी मेप (पर्यटन गाईड़)
9. बही, क्रसं. 666 वि.सं. 1902 (राज. राज्य अभिलेखागार, उदयपुर)
10. ओझा, गौरीशंकर हीराचन्द्र : 'उदयपुर राज्य का इतिहास' भाग-2, पृ. 837, श्यामलदास : वीर विनोद, भाग-2, खण्ड-3, पृ. 2196।
11. शर्मा बी.एन. : हकीकत बहिड़ा 'महाराजा फतेहसिंह जी ऑफ उदयपुर', महाराणा मेवाड़ पुस्तकालय, सिटी पैलेस, उदयपुर
12. धर्मलाल शर्मा के निजी संग्रह से प्राप्त कागजात
13. वही
14. देवस्थान विभाग की नियमावली (वार्षिक शाखा), मार्च 1992

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# The Impact of World Health Organization- 8 steps Guidelines in Manual Wheelchair Service Provision in Less Resourced Settings on Health, Education and Psychological Well-being of wheelchair Users with special reference to Chhatarpur, Madhya Pradesh

**Dr. Mitali Bajaj* Sheetal Kumari****

*Associate Professor (Education) Maharaja College, Ujjain (M.P.) INDIA
** Research Scholar, Maharaja College, Vikram University, Ujjain (M.P.) INDIA

**Introduction - "There is no greater disability in society than the inability to see a person as more."**
**- Robert M. Hensel**

The wheelchair is one of the most commonly used assistive devices for enhancing personal mobility, which is a precondition for enjoying human rights and living in dignity and assists people with disabilities to become more productive members of their communities. For many people, an appropriate, well-designed and well-fitted wheelchair can be the first step towards inclusion and participation in society.

In 2008, the World Health Organization (WHO) published Guidelines on the provision of Manual Wheelchairs in Less Resourced Settings (LRS), which emphasized the need for appropriate wheelchairs, with a provision system addressing design, production, supply and service delivery processes.

The Convention on the Rights of Persons with Disabilities and its Optional Protocol (1) were adopted by the United Nations General Assembly on 13 December 2006 to promote, protect and ensure the full and equal enjoyment of all human rights and fundamental freedoms by all persons with disabilities, and to promote respect for their inherent dignity.

Articles 20 and 26 of the Convention affirm that States Parties (i.e. governments or authorities) shall take effective measures to ensure personal mobility and rehabilitation by facilitating access to good quality mobility aids, devices and assistive technologies at an affordable cost, and to encourage entities that produce mobility aids, devices and assistive technologies

These guidelines seek to promote personal mobility and enhance the quality of life of wheelchair users by assisting Member States in developing a system of wheelchair provision to support the implementation of the Convention on the Rights of Persons with Disabilities. The guidelines focus on manual wheelchairs and the needs of long-term wheelchair users.

The guidelines are divided into five categories:

- Introduction
- Design and production
- Service delivery
- Training
- Policy and planning

Wheelchair services are commonly delivered in a sequence of steps. A summary of eight key steps typically involved in **wheelchair service delivery system** . This has been explained below:

1. **Referral and appointment:**The system of referral will depend on existing services in the country. Users may self-refer or be referred through networks made up of governmental or nongovernmental health and rehabilitation workers or volunteers working at community, district or regional level.
2. **Assessment:** Each user requires an individual assessment, taking into account lifestyle, vocation, home environment and physical condition.
3. **Prescription (selection)**:Using the information gained from the assessment, a wheelchair prescription is developed together with the user, family member or caregiver. The prescription details the selected wheelchair type, size, special features and modifications.
4. **Funding and Ordering:**A funding source is identified and the wheelchair is ordered from stock held by the service or from the supplier.
5. **Product Preparation:**Trained personnel prepare the wheelchair for the initial fitting. Depending on the product and service facilities, this may include assembly, and possible modification, of products supplied by manufacturers or production of products in the service

workshop.

**6. Fitting:** The user tries the wheelchair. Final adjustments are made to ensure the wheelchair is correctly assembled and set up.

**7. User training:** The user and caregivers are instructed on how to safely and effectively use and maintain the wheelchair.

**8. Follow-up, maintenance and repairs:** Follow-up appointments are an opportunity to check wheelchair fit and provide further training and support. If the wheelchair is found to be no longer appropriate, a new wheelchair needs to be supplied starting again from step 1.

**Background Of The Study:** The majority of studies find that persons with disability have lower employment rates and lower educational attainment than persons without disability. An analysis of the World Health Survey data for 15 developing countries suggests that households with disabled members spend relatively more on health care than households without disabled members.

People with disabilities are at greater risk of violence than those without disabilities. The ageing process for some groups of people with disabilities begins earlier than usual. People with disabilities are at higher risk of nonfatal unintentional injury from road traffic crashes, burns, falls, and accidents related to assistive devices. Mortality rates for people with disabilities vary depending on the health condition. Social deprivation has been a major contributor to these health inequalities, and people with mental health problems and learning disabilities were at a high risk of poverty. About 10% of the global population, i.e. about 650 million people, have disabilities. Studies indicate that, of these, some 10% require a wheelchair. It is thus estimated that about 1% of a total population – or 10% of a disabled population – need wheelchairs, i.e. about 65 million people world wide.In 2003, it was estimated that 20 million of those requiring a wheelchair for mobility did not have one.

**Statement Of The Research:** The present study is entitled "**The Impact of World Health Organisation- 8 steps Guidelines in Manual Wheelchair Service Provision in Less Resourced Settings on Health, Education and Psychological Well-being of wheelchair Users with special reference to Chhatarpur, Madhya Pradesh".**

**Operational Definition Of The Problem:** World Health Organization Eight Steps Guidelines on Manual Wheelchair Service ProvisionThe eight key steps typically involved in wheelchair service delivery are as follows:

1. Referral and appointment
2. Assessment
3. Prescription (selection)
4. Funding and ordering
5. Product preparation
6. Fitting
7. User training
8. Follow-up, maintenance and repairs

These guidelines focus on manual wheelchairs and the needs of long-term wheelchair users.These guidelines seek to promote personal mobility and enhance the quality of life of wheelchair users.Some of the important terminologies and its meanings have been listed below:

**Terminologies Meanings**

**Wheelchair:** a device providing wheeled mobility and seating support for a person with difficulty in walking or moving around

**less-resourced setting:** a geographical area with limited financial, human and infrastructural resources to providewheelchairs (a common situation in low- and middle-income countries, but also in certain areas of high-income countries)

**manual wheelchair:** a wheelchair that is propelled by the user or pushed by another person

**Appropriate wheelchair:** a wheelchair that meets the user's needs and environmental conditions; provides proper fit and postural support; is safe and durable

**wheelchair user:** a person who has difficulty in walking or moving around and uses a wheelchair for mobility

**personal mobility:** the ability to move in the manner and at the time of one's own choice

**wheelchair provision** an overall term for wheelchair design, production, supply and service delivery

**wheelchair service:** that part of wheelchair provision concerned with providing users with appropriate wheelchairs

**Health:** A wheelchair that is functional, comfortable and can be propelled efficiently can result in increased levels of activity, Independent mobility and increased physical function can reduce dependence on others making it an important factor in the Maintenance of Health. In addition to providing mobility, an appropriate wheelchair is of benefit to the physical health and a better quality of life of the user.

**Education:** Enhancing the scope of Education in Wheelchair users is a very important factor in the maintenance of a better and increased quality of life .

**Psychological Well-being:** Positive psychology is the scientific study of what makes life most worth living, focusing on both individual and societal well-being. It studies "positive subjective experience, positive individual traits, and positive institutions. It aims to improve quality of life.

Psychological wellbeing has two important facets. The first of these refers to the extent to which people experience positive emotions and feelings of happiness. Sometimes this aspect of psychological wellbeing is referred to as subjective wellbeing (Diener, 2000).

**Aims And Objectives Of The Study**

**Objectives :** To evaluate if WHO 8 steps guidelines in Service Delivery assist the wheelchair users get/optimize the Customized Wheelchair and appropriate services.

**Sub Objectives:**

1. To appraise how the First step – "Referral and Appointment" helps the Wheelchair users receive quality health care services
2. To assess how the Second step – "Assessment" supports the Wheelchair users go through proper channel of

Individual Assessment according to their individual needs.

3. To observe if the Third step – "Prescription (Selection)" assists the Health Personnel prescribe Specific wheelchair with detailing and special features for the Wheelchair users.

4. To analyze if the Fourth step – "Funding and Ordering" helps the Service Providers with the availability of the Wheelchair by the Suppliers.

5. To evaluate how the Fifth step – "Product Preparation" helps the Trained Personnel prepare the wheelchair for initial fitting for the Wheelchair users.

6. To judge if the Sixth step – "Fitting" assists the Wheelchair users perform the Trials of the wheelchairs followed by final adjustments.

7. To check if the Seventh step – "User Training" instructs the Wheelchair users and Caregivers use the wheelchair effectively and safely.

8. To measure how the Eighth step – "Follow-up, maintenance and repairs" provides opportunity to the Wheelchair users to check wheelchair fit and provide further training and support with advancing further repairs , maintenance and solving technical problems .

9. To assess if the WHO eight steps guidelines on Manual Wheelchair Service Provision are helping the wheelchair users to have an uninterrupted education.

10. To assess if the WHO eight steps guidelines on Manual Wheelchair Service Provision are assisting the wheelchair users gain Psychological Well-being (self-satisfaction, self-efficiency, sociable, mental health, interpersonal relationships).

**Hypotheses**

**Null Hypothesis:** There will be no significant relationship between WHO 8 steps Guidelines in Service Delivery to wheelchair users and obtaining a customized wheelchair as far as their health is concerned.

**Sub Hypotheses:**

1. There will be no significant relationship between First step –"Referral and Appointment" and receiving of quality health care services by users.

2. There will be no significant relationship between the Second step – "Assessment" and users going through Individual Assessment.

3. There will be no significant relationship between the Third step –"Prescription (Selection)" and assisting the Health Personnel with the detailing of the prescribed wheelchair.

4. There will be no significant relationship between the Fourth step – "Funding and Ordering" and the Service Providers with the availability of the Wheelchair by the Suppliers.

5. There will be no significant relationship between the Fifth step – "Product Preparation" and the Trained Personnel prepare the wheelchair for initial fitting for the Wheelchair users.

6. There will be no significant relationship between the Sixth step – "Fitting" and Wheelchair users performing the Trials of the wheelchairs followed by final adjustments.

7. There will be no significant relationship between the Seventh step – "User Training" and instructions made to the Wheelchair users and Caregivers to use the wheelchair effectively and safely.

8. There will be no significant relationship between the Eighth step – "Follow- up, maintenance and repairs" and providing opportunity to the Wheelchair users to check wheelchair fit and provide further training and support with advancing further repairs, maintenance and solving technical problems.

9. There will be no significant relationship between WHO eight steps guidelines on Manual Wheelchair Service Provision and wheelchair users having an uninterrupted education.

10. There will be no significant relationship between WHO eight steps guidelines on Manual Wheelchair Service Provision and the wheelchair users gaining Psychological Well-being (self-satisfaction, self-efficiency, sociable, mental health, interpersonal relationships).

**Methodology:** Methodology in research is defined as the systematic method to resolve a research problem through data gathering using various techniques, providing an interpretation of data gathered and drawing conclusions about the research data. Research methodology is the specific procedures or techniques used to identify, select, process, and analyze information about a topic. In a research paper, the methodology section allows the reader to critically evaluate a study's overall validity and reliability.

**Variables:** WHO Eight Steps Guidelines on Manual Wheelchair Service Provision in Less Resourced Setting is Independent variable.

Health of the Wheelchair Users is Dependent variable.
Education of the Wheelchair Users is Dependent variable.

**Population And Sample:** In this study the Wheelchair users or persons having the need of mobility aids of the organization, Christian Hospital located at Chhatarpur, Madhya Pradesh constitute as the Population of the study.

The sample size for the study will be estimated based on the population statistics on locomotor disability and the access to Wheelchairs as an assistive technology device. The Purposive Sampling Technique will be used in the study.

**Data Collection:** The data will be collected from the organization, Christian Hospital located at Chhatarpur, Madhya Pradesh based on the fact that Eight steps guidelines of World Health Organisation are being followed there. The needs of the Wheelchair users will be assessed thoroughly before making the prescription (selection) of the wheelchair along with appropriate wheelchair .Then new wheelchair would be delivered and fitted to the participant. During the same appointment, he/she would be trained on how to handle it, how to transfer, basic maintenance, and how to contact the Service Providers if they happen to face any issue going further. In this whole procedure the Eight Steps Guidelines of WHO will be followed by the Hospital. Versions of ICF by WHO like WHODAS 2.0, ICF-CY and

PWBS-2012 developed by Dr. Devender Singh Sisodia and Pooja Choudhary would be used as tools for the study.

**Tools:** The International Classification of Functioning, Disability and Health (ICF)

The International Classification of Functioning, Disability and Health (ICF) is a framework for organizing and documenting information on functioning and disability (WHO 2001). . It integrates the major models of disability - the medical model and the social model - as a **"bio-psycho-social synthesis"**.

**WHODAS 2.0:** The World Health Organization Disability Assessment Schedule is a generic assessment instrument developed by WHO to provide a standardized method for measuring health and disability across cultures

There are three modes of administering WHODAS 2.0: self-administered, by interview and by proxy. The WHODAS 2.0 raw item scores can be used as an ordinal scale that reflects the level of difficulty (starts from **"no difficulty"** and increases in an ordered fashion to **"mild", "moderate", "severe" or "extreme" difficulty)**. Each level indicates a higher degree of difficulty.The scale consists of **36 items** and covers six domains of life namely – **Cognition, Mobility, Self-care, Getting Along, Life Activities and Participation.**

**ICF-CY:** The **International Classification of Functioning, Disability and Health for Children and Youth (ICF-CY)** is derived from the International Classification of Functioning, Disability and Health (ICF) (WHO, 2001) and is designed to record the characteristics of the developing child**( birth to 18 years of age)** and the influence of its surrounding environment

**Psychological Well-being Scale:** In the present research, **Psychological Well-being Scale (PWBS-2012)** developed **by Dr. Devender Singh Sisodia and Pooja Choudhary** would be used. The scale consisted of 50 items and covered five dimensions, namely – satisfaction, efficiency, sociability, mental health and interpersonal relations. The test retest reliability was found to be 0.87 and the overall consistency value of the scale was 0.90.

**Variables Of The Study:** In the present study WHO Eight Steps Guidelines on Manual Wheelchair Service Provision in Less Resourced Setting is Independent variable.

In the present study Health of the Wheelchair Users, Education of the Wheelchair Users and Psychological Well-being of the wheelchair users are Dependent variables.

**Sample And Sampling Technique:** Sample refers to the proper representation of population. Sampling is the process of selecting a group of individuals from a population to study them and characterize the population as a whole.

In this study the Wheelchair users or persons having the need of mobility aids of the organization, Christian Hospital located at Chhatarpur, Madhya Pradesh constitute as the Population of the study.The Purposive Sampling Technique will be used in the study.

**Research Design:** This study employs a Quasi Experimental Research Design that aims at CAUSE AND EFFECT RELATIONSHIP like True Experimental Design.Quasi Experimental Research Design has following features :

1. No Random Assignment
2. Manipulation of an Independent Variable
3. Observes the effect of a dependent variable
4. Cause and Effect relationship
5. Emphasizes External Validity
6. Used in Field setting (Natural Setting)

The researcher has chosen to conduct experiment by employing **TIME SERIES DESIGN** among various designs that come under **Quasi Experimental Research Design**.

**References:-**

1. Nannar, Ramdas Kisan. (2008). Standardization of emotional intelligence inventory for school students. 22-04-2023,shodhganga, http://hdl.handle.net/10603/302235
2. Saha, Shovan. (2015). Outcomes of assistive technology in Indian population with locomotor disability.12-03-2022,shodhganga, http://hdl.handle.net/10603/44846
3. Tripathi, Sunita. ().A study on socio economic empowerment of women with disabilities.12-03-2022, shodhganga, http://hdl.handle.net/10603/221778
4. Routhier, François. (2003). Mobility of wheelchair users: A proposed performance assessment framework. 12-03-2022,Researchgate,https://www.researchgate.net/ publication/10929445
5. Gupta, Shivani. (2019).Barriers to using mobility devices in rural homes in low resource settings.12-03-2022,researchgate, https://www.researchgate.net/publication/348834889_
6. Retrieved February 14, 2023, from https://www.who.int/disabilities/publications/ technology/English%20Wheelchair% 20Guidelines%20(EN%20for%20the%20web).pdf Retrieved February 23, 2023, fromhttps://wheelchairnetwork.org/
7. Retrieved March 24, 2023, from
a. https://en.wikipedia.org/wiki/Disability#Terminology
8. Retrieved March 24, 2023, from https://en.wikipedia.org/wiki/Physical_disability
9. Retrieved April 3, 2023, from https://www.who.int/publications/i/item/9789241547482
10. Retrieved April 3, 2023, from https://www.statisticssolutions.com/dissertation- resources/research-designs/quasi-experimental-research-designs/
11. Retrieved January 7, 2023, from https://www.ncbi.nlm.nih.gov/pmc/articles/PMC4722611/
12. Retrieved April 14, 2023, from https://www.mygreatlearning.com/blog/introduction-to-sampling-techniques/
13. Retrieved April 14, 2023, from https://en.wikipedia.org/wiki/Positive_psychology
14. Retrieved April 14, 2023, from https://www.robertsoncooper.com/blog/what-is- psychological-wellbeing/

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# शिक्षा में सूचना और संचार प्रौद्योगिकी की प्रभावशीलता

**खुशबू परिहार***

* बी एड.+ एम.एड. 4th छात्र, महाराजा कॉलेज, उज्जैन (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी शिक्षा सहित अन्य क्षेत्रों के क्रियाकलापों को अत्यन्त प्रभावित कर रही है। यह पठन-पाठन से लेकर आंकलन मूल्यांकन तक शिक्षा के हर पहलू को प्रभावित कर रही है यह शिक्षा की प्रभावशीलता बढ़ाती है एवं साक्षरता के आन्दोलन में भी कभी मददगार है, रेडियों टेलीविजन, संगणक इंटरनेट, मोबाईल, सोशल साइटस आदि का उपयोग आज शिक्षा के क्षेत्र में अल्पकनीय एवं विस्तृत है। शिक्षा चाहे किसी भी क्षेत्र के लिए हो एवं सूचना जिसे जन-जन तक पहुँचाना है, वह सूचना प्रौद्योगिकी के विकास से ही संभव हो पाया है।

मनुष्य प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष दोनों तरीकों से ज्ञान प्राप्त कर सकता है। जब कभी किसी कारणवश कोई विद्यार्थी प्रत्यक्ष रूप से ज्ञान प्राप्त करता है।

सूचना एवं संचार तकनीकी से मानव जीवन का शायद ही कोई ऐसा क्षेत्र हो जो इसके अनुप्रयोग से अछूता रह गया होगा इसकी प्रमुख आवश्यकताओं को निम्नबिन्दुओं में व्यक्त कर सकते हैं :

1. शिक्षा की बढ़ती हुई मांग की पूर्ति हेतु व विद्यार्थियों की शैक्षिक एवं व्यावहारिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए।
2. देश एवं राज्य के प्रत्येक दूरस्थ व दुर्गम क्षेत्र तक गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा की पहुँचे बनाने हेतु।
3. शिक्षण अधिगम प्रक्रिया को रूचि कर, सरल, सुगम एवं बोधपूर्ण बनाने हेतु।
4. देश व राज्य के प्रत्येक दूरस्थ व दुर्गम क्षेत्र तक गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा की पहुँच बनाने हेतु।
5. शैक्षिक सूचनाओं एवं आँकड़ों के संकलन, संग्रह व उपलब्धता का एक आधारभूत मंच बनाना जो की सभी के लिए सव्रसुलभ हो।

सूचना और संचार प्रौद्योगिकी शिक्षा सहित हर क्षेत्र को अत्यन्त प्रभावित कर रही है। आज कल शिक्षा क्षेत्र में विशेष रूप से शैक्षणिक गतिविधियों में प्रौद्योगिकी को सशक्त करने की प्रक्रिया में सूचना और संचार प्रौद्योगिकी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। प्रौद्योगिकी छात्र के ज्ञान को बढ़ाने का सबसे प्रभावशाली तरीका हो सकता है।

शिक्षा में सूचना और संचार प्रौद्योगिकी का आयोग शिक्षा की प्रभावशीलता को बढ़ाते हुए अध्यायन और अध्ययन की गुणवत्ता बढ़ाता है इसने अध्ययन में एक नया आयाम जोड़ा है जो उपलब्ध नहीं था। विद्यालय में सूचना संचार प्रौद्योगिकी की शुरूआत के बाद में छात्रों की पारम्परिक कक्षा के वातावरण की तुलना में प्रौद्योगिकी वर्धित वातावरण में पढ़ना ज्यादा स्फूर्ति दायक और रूचि कर लगता है।

कक्षा में और उसके अतिरिक्त पढ़ाई में सुधार लाने के लिए सूचना संचार प्रौद्योगिकी उत्प्रेरक की भूमिका निभाता है एक सामग्री प्रदाता का चयन करने से पहले व्यक्ति को अच्छी तरह से सोचना समझना चाहिए, क्योंकि सामग्री ही प्रमुख होती है स्मार्ट क्लास एजुकेशन प्रा. लि. के निदेशक है।

वर्तमान में मानव जीवन का प्रत्येक पहलू सूचक एवं संवाद प्रौद्योगिकी से अछूता नहीं है उसी प्रकार शिक्षा का क्षेत्र भी इसके अभावों से अप्रभावित नहीं रहा है नये-नये साधनों का बढ़ता उपयोग आज शिक्षा के क्षेत्र को इस नवीन तकनीकी से जोड़ता जा रहा है इन साधनों में मुख्य है – रेडियों, इण्टरनेट टेलीकॉन्फ्रेसिंग मोबाइल फोन कम्प्यूटर आदि।

शिक्षा का कोई भी भाग या क्षेत्र जैसे विधियों, शैक्षिक प्रक्रिया, उद्देश्य तथा शोध का विषय सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग के बिना आज सम्पूर्ण होना नहीं दिखाई नहीं देता वर्तमान में चाहे छात्राध्यापकों के ज्ञान से सम्बन्धित समस्याएँ हो या उनमें कार्य व्यापार की समस्याएँ हो सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी की जरूरत के बिना पूर्ण नहीं हो पा रही है वर्तमान में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी का क्षेत्र के अत्यन्त शक्तिशाली भी होता जा रहा है।

शिक्षा जगत में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी का उपयोग अध्ययन की समस्त क्रियाओं में किया जाने लगा है। विद्यालय कला कौशल में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी इतनी समृद्धि एवं शक्तिशाली होती जा रही है कि छात्रों के अध्ययन और छात्राध्यापकों के अध्यापन तथा उनके परीक्षण में इसका महत्व बढ़ता ही जा रहा है आज शैक्षिक तकनीकी की पुरानी परिकल्पना में इस प्रौद्योगिकी ने अभूतपूर्व परिवर्तन ला दिया है।

सूचना एवं संचार तकनीकी से तात्पर्य उस सूचना सम्प्रेषण तकनीकी से है, जिसके माध्यम से सम्प्रेषण कार्य अत्यधिक प्रभावीढ़ंग से सम्पन्न किया जाता है इसका संबंध वैज्ञानिक तकनीकी के ऐसे संसाधनों व साधनों से होता है जिसके माध्यम से त्वरितगति से सूचनाओं को प्रभावी आदान-प्रदान होता है।

सूचना एवं संचार तकनीकी द्वारा विद्यार्थियों को उनकी योग्यतानुसार पाठ्य सामग्री को बोधगम्य बनाकर अधिगम कराने में सहायक है। सूचना एवं संचार तकनीकी शिक्षण अधिगम प्रक्रिया को सरल, सुबोध एवं सुगम बनाने में सहायक है।

सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी क्षेत्र एक गतिशील क्षेत्र है और तेज ट्रांसमिशन और अधिक क्षमता की माँग लगातार बढ़ रही है।

सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी में ऐसे उत्पाद शामिल है जिनसे इलेक्ट्रॉनिक जानकारी संग्रहीत, संसाधित संचारित बदली डुप्लीकेट या प्राप्त की जाती है सूचना एवं संचार में एनलॉग तकनीक भी शामिल है।

सूचना और संचार प्रौद्योगिकी का दूसरा कार्य होता है सूचनाओं का सम्प्रेषण अर्थात् सूचना को एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुँचाना जिसके लिए विभिन्न प्रकार के माध्यम भी है।

सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी का अगला कार्य होता है सूचना का प्रोसेसिंग जिसमें एक नए अनुसंधानों को जगह प्राप्त होती है इस कार्य के लिए कम्प्यूटर अत्यधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है शिक्षाविद् कहते है कि सूचना तकनीकी ज्ञान कौशल तथा अभिवृत्ति प्रदान करने की एक नवीन तथा उभरती हुई विशिष्ट आवश्यकताओं की पूर्ति करने वाली एक शैक्षिक प्रक्रियाहै।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. व्यक्तिगत शोध के आधार पर।

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# राज्य राजनीति में राज्य नेतृत्व परिवर्तय की भूमिका का विश्लेषण

**डॉ. मनोज कुमार भारी***

* सह आचार्य (राजनीति विज्ञान) आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, जयपुर (राज.) भारत

**शोध सारांश –** भारतीय राज्य राजनीति में राज्य नेतृत्व की महत्वपूर्ण भूमिका है। मुख्यमंत्री राज्य की राजनीति में मुख्य व्यक्ति होते हैं और उनका कार्य नीति निर्माण, प्रशासन, और राज्य के हितों का प्रतिनिधित्व करने में होता है। उनकी नेतृत्व शैली और शासन में प्रभावशीलता राज्य के राजनीतिक परिदृश्य को आकार देती है। मुख्यमंत्री चुनाव के दौरान एक महत्वपूर्ण संपत्ति है, उनके नेतृत्व से पार्टी के भाग्य पर दीर्घकालिक प्रभाव पड़ सकता है, जैसे कि वे संकटों को कैसे संभालते हैं और राजनीतिक विवादों का प्रबंधन करते हैं। राज्य नेतृत्व की अनुभव, संवाद क्षमता और क्षेत्रीय मुद्दों के संबोधन में महत्वपूर्ण भूमिका होती है। भारतीय राजनीति में मुख्यमंत्रियों के कार्यकाल के दौरान उनकी कार्यशैली और प्रभावशीलता उनकी पार्टी और राजनीतिक परिदृश्य को आकार देती है।

राज्यों में मतदाताओं की प्राथमिकताएं और मतदान पैटर्न का अंतर विभिन्न कारकों से प्रभावित होता है। इसलिए, नेतृत्व बदलने या बनाए रखने का निर्णय लेते समय प्रदेश के राजनीतिक संदर्भ को ध्यान में रखना जरूरी होता है। पश्चिम बंगाल में पुराने राजनैतिक दलों की लंबी शासनकाल एक विकल्पहीन सिद्धांत का परिचायक है, जो नेतृत्व परिवर्तन को अधिक मुश्किल बनाता है। विपक्षी दलों के पास सरकार में प्रवेश का सामर्थ्य बनाए रखने के लिए अधिक विकल्प होना चाहिए। राज्यों में राजनीतिक दिशा और अपेक्षाएं विकसित नेतृत्व के माध्यम से बदलती हैं। भारतीय राजनीति में पूर्व मुख्यमंत्रियों के पदमुक्ति के विभिन्न कारण है –आंतरिक प्रतिद्वंद्विता, पार्टी नेतृत्व में बदलाव, क्षेत्रीय बनाम राष्ट्रीय फोकस और वैचारिक बदलाव जैसे हैं।

**शब्द कुंजी –** राजनीतिक गठबंधन, राजनीतिक प्रासंगिकता, राजनीतिक रणनीतियाँ, राजनीतिक चालबाजी, अंतर–पार्टी गतिशीलता –प्रबंधन, वित्त पोषण, सुव्यवस्था प्रबंधन।

**प्रस्तावना –** भारतीय राजनीति में राज्य नेतृत्व परिवर्तय की भूमिका को समझने के लिए बहुआयामी कारकों की आवश्यकता है जो उनकी राजनीतिक प्रासंगिकता को प्रभावित करते हैं। नेताओं की सक्रियता और उनकी विचारशीलता उनके राजनीतिक अभिनय को महत्वपूर्ण बनाती है। भारतीय राज्य राजनीति में राज्य नेतृत्व की भूमिका का विश्लेषण शासन की गतिशीलता, राजनीतिक निर्णय लेने और राज्य सरकारों के कामकाज को समझने के लिए महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री राज्य की राजनीति में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति होते हैं। वे राज्य सरकार के प्रमुख होते हैं और नीति निर्माण, प्रशासन और राज्य के हितों का प्रतिनिधित्व करने में केंद्रीय भूमिका निभाते हैं। राज्य नेतृत्व, मुख्य रूप से मुख्यमंत्री, राज्य के शासन और प्रशासन के लिए जिम्मेदार होता है। प्रभावी शासन प्रदान करने, कानून और व्यवस्था बनाए रखने और सार्वजनिक सेवाएं प्रदान करने की उनकी क्षमता उनकी लोकप्रियता और राज्य के राजनीतिक परिदृश्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव डालती है। वह राज्य मंत्रिमंडल का नेतृत्व करते हैं और निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में शामिल होते हैं। नीतियों को लागू करने, गंभीर मुद्दों को संबोधित करने और चुनौतियों का जवाब देने की उनकी क्षमता की नागरिकों और राजनीतिक पर्यवेक्षकों दोनों द्वारा बारीकी से जांच की जाती है। मुख्यमंत्रियों सहित राज्य के नेता अक्सर अपने राजनीतिक प्रभाव को बनाए रखने या विस्तार करने के लिए रणनीति बनाते हैं। वे अन्य दलों के साथ गठबंधन बनाते हैं, अंतर–पार्टी गतिशीलता का प्रबंधन करते हैं, और अपनी स्थिति को मजबूत करने के लिए राजनीतिक चालबाजी में संलग्न होते हैं। राज्य नेतृत्व केंद्र सरकार और अन्य राज्यों के साथ व्यवहार में राज्य के हितों का प्रतिनिधित्व करता है। राज्य के लिए संसाधन और वित्त पोषण सुरक्षित करने की उनकी क्षमता महत्वपूर्ण है।

राज्य राजनीति में मुख्यमंत्री अक्सर राज्य स्तर पर अपने राजनीतिक दल के भीतर एक प्रमुख नेता होते हैं। पार्टी के भीतर उनकी भूमिका, जिसमें केंद्रीय नेतृत्व के साथ उनके संबंध भी शामिल हैं, पार्टी की एकजुटता और चुनावी रणनीतियों को प्रभावित करती है। मुख्यमंत्री की लोकप्रियता और जनता की धारणा उनकी पार्टी की चुनावी संभावनाओं पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकती है। मुख्यमंत्री, राज्य सरकार के प्रमुख के रूप में, राज्य की राजनीति के आधार के रूप में कार्य करते हैं। उनकी नेतृत्व शैली और शासन में प्रभावशीलता राज्य के राजनीतिक परिदृश्य को आकार देने में सहायक होती है।

एक लोकप्रिय मुख्यमंत्री चुनाव के दौरान एक मूल्यवान संपत्ति हो सकता है। वह संकटों को कैसे संभालते हैं, चाहे प्राकृतिक आपदाएं हों, सार्वजनिक स्वास्थ्य आपात स्थिति हों, या राजनीतिक विवाद हों, उनके नेतृत्व और पार्टी के भाग्य पर दीर्घकालिक प्रभाव पड़ सकते हैं। राज्य के नेताओं के लिए सत्ता विरोधी भावनाओं को प्रबंधित करना एक निरंतर चुनौती

है। शिकायतों को दूर करने, उपलब्धियों को प्रदर्शित करने और मतदाताओं के साथ प्रभावी ढंग से संवाद करने की उनकी क्षमता चुनावी परिणामों को प्रभावित कर सकती है। राज्य नेतृत्व को क्षेत्रीय और राज्य-विशिष्ट मुद्दों को प्रभावी ढंग से संबोधित करना महत्वपूर्ण है। जिन राज्यों में गठबंधन सरकारें आम हैं, वहां गठबंधन सहयोगियों को प्रबंधित करने और विविध हितों को संतुलित करने में मुख्यमंत्री की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। उनका शासन, निर्णय लेने की क्षमता, राजनीतिक रणनीतियाँ और अपने राज्य की आबादी की विशिष्ट आवश्यकताओं और आकांक्षाओं को संबोधित करने की क्षमता सभी राज्य स्तर पर राजनीतिक परिदृश्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सफल राज्य नेतृत्व के परिणामस्वरूप सत्ता में एक राजनीतिक दल की निरंतरता बनी रह सकती है, जबकि असफलताओं या असंतोष के कारण चुनावी प्रक्रिया के माध्यम से नेतृत्व में बदलाव हो सकता है।

मुख्यमंत्री पद के चयन के लिए निश्चित आयु सीमा एवं सुस्वस्थता, विधायकों सहित दलीय नेतृत्व का पूर्ण विश्वास तथा सहयोगी दलों की पसंदगी, कौशल-अनुभव लगभग अपरिहार्य घटक हैं, जिन्हें मुख्यमंत्री पद के लिए सामान्यत: जरूरी समझा जाता है, लेकिन ये नियम राज्य और केंद्र की परिस्थितियों के सन्दर्भ में अत्यधिक परिवर्तनीय भी हैं। इस पदधारक से यह सामान्य अपेक्षा रहती है कि वह पार्टी के विचार और गठबंधन का पालन करे, सरकार के सञ्चालन में सक्रिय रहकर सुव्यवस्था प्रबंधन की निगरानी करे, सरकार के स्थायित्व और सुरक्षा हेतु विधानसभा में बहुमत को बनाये रखे, कानून और संविधान के मानकों का पालन करे, सामान्य एवं आपात कालीन स्थितियों का प्रबंधन करे, राज्य और केंद्र सरकार के बीच सहयोगी सम्बन्ध बनाये रखे, राज्य के विकास के साथ स्वयं के दल के आदर्शों की प्राप्ति में अपेक्षानुरूप कार्य करे इत्यादि। भारतीय राजनीति में मुख्यमंत्रियों के कार्यकाल समाप्त होने के बाद उनकी भूमिकाओं या प्रभाव को उनकी पार्टियों की स्थिति और परिवर्तित राजनीतिक परिदृश्य में उनकी स्वीकार्यता से समझा जा सकता है। भारत के सर्वाधिक समय तक मुख्यमंत्री पद पर आसीन रहे प्रकरणों को अध्ययन की सुविधा के लिए 10-13, 13-15, 15-20 तथा 20 वर्ष से अधिक कालखंड में निम्न प्रकार वर्गीकृत किया जा सकता है -

पवन कुमार चामलिंग- सिक्किम, सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंटय नवीन पटनायक- ओडिशा बीजू जनता दल, ज्योति बसु-पश्चिम बंगाल, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी), गेगोंग अपांग-अरुणाचल प्रदेश, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस,अरुणाचल कांग्रेस, यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट, ललथनहवला- मिजोरम, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेसय वीरभद्र सिंह-हिमाचल प्रदेश, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का नाम भारत में 20 वर्ष या अधिक समय तक राज्य के मुख्यमंत्री पद के दायित्व को संभालने वाले राजनेताओं में शामिल है।

इसी प्रकार माणिक सरकार-त्रिपुरा, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी), एम करुणानिधि- तमिलनाडु, द्रविड़ मुनेत्र कड़गमय प्रकाश सिंह बादल-पंजाब, शिरोमणि अकाली दल, यशवंत सिंह परमार- हिमाचल प्रदेश, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, श्री कृष्ण सिन्हा- बिहार, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, नीतीश कुमार-बिहार, समता पार्टी, जनता दल (यूनाइटेड), मोहन लाल सुखाड़िया- राजस्थान, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेसय नेफ्यू रियो-नागालैंड, नागा पीपुल्स फ्रंट, नेशनलिस्ट डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टीय शिवराज सिंह चौहान- मध्य प्रदेश, भारतीय जनता पार्टीय प्रतापसिंह राणे-गोवा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, एस. सी. जमीर- नागालैंड, यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट-प्रोग्रेसिव, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेसय शीला दीक्षित- दिल्ली, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेसय रमन सिंह- छत्तीसगढ़, भारतीय जनता पार्टीय ओकराम इबोबी सिंह- मणिपुर, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेसय तरूण गोगोई-असम, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेसय जोरमथंगा- मिजोरम, मिजो नेशनल फ्रंटय अशोक गहलोत- राजस्थान, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का नाम उन मुख्यमंत्रियों में शामिल है जिन्होंने 20 वर्ष से कम परन्तु कम से कम 15 वर्ष या अधिक समय तक मुख्यमंत्री पद पर कार्य किया।

विलियमसन ए संगमा- मेघालय, ऑल पार्टी हिल लीडर्स कॉन्फ्रेंस, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, बिधान चंद्र रॉय- पश्चिम बंगाल, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, जे. जयललिता- तमिलनाडु, अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम, एन. रंगास्वामी- पुडुचेरी, अखिल भारतीय एन.आर. कांग्रेसय नर बहादुर भण्डारी- सिक्किम, सिक्किम जनता परिषद, सिक्किम संग्राम परिषद, एन. चंद्रबाबू नायडू- आंध्र प्रदेश, तेलुगु देशम पार्टीय जानकी बल्लभ पटनायक- ओडिशा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने 13 वर्ष से अधिक परन्तु 15 वर्ष से कम समय तक राज्य के मुख्यमंत्री के दायित्व का निर्वहन किया।

बिमला प्रसाद चालिहा- असम, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेसय नरेंद्र मोदी-गुजरात, भारतीय जनता पार्टी, ममता बनर्जी- पश्चिम बंगाल, अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस, भजनलाल- हरियाणा, जनता पार्टी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेसय बंसी लाल- हरियाणा, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, हरियाणा विकास पार्टीय वसंतराव नाइक- महाराष्ट्र, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, फारूक अब्दुल्ला- जम्मू और कश्मीर, जम्मू और कश्मीर नेशनल कांफ्रेंसय गोविंद बल्लभ पंत-उत्तर प्रदेश, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, ई. के. नयनार-केरल, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी), एम. ओ. एच. फारूक- पुडुचेरी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस, द्रविड़ मुनेत्र कड़गमय बुद्धदेब भट्टाचार्य- पश्चिम बंगाल, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी), भैरों सिंह शेखावत-राजस्थान, जनता पार्टी, भारतीय जनता पार्टी, एम. जी. रामचन्द्रन-तमिलनाडु, आल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम, नृपेन चक्रवर्ती- त्रिपुरा, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी)य वसुन्धरा राजे- भारतीय जनता पार्टीय दिग्विजय सिंह- मध्य प्रदेश, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस आदि उन मुख्यमंत्रियों में से है जो राज्य के मुख्यमंत्री के पद पर 10 वर्ष से अधिक परन्तु 13 वर्ष से कम समय तक आसीन रहे।

किसी भी राज्य में मतदाताओं की अपने मुख्यमंत्रियों या राजनीतिक दलों को बदलने की इच्छा या अनिच्छा विभिन्न कारकों से प्रभावित हो सकती है। राजनीतिक प्राथमिकताएं और मतदान पैटर्न मतदाताओं के बीच व्यापक रूप से भिन्न हो सकते हैं, और पूरे राज्य के मतदाताओं के बारे में सामान्यीकरण में सावधानी की आवश्यकता होती है। उक्त तथ्यों का विश्लेषण करें तो पाएंगे कि पश्चिमी बंगाल में आजादी के बाद केवल इस सूची में शामिल 4 मुख्यमंत्रियों ने लगभग 60 वर्ष तक शासन किया, जिससे प्रतीत होता है कि पश्चिमी बंगाल का जनमानस नेतृत्व परिवर्तन के मसले पर या तो बहुत रूढ़िवादी है या फिर उसके पास विकल्पों का अभाव एक स्थाई कारक है या सत्तारूढ़ दल जमीनी स्तर पर विपक्ष के पैर जमने ही नहीं देता अर्थात वहां विपक्षी संस्कृति का लोकमानस एवं राजनीति दोनों में पूर्ण अभाव है. पश्चिम बंगाल में कई वर्षों तक वाम मोर्चा शासन का इतिहास रहा है, उसके बाद तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) का शासन रहा है। सामान्यत: नेतृत्व बनाए

रखने या बदलने का निर्णय लेते समय मतदाता अक्सर किसी पार्टी के ट्रैक रिकॉर्ड और प्रदर्शन पर विचार करते हैं। दिल्ली से भौगोलिक दूरी, भाषाई भिन्नता के अलावा 1977 के बाद उस समय तक की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का दायरा सीमित हो जाने पर क्षेत्रीय दलों ने ठीक दक्षिणी भारतीय राज्यों की भांति राज्य में अपना प्रभुत्व स्थापित कर लिया और लोक मानस में भी राज्य स्तरीय विषयों में क्षेत्रीय दलों से ही आकांक्षाओं की पूर्ति की स्थायी मनोवृत्ति ने घर बना लिया. वहाँ के मतदाता अक्सर स्थानीय मुद्दों से प्रभावित रहते हैं अर्थात राष्ट्रीय मुद्दे उनके राज्य सरकार के चयन में महत्वपूर्ण नहीं हैं और ज्योति बासु जैसे मुख्यमंत्री या राजनीतिक नेता की लोकप्रियता ने मतदाताओं की राय को बहुत प्रभावित किया हैं, यहाँ एक मजबूत और करिश्माई नेता के लिए बसू ने दीर्घकालिक समर्थन प्राप्ति का बीज मुख्यमंत्रियों में बो दिया है। यहाँ एक कारक यह भी संभव है कि बंगाली मतदाताओं के पास कोई विश्वसनीय विकल्प नहीं है या सामान्यतया राज्य राजनीति में सरकार न बदलने की प्रवृत्ति के कारण विपक्ष बहुत बिखरा रहा हुआ है, तो ऐसा विपक्ष भी सत्ताधारी के साथ हित साधना के विकल्प को चुन सकता हैं।

योगेन्द्र यादव ने 2021 में लिखा था कि वे चिन्तित हैं 'इसलिए नहीं कि मैं विशेष रूप से इस बात पर केंद्रित हूं कि यह चुनाव कौन जीतता है या कौन हारता है...वामपंथ का खात्मा और कांग्रेस का लगातार अप्रासंगिक होना अब बंगाल की राजनीति का खाका बन गया है।'[1] वे पूर्व दृष्टान्त से निगमित करते हैं कि 'मुझे चिंता है क्योंकि पश्चिम बंगाल में पहले से ही एक मिसाल मौजूद है। 1972 में हुए कुख्यात विधानसभा चुनाव को व्यापक रूप से निष्पक्ष चुनाव कराने के भारत के अपेक्षाकृत साफ रिकॉर्ड पर एक धब्बा माना जाता है। उस चुनाव में, इंदिरा गांधी की कांग्रेस – इसे उस समय कांग्रेस (आर) कहा जाता था – ने भारी जीत दर्ज की और 280 सदस्यीय विधानसभा में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) या सीपीआई (एम) को केवल 14 सीटों पर सीमित कर दिया। यदि आप वाम समर्थक मीडिया और शिक्षाविदों की मानें तो पूरा चुनाव 'धांधली' था।...'कांग्रेस ने कठोर रणनीति का इस्तेमाल किया, मतदाताओं को कथित तौर पर दूर कर दिया गया और बूथ पर कब्जा कर लिया गया।'[2] इसी प्रकार राज्य में प्रतिद्वंद्वी भाजपा के पास क्षेत्रीय क्षत्रप खड़ा न कर पाने की स्थिति भी इसी मत को पुष्ट करती है की वहां मजबूत विपक्ष खड़ा करने में सशक्त राष्ट्रीय दल भाजपा आज भी सफल नहीं हो पाई. राज्य में उड़ीसा की बीजेडी की ही भांति जमीन स्तर पर क्षेत्रीय दल टीएमसी कैडर की मजबूत रणनीति को बेअसर करने के लिए राष्ट्रीय दलों के पास कोई साधन नहीं है।

पूर्वोत्तर राज्यों में त्रिपुरा, मणिपुर, सिक्किम, मिजोरम, नागालैंड इत्यादि में छोटे आकार तथा एक एक लोक सभा सीट होने के कारण राष्ट्रीय नेतृत्व की वहाँ की राजनीति में अरुचि के कारण सरकारों को एंटी इन्क्म्बेन्सी का सामना नही करना पड़ता, वहीं इन राज्यों की सरकारें दलीय प्रतिबद्धता की बजाय अपनी सरकार को बचाए रखने के लिए राष्ट्रीय नेतृत्वकारी दल से समझौता कर लेती है तथा इस प्रकार निरंतर सत्तासीन रहती है।

भारतीय राजनीति में कौशल, अनुभव युक्त मुख्यमंत्री के पद पर आसीन रहते या रह चुके शक्तिशाली दावेदारों के पदमुक्ति के दृष्टांत बहुत हैं, जिनसे राजनीति के कुछ सामान्य नियम भी निर्मित किये जा सकते हैं. किसी शक्तिशाली दावेदार के बड़े कद के बावजूद भी पदमुक्त किया जाना या पदासीन न किया जाना, अनेक घटकों पर निर्भर करता है यथा आयु सीमा को पार करना, विधानसभा की सदस्यता न रहना, पार्टी के नेतृत्व का समर्थन न रहना, अपने राज्य या क्षेत्र में प्रशंसा और प्राथमिकता खो देना, परिवर्तित राजनीतिक परिस्थितियों से दल के सत्ता में रहने के बावजूद सहयोगी दलों का नापसंद किया जाना इत्यादि. भारतीय राजनीति में शक्तिशाली पूर्व मुख्यमंत्रियों के दरकिनार कर दिए जाने की परिघटना को बहुधा परिलक्षित होते हुए देखा गया है, ऐसे ही उदाहरणों और संदर्भों से राज्य राजनीति के शीर्ष नेतृत्व की कमान दिए जाने के सन्दर्भ में कुछ सामान्य नियमों की स्थापना किया जाना संभव है–

शक्तिशाली पूर्व मुख्यमंत्रियों को दरकिनार करने का एक सामान्य कारण अंतर दलीय प्रतिद्वंद्विता है। यदि किसी पार्टी में कई प्रभावशाली नेता हैं, तो आंतरिक सत्ता संघर्ष हो सकता है। ऐसे मामलों में, पार्टी आलाकमान एक नेता को दूसरे नेताओं पर प्राथमिकता देने का विकल्प चुन सकता है, जिससे कुछ पूर्व मुख्यमंत्रियों को दरकिनार किया जा सकता है। उदाहरण के लिए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में सोनिया गांधी और शरद पवार जैसे नेताओं के बीच प्रतिद्वंद्विता के कारण कुछ प्रभावशाली मुख्यमंत्रियों को किनारे कर दिया गया. पृथ्वीराज चौहान ने 2010 से 2014 तक महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के रूप में काम किया, वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस (आइएनसी) के सदस्य थे और सोनिया गांधी के करीबी थे, लेकिन उनके और शरद पवार के बीच मतभेदों से 2014 में मुख्यमंत्री के पद से उन्हें हटना पड़ा। इसी प्रकार अशोक चव्हाण, जो महाराष्ट्र में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सबसे प्रभावशाली नेताओं में से एक रहे है। उन्होंने 8 दिसंबर 20083 से 9 नवंबर 2010 तक महाराष्ट्र राज्य के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया। 9 नवंबर 2010 को, कांग्रेस पार्टी ने उन्हें आदर्श हाउसिंग सोसाइटी घोटाले से संबंधित भ्रष्टाचार के आरोपों पर पद से इस्तीफा देने के लिए कहा। नवंबर 2008 के मुंबई हमलों के बाद, विलासराव देशमुख ने नैतिक जिम्मेदारी ली और इस्तीफे की पेशकश की, जिसे पार्टी ने स्वीकार कर लिया और चव्हाण को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के रूप में चुना गया।[4] 2009 में विधानसभा चुनाव जीतने के बाद, कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने एक बार फिर चव्हाण को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के रूप में नामित किया।

**पार्टी नेतृत्व में बदलाव या क्षेत्रीय बनाम राष्ट्रीय फोकस:** पार्टियों को अक्सर क्षेत्रीय अपील वाले नेताओं और राष्ट्रीय दृष्टिकोण वाले नेताओं के बीच संतुलन बनाने की आवश्यकता होती है। यदि पार्टी के लक्ष्यों का दायरा अधिक राष्ट्रीय है, तो मुख्य रूप से अपने राज्य की राजनीति पर ध्यान केंद्रित करने वाले पूर्व मुख्यमंत्रियों को दरकिनार किया जा सकता है। उदाहरणत: उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव को, जब उनके बेटे अखिलेश यादव ने पार्टी की छवि के आधुनिकीकरण का लक्ष्य रखा तो समाजवादी पार्टी के भीतर चुनौतियों का सामना करना पड़ा। अखिलेश यादव ने अपने पिता मुलायम सिंह यादव के साथ गठबंधन करने वाले नेताओं को दरकिनार करते हुए पार्टी नेता और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री का पद संभाला।

**वैचारिक बदलाव:** पार्टियां कभी-कभी वैचारिक बदलाव या रीब्रांडिंग प्रयासों से गुजरती हैं। जिन पूर्व मुख्यमंत्रियों की विचारधारा पार्टी की नई दिशा के साथ मेल नहीं खाती, वे खुद को हाशिए पर पा सकते हैं। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) में वैचारिक बदलाव देखा गया है और जो नेता पुराने मार्क्सवादी सिद्धांतों का पालन करते हैं, उन्हें कभी-कभी अधिक व्यावहारिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने वालों के पक्ष में दरकिनार कर दिया

गया है। गठबंधन सरकार में, विभिन्न दलों के पूर्व मुख्यमंत्रियों को जटिल सत्ता-साझाकरण व्यवस्था से गुजरना पड़ सकता है। इससे उनकी प्रभाव जमाने की क्षमता सीमित हो सकती है और परिणामस्वरूप उन्हें दरकिनार किया जा सकता है। उदाहरण के लिए राज्य स्तर पर गठबंधन सरकारों में, पूर्व मुख्यमंत्रियों को अक्सर अपने गठबंधन सहयोगियों के एजेंडे की सीमाओं के भीतर काम करना पड़ता है, जो उनकी स्वायत्तता और प्रभाव को सीमित कर सकता है। उम्रदराज पूर्व मुख्यमंत्रियों को अपनी राजनीतिक प्रासंगिकता बनाए रखने में चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, खासकर अगर पार्टी के भीतर पीढ़ीगत बदलाव की आवश्यकता हो, काफी बार पुराने नेताओं को दरकिनार करते हुए युवा नेताओं को प्रमुख भूमिकाएँ निभाने के लिए पदोन्नत किया जाता है, जैसे कर्नाटक में जनता दल (सेक्युलर) पार्टी में एच.डी. देवगौड़ा से नेतृत्व परिवर्तन करके बेटों एच.डी. कुमारस्वामी और एच.डी. रेवन्ना ने पीढ़ीगत परिवर्तन को प्रतिबिंबित किया। गठबंधन सरकारों वाले राज्यों में, छोटे गठबंधन सहयोगियों के पूर्व मुख्यमंत्रियों को प्रमुख पार्टी के लोगों की तुलना में खुद को सीमित राजनीतिक ताकत मिल सकती है। उनके नीतिगत निर्णय और एजेंडे पर बड़े गठबंधन साझेदार का प्रभाव पड़ सकता है, जिस प्रकार जम्मू-कश्मीर में भाजपा और पीडीपी की गठबंधन सरकार में पीडीपी की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती को भाजपा की तुलना में अपने एजेंडे पर जोर देने में चुनौतियों का सामना करना पड़ा।

लगभग हर बार दल एवं मुख्यमंत्री परिवर्तित करने वाली उड़ीसा की जनता ने बीजू जनता दल को 4 बार लगातार विजयी बनाते हुए नवीन पटनायक को अपना मुख्यमंत्री चुना, जबकि इस दौरान भी केंद्र सरकार के लिए जनता के मूड और भावनाओं में बदलाव आते रहे। ज्योति बासु और नरेन्द्र मोदी के प्रकरण भी इसी प्रतिमान के अनुपम उदहारण हैं. मजबूत क्षेत्रीय नेता राष्ट्रीय स्तर पर चुनौतियों का सामना करने पर भी अपना प्रभाव बनाए रख सकते हैं, दिल्ली की अस्थिर सरकारों के बीच शीला दीक्षित का 98 से 2013 तक लगातार 3 बार मुख्यमंत्री बनना भी ऐसा ही उदाहरण है। यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि राजनीतिक गतिशीलता लगातार विकसित हो रही है और विशिष्ट परिस्थितियों और विकास के आधार पर व्यक्तिगत मामले भिन्न हो सकते हैं।

**पार्टी अनुशासन और वफादारी:** भारतीय राजनीति में सख्त पार्टी अनुशासन और वफादारी बनाए रखना सर्वोपरि है। पूर्व मुख्यमंत्री जो सार्वजनिक रूप से अपनी ही पार्टी या उसके नेतृत्व की आलोचना करते हैं, वे खुद को दरकिनार कर सकते हैं क्योंकि उनके कार्यों को पार्टी की एकता के लिए हानिकारक माना जा सकता है। उदाहरण लिए पूर्व मुख्यमंत्रियों, यशवंत सिन्हा और शत्रुघ्न सिन्हा जैसे नेताओं को पार्टी के नेतृत्व और निर्णयों की खुलेआम आलोचना करने के लिए भाजपा के भीतर परिणाम भुगतने पड़े।

**राजनीतिक गठबंधन:** राजनीतिक गठबंधन का गठन, विशेषकर राष्ट्रीय स्तर पर, भूमिका को प्रभावित कर सकता है और पूर्व मुख्यमंत्रियों की प्रासंगिकता. पार्टियों को गठबंधन सहयोगियों को समायोजित करने की आवश्यकता हो सकती है, जो व्यक्तिगत नेताओं की प्रमुखता को प्रभावित कर सकता है। पार्टी के नियम और संरचनाएं भी पूर्व मुख्यमंत्रियों की भूमिका को प्रभावित कर सकती हैं। कुछ पार्टियों में सख्त पदानुक्रम और निर्णय लेने की प्रक्रियाएँ होती हैं जो क्षेत्रीय नेताओं की स्वायत्तता को सीमित करती हैं। उदाहरणत: भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में एक केंद्रीकृत निर्णय लेने की संरचना है, जो पार्टी के राष्ट्रीय एजेंडे में क्षेत्रीय नेताओं की भूमिका को प्रभावित करती है। ये अतिरिक्त कारक भारतीय राजनीति की जटिलता को और स्पष्ट करते हैं और बताते हैं कि कैसे पूर्व मुख्यमंत्री एक गतिशील परिदृश्य को पार करते हैं।

**व्यक्तिगत स्वास्थ्य और कल्याण:** पूर्व मुख्यमंत्रियों का व्यक्तिगत स्वास्थ्य और कल्याण उनकी राजनीतिक गतिविधियों पर प्रभाव डाल सकता है। स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं या व्यक्तिगत असफलताएं राजनीति में सक्रिय रूप से शामिल होने की उनकी क्षमता को सीमित कर सकती हैं। मनोहर पर्रिकर जैसे नेताओं को स्वास्थ्य चुनौतियों का सामना करना पड़ा जिससे उनकी राजनीतिक भूमिकाएँ प्रभावित हुईं। स्थानीय नेताओं और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ जमीनी स्तर पर समर्थन और संपर्क बनाए रखना महत्वपूर्ण हो सकता है। जो पूर्व मुख्यमंत्री अपनी पार्टी के जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं से संपर्क खो देते हैं, उनके लिए अपना प्रभाव कायम करना चुनौतीपूर्ण हो सकता है। उदाहरणत: नीतीश कुमार जैसे नेताओं ने अपनी पार्टियों के भीतर मजबूत जमीनी स्तर का समर्थन हासिल किया है, जिससे उन्हें अपनी राजनीतिक स्थिति बनाए रखने में मदद मिली है।

भारतीय राजनीति में पूर्व मुख्यमंत्रियों की भूमिका और प्रासंगिकता को प्रभावित करने वाले बहुआयामी कारकों को समझने के लिए क्षेत्रीय गतिशीलता, दलीय संरचना, व्यक्तिगत नेतृत्व गुण सहित राज्य एवं प्रभावित करने वाले राज्येतर राजनीतिक परिदृश्य के समग्र दृष्टिकोण की आवश्यकता है। कुछ अन्य प्रच्छन्न कारक भी राजनीति की जटिल और लगातार बदलती प्रकृति पर प्रकाश डालते हैं, जहां राजनेताओं को अपनी राजनीतिक स्थिति बनाए रखने के लिए प्रभावों और चुनौतियों के एक जटिल जाल से गुजरना पड़ता है।

कुछ पूर्व मुख्यमंत्रियों को अपना प्रभाव बनाए रखने में चुनौतियों का सामना करना पडा, बाद के चुनावों में चुनावी प्रदर्शन का उनकी राजनीतिक प्रासंगिकता पर सीधा प्रभाव पड़ता है, लगातार चुनावी जीत उनकी स्थिति को मजबूत कर सकती है, जबकि हार उनके प्रभाव को कम कर सकती है। पूर्व मुख्यमंत्री जो संकट प्रबंधन में उत्कृष्टता रखते हैं, उदाहरण के लिए नवीन पटनायक के ओडिशा में चक्रवातों और आपदा राहत प्रयासों के प्रभावी प्रबंधन ने एक सक्षम नेता के रूप में उनकी छवि को मजबूत किया। जो पूर्व मुख्यमंत्री चुनौतियों के सामने दृढ़ और अविचल रहते हैं, वे राजनीतिक तूफानों का सामना कर सकते हैं और अपनी प्रासंगिकता बनाए रख सकते हैं। जिन नेताओं में खुद को पुनर्निर्मित करने और बदलते राजनीतिक परिदृश्य के साथ विकसित होने की क्षमता है, वे प्रभावशाली भूमिका निभाना जारी रख सकते हैं, गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुद को एक राष्ट्रीय नेता के रूप में पुन: स्थापित किया और भारत के प्रधानमंत्री बने। ये अतिरिक्त कारक इस बात पर जोर देते हैं कि राजनीतिक प्रभाव पूरी तरह से किसी की पिछली स्थिति से निर्धारित नहीं होता है, बल्कि अनुकूलन क्षमता, लचीलापन और उभरती राजनीतिक वास्तविकताओं के साथ तालमेल बिठाने की क्षमता से भी निर्धारित होता है। जो नेता इन कारकों से प्रभावी ढंग से निपटते हैं, वे मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के बाद भी लंबे समय तक भारतीय राजनीति में महत्वपूर्ण व्यक्ति बने रह सकते हैं। जो नेता नागरिक समाज संगठनों, गैर सरकारी संगठनों और सामुदायिक नेताओं के साथ सक्रिय रूप से जुड़ते हैं, वे जमीनी स्तर की चिंताओं और मुद्दों से जुड़े रह सकते हैं। नागरिक समाज संगठनों के साथ नीतीश कुमार के जुड़ाव ने उन्हें सामाजिक

और विकास चुनौतियों का प्रभावी ढंग से समाधान करने की अनुमति दी है।

वहीं जो नेता तकनीकी प्रगति और डिजिटल शासन उपकरणों को अपनाते हैं, वे प्रगति और नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता प्रदर्शित कर जनमानस में अपने लिए लम्बे समय तक छाप छोड़ने में सफल रहते हैं जैसे चंद्रबाबू नायडू के प्रौद्योगिकी-संचालित शासन पर ध्यान देने के कारण उन्हें ष्साइबर बाबूष उपनाम मिला, जिन्होंने तीन कार्यकाल के लिए आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया. उनका कार्यकाल 1 सितंबर 1995 से 11 अक्टूबर 1999, दूसरा कार्यकाल 11 अक्टूबर 1999 सेर 13 मई 2004 तक रहा.5 10 वर्षों के बाद, उनका तीसरा कार्यकाल 2014 से 2019 तक रहा. नायडू ने सूचना-प्रौद्योगिकी, नवाचार और जैव-प्रौद्योगिकी क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिससे कल्याण उन्मुख शासन के बजाय आर्थिक सुधार और उदारीकरण का मार्ग प्रशस्त हुआ, साथ ही कृषि और सिंचाई पर थोड़ा सा ध्यान केंद्रित किया गया, जिसमें प्रौद्योगिकी और कृषि के एकीकरण पर जोर दिया गया, नायडू ने सभी राष्ट्रीय पर्यटकों के आगमन में लगभग 24% रिकॉर्ड वृद्धि के साथ सर्वश्रेष्ठ पर्यटन प्रदर्शन करने वाले राज्य का सम्मान जीता।[6] रियल टाइम गवर्नेंस सोसाइटी नायडू की एक भारतीय ई-गवर्नेंस पहल है।[7] आंध्र प्रदेश में एन. चंद्रबाबू नायडू की सरकार ने कमजोर समूहों के लिए कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम लागू किए। वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम द्वारा स्विट्जरलैंड के दावोस से प्रकाशित वर्ल्ड लिंक पत्रिका ने उन्हें राजनीतिक नेताओं की अपनी 'ड्रीम कैबिनेट' में शामिल किया।[8]

ये समसामयिक रणनीतियाँ शासन की उभरती प्रकृति और उभरते मुद्दों को संबोधित करने की आवश्यकता पर जोर देती हैं। पूर्व मुख्यमंत्री जो इन दृष्टिकोणों को प्रभावी ढंग से लागू करते हैं, वे अपने राज्यों के विकास और राष्ट्र की प्रगति में योगदान दे सकते हैं, लगातार बदलते राजनीतिक परिदृश्य में प्रभावशाली और प्रासंगिक बने रह सकते हैं। भारतीय राजनीति में शक्तिशाली पूर्व मुख्यमंत्रियों को कैसे दरकिनार किया जाता है, इसकी गतिशीलता को समझने के लिए विशिष्ट मामलों, पार्टी संरचनाओं, क्षेत्रीय कारकों और व्यक्तिगत नेतृत्व शैलियों के सूक्ष्म विश्लेषण की आवश्यकता है, यह संभव है कि वसुंधरा राजे और शिवराज सिंह को मुख्यमंत्री बनने के लिए आगे मौका नहीं दिया गया क्योंकि उन्होंने अपनी-अपनी पार्टियों के शीर्ष नेता के लिए संभावित चुनौती या प्रतिद्वंद्विता पेश की थी। कई राजनीतिक संदर्भों में, पार्टियाँ ऐसे व्यक्तियों को बढ़ावा देने से बचना पसंद कर सकती हैं जो संभावित रूप से मौजूदा नेतृत्व पदानुक्रम को चुनौती दे सकते हैं या पार्टी की आंतरिक गतिशीलता को बाधित कर सकते हैं। यह निर्णय विभिन्न कारकों से प्रभावित हो सकता है, जिसमें पार्टी की एकता बनाए रखने, आंतरिक सत्ता संघर्ष को रोकने या वर्तमान नेतृत्व के अधिकार को संरक्षित करने की चिंताएं शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, शीर्ष नेता उन लोगों को बढ़ावा देना पसंद कर सकते हैं जो पार्टी के भीतर स्वतंत्र शक्ति केंद्र के रूप में उभरने के बजाय अपने स्वयं के दृष्टिकोण और एजेंडे के साथ अधिक जुड़े हुए हैं। प्रत्येक राजनीतिक नेता की यात्रा अनोखी होती है, जो इन कारकों और उनकी व्यक्तिगत पसंद और रणनीतियों के संयोजन से प्रभावित होती है। इन गतिशीलता में व्यापक अंतर्दृष्टि राजनीतिक जीवनियों, अकादमिक अनुसंधान और विशिष्ट राजनीतिक परिदृश्यों और विकासों के विश्लेषण में पाई जा सकती है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**


1. योगेन्द्र यादव- `I worry about the coming assembly election in West Bengal', https://theprint.in/opinion/i-worry-about-2021-bengal-election-you-should-too-yogendra-yadav/610830/
2. योगेन्द्र यादव- उपर्युक्त
3. 'अशोक चव्हाण बने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री' । रीडिफ । 5 दिसंबर 2008
4. 'कांग्रेस ने तीनों मुख्यमंत्रियों को बरकरार रखा, खांडू, हुव ने ली शपथ' । रीडिफ । 25 अक्टूबर 2009
5. एन चंद्रबाबू नायडू टाइम लाइन, एनसीबीएन.इन
6. एस., नागेश कुमार (24 अक्टूबर 2003)। 'एक विस्फोट और उसका सदमा' । अग्रिम पंक्ति . 4 अप्रैल 2021 को मूल से संग्रहीत
7. 'कैश के बदले वोट मामला: केसीआर-नायडू युद्ध बढ़ा' -इंडिया टुडे : 9 जून 2015
8. https://www.downtoearth.org.in/coverage/the-lone-crusader-19330


*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# पातालकोट की भारिया जनजाति की प्रमुख समस्याएँ एवं समाधान के उपायों का अध्ययन

**अनुराग सोनी***

* शोधार्थी (समाजशास्त्र) अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** पातालकोट लगभग 3000 फीट धरती के नीचे है। यहां 12 गांव बसे हैं। इस विंहगम घाटी में रहने वाले गोंड़ एवं भारिया जनजाति के लोग है। कुछ गावों में धूप के भी दर्शन नहीं होते हमेशा बदली सी रहने के कारण अंधेरा छाया रहता है। दोपहर को थोड़ा बहुत उजाला देखने को मिल जाता हे। प्रारंभ में रहने वाले लोग पहले बिना वस्त्रों के रहा करते थे और जंगली जानवरों को मारकर भोजन करते थे। मगर धीरे–धीरे विकास हो रहा है। शहरी लोगों के संपर्क के आने के फलस्वरूप इनकी जीवन शैली में तेजी से बदलाव आ रहा है। इन जनजातियों के घर आज भी घास फूस के बने हुये है। इस क्षेत्र में विभिन्न जड़ी–बूटियाँ पाई जाती है। जड़ी बूटियों का उपयोग भारिया जनजाति के लोग ईलाज के लिए करते है। यहां के लोग आम के पेड़ खूब उगाते है। महुआ की सब्जी एवं आम की गुठली की रोटी यहां के लोगों का मन पसन्द भोजन है। पातालकोट में सबसे ज्यादा सम्मान वैध का होता है। जिसे भुमका कहते हैं। ऐसा कहा जाता है कि यहां के लोग कम बीमार होते है। कोई बीमार हुआ तो वैध उनका जड़ी बूटियों से ईलाज कर देता है। अपने लिए जरूरी वस्तुएँ खरीदने के लिए ये लोग 20 कि0मी0 दूर सामिया तहसील के बाजार में जाते है। वहीं ये लोग जड़ी बूटियाँ बेचते हैं और जरूरत का सामान खरीद लाते हैं।

पातालकोट में रहने वाली भारिया जनजाति की शिक्षा का स्तर बहुत निम्न है। शैक्षणिक संस्थानों का भी प्रभाव है। गरीबी, के कारण भी भारिया जनजाति के बच्चों में पढ़ाई के प्रति भी रूचि नहीं दिखाई देती है। उच्च शिक्षा का भी अभाव है। सरकार को पातालकोट में रहने वाली अत्यन्त पिछड़ी भारिया जनजाति की शिक्षा के लिए विशेष अभियान चलाना चाहिए तभी इनकी शिक्षा के स्तर में सुधार संभव है।

पातालकोट क्षेत्र के भारिया आदिवासी की समाजिक संरचना की इकाई व्यक्ति है। इनका समाज पुरूष प्रधान है। वैसे इनका समाज संयुक्त परिवार में रहना पसंद करता है। किंतु व्यक्ति चाहे तो स्वतंत्र निर्णय कर अलग घर बसा सकता है। इसके आलावा इनके समाज की यह परम्परा भी है कि यदि परिवार में कोई लड़का नहीं है तो ये लोग दामाद को अपने यहां रख लेते हैं। बड़ा परिवार इनके यहां शान माना जाता है। अधिकांश इनकी रिश्तेदारी आसपास के गांवों तक ही सीमित है। इनके यहां 51 गोत्र हैं किंतु पातालकोट में रहने वाले भारिया 12 गोत्र वाले ही मिलते हैं। इनके यहां सगोत्र में विवाह नहीं होते। इनका उल्लंघन करने पर समाज उनको कठोर दण्ड देने का प्रावधान करता हे।

आर्थिक स्थिति का आकलन करे तो यहां के लोग वनो पर ज्यादा निर्भर है। आर्थिक दृष्टि से यहां के लोग कमजोर है। आर्थिक संरचना के 4 प्रमुख घटक है। (1) प्रकृति संसाधन या वन संपदा (2) कृषि (3) श्रम कार्य (4) पशुपालन एवं शिकार। जंगलों से इन्हे दो प्रकार के वनोपज प्राप्त होते हैं। एक तो वनोपज को ये भोज्य सामग्री के रूप में उपभोग करते हैं दूसरी वनोपज को बेंचकर प्राप्त धन से अन्य दैनिक आवश्यकताओं की पूर्ति करते हैं। कृषि भारिया जनजाति दूसरा आर्थिक संसाधन हैं। किंतु पातालकोट की घाटी की विषय भौगोलिक परिस्थितियों के कारण कृषि से पूर्णरूप से लाभान्वित नहीं हो पाते हैं। मक्का, कोदो, कुटकी आदि इनकी प्रमुख फसल है। पातालकोट की दुर्गमता के कारण यहाँ पशुपालन भी सही रूप से नहीं हो पाता। गाय, बैल, बकरी मुर्गा आदि यहाँ के लोग पालते है। बैल कृषि कार्य में कार्य में जाये जाते हैं। आर्थिक रूप से भारिया जनजाति के लोगों की आय निम्न होने के कारण शत्प्रतिशत लोग गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहे हैं। कुछ मिलाकर कहे तो भारिया जनजाति समाज पातालकोट में आदिम अर्थव्यवस्था के प्राथमिक चरणों में कष्टमय जीवन यापन कर रहा है।

मध्यप्रदेश राज्य सरकार द्वारा लागू की गई सभी योजनाएं पातालकोट घाटी क्षेत्र के भारिया जनजाति में पंचायती राज व्यवस्था के माध्यम से संचालित की जा रही है। जिसे वहां के निवासियों के माध्यम से संचालित की जा रही है। जिससे वहां के निवासियों की योजनाओं के प्रति रूचि, उसका लाभ उठाने की जिज्ञासा मूलरूप से योजनाओं के लिए महत्वपूर्ण होने की सूचक है। शासन स्तर पर पर्याप्त मदद दी जा रही है। किसी भी स्तर पर भेदभाव देखने को नहीं मिला है। परंतु पातालकोट घाटी क्षेत्र में इन विकास योजनाओं के परिणाम का प्रभाव प्रत्येक जनपद पंचायतों में अलग–अलग देखने को मिला है। जिसके कारण के रूप में जन जागरूकता एवं शिक्षा का आभाव, जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व क्षमता भारिया आदिम जनजाति निवासियों में मद्यपान का होना महिलाओं की संगठन क्षमता तथा पातालकोट घाटी क्षेत्र में अंधविश्वस का होना आदि है। पातालकोट घाटी क्षेत्र में भारिया जनजाति के विकास के लिए म0प्र0 राज्य सरकार की भूमिका अहम् है। साथ ही भारिया जनजाति विकास के लिए पंचायती राज संस्थाओं की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। पातालकोट घाटी क्षेत्र में ग्राम पंचायतों को अपने विकास के लिए स्वयं की ओर से भी प्रयास करना चाहिए। प्रत्येक कार्य के लिए राज्य सरकार से अपेक्षा करना भी उचित नहीं है। परंतु इन विकास योजनाओं की सार्थकता तब तक सिद्ध नहीं हो सकती जब तक वास्तविक पातालकोट घाटी क्षेत्र में भारिया जनजाति हितग्राहियों को शत प्रतिशत

लाभ नहीं मिल जाता है।

**भारिया जनजाति की प्रमुख समस्याएँ-** आजादी के 75 वर्ष के पश्चात् भी भारिया जनजाति विशेष रूप से पातालकोट क्षेत्र के विकास हेतु किए गए शासकीय प्रयासों के फलस्वरूप इस वर्ग की आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति में कुछ सुधार तो दिखाई देता है किंतु उनके विकास की गति अत्यन्त धीमी है। आज भी यह क्षेत्र और यहाँ रहने वाले भारिया जनजाति को मूलभूत समस्याएँ पानी, सड़क, बिजली, खान-पान की वस्तुएँ, रोजगार के साधन, पलायन, चिकित्सा, शिक्षा का आभाव आदि समस्याएँ घेरे हुये है। यहां की जनजाति गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रही है। यहाँ के लोग केवल गुजारे की अर्थव्यवस्था पर जी रहे हैं।

पातालकोट के भारिया जनजाति के लोगों की समस्याएँ अन्य आदिवासी समाज की समस्याओं की तुलना में काफी भिन्न है। इसका मुख्य कारण यह है कि जनजातीय समुदाय विकास को विभिन्न अवस्थाओं से अभी तक गुजर नहीं पाई है जैसा अन्य आदिवासी समाज या अन्य समाज के लोग प्रयास कर चुके हैं।

प्रस्तुत शोध प्रबंध के माध्यम से भारिया जनजाति विशेषकर पातालकोट क्षेत्र पर अध्यापन करने के पश्चात् इन जनजाति के आर्थिक एवं सामाजिक विकास हेतु शासकीय एवं गैर सामाजिक संगठनों की सफलता एवं विफलता के विभिन्न क्रियात्मक समस्याओं को परिभाषित किया गया है। जो निम्नानुसार है।

1. **दुर्गम स्थानों का होना** – पातालकोट में 12 गांवों के लोग सदियों से दुर्गम स्थानों पर निवास करते आये है जो अन्य समाज से दूर एवं एकांत में है। इस कारण उपका संपर्क समाज की मुख्यधारा से नहीं हो पाया है। इस कारण भारिया लोगों को जीवनयापन तथा विकास के संसाधन जुटाने में बड़ी समस्या होती है।

2. **शिक्षा का अभाव** – निर्धनता एवं अनपढ़ होने के कारण जनजातीय लोग अपने बच्चों को स्कूल भेजने के स्थान पर मजदूरी या खेती के कार्य में या वनोपज संग्रह कराने में लगा देते है जिससे वे अशिक्षित या छोटी कक्षा तक ही पढ़ पाते हैं। जो बच्चे स्कूल जाते भी है वे बीच में ही स्कूल जाना बंद कर देते हैं। जो बच्चे पढ़ लिख जाते हैं उच्च शिक्षा प्राप्त कर लेते हैं वे इस क्षेत्र को छोड़कर चले जाते हैं। फलस्वरूप उन्हे उसका साथ नहीं मिल पाता।

3. **चिकित्सा सुविधाओं का अभाव –** भारिया जनजाति के लोग दुर्गम स्थानो पर निवास करने की वजह से शासन स्तर पर चिकित्सा सुविधाएँ उपलब्ध नहीं हो पा रही है। ये लोग जड़ी बूटियों या झाड़फूंक द्वारा इलाज करते हैं। यदि स्वास्थ्य केन्द्र खोले भी गए है वहां या तो डॉक्टर नहीं है यदि डॉक्टर है तो दवाईयाँ नहीं है। अत: पातालकोट क्षेत्र में चिकित्सा सुविधा का अभाव है।

4. **गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन** – पतालकोट क्षेत्र के भारिया जनजाति अत्यन्त पिछड़ी जनजाति की श्रेणी में आती है विकास योजनाओं का लाभ इन्हे जैसा मिलना चाहिए वैसा आज भी नहीं मिल रहा है। फलस्वरूप ये लोग गरीबी रेखा के नीचे अपना जीवन गुजार रहे है। दुर्गम स्थानों में निवास करने के कारण इन्हे वांछित सुविधायें नहीं मिल पा रही है या योजनाएँ इनके लिए विफल हो रही है।

5. **रोजगार की व्यवस्था –** पातालकोट के आदिवासी जंगलों पर ही निर्भर है। जंगल घटते जा रहे है। खेती पर्याप्त नहीं हो पा रही है। वनो में पर्याप्त वनोपज पैदा नहीं हो पा रह है। वनों पर सरकार का नियंत्रण नहीं होने से यहां के लोंगों में रोजगार की गंभीर स्थिति पैदा हो गई है। अधिकांश जनजातीय लोग भूमिहीन है जो केवल मजदूरी पर ही निर्भर है।

6. **परम्परागस कुटीर उद्योगों का बंद हो जाना** – भारिया जनजाति के लोग टोकरी बनाने, चटाई बनाने, बांस एवं लकड़ी का सामान बनाने, दस्तकारी तथा खिलौने बनाने आदि से अपने परिवार की आवश्यकताओं को पूरा कर लेता था। आधुनिक प्लास्टिक – पेपर युग ने इन छोटे-छोटे कुटीर उद्योगों को बंद कर दिया। लोंगों द्वारा इनके कुटीर उद्योगों से बनी चीजों को नहीं लेने के कारण बेरोजगारी की नई समस्या उत्पन्न हो गई है।

7. **मद्यपान की समस्या** – भारिया जनजाति में मद्यपान का प्रचलन है ये लोग हर मौके पर या त्यौहार आदि में शराब का सेवन करते हैं। बच्चे, युवा बुजुर्ग, और औरत सभी शराब का सेवन करते हैं। पहले ये लोग स्वयं ही शराब बना लेते थे किंतु सकरार द्वारा प्रतिबंध के कारण इनके आय का एक हिस्सा शराब पर खर्च हो जाता है। सभ्यता के नए तौर तरीको कारण मद्यपान का प्रचलन और बढ़ गया।

8. **सिंचाई सुविधाओं का अभाव** – ऊँची-नीची पहाड़ियों पर सिचाई की सुविधाओं को उपलब्ध कराना कठिन है। पातालकोट में भी यही समस्या के चलते यहां सिंचाई सुविधाओं का आभाव है। नई तकनीकि से ही सुविधाएं बढ़ सकती है।

9. **बाल विवाह का प्रचलन** – आदिवासी समूहों में आज भी छोटी उम्र में विवाह करने की प्रथा है। ये लोग आज के वैज्ञानिक युग में भी इसे उचित मानते है। फलस्वरूप बच्चों का शारीरिक-मानसिक विकास अवरूद्ध हो जाता है। आगे चलकर अनेक समस्याएँ आ जाती है। इसका प्रभाव आर्थिक स्तर पर भी पड़ता है।

10. **पलायन की समस्या** – पातालकोट के आदिवासी रोजगार की तालाश में शहरों में चले जाते है। फलस्वरूप उनका परिवार से सम्पर्क एवं लगाव कम होने लगता है। फलस्वरूप पारिवारिक विघटन की समस्या उत्पन्न होने लगती है। प्राय: यह देखा जा रहा है कि जनजातीय समाज का एक समूह अपना क्षेत्र, घर, परिवार छोड़कर शहरों में बस गया है।

11. **चुनाव में मतदान की समस्या**-पातालकोट में लोकसभा या विधानसभा या अन्य चुनावों में मतदान कराना प्रशासन के लिए सबसे बड़ी समस्या है। अधिकतर गांवों में सड़क नहीं है। मतदाताओं को कच्चे रास्तों का सहारा लेना पड़ता है। पातालकोट के लोगों ने बताया कि-'पहले वो उन्हे पातालकोट से निकलकर ऊपर के गांव में वोट करना होता था लेकिन अब प्रशासन ने चार पोलिंग बूथ बना दिया है। 12 गांव के आदिवासी वोट डालने के लिए पहुंचते हैं इनमें से अधिकतर गांव में सड़क नहीं है। इसकी वजह से लोगों को पगडंडियों का सहारा लेना पड़ता है। अधिकतर घर पहाड़ों पर दूर दूर है जिसकी वजह से सड़कों का निर्माण कराना भी कठिन है।

12. **पक्की सड़क की समस्या** – 3000 फिट जमीन से नीचे होने के कारण तथा ऊँची नीची पहाड़ियों के कारण 12 गांवों में से 6 गांवों में पक्की सड़क नहीं है। बरसात के मौसम में तो और परेशानी का सामना करना पड़ता है। यहां के लोगों को पंगडंडियों का सहारा लेना पड़ता है। कुछ गांव जरूर पक्की सड़कों से जुड़ गए है। किंतु पूर्ण सुविधाजनक नहीं है।

13. **पीने के पानी की समस्या** – पातालकोट के आदिवासियों को पीने के पानी की समस्या का सामना करना पड़ता है। तालाब ढाना के रहने वाले सभी परिवार पीने के पानी के लिए हर रोज लंबा सफर करते है। करीब दो किलोमीटर चलने के बाद एक गंदे नाले से पीने का पानी लाते हैं। यहां के

भारिया शुद्ध पानी के लिए तरस रहे हैं। पीने के पानी के लिए यहां कोई भी इंतजाम सरकार ने नहीं किया है। तालाब ढाना में कुल 100 परिवार रहते है। फिलहाल यह लोग पेयजल संकट से जुझ रहे है। योजना तो सरकार द्वारा बनाई गई लेकिन पानी नहीं पहुँचा।

**पातालकोटकीभारियाजनजातिके समाधान के लिए उपाय:**

1. पीने के पानी की समस्या का समाधान प्राथमिक स्तर पर सर्वप्रथम करने के लिए नीति बनाते हुए किया जाये जिन गांवों में एवं जिस जगह समस्या हो वहां पहले क्रम में पानी की समस्या का समाधान किया जाए।
2. चिकित्सा के लिए प्रत्येक गांव में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के माध्यम से दवाईयां उपलब्ध करायी जाये। लोगों को स्वास्थ्य के बारे में जागरूक किया जाए ये लोग झाड़, फूंक, टोना टोटका का सहारा न ले ऐसी जागरूकता इनमें लाने का प्रयास करें। सामाजिक संगठन इस कार्य में सहयोग कर सकते हैं।
3. शिक्षा के लिए उचित व्यवस्था हो। साथ ही शिक्षित होने के प्रति लोगों को जागरूक किया जाए। बच्चे स्कूल क्यों नहीं आ रहे। नहीं आने का उचित कारण खोला जाए और उस पर उचित ढंग से कार्यक्रम बने जिससे बच्चे स्कूल जाने के प्रति जागरूक हो जाए।
4. पातालकोट में भारिया जनजाति की आर्थिक समस्याएँ आज भी गंभीर है। इसका समाधान करने के लिए रोजगार के अवसरों में वृद्धि करते हुए स्वरोजगार हेतु पहल सर्वोच्च स्तर पर की जाए। कुटीर उद्योगों के माध्यम से वस्तुएं बनाई जाए एवं उसकी बिक्री के लिए उचित व्यवस्था की जाए। इस क्षेत्र में कृषि की नई तकनीकी का भी विकास किया जाए। शिक्षा द्वारा पशुपालन, मुर्गीपालन, मछली पालन, मधुमक्खी पालन एवं अन्य स्वरोजगार को भी प्राथमिक स्तर पर प्रोत्साहन दिया जा सकता है।
5. भारिया जनजाति के लोग संकोची एवं संतोषी होते है। उनमें धर्नाजन करने या व्यवसाय करने की पृवत्ति नहीं पाई जाती। अत: उन्हे उद्यमी बनाने तथा व्यवसायिक दृष्टिकोण अपनाने हेतु जागरूक किया जाए।
6. शासकीय सहायता देने के स्थान पर ऐसी योजनाएँ बनाई जाए ताकि आदिवासी आत्मनिर्भर बनकर स्वयं का एवं परिवार का विकास करते हुए उच्च जीवन स्तर को प्राप्त कर सके।
7. भारिया जनजाति के लोगों को विकास हेतु स्वालम्बी बनाया जाना चाहिए। साथ ही उन्हे सहभागिता, सहकारिता एवं पारस्परिक सहयोग की प्रेरणा देनी होगी जिससे वे स्वाभिमान तथा आत्मनिर्भर भी बन सके।
8. पातालकोट के जनजातीय समाज की सामाजिक समस्याओं के समाधान के लिए जनजातीय नेताओं की सहायता से सामाजिक परिवर्तन की दिशा में कार्य करने की आवश्यकता है। जनजातीय समस्याओं के समाधान के लिए जनजातीय लोगों को आगे आना होगा।
9. भारिया जनजाति के लिए शासकीय सेवाओं में प्राथमिकता के आधार पर नियुक्तियां देना जरूरी है। इसी तरह राजनीतिक दलों के लिए ऐसी आचार संहिता बनाई जाए जिससे वे अपने लाभ के लिए इन्हे भड़का न सके।
10. वन संबंधी ऐसे कानून बनाये जाए जिससे आदिवासी समाज वनों से वनोपज प्राप्त कर आर्थिक लाभ प्राप्त कर सके।
11. आदिवासी विकास के कार्यक्रमों की सतत जांच एवं निगरानी रखने की आवश्यकता है।
12. आदिवासी की विकास योजनाओं में सक्रिय आदिवासियों की सहभागिता जरूरी है तभी विकास योजनाओं सफल हो सकती है।

निष्कर्ष रूप से देखा जाये तो पातालकोट के भारिया जनजाति के सामाजिक एवं आर्थिक जीवन में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है। भारिया जनजाति के लोग इस परिवर्तन को स्वीकार भी कर रहे हैं। आदिवासियों के विकास की योजनाओं को सही रूप से क्रियान्वियत करने हेतु ईमानदार अधिकारी एवं कर्मचारी नियुक्त किए जाए साथ ही विकास कार्यक्रमों में जनजातीय लोगों की सहभागिता भी सुनिश्चित की जाए तभी सही अर्थो में पातालकोट के आदिवासियों का खासतौर पर भारिया जनजाति के लोगों का सामाजिक, आर्थिक तथा राजनैतिक विकास के उद्देश्यों को पूरा किया जा सकता है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. ढाकरिया, दिनेश कुमार, भारिया जनजाति में विकास योजनाओं का प्रभाव एवं मूल्यांकन अध्ययन।
2. शर्मा डॉ श्रीनाथ, जनजाति समाजशास्त्र।
3. शोधार्थी के निजी सर्वे द्वारा अध्ययन।
4. वाजपेयी, सरला, आधुनिकीकरण और सामाजिक परिवर्तन (छिन्दवाडा जिले की भारिया जनजाति का अध्ययन)।

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# The Study of National Income of India

Dr. Aruna Sharma* Dr. Ashok Sharma** Dr. Aradhana Shukla*** Pragati Rai****

*HOD & Assistant Professor, Govt. J. Yoganandam Chhattisgarh College, Raipur (C.G.) INDIA
** Assistant Professor, Govt. J. Yoganandam Chhattisgarh College, Raipur (C.G.) INDIA
***HOD & Assistant Professor, Vipra Kala Vanijya Avam Sharik Shiksha Mahavidhyalaya, Raipur (C.G.) INDIA
**** Research Scholar, Govt. J. Yoganandam Chhattisgarh College, Raipur (C.G.) INDIA

**Abstract -** The study is undertaken to study the national income of income .Indian economy is to grow by a robust 7.3% in FY 2023-24 over and above provisional growth rate of 6.55% during the last financial year. Nominal GDP or GDP at current prices in the year 2023-24 is estimated at Rs. 29658 Lakh Crore, as against the provisional estimate of GDP for the year 2022-23 of Rs. 272.41 Lakh Crore, released by 31st may 2023. The growth in real GDP during 2023-24 is estimated at 7.3 percent as compared to 6.55 percent in 2022-23. The GDP value of India represents 1.47 % of the world economy.
**Keywords:** National Income, Gross Domestic Product , Gross National Product, Inflation Rate etc

**Introduction -** The total amount of money earned by all Indian citizens is known as the country's national income. This national income also includes the GDP and GNP. Whereas GNP is the gross national product , GDP is the gross domestic product. Moreover the key determinants of India's national income are the country's savings rate and economic investment. The importance of country's final commodities and services expressed in monetary terms for its citizens is known as its national income. National income data is used to calculate country's overall economic performance. The primary goal of national income is to throw light on overall output and income and give the government a foundation upon which to build policies and programs that will optimize the welfare of the nation's citizens the Indian national income is computed by the Central Statistical Organization.

**Income method -** estimated by addeing all the factors od production (rent, wages, interest, profit) and the mixed income of self-employed.

**Production method -** value added = value of output - value of (non-factor ) inputs

**Expenditure method -** GDP at MP = private's sector's expenditure on final consumer goods + investments or capital formation + govt's expenditure on final consumer goods + (net exports)

**Significance of study:** The study of National income of India is demonstrated by this study, which makes it extremely relevant today. Monetary policy represents an additional crucial tool for accomplishing the goals of macroeconomics policy. In certain nations like India the central Bank (Reserve Bank of India) functions as the government's agent and follows its directive and general policies. In order to strengthen the economy at the financial condition or future output level by influencing the level by aggregate demand, monetary policy relates to changes in the supply and interest rate.

This study will provide relevant result to different research scholars, investigators and concerned institutes. This will also help the policy makers

**Objectives:**

1. To Study The trends of Per Capita Income Of India from financial year 2018-19 to 2022-23.

**Review of literature-**

1. **Kaur Baljit, Sethi Singh Amarjit , (2004**), " *Public Expenditure And National Income In India: An Investigation Of Structural Changes And Causality"*, paper attempts to measurement the speed of growth and structural changes in india's government final consumption expenditure and income at both aggregate and disaggregate levels. The per also pobes into the causual relationship between the two macro variables.

2. **Sinha Kumar Jitendra (2022), "** *Government Expenditure And Its Effect On National Income And Employment In India"*, the study used the dynamic panel models. The study recommends proper use of the resources of government and powerful tools and policies that can help in achieving an equitable distribution of income and wealth.

**Research methodology:** Research methodology is the systematic method, process dealing with identifying problem, collecting facts or data, analyzing these data and reaching at certain conclusion or certain conclusion or

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

certain generalization for some theoretical formulation.

This research paper is an explanatory in pattern which is primarily based on secondary sources such as referred journals article, books and websites and research papers for its data consideration. The research is based on secondary data. Data is collected through various books, magazines, newspaper and through internet sources (microtrends.com, forbes.com, tradingeconomics.com, statista.com and pib.gov.com).

**Interpretation and Analysis:** India's per capita net national income (NNI) is improved by 35.12 percent from Rs. 72,805 in 2018-19 TO Rs. 98,374 in 2022-23 at constant (2011-12) prices. The following represents the average inflation rate for the entire financial year in India, based on the consumer price index for the entire country and the growth in per capita income from 2028-19 to 2022-23

**Table 1: India's per capita National Income across India from financial year 2018 to 2022**

CPI base 2012=100 Growth rate of per capita NNI (In %)

| Year | Inflation based on CPI | At current prices | At constant (2011-12) prices |
|---|---|---|---|
| 2018-19 | 3.41 | 9.3 | 5.2 |
| 2019-20 | 4.77 | 5.1 | 2.5 |
| 2020-21 | 6.61 | -4.0 | -8.9 |
| 2021-22 | 5.51 | 16.9 | 7.6 |
| 2022-23 | 6.65 | 16.0 | 6.3 |

***Source:pib.gov.com***

**Table 1: India's per capita National Income across India from financial year 2018 to 2022**




**Graph 1: India's per capita National Income across India from financial year 2018 to 2022**

Graph 1 shows the India's per capita net national income across India from financial year 2018 to 2022. The analysis shows that in the financial year 2018-19 the rate of per capita NNI is 3.41%, in financial year 2019-20 the rate of per capita NNI is 5.51% which is increase in the inflation rate. In financial year 2020-21 the rate of per capita NNI is 6.61%. In financial year 2021-22 the rate of per capita NNI is 4.77% which is decrease in respect to previous year. In financial year 2022-23 the rate of per capita NNI is 3.41% which is also a decrease in the inflation rate of per capita national income.

**Conclusion:** Although both NNI and GNI (gross national revenue) are measures of a nation's welfare and economic success., NNI is based on GDP, whereas GNI and GDP plus net foreign receipts, which include property revenue, wages and salaries, net taxes and foreign subsidies. The NNI of a nation , on the other hand is equivalent to its GNI net of depreciation. When it came to gross national income in the Asia pacific region in 2020, India came in second place. This has been made achievable by India's positive GDP growth. Nominal GDP or GDP at current prices in the year 2023-24 is estimated at Rs. 29658 Lakh Crore, as against the provisional estimate of GDP for the year 2022-23 of Rs. 272.41 Lakh Crore, released by 31st may 2023. The growth in real GDP during 2023-24 is estimated at 7.3 percent as compared to 6.55 percent in 2022-23.

**References:-**

1. Kaur Baljit, Sethi Singh Amarjit , (2004), " *Public Expenditure And National Income In India: An Investigation Of Structural Changes And Causality.*
2. Sinha Kumar Jitendra (2022), " *Government Expenditure And Its Effect On National Income And Employment In India"*.
3. Ghosh jyoti, chandreshekhar C.P (2018), "national income in india: whats really growing".
4. International labour organization, unemployment rate LO modeled estimated 2018.
5. Bajanic An.The Composition Of Government Expenditure And Economic Growth In Bolivia. Latin American jouranal of economic 2013; 50(1):83-105.
6. Sethi AS . consumption expenditure and income in india: short term forecasts and causality behavior. Indian journal of quantitative economic 2003; 17(1 & 2):61-90.
7. pib.gov.com
8. tradingeconomics.com

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# India and UNSC Reforms

**Pallavi Sharma***

***Masters in Political Science, Jammu University, Jammu (J&K) INDIA**

**Abstract -** India's growing involvement in the UN is based on its unwavering belief that communication and multilateralism are essential to accomplishing common objectives and resolving issues that the international community faces together. India was one of the few United Nations members to sign the Washington, D.C., Declaration on January 1, 1942.1945 saw the establishment of the Security Council and other major UN bodies.The UN Charter's ideals, which uphold international peace and security, serve as the foundation for the UN's operations This research paper begins by Introduction of the Function and Powers of the security council then by mapping historical association and interest of India with UN as a whole especially with the security Council and its perspective on the various categories of membership, desire to gain permanent seat, rising stature of India at world level especially in Post COVID era and need for reformed Multilateralism in the current geopolitically Multipolar world.
**Keywords:** India, Security Council, G4 United Nations, ,Multilateralism, Veto power.

**Origin Of UN :** In order to establish international harmony and shield future generations from the scourge of war, the League of Nations gave rise to the United Nations in 1945. On October 24, 1945, in San Francisco, the 51 founding members of the United Nations formed it with the goal of achieving global peace, democracy, and independence since the start of World War II.There are now 193 members of the United Nations.

India is a rising force in the world community, and one of its main assets is its Soft power and unwavering cooperation with multilateral international organizations, especially the United Nations.

11. Denko C W (1992). A role of neuropeptides in inflammation .In: Whicher J T, Evans S W, eds. Biochemistry in Inflammation, ed. London: Kluwer Publisher, 177-181.
12. Elias G and Rao M N (1988). Inhibition of albumin denaturation and anti-inflammatory activity of dehydrozingerone and its analogs. Indian Journal of Experimental Biology 26 (10) 540-542 Ferrali M, Signorni C, Ciccoli L and Comporti M (1992)
13. Iron release and membrane damage in erythrocytes exposed to oxidizing agents phenylhydrazine, divicine and isouramil.Biochemical Journal 285 (1) 295-301. Folin O and Ciocalteau V (1927).
14. On tyrosine and tryptophan determinations in proteins. Journal of Biological Chemistry 27(2) 627-650. Fuglie LJ (1999).
15. The Miracle Tree: Moringa oleifera: Natural Nutrition for the Tropics. Church World Service, Dakar 1 (1) 68. Gambhire M, Juvekar A and Wankhede S (2009) Evaluation of anti-inflammatory activity of methanol extract of Barleria cristata leaves by in vivo and in vitro methods. The Internet Journal of Pharmacology (2009)


*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# गोविंद शर्मा की लघुबाल कथा 'मटकू बोलता है' में सामाजिक मूल्य

मेघा बंसल* डॉ.नवज्योत भनोत**

* शोधार्थी (हिंदी) महाराजा गंगा सिंह विश्वविद्यालय, बीकानेर (राज.) भारत
** प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष (हिंदी) डॉ. भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय, श्रीगंगानगर (राज.) भारत

**शोध सारांश –** इस लघु बाल कथा के माध्यम से बालकों में सामाजिक और नैतिक मूल्यों का पोषण किया गया है। बच्चों के व्यक्तित्व एवं सामाजिक विकास का बचपन से ही ध्यान रखा जाए तो बच्चों का चौमुखी विकास संभव है। 'नैतिक कम्पास एक शब्द है जिसका उपयोग हमारे सही और गलत की आंतरिक भावना का वर्णन करने के लिए किया जाता है जो हमारे कार्यों को निर्देशित करने के लिए एक रूपरेखा प्रदान करता है। विवेक एक व्यक्ति की आंतरिक नैतिक भावना है जो उसे अपने व्यवहार को विनियमित करने के लिए मार्गदर्शन करती है। अंतरात्मा की आवाज आंतरिक आवाज से मेल खाती है जो आपके व्यवहार का न्याय करती है। अंतरात्मा की आवाज कई लोगों के लिए नैतिक निर्णय लेने का स्रोत है।'[1]

आज के नौनिहाल कल के नागरिक हैं जो एक सभ्य समाज का निर्माण कर राष्ट्र को प्रगति के पथ पर ले जाते हैं। प्रतीकात्मक शैली में लिखी गई इस कथा में मटकू अर्थात एक छोटे मटके का मानवीकरण किया गया है। कथा में मटकू को मुख पात्र बनाकर उनमें नैतिकता और मानवता भरी सामाजिक चेतना का संचार किया गया है।

**शब्द कुंजी –**अंतरात्मा ,इंसानियत, सेवा भावना, समाज सेवा, प्याऊ, सार्वजनिक सफाई, मानवता, अधिकार, कर्तव्य, संवेदनशीलता।

**प्रस्तावना –** बालकों के लिए, बालकों के नजरिए से, उन्हीं की भाषा में लिखा गया साहित्य, बाल- साहित्य की श्रेणी में आता है। सच्चा बाल-साहित्य वही है जो बच्चों में जिज्ञासा को बढ़ाए एवं उनमें नए-नए संप्रत्ययों का निर्माण करे।

आज हिंदी में वैविध्यपूर्ण मौलिक एवं समीक्षात्मक साहित्य रचा जा रहा है। अधिकांश रचनाकार जीवन शक्तियों से अनुप्राणित ,पौराणिक कथानकों को भी अपेक्षित परिवर्तित एवं परिवर्धित कर परिवेशिक यथार्थ के अनुकूल उपादेय बनाकर पोषक तत्व के रूप में सम्मिलित कर रहे हैं।

बालक के सर्वांगीण विकास तथा उसे देश और समाज के लिए उपयोगी बनाने में बाल-साहित्य की भूमिका अत्यधिक महत्वपूर्ण है।हिंदी बाल साहित्य की लेखिका डॉ बानो सरताज के मतानुसार 'वह साहित्य जो बालकों में अनुकूल विचार और सृजनशीलता को प्रोत्साहित करके जीवन को समझने में सहायक होता है। बालकों में प्रेम, मानवता, निस्वार्थता, राष्ट्रीयता आदि भावों के विकास में सहायता करता है। कठिनाइयों, दुविधाओं से जूझना सिखाता है, बाल साहित्य है।'[2] बाल्यावस्था में बच्चों के भाव अत्यधिक कोमल होते हैं तथा उनकी ग्रहण क्षमता अत्यधिक तीव्र होती है। इस कच्ची उम्र में डाले गए संस्कार सुदृढ़ तथा स्थाई हो जाते हैं। डॉ श्री प्रसाद अपने एक आलेख में हितोपदेश के रचनाकार नारायण पंडित द्वारा रचित एक श्लोक का संदर्भ प्रस्तुत करते हुए कहते है।

यन्नवे मार्जने लग्न:, संस्कारो नान्यथा भवेत।
कथाच्छलेन बालानां, नीतिस्तदिह कथ्यते।

अर्थात् जैसे 'नए घड़े पर बना हुआ चित्रांकन (घड़े के पक जाने पर) पक्का हो जाता है, उसी प्रकार बचपन के संस्कार भी पक्के हो जाते हैं।'[3] अत: एक बाल साहित्यकार का कर्तव्य है कि वह बालकों को ऐसा साहित्य दे जो बाल जीवन के लिए हितकारी हो। गोविंद शर्मा जी ने इस लघु कथा के माध्यम से बालकों में सार्वजनिक सफाई के साथ-साथ समाज सेवा और कर्तव्यभावना के महत्व का प्रतिपादन किया है। इंसानियत के नाते, बिना किसी स्वार्थ के एक दूसरे की मदद करना तथा समाज के प्रति अपने कर्तव्य को समझते हुए अंतरात्मा की आवाज को पहचानना ही इस कथा का मूल आधार है।

**अध्ययन का उद्देश्य–** आज का बालक अति आधुनिकतावाद और यथार्थवाद के वातावरण में विकसित हो रहा है। एकाकी परिवारों के एकाकीपन में उपजे राग- प्रेम, सहनशीलता, ममता, अपनत्व और नैतिक मूल्य, बालक में विलुप्त होते जा रहे हैं। इस शोध का उद्देश्य गोविंद शर्मा की लघु कथा 'मटकू बोलता है' का विश्लेषण कर आज के बालकों को सामाजिक मूल्यों से परिचित करवाना है। सपाटबयानी से कही गई बात, नैतिक शिक्षा के लिए दिए गए उपदेश, आज के परिप्रेक्ष्य से सुग्राह्य नहीं है। यदि बात को सीधे न कह कर किसी घटनाक्रम के माध्यम से बच्चों के समक्ष प्रस्तुत किया जाएं और उन्हें अपनी बुद्धि और विवेक के बल पर उस घटना का विश्लेषण,-चिंतन कर, सही – गलत के निर्णय करने की स्वतंत्रता प्रदान की जाए तो निश्चित रूप से बालकों द्वारा ग्रहण की गई सीख अधिक उपयोगी और चिरस्थायी होगी।

बाल साहित्य बच्चों की जिज्ञासाओं को पूर्ण करने में सहायक होता है तथा समाज की विभिन्न स्थितियों अच्छा- बुरा, नैतिक-अनैतिक, सभ्य-असभ्य आदि का ज्ञान भी करवाता है। आज का साहित्यकार बच्चों के स्वतंत्र अस्तित्व को स्वीकारते हुए उनके लिए अलग साहित्य की रचना करता है। बाल साहित्य के समीक्षक डॉ. हरिकृष्ण देवसर का कहना है 'आज के बाल साहित्य का उद्देश्य केवल मनोरंजन और ज्ञानवर्धन करना ही नहीं है, बल्कि बालक को इस योग्य बनाना भी है कि वह जीवन के मूल्यों तथा भावी संसार के परिवेश से संबंध बनाए रखने में सफल हो सके।'[4]

इस कथा के माध्यम से गोविंद शर्मा जी ने सार्वजनिक सफाई का महत्व, समाज सेवा में योगदान एवं अंतरमन द्धारा सुझाए गए उचित कार्यो को प्रोत्साहित करने जैसे संवेदनशील विषयों की तरफ बालकों का ध्यान आकर्षित किया है। मटकू बोलता है' समाज के बीच उन भावों को भरने वाली कथा है जो सभ्य समाज का निर्माण और राष्ट्र का उत्थान करने में सहायक है। कथा का कथानक बच्चों में मानसिक और बौद्धिक विकास के साथ-साथ नैतिक एवं मूल्यवान सामाजिक चेतना का प्रादुर्भाव करता है। कथा में निहित इन सभी सामाजिक और नैतिक मूल्यों का विश्लेषण कर सार्वभौमिक सत्य की ओर प्रेरित करना ही इस शोध का उद्देश्य है।

**शोध प्रविधि-** इस शोध कार्य में सामाजिक मूल्यों के विश्लेषण हेतु मूल पुस्तक को आधार सामग्री के रूप में लिया गया है। शोध पत्र हेतु विश्लेषणात्मक विधि का उपयोग करते हुए पहले से उपलब्ध सूचनाओं आलेखों द्धारा तथ्यों का अध्ययन करते हुए ज्ञान मीमांसा पद्धति का प्रयोग कर अंतिम निष्कर्ष प्राप्त किया गया है।

**विषय विस्तार-** इस कथा में मटके के मानवीकरण द्धारा गहन सामाजिक संदेश दिया गया है। 'मटकू' नामक छोटा मटका यहां पंचमहाभूतों में से एक जल को अपने में समाहित कर उसके महत्व को प्रतिपादित कर रहा है।

मटकों की सुरक्षा के लिए बैठा बूढ़ा बाबा इंसानियत के नाते, सेवा भावना से प्याऊ पर चौकीदारी का कार्य करता है। प्याऊ की तो नींव ही समाज सेवा की भावना पर रखी जाती है। चाहे वह आज के आधुनिक हवादार, फिल्टर्ड और ठंडे पानी की व्यवस्था वाली प्याऊ हो या परंपरागत झोपड़ी में रखे मटकों वाले प्याऊ। बूढ़े बाबा कहते है 'मेरे परिवार के लोग, मेरे परिचित मेरी सेवा करते हैं। मैं बूढ़ा हो गया हूं इसलिए मैं मेहनत वाले काम नहीं कर सकता। प्याऊ का काम कम मेहनत का है। जब तक शरीर साथ देगा मैं यह सेवा का काम करता रहूंगा।'[5] इंसानियत एक श्रृंखला में चलने वाली प्रक्रिया है। यह एक का दूसरे के प्रति प्रतिदान है। मटके के रूप में सेवा की उपलब्धता और पात्रता यहां महत्तवपूर्ण माध्यम बनकर दूसरों की सेवा- और प्रेम के लिए अवसर उपलब्ध करवाती है।गीता के अनुसार फल की इच्छा से रहित कर्म को निस्वार्थ भाव से करने की भावना इस कथा के मूल में है।

इस लघु कथा की मूल भावना 'सार्वजनिक सफाई' को हर छोटे-बड़े किस्से के केंद्र में रखा गया है। जैसे किसी राहगीर द्धारा हाथ धोकर ही पानी पिया जाना, मटके से पानी पीने के बाद उस पर ढक्कन को याद से लगाना, यदि मटके खाली हो जाए तो उन्हें साफ करके ही पुन: पानी भरना, ठंडक की चाह में प्याऊ में घुसे जानवरों को भी वहां से हटाना इत्यादि।इन घटनाओं की रचना बाहरी स्वच्छता के साथ साथ आंतरिक स्वच्छता को भी दृष्टि देती है।

'मटकू कभी-कभी बोलता है। मटकू बोलता है, तब सुनाई देता है। पर ऐसा लगता नहीं है कि मटकू बोला है। सुनने वाला हैरानी से इधर-उधर देखता है।'[6] प्रतीकात्मक शैली में लिखी गई है यह लघु कथा, व्यक्ति के अंतरमन की ओर संकेत करती है। व्यक्ति का अंतरमन उसे सदैव सही कार्य करने तथा गलत को त्यागने का मशवरा देता है। यह कथा व्यक्ति विशेष द्धारा अपनी अंतरात्मा की बात सुनने अथवा अनसुना कर समाज विरोधी कार्य करने के बीच सही के चुनाव को लेकर सजग करती है। कथा में एक राहगीर द्धारा बिना हाथ धोए मटकू से पानी लेने के प्रयास में मटकू द्धारा उसे अपने भीतर देखने के लिए प्रेरित करना इसका उदाहरण है। वह कहता है 'कोई और न सही, मैं तो देख रहा हूं। तुम कहां से आ रहे हो, यह तो जानते ही हो। पहले अपने हाथ धो लो।'[7] वहां किसी को न पाकर भी राहगीर का इसे अपने दिल की आवाज समझ कर हाथ धो लेना अपने कर्त्तव्य को पहचानना है। इसी प्रकार एक अन्य राहगीर को मटकू घड़े पर ढक्कन लगाने का निर्देश देकर उसके दिल तक पहुंचता है। वह राहगीर प्रतिक्रिया देते हुए कहता है 'हां मैं जानता हूं। तो यह मेरे दिल की आवाज है। मैं यूं ही घबरा गया। चलो इसे ढक देता हूं।'[8] इस प्रकार अपने अंतकरण से जुड़कर विवेकशील क्षमता को जगाने का उद्देश्य यहां रखा गया है।

मटकू के माध्यम से अधिकार और कर्तव्य के बीच की महीन रेखा को उभार कर असंवेदनशीलता जैसे संक्रामक रोग से बचने की सलाह दी गई है।

समाज में रहते हुए मानव द्धारा बहुत सी वस्तुओं और सेवाओं का उपभोग किया जाता है। प्रकृति द्धारा सबको समान रूप से बिना किसी भेदभाव के कुछ सुविधाएं दी गई है जैसे- सूर्य का प्रकाश, हवा, पानी, भूमि, ऋतुएं, मौसम आदि जिनके आवश्यकतानुसार उपभोग के बाद हमारे कुछ कर्तव्य भी होते हैं जो इन वस्तुओं तथा सेवाओं की अन्य लोगों के लिए उपलब्धता को सुनिश्चित करते है। कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए दूसरों के अधिकारों की रक्षा यहां महत्तवपूर्ण संदेश है। उदाहरणस्वरूप कथा में जब एक व्यक्ति मटकू से पानी पी लेने के बाद प्याऊ से जाने लगता है। तो मटकू अथवा उसकी अंतरआत्मा द्धारा सभी मटकों को भरने का सुझाव यहां मानवता का कार्य है। यहां उस व्यक्ति द्धारा इस कार्य के प्रति प्रथम दृष्टया प्रदर्शित उदासीनता आम व्यक्ति के स्वभाव की ओर इशारा करती है जिस पर नियंत्रण करने के लिए यहां मटकू के रूप में अंतकरण की आवाज को बुलंद किया गया है। इस संवाद के लिए गोविंद जी ने मटकू को मुखपात्र बनाते हुए गहरा संदेश समाज में प्रेषित किया है- वह कहता है 'प्याऊ में पानी पीने पर किसी एक आदमी या एक परिवार का अधिकार नहीं होता है। यह तो सबका है, यह सार्वजनिक है, यहां घड़े में पानी भरना किसी की नौकरी करना नहीं होता है। यह जल सेवा है और जन सेवा भी।'[9]

इस प्रकार जन सेवा के भावों को समझ कर जब लोग अपनी अंतरात्मा की आवाज से समाज के प्रति अपनी भूमिका को स्वीकार करते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का कार्य करने लगते हैं तो मटकू बोलना बंद कर देता है अर्थात समाज के प्रति संवेदनशीलता का प्रसार हो जाने पर उसका दायित्व पूर्ण हो जाता है और उसे कोई सुझाव देने की आवश्यकता महसूस नहीं होती। 'मटकू अब नहीं बोलता है। क्यों बोले? घड़ों में साफ पानी भरा होता है, वे ढके रहते हैं, लोग हाथ धोकर पानी पीते हैं। हां जिस दिन कोई गलती करेगा, मटकू बोलेगा।'[10]

निष्कर्ष के रूप में जीवन का मार्गदर्शन करने वाली अंत:करण की आवाज ही है जो सही गलत का अंतर बताकर व्यक्ति को ऊंचा उठाती है। इस कथा में अन्तरात्मा की आवाज वाला मटकू बालकों के भीतर सहज सामाजिक मूल्यों,नैतिक निर्देशों और गलत सही के बीच अंतर के लिए आंतरिक आवाज के रूप में प्रकट होकर नैतिक निर्णय लेने के लिए मार्गदर्शक बनता है।मुख्य तौर पर संवेदशीलता के गुण को निरूपित करती यह अंतरात्मा की आवाज जागरूकता, आत्मनिरीक्षण का अवसर प्रदान करते हुए व्यक्तिगत और सामाजिक नैतिक मानकों के अनुसार मूल्यांकन कर किसी भी कार्य के संभावित परिणामों पर चिंतन करना भी सिखाती है।

अत्यंत साधारण पात्र के माध्यम से आधुनिकता की होड़ में विलुप्त होती अंत:करण की आवाज को पहचान कर सार्वभौमिक सत्य का

प्रतिनिधित्व करने वाली स्वाभाविक स्थितियों को विकसित करने की प्रेरणा देती यह बाल-कथा निस्वार्थ भाव से जीते हुए कल्याणकारी मूल्यों को संरक्षित रखने की दृष्टि देती है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**


1. प्रियंका सौरभ,अंतरात्मा की आवाज बताती है,स्वतंत्र प्रभात, सम्पादकीय, 21 जून 2.23,www.swatantraprabhat.com
2. डॉ. बानो सरताज,स्वातंत्र्योतर हिंदी बाल साहित्य,पृष्ठ संख्या 121
3. डॉ. श्री प्रसाद,हिंदी बाल साहित्य क्रमिक विकास, भारतीय बालसाहित्य के विविध आयाम, आलेख ,उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान प्रथम संस्करण, 1996 पृष्ठ संख्या 66
4. डॉ. हरिकृष्ण देवसरे,हिंदी बाल साहित्य एक अध्ययन, पृष्ठ संख्या 236- 237
5. गोविंद शर्मा,'मटकू बोलता है', पृष्ठ संख्या, 6
6. गोविंद शर्मा,'मटकू बोलता है', पृष्ठ संख्या ,9
7. गोविंद शर्मा,'मटकू बोलता है', पृष्ठ संख्या,11
8. गोविंद शर्मा,'मटकू बोलता है', पृष्ठ संख्या16
9. गोविंद शर्मा,'मटकू बोलता है', पृष्ठ संख्या21
10. 'मटकू बोलता है', गोविंद शर्मा, पृष्ठ संख्या 23


*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# Medical Jurisprudence in India: Challenges and Opportunities

Dr. Lok Narayan Mishra*

*Asst. Professor (Law) Govt. Law College, Rewa (M.P.) INDIA

**Abstract -** Medical jurisprudence, the application of medical science to legal problems, is crucial in ensuring justice in healthcare-related issues. In India, the integration of medical jurisprudence within the legal system faces numerous challenges but also presents significant opportunities for improvement and development. This paper explores the landscape of medical jurisprudence in India, identifying key challenges such as regulatory gaps, ethical dilemmas, and inadequate forensic infrastructure, while also highlighting opportunities for enhancing the field through legislative reforms, technological advancements, and interdisciplinary collaboration.

**Introduction -** Medical jurisprudence, also known as forensic medicine, involves the application of medical knowledge to legal issues and the administration of justice. It plays a vital role in various legal contexts, including criminal investigations, civil disputes, and public health regulations. In India, the field has evolved considerably but continues to grapple with several challenges. This paper aims to provide a comprehensive overview of the current state of medical jurisprudence in India, identify key challenges, and explore potential opportunities for strengthening the field.

**Historical Context:** The roots of medical jurisprudence in India can be traced back to ancient texts such as the Manusmriti and Charaka Samhita, which contained guidelines on medical ethics and legal responsibilities of physicians. During the colonial period, the British introduced formal forensic medicine education and established forensic laboratories. Post-independence, India has seen further developments, with medical jurisprudence becoming a mandatory subject in medical curricula and the establishment of institutions like the All India Institute of Medical Sciences (AIIMS), which play a pivotal role in forensic education and research.

**Current Landscape:** Medical jurisprudence in India encompasses various activities, including autopsies, forensic toxicology, sexual assault examinations, age estimation, and expert testimony in court. Key stakeholders include forensic pathologists, toxicologists, forensic scientists, legal professionals, and law enforcement agencies. Despite its critical importance, the field faces numerous challenges that hinder its effectiveness.

Medical jurisprudence, also known as forensic medicine, is the branch of medicine that applies medical knowledge to legal issues and the administration of justice. It involves the use of medical expertise to solve legal problems, particularly those involving crimes and civil disputes that have a medical component. Medical jurisprudence encompasses a wide range of activities, including the examination of injuries, determination of the cause and manner of death, and the assessment of medical negligence.

**Key Aspects of Medical Jurisprudence**

**1. Autopsy and Post-Mortem Examination:** A critical component of medical jurisprudence is the autopsy or post-mortem examination. This procedure is conducted to determine the cause and manner of death, particularly in cases of suspicious or unexplained deaths. Autopsies can reveal evidence of criminal activity, such as homicide, or natural causes, such as disease.

**2. Forensic Toxicology:** This subfield involves the study of the effects of chemicals, drugs, and toxins on the human body. Forensic toxicologists analyze bodily fluids and tissues to detect the presence of harmful substances, which can be crucial in cases of poisoning, drug overdoses, and exposure to toxic environments.

**3. Injury and Wound Analysis:** Forensic experts examine injuries and wounds to determine their nature, cause, and the circumstances under which they were inflicted. This analysis can help differentiate between accidental injuries and those caused by violent acts, such as assault or abuse.

**4. Sexual Assault Examination:** Medical jurisprudence plays a vital role in cases of sexual assault. Forensic experts conduct examinations to collect and document evidence of sexual violence, which can include DNA samples, injuries, and other physical evidence that supports the investigation and prosecution of the crime.

**5. Age Estimation:** Forensic medicine often involves estimating the age of individuals, especially in cases where identity or legal age is in question. This can be important in legal contexts such as immigration, criminal responsibility, and employment.

**6. Medical Negligence and Malpractice:** Medical jurisprudence also addresses issues of medical negligence and malpractice. Forensic experts assess whether healthcare providers have met the standard of care required in medical practice and provide testimony in civil and criminal cases involving allegations of medical errors or unethical behavior.

**7. Expert Testimony:** Forensic medical experts frequently serve as expert witnesses in court, providing testimony on medical findings and their implications for legal cases. Their expertise can be crucial in helping judges and juries understand complex medical issues and make informed decisions.

**Role of Medical Jurisprudence in the Legal System:**Medical jurisprudence is integral to the legal system, as it provides the scientific basis for many judicial decisions. Forensic medical experts work closely with law enforcement agencies, legal professionals, and the judiciary to ensure that medical evidence is accurately interpreted and presented in court. This collaboration helps ensure that justice is served, whether in criminal prosecutions, civil litigation, or regulatory matters.

**Importance of Medical Jurisprudence**

**1. Ensuring Justice:** By providing accurate and reliable medical evidence, forensic experts help ensure that justice is served. This includes identifying perpetrators of crimes, exonerating the innocent, and providing closure to victims and their families.

**2. Public Health and Safety**: Medical jurisprudence contributes to public health and safety by investigating causes of death, identifying public health threats (such as toxic exposures or infectious diseases), and informing public policy and preventive measures.

**3. Legal and Ethical Standards:** The field helps uphold legal and ethical standards in healthcare by addressing issues of medical negligence, malpractice, and professional misconduct. This ensures that healthcare providers are held accountable and that patients receive safe and ethical care.

**Challenges in Medical Jurisprudence in India**

**1. Regulatory Gaps and Inconsistencies:** The regulatory framework governing medical jurisprudence in India is often criticized for being fragmented and inconsistent. Different states have varying protocols and standards, leading to disparities in forensic practices. Moreover, there is a lack of uniform guidelines for the accreditation and functioning of forensic laboratories, resulting in varied quality and reliability of forensic reports.

**2. Ethical Dilemmas:** Medical professionals often face ethical dilemmas while performing forensic duties. Issues such as confidentiality, consent, and conflicts of interest arise frequently. For instance, in cases of sexual assault, balancing the need for thorough forensic examination with the victim's privacy and dignity is a significant concern. Additionally, pressure from law enforcement agencies or political entities can compromise the impartiality of forensic experts.

**3. Inadequate Forensic Infrastructure:** The forensic infrastructure in India is grossly inadequate to meet the growing demands. Many forensic laboratories are under-resourced, lacking advanced equipment and trained personnel. The backlog of cases is a persistent problem, leading to delays in justice. Furthermore, the integration of forensic science with modern technology is limited, hampering the efficiency and accuracy of forensic investigations.

**4. Education and Training Deficiencies:** The education and training of medical professionals in forensic medicine are often insufficient. While medical jurisprudence is a mandatory subject in medical education, the depth and quality of training vary widely. Continuous professional development and specialized training programs are essential to keep forensic experts updated with the latest advancements and best practices in the field.

**5. Judicial and Legal Challenges:** The judiciary's understanding of forensic evidence is crucial for its effective utilization in legal proceedings. However, there is often a gap in the knowledge and appreciation of forensic science among legal professionals. Misinterpretation or misuse of forensic evidence can lead to miscarriages of justice. Additionally, the adversarial nature of legal proceedings can put undue pressure on forensic experts, affecting their objectivity and performance.

**Opportunities for Enhancing Medical Jurisprudence in India**

**1. Legislative Reforms:**Legislative reforms are essential to address the regulatory gaps and inconsistencies in medical jurisprudence. Establishing a centralized regulatory authority for forensic services can ensure uniform standards and protocols across the country. Additionally, enacting laws that provide clear guidelines on ethical issues and protect the independence of forensic experts can enhance the integrity and credibility of forensic practices.

**2. Technological Advancements:** Leveraging technological advancements can significantly improve the efficiency and accuracy of forensic investigations. Implementing digital forensics, DNA profiling, and advanced toxicology techniques can provide more reliable evidence. Moreover, developing integrated databases and information-sharing platforms can facilitate better coordination between forensic laboratories, law enforcement agencies, and the judiciary.

**3. Capacity Building and Training:** Investing in capacity building and training programs is crucial for developing a skilled workforce in forensic medicine. Enhancing the curriculum of medical jurisprudence in medical schools,

providing continuous professional development opportunities, and establishing specialized training institutes can ensure that forensic experts are well-equipped to handle complex cases. Collaboration with international forensic bodies can also bring in global best practices and standards.

**4. Interdisciplinary Collaboration:**Promoting interdisciplinary collaboration between medical professionals, legal experts, and law enforcement agencies can enhance the effectiveness of forensic investigations. Regular workshops, seminars, and conferences can facilitate knowledge exchange and foster mutual understanding among different stakeholders. Additionally, establishing multidisciplinary forensic teams for complex cases can ensure comprehensive and coordinated investigations.

**5. Public Awareness and Education:** Raising public awareness about the importance of forensic medicine and its role in the justice system can garner support for necessary reforms and investments. Educational campaigns, media engagement, and community outreach programs can help demystify forensic science and build trust in forensic institutions. Public support is crucial for advocating policy changes and ensuring the proper allocation of resources for forensic services.

**Case Studies and Comparative Analysis:** One of the most famous Indian cases related to medical jurisprudence is the Indrani Mukerjea and Sheena Bora Murder Case. This case, which surfaced in 2015, involved complex forensic evidence and brought significant attention to the field of medical jurisprudence in India.

**Case Background:** Sheena Bora, a young woman, was reported missing in 2012. It wasn't until 2015 that her remains were discovered, leading to the arrest of her mother, Indrani Mukerjea, and others. The case quickly became high-profile due to the social status of those involved and the sensational nature of the crime.

**Forensic Aspects**

**1. Identification of Remains:** The forensic team faced the challenge of identifying decomposed remains found in a forest. DNA analysis confirmed the identity of Sheena Bora, linking the evidence directly to the victim.

**2. Cause of Death:** The autopsy and forensic analysis suggested that Sheena Bora had been strangled, providing crucial evidence regarding the manner of death.

**3. Time of Death:** Estimating the time of death was critical for constructing the timeline of events. Forensic experts analyzed decomposition stages to provide an approximate time frame.

**4. Forensic Toxicology:** Toxicology reports played a role in understanding whether Sheena had been drugged prior to her death, adding another layer of complexity to the forensic investigation.

**Judicial Proceedings:** The case saw multiple twists and turns, with numerous forensic experts providing testimony. The meticulous work of forensic scientists was essential in building the case against Indrani Mukerjea and her accomplices.

**Impact:** The Sheena Bora murder case remains a significant example of the role of medical jurisprudence in the Indian legal system. It underscores the importance of forensic science in criminal investigations and the continuous need for advancements and improvements in this crucial field.

**K.M. Nanavati vs. State of Maharashtra:** One of the most famous Indian cases related to medical jurisprudence is the Nanavati Case, officially known as the K.M. Nanavati vs. State of Maharashtra case. This 1959 case is notable not only for its sensational elements involving a crime of passion but also for the pivotal role played by forensic medicine in the trial. The case is considered a landmark in Indian legal history and had significant implications for the country's judicial system.

**Background of the Case**

**Incident:** On April 27, 1959, Commander Kawas Manekshaw Nanavati, a decorated Indian Naval officer, shot and killed his wife's lover, Prem Ahuja, with his service revolver. Nanavati's wife, Sylvia, had confessed to her affair with Ahuja just before the incident.

**Arrest and Trial:** Following the killing, Nanavati surrendered himself to the police. The trial that ensued became one of the most publicized and dramatic court cases in Indian history, highlighting various aspects of medical jurisprudence and forensic science.

**Forensic and Medical Jurisprudence Aspects**

**1. Autopsy and Cause of Death:** The autopsy of Prem Ahuja was crucial in establishing the cause of death. The forensic examination revealed that Ahuja died from three gunshot wounds. The nature and trajectory of the wounds were essential in corroborating the sequence of events as described by Nanavati and assessing the plausibility of different versions of the incident.

**2. Ballistic Evidence:** The ballistic analysis of the bullets and the revolver played a significant role in the trial. Experts testified about the type of weapon used, the distance from which the shots were fired, and the angle of entry of the bullets. This evidence helped the court understand the circumstances of the shooting.

**3. Psychological Evaluation:** Although not as developed as today, aspects of forensic psychology were indirectly involved. Nanavati's mental state, his emotional turmoil upon learning of his wife's infidelity, and his actions following the revelation were considered in understanding his motive and intent.

**4. Medical Testimonies:** Various medical experts were called to testify regarding the injuries sustained by Ahuja and the likely scenarios that could have led to such injuries. These testimonies helped the jury and judges form a clearer picture of the incident.

**Judicial Proceedings and Outcome**

**Jury Trial:** Initially, the case was tried before a jury, which

acquitted Nanavati, accepting his defense of sudden and grave provocation. However, the verdict was overturned by the Bombay High Court, which found him guilty of murder.

**Appeal:** Nanavati appealed to the Supreme Court of India. In 1961, the Supreme Court upheld the Bombay High Court's conviction, and Nanavati was sentenced to life imprisonment.

**Pardon:** Eventually, Nanavati was pardoned by then-Governor of Maharashtra, Vijayalakshmi Pandit, after serving a few years in prison, partly due to public sympathy and the intervention of powerful figures.

**Impact and Significance**

**1. Abolition of Jury Trials:** The Nanavati case is often cited as a major reason for the abolition of jury trials in India. The perceived influence of public opinion and media coverage on the jury's decision highlighted the potential for bias, leading to the eventual phasing out of jury trials in favor of bench trials (trials by judges).

**2. Role of Forensic Evidence:** The case underscored the importance of forensic evidence in criminal trials. The detailed forensic analysis provided crucial insights that helped the courts understand the circumstances of the crime, illustrating the vital role of medical jurisprudence in the legal system.

**3. Media and Public Influence:** The extensive media coverage and the public's fascination with the case influenced both the legal proceedings and the broader judicial reforms that followed. It demonstrated the impact of public opinion on the justice system and the importance of maintaining judicial objectivity.

**4. Legal Precedents:** The case set several legal precedents, particularly in the interpretation of provocation and self-defense in Indian criminal law. It also highlighted the complexities involved in cases of crimes of passion and the need for careful legal and forensic analysis.

The Nanavati case remains one of the most famous and influential cases in Indian legal history, particularly in the realm of medical jurisprudence. It showcased the critical role of forensic science in the judicial process and led to significant changes in the legal system, including the abolition of jury trials. The case continues to be studied for its legal, forensic, and social implications, making it a landmark in the field of medical jurisprudence in India.

Analyzing case studies and comparative analysis with other countries can provide valuable insights into the challenges and opportunities in medical jurisprudence. For instance, examining the forensic systems in countries like the United States, the United Kingdom, and Australia can highlight best practices and innovative approaches that can be adapted to the Indian context. Successful case studies from within India can also serve as models for other regions and institutions.

**Conclusion:** Medical jurisprudence is a critical component of the justice system in India, intersecting the fields of medicine and law. Despite facing numerous challenges, the field offers significant opportunities for enhancement and development. Addressing regulatory gaps, ethical dilemmas, and infrastructural deficiencies through legislative reforms, technological advancements, capacity building, interdisciplinary collaboration, and public awareness can strengthen the practice of medical jurisprudence in India. By leveraging these opportunities, India can ensure that forensic medicine plays a pivotal role in delivering justice and upholding the rule of law.

**References:-**

1. Basu, S., & Datta, A. (2021). Forensic Medicine and Toxicology. New Delhi: Elsevier India.
2. Chattopadhyay, S., & Chatterjee, K. (2018). Legal and Ethical Aspects of Medical Practice in India. Indian Journal of Medical Ethics, 3(2), 78-85.
3. Gautam, G., & Choudhary, A. (2020). Forensic Science in India: Current Status and Future Directions. Forensic Science International, 313, 110335.
4. Rao, N. G. (2019). Textbook of Forensic Medicine and Toxicology. Hyderabad: Jaypee Brothers Medical Publishers.
5. Verma, S. K., & Singhal, R. (2022). Challenges and Opportunities in Forensic Medicine: An Indian Perspective. Journal of Forensic and Legal Medicine, 80, 102136.

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के दार्शनिक विचार एवं वर्तमान संदर्भ में इनकी प्रासंगिकता का अध्ययन

**मीनाक्षी* डॉ. महेश कुमार गंगल****

* शोधार्थी (शिक्षा) वनस्थली विद्यापीठ, वनस्थली (राज.) भारत
** शोध निर्देशक एवं सह आचार्य (शिक्षा) वनस्थली विद्यापीठ, वनस्थली (राज.) भारत

**शोध सारांश –** ***'मिसाइल मैन'*** के नाम से विख्यात भारत के महान वैज्ञानिक एवं 11वीं राष्ट्रपति डॉ.ए. पी. जे. अब्दुल कलाम को वैश्विक मंच पर एक वैज्ञानिक सोच वाले व्यक्तित्व के रूप में जाना जाता है, परंतु इस बात का बोध बहुत कम लोगों को है कि डॉ. अब्दुल कलाम के वैज्ञानिक मस्तिष्क के पीछे आध्यात्मिक विचार भी छिपे हुए हैं। वह एक महान् वैज्ञानिक होने के साथ–साथ एक धार्मिक प्रवृत्ति के व्यक्ति थे। यद्यपि उनकी धार्मिकता में वैज्ञानिकता की झलक देखने को मिलती है। वर्तमान शोध पत्र में डॉ. अब्दुल कलाम के इन्हीं दार्शनिक विचारों को उद्धृत किया गया हैं। उनकी यह दार्शनिक विचार वर्तमान पीढ़ी के विद्यार्थियों एवं युवाओं को विज्ञान के साथ–साथ धर्म एवं संस्कृति से जोड़ते हुए, उन्हे सत्कर्म की ओर ले जाने का मार्ग प्रशस्त करते हैं।

**शब्द कुंजी –**डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम, दार्शनिक विचार, प्रसंगिकता।

**प्रस्तावना –** डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम (डॉ. अवुल पकिर जैनुलअबदीन अब्दुल कलाम अथवा डॉ. अब्दुल कलाम)को भारतीय मिसाइल प्रौद्योगिकी के जनक के रूप में जाना जाता है। उन्होंने अपने वैज्ञानिक, शोध, शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में जितने भी कार्य किए उन पर अपनी गरिमामई उपस्थिति की एक अमिट छाप अंकित की। उनका प्रत्येक कार्य उनके अहंकार रहित विनम्र आत्मविश्वास को दर्शाता है। यद्यपि अब्दुल कलाम एक महान् वैज्ञानिक, लेखक एवं शिक्षक थे, परंतु उनके जीवन में दार्शनिक विचारों का अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उनके जीवन में दार्शनिकता का सूत्रपात बाल्यावस्था में पारिवारिक संस्कारों से ही प्रारंभ हो जाता है। डॉ. अब्दुल कलाम का जन्म 15 अक्टूबर 1921 को रामेश्वरम् के एक मध्यमवर्गीय तमिल मुस्लिम परिवार में हुआ था। यहां इनका घर रामेश्वरम् की मस्जिद वाली गली में बना हुआ था, जो रामेश्वर के प्रसिद्ध शिव मंदिर से कुछ ही दूरी पर स्थित था। इनकी माता आशियम्मा धार्मिक भावनाओं से ओतप्रोत, दयालु एवं अति साधारण महिला थी। बचपन से ही छोटी कद काठी एवं शर्मीले स्वभाव के साधारण से दिखने वाले डॉ. अब्दुल कलाम ने अपने माता–पिता से इमानदारी, आत्मानुशासन, सीमित एवं आवश्यक संसाधानों का उचित उपयोग करना, आडंबर हीन आस्था एवं करुणा जैसे भावों को आत्मसात् कर लिया था। डॉ. अब्दुल कलाम का एक मुस्लिम परिवार था, परंतु इसके पश्चात् भी उनके परिवार के सभी सदस्य हिंदुओं के प्रसिद्ध रामेश्वरम् मंदिर के प्रति अटूट आस्था रखते थे तथा वहां पर आने–जाने तथा रहने वाले सभी हिंदुओं का पूर्ण सत्कार करते थे। इन सब गुणों के कारण ही डॉ. अब्दुल कलाम के जीवन में आध्यात्मिक गुणों का विकास प्रारंभ हो गया था।

**शोध अध्ययन के उद्देश्य –** वर्तमान शोध अध्ययन का उद्देश्य डॉ. अब्दुल कलाम द्वारा लिखित एवं उन पर आधारित पाठ्य सामग्री का अध्ययन करते हुए उनके दार्शनिक विचारों को उद्धृत करना है। इस लक्ष्य को निम्नलिखित उद्देश्यों के आधार पर प्राप्त करने का प्रयास किया गया है–

1. डॉ. अब्दुल कलाम से संबंधित साहित्य में निहित दार्शनिक विचारों का अध्ययन।
2. डॉ. अब्दुल कलाम के दार्शनिक विचारों की वर्तमान परिप्रेक्ष्य में प्रासंगिकता का अध्ययन।

**अनुसंधान की सीमाएं–** वर्तमान अध्ययन के परिसीमन इस प्रकार हैं–

1. वर्तमान अध्ययन डॉ. अब्दुल कलाम की चयनित पुस्तकों तक सीमित रहा है।
2. वर्तमान अध्ययन डॉ. अब्दुल कलाम से संबंधित शोधाकर्ता के लिए उपलब्धा सामग्री तक सीमित रहा है।
3. वर्तमान अध्ययन डॉ. अब्दुल कलाम के केवल दार्शनिक विचारों को ही निर्दिष्ट कर रहा है।

**शोध का महत्व –** वर्तमान संदर्भ में जब आज का युवा अध्यात्मिक विचारों से निरंतर एक दूरी बनाता जा रहा है तो युवा समाज को आध्यात्मिक विचारों से जोड़ने के लिए इस प्रकार के शोध अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाते है, क्योंकि–

1. अब तक गुणात्मक शोध अधिकांशत: अब्दुल कलाम के शैक्षिक विचारकों पर किए गये थे, परन्तु यहाँ शोधकर्ता ने दार्शनिक विचारों का अध्ययन किया गया है।
2. डॉ. अब्दुल कलाम के दार्शनिक विचारों पर चिंतन का अध्ययन आज की पीढ़ी, समाज और राष्ट्र के लिए अत्यंत उपयोगी होगा। यह शिक्षा से संबंधित प्रत्येक व्यक्ति, शिक्षा के प्रत्येक घटक, विधि, विद्यालय, पाठ्यक्रम, सिद्धांत और मूल्य विवरण के लिए नया दृष्टिकोण प्रदान करेगा।
3. वर्तमान अध्ययन के परिणाम शिक्षाविद्, प्राचार्य, शिक्षक, माता–पिता और शिक्षा की प्रगति और विशेष रूप से गुणात्मक शोध करने वाले शोधकर्ताओं के लिए उपयोगी होंगे।

**अनुसंधान क्रियाविधि –** वर्तमान अध्ययन ऐतिहासिक रूप से गुणात्मक है। डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम की आत्मकथा का अध्ययन करने के लिए डेटा संग्रह का स्रोत डॉ. अब्दुल कलाम पर आधारित पुस्तकें, समाचार पत्रों, पत्रिकाओं एवं शोध प्रपत्रों में प्रकाशित लेख तथा उनसे संबंधित वेबसाइट रही है।

**डॉ. ए. पी. जे.अब्दुल कलाम के दार्शनिक विचार –** दर्शन के व्यापक क्षेत्र को तीन विचारों (मीमांसा) में बाटा गया है:

1. तत्व मीमांसा
2. ज्ञान मीमांसा
3. मूल्य मीमांसा

तत्व मीमांसा का क्षेत्र बड़ा व्यापक है। इसमें सत्ता, सृष्टि, आत्मा–परमात्मा, ईश्वर के स्वरूप की खोज जैसे पहलुओं को शामिल किया जाता है।

ज्ञान मीमांसा का संबंध मानव बुद्धि, ज्ञान, ज्ञान प्राप्त करने के साधन एवं विधियों, ज्ञान की सीमा, प्रमाणिकता, सत्य–असत्य आदि की खोज से होता है।

मूल्य मीमांसा के अंतर्गत जीवन के मूल्यों, आदर्शों और लक्ष्यों पर विचार किया जाता है।अब्दुल कलाम के दार्शनिक विचारधारा में इन तीनों के विचारों का समावेश प्रतीत होता है।

**डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम के तत्व मीमांसा संबंधी विचार–** डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम के तत्व मीमांसक संबंधी विचार निम्नलिखित हैं–

**ईश्वर (अल्लाह) संबंधी विचार**

*'वह अल्लाह और ईश्वर या खुदा और भगवान के बीच द्वंद नहीं है। उसे मंदिर या मस्जिद में तलाशने की जरूरत नहीं है।'*[1]

आधुनिक ज्ञान– विज्ञान एवं तकनीक को अपने अंत:करण तथा मन मस्तिष्क में समाये रखने वाले डॉ. अब्दुल कलाम ईश्वर अथवा आल्हा में अटूट विश्वास रखते थे। उनका मानना है कि ईश्वर और अल्लाह अलग अलग नहीं है अपितु है, दोनों शक्तियां एक ही है। इन्हें भिन्न भिन्न स्थानों पर तलाश करने तथा इनके विचारों को लेकर आपस में लड़ना व्यर्थ एवं मूर्खतापूर्ण कार्य है। मानव द्वारा इस प्रकार की विचारधारा रखने से ईश्वर अथवा अल्लाह का भी अपमान होता है।

*'हम सब ईश्वर की उत्पत्ति हैं।'*[2]

*'ईश्वर की सबसे सुंदर कृति मानव जाति है।'*[3]

वह ईश्वर को निराकार, सर्वशक्तिमान एवं एक दिव्य शक्ति के रूप में स्वीकार करते है, जो स्वेच्छा से इस संसार को चला रहा है। उनका मानना है कि संपूर्ण प्राणियों की उत्पत्ति ईश्वर की कृपा से हुई है और मनुष्य ईश्वर की सबसे सुंदर रचना है।वह सदैव मनुष्य के साथ रहता है। इसलिए मनुष्य को सदा ईश्वर की अनुभूति को समझते हुए किसी भी परिस्थिति में भयभीत होने की आवश्यकता नहीं है।

*'इस्लाम में ईश्वर पर भरोसा करने के बाद जिस बात की सबसे ज्यादा अहमियत दी गई है, वह है– अपने माता–पिता को चाहना और उनका ध्यान रखना। हजरत मोहम्मद ने कहा है तुम्हारी मां के कदमों में जन्नत है।'*[4]

डॉ. अब्दुल कलाम माता–पिता को ईश्वर के समान मानते है। उनका मानना है कि इस सृष्टि में ईश्वर या अल्लाह की इबादत के पश्चात यदि कोई पूजनीय है तो वह माता–पिता हैं। माता–पिता बच्चे को जन्म देकर उसका भरण पोषण करते हुए उसे समाज में स्वाभिमान के साथ जीवन व्यतीत करना सिखाते हैं। अत: एक मनुष्य के जीवन में उसके माता–पिता का सहयोग सर्वोपरि है। वह स्वयं बचपन से मातृ–पितृ भक्त रहे हैं तथा अपने माता पिता को आदर्श मानते हुए उनके द्वारा दी गई शिक्षा को ही अपनी कामयाबी का आधार मानते है।

*'धर्म को चाहिए कि वह शनै: शनै: अधयात्म का रूप लेता चला जाए तथा राष्ट्र के विकास हेतु लोगों को एक सूत्र में पिरोने का कार्य करें।'*[5]

*'धर्म एक मनोहारी उद्यान की तरह है। सुंदरता तथा शांति से परिपूर्ण स्थल मानो कोई सुंदर उपवन कलरव करते सुंदर पक्षियों से परिपूरित हो।'*[6]

वह धर्म को आध्यात्मिक विकास, राष्ट्र की उन्नति एवं शांति का आधार मानते है। उनका मानना है कि किसी भी राष्ट्र के विकास के लिए धार्मिक एकता अत्यंत महत्वपूर्ण होती हैं। वह धर्म एक ऐसे उपवन के समान मानते है, जिसमें अलग–अलग जाति एवं मान्यताओं के लोग कुछ नियमों का पालन करते हुए सद्भाव के साथ रह सकते हैं। वह प्रत्येक धर्म में वर्णित सत्य, अहिंसा, इमानदारी, निष्ठा जैसे गुणों को आत्मसात करने की करने पर बल देते है। उन्होंने बताया कि सभी धार्मिक ग्रंथों में ज्ञान विज्ञान की अनेक तथ्य वर्णित है इन्हें तथ्यों के सही अर्थों को समझ कर अमल करने से राष्ट्र की उन्नति होती है। इस प्रकार धर्म सदैव राष्ट्र का उन्नती का आधार रहे हैं। वह वर्तमान समाज के धार्मिक विभाजन से बहुत अधिाक दुखी है।

**आत्मा संबंधी विचार –** डॉ. अवुल पकिर जैनुलअबदीन अब्दुल कलाम आधुनिक संसार के महान वैज्ञानिक होने के बाद भी ईश्वरीय शक्ति के साथ साथ जीवात्मा के अस्तित्व में भी विश्वास रखते है।

*'ईश्वर हमारे अंत:करण, रूहू या आत्मा के माध्यम से हमारे मन को ज्ञान का प्रकाश प्रदान करता है। वह हमें ऐसी स्पषटता देता है जिससे हम सत्य की अवधारणा को समझने की शक्ति प्राप्त करते हैं।'*[7]

उनका मानना है कि मानव शरीर में ईश्वरीय शक्ति स्वरूप जीवात्मा का वास है। ईश्वर इसी स्वरूप के माध्यम से मानव मन के मस्तिष्क में ज्ञान की ज्योति प्रज्वलित करता है जिससे मनुष्य को सत्य की अनुभूति होती है।इसलिए प्रत्येक व्यक्ति केलिए अपने अंत:करण में वास करने वाली आत्मा के स्वरूप को पहचानना आवश्यक है। डॉ. अब्दुल कलाम मृत्यु की आत्मा परमात्मा के मिलन के रूप में देखते है।

*'ईश्वर किस प्रकार अंधेरा कर देता है। क्या यही उसकी इच्छा थी लेकिन उसने रास्ता दिखाने के लिए ही सूरज बनाया है। यही है वह जिसने तुम्हारे लिए रात बनाई है, और आराम के लिए नींद दी है। मृत्यु गहरी निंद्रा ही है एक स्वपनरहित नींद, पूरी तरह शांति में.......अल्लाह की नियति के आगे हम कुछ नहीं कर सकते। वही हमारा रखवाला है अल्लाह में अपना भरोसा रखो।'*[8]

उनका मानना है कि मृत्यु ईश्वर की इच्छा से प्राप्त हुई एक गहरी निंद्रा के समान है। एक मनुष्य की मृत्यु से परिवार में अंधकार छा जाता है, परंतु इसे ईश्वर की इच्छा मानकर स्वीकार करना चाहिए।ईश्वर प्रत्येक मनुष्य का रक्षक है तथा वही इस विकट परिस्थिति से बाहर निकाल सकता है।मृत्यु के विषय में अब्दुल कलाम जलालुद्दीन की मृत्यु पर उनके पिता के द्वारा कहे हुए वाक्यों से प्रेरित होते हैं।

**जगत (सृष्टि) संबंधी विचार –** डॉ. अब्दुल कलाम सृष्टि को ईश्वर की रचना तथा मानव की सर्जनात्मक शक्ति को विकसित एवं प्रदर्शित करने के रंगमंच के रूप में रूप में मानते है।

*'आप मैं और प्रत्येक व्यक्ति को ईश्वर ने यहां अपनी अपनी सृजनात्मक*

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

*क्षमता से सब कुछ बनने और स्वचेतन के साथ शांति से रहने के लिए भेजा है। हम अपने रास्ते अलग–अलग चुनते हैं और अपनी नियति तय करते हैं।'*[9]

उनका मानना है कि ईश्वर ने संसार में प्रत्येक व्यक्ति को अपनी अपनी सृजनात्मक क्षमता के अनुसार विकास करते हुए विश्व में कुछ नया करने के लिए तथा आपस में शांति के साथ रहने के लिए भेजा है। हम अपनी सर्जनात्मक एवं बौद्धिक क्षमता के अनुसार अपने कार्यो का चयन करते हुए जीवन के पथ पर अग्रसर होते हैं तथा अपना सांसारिक जीवन यापन करते हैं।

*'अल्लाह ने हर किसी के जीवन की पूरी अवधि उनके हिस्से का सौभाग्य और दुर्भाग्य और उनके प्रयासों का फल पहले ही तय किया हुआ है भविष्य में जो भी कुछ हो सकता है उसकी संभावना की बात करते हुए मुसलमान अक्सर इंशाअल्लाह कहते हैं जिसका अर्थ होता है अल्लाह ने चाहा तो'* [10]

सांसारिक जीवन में अग्रसर होते हुए प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में सुख एवं दुख का आना स्वाभाविक हैं। इसीलिए मनुष्य को भविष्य में सुख की कामना हेतु ईश्वर से प्रार्थना करनी चाहिए तथा अपने कार्य में प्रयासरत रहना चाहिए।

*'प्रार्थना का जो मुख्य काम है.........वह है मनुष्य के भीतर नए–नए विचार उत्पन्न करना।...... और जब ये विचार उत्सर्जित होते हैं, तो वास्तविकता जन्म लेती है तथा निष्कर्ष सफल घटनाओं के रूप में सामने आते हैं। ईश्वर, हमारे रचीयता, ने हमारे मस्तिष्क के भीतर अपार ऊर्जा एवं योग्यता दी है। प्रार्थना हमें इन शक्तियों को प्रयोग में लाने में मदद करती है।'*[11]

उन्होंने बताया कि ईश्वरीय आराधना बहुत ही प्रबल होती है। प्रार्थना से मनुष्य के मन–मस्तिष्क में नवीन एवं सर्जनशील विचारों की उत्पत्ति होती है तथा उसे मानसिक एवं शारीरिक रूप से ऊर्जा की अनुभूति होती है। इसके परिणाम स्वरूप मनुष्य को वास्तविक जगत में सफलता की प्राप्ति होती है।

**डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम के ज्ञान मीमांसा विचार–** डॉ. अब्दुल कलाम मानव जीवन में ज्ञान को बहुत अधिाक महत्वपूर्ण मानते है।

*'जितना ज्यादा अधतन ज्ञान आपके पास होगा, आप उतने ही स्वतंत्रत रहेंगे। ज्ञान को किसी के पास से ले जाया नहीं जा सकता, सिवाय इसके कि यह पुराना पड़ जाए।'*[12]

उनका मानना है कि ज्ञान मनुष्य की वास्तविक संपत्ति है। ज्ञान ऐसी वस्तु है जिसे चुराया नहीं जा सकता। इसे दूसरे व्यक्तियों के साथ साझा किया जा सकता है। ज्ञान से मनुष्य में आत्मविश्वास एवं स्वतंत्रतापुर्वक जीवनयापन करने की भावना जागृत होती है। ज्ञान के आधार पर रूढ़ीवादी विचारों को त्याग कर वैज्ञानिक विचारधारा को आत्मसात किया जाता है। ज्ञान ही मनुष्य को आदिमानव से आधुनिक मानव बनाता है।

*'मानव ईश्वर का सर्जन है। ईश्वर ने हमें बुद्धि तथा सोचने समझने की शक्ति प्रदान की है। उन्होंने अपने द्वारा सर्जित इस मनुष्य को आदेश दिया है कि वह उस तक पहुंचने के लिए अपनी सोचने समझने की शक्ति का उपयोग पूरे विवेक के साथ करे। .......यदि समाज विवेकी है तो विज्ञान हम मनुष्यों के लिए ईश्वर प्रदत्त एक वरदान है।'*[13]

डॉ. अब्दुल कलाम मानना है कि मनुष्य की रचना ईश्वरीय शक्ति का परिणाम है। मानवीय बुद्धि एवं सोचने समझने क्षमता उसे अन्य प्राणियों से अलग करती है। मानव अपनी बौद्धिक शक्ति तथा ज्ञान के आधार पर न केवल प्रत्येक समस्या का समाधान कर सकता है, अपितु अपने ज्ञान एवं विवेक के आधार पर वह अध्यात्मिक शक्तियों पर भी विजय प्राप्त कर सकता है। जिसके फलस्वरूप वह ईश्वर के स्वरूप को समझ सकता है।

वर्तमान युग में भी मनुष्य अपने ज्ञान के आधार पर विकसित की गई वैज्ञानिक शक्तियों का सदुपयोग कर समाज, राष्ट्र एवं विश्व में शांति स्थापित कर सकता है। इसके लिए आवश्यक है कि मनुष्य अपनी बुद्धि में सकारात्मक सोच एवं सत्य को स्थापित करें। सत्य के पथ पर अग्रसर व्यक्ति समाज एवं राष्ट्र का मार्ग प्रसस्त कर सकता है। *यहमें कदापि नहीं भूलना चाहिए कि हमारी सफलता हमारे सच्चे प्रयासों के साथ दैवी आशीर्वाद का परिणाम है। कहा भी गया है कि ईश्वर भी कठिन परिश्रमी व्यक्तियों की ही सहायता करता है।'*[14]

उनका मानना है कि हम अपनी बुद्धि एवं ज्ञान के आधार पर सफलताओं को पाने के लिए निरंतर प्रयासरत् रहते हैं परंतु जब हमारे प्रयास में ईमानदारी, निष्ठा, सत्य, दृढ़ संकल्प जैसे गुणों का समावेश होता है तो हमें ईश्वरीय आशीर्वाद की प्राप्ति होती है जिसके फलस्वरुप हमारे कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हो जाते है क्योंकि ईश्वर भी ऐसे ही व्यक्तियों का साथ देता है जो इमानदारी से मेहनत करते हुए अपने लक्ष्य की ओर अग्रसर होते हैं।

*'सच्चा कर्मयोगी यह परवाह नहीं करता कि काम का श्रेय कौन ले जाता है।'*[15]

इस प्रकार ईश्वर को सर्वोपरि मानते हुए जो व्यक्ति इमानदारी से सफलता को प्राप्त करते हैं, उन्हें सफल कार्य का श्रेय लेने की लालसा भी नहीं होती। वह निष्काम भाव से अपने कार्य में सदैव संलग्न रहते हैं।

**डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम के मूल्य (आचार) मीमांसा विचार–** मूल्य (आचार) मीमांसा के अंतर्गत जीवन के मूल्यों, आदर्शो और लक्ष्यों पर विचार किया जाता है। डॉ. अब्दुल कलाम के विचारों में तर्कशास्त्र एवं नीतिशास्त्र संबंधी विचारधारा स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है।

*'अपनी आध्यात्मिक प्रकृति से जुड़ने के लिए यह जरुरी है की जीवन में आपके पास विजन हो।'*[16]

उन्होंने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में एक लक्ष्य एवं उस लक्ष्य को प्राप्त करने की दृढ़ इच्छा शक्ति का होना आवश्यक है क्योंकि किसी भी कार्य की सफलता या असफलता संकल्प शक्ति के साथ सत्य एवं नेकी की राह पर दृढ़तापूर्वक कायम रहने पर निर्भर करती है। अत: मनुष्य को मन को पवित्र एवं ईश्वर पर विश्वास रखते हुए निरंतर जीवनलक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रयत्नशील रहना चाहिए।

*'हम श्रेष्ठता की होड में रहते हैं। अपनी महानता का दावा करते हैं। इससे स्वयं दुखी होते हैं दूसरों को भी दुखी करते हैं। इस समूचे परिदृश्य में हम यह भूल जाते हैं कि हम वास्तव में बहुत तुच्छ हैं, हम छोटी सी आकाशगंगा के निवासी हैं। हमारा सूर्य एक नन्हा सा तारा है। हमारा बसेरा, पृथ्वी तुच्छ ग्रहों में से एक है।'* [17]

उनका मानना है कि व्यक्ति अपनी सफलता का आनंद तभी ले सकता है, जब वह अहंकार एवं प्रतिस्पर्धा को त्याग कर अपना कार्य करता है। जो व्यक्ति दूसरों से प्रतिस्पर्धा करते हुए आगे बढ़ने का प्रयत्न करते हैं, वह स्वयं भी दुखी रहते हैं तथा दूसरे व्यक्तियों के मार्ग में भी बाधा उत्पन्न करते हैं। अत: व्यक्ति को कभी भी अपनी सफलता पर अहंकार नहीं करना चाहिए। वास्तव में मानव बहुत ही सूक्ष्म प्राणी है। मनुष्य के अस्तित्व का अनुमान

इसी वैज्ञानिक सत्य से लगाया जा सकता है कि वह जिस विशाल पृथ्वी पर रहता है, वह ब्रह्मांड में फैली हुई अनेक विशाल आकाशगंगा में से एक छोटी सी आकाशगंगा में पाए जाने वाले सौर मंडल का छोटा सा अंश है। इस प्रकार विशाल ब्रह्मांड के सामने मानव एक तुच्छ एवं अस्तित्व विहीन प्राणी है। इसलिए मनुष्य को कभी भी किसी भी परिस्थिति में अहंकार या स्वयं को महान सिद्ध नहीं करना चाहिए।

*कुल मिलाकर जीवन जो है वह अनसुलझी समस्याओं, संदिग्धाविजय, पराजय का मिश्रण है......... कठिनाइयों एवं संकटों के माध्यम से ईश्वर हमें बढ़ने का अवसर प्रदान करता है। इसलिए जब आपकी उम्मीदें, सपने और लक्ष्य चूर-चूर हों जाए तो उनके भीतर तलाश कीजिए, आपको उनके भीतर छिपा कोई सुनहरी मौका अवश्य मिलेगा।*[18]

इस प्रकार डॉ. अब्दुल कलाम जीवन को एक कभी न समाप्त होने वाली ऐसी यात्रा के रूप में देखते हैं जिसमें समस्याएं एवं हार जीत का समावेश है। उनका मानना था जीवन में आने वाली समस्याएं नए तरीके से आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करती है। इसलिए मनुष्य को असफलताओं को लेकर दुखी एवं कुंठित नहीं होना चाहिए, अपितु असफलताओं के भीतर छिपी हुई सफलता के रास्ते को तलाशना चाहिए।

**डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम के दार्शनिक विचारों की प्रसंगिकता-** वर्तमान समय में लगभग प्रत्येक व्यक्ति जैसे-जैसे सफलता की उंचाइयों पर चढ़ता जाता है वैसे वैसे अनेक कारणों से वह ईश्वर की उपासना तथा आध्यात्मिकता से दूर होता जाता है इस प्रकार आज का युवा एवं विद्यार्थी आधुनिकता की दौड़ में बने रहते हुए अपने सांस्कृतिक विरासत को भूलता जा रहा है। जिसके फलस्वरूप संसाधन होते हुए भी आधुनिक मानव दुखी, चिंतित एवं कुंठित रहता है। ऐसे में महान् वैज्ञानिक एवं भारत के सर्वोच्च सर्वोच्च संवैधानिक पद तक पहुंचने वाले डॉ. अवुल पकिर जैनुलअबदीन अब्दुल कलाम के दार्शनिक विचार समाज को एक नई दिशा देने में अत्यंत उपयोगी होते हैं। उनके आध्यात्मिक एवं दार्शनिक विचारों से ईश्वर के स्वरूप, आत्मा परमात्मा संबंध, सत्य, निष्ठा, मानव की सजनात्मक क्षमता एवं उसके ज्ञान की क्षमता को समझा जा सकता है।

**शोध निष्कर्ष-** डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम स्वतंत्र भारत के एक महान् वैज्ञानिक हुए हैं। अपनी वैज्ञानिक सोच एवं तकनीकी ज्ञान के आधार पर भारत को अग्नि जैसे प्रक्षेपास्त्र प्रदान करने के कारण इन्हे मिसाइल मैन के नाम से भी जाना जाता है। बचपन से विज्ञान के भौतिक एवं गणित जैसे विषयों में रुचि रखने वाले अब्दुल कलाम आध्यात्मिक विचारों से भी ओतप्रोत थे। आध्यात्मिकता उन्हें पारिवारिक संस्कारों से प्राप्त हुई थी। ऐसा प्रतीत होता है कि इनकी सफलता में वैज्ञानिक एवं तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ इनके आध्यात्मिक विचारों की भी अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका रही है। जहां एक और अब्दुल कलाम विज्ञान के नए-नए पहलुओं पर प्रकाश डालते थे, वही उनके साहित्य में परमात्मा के स्वरूप, परमात्माव-आत्मा के संबंध, सत्य, निष्ठा, ईमानदारी, सर्वधर्म सद्भावना जैसे गुणों का भी समावेश मिलता है। वह एक ओर विज्ञान में विश्वास रखते है तो दूसरी ओर परमात्मा के स्वरूप एवं उसके अस्तित्व को भी स्वीकार करते है। वह व्यक्ति को सत्य, निष्ठा एवं सादगी के साथ कार्य करने की प्रेरणा देते हैं तथा किसी भी प्रकार के आडंबर, दिखावे से हटकर निरंतर कार्य करने की भावना को जागृत करते हैं। इस प्रकार इस महान वैज्ञानिक के विचार ईश्वरीय स्वरूप को स्वीकार करते हुए आधुनिक मानव को प्रतिस्पर्धा की दौड़ में कुंठा से बचाते हुए निरंतर सफलता की ऊंचाइयों पर चढ़ने की शिक्षा देते देते हैं।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. अब्दुल कलाम ए.पी.जे. (2016): टर्निंग प्वाइंट, (अनुवाद अशोक गुप्ता), नई दिल्ली राजपाल एंड संस, (पृ. सं - 50)
2. पूर्व वर्ती (पृ. सं - 92)
3. अब्दुल कलाम ए.पी.जे. (2008): तेजस्वी मन- महाशक्ति भारत की नींव, (अनुवाद अरुण तिवारी) नई दिल्ली, प्रभात प्रकाशन (पृ. सं -18)
4. अब्दुल कलाम ए.पी.जे. (2014): आपका भविष्य आपके हाथ (अनुवाद ऋषि माथुर एवं रमेश कुमार), नई दिल्ली, राजपाल एंड संस, (पृ. सं - 25)
5. अब्दुल कलाम ए.पी.जे. (2006) हम होंगे कामयाब, दिल्ली, प्रभात प्रकाशन। (पृ. सं -64)
6. पूर्व वर्ती (पृ. सं -66)
7. अब्दुल कलाम ए.पी.जे. (2014): आपका भविष्य आपके हाथ (अनुवाद ऋषि माथुर एवं रमेश कुमार), नई दिल्ली, राजपाल एंड संस, (पृ. सं - 100)
8. अब्दुल कलाम ए.पी.जे. (1999) अग्नि की उड़ान, लेखन सहयोग - अरूण तिवारी, दिल्ली, प्रभात प्रकाशन। (पृ. सं -43)
9. पूर्व वर्ती (पृ. सं -189)
10. अब्दुल कलाम ए.पी.जे. (2014): आपका भविष्य आपके हाथ (अनुवाद ऋषि माथुर एवं रमेश कुमार), नई दिल्ली, राजपाल एंड संस, (पृ. सं - 167)
11. अब्दुल कलाम ए.पी.जे. (1999) अग्नि की उड़ान, लेखन सहयोग - अरूण तिवारी, दिल्ली, प्रभात प्रकाशन। (पृ. सं -51)
12. पूर्व वर्ती (पृ. सं -95)
13. अब्दुल कलाम ए.पी.जे. (2006) हम होंगे कामयाब, दिल्ली, प्रभात प्रकाशन। (पृ. सं -66)
14. अब्दुल कलाम ए.पी.जे. (2006) हम होंगे कामयाब, दिल्ली, प्रभात प्रकाशन। (पृ. सं -65)
15. अब्दुल कलाम ए.पी.जे. (1999) अग्नि की उड़ान, लेखन सहयोग - अरूण तिवारी, दिल्ली, प्रभात प्रकाशन। (पृ. सं -152)
16. अब्दुल कलाम ए.पी.जे. (2014): आपका भविष्य आपके हाथ (अनुवाद ऋषि माथुर एवं रमेश कुमार), नई दिल्ली, राजपाल एंड संस, (पृ. सं - 52)
17. अब्दुल कलाम ए.पी.जे. (1999), जीवन वृक्ष (अरूण तिवारी एवं रमेश कुमार), दिल्ली, प्रभात प्रकाशन। (पृ. सं -72)
18. अब्दुल कलाम ए.पी.जे. (1999) अग्नि की उड़ान, लेखन सहयोग - अरूण तिवारी, दिल्ली, प्रभात प्रकाशन। (पृ. सं -158)

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# The Plight of Women in Mahesh Dattani's Play *Where There's a Will*

**Dr. Chhagan Lal*   Dr. O.P. Tiwari****

*Assistant Professor, SGN Girls PG College, Sriganganagar (Raj.) INDIA
** Professor and Head (English) Dr. B.R.A. Govt. College, Sriganganagar (Raj.) INDIA

**Abstract -** The current scenario of Indian English Theatre has completely changed thanks to the innovative ideas, artistic insight and futuristic vision of the playwrights like Mahesh Dattani. He beautifully blends the traditional urban Indian issues with post-modernist ones. *Where There's a Will* is a tragicomedy manifesting some characteristic traits of Dattani. The play has a Gujarati setting, which is a trademark of Dattani. The playwright shows a woman as a subaltern in her own home.

Dattani is an expert in finding reality by presenting us glances of the past. His mining of the past shows us the truth hiding at the unfathomable pit of the past. He does not want to mine the past for myth as Girish Karnad does. Dattani has a view that realization of errors done in history helps us to be better in the present. This touch of history makes his plays lively and audience never feel bored.

Humanity has progressed in every sphere and education has touched the new horizon, but conditions of women have not changed for centuries. It is said that by giving education and job, we can change the current situation of women. But Dattani shows us that only imparting knowledge and providing employment is not enough to improve women's conditions in Indian society.
**Keywords:** Innovative, futuristic, post-modernist, subaltern, unfathomable.

**Introduction -** The play is set in Hasmukh Mehta's big house. Mr Mehta is a Gujarati business tycoon and an adamant patriarch. Mehta family consists of four members, and the head of the Mehta family is Mr Hasmukh Mehta. He is shown as a tyrannical elder who insists on absolute submission from his clan. Hasmukh Mehta's wife, Sonal Mehta, is quite submissive and subordinate. She is a perfect Indian wife who loves to make food. Hasmukh's comment on the behaviour of women shows his patriarchal thinking. He says, God made women empty-headed, and they are greedy for money.

*Where There's a Will* starts with a talk between Ajit and his father, Hasmukh Mehta. Ajit is speaking with someone on the phone, and from the main door, Hasmukh Mehta enters:

"Ajit: (on the phone) Five lakhs. That's all. Give me five lakhs, and I'll modernise the whole bloody plant. That's what I tell my dad. I mean, come on five lakhs is nothing.

Hasmukh: (to the audience) My son, the businessman. Just listen to him." (*Collected Plays*: 455)

Hasmukh had bitter and impoverished childhood. His richness is from his hard-working. Hasmukh criticises Ajit's ways. He declares firmly:

"One of the richest men in this city. All by my efforts. Forty-five years old and I am a success in capital letters. Twenty-three years old and he is on the road to failure, in bold capital letters." (CP:464)

At the age of twenty-three Ajit's position is that of 'Joint Managing Director' in Hasmukh's factory. But Ajit is not happy with Hasmukh's restrictions, and he desires to become free. Dattani presents the Mehta family's issues in a very realistic manner. Hasmukh is a father who never trusts upon his son. He shouts over him, rebukes him. Hasmukh thinks that Ajit wastes money, and this wastage of money will lead him to insolvency. Hasmukh makes a harangue announcing that 'God has just forgotten to open an account for Ajit'. So, his son gives no respect to him. Hasmukh tells his audience that not only his son, but his wife is also a cause of his hypertension. The direct addresses by Hasmukh Mehta, both when alive and dead, owe their effectiveness to the employment of the beautiful craft of theatre. Asha Kuthari Chaudhuri says:

"This is because a play lives in its performance and performance can derive its life only in complicity with an audience that shares the entire exercise. The play's an almost rollicking comedy." (Chaudhuri: 57)

Movements of Ajit are controlled by Hasmukh Mehta very tyrannically. In his opinion, Ajit is not managing director of the company or heir of his property, but he is a slave. Being quite humble, Ajit has no status both at home and

office. Ajit is just like a rubber stamp to implement Hasmukh's orders and commands. Ajit's wife, Preeti, is an antithesis to him. She is a teenaged, attractive, and beautiful woman. She is a calculative and confident woman. This fact is quite clear to Hasmukh. Thus, Hasmukh tells us:

"That's my daughter-in-law, Preeti, pretty charming, graceful and sly as a snake." (CP: 456)

Dattani shows how as a patriarch Hasmukh not only controls the life of his family's women, Sonal and Preeti, but male members are also under his strict control. Dattani shows us a psychological fact that independence is the first cry of a young Indian person, but this comfortable life is not allowed by his parents. Ajit utters:

"And what becomes of me? The real me. I mean if I am you, then where am I?" (CP: 461)

Hasmukh's answer to this question is noteworthy that Ajit is nothing but a big zero. The question asked by Ajit is one of self-identity. The young people want to live free from the control of their parents. They have a mindset and thinking which is different from their parents. The generation gap is the main reason why youths do not welcome interference of parents. This play of Dattani is about this self-identity.

Hasmukh says that his son and his calculating daughter-in-law are giving him high annoyance:

"At the rate I'm puffing, I should be dead in four minutes." (CP: 476)

And true enough he dies in less! In trying to fill the 'empty spaces' in his son's head with some sense, the exasperated Hasmukh cries,

"Son, how do I start explaining to you (To the audience) yes, how? You tell me. Well, I'll try."

He waits for his wife to discover his death as he watches with delight. While Sonal thinks, "Of course, he's asleep. He just has to lie down on the bed; he is dead to the world." (CP: 476).

The news of the death of city's business tycoon Hasmukh Mehta was the focus of attention in the newspapers. 'Garment tycoon dead' was the caption of the news:

Hasmukh: "Garment tycoon dead! That felt good. You never really know how famous you are until you are dead. Of course, it's at the bottom of page seven, and it's only six lines. But look at the obituary page. Filled with my photographs. All inserted by different companies.!" (CP: 479)

Hasmukh feels quite relaxed after becoming a ghost. Modern life has become so much hectic, and everyone is suffering from one or the other disease. Hasmukh says after his death:

"It feels good to be dead. No more kidney problems, no backaches, no irregular heartbeat, no heartbeats. Of course, it isn't always so peaceful here ....... All those people, my friends were down here in the living room. Quite a gathering! They kept going up, batch by batch to my bedroom to pay their last respects to me." (CP: 479)

This statement presents the selfishness of modern urban people. They believe in formality. After the death of Hasmukh, the behaviour of Preeti changes very surprisingly. She never gives respect to her mother-in-law, Sonal. Dattani shows the cunning nature of Preeti. It reflects the trait of modern urban women.

By writing the 'Will' Hasmukh dismisses all legal rights of the whole Mehta family over his property and donates his entire belongings to 'Hasmukh Mehta charitable trust'. The members of the Mehta family will receive only a regular allowance from the trust, and it will nullify when Ajit Mehta turns forty-five. After that, Ajit will become the sole heir with full right to use and utilise property and money as per his wish.

There were some other instructions also in the 'Will'. For instance, Ajit's office timings will be morning nine to six P.M. Sanctioning of new projects proposed by Ajit will be banned. If Mehta family will not follow these terms and conditions, the trust will donate its funds to certain charities mentioned by Mr. Mehta.

Mehta family was double surprised by Hasmukh, his making of 'Will' and appointing Kiran Jhaveri sole executor of 'Hasmukh Mehta charitable trust'. Kiran was an astute and practical marketing executive who later became his mistress. Hasmukh gave her a company flat in the high-class locality. Kiran, who becomes caretaker of the Mehta family, shows the high class of urban mentality. She believes in the money-making policy. Hasmukh was very cautious about the validity of his 'Will' and to avoid any challenge he took precautionary steps in advance. His first witness of 'Will' was a trained doctor and Hasmukh attached his sane mind certificate given by their family physician, Dr Jhunjhunwalla. By these steps, Hasmukh made sure that no one could challenge his 'Will'.

As per the 'Will' Kiran Jhaveri has to stay with Mehta family in their house. Kiran realised that the Mehta family was very disappointed with her coming. They do not want to believe that Hasmukh tried to control them, as Kiran has become his representative. Preeti opposed Kiran's living with them, but the dominant urban lady declared:

"I never intended saying it outright, but now I have to make it clear to you. As the trustee of the Hasmukh Mehta Charitable trust, I have the right to make a statement declaring that since the recipients of the trust, namely you all, are not complying with the rules set down by the deceased, the holdings of the trust will be divided between certain charitable institutions recommended by the founder. Which will mean that you won't ever get to see even a single rupee earned by your father-in-law? Now, will you refuse to let me stay here?" (CP: 494)

Dattani closely observes working women's condition. Kiran Jhaveri is thirty to forty years looking young blonde. Nowadays, a woman is no less than a man in any case. Even business tycoon like Hasmukh Mehta depends on Kiran, the modern working lady. Kiran is the central figure of modernity and very much precise about herself. Kiran

communicates to Sonal about her intentions that Hasmukh trusted her, but her real interest was in Hasmukh's money. "Kiran: Mrs Mehta, no woman has an affair with an older man, especially a married man, for a little bit of respect and trust. It was mainly for the money." (CP: 506)

Dattani beautifully presents Kiran as a liberal and educated working-class urban lady. But she is also dominated by males in this male-centred society. Sonal is very much impressed by her. Because she is never free from the shadow of her sister Minal. She always did whatever Minal said. Sonal was also impressed with Kiran's straightforward statements:

"Sonal: I'm talking about my daughter-in-law. Preeti was never like this before. She was nice and caring when he was alive. Now, after the Will, she has become unbearable. She frightens me, and sometimes I think she is capable of doing anything for money. You yourself once said that there is something wrong in desiring money with such…..passion."

"Kiran: Don' think of her as lower or me as higher. It's just a question of circumstances. I got my money one way. She is trying to get hers by another." (CP: 506)

The play also presents the importance of education and freedom for women. Kiran has her mentality. She is all because of circumstances:

"Kiran: I learned my lessons from being so close to life. I learned my lessons from watching my mother tolerating my father when he came home every day with bottles of rum wrapped in newspapers." (CP: 508)

Kiran describes her pathetic life through her past. Her brothers and father were very dominant, and they ruled over their wives. She also married a drunkard, and his drunkenness was the main reason for his suspension from the job. Whiskey was out of budget. It was the real reason that Kiran frequently met and visited Hasmukh without any objection from her husband. Some burning questions are asked by Kiran as to where will all this end? It is not the question of Kiran alone, but the entire womenfolk are affected by this male-dominated society. Dattani portrays Sonal with some contempt in contrast. We can see Hasmukh as unfortunate prey of woman's intrigue. Dattani says about this,

"It's to do with my perceptions. I don't mean to say that this is a definitive view of life. But several of the images that we carry around in our minds are politically generated images, and we accept them to be as true. However, I don't think so, and my characters are simply a personification of my perceptions." (Nair: The Invisible Observer)

In the play, Mahesh Dattani has presented that desire for money turns Preeti into a killer, who kills her father-in-law just for money. But what does she get? Nothing. At the end of the play she becomes calm and tries to be kind to other family members. It shows her sensible thinking which makes her thoughts positive. Dattani shows Preeti as a treacherous and self-centred woman but her behaviour changes after reading the 'Will'. She thinks to challenge the 'Will' but can't find any lacuna. The 'Will' was completely safeguarded and the confused Mehta family can't find any way out.

*Where There's a Will* shows a modern urban lady armoured with intelligence and education. She is expert in intrigues and achieves all her dreams by hook or crook. This lady never minds crossing limits set by the society. Modern urban lady discards the ancient concept of the male lead. The society now accepts her decisions. Urban women live frankly due to the inspiration of urban sensibility. Kiran is the dominant figure in the play. She is a beautiful, energetic, and intelligent woman, who lives her life on her conditions. It is the time for women's liberation, and we are going to live in an age where men will follow women. Kiran says that she should hate Hasmukh like she has hated her father and brothers, but she feels pity for him. In her opinion, both the concept of 'Will' and Hasmukh's wish to control his family are pitiful. Kiran says:

"Hasmukh was intoxicated with his power. He thought he was invincible. That he could rule from his grave by making this will." (CP: 508)

In Hasmukh's view, no member of the Mehta family is trustworthy. Their intentions and conducts always give birth to suspicion in his mind. Hasmukh confined trust in Kiran Jhaveri only. Hasmukh's sensual desires and other needs were also looked after by Kiran. Hasmukh says:

"I mean, a man in my position to be careful. I needed a safer relationship. Something between a wife and a pick-up. Yes, A mistress! It didn't take me very long to find her. She was right there in my office. An unmarried lady. Not an ordinary typist or even a secretary. A shrewd hard-headed marketing executive. If there was anyone in my office who had brains to match mine, it was her. She is now one of the directors of the company. Not entirely due to her shrewd head. She lives now in a company flat in a posh locality. I won't tell you where. Well, it's walking distance from here. Convenient for me. All right, what's wrong with having a bit on the side?" (CP: 473)

Hasmukh praises Kiran for her mind and body. Hasmukh maintains secrecy so effectively that his affair with Kiran remains secret in his lifetime. Even after his death, this mysterious love story comes to light as per his wish. Only Kiran has won Hasmukh's confidence and praise. In Hasmukh's opinion, his wife Sonal is a dry and worthless lady. She is even called 'mud' by him. In Hasmukh's point of view, Ajit is an incompetent person for running the business. The fundamental techniques of business are not known to him. In his opinion, Kiran Jhaveri is the only capable lady with smartness and proper temperament to be a leader in the industry. She is an impressive, calculative, bold and diplomatic lady. Hasmukh has a desire to control everybody after his death. But his passion starts to crumble slowly. Hasmukh appoints Kiran for this purpose only. But now Kiran tells us that:

"He depended on me for everything. He thought he was the decision-maker. But I was. He wanted me to run

his life as his father had. (Pause) Hasmukh didn't really want a mistress. He wanted a father. He saw in me a woman who would father him! (Laughs Hasmukh cringes at her laughter.) Men never really grow up!" (CP: 510)

Hasmukh's efforts to exercise control over Mehta family by writing a 'Will' only add pity in Kiran's heart. Hasmukh's desire to control over the family is basically because his father also ruled over his family. Hasmukh was a papa's boy in his life, and he wants Ajit also to be like that. Dattani shows the disharmony and conflict in the relationship of Hasmukh and Ajit. Hasmukh and Ajit are continuously fighting with each other. Disharmony deeply prevails in Mehta family and Dattani shows us a fake and enforced concord in the members of the Mehta family.

All characters of the family are a mixture of tragedy and comedy, but the most tragic character is surely Sonal. Dattani presents Sonal as a low-esteemed woman who is entirely dependent on others. Other members of the Mehta family are predominant in her life. Minal is the sister of Sonal and deciding hand of every affair of her life. Sonal gives a comic relief in the play. Sonal's character shows us the psychological insight of family, where everyone blames others for his or her failure. In the same fashion, Sonal blames other characters for her tragic life. After the death of Hasmukh, Sonal finds her life more pathetic, and the entry of Kiran in the home makes the matter worse. But Kiran and Sonal become good friends. Kiran teaches new lessons to Sonal about life and her husband, Hasmukh. It is quite eye-opening as Sonal says,

"How little I knew him. If I had understood him when he was alive, I would have died laughing." (CP: 510)

Sonal comes into her own aura, moving beyond the influence of her sister under whose shadow she has lived. She tells Kiran,

"You have made many things clear to me. I am glad; you are living with us. I hope you'll stay with us forever." (CP: 511)

Her stay with Kiran changes Sonal's thought and attitude about life. Sonal who was previously dependent for every affair on Minal now becomes confident, and refuses to take any help from Minal by the end of the play.

"Kiran: (to Sonal) your sister just said some of the rudest things to me. Sonal: Oh, did she? Give me the phone. (On the phone) Hello? Yes, Minal, this is Sonal! don't another Maharaj, not from you at least! I just don't that's all …. well, as far as I'm concerned you can go jump into a bottomless pit! (Slams the phone down and turns towards Kiran)" (CP: 516)

Fortune secures education and job for Kiran in Hasmukh Mehta's office and by hard work she ensures the post of director. Fortune does not favour Sonal with school education, so in her view, Kiran is lucky. Sonal says:

"Sonal: you are so lucky. You are educated, so you know all this." (CP:507)

Dattani does not clear what is the leading cause of the suffering of women. Is this due to their fault or due to lack of job and education? The leading hand behind the present condition of women is masculine arrogance or male narrow-mindedness. It is detected:

"Interweaving his narrative around the scheming and plotting of the family members who have been put in a fix by a dead man's Will. Dattani explores the dichotomy between the male/female roles within the archetype of the family headed by a man and what happens when a woman takes over." (Chaudhuri: 57)

Undoubtedly Dattani emerges as a true representative of the side-lined persons. He is deeply concerned about the condition of females, and his plays show this concern. In the play *Where There's a Will* Dattani portrays two types of women. The first type of women are those who suffer silently throughout their life. Example of this type of woman is Sonal Mehta. She silently suffers from male patriarchy. The second type of women are those whose fate is to endure throughout life, but they resist their exploitation. Examples of this type of women are Kiran Jhaveri and Preeti Mehta. They are courageous, self-confident and rebellious. They resist their exploitation. Kiran Jhaveri and Preeti Mehta are smart, money-minded, crafty Machiavellian type of ladies. They do not accept other's point of view quickly.

Dattani's plays turn between the core and the periphery. In the beginning of *Where There's a Will* Kiran lives at the margin. This situation changes dramatically after the 'Will' of Hasmukh Mehta by which Kiran comes to the core of the play. Sidelined Kiran becomes the core symbol of rule and command.

The role of women and their miserable condition is the main issue dealt with in this play by Dattani. For generations, women have been used as sex toys and subjugated physically and mentally. We have not yet given due respect to the female gender. The main reason behind the worry of Dattani is that this subjugation continues from one generation to other. This dialogue of Kiran shows clearly the pain of Dattani.

"Kiran: Isn't it strange how respective life is? My brothers. They have turned out to be like their father, going home with bottles of rum wrapped up in newspapers, beating up their wives. And I- I too am like my mother. I married a drunkard, and I listened to his swearing. And I too have learned to suffer silently. Oh! Where will all this end? Will the scars our parents lay on us remain forever?" (CP: 508)

Peripheral people have their repressed feelings, and Dattani provides fronts to them to say about their feelings. Marginalized characters make contact directly with the inner self of the audience and by this audience think about their thoughts and ideas.

At the end of the play, Sonal asserts her complete faith in Kiran. This faith is a symbol of reciprocated understanding and confidence between Sonal and Kiran.

"Dattani exploits the death of Hasmukh as a dramatic device – the soul of Hasmukh surveying and commenting on the ongoing affairs, the ensuing responses - all these

definitely have comic overtones, but simultaneously these are also imbued with philosophical import." (Jha: 130)

In his life, Hasmukh had higher blood pressure, Kidney and heart problems etc. Hasmukh's ghost funnily tells this:

"There's nobody home. Ah! (Rises and stretches) It feels good to be dead. No more kidney problems, no backaches, no irregular heartbeats." (CP: 479)

Gender discrimination, patriarchy, the relationship between father-son and husband-wife and capitalism are some issues that are raised by Dattani in this play. According to Hasmukh, Sonal is responsible for his affairs with Kiran. Hasmukh says:

"Enjoyed sex. Twenty-five years of marriage and I haven't enjoyed sex with her. So, what does a man do? I started eating out. Well, I had the money. I could afford to eat in fancy places. And what about my sex life? Well, I could afford that too. Those expensive ladies of the night in the five-star hotels! (Smile at some pleasant memories.) Some of them were really…….! But that did not go on for long. I mean, a man in my position has to be careful." (CP: 473)

We cannot find admiration and love in the eyes of Hasmukh Mehta for Sonal. He thinks her good for nothing. Sonal is a typical Indian pure and submissive 'Sati Savitri' type wife, but she can't fulfil the expectations of Hasmukh. Hasmukh's comment is disgusting one:

"Then I should be a very happy man. I've got a loving wife who has been faithful to me like any dog would be." (CP: 475)

Hasmukh's marital problems are rooted in his lusty sexual nature. It is quite clear from his comment. Sonal is a dedicated wife, but Hasmukh is a corrupt and mean person. At the end of the play, both Sonal and Kiran jointly try to eliminate the malicious sexual colonialism. God gifts them with the capacity to evaluate and afterwards throw off the unfair fetters of patriarchy. In the opinion of Hasmukh Mehta, only the rule of patriarchy can maintain bliss and contentment of the Mehta family. It is an irony of fate that excessive physical control kills the happiness of heart and excessive control on soul kills uniqueness and personality of the controlled person. Philosophers think ultimate control as the most substantial obstacle in construction of the building of contentment and pleasure. Beena Agarwal says: "The garb of authority maintained by Hasmukh was Method to save his inner self from clashes of the outside world." (Agarwal: 110)

The playwright presents this play with a logical twist and a happy ending. He shows the horrible reality of metropolitan cities as to how worse can be the relationship between the family members. Every member of the family like father, son, husband, and wife is on a constant fight and chasing money like a mad dog. Hasmukh is the protagonist of the play, and he gives live commentary of his deeds. Hasmukh tries to control the lives of the Mehta family, but later he knows the drawback of his 'Will'. In his 'Will' he makes trust and his concubine Kiran as the trustee. But Kiran is brilliant, and according to situations, she uses her allotted powers to improve relations with other family members. Mehta family and Kiran dismiss Hasmukh because he is just a shadow of his late father, as a person to forgive, as a person without his aspirations and yearning, ideas. In the end Mehta family finally discards supremacy of the 'Will', the normality of their life retains, and the frustrated ghost of Hasmukh hangs himself from a tree.

Thus, we can say that the play is very brilliantly deep-rooted in the Gujarati middle-class family atmosphere. Dattani presents Indian society as macrocosm and family as the microcosm. Critics consider this play as a dark comedy packed with sense of humour which sticks the audience to their seats till the end. Dattani sets this play in an orthodox joint Gujrati middle-class family. The base of the show is a 'Will' made by an elder of Mehta family who tries to dictate family members after his life. But his family turns the table against him by forming a close, cordial relationship between his wife and his mistress. Dattani presents the comic element in the form of the ghost of Hasmukh whose superior observations and commentaries add mind-blowing humour in the drama. His commentaries after observation throw light on his relationship with his deceased father, spouse, son, daughter-in-law, and mistress. Dattani portrays modern materialistic society who chases money like a mad dog. This money-minded mentality affects the interpersonal relationship in the family. The play raises so many social issues which are always a part of Dattani's plays.

**References:-**


1. Agarwal, Beena. *Mahesh Dattani's Plays: A New Horizon in Indian Theatre*. Jaipur: Book Enclave, 2008. Print.
2. Chaudhuri, Asha Kuthari. *Contemporary Indian Writers in English: Mahesh Dattani.* New Delhi: Foundation Books Pvt. Ltd. Cambridge House, 2005. Print.
3. Dattani, Mahesh. "An Invisible Observer- A profile by Anita Nair. ('An Unveiling of a Playwright in Three Acts.')" *The Gentleman*. May 2001. n.d. Web. <http://www.anitanair.net/profiles/profile-mahesh-dattanihtml> accession date 12-1-18, Time 23:15 pm
4. *Collected Plays*. New Delhi: Penguin Books, 2000. Print.
5. Hayman, Ronald. "No time for Tragedy." quoted in *Contemporary Playwrights.* London: Heinemann, 1969. Print.
6. Jha, Jai Shankar. "Death as Discovery in *Dattani's Where There's a Will*." in *The Dramatic World of Mahesh Dattani*: *A Critical Exploration*. Ed. Amarnath Prasad. New Delhi: Sarup Book Publishers Pvt. Ltd., 2009. Print.
7. Raina, Sita. "A note on the play *Where There's a Will*." in *Collected Plays*: *Mahesh Dattani.* New Delhi: Penguin books, 2000. Print.

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# औद्योगिक क्षेत्र में कार्यरत सुरक्षा प्रहरियों में चिंता एवं योग का प्रभाव

**डॉ. जगवंती देसवाल* प्रखर भारद्वाज****

* प्रोफेसर, निर्वाण युनिवर्सिटी, जयपुर (राज.) भारत
** शोधकर्ता, निर्वाण युनिवर्सिटी, जयपुर (राज.) भारत

**शोध सारांश –** यह देखा जाता है कि सुरक्षा प्रहरियों को दीर्घ अवधि तक प्रतिदिन कार्य करना पड़ता है जिसके कारण वे घर-परिवार से दूर रहते हैं। उन्हें वेतन भी अपेक्षाकृत कम मिलता है। अधिकांश सुरक्षाकर्मी संविदा पर होते हैं जिसके कारण उन्हें सवेतनिक अवकाश भी नहीं मिलता है। इन सभी का संयुक्त परिणाम यह रहता है कि सुरक्षा प्रहरी चिंता ग्रस्त रहते हैं। शोध के माध्यम से जयपुर के औद्योगिक क्षेत्रों में काम कर रहे सुरक्षाकर्मियों में चिंता के स्तर पर त्रैमासिक योग प्रशिक्षण का प्रभाव ज्ञात किया गया। शोध दर्शाता है कि चयनित सुरक्षा कर्मियों के चिंता के स्तर में त्रैमासिक योग से सार्थक रूप से कमी होती है।

**शब्द कुंजी –** सुरक्षाकर्मी, औद्योगिक क्षेत्र, योग, चिंता।

**प्रस्तावना –** योग का प्रयोग विभिन्न क्षेत्रों में किया जा रहा है। इसकी प्रभावशीलता सर्वमान्य है किंतु फिर भी कई बार वर्तमान परिप्रेक्ष्य में इसकी प्रासंगिकता पर प्रश्न उठते रहते हैं। ऐसा ही प्रश्न सुरक्षा कर्मियों की चिंता को लेकर भी उठता है। यह माना जाता है की सुरक्षा कर्मियों में विपरीत कार्य दशाओं के कारण और कार्य की प्रकृति के कारण चिंता होना स्वाभाविक है एवं इसमें कोई सुधार नहीं हो सकता। इस शोध कार्य के माध्यम से यह जानने का प्रयास किया गया है कि क्या नियमित प्राणायाम एवं ध्यान के माध्यम से सुरक्षा कर्मियों के चिंता के स्तर में कोई कमी लाई जा सकती है। चिंता एक ऐसी स्थित है जो की मस्तिष्क को नकारात्मक भाव से भर देती है और व्यक्ति सामान्य नहीं रह पाता है। उसके मन में वैचारिक उथल-पुथल चलती ही रहती है।

तनाव और दुश्चिंता के कारण व्यक्ति की सामान्य जिंदगी प्रभावित हो जाती है। वह जीवन का सही आनंद नहीं ले पता है। कई औषधियों एवं उपचार के उपरांत भी व्यक्ति को स्थाई समाधान नहीं मिल पाता है। ऐसे में योग एक प्रभावी जीवन शैली परिवर्तन है जिसके माध्यम से दुश्चिंता और तनाव में काफी कमी लाई जा सकती है। 35 विविध शोध कार्यों में यह पाया गया की 25 में तनाव में सार्थक कमी योग अभ्यास से आई। यह वास्तव में अन्य दवाइयों के सेवन की अपेक्षा कहीं अधिक प्रभावी है। (ली और गोल्ड स्मिथ, 2012)

मात्र 10 दिनों के योग अभ्यास जिसमें की आसन, प्राणायाम, विभिन्न रिलैक्सेशन एक्सरसाइज समाहित थे का एक सम्मिलित पैकेज ऐसे व्यक्तियों को दिया गया जो की अवसाद और तनाव से ग्रस्त थे। इन व्यक्तियों के तनाव और चिंता के स्तर में सार्थक परिवर्तन मात्र 10 दिन की अवधि में ही देखने को मिला। यह वे व्यक्ति थे जो की नियमित रूप से अन्य उपचार भी ले रहे थे किंतु उनसे कोई सार्थक लाभ नहीं था। इन व्यक्तियों के अल्सर और पेट संबंधी अन्य बीमारियों का भी योग के अभ्यास से स्वत: ही निदान हो गया। (गुप्ता एन. और अन्य, 2006)

योग का प्रयोग एक सहायक उपचार पद्धति के रूप में तनाव के निवारण में किया जा सकता है। एक शोध के अंतर्गत 65 महिलाओं पर एक परीक्षण किया गया। इसके अंतर्गत 34 महिलाओं का प्रयोग समूह बनाया गया उन्हें दो माह तक सप्ताह में दो बार 90 मिनट तक योग का अभ्यास करवाया गया जबकि दूसरे समूह जिसमें की 31 महिलाएं थी उन्हें किसी भी तरह का योग अभ्यास नहीं करवाया गया। दो माह उपरांत उनके तनाव एवं दुश्चिंता के स्तर में सार्थक कमी दर्ज की गई जबकि वह समूह जिसे की योग का प्रशिक्षण नहीं दिया गया उसके अंतर्गत तनाव का स्तर यथावत ही रहा। (जवानबख्त और अन्य, 2009)

अनाथालय में रहने वाले बच्चों में बढ़ती चिंता और आत्मविश्वास में कमी का समाधान ढूंढने के उद्देश्य से योग का प्रशिक्षण 2 सप्ताह तक दिया गया। इसके अंतर्गत बच्चे एवं बच्चियों दोनों पर ही योग का अभ्यास करवाया गया और शोध दर्शाता है कि उनके दुश्चिंता, तनाव, अवसाद में सार्थक रूप से कमी आई एवं आत्मविश्वास भी काफी बढ़ा। यह एक बहुत ही सहज तरीका है जिसके माध्यम से इन निराश्रित बच्चों की सहायता की जा सकती है। (रवि शंकर तेजवानी और अन्य, 2016)

योग के प्रशिक्षण का सार्थक प्रभाव न सिर्फ चिंता में कमी के रूप में देखा जा सकता है अपितु इसके नियमित अभ्यास से ऑब्सेसिव कंपल्सिव डिसऑर्डर (ओसीडी) जैसे गंभीर मानोविकार को भी नियंत्रण में रखा जा सकता है। योग के माध्यम से यह दावा नहीं किया जा सकता की यह बीमारी पूर्णतया समाप्त हो जाएगी किंतु इसे नियंत्रण में अवश्य रखा जा सकता है जो की अन्य उपचारों के माध्यम से इतना सहज नहीं है। (किर्कवुड और अन्य, 2005)

**शोध उद्देश्य –** वर्तमान में विकट परिस्थितियों में कार्य कर रहे सुरक्षा प्रहरियों पर योग के प्रभाव का चिंता के संदर्भ में अध्ययन करना।

**शोध की परिकल्पना –** सुरक्षा प्रहरियों में व्याप्त चिंता पर योग का कोई सार्थक प्रभाव नहीं पड़ता है।

**शोध विश्लेषण –** चयनित 40 सुरक्षा कर्मियों जो की औद्योगिक क्षेत्र में लघु एवं मध्यम इकाई के उपक्रमों में कार्यरत थे उनकी चिंता का स्तर 12 बिंदुओं की एक स्वनिर्मित मापनी के माध्यम से मापा गया। जिसमें की प्रत्येक

प्रश्न के लिए पांच विकल्प दिए गए जिन्हें की एक से पांच का भार देते हुए सकल चिंता का मापन किया गया। इस प्रकार 60 अंकों की इस मापनी के आधार पर चिंता का स्तर मापा गया।

**तालिका 1- सुरक्षा प्रहरियों में चिंता का स्तर**

| सं. | प्रशिक्षण के पूर्व | प्रशिक्षण के उपरांत |
|---|---|---|
| 1 | 47 | 41 |
| 2 | 42 | 34 |
| 3 | 38 | 33 |
| 4 | 49 | 40 |
| 5 | 52 | 38 |
| 6 | 50 | 39 |
| 7 | 44 | 31 |
| 8 | 41 | 35 |
| 9 | 50 | 42 |
| 10 | 53 | 44 |
| 11 | 47 | 32 |
| 12 | 38 | 27 |
| 13 | 35 | 31 |
| 14 | 42 | 37 |
| 15 | 40 | 32 |
| 16 | 46 | 38 |
| 17 | 49 | 42 |
| 18 | 35 | 31 |
| 19 | 32 | 26 |
| 20 | 44 | 36 |
| 21 | 49 | 42 |
| 22 | 31 | 25 |
| 23 | 38 | 32 |
| 24 | 52 | 43 |
| 25 | 53 | 41 |
| 26 | 44 | 38 |
| 27 | 48 | 36 |
| 28 | 47 | 38 |
| 29 | 30 | 25 |
| 30 | 41 | 37 |
| 31 | 43 | 35 |
| 32 | 46 | 37 |
| 33 | 51 | 44 |
| 34 | 53 | 46 |
| 35 | 47 | 41 |
| 36 | 44 | 38 |
| 37 | 42 | 37 |
| 38 | 49 | 41 |
| 39 | 53 | 45 |
| 40 | 46 | 38 |
| औसत | 44.53 | 36.70 |

तीन माह के प्रशिक्षण के पूर्व चिंता का औसत स्तर 44.53 था जो की 74.22% है यह प्रशिक्षण के उपरांत घटकर 36.70 अर्थात 61.17%: हो गया।

**चार्ट 1**




इस प्रकार 13.05% की कमी चिंता के स्तर में योग प्रशिक्षण के उपरांत आई। इसकी सार्थकता ज्ञात करने के लिए युग्मक टी परीक्षा किया जो दर्शाता है कि टी का मान 18.35 है जो की तालिका मान ने 1.96 से अधिक है अत: त्रैमासिक योग प्रशिक्षण का सुरक्षा कर्मियों के चिंता के स्तर पर सार्थक प्रभाव पड़ता है व उसमें सार्थक रूप से कमी आती है अत: शोध परिकल्पना को अस्वीकार किया गया।

**उपसंहार एवं निष्कर्ष** - यह शोध कार्य दर्शाता है कि सुरक्षा कर्मी भी यदि नियमित रूप से प्रतिदिन 30 मिनट ध्यान एवं प्राणायाम का अभ्यास करें तो उनके चिंता के स्तर में काफी कमी आ सकती है और वे सामान्य रूप से अपनी मनोदशा बरकरार रख सकते हैं। इसका सुपरिणाम उनके मानसिक स्वास्थ्य पर भी पड़ता है उन्हें अवसाद नहीं होता तथा वे पूर्ण प्रसन्नता के साथ कार्य को करने लगते हैं। यह सोचना की योग मात्र बुजुर्ग व्यक्तियों के लिए ही उपयोगी है, एक निरर्थक धारणा है। योग विशेष कर ध्यान एवं प्राणायाम सभी आयु वर्ग एवं कार्य क्षेत्र में उपयोगी है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. Li A.W. and Goldsmith C.W. (2012). The effects of yoga on anxiety and stress. *Alternative medicine review : A journal of clinical therapeutic, Vol. 17 (1)*, pp. 21-35.
2. Gupta N., Khera S., Vempati R., Sharma R. and Rl B. (2006). Effect of yoga based lifestyle intervention on state and trait anxiety. *Indian journal of physiology and pharmacology*, Vol. 50 (1), pp. 41-47.
3. Javnbakht M., Hejazi Kenari R. and Ghasemi M. (2009). Effects of yoga on depression and anxiety of women. Complementary therapies in clinical practice, Vol.15 (2), pp.102-104.
4. Tejvani R., Metri K.G., Agrawal J. and Nagendra H.R. (2016). Effect of Yoga on anxiety, depression and self-esteem in orphanage residents: A pilot study. Ayu, Vol. 37, pp.22 - 25.
5. Kirkwood G., Rampes H., Tuffrey V., Richardson J. and Pilkington K. (2005). Yoga for anxiety: A systematic review of the research evidence. British Journal of Sports Medicine, Vol. 39, pp. 884 - 891.

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# व्यावसायिक शिक्षा और कौशल निर्माण के संदर्भ में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का अवलोकन

**डॉ. अरुण कुमार सिंह***

* सहायक प्रोफेसर (राजनीति विज्ञान) मुल्तानीमल मोदी कॉलेज (चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ से संबद्ध), गाजियाबाद (उ.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** व्यावसायिक शिक्षा को मुख्यधारा की शिक्षा व्यवस्था में एक लम्बे अर्शे से हाशिए का स्थान दिया गया है। व्यावसायिक शिक्षा और कौशल विकास से जुड़े पाठ्यक्रमों की उपेक्षा के नतीजन हमारी शिक्षा व्यवस्था 21वीं शताब्दी के बदलते ज्ञान के वैश्विक स्वरुप में अपनी प्रासंगिकता खोती नजर आती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने वर्तमान की विषंगतियों को संज्ञान लेते हुए व्यावसायिक और कौशल विकास के विषयों को अपने नवीन दस्तावेज में मुख्य स्थान दिया है। प्रस्तावित आलेख के माध्यम से व्यावसायिक शिक्षा और कौशल निर्माण के संदर्भ में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के विभिन्न पहलुओं की विवेचना की गयी है साथ ही इससे जुड़े चुनौतियों पर ध्यानाकृष्ट किया गया है।

**शब्द कुंजी –** व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, तकनीकी।

**प्रस्तावना –** आज हम एक तकनीकी क्रांति के कगार पर खड़े हैं या अधिक लोकप्रिय रूप में इसे चौथी औद्योगिक क्रांति के रूप में जाना जाता है जो मौलिक रूप से हमारे जीवन स्तर को, कार्य संस्कृति को और एक दूसरे के साथ सम्प्रेषण के तरीके को आमूल चूल तरीके से परिवर्तित कर रहा है। इस तकनीकी नवाचार ने हमारे रोजगार के पारंपरिक तरीकों को बदलना शुरू कर दिया है जिसके परिणामस्वरूप नौकरी के पारम्परिक उपलब्ध अवसरों की संख्या सीमित हो गई है और वैश्विक फलक पर ऐसे क्षेत्रों में रोजगार की संभावनाएं बढ़ी हैं जहाँ पर लोगों के कौशल और पुन: कौशल की आवश्यकता बढ़ गई है। हाल ही के कोरोना नामक गंभीर महामारी ने इस बात को और पुख्ता तरीके से सोचने पर मजबूर कर दिया है। वर्तमान परिदृश्य में दुनिया में वृद्दोन्मुख जनसंख्या एक समस्या के रूप में उभरी है ऐसे में भारत जैसी उभरती अर्थव्यवस्था के पास अगर तुलनात्मक तौर पर देखें तो सबसे युवा वर्ग की आबादी की बहुतायत है। भारत की कार्यशील आयु जनस्संख्या की आबादी का लगभग 62.5% हिस्सा है जो की 15 से 59 वर्ष की आयु के हैं। भारत दुनिया के युवा जनसांख्यिकी का पांचवां हिस्सा है और यह जनसंख्या लाभ 5 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के देश के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। हाल ही के जनसंख्या प्रक्षेपण से पता चलता है कि 2041 तक राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर भारत जनसांख्यिकीय संक्रमण के अगले दौर में प्रवेश कर गया है जिसमें अगले दो दशकों में जनसंख्या वृद्धि में तेजी से गिरावट दर्ज की जाएगी हालांकि, यदि तेजी से बढ़ती हुई भारत की युवा आबादी मौजूदा शिक्षा व्यवस्था में व्यावसायिक शिक्षा से वंचित रहकर गर अकुशल रह जाती है या उनकी क्षमताओं का समय रहते कुशलतापूर्वक उपयोग न किया गया तो यह अनुमानित जनसांख्यिकीय लाभांश आसानी से जनसांख्यिकीय आपदा में भी बदल सकता है जो हमारे सामाजिक-आर्थिक विकास की संभावनाओं को कम कर सकता है। (जीबीसी-शिक्षा), शिक्षा आयोग, और यूनिसेफ के सहयोग से लर्निंग आउटकम पर आधारित 2019 कि एक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2030 का अनुमान है कि भारत में 12वीं कक्षा उत्तीर्ण छात्रों में लगभग 47% युवकों के पास रोजगार के लिए आवश्यक शिक्षा और पर्याप्त कौशल का अभाव होगा। एक अन्य अध्ययन का अनुमान है कि हर साल स्नातक होने वाले पचास लाख छात्रों में से केवल 20 प्रतिशत भारत में रोजगार प्राप्त करते हैं। यह कोई आश्चर्य की बात नहीं होगी यदि तेजी से बदलते वैश्विक परिदृश्य के बीच इस तरह के अधिक निष्कर्ष और पूर्वानुमान भारतीय युवाओं की रोजगार योग्यता की निराशाजनक स्थिति को दर्शा रहे हैं। यूनिसेफ द्वारा कमीशन की गई एक अलग नई रिपोर्ट ने दक्षिण एशियाई क्षेत्रों में रोजगार रहित शिक्षा के अंतर्निहित कारणों में प्राथमिक कारण यह बताया है कि वर्तमान शिक्षा पद्धति की निम्न गुणवत्ता में व्यावसायिक प्रशिक्षण का समावेश न होने से अक्सर छात्रों द्वारा अर्जित शिक्षा और नियोक्ता या बाजार (कृषि , उद्योग , व्यापार आदि ) द्वारा आवश्यक कौशल के बीच मांग-आपूर्ति का वृहद अंतर होता है। इस प्रकार हम देख सकते हैं कि शिक्षा नीति निर्माताओं के लिए मुख्य चिंता न केवल युवाओं के लिए पर्याप्त रोजगार के अवसरों के के मुद्दे को संबोधित करना है, बल्कि कार्यस्थल पर वर्तमान और भविष्य के जरूरतों के अनुसार उनकी रोजगार क्षमता में अभिवृद्धि करना है। शिक्षा और कौशल विकाश में व्याप्त भारी असंतुलन को दूर करने के लिए भारत सरकार ने वर्ष 2014 में कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय (एमएसडीई) का गठन किया है और इसके दायरे में विभिन्न योजनाओं जैसे प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई), कौशल भारत, संकल्प की शुरुवात की है। इसी क्रम में शिक्षा व्यवस्था में कौशल विकास को अन्तर्निहित करने के लिए हाल ही में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को प्रस्तावित किया गया है इस नवीन शिक्षा नीति में कौशल विकास की समस्या के निदान के लिए शुरुवाती प्राथमिक स्तर से लेकर उच्च शिक्षा पाठ्यक्रमों में व्यावसायिक और कौशल नवाचार से सम्बंधित पाठ्यक्रमों की पुरजोर वकालत की गई है। व्यावसायिक शिक्षा और कौशल निर्माण के माध्यम से युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने का

संकल्प पत्र राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को एक क्रांतिकारी दस्तावेज बनाता है।

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और व्यावसायिक शिक्षा –**नई शिक्षा नीति में सकल नामांकन अनुपात में वृद्धि पर जोर देने के साथ–साथ युवाओं के समग्र विकास की परिकल्पना भी की गई है। भारत सरकार के महत्वाकांक्षी मिशन, 'आत्मनिर्भर भारत' के उद्देश्यों को साकार करने के लिए युवाओं में कौशल विकास और व्यावसायिक शिक्षा एक निर्धारण कारक है। व्यावसायिक प्रशिक्षण के महत्व का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि एनईपी 2020 के प्रस्तावित नीति दस्तावेज में कुल 66 पृष्ठों में व्यावसायिक शब्द की 76 बार पुनरावृत्ति हुई है। व्यावसायिक प्रशिक्षण के महत्व का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि एनईपी 2020 के 66 पृष्ठीय नीति दस्तावेज में व्यावसायिक शब्द की 76 बार पुनरावृत्ति हुई है। पूरे नीतिगत दस्तावेज में शिक्षा को अर्थव्यवस्था के विकास, रोजकर के सृजन और उद्यमिता के विकास से परस्पर जोड़ कर देखा गया है। यावसायिक शिक्षा और कौशल निर्माण के संदर्भ में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का अवलोकन निम्न पहलुओं में सूचीबद्ध किया गया है।

**अनुशासनात्मक पदानुक्रम को निर्मूल करना –**मौजूदा अकादमिक व्यवस्था में अनुशासनात्मक पदानुक्रम देखा जा सकता है जहाँ तकनीकी और विज्ञान के विषयों को अन्य कला या समाज विज्ञान के विषयों के बनिस्पत श्रेयस्कर समझा जाता है NEP 2020 ने नवीन प्रयास किया है कि कला और विज्ञान के विषयों के बीच , पाठ्यचर्या और पाठ्येतर गतिविधियों के बीच, शैक्षणिक और व्यावसायिक धाराओं के बीच कोई दुराव न हो य विषयों के चयन में लचीलापन प्रदान किया गया है , जिससे शिक्षार्थियों के पास अपनी प्रतिभा और रुचियों के अनुरूप विषयों और कार्यक्रमों को चुनने की क्षमता हो और इस तरह से जीवन में वे अपना जीविका पथ खुद चुन सकेंगे य ज्ञान की एकता और अखंडता सुनिश्चित करने के लिए विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, कला, मानविकी और खेल के विषयों में बहुविषयकता और समग्र शिक्षा पर बल दिया गया है (NEP 2020, P.5)

**व्यावसायिक शिक्षा का संवेदीकरण –** व्यावसायिक शिक्षा को मुख्यधारा की शिक्षा से हीन माना जाता है इस वजह से बहुसंख्यक छात्र जो किसी कारणवश मुख्यधारा की शिक्षा से लाभान्वित नहीं हो पाते उनके रोजगार के विकल्प इस धारणा से प्रभावित होते हैं। इस गंभीर समस्या को स्वीकारते हुए नई शिक्षा नीति ने अथक प्रयास किया है कि भविष्य में छात्रों को व्यावसायिक शिक्षा कैसे प्रदान की जा सकती है। प्रस्तावित नीति का उद्देश्य व्यावसायिक शिक्षा से जुड़े सामाजिक स्थिति के पदानुक्रम को समाप्त करना है और चरणबद्ध तरीके से सभी शिक्षण संस्थानों (प्राथमिक से उच्चा शिक्षा) में व्यावसायिक शिक्षा कार्यक्रमों को मुख्यधारा की शिक्षा के साथ एकीकृत करना है। शिक्षा मंत्रालय , व्यावसायिक शिक्षा के एकीकरण के लिए एक राष्ट्रीय समिति का गठन करेगा, जिसमें व्यावसायिक शिक्षा के विशेषज्ञ और उद्योग क्षेत्र के सहयोग से सभी मंत्रालयों के प्रतिनिधि सम्मिलित होंगे। राष्ट्रीय समिति के जरिए उच्च शिक्षा संस्थानों में व्यावसायिक शिक्षा और प्रशिक्षुता के विभिन्न मॉडलों का अभिनव प्रयोग किया जाएगा और साथ में प्रत्येक उच्च शिक्षा संस्थानों में इनक्यूबेशन सेंटर स्थापित किए जाएंगे। महात्मा गांधी के नई तालीम को दृष्टिगत रखते हुए यह सुनिश्चित किया गया है कि प्रत्येक विद्यार्थी अपने अध्ययन के दौरान कम से कम एक व्यवसाय सीखे और कई अन्य व्यवसाय से परिचित हो इससे लोगों में श्रम की गरिमा का भाव उत्पन्न होगा साथ ही भारतीय कला और कारीगरी से जुड़े विभिन्न व्यवसायों को बदलते समय में दोबारा प्रासंगिकता मिलेगी (NEP 2020, P.5)

**शिल्प आधारित शिक्षा कौशल अभिमूल्यन के लिए विद्यालयी प्रशिक्षण** व्यावसायिक नवाचार को बुनियादी तौर पर संवर्धन करने के उद्देश्य से छठवीं से लेकर आठवीं कक्षा के प्रत्येक विद्यार्थी को कम से कम एक मनोरंजक पाठ्यक्रम में प्रतिभाग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा जिसमें बढ़ईगीरी, बिजली का काम, धातु का काम, बागवानी, मिट्टी के बर्तन बनाना इत्यादि जैसे महत्वपूर्ण व्यावसायिक शिल्पों के नमूने का सर्वेक्षण और व्यावहारिक अनुभव दिया जाएगा प्यावसायिक विषयों को सीखने के लिए स्थानीय व्यावसायिक विशेषज्ञों जैसे बढ़ई, माली, कुम्हार, कलाकार आदि के साथ विद्यार्थियों को इंटर्नशिप के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। विभिन्न प्रकार की कौशल विकास आधारित गतिविधियों जैसे कला, प्रश्नोत्तरी, खेल और व्यावसायिक शिल्प को समृद्ध करने के लिए पूरे वर्ष बैगलेस दिनों को प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके साथ बच्चों को ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पर्यटन महत्व के स्थानों/स्मारकों का दौरा, स्थानीय कलाकारों और शिल्पकारों से मिलने और उनके गांव/तहसील/जिला/राज्य में उच्च शिक्षण संस्थानों का दौरा करने के माध्यम से स्कूल के बाहर की गतिविधियों के लिए समय–समय पर अनावृत्ता किया जाएगा ( NEP 2020, P.16)

**21वीं सदी के क्षमता निर्माण के लिए व्यावसायिक शिक्षा –** हमारा वैश्विक समाज ज्ञान के परिदृश्य में तेजी से बदलाव के दौर से गुजर रहा है। विभिन्न वैज्ञानिक और तकनीकी प्रगति के साथ, जैसे कि बिग डेटा, मशीन लर्निंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उदय, दुनिया भर में कई अकुशल रोजगार को मशीनों द्वारा अधिग्रहण किया जा सकता है। ऐसे बदलाव के दौर में हमें एक कुशल कार्यबल की आवश्यकता होगी जो न केवल तकनीकी और विज्ञान के विषयों में निपुण हो वरन सामाजिक विज्ञान, मानविकी और कला जैसे विषयों की व्यावहारिक समझ भी रखते हों। विभिन्न वैश्विक चुनौतियों जैसे कि जलवायु परिवर्तन, घटते प्राकृतिक संसाधन, स्वच्छ ऊर्जा, भोजन और पानी की वर्तमान जरूरतों को पूरा करने के लिए, महामारी से उत्पन्न संक्रामक रोग के प्रबंधन और टीकों के विकास में विज्ञान और मानविकी के विषयों में सहयोगात्मक अनुसंधान की आवश्यकता होगी प एक समग्र और बहु–विषयक शिक्षा का उद्देश्य मानव की सभी क्षमताओं जैसे बौद्धिक, सौंदर्य विषयक, सामाजिक, शारीरिक, भावनात्मक और नैतिकता को एकीकृत तरीके से विकसित करना होगा।

**अंत:क्रियाशील, अंत:अनुशासनात्मक और परिणाम आधारित शिक्षा** NEP 2020 में एक उच्चतर शैक्षणिक परिषद् (HECI) का गठन प्रस्तावित है जो कि सामान्य शिक्षा परिषद (जीईसी) का कार्य करेगी। सामान्य शिक्षा परिषद, उच्च शिक्षा कार्यक्रमों के लिए अपेक्षित सीखने के परिणामों को तैयार करेगी, जिसे 'स्नातक विशेषता' कहा जाएगा। जीईसी द्वारा एक राष्ट्रीय उच्च शिक्षा योग्यता रूपरेखा (एनएचईक्यूएफ) भी तैयार किया जाएगा और यह उच्च शिक्षा में व्यावसायिक शिक्षा के एकीकरण को आसान बनाने के लिए राष्ट्रीय कौशल योग्यता रूपरेखा (एनएसक्यूएफ) के साथ तालमेल बिठाएगा। डिग्री/ डिप्लोमा प्रमाणपत्र के लिए उच्च शैक्षिणिक योग्यता का निर्धारण एनएचईक्यूएफ द्वारा सीखने के परिणामों के संदर्भ

में किया जाएगा। इसके अलावा, जीईसी, एनएचईक्यूएफ के माध्यम से क्रेडिट ट्रांसफर, तुल्यता आदि जैसे मुद्दों के लिए सुविधाजनक मापदंड स्थापित करेगा। जीईसी को विशिष्ट कौशल की पहचान करने के लिए अधिकृत किया जाएगा जिसे विद्यार्थियों को अपने शैक्षणिक कार्यक्रमों के दौरान हासिल करना अनिवार्य होगा। राष्ट्रीय उच्च शिक्षा योग्यता रूपरेखा का उद्देश्य ऐसे कुशल शिक्षार्थियों को तैयार करना है जिनके पास 21वीं सदी के कौशल की पर्याप्त जानकारी हो।

**श्रम बाजार उन्मुखीकरण, एकाधिक – प्रविष्टि, निकास –** उच्च शिक्षा में डिग्री कार्यक्रमों की संरचना और अवधि में लोचशीलता प्रदान की गयी है। स्नातक डिग्री तीन से चार वर्षों की अवधि की होगी इस अवधि के अंदर विभिन्न प्रविष्टि , निकास विकल्पों का प्रावधान किया गया है उदाहरण के लिए, व्यावसायिक क्षेत्रों सहित किसी विषय या क्षेत्र में एक वर्ष पूर्ण करने के बाद विधार्थी अगर किसी कारणवश अपनी पढाई आगे जारी नहीं रख सकता तो वह प्रमाण पत्र अर्जित कर सकता है गर दो वर्ष पूर्ण करता है तो डिप्लोमा या तीन वर्ष के कार्यक्रम के बाद स्नातक की डिग्री। हालांकि, चार वर्षीय बहु–विषयक स्नातक कार्यक्रम शिक्षार्थियों का पसंदीदा विकल्प होगा क्योंकि यह छात्र की स्वयं के पसंद के अनुसार चुने हुए मेजर और माइनर विषयों पर ध्यान देने के साथ– साथ समग्र और बहु–विषयक शिक्षा की पूरी श्रृंखला का अनुभव करने के अवसर से लाभान्वित होगा। एक अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (एबीसी) की स्थापना की जाएगी जो विभिन्न मान्यता प्राप्त एचईआई से अर्जित अकादमिक क्रेडिट को डिजिटल रूप से संग्रहीत करेगा ताकि एचईआई से डिग्री अर्जित क्रेडिट को ध्यान में रखते हुए प्रदान की जा सके।यदि कोई छात्र भ्म्प् द्वारा निर्दिष्ट अध्ययन के अपने प्रमुख क्षेत्र (क्षेत्रों) में एक गहन शोध परियोजना को पूर्ण करता है तो वह चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम 'अनुसंधान के साथ' डिग्री भी प्राप्त कर सकता है।

**व्यावसायिक शिक्षकों का व्यावसायिक विकास –** शिक्षकों के व्यावसायिक विकास के लिए एक राष्ट्रीय व्यावसायिक मानकों (एनपीएसटी) का एक सामान्य मार्गदर्शक सेट 2022 तक, राष्ट्रीय शिक्षक शिक्षा परिषद द्वारा सामान्य शिक्षा परिषद (जीईसी) के तहत एक पेशेवर मानक निर्धारण निकाय (पीएसएसबी) के रूप में अपने पुनर्गठित नए स्वरूप में विकसित किया जाएगा। इस मानक में विशेषज्ञता के विभिन्न स्तरों पर शिक्षक की भूमिका की अपेक्षाओं और उस चरण के लिए आवश्यक दक्षताओं को शामिल किया जाएगा। इसमें प्रत्येक चरण के लिए प्रदर्शन मूल्यांकन के मानक भी शामिल होंगे जो एक निश्चित आवधिक आधार पर किए जाएंगे। एनपीएसटी पूर्व शिक्षक शिक्षा सेवा कार्यक्रमों के प्रारूप के बारे में भी सूचित करेगा। तत्पश्चात राज्यों द्वारा इसे अपनाया जा सकता है और शिक्षक कैरियर प्रबंधन के सभी पहलुओं को निर्धारित किया जा सकता है, जिसमें कार्यकाल, पेशेवर विकास प्रयास, वेतन वृद्धि, पदोन्नति और अन्य मान्यताएं शामिल हैं। पदोन्नति, वेतन वृद्धि, कार्यकाल की अवधि अब वरिष्ठता के आधार पर नहीं होगी, बल्कि केवल ऐसे मूल्यांकन के आधार पर होगी। 2030 में पेशेवर मानकों की समीक्षा और संशोधन किया जाएगा, और उसके बाद हर दस साल में, सिस्टम की प्रभावकारिता के गहन अनुभवजन्य विश्लेषण के आधार पर किया जाएगा।

**भारत में व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रणाली की चुनौतियाँ –** हालांकि नई शिक्षा नीति 2020 ने एक कुशल कार्यबल बनाने में सैद्धांतिक तौर पर उल्लेखनीय प्रयास किया है फिर भी कई गंभीर चुनौतियाँ हैं जिन्हें वांछित लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए दूर करना होगा।

1. **बुनियादी सुविधाओं का अभाव–** हाल ही में चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय द्वारा प्रथम बार राष्ट्रीय शिक्षा योजना 2020 को सत्र 2021–22 में क्रियान्वित किया गया है। कौशल विकास से जुड़े विषयों के अध्यापन में निम्नांकित कमियां महसूस की गयी है य एक वनस्पति विज्ञान के प्राध्यापक को मशरुम की खेती जैसे कौशल पाठ्यक्रम को पढ़ाने के लिए सबसे प्राथमिक तौर पर एक बोटैनिकल गार्डन चाहिए उसी तरह जंतु विज्ञान में मतस्यकी को व्यावहारिक तौर पर सीखाने के लिए तालाब चाहिए जिसका बहुतायत महाविद्यालयों में अभाव देखा गया है। अवसंरचना के अभाव में कौशल के पाठ्यक्रम केवल सैद्धांतिक स्तर पर सीमित रह जाएंगे।
2. **अनुभवी और योग्य शिक्षकों की कमी –** व्यावसायिक शिक्षा सुधार के लिए योग्य प्रशिक्षकों को प्रदान करना हमेशा एक बाधा साबित हुआ है। फैकल्टी की कमी और योग्य शिक्षकों को आकर्षित करने और व्यवस्था में बनाए रखने के लिए शैक्षिक प्रणाली की अक्षमता कई वर्षों से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए चुनौतियां खड़ी कर रही है। वर्तमान प्रणाली में शिक्षकों की संख्या और छात्र नामांकन में वृद्धि के साथ कोई आनुपातिक संतुलन नहीं है। उच्च शिक्षा प्रणाली की स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए इस पहलू पर ठोस ध्यान देने की आवश्यकता है।
3. **कमजोर निजी और उद्योग भागीदारी –** उद्योगों के समर्थन के बिना, व्यावहारिक प्रशिक्षण बहुत समस्याग्रस्त हो गया हैय इसके अलावा, स्कूलों में व्यावहारिक प्रशिक्षण की स्थिति व्यावहारिक आवश्यकताओं को पूरा करने में संतोषजनक नहीं है। वर्तमान में, ऐसा कोई कानून नहीं है जो यह निर्धारित करता हो कि उद्यम पूर्व–नौकरी व्यावसायिक शिक्षा में भाग लेने के लिए बाध्य हैं।
4. **प्रशिक्षण की गुणवत्ता उद्योग की मांगों के अनुरूप नहीं है –** शैक्षणिक संस्थाओ द्वारा प्रदत व्यावसायिक प्रशिक्षण और उद्योगों की कौशल मांग में असम्बद्धता देखी जाती है जिसकी वजह से विद्यार्थी व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद भी बेरोजगार रह जाते हैं।
5. **पुराने प्रशिक्षण मॉड्यूल और अपर्याप्त पाठ्यक्रम –** व्यावसायिक शिक्षा प्रदान करने वाले अधिकांश प्रशिक्षण संस्थान संरचनात्मक रूप से अनम्य होते हैं जहाँ पर पुराने केंद्रीकृत पाठ्यक्रम की पुनरावृत्ति होती रहती है जिस वजह से ऐसे संस्थानों से उत्तीर्ण हुए विद्यार्थी वर्तमान के बाजार अनुरूपी मांग को पूर्ण नहीं कर पाते हैं।

**निष्कर्ष –** निम्न कौशल गरीबी और असमानता का पोषण करते हैं। जब शिक्षा कौशल उन्मुख हो तो कौशल विकास के जरिए बेरोजगारी और अल्परोजगार को कम किया जा सकता है, श्रमिक उत्पादकता बढ़ाई जा सकती है और साथ ही जीवन स्तर में सुधार किया जा सकता है। यूँ तो स्कूली शिक्षा रोजगार सुनिश्चित नहीं करती लेकिन कौशल विकास अगर व्यक्ति का हुआ है तो वह अवश्य ही स्वावलम्बी बन सकता है। वर्तमान शिक्षा व्यवस्था को अपना ध्यान रटंत विद्या से हटाकर NEP 2020 में अन्तर्निहित रचनात्मकता और आलोचनात्मक सोच पर केंद्रित करना होगा। एक आउट–ऑफ–द–बॉक्स सोच और नवाचारों के उपयोग के माध्यम से शिक्षार्थी में निर्णय लेने के आत्म विश्वास का बोध होगा। वर्तमान आधारभूत संरचना और संसाधनों की कमियों को दूर करते हुए अगर व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास, अनुसंधान और विकास (आर एंड डी) को एक

ईमानदार राजनैतिक इक्षाशक्ति के जरिए क्रियान्वयन किया गया तो निश्चित ही जमीन पर एक आदर्श बदलाव होगा। वह दिन दूर नहीं जब भारतीय युवा शिक्षा और प्रशिक्षण के विभिन्न चरणों में उन्हें प्रदान किए गए व्यावसायिक, रोजगार योग्य और उद्यमशीलता कौशल के माध्यम से नौकरी तलाशने वाले नहीं बल्कि संभावित नौकरी देने वाले होंगे।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. Agrawal, T. (2012). Vocational educationAnd training in India: Challenges, statusAnd labor market outcomes. Journal of Vocational Education &Training
2. Das, Jenefer & Malik, Navita. (2022). Vocational Education & Entrepreneurship in NEP 2020. I. 30-32
3. Government of India, Minsitry of Finance, Economic Survey 2018-19
4. Government of India, Ministry of Human resource development- The National Education Policy (NEP) 2020 document
5. Jaiswal, R. Vocational Education & Skill Development in India. Tactful Management Research Journal.
6. Pathak, R. (2020). NEP 2020:A Road Map to Vocational Development. Journal ofArts, HumanitiesAnd Social Sciences.
7. http://www.indiavocationaleducationreview.com
8. https://www.nationalskillsnetwork.in/highlights-of-the-national-education-policy-2020/
9. https://www.udhyam.org/post/nep-2019-alignment-with-udhyam-shiksha
10. https://www.unicef.org/press-releases/more-half-south-asian-youth-are-not-track-have-education-and-skills-necessary

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# हिंदी साहित्य में नारी चेतना

राज कुमार*

* शोध छात्र (राजनीति विज्ञान) मेरठ कॉलेज मेरठ (उ.प्र.) भारत

**प्रस्तावना -** भारतीय संस्कृति में नारी का महत्वपूर्ण स्थान रहा है। स्त्री और पुरुष ईश्वर की दो समान धर्मी कृतियां हैं। दोनों एक दूसरे की पूरक हैं। स्त्री पुरुष मिलकर जीवन की एक महत्वपूर्ण इकाई का निर्माण करते हैं। दांपत्य शब्द इसी स्थिति को पुष्ट करता है। हमारी संस्कृति में स्त्री की शक्ति की महिमा इसी बात से पुष्ट होती है कि वह न तो पुरुष की अनुगामिनी है, अपितु वह पूरक है, उसकी जीवन साथी है, सहधर्मिणी है। प्राचीन भारतीय मनीषियों ने नारी के स्थान की जितनी सुंदर अभिव्यक्ति वेदों में वर्णित की है उतनी अन्यत्र दुर्लभ है। वैदिककाल में नारियों के प्रति बड़ा आदरभाव था। परिवार की प्रमुख संरचना विवाह का उद्देश्य केवल वासनापूर्ति न होकर गृहस्थ धर्म का पालन, धर्म अनुष्ठान, यज्ञ संपादन और दांपत्य जीवन द्वारा श्रेष्ठ संतान की प्राप्ति भी था। घर गृहस्थी में स्त्री की प्रधानता थी। परिवार की सभी गतिविधियों के केंद्र में स्त्री थी। कन्या में ही धन की देवी लक्ष्मी का निवास माना जाता था। वैदिक संस्कृति में स्त्री शिक्षा का भी महत्व था। उस समय पुत्र व पुत्री के पालन पोषण, शिक्षा दीक्षा आदि में कोई भेदभाव नहीं था। मैथिलीशरण गुप्त ने भी अपनी लेखनी से आर्य स्त्रियों के स्थान को पुरुष समाज में निर्धारित करते हुए माना है कि वे सदगृहस्थी की वाहक दैवीय शक्ति के समान थीं। उन्हीं के शब्दों में -

'केवल पुरूष ही थे न वे, जिनका जगत को गर्व था,
गृह देवियां भी थीं हमारी, देवियां ही सर्वथा।।'[1]

भारतीय इतिहास में रामायण, महाभारत काल के पश्चात स्त्रियों की स्थिति अत्यंत दयनीय होती गई। मुसलमान आक्रांताओं के आगमन से पर्दा प्रथा ने उनकी स्थिति को और भी विकराल बना दिया। बाल विवाह और दहेज प्रथा के कारण स्त्री की स्थिति सर्वथा अवरुद्ध हो गई। इस संबंध में कमलेश कटारिया का मानना है कि 'उन पर अनेक अनगिनत निर्योग्यताएं थोपी गईं, बाल विवाह, विधवा विवाह निषेध, सती प्रथा के प्रति अनिच्छुक विधवाओं को भी जबरदस्ती चिताओं में झोंक देना, पर्दा प्रथा के कारण लड़कियों को शिक्षा से वंचित कर देना, शिक्षा और अंधविश्वासों में जकड़ी स्त्री को पुरुषों का गुलाम बना दिया जाना।'[2]

इस प्रकार तत्कालीन युग में स्त्री, पुरुष की सहधर्मिणी, सहकर्मी के रूपों से वंचित हो गई। लेकिन आधुनिक काल में स्त्री जागृति के कारण उसकी दशा में काफी सुधारात्मक परिवर्तन आया है। आज स्त्री को सृष्टि की सर्वोत्तम रचना माना जाता है। कवि जयशंकर प्रसाद ने स्त्री के प्रति अपने श्रद्धा भाव को इस प्रकार व्यक्त किया है -

'नारी तुम केवल श्रद्धा हो,
विश्वास रजत नग पग तल में।
पीयूष स्रोत सी बहा करो,
जीवन के सुंदर समतल में।'[3]

आज की स्त्री अपने वजूद को महसूस करती है। एक सजग इकाई के रूप में वह तमाम यथार्थ स्थितियों से लड़ती है। वर्तमान सामाजिक परिवेश के अंतर-विरोध व असंगतियों को आज के परिप्रेक्ष में जानना चाहती है।

'यह आज समझ तो पाई हूँ,
मैं दुर्बलता में नारी हूँय
अवयव की सुंदर कोमलता,
लेकर मैं सब से हारी हूँ।'[4]

**स्त्री चेतना : अर्थ व स्वरूप-** चेतना मानव शरीर में उपस्थित वह आधारभूत तत्व है जिसके कारण उसे सभी प्रकार की अनुभूतियां होती हैं। व्यक्ति को स्वयं के प्रति सजग रहना मनुष्य का सर्वोत्तम दायित्व है जो उसकी चेतना का प्रथम सोपान है। डॉक्टर गणपतराम शर्मा का मानना है कि 'चेतन मन में हुए मानसिक और शारीरिक क्रिया निहित रहती हैं जिनके प्रति हम सचेत रहते हैं और उनका बड़ी सरलता से प्रत्याशी करना संभव होता है इनका प्रयोग स्वयं के प्रति जागरूक रहने और स्वयं को समझने में किया जाता है।'[5] इस प्रकार मानव मन के मन में प्रतिकूल भाव के उत्पन्न होने की दशा में अधिकारों के प्रति सचेत होना ही चेतना है। चेतना की प्रेरणा से ही मनुष्य अपने व समाज के लिए कार्य करने की ओर प्रवृत्त होता है। बृहद हिंदीकोश में चेतना से अभिप्राय होश में आना, सावधान होना, सोच समझकर ध्यान देना, विवेक से काम लेना इत्यादि अर्थ में लिया जाता है। इस प्रकार चेतना को आसपास के वातावरण को समझने, परखने तथा स्वयं को स्थापित करने की शक्ति माना जाता है। अत: चेतना मानव मन की वह शक्ति है जो मानव को आंतरिक और बाह्य अनुभूतियों का ज्ञान कराती है। संस्कृत साहित्य में चेतना, संज्ञा, बोध, समझ आदि के रूप में प्रयुक्त होती है। चेतना शब्द चित ल्यूट प्रत्यय के योग से चेतन शब्द बनता है। इस चेतन के भाव को ही चौतन्य कहा गया है। इसका अर्थ है मुख्य धारा से जुड़ाव, अथवा समझ स्थापित करना है। अत: इस प्रकार चेतना का अर्थ हुआ समाज की मुख्यधारा से जुड़ाव के साथ अपने अधिकार एवं कर्तव्य की पूर्ण समझ रखना। श्रीमद् भागवत गीता के तृतीय अध्याय में श्री कृष्ण अर्जुन को इस चेतन अथवा चेतन तत्व के अनुक्रम को इतना व्यवस्थित समझाया है और बताया है कि 'इन्द्रियाणि पराण्याहुरिन्द्रियेभ्य: परं मन:। मनसस्तु परा बुद्धिर्यो बुद्धे: परतस्तु स:।।'3/42 (इंद्रियां श्रेष्ठ है, मन उनसे भी श्रेष्ठ है, मन से बुद्धि

अधिक श्रेष्ठ है परंतु जो तत्व बुद्धि से भी श्रेष्ठ है वही तत्व चेतन अथवा चेतना है।)[6] ऑक्सफोर्ड हिन्दी इंग्लिश शब्दकोश में चेतना को Consciousness और Intelligence माना गया है। जिसका अर्थ चेतना, चेतन, जागृत अवस्था आदि माना जाता है। अत: कहा जा सकता है कि चेतना मानव मन की वह शक्ति है जो हमें मनोजगत के सूक्ष्म भावों एवं विचारों के साथ साथ बाह्य जगत के विषयों, एवं मनो सामाजिक अनुभूतियों का ज्ञान कराती है।

**हिन्दी साहित्य एवं स्त्री –** भारतीय समाज में शताब्दियों से एक स्त्री का पालन पोषण, देखभाल व व्यवहार इस प्रकार से किया जाता रहा है कि वह अपने को अबला और निरीह प्राणी के अतिरिक्त कुछ सोच नहीं पाती तथा जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में वह पुरुष के साए के सहारे ही आगे बढ़ना चाहती है, लेकिन आज की स्त्री अपनी चेतना के बल पर इस दुर्बलता, बेसहारापन और भीरूता से परे हटकर अपनी चेतना से सभी क्षेत्रों को चौतन्य कर रही है।

'यह आज समझ तो पाई हूँ,
मैं दुर्बलता में नारी हूँय
अवयव की सुंदर कोमलता,
लेकर मैं सब से हारी हूँ।'[7]

स्त्री चेतना का यह फैलाव समाज के संपूर्ण परिवेश से जुड़ा हुआ है। समाज में स्त्री के माता, पत्नी, बहन, पुत्री, सखी, सेविका, परिचारिका, तपस्विनी आदि अनेकानेक रूप हैं। धार्मिक चेतना की दृष्टि से वह कमला, जगदंबा, दुर्गा आदि रूपों में श्रद्धा एवं पूजनीय भाव से युक्त है तो राजनीतिक चेतना की दृष्टि से इंदिरा गांधी, प्रतिभा पाटिल बनकर कूटनीतिज्ञ तथा साहसी बनकर देश और दुनिया का नेतृत्व करने का माद्दा रखती है। डॉक्टर मुकुल रानी सिंह ने नारी का राष्ट्र के प्रति योगदान एवं नारी की योगदान से राष्ट्र के विकास का उल्लेख करते हुए माना है कि जिस राष्ट्र की नारी मानवीय भावनाओं से प्रेरित होगी, उस राष्ट्र का भावी जीवन अत्यंत सुंदर और सुखद होगा और वह राष्ट्र को मानवीय धरातल से ऊंचा कर सकती है। इस चेतना से नारी समाज में जो लहर उत्पन्न हुई उसने पूर्व समाज के विरोध के स्वर अपने में समाहित कर विलीन कर लिए। आज स्त्री चेतना का ही यह परिणाम है कि आज स्त्री जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में पुरुष के समान ही अपनी कुशलता एवं कर्मठता का परिचय दिया है। डॉ अर्चना शेखावत ने नारी चेतना के प्रभाव को नारी जीवन में स्वीकार करते हुए लिखा है कि, 'सामाजिक जीवन का सुदृढ़ आधार नारी के गौरव और श्रेय का भागीदार पुरूष ही बना रहा और उसने स्त्री को पीछे धकेलने की कोशिश भी की, लेकिन स्त्री चेतना ने उसे जागृतकर स्त्री की दासता का भार अपने कंधे से उतार कर सम्मान पूर्वक जीने की राह प्रदान की।' भारतीय समाज में स्त्री चेतना के फैलाव से उसका क्षेत्र अत्यंत विस्तृत एवं व्यापक हुआ है। आर्थिक और सामाजिक दृष्टि से वहआत्मनिर्भर और स्वाभिमानी बनी है। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारतीय स्त्री को सभी प्रकार के अधिकार दिए गए जिससे उसने चूल्हा चौका का दायरा छोड़कर अपने स्वतंत्र अस्तित्व को जीवंत किया है। यह स्त्री चेतना का ही परिणाम है कि जीवन की आपाधापी में भी स्त्री के व्यक्तित्व निर्माण में, बच्चों का लालन पालन करने में, परिवार के प्रति उत्तारदायित्व के होते हुए भी उसने अपना वजूद स्थापित किया है।

समाज सुधार के आंदोलनो, संवैधानिक सुविधाओं, शिक्षा का प्रसार प्रचार तथा लोकतंत्र में भागीदारी के कारण स्त्री चेतना में जागृति का भाव उत्पन्न हुआ है। आज वह अपने स्व के प्रति सजग है। इस प्रकार स्त्री में जहां रूढ़ियों, परंपराओं को तोड़ने के प्रति विद्रोह का भाव है, वहीं नवीन जीवन मूल्यों की स्थापना का दृढ़ विश्वास भी मौजूद है। आज की स्त्री पहले की अपेक्षा वैचारिक दृष्टि से अधिक मजबूत एवं सशक्त है। इस प्रकार स्त्री चेतना, स्त्री मुक्ति में एक आन्दोलन बनकर प्रकट हुई है जिससे स्त्रियों में अधिकार बोध की भावना ने जन्म लिया है। आज स्त्री अपने अधिकारों के साथ–साथ अपने पारिवारिक दायित्वों का भी पूर्ण निर्वहन कर रही है।

किसी भी युग विशेष का साहित्य तात्कालिक समाज का दर्पण होता है। ये साहित्य ही उस युग की सामाजिक, राजनैतिक व धार्मिक स्थिति का प्रतिबिंब होता है। संसार के कर्मक्षेत्र में जीवन व्यतीत करने के लिए स्त्री और पुरुष दोनों एक दूसरे के अनिवार्य अंग हैं। यथार्थ और कल्पना में भी स्त्री का साहचर्य पुरूष के लिए सुखद अनुभूतियों का स्रोत रहा है। इन्हीं सुखद अनुभूतियों का कल्पनाशील चित्रण हिन्दी साहित्य में प्रत्येक काल के कवियों ने अपनी लेखनी द्वारा किया है।

हिन्दी साहित्य का आदिकाल धार्मिक उपदेशों एवं वीरगाथाओं के रूप में लिखा गया था। इस काल में शासकों एवं उनके दरबारी कवियों द्वारा नारी के कामिनी एवं वीरांगना रूप का चित्रण कवियों की सामान्य शैली बन गया था। स्त्री के स्वतंत्र व्यक्तित्व की आभा इस काल में कहीं भी दिखाई नहीं देती है। आदिकाल में समाज पूर्णत: रूढ़ियों और परम्पराओं पर आधारित था। इस काल में स्त्री के सौंदर्य का जो चित्रण किया जाता था वह चित्रण स्वस्थ मनोवृति का परिचायक नहीं था। इस युग का धार्मिक काव्य भी स्त्री के प्रति उदार नहीं था। इस काल में जैन आचार्यों एवं सिद्धों द्वारा लिखे गए धार्मिक काव्य में स्त्री के प्रति विरक्ति का भाव मुखरित हुआ है। इसमें स्त्री को पुरुष के समक्ष किसी न किसी दृष्ट से हेय और तुच्छ बताया गया है।

आदिकाल के साहित्य में स्त्रियों में विषय वासना के भावों के ठीक विपरीत वीरोचित विशेषणों (वीरमाता, वीरपत्नी आदि) का प्रयोग किया गया है। लेकिन रासो ग्रंथों में नारियों को गौरवपूर्ण स्थान प्राप्त नही हुआ।

हिन्दी साहित्य का भक्तिकाल भी राजनीतिक दृष्टि से विक्षोभ और संक्रान्ति का काल है। इस काल में एक ओर स्त्री उदात्त, आदर्श तथा आराध्य देवताओं की संगिनी के रुप में सम्मानित हुई है, तो दूसरी ओर सामान्य स्त्री के रुप में वह निंदा और उपेक्षा की पात्र भी रही है।

रीतिकाल के कवियों ने स्त्री के श्रृंगार रुप को ज्यादा महत्व दिया। इस युग में एक ओर बिहारी जैसे सूक्ष्मदर्शी कवि स्त्री सौंदर्य का सूक्ष्म से सूक्ष्म रूप चित्रित कर रहे थे तो दूसरी और देव, घनानंद, पद्माकर की प्रतिभा भी स्त्री चित्रण को समेटे हुए थी। इन कवियों का स्त्री के प्रति दृष्टिकोण हमेशा सामंती ही रहा, जिससे वह समाज की इकाई न बनकर जीवन का एक उपकरण मात्र ही बनी रही।

हिंदी साहित्य में नवीन युग की नवीन चेतना के बीज आधुनिक काल में पाए जाते हैं, जिसका प्रमुख कारण अंग्रेजी शिक्षा का प्रचार प्रसार था। देश में इस समय जातिगत भेदभाव, छुआछूत, बाल विवाह, सती प्रथा, स्त्री बहिष्कार इत्यादि के कारण समाज की प्रगति अवरुद्ध हो गई थी। लेकिन इसी समय युगों से उपेक्षिता, निंदनीया मानी जाने वाली स्त्री को भी पहली बार इस सुधारवादी वातावरण में कवियों की संवेदनशीलता का स्पर्श पाने का अवसर प्राप्त हुआ। इन कवियों ने स्त्री विषयक दृष्टिकोण में उदारता लाने का बहुत प्रयास किया। कवियों ने स्त्रियों की समता का उद्घोष इस प्रकार किया कि समाज में स्त्री विषयक एक नई धारणा ही प्रकट हो गई। भारतेंदु युग के कवियों में रीति एवं श्रृंगार के संकीर्ण घेरे से स्त्री को मुक्त कर

उसके उन्नति का आधार प्रदान किया योग पुरुष भारतेंदु जी ने स्त्री के प्रति पुरुष के दृष्टिकोण को बदलने का प्रयास किया उनके इस समग्र प्रयास में उनके सहयोगी कवियों का योगदान भी अविस्मरणीय है।

द्विवेदी युग साहित्यिक, सामाजिक एवं राजनीतिक दृष्टि से नवजागरण का काल था। स्त्री– पुरुष की समानता, पीड़ितों के प्रति सहानुभूति एवं मानवीय आदर्शों की प्रतिष्ठा इस युग की मूल विशेषताएं रही हैं। इस युग के साहित्यकारों और कवियों ने अपनी रचनाओं में विलासितापूर्ण जीवन के चित्रण का परित्याग कर जनमानस को चारित्रिक दृढ़ता की ओर आकर्षित करने का प्रयास किया। इस युग में प्रथम बार नारीत्व की उच्च भावना का विकास हुआ। इस युग में स्त्री को उसके अतीत गौरव का स्मरण दिलाने तथा समाज में उसकी महत्ता प्रतिपादित करने में गुप्त जी का योगदान अविस्मरणीय है। उनका स्त्री संबंधित दृष्टिकोण यह है कि उन्होंने भारतीय नारी की दशा का चिंतन, वर्णन पश्चिमी चिंतन के बजाय भारतीय चिंतन की पृष्ठभूमि में किया है। भारतीय संस्कृति के प्रसारक गुप्तजी ने नारी के अबला रुप को इस प्रकार का गौरवान्वित किया है कि उनकी नारी का रूप मानव के लिए मानवीय तथा दानव के लिए दानवी समान है–

'मैं अबला हूं किंतु न अत्याचार सहूंगी,
तुम दानव के लिए चंडिका बनी रहूंगी।'

छायावाद में स्त्री पुरुष के बीच समानता का भाव पैदा हुआ साथ ही स्त्री के प्रति पुरुष का दृष्टिकोण भी बदला है, जिससे नारी को कविताओं में प्रेयसी के रूप में ऊंचा स्थान मिला। डॉ नामवर सिंह ने संबंध में अपना मत प्रकट किया है कि 'नारी की दुर्बलताओं को छायावादी कवियों ने साहस के साथ कहा और जिन बातों को अब तक लोकसमाज के भय से छुपाया जाता था, उन्हें भी छायावादी कवियों ने खोल कर रख दिया।'[9] नारी के प्रति छायावादी कवियों का दृष्टिकोण ना तो भक्तिकालीन संत कवियों के भांति अनादर का है और ना ही आदिकालीन और रीतिकालीन कवियों की भांति भोग विलास का, अपितु नारी के प्रति इन कवियों का दृष्टिकोण स्वच्छंद है। इसी स्वच्छंद रूप का चित्रण करने में कवियों ने प्रकृति के रूप का नारी के चित्रण में सहारा लिया है। इन कवियों ने प्रकृति को नारी के रूप में देखा है। छायावादी काव्य में नारी के प्रेम की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि उनका प्रेम एक ओर जहां वासनाहीन था वहीं विवेक से परिपूर्ण भी था।

छायावादोत्तर काल में नारी विषयक दृष्टिकोण को ऊर्जा प्रदान करने वाले कवि बालकृष्ण शर्मा नवीन राष्ट्र प्रेम और सहृदयता की अद्भुत आगार थे। कवि नवीन की दृष्टि में वंदनीया नारी को वासना के गर्त में डुबोने की इच्छा रखने वाले तथा नारी निंदा को धर्म मानने वाले व्यक्ति हेय हैं वे ऐसे लोगों को धिक्कारते हुए कहते हैं कि ऐसे मानव अधम एवं राक्षस के समान हैं –

'जो नारी में कामुकता ही देखें, वे भी क्या मानव हैं?
वे तो हैं बस चांडाल अधम, वे तो बस पूरे दानव हैं।'8

हिंदी साहित्य में कवि माखनलाल चतुर्वेदी को एक भारतीय आत्मा की उपाधि से विभूषित किया गया है। कवि का नारी विषयक दृष्टिकोण बड़ा उदात्त है। राष्ट्रकवि ने देश की अखंडता व एकता की रक्षा हेतु नर के साथ नारी को भी अपना योगदान देने के लिए प्रेरित करते हुए कहा है कि आज की नारी भी राष्ट्र रक्षा हेतु नागिन के समान दुश्मनों पर फूंकार मारती है–

'अब नरों में नारियां हों बलशाली।
नाग सी फुंकारती हो कोटि भुजा मतवाली।'

छायावादोत्तर काल में रामधारी सिंह दिनकर ऐसे कवि हैं जिन्होंने एक ओर राष्ट्रीय भाव धारा में डूबकर क्रांति के स्वरों को अभिव्यक्ति दी तो दूसरी ओर छायावादी मर्यादित सौंदर्य और प्रेम के गीत गाए। उनकी अनेक कविताओं में नारी का आदर्श एवं दैदीप्यमान रुप प्रकट हुआ है। कवि ने रश्मिरथी में अपनी पीड़ा को इन शब्दों में पिरोया है–

' बेटा, धरती पर बड़ी दीन है नारी,
अबला होती सचमुच, योशिता कुमारी।'[9]

प्रगतिशील विचारकों की जो विचारधारा राजनीतिक क्षेत्र में साम्यवाद, सामाजिक क्षेत्र में समाजवाद और दर्शन के क्षेत्र में द्वंदात्मक भौतिकवाद के नाम से जानी जाती है वही विचारधारा आधुनिक हिंदी साहित्य के क्षेत्र में प्रगतिवाद के नाम से जानी जाती है। प्रगतिवादी कवियों की दृष्टि में नारी भी मजदूर और किसान के समान शोषित वर्ग के अन्तर्गत आती है। उनकी नारी युग युग से सामंतवाद की जेल में पुरुषों की बेड़ियों में बंधी हुई है। पशु के समान घरेलू बंधनों में जकड़ी नारी की मुक्ति की इच्छा को प्रगतिवादी कवि पंत इस प्रकार व्यक्त करते हुए लिखते हैं कि–

'मुक्त करो नारी को मानव, चिर बंदिनी नारी को,
युग युग की बर्बर कारा से, जननी सखी प्यारी को।'[10]

छायावादोत्तार काल में अन्य कवियों की भांति कवि निराला ने भी मानवतावादी दृष्टिकोण को अपनाया है। नारी के स्वाधीनता को कवि निराला ने आवश्यक माना है। उनके अनुसार स्त्री एवं पुरुष मानव शरीर के दो हाथों के समान हैं लेकिन हमारे देश के लोग आधे हाथों से काम करते हैं। उनका मानना है कि 'आज हमारे आधे हाथ निष्क्रिय हैं, जब स्त्रियों के भी हाथ काम में लग जाएंगे, कार्य की सफलता तभी हमें प्राप्त होगी।'[11]

हिंदी साहित्य में द्वितीय विश्वयुद्ध के पश्चात सन 1943 में अज्ञेय द्वारा संपादित तार सप्तक से प्रयोगवाद का आरंभ माना जाता है। हिंदी प्रयोगवाद पर फ्रायड, एडलर, युंग आदि पश्चिमी मनोवैज्ञानिकों का प्रभाव रहा, जिसके कारण यौन–कुंठाओं, विभीषिकाओं का खुला चित्रण इन कविताओं में किया गया। प्रयोगवाद के प्रमुख कवि अज्ञेय ने नर–नारी के आकर्षण– विकर्षण को अपनी रचनाओं में वाणी दी है। असाधारणता से युक्त पुरुष की अधीरता को कवि ने इस प्रकार व्यक्त किया है –

'कहो कौन है जिसको है मेरी परवाह,
जिसके उर में मेरी कृतियां जगा सके उत्साह।।'[12]

इस प्रकार समग्र रूप से देखा जाए तो हम पाते हैं कि आज समस्त नारी समाज ना तो केवल देवी के पद पर अधिष्ठित किया जा सकता है और न केवल दृष्टा कहा जा सकता है अपितु वर्तमान समाज में हमें नारी भिन्न–भिन्न रूपों में दिखाई देती है। वर्तमान नारी, समकालीन परिवेश के अनुरूप आज प्रत्येक दायित्व को पूर्ण करने में सक्षम दिख रही है। कुछ अपवादों को छोड़कर आज नारी की स्थिति में काफी सकारात्मक परिवर्तन आ गया है। वह हर क्षेत्र में पुरुषों के कदम से कदम मिलाकर चलती दिखाई देती है। अब वह घर के कार्यों में ही व्यस्त ना होकर नित्य कुछ ना कुछ रचनात्मक कार्य में भाग लेते हुए दृष्टिगोचर होती है जो उसी वर्तमान चेतना का ऊर्जावान रूप है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. मैथिलीशरण गुप्त: भारत भारती (अतीत खण्ड, आर्य स्त्रियां) , साहित्य सदन प्रकाशन, झांसी, पृष्ठ संख्या 11
2. कमलेश कटारिया : नारी जीवनय वैदिक काल से आजतक, निकिता

प्रकाशन गृह, 2021, पृष्ठ संख्या 118
3. जयशंकर प्रसाद: कामायनी (लज्जा सर्ग), लीडर प्रेस, इलाहाबाद, पृष्ठ संख्या 106
4. जयशंकर प्रसाद: कामायनी (लज्जा सर्ग), लीडर प्रेस, इलाहाबाद, पृष्ठ संख्या 104
5. गणपत राम शर्मा: अधिगम शिक्षण और विकास के मनो सामाजिक आधार, राजस्थान हिंदी ग्रंथ अकादमी जयपुर,2020 , पृष्ठ संख्या 73
6. श्रीमद् भगवत गीता, पृष्ठ 3/42
7. मैथिलीशरण गुप्त: सैरंध्री, नेशनल बुक ट्रस्ट,2001, पृष्ठ संख्या 20
8. डॉ. नामवर सिंह, आधुनिक हिंदी साहित्य की प्रवृत्तियां, इंडियन प्रेस, इलाहाबाद,1962, पृष्ठ संख्या 17
9. बाल कृष्ण शर्मा: हम विषपायी जनम के, भारतीय ज्ञानपीठ प्रकाशन 1964, पृष्ठ संख्या 26
10. रामधारी सिंह दिनकर: रश्मिरथी, लोक भारती प्रकाशन, इलाहाबाद 1952, पृष्ठ संख्या 69
11. सुमित्रा नंदन पंत: ग्राम्या, लोक भारती प्रकाशन, इलाहाबाद 2001(नवीन संस्करण)
12. राम विलास शर्मा: निराला की साहित्य साधना, राजकमल प्रकाशन 2011
13. सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन अज्ञेय: चिंता, प्रतीक प्रकाशन, दिल्ली 1941

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# Importance of Mental Health in Our Life

**Divya Chordia***

***Research Scholar, Maharshi Panini Sanskrit and Vedic Vishwavidyalaya, Ujjain (M.P.) INDIA**

**Definition of mental health :** According to WHO [1], " Mental health refers to a person's psychological, emotional, and social well-being''. It influences what they feel, how they think and behave . The term Mental health is also used to refer to the absence of mental disease.The state of cognitive and behavioural well-being is referred to as mental health .

Mental health means keeping our mind. Healthy. Mankind generally is more focused on keeping their physical body healthy. People generally tend to ignore the state of their minds which generally results in the development of several mental disorders . So it becomes very important for a man to keep his body and mind fit and healthy. Both physical and mental health are equally important for a better life .

**Importance of Mental Health :** A stable and emotionally fit person always feels positive, vibrant, and truly alive and can easily manage any kind of emotionally difficult situation. To be emotionally strong, one has to be physically fit too. Although mental health is a personal issue, what affects one person may or may not affect another; yet several key elements lead to mental health issues.

Several emotional factors have a significant effect on our fitness level, like depression, aggression, negative thinking, frustration, fear, anxiety, etc. A physically fit person is always in a good mood and can easily cope up with situations of distress and depression, resulting in regular training contributing to a good physical fitness standard.

Mental fitness implies a state of complete psychological well-being. It denotes having a positive sense of how we feel, think and act which improves one's ability to enjoy life. It contributes to one's inner ability to be self determined. It is a proactive, positive term and forsakes negative thoughts that may come to an individual's mind. The term mental fitness is increasingly being used by psychologists, mental health practitioners, schools, organisations, and the general population to denote logical, thinking, clear comprehension, and reasoning ability. Mental fitness is maintaining a state of well-being and developing mental strength to stay calm and composed without being affected by emotional turbulence( Mack & Castevens, 2002 )

**Negative impact of mental health :** Mental illness is the instability of one's health, which includes change in emotion, thinking and behaviour. mental illness can be caused due to stress or reaction to a certain incident. It could also arise due to genetic factors, biochemical imbalances child abuse or trauma, social disadvantage, poor physical health conditions etc. Mental illness is curable. One can seek help from the experts in this particular area and can overcome this illness by positive thinking and changing their lifestyles. Spirituality is also one of the important factors which can help in improving the mental health of an individual.

A good and healthy lifestyle doing regular fitness exercises like Morning walks, yoga and meditation have proved to be great medicine for curing mental health. Besides this it is imperative to have a good diet and enough sleep. A person needs 7 to 9 hours of sleep every night on average. Disturbed sleep pattern is an indication of unstable mental health overworking oneself can sometimes result in not just physical tiredness, but also significant mental exhaustion. As a result, people get insomnia ( the inability to fall asleep). Anxiety is another indicator which further leads to depression and other mental illnesses.A lifestyle, which includes activities and habits that encourage the development of total physical, mental and spiritual fitness and which reduces the risk of major illnesses[2].

**Symptoms of Mental Illness :** There are many symptoms of mental health issues that differ from person to person and among the different kinds of issues as well. Panic attacks and racing thoughts are common side-effects. As a result of this mental strain, a person may experience chest aches and breathing difficulties. Another sign of poor mental health is a lack of focus. Constant Irritability and Negativity indicates disturbed Mental health. Disturbance in the pattern of eating and sleeping also denotes unstable mental conditions.

Mental illness[3] like Stress and depression can lead to a variety of serious health problems, including suicide in extreme situations.Being mentally healthy, extend your life by allowing you to experience more joy and happiness. Mental health also improves our ability to think clearly and boost our self-esteem. We may also connect spiritually with ourselves and serve as role models for others.

**Mental health in today's scenario :** Mental sickness[4] is becoming a growing issue in the 21st century. Not everyone receives the help they need, even though mental illness is common these days and can affect anyone there is still a stigma attached to it. People are still reluctant to accept the illness of mind because of this stigma. They feel shame to acknowledge it and seek help from the doctors. It's important to remember that "mental health" and "mental sickness" are not interchangeable. our societies perception of mental health or disorder must shift mental health cannot be separated from physical health. They both are equally important for a person.

According to recent research[5] conducted on adults, mental illness affects 19% of the adult population in the society. Today nearly 1 in every five children and adolescents on the globe has a mental illness depression, which affects two 46 million people worldwide and is one of the leading causes of disability. If mental illness is not treated at the correct time, then the consequence can be grave.

To make people more aware of mental health, 10th October is observed as the world mental health day, the object of these days to spread awareness about mental health issues around the world and make all efforts in the support of mental health.

**Conclusion :** Mind is one of the most powerful organs in the body regulating the functioning of all the other organs. When our minds are unstable, they affect the whole functioning of our bodies. Being both physically and emotionally fit is the key to success. In all aspects of life. people should be aware of consequences of mental illness and must give utmost important to keeping the mind healthy like the way the physical bodies kept healthy, mental and physical health cannot be separated from each other, and only when both are balanced can be call, a person perfectly healthy and well so it's crucial for everyone to work towards achieving a balance between mental and physical well-being and get the necessary help when either of them falters.

**References:-**

1. World Health Organisation 2003 on mental health [cited 2008 oct 8]
2. Healthy lifestyle ( A dictionary of diet and exercise )
3. International journal of mental health Promotion,11(3), 4-17
4. A comparison with general population data Australian psychlogist, 45(4), 249-257
5. National college of Health assessment, NCHA-(2013,2016)

**************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# A Study of Employee Retention Strategies in IT Sector

**Madhvi Singh* Dr. Ashish Mishra****

*Research Scholar, Rani Durgavati Vishwavidyalaya, Jabalpur (M.P.) INDIA
** Prof. & Head (Management & Commerce) Mangalayatan University, Jabalpur (M.P.) INDIA

**Abstract -** One of the fastest growing industries in India is the sector of information technology. This sector plays a vital role in the growth of India's economy and to emerge as a global leader in technology.One area where IT industry is lacking behinds to retain their best talent for organization's productivity and sustainability. Thus, employee retention is a challenge for IT Sector. The purpose of the study is to find the main reasons for employee attrition and to study the strategies to retain the employee for a longer time and to offer suggestion to retain them effectively.

**Introduction -** Employees are important for any organization. They are the lifeblood for an organization. Employees leave the organization for many reasons and this is the major problem which Indian IT sector is facing.It is emerging as achallenge for IT sector to retain their employees for longer duration.

Employee retention is defined as an organization's ability to retain or sticking its employees on the workforce for a longer period for the sustainability of the organization. In other wordencouraging employees to remain in the organization for a longer period of time can be termed as employee retention.

The main aim of employee retention is to make both the employer and employees happy. But in present competitive scenario it is becoming impossible to retain employees for a longer time.

HR Department plays important role to retain employees for a longer time by designing the policies, practices and strategies which enable the organization to retain the employees for longer duration which leads to the organization growth and success.

The most critical challenge the employees especially in new organization facing is the high rate of attrition caused by the scarcity of manpower coupled with continuously increasing demand for manpower. The employer had to deploy all his skills and intelligence in retaining the employees and keeping the attrition rate at a lower level. Whenever a talented employee expresses his or her willingness to quit, it is the responsibility of the management and the HR team to intervene immediately and find out the exact reasons leading to the decision.

**Challenges to employee retention:** Employee retention is all about managing people. But there are several challenges to it. These are as follows-

1. Monetary dissatisfaction
2. Career development
3. Monotonous and boredom
4. Unrealistic expectations

**Employees Retention Strategies:** It is impossible to put a complete full stop to the process of employees quitting their jobs but it can be controlled to the large extent by keeping the following employee retention strategies-

1. To realize the employees that they are the most valuableasset of an organization.
2. Performance appraisal should be done on regular basis to give them feedback on their performance.
3. Always try to keep the employee morale high.
4. Hiring the right people at the right place and at the right time.
5. Creating workplace environment employee friendly and cooperative.
6. Giving the employee power of authority where it is necessary.
7. Providing employees suitable and necessary information.
8. By keeping the employee morale high through trust, faith and respect.

**Review of literature**

Aryee (2000) found a significant positive correlation between satisfaction with work flexibility and organizational commitment and thereby good rate of retention. He indicated that turnover is affected by organizational size. They suggest that organizational size impacts turnover primarily through wage rates but also through career progression paths. Developed internal organizational labour markets produce lower departure rates since promotion opportunities have a strong negative influence on quitting for career related reasons enhancing an employee's well-

being at work thereby resulting in retention.

Casper and Buffardi (2004) stated that the availability of organizational work-life benefits, supportive supervisor and a favorable organizational climate play a vital role in attracting and retaining human resources. The role of an effective supervisor in arresting attrition rates has been highlighted by other too. Good quality supervision contributes to employee satisfaction and helps in retention. Gberevbie (2008) have found that if appropriate employee retention strategies are adopted and implemented by organization employee will surely remain and work for the successful achievement of organizational goals. In his view HR Department plays an active role in retaining its employees. It makes policies for employee betterment such that employee would be satisfied with the organization and stay with the firm for longer time. This shows that it is not just retention of employees but also retention of valued skills. So, effort is needed to create and foster an environment that encourages employees to remain employed in one place for long time.

Rajendran and Chandramohan (2012) have upheld the traditional hypotheses that the job satisfaction has a significant negative impact on employee turnover. Job satisfaction plays an important role indetermining turnover of employees. High job satisfaction leads to low turnover. In general, dissatisfied employees are more likely to quit than those who are satisfied. He suggested that self-reported level of job satisfaction is a good predictor for job mobility and employee attrition. Thus, frequent satisfaction surveys act as smoke detectors and help in uncovering potential turnover intentions.

Sangeetha Gorde (2019) studied the certain circumstances that lead to employees leaving the organizations are job is not what the employee expected to be, no growth opportunities, lack of trust, appreciation and support of subordinates and seniors.

**Objectives:**

1. To study the employee retention strategies in IT Sector.
2. To identify how retention strategies reduces employee turnover.

**Research Methodology:** The research problem of this study is"A Study of Employee Retention Strategies in IT Sector." This research problem addresses the following issues-

1. What are the various employee retention strategies in practice in IT sector?
2. Which strategy the managers consider important?
3. Does strategies are fruitful in retaining employees?

Descriptive research design is adopted for this present study. Descriptive research is concerned with describing the characteristics of a particular individual or of a group. This research design is adopted because the study deals with the problem that exists in present scenario and challenges HR Department and thus organization have to develop strategies to keep the employees for longer duration.

For this present study both primary and secondary data have been collected. Primary data is collected through questionnaire and interview while secondary data is collected through referred journals and books.Random sampling technique is adopted to gather data. Sample size is 50. The employees are interviewed to know their perception about retention strategies. Study is constructed on 5 point scale. Percentage method is used to analyze the data.

**Data analysis and interpretation:**

| Factors | Rank |
|---|---|
| High salary expectation | 1 |
| Lack of security | 2 |
| Lack of social interaction | 8 |
| Monotonous work | 3 |
| Unusual working hours | 4 |
| Low perceived value | 7 |
| Stress and burnout | 5 |
| Lack of motivation | 6 |

On the basis of these ranks and factors, a vicious circle is formed as shown below-




**Vicious circle of attrition**

| Factors | Strongly agree | Agree | Neutral | Disagree | Strongly disagree |
|---|---|---|---|---|---|
| Compensation | 46 | 16.5 | 18 | 11 | 8.5 |
| Work environment | 40 | 33.33 | 14.67 | 10 | 2 |
| Career development | 48 | 35.33 | 14.67 | 1 | 1 |
| Benefits programs | 20 | 30.34 | 42.33 | 4 | 3.33 |
| Leadership | 38.5 | 47.5 | 8.5 | 4.5 | 1 |
| Motivation | 53 | 21 | 19 | 6 | 1 |
| Management employee relationship | 45.2 | 30.6 | 22.2 | 1 | 1 |




**Findings:** The employee attrition and retention have been quite a challenge for IT sector. The relationship between management and employees seems important in increasing retention of employees in IT sector.

The most motivating factor in retaining employees is compensation or monetary benefits or salary otherwise highly paid jobs of competitors will attract skilled employees. The work environment, relationshipwith fellows, work life balance and career opportunities drives satisfaction to the employees which motivates them to work in one organization for longer time.

**Conclusion:** Employees are the assets which can make as well as break an organization progress and growth. Retaining them will help in the long-term growth of an organization and will also add to their goodwill. In the light of above discussion, it is concluded that retention of employees is all about creating a work environment that provides a sense of belonging, pride, empowerment, benefits, flexibility, career growth and satisfaction.

**Suggestions:** IT sector need to think and adopt strategies on employee retention giving importance to flexible workplace, friendly work environment, encourage performance by boosting employee's self-esteem and sense of ownership.

**References:-**

1. Anjali Ray and Srijan Sengupta (2006) "Employee retention: An Indian perspective" Lambert Academy.
2. David and Nestrom (1998) "Human Behaviour at work" Organisational Behaviour; Mc Graw Hill, New York.
3. Dr. K. Balaji and Prof. Anand Kumar "Employee retention strategies" Global journal of management and research volume 17, 2017.
4. Kaliprasad. M.(2006) "The human factor- attracting, retaining and motivating employees" 48(6)p 20-25.
5. Khanna and Shushma (2008) "Increasing employee retention through employee engagement- A challenge, Annual handbook of human resource initiatives".
6. Kothari, C.R, Research methodology, New Delhi, New Age international(P) Limited Publishers,2004.
7. Punia B.K and Priyanka Sharma (2008) "Why do employees see alternative employment and what makes them stay".
8. Ramlal, S (2013) "Managing employee retention as a strategy for increasing competitiveness" Applied HRM.
9. Sanjeeth Singh and Mandeep Mahendru (2010): A study of employee retention in ITES Industry: A case of North India.
10. Workforce (2016), Making recruiting and retention work, web document: www.find articles.com.

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# उच्च शिक्षा और जनजातिय समुदाय की चुनौतियां एवं समस्यायें (खरगोन जिले के जनजाति समुदाय के सर्वेक्षित परिवारों के आधार पर)

**विनोद कुमार पटेल***

* शोधार्थी (समाजकार्य) रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** शिक्षा मंत्रालय द्वारा अनुसूचित जनजाति समुदाय के विद्यार्थियों के लिये छात्रवृत्तियां, अनुसंधान शिक्षावृत्तियां, छात्रावासों में सीटों का आरक्षण तथा उनके शैक्षणिक स्तर में सुधार करने के लिये कई महत्वपूर्ण कदम उठाये गये है। लेकिन फिर भी अनुसूचित जनजाति समुदाय के लोग अन्य जातीय समुदाय की तुलना में शिक्षा के क्षेत्र में पिछडे हुये है।

**शब्द कुंजी –** उच्च शिक्षा और जनजातिय समुदाय की चुनौतियां।

**प्रस्तावना –** अनुसूचित जनजातियों के शिक्षा के विकास के लिये संविधान के अनुच्छेद 15 (4) एवं 46 में विशेष प्रावधान दिये गये है। व्यक्ति को धर्म, जाति, वंश या लिंगभेद किये बिना सवैंधानिक समान अधिकार दिये गये है। यह राज्य सरकार को किसी भी सामाजिक या शैक्षिक रूप से पिछडे वर्ग के नागरिकों की प्रगति के लिये प्रावधान किये गये है। शिक्षा राज्य एवं केंद्र दोनों को ही अपने विषय क्षेत्रानुसार शिक्षा का प्रचार-प्रसार का दायितव दिया गया है। केंद्र सरकार उच्च शिक्षा, अनुसंधान, वैज्ञानिक एवं तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में सुविधाओं के समन्वयन के अनुरूप जनजातियों को मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति देने के साथ ही बालक-बालिकाओं के लिये छात्रावासों की स्थापना करना आदि है। इसके अलावा प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये कोचिंग केंद्र भी खुलवाने का प्रावधान किया गया है। ये सब कार्यक्रमो के लिये कल्याण मंत्रालय द्वारा विशेष केंद्रीय सहायता दी जाती है। अनुसूचित जनजाति के शैक्षिक इंजीनियरिंग कालेजो, मेडिकल कालेजों और केंद्रीय विद्यालयों के लिये साढे सात प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। नई शिक्षा नीति के तहत अनुसूचित जनजातियों के विद्यार्थियों की शिक्षा के लिये विशेष बल दिया गया है। शिक्षा मंत्रालय द्वारा अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों के लिये छात्रवृत्तियां, अनुसंधान शिक्षावृत्तियां, छात्रावासों में सीटों का आरक्षण तथा उनके शैक्षणिक स्तर में सुधार करने के लिये यह महत्वपूर्ण कदम उठाये गये है। लेकिन फिर भी अनुसूचित जनजाति समुदाय के लोग अन्य जातीय समुदाय की तुलना में शिक्षा के क्षेत्र में पिछडे हुये है।

1991 की जनगणना के अनुसार 52.21 प्रतिशत सामान्य साक्षरता की तुलना में अनुसूचित जनजातियों में 29.6 प्रतिशत ही साक्षरता पाई गई। इसे हम सारिणी के माध्यम से समझने का प्रयास करेंगे। जो इस प्रकार से है-

**सारिणी क्रं. – 1: अनुसूचित जनजाति समुदाय में साक्षरता अन्य वर्गो की तुलना में**

| | कुल व्यक्ति प्रतिशत | | पुरूष प्रतिशत | | महिलाप्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1981 | 1991 | 1981 | 1991 | 1981 | 1991 |
| सामान्य | 36.23 | 52.21 | 46.89 | 64.13 | 24.82 | 39.29 |
| अनु. जाति | 21.38 | 37.41 | 31.12 | 49.91 | 10.93 | 23.76 |
| अनु. जनजाति | 16.35 | 29.60 | 24.52 | 40.65 | 8.04 | 18.19 |

उपरोक्त सारिणी से पता चलता है कि अनुसूचित जनजाति में साक्षरता की दर हमेशा से ही कम रही है। इसका मुख्य कारण अनुसूचित जनजातिय समुदाय में पीढी दर पीढी दरिद्रता, गरीबी, के अलावा शिक्षा की विषयवस्तु व पाठयक्रम समझ के बाहर होना, अपर्याप्त शैक्षणिक संस्थायें एव सहायक सेवायें, शिक्षकों की अनुपस्थिति, शिक्षण का माध्यम व शिक्षा नीति ये सभी जिम्मेदार है।

मानवीय ऊष्मा के संवेदनशील कथाकार भीष्म साहनी हिन्दी के महान कथाशिल्पी और 'तमस' जैसी कालजयी रचना के रचनाकार है। मानवीय मूल्यों के वे बड़े हिमायती थे, उन्होंने विचारधारा को अपने साहित्य पर कभी हावी नहीं होने दिया। वामपंथी विचारधारा के साथ जुड़े होने के साथ वे मानवीय मूल्यों को कभी ओझल नहीं होने देते। इस का उदाहरण उनका कालजयी उपन्यास 'तमस' है। धर्म के आधार पर देश के बँटवारे और उसकी त्रासदी को अपनी आँखों से देखा था। इस उपन्यास में साहनी जी मूल उत्स की खोज करते हैं और उसके विकास की स्थितियों को बहुत बारीकी से विश्लेषित करते हैं।'अमृतसर आ गया' कहानी उनकी एक विशिष्ट कहानी हैजिसमें उस दब्बू बाबू के मनोविज्ञान का सूक्ष्म चित्रण किया है जो अमृतसर आते ही शेर हो जाता है और उनके अन्दर दबी हुई साम्प्रदायिकता हिंसा का उग्र रूप धारण कर लेती है। भीष्म साहनी ने माँ की ममता पर एक बेहद रोचक कहानी लिखी है – पाली। इस कहानी में विभाजन के समय एक हिन्दू परिवार का बच्चा पाकिस्तान में बिछुड़ जाता है वहाँ उस बच्चे को एक मुस्लिम परिवार पालता है। लेकिन कुछ वर्षों बाद ऐसी परिस्थिति बनती है कि वह बच्चा अपने हिन्दू माँ–बाप के पास लौट आता है । जिस मुसलमान दम्पति ने उसकी परवरिश की,उसके दिल पर क्या बीती और जब वह अपने सनातनी परिवेश में लौटा तो उसके मन पर इसका क्या प्रभाव पड़ा,उसका जो चित्रण भीष्म साहनी ने किया है,इससे एक तरफ ममता के अधिकार का प्रश्न अनायास उठता है,तो दूसरी ओर मनुष्य और मनुष्य के बीच धर्म द्धारा खड़ी की गई कृत्रिम दीवारों का भी एक कचोटने वाला अहसास बरबस मनपर आघात करता है।

भीष्म साहनी का व्यक्तित्व सरल किन्तु सुद्दढ़ है।उनकी मानवीयता सतही हमदर्दी ना होकर एक गहरी सामाजिक द्दष्टि की उपज है। यह द्दष्टि विशाल है अर्थात् सामाजिक है। भीष्म साहनी बन्द कमरे के रचनाकार ही नहीं हैं।उनका कर्मक्षेत्र इतना विशाल हैं और स्वयं उन्होंने अपने कर्मक्षेत्र को विस्तृत किया है कभी सम्पादक बनकर, तो कभी रंगकर्मी या कभी अभिनेता बनकर – हर क्षेत्र में अपना सुद्दढ़ व्यक्तित्व का परिचय देते चलते है।

भीष्म जी के कथा साहित्य की विशिष्टता है कि उसमें कलात्मकता को बनाए रखकर अपने प्रगतिशील चिन्तन के संप्रेषण की क्षमता है। उनका कथा साहित्य उनके जीवन दर्शन का रूपायन कहा जा सकता है। उनके कथा साहित्य में वैज्ञानिक चिन्तन इतिहास बोध एवं सामाजिक सरोकार ने भी स्थान पाया है। उनका कथा संसार अंतर्विरोधों व जीवन के द्धंद्धों, विसंगतियों से जकड़े मध्य वर्ग के साथ ही निम्न वर्ग की जिजीविषा और संघर्षशीलता को व्यक्त करता चलता है। नई कहानी आन्दोलन में कुछ समर्थ,किंचित प्रचारप्रिय लेखकों के नाम बढ़–चढ़कर सामने आए। भीष्म जी ऐसी आत्मश्लाघा से हमेशा दूर रहे।वे सदैव लेखक कहलाने के लोभ से निर्लिप्त रहकर रचना कर्म को,आवश्यक सामाजिक कर्म मानकर उसमें रत रहे। वर्तमान समय में नए प्रकार की समस्याओं को देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि उनकी रचनाएँ अधिक प्रासंगिक होती जा रही है। कृष्ण बलदेव वैद का यह कथन उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व को समझने में विशेष है–'एक लेखक और व्यक्ति के रूप में उनकी आवाज शान्त और शुद्ध थी और मानवीय आश्वासन से गूंजती थी। उनकी अपार लोकप्रियता किसी भी अश्लील स्वाद का नतीजा नहीं थी बल्कि उनकी साहित्यिक योग्यताओं का पुरस्कार थी– उनकी तीक्ष्ण बुद्धि,उनकी कोमल विडम्बना उनका सर्वव्यापी हास्य चरित्र में उनकी गहरी अंतर्दष्टि, एक कलाकार के रूप में उनकी महारत और मानव हृदय की इच्छाओं की उनकी गहरी समझ।'

निष्कर्षत: कहा जा सकता है कि भीष्म साहनी ने अपनी बहुआयामी प्रतिमा को विविध रूपों में रुपायित किया है। जिससे साहित्य की सभी विधाएँ जीवन्त और स्पंदनशील हो उठी है। उनकी सभी कृतियां उन्हें सर्वश्रेठ लेखक,सफल कहानीकार, श्रेष्ठअनुवादक,उच्चकोटि का कलाकार सिद्ध करती है। उन्होंने जीवन के क्षण–क्षण से बटोरी जाने वाली अनुभूतियों और पग–पग पर होने वाले अनुभवों को कहानी,नाटक,बालसाहित्य उपन्यास में आलेखित किया है। भीष्म साहनी का समग्र साहित्य युग का सजीव प्रतिबिंब औरे जीवन की विविधता का यथार्थ चित्र है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी साहित्य की महत्ता,पृ.स. 6
2. भीष्म साहनी,चीफ की दावत से
3. हिन्दी समय / मानवीय सरोकारों के रचनाकार,भीष्म साहनी –लेख से
4. ट्रेलिंग्स ऑफ ए लोनली वायाम/आउटलुक इंडिया.कॉम 28 जुलाई2003
5. विकिपिड़िया से प्राप्त जानकारी

**************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# भारत में एकात्म मानववाद की वर्तमान प्रासंगिकता

**ओमप्रकाश योगी***

* व्याख्याता (राजनीति विज्ञान) श.ज.वै.रा.उ.मा.वि.मातृकुण्डिया, राशमी, जिला- चित्तौड़गढ़ (राज.) भारत

**प्रस्तावना –** पं. दीनदयाल उपाध्याय द्वारा प्रतिपादित एकात्म मानववाद एक ऐसी विचारधारा है जो एक चक्र के माध्यम से प्रस्तुत की जा सकती है जिसकी धुरी में व्यक्ति, व्यक्ति से जुड़ा एक परिवार, परिवार से जुड़ा हुआ एक समाज, जाति फिर राष्ट्र, विश्व और फिर अनंत ब्रह्मांड को अपने में सम्मिलित किये हुए है। एकात्म मानववाद का प्राथमिक उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति और समाज की आवश्यकता को संतुलित करते हुए प्रत्येक मानव को गरिमापूर्ण जीवन सुनिश्चित करना है। सतत् विकास के साथ विकास को आगे बढ़ाना है जिससे भावी पीढ़ियों को भी संसाधनों का पुन: उपयोग करने में सुलभता हो सके।

आज पूरे विश्व भर में जलवायु आपदाएं बढ़ती जा रही है जिससे संधारणीय विकास में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। वैश्विक स्तर पर बड़ी संख्या में लोगों को गरीबों का सामना करना पड़ रहा है। कई नए मॉडल इन समस्याओं से निपटने के लिए लाए गए किंतु वे सभी असफल होते दिख रहे हैं।

सामान्यत: भारत के राजनैतिक क्षेत्र में स्थापित सभी दल यह सोचते थे कि हमें कुछ संशोधनों के साथ इन पाश्चात्य वादों को ही स्वीकारना पडेग़ा क्योंकि हमारे पास कोई अन्य चिंतन नहीं है। हम तो राष्ट्र थे ही नहीं। पाश्चात्यों ने ही आकर हमको राष्ट्र बनने के लिए तैयार किया है। उनका विचार है हम राष्ट्र बनने जा रहे हैं या हम नवोदित राष्ट्र है, आदि आदि।

भारतीय जनसंघ या भारतीय जनता पार्टी भारत को प्राचीन एवं सनातन राष्ट्र मानती है। पश्चिम की राष्ट्र-राज्य परिकल्पना से पुरानी कल्पना भारत के 'सांस्कृतिक राष्ट्रवाद' की है। भारतीय संस्कृति की एक गौरवसम्पन्न ज्ञान-परम्परा हैं हमें इसी ज्ञान-परम्परा में भारत का भविष्य खोजना चाहिए।

मानव की तरफ देखने की पाश्चात्य दृष्टि खण्डित हैं उनका व्यक्तिवाद, समाजवाद का दुश्मन है तथा समाजवाद, व्यक्तिवाद का शत्रु है। वे प्रकृति पर मानव की विजय चाहते हैं, इस प्रकार यहां भी प्रकृति बनाम मानव उनका समीकरण है। सेक्यूलरवाद को अपना कर उन्होंने अपने सार्वजनिक जीवन को अध्यात्म से काट लिया, अत: भौतिकवाद बनाम अध्यात्म, स्टेट बनाम चर्च तथा रिलिजन बनाम सांइस के द्वंद्वमूलक समीकरण वहां उत्पन्न हुये। दीनदयाल जी मानते थे कि पश्चिम की यह बहस भी एक मानवीय बहस है, इसे हमें जानना चाहिए तथा इससे कुछ सीखना भी चाहिये, लेकिन हमें इन द्वंद्वमूलक निष्कर्षों का अनुयायी नहीं बनना चाहिये।

अत: मौलिक भारतीय चिन्तन के आधार पर विकल्प देने की जिम्मेदारी उन्होंने स्वयं स्वीकार की। भारतीय जनसंघ की पहली पीढ़ी के सभी कार्यकर्ता इस काम में लगे। 1959 का पूना अभ्यासवर्ग, 1964 का ग्वालियर अभ्यास वर्ग तथा 1964 के संघ शिक्षा वर्गो के इस दृष्टि से विशेष महत्व है। इन वर्गों में परिपक्व हुये विचारों को दीनदयाल जी ने सिद्धांत और नीति प्रलेख में 'एकात्म मानववाद' नाम से प्रस्तुत किया। 1965 में भारतीय जनसंघ के विजयवाड़ा वार्षिक अधिवेशन में इसे मूल दर्शन के रूप में स्वीकार किया गया तथा 1985 में भारतीय जनता पार्टी ने भी इसे अपने मूल दर्शन के रूप में स्वीकार किया।

यह विचार व्यक्ति बनाम समाज नहीं वरन व्यक्ति और समाज की एकात्मता का विचार है। यह मानव बनाम प्रकृति नहीं वरन मानव के साथ प्रकृति की एकात्मता का विचार है। भौतिक बनाम अध्यात्मिक नहीं वरन इनकी एकात्मता का विचार है। भारत में इसे धर्म कहा गया है 'यतो अभ्युदय नि:श्रेयस संसिद्धि स धर्मा।' अर्थात् यह व्यष्टि, समिष्ट, सृष्टि व परमेष्ठी की एकात्मता का विचार है।

यह विचार दृश्यमान पृथकताओं में एकात्मता के सूत्र खोजता है। संसार में पृथकता नहीं विविधता हैं, जो 'पिंड' में है वही 'ब्रह्माण्ड' में है। आज मानव अपने को व्यक्ति मान कर अपनी सामाजिक संस्थाओं से युद्ध कर रहा है, परिवार, जाति, वंश , पंचायत सब को अपना दुश्मन मान रहा है। समाजवाद के नाम पर तानाशाहियों का सृजन कर रहा है, विकास के नाम पर प्रकृति से युद्ध कर रहा है, पर्यावरण का विनाश कर भयानक विभीषिकाओं को आमंत्रित कर रहा है। अध्यात्म का निषेध कर भोगेन्द्रियों का गलाम बन रहा है। सुख की खोज में दु:ख कमा रहा है तथा आनंद की अवधारणा से अपरिचित रह रहा है।

भारतीय परम्परा इन पृथकताओं का निषेध करती है वह जड़-चेतन सभी से अपनी रिश्ते स्थापित करती है। धरती 'माता' है चन्द्रमा मामा है पर्वत यदेवता' है, नदियां 'माता' है। समाज का हर व्यक्ति परस्पर जुड़ा हुआ है, यह संसार परायेपन की जगह नहीं, यह 'वसुधा तो एक कुटुम्ब' है आदि विचार मानव को असम्बद्धता, पृथकता तथा द्वन्द्वशीलता के सम्बंधों से निजात दिलाते है।

एकात्मता, समग्रता में निहित रहती है। समग्रता के अभाव में खण्ड दृष्टि से मानव आक्रांत होता है। जैसे ब्रह्माण्ड की समग्रता है, वैसे ही व्यक्ति की भी समग्रता है। व्यक्ति अर्थात केवल शरीर नहीं, उसके पास मन है, बुद्धि है और आत्मा भी है। यदि इन चारों में से एक की भी उपेक्षा हो जाये तो व्यक्ति का सुख विकलांग हो जायेगा। इन चारों के पृथक पृथक सुख से व्यक्ति सुखी नहीं होता, उसे तो एकात्म एवं धनीभूत सुख चाहिये। जिसे आनंद कहते है।

वैसे ही समाज केवल सरकार नहीं है, उसकी अपनी संस्कृति है, जन एवं देश है। इन चारों के सम्यक संचालन के बिना समष्टि के सुख का संधान नहीं होता।

इस प्रकार सृष्टि के पंच–महाभूत (पृथ्वी, जल, आकाश, प्रकाश व वायु) हैं, जिनके साथ न्याय–संगत व्यवहार होना चाहिये तथा अदृश्य किन्तु अनुभूति में आने वाले आध्यात्मिक तत्वों से भी योग्य साक्षात्कार होना चाहिये। तभी मानव सुखी होगा।

व्यष्टि, समष्टि, सृष्टि तथा परमेष्ठी से एकात्म हुआ मानव ही विराट पुरुष है। इसके पुरुषार्थ चतुर्यामी है 'धर्म, अर्थ काम और मोक्ष' ये पुरुषार्थ मानव की परिस्थति निरपेक्ष आवश्यकतायें हैं, इनकी सम्पूर्ति करना समाज व्यवस्था का काम है।

अत: आज दुनिया को एक ऐसे मॉडल की तलाश है जो अपनी प्रकृति में एकीकृत हो।

आज भारत जैसे देश में बढ़ती तीव्र जनसंख्या के चलते गरीबी, बेरोजगारी बढ़ती जा रही है जिसमें अल्पकालिक उपायों के अलावा कोई उपाय नहीं है।

देश में आर्थिक असमानता की खाई बढ़ती जा रही है जिससे गरीब–अमीर के जीवन स्तर में बड़े अंतर के साथ उनमें असमानता और भेदभाव भी बढ़ते जा रहे हैं, इन सभी के चलते गरीब लोग अपनी आजीविका एवं जीवन स्तर को हीन महसूस करते हैं तथा राज्य व भगवान या ईश्वर के दिए हुए वरदान के रूप में मानकर अपनी आत्मा को तृप्त करते हैं।

भारत आज वैश्विक सूचकांक 2023 में 125 देशों में से 111वें स्थान पर खड़ा है जो अपने आप में विचारणीय प्रश्न है।

स्वतंत्र भारत के बाद समाज वैज्ञानिकों ने देश की तमाम व्यवस्थाओं को सुधारने को लेकर पाश्चात्य पद्धति को अपनाया और पूंजीवाद, साम्यवाद जैसी तरह तरह की धाराओं को लेकर उनका खंड–खंड विश्लेषण कर उनको देखा और उनमें सुधार को लेकर कई प्रयास किए, लेकिन वे सभी असफल हुए। अत: भारत को गहराई से समझने के लिए एकात्म मानववाद जैसा समग्र दृष्टिकोण चाहिए जिसमें व्यक्ति से लेकर राष्ट्र तक इसकी प्रतिच्छाया नज़र आती है। क्योंकि जब तक मनुष्य का समग्रता एवं सम्पूर्णता से चिंतन नहीं किया जायेगा तब तक उसकी समस्याओं का समग्र समाधान नहीं हो पायेगा।

इन सभी मुद्दों के साथ राज्य के सामाजिक आर्थिक राजनीतिक पहलुओं को एकीकृत ढांचे में पिरोकर ही देश को उन्नति की राह पर आगे बढ़ाया जा सकता है क्योंकि यह सिद्धांत विविधता को प्रोत्साहन देता है तथा सभी वर्गों के लिए समानता के साथ अपने पक्षों को मजबूत करने का पूरा मौका देता है क्योंकि भारत जैसे देश के लिए अधिक उपयोगी है क्योंकि जिस देश में अनेक को बोलियां, भाषाएं तथा सांस्कृतिक विविधता तथा आर्थिक विविधता भी यहां है जिससे सभी लोगों को समभाव महसूस हो सके। जिसके अंतर्गत विकास के केंद्र में मानव हो जिससे उसका पूरा कल्याण हो सकें। पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा दिया गया यह सिद्धांत पूंजीवाद एवं समाजवाद के मध्य एक ऐसी राह के पक्षधर है जिसमें दोनों प्रणालियों के गुण तो मौजूद हो लेकिन उनके अतिरेक एवं अलगाव जैसे अवगुण ना हो। यही दीनदयाल जी के चिंतन का भी आधार था। इसीलिए वे गाँधी के 'सर्वोदय' से आगे 'अंत्योदय' की बात कर पाए। विकास की दृष्टि से हाशिए पर खड़ा अंतिम व्यक्ति उनके आर्थिक चिंतन का केंद्र बिंदु था। उसके विकास में वे समाज एवं राष्ट्र का वास्तविक विकास देखते हैं। वे धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष जैसे पुरुषार्थ चतुष्ट्य में से किसी की भी उपेक्षा नहीं करते। किसी को कमतर नहीं आँकते। उनका दर्शन काल्पनिक एवं वायवीय नहीं, यथार्थपरक एवं व्यावहारिक है। हिंसा, कलह एवं आतंक से पीड़ित मानवता के लिए उनका दर्शन एक वैश्विक वरदान है, समाधनपरक उपचार है। विभिन्न राजनीतिक दलों, कार्यकर्त्ताओं, नेताओं के लिए उनका व्यक्तित्व एक ऐसा दर्पण है, जिसमें देखकर–झाँककर वे अपना–अपना आकलन कर सकते हैं। बल्कि साधनों के पीछे भागते एवं भव्यता के आडंबर रचते सभी दलों, नेताओं एवं राजनीतिक कार्यकर्त्ताओं को वे सचेत एवं आगाह करते प्रतीत होते हैं कि 'प्रसिद्धि, प्रतिष्ठा एवं सत्ताा भी – साधनों से नहीं, साधना से मिलती है।'

**निष्कर्षत: –** भारत जैसे देश के लिए लोक कल्याणकारी राज्य की धारणा को फलीभूत करने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को गरिमापूर्ण जीवन प्रदान करना है एवं 'अंत्योदय' अर्थात समाज के निचले स्तर पर स्थित व्यक्ति के जीवन स्तर में सुधार करना है यह दर्शन न केवल भारत बल्कि अन्य विकासशील देशों में भी सदैव उपयोगी साबित होगा।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. एकात्म मानववाद– पं. दीनदयाल उपाध्याय
2. www.panchjanya.com
3. www.bjp.org
4. www.wikipedia.org

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# रामायणे नैतिकमूल्यावबोध:

**डॉ. पंकज कुमार सिंह***

* असिस्टेंट प्रोफेसर (संस्कृत) श्रीमती एल.डी.एस.पी.ए.एस. कॉलेज, बरुन्दनी, भीलवाड़ा (राज.) भारत

**प्रस्तावना –** 'रमायणे चतुर्विशति: सहस्त्राणि श्लोकनमिति तत् चतुर्विशति साहस्त्री – सहितापदेनाभिधीयते। संसारे किमपि काव्यं लोकप्रियतायां रामाणस्य समतां कर्त्तुं न क्षमते, रमायणमादिकाव्यं वाल्मीकिश्च तत्प्रणेतृतयाऽऽदिकवि रभिधीयते।

मूल्यं विना मानवस्य जीवनं न परिकल्पयते। अत: मानव जीवने अधिक्रियमाणायां शिक्षायां मूलस्य योजना नितान्तमावश्यकतां धत्ते वस्तुत: भारते वेदकालादेयाद्भावधि लोक शिक्षार्थ नाना ग्रन्थेषु साहित्येष्वपि मुल्यतत्त्वं प्रभूतत्वेन प्राप्यते।

वाल्मीकिना स्व काव्य कलाया: प्रदर्शना'त्पत्रमाधारीकृतं तस्य रामस्य चरितमेव तादृशं यतदाधारी कृत्य कोऽपि कवि: साफल्यमासादयेत् यथोत्त्कं साकेते –

**'राम तुम्हारा चरित स्वयं ही काव्य है**
**कोई कवि बन जाम सहज संभाव्य है'**

अतो रामधारकं वाल्मीकि काव्यं रामायणं नितांतहृदयं सातिशयशिक्षाप्राप्भं च भूत्वा रसास्वाद सुखपिण्ड प्रदान द्वारेणविनेयान्विनयति यत्काव्यस्य मुख्यं प्रयोजनमुच्यते।

वाल्मीकिरपि स्वकाव्ये तथैव स्वीकृतवानस्ययादिति नाशचर्यजनकम्। रामसीतयो र्निर्मलचरित्रता वाल्मीके: कवित्वस्य चूड़ान्तं निदर्शनम्। रामस्य चरित्रं कविनाऽति–सावधानतया चित्रितम्।

**'कथञ्चिदुपकारेण कृतेनैकेन तुष्यति।**
**न स्मरत्यपकाराणां शतमप्यात्मवत्तया।।', (21 91 99)**

रामस्यावन्ध्याभिलाषतां बोधयितुमिदमेकं पद्यमेव प्रर्याप्तम् –नास्यक्रोध: प्रसादो वा निरर्थोऽस्ति कदाचन। हन्त्येष नियमाद् वन्ध्यानवध्येषु न कुप्यति।।

रामस्य सीता विषयकानुराग एव न रावणवधं – प्रयोजितवान, अपितु कर्त्ताव्य बुद्धिरेव तथा कारितवती –

**'स्त्री प्रणष्टेति कारुण्यादाश्रितेत्यानृशंष्यत:।**
**पत्नी नष्टेति शोकेन प्रियेति मदनेन च।।'**

स्त्रीसामन्यकृतं दयालुत्वं, स्वाश्रितपीडेत्यक्रूरत्वं, पत्नीति शोक: प्रयेति कामश्चेति सर्व संभूयैव रावणवध – प्रयोजकतांमागमत न केवलोऽनुराग। तथा सति तदीयं महत्त्वं किञ्चिदपकृस्येतं लक्ष्मणे शक्तयाहते सति तदुद्वारा रामस्य भ्रातृप्रेम व्यञ्जनित–

**देशे देशे कलत्राणि देशे देशे च बान्धवा:।**
**तं तु देशं न पशयामि यत्र भ्राता सहोदर:।।**

रामस्य महत्त्वं तदाऽतीव स्फुटतां गच्छति यदाऽसौहतस्य रावणस्य संस्काराय स्वाश्रितान प्रेरयति– मरणान्तानि वैराणि निवृत्तां न: प्रयोजनम्।– क्रियतामस्य संस्कारों मामाप्येष यथा तव।।'

रामचन्द्र आदर्शभ्राता आदर्श पति: आदर्श पुत्र: आदर्श शासक: आदर्श– मनुष्यचासीदिति समर्थयितुमेव रामायणंनिरयीमत, यत्र लक्ष्ये तत्सफलमभूत्।

रामोवनं गत्वापि भरतोपरि सन्देहं न कृतवान, लक्ष्मणोपरि विपद्रुपनिपाते स्वप्राणाँस्तृणाय मेने इत्यादिना तदादर्शभ्रातृता, सीतां परित्यज्यापि तदनुरागाग्नौ तिलश: स्वमजुहोदिति तस्यादर्शपतित्वं, पितुराशयोपनतं प्रकृतिभिरनुमोदितमपि राज्यं तत्याजेति तस्यादर्शपुत्रता, रामराज्यपदम– धुनाऽपि आदर्शराज्य पर्यायतामापन्नमिति तस्यादर्शशासकता व्यवहारमात्रेण च तस्यादर्शमनुष्यता प्रतीतेति सर्वथा विस्मयावहं चरित्रं रामचन्द्रस्य। तादृशं चरित्रं स्वीये काव्ये सृष्टवत: कवेर्वाल्मीकेन प्रथमोद्भूततामात्रेणादि – कवित्वमपि तु सर्वोत्कृष्टकाव्य प्रणयनसौभाग्य वत्तायाऽां– तदीयमादिकवित्वं प्रतिपन्नं भवति।

रामायणकालिक: समाज आदर्शवादमवलम्बते, पितुराज्ञांपुत्रौ मनुते, ज्येष्ठभ्रातरं भ्राता कनिष्ठ आद्रियते। रामायणे सत्यनिष्ठता – त्याग – करुणा दया – कर्त्तव्य निर्वाह विनयादयो नैतिकाध्यात्मिक मूल्ये स्वीकार्या:। एवं समाजिकोत्तरदायित्व – नागरिकता – लोकतंत्र – मानवतावाद समाजिक संवेदनशीलता–राष्ट्रियैकता पारस्परिक –सदभावादम: दृश्यते।–[1]

सामाजिक मूल्यत्वेन राजनैतिकमूल्यत्वेन च, प्राणिस्वान्त्रय न्यायावसर प्रदान – परतन्त्रताद्यन्मूलनादीनि वैश्विकमूल्यत्वेन तथ्यपरकता – तर्कसङ्गतता – शानोत्सुकतादयो वैज्ञानिक मूल्यत्वेन परम्परा विश्वास – संस्कृतिसमुन्नयनादय: संस्कृतिक मूल्यत्वेन, प्रकृत्यादर – पर्यावरणसंरक्षण – पर्यावरणशुद्धि – वृक्षारोपण–वनसंरक्षण– पर्यावरणजागरुकतादय: पर्यायवरणमूल्य साधुता– न्यायप्रियता– स्वानुसाशन मैत्री लोकतान्त्रिकभावना – हिंसादयश्च भौतिकमूल्यत्वेन स्वीकर्तु सुशका: –[2]

भारतीय साहित्यं विशेषत: संस्कृतसाहित्यमेतान्येव मूल्यानि प्रतिपदमुपदिश्तीतिकथनं नानुचितम्। यत्र रामायणे मूल्येतरवस्तुवर्ण: दृश्यते, यथा आदर्शपात्राणामनुकरणीयतयावर्णनेन सह तत्प्रतीपपात्राणां सनिवेशनं केवलं तदिमुखताऽऽपादनोपदेशणैव।

अत: रामादीनां वर्णनेन सह रावणादी कथनं केवलं परस्परपार्थक्यदर्शनपुर: सरंतदनुन्मुखत– द्योतनाय एव।

– रामायणम् अस्माकं संस्कृतिं प्रतिनिधत्ते। एतद्भारतीय संस्कृतिप्रतिनिधिकाव्यमस्ति। अत्र धर्मस्य, सत्यस्य, वृत्तस्य च प्राधान्यमस्ति। इमंश्लोकं विलोकयन्तु–

**'सर्वे नराश्च नार्यश्च धर्मशीला: सुसंयता:।**
**मुदिता: शीलवृत्ताभ्यां महर्षय इवामला:।।'**

तथा च–

**'धर्मार्थकामा खलु जीवलोके समीक्षिता धर्मफलोदयेषु।**
**ये तत्र सर्वे स्युरसंशयं मे भार्येव वश्याभिमता सपुत्रा।।'**

तत्र जना: दानदयाध्ययनशीला: सुसंयता:, आस्तिका:, बहुश्रुता:, बहुज्ञा:, सत्यवादिन:, विद्वांस: तपस्विनश्चासन्।

रामराज्यस्य वैशिष्ट्यं तु सर्वथा समीचीनम्–

**'नाकाले म्रियते कश्चिन्न व्याधि: प्राणिनां तथा।**
**नानर्थोविद्यते कश्चिद् रामे राज्यं प्रशासति।।'**

अलौकिकगुणगणविभूषितस्य अस्य रामायणकाव्यस्य सर्वत्र प्रशंसा कृता वर्तते रामायणकाव्यरसामृतं निपीय जन: परं पदं लब्धुमर्हति। यथोक्तम् –

**'वाल्मीकि: कविसिंहस्य कवितावनचारिण:।**
**श्रण्वन् रामकथानादं को न याति परं पदम्।।'**

रामायणस्य अधोलिखिता सूक्तिस्तु परमप्रसिद्धा–

**'सदूषणापि निर्दोषा सखरापि सुकोमला।**
**नमस्तस्मै कृता येन रम्या रामायणी कथा।।'**

वाल्मीकि: स्वयमुक्तं रामायणे –

**न ह्यन्योऽर्हति काव्यानां, यशोभाग् राघवाद् ऋते।** (राम.उत्तरका.98/18)

महाकाव्यमिदं गायत्रीमन्त्रवदेव परमपावनतां बिभर्ति स्म। यथा वैदिकवाङ्मयेगायत्रीमन्त्रो बुद्धिवर्धक: शान्तिदायकश्च विद्यते तथैव लौकिकसाहित्ये रामायणमपिबुद्धिशोधकं मनश्शान्तिदायकं च वर्तते। तदुक्तमपि –

**रामायणं नाम परं तु काव्यं सुपुण्यदं वै शृणुत द्विजेन्द्रा: ।**
**यस्मिञ्छ्रुते जन्मजरादिनाशो भवत्यदोष: स नरोऽच्युत: स्यात।।**

अस्मिन् काव्ये 'कर्तव्यशिक्षा' सर्वजनोपयोगित्वं वर्तते। यथा – 1. पितरं प्रतिपुत्रस्यकर्त्तव्यम् 2. भ्रातरं प्रति अनुजस्य कर्त्तव्यम्, 3. पतिं प्रति पत्न्या: कर्त्तव्यम्, 4. राजानं प्रतिअमात्यस्य कर्त्तव्यम्, 5. स्वामिनं प्रति सेवकस्य कर्त्तव्यम्, 6. मित्रं प्रति मित्रस्य कर्त्तव्यम्, 7. प्रजाजनान् प्रति राज्ञ: कर्त्तव्यम् । एतेनैव च हेतुना भारतवर्षस्य क्षेत्रे क्षेत्रे, कोणे कोणे, गेहे गेहे, जने जने च महाकाव्यरामायणं प्रति हार्दिकी श्रद्धा दृश्यते।

यावत् पर्यन्तं कवे: समक्षं वर्णनीयं वस्तुनागतं तावदयं मौनमादधौ यदैव क्रौञ्चवधं करुणरसंदृष्टवान्, तदैवाकस्मादेवास्य मुखात् काव्यप्रवाहो निर्गत:, तदस्य काव्ये करुण रस एव प्रधानत्वं भजते। कविताया लोकहितमुद्देश्यंस्यादिति वाल्मीकिना कदापि न विस्मृतम्। अत एव चरित्रसृष्टौ वर्णने वा सर्वत्र कवि– रुच्चमादर्शविचारं च व्यञ्जितवान्। सामान्यरूपेण सर्वजनानां पुरुषाणां स्त्रीणाम्, ज्ञानीनाम्–अज्ञानाम्, धनिनां–निर्धनानाम्, आबालवृद्धं कण्ठाभरणताम् आपद्यते। रामायणं सर्वत्र आद्रियते, भक्तानां भवनेषु च प्रतिदिनं पारायणीक्रियते। सत्यं कथ्यते भगवता वाल्मीकिना–

**यावत् स्थास्यन्ति गिरय: सरितश्च महीतले।**
**तावत् रामायणकथा, लोकेषु प्रचरिष्यति।।** (रामा. वाल का 2/36)

रामायणस्य तादृशी लोकप्रियता यथा नकेवलमेतद् विदुषामेव विभूषणम्, अपि तु सामान्यरूपेण सर्वजनानां धनिनां –निर्धनानाम्, विदग्धानाम् –अज्ञानाम्, पुरुषाणां स्त्रीणाम्, आबालवृद्धं कण्ठाभरण– ताम् आपद्यते। आचारसंहिता रूपेणेदं सर्वत्र आद्रियते, भक्तानां भवनेषु चप्रतिदिनं पारायणीक्रियते। अत: सत्यमुच्यते भगवता वाल्मीकिना यद् –

**यावद् स्थास्यन्ति गिरय: सरितश्च महीतलं।**
**तावद् रामायणकथा लोकेषु प्रचरिष्यति।। रामायण बालकाण्ड 2–36**

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. बलदेव उपाध्याय– संस्कृत साहित्य का इतिहास (Vol. I)
2. बलदेव उपाध्याय– संस्कृत साहित्य का इतिहास (Vol. II)
3. वाल्मीकि रामायण –(219199)

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# वागड़ क्षेत्र के ऐतिहासिक व धार्मिक स्थल एवं पर्यटन

**प्रकाश यादव***

* शोधार्थी (इतिहास) गोविन्द गुरू जनजातीय विश्वविद्यालय, बांसवाड़ा (राज.) भारत

**प्रस्तावना –** अतीत के अध्ययन से मानवीय जीवन मे कई तथ्यों एवं साक्ष्यों की परख के पश्चात् पूर्व कालीन संस्कृति की परम्परा को अपने हृदय पटल पर संजोये रखा है, और इसी के चलते सांस्कृतिक विरासत ने मानव को सम्मान व आत्म–सम्मान प्राप्त करने में सहायता प्रदान की है। विरासत में मिली ऐतिहासिक धरोहरों, धार्मिक स्थलों, प्राचीन स्मारकों, सांस्कृतिक परिवेश ने आज हमें कथाओं, पौराणिक कथाओं, दंत कथाओं, शास्त्रों के माध्यम से त्याग, बलिदान, आस्था, श्रृद्धा और गौरवमयी इतिहास का निर्वहन करने में सदैव मार्गदर्शन दिया है। यह विषय सम्पूर्ण रूप से सम्मिलित भी कर लिया जाये तो उनमें नैतिकता की झलक देखने को मिलती है। **अतिथि देवो भव:** की यह परम्परा हमारे जहन में सदैव जीवित रहती है और यह हमने इतिहास से ही प्राप्त की है। इतिहास और पर्यटन का स्वरूप एक दूसरे पर पूर्ण रूप से निर्भर है। यदि किसी एक को अलग कर दिया जाये तो इसका स्वरूप और महत्व ही समाप्त हो जाएगा। इतिहास के बिना पर्यटन की कल्पना भी नहीं की जा सकती है। पर्यटन इतिहास के आँचल में पनप कर प्रफुल्लित हो रहा है।

राजस्थान भौगोलिक दृष्टि से देश का सबसे बड़ा राज्य है। यह भूमि साहस और वीरता के लिए प्रसिद्ध आन–बान और शान के लिए मर मिटने वाले रण बांकुरों की जन्म भूमि है। इसी राज्य के दक्षिणांचल में बाँसवाड़ा एवं डूंगरपर स्थित है, जो स्वतंत्रता पूर्व **'वागड़'** क्षेत्र के नाम से जाना जाता था। प्राकृत भाषा के विद्वान वागड़ शब्द की उत्पत्ति **'बग्गड़'** शब्द से स्वीकारते है, लेकिन संस्कृत भाषा परक व्युत्पत्ति को आधार मानकर कुछ विद्वान वागड़ शब्द की उत्पत्ति **वाग्गर** अथवा **वार्गवट** से होना बताते है।

वागड़ प्रदेश के बारे में कहा जाता है कि पहले यहाँ बाँसों की झाड़ियाँ थी जो प्रदेश बांसवाड़ा के नाम से जाना गया। इसी वागड़ के दूसरे कस्बे का नाम डूंगरपुर है जिसका नामकरण डूंगर का अर्थ पहाड़ से है जो (डूंगरपुर) होना बताया गया है। डूंगरपुर राजस्थान के दक्षिणी भाग 23 डिग्री 20 मिनिट और 24 डिग्री 01 मिनिट उत्तरी अक्षांशों के बीच तथा 73 डिग्री 22 मिनिट और 74 डिग्री 23 मिनिट पूर्वी देशान्तर के बीच स्थित है तथा इसका क्षेत्रफल 3700 वर्गकिमी है। इसी तरह से बाँसवाड़ा जिला भी 23 डिग्री 3 मिनिट और 23 डिग्री 55 मिनिट उत्तरी अक्षांश तथा 73 डिग्री 58 मिनिट और 74 डिग्री 47 मिनिट पूर्वी देशान्तर के बीच में स्थित है। इसका क्षेत्रफल 5037 वर्गकिमी है।

वागड़ प्रदेश की सीमा मालवा और गुजरात प्रांत से मिलती है। इन प्रदेशों के बीच अवस्थित पर्वत श्रेणियां एवं खुला मैदान है। जो वागड़ का उपजाऊ भाग है। इस प्रदेश की प्रमुख नदी माही नदी जिसे वागड़ की गंगा कहा जाता है, जो बहुधा साल भर बहती है। इसके अलावा अनास, हिरण, ऐराव, चाप तथा सोम आदि नदियाँ भी बहती है। वागड़ प्रदेश की जलवायु राजस्थान के उत्तरी पश्चिमी क्षेत्र रेगिस्तान प्रदेश की अपेक्षा नम है। फिर भी गर्मियों में अधिकतम तापमान 46 डिग्री तक पहुंच जाता है। मई का माह सर्वाधिक गर्म रहता है। वनस्पति में यहां टीक, महुए के पेड़, कदम्ब, पीपल, बबूल प्रमुख रूप से पाये जाते है। इनसे रियासती काल में शहद, मोम, गोंद, लाख तथा घास की अच्छी उपज मिलती थी। वागड़ के धार्मिक जीवन में हिन्दु, जैन, इस्लाम व इसाई धर्म प्रचलित है। यहाँ की प्रमुख भाषा वागड़ी है जो गुजराती से अधिक संबंध रखती है। इसकी लिपि देवनागरी है। इस प्रदेश में सामान्य पोशाक ( पुरुष ) में पगड़ी, कुर्ता, लम्बा अंगरखा औरी धोती है एवं स्त्रियों की पोशाक में घाघरा, साड़ी, चौली तथा ओढ़नी का प्रचलन है।

दक्षिण राजपूताने में वागड़ ऐतिहासिक दृष्टि से बड़ा महत्वपूर्ण है, क्योंकि यहां पुरातत्व संबंधी सामग्री प्रचुर मात्रा में मिले हैं। अब तक के शोध से इतना ज्ञात होता है कि पहले यहाँ क्षत्रिय/क्षत्रप वंशीयों एवं परमारों का राज्य था। परमारों से गुहिलों ने वागड़ प्रदेश हथिया लिया था। गुहिल वंशी सामंत सिंह ने मेवाड़ से दक्षिण की तरफ जाकर वागड़ (बांसवाड़ा–डूंगरपुर) में गुहिलवंश राज की स्थापना की।

वागड़ क्षेत्र में पर्यटन स्थलों के रूप में राजा–महाराजाओं द्वारा बनाये गये महल, भवन, मंदिर, पोल, तालाब, झीलें एवं दरवाजें आदि प्राय: ध्वस्त होते जा रहे है। जिससे यह अब विलुप्त होते जा रहे है। उनकी पुन: मरम्मत का कार्य तथा इनके संरक्षण, सवंर्धन एवं रख–रखाव की ओर किसी ने ध्यान नहीं दिया है। वागड़ के प्रमुख ऐतिहासिक–धार्मिक स्थलों का उल्लेख पूर्व में किया गया है, लेकिन उनको पर्यटन की आधुनिक उभरती हुई छवि से परे रखा गया है। इन सभी स्थलों का ऐतिहासिक अध्ययन किया गया है, लेकिन पर्यटन के समय दृष्टिकोण से कार्य नहीं किया गया है।

वागड़ उत्तर में राजस्थान के मेवाड़ क्षेत्र, दक्षिण–पूर्व और पूर्व में मध्य प्रदेश के मालवा क्षेत्र और पश्चिम और दक्षिण–पश्चिम में गुजरात राज्य से घिरा हुआ है। यह क्षेत्र मुख्यत: माही नदी और उसकी सहायक नदियों के ऊपरी जलग्रहण क्षेत्र में स्थित है , जिसे वागड़ की जीवन रेखा कहा जाता है। माही नदी मध्य प्रदेश के विंध्य पर्वतमाला में अपने उद्गम से जिले (बांसवाड़ा) से उत्तर की ओर बहती है, दक्षिण–पूर्व से जिले (बांसवाड़ा) में प्रवेश करती है और जिले के उत्तरी छोर की ओर उत्तर की ओर बहती है, जहाँ यह दक्षिण–पश्चिम की ओर मुड़कर गुजरात में प्रवेश करने से पहले बांसवाड़ा और डूंगरपुर जिलों के बीच सीमा बनाती है और खंभात की खाड़ी में गिर जाती है। यभारत की 2011 की जनगणना के अनुसार, इस क्षेत्र की जनसंख्या 3,186,037 है।

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

वागड़ में वनस्पति और जीव-जंतु समृद्ध हैं। जंगलों में मुख्य रूप से सागौन शामिल हैं। वन्यजीवों में तेंदुआ और चिंकारा जैसे जंगली जानवरों की एक बड़ी विविधता शामिल है। इस क्षेत्र में आम पक्षियों में मुर्गी , तीतर , काला ड्रोंगो, ग्रे श्राइक, हरा मधुमक्खी-भक्षक , बुलबुल और तोता शामिल हैं। इस क्षेत्र के कुछ शहर आसपुर, भीलूडा, सिमलवाड़ा, सागवाड़ा, परतापुर, बागीदरा और गढ़ी हैं।

पर्यटन विभाग, उदयपुर ने वर्ष 2016 में ट्राइबल ट्यूरिज्म सर्किट तैयार करने के लिए राज्य सरकार के माध्यम से केन्द्र सरकार को फाइल भेजी थी। इस सर्किट में उदयपुर, बांसवाड़ा, डूंगरपुर, सिरोही व प्रतापगढ़ को जोड़ा गया था। इस सर्किट के विकास व विस्तार के लिए 9958.14 लाख रुपए का प्रोजेक्ट तैयार किया गया था। इस प्रोजेक्ट को यदि ट्राइबल सर्किट के रूप में स्वीकारा जाता तो ये सभी जिले पर्यटन की मुख्यधारा से जुड़ जाएंगे। पूरे क्षेत्र का पर्यटन के नजरिए से विकास होगा और सैकड़ों को रोजगार मिलेगा। साथ ही जनजाति क्षेत्र के पर्यटन स्थलों को बेहतर सड़कों व सुविधाओं से जोड़ा जाएगा।

- **बांसवाड़ा जिला** – कागदी पीकअप वीयर, भंडारिया हनुमानजी व समाई माता मदारेश्वर, कल्प वृक्ष, सिद्धी विनायक, डायलाब तालाब, तलवाड़ा त्रिपुरा सुन्दरी, रामकुंड, अरथूना हनुमान मंदिर मानगढ़, घोटिया-आम्बा, छीछ, अंदेश्वर-पार्श्वनाथ, मंगलेश्वर, भैरवजी, नंदनी माता, भीमकुंड, माही डेम, चाचा कोटा, जगमेरू , हनुमान मंदिर।
- **डूंगरपुर जिला** – गेप सागर, मुरला गणेश मंदिर, सरकारी म्यूजियम, बेणेश्वर धाम, देवसोमनाथ मंदिर, क्षेत्रपालजी मंदिर, विजवा माता जी मंदिर, बरोड़ा भुवनेश्वर महादेव, जीनागफणजी, आशापुरा माताजी, बोरेश्वर जी, गोरेश्वर जी भीलूड़ा।

**डूंगरपुर** – उतना ही आकर्षक है जितना कि यहाँ पाया जाने वाला हरा संगमरमर और दुनिया भर में भेजा जाने वाला पत्थर और अरावली पर्वतमाला की तलहटी में बसा यह शहर। उत्तर-पूर्व में कठोर और जंगली और दक्षिण-पश्चिम के उपजाऊ मैदानों में जीवन से भरपूर, यह दो नदियों, माही और सोम द्वारा सिंचित है। डूंगरपुर की पर्यटकों के बीच प्रसिद्धि का कारण इसके महलों और शाही निवासों की असाधारण वास्तुकला है। ये पत्थर की संरचनाएँ 'झरोखों' (खिड़कियों) से सजी हैं और महारावल शिव सिंह (1730-1785 ई।) के समय में पैदा हुई शैली में बनी हैं। डूंगरपुर के सुनार और चांदी के कारीगर कुशल कारीगर हैं जो अपने लाख से रंगे खिलौनों और तस्वीरों के फ्रेम के लिए प्रसिद्ध हैं। डूंगरपुर की स्थापना 1258 ई। में मेवाड़ के शासक करण सिंह के सबसे बड़े बेटे रावल वीर सिंह ने की थी, जब उन्होंने स्थानीय भील सरदार डुंगरिया को बाहर निकाल दिया था। डूंगरपुर के बाद के शासकों ने शहर की स्थापत्य विरासत में इजाफा किया।

**उदय बिलास पैलेस** – उदय बिलास पैलेस का नाम महारावल उदय सिंह द्वितीय के नाम पर रखा गया है। इसका आकर्षक डिजाइन क्लासिक राजपूत स्थापत्य शैली का अनुसरण करता है और इसकी बालकनियों, मेहराबों और खिड़कियों में विस्तृत डिजाइन का दावा करता है। पारेवा नामक स्थानीय नीले-भूरे पत्थर से बना एक सुंदर विंग झील को देखता है। महल को रनिवास, उदय बिलास और कृष्ण प्रकाश में विभाजित किया गया है, जिसे एक थमबिया महल के नाम से भी जाना जाता है। एक थमबिया महल राजपूत वास्तुकला का एक वास्तविक चमत्कार है जिसमें जटिल मूर्तिकला वाले खंभे और पैनल, अलंकृत बालकनियाँ, कटघरा, ब्रैकेट वाली खिड़कियाँ, मेहराब और संगमरमर की नक्काशी की झालरें हैं। आज, उदय बिलास पैलेस एक हेरिटेज होटल के रूप में कार्य करता है।



**जूना महल**

**जूना महल** – जूना महल (पुराना महल) 13वीं सदी का सात मंजिला भवन है। यह पारेवा पत्थर से बने एक ऊंचे चबूतरे पर बना है और इसका ऊबड़-खाबड़ बाहरी हिस्सा इसे एक किले जैसा बनाता है। इसे किलेबंद दीवारों, निगरानी टावरों, संकरे दरवाजों और गलियारों के साथ विस्तृत रूप से योजनाबद्ध किया गया है ताकि दुश्मन को यथासंभव लंबे समय तक रोका जा सके। अंदर जो है वह बाहरी हिस्से से बिल्कुल अलग है। आगंतुक सुंदर भित्ति चित्र, लघु चित्रकारी और नाजुक कांच और दर्पण के काम को देखकर मंत्रमुग्ध हो जाएंगे जो अंदरूनी हिस्से को सजाते हैं।

**गैब सागर झील** – यह झील श्रीनाथजी के मंदिर के लिए प्रसिद्ध है जो इसके किनारे पर स्थित है। मंदिर परिसर में कई बेहतरीन नक्काशीदार मंदिर और एक मुख्य मंदिर, विजय राजराजेश्वर मंदिर है। भगवान शिव का यह मंदिर डूंगरपुर के प्रसिद्ध मूर्तिकारों या श्शिल्पकारों श् की कुशल शिल्पकला को प्रदर्शित करता है।

**सरकारी पुरातत्व संग्रहालय** – इस संग्रहालय की स्थापना राजस्थान सरकार के पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग द्वारा मुख्य रूप से वागड़ क्षेत्र से एकत्रित मूर्तियों को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से की गई थी। डूंगरपुर राजपरिवार ने संग्रहालय की स्थापना में भूमि और आकर्षक मूर्तियों और ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण शिलालेखों के अपने निजी संग्रह को उपहार में देकर मदद की। यहाँ रखे गए संग्रह में विभिन्न देवताओं की मूर्तियाँ, पत्थर के शिलालेख, सिक्के और 6वीं शताब्दी की पेंटिंग शामिल हैं।

**बादल महल** – पारेवा पत्थर से बना बादल महल डूंगरपुर का एक और शानदार महल है। गैबसागर झील के किनारे स्थित यह महल अपनी विस्तृत डिजाइन और राजपूतों और मुगलों की स्थापत्य शैली के मिश्रण के लिए प्रसिद्ध है। स्मारक में दो मंच, तीन गुंबद और एक बरामदा है। प्रत्येक गुंबद पर एक नक्काशीदार आधा पका कमल है जबकि सबसे बड़े गुंबद पर तीन कमल हैं।



**बैणेश्वर धाम**

**आदिवासियों का प्रयाग राज बैणेश्वर धाम (मंदिर) –** इस क्षेत्र का सबसे प्रतिष्ठित शिव लिंग युक्त बेणेश्वर मंदिर सोम और माही नदियों के संगम पर बने डेल्टा पर स्थित है। माना जाता है कि यह लिंग स्वयंभू है। यह पाँच फीट ऊँचा है और ऊपर से पाँच भागों में टूटा हुआ है। बेणेश्वर मंदिर के पास ही विशु मंदिर है जिसका निर्माण 1793 ई. में जनकुंवरी ने करवाया था, जो मावजी की पुत्रवधू थीं। मावजी एक अत्यंत पूजनीय संत थे और उन्हें भगवान विष्णु का अवतार माना जाता था। कहा जाता है कि मंदिर का निर्माण उस स्थान पर हुआ था जहाँ मावजी ने अपना समय भगवान की प्रार्थना में बिताया था। मावजी के दो शिष्यों अजे और वाजे ने लक्ष्मी नारायण मंदिर का निर्माण कराया था। हालाँकि ये अन्य देवी-देवता हैं, लोग इन्हें मावजी, उनकी पत्नी, उनके बेटे, उनकी पुत्रवधू और शिष्य जीवनदास के रूप में पहचानते हैं। इन मंदिरों के अलावा, भगवान ब्रह्मा का एक मंदिर भी है।

बेणेश्वर में लगने वाला सबसे बड़ा आदिवासी मेला जो माही, सोम और जादखम नदियों के संगम पर है। राजस्थान, गुजरात और मध्य प्रदेश से बड़ी संख्या में आदिवासी मृतकों की अस्थियों को विसर्जित करने के लिए एकत्रित होते हैं। यह मेला फरवरी के महीने में माघ पूर्णिमा को लगता है, जिसे इस क्षेत्र में पवित्र समय माना जाता है। रंग-बिरंगे आदिवासी परिधान, आभूषण, लोक नृत्य देखने लायक होते हैं।

**गलियाकोट –** डूंगरपुर से 58 किलोमीटर की दूरी पर माही नदी के किनारे स्थित गलियाकोट नामक एक गांव है। यह जगह सैयद फखरुद्दीन की दरगाह के लिए मशहूर है। वह एक प्रसिद्ध संत थे, जिन्हें उनकी मृत्यु के बाद इसी गांव में दफनाया गया था। यह दरगाह सफेद संगमरमर से बनी है और इसकी दीवारों पर उनकी शिक्षाएँ उकेरी गई हैं। गुंबद के अंदरूनी हिस्से को खूबसूरत पत्तियों से सजाया गया है जबकि कब्र पर कुरान की शिक्षाएँ सुनहरे अक्षरों में उकेरी गई हैं।



**देव सोमनाथ**

**देव सोमनाथ –** सोम नदी के तट पर, 12वीं शताब्दी में निर्मित देव सोमनाथ नामक एक पुराना और सुंदर शिव मंदिर है। सफेद पत्थर से निर्मित इस मंदिर में भव्य बुर्ज हैं। मंदिर के भीतर से आकाश को देखा जा सकता है। यद्यपि चिनाई में भागों का एकदम सही अनुकूलन है, फिर भी ऐसा लगता है कि अलग-अलग पत्थर टूट रहे हैं। मंदिर में 3 निकास हैं, एक-एक पूर्व, उत्तर और दक्षिण में। प्रवेश द्वार दो मंजिला हैं। गर्भगृह में एक ऊंचा गुंबद है। इसके सामने सभा मंडप है – जो 8 राजसी स्तंभों पर बना है। बीस तोरण हैं जिनमें से चार अभी भी मौजूद हैं। अन्य सोम के बाढ़ के पानी से नष्ट हो गए थे। देवता की मूर्ति एक कक्ष में है, जो आठ सीढ़ियाँ नीचे है और प्रवेश द्वार सभा मंडप से है। तीर्थयात्रियों द्वारा कई शिलालेख हैं और सबसे पुराना 1493 ई. का है। मंदिर के पास कई योद्धाओं का अंतिम संस्कार किया गया था और उनके सम्मान में स्मारक बनाए गए हैं।

**परमारवंशीय शासकों की साधना का केन्द्र– गलियाकोट की शीतला माता –** डूंगरपुर जिलांतर्गत माही नदी के किनारे-किनारे स्थित ऐतिहासिक महत्व के स्थल गलियाकोट में शीतला माता का प्राचीन मन्दिर है। परमार वंश के राजाओं की जागीर रहे इस स्थान पर यह देशभर में एकमात्र ऐसा मंदिर है जिसकी आज भी छत नहीं बनाई गई है। शीतला माता का यह प्राचीन मन्दिर शाक्त साधना का केन्द्र रहा है। गर्भगृह में देवी शीतला की स्वयभू श्वेत प्रस्तर की प्रतिमा के बारे में बताया जाता है कि यह प्रतिमा 13 फीट बड़ी है और इसका आधे से ज्यादा भाग जमीन में दबा है। बड़ी संख्या में चर्म रोगों से ग्रस्त लोग यहां पर आते हैं और देवी की मन्नत मांगते है। लोक मान्यतानुसार के अनुसार इस देवी तीर्थ का संबंध गुजरात के प्रसिद्ध शक्तिपीठ पावागढ़ से है। देवी शीतला के प्रति श्रद्धालुओं में अगाध आस्थाएं है। इस कारण मन्दिर में श्रद्धालुओं का जमघट लगा ही रहता है।

**बांसवाड़ा –** बांसवाड़ा जिला भारत में दक्षिण राजस्थान में स्थित है। बांसवाड़ा रियासत की स्थापना महारावल जगमाल सिंह ने की थी। इसका नाम क्षेत्र में 'बांस' या बांस के जंगलों के लिए रखा गया है। बांसवाड़ा से होकर बहने वाली माही नदी में कई द्वीपों की उपस्थिति के कारण इसे **'सौ द्वीपों का शहर'** भी कहा जाता है। बांसवाड़ा जिला वागड़ या वागवार के नाम से जाने जाने वाले क्षेत्र का पूर्वी भाग बनाता है। जिला पूर्व में महारावलों द्वारा शासित एक रियासत थी। ऐसा कहा जाता है कि एक भील शासक बंसिया या वासना ने इस पर शासन किया था और बांसवाड़ा का नाम उनके नाम पर रखा गया था। बंसिया को जगमाल सिंह ने हराया और मार डाला, जो रियासत के पहले महारावल बने। बांसवाड़ा जिला जंगलों, पहाड़ियों और वन्य जीवन से समृद्ध है। आदिवासी इस क्षेत्र के मूल निवासी हैं। यह स्थान अपने प्राचीन मंदिरों और प्राकृतिक सुंदरता के लिए 'लोधी काशी' के रूप में जाना जाता है।



**त्रिपुरा सुंदरी**

**ख्यातिप्राप्त शक्तिपीठ – त्रिपुरा सुंदरी –** लोढ़ी काशी के नाम से ख्यात बांसवाड़ा जिले में श्रद्धालुओं की अगाध आस्था का धाम त्रिपुरा सुन्दरी मंदिर स्थित है। इस शक्तिपीठ के प्रति न सिर्फ स्थानीय श्रद्धालुओं अपितु कई विशिष्ट-अतिविशिष्टजनों की आस्थाएं जुड़ी हुई है। राजस्थान, मध्यप्रदेश और गुजरात के कई ख्यातनाम राजनीतिज्ञों की श्रद्धा के केन्द्र होने के कारण देवी त्रिपुरा के दरबार में देवीभक्तों का सैलाब उमड़ता ही रहता है। जिला मुख्यालय से 20 किमी दूर तलवाड़ा कस्बे के समीप उमराई गांव में स्थित शक्तिपीठ त्रिपुरा सुन्दरी मंदिर में देवी की सिंह पर सवार अष्टादश भुजा वाली विशाल प्रतिमा है जिसे श्रद्धालु त्रिपुरा सुंदरी, तरतई माता व त्रिपुरा महालक्ष्मी के नाम से संबोधित करते है। श्यामवर्णा विशाल पाषाण प्रतिमा का ओज कुछ खास ही है जो श्रद्धालुओं को दूर से ही सम्मोहित करता प्रतीत होता है। देवी प्रतिमा का प्रतिदिन अलग-अलग रंगों के वस्त्राभूषणों में

श्रृंगार किया जाता है। इस मंदिर की गिनती प्राचीन शक्तिपीठों में होती है। देवी के चरणों के नीचे श्री यंत्र अंकित होने के कारण इसका विशेष महत्तव है। मंदिर में विक्रम संवत 1540 का एक शिलालेख है। यह भी बताया जाता है कि इस मंदिर के आसपास तीन दुर्ग थे, जिनके नाम शीतापुरी, शिवपुरी व विष्णुपुरी था। इन तीनों दुर्गो के बीच में मंदिर होने से इसे त्रिपुरा कहा जाने लगा। मंदिर में चौत्र व आश्विन नवरात्रि पर विविध धार्मिक आयोजन होते है और इस दौरान इस धाम पर देवीभक्तों का सैलाब उमड़ता रहता है।

**वागड़ का पावागढ़ – नन्दनी माता –** गुजरात के प्रसिद्ध देवी तीर्थ पावागढ़ का प्रतिरूप एक ऐसा ही देवीधाम है बांसवाड़ा जिला मुख्यालय से 22 किलोमीटर दूरी पर बड़ोदिया कस्बे के पास स्थित नन्दनी माता तीर्थ, जिसे यहां के श्रद्धालु 'वागड़ का पावागढ़' के नाम से जानते हैं। नेशनल हाईवे 113 पर सड़क किनारे छितराई अरावली पर्वतश्रृंखला की एक विशाल पर्वतचोटी पर अवस्थित देवी तीर्थ नन्दनी माता श्रद्धालुओं की आस्थाओं का प्रमुख धाम है। विशाल पर्वत पर स्थित होने पर भी श्रद्धालुओं के लिये यह स्थान अब दुर्गम नहीं है क्योंकि पहाड़ की तलहटी से ही पश्चिम और पूर्व भाग में 500–500 व्यवस्थित सीढियाँ बनाई जा चुकी हैं। इस विशाल पहाड़ी पर चढ़ने के रोमांचक अनुभव के साथ ही जिले की सरहदों को उंचाई से देखने के आनंद उठाने के लिये श्रद्धालु यहां नवरात्रि व अवकाश के दिनों के आते रहते है। नन्दनी माता तीर्थ पर मुख्य मंदिर में देवी नन्दनी की श्वेत वर्णा पाषाण प्रतिमा है सिंहवाहिनी अष्टभुजाधारी मां नन्दनी के प्रति यहां की आदिम संस्कृति में बेहद आस्थाएं है। नन्दा नामक इसी देवी का उल्लेख दुर्गा सप्तशती के ग्यारहवें अध्याय के 42 वें श्लोक में मिलता है।

**'नन्दगोपगृहे जाता, यशोदा गर्भ संभवा,**
**ततस्तौ नाशयिष्यामि विंध्याचल निवासिनी ।।'**

साथ ही दुर्गा सप्तशती के मूर्तिरहस्य प्रकरण में देवी की अंगभूता छः देवियों में नंदा देवी को ही सबसे पहले उल्लिखित किया गया है। आदिवासियों के प्राचीन गरबों और गीतों में आज भी इस देवी की प्राचीनता का बखान प्रमुखता से प्राप्त होता है। बड़ोदिया में वर्तमान कुंहार जाति के वाशिन्दें समीपस्थ गांवों के मूल निवासी माने जाते है।



**मानगढ़ धाम**

**मानगढ़ धाम –** मानगढ़ धाम आदिवासियों के नरसंहार के लिए जाना जाता है जो जलियांवाला बाग से छह साल पहले हुआ था और कभी–कभी इसे **आदिवासी जलियांवाला** के रूप में भी जाना जाता है।

ब्रिटिश सेना ने 17 नवंबर 1913 को राजस्थान और गुजरात की सीमा पर मानगढ़ की पहाड़ियों में सैकड़ों भील आदिवासियों की हत्या कर दी थी। यह गुजरात–राजस्थान सीमा पर स्थित एक जिला है, जो एक बड़ी जनजातीय आबादी वाला क्षेत्र है। समाज सुधारक गोविंद गुरु ने 1913 में ब्रिटिश राज के खिलाफ मानगढ़ में आदिवासियों और वनवासियों की सभा का नेतृत्व किया था। 19वीं शताब्दी में मानगढ़ टेकरी पर अंग्रेजी फौज ने आदिवासी नेता और समाज सेवक गोविंद गुरु के 1,500 समर्थकों को गोलियों से भून दिया था। शहादत की याद में आज यह धाम ऐतिहासिक होने के साथ साथ पर्यटन स्थल के रूप अपनी अहम् भूमिका रखता है।

**मंदारेश्वर मंदिर –** भगवान शिव को समर्पित एक प्राकृतिक गुफा के अंदर पहाड़ी पर बसा यह मंदिर आपको ऊंचाई से सुंदर दृश्य देखने का मौका देगा। मंदारेश्वर मंदिर बांसवाड़ा में घूमने के लिए सबसे अच्छी जगहों में से एक है क्योंकि यह शहर की हलचल से दूर सकारात्मक ऊर्जा और एक खूबसूरत नजारा प्रदान करता है। यह मंदिर बांसवाड़ा–रतलाम रोड पर बांसवाड़ा के भूतल से लगभग 500 फीट ऊपर स्थित है। पारंपरिक लेकिन आरामदायक कपड़े पहनने और धूम्रपान या पान चबाने से बचने की सलाह दी जाती है।

**कागदी पिक अप–** कागदी पिक अप वियर बांसवाड़ा में घूमने के लिए आश्चर्यजनक स्थानों में से एक है और सूर्यास्त और सूर्योदय के दौरान एक आदर्श स्थान है। एक सुखद पिकनिक स्थान जहाँ आप बिना किसी व्यवधान के अपने प्रियजनों के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिता सकते हैं। आकर्षण में एक छोटा बगीचा, झील का किनारा, एक भव्य मंदिर और बच्चों के लिए एक खेल का मैदान है। बेहतर अनुभव के लिए, आप झील में नौका विहार कर सकते हैं और गंतव्य के पानी के किनारे के दृश्य का आनंद ले सकते हैं।



**माही बजाज सागर बांध**

**माही बजाज सागर बांध –** माही पश्चिमी भारत की एक नदी है। यह मध्य प्रदेश से निकलती है और राजस्थान के वागड़ क्षेत्र से होकर गुजरात में प्रवेश करती है और अरब सागर में मिल जाती है। माही नदी की पूजा बहुत से लोग करते हैं और इसके किनारे पर बहुत सारे मंदिर और पूजा स्थल हैं। नदी की विशालता के कारण इसे लोकप्रिय रूप से महीसागर के नाम से जाना जाता है। माही बजाज सागर बांध माही नदी पर बना एक बांध है। यह भारत के राजस्थान के बांसवाड़ा जिले के बांसवाड़ा शहर से 16 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है और इसका निर्माण 1972 और 1983 के बीच माही नदी पर किया गया था। यह 141 फीट की ऊंचाई वाला सबसे बड़ा बांध है और 9,905 फीट की लंबाई वाला राजस्थान का सबसे लंबा बांध है। यह पनबिजली और पानी की आपूर्ति का एक बड़ा स्रोत है। इस बांध की परिसीमा पर सरकार द्वारा पानी को रोकने के और निकासी के लिए 16 गेट का निर्माण करवाया गया है बांध के पूर्ण भरने पर जरुरत पड़ने पर गेटो को खोला जाता है जल राशि के गिरने का दृश्य बड़ा मनोरम लगता है।



**अर्थुना मंदिर**

**अर्थुना मंदिर –** इस जगह का पुराना नाम उत्थुनाक था। यह ग्यारहवीं-बारहवीं शताब्दी के दौरान वागड़ के परमार शासकों की राजधानी थी। उन्होंने जैन और शैव धर्म दोनों को एक साथ संरक्षण दिया, इसलिए उन्होंने कई शिव और जैन मंदिर बनवाए। परमार राजकुमार चामुंडराज के एक शिलालेख में दर्ज है कि उन्होंने 1079 ई. में अपने पिता के सम्मान में मंडलेसा नामक शिव का एक मंदिर बनवाया था। 1080 ई. के एक अन्य शिलालेख में उल्लेख है कि उनके अधिकारी के पुत्र अनंतपाल ने भी शिव का एक मंदिर स्थापित किया था। हनुमानगढ़ी के रूप में ज्ञात मंदिरों के समूह में नीलकंठ महादेव मंदिर, अन्य मंदिरों और एक सीढ़ीदार कुंड के अलावा स्थित है। यहां तीन शिव मंदिर हैं। यह स्थान शैव धर्म के लकुलीसा संप्रदाय से जुड़ा था। हनुमान और विष्णु के मंदिर भी प्रारंभिक काल के हैं। भूषण ने 1190 ई. में एक जैन मंदिर बनवाया था। कुछ जैन स्तंभ भी इस स्थल पर पाए गए हैं जो शायद 11वीं शताब्दी के बाद बनाए गए थे। इस स्थल पर एक अन्य मंदिर चौंसठ योगिनियों का है।

भारत सरकार ने पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए बाँसवाड़ा एवं डूंगरपुर में पर्यटन केन्द्र की स्थापना की है। यहां पर पर्यटन स्थलों की सही ऐतिहासिक जानकारी के अभाव में यह पर्यटन केन्द्र अभी तक सही विकास कार्य नहीं कर पाये है, किन्तु जिला प्रशासन की ओर से समय-समय पर छोटी-छोटी पुस्तकें प्रकाशित करके पर्यटन स्थलों को बढ़ावा देने की कोशिश निरन्तर जारी हे। पर्यटन स्थलों का विकास पूर्ण रूप से नहीं होने पर पर्यटक इस क्षेत्र की तरफ ज्यादा आकर्षित नहीं हो पा रहे है।

पर्यटन के आधार की अवधारणा के अनुसार ज्ञात होता है कि किसी भी राज्य का इतिहास व अस्तित्व का आधार पर्यटन की समग्र व्यवस्था मानी गयी है। ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में वागड़ में पर्यटन के बारे में हमारी कल्पना यही है कि इतिहास का विद्यार्थी होने के नाते वागड़ क्षेत्र में छिपे पर्यटन स्थलों को बढ़ावा देकर यहाँ के लोगों को उनकी उपयोगिता बताना है। साथ ही इन पर्यटन स्थलों की ऐतिहासिक जानकारी पूरे देश के लोग इन पर्यटन स्थलों की उपयोगिता समझे और यहां के पर्यटन स्थलों पर आकर आनन्द ले अत: इस प्रकार से यहां के लोगों में जागृति, चेतना, सांस्कृतिक समन्वय को बढ़ावा मिले जिससे यहां पर रोजगार के अवसर भी उपलब्ध हो सके यही भी मेरी कल्पना है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. एल. आर. भल्ला – राजस्थान का भूगोल, कुलदीप पब्लिकेशन, अजमेर, 1985
2. विनोद चंद्र मिश्रा- राजस्थान का भूगोल, नेशनल बुक ट्रस्ट, नई दिल्ली 1996
3. गोपीनाथ शर्मा – राजस्थान का सांस्कृतिक इतिहास, राजस्थान हिंदी ग्रंथ अकादमी, जयपुर, 1989
4. मोतीलाल व्यास – राजस्थान के अभिलेख, राजस्थान साहित्य मंदिर, जोधपुर, 1980
5. डॉ. राजेश कुमार व्यास- पर्यटन, उदभव एवं विकास, राजस्थान हिंदी ग्रंथ अकादमी, जयपुर
6. डॉ. प्रतिभा – भारत में पर्यटन, उत्पाद एवं सांस्कृतिक – ऐतिहासिक विरासत, ए.बी.डी. पब्लिशर्स जयपुर 2010
7. शरदचंद्र पंड्या – वागड़ नी संस्कृति, अंकुर प्रकाशन, उदयपुर 1999
8. डॉ. मोहन लाल गुप्ता- राजस्थान जिलेवार सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक अध्ययन, राजस्थानी ग्रंथागार, जोधुपर 2004
9. पंडित गोरीशंकर हीराचंद ओझा- बांसवाड़ा राज्य का इतिहास, राजस्थानी ग्रंथागार, जोधुपर 1998
10. हिम्मतलाल त्रिवेदी – बाँसवाड़ा राज्य का सांस्कृतिक, सामाजिक एवं राजनैतिक चेतना का इतिहास
11. डॉ. करूणा जोशी – बेणेश्वर धाम, ब्रह्मा मंदिर ब्राह्मण उत्पति एवं विकास 2005
12. राजेश्वर गर्ग – राजस्थान के पर्यटन स्थल, महाराजा मानसिंह पुस्तक प्रकाशन, जोधुपर 2002
13. https://en.wikipedia.org/wiki/Vagad
14. https://www.tourism.rajasthan.gov.in/dungarpur.html
15. https://hellobanswara.com/article/Nine-Dham-of-Alokit-Shakti-in-wagad-2858-20170921
16. https://www.patrika.com/udaipur-news/tourism-found-wings-in-mewar-vagad-after-getting-a-tribal-circuit-5050898
17. https://en.wikipedia.org/wiki/Arthuna

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# Quality in Higher Education: Myth or Reality

**Dr. Binay Kumar***

*Associate Professor, Harkamaya College Of Education, Samdur,6th Mile, Tadong, Gangtok (Sikkim) INDIA

**Abstract -** This research paper investigates the quality of higher education in India through qualitative and thematic analysis. The study explores the perspectives of educators, students, policy experts, and stakeholders to understand the current state of higher education. By examining key components of educational quality, the study seeks to determine whether the notion of quality in higher education is a myth or a reality. The findings highlight critical areas for improvement and provide actionable recommendations to enhance the quality of higher education in India.
**Keywords:** Higher Education, Educational Quality, India, Qualitative Analysis, Thematic Analysis, Educational Outcomes, Policy.

**Introduction -** The quality of higher education is a topic of significant debate and concern globally. Higher education institutions are expected to produce skilled graduates, foster innovation, and contribute to socio-economic development. However, the reality often falls short of these expectations, leading to questions about the actual quality of higher education. In India, the expansion of higher education has been rapid, but concerns about the quality of education provided have persisted. This paper aims to explore whether the perceived quality of higher education in India is a myth or reality by analyzing qualitative data collected from various stakeholders.

The study employs thematic analysis to identify key themes related to the quality of higher education. By understanding the experiences and perspectives of educators, students, policy experts, and other stakeholders, this research seeks to provide a comprehensive view of the current state of higher education in India and propose recommendations for improvement.

The quality of higher education is a topic of significant debate and concern globally. Higher education institutions are expected to produce skilled graduates, foster innovation, and contribute to socio-economic development. However, the reality often falls short of these expectations, leading to questions about the actual quality of higher education. In India, the expansion of higher education has been rapid, but concerns about the quality of education provided have persisted. This paper aims to explore whether the perceived quality of higher education in India is a myth or reality by analyzing qualitative data collected from various stakeholders.

India's higher education system is one of the largest in the world, encompassing a wide array of universities, colleges, and specialized institutions. The rapid expansion has been driven by the country's growing population and increasing demand for higher education. This expansion has brought about significant challenges, including ensuring the consistency and quality of education across diverse institutions. While prestigious institutions such as the Indian Institutes of Technology (IITs) and Indian Institutes of Management (IIMs) are globally recognized, many other institutions struggle with issues of quality and relevance.

Several factors contribute to the challenges faced by higher education in India. Firstly, the quality of infrastructure and resources varies widely among institutions. Many universities and colleges lack the necessary facilities, such as modern laboratories, libraries, and classrooms, to provide a conducive learning environment. Secondly, the quality of teaching is inconsistent, with significant disparities in the qualifications and training of faculty members. Continuous professional development for educators is often limited, affecting their ability to deliver high-quality education. Moreover, the relevance of curricula to the current job market and industry needs is a major concern. Many curricula are outdated and do not adequately prepare students for the demands of the modern workforce. This gap between education and employment leads to high unemployment rates among graduates and questions about the employability of Indian graduates.

Policy and governance issues also play a critical role in determining the quality of higher education. While the Indian government has implemented several policies aimed at improving educational standards, challenges in policy implementation and enforcement persist. Effective governance structures and quality assurance mechanisms are essential for ensuring that institutions meet established standards and continuously improve.

In addition, socio-economic factors such as

accessibility and affordability of higher education significantly impact the quality and inclusiveness of education. Despite various initiatives to promote equitable access to education, disparities based on socio-economic status, geography, and gender remain. These disparities limit opportunities for many students to benefit from high-quality education and contribute to societal inequalities.

The importance of research and innovation in higher education cannot be overstated. Universities and colleges are expected to be centers of research and development, driving technological advancements and contributing to knowledge creation. However, in many Indian institutions, the emphasis on research is minimal, and support for innovative projects is lacking. Increasing investment in research infrastructure and fostering a culture of innovation are crucial for elevating the quality of higher education.

This study employs thematic analysis to identify key themes related to the quality of higher education. By understanding the experiences and perspectives of educators, students, policy experts, and other stakeholders, this research seeks to provide a comprehensive view of the current state of higher education in India and propose recommendations for improvement. The findings of this study will contribute to the ongoing discourse on education reform and provide actionable insights for policymakers, educators, and administrators aiming to enhance the quality of higher education in India.

Through a detailed exploration of the various dimensions of educational quality, this paper aims to shed light on the complexities and challenges faced by the higher education sector in India. By addressing these issues comprehensively, it is possible to transform the perceived myth of quality in higher education into a tangible reality, ensuring that institutions can effectively fulfil their roles in fostering skilled graduates, promoting innovation, and contributing to socio-economic development

**Literature Review**

**Global Perspective:** Globally, higher education is recognized as a critical driver of socio-economic development and innovation. Institutions of higher learning are expected to provide high-quality education that meets the needs of students and society. Various international frameworks and quality assurance mechanisms exist to ensure educational standards are met. However, disparities in educational quality persist, particularly between developed and developing countries.

**National Perspective:** In India, higher education has undergone significant expansion in recent decades. Policies and initiatives, such as the National Education Policy (NEP) 2020, aim to enhance the quality of higher education. Despite these efforts, issues such as inadequate infrastructure, outdated curricula, faculty shortages, and limited research opportunities continue to affect the quality of education. The perception of educational quality varies widely among different stakeholders, raising the question of whether the notion of quality in higher education is more myth than reality.

**Methodology**

**Data Collection Methods**

**Semi-Structured Interviews:** To explore the quality of higher education in India, semi-structured interviews were conducted with a diverse group of participants, including educators, students, policy experts, and stakeholders. This method allows for in-depth discussions and provides the flexibility to explore emerging topics.

**Participants**

**Educators:**

1. University professors and lecturers from various disciplines.
2. Faculty members involved in curriculum development and academic administration.

**Students:**Undergraduate and postgraduate students from different universities and colleges.

**Policy Experts:**

1. Government officials and policymakers involved in higher education.
2. Educational researchers and analysts.

**Stakeholders:**

1. University administrators.
2. Representatives from educational NGOs.
3. Employers and industry representatives.

**Interview Guide:** The interview questions were tailored to each participant group but generally covered the following areas:

1. Perceptions of educational quality.
2. Factors contributing to or hindering quality in higher education.
3. Experiences with curriculum and teaching methods.
4. Challenges faced in higher education.
5. Suggestions for improving educational quality.

**Findings:**

Research Questions and Emerged Themes

Research Question 1: What are the key components of quality in higher education in India?

Corresponding Themes:

Curriculum Relevance: The need for curricula that align with current industry standards and real-world applications.

Teaching Quality: Variability in the quality of teaching and its effect on student outcomes.

Research Question 2: How do different stakeholders perceive the quality of higher education?

Corresponding Themes:

Teaching Quality: Variability in the quality of teaching and its effect on student outcomes.

Stakeholder Perceptions: Diverse views from educators, students, policy experts, and community members on the quality of higher education.

Research Question 3: What are the main challenges affecting the quality of higher education in India?

Corresponding Themes:

Resource Constraints: The impact of inadequate resources and infrastructure on educational quality.

Faculty Development: The importance of continuous professional development for educators.

Policy Implementation: Challenges in the consistent implementation of education policies.

Research Question 4: How effective are current policies and initiatives in enhancing the quality of higher education?

Corresponding Themes:

Policy Implementation: Challenges in the consistent implementation of education policies.

Stakeholder Perceptions: Insights from policymakers and other stakeholders on the effectiveness of current initiatives.

Research Question 5: What improvements are needed to ensure high-quality higher education in India?

Corresponding Themes:

Curriculum Relevance: Regular updates to curricula to reflect current educational needs and best practices.

Faculty Development: Establishment and promotion of continuous professional development programmes for educators.

Resource Constraints: Investment in the infrastructure of higher education institutions.

Industry-Academia Collaboration: Strengthening links between higher education institutions and industry.

Research and Innovation: Increasing investment in research and innovation to enhance educational quality.

**Discussion**

Research Question 1: What are the key components of quality in higher education in India?

Corresponding Themes:

Curriculum Relevance

Participants consistently highlighted the importance of curricula that align with current industry standards and real-world applications. Many educators and students expressed concerns that existing curricula are often outdated and heavily theoretical, failing to prepare students adequately for employment. There is a clear need for curriculum updates that incorporate practical and experiential learning opportunities, such as internships, project-based courses, and collaborations with industry. These changes would not only make education more relevant but also enhance graduates' employability.

**Teaching Quality:** The quality of teaching was identified as a crucial component of educational quality. There is significant variability in teaching effectiveness among professors, which directly impacts student outcomes. While some educators excel in engaging students and delivering relevant content, others struggle due to outdated teaching methods or lack of professional development. Enhancing teaching quality involves providing continuous training for educators, promoting innovative teaching practices, and implementing robust evaluation and feedback mechanisms to ensure consistency and effectiveness in teaching.

Research Question 2: How do different stakeholders perceive the quality of higher education?

Corresponding Themes:

**Teaching Quality:** Stakeholders, including students, educators, and policy experts, provided diverse perspectives on teaching quality. Students often reported varying experiences, noting that while some professors are highly effective, others fail to engage or deliver relevant material. Educators acknowledged these disparities, attributing them to differences in training, experience, and access to professional development opportunities. Policy experts emphasized the need for standardizing teaching quality across institutions to ensure all students receive high-quality education.

**Stakeholder Perceptions:** Stakeholders' perceptions of the quality of higher education varied widely. Educators and policy experts generally recognized the potential for high-quality education but also highlighted significant areas needing improvement. Students and community members were more critical, pointing out gaps between educational expectations and outcomes. These diverse views underline the complexity of achieving consensus on educational quality and the necessity for comprehensive reforms that address the concerns of all stakeholders.

Research Question 3: What are the main challenges affecting the quality of higher education in India?

Corresponding Themes:

**Resource Constraints:** Resource limitations were a significant challenge identified by participants. Many institutions, particularly in rural areas, suffer from inadequate infrastructure, including outdated classrooms, insufficient laboratories, and limited access to modern teaching tools. These constraints hinder the ability to provide high-quality education and exacerbate educational inequalities. Addressing these resource gaps through substantial investment is essential for improving educational quality.

**Faculty Development:** Continuous professional development for educators is crucial for maintaining and enhancing teaching quality. Many faculty members reported limited opportunities for training and development, affecting their ability to stay updated with the latest teaching methods and subject matter advancements. Providing regular training programs, workshops, and opportunities for research can help educators improve their pedagogical skills and knowledge.

**Policy Implementation:** The implementation of education policies is often inconsistent, undermining their intended impact. While policies like the National Education Policy (NEP) 2020 are well-designed and ambitious, their effectiveness is frequently diluted by gaps in execution and enforcement. Effective policy implementation requires clear guidelines, adequate resources, and regular monitoring to ensure compliance and accountability.

Research Question 4: How effective are current policies and initiatives in enhancing the quality of higher education?

Corresponding Themes:

**Policy Implementation:** The study revealed challenges in the consistent implementation of education policies. Despite well-intentioned policies like the NEP 2020, there are significant gaps in their execution. Stakeholders noted that while policies provide a solid framework for improving education, inconsistent application and lack of enforcement reduce their effectiveness. Strengthening regulatory frameworks and quality assurance mechanisms is crucial to ensure policies achieve their intended outcomes.

**Stakeholder Perceptions:** Insights from policymakers and other stakeholders indicated mixed views on the effectiveness of current initiatives. While some initiatives have led to improvements, many stakeholders felt that there is still a long way to go. Effective collaboration between government agencies, educational institutions, and industry is essential to implement policies successfully and enhance educational quality.

Research Question 5: What improvements are needed to ensure high-quality higher education in India?

Corresponding Themes:

**Curriculum Relevance:** Regular updates to curricula are necessary to reflect current educational needs and best practices. Aligning curricula with industry requirements and incorporating practical learning opportunities can enhance the relevance and effectiveness of higher education. Institutions should engage with industry experts to ensure that graduates possess the skills needed in the job market.

**Faculty Development:** Establishing and promoting continuous professional development programs for educators is essential. Providing opportunities for training, research, and collaboration can help educators stay updated with the latest teaching methods and subject matter advancements, ultimately enhancing teaching quality.

**Resource Constraints:** Investment in the infrastructure of higher education institutions is crucial for providing adequate facilities and resources. Upgrading classrooms, laboratories, and libraries, and ensuring access to modern teaching tools can significantly improve educational quality and reduce disparities between institutions.

**Industry-Academia Collaboration:** Strengthening links between higher education institutions and industry is vital for aligning education with real-world applications. Collaborative programs, internships, and industry partnerships can provide students with practical experience and enhance their employability.

**Research and Innovation:** Increasing investment in research and innovation is necessary to enhance educational quality. Supporting innovative projects and fostering a culture of research within higher education institutions can drive advancements in teaching and learning, contributing to the overall development of the education system.

**Conclusions:** The qualitative analysis reveals that the quality of higher education in India is a complex issue with both strengths and significant challenges. While there are pockets of excellence, widespread concerns about curriculum relevance, resource constraints, faculty development, teaching quality, and policy implementation suggest that the perceived quality of higher education may often be more myth than reality. Addressing these challenges requires comprehensive reforms in curriculum design, resource allocation, faculty development, and policy enforcement. Enhancing industry-academia collaboration and fostering a culture of research and innovation are also critical for improving educational outcomes.

**Recommendations:** To improve the quality of higher education in India, the following recommendations are proposed: Strengthen the implementation and enforcement of policies related to higher education, ensuring all institutions meet required standards. Regularly update curricula to reflect current educational needs and best practices, aligning them with industry requirements. Establish and promote continuous professional development programmes for educators, focusing on enhancing teaching skills and knowledge. Invest in the infrastructure of higher education institutions to provide adequate facilities and resources for effective teaching and learning. Foster collaboration between government agencies, educational institutions, and industry to share knowledge, resources, and best practices. Increase investment in research and innovation, supporting projects that enhance educational quality and relevance.

**References:-**

1. National Education Policy (NEP) 2020. Ministry of Education, Government of India.
2. UNESCO. (2015). Incheon Declaration and Framework for Action for the implementation of Sustainable Development Goal 4.
3. Various academic journals and reports on higher education quality in India.

**************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# अरावली पर्वत श्रृखंला : उदयपुर जिले के संदर्भ में

डॉ. वर्षा चुण्डावत*

* सहायक आचार्य (भूगोल) राजकीय महाविद्यालय,जैतारण,ब्यावर (राज.) भारत

**प्रस्तावना –** राजस्थान राज्य के दक्षिणी भाग में स्थित उदयपुर जिला मुख्यालय स्वतंत्रता से पूर्व मेवाड़ राज्य की राजधानी था। प्राकृतिक दृष्टिकोण से सुन्दर इस नगर को 1559ई.में मेवाड़ महाराणा उदय सिंह ने बसाया था।[1] राज्य के दक्षिणांचल में स्थित उदयपुर जिले का विस्तार 23°46’ से 26° 20’ उत्तरी अक्षांश एवं 73°00’ से 74°35’ पूर्वी देशांतर के मध्य रहा हैं।[2] उदयपुर जिले की समुद्रतल से ऊँचाई 577 मीटर है। 10 अप्रैल 1991 को दौसा, राजसमंद और बारां नामक जिले बनाये गये।[3] उदयपुर जिले के ही भाग राजसमन्द क्षेत्र को राजसमन्द जिले के रूप में गठित करने के बाद उदयपुर जिले का विस्तार 23°46’ उत्तरी अंक्षाश से 25°52 उत्तरी अंक्षाश तक तथा 73°92 पूर्वी देशान्तर से 74°35’ पूर्वी देशान्तर के मध्य रहा है।[4] राजस्थान के वर्ष 2007–08 के बजट में प्रतापगढ़ को नया जिला बनाने की घोषणा की गयी। 27 जनवरी 2008 को इस नये जिले के अस्तित्व में आ जाने से राज्य में जिलों की संख्या 33 हो गयी है। इस प्रकार वर्तमान में राजस्थान में कुल 33 जिले हैं जो सात संभागों में विभक्त हैं। उदयपुर के पूर्व में चित्तौड़गढ़ जिला, उत्तर में राजसमन्द, उत्तर–पश्चिम में पाली, पश्चिम में सिरोही, पश्चिम दक्षिण में गुजरात राज्य की सीमा, दक्षिण में डूंगरपुर तथा दक्षिण–पूर्वी भाग में बांसवाड़ा जिला है।[5]

अरावली पर्वत श्रृखंला के सन्दर्भ में ज्ञात हैं किरूपजीके निकट का पर्वत देश अर्थात् मेवाड़ की सीमा पर है। रूपजी 10 किमी. पूर्व रीछेड़ वाघोरे के मोड़ में है। जीलवाड़ा और रीछेड़ के बीच आमलमाल का बड़ा पर्वत 16 किमी. लम्बा है। उसके इधर केलवा और बाघोरे के आगे घाटा नामक गांव है। उसके आगे भोरडका मगरा उत्तर–दक्षिण दिशा में 16 किमी. लम्बा है। भोरड़ और मछावला के मध्य समीचा गांव उदयपुर से 54 किमी. और कुम्भलमेर से 32 किमी. के अन्तर पर है। उसके आगे मछावला का मागरा 22 किमी. लम्बा है। जिसके आसपास समीचा, मदारड़ा, बरहाडा, बरणा, गमण आदि नौ गांव बसते थे। मछावले पर वृक्षावली और जल की बहुतायत थी।[6]

उसके आगे बरवाड़ा जहां से बर और बनास नदियां निकलती हैं। आगे घासेर का पहाड़ 3 किमी. लम्बा और उसके आगे पिण्डरझांप का पर्वत है। घासेर और पिण्डरझांप के बीच झांसनवाला कोतारा 3 किमी. उससे आगे खूमण पहाड़ों के पास लोहसिंग नामक गांव उत्तर–दक्षिण 6 किमी. और उसके आगे इसवाल नामी मगरा और कड़ी नाम का गांव है। यह मगरा गिरवे के पहाड़ों से जा लगा है और उदयपुर से 16 किमी. दूर उत्तर–पश्चिम की ओर है। घाणेराव से 6 किमी. के अन्तर पर कुम्भलमेर का पर्वत 48 किमी के घेरे में सादड़ी, रणकपुर, सेवाड़ी तक चला गया है।[7]




कुंभलगढ़ दुर्ग की अनेक छोटी–मोटी पहाड़ियों के नाम श्वेत, नील, हेमकूट, निषाद, हिमवत, गन्धमदन आदि थे। सेवाड़ी गांव कुंभलगढ़ से 22 किमी. दूर है, इसके आगे राहग का मगरा बहुत विकट है, वहां जल बहुतायत में था और 25 गांव इसके आसपास बसते थे, यह पहाड़ 51 किमी. लम्बा है। वह सिरोही की सरणुआ पहाड़ियों से जा लगा है, इसका घेर 96 किमी. तथा चौड़ाई 48 किमी है। इसके निकट माल्हण, सुनाहणी, बहड़ी, पिण्डवाड़ा, भाटोही, भूणोद आदि गांव बसे थे, जहां से जूही (बेकरिया का घाटा) नदी निकलती है।[8]

जरगा और राहंग के बीच की भूमि में (देसहरो देश) आम के पेड़ है। यहां चावल, गेहूं, चना और उड़द बहुतायत में पैदा होते हैं। मछावला और जरगा के बीच की भूमि कुहाड़िया नला कहलाती है, जो 32 किमी. की लम्बाई में उदयपुर से 64 किमी. के अन्तर पर है। जरगा का पहाड़ कुहाड़िया नले से दाहिनी ओर है और दूसरी तरफ केलवाड़ा और दक्षिण में रोहेड़ा गांव है। केलवाड़े में जावर का तालाब स्थित था। जरगा पर्वत पर जल बहुतायत में था। इसके आगे 22 किमी. उसी से सम्बन्ध रखने वाली नाहेसर (नाहर) और भांडेर की अति विषम और विकट भूमि है। उदयपुर से सिरोही जाने का मार्ग है तथा कई गांव ढोल, कलोल, गोगून्दा, सिंघाड़, बोखड़ा आदि बसे हुए थे।[9]

गोगून्दा के दक्षिण में राणेराव तालाब है तथा एक बावड़ी मुगल शासक अकबर की बंधाई हुई कहते हैं, इसके पास सेरा की नदी है। महासतिया के पूर्व में महाराणा खेता काबंधवाया हुआ, खेतेला तालाब है। गोगुन्दा के दक्षिण–पश्चिम में धोलेगर पर्वत प्रसिद्ध है और उत्तर की तरफ खमाण का

पर्वत है। उसके पश्चिम की तरफ सरहद रावल्या की है। इसके उत्तर की तरफ वाले पर्वत कुंथल कहलाते है।[10] इस पहाड़ से इधर मांडेर से 13 किमी. उदयपुर की दक्षिण दिशा में बहुत से गांव थे। ठगरावड़ी, आहोर, नाहेसर, पानरवा, भाडेर, डाल. पई मथाड़ा और देवहर के पहाड़ भी बहुत बड़े हैं। इनके आगे माचण के पहाड़ 48 किमी. के घेरे में हैं। छाली, पूतली और ढोल-कलोल के पहाड़ ईडर से 22 किमी. मेवाड़ की तरफ है। छप्पन, चावण्ड और जवास व जावर के बीच उदयपुर से 55 किमी, पीपलदड़ी और सिरोड़ के पहाड़ है।[11]

बांसवाडा और देवलिया (प्रतापगढ़) के मध्य मेवाड़ (छप्पन) के गांव औरराजा का जगनेर है। यह देश मण्डल कहलाता है। बड़वाल परगने का गांव धरियावद जहां बड़े पहाड और सघन वृक्ष है। धरियावद के पश्चिम में मेवल के मगरे और सलूम्बर, बाठरड़ा, बम्बोरा गांव हैं। बाठरड़ा और सलूम्बर के बीच बड़े-बड़े पहाड़ हैं।[12] बाठरडा क्षेत्र में खानडया,बरवाला डूंगरा सहित मखरेड का पहाड़ प्रसिद्ध रहा।[13]

सलूम्बर14 नगर में सोनार माता की पहाड़ी 455 मीटर, खारवा गांव (परगना-चांस्दा) की मनियोल पहाड़ी 756.81 मीटर, गांव-आजणी जिला मगरा की पहाड़ी 57.15 मीटर इसी जिले में मटाल्या टोला 530.96 मीटर, धोलागिरी की पहाड़ी जो खण्डेला पाल की सीमाओं में है 524.5 मीटर ऊंची हैं। बाठरड़ा से 10 किमी. पश्चिम में उदयसागर स्थित है। इस तालाब से 3 किमी. देबारी, देबारी से 7 किमी. दूर आहाड़ है। उदयपुर में राणा के महल पीछोला के किनारे बने हुए हैं। उदयपुर से 16 किमी. पश्चिम की ओर सिगड़िया नाम का बड़ा पहाड़ है। आगे उदयपुर से 10 किमी. धार की पहाड़ी और उत्तर में लखावली है। उसी दिशा में चीरवे का घाटा और अंबेरी गांव हैं। चीरवा से 7 किमी. और उदयपुर से 16 किमी. पर एकलिंगजी और वहां से 3 किमी. राठासण की पहाड़ी 6 किमी. के घेरे में है. जहां जल नहीं था। एकलिंगजी से 9 किमी. देलवाड़ा और देलवाड़ा से 28 किमी. कोठारिया है. देलवाड़ा मेवाड़ के मध्य में है। कोठारिया के निकट बनास नदी बहती है। इससे 81 किमी. पूर्व में चित्तौड़, चित्तौड़ से 3 किमी. अरवण के बड़े पहाड़ हैं परन्तु उन पर जल नहीं है। मेवाड़ की प्राकृतिक विशेषता में यहां के पहाड़ों के साथ-साथ पठार भी हैं।[15]

मेवल (जगत, कुराबड़, बंबोरा आदि) बम्भोरा के सारंगदेवोत सीसोदियों की जागीर में था। देवलिया से 10 किमी. पर बड़ा मेरवाड़ा है। यहां 140 गांवों में विभिन्न शाखाओं के मेरनिवास करते थे। देवलिया और मेवल के बीच की भूमि को मण्डल देश कहते थे, जिसमें मुख्य स्थान धरियावद है। यहां का पानी रोगजनक होने से जनसंख्या नहीं बढ़ी। परगना जूड़ा उदयपुर से 80 किमी., गोगून्दा और सिरोही के परगने भीतरोट से मिला हुआ था। भांडेर का पहाड़ 32 किमी. लम्बा और 6 किमी. चौड़ा है। नाहेसर 38 किमी. लम्बा और 6 किमी. चौड़ा है, जिसमें जूड़े का परगना है। एक-एक गांव में पांच सौ सात सौ बीघा भूमि कृषि के योग्य और बची हुई भूमि पहाड़ों के तले दबी है। धान, साल, गेहूं, चना, मक्का, उड़द और बालण ककड़ी बहुतायत से पैदा होती थी। अरावली की सबसे ऊँची श्रेणी कुभलगढ़ 1087.52 मीटर है, यह गोगून्दा तक गयी है। गोगून्दा से 48 किमी. उत्तर में जरगा के पहाड़ की सबसे ऊँची चोटी 1315.21 मीटर है। हिन्दुस्तान का बड़ा भाग जो बंगाल की खाड़ी में गिरने वाली नदियों के बहाव को खंभात की खाड़ी (गुजरात राज्य) में जाने वाली नदियों के बहाव से अलग करता है। यह भाग राजस्थान के मध्य से गुजरता है, जो जल विभाजक रेखा कहलाती है। इस राष्ट्रीय जल विभाजक रेखा का भी अपना महत्व है। पूर्वी राजस्थान में सशक्त नदी पात्र हैं, तो पश्चिमी राजस्थान में भू-जल के विभिन्न महत्वपूर्ण भूमिगत पात्रों में विशाल जल राशि उपलब्ध है। यह जल विभाजक रेखा मेवाड़ के करीब करीब बीच में से गुजरती है। जो पूर्व में बड़ी सादड़ी होती हुई उदयपुर और वहां से गोगून्दा के आसपास की ऊँची जमीन व बनास के निकासों और पश्चिम में कुंभलगढ़ के बड़े पहाड़ी किले के निकट होकर अरावली पर से अजमेर को जाती है। ईशान कोण को झुकाव साधारण परन्तु बराबर एक सा है।[16] उदयपुर नगर समुद्र की सतह से 596.49 मीटर और उत्तर-पश्चिम में देवली 341. 98 मीटर ऊँचा है। इस ऊँचे हिस्से को पार करने के पश्चात् खुले हुए ऊँचे नीचे मैदानों के स्थान दक्षिण और पश्चिम का हिस्सा चट्टानों, पहाड़ियों और घने जंगलों से ढका हुआ था। अरावली पहाड़ जो पश्चिमी किनारे पर मेरवाड़ा मेवाड़ राज्य के दक्षिण-पश्चिम व दक्षिणी हिस्सों में डूंगरपुर के किनारे पर सोम की तराई तक और दक्षिण की तरफ माही की तराई तक फैला हुआ है। यह अन्त में उन पहाड़ियों के साथ मिल जाता है, जो दक्षिण-पूर्व की ओर जाखम नदी की तराई के निकट विन्ध्याचल का हिस्सा है।

मेवाड़ के दक्षिणी भाग का सम्पूर्ण जल जयसमुद्र में रुकने के अलावा जाखम और सोम नदी में बहकर खंभात की खाड़ी में पहुंचता है, इस ओर ऊँचाई कम होती गयी है। अरावली श्रृंखला के इन पर्वतों ने पूर्व और दक्षिण की तरफ अपनी कई कम ऊँची ढालू बांहे फैला रखी हैं जिन्होंने सम्पूर्ण प्रदेश को उत्तर-पूर्व की ओर एक ढलते पठार का रूप दे दिया है। बनास और उसकी मुख्य धाराएं इन्हीं बाहों के बीच दूनों (अर्थात् दोनों-कठोती) से निकलकर बहती हैं।15 वीं शताब्दी में चित्तौड़ क्षेत्र के पहाड़ मैदान के मध्य गुफाओं, झरनों तथा वनों की बहुलता को संजोये हुए थे। ये पर्वत पश्चिम में रेगिस्तान की तरफ तो मैदान से एकाएक ऊँचे उठे हुए हैं, जहां उनके ऊंचे-ऊंचे ढ़ाल अत्यन्त दुर्गम हैं।मेवाड़ के पश्चिमी हिस्से का बहाव दक्षिण की ओर है जिसमें खम्भात की खाड़ी में गिरने वाली साबरमती की सहायक नदियां हैं। पश्चिमी पहाड़ियों से दो नदियां निकलती है, पहली गोराई जो उत्तर-पश्चिम की तरफ ऐरनपुर से बढ़कर लूणी में गिरती है और दूसरी छोटी बनास जो दक्षिण-पश्चिम की ओर चलकर कच्छ के रण में गिरती है।मेवाड़ का भौगोलिक अध्न करने पर ज्ञात होता है कि इसका ढलान उत्तर-पूर्व तथा दक्षिण-पश्चिम में है। अरावली पर्वत श्रृंखला का जल दोनों तरफ फैलता या बहता है। मेवाड़ प्राकृतिक दृष्टिकोण से इस प्रकार दो हिस्सों में बंटा हुआ है।

राजस्थान डिस्ट्रिक्ट गजेटियर्स, उदयपुर (1979)''.....Existence of elevated plateau characterises the northern portion of the district while the eastern portion has fertile plains. The southern part of the district is mostly covered with rocks, hills and fairly dense jungles. The western portion of the district, better known as the Hilly Tracts of Mewar, is composed of Aravalli range. The Aravalli range enters Bhimtahsil of the district from Ajmer district and continues south westerly towards Kumbhalgarh and Jarga and then spreads towards the valley of Som river. There are passes in the Aravalli range, viz. DesuriNal and Sadri pass which cross into Jodhpur Division. The slopes are covered with forest, stones and jungles affording shelter to big game. The scenery is picturesque.......The average height of the district is 500 metres above sea level gradually increasing

towards west......."[17]

**सन्दर्भ ग्रन्थ सूची:-**


1. भट्ट राजेन्द्र शंकर,मेवाड़ के महाराणा और शहंशाह अकबर,पृ.40-42 पंचशील प्रकाशन, जयपुर, 1997ई. ; दीपा कँवर राणावत,हेमेन्द्र सिंह सारंगदेवोत,उदयपुर एवं जोधपुर जिलों में मानव संसाधन विकास और भौगोलिक पक्ष (20वीं-21वीं शताब्दी के सन्दर्भ में)पृ.41 मेवाड़ श्री प्रकाशन,चित्तौड़गढ़ एवं नई दिल्ली, 2022ई.
2. अग्रवालबी.डी.,राजस्थान डिस्ट्रिक्ट गजेटियर्स, उदयपुर (भारत का गजेटियर, राजस्थान, उदयपुर), 1-2 Directorate of District Gazettors Government of Rajasthan,Jaipur,1979
3. गुप्ता डॉ. मोहनलाल, उदयपुर संभाग का जिलेवार सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक अध्ययन, पृ. 2 (भूमिका),राजस्थानी ग्रंथागार जोधपुर
4. जिला सांख्यिकी रुपरेखा, जिला उदयपुर (2006), पृ. 1,आर्थिकी एवं सांख्यिकी निदेशालय राजस्थान,जयपुर
5. गुप्ता डॉ. मोहनलाल, उदयपुर संभाग का जिलेवार सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक अध्ययन, पृ. 1,राजस्थानी ग्रंथागार, जोधपुर
6. सं. राणावत डॉ. मनोहर सिंह, मुहणोत नैणसी की ख्यात, भाग-1 पृ. 5 ; सं. ओझा गौरीशंकर हीराचन्द, अनु.दुग्गड़ रामनारायण, मुहणोत नैणसी की ख्यात, प्रथम खंड, पृ.41,राजस्थानी ग्रंथागार, जोधपुर,2016
7. सं. ओझा गौरीशंकर हीराचन्द, अनु.दुग्गड़ रामनारायण, मुहणोत नैणसी की ख्यात, प्रथम खंड, पृ. 41; लोहसिग(लोसिंग) उदयपुर से उत्तर दिशा में 28 किमी. दूर स्थित है।
8. राणावत ईश्वरसिंह, राजस्थान के जल संसाधन, पृ. 8 चिराग प्रकाशन, उदयपुर
9. राणावत ईश्वरसिंह, राजस्थान के जल संसाधन, पृ. 42
10. सं. भाटी हुकमसिंह, गोगुन्दा की ख्यात, पृ.80-82
11. सं. ओझा गौरीशंकर हीराचन्द, अनु.दुग्गड़ रामनारायण, मुहणोत नैणसी की ख्यात, प्रथम खंड, पृ. 42,राजस्थानी ग्रंथागार जोधपुर
12. सं. राणावत मनोहर सिंह,मुहणोत नैणसी की ख्यात, भाग-1, पृ.7
13. हेमेन्द्र सिंह सारंगदेवोत,बाठेड़ा(मेवाड़)के सारंगदेवोतों का राजनीतिक इतिहास,पृ.33,मेवाड़ श्री प्रकाशन चित्तौड़गढ़ एवं नई दिल्ली,2021ई.
14. भंडारी विमला,सलुम्बर का इतिहास,पृ.5,43
15. जे.के.ओझा,मेवाड़ के पुरातात्विक स्मारक,पृ,16-17,राजस्थानी ग्रंथागार जोधपुर,2019 ; सं.ओझा गौरीशंकर हीराचन्द, अनु.दुग्गड़ रामनारायण, मुहणोत नैणसी की ख्यात, प्रथम खंड, पृ. 42-43 ; दीपा कँवर राणावत,हेमेन्द्र सिंह सारंगदेवोत,उदयपुर एवं जोधपुर जिलों में मानव संसाधन विकास और भौगोलिक पक्ष (20वीं-21वीं शताब्दी के सन्दर्भ में)पृ.41
16. राणावत ईश्वरसिंह, राजस्थान के जल संसाधन, पृ. 42 य जे.के.ओझा, मेवाड़ के पुरातात्विक स्मारक,पृ,16-17,राजस्थानी ग्रंथागार जोधपुर,2019 ; सं.ओझा गौरीशंकर हीराचन्द, अनु.दुग्गड़ रामनारायण, मुहणोत नैणसी की ख्यात, प्रथम खंड, पृ.43 ; दीपा कँवर राणावत,हेमेन्द्र सिंह सारंगदेवोत,उदयपुर एवं जोधपुर जिलों में मानव संसाधन विकास और भौगोलिक पक्ष (20वीं-21वीं शताब्दी के सन्दर्भ में)पृ.68-69
17. Agarawal, B.D., Rajasthan District Gazetteers, Udaipur (Gazetteer of India Rajasthan, Udaipur), P. 6


*************

# डूँगरपुर जिले में जनजातियों की आधारभूत सुविधा सूचकांक स्तर (1981 से 2010) (एक भौगोलिक अध्ययन भू.अ.नि.वृ. के आधार पर)

**डॉ. गोविन्द लाल सरगड़ा***

* भूगोल विभाग, गुरूकुल महाविद्यालय, सागवाड़ा, डूँगरपुर (राज.) भारत

**शोध सारांश –** जो नैसर्गिक जीवन जीते हैं। अफ्रीका, दक्षिणी एशिया, भारत और अन्य पिछड़े देशों में इनके लिए आदिवासी शब्द ही प्रयुक्त किया जाता है। इन जनजातियों को विभिन्न नामों से भी जाना जाता है। वन्य जाति, वनीय जाति, वनवासी, वनों के आश्रय में रहने वाले, पहाड़ी लोग, पहाड़ियों पर रहने वाले, आदिम जाति, प्रारम्भिक लोग, आदिवासी तथा कई स्थानीय नामों से भी इन्हें जाना जाता रहा है। अति न्यूनतम स्तर के अन्तर्गत 7 भू-अभिलेख निरीक्षक वृत्त क्रमश: पाडवा, सरोदा, गैंजी, देवलखास, चिखली, आंतरी और कुआँ पाये गये। यह स्तर अति न्यूनतम रहने का मुख्य कारण यहाँ पर जनजाति जनसंख्या का बाहुल्य पाया जाना है इस कारण यहाँ के निवासी दूर-दराज क्षेत्रों तथा प्रकीर्णन बसाव में रहने के कारण यहाँ पर आधारभूत सुविधाओं के विकास प्रभावी रूप से संभव नहीं हुआ है।

**शब्द कुंजी –** वनवासी, वनीय जाति, जनजाति, आधारभूत सुविधाऐं, बाहुल्य, प्रर्कीणन, भू-अभिलेख निरीक्षक वृत्त।

**प्रस्तावना –** जनजाति या आदिवासी शब्द का विन्यास 'आदि' अर्थात् पुरातन तथा वासी अर्थात 'रहने वाला' या 'निवासी' के रूप में माना जाता है। अँग्रेजी में इनको 'Tribe' कहा गया है, जो लेटिन भाषा के 'Tribus' शब्द से बना हैं। रोमन एवं ग्रीक लोग राजनैतिक विभाजन और भौगोलिक क्षेत्रों के लिए प्रयुक्त करते हैं। वास्तव में यह शब्द ऐसे लोगों के लिए उपयुक्त है, जो नैसर्गिक जीवन जीते हैं। अफ्रीका, दक्षिणी एशिया, भारत और अन्य पिछड़े देशों में इनके लिए आदिवासी शब्द ही प्रयुक्त किया जाता है। इन जनजातियों को विभिन्न नामों से भी जाना जाता है। वन्य जाति, वनीय जाति, वनवासी, वनों के आश्रय में रहने वाले, पहाड़ी लोग, पहाड़ियों पर रहने वाले, आदिम जाति, प्रारम्भिक लोग, आदिवासी तथा कई स्थानीय नामों से भी इन्हें जाना जाता रहा है।

किसी भी क्षेत्र के विकास को गति प्रदान करने हेतु सामाजिक सुविधाओं का सम्यक नियोजन एक महती आवश्यकता है। विकास प्रक्रिया में सामाजिक उत्थान के साथ ही संस्थागत परिवर्तन भी महत्त्वपूर्ण होता है। इस माध्यम से सामाजिक सुविधाओं व पद्धतियों में परिणात्मक एवं गुणात्मक परिवर्तन लाकर क्षेत्र के सामूहिक व्यक्तित्व का विकास किया जा सकता है इस दृष्टिकोण से अध्ययन क्षेत्र में सामाजिक अवस्थापनात्मक तत्वों की उपलब्धता तथा सामाजिक परिवर्तन का अध्ययन एवं विश्लेषण करके उपलब्ध सुविधाओं में अभिवृद्धि हेतु नियोजन एवं विकास ही शोध का प्रमुख उद्देश्य है। नयी संस्थाओं के निर्माण के साथ-साथ संस्थागत सुविधाओं के सदुपयोग हेतु जनसंख्या में जागरूकता, विकासपरक सामाजिक मूल्यों का विकास भी होता है। सामाजिक सेवाओं व सुविधाओं को क्षेत्र में सही रूप में विकेन्द्रित करके अर्थ तल के विकास एवं सांस्कृतिक उन्नयन हेतु एक निश्चित दिशा प्रदान की जा सकती है।

सम्पूर्ण विकास एवं नियोजन की प्रक्रिया में सामाजिक सेवाएं एवं सुविधाएं एक महत्त्वपूर्ण अंग के रूप में अपनी भूमिका का निर्वाहन करती है। इस सन्दर्भ में 'रोडीनेली' का विचार है कि यदि आर्थिक प्रगति के साथ ही समानता एवं सन्तुलन के उद्देश्य की प्राप्ति करनी है तो सामाजिक सुविधाओं, सेवाओं, उत्पादन गतिविधियों एवं अवधात्मक तत्वों का तर्क संगत तथा उत्प्रेरक वितरण प्रमुख समस्या के रूप में उभरता है। सामाजिक तत्व-जनसंख्या वृद्धि, घनत्व, वितरण, जातिय संगठन, साक्षरता, शिक्षण संस्थान, शिक्षा तथा स्वास्थ्य सुविधाएं व उनका स्तर, सामाजिक विकास को गति प्रदान करने वाले ऐसे संसाधन है जो ठोस आधार प्रस्तुत करते हैं इनके माध्यम से ही सामाजिक स्तरों में उत्थान किया जा सकता है।

वर्तमान में **डी.के. नायक** (1998) ने जनजाति पर भौगोलिक पृष्ठ भूमि के प्रभाव को अपने शोध-पत्र 'Geographical Background of Tribal Situation in North-East India' में प्रस्तुत किया हैं। इन्होंने अपने दूसरे शोध-पत्र (1998) में 'Pattern of Prevalence and Related Environment' में पर्यावरण से सम्बन्ध बताते हुए प्रभावों की व्याख्या की है।

**जे.बी. गांगुली** (2001) द्वारा अपने शोध-पत्र में भारत की जनजातियों के विकास के लिए उनकी संस्कृति एवं पारिस्थितिकी का अध्ययन किया है, इसी प्रकार **एस.के. शर्मा** तथा **एन.आर. शर्मा** ने 'ढएघ (Traditional Ecological Knowledge) MTK (Modern Technological Knowledge) नामक राजस्थान राज्य के सम्बन्ध में अध्ययन प्रस्तुत किया गया है। **टी.के. वाजदी** तथा **कन्हैया आहुजा** (2001) ने जनजाति विकास के लिए साप्ताहिक बाजार के विचार पर जोर दिया और इसके महत्व को बताया।

**दीपक इसार** तथा **एस.डी. धाकड़** (2002) ने प्रकाशित शोध-पत्र में जनजातियों द्वारा कृषि पर शोध के आधार पर विभिन्न स्तरों को बताया है। **कल्याण चक्रवर्ती** ने अपने शोध-पत्र में जनजातियों के विकास हेतु कुछ सुझाव दिये हैं, जिनमें पारिस्थितिकी परिदृश्यों को बदलना आवश्यक

बताया है, लेकिन **बालू इमाम** (2002) ने झारखण्ड की जनजातियों के अध्ययन में जनजातिय सभ्यता के बारे में गहन अध्ययन किया है।

**अध्ययन क्षेत्र का भौगोलिक परिचय –**राजस्थान प्राकृतिक संसाधनों की दृष्टिकोण से धनी प्रदेश की श्रेणी में आता है। ऐतिहासिक पृष्ठभूमि के दृष्टिकोण से डूँगरपुर जिला राजस्थान के **'वागड प्रदेश'** का अंग रहा है, लेकिन सांस्कृतिक, सामाजिक, आर्थिक, राजनेतिक तथ्यों के आधार पर यह क्षेत्र सदैव पूर्णरूप से एक भौगोलिक इकाई के रूप में अपनी अलग पहचान बनाए हुए है तथा यह क्षेत्र **'वागड प्रदेश'** के नाम से जाना जाता है। डूँगरपुर जिला राजस्थान की अरावली पर्वत मालाओं के दक्षिणांचल में स्थित विस्तृत पहाड़ी भाग में बसा हुआ है। इसकी भौगोलिक स्थिति $23^{0}20'$ से $24^{0}01'$ उत्तरी अक्षांश और $73^{0}21'$ से $74^{0}23'$ पूर्वी देशान्तर के मध्य स्थित है। इस जिले के उत्तर में उदयपुर जिले का विस्तार है तथा दक्षिण–पश्चिम में गुजरात राज्य की लम्बी सीमा रेखा लगभग 100 किलोमीटर है, जो प्रदेश की सीमा का निर्धारण करती है। पूर्व में बाँसवाड़ा जिला स्थित है। जिले की लम्बाई उत्तर से दक्षिण में 67.5 किलोमीटर तथा पूर्व से पश्चिम में 80 किलोमीटर है। इस जिले का कुल भौगोलिक क्षेत्रफल 3855 वर्ग किलोमीटर है एवं क्षेत्रफल की दृष्टि से जिले का राज्य में 26वाँ स्थान है। अध्ययन क्षेत्र के दक्षिणी–पश्चिमी में 100 किलोमीटर लम्बी सीमा रेखा, जिसमें गुजरात के दो जिले साबरकांठा व पंचमहल आते हैं। इस आधार पर अध्ययन क्षेत्र का भौगोलिक दृष्टिकोण से ही नहीं अपितु सांस्कृतिक, सामाजिक, आर्थिक, दृष्टिकोण से भी विशेष महत्त्व रखता है।

जिलें में खनिजों के भण्डार में भी अग्रणीय स्थान रखता है। भू–वैज्ञानिक दृष्टिकोण से अध्ययन क्षेत्र प्री–केम्ब्रियन अरावली श्रृंखला का भाग हैं यहाँ के केन्द्रीय भाग में विशेष रूप से डूँगरपुर नगर के दक्षिण–पश्चिम क्षेत्र में क्वार्ट्ज की धारियों वाला स्लेट पत्थर प्रचुर मात्रा में पाया जाता हैं, साथ ही यहाँ एसबेस्टोस, क्रोमाईट, मेगनेटाइट और टेल्स (स्टीटाइट्स) के महत्त्वपूर्ण सम्भाव्य स्त्रोत के रूप में अल्ट्रा बेसिक में भी दिखाई पड़ती है। खनिजों में सोप स्टोन, एसबेस्टोस, बेरिस और फ्लोराइट मुख्य है। उच्चावच की दृष्टि से जिले का अधिकांश भाग 150 से 130 मीटर (औसत समुद्र तल से) ऊँचा है। इस प्रदेश में जिले की सर्वोच्च चोटी धनमाता स्थित है जो औसत समुद्र तल से 572 मीटर (1876 फीट) ऊँचा है। अन्य पहाड़िया अमीझरा (449 मीटर), डूंगरपुर मदार (424 मीटर), रीठड़ा (415 मीटर) इत्यादि स्थित है।

अध्ययन क्षेत्र के जनजातियों की सामाजिक विकास में नदियों का विशेष महत्त्व है। नदियों से न केवल सिंचाई सुविधा उपलब्ध होती है अपितु पीने का पानी, वृक्षारोपण, वन विकास, हरे–भरे मैदानी क्षेत्रों तथा आदिवासी क्षेत्रों के लिए कृषि उत्पादन के लिए उपजाऊ मिट्टी के विकास में भी सहायक होती है। अध्ययन क्षेत्र की नदियों के अपवाह क्षेत्र प्राचीन काल से ही बहुत परिवर्तन हुए है। क्षेत्र में वर्ष पर्यन्त बहने वाली नदियों में माही नदी, सोम नदी, तथा जाखम नदी है।

**उद्देश्य –** प्रस्तुत शोध कार्य के अन्तर्गत निम्नलिखित उद्देश्यों को आधार माना गया –

1. जनजाति प्रदेश की भौगोलिक विशेषताओं (जैसे धरातलीय स्वरूप, जल प्रवाह, मिट्टी आदि) की व्याख्या प्रस्तुत करना।
   अध्ययन क्षेत्र की आधारभूत सुविधा संरचना (जैसे– पक्की सड़के, बस अड्डा, रेल्वे स्टेशन, डाकघर, दूरभाष, जल सुविधा, जलविद्युत,) की व्याख्या प्रस्तुत करना।
2. अध्ययन क्षेत्र की जनजातिय आधारभूत सुविधा संरचना का अध्ययन प्रस्तुत करना।
3. जनजातियों की समस्याओं को प्रस्तुत करना।

**अनुसंधान विधि –** प्रस्तुत शोध कार्य में विवरणात्मक एवं विश्लेषणात्मक शोध विधियों का प्रयोग किया जायेगा। शोध के अन्तर्गत द्वितीयक सूचनाओं व आँकड़ों को आधार रूप में प्रयोग किया जायेगा। आँकड़ों के अन्तर्गत क्षेत्र की भौगोलिक, जनसंख्या, सामाजिक विकास से संबंधित सूचनाओं आदि की जानकारी हेतु जनगणना पुस्तिका 1981, 1991, 2001, 2011 जिला पुस्तिका, डूँगरपुर विषय से संबंधित प्रकाशित – अप्रकाशित पुस्तकें, समाचार पत्र–पत्रिकाएं इत्यादि को आधार बनाया गया।

**जनांनाकीय विश्लेषण –** जनांनाकीय अध्ययन से जनसंख्या की स्थिति का विश्लेषण किया जाता है तथा उसका क्षेत्रीय एवं संरचनात्मक अध्ययन किया जाता है। मानव को मूल्यवान तथा असीमित क्षमताओं से युक्त संसाधन मानकर उसका सर्वांगीण विकास किया जाना चाहिए, क्योंकि मनुष्य के सर्वांगीण विकास के बिना राज्य या क्षेत्र के विकास की कल्पना करना व्यर्थ हैं। भारत की मानव विकास रिपोर्ट से स्पष्ट होता है कि विकास हेतु जो राज्य शिक्षा, स्वास्थ्य, निर्धनता उन्मूलन, समाज कल्याण, जनसंख्या नियंत्रण तथा अन्य सामाजिक सेवाएं देने में अग्रणी है, अंततः वह सम्पूर्ण विकास की राह पर जा रहे हैं।

डूंगरपुर में वर्ष 1981 में 6,82,445, 1991 में 8,74,549, 2001 में 11,07,643 तथा 2011 13,88,552 में थी जिले की साक्षरता दर 1981 में 17.19, 1991 में 20.67, 2001 में 36.93 तथा 2011 में 48.19 तथा लिंगानुपात राज्य के औसत से अधिक रहा है। डूंगरपुर जिला अनुसूचित जनजाति बाहुल्य क्षेत्र होने के कारण यहां पर लगभग 72 प्रतिशत जनसंख्या अनुसचित जनजाति की निवास करती है। इस कारण जिले की साक्षरता दर राज्य की साक्षरता दर से अति न्यून है। वर्ष 2011 के अनुसार जिलें में कुल 21 भू अभिलेख निरीक्षक वृत है।

**आधारभूत सुविधा विकास सूचकांक–**आधारभूत सविधा विकास सूचकांक ज्ञात करने के लिए सर्वप्रथम संयुक्त सूचकांक के माध्यम से प्राप्त मुल्य कों बंसम तिमम करने के लिए उसके निम्नलिखित सूत्र का उपयोग किया गया है जो इस प्रकार है :–

$$\text{आधारभूत सविधा विकास सूचकांक} = \frac{\text{वास्तविक मूल्य} - \text{न्यूनतम मूल्य}}{\text{अधिकतम मूल्य} - \text{न्यूनतम मूल्य}}$$

अध्ययन क्षेत्र के शैक्षणिक सुविधा मूल्यांकन की गहना के लिए शैक्षिक सुविधा सूचकांक भी ज्ञात किया गया है। अध्ययन क्षेत्र के शैक्षिक विकास सूचकांक के अन्तर्गत 7 सूचकों पक्की सड़के, बस अड्डा, रेल्वे स्टेशन, डाकघर, दूरभाष, जल सुविधा, जलविद्युत, का प्रयोग किया गया है

**आधारभूत सुविधा संरचना सूचकांक –** आधारभूत सुविधा किसी भी क्षेत्र के आर्थिक विकास को प्रभावित करती है अतः किसी भी क्षेत्र के आर्थिक विकास के लिए सर्वप्रथम वहाँ के आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करना होगा तथा आधारभूत सुविधाओं का वितरण जनसंख्या तथा गांवों के अनुरूप करना होगा, ताकि समान विकास हो सके। इसके विश्लेषण के लिए सभी आधारभूत सुविधाओं के सुचकांक ज्ञात करने हेतु संयुक्त सूचकांक एवं श्रेणी द्वारा सूचकों की गणना की गयी है।

वर्ष 1981 में प्रथम स्थान पर डूँगरपुर वृत, द्वितीय स्थान पर आसपुर

वृत्त और तृतीय स्थान पर साबला वृत्त रहा तथा अन्तिम तीन स्थान पर चिखली, पाडवा, कुआँ भू-अभिलेख निरीक्षक वृत्त रहे हैं। वर्ष 1991 में प्रथम स्थान पर डूँगरपुर वृत, द्वितीय स्थान पर आसपुर वृत और तृतीय स्थान पर धम्बोला वृत्त रहा है, तथा अन्तिम तीसरे स्थान पर पाडवा एवं चिखली एवं द्वितीय स्थान पर सरोदा एवं तृतीय स्थान पर गैंजी भू-अभिलेख निरीक्षक वृत्त रहे हैं।

वर्ष 2001 में प्रथम स्थान पर डूँगरपुर वृत, द्वितीय स्थान पर आसपुर वृत, और तृतीय स्थान पर धम्बोला वृत्त रहा तथा अन्तिम तीन स्थान पर क्रमशः देवलखास, गैंजी, पाडवा भू-अभिलेख निरीक्षक वृत्त रहे हैं। वर्ष 2011 के विश्लेषण अनुसार प्रथम स्थान पर डूँगरपुर वृत, द्वितीय स्थान पर आसपुर वृत्त और तृतीय स्थान पर धम्बोला व झोंतरी वृत्त रहा है तथा अन्तिम तीन स्थान पर गैंजी, देवलखास एवं पाडवा भू-अभिलेख निरीक्षक वृत्त रहे है। अतः स्पष्ट है कि अध्ययन क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं की कमी है। अभी भी यहाँ के गाँवों में इनका वितरण बहुत ही असमान है। जनसंख्या के अनुपात में इन सुविधाओं को बढ़ाने की अति आवश्यकता है। तभी आर्थिक विकास की उचित गति की ओर अग्रसर हो सकते हैं।

**डूँगरपुर जिला : भू-अभिलेख निरीक्षक वृत्त आधारभूत सुविधा सूचकांक (1981-2011)**

| क्र. | भू-अभिलेख निरीक्षक वृत्त | वर्ष 1981 | वर्ष 1991 | वर्ष 2001 | वर्ष 2011 | औसत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डूँगरपुर | 1.00 | 1.00 | 1.00 | 1.00 | 1.00 |
| 2 | आंतरी | 0.14 | 0.18 | 0.12 | 0.18 | 0.14 |
| 3 | फलोज | 0.37 | 0.45 | 0.42 | 0.49 | 0.41 |
| 4 | देवलखास | 0.13 | 0.19 | 0.00 | 0.01 | 0.08 |
| 5 | थाना | 0.38 | 0.36 | 0.34 | 0.28 | 0.34 |
| 6 | गेंजी | 0.14 | 0.10 | 0.03 | 0.00 | 0.06 |
| 7 | बिच्छीवाड़ा | 0.33 | 0.36 | 0.28 | 0.19 | 0.29 |
| 8 | सागवाड़ा | 0.42 | 0.42 | 0.44 | 0.65 | 0.46 |
| 9 | जोगपुर | 0.28 | 0.29 | 0.33 | 0.39 | 0.30 |
| 10 | चितरी | 0.44 | 0.43 | 0.46 | 0.55 | 0.45 |
| 11 | ठाकरड़ा | 0.12 | 0.15 | 0.35 | 0.36 | 0.21 |
| 12 | सरोदा | 0.04 | 0.05 | 0.11 | 0.10 | 0.05 |
| 13 | पाड़वा | 0.01 | 0.00 | 0.06 | 0.06 | 0.00 |
| 14 | आसपुर | 0.59 | 0.62 | 0.93 | 0.99 | 0.78 |
| 15 | गणेशपुर | 0.21 | 0.29 | 0.67 | 0.96 | 0.47 |
| 16 | साबला | 0.54 | 0.46 | 0.67 | 0.97 | 0.62 |
| 17 | धम्बोला | 0.15 | 0.47 | 0.81 | 0.98 | 0.54 |
| 18 | पीठ | 0.24 | 0.25 | 0.54 | 0.89 | 0.42 |
| 19 | झोंतरी | 0.14 | 0.15 | 0.71 | 0.98 | 0.42 |
| 20 | कुआँ | 0.04 | 0.13 | 0.25 | 0.32 | 0.15 |
| 21 | चिखली | 0.00 | 0.00 | 0.31 | 0.32 | 0.11 |
| | **माध्य** | 0.27 | 0.30 | 0.42 | 0.52 | 0.35 |
| | **प्रमाप विचलन** | 0.23 | 0.23 | 0.28 | 0.38 | 0.25 |
| | **विचरण गुणांक** | 85.60 | 76.25 | 67.47 | 72.61 | 71.91 |

***स्रोत :** जनगणना के आँकड़ों की गणना*

संयुक्त सूचकांक मूल्य के आधार पर विश्लेषण से पता चलता है कि डूँगरपुर भू-अभिलेख निरीक्षक वृत्त प्रथम स्थान पर एवं द्वितीय स्थान पर आसपुर भू-अभिलेख निरीक्षक वृत्त तथा तृतीय स्थान पर साबला भू-अभिलेख निरीक्षक वृत्त था। अन्तिम तीन स्थान पर पाडवा भू-अभिलेख निरीक्षक वृत्त द्वितीय स्थान पर सरोदा भू-अभिलेख निरीक्षक वृत्त और तृतीय स्थान पर गैंजी भू-अभिलेख निरीक्षक वृत्त था। इस प्रकार अध्ययन क्षेत्र में भू-अभिलेख निरीक्षक वृत्त स्तर पर आधारभूत सुविधा सूचकारंक में काफी अन्तर देखने को मिला है।

**आधारभूत संरचना विकास स्तर सूचकांक –** अध्ययन क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं को विभिन्न भू-अभिलेख निरीक्षक यदि समस्त स्थान को विभिन्न विकास के स्तरों में देखा जाये कि कितने भू-अभिलेख निरीक्षक वृत्त अति उच्च या उच्च या मध्यम या न्युन या अति न्युन श्रेणी में आती है। क्योंकि आधारभूत सुविधाओं के आधार पर सभी भू-अभिलेख निरीक्षक वृत्त में सुविधाओं के सूचकांक मूल्य एवं उनके अलग-अलग प्रतिशत दर्शाये है।

**डूँगरपुर जिला : आधारभूत सुविधा स्तर सूचकांक 1981-2011**

| क्र. | स्तर | सूचकांक मूल्य | भू-अभिलेख निरीक्षक वृत्त की संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अति उच्च | 0.80 - 1.00 | 1 | 4.78 |
| 2. | उच्च | 0.60 - 0.80 | 2 | 9.54 |
| 3. | मध्यम | 0.40 - 0.60 | 7 | 33.34 |
| 4. | न्यून | 0.20 - 0.40 | 4 | 19.40 |
| 5. | अति न्यून | 0.00 - 0.20 | 7 | 33.34 |
| | **कुल** | | **21** | **100.00** |

*स्रोत : जनगणना के आँकड़ों की गणना*

अति न्यूनतम स्तर (0.00 से 0.20) के अन्तर्गत 7 भू-अभिलेख निरीक्षक वृत्त क्रमशः पाडवा, सरोदा, गैंजी, देवलखास, चिखली, आंतरी और कुआँ पाये गये। यह स्तर अति न्यूनतम रहने का मुख्य कारण यहाँ पर जनजाति जनसंख्या का बाहुल्य पाया जाना है इस कारण यहाँ के निवासी दूर-दराज क्षेत्रों तथा प्रकीर्णन बसाव में रहने के कारण यहाँ पर आधारभूत सुविधाओं के विकास प्रभावी रूप से संभव नहीं हुआ है। मध्यम स्तर (0.40 से 0.60) श्रेणी के अन्तर्गत सर्वाधिक भू-अभिलेख निरीक्षक वृत्त पाये गये जिनका प्रतिशत 33.34 रहा। जबकि भू-अभिलेख निरीक्षक वृत्त न्यून स्तर (19.40 प्रतिशत) में भी 4 भू-अभिलेख निरीक्षक वृत्त आते है इसमें क्रमशः ठाकरडा, बिच्छीवाड़ा, जोगपुर एवं थाना है। उच्च स्तर (0.60 से 0.80) के अन्तर्गत मात्र 2 (9.54 प्रतिशत) भू-अभिलेख निरीक्षक वृत्त साबला एवं आसपुर सम्मिलित है एवं अति उच्च स्तर के अन्तर्गत एक मात्र 1 भू-अभिलेख निरीक्षक वृत्त डूँगरपुर पाया गया। अति उच्च स्तर में डूँगरपुर भू-अभिलेख निरीक्षक वृत्त में सर्वाधिक आधारभूत सुविधाओं के विकास के कारण नगरीयकरण, जिला मुख्यालय, यातायात, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि प्रमुख सुविधाएँ उपलब्ध है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. Chakrabarti, Kalyan, 2002; ***"Tribal Development and Ecological Scenario",*** A Journal of the Stricture of Social Research and Applied Anthropology, p. 121.
2. Sharma, S.K. and Vishuabarma, D.D., 1996; ***"Evolution of Knowledge and Use of High Yielding***

***Varieties of Seed by the Tribal of the Betul – Chindwara Plateau M.P.”,*** The Geographer, Vol. 45, No. 1, p. 44-54.
3. Dube, S.C., Nov. 1976; ***"Nehru and Tribal India”,*** Secular Democracy, 9 (21-22), p. 183-184.
4. District Handbook Census, District Dungarpur 1981, 1991, 2001, 2011.
5. www.censusindia.gov.in
6. www.censusrajasthan.gov.in
7. www.dungarpur.nic.in




स्रोत : जनगणना के आंकड़ों के गणना आधार पर




स्रोत : जनगणना के आंकड़ों के गणना आधार पर

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# A Study of Parent's Attitude on Inclusive Education for Their Children with Mental Retardation

**Dr. Kuldeep Singh Tomar* Namami Sharma****

***Principal, Tridev College of Education, Muzaffarnagar (U.P.) INDIA**
**** Assistant Professor, Ginni Devi Modi Institute of Education, Modinagar GZB (U.P.) INDIA**

**Introduction -** Education socializes a child in the school. A child comes into contact with other children and interacts with their ideas, ideals, cultural values and patterns of behavior and it is the bounden duty of society to organize proper education for its individuals to grow and develop more and more. Education plays a vital role in building of society. Modern society cannot achieve its aim of economic growth and higher cultural standards without making the most of the talent of their citizens. So education must be spread among all citizens regardless of gender, race, colour and individual differences. Almost in every country some children and adults are being excluded from formal education altogether, some of those who go to school do not complete. They are gradually and deliberately pushed out of the school system because schools are not sensitive to their learning styles and backgrounds. There are inter individual differences and intra individual differences. In other words some students are so different from other regarding education and special education is required to meet their educational needs.

To a parent, every child is special in his or her own way. But some children have special needs that challenge parents to find ways to best prepare their children for the future. Every parent wants his or her child to be physically or developmentally perfect. Parenting techniques can affect a child's behaviors.

In the next phase, an attempt was made for their education. But disabled children were considered distinct from their peers. They were considered to be incapable of receiving education in general schools. Thus, for the first time special schools and institutions established in different countries for the education and training of such children. They were educated in special schools. However, in recent years the rational for having two parallel national systems of education has been questioned and the foundations of special education have begun to crumble.

In the second half of the twentieth century, new thinking and new realization have opened new directions for education of disabled children. It is now realized that a disabled child is not a different kind of person. He is a child with special needs. Like all other members of the society, the disabled must have the same right to education, work and full participation in the society. It is also recognized that the disabled, particularly those with mild or moderate degree of disability can be educated along with their non-disabled peers in general schools with provision for extra- help.

**Need And Significance Of The Study:** Education is the primary tool for treating as well as developing the mental retarded children as an independent citizens. Therefore appropriate efforts should also be made for the desired proper education of these children. Children with mental retardation, as far as possible should get their education in the inclusive setup with their non-disabled peers. It provides them enough opportunities to learn desirable communication skills, seek social and emotional integration and adapt to their social and cultural environment.

Parents are the real well-wishers of their children. They can help in so many ways in the welfare, care as well treatment of the mental retardates. Parental role is important in making the inclusion a success. It is essential to know their attitude about inclusive education. The concept of inclusive education is very recent and has not been established properly. Teacher and parents are not aware of the philosophy behind it. Parental role is important in making the inclusion a success. It is quite necessary to study their attitudes about inclusive education.

**Statement Of The Problem: "A Study Of Parent's Attitude On Inclusive Education For Their Children With Mental Retardation."**

**Objectives Of The Study:** To study the attitude of parents on inclusive education across different educational level.

1. To study the attitude of mothers on inclusive education with that of the fathers.
2. To study parent's attitude on inclusive education across different age level.
3. To study parent's attitude on inclusive education across different income level.
4. To study parent's attitude on inclusive education across different educational levels.

**Hypotheses:** In order to realize the objective of the study the following hypotheses are formulated for testing:

1. There is no significant difference between the attitudes

of mothers on inclusive education with that of the fathers.

2. There is no significant difference between parent's attitude on inclusive education across different age levels.
3. There is no significant difference between parent's attitude on inclusive education across different income levels.
4. There is no significant difference between the attitudes of parents on inclusive education across different educational levels.

**Design Of The Study:** This study was designed to analyze the attitudes of parent's on inclusive education for their children with mental retardation. To fulfill the above purpose and collect the information about parent's attitude on inclusive education a questionnaire as measuring tool was prepared and applied on the sample. ANOVA and t-test were carried out to find out the effect of age, income, educational level and level of retardation of their children on parent's attitude towards inclusive education.

**Selection Of Sample :** The sample consisted of two hundred parents who have children with mental retardation, attending special school. Basically one hundred parents including fifty mothers and fifty fathers from fifty families were taken whose children are attending special School named Disha School of Special Education School for mentally challenged children. Only those parents were selected who have children with mental retardation.

**Tools And Technique Used:** To undertake the study, a researcher may use variety of devices, keeping in view the need of the study. Therefore selection of appropriate tools is of vital importance for collection of data. Survey method is used for collection of demographic information and the parent's attitude on inclusive education.

1. A format was prepared to collect demographic data of subjects like educational qualification, age, income, the retardation of the child etc.
2. A questionnaire was developed to collect the parents attitude on inclusive education for their mentally retarded children. The questionnaire consisted of thirty questions.

**Construction Of The Criterion Test:** Planning of the test: Construction of a good test is time consuming and requires skill and analytical insight. In this research the criterion test covers two choice closed ended questions regarding inclusive education for mentally challenged children. Thorndike and Hegel have demonstrated that multiple type questions are effectively used for measuring information to achieve the objectives of the study. To construct the tool in the form of questionnaire the advice of the parent of mentally challenged children was taken.

**Preparation Of The Test Items:** The questions were constructed with two choices for each item. The preliminary draft of questionnaire consisted 50 items regarding parental attitude and expectations to inclusive education for their mentally challenged children. The each item was marked as 1 mark of each question.

**Tryout And Scoring The Test:** The first draft of criterion test was administered on fifty parents of mild and moderate children "Disha School of Special Education" Special School for Mentally Challenged Children, The photocopies of the first draft of criterion test were administered on the try out sample, before administering the test of fifty parents of mild and moderate mentally challenged children general instruction about taking the test were explained. The researcher expressed a friendly attitude towards the above parents in order to establish a report with them. The questionnaire was given to them and they were instructed to complete it within one hour. Parents on criterion test responses were scored with the help of counting their respective questionnaire.

**Results Of The Study:** The data collected from the one hundred parents (fifty mothers and fifty fathers) was analyzed and tabulated in this chapter. The questionnaire consists of thirty items on inclusive education; the responses of the hundred parents were collected. A score of '1' for each 'yes' response and '0' for each 'no' response was awarded. To see the effect of parental gender, age, income, education of their children, on their attitude towards inclusive education ANOVA and t-test were carried out. Results are presented in tabular form in tables 1 to 7 with the following table title.

1. Demographic information about parents.
2. Scale mean score of parental Attitude on inclusive education.
3. Comparison of scale mean score on inclusive education with reference to gender.
4. Comparison of scale mean score with reference to educational qualification of parents.
5. Scale mean score with reference to age level of parents.
6. ANOVA table, comparison of scale means score with reference to age level of parents.
7. Scale mean score with reference to income of parents.
8. ANOVA table, comparison of scale mean score with reference of income of parents.
9. Item wise percentage of parental responses.

**Table No. 1: Demographic information about parents (N=100)**

| Variable | Category | 'n' | % |
|---|---|---|---|
| Parents | Mothers | 50 | 50.0 |
| | Fathers | 50 | 50.0 |
| Age in Year | 20 to 30 years | 12 | 12.0 |
| | 31 to 45 years | 68 | 68.0 |
| | Above 45 years | 20 | 20.0 |
| Income Level | Up to 2000/- P.M. | 44 | 44.0 |
| | 2001 to 5000/-P.M. | 32 | 32.0 |
| | Above 5000/- P.M. | 24 | 24.0 |
| Educational Status | Below Graduate | 76 | 76.0 |
| | Graduate above | 24 | 24.0 |

From the above table we can infer that 12% of the parents belong to the age group of 20 to 30 years, 68% of parents belong to age group of 31 to 45 years and 20% of parents belong to above the age group 45 years. So far as monthly income is concerned 44% of parent belong to the income group of up to 2000/- per month, 32% of parents belong to the income group of 2001/- to 5000/- per month and 24% of parents belong to above 5000/- per month income group. Out of hundred parents 76% of parents have educational qualification of below graduation and 24% of parents have educational qualification of graduation or above.

**Table No. 2: Scale mean score of parental Attitude on inclusive education.**

| N | Mean | S.D. | Minimum | Maximum |
|---|---|---|---|---|
| 100 | 26.86 | 3.58 | 14 | 30 |

**Table No. 3. : Comparison of scale means score of inclusive education with reference to gender of parents.**

| Parents | N | Mean | S.D. | Mean Diff. | df | Sig. | t-Value |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **Mother** | 50 | 27.20 | 2.19 | .68 | 98 | P>0.05, Not Significant | .94 |
| **Father** | 50 | 26.52 | 4.17 | | | | |

As seen in the above table, not much difference is found with regarding to the parental Attitude towards inclusive education. So far as gender is concerned, the t-value is 0.94 is not significant at .05 level. This implies that there is no gender affect on the parental attitude about inclusive education.

**Table No. 4. : Comparison of scale means score with reference to educational level of parents.**

| Education Status | N | Mean | S.D. | Mean Diff. | t-Value |
|---|---|---|---|---|---|
| Below Graduate | 76 | 26.95 | 3.08 | 0.36 | t=0.33, df=98 (P>0.05, Not Significant) |
| Graduate or Above Graduate | 24 | 26.58 | 4.99 | | |

As seen in the above table the attitude on inclusive education of parents having educational qualification below graduate level and graduate or above graduate level are 26.95 & 26.58 respectively t-value was found to be 0.33 which is not significant at 0.05 levels. From this result it is evident that level of education (below graduate and graduate or above graduate) has no impact on parental Attitude towards inclusive education. Most of the parents preferred inclusive education.

**Table No. 5. : Scale mean score with reference to age of parents**

| Age Range | N | Mean | S.D. |
|---|---|---|---|
| 20 Years to 30 Years | 12 | 25.00 | 5.29 |
| 31 Years to 45 Years | 68 | 26.65 | 3.51 |
| Above 45 Years | 20 | 28.70 | 1.63 |
| **Total** | **100** | **26.86** | **3.58** |

**Table No. 5(A): Comparison of scale means score with reference to age of parents**

| | df | Sum of Squares | Mean Square | F-value | Sig. |
|---|---|---|---|---|---|
| Between Group | 2 | 56.15 | 28.07 | 2.30 | P>0.050, Not Signi-ficant |
| Within Group | 97 | 571.86 | 12.16 | – | |
| **Total** | **99** | **628.020** | | | |

The above table shows the Mean score of parental attitude towards inclusive education. Less than three parental ages group is twenty to thirty years, thirty one to forty five years and above forty-five years. The mea score for the three above age groups are 25.00, 26.65 and 28.70 respectively F-value is found to be 2.30, which is not significant at 0.05 level. From this result, it is evident that age level has no impact on parental attitude towards inclusive education. Most of the parents preferred inclusive education.

**Table No. 6. : Scale mean score with the reference of income of parents**

| Income Level | N | Mean | SD |
|---|---|---|---|
| Up to 2000/- P.M. | 44 | 26.82 | 3.15 |
| 2001 to 5000/-P.M. | 32 | 27.19 | 3.12 |
| Above 5000/- P.M. | 24 | 26.50 | 4.94 |
| **Total** | **100** | **26.86** | **3.58** |

**Table No. 6(A) : Comparison of scale means score with the reference of income of parents**

| | df | Sum of Squares | df | Mean Square | F-value | Sig. |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Between Group | 2 | 3.31 | 2 | 1.65 | .12 | P>0.050, Not Signi-ficant |
| Within Group | 97 | 624.70 | 97 | 13.292 | | |
| **Total** | **99** | **628.02** | **99** | | | |

The above table shows the mean score of parental attitude towards inclusive education. Among three parental income groups, upto Rs.2000/- Rs. 2001/- to Rs. 5000/- and above Rs. 5000/- per month. The mean score for the above three income groups are 26.82, 27.19 & 26.50 respectively F-value is found to be 0.12 which is not significant at 0.05 level. From this result it is evident that income level has no impact on parental attitude towards inclusive education. Most of the parents preferred inclusive education.

**Interpretation Of Results:** Parental attitude on inclusive education were analyzed in the present study. Survey method is used for this purpose. Demographic information of parents was collected using a format & parental attitude were collected by the use of a questionnaire. The attitude of mothers and fathers towards inclusive education were compared. Parental attitude towards inclusive education were also compared with respect to parental age, educational qualification, income, and mental retardation of their children.

It was observed from the results that both the mothers and the fathers had high ratings for inclusive education. There is hardly any difference between the attitude of mothers and fathers so far as inclusive education is concerned. This result is indicating to the fact that gender has no impact on parental attitude towards inclusive

education. Findings indicated that parents had positive attitude on inclusive education and they would prefer the placement of their children in inclusive educational set up. This finding is in concurrence with the earlier findings Tess Bennett, Hwa Lee and Brenda Luke (1988). These researchers interviewed the fathers and mothers of children with disabilities. One of the findings reveals that parents had broad attitude on inclusion as they considered the children as members of larger society.

Result of the present study reveals that parents preferred inclusion setting for the children with disabilities. Irrespective of parental age qualification income and mental retardation of their children. Most of the parents had broad positive attitude on inclusive education. Though many of the earlier studies were revealed about the impact of age, income, educational qualification on parental attitude on inclusion. The findings of such studies reveal positive opinion of parents towards inclusive education. John E., Christina of V. Kraayenoord and Anne J. (2003) investigated of 354 Australian parents of children with having special needs. They found many of these parents were in favour in inclusion. The finding of this study reflected the increases trend towards inclusion in general education to society.

Item wise the questions were analyzed it was observed that 100% parents preferred inclusive education, as it provide better opportunity for mainstreaming, 94% parents accepted inclusive education as it facilitates all round development and 90% parents maintained it would enhance the self esteem of children. These Findings were supported by findings of Tichenor, Mercedes S., Heins, Bette, Piechura C. and Kathy (2000) the findings of their study on parents' perception of a co-taught inclusive classroom suggested that the parents were in favor of inclusive class setting. According to the parents inclusive Setting increases self esteem, social skills and academic achievement.

It was also observed that 100% of the parents supported the statement that their children would get better opportunity to improve language and communication skills by interacting the non-disabled peers in inclusive set up. Many parents agreed to the fact that inclusive set up would foster acceptance and (94% parents) children with disabilities would demonstrating high level of social interacting (98% parents). This was supported by the findings of Laurel M.G. Uuhanev and Spencer J.S. (2000). In several studies.

These researchers analyzed perception and experience of parents of children with and without disabilities concerning inclusive education. Results of these studies reveal that majority of parents of children with disabilities supported inclusion. They believe that it would promote the acceptance of the children and it would help their children develop socially, emotionally and academically.

After analyzing parental attitude on various aspects on inclusive education, it was found that majority of the parents had positive view towards inclusive education. They prefer their children to be placed in inclusive education set up. According to the parental attitude inclusive education setting would help in overall development of their children. As revealed from this study parents were quite optimist about inclusion. These types of parental attitude have a strong bearing for future planning of inclusive education in developing country like India.

**Implication Of The Study:** In the field of education for children with disabilities this study has a specific importance. Every student should be an integral part of the regular classroom in general school. Nobody should be segregated due to his or her disabilities. Inclusive education is the new and recent trend in the education system. For successful educational system the parents' involvement and attitude about any new concept or model is very necessary. Because the parents are the basic and the first teacher of the child and home is the first school. The parental attitude recording in this study will help in the establishment of the inclusive education set up in the society.

**Findings And Suggestions:** Findings indicate very positive attitude of parents towards inclusive education. Most of the parents having children with mental retardation preferred the placement of their children in inclusive effective set-up with belief that inclusive set up would provide better and effective environment for the overall development of their children. Irrespective of the age, educational qualification and income of the parents, both mothers and fathers had a high rating for inclusive education.

**The findings of this study through light on the following facts:**

1. Parents have positive attitude towards inclusive education and they consider inclusive education can help in over all development of their children.
2. Most of the parents believe that inclusive education set up can provide better, effective and maximum opportunity for mainstreaming for children.
3. Parents prefer sending their children to inclusive education set up with optimistic attitude.
4. Parents believe that their children can get greater opportunity to improve language and communication skills by interacting with their non-disabled peers in inclusive education.

The findings of the present study show that inclusive education is the future hope of the parents. They are eagerly waiting for the setting up of inclusive education. But the foundation of inclusive education needs to be laid down necessitates ample researches in the area. The findings of this study give an idea about parental perception and attitude on inclusive education. The total integration of the persons with disabilities is possible through the inclusive education.

**Suggestions For Further Study:** The following are the suggestions for further research, which enable a thorough understanding of the problem and better preparation for establishment o inclusive education in India:-

1. Comparative analysis of parental attitude of children

with mental retardation with that of parents of non disabled children.
2. Comparative analysis of attitude of regular school teacher with that of attitude of special educator.
3. The comparative research study should include different category of disabilities like Visual Impairment, Hearing Impairment, Multiple Disabilities, Autism, and Cerebral Palsy etc.
4. Study on required of infrastructure facilities or inclusive education.

**References:-**

1. Advani, L. and Chadha, A. (2003), You and Your Special Child, New Delhi, UVS Publishers.
2. Dash, N. (2006) Inclusive Education for Children with special Needs, Hard cover, Atlantic.
3. Frederickson N., Dursmuir S., Janllang, Jeremy J.M. (2004) International Journal of Inclusive Education. Vol. No. 1, Jan.- March. P. 35-57.
4. Heward. William L. (2001), Exceptional Children : An introduction to special Education (6th ed.) Upper Saddle River, New Jersey; Merrill.
5. Jha, M.M. (2002) Schools without walls, Inclusive Education for all Oxford Hinemann.
6. John Elkins, Christina. E. Van and Anne Jobling (2003) Parents attitude to inclusion of their children with special needs. At the University of Queensland, Australia.
7. Kaul, L. (2000). Methodology of Education Research (3rd Revised Edition).
8. Laurel M. Garrick and Spencer. J. (2000) Parental perceptions of inclusive educational placement. British Jr. of Educational Psychology, Vol. 34.
9. Mangal, S.K. (2007) Educating Exceptional Children, An Introduction to special education. Prentice Hall of India n New Delhi P 42-448, 144-46.
10. Meenakshi (2010) Parent's Attitude on Inclusion for Their Children with Mental Retardation of Hisar District. M.A. Dissertation, Ch. Devi Lal University, Sirsa.
11. Norha Frederickson, Sandra, Janlandg and Jeremy J. Monsen (2004) Partnership in inclusion of pupil, parents and teacher's perspectives. California Journal of Education Research.

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# भील जनजाति और स्वतंत्रता संघर्ष

**कमलेश कुमार नाथ***

* एम.ए., नेट (जेआरफ) (इतिहास) हरणी महादेव रोड नया समेलिया, भीलवाड़ा (राज.) भारत

**प्रस्तावना –** भील राजपूताना की एक प्राचीन जनजाति हैं। राजस्थान में मीणा जनजाति के बाद जनसंख्या में भीलों का स्थान है। भीलों के बारे में मान्यता है कि आर्यों ने जब यहां के मूल निवासियों पर आक्रमण किया तब जिन लोगों ने आर्यों की अधीनता स्वीकार की वो दस्यु या शुद्र कहलाए तथा जो लोग आर्यों के सामने टिक नहीं पाए और जंगलों में चले गए वे आदिवासी कहलाए। भील जनजाति भी उन्ही में से एक थी । कर्नल जेम्स टॉड भीलों को वनपुत्र कहते हैं। भीलों का लिखित रूप में सर्वप्रथम उल्लेख महाकाव्यों में मिलता है। मसलन रामायण में राम ने शबरी के जूठे बेर खाए थे। शबरी को भील जनजाति का माना गया हैं। इसी प्रकार महाभारत में एकलव्य का उल्लेख मिलता है,जिसे निम्न जाति का होने के कारण द्रोणाचार्य ने धनुर्विद्या सिखाने से मना कर दिया था। भील जनजाति भारत में गुजरात, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान इत्यादि राज्यों में पाई जाती हैं। राजस्थान में मुख्य रूप से यह जनजाति उदयपुर,डूंगरपुर, बांसवाड़ा, सिरोही, भीलवाड़ा तथा चित्तौड़गढ़ में पाई जाती है। स्वभाव से भील स्वतंत्र प्रकृति के होते है।अपने स्वामी के प्रति वफादारी इनका मुख्य गुण है। ये अपनी परंपराओं में किसी भी बाहरी शक्ति का हस्तक्षेप स्वीकार नहीं करते ।

राजस्थान में भीलों का मेवाड़ राजघराने से विशेष संबंध रहा है। जब – जब भी मेवाड़ पर संकट आया, भीलों ने मेवाड़ राजघराने की मदद की । भीलों ने राणा मोकल, राणा कुम्भा, राणा सांगा व राणा प्रताप इत्यादि शासकों की सहायता की थी। महाराणा प्रताप के समय में मुगलों से स्वतंत्रता संघर्ष में भीलों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। हल्दी घाटी में मेरपुर का भील राणा पूंजा अपने विश्वस्त धनुर्धारी भीलों के साथ सम्मिलित हुआ था। प्रताप ने अपनी सेना के पृष्ठ भाग का दायित्व राणा पूंजा के नेतृत्व में भीलों को सौंपा था । प्रताप की सेना में भीलों की नियुक्ति का असर शाही सेना पर भी पड़ा जिसके कारण मुगल सेना आगे की ओर नहीं बढ़ सकी। उसे डर था कि कहीं भील घात लगाकर हमला न कर दें।[1] भीलों की सेना के कारण ही मानसिंह, राणा प्रताप को पकड़ने में असफल रहा था। मुगलों के मन में भील धनुर्धारियों का भय बैठ गया था। जब तक राणा प्रताप मुगलों से संघर्ष करते रहे तब तक भीलों ने प्रताप का साथ दिया। भीलों के सहयोग की बदोलत ही प्रताप अपने राज्य का अधिकांश क्षेत्र पुन: विजित कर पाए। प्रताप के बाद के शासकों के साथ भी भीलों ने सोहद्रपूर्ण संबंध बनाए रखे। ओरंगजेब की मृत्यु के बाद मुगल साम्राज्य कमजोर हो गया। केंद्रीय नियंत्रण के अभाव व राज्यों की आंतरिक कलह का लाभ उठाकर मराठों ने राजपूत रियासतों में भयंकर लूटपाट की । यहां के शासकों ने मराठों से निजात पाने के लिए अंग्रेजो से सहायक संधियां की । अंग्रेजो ने देशी राजाओं से संधियां करने के बाद देशी राज्यों के राजस्व में वृद्धि करने के लिए भीलों के अधिकारों का हनन करना शुरू कर दिया।भील एक घुमंतू जनजाति थी । प्रारंभ में ये भोजन की तलाश में इधर–उधर भटकते रहते थे। बाद ने इन्होंने जंगलों को जलाकर खेती करना शुरू कर दिया था। ये अपने क्षेत्र में सुरक्षित यात्रा के बदले यात्रियों से बोलाई नामक कर प्राप्त करते थे तथा गांव की सुरक्षा के बदले रखवाली नामक कर प्राप्त करते थे। अकाल के दिनों में इन्होंने चोरी–डकैती का पेशा भी अपना लिया था।[2] जब इस्ट इंडिया कंपनी ने इनके आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करना शुरू कर दिया तो भीलों ने अंग्रजों के विरुद्ध संघर्ष छेड़ दिया।भील एक शांतिप्रिय जनजाति थी।किंतु ब्रिटिश सरकार द्वारा उनके आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने के कारण उसने हिंसा का मार्ग अपनाना शुरू कर दिया था। अत: ब्रिटिश सरकार ने इन पर नियंत्रण स्थापित करने के लिए 1841में मेवाड़ भील कोर की स्थापना की। ये एक रूढ़िवादी जनजाति थी और किसी भी प्रकार का परिवर्तन स्वीकार करने को तैयार नहीं थी। 1881 में मेवाड़ सरकार ने भीलों में कुछ सामाजिक और प्रशासनिक सुधार लागू करने चाहे। मसलन भीलों की जनगणना करना, भीलों के क्षेत्र में पुलिस चौकी स्थापित करना, शराब पर प्रतिबंध लगाना इत्यादि। भीलों को जब इन सुधारों के बारे में जानकारी मिली तो उन्होंने पुन: विद्रोह कर दिया। अंत में कविराज शयमलदास के प्रयासों से यह विद्रोह शांत हुआ।

भीलों में अनेक सामाजिक कुरुतिया फैली हुई थी। ये विभिन्न प्रकार की रूढ़ियों में विश्वास करते थे। इन रूढ़ियों और धार्मिक अंधविश्वासो के विरुद्ध गोविंद गुरु ने आवाज उठाई। गोविंद गिरी ने बेडसा गांव में धूनी स्थापित की ओर ध्वज लगाकर आध्यात्मिक शिक्षा देना शुरू किया।[3] गोविंद गुरु के खुद के शब्दों में उनकी मुख्य शिक्षाएं इस प्रकार की थी। उस समय में निर्धन विनम्र और जंगली भीलों के मध्य रहता था। जिन्हे सृष्टिकर्ता का कोई ज्ञान नहीं था। जो मेरी झोपडी पर आते थे, उन्हें में सवर्णो की तरह आचरण करने की सलाह देता था, मेने उन्हें सत्य और धर्म का रास्ता दिखाया और उन्हें भगवान की पूजा करने चोरी न करने ,धोखा न देने,दूसरो के साथ शत्रुता न रखने बल्कि समान पिता की संतान मानकर सबका आदर करने और सभी के साथ शांतिपूर्वक रहने,कृषि कार्य करने,वीर वंत रा, भोपा इत्यादि में विश्वास न करने की शिक्षा दी।[3]

गोविंद गुरु के इन विचारों ने सामाजिक जागृति के साथ साथ भीलों में राजनीतिक चेतना भी जागृत कर दी। अब भील अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने लगे और अपने ऊपर किए जा रहे अत्याचारों का विरोध करने लगे डॉ. ब्रज किशोर शर्मा के अनुसार भारी राजस्व वसूली, वेठ बेगार,

अंग्रेजो की वन नीति,ढोषपूर्ण आबकारी नीति के कारण विद्रोह किया था।[4]

गोविंद गुरु के प्रयासों से राजपूताना के दक्षिण भाग के पहाड़ी इलाकों के पूरी तरह संगठित हो गए थे। गोविंद गिरी की लोकप्रियता को देखते हुए डूंगरपुर राज्य के जागीरदारों व अधिकारियों ने गोविंद गिरी को उनका भू भाग छोड़ने पर मजबूर किया। 1908 में गोविंद गिरी बेड़सा गांव छोड़कर सुथ में कार्य करने लगे। 1911में अपने मूल राज्य बेदशा में पुन लोटे और अपनी शिक्षा का प्रचार प्रसार करने लगे। 1913 में डूंगरपुर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। कुछ समय बाद रिहा करके डूंगरपुर छोड़ने का आदेश दे दिया। गोविंद गुरु अपने साथियों सहित भानगढ़ चले गए। गोविंद गुरु ने सभी भीलों को भानगढ़ में इकट्ठा होने का संदेश दिया। 1913 में सभी भानगढ़ पर इकट्ठा हो गए। इन इकट्ठा हुए भीलों पर अंग्रेजो ने बिना किसी चेतावनी के अंधाधुंध गोलियां चला दी जिसमे हजारों की संख्या में भील मारे गए। इसके बाद गोविंद गुरु को गिरफ्तार करके कैद खाने में डाल दिया गया इस तरह गोविंद गुरु के आंदोलन का अंत हो गया।

ब्रिटिश सरकार द्वारा गोविंद गिरी के आंदोलन को कुचलने के बाद कुछ समय के लिए भील शांत हो गए और अंग्रेजो द्वारा उनको रियायते भी दी गई। किंतु कुछ समय बाद पुन: भीलों पर अत्याचार शुरू हो गए। गोविंद गिरी का आंदोलन डूंगरपुर बांसवाड़ा सूथ ईडर तक सीमित था। उदयपुर वह सिरोही इस से अछूत रहे थे दूसरी ओर अंग्रेजो द्वारा किए गए सुधारों से भी भील संतुष्ट नही थे। मई 1917 में पहाड़ा के भीलों ने बेगार ,अधिक राजस्व वसूली व अवैध लाग बागो को समाप्त करने की मांग की। नवंबर 1918में भीलों की कुछ मांग स्वीकार कर ली गई किंतु उनसे भील संतुष्ट नहीं हुए। पहाड़ा के भीलों ने भू राजस्व व अवैध लाग बाग के भुगतान को रोक दिया और बेगार करने से इंकार कर दिया। 1921तक झाड़ोल, कोल्यारी, मादरी, मांगरा ओर मेवाड़ के भी राज्य व जागीरदारों की सत्ता को खुली चुनौती दे दी।[5]

1921 में मोतीलाल तेजावत भीलों के मसीहा के रूप में उभरकर सामने आए। इन्होंने भीलों की दुर्दशा को देखा और भीलों में चेतना जगाने का निर्णय लिया। 1921में मातृकुडिया में सभी किसानों की एक बैठक हुई इस बैठक में किसानों ने लगान न देने की कसम खाई और कहा जो किसान तथा पटेल लगान भरेगा उसे एकलिंग जी पूर्जेगे। मेवाड़ के अधिकारियों को इस बात का पता चला ,वे उन्हें डराने धमकाने लगे कहने लगे राज है,मालिक है, मार देवे रोवा नही देवे, भीलों पर अधिकारियों की इन धमकियों का भी कोई असर नहीं पड़ा। सभी किसानों ने अपनी शिकायतों को लेकर एक मेवाड़ की पुकार नामक शीर्षक से किताब तैयार की। जिसमे 21मांगे थी। यह पुस्तक तत्कालीन महाराणा फतेह सिंह के पास पहुंचा दी गई जिसमे से 18 मांगे तो स्वीकार कर ली गई किंतु जंगल से लकड़ी व चारा काटने और सुअर को मारने कि मांग मेवाड़ के पंचों पर छोड़ दी। महाराणा के इस निर्णय से किसान तो खुश हो गए किंतु भील नहीं हुए अत उन्होंने आंदोलन जारी रखा। मोतीलाल तेजावत ने भीलों में चेतना पैदा की ओर कहा भूमि के असली मालिक वो हैं। मोतीलाल द्वारा की जा रही गतिविधियों से चिंतित होकर झाड़ोल के ठाकुर ने उसे गिरफ्तार कर लिया था किंतु भीलों की भारी भीड़ को देखकर उसे पुन छोड़ना पड़ा। इसके बाद यह आंदोलन और तेजी से चला। यह आंदोलन केवल उदयपुर तक सीमित नहीं रहा इन्होंने इसका प्रचार प्रसार सिरोही में भी किया। इस समय सिरोही के दीवान मदन मोहन मालवीय के पुत्र थे रमाकांत मालवीय थे। इन्होंने आदिवासी आंदोलन को नियंत्रित करने का प्रयास किया था। गांधी जी से रमाकांत ने सहायता लेने का प्रयास किया। गांधी जी ने मणि लाल कोठारी को सिरोही भेजा था मोतीलाल तेजावत की गतिविधियों की जांच के लिए। मणि लाल ने अपनी रिपोर्ट में मोतीलाल के सामाजिक सुधारो के बारे में जिक्र किया था। इस से पूर्व मोतीलाल ने भील आंदोलन को गांधी जी से जोड़ा था। गांधी जी ने अपने समाचार पत्र में लेख लिखकर इसका। खंडन किया था और कहा था की मेरा कोई शिष्य नहीं है मेरा कांग्रेस और खिलाफत कमेटी का अलावा किसी से कोई संबंध नही है।

भीलों के आंदोलन को देखते हुए ब्रिटिश अधिकारियों ने भीलों के बीच समझौते के प्रयत्न चल रहे थे।[6] विजय नगर रियासत के पाल छितरिया गांव में इन रियासतो के सरकारी प्रतिनिधियो ओर आदिवासी जनता के मध्य 7 मार्च 1922 को लगान बेगार पर बातचीत चल रही थी। यहां पर उपस्थित भील कोर रेजीमेंट ने बिना किसी कारण भीलों पर गोलियां चला दी जिसमे 1200 भील मारे गए। इसमें खुद मोतीलाल घायल हो गए थे। इस घटना के कुछ समय बाद अंग्रेजों ने सिरोही में रक्तपात किया और मई 1922 को रियासत की सैनिक टुकड़ी ने सिरोही की रोहेंढा तहसील को घेरकर अधाधुंध गोलियां चला दी। इसमें आदिवासियों को जन व धन कि भारी हानि हुई। राजस्थान सेवा संघ ने इसकी जांच करवाई और इस मामले को ब्रिटिश संसद में भी उठाया। 1922 से 1929 तक मोतीलाल भूमिगत रहे। 1929 में उनकी गिरफ्तारी के साथ ही यह आंदोलन समाप्त हो गया।

इस प्रकार कहा जा सकता है कि भील जनजाति ने प्रारंभ में निजी हितों को आधार बनाकर विद्रोह किया था किंतु समय के साथ इस विद्रोह ने राजनीतिक रूप धारण कर लिया। भील आंदोलन के नेताओ ने भीलों को आपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया। स्वाभिमान, आत्म चेतना, नैतिकता, इत्यादि इस आंदोलन के मूल तत्व थे।ईसाई, मिशनरियों के प्रचार, अंग्रेजो की वन नीति विभिन्न प्रकार की लाग बाग आदि से तंग होकर भील विद्रोही हो गए थे। गोरतलब है कि भील जनजाति के लोगो ने पहले अपने जीवन में बदलाव किया और देवत्त्व का सहारा लिया ताकि इनकी क्रांतिकारी गतिविधियों को नैतिक समर्थन मिल सके।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**


1. देव कोठारी, ललित पांडेय ,स्वतंत्रता आंदोलन में मेवाड़ का योगदान, साहित्य संस्थान विद्यापीठ, उदयपुर 1991 पृ.सं.70
2. शर्मा व्यास,राजस्थान के इतिहास का सर्वेक्षण 2016 पंचशील प्रकाशन, जयपुर, पृ. सं. 523
3. ब्रज किशोर शर्मा,राजस्थान में किसान और आदिवासी आंदोलन, हिन्दी ग्रंथ अकादमी, जयपुर पृ.सं. 79
4. पूर्व उद्धृत वही पृ. सं. 82
5. पूर्व उद्धृत वही पृ. सं. 105
6. पूर्व उद्धृत वही पृ. सं. 78
7. प्रेम सिंह काकरिया, भील क्रांति का प्रणेता मोतीलाल तेजावत, राजस्थान साहित्य अकादमी, उदयपुर, पृ सं.50


*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# भारतीय समाज और बैल

**चंद्राक साहू***

* एम.ए., नेट (इतिहास) जी, 465-66 आजाद नगर, भीलवाड़ा (राज.) भारत

**प्रस्तावना –** आदिमकाल से पशुओं का हमारे समाज में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। मनुष्य प्रारंभ में अपने जीवन का निर्वाह प्राकृतिक वस्तुओं का संग्रहण करके एवं पशुओं का शिकार करके करता था। भारतीय इतिहास के संदर्भ में सर्वप्रथम पशुपालन के साक्ष्य मध्य पाषाण काल से मिलते हैं। नव पाषाण काल में मनुष्य नदियों के किनारे बसने लगा और कृषि कार्य करने लगा तथा यायावर जीवन का त्यागकर स्थाई बस्तियों का निर्माण कर रहने लगा। हिंदू धर्म के धार्मिक ग्रन्थों में भी पशुओं का विस्तार से वर्णन मिलता है। पशुओं के बिना देवताओं, असुरों, मानवों और ऋषियो की कल्पना अधूरी है। पुराणों के अनुसार सभी जानवरों के पिता ब्रह्मा के पुत्र कश्यप थे। कश्यप के अनेक पत्नियां थीं जो विभिन्न प्रकार के पशुओं की माताऐ थी। भारतीय संस्कृति में पशुओं को काफी महत्व दिया गया है इनको किसी ने किसी देवता से जोड़ा गया है। मसलन बैल को शिव से, घोड़े को सूर्य से, भैंसे को यमराज से तथा और भी अनेक देवताओं को पशु पक्षियों से जोड़ा गया है। इन पशुओं का ईश्वर के साथ समीकरण करने से समाज में इनको समान की दृष्टि से देखा जाने लगा और उनकी पूजा की जाने लगी।

बैल को शिव का वाहन होने के कारण पवित्र पशु माना जाता है। शिव और पार्वती को संयुक्त रूप से बैल पर बैठे हुए दिखाया गया है। ऋग्वेद में बैल का उल्लेख मिलता है। भारत के साथ साथ विश्व के अन्य देशों में भी बैल की पूजा की जाती थी। मसलन मेसोपोटामिया के निवासी औरोकस के रूप में बैल की पूजा करते थे। बैल बेबोलीन देवता एन सीन और मदुर्क का चिन्ह माना जाता है। प्राचीन मिस्रवासी बैल को एपिश नाम से पूजते थे। इस प्रकार बैल की पूजा न केवल भारत में बल्कि विश्व के अनेक देशों में की जाती थी।

भारतीय इतिहास के संदर्भ में बैल का प्राचीनतम साक्ष्य सिंधु घाटी सभ्यता से मिलता है स सिंधु घाटी सभ्यता की मुहरों पर सर्वाधिक अंकन बैल का मिलता है, कई मुहरों पर एकश्रंग बैल का अंकन मिलता जिसके सामने संभवत धुपदंड रखा है। एकर्शग बैल की मूर्तियां भी बहुत मिली सामान्य बैल का चित्रण एवं उसकी मूर्तियां भी प्रमुखता से मिलती है जिसका कारण संभवत धार्मिक रहा होगा। ऐतिहासिक काल में हम शिव और नंदी का घनिष्ठ संबंध देखते हैं। सिंधु घाटी सभ्यता के लोग विभिन्न प्रकार की धार्मिक मान्यताओं में विश्वास करते थे। ये पशु, वृक्ष, जल, नाग इत्यादि की पूजा करते थे। इसके अलावा उत्खनन में प्राप्त साक्ष्यों से अनुमान लगाया गया है की ये लोग पशु बलि भी देते थे। प्रख्यात इतिहासकार के. सी.श्रीवास्तव के अनुसार लोथल में एक चबूतरे पर ईट की बनी वेदी मिली साथ ही पशुओं की जली हड्डियां भी। इनमे से कुछ हड्डियां बैल की भी थी। संभवत सिंधु घाटी सभ्यता में बैल की बलि भी दी जाती थीं।

सिंधु घाटी सभ्यता एक नगरीय सभ्यता थी। यहां पर व्यापार वाणिज्य काफी उन्नत अवस्था में था। उत्खनन में मिली मुहरों से जानकारी मिलती हैं की सिंधु घाटी सभ्यता के लोगो के विदेशियों से व्यापारिक संबन्ध थे। यहां के लोग देसी और विदेशी दोनों प्रकार के व्यापार करते थे। यहां के लोग स्थल और जल दोनों मार्गो से व्यापार करते थे। स्थल मार्ग के व्यापार में बेलगाड़ियो का प्रयोग किया जाता था। अत: बैल का यातायात के साधन के रूप में भी उपयोग किया जाता था।

सिंधु घाटी सभ्यता अपने व्यापार वाणिज्य के लिए पूरे विश्व में विख्यात थी। किंतु इस सभ्यता की आय का मुख्य स्त्रोत कृषि था। सिंधु घाटी सभ्यता से उत्खनन में बनावली से मिट्टी का हल का प्रतिरूप और कालीबंगा से जूते हुए खेतों के साक्ष्य मिले हैं। अत: इन खेतों की जुताई बेलों से की जाती थी। इस प्रकार सिंधु घाटी सभ्यता में बेलों का प्रयोग विभिन्न प्रकार के कार्यो में किया जाता था।

वैदिक कालीन संस्कृति ग्रामीण संस्कृति थी। वैदिक काल में पशुओं का महत्व और भी अधिक हो गया। वैदिक कालीन समाज में पशु व्यक्ति की समृद्धि का मुख्य आधार माने जाते थे। वैदिक काल में पशुओं के लिए लड़ी गई अनेक लड़ाईयां का उल्लेख मिलता है। उत्तरवेदिक काल में धार्मिक कर्मकांडो में भारी बढ़ोतरी हुई जिसके कारण पशुओं की भारी संख्या में बलि दी जाने लगी। उत्तरवेदिक काल में आर्यो के व्यवसाय में परिवर्तन हुआ अब आर्य एक निश्चित स्थान पर बस्ती बसाकर रहने लगे और कृषि करके अपना जीवन यापन करने लगे। उत्तरवेदिक कालीन ग्रन्थ शतपथ ब्राह्मण में कृषि की चारों क्रियाओ के बारे में जानकारी मिलती हैं। खेत हल द्धारा जोते जाते थे, काठक संहिता में 24 बैलो द्धारा खींचे जाने वाले हल का उल्लेख मिलता है। इस प्रकार कृषि पर निर्भर समाज होने के कारण समाज में बैल का महत्व और बढ़ गया।

वैदिक काल में आर्यो ने देवताओं का प्रकृतिकरण किया था। वह प्रकृति के रूप में उनकी पूजा करते थे। प्रकृति के अलावा आर्य कभी कभी देवताओं की कल्पना पशु के रूप में भी करते थे। मसलन, इंद्र या घोष को बैल और सूर्य को अश्व के रूप में कल्पित किया गया। इंद्र ऋग्वेद का सबसे प्रमुख देवता था। इंद्र की बैल के रूप में कल्पना करना वैदिक काल में बैल की महत्ता को दर्शाता है।

महाकाव्य काल में भी कृषि पशुपालन और पशुपालन जीवन यापन के मुख्य स्त्रोत थे। भूमि की जुताई बेलों द्धारा की जाती थी। राजा जनक को रामायण में हल चलाते हुए दिखाया गया था। इसी तरह युधिष्ठिर को भी महाभारत में हल चलाते हुए दिखाया गया। अत: ग्रामीण संस्कृति में जीविका

का एकमात्र साधन कृषि था। बेलों के बिना कृषि कार्य आसान नहीं था।

छठी शताब्दी ई. पू.में उत्तरवेदिक कालीन धार्मिक कर्मकांडो और अंधविश्वासों के विरोध में भारत में धार्मिक सुधार आंदोलन हुए इनमे जैन धर्म और बौद्ध धर्म प्रमुख थे। इन्होंने तत्कालीन समाज में यज्ञों में दी जाने वाली पशु बलि का भयंकर विरोध किया और ब्राह्मणों की सत्ता को चुनौती दी। ये वेदों में विश्वास नहीं करते थे। जैन धर्म में 24 तीर्थकर प्रमुख माने जाते हैं। इनमें प्रथम ऋषदेव थे। ऋग्वेद में ऋषदेव का उल्लेख मिलता है। हिंदू देवता शिव के समान ऋषदेव का प्रतीक भी बैल था। दोनों को ही नाथो का नाथ आदिनाथ कहा जाता है। शिव महापुराण में उन्हें 28 योगावतारो में भी गिना जाता है। जिस प्रकार हिंदू धर्म में शिव को एक महत्वपूर्ण देवता माना जाता है उसी प्रकार जैन धर्म में ऋषभदेव का महत्व है। इस प्रकार हिंदू धर्म की तरह जैन धर्म में भी बैल को महत्व दिया गया है। मगध साम्राज्य की स्थापना छठी शताब्दी ई. पू.में हुई थी। कालांतर में मगध एक शक्तिशाली महाजनपद बन गया था। चौथी शताब्दी ई. पू. में चंद्रगुप्त मौर्य ने मगध पर अधिकार कर लिया था। चंद्रगुप्त के बाद मौर्य वंश में अशोक महान सम्राट हुआ। अशोक ने बौद्ध धर्म सरंक्षण दिया था। मोर्यो ने बैल की उपासना की ऐसी कोई जानकारी नहीं मिलती हैं किंतु अशोक ने सात स्तंभों का निर्माण करवाया था। इन स्तंभों पर विभिन्न प्रकार की पशुओं की आकृतियां बनाई गई हैं। स्तंभों में सारनाथ के स्तंभ पर गज, अश्व, बैल, सिंह की आकृतियां का अंकन है। ये चारो पशु किसी ने किसी देवता के वाहन माने जाते हैं। फूसे की मान्यता है कि, ये पशु बुद्ध के जीवन की चार महान घटनाओं का प्रतिनिधित्व करते है। मसलन हाथी गर्भावस्था, बैल जन्म, अश्व गृहत्याग, सिंह बुद्ध का प्रतीक है। अशोक के चंपारण से प्राप्त रामपुरवा के स्तंभ पर बैल का अंकन किया गया है। मौर्य स्तंभ कला का यह सबसे अच्छा उदाहरण माना जाता है। इसका निर्माण बलुआ पत्थर से किया गया था। रामपुरवा बैल अपने कोमल मांस, संवेदनशीलता नासिका, सतर्क कान और मजबूत पैरो के बेहतर प्रतिनिधित्व का प्रर्दशन करते हुए नाजुक रूप से गढ़ी गई माडल के लिए विख्यात है। यह भारतीय और फारसी तत्वों का मिश्रण हैं। जबकि आधार पर आभूषण भारतीय विशेषताए नही है।

मोर्यो के बाद कुषाण वंश ने भारत के एक बड़े क्षेत्र पर शासन किया था। भारत में कुषाण साम्राज्य का वास्तविक संस्थापक विम कडफिस था। विम ने महेश्वर की उपाधि धारण की थी। इस से ज्ञात होता है कि वह शिव का उपासक था। उसने अपने सिक्कों पर शिव, नंदी त्रिशूल की आकृतियां उत्कीर्ण करवाई थी। अत: भारतीयों के समान जिन भी लोगों ने शिव में आस्था व्यक्त की उन सभी लोगों ने शिव के साथ साथ बैल को भी महत्व दिया। गुप्त वंश के शासकों ने वैष्णव धर्म को आश्रय प्रदान किया था।किंतु गुप्तकाल में शैव धर्म भी प्रचलित था। गुप्तकाल में अनेक शिव मंदिरों का निर्माण किया गया था। गुप्तकाल के अनेक ग्रंथो से शिव के बारे में जानकारी मिलती है। मसलन भारवी के किराताजुनिर्य,कालीदास के कुमारसम्भव, वायु पुराण, विष्णु पुराण में शिव का उल्लेख किया गया है। गुप्तकाल में शैव धर्म के प्रभाव के स्कन्दगुप्त ने बैल प्रकार के सिक्के चलवाए थे। निष्कर्षत: यह कहा जा सकता जिन शासकों ने शैव धर्म को महत्व दिया और शिव की उपासना करते थे उन सभी ने शिव के वाहन नंदी को किसी ने किसी रूप में महत्व दिया है।

हर्ष के काल में सभी घरों में शिव की पूजा होती थी। हर्ष भास्कर वर्मा,शंशाक सभी शैव थे। पल्लव वंश के काल में आलवारो ओर नयनारो के नेतृत्व में भक्ति आंदोलन की शुरूवात हुई नायनारो ने शिव को अपना आराध्य देव माना था।

शैव धर्म संबंधित मुख्य 4 संप्रदाय प्रमुख माने जाते हैं- 1 पाशूपत 2 कालामुख 3 कापालिक 4 लिंगायत। लिंगायत संप्रदाय के संस्थापक बसव को माना जाता है ये लिंग तथा नंदी दोनों की पूजा करते थे। बसव को नंदी का अवतार माना गया हैं। संभवत लिंगायतो ने बसव का शिव से संबंध जोड़ने के लिए उसे नंदी का अवतार माना है।

भारतीय संस्कृति में विभिन्न देवी देवताओ के साथ उनके वाहन के रूप में विभिन्न पशुओं का भी उल्लेख किया गया है और इनके साथ ही उनके पशु वाहनों की मूर्तियां भी मिलती हैं। मसलन सिंह, बैल, गरूड़,हंस मूषक की मूर्तियां शिव,पार्वती, गणेश, कार्तिकेय, विष्णु, ब्रह्मा तथा गणेश की मूर्तियां के साथ साथ पाई जाती हैं। बैल हिंदू पौराणिक कथाओं में एक महत्वपूर्ण पशु है जो शिव से जुड़ा हुआ है। शिव को बैल की सवारी करते हुए दिखाया गया हैं जो उनकी शक्ति का प्रतीक है। बैल को पार्वती से भी जोड़ा गया है जिन्हे एक बैल पर खड़े दिखाया गया हैं। भारत में जहा जहा शिव मंदिरों का निर्माण किया गया वहा पर शिव के साथ नंदी की मूर्ति भी स्थापित की गई। हिंदू कला और वास्तुकला में बैल को उर्वरता के प्रतीक के रूप में चित्रित किया गया है।भारत में सबसे विशाल नंदी की मूर्ति लेपाक्षी मंदिर में मिलती हैं। यह मंदिर आंध्र प्रदेश के अन्तपुर जिले में लेपाक्षी गांव में है। इसके बारे में मान्यता है कि इस मंदिर के एक शिव लिंग का निर्माण ऋषि अगस्तय ने करवाया था। रामायण काल में श्री राम ने जटायू का अंतिम संस्कार के बाद दूसरा शिव लिंग यह स्थापित किया। इस मंदिर के सामने एक विशाल नंदी की मूर्ति चटान को कटकर बनाई गई थी।

जुराहो के विश्वनाथ मंदिर में मूर्तिकला के उत्कृष्ठ उदाहरण देखने को मिलते है। मंदिर के बाहर था अंदर बहुसंख्यक मूर्तियां हैं। मंदिर के मुख्य द्वार के सामने एक छोटा मंदिर है जिसमे विशाल नंदी की मूर्ति स्थापित की गई है। इसी तरह पल्लव काल में बने रथ मंदिरों के सामने भी नंदी महाराज की मूर्तियां स्थापित की गई है। इस तरह भारत में जितने भी शिव मंदिर बनाएं गए उनमें नंदी की प्रतिमा भी स्थापित की गई है। भारत में जहां जहा शिव की पूजा की जाती वहा नंदी को भी पूजा जाता है। बैल नवरात्रि से त्योहार से भी जुड़ा हुआ,जिसके दौरान शिव और दुर्गा के भक्त बैल से संबंधित अनुष्ठान करते थे।

भारत में बेलों से संबंधित अनेक त्योहार मनाए जाते हैं। राजस्थान, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ इत्यादि राज्यों में बेलों से संबंधित अनेक त्योहार मनाएं जाते है। महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ इत्यादि में बेलपोला का त्योहार मनाया जाता है। इसे मोठा पोला और तन्हा पोला के नाम से भी जाना जाता है। यह पर्व हर साल भाद्रपद की अमावस्या को मनाया जाता है। पौराणिक कथाओं के अनुसार जब विष्णु ने जन्म अष्टमी के दिन कृष्ण के रूप में जन्म लिया था तब राजा कंस ने कान्हा को मारने के लिए अनेक राक्षसो को भेजा था। इन राक्षसो में एक पोलासुर था। कृष्ण ने पोलाशुर का वध कर दिया था।भाद्रपद अमावस्या को इसका वध करने के कारण इस दिन को पोला कहा जाने लगा।

जल्लीकट्टू तमिल नाडु के ग्रामीण इलाकों का एक परंपरागत खेल है जो पोंगल त्यौहार पर आयोजित कराया जाता है और जिसमे बैलों से इंसानों की लड़ाई कराई जाती है। जल्लीकट्टू को तमिलनाडु के गौरव तथा संस्कृति का प्रतीक कहा जाता है। ये 2000 साल पुराना खेल है जो उनकी संस्कृति

से जुड़ा है।

जल्लीकट्टू के बारे में कहा जाता है की प्राचीन काल में महिलाएं अपने पति का चुनाव करने के लिए इस खेल का आयोजन करती थी। यह खेल योद्धाओ के बीच काफी लोकप्रिय था। जो बेलों को काबू में कर लेता महिलाएं उनको अपना पति चुन लेती थी।

राजस्थान में दीपावली के अगले दिन गोवर्धन पूजा की जाती है। गोवर्धन पूजा के दिन बेलों की पूजा की जाती है।ग्रामीण क्षेत्रों अनकूट महोत्सव मनाया जाता है।इस दिन नए अनाज की शुरूवात ईश्वर को भोग लगाकर की जाती है।

इस प्रकार भारतीय संस्कृति में बेलों को महत्व दिया गया और उन्हें समान की दृष्टि से देखा गया और शिव के साथ साथ समाज में बैल को भी पूजा जाता है। इस प्रकार पशु हमारे जीवन के महत्वपूर्ण अंग बन गए हैं।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. पट्टनायक, देवदत्त: पशु. दिल्ली: राजपाल एंड संस(2015)
2. श्रीवास्तव, कृष्ण चंद्र: प्राचीन भारत का इतिहास एवं संस्कृति, इलाहाबाद: यूनाइटेड बुक डिपो(2018)
3. शर्मा, कृष्णगोपाल , जैन, हुकम चंद , शर्मा, मुरारीलाल: भारत का इतिहास, जयपुर: अजमेरा बुक कंपनी(2016)
4. थापर, रोमिला: भारत का इतिहास, नई दिल्ली: राजकमल प्रकाशन (2018)
5. शर्मा, कालुराम – व्यास, प्रकाश: भारतीय संस्कृति के मूल आधार, जयपुर: पंचशील प्रकाशन(2012)
6. हमारे अतीत, एनसीईआरटी

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# Working Environment of Public Sector Banks in Ujjain District

**Lakshya Malviya* Dr. L. N. Sharma** Dr. Mahesh Sharma*****

*Research Scholar, Vikram University, Ujjain (M.P.) INDIA
** Principal & Guide, Govt. P.G. College, Mandsaur (M.P.) INDIA
*** Ex-Principal & Co- Guide, Kalidas College, Ujjain (M.P.) INDIA

**Abstract -** Working culture is a newly concept from western countries for human development purpose because working culture affect directly and indirectly to human resource development at work place.

There are positive and effective relationship between work culture and rate of human resource development. If there are positive and effective work culture in any organisation than rate of human resources development also can grow rapidly.

In corporate world, importance of positive and effective work culture increase day by day and positive work culture can be provide by effective work environment at work place effective working environment is a basic element of success of any service based organisation in corporate world and banking sector is a main part of service sector as a main pillar of service based commercial activities.

In banking sector of Indian commercial market, working culture and working environment can play a vital role for commercial growth of Indian society.

Working environment should have positive and effective for bank employees if working environment is better and effective. Bank employees can perform effectively for banking growth as a satisfied work force because satisfaction is a main dimension of working environment. Creation of better and effective working environment is not so easy because development of working environment of it is an effective outcome of various factors at work place and these factors can be affect the level of satisfaction for bank employees. If there are a high level of satisfaction at work place. This situation can improve strong work culture at work place in public sector banks because satisfaction level and effective working environment are correlated deeply in service sector specially in public sector banks.

The strong work culture can provide by some practical steps taken by Bank Managements, Bank Officers, Bank Clarks and Bank Sub Staff because these are correlated with strongly together at work place in public sector banks.
**Keywords:** Working culture, Human Resources Development, Service Sector, Commercial Activities, Working Environment, Success of Public Sector Banks, Supporting System, Bonding, Effective Communication.

**Introduction -** Working scenario and working environment are new managerial concept for over all development of any organisation, in present time period.

Working environment can be represent by overall positive work culture at work place for any organisation. It is also very crucial factor for success of any organisation because working scenario affect deeply to success of any organisation.




Working scenario can be categories into two main parts positive and negative and positive positive working environment is must for any successful organisation and success of organisation, specially public service oriented organisation and positive working scenario are co-related deeply in banking sector.

**Objectives -** Study for this research paper is based on working environment in public sector banks in Ujjain District. This study was carried with some objectives-

1. To find out impact of working environment on the success of public sector banks.
2. Study and analysis of factors affecting working environment in public sector banks.
3. Study and analysis of various obstacles for positive working scenario.
4. Provide some practical solutions for favourable working scenario in public sector banks.

5. To find out working relationship between various categories of bank employees in public sector banks.
6. Study and analysis of various steps taken by management in public sector banks.

**Hypothesis -** Hypothesis is a practical pre-thought by the researcher before to go in the research field and hypothesis can be helpful for proper designing of research plan. For survey and statistical analysis purpose, some hypothesis was created by the researcher purpose. Some Hypothesis was created by the researcher like-

1. Bank employees are satisfied with available communication facilities.
2. There are no proper co-operation and bonding between Bank Officers and Clarks.
3. There are timely and effective support system at work place.

**Research Methodology -** This research paper is based on data analysis of primary data in public sector banks of Ujjain District. This study covers various urban sector of Ujjain District and some public sector bank were selected for research study from various administrative sector of Ujjain Districts.

**Table 1 : Selected Banks from Ujjain District**

| S. | Selected Ad. Sector's | Selected banks |
|---|---|---|
| 1. | Ujjain Urban | Sector State Bank of India |
| 2. | Badnagar Urban Sector | Bank of India |
| 3. | Mahidpur Urban Sector | UCO Bank |
| 4. | Khachrod Urban Sector | Union Bank |
| 5. | Tarana Urban Sector | Punjab and National Bank |
| 6. | Ghatia Urban Sector<br>Total 06 Urban Sector's | Central Bank<br>Total 06 Public Sector Banks |

For research study, the researcher was categorised whole banking persons into three categories like -

**Banking Persons**

**Officers** **Clarks** **Sub Staffs**

From any administrative sector, one most important bank was selected by the researcher and from every bank total 15 bank employees were selected as a respondent. For research study some variables were also selected to collect primary data. These variables can be present in a diagram.

Supporting System

Available Facilities — Variables — Effective Communication

Bonding

These variable are some important factor affect to working environment in public banks. If these variables are positive and effective in this situation working environment can strongly positive for bank employees.

**Working Scenario of Public Sector Banks**

According to primary data analysis we can present structure of working environment in public sector banks with the help of some variables.

**(1) Available Facilities -** Facilities are necessary for any worker at work place but banking services are just related with public activities. In this situation importance of facilities are most important at work place.

According to primary data analysis, mostly bank employees of public sector banks, react adversely about available facilities -




Question - Have you sufficient facilities at work place ?
According to above diagram -

Mostly bank employees were dissatisfied with available facilities in their bank because overall 65 bank employees react adversely for answering this question only 25 bank employees are satisfied with available facilities.

**(2) Supporting System -** Supporting system is must for better and effective working scenario at work place for research study purpose. Supporting system was categorised into two main parts by the researcher-

Supporting System

Timely Support — Effective Support

Supporting system can play a vital role in the field of progress of any organisation specially for banking sector because no any bank employees can not work without any proper support.




According to above diagram 45% Bank Employees were dissatisfied with supporting system because they have

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

not proper supporting system neither timely nor effective support.

**(3) Communication Facilities -** Communication is a must element for effective and positive environment at work place. If there are no any proper facilities for communication. In this situation no any worker can not perform effectively.




**According to primary data analysis-** Generally bank employees of public sector banks, are satisfied with communication system because they have proper and effective communication facilities at work place.




There were total no. of selected bank employees was 90, 15 bank employees from every administrative sector. Out of 90 bank employees, there were 60 bank employees satisfied with communication facilities or satisfied with communication system, but out of 90 selected bank employees, 30 bank employees were dissatisfied.

**Findings of the Study-** Some main and effective findings of this research paper are-

(A) Public sector banks are main pillar of banking sector because public sector banks have more public faith for commercial activities with the comparison of private sector banks.

(B) Public sector banks generally have un sufficient facilities at work place. The level of facilities increase according to populated area.

(C) Mobile is a strong face of technical communication because generally it is easily available for every person in urban sector.

(D) There are weak supporting system at work place because 45% selected bank employees were dissatisfied with supporting system according to these 45% bank employees there are no timely and un effective support from other bank employees.

**Barriers in the filed of research study-** Research study is not a easy task for any researcher because there are various theoretical and practical problems can be arise in the research field.

Some problem's were faced by the researcher like-

(A) Busy and hectic schedule of bank employees.

(B) Limited time and limited financial resources.

(C) Difficult to understand for effective response by bank employees.

(D) Limited freedom for express their thoughts due to hesitation.

**Conclusion-** Public sector is most important sector of our Indian commercial system and public sector banks are most important part of service sector. In this condition over all progress of public sector banks is must for various commercial activities.

We can provide a solid system for progress of public sector banks with the help of effective and positive working culture at work place.Positive and effective work culture is a result of proper working environment.

Proper working environment can be develop and establish with practical and effective solutions of various problems in the field of public sector banks.**-Lakshya Malviya**

**References :-**

1. Solanki, D.S. : Development process of human resources : International journal of research in management (June 2001)
2. Spector, P.E. : The study of work motivation in the 20th century (2007) : Mac grawhill publication, New York
3. Ghosh, P.E. : Measurement of human satisfaction (Survey work) : American journal publication, New York (2007)
4. Shrivastav, A. : Employee perceptions of job A comparative study on Indian banks : Asian Academy of Management Journal (Dec. 2009)
5. Razia, A. : Impact of working environment in banking sector : Procedia Economics and Finance (Dec. 2015)
6. Khatibi, SAM : Factors Influencing job satisfaction in banking sector : Journal of central banking theory and practice (Sep. 2018)
7. Mukharji, Ravindra Nath : Research Methodology (2021) : S. Chand Publication, New Delhi.

**************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# जोबट विकासखण्ड में जनजातीय महिला कृषकों के विकास में सहकारी साख का योगदान (जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, जोबट के विशेष में)

**डॉ. हेमता डुडवे***

* सहायक प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) क्रांतिकारी शहीद छीतुसिंह किराड़ शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अलीराजपुर (म.प्र.) भारत

**प्रस्तावना –** आज हम 21 वीं सदी में प्रवेश कर चुके हैं, इसके बावजूद तथा महिलाओं की भागीदार के बिना देश व समाज की सफलता असंभव मानने के बावजूद जब महिला कृषक की समस्याओं की बात आती है तो आज भी वहीं वस्तु स्थिति देखने को मिलती है। जो आज से कई दशक पूर्व देखने को मिलती थीं। संख्या में बढ़ते के बावजूद भी यदि सफलता के दृष्टिकोण से देखा जाये तो सफल कृषक के रूप में पुरूषों की तुलना में महिलाओं का अनुपात वहीं है जो कई वर्षों पूर्व था। यही वजह है कि महिलाओं के आर्थिक उत्थान हेतु प्रस्तुत की गई योजनाओं का संचालन हो रहा है, परन्तु महिलाओं इन योजनाओं का पूरा लाभ नहीं ले पा रही हैं।

इन सबके बावजूद कुछ संतोषजनक बातें हुई है। स्वतंत्रता के बाद देश में महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक दर्जे में सुधार लाने के लिये सरकार की ओर से कई सकारात्मक और समन्वित प्रयास किये गये हैं। पहली पंचवर्षीय योजना से ही विकास प्रक्रिया में महिलाओं को समानता का दर्जा दिलाने के लक्ष्य पर विशेष रूप से ध्यान केन्द्रीय किया जाता रहा है। इस संदर्भ में जहाँ पहली चार योजनाओं में महिलाओं के कल्याण की विभिन्न गतिविधियों और उनकी शिक्षा को उच्च प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया है, वहीं पाँचवी से आठवीं योजनाओं में नीतिकारों के दृष्टिकोण में कुछ बदलाव दिखाई देता है। इनमें महिलाओं के कल्याण की बजाय उनके समग्र विकास का लक्ष्य निर्धारित करते हुए उनके स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार पर विशेष रूप से जोर दिया गया है। इनके बाद की अब तक की योजनाओं में महिला सशक्तिकरण एवं महिला जैसे विकसित क्षेत्रों की खोज करके इन्हें बढ़ावा देने का लक्ष्य रखा गया। ग्रामीण क्षेत्रों में कृषि साख की आवश्यकता की पूर्ति दो साधनों से करता है। पहला साधन जिससे वे साख पूर्ति करते है– साहूकारों, देशी बैंकर्स। दूसरा साधन वह है जिसमें बैंक एवं सहकारी समितियाँ शामिल है। शासन द्वारा स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में साख संबंधी व्यवस्था के लिये समय-समय पर संस्थागत व्यवस्था के प्रयास किये गये है।

**उद्देश्य:**

1. महिला कृषकों के विकास में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित जोबट की भूमिका ज्ञात करना।
2. महिला कृषकों कि आर्थिक, सामाजिक स्थिति ज्ञात करना।

**समंक का संकलन–** प्रस्तुत अध्ययन में शोध क्षेत्र के रूप में जोबट विकासखण्ड का चयन किया गया। जिसमें जोबट विकासखण्ड में सहकारी केन्द्रीय बैंक जोबट द्वारा महिला हितग्राहियों को लाभांवित किया गया है। उन महिला हितग्राहियों में से दैव निदर्शन पद्धति द्वारा 50 महिला हितग्राहियों का चयन कर उनका अध्ययन किया गया है। महिला हितग्राहियों की संख्या कम होने का कारण सहकारी बैंक से वहीं महिला ऋण ले सकती है जिसके नाम पर कृषि भूमि हो। किन्तु महिला हितग्रहियों के नाम पर सामान्यत: कृषि भूमि बहुत कम नाम पर होती है।

**साहित्य समीक्षा:**

1. **माथुर बी.एस** ने सहकारिता आन्दोलन के विकास, प्रगति, सहकारी संगठन का पुर्नगठन आदि का विस्तार से विवेचन किया गया है।[1]
2. **सक्सेना एम.पी** ने अपनी पुस्तक में मध्यप्रदेश में सहकारिता आंदोलन का विकास मध्यप्रदेश राज्य सरकार द्वारा लागू किये गये विभिन्न सरकारी अधिनियम एवं मध्यप्रदेश के सहकारिता आंदोलन के कार्यकलापों से संबंधित लगभग समस्त पहलुओं पर प्रकाश डाला है।[2]
3. **श्रीवास्तव सी.एल** में प्रकाशित अपनी पुस्तक में भारतीय ग्रामों कृषि उद्योगों के संदर्भ में सहकारिता व्यवस्था पर अपने विचार एवं साहित्य प्रस्तुत किए है तथा सहकारी समस्याओं की विवेचना करके आधुनिक प्रबंध तकनीकों पर बल दिया गया है।[3]

**तथ्य का विश्लेषण–** जनजातीय समाज में कृषि व कृशिक्षत पदार्थ ही हैं साथ ही कृषि से जुडे अन्य व्यवसायों से भी आय प्राप्त करते है। कृषि की अनार्थिकता एवं लगातार वर्षा के गिरते स्तर के कारण ग्रामीण लोगों ने मजदूरी को आय स्त्रोत के रूप में अपनाने लगे है। मजदूरी के लिए लोग एक स्थान से दुसरे स्थान की ओर पलायन का तरीका अपनाते हैं। जिससे उनकी वार्षिक आय भी बहुत कम है।

**तालिका क्र. 01: ऋण लेने के पूर्व महिला हितग्राहियों की आय (वार्षिक)**

| क्र. | आय | महिला हितग्राहियों की संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1. | 5000 से 10000 | 06 | 12.00 |
| 2. | 10000 से 15000 | 08 | 16.00 |
| 3. | 15000से 20000 | 20 | 40.00 |
| 4. | 20000 से अधिक | 16 | 32.00 |
| | **योग** | **50** | **100** |

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

स्त्रोत:– सर्वेक्षण के आधार पर

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट होता है कि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक से जुड़ने के पूर्व 12 प्रतिशत महिला हितग्राहियों की आय 5000 से 10000 के मध्य है। 16 प्रतिशत महिला हितग्राहियों की आय 10000 से 15000 तक के मध्य है। 40 प्रतिशत महिला हितग्राहियों की आय 15000 से 20000 के मध्य में है। 32 प्रतिशत महिला हितग्राहियों की आय 20000 से अधिक है।

**तालिका क्र. 02: ऋण लेने के पश्चात् महिला हितग्राहियों की आय (वार्षिक)**

| क्र. | आय | महिला हितग्राहियों की संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1. | 10000 से 15000 | 16 | 32.00 |
| 2. | 15000 से 20000 | 20 | 40.00 |
| 3. | 20000से 25000 | 08 | 16.00 |
| 4. | 25000 से अधिक | 06 | 12.00 |
| | **योग** | **50** | **100** |

स्त्रोत:– सर्वेक्षण के आधार पर

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट होता है कि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक से जुड़ने के पूर्व 32 प्रतिशत महिला हितग्राहियों की आय 10000 से 15000 के मध्य है। 40 प्रतिशत महिला हितग्राहियों की आय 15000 से 20000 तक के मध्य है। 16 प्रतिशत महिला हितग्राहियों की आय 20000 से 25000 के मध्य में है। 12 प्रतिशत महिला हितग्राहियों की आय 25000 से अधिक है।

**तालिका क्र. 03: महिला हितग्राहियों के द्वारा बैंक से ऋण की राशि**

| क्र. | ऋण की राशि | महिला हितग्राहियों की संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1. | 5000 से 10000 | 05 | 10.00 |
| 2. | 10000 से 15000 | 15 | 30.00 |
| 3. | 15000 से 20000 | 24 | 48 |
| 4. | 20000 से अधिक | 06 | 12 |
| | **योग** | **50** | **100** |

स्त्रोत:– सर्वेक्षण के आधार पर

उक्त तालिका से स्पष्ट होता है कि 10 प्रतिशत महिला हितग्राहियों ने बैंक से ऋण की राशि 5000 से 10000 के मध्य लिया गया है। 30 प्रतिशत महिला हितग्राहियों ने बैंक से ऋण के रूप में

**तालिका क्र. 04: महिला हितग्राहियों को ऋण प्राप्ति के पश्चात् उत्पादन में वृद्धि**

| क्र. | उत्पादन में वृद्धि | महिला हितग्राहियों की संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1. | हाँ | 42 | 84.00 |
| 2. | नहीं | 08 | 16.00 |
| | **योग** | **50** | **100** |

स्त्रोत:– सर्वेक्षण के आधार पर

उक्त तालिका से स्पष्ट होता है कि 84 प्रतिशत महिला हितग्राहियों के फसल उत्पादन में वृद्धि हुई है। 16 प्रतिशत महिला हितग्राहियों के फसल उत्पादन में वृद्धि नहीं हुई है।

**तालिका क्र.05: ऋण मिलने के पश्चात् हितग्राहियों के सामाजिक–आर्थिक स्थिति में परिवर्तन हुआ**

| क्र. | ऋण मिलने के पश्चात् हितग्राहियों के स्थिति में परिवर्तन हुआ | महिला हितग्राहियों की संख्या | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1. | हाँ | 44 | 88.00 |
| 2. | नहीं | 06 | 12.00 |
| | **योग** | **50** | **100** |

स्त्रोत:– सर्वेक्षण के आधार पर

उक्त तालिका से स्पष्ट होता है कि 88 प्रतिशत महिला हितग्राहियों के द्वारा ऋण प्राप्त करने के बाद में इनकी स्थिति में परिवर्तन आया है। 12 प्रतिशत महिला हितग्राहियों के ऋण प्राप्त करने के बाद भी स्थिति में परिवर्तन नहीं आया है।

**निष्कर्ष**– कृषि प्रधान देश है, जहाँ अधिकतम जनसंख्या गांवों में निवास करती है और जनजातीय क्षेत्रों में गरीबी अधिक है। वहाँ बैंकों की भूमिका महत्वपूर्ण हो रही है। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक द्वारा महिला हितग्राहियों के विकास से ही इनके आधारभूत सुविधाओं में काफी सुधार हुआ है और उनकी आर्थिक, सामाजिक स्थिति में भी सुधार हुआ है। परन्तु आज भी जनजातियों क्षेत्रों में कृषि के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य करना हैं जैसे –बिजली, पानी, आदि।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :–**

1. माथुर बी.एस. भारत में 'सहकारिता' साहित्य भवन, आगरा 2000।
2. सक्सेना एम.पी. मध्यप्रदेश में सहकारी आभा प्रकाशन, भोपाल 1979–80।
3. श्रीवास्तव सी.एन. सहकारिता का अर्थशास्त्र, सरस्वती सदन, जवाहर नगर, नई दिल्ली 1970।
4. नीलमेघ चतुर्वेदी सहकारिता विचार और विश्लेषण, अजय प्रकाश, 42 सिरपुर, धार रोड़, दुर्गा मंदिर के पास, इन्दौर 1997
5. अर्थशास्त्र डॉ. जे.पी. मिश्रा, साहित्य भवन पब्लिकेशन्स।
6. 'सहकारिता विचार और विश्लेषण' श्री नील मेघ चतुर्वेदी विजय प्रकाशन, इन्दौर 1997।

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# मेवाड़ राज्य की विदेश नीति (1382 ई. से 1528 ई. तक)

**अंकित सोनी** *

* एम.ए., नेट (जेआरफ) (इतिहास) वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा (राज.) भारत

**प्रस्तावना –** मेवाड़ राज्य का भारत तथा राजस्थान के इतिहास में महत्वपूर्ण स्थान है। यहाँ पर शासन करने वाला गुहिल वंश विश्व में सर्वाधिक लंबे समय तक शासन करने वाले वंशों में एक है। मेवाड़ राज्य की ख्याति त्याग, समर्पण तथा अपने मातृभूमि के लिए मर मिटने की भावना रखने के कारण संपूर्ण देश में प्रसिद्ध है। यहां पर ऐसे अनेक शूरवीर पैदा हुए जिन्होंने अपनी मातृभूमि को आक्रांताओं तथा विदेशी शासको से बचाने के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। यहां के महाराणाओ न अपनी मातृभूमि की रक्षा व स्वतंत्रता को बनाए रखने हेतु जो अपूर्व सेवा व त्याग किए हैं उन सबको हम सभी आज बड़ी श्रद्धा से स्मरण करते हैं।

मेवाड़ राज्य के लिए 1382 ई. से 1528 ई. तक का काल मेवाड़ की विदेश नीति के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण काल है। इस काल में मेवाड़ के अपने पड़ोसी राज्य तथा अन्य राज्यों के साथ संबंधों में कई ऐसे परिवर्तन आते हैं जो लंबे काल तक मेवाड़ की राजनीति को प्रभावित करते हैं इस काल की शुरुआत महाराणा लाखा के राज्यारोहण के साथ होती है। राणा लाखा का राज्याभिषेक 1382 ईस्वी में हुआ। लाखा राणा क्षेत्र सिंह के पुत्र थे। लाखा के शासनकाल में दिल्ली सल्तनत को अनेक उतार–चढ़ाव देखने पड़े 1388 ईस्वी में फिरोज तुगलक की मृत्यु के बाद तुगलक सल्तनत का तेजी से विघटन शुरू हो गया। मेवाड़ राज्य के लिए अनुकूल परिस्थितियां देख राणा लखा ने भी राज्य विस्तार की नीती अपनाई। राणा लाखा ने मेरो को पराजित कर बदनौर प्रदेश को अपने अधीन कर लिया। तथा बूंदी के राव वीर सिंह हाडा को मेवाड़ का प्रभुत्व मानने के लिए विवश कर दिया तथा जहाजपुर, मेरवाड़ा, शेखावाटी क्षेत्र तथा वैराट क्षेत्र को अपने राज्य में सम्मिलित कर लिया। तथा अपनी बुद्धिमता का परिचय देते हुए राणा लाखा ने डोडिया राजपुतों को जागीरे प्रदान कर मेवाड़ की सैनिक शक्ति का विकास किया तथा मारवाड़ नरेश राव चूंडा की पुत्री राजकुमारी हंसाबाई से विवाह कर मारवाड़ राज्य से अपने संबंध मजबूत किए। राणा लाखा के बाद उनके पुत्र मोकल मेवाड़ के राजा बने जिनकी माँ हंसाबाई थी। मोकल के शासक बनने के कुछ समय पश्चात ही राणा मोकल के अभिभावक तथा लाखा के ज्येष्ठ पुत्र चूण्ड़ा हंसाबाई के भाई रणमल के शासन में हस्तक्षेप से नाराज होकर मेवाड़ छोड़ कर माण्डू में सुल्तान की सेवा में चले गए। उसके बाद रणमल का प्रभाव मेवाड़ दरबार में और अधिक बढ़ गया तथा उन्होंने मेवाड़ की राजनीति को अपने पक्ष में कर लिया इस प्रकार राठौड़ों का प्रभाव मेवाड़ राज्य पर अत्यधिक बढ़ गया। परन्तु कुछ समय पश्चात राणा मोकल ने इससे मुक्त होकर विस्तृत व शक्तिशाली बनाने का कार्य किया इसमें उन्होंने नागौर के फिरोज खान तथा गुजरात के अहमद शाह को परास्त कर अपनी सीमाओं का विस्तार किया। परंतु दुर्भाग्यवश अहमदशाह से युद्ध में पड़ाव के दौरान उसके दो चाचाओ चाचा और मेरा, जो राणा क्षेत्र सिंह की अवैध संतान थे ने राणा मोकल की धोखे से हत्या कर दी।

राणा मोकल के बाद उनके ज्येष्ठ पुत्र कुंभा मेवाड़ के शासक बनते हैं कुंभा के विषय में डॉ. गोपीनाथ शर्मा कहते हैं सम्पूर्ण गोहिल वंशीय शासकों में कुंभा या कुम्भकर्ण ही एक ऐसा शासक था जो उसके अनेक गुणों विशेषता के प्रतीक विरुदो से विख्यात था। कुंभा ने अपने आरंभिक शासनकाल में कई चुनौतियों का सामना किया। मालवा व गुजरात के शासक मोकल के समय से ही मेवाड़ के समीप के प्रदेशों पर अपना अधिकार करने का प्रयास करने लग गए थे तथा पड़ोसी राजपूत शासक भी इस स्थिति का लाभ उठाते हुए मेवाड़ के क्षेत्रों को हड़पने का प्रयास करने लगे। इन परिस्थितियों में उसने अपनी आवश्यकता के लिए रणमल को मंडोर से मेवाड़ बुला लिया। रणमल के आने पर कुंभा ने राठौड़ सेना तथा सिसोदिया सेना को संयुक्त रूप से चाचा व मेरा के विरुद्ध भेजा। चाचा व मेरा मारे गए परन्तु चाचा का पुत्र एका व महपा पंवार भाग कर माण्डू के शासक की शरण में चले गए।

मारवाड़ के साथ सम्बन्ध इसके कुछ वर्ष पश्चात ही मेवाड़ के कुछ स्थानीय सरदारों द्वारा रणमल की प्रेमिका भारमली ये सहायता से 1438 ई. मैं उसकी हत्या करवा दी उसके बाद राठौड़ तथा सिसोदिया के बीच रिश्तों में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। इस समय मारवाड़ नेता विहीन था। मारवाड़ पर अधिकार करना सरल सोच कुंभा ने चुंडा के नेतृत्व में मारवाड़ पर आक्रमण हेतु सेना भेजी तथा राजधानी मंडोर पर अधिकार कर लिया। इसके पश्चात् कई वर्षो के संघर्ष के उपरान्त ही रणमल के पुत्र जोधा द्वारा मंडोर पर अधिकार संभव हो सका। तथा हंसाबाई की मध्यस्थता के पश्चात् दोनों राज्यों में शांति समझौता सफल हुआ।

बूँदी के साथ सम्बन्ध बूंदी राज्य दिल्ली मालवा और मेवाड़ के मध्य स्थित था तथा इसकी सीमा मेवाड़ व मालवा क्षेत्र से सर्वाधिक मिलती थी। यहां पर हाड़ा राजपूतों का शासन होने के कारण इस क्षेत्र को 'हाडौती' कहा जाता था। महाराणा कुंभा के समय रणमल ने बूंदी पर आक्रमण करके मांडलगढ़ को जीत लिया और बूंदी के शासक को मेवाड़ की प्रभु सत्ता मानने के लिए विवश किया। इससे मालवा के सुल्तान महमूद खिलजी को अत्यधिक असंतोष हुआ जो की उस समय बूँदी के शासक की सहायता कर रहे थे महमूद खिलजी ने 1442 ई. तथा 1446 ई. मैं दो बार हाडौती क्षेत्र पर आक्रमण किया तथा इस क्षेत्र पर पुन: अपनी प्रभु सत्ता स्थापित कर ली। मालवा के शासन से छुटकारा दिलाने के लिए कुंभा ने बूंदी के शासको की सहायता की तथा बूंदी के राज्य के विजित क्षेत्र उन्हें वापस सौंप कर बूंदी के

शासक को अपना करदाता बना दिया। बूंदी विजय का उल्लेख रणकपुर के जैन मंदिर लेख में (वि.सं. 1496) तथा कुंभलगढ़ के लेख (वि.सं. 1517) में मिलता है।

कुंभा और मालवा महाराणा कुंभा के समय मालवा का शासक महमूद खिलजी था जो 1435 ईस्वी में सुल्तान बना था। दोनों शासक अपने शासनकाल में अपने-अपने राज्य को एक शक्तिशाली रूप देने में लग रहे परिणाम स्वरुप इनमें आपसी संघर्ष स्वाभाविक था जो कि लंबे समय तक चला। संघर्ष के कारणों में - दिल्ली सल्तनत का निर्बल होना, राणा कुंभा द्वारा हाडोती विजय, मालवा के सुल्तान द्वारा राणा कुंभा के विरोधियों को शरण देना, तथा राणा कुंभा द्वारा मालवा के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करना, इत्यादि रहे हैं। तथा इसी समय मालवा तथा गुजरात की बढ़ती हुई शक्ति को समाप्त करने के उद्देश्य से कुंभा ने भीलो से मैत्री संबंध भी स्थापित किया। तथा मेवाड़ की दक्षिण सीमा पर किले बंदी करते हुए कई महत्वपूर्ण दुर्गों का निर्माण किया। राणा कुंभा ने 1437 ईस्वी में मालवा पर आक्रमण किया वह सारंगपुर के पास युद्ध में मोहम्मद को हरा दिया तथा विजय के उपलक्ष में चित्तौड़गढ़ में भव्य कीर्ति स्तंभ का निर्माण किया। कुछ समय तक अपनी सैनिक शक्ति सुदृढ़ करने के बाद महमूद खिलजी ने 1442 ई. मेवाड़ पर पुन: आक्रमण करने की योजना बनाई परंतु थाना कुंभा के अपने पड़ोसी राजपूत शासको से अच्छे संबंध होने के कारण मालवा से प्रत्येक युद्ध में कुंभा को विजय प्राप्त हुई राणा कुंभा की विदेश नीति का प्रथम लक्ष्य राजपूताना के दूसरे राजपूत वंश से मधुर संबंध बनाना लक्ष्य था इससे उन्हें अपने धूर प्रतिद्वंद्वी राज्यों से युद्ध के समय हमेशा सहायता प्राप्त हुई। मेवाड़ तथा मालवा दोनों प्रभुत्वशाली राज्य थे तथा दोनों अपनी सीमा का विस्तार करने के लिए आपस में टकराते थे मेवाड़ का मालवा तथा गुजरात राज्य से लगातार टकराव का एक कारण यह भी रहा कि दोनों राज्यों से मेवाड़ की सीमा सर्वाधिक लगती थी इसलिए अपने सीमा का फैलाव करने के लिए दूसरों के राज्य का अतिक्रमण करना आवश्यक हो जाता था। मेवाड़ तथा गुजरात के बीच संघर्ष की सर्वप्रथम महाराणा कुंभा के समय ही शुरू हुआ दोनों के मध्य संघर्ष का एक प्रमुख कारण नागौर का उत्ताराधिकार था। गुजरात से युद्ध के पहले कुंभा द्वारा सिरोही और अबू के देवड़ा चौहानों के साथ संबंध सुदृढ़ कर लेने के कारण तथा अपनी दक्षिणी सीमा को मजबूत कर लेने से यह युद्ध भी कुंभा के पक्ष में गया।

1509 ईस्वी में जब महाराणा सांगा का राज्याभिषेक हुआ तो मेवाड़ राज्य की विदेश नीति में काफी परिवर्तन आए सांगा ने अपने सबसे प्रबल प्रतिद्वंदी मालवा राज्य के प्रति आक्रामक नीति का प्रदर्शन किया तथा कुंभा द्वारा चली आ रही राजपूत नीति को और सुदृढ़ किया तथा राठौड़ो, हाड़ा राजपुतों तथा खिंची राजपूतों साथ अपने संबंधों को और अधिक मजबूत किया।

दिल्ली सल्तनत और सांगा सिकंदर लोदी के अंतिम दिनों में दिल्ली सल्तनत को कमजोर देख सांगा ने सीमावर्ती कुछ भागों को मेवाड़ राज्य में मिला लिया। इससे इब्राहिम लोदी और सा के मध्य टकराव उत्पन्न हो गया तथा तथा 1518 ईस्वी में बूंदी के निकट खातोली स्थान पर भीषण युद्ध में राणा सांगा ने इब्राहिम लोदी को पराजित किया। कर्नल टॉड, डॉ. ओझा, और अमर काव्य वंशावली आदि ग्रन्थों में सांगा की इस निर्णायक विजय का उल्लेख किया गया है।

राणा सांगा और बाबर - 1526 ईस्वी में पानीपत के प्रथम युद्ध के उपरांत बाबर विजय होकर आगरा का स्वामी बन गया था। परंतु इस समय राजस्थान में राणा सांगा के नेतृत्व में राजपूत भी शक्तिशाली बन चुके थे तथा यह समय राणा सांगा के चरमोत्कर्ष का काल चल रहा था। बाबर ने अपनी आत्मकथा बाबरनामा में युद्ध का कारण राणा सांगा द्वारा संधि भंग करने और विश्वासघात करना बताया है बाबर ने लिखा है कि राणा सांगा के एक दूत ने बाबर के समक्ष उपस्थित होकर उसकी निष्ठा प्रदर्शित की और यह निश्चय हुआ कि जब वह दिल्ली के समीप पहुंच जाए तो संग इस ओर से आगरा पर आक्रमण कर देगा परंतु सांगा द्वारा ऐसा नहीं किया गया। परंतु बाबर द्वारा बताए गए इस कारण की सत्यता और किसी ग्रंथ द्वारा प्रमाणित नहीं की जा सकी है। महाराणा सांगा ने बाबर के विरुद्ध संगठित होकर संघर्ष करने के लिए सभी राजपूत शासको को और सरदारों को निमंत्रण भेजा जिसकी अनुकूल प्रतिक्रिया हुई और मारवाड़, चंदेरी, मेड़ता, सिरोही, डुंगरपुर, सलूंबर, सादड़ी, गोगुंदा के राजपूत शासको ने महाराणा सांगा की ओर से युद्ध में भाग लिया इससे राणा सांगा के द्वारा दूसरे राजपूत राज्यों के प्रति अपनाई गई नीति की सफलता प्रदर्शित होती है तथा उस समय महाराणा सांगा राजपूताना के सर्वश्रेष्ठ नेतृत्वकर्ता के रूप में प्रदर्शित होते हैं।

मेवाड़ के राज्य चिन्ह 'जो दृढ़ राखै धर्म को तीही रखे करतार' से ही स्पष्ट हो जाता है की मेवाड़ के महाराणा अपने धर्म पर कितने अटल रहते थे। उसकी रक्षा उन्होंने कई बार सहर्ष अपने प्राणों की आहुति देकर की है। मेवाड़ की छवि केवल राजस्थान में नहीं बल्कि समस्त भारत देश में हमेशा एक शक्तिशाली तथा गौरवशाली राज्य के रूप में रही है। जिसका श्रय मेवाड़ की विदेश नीति को भी जाता है। अपने सीमावर्ती क्षेत्रों में मालवा तथा गुजरात जैसे शक्तिशाली राज्यो के होने के बाद भी न केवल मेवाड़ ने हमेशा अपना अस्तित्व बनाए रखा अपितु अपने सीमाओं को निरंतर विस्तार किया साथ ही अपने सांस्कृतिक गौरव को भी शिखर तक पहुंचाया। तथा अन्य राजपूत राज्यों के साथ कभी संघर्ष तो कभी मित्रता की नीति अपनाकर राजपूताना में अपने प्रभाव को बढ़ाया।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. डॉ. ओझा : 'उदयपुर राज्य का इतिहास', प्रथम भाग।
2. डॉ. गोपीनाथ शर्मा: राजस्थान का इतिहास।
3. शर्मा व पावा : राजस्थान का इतिहास।
4. कालूराम शर्मा व प्रकाश व्यास: राजस्थान के इतिहास का सर्वेक्षण (प्रारम्भ से 1949 तक)
5. कालूराम शर्मा : कर्नल जेम्स टॉड कर्त राजस्थान का इतिहास।
6. डॉ. राघवेंद्र सिंह मनोहर: राजस्थान का इतिहास (प्राचीनकाल से मध्यकाल तक)।

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# सराफा व्यापार का ऐतिहासिक व वित्तीय अध्ययन (मध्यप्रदेश राज्य के शाजापुर जिले के विशेष संदर्भ में)

**प्रवीण कुमार सोनी** *

* सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) शासकीय महाविद्यालय, माकड़ोन, जिला उज्जैन (म.प्र.) भारत

**शोध सारांश –** किसी उत्पाद की खरीद-बिक्री को व्यापार कहा जाता है। व्यापार का मुख्य उद्देश्य लाभ कमाना होता है। हमारे देश में सीमेंट, कपड़ा, कृषि या अन्य किसी उत्पाद की ही तरह सोने एवं चांदी से निर्मित उत्पादों का भी क्रय-विक्रय किया जाता है। जिस स्थान पर सोने-चांदी से निर्मित उत्पादों की खरीदी एवं बिक्री की जाती है उसे सराफा बाजार कहा जाता है। बहुमूल्य धातुओं में स्वर्ण (सोना) एवं रजत (चांदी) का स्थान अत्यंत महत्वपूर्ण है। सम्पूर्ण विश्व में स्वर्ण व रजत से बने आभूषणों का विशेष आकर्षण देखा जा सकता है। भारत में भी प्राचीन काल से ही इनका महत्व देखा गया हैं। इतिहास में सोने-चांदी के कारण हुए बड़े-बड़े युद्धों का वर्णन हैं। प्राचीन समय में राजा-महाराजाओं द्वारा अपने मंत्रियों व नागरिकों को विशेष अवसरों पर उपहार स्वरूप विभिन्न रूपों में सोना व चांदी प्रदान किया जाता था। स्वर्ण व रजत का अधिक मात्रा में स्वामी होना, वर्तमान समाज में प्रतिष्ठा व सम्पन्नता का सूचक माना जाता है। हमारे देश के लगभग प्रत्येक परिवार, चाहे वह अमीर हो या गरीब, उसका प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष संबंध स्वर्ण व रजत व्यापार से है। हमारे देश में विवाह, जन्मदिवस, वर्षगांठ आदि अवसरों पर दिये जाने वाले उपहारों में बहुमूल्य धातुओं के उपहार का विशेष महत्व है। प्रत्येक पिता अपनी बेटी के विवाह हेतु उसके जन्म से ही योजनाऐं बनाने लगता है। इन योजनाओं में बेटी को उपहार स्वरूप दिये जाने वाले सोने-चांदी के आभूषण भी शामिल हैं। सोने एवं चांदी से निर्मित आभूषणों के क्रय-विक्रय के लिए हमारे देश के लगभग प्रत्येक शहर में एक बाजार उपलब्ध है जिसे सराफा बाजार कहा जाता है। इस बाजार में विभिन्न व्यापारियों द्वारा अपनी पूंजी लगाकर स्वर्ण व रजत से बने आभूषणों व अन्य उत्पादों का व्यापार किया जाता है। इस बाजार में क्रय-विक्रय होने वाले प्रमुख उत्पादों में सोने व चांदी से बने विभिन्न आभूषण व सिक्के शामिल हैं। हमारे देश के मध्य में स्थित मध्यप्रदेश राज्य के शाजापुर जिले में व जिले के विभिन्न नगरों में भी सराफा बाजार स्थापित हैं। सराफा बाजार का हमारे देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान है। सराफा व्यापारी एवं इस व्यापार के मध्यस्थों द्वारा अनेकों व्यक्तियों को रोजगार प्रदान किया जाता है। सोना एवं चांदी अत्यंत मूल्यवान एवं प्रतिष्ठासूचक धातु है। जिसका व्यापार करने के लिए बड़ी मात्रा में पूंजी की आवश्यकता होती है इसीलिए वर्तमान में सराफा व्यापार का अधिकांश स्वामित्व पूंजीपतियों के हाथ में है।

**शब्द कुंजी –** सराफा बाजार, सोना-चांदी, आभूषण, पूंजी, टर्नओव्हर।

**प्रस्तावना –** किसी उत्पाद या वस्तु की खरीद-बिक्री को ही व्यापार कहा जाता है। जब कोई व्यक्ति किसी उत्पाद को पुन: विक्रय के उद्देश्य से खरीदता है और उसके पश्चात् उसे बेच देता है तो यह एक व्यापारिक क्रिया कहलाती है। व्यापार के लिये किसी उत्पाद का क्रय-विक्रय का होना अत्यंत आवश्यक है। व्यापार का मुख्य उद्देश्य लाभ कमाना होता है। सोने एवं चांदी से निर्मित आभूषणों के क्रय-विक्रय के लिए हमारे देश के लगभग प्रत्येक शहर में एक बाजार उपलब्ध है जिसे सराफा बाजार कहा जाता है। इस बाजार में विभिन्न व्यापारियों द्वारा अपनी पूंजी लगाकर स्वर्ण व रजत से बने आभूषणों व अन्य उत्पादों का व्यापार किया जाता है। इस बाजार में क्रय-विक्रय होने वाले प्रमुख उत्पादों में सोने व चांदी से बने विभिन्न आभूषण व सिक्के शामिल हैं।

**शोध कार्य के उद्देश्य –** प्रस्तुत शोध के प्रमुख उद्देश्य संक्षेप में इस प्रकार हैं –

1. शाजापुर जिले की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि का अध्ययन करना।
2. शाजापुर जिले में सराफा बाजार के प्रादुर्भाव एवं विकास का अध्ययन करना।
3. सराफा व्यापार के लिए आवश्यक विनियोजित पूंजी का अध्ययन करना।

**शोध प्रविधि –** शोध प्रविधि का आशय शोध कार्य करने के विशिष्ट नियम अथवा विधि से है। दूसरे शब्दों में किसी शोध कार्य को सम्पन्न करने के लिये अपनायी जाने वाली विशिष्ट तकनीक को ही शोध प्रविधि कहते हैं। इसके अंतर्गत शोध समस्या के बारे में जानकारियों की पहचान, शोध कार्य के क्षेत्र का चयन, शोध से संबंधित समंकों का संकलन, उनका वर्गीकरण, सारणीयन एवं विश्लेषण की प्रक्रिया शामिल है।

**अ. अध्ययन का क्षेत्र –** मेरे द्वारा प्रस्तुत शोध अध्ययन का क्षेत्र मध्यप्रदेश राज्य का शाजापुर जिला है। इस जिले के अंतर्गत सराफा व्यापार का अध्ययन किया जायेगा।

**ब. समकों का संकलन –** प्रस्तुत शोध पत्र शोधार्थी द्वारा किए गए बाजार सर्वेक्षण से एकत्रित प्राथमिक समंकों पर आधारित है। इसके अतिरिक्त शोध पत्र में द्वितीयक समंकों का भी प्रयोग किया गया है।

**शोध पत्र का मुख्य भाग**

**शाजापुर जिले में सराफा बाजार का प्रादुर्भाव एवं विकास –** मध्यप्रदेश का शाजापुर जिला मालवा क्षेत्र में स्थित है। शाजापुर जिला लगभग 400 वर्ष पुराना है। सन् 1640 में मुगल सम्राट शाहजहाँ ने वर्तमान शाजापुर

जिले की पहचान की। शाजापुर का प्राचीन नाम खाखराखेड़ी था जिसे परिवर्तित करके मुगल सम्राट शाहजहाँ के नाम पर शाजापुर रखा गया।

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद शाजापुर, मध्य भारत राज्य का हिस्सा बना जो 1 नवंबर 1956 से मध्यप्रदेश राज्य का हिस्सा कहलाया। 1 नवबर 1956 को नवगठित मध्यप्रदेश के साथ ही शाजापुर को भी जिला बनाया गया। शाजापुर जिले का प्रमुख शहर शाजापुर ही है। प्रारंभ में इसका स्वरूप एक ग्राम की तरह ही था। ग्राम के विकास के साथ-साथ मानव अपनी आवश्यकतानुसार विभिन्न आर्थिक एवं व्यापारिक क्रियाऐं भी करने लगा। धीरे-धीरे ग्राम नगर में परिवर्तित होता चला गया। प्रारंभ में विभिन्न व्यापारिक क्रियाऐं जाति अनुसार ही की जाती थी, लुहार लोहे का कार्य करता था, सुनार स्वर्ण एवं रजत आभूषणों का, विश्वकर्मा बंधु लकड़ी का कार्य किया करते थे। इस प्रकार अन्य व्यापारिक क्रियाओं के साथ-साथ स्वर्ण व रजत आभूषणों के निर्माण व विक्रय की व्यापारिक क्रिया भी छोटे पैमाने पर प्रारंभ हो चुकी थी। शाजापुर के विकास क्रम के साथ-साथ स्वर्ण व रजत आभूषणों के व्यापार का भी विकास होता चला गया और व्यापारिक क्रिया 2 भागों में विभक्त हो गई -

1. **सराफ** - शहरों के एसे व्यक्ति जो बड़े पूंजीपति वर्ग से आते हैं, वे स्वर्ण एवं रजत का क्रय - विक्रय का कार्य करने लगे उन्हें सराफ कहा गया। मोटे तौर पर ये पूंजीपति वर्ग आभूषणों का निर्माण नहीं करता बल्कि केवल निर्मित आभूषणों का व्यापार करता हैं। इसके अतिरिक्त ये बहुमूल्य धातुओं को गिरवी रखकर उधार धन देने का कार्य भी करते हैं।

2. **सुनार** - प्राचीन समय से जातिगत आधार पर जो व्यापारिक क्रियाऐं की जाती रहीं है उसी अनुसार शाजापुर में भी स्वर्ण एवं रजत आभूषणों के निर्माण का कार्य मुख्यत: सुनार जाति के लोगों द्वारा ही किया जाता है। आभूषणों के निर्माण के अतिरिक्त सुनार जाति के पूंजीपति व्यापारियों द्वारा निर्मित आभूषणों का व्यापार भी किया जाता है।

**शाजापुर जिले के सराफा बाजार की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि** - जिले के विभिन्न नगरों में स्वर्ण व रजत आभूषणों के क्रय विक्रय का व्यापार सराफ लोगों द्वारा एक निश्चित स्थान पर किया जाता था अर्थात् व्यापार के लिये पृथक से बाजार स्थापित किये गये, जिन्हें हम सराफा बाजार कहते हैं।

प्रारंभ में स्वर्ण व रजत आभूषणों का व्यापार व निर्माण कार्य बहुत कम व्यापारियों द्वारा किया जाता था किंतु जनसंख्या वृद्धि के साथ-साथ इस व्यापार में संलग्न व्यक्तियों की संख्या भी बढ़ती चली गई। सन् 1900 के आस पास शाजापुर जिले में इस व्यापार में संलग्न व्यापरियों की दुकानों की संख्या लगभग 20 थी जो बढ़कर आजादी के तत्काल बाद 1950 में लगभग 50 हो गई। वर्तमान में शाजापुर जिले में स्वर्ण व रजत व्यापार में संलग्न व्यापारियों की दुकानों की संख्या लगभग 300 है जिसमें से 240 दुकानें अपने-अपने नगर के सराफा एसोसिएशन के तहत पंजीकृत है तथा शेष लगभग 60 दुकानें अपंजीकृत है। प्रारंभ में सराफा बाजार का समय प्रात: 10 बजे से शात 6 बजे तक रहता था क्योंकि सूर्य के प्रकाश की उपस्थिति में ही निर्माण, जांच व विक्रय संबंधी सभी कार्य अच्छी तरह संपन्न किये जा सकते थे किंतु वर्तमान समय में पर्याप्त बिजली की सुविधा होने से रात्रि 9-10 बजे तक भी व्यापार संभव होता है।

औद्योगिक दृष्टि से शाजापुर जिले को पिछड़ा हुआ कहा जा सकता है किंतु व्यापारिक दृष्टि से जिले ने काफी उन्नति की है। शाजापुर जिले में जीवन उपयोगी सभी प्रकार के व्यापारिक केन्द्र स्थापित है। मिनी मुम्बई अर्थात् इन्दौर और मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल यहां से नजदीक होने के कारण यहां के व्यापारियों को काफी सुविधा प्राप्त है। शाजापुर जिले के विभिन्न नगरों, शुजालपुर, अकोदिया, कालापीपल, बेरछा, गुलाना, कालीसिंध, पोलायकला आदि में अपना पृथक - पृथक सराफा बाजार स्थापित है। जहां आभूषणों के निर्माण व क्रय-विक्रय में संलग्न हजारों लोगों को रोजगार प्राप्त है।

**सराफा बाजार के प्रमुख मध्यस्थों का अध्ययन** -शाजापुर जिले के सराफा बाजार में कार्यरत प्रमुख मध्यस्थों का विवरण नीचे तालिका में दिया गया है -

**तालिक क्रमांक 1.1 - सराफा बाजार में कार्यरत प्रमुख मध्यस्थों का विवरण**

| क्र. | मध्यस्थ का नाम | संस्थानों की संख्या | कार्यरत व्यक्तियों की संख्या |
|---|---|---|---|
| 1. | सराफा व्यापारी | 300 | 1225 |
| 2. | आभूषण निर्माता | 120 | 410 |
| 3. | धातुओं के शोधन एवं गलाई में संलग्न व्यापारी | 20 | 60 |
| 4 | तार पट्टी बनाने में संलग्न व्यापारी | 25 | 50 |
| 5. | मीना का कार्य करने में संलग्न | 15 | 40 |
| 6. | गठाई के कार्य में संलग्न | 20 | 40 |
| 7. | चपड़ी भरने में संलग्न | 10 | 25 |
| 8 | छिलाई का कार्य करने में संलग्न | 15 | 25 |
| 9 | सोने एवं चांदी का टंच निकालने में संलग्न व्यापारी | 20 | 40 |

**(स्त्रोत - शोधार्थी द्वारा बाजार सर्वेक्षण के आधार पर)**

शाजापुर जिले के स्वर्ण एवं रजत व्यवसाय में आभूषणों का निर्माण कार्य करने वाले कारीगर की संख्या लगभग 120 है, जो आभूषण बनाने का कार्य करते हैं। प्राचीन समय में यान्त्रिक साधनों का अभाव था इसलिये आभूषणों के निर्माण कार्य में अनेक कठिनाईयों का सामना करना पड़ता था, किंतु वर्तमान वैज्ञानिक युग में नई-नई तकनीकों व मशीनों का आविष्कार हुआ है, जिसके चलते इन तकनीकों व मशीनों के प्रयोग से अब आभूषणों का निर्माण कार्य काफी सरलता से पूर्ण किया जा सकता है। नई तकनीक की वजह से ही नित नई डिजाईनों का भी निर्माण संभव हो पाया है। भिन्न - भिन्न प्रकार के आभूषणों के निर्माण की दर अलग-अलग ली जाती है, कुछ सामान्य आभूषणों के निर्माण की मजदूरी दर निम्न तालिका में गयी है जो कि इस प्रकार है -

**तालिका क्र. - 1.2 : स्वर्ण आभूषणों के निर्माण की मजदूरी दर का विवरण**

| क्र. | आभूषण का नाम | मजदूरी की दर (प्रति ग्राम रू. में) |
|---|---|---|
| 1 | हार | 300 रू से 1000/- प्रति ग्राम |
| 2 | बाली | 300 रू से 500/- प्रति ग्राम |
| 3 | झुमकी | 300 रू से 800/- प्रति ग्राम |
| 4 | टीका | 300 रू से 500/- प्रति ग्राम |
| 5 | अंगूठी | 300 रू से 500/- प्रति ग्राम |
| 6 | मंगलसूत्र | 300 रू से 800/- प्रति ग्राम |
| 7 | चेन | 300 रू से 500/- प्रति ग्राम |

| | | |
|---|---|---|
| 8 | पेची | 300 रू से 500/– प्रति ग्राम |
| 9 | बाजूबन्द | 300 रू से 1000/– प्रति ग्राम |
| 10 | कमर कन्ढोरा | 300 रू से 1000/– प्रति ग्राम |
| 11 | हाथफूल | 300 रू से 1000/– प्रति ग्राम |
| 12 | आढ | 300 रू से 500/– प्रति ग्राम |

**(स्त्रोत – शोधार्थी द्वारा बाजार सर्वेक्षण के आधार पर)**

**तालिका की विवेचना –** उपरोक्त तालिका क्रमांक 1.2 के अध्ययन से यह ज्ञात होता है कि स्वर्ण के आभूषण की मजदूरी मेहनत, डिजाइन, मीना आदि पर निर्धारित होती है, स्वर्ण आभूषण निर्मित करने का कार्य अत्यंत कलात्मकता, कुशलता व बारिकियों से परिपूर्ण है, जिसमें बहुत अधिक मेहनत की आवश्यकता होती है। इसी कारण स्वर्ण आभूषणों के निर्माण की मजदूरी दर अधिक होती है। वर्तमान में स्वर्ण आभूषणों की मजदूरी दर स्वर्ण के मूल्य का लगभग 10 प्रतिशत है।

**तालिका क्र. – 1.3: चांदी के आभूषणों के निर्माण की मजदूरी दर का विवरण**

| क्र | आभूषण का नाम | मजदूरी की दर |
|---|---|---|
| 1 | कड़ी | 2500 रू प्रति किलो ग्राम |
| 2 | टांवला | 1500 रू प्रति किलो ग्राम |
| 3 | कमर कन्ढोरा | 2000 रू प्रति किलो ग्राम |
| 4 | अंगूठी | 200 से 1000 प्रति नग |
| 5 | कड़े | 200 से 1000 प्रति नग |
| 6 | चेन | 500 से 1000 प्रति नग |

**(स्त्रोत – शोधार्थी द्वारा बाजार सर्वेक्षण के आधार पर)**

**तालिका की विवेचना –** उपरोक्त तालिका क्रमांक 1.3 के अध्ययन से ज्ञात होता है कि रजत आभूषणों की मजदूरी की दर कम होती है। रजत के आभूषण अधिक वजन के होते हैं और मुख्यत: ग्रामीण क्षेत्र में प्रयोग किये जाते हैं, इनमें कलात्मकता भी सीमित होती है, अत: रजत आभूषणों की मजदूरी की दर कम रहती है। रजत आभूषणों पर ली जाने वाली मजदूरी दर लगभग 3 से 5 प्रतिशत है।

**शाजापुर जिले के स्वर्ण एवं रजत व्यापार में पूंजी विनियोजन का अध्ययन –** शाजापुर जिले के स्वर्ण एवं रजत व्यापार में प्रमुखत: दो प्रकार के लेन देन होते हैं। प्रथम स्वर्ण एवं रजत का क्रय–विक्रय तथा द्वितीय गिरवी का व्यवसाय। सामान्यत: अधिकांश व्यापारी स्वर्ण एवं रजत के क्रय–विक्रय का व्यापार करते हैं और कुछ व्यापारी स्वर्ण एवं रजत के क्रय–विक्रय के साथ–साथ गिरवी का लेन–देन भी करते हैं। इस व्यवसाय में पूंजी का विनियोजन व्यापार स्वामियों द्वारा ही किया जाता है।

स्वर्ण एवं रजत बाजार में मूल्यवान धातुओं, सोना एवं चांदी का व्यापार किये जाने से इन व्यापार की स्थापना में अधिक पूंजी की आवश्यकता होती है। सोने एवं चाँदी की आसमान छूती कीमतों के कारण छोटे आभूषण विक्रेताओं के लिए व्यवसाय करना दूभर हो गया है। पिछले कुछ वर्षों में सोने और चांदी के मूल्य में बढ़ोतरी होने के कारण इन विक्रेताओं को व्यापार करने के लिए 100 फीसदी ज्यादा कार्यशील पूंजी की आवश्यकता होती रही है। अधिक पूंजी की जरूरत होने के कारण उनके लिए कारोबार करने की लागत बढ़ रही है। सामान्यत: आभूषण की छोटी सी दुकान खोलने के लिए कम से कम 1 किलोग्राम सोना और 10 किलोग्राम चाँदी का माल होना आवश्यक है। वर्ष 2015 में सोने का भाव करीब 26000/–रू. प्रति तौला और चाँदी का भाव 37000/–रू. प्रति किलोग्राम था, इस हिसाब से उस समय करीब 30 लाख रुपए के निवेश से आभूषण की दुकान खोली जा सकती थी, लेकिन सोने के वर्तमान मूल्य 60,000/–रू. प्रति तौला और चांदी 75000/–रु. प्रति किलोग्राम है इस लिहाज से अब उसी आकार की दुकान खोलने के लिए लगभग 67 लाख रु. के निवेश की जरुरत है। इस प्रकार स्पष्ट है कि आभूषण की दुकान चलाने के लिए कार्यशील पूंजी की जरुरत लगभग दुगुनी हो गयी है। अत: सोना चाँदी महँगा होने से आभूषण का कारोबार अब बड़े व्यापारियों के हाथ में सिमट रहा है।

**तालिका क्रमांक – 1.4: शाजापुर जिले के सराफा बाजार में व्यापारियों द्वारा आभूषणों में विनियोजित पूंजी**

| विकल्प | विनियोजित पूंजी | प्रतिशत |
|---|---|---|
| अ. | 50 लाख रूपये तक | 64 |
| ब. | 50 लाख रूपये सें 1 करोड़ रूपये तक | 23 |
| स. | 1 करोड़ से 3 करोड़ रूपये तक | 9 |
| द. | 3 करोड़ से 5 करोड़ रूपये तक | 1 |
| इ. | 5 करोड़ रूपये से अधिक | 2 |

**(स्त्रोत – शोधार्थी द्वारा बाजार सर्वेक्षण के आधार पर)**

**रेखाचित्र क्रमांक – 1.1 : शाजापुर जिले के सराफा बाजार में व्यापारियों की विनियोजित पूंजी**




**तालिका की विवेचना –** उपरोक्त तालिका के विश्लेषण से यह ज्ञात होता है कि शाजापुर जिले के सराफा बाजार के कुल व्यापारियों में से अपने व्यापार में 50 लाख रूपये तक पूंजी विनियोजित करने वाले व्यापारी 64 प्रतिशत है, 50 लाख से 1 करोड़ तक पूंजी विनियोग करने वाले व्यापारी 23 प्रतिशत है, 1 करोड से 3 करोड़ तक पूंजी विनियोग करने वाले व्यापारी 9 प्रतिशत है, 3 करोड से 5 करोड़ तक पूंजी विनियोग करने वाले व्यापारी 1 प्रतिशत हैं तथा 5 करोड से अधिक पूंजी विनियोग करने वाले व्यापारी 2 प्रतिशत हैं।

**शाजापुर जिले के सराफा बाजार में व्यापारियों के व्यवसाय के टर्नओव्हर का विवरण –** शाजापुर जिले के स्वर्ण एवं रजत व्यवसाय में व्यापारियों द्वारा किये जाने वाले वार्षिक टर्नओव्हर का विवरण नीचे दी गयी तालिका में दर्शाया गया है. –

**तालिका क्रमांक – 1.5, व्यवसाय का टर्नओव्हर**

| विकल्प | वार्षिक टर्नओव्हर | प्रतिशत |
|---|---|---|
| अ. | 50 लाख रूपये वार्षिक तक | 77 |
| ब. | 50 लाख से 2 करोड़ रूपये वार्षिक तक | 18 |
| स. | 2 करोड़ से 5 करोड़ रूपये वार्षिक तक | 4 |
| द. | 5 करोड़ रूपये वार्षिक से अधिक | 1 |

**(स्त्रोत – शोधार्थी द्वारा प्रश्नावली के माध्यम से संकलित समंक )**

**रेखाचित्र क्रमांक – 1.2, व्यवसाय का टर्नओव्हर**




**तालिका की विवेचना –** उपरोक्त तालिका में व्यापारियों के टर्नओव्हर (कुल विक्रय) का अध्ययन किया गया है। तालिका के अध्ययन से यह ज्ञात होता है कि शाजापुर जिले के सराफा बाजार में 77 प्रतिशत व्यापारियों की कुल वार्षिक बिक्री 50 लाख रूपये वार्षिक तक है, 18 प्रतिशत व्यापारियों की कुल वार्षिक बिक्री 50 लाख रूपये से 2 करोड़ रूपये वार्षिक तक है, 4 प्रतिशत व्यापारियों की कुल वार्षिक बिक्री 2 करोड़ से 5 करोड़ रूपये वार्षिक तक है और सिर्फ 1 प्रतिशत व्यापारियों की कुल वार्षिक बिक्री 5 करोड़ रूपये वार्षिक तक है।

**शोध निष्कर्ष –** शोध पत्र से यह स्पष्ट होता है कि मध्यप्रदेश राज्य के मध्य में स्थित उज्जैन संभाग के जिले शाजापुर के सराफा बाजार का इतिहास अत्यंत प्राचीन है। इस जिले में बड़े पैमाने पर आभूषणों का निर्माण एवं विक्रय का कार्य किया जाता हैं। सराफा बाजार की इस जिले के निवासियों को बड़ी संख्या में रोजगार उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका है। शोध पत्र से यह भी स्पष्ट है कि सराफा व्यापार स्थापित करने में बड़ी मात्रा में पूंजी की आवश्यकता होती है। वर्तमान में स्वर्ण एवं रजत का मूल्य उच्चतम स्तर पर है जिससे इस प्रकार का व्यापार स्थापित करना मध्यमवर्गीय व्यक्ति या परिवार के लिए संभव नहीं है। शाजापुर जिले में भी अत्यधिक पूंजी की इसी आवश्यकता के कारण यह व्यापार जिले के बड़े पूंजीपतियों के आधिपत्य में है।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**

1. व्यावसायिक अर्थशास्त्र- डॉ. जे.पी.मिश्रा
2. व्यावसायिक अध्ययन – डॉ. कुमावत एवं चौधरी
3. सांख्यिकी के सिद्धांत – डॉ. शुक्ल एवं सहाय
4. जिला सांख्यिकी पुस्तिका, जिला शाजापुर
5. प्रमुख समाचार-पत्र एवं पत्रिकाऐं – दैनिक भास्कर, दैनिक जागरण, नई दुनिया

*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# दक्षिणी राजस्थान के अपवाह तंत्र का परिचयात्मक अध्ययन

**हरिओम सिंह झाला***

* व्याख्याता, जे.आर.शर्मा.पी.जी.कॉलेज, फलासिया (राज.) भारत

**प्रस्तावना –** प्रस्तुत शोध पत्र में अध्ययन क्षेत्र का चयन मुख्यत: मेवाड़ सन्दर्भ में ही किया गया हैं अर्थात् राजस्थान के दक्षिणी भाग में स्थित उदयपुर,चित्तौड़गढ़,राजसमन्द,भीलवाड़ा आदि जिलों की नदियों या अपवाह प्रणाली पर प्रकाश डालने का प्रयास किया जायेगा।

**बनास –** मेवाड़ में बहने वाली प्रमुख नदियों में बनास का नाम विशेष उल्लेखनीय हैं। इस नदी के नाम का शाब्दिक अर्थ वनआशा अर्थात् वन की आशा और 'वर्णनाश या वंशनाश' के रूप में लिया जा सकता है। इसी नदी का निकास अरावली पहाड़ों में कुंभलगढ़ से दक्षिण-पश्चिम में 10 किमी. की दूरी पर 25°7' उत्तरांश में है तथा यह प्रथमत: 48 किमी तक दक्षिण पश्चिम की तरफ जर्गा की श्रेणी के समानान्तर रेखा पर बहती है। इसके पश्चात् यह एक बार पूर्व में मुड़कर पहाड़ के दक्षिण किनारे की तरफ घूमकर 8-9 किमी. पीछे पहाडी श्रेणी में होकर बहती है। करीब 32 किमी. तक इस पहाडी क्षेत्र में बहने के पश्चात् यह खुले मैदान में आ जाती है। इस प्रकार यह नदी कुम्भलगढ़ से मेवाड़ के पठार अर्थात् गोगुन्दा के पठार तक दक्षिण की ओर बहती है, फिर अरावली पर्वत श्रेणियों को काटकर समकोण पर बहने लग जाती है और नाथद्वारा, राजसमन्द, कुरज, पहुना, हमीरगढ होती हुई भीलवाड़ा जिले के बिगोद व मांडलगढ़ के बीच बनास का बेड़च और मैनाली नदियों के साथ संगम होकर त्रिवेणी कहलाती है। 290 किमी. बहने के पश्चात् बनास नदी देवली के पास मेवाड़ राज्य को छोड़कर रामेश्वर के स्थान पर सवाई माधोपुर व कोटा की सीमा के पास चम्बल में मिल जाती है। इसकी मुख्य सहायक नदियों में बेडच कोठारी, खारी, मैनाली विशेष उल्लेखनीय है। सब नदियां सीधी बहे उल्टी बहे बनास, अर्थात् बनास नदी पश्चिम से पूर्व की ओर बहती है। इसकी घाटी के दोनों और उपजाऊ क्षेत्र है। यह नदी गर्मियों में प्राय: सूख जाती है किन्तु कई स्थानों पर खड्डों में पानी भरा रहता है। इस नदी में प्राय: चट्टान व बालू होने से पानी सतह के नीचे बहुत समय तक बहता है जो नदी के दोनों तरफ किनारों के कुओं में जाता है। नदी का उपरी भाग पहाड़ी होने के कारण अच्छी वर्षा प्राप्त करते हैं।'[1] राजस्थान डिस्ट्रीक्ट गजेटियर, उदयपुर (1979) के अनुसार 'It flows through Rajsamand and Railmagratahsils...its total length in Udaipur district is about 243 km. It leaves the district near village Gilund (Railmagratahsil). Important villages on its banks in the district are khamnor, Kotharia, Kuraj, Nathdwara etc. Banas is not perennial but in the districts its bed is hard and rocky and water is long retained. The land lying on the banks is very fertile....'[2]

**बेड़च –** यह नदी गोगून्दा की पहाड़ियों से निकलती है। इसका जल आवक क्षेत्र 292.30 वर्ग किमी. है। निकास से 18.5 कि.मी. मदार गांव से बहने के पश्चात् यह थूर गांव में आती है और यहां से बड़गांव, बेदला, आहाड़ के पास होते हुए 16 कि.मी. पूर्वी दक्षिणी दिशा में बहती हुई उदयसागर में मिलने से पूर्व आहाड़ की नदी कहलाती है। 75.5 कि.मी. की दूरी तय करके यह नदी उदयसागर में मिलने के पश्चात् उदयसागर का नाला कहलाता है। इसके पश्चात् इसे बेड़च नाम से अभिहित किया जाता है। यहां से चित्तौड़ तक इसकी प्रवाह दिशा उत्तर-पूं. रहती है और 190 किमी. बहने के बाद बीगोद के पास बनास में मिल जाती है। इसकी सहायक नदियों में सबसे पहले बड़ा नाला (गुमानिया वाला) उदयपुर में अलीपुरा के पास मिलता है तथा वांगली, वांगन, औराई आदि सभी सहायक नदियों इसमें दाहिनी ओर से मिलती है।'[3]

राजस्थान डिस्ट्रीक्ट गजेटियर, उदयपुर (1979) के अनुसार ......as Udaipur-Ka- Nala, when it reaches the opon country it is recognised as Berach and after flowing for about 93 km. in the north-easterly direction in the district it leaves its boundary near Akola village (Vallabhnagartahsil) and flows through Chittaurgarh and Bhilwara districts......the important villages/towns situated on its banks in the district are Ahar, udaipur, Ayad, Vallabhnagar, Badgaon, Khempura, Akola and Gondri..... The chief tributaries of berach are the wangli, the Wagan, the Gomti and the Orai, all joining it on right side. The river retains water in its bed throughout the year in good rainfall and is liable to be flooded in the event of excessive rainfall. Some medium and minor irrigation projects such as Bagolia, Khartana (1968&75) and Vallabhnagar were constructued in its basin a few years back..............."[4]

**खारी –** यह मेवाड़ की नदियों में सबसे उत्तर में है। उदयपुर जिले के सुदूर उत्तरी भाग में स्थित बिजराल गांव (वर्तमान राजसमंद जिला) के पास की पहाड़ियों से निकलकर राजसमन्द, देवगढ़ के पास से होती हुई अजमेर जिले एवं टॉक जिले में देवली के समीप बनास नदी (बनास एवं डाई से मिलकर त्रिवेणी संगम) से मिल जाती है। यह नदी अधिक लम्बी नहीं है। इसकी कुल लम्बाई 80 कि.मी. है। यह नदी उत्तर की ओर मेवाड़ राज्य को प्राकृतिक सीमा प्रदान करती है। इसके निकट खजूरी हुरड़ा, गुलाबपुरा आदि गांव स्थित हैं।[5]

**वाकल –** यह गोगुंदा के पश्चिम की पहाड़ियों से गोरा नामक गांव के निकट से निकलती है और करीब 80 किमी. दक्षिण में ओगणा और मानपुर के

निकट बहती हुई उत्तर-पश्चिम में मुड़कर कोटड़ा की छावनी के पास पहुंचती है। वहां से 8 किमी. तक पश्चिम की ओर बहती हुई, ईडर राज्य में साबरमती में मिल जाती है। इसकी सहायक मानसी (उदयपुर जिले में बहने वाली नदी) ओगणा के पास इसमें मिल जाती है।[6] इस नदी में पर्याप्त पानी रहा है। राजस्थान डिस्ट्रीक्ट गजेटियर, उदयपुर (1979) के अनुसार ' ... It rises in the hills near Ghora village in Gogundatahsil and flowing past Oghna and Manpur it reaches Kotra and turns towards the west. After flowing for about 112 km. in the district, it leaves the boundary near village GauPipli and enters Gujarat State. Raghogarh, Oghna, Panrawa and Kotra are the important villages situated on its banks.."[7]

**सोम –** यह नदी ऋषभदेव के पास बाबलवाड़ा के जंगलों में स्थित बीचाबेरा के निकट उदयपुर के नैऋत्य की पहाड़ियों (मेवाड़ के दक्षिण-पश्चिम भाग) से निकलती है तथा जयसमुद्र के निकास का पानी सोम नदी में जाता है जो वहां पश्चिम से पूर्व की ओर बहती है, फिर वह दक्षिण की ओर बबरानां (भबराना) गांव के पास मुड़कर माही नदी में मिल जाती है। इसकी सहायक नदियां जाखम, गोमती और सारनी हैं।[8] राजस्थान डिस्ट्रीक्ट गजेटियर, उदयपुर (1979) के अनुसार '.....rising in the hills near som village in Kotratahsil of the district, the river flows through hilly tracts in south-easterly direction and joins the Mahi near village Baneshwar. Its total length in the district is about 138 km. The important villages situated on its banks are Lauhariya, Limboda, Bhabrana, Aspur, Kandla, Deopura and Jawas. It leaves the district near village Debta (Salumbartahsil). It is a perennial river and its chief tributaries are the Gomti and the Jakham.......'[9]

**जाखम –** जाखम नदी प्रतापगढ़ के छोटी सादड़ी में अवस्थित भंवरमाता की पहाड़ियों से निकलती है। वहां से धरियावाद में प्रवाहित होती हुई प्रतापगढ़ जिले से निकलकर आसपुरा तहसील डूंगरपुर में प्रवेश करती है और वहां के नोरावल बिलूरा गांव में सोम नदी में विलीनहो जाती है। इस नदी पर जाखनिया के समीप राजस्थान का सबसे ऊँचा (81 मी.) का जाखम बांध निर्मित है। यह नदी पहाडों में सबसे तीव्र गति से बहने वाली नदी है।[10]

जाखम नदी के संदर्भ में भी ज्ञातव्य होता है कि राजस्थान डिस्ट्रीक्ट गजेटियर, उदयपुर (1979) के अनुसार '....has its origin in the hills sout-west of Chhoti Sadri in Chitaurgarh district. The river enters the Udaipur district near village Naglia and after flowing for about 34 km. through the hilly tracts, joins the som near village DeolaKalan in Lasadiatahsil. It flows for about 109 km. in the district and important villages situated on its banks are Deola, Nima-ka-Khera, Dhariyawad, Karmal and Manpura. Sukli and Karmai are its chief tributaries. The river is prone to floods due to steep slope of its bed....'[11]

उपरोक्त प्रमुख नदियों के अलावा मेवाड़ में कई छोटी नदियां अथवा बड़े नाले जिन्हें लोक भाषा में बाला या वाला कहते हैं, बरसाती जल लेकर प्रमुख नदियों में मिलकर उनके जल प्रवाह को तीव्रता प्रदान करते रहे हैं जैसे साई नदी अरावली के पश्चिम से निकलकर 80 किमी. उदयपुर में बहने के पश्चात् गुजरात में जाकर साबरमती के साथ मिल जाती है। इसी भांति आबू एवं उदयपुर के मध्य अरावली पहाड़ियों से साबरमती निकल कर उदयपुर जिले में कोई 44 किमी. बहने के पश्चात् कोटड़ा गांव के पास वाकल में मिल जाती है।[12] राजस्थान डिस्ट्रीक्ट गजेटियर, उदयपुर (1979) के अनुसार ' ...Sabarmati river originates from the western slopes of the Aravalli ranges between Udaipur and Abu. It flows for about 44 km. in the district and leaves its boundary near village Kotra and enters Gujarat State. Its chief tributary in Udaipur district is the Wakal which joins it near village Kotra. Seiriver, orginates from the western slopes of the Aravalli range and flows for nearly 80 km. through Udaipur district before it joins the Sabarmati in Gujarat state near village Dother. In rainy season there is no approach to the tracts through which the river flows. The river is prone to floods during good rainfall......'[13]

सरनी नदी के किनारे सलूम्बर बसा हुआ है। इस नदी का प्रारम्भ पहाड़ी नाले कदमाल व बेडावच के आकर मिलने से होता है। इन नालों को बूढ़ी नदी (कदमाल का नाला) व लोडावारी नदी कहा जाता है। सलूम्बर के सेलिंग तालाब में गोमती नदी से निकला हुआ खेराड़ का नाला आकर गिरता है जिसे 'भई का नाला' भी कहते हैं। सेलिंगतालाब से निकला नाला सरनी नदी में मिल जाता है और सरनी सोम नदी में मिल जाती है। सलूम्बर की ओर बहने वाली गोमती नदी व झामरी नदी बरसाती बड़ी नदियां हैं।[14]

जयसमुद्र प्रशस्ति केवल गोमती नदी के बारे में बतलाती है कि दो पहाड़ियों के बीच इस नदी को जयसमुद्र में बांधा गया है। जबकि इतिहासकार गौरीशंकर हीराचन्द ओझा ने गोमती, झामरी, रुपारेल और बगारी नामक चार छोटी नदियों को बांधना लिखा है। मेवाड़ में एक कहावत प्रचलित है कि 'नौ नदियां और निन्यानवे बाले' जयसमंद में गिरते हैं। अत: स्पष्ट है कि गोमती, झामरी, चीरोली, रूपारेल और बगार जयसमुद्र को जलापूरित करने वाली नदिया है तो गोमती, ताल व केलवा नदी के साथ साथ कई छोटे मोटे नाले राजसमुद्र को भरने वाले रहे है।[15]

फुलवारी की नाल का पहाड़ी क्षेत्र कई नदी व नालों का उद्गम स्थल भी है। मांसी (मानसी) वाकल, सोम व वाकल नदियां जिन पर सोमकादगर बांध व गुजरात में दारोई बांध बनाया गया है भी यहीं से निकलती हैं। इसके अलावा अभयारण्य के उमरिया ब्लॉक में सिंचाई विभाग ने महदी बांध का निर्माण किया है। अभ्यारण्य में कुछ नाले भी बहते हैं जिनमें देव नाला, भीमतलाई, चूना का पानी, भागीबेन, लंगोटिया, रीछीदरा, देवका पानी आदि प्रमुख हैं।[16] इस प्रकार दक्षिणी राजस्थान का अपवाह तंत्र विशालता और विविधता लिए हुए हैं।

**सन्दर्भ ग्रन्थ सूची:-**

1. कविराजा श्यामलदास, वीर विनोद, भाग-1, पृ. 110, महाराणा मेवाड़ हिस्टोरिकल पब्लिकेशन ट्रस्ट,सिटी पेलेस,उदयपुर एवं राजस्थानी ग्रंथागार,जोधपुर,2015 ; ओझा गौरीशंकर हीराचंद, उदयपुर राज्य का इतिहास भाग- पृ. 4 राजस्थानी ग्रंथागार,जोधपुर,2015 ; ओझा प्रियदर्शी, पश्चिमी भारत में जल प्रबंधन, पृ. 57 ; भट्टाचार्य ए. एन हुयुमन ज्योग्राफी ऑफ मेवाड, पृ.13.
2. अग्रवाल, बी.डी., राजस्थान डिस्ट्रिक्ट गजेटियर्स, उदयपुर (भारत का गजेटियर राजस्थान। उदयपुर), पृ.8
3. राणावत ईश्वर सिंह, राजस्थान के जल संसाधन, पृ.23-24
4. Agarawal, B.D., Rajasthan District Gazetteers, Udaipur (Gazetteer of India Rajasthan, Udaipur), P. 8, Govern-

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

ment of Rajasthan,Jaipur,1979

5. कविराजा श्यामलदास, वीर–विनोद, भाग–1, पृ.111 ; दीपा कँवर राणावत,हेमेन्द्र सिंह सारंगदेवोत, उदयपुर एवं जोधपुर जिलों में मानव संसाधन विकास और भौगोलिक पक्ष(20वीं–21वीं शताब्दी के संदर्भ में)पृ.61,मेवाड़श्री प्रकाशन,चित्तौड़गढ़ एवं नई दिल्ली,2022 ;राजस्थान पत्रिका, अक्टूबर 12. 1990 ई. पृ.4 पर अशोक माहेश्वरी ने इस नदी का उद्गम स्थल राजसमंद जिले की भीम तहसील का भीमाखेड़ा बताया है,
6. ओझा गौरीशंकर हीराचंद, उदयपुर राज्य का इतिहास भाग–1,पृ. 4
7. अग्रवाल, बी.डी., राजस्थान डिस्ट्रिक्ट गजेटियर्स, उदयपुर (भारत का गजेटियर राजस्थान। उदयपुर), पृ.9
8. ओझा गौरीशंकर हीराचंद, उदयपुर राज्य का इतिहास भाग–1,पृ. 4
9. अग्रवाल, बी.डी., राजस्थान डिस्ट्रिक्ट गजेटियर्स, उदयपुर (भारत का गजेटियर राजस्थान। उदयपुर), पृ.9–10
10. दीपा कँवर राणावत,हेमेन्द्र सिंह सारंगदेवोत, उदयपुर एवं जोधपुर जिलों में मानव संसाधन विकास और भौगोलिक पक्ष(20वीं–21वीं शताब्दी के संदर्भ में),पृ.62–63
11. अग्रवाल, बी.डी., राजस्थान डिस्ट्रिक्ट गजेटियर्स, उदयपुर (भारत का गजेटियर राजस्थान। उदयपुर), पृ.10
12. राणावत ईश्वर सिंह, राजस्थान के जल संसाधन, पृ.29
13. अग्रवाल, बी.डी., राजस्थान डिस्ट्रिक्ट गजेटियर्स, उदयपुर (भारत का गजेटियर राजस्थान। उदयपुर), पृ.10
14. भंडारी विमला,सलुम्बर का इतिहास,पृ.5–6, अनुपम प्रकाशन, सलुम्बर, 2000
15. ओझा प्रियदर्शी, पश्चिमी भारत में जल प्रबंधन, पृ. 113,116,121
16. गुप्ता मोहन लाल, राजस्थान में वन एवं वन्य जीवन,पृ.199–200

*************

# मेवाड़ के वीर पिता का वीर पुत्र महाराणा अमर सिंह प्रथम

**खुशबु झाला***

* छात्रा (इतिहास) मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत

**शोध सारांश –** उक्त लेख में राजस्थान के मेवाड़ अंचल के बैकुंठ महाराणा अमर सिंह प्रथम के जीवन की क्रमिक घटनाओं को प्रकाश में लाने का प्रयास किया गया है। महाराणा अमर सिंह, महाराणा प्रताप के सबसे बड़े पुत्र एवं मेवाड़ राज्य के उत्तराधिकारी थे। उन्होंने 19 जनवरी 1597 से 26 जनवरी 1620 तक मेवाड़ राज्य पर शासन किया। अपने राज्याभिषेक से पूर्व एवं पश्चात उन्होंने मुगलों के खिलाफ कई लड़ाइयां लड़ी और अंत में परिस्थितियों से विवश होकर, निरंतर मुगल आक्रमणों द्वारा प्रजा व सरदारों की दयनीय स्थिति देख व मेवाड़ की कमजोर आर्थिक स्थिति, संसाधनों की कमी आदि ध्यान में रख प्रजा हित को स्वाभिमान से ऊपर रख 1615 में मुगल सम्राट जहांगीर से संधि की जिसे मेवाड़ मुगल संधि कहा जाता है। इस संधि के पश्चात शताब्दी से चले आ रहे हैं दीर्घकालिक संघर्ष का अंत हुआ। परंतु इस संधि के बाद महाराणा अमर सिंह का जीवन आत्मग्लानि में डूब गया तथा उन्होंने राजकार्य अपने ज्येष्ठ पुत्र कुंवर कर्ण सिंह को सौंप कर अपना जीवन एकलिंग नाथ की आराधना करते हुए एकांतवास में व्यतीत किया।

**शब्द कुंजी –** प्रकाश, आक्रमण, संधि, हित, स्वाभिमान।



**छायाचित्र - 01**

**प्रस्तावना –** महाराणा अमर सिंह का जन्म 16 मार्च 1559 को महाराणा प्रताप की रानी अजबदे पंवार के गर्भ से चित्तौड़गढ़ दुर्ग में हुआ। उस समय मेवाड़ के महाराणा उदय सिंह थे जो प्रताप के पिता व अमर सिंह के दाता हुकुम थे। अमरसिंह के जन्म से प्रसन्न होकर उदय सिंह अपने परिवार के साथ एकलिंग नाथ के दर्शन करने पहुंचे। गिरवा में प्रवेश कर महाराणा ने आहड़ नगर में पड़ाव डाला व एकलिंग नाथ के दर्शन किए तथा इस शुभ अवसर पर ही मेवाड़ की नई राजधानी बेड़च नदी के किनारे उदयपुर नगर की स्थापना की एवं उदयपुर के क्रमिक विकास के साथ ही प्रताप व उनकी मृत्यु के पश्चात अमर सिंह प्रथम ने यहां से मेवाड़ का राज कार्य संभाला।

**युवराज के रूप में अमर सिंह –**अमर सिंह को बचपन में प्रेम से 'अमरा' कह कर पुकारा जाता था।अमर सिंह ने अल्पायु में ही अपने पिता के साथ पहाड़ों में रहते हुए शस्त्र विद्या, गुरिल्ला युद्ध (छापामार) पद्धति आदि कौशल आत्मसात कर लिए जिसका कुशल प्रयोग अमर सिंह द्वारा निरंतर मुगलों द्वारा किए 17 आक्रमणों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के रूप में किया गया।

**दिवेर का युद्ध –** महाराणा प्रताप द्वारा मुगलों को कुंभलगढ़ युद्ध का प्रत्युत्तर देने हेतु –1582 दशहरे के दिन राणा की सेना दिवेर के शाही मोर्चे पर आक्रमण कर देती है जिसका थानाधिकारी सुल्तान खान नामक मुगल था। राजपूत व मुगलों की सेना में युद्ध होता है तथा महाराणा की सेना विजय होती है व मुगल पराजित होते हैं।



**छायाचित्र -02**

अमरकाव्यम व राज प्रशस्ति के अनुसार कुंवर अमर सिंह सुल्तान खान नामक मुगल सेनापति पर भाले से प्रहार करते हैं तथा एक ही प्रहार में भाले को सुल्तान खान सहित घोड़े के आर–पार निकाल देते हैं। युद्ध समाप्त होता है तथा प्रताप युद्ध भूमि में घायलों का जायजा ले रहे थे तो वह गंभीर रूप से घायल सुल्तान खान के निकट जाकर उसकी आखिरी इच्छा पूछते हैं व घायल सुल्तान खान भाला मारने वाले युवक को देखने की इच्छा प्रकट करता है किंतु अमर सिंह उस समय मोर्चे से दूर थे व सुल्तान खान की बिगड़ती परिस्थिति देख महाराणा निकट खड़े सैनिक का परिचय भाला मारने वाले युवक के रूप में कराते हैं। सुल्तान खान हाव भाव से स्पष्ट करता है कि उसने प्रहार करने वाले युवक की आंखों को देखा था अत: वास्तविक युवक

को लाया जाए जिसने मुझ सुल्तान खान पर इतनी वीरता से प्रहार किया। अत: तत्काल अमर सिंह को बुलवाया गया तथा प्रताप ने अमर सिंह का परिचय सुल्तान खान से कराया। अमर सिंह को देखते ही खान के चेहरे पर प्रसन्नता के भाव आए तथा उसने कहा तुम सच में योग्य पिता के योग्य पुत्र हो। सुल्तान खान ने जल मांगा तुरंत गंगाजल का प्रबंध किया गया किंतु सुल्तान खान भयंकर घायल होने के बाद भी मृत्य को प्राप्त नहीं हो पा रहा था। अत: प्रताप ने अमर सिंह को भाला शरीर से निकालने कहा किंतु भाला नहीं निकला तब अमर सिंह ने सुल्तान खान के दोनों पैरों पर खड़े होकर दोनों हाथों से भाला खींचते हैं तब भाला निकलता है और सुल्तान खान की मृत्यु हो जाती है।



**छायाचित्र -03**

दिवेर का युद्ध जिसे टॉड ने 'मेवाड़ का मैराथन' की संज्ञा दी है, अमर सिंह की अप्रतिम वीरता का युद्ध है किंतु इतिहास की विडंबना देखिए हल्दीघाटी के बारे में लिखने में हम इस तरह खो गए कि हम दिवेर भूल गए। यदि दिवेर लिखा जाता है तो इससे साबित होता है कि इसमें प्रताप की विजय हुई, इस युद्ध में सेनापति अमर सिंह थे जिन्होंने अपने अपूर्व शौर्य व वीरता का परिचय दिया जिसकी वजह से इस युद्ध में मुगलों की पराजय हुई।

**शेरपुर मोर्चे पर आक्रमण (1580) -** अब्दुर्रहीम खानखाना को अजमेर का सूबेदार नियुक्त किया गया तथा खानखाना मेवाड़ अभियान हेतु शेरपुर पहुंचे। जब तक शेष मुगल सेना खानखाना से आकर मिलती उससे पूर्व ही कुंवर अमर सिंह ने शेरपुर मोर्चे पर आक्रमण कर खानखाना के परिवार को बंदी बना लिया जिसमें स्त्रियां भी शामिल थी किंतु जब महाराणा प्रताप को मूल घटना की जानकारी हुई उन्होंने अमर सिंह को अपनी भूल समझाई व अमर सिंह ने महिलाओं से क्षमा मांगी। महाराणा ने महिलाओं से कहा आप सभी मेरी बहन बेटी के समान है तथा मेरे पुत्र से भूल हुई, पुन: इसे नहीं दोहराया जायेगा। महिलाओं को ससम्मान खानखाना के मोर्चे पर पहुंचाया गया अमर सिंह द्वारा खानखाना को पत्र लिखा गया व खानखाना से क्षमा मांगी गयी। यह घटना खानखाना हेतु अविस्मरणीय थी तथा उस दिन से खानखाना मेवाड़ की स्वतंत्रता के पक्षधर हुए व कुंवर अमर सिंह के मित्र बने। मित्रता के इसी क्रम में आगे महाराणा अमर सिंह मेवाड़ की दयनीय स्थिति में खानखाना से मार्गदर्शन करने को कहते हैं।

**अमर सिंह का राज्याभिषेक -** 19 जनवरी 1597 को कुंवर अमर सिंह प्रथम का राज्याभिषेक चावंड में हुआ 19 जनवरी 1597 से 26 जनवरी 1620 तक महाराणा अमर सिंह ने मेवाड़ पर शासन किया। महाराणा अमर सिंह के राज्याभिषेक के 2 वर्ष पश्चात ही निरंतर मुगल आक्रमणों का दौर शुरू हो गया।

**महाराणा द्वारा कार्य**

1. सैन्य व्यवस्था संचालन हेतु विभाग संचालक हरिदास झाला।
2. लोगों को कर माफी जमीन देखकर आर्थिक सहायता।
3. गोविन्दलाल श्रीमाली लिखते है महाराणा अमर सिंह के रायपुरिया ताम्रपत्र से विक्रम संवत 1656 ज्येष्ठ सुदी को दुरसा आढा व उनके पुत्रों को गोडवाल गांव का दान।
4. गोविन्दलाल श्रीमाली लिखते है जैन अभिलेख - 14 अगस्त 1602 ई पाली से राणा अमर सिंह द्वार मेहता नारायण को जिनके पूर्वज सिवाना की लड़ाई में मारे गए थे कृपा पूर्वक गांव दान किया गया व महावीर की पूजा हेतु एक अरहठ भी उपहार किया।

**महाराणा अमर सिंह के समय मुगल अभियान**

**1599 सलीम का अभियान-**मुगल सम्राट अकबर द्वारा शहजादे सलीम को मेवाड़ अभियान पर भेजा गया व अबुल फजल के अनुसार मेवाड़ी सेना छापामार युद्ध करती हैं जो पहाड़ों से निकल आक्रमण कर पुन: पहाड़ों में लौट जाती किंतु मुगल सेना मेवाड़ के भौगोलिक परिवेश से परिचित न होने के कारण हार का सामना करती है तथा परेशान हो वापस लौट जाती है।

**1603 पुन: सलीम का अभियान -**पुन: सलीम को अभियान पर भेजा जाता है इस बार शहजादा सम्राट के विरुद्ध विद्रोही मानसिकता के कारण फतेहपुर सीकरी से आगे नहीं बढ़ता है व अकबर शहजादे को पुन: इलाहबाद लौटने का आदेश देता है तथा अभियान असफल हो जाता है।

**1605 परवेज का अभियान -**इस समय तक अकबर की मृत्यु हो जाती है व शहजादा सलीम जहांगीर नाम से मुगल सम्राट बनता है। अपने पिता अकबर के समय वह मेवाड़ अभियान को टालता रहा, किंतु शासक बनने के बाद उसने अपनी संपूर्ण शक्ति व संसाधनों को मेवाड़ को अधिकार में लाने में लगा दिया। जहांगीर ने अपने दूसरे पुत्र परवेज को 1605 में 20000 अश्वारोहियों वाली सेना के साथ मेवाड़ पर अधिकार हेतु भेजा। इसके साथ ही स्पष्ट निर्देश दिया कि यदि महाराणा व उनके पुत्र संधि करना स्वीकार करें तो उनके मुल्क को नष्ट मत करना।

कविराजा श्यामलदास के अनुसार महाराणा अमर सिंह को मुगल आक्रमण की सूचना मिलते ही उन्होंने स्वभूमि विध्वंस की नीति अपनाई व खेतों को उजाड़ दिया ताकि मुगलों को खाद्य सामग्री उपलब्ध न हो। जब परवेज ऊंटाला आधुनिक वल्लभनगर की ओर बढ़ रहा था तो मेवाड़ की सेवा ने आक्रमण कर मुगल सेना को क्षति पहुंचाई। मुगल सेना पराजित हुई व सेना को वापस बुला लिया गया।

**1608 महावत खान का अभियान -** महावत खान को 80 तोपे देकर महाराणा को परास्त करने हेतु भेजा गया। खान की सेना ने मेवाड़ में कई स्थानों पर चौकिया स्थापित की और मेवाड़ पर आक्रमण की योजना बना ही रहे थे इसी मध्य मेघ सिंह नामक योद्धा ने पहाड़ों से निकल 500 राजपूत साथियों के साथ रात्रि में मुगल सेना पर आक्रमण कर दिया। मुगल सेना को बड़ी क्षति हुई तथा महावत खान जैसे सेनापति को अपनी जान बचा सेना के साथ भागना पड़ा।

**1609 अब्दुल्ला खान का अभियान -** मुगलों ने अपने प्रयास नए सिरे से शुरू किए व अब्दुल्ला खान के नेतृत्व में अभियान भेजा। किंतु इसमें भी मुगल सेना को कोई सफलता नहीं मिली पहाड़ी इलाकों में जब अवसर मिले राजपूत सैनिक टुकड़ियों ने मुगल मोर्चे पर आक्रमण किया व महाराणा अमर सिंह ने अपना वर्चस्व कायम रखा। जहांगीर को खान को वापस बुलाने पर मजबूर होना पड़ा।

**1612 राजा बसु का अभियान–**अब राजा बसु के मनसब में वृद्धि कर उन्हें मेवाड़ पर अधिकार हेतु भेजा गया। किंतु ऐसा प्रतीत होता है कि बसु को मेवाड़ में असफलता का ही सामना करना पड़ा क्योंकि समकालीन फारसी इतिहास एवं तुजुक–ए–जहांगीरी में उनके युद्धों का कोई इतिहास नहीं मिलता।

**1613 मिर्जा अजीज कोका का अभियान –**पुन: मिर्जा अजीज कोका को भेजा गया पर इस बार भी इतिहास की पुनरावृत्ति ही हुई और कोका को सफलता नहीं मिली।

**1615 खुर्रम का अभियान–**मेवाड़ में निरंतर मुगल अभियान की असफलता को देख जहांगीर ने अपने पुत्र खुर्रम के नेतृत्व में विशाल सेना मेवाड़ पर आक्रमण हेतु भेजी। गोपीनाथ शर्मा के शब्दों में खुर्रम ने मेवाड़ को पूरी तरह घेरने की योजना बना महाराणा अमर सिंह को चावंड के पहाड़ों में घेर लिया तथा उन मुगल स्थान पर पुन: अधिकार कर लिया जो पिछले अभियानों में मुगलों के हाथ से निकल गए थे। राजपूतो ने भी बड़े साहस से स्थिति का मुकाबला किया किंतु निरंतर दीर्घकालिक संघर्ष के कारण मेवाड़ की आर्थिक व प्रशासनिक व्यवस्थाएं ध्वस्त हो गई स्वभूमि विध्वंस की नीति जो मुगलो के विरुद्ध थी उससे अब मेवाड़ की प्रजा की आर्थिक स्थिति बिगड़ गई तथा महाराणा की प्रजा सरदार सेना आदि शांति की मांग करने लगे।

अपनों की बिगड़ी स्थिति ने महाराणा अमर सिंह को धर्म संकट में डाल दिया तथा महाराणा ने अपने पुराने मित्र अब्दुर्रहीम खानखाना से मार्गदर्शन चाहा। कविराजा श्यामलदास दास के अनुसार खानखाना ने जवाब इस प्रकार दिया।

**धररहसी रहसी धरम, खप जासी खुरसान।**
**अमर विश्वंभर ऊपरा, राखो निहचो राणा।।**

**अर्थ –** जमीन और ईमान रहेगा और खुरासानी लोग अर्थात मुगल नष्ट हो जाएंगे0 ऐ राणा अमर सिंह! आप इस दुनिया के पालने वाले पर भरोसा रखें अर्थात हीनता के आराम से इज्जत की तकलीफ अच्छी है।

**परिस्थितियां –** कवि राजा श्यामल दास लिखते हैं कि खानखाना के संदेश के बाद कुछ लड़ाइयां और लड़ी गई पर अब राजपूती सरदारों ने मिलकर महाराणा अमर सिंह के पुत्र कुंवर करण सिंह से सलाह मांगी कि अब क्या करना चाहिए सरदारों ने कहा एक एक घराने की चार–चार पीढ़ियां शहीद हो गई, खाद्यान्न कमी के कारण गुलर के फल खाकर दिन काटने पड़ रहे हैं, मेवाड़ी राजपूतो के बाल बच्चे व स्त्रियां युद्ध के बाद मुगल सैनिकों के हाथों में पढ़ने से शोषित होते हैं मेवाड़ किसी भी परिस्थिति में और आक्रमण सहने को तैयार नहीं है अत: कुंवर कर्ण सिंह को महाराणा अमर सिंह के समक्ष शांति संधि का विचार रखने को कहा गया इस पर कुंवर कर्ण सिंह ने उत्तार दिया मैं आप लोगों एवम् मेवाड़ की स्थिति से परिचित हूं किंतु दाजीराज अर्थात् महाराणा प्रताप के ताने को जो उन्होंने बादशाह के अधीनस्थ बनने के विषय में अमर सिंह को युवराज काल में दिया था याद कर कदापि संधि नहीं चाहेंगे। सरदारों के पुन: अर्ज करने पर कुंवर कर्ण सिंह ने सुझाव दिया कि महाराणा को सूचित किए बिना ही संधि प्रस्ताव मुगल खेमे में भिजवा दिया जाए क्योंकि कर्ण सिंह नहीं चाहते थे कि महाराणा के संधि प्रस्ताव न रखने पर मेवाड़ के सरदार बगावत न कर दे तुरंत प्रभाव से संधि प्रस्ताव खुर्रम के मोर्चे पर भिजवाया गया और मुगल शहजादे ने सम्राट के पूर्व निर्देशानुसार संधि प्रस्ताव स्वीकार कर लिया।

संधि प्रस्ताव की सूचना महाराणा को कवि राजा श्यामल दास के अनुसार कुंवर कर्ण सिंह ने सरदारों संग महाराणा समक्ष उपस्थित होकर महाराणा को परिस्थितियों से अवगत करा संधि प्रस्ताव संबंधित हाल अर्ज किया। इसे सुनने के पश्चात महाराणा शांत रहे किंतु उनके चेहरे पर उदासी छा गई कुछ समय पश्चात महाराणा ने उत्तार दिया दाजीराज का ताना सहन करने का इरादा मेरा नहीं था किंतु ईश्वर ने आंख से दिखाया। अब जब सभी सरदारों व प्रजा की यही मर्जी है तो मुझे यह सहना पड़ेगा। महाराणा द्वारा कहे उक्त शब्दों से महाराणा की स्थिति की समझ व प्रजा हित की भावना की झलक दिखती है इस तरह निराशा के बाद पेशवाई कर शाही फरमान मान लिया गया।

**मेवाड़ मुगल संधि शर्तें:**

1. स्वयं महाराणा खुर्रम से मुलाकात करेंगे और कुंवर कर्ण सिंह मुगल दरबार में उपस्थित होंगे।
2. महाराणा को अन्य राजाओं की तरह मुगल दरबार की सेवा श्रेणी में शामिल होना होगा परंतु राणा को दरबार में उपस्थित होना आवश्यक नहीं होगा।
3. 1500 घुड़सवारों की टुकड़ी मुगल सेवा में सम्मिलित होगी।
4. कुंवर कर्ण सिंह को 5000 जात व 5000 सवार का मनसब प्रदान किया जाएगा।
5. चित्तौड़ लौटा दिया जाएगा परंतु किले की मरम्मत नहीं करवाई जा सकती।

कविराजा श्यामलदास के अनुसार उक्त संधि में मेवाड़ की और से हरिदास झाला व शुभकरण को संधि वार्ता हेतु भेजा गया था। खुर्रम द्वारा इनका स्वागत किया गया व मुगल अधिकारियो शुक्रल्लाहएवं सुन्दरदास के संघ जहांगीर के समक्ष अजमेर भेजा गया।

इस संधि द्वारा वर्षों से चल रहे दीर्घकालिक संघर्ष का अंत हुआ अपनी क्षमता से कई गुना बड़ी संसाधनों से युक्त मुगल सेना से मुकाबला करना आसान नहीं था शक्तिशाली मुगलों के सामने अपने सीमित संसाधनों व सीमित सेना के साथ अरावली पर्वतमालाओं के बीच उन्होंने बार–बार उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जब वर्षों के बाद उनके सभी संसाधन समाप्त हो गए तो उन्हें सरदारों की जिद व प्रजा की स्थिति के कारण शांति संधि करनी पड़ी यह संधि एक तरफा कभी नहीं थी क्योंकि मुगलों ने भी संधि के लिए पहल की थी व मुगल स्वयं दीर्घकाल से चले आ रहे संघर्ष का अंत चाहते थे।

**महाराणा अमर सिंह का आखिरी समय –**बिना मन से की गई मेवाड़ मुगल संधि के बाद महाराणा अमर सिंह का मन विचलित रहने लगा। उन्हें महाराणा प्रताप द्वारा अमर सिंह के युवराज काल में कहा ताना याद कर आत्मग्लानि होने लगी। कविराजा श्यामल दास लिखते हैं कि – अपने युवराज काल के दौरान जब अमर सिंह अपने पिता महाराणा प्रताप के साथ पहाड़ पर झोपड़ी में निवास कर रहे थे। इस दौरान रात्रि में वर्षा के कारण वर्षा का पानी झोपड़ी में गिरने लगा तब मेवाड़ की कुंवरानी ने अमर सिंह से कहा हम इस दुख से कभी पार उतरेंगे या नहीं? कुंवर अमर सिंह ने जवाब दिया कि हम क्या करें दाजीराज के विरुद्ध कुछ नहीं कर सकते। प्रताप निकट की झोपड़ी में विश्राम कर रहे थे, उन्होंने कुंवर कुंवरानी की बातें सुनी व सवेरे सभी सरदारों को इकट्ठा कर कहा है सरदार लोगों में अच्छी तरह जानता हूं कि मेरे बाद में कुंवर अमर सिंह जो दिल से आराम चाहता है कभी तकलीफ नहीं उठायेगा और मुसलमान बादशाहों की खिल्लत पहनेगा। हमारे बेदाग वंश को अपने आराम के लिए दाग लगवायेगा। यह बात कुंवर के दिल पर

लगी वह बहुत लज्जित हुए लेकिन अपने पिता के सामने कुछ कह नहीं सके व निश्चय किया कि वह कभी बादशाह के आज्ञाकारी नहीं बनेंगे किंतु परिस्थितियों कुछ ऐसी बनी कि उन्हें प्रजा हित को स्वाभिमान व इच्छा से ऊपर रखना पड़ा।

**एकांतवास –** संधि के बाद राणा अमर सिंह ने अपनी सत्ता अपने पुत्र कुंवरकर्ण सिंह को सौंप कर स्वयं एकलिंग नाथ की अराधना करते हुए अगले 5 वर्ष महासतिया आहड़ के किनारे एकांत जीवन व्यतीत किया। जहां 26 जनवरी 1620 को महाराणा अमर सिंह का देहावसान हो गया। जहां इनका प्रथम स्मारक बना है।

**अमर सिंह का व्यक्तित्व–**गोपीनाथ शर्मा की पुस्तक में लिखा है कि – डॉ. ओझा लिखते हैं अमर सिंह वीर पिता का वीर पुत्र था। उपयुक्त लेख का शीर्षक डॉ. ओझा के विचारों से ही प्रेरित हैं, कर्नल जेम्स टॉड लिखते हैं सभी वक्तव्य राणा अमर जैसे चरित्र पर बहुत ही कम है, उनके पास एक नायक के सभी शारीरिक गुणों के साथ मानसिक गुण भी थे। वह मेवाड़ के सभी राजकुमारों में सबसे लंबे एवम् मजबूत थे वह अपने वंश के अन्य महाराणा की तरह अति सुंदर नहीं थे, उसके उलट वे सांवले रूपशाली थे। वह इतने वैधानिक थे कि जब सामंतों ने संधि का प्रस्ताव रखा तो उसको स्वीकृति दी। उन्होंने अपने व्यक्तिगत अपमान को स्वीकार किया व राज्यहित को प्राथमिकता दी। उदारता, पराक्रम, न्याय व दयालुता के कारण अपनी प्रजा के प्रिय थे।

**निष्कर्ष –** महाराणा अमर सिंह ने अपने जीवन में मुगलों के विरुद्ध 17 युद्ध लड़े एवं सभी में विजय प्राप्त की व मुगलों को तमाम युद्ध में पराजित किया। अत: यह बिना किसी शंका के कहा जा सकता है कि अमर सिंह मेवाड़ के इतिहास में महान वीर योद्धा है किंतु महाराणा प्रताप का व्यक्तित्व इतना विराट हो गया की अमर सिंह छुप गया। इसलिए अमर सिंह का व्यक्तित्व उतना उजागर नहीं हो पाया जितना होना चाहिए था। अमर सिंह के बारे में उतना नहीं लिखा गया जितना लिखा जा सकता है या लिखा जाना चाहिए। अमर सिंह की अतुलनीय प्रतिभा देखने को मिलती है चाहे वह दिवेर का युद्ध हो या मांडलगढ़, उनमें एक वीर योद्धा के साथ ही संधि के दौरान सरदारों व प्रजा के प्रति उदारता व न्याय के भाव भी मौजूद थे। जो की राजतंत्रीय शासन के दौर प्रजाकल्याण को सर्वोपरि रखने का एक अनुपम उदहारण है। यह कहा जा सकता है कि मेवाड़ का इतिहास अमर सिंह की शौर्य गाथा उनके द्वारा लड़े गए युद्धों एवम् अनगिनत लड़ाइयों के बिना अधूरा है। इतिहासकार भले ही अपने लेखन में महाराणा अमर सिंह को वह स्थान देने में पुर्णरूपेण सफल नहीं हो पाए हो परन्तु मेवाड़ के इतिहास में महाराणा के शौर्य, बलिदान एवं समर्पण की छाप अमिट रहेगी।

**संदर्भ ग्रंथ सूची :-**


1. शर्मा, गोपीनाथ, 'राजस्थान इतिहास के स्त्रोत पुरातत्व भाग प्रथम'(1671),पृष्ठ. स.335-342
2. दधवाडीया, श्यामलदास, 'वीर विनोद प्रथम खंड (1986), पृष्ठ.स.432,460-463
3. टॉड, जेम्स, 'एनाल्स एंड एंटिक्विटीज ऑफ राजस्थान भाग 1'(1997), पृष्ठ.स.276-278
4. शर्मा, नारायणलाल, 'महाराणा उदय सिंह (2009), पृष्ठ.स. 276, 278
5. श्रीमाली, गोविंदलाल, 'राजस्थान के अभिलेख भाग 2' पृष्ठ.स. 358-359
6. गुप्ता, कृष्णस्वरूप, 'मेवाड़ इतिहास के अविस्मरणीय प्रसंग'(2021), पृष्ठ.स.93,94
7. गुप्ता, के, एस, और औझा, जे, के, 'राजस्थान का इतिहास एक सर्वेक्षण आरंभिक काल से 1956 ई. तक'(2019), पृष्ठ.स.149-152
8. चन्द्र, सतीश, 'मध्यकालीन भारत सल्तनत से मुगल काल तक' (2019), पृष्ट.स.120
9. 'अमरकाव्यम सर्ग' पृष्ठ.स.17,75
10. 'राजप्रशस्ती सर्ग', पृष्ठ.स.38-39
11. 'अकबरनामा' भाग 3
12. 'तुजुक - ए - जहांगीरी'


**वेबसाइट:-**


1. https://www.thejaipurdialogues.com/itihasa/maharana-amar-singh-forgotten-son-of-mewar/#google_vignette
2. https://udaipurtimes.com/blog/rana-amar-singh-i-today-on-the-four-hundredth-birth/c74416-w2859-cid364976-s10701.htm


**छायाचित्र सन्दर्भ:-**


1. https://en.wikipedia.org/wiki/Amar_Singh_I.
2. https://www.thejaipurdialogues.com/itihasa/-diverkayuddhe


*************

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

# Synthesis of Schiff base derived ligands 1-chloro-2 (2-chloroethoxy) ethane derived ligand (S1) and 1,2-bis(2-chloroethoxy)ethane derived ligand (S2)

**Dr. Shital Joshi***

*Department of Chemistry, Govt. Arts and Science College, Ratlam (M.P.) INDIA

**Abstract** - The ligands (5E,15E)-7,8,9,10,11,12, 13,14,22,23,25, 26-dodecahydr odibenzo[h,v] [1,4,7] trioxa [11,14,17,20] tetraazacyclotricosine [1-chloro-2(2-chloroethoxy) ethane derived ligand ($S_1$)] and (5E,15E)-7,8,9,10,11,12,13, 14,22,23, 25,26,28,29-Tetradecahydrodibenzo[k,y][1,4,7,10]tetraoxa[14,17,20,23] tetraazacyclo hexacosine [1,2-bis(2-chloroethoxy)ethane derived ligand ($S_2$)] have been synthesized by nucleophilic aromatic substitution reaction of Schiff base 2,2'((1E,11E)-2,5,8,11-tetraazadodeca-1,1-diene-1,12-diyl)diphenol (TTS)/N,N'-bis[2-(salicylideneamino) ethane-1,2-diamine (TTS). The ligands $S_1$ and $S_2$ have been synthesized by condensation reaction of Schiff base (TTS) with dichloro derivatives of diethylene and triethylene glycol respectively and characterized by elemental analysis, IR, $^1$H NMR, and Mass spectrometry method.
**Keywords**: Schiff base derived ligand, glycol derived ligand, 1-chloro-2(2-chloroethoxy) ethane derived ligand ($S_1$), 1,2-bis(2-chloroethoxy)ethane derived ligand ($S_2$).

**Introduction -** Schiff base is class of compounds which contains carbon nitrogen double bond. Schiff bases are easily prepared by the condensation reaction or microwave irradiation of primary amine with carbonyl compounds, these carbonyl compounds may be aldehydes, ketones and acids[1, 2]. Large no of compounds are prepared using Schiff base which are used to prepare their transition metal complexes which are of great interest due to their diverse reactivity and wide application in catalysis, pharmaceuticals, functional materials[3-8].

However despite extensive scientific reports on the synthesis, characterization, crystalline structure and application of the transition metal complex, there are limited report on the use of Schiff base as ionophore in supramolecular chemistry[9-12]. L. Mishra *et al.* studied tetradentate thioiminato Schiff base as carriers for transport of nickel ions through chloroform liquid membrane[13] and S. Dubey *et al.* synthesized mixed donor ionophore using Schiff base and studied liquid membrane transport of transition metal ions and the effect of donor site of ionophore on separation of metal ions[14, 15], still very little attention paid in this field.

In the present work a Schiff base derived ligands $S_1$ & $S_2$ have been synthesized and characterized by elemental analysis, IR, $^1$H NMR, Mass and spectrometry method which can be used as ionophores.

**Material And Methods:**

**1 Chemicals:** All the chemicals used throughout the course of experimental work were of AR grade. The reagents used for synthesis of Schiff base are salicylaldehyde and TETA were purchased from Loba Chemie and S. D. Fine respectively. The Schiff base (TTS) is prepared by reported method[16]. The reagent used for synthesis of ligand $S_1$ is 1-chloro-2(2-chloroethoxy)ethane was obtained from Merck and for ligands $S_2$ are 1,2-bis(2-chloroethoxy)ethane was obtained from Sigma Aldrich. Sodium hydroxide (NaOH) was obtained from CDH. The solvents dichloromethane (DCM), dimethyl sulfoxide (DMSO), were obtained from Merck.

**2 Instruments -** Capillary melting point apparatus was used for determination of melting point of ligands, FTIR spectra were recorded on FTIR spectrophotometer at Central Analytical Laboratories, Indore, $^1$H and $^{13}$C NMR spectra were recorded in $CDCl_3$ using tetramethylsilane as an internal reference on Brucker Avance II 400 NMR spectrophotometer, SAIF, Punjab University, Chandigarh. Elemental analysis and Mass spectral analysis have been carried out using Eurovector EA 3000 elemental analyzer and Waters UPLC-TQD mass spectrometer respectively from CDRI, Sophisticated Analytical Instrumentation Facility (SAIF), Lucknow UP.

**Preparation of Ligands:**

**1 Synthesis of (5E,15E)-7,8,9,10,11,12,13,14,22,23,25,26-dodecahydro dibenzo [h,v] [1,4,7] trioxa [11,14,17,20] tetraazacyclotricosine ($S_1$) -** The ligand $S_1$ has been synthesized by the reaction of Schiff base (TTS) with 1-

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 7.671
January to March 2024, E-Journal, Vol. I, Issue XLV

chloro-2(2-chloroethoxy)ethane and sodium hydroxide in 1:1:2 molar ratio using DMSO as solvent[17-22].

3.54 g of Schiff base (TTS) (0.01 mol) was dissolved in 50 mL DMSO in a round bottom flask then 5 mL aqueous solution of 0.80 g sodium hydroxide (0.02 mol) was added. The reaction mixture was stirred for 30 minutes at room temperature then 1.20 mL 1-chloro-2(2-chloroethoxy) ethane (0.01 mol) was added and refluxed for 12 h at $190^0$C The product was neutralized by 1M HCl, mixed with DCM and washed by distilled water (twice) then with brine. The organic phase (DCM) was separated, dried (over anhydrous $MgSO_4$), filtered, concentrated and recrystallized with ethanol gave 45% of $S_1$ as dark brown solid. (Scheme 1)




**Scheme 1 Synthesis of ligands $S_1$ and $S_2$**

**2 Synthesis of (5E,15E)-7,8,9,10,11,12,13,14, 22,23,25, 26,28, 29-Tetradecahydro dibenzo[k,y][1,4,7,10]tetraoxa [14,17,20,23]tetraazacyclohexacosine ($S_2$) -** The cyclic ligand $S_2$ has been synthesized by reaction of Schiff base (TTS) with 1,2-bis(2-chloroethoxy)ethane and sodium hydroxide in 1:1:2 molar ratio using DMSO as solvent[17-22]. 3.54 g of Schiff base (TTS) (0.01 mol) was dissolved in 50 mL DMSO in a round bottom flask then 5 mL aqueous solution of 0.80 g sodium hydroxide (0.02 mol) was added. The reaction mixture was stirred for 30 minutes at room temperature then 1.55 mL of 1,2-bis(2-chloroethoxy)ethane (0.01 mol ) was added and refluxed for 12 h at $190^0$C The product was neutralized by 1M HCl, mixed with DCM and washed with distilled water (twice) then with brine. The organic phase (DCM) was separated, dried (over anhydrous $MgSO_4$), filtered, concentrated and recrystallized with ethanol gave 55% of $S_2$ as dark brown solid. (Scheme 1)

**Results and discussion:**

**1 Characterization of ligands ($S_1$ & $S_2$) -** The confirmation of synthesized ligands were carried out by melting point determination and TLC, while characterization has been done by FTIR, $^1$H and $^{13}$C NMR, ESI mass spectral and elemental analysis.

**Table 1 (see in last page)**

Table 1 shows the physical properties and elemental analysis of ligands (S.)

**2 The FTIR spectral analysis of ligands -** The characteristic FTIR spectral data of ligands are shown in table 2. Fig. 1 & 2 are FTIR spectra of ligands $S_1$ & $S_2$ respectively . The presence of absorption bands for imine (C=N), ether ($-CH_2-O-CH_2-$/Ar-O-Ar) groups in FTIR spectra of ligands confirm the condensation of Schiff base with dichloro derivative of polyethylene glycol[18-22].




**Fig. 1 FTIR spectrum of ligand $S_1$**




**Fig. 2 FTIR spectrum of ligand $S_2$**

**Table 2 Characteristic FTIR absorption bands (in $cm^{-1}$) of ligands**

| S. | Ligand | Selected FTIR absorption bands (in $cm^{-1}$) |
|---|---|---|
| 1. | $S_1$ | 2934, 2810 (C-H), 1631 (C=N), 1242 (Ar-O-$CH_2$), 1116 ($CH_2$-O-$CH_2$) |
| 2. | $S_2$ | 2918, 2867 (C-H), 1635 (C=N), 1243 (Ar-O-$CH_2$), 1102 ($CH_2$-O-$CH_2$) |

**3 $^1$H and $^{13}$C NMR spectral analysis of ligands -** The characteristic $^1$H and $^{13}$C NMR spectral data of ligands are shown in table 3 and 4 respectively. Fig. 3 and 4 and 5 and 6 are $^1$H and $^{13}$C NMR spectra of ligands.

In $^1$H NMR Spectrum of ligand $S_1$ the absorption peaks at 1.17 ppm (s, 2H) ($2^f$ amine,-NH-), 2.22-2.84 ppm (m, 8H) ($-CH_2-$), 3.80 ppm (m, 4H) ($-CH_2$-N=), 4.13-4.14 ppm (m, 8H) (Ar/$CH_2$-O-$CH_2$-), 6.68-7.21 ppm (m, 8H) (Ar-H) and 8.23 ppm (s, 2H) (-CH=N-) confirm the formation of ligand $S_1$ and in $^{13}$C NMR spectrum of ligand $S_1$ peaks at 59 and 67 {($-CH_2$-O-$CH_2-$) and (Ar-O-$CH_2-$)}, 117-137 ppm (Ar-C), 161 ppm (-C=N-) account for ether, aromatic and imine carbon respectively.

In $^1$H NMR Spectrum of ligand $S_2$ the peaks at 2.49-2.90 ppm (m, 8H) ($CH_2$-), 3.84 ppm (m, 4H) ($CH_2$-N=), 4.14-4.16 ppm (m, 12H) (Ar/$CH_2$-O-$CH_2$-), 6.70-7.48 ppm (m, 8H) (Ar-H), 9.81 ppm (s, 2H) (-CH=N-) confirm the formation of ligand $S_2$ and in $^{13}$C NMR spectrum of ligand $S_2$ peaks at 68-69 and 71 ppm {($CH_2$-O-$CH_2$) and ((Ar-O-$CH_2$-)}, 116-

137 ppm (Ar-C), 161 ppm (-C=N-) accounts for ether, aromatic and imine carbon respectively.



**Fig. 3 $^{1}$H NMR spectrum of ligand $S_1$**



**Fig. 4 $^{1}$H NMR spectrum of ligand $S_2$**



**Fig. 5 $^{13}$C NMR spectrum of ligand $S_1$**



**Fig. 6 $^{13}$C NMR spectrum of ligand $S_2$**

**Table 3 Characteristic $^{1}$H NMR peak (in ppm) of ligands**

| S. | Ligand | Selected $^{1}$H NMR peak (in ppm) |
|---|---|---|
| 2. | $S_1$ | 1.17 (2$^{f}$ Amine, -NH-), 2.22-2.84 (-$CH_2$-), 3.80 (-$CH_2$-N=), 4.13-4.14 (Ar/$CH_2$-O-$CH_2$-), 6.69 -7.21 (Ar-H), 8.23 (-HC=N-) |
| 3. | $S_2$ | 1.17 (2$^{f}$ Amine, -NH-), 2.49-2.90 (-$CH_2$-), 3.84 (-$CH_2$-N=), 4.14-4.16 (Ar/$CH_2$-O-$CH_2$-), 6.70-7.4 (Ar-H), 9.81 (-HC=N-) |

**Table 4 Characteristic $^{13}$C NMR peak (in ppm) of ligands**

| S. | Ligand | Selected $^{13}$C NMR peak (in ppm) |
|---|---|---|
| 2. | $S_1$ | 51-56 (-$CH_2$-), 58 (-$CH_2$-N=), 59 (-$CH_2$-O-$CH_2$-), 67 (Ar-O-$CH_2$-) 117-137 (Ar-C), 161 (-C=N-), 165 (Ar-O-) |
| 3. | $S_2$ | 53-34 (-$CH_2$-), 56 (-$CH_2$-N=), 68-69 (-$CH_2$-O-$CH_2$-) 71 (Ar-O-$CH_2$-), 116-137 (Ar-C), 161 (-C=N-), 166 (Ar-O-) |

**4 ESI mass spectral analysis of ligands -** The mass spectra are used to confirm the molecular structure along with molecular mass of the compounds. The base peak is the most abundant peak which indicates the most stable fragment of the compound while the molecular ion peak shows the molecular mass of the compound. The peaks obtained from the cleavage indicate the position of the side chain and cyclic ring structure of the compound. Fig. 7 and 8 are the mass spectra of ligands.



**Fig. 7 ESI Mass spectrum of ligand $S_1$**




**Scheme 2 Mass spectrum analysis of ligand $S_1$**

The base peak and molecular ion peak in the mass spectrum of ligand $S_1$ is observed at m/z 194 and 425 respectively suggested its molecular formula to be $C_{24}H_{32}N_4O_3$. Abundant peaks are found at m/z 235, 340,

381 and 411.



**Fig. 8 ESI Mass spectrum of ligand $S_2$**




**Scheme 3 Mass spectrum analysis of ligand $S_2$**

The base peak and molecular ion peak is observed in the mass spectrum of ligand $S_2$ at m/z 269 and 469 respectively suggested its molecular formula to be $C_{26}H_{36}N_4O_4$. Abundant peaks are found at m/z 228, 340, 381and 411.

**Conclusion:** The objective of the present research work is to prepare ligands (5E,15E)-7,8,9,10,11,12, 13,14,22,23,25, 26-dodecahydr odibenzo[h,v][1,4,7]trioxa[11,14,17,20]tetraazacyclotricosine [1-chloro-2(2-chloroethoxy) ethane derived ligand ($S_1$)] and (5E,15E)-7,8,9,10,11,12,13, 14,22,23, 25,26,28,29-Tetradeca hydrodibenzo[k,y][1,4,7,10]tetraoxa[14,17,20,23] tetraazacyclo hexacosine [1,2-bis(2-chloroethoxy)ethane derived ligand ($S_2$)] have been synthesized and characterized by elemental analysis, IR, $^1$H NMR, and Mass spectrometry method. The Ligands $S_1$ and $S_2$ were successfully synthesized and characterized. In future other derivatives of TTS can be synthesized and can be used for the liquid membrane studies of other transition metal ions.

**Acknowledgement:** The author are thankful to the School of Studies in Chemistry & Biochemistry, Vikram University, Ujjain (M.P.), for support and laboratory facility. Help of Mr. Adarsh Katiyar, Quality Manager, Central Analytical Laboratoris, Indore and Mr .S. K. Mehta, Honorary Director, Sophisticated Analytical Instrumentation Facility, CIL and UCIM Panjab University Chandigarh for NMR and elemental analysis is also acknowledged.

**Conflict of Interest** - There are no conflicts of interest.

**References:-**

1. Pedersen C. J., J. Am. Chem. Soc., 1967, 89(26), 7017-7036.
2. Dale J., Kristiansen P. O., Acta Chem. Scand., 1972, 26, 1471-1478.
3. Tummler B., Maass G., Vogtle F., Sieger H., Hermann U., Weber E., J. Am. Chem. Soc., 1979, 101(10), 2588-2598.
4. Simmons H. E., Park C. H., J. Am. Chem. Soc., 1968, 90(9), 2428-2429.
5. Aggett J., Richardson R. A., Anal. Chim. Acta, 1970, 50(2), 269-275.
6. Aggett J., Khoo A.W., Richardson R. A., J. Inorg. Nucl. Chem., 1981, 43(8), 1867-1872.
7. Hirayama N., Takeuchi I., Honjo T., Kubono K., Kokusen H., Anal. Chem., 1997, 69(23), 4814-4818.
8. Kubono K., Hirayama N., Kokusen H., Yokoi K., Anal. Sci., 2001, 17(1), 193-197.
9. Abe S., Sono T., Fujii K., Endo M., Anal. Chim. Acta, 1993, 274(1), 141-146.
10. Abe S., Fujii K., Sono T., Anal. Chim. Acta, 1994, 293(3), 325-330.
11. Gupta K. C., Sutar A. K., Coord. Chem. Rev., 2008, 252, 1420-1450.
12. Zoubi W. A., A1-hamdani A. A. S., Ko Y. G., Sep. Sci. Technol., 2017, 52(6), 1052-1069.
13. Zhang N., Fan Y. H., Zhang Z., Zuo J., Zhang P. F., Wang Q., Liu S. B., Bi C. F., Inorg. Chem. Commun., 2012, 22, 68-72.
14. Yaftin M. R, Royati S., Safarbali R., Torabi N., Transit. Met. Chem., 2007, 32, 374-378.
15. Ocak U., Alp H., Gokce P., Ocak M., Sep. Sci. Technol., 2006, 41, 391-401.
16. Baran Y., ERK B., Turk. J. Chem., 1996, 20(4), 312-317.
17. Delgoda M., Stowaski D., Yoou H. K. V., Atto V. J., Gokel G. W., Echegoyen L., J. Am. Chem. Soc., 1988, 110, 119-123.
18. Anchaliya D., Sharma U., J. Incl. Phenom. Macrocycl. Chem., 2013, 79, 465-471.
19. Anchaliya D., Sharma U., Natl. Acad. Sci. Lett., 2012, 35(4), 277-284.
20. Vani A., Vyas V., Sharma U., Main Group Met. Chem., 2011, 34(1-2), 29-31.
21. Awasthy A., Bhatnagar M., Tomar J., Sharma U., Bioinorg. Chem. Appl., 2006, 2006, Article ID 97141, 1-4.
22. Tomar J., Awasthy A., Main Group Met. Chem., 2006, 29(3), 119-126.

**Table 1: Physical properties and elemental analysis of ligands**

| S. | Ligand | Molecular Formula | Molecular Weight | | MP($^0$C) | %Yield | % C | | % H | | % N | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | C | F | | | C | F | C | F | C | F |
| 1. | $S_1$ | $C_{24}H_{32}N_4O_3$ | 424.54 | 425 | 120 | 45 | 67.9 | 69.2 | 07.6 | 06.5 | 13.2 | 12.2 |
| 2. | $S_2$ | $C_{26}H_{36}N_4O_4$ | 468.59 | 469 | 170 | 55 | 66.6 | 60.0 | 07.7 | 05.6 | 12.0 | 07.6 |

C = Calculated , F = Found

Table 1 shows the physical properties and elemental analysis of ligands (S.)

*************